श्री स्वामी देवेंद्रकीर्ति दिगम्बर जैन ग्रंथमाला—२.

श्रीशिवकोटि आचार्य—विरचित.

मूलाराधना.

(अपरनाम भगवती आराधना)

श्रीअपराजितसूरिकृत विजयोदया टीका, और महापंडित आशाधरकृत मूलाराधना दर्पण, और आचार्य अमितगतिकृत संस्कृत श्लोक, व भाषाटीकासहित

[illegible] पुष्प माळेचे दुसरे पुष्प होय. या ग्रंथमालेकडून पुरातन जुने अमूल्य जैन ग्रंथांचा उद्धार व्हावा आहे. परंतु मालेजवळ कायमचा निधि फार मुळीच नसल्यामुळे ही माला केवळ जन वाङ्मयोत्कर्षेच्छु लोकांच्या उदार आश्रयावर अवलंबून आहे. या मालेतर्फे 'नागकुमार चरित' हा ग्रंथ-मालेचा आहे. आणि हे दुसरे पुष्प श्री. रा. रा. रावजी सखाराम दोशी यांच्या उदार द्रव्यसाहाय्यामुळेच वाचकांच्या हाती पडत आहे. याबद्दल दोशी महाशयांचे मंडळ फार फार आभारी आहे.

श्री. पं. जिनदास पार्श्वनाथ फडकुले यांनी अनुवाद केल्याबद्दल मंडळ त्यांचेही आभारी आहे. तसेच ज्या ज्या धर्मप्रेमी बांधवांनी या ग्रंथ प्रकाशनाच्या कार्यात मदत केली त्या सर्वांचे फार आभारी आहे.

कोण्या धर्मप्रेमी बांधवास ग्रंथाचा जीर्णोद्धार करण्याची मनीषा झाल्यास त्यांनी मंत्रीकडे पत्रव्यवहार करावा म्हणजे त्यांना संस्थेचे उद्देश व नियम यांचा खुलासा करण्यात येईल.

कारंजा
ता. १ । ११ । १९३५

प्रस्तावक,
रतनलाल नरसिंगसा राऊळ,
मंत्री–बलात्कारगण ग्रंथ प्रकाशक मंडळ कारंजा.

[illegible] माळेचे कार्यकारी मंडळ

[illegible]

[illegible] सरावती
सपादक

खुशालसा दयमणसा जितुरकर कारंजा.
माणिकसा बाबसा खडारे कारंजा.

प्रस्तावना.

यह महान् ग्रंथ मूलाराधना अथवा भगवती आराधना इस नाम से प्रसिद्ध है. जैसे मुनिओंके प्रधान आचार विशेष को मूलगुण कहते हैं, वैसे मोक्षप्राप्ति के लिये रत्नत्रय प्रधान कारण होनेसे उसको मूल कहते हैं . इस मूलभूत रत्नत्रय की प्राप्ति जिससे होती है ऐसे उपायों को आराधना कहते हैं. इस ग्रंथमें मूलभूत रत्नत्रय की प्राप्ति होने के उपायोंका सविस्तर वर्णन किया है अतः इसको मूलाराधना यह अन्वर्थ नाम दिया गया है. अत एव पं. आशाधरजीने इस ग्रंथ का मूलाराधना इस नाम से उल्लेख कर के उसके ऊपर मूलाराधनादर्पण नाम की पञ्जिका लिखी है.

प्रस्तुत ग्रंथके निर्माता ऋषिपुंगव शिवकोट्याचार्यजीने ' भगवती आराधना ' ऐसा भी इस महान् ग्रंथ का नाम करण किया है 'आराधगा भगवदी एवं भत्तीए वण्णिदा संती' इस गाथार्द्धके द्वारा उपर्युक्त नामकरण का खुलासा होजाता है,

जैसे पूज्य, पूजक, पूजा और पूजा फल ऐसे चार विभाग जिनपूजन प्रतिपादक ग्रंथोंमें किये गये हैं वैसे इस ग्रन्थमें भी आराध्य, आराधक, आराधना और आराधनाफल इन प्रकारणोंका वर्णन आचार्यने किया है.

रत्नत्रयामाराध्यं भव्यस्त्वाराधको विशुद्धात्मा
आराधना ह्युपायस्तत्फलमभ्युदयमोक्षौ स्तः ॥

रत्न अमूल्य चीज है और उससे इष्टपदार्थ की प्राप्ति होती है. सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, और सम्यक्चारित्र रत्न के समान अमूल्य हैं. उनसे जीवों को स्वर्गादि मोक्षान्त फल प्राप्त होते हैं अतः आचार्य इनको रत्नत्रय यह सार्थक नाम देते हैं. यह रत्नत्रय आराध्य है. निर्मल परिणामवाले भव्य जीवको आराधक कहते हैं. गृहस्थ व मुनिवर्य जिनके परिणाम निर्मल हैं वे इस रत्नत्रय को प्राप्त कर लेते हैं अतः उनको आराधक कहते हैं. जिन उपायोंसे रत्नत्रयकी प्राप्ति होती है ऐसे उपायोंको आराधना कहते हैं. जैसे धार्मिकोंमें वात्सल्यभाव रखना, उनके अवर्णवादको हटाना धार्मिकों को कोई तकलीफ देता होगा तो—उसका निराकरण करना वगैरे उपाय करनेसे सम्यग्दर्शनादि रत्नोंकी

प्राप्ति होती है. इस रत्नत्रय की आराधना करनेसे अभ्युदय और मोक्षरूप फलकी प्राप्ति होती है. इन सब बातोंका इस ग्रंथमें वर्णन किया है.

रत्नत्रय आराध्य है वैसा तपभी आराध्य माना है परंतु उसका चारित्रमें अन्तर्भाव होनेसे रत्नत्रय ही आराध्य है ऐसा सिद्ध होता है. जिस ने सुखिया स्वभावको छोड दिया है वही चारित्रको धारण करता है अर्थात् अनशनादि बाह्य तपश्चरण करने की प्रवृत्ति करनेवाला साधु चारित्रमें उत्साहयुक्त होता है जिससे उसके पापोंका नाश होता है. चारित्रके परिणामोंको अर्थात् विनयादि तपोंको चरित्रकी वृद्धि करनेवाले होनेसे आचार्य चारित्रमें ही अन्तर्भूत करते हैं. यदि तपको अलग गिनाया जाय तो आराध्य पदार्थ चार होते हैं.

इन चार आराध्य पदार्थोंकी आराधना उद्योतन, उद्यवन, निर्वहण, साधन और निस्तरण इन उपायोंसे होती है. सम्यग्दर्शनादिकोंको अतिचारोंसे अलिप्त रखना अर्थात् उनमें दोष उत्पन्न न होने देना उद्योतन है. आत्मामें वारवार सम्यग्दर्शनादिकोंकी परिणति होते आना उद्यवन कहते हैं. परीषहादिक प्राप्त होनेपर भी स्थिरचित्त होकर सम्यग्दर्शनादिकोंसे च्युत न होना इसको निर्वहण कहते हैं. अन्य कार्योंमें चित्त लगनेसे यदि सम्यग्दर्शनादिक तिरोहित होनेपर पुनः उपायोंसे उनको पूर्ण करना इसको साधन कहते हैं. आमरण सम्यग्दर्शनादिकोंको निर्दोष धारण कर अन्यजन्ममें उनको पोहोंचाना निस्तरण है. सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और तप इन चारोंकी उन्नति होनेके लिये उपर्युक्त पांचोंकी आवश्यकता है ही. प्रत्येक में उद्योतादिक पांच उपाय मान लेनेसे २० बीस भेद होते हैं. अतः यह आराधना उद्योतनादिक बीस भुजाओंको धारण करनेवाली अभिकांक्षी है ऐसा श्री अमितगति आचार्यने आराधनास्तवनमें वर्णन किया है वह योग्य ही है ऐसा हम समझते हैं.

इस भगवती आराधनाग्रंथमें आराधकके मरणोंका विस्तृत विवेचन किया है. ऐसा वर्णन अन्यत्र इतना विस्तारयुक्त नहीं है. प्रस्तुत ग्रंथमें मरणके १७ सत्रह प्रकारोंका विवेचन है उसमें भी पंडितपंडित मरण, पंडितमरण, बालपंडित मरण, बालमरण और बालबालमरण इन मरणोंमें आद्यके तीन मरण ही श्रेष्ठ गिने हैं क्योंकि इनमें समाधि मरण अर्थात् सल्लेखना मरण सिद्ध होता है. यह सल्लेखना मरण रत्नत्रयकी आराधनासे युक्त होनेसे भव्यजीव इसका आश्रय लेकर संसारपंजर को तोडकर मुक्त होते हैं.

मुनिओंके सल्लेखना मरणका अर्थात् भक्तप्रत्याख्यान मरणका आचार्य शिवकोटीजीने ४० चालिस अधिकारोंमें

इतना योग्य वर्णन किया है कि जिसका विवेचन सुननेसे और वाचनेसे इनकी विशालबुद्धिके विषयमें मन साश्चर्यानंदित होता है. इन सब बातोंका अनुक्रमणिकासे खुलासा होगा.

अब हम श्रीशिवकोटि आचार्यके विषयमें थोडासा कथन करते हैं. प्रस्तुत ग्रंथकी २१६५ वी गाथामें श्री शिवकोटि आचार्यने आर्य जिननंदिगणी, आर्य सर्वगुप्तगणी तथा आर्य मित्रनंदिगणी इन आचार्योंके पास मैंने श्रुत और उसके अर्थका अध्ययन किया है ऐसा उल्लेख किया है. अनंतर २१६६ वी गाथामें पूर्वाचार्योंके बनाये हुए शास्त्रोंसे थोडा थोडा अर्थ संगृहीत करके हस्तरूपी पात्रमें भोजन करनेवाले अर्थात् दिगंबर मुनि ऐसे मैंने-शिवार्यने यह आराधना नामक महाशास्त्र रचा है. ' इस नाम से ग्रंथकार अपना परिचय देते हैं. श्री पं. आशाधरजी ' सिवज्जेण शिवकोट्याचार्येण मसेति लक्षयति ' सिवज्ज इस शब्दका शिवकोटि आचार्य ऐसा अर्थ निकालते हैं. सिवज्ज यह शब्द नामका एक देश बतलाता है. नामैकदेशो नाम्न्यपि प्रवर्तते इस नियम के अनुसार शिवकोटि आचार्य इतना पूर्ण नाम सिवज्ज शब्दसे सूचित करते हैं ऐसा अवगत होता है. इस आराधना शास्त्रकी रचना शिवकोटि आचार्यने ही की है ऐसा ग्रंथांतरसे भी सिद्ध होता है. महापुराण के कर्ता श्री. जिनसेन आचार्य शिवकोटिके विषय में ऐसा विधान करते है:—

शीतीभूतं जगद्यस्य वाचाराध्य चतुष्टयम्॥
मोक्षमार्गं स पायान्नः शिवकोटिमुनीश्वरः॥ ४९॥ महापुराण पर्व १ ला.

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक् तप रूप जो चार प्रकार का मोक्षमार्ग है उसकी आराधना जिसके वचनोंसे भव्यजीव करके कर्मसंतापसे रहित होते हैं अर्थात् अपने निराकुल शांत आत्मस्वरूप की प्राप्ति कर लेते हैं वे शिवकोटि आचार्य महाराज हम लोगोंका रक्षण करें. इस श्लोकमें चार प्रकारके आराधनाओंका स्वरूप विस्तृत शिवकोटि आचार्यने भगवती आराधनामें कहा है ऐसा खुलासा होता है. अतः ' सिवज्ज ' यह नामैकदेश शिवकोट्याचार्य का ही वाचक है ऐसा व्यक्त होता है.

शिवकोटि आचार्यने ' रत्नमाला ' नामक श्रावकाचार का वर्णन करनेवाला छोटासा ग्रंथ लिखा है. श्रीश्रुतसागरजीने षट्पाहुड की टीका के एक स्थलमें इस रत्नमाला का श्लोक उद्धृत किया है वह इस प्रकार—तथा चोक्तं शिवकोटिनाचार्येण—

चर्मपात्रगतं तोयं घृतं तैलं प्रवर्जयेत् ॥
नवनीतप्रसूनादिशाकं नाद्यात्कदाचन ॥

यह रत्नमालाग्रंथ किसी भट्टारकका बनाया होगा, शिवकोट्याचार्यका नहीं है ऐसा पं. नाथुराम प्रेमीजी लिखते हैं तथा उसकी सिद्धिके लिये वे इस प्रकार कहते हैं. रत्नमाला ग्रंथमें मुनिराज इस पंचम कालमें वन में न रहकर गांव शहर वगैरेह स्थानोंमें जो जिनमंदिर हैं उनमें रहे ऐसा विवेचन है. और यह शिथिलाचारका विवेचन है. परंतु ऐसा लिखनेसे क्या शिथिलाचार हो गया यह हमें मालुम नहीं होता है. श्रीसमंतभद्राचार्य भी श्रावकों को मुनिओंके लिये वसतिकादान देना चाहिये ऐसा उपदेश करते हैं. तथा वसतिका ग्रामसे दूर नहीं होनी चाहिये इत्यादि विस्तीर्ण वर्णन खुद भगवती आराधनामें भी आया है. अतः इसमें शिथिलाचारका पोषण कैसे हो गया ?

इस कलिकालके मुनिओंको समाधिमरण सध जाय इस हेतूसे शिवकोट्याचार्यजीने भक्तप्रत्याख्यान मरणका ही मुख्यतासे भगवती आराधनामें निरूपण किया है.इंगिनीमरण और पादोपगमनमरणका इस कलिकालमें निषेध किया है. अतः वसतिकामें रहनेकी जो आज्ञा शिवकोटि आचार्यने दी है वह समंतभद्रादि प्राचीन आचार्योंके ग्रंथों में भी पायी जाती है. इसमें शिथिलाचार नहीं है.

रत्नमाला ग्रंथमें नीचे लिखे दो श्लोक गृहस्थके स्नानप्रकरणमें आये हैं—

पाषाणोत्स्फुटितं तोयं घटीयंत्रेण ताडितम् ॥ सद्यः सन्तप्तवापीनां प्रासुकं जलमुच्यते ॥
देवर्षीणां प्रशौचाय स्नानाय च गृहार्थिनाम् । अप्रासुकं परं वारि महातीर्थजमप्यदः ॥

पाषाणके ऊपर जोरसे गिरनेवाला जलप्रपातका पानी, घटीयंत्रसे ताडित जल, गरम बावडियोंका जल ये प्रासुक हैं. मुनि इस जलसे शौचक्रिया कर सकते हैं तथा इस जलसे गृहस्थ स्नान कर सकते हैं.

परंतु नाथुरामजी प्रेमी कहते हैं कि यह वर्णन किसी भट्टारक महाराजने ही किया होगा शिवकोट्याचार्यका नहीं हो सकता है. परंतु हम ऐसा कहते हैं कि यह कथन शिवकोट्याचार्यने ही किया है और इसमें शिथिलाचार नहीं है. जैसा उपर्युक्त वर्णन शिवकोटी आचार्यने किया है इसी प्रकारका वर्णन अमितगति आचार्यने भी सुभाषित-रत्नसंदोह ग्रंथमें चारित्रके प्रकरणमें किया है. शिवकोटिआचार्य के समान अमितगति आचार्य भी भट्टारक नहीं थे, एकाद समय कमंडलुमें गरम जल नहीं हो तो उपरि श्लोकवर्णित जलसे मुनि शौचक्रिया कर सकते हैं.

शिवकोटि आचार्यने रत्नमालामें समन्तभद्राचार्यका बडे गौरवसे नामोल्लेख किया है इससे वे समन्तभद्राचार्य-जीको अपना गुरु मानते होंगे ऐसा सिद्ध होता है, जैसे—

स्वामी समंतभद्रो मेऽहर्निशं मानसेऽनघः । तिष्ठताज्जिनराजोद्यच्छासनाम्बुधिचंद्रमाः ॥

स्वामि-समंतभद्र मेरे हृदयमें हमेशा निवास करे. आचार्य समन्तभद्र जैन शासनरूप समुद्रको चंद्रके समान वृद्धिगत करनेवाले थे,

पाणितलभोजिणा सिवज्जेण ऐसा भगवती आराधनामें अपना नामोल्लेख किया है अर्थात् हस्तपात्रमें भोजन करनेवाले शिवकोट्याचार्यने यह भगवती आराधना रची है. अर्थात् पाणितलभोजि शब्दसे उन्होंने अपना दिगंबर जैनयतित्व सूचित किया है. परंतु पं. नाथुराम प्रेमीजी इस शब्दसे यह अभिप्राय निकालते हैं कि उस समयके कोई मुनि पात्रमें भी भोजन करते होंगे.

परन्तु यह शंका बिलकुल निरर्थक है. जबतक मैं खडा होकर हस्तरूपी पात्र से आहार लेने में समर्थ रहूंगा तबतक ही भोजन करूंगा. जब खडा रहनेका सामर्थ्य मेरा नष्ट होगा तब मैं आहारका त्याग करूंगा ऐसी दीक्षाके समयमें दि० जैन मुनि प्रतिज्ञा ग्रहण करते हैं. चाहे वे स्थविरकल्पी मुनि हो चाहे जिनकल्पी मुनि हो. दोनोंके मूलगुण समान ही रहते हैं. दि० जैन मुनि कभी बैठकर और पात्र में आहार लेते नहीं हैं. श्वेतांबरत्व की किसीको शंका होगी वह न हो इसी हेतुसे शिवकोटि आचार्यने अपने नामके पीछे पाणितलभोजी यह विशेषण जोड दिया है. चतुर्थकालमें भी स्थविरकल्पी मुनि होते थे, परन्तु पंचमकाल में स्थविरकल्पी मुनि ही उत्पन्न होते हैं, वज्रवृषभसंहननादि तीन उत्तम संहननोंके धारक ही जिनकल्पी मुनि होते हैं. इन उत्तम संहननोंका सद्भाव चतुर्थकालमें ही रहता है. अन्यत्र नहीं. श्वेताम्बरोंके यहां आचेलक्य, वगैरह दशविध स्थितिकल्पका उल्लेख होगा परंतु यह नाममात्र ही है. उसका आचरण दि. जैन मुनियोंमें ही समीचीनरूपसे पाला जाता है.

श्रीशिवकोटी आचार्य दि. जैनयतिही थे उन्होंने अपने ग्रंथमें नग्नता, लोच, शरीरममत्वका त्याग तथा मयूर पिच्छ धारण करना ये जैन यतीका उत्सर्ग लिंग है, ऐसा लिंगाधिकारमें वर्णन किया है इससे दिगंबर और श्वेतांबरत्व का भेद उस समय भी था ऐसा झलकता है,

शिवकोटि आचार्य गृहस्थावस्थामें शिवकोटि नामके काञ्ची देशके राजा थे. इनके भाईका नाम शिवायन

ऐसा था. वे दोनो शैवधर्मके परमोपासक थे. स्वामी समंतभद्राचार्यके उपदेशसे ये दोन भाई जैन मुनि हो गये ऐसा कामता-प्रसादजीने वीरपाठावलीमें लिखा है. आराधना कथा कोषमें भी--इनकी कथा मिलती है तथा श्री नेमिदत्त कविने शिवकोटि आचार्यने भगवती आराधनाकी रचना की है ऐसा उल्लेख भी किया है.

शिवकोटी आचार्यके प्रस्तुत ग्रंथपर श्रीअपराजित सूरीकी विजयोदया टीका, श्री. पं. आशाधरजीकी मूलाराधना दर्पण टीका, शिवजीलालकी भावार्थ दीपिका टीका, है. इनमेंसे अपराजित सूरीकृत विजयोदया टीका, और पं. आशाधरजी की मूलाराधना दर्पण पंजिका ये दोन टीकायें तथा श्री अमितगति आचार्यके भगवती आराधनाके प्रत्येक गाथाका जिसमें अभिप्राय आया है ऐसे श्लोक इतने ग्रंथ इस भगवती आराधनाके साथ जोड दिये हैं.

विजयोदया टीका श्रीअपराजित सूरिने रची है यह टीका बहुत विस्तृत है. इसकी श्लोक संख्या लगभग सोलह हजार होती. हमने आचार्य अपराजित सूरिकी प्रशस्ति ग्रंथ में जोड दी है. उस से पाठकगणको आचार्य का परिचय होगा. श्री अपराजित सूरिका ही दूसरा नाम विजयाचार्य अथवा श्रीविजय ऐसा है. पं. आशाधरजीने मूलाराधना दर्पण नामकी टीका लिखी है. उसमें अनेक स्थलोंमें ' इमां गाथां श्रीविजयो नेच्छति ' अर्थात् यह गाथा श्री विजयाचार्य क्षेपक समझते हैं. " श्रीविजयाचार्यस्तु मिथ्यात्वसेवामतिचारं नेच्छति । तथा च तद्ग्रंथो " मिथ्यात्वमश्रद्धानं तत्सेवायां मिथ्यादृष्टिरेवासौ इति नातिचरता " अर्थात् श्रीविजयाचार्य मिथ्यात्वकी सेवा करना यह सम्यग्दर्शनका अतिचार नही है अर्थात् उससे तो श्रद्धान अर्थात् सम्यग्दर्शन नष्ट ही होता है ऐसा कहते हैं. ऐसा लिखकर आगे पं. आशाधरजीने खुद विजयोदया टीकाका उस अभिप्रायका उनका वाक्य भी दिया है. यह वाक्य इसी ग्रंथके १४४ पृष्ठपर पाठकगण देख सकते हैं. इसही प्रकार कभी श्रीविजयके बदले केवल ' टीकाकार ' इस शब्दका भी पं. आशाधरजी प्रयोग करते हैं. जैसे " टीकाकारस्तु ' सामान्यसूत्रेः विशेषसूत्रिः कर्मतया निर्दिष्टा तथा गोपोषं पुष्टमित्याचष्टे " यह पंक्ति १०८ पृष्ठ पर छपी है. इन प्रमाणों से यह बात सिद्ध होती है कि श्री विजयाचार्य अन्य कोई नहीं है. श्री अपराजितसूरि ही है.

अपराजित सूरीने भगवती आराधनाकी स्वकृत टीकाका विजयोदया ऐसा नाम विधान किया है उसी प्रकार दशवैकालिक ग्रंथपर भी इन्होने टीका रची है. और उसका नाम भी यही श्रीविजयोदया टीका ऐसा ही दिया है. इसी ग्रंथमें पृष्ठ ११९६ में खुद आचार्यजीने ' दशवैकालिकटीकायां श्री विजयोदयायां प्रपंचिता उद्गमादिदोषा इति नेह

प्रपंच्यते ' ऐसा उल्लेख किया है. इस तरहके प्रमाणोंसे अपराजित सूरि और श्रीविजयाचार्य एकही हैं ऐसी हमारी धारणा है.

पं. नाथुराम प्रेमीजी इस टीकाका विनयोदया यह नाम अधिक अन्वर्थक है ऐसा समझते हैं. वे कहते हैं कि, मुनिओंके आचारमें विनयाचार प्रधान है अत एव इसका नाम विनयोदया होना चाहिये. परंतु यह युक्ति जोरदार नहीं है. ग्रंथकार जिस समय जिस विषयका वर्णन करते हैं उस समय उस विषयको मुख्य कर अन्य विषयको गौण कर देते हैं. अर्थात् विनयको जैसी उन्होंने मुख्यता दी है वैसी स्वाध्याय, वैयावृत्य वगैरह विषयोंके वर्णनमें भी मुख्यता दी है अतःजैसा विजयोदया नाम होना चाहिये वैसे इतर विषयोंकी भी प्रधानता होनेसे अन्यनामकी भी क्यों मुख्यता नहीं मानी जायगी. फिर वे कहते हैं कि यदि आचार्यका नाम श्रीविजय था तो टीकाका भी श्रीविजया ऐसा होता परंतु उसके साथ उदय शब्द जोडना उपयुक्त नहीं है. ऐसा कहना भी हमें युक्तियुक्त मालूम नहीं होता.

हरिचंद्र कवीने धर्मनाथ तीर्थंकरका चरित्र लिखा है और उसका नाम उन्होंने ' धर्मशर्माभ्युदय ' ऐसा रक्खा है. इस नामसे तो अनभिज्ञ लोगों को यह काव्य है और इसमें धर्मनाथ जिनेश्वरका चरित वर्णन किया है ऐसा बोध होना कठिन हि पडेगा. परंतु इस चरितके पठनसे पाठकोंको धर्म, शर्म–सुख, और अभ्युदय–स्वर्गादि संपत्ति प्राप्त होगी ऐसे विचारसे कविने उसको उपर्युक्त लंबाचौडा नाम दिया है और धर्मनाथ के चरितका भी बोध हो जाता है. उसी प्रकार विजयोदया इस शब्दसे टीकाकार के नामके साथ पाठकोंको कर्म के ऊपर विजय और आत्मोन्नतिकी प्राप्ति होगी ऐसा अभिप्राय सूचित होता है. अतः विजयोदया यह नाम अन्वर्थक ही है, निरर्थक नहीं है. ऐसी हमारी धारणा है.

अपराजितसूरीने विस्तृत टीका लिखकर भव्यों को आराधना का वास्तविक स्वरूप समझा दिया है इस टीकाका मनन करनेसे वास्तविक आत्मशांति प्राप्त होगी.

आराधना ग्रंथपर जो टीका लिखते हैं उनको समाधिमरण की प्राप्ति होती है ऐसा श्रीदेवसेन आचार्यजीने सावयधम्मसंगह नामक ग्रन्थमें विधान किया है. वह इस प्रकार—

जिणभवणइं कारविवइं लब्भइ सग्गि विमाणु ॥
अह टिकइ आराहणइं होइ समाहिहि ठाणु ॥ १९३ ॥ पृष्ठ ५९ ॥

अर्थात् जो जिनमंदिर बनवाते हैं उनको स्वर्गमें विमानकी प्राप्ति होती है, तथा जो आराधना ग्रन्थपर टीकायें रचते हैं उनको समाधिमरणकी प्राप्ति होती है.

श्री अपराजितसूरिका कालनिर्णय करनेमें हम असमर्थ हैं. क्योंकि अभी इनके अस्तित्वकालका निर्णय इतिहासज्ञोंको भी ठीक मालूम नहीं हुआ है.

श्री. पं. आशाधरजी जैनधर्मप्रभावक महाकवि हो गये हैं. इनका काल विक्रमका १३ वा शतक निर्णीत है. इन्होंने अनेक जैन साहित्यके ग्रन्थ बनाये हैं. इनका साहित्य बहुत प्रौढ व गंभीर है. इनके समान उद्भट विद्वान गृहस्थोंमें बहुत विरला हुए हैं. इनका यहां वर्णन करनेका कारण यह है कि इन्होंने भगवती आराधना ग्रन्थपर मूलाराधनादर्पण नामकी पञ्जिका टीका रची है. यह टीका संक्षिप्त है. इसलिये प्रत्येक अध्यायके अन्तमें वे ' पदप्रमेयार्थप्रकाशीकरणप्रवणे मूलाराधनादर्पणे ' ऐसा उल्लेख करते हैं. अर्थात् इन्होंने कठिन पदोंका खुलासा करके उनके प्रतिपाद्य विषयका निर्णय किया है. जो टीका श्लोकके अथवा गाथाके संपूर्ण पदोंका खुलासा न कर कुछ पदोंका–कठिन पदों का स्पष्टीकरण करती है उस टीकाको पञ्जिका या पंजिका टीका कहते हैं. सुलभ गाथाओंका स्पष्टीकरण करनेकी आवश्यकता न होनेसे ' स्पष्टम् ' इतना ही लिखकर वे आगे चले गये हैं यह टीका किस समय बनाई गई है इसका खुलासा उन्होंने ग्रंथके अन्तमें स्वप्रशस्तिमें जरूर किया होगा परंतु इस टीकाकी जो प्रति हमको मिली है उसमें प्रशस्ति पूर्ण नहीं है इससे हम खुलासा करनेमें असमर्थ हैं. पंडितजीकी टीका बहुत विद्वत्तापूर्ण है. उन्होंने इस टीकामें अनेक श्लोक अन्य जैन ग्रन्थोंके विषयका खुलासा करनेके लिये दिये हैं.

भगवती आराधनापर अनेक आचार्योंने टीकायें और निबंध लिखे हैं. पंडितजीने तीन चार टीकायें तथा तीन चार निबंधोंका आश्रय लेकर अपनी टीका रची है. आचार्य जयनंदि, प्राकृत टीकाके कर्ता [नाम ज्ञात नहीं है] श्रीचंद्राचार्यकृत भगवती आराधनाका टिप्पनक, विद्वज्जनप्रीतिवर्धनी नामक ग्रन्थ, विजयाचार्यकृत विजयोदया टीका, श्री अमितगत्याचार्यकृत श्लोकरूप भगवती आराधना, ऐसे अनेक ग्रंथोंका आश्रय लेकर प्रस्तुत टीका पंडितजीने लिखी है. इससे पंडितजीकी अन्वेषण करनेवाली बुद्धिका परिचय पाठकगण को मालुम पडेगा, पंडितजीने इस महान्ग्रन्थके विषयोंका खूब मनन करके अपनी टीका आठ आश्वासोंमें विभक्त की है. यह टीका आठ हजार श्लोक प्रमाण होगी ऐसी हमारी धारणा है.

यह टीका विजयोदया टीकाके नीचे दी है. अर्थात् इस ग्रन्थ में प्रथमतः शिवकोट्याचार्य की गाथा तदनंतर अमितगति आचार्यका समानार्थक श्लोक, तदनंतर विजयोदया टीका और मूलाराधनादर्पण टीका, इन के अनंतर विजयोदया टीकाका हिंदी अनुवाद ऐसा क्रम है.

भगवती आराधनाका हिंदी अनुवाद श्री. पं. सदासुखजी का भी प्रसिद्ध हुआ है. उसमें श्री विजयोदया टीकाका उन्होंने कितनेक स्थलोंमें आश्रय लिया है. कितनेक स्थलोंमें इस टीका के विषयों वे संदेहयुक्त हैं. उनको यह टीका श्वेताम्बराचार्य कृत है ऐसा भ्रम हुआ है. परंतु वह कोरा भ्रम ही है. उलटा इस टीकामें श्वेताम्बरोंके आचारांगादि ग्रंथों के वस्त्रपात्रादि ग्रहण वगैरेह विषयों का जोरदार खंडन है. पाठक टीका तथा उसका अनुवाद पढकर संशयनिमुक्त अवश्य होंगे.

आजतक किसी भी जिनवाणीभक्त ने भगवती आराधना की संस्कृत टीकायें प्रकाशित नहीं की थी. यह न्यूनता जानकर जिनवाणीभूषण श्रीमान् धर्मवीर रावजी सखाराम दोशीने विपुल धनव्यय कर यह सटीक ग्रन्थ प्रकाशित किया है. इसके लिये वे अतीव धन्यवादके पात्र हैं. श्री. धर्मवीर रावसाहेब का जैन ग्रंथका प्रकाशनकार्य आजकलका नहीं हैं. करीब तीस वर्षसे उन्होंने यह प्रकाशन कार्य सतत चालु रक्खा है. स्याद्वादभूषण स्व. पं. कल्लाप्पा भरमाप्पा निटवेने प्रथमतः शालिवाहन शक १८३० में महापुराणका अनुवाद महाराष्ट्र भाषामें प्रसिद्ध किया. उन्होंने प्रस्तावनामें श्री रावजी सखाराम दोशी इन्होंने हमारे इस प्रकाशनके कार्यमें दो तीन वर्षसे साहाय्य दिया है इस लिये वे धन्यवादके पात्र हैं ऐसा उल्लेख किया है.

परमपूज्य श्री शांतिसागर आचार्यजीने इस महान् ग्रंथको प्रकाशित करने के लिये श्री. धर्मवीर रावसाहेबको प्रेरणा की थी. महाराजकी आज्ञा गुरुभक्तशिरोमणि रावसाहेबने मस्तकपर धारण कर तथा दो वर्षके पूर्व श्री० क्षुल्लक विमलसागरजी के सान्निध्यमें शोलापुरमें विजयोदया टीकाका हमने वहांकी संपूर्ण दि. जैन जनता के साथ स्वाध्याय किया था. श्री. क्षु. विमलसागर महाराजकी भी प्रेरणासे तथा खुद उनकी अभिरुचीसे भी यह ग्रंथ उन्होंने प्रकाशित किया है.

जैनधर्मकी प्रभावना तथा उसका सत्यस्वरूप जैन ग्रंथके प्रकाशनसे प्रगट होता है ऐसा प्रशंसनीय विचार इनके हृदयमें सदैव विराजमान है. इस विचार की प्रेरणा सतत होनेसे आजतक सैकडो ग्रंथोंका सेठ साहेबने प्रकाशन किया है.

सेठजीके इस प्रशंसनीय उद्योगको कोन सहृदय मनुष्य प्रशंसा न करेगा. तथा उनको हर्षसे धन्यवाद न देगा ? प्रस्तुत महान ग्रंथ सेठजीके सुवर्णजयंती अर्थात् वर्षवृद्धि महोत्सवके लिये जो श्री महावीर जिनबिंबप्रतिष्ठा इस साल्में हुई उस समय बडे समारोहके साथ प्रकाशित करनेका सेठजीका विचार था परंतु उस समय मुद्रणकार्य पूर्ण न हो सका इस लिये कार्तिक शुद्ध पंचमीके दिन इसका प्राणप्रतिष्ठापूर्वक प्रकाशन किया गया है.

इस महान् ग्रन्थके प्रकाशनके लिये पूना भांडारकर प्राच्य विद्यासंशोधक संस्थाने अपराजितसूरिकृत विजयोदया टीकाकी दो प्रति भेज दी थी उन प्रतियोंसे हमने प्रेसकॉपी तयार की. ये दो प्रति प्रायः शुद्ध और सुवाच्य थी. इस संस्थाने ये पुस्तकें भेजकर हमको अत्यंत उपकृत किया है अतः हम उसको अन्तःकरणसे धन्यवाद देते हैं.

श्री. ऐ. प. सरस्वती भवन मुंबई से हमको श्रीमान् पं. रामप्रसादजी शास्त्रीने मूलाराधनादर्पण पूर्वार्ध पांच आश्वास पूर्ण यह ग्रंथ और श्री अमितगति आचार्यकृत संस्कृत श्लोकानुवादरूप भगवती आराधना ग्रन्थ ऐसे दो ग्रंथ भेजे थे. इन दो ग्रंथोंके द्वारको अतिशय साहाय्य मिला. अमितगति भगवती आराधनाके प्रथमके १९ श्लोक मूल ग्रंथमें नहीं थे परंतु बीसवे श्लोकसे आगे ग्रंथ पूर्ण है. हमने अन्यत्र इसके प्रारंभके १९ श्लोक प्राप्त करनेके लिये प्रयत्न किया था परंतु प्राप्त नहीं हुए. इन दो ग्रंथोंको भेज कर हमको पं. रामप्रसादजी शास्त्रीने बहुत उपकृत किया है. वे हमेशा ऐसा साहाय्यदान हमको करते हैं अतः आपके हम अत्यंत आभार पूर्वक धन्यवाद मानते हैं.

कारंजासे मूलाराधना दर्पण पूर्वार्ध तथा उत्तरार्ध श्रीमंत रतनलाल नरसिंगसा राऊळ इन्होने भेजा था परंतु पूर्वार्धमें प्रारंभका प्रथमपत्र नहीं है. चौदहवे पत्रसे १९ वे पत्रतक ६ पत्र नहीं हैं.तथा ३१ वा पत्र नहीं है. अतः हमको इस पूर्वार्धका विशेष उपयोग नहीं हुआ. बंबई सरस्वती भवनसे प्राप्त हुये प्रतीसे हमको पूर्ण साहाय्य हुआ. उत्तरार्धमें भी प्रारंभके दो पत्रे हैं तदनंतर तीसरे पत्रसे १४ वे पत्रतक १२ पत्र नहीं है. अतः उतनी टीका हम नहीं छपा सके. अन्तिम प्रशस्ति भी पूर्ण नहीं है, अतः प्रशस्ति हम पूर्ण प्रगट न कर सके.

यह पुस्तक श्रीमंत रतनलाल नरसिंगसा राऊळने भेज दी थी. मूलाराधनादर्पण की हस्तलिखित प्रति भेजकर हमपर जो उपकार उन्होने किये हैं उनके लिये आभार मानना हम आवश्यक कर्तव्य समझते हैं और मानते हैं.

इस भगवती आराधना ग्रंथका संशोधन मैने मेरी तुच्छ बुद्धिके अनुसार किया है. तथा विजयोदया टीकाक हिंदी भाषामें अनुवाद किया है. मराठी भाषा मेरी मातृभाषा है. अतः इस हिंदी अनुवादमें लिंग, विभक्ति वगैरहोंक

व्याकरण शुद्ध प्रयोग न होने से बहोतसी भूलें होजाना नितरां संभवनीय है. तथा भाषांतर में भी अज्ञानवश प्रमाद रहे होंगे.

विजयोदया टीकामें दशस्थितिकल्पके विषयका विवेचन करते समय अपराजित सूरीने आचारांगादि श्वेतांबर ग्रंथोंके जो प्राकृत भाषाके श्लोक दिये हैं उनका मराठी अनुवाद करके श्री. प्रो. ए. एन. उपाध्यायजीने मेरी प्रार्थनासे भेज दिया था उसका मैंने हिंदी अनुवाद किया है अतः श्री. प्रोफेसरसाहेबका मैं अतिशय आभारी हूं.

सज्जन पाठकवर्ग तथा विद्वद्वर्गको मेरी सविनय यह प्रार्थना है कि इस संशोधन, अनुवादादि कार्य में रहे हुए दोषोंका संशोधन करके मेरेको उपकृत बनावे.

जैन साहित्यकी सेवा मेरे द्वारा आजन्म होती रहे ऐसी श्रीजिनेंद्रदेवसे प्रार्थना करके मैं यह प्रस्तावना पूर्ण करता हूं.

जिनवाणीका तुच्छ सेवक--
जिनदास पार्श्वनाथ फडकुले.
ता. १-११-३५
वीर सं० २४६२ कार्तिक शुद्ध ५ मी.

हिंदी अनुवादके अनुसार
भगवती आराधनाके मुख्य विषयोंकी सूची.

विषयनाम	पृष्ठसंख्या
१ मंगलपूर्वक आराधना वर्णनकी प्रतिज्ञा.	७
२ आराधनाका स्वरूप और वह किसको होती है.	१५
३ आराधनाके दो भेद.	२०
४ मिथ्यादृष्टि सम्यग्ज्ञानका आराधक नहीं है.	३०
५ चारित्राराधनामें तप आराधनाका अन्तर्भाव.	३२
६ अतिसंक्षेपकी अपेक्षासे चारित्राराधनामें ही इतर आराधनाओंका अन्तर्भाव.	४२
७ ज्ञानाराधना और दर्शनाराधनाका चारित्राराधनामें अन्तर्भाव	४६
८ चारित्राराधनामें तप आराधनाका अन्तर्भाव	५०
९ यथाख्यात चारित्रका स्वरूप और फलका वर्णन	५४
१० दुःख दूर करना यह ज्ञानका फल है इसका दृष्टांत-युक्त वर्णन	५७
११ कर्मका नाश होनेसे मुक्तिफल मिलता है.	५८
१२ मरणसमयमें आराधनाकी विराधना करनेसे अनंत संसारकी प्राप्ति.	६१
१३ रत्नत्रयमें स्थिर होकरभी संक्लेश परिणाम उत्पन्न होनेसे होनेवाली हानि.	६५
१४ आराधनाओंका विशिष्ट फल.	६६
१५ मरणसमयमेंही रत्नत्रयाराधना करनी चाहिये ऐसी शिष्यकी शंकाका उत्तर.	६८
१६ सदैव रत्नत्रयाराधना करना चाहिये इसका सदृष्टान्त खुलासा.	७०
१७ अन्तर्मुहूर्तमें रत्नत्रयकी आराधना करनेसे भी मुक्ति मिलेगी अतः सर्वदा रत्नत्रयाराधन क्यों करना इसका उत्तर.	८४
१८ मरणके सत्रह भेद.	९१
१९ पांच प्रकारके मरणोंका वर्णन.	१०६
२० दर्शनाराधनाका वर्णन.	११९
२१ सम्यग्दृष्टि जीवका वर्णन.	१२२
२२ किनके सूत्र प्रमाणभूत माने जाते हैं.	१२६
२३ अविपरीत अर्थका निरूपण करनेवालेका लक्षण	१२८
२४ आज्ञासम्यक्त्वीभी आराधक है.	१३०
२५ जीवद्रव्यके ऊपर श्रद्धान करना चाहिये.	१३२
२६ आस्रवादिकोंकाभी श्रद्धान करना चाहिये.	१३५
२७ थोडासा अश्रद्धान और बहुतसा श्रद्धान करनेवाला मिथ्यादृष्टि है.	१३८
२८ मिथ्यादृष्टिका स्वरूप.	१३९

२९ तत्त्वश्रद्धान न करनेसे होनेवाली हानि. १४१
३० संसारसे डरनेवाला भव्य जीव कैसा विचार रखता है. १४२
३१ सम्यग्दर्शनके पांच अतिचारोंका वर्णन. १४६
३२ सम्यग्दर्शनको निर्मल बनानेवाले गुणोंका वर्णन १५०
३३ दर्शनविनयका वर्णन. १५५-१६५
३४ जघन्य, मध्यम व उत्कृष्ट सम्यक्त्वाराधनाके स्वामी. १७६
३५ जघन्य सम्यक्त्वाराधनाका प्रभाव तथा सम्यक्त्व लाभमाहात्म्य. १७८
३६ मिथ्यात्वके प्रकार और उनसे होनेवाली हानि १८१
३७ मिथ्यात्वके आश्रयसे अहिंसादिक गुण भी दोष होते हैं. १८५
३८ व्रतशीलयुक्त मिथ्यात्वीका भी संसारभ्रमण होता है. १८८
३९ भक्तप्रत्याख्यान मरण व उसके भेद. १९२
४० अर्हाधिकारका वर्णन (भक्त प्रत्याख्यान मरणके योग्य व्यक्ति) २००
४१ भक्तप्रत्याख्यानके लिये जो अयोग्य हैं उसका वर्णन २०४
४२ लिंगाधिकारका वर्णन और अपवादलिंगका वर्णन २०७
४३ उत्सर्ग लिंगका विशेष वर्णन २११
४४ अपवाद लिंगीकी शुद्धता कैसी होती है, २२२
४५ केशलोच न करने में दोष और लोचमें गुण २२३
४६ शरीरममत्वत्यागका वर्णन २२९
४७ परिछिकासे क्या क्या कार्य करने चाहिये तथा पिच्छिकाका लक्षण २३४
४८ जिनवचनका अभ्यास करनेसे प्राप्त होनेवाले गुणोंका विस्तृत वर्णन २४१
४९ विनयका २३ गाथामें विस्तीर्ण वर्णन अर्थात् विनयके सर्व भेदोंका वर्णन २६०
५० समाधि अधिकारका विस्तारसे कथन ३१२
५१ अनियत विहारके दर्शनविशुद्ध्यादि गुणोंका वर्णन ३२५
५२ परिणाम अधिकारका आठ गाथाओंमें वर्णन ३५२
५३ उपाधित्यागका ९ गाथाओंमें वर्णन ३७६
५४ भावशिति और द्रव्यशितिका सविस्तर कथन ३८८
५५ संक्लेशभावनाके कंदर्पादि भेदोंका वर्णन ३९७
५६ संक्लेशरहित भावनाओंका वर्णन ४०५
५७ बाह्य व अभ्यंतर सल्लेखनाका वर्णन ४२३
५८ अनशनादि बाह्यतपोंका सविस्तर वर्णन ४२५
५९ वसतिकाके उत्पादनादिदोषोंका वर्णन ४४७
६० निर्जरेच्छु यतीके तपका वर्णन ४५६
६१ सल्लेखनाके उपायोंका वर्णन ४६८

६२ कषायसल्लेखनाका वर्णन ४७९
६३ पलाचार्यकी स्थापना ४९२
६४ क्षमणाधिकार ४९४
६५ गण और पलाचार्यको आचार्यका उपदेश ४९६
६६ वैयावृत्यके १५ गुणोंका वर्णन ५२४
६७ आर्यिकासंगति त्याग ५४३
६८ दुर्जनसंगति त्याग ५५३
६९ सुजनसंगतीका माहात्म्य ५५७
७० परगणचार्योधिकार ५७१
७१ मार्गनिरूपणाधिकार ५९०
७२ निर्यापकाचार्यका अन्वेषण करनेके लिये निकले हुए आचार्यका कार्यक्रम ५९३
७३ निर्यापकाचार्यके आचारत्वादि आठगुणोंका वर्णन६०७
७४ दशविधकल्पोंका वर्णन. ६१८
७५ अल्पज्ञ आचार्यका आश्रय करनेसे उत्पन्न होनेवाले दोषोंका वर्णन ६५९
७६ अपोहक आचार्य क्षपकके दोष बाहर निकालते हैं. ६९९
७७ उपसंपद् अधिकारका वर्णन ७२५
७८ परीक्षाधिकारका वर्णन ७३४
७९ प्रतिलेखाधिकार ७३६
८० पृच्छाधिकार ७३८
८१ प्रतीच्छाधिकार ७३९
८२ आलोचना शुद्ध्यधिकार ७४३
८३ सामान्यविशेषालोचनाका स्वरूप ७५२
८४ सशल्यमरणमें दोष और शल्योद्धारमें गुण ७५८
८५ आलोचना कब और किस स्थानमें करना योग्य है७६८
८६ आलोचनाके गुण और दोषोंका स्वरूपवर्णन ७७६
८७ दर्पादिक बीस अतिचार कारणके प्रकारोंका वर्णन८१५
८८ आलोचना करने के अनंतर गुरुके कर्तव्यका वर्णन ८२१
८९ योग्यायोग्यवसतिकाका विचार ८३४
९० संस्तरोंका वर्णन ८४०
९१ परिचारकोंका स्वरूप ८४७
९२ आक्षेपण्यादि कथाओंका स्वरूप ८५१
९३ परिचारकोंके भिन्न भिन्न कर्तव्य ८५७
९४ सल्लेखना करनेवाले मुनिका दर्शन सबको लेना चाहिये. ८७०
९५ आहार प्रकाशन प्रकरणका विवेचन ८७५
९६ हानिप्रकरण का स्वरूपकथन ८७९
९७ पानकोंके प्रकारका वर्णन. ८८२
९८ तीन प्रकारके आहारोंका त्याग क्षपक करता है. ८८६
९९ चार प्रकारके संघका क्षमापण विधि ८८९
१०० क्षपणाधिकार वर्णन ८९१

१०१ आचार्य का क्षपकको उपदेश ८९५
१०२ मिथ्यात्व त्यागनेका उपदेश ८९८
१०३ सम्यक्त्वभावनाका उपदेश ९०६
१०४ जिनभक्ति माहात्म्य वर्णन ९११
१०५ नमस्कार वर्णन ९१६
१०६ ज्ञानोपयोगका वर्णन ९२१
१०७ अहिंसा महाव्रत पालनका विस्तीर्ण उपदेश ९३२
१०८ सत्यमहाव्रतका सविस्तर विवेचन ९६३
१०९ अचौर्य महाव्रतके उपदेशका सविस्तर कथन ९७९
११० ब्रह्मचर्य महाव्रतका वर्णन ९८८
१११ स्त्रीकथात्यागका उपदेश १०२५
११२ अशुचिनिरूपण, देहकी अपवित्रताका वर्णन १०५७
११३ वृद्धसेवाका उपदेश १०९७
११४ स्त्रीसंसर्गदोषोंका वर्णन ११०७
११५ परिग्रहत्याग महाव्रत वर्णन ११२३
११६ महाव्रतकी निरुक्ति, रात्रिभुक्ति त्यागादिक महाव्रतके संरक्षक हैं. ११८५
११७ मनोगुप्ति वाग्गुप्तिओंका वर्णन ११७९
११८ कायगुप्तिका स्वरूप ११८३
११९ ईर्यासमित्यादि पांचसमितिओंका वर्णन ११८७
१२० प्रत्येकव्रतोंके पांच पांच भावनाओंका वर्णन १२०५
१२१ मायामिथ्यात्व निदान इन शल्योंके त्यागका उपदेश १२१४
१२२ मानकषाय के त्यागका विस्तीर्ण उपदेश १२२२
१२३ भोगनिदानके त्यागका उपदेश १२३४
१२४ अवसन्नादि मुनिओंका वर्णन १२७०
१२५ इंद्रियकषायों की दुष्टताका उपदेश १२८५
१२६ पांचो इंद्रियोंसे मनुष्यको दुःखउत्पन्न होता है १३११
१२७ कोपदोषत्याग वर्णन १३१४
१२८ मानदोषत्याग वर्णन १३२२
१२९ मायादोषत्याग वर्णन १३२७
१३० लोभदोष वर्णन १३३०
१३१ क्रोधविजय वर्णन १३४८
१३२ मानविजय वर्णन १३५४
१३३ मायाजय वर्णन १३५७
१३४ लोभ विजयवर्णन १३६०
१३५ निद्राजयवर्णन १३६४
१३६ निर्जरानिमित्त तपमें क्षपक को प्रेरणा १३६९
१३७ उपदेश सुननेपर क्षपकका वक्तव्य १३८६
१३८ सारणानामक अध्यायका वर्णन १३९०
१३९ क्षपकको पुनः उपदेश १४०१
१४० परीषहसहन करनेवालोंके उदाहरण १४१८
१४१ नरकगतिके दुःखका विचार करने के लिये क्षपकको प्रेरणा १४२९
१४२ तिर्यग्गतिदुःखवर्णन १४४६
१४३ मनुष्यगतिदुःख वर्णन १४५३
१४४ देवगतिदुःख वर्णन १४५९

१४५ कर्मोदय से औषधादिकोंका वैफल्य १४६५
१४६ प्रतिज्ञाभंग करना मरणसे भी अनिष्ट है. १४८०
१४७ आहारलंपटता पांच पापोंका कारण है १४८६
१४८ समताका वर्णन १५०९
१४९ आर्त्तध्यान और रौद्रध्यानका वर्णन १५३१
१५० ध्यानका परिकर और धर्मध्यानका वर्णन १५३४
१५१ अध्रुवादि बारह अनुप्रेक्षाओंका वर्णन १५४८
१५२ शुक्लध्यानका वर्णन १६८१
१५३ लेश्याविशुद्धिका वर्णन १७००
१५४ आराधना और विराधनाओंके फलोंका वर्णन १७१०
१५५ अक्षसंज्ञादि पंच सुन्याभासोंका वर्णन १७२३
१५६ निदानका वर्णन १७२८
१५७ अयोग्य संयममें क्षपकमरण होनेसे जागरणादिक करना चाहिये १७४०
१५८ आराधकांगत्याग वर्णन १७५२
१५९ अविचारभक्त त्यागवर्णन १७६२
१६० इंगिनीमरणका विस्तारसे वर्णन १७७४
१६१ प्रायोपगमनमरणका वर्णन १७९१
१६२ बालपंडितमरणका वर्णन १७९८
१६३ ध्यानके बाह्य परिकरोंका वर्णन १८०४
१६४ सम्यक्त्वघाति प्रकृतिओंके क्षपणका वर्णन १८०५
१६५ अनिवृत्तिबादर गुणस्थान में प्रकृतिओंका क्षपण वर्णन १८०७
१६६ केवलज्ञानका वर्णन १८१७
१६७ सिद्धोंके परमस्वास्थ्यका वर्णन १८४१
१६८ ग्रंथकार शिवकोट्याचार्यका अन्तिम वक्तव्य १८५०
१६९ श्रीमदपराजित सूरिकृत प्रशस्ति १८५४
१७० श्रीमदाशाधरसूरिकृत आराधनास्तवादि १८५५
१७१ श्रीमदमितगति प्रशस्ति १८६३
१७२ आराधनास्तवनम् १८६५

इति विषयसूची समाप्ता.

श्री शिवकोटि आचार्यकृत भगवती आराधना. इसमें अपराजितसूरिकृत संस्कृत टीका और पं. आशाधरजीकृत संस्कृत टीका और श्री अमितगति आचार्यकृत संस्कृत श्लोक और पं. श्री. जिनदास पार्श्वनाथ फडकुले सोलापूरवालोंकी हिंदी टीका सहित यह ग्रन्थ छपाया गया इसके लिये जिन्होंने सहायता दी उन महाशयोंकी शुभ नामावलिः—

७०१ श्री पूज्य आचार्य शांतिसागर दिगम्बर जैन ग्रंथमाला सागवाडा.
७०१ श्री पूज्य आचार्य शांतिसागर ग्रंथमाला.
५० श्री. जिनसेन भट्टारक कोल्हापुर.
५० स्व. लक्ष्मीसेन भट्टारक ,,
५० संघभक्त शिरोमणि शेठ पुनमचंद घासीलाल मुंबई.
५० मेथा कस्तुरचंद मलुकचंद अक्कलकोट.
५० शहा देवचंद रामचंद सोलापूर.
५० श्री. रतनबाई देवचंद करजगीकर.
५० सौ. केशरबाई भ्र. हिराचंद रामचंद वळसंगकर.
५० श्री. ब्र. कंकुबाई कारंजा.
५० शहा माणिकचंद अमीचंद B. A. सोलापुर.
५० ब्र. रखमाबाई सोलापुर.
५० गंगूबाई पदमशी करकंबकर.
५० माणिकबाई कस्तुरचंद निंबर्गीकर,
५० सौ० चतुरबाई मोतीचंद शहा.
५० शहा गुलाबचंद मखाराम सोलापूर.
५० सौ० राजुबाई गावडी दोशी.
५० सौ० नवलबाई गुलाबचंद दोशी.
५० सौ० कस्तुरबाई बालचंद हिराचंद दोशी
५० शेठ गांधी शिवलाल मलुकचंद पंढरपूर.
५० रा. मेथा माणिकचंद पानाचंद निंमगांव
५० रा. शेठ रामचंद धनजी दाबडा नातेपुते.
५० ब्र. राजुबाई भ्र. गोतमचंद धारामती.
५० रा. काळप्पा आण्णाजी लेंगडे शाहापुर बेळगांव
५० शा. माणिकचंद मोतीचंद आळंद
५० रा. बळवंत ग्यानोबा दोले आळंद.
५० रा. जिवराज हिराचंद शहा आळंद.
५० जोतीराम दलुचंद पंढरपूर.
५० नरसिंगा धोंडी चिंचवाडे इचलकरंजी व श्री. जिनगौडा आपगौडा पाटील.
५० श्री. माणिकबाई हिराचंद जयचंद निंमगांव.

५० श्री. कंकूबाई भ. रामचंद दोशी निमगांव.
५० श्री. चतुराबाई भ. मोतीचंद गांधी चिकोडीकर.
५० श्री. जिवराज माणिकचंद मेथा निमगांव.
५० शेठ नथुराम तलकचंद दोशी.
५० श्री. वेणीचंद रामचंद मेथा निमगांव.
५० श्री. हिराचंद दाजी शहा. ,,
५० श्री. मैनाबाई फुलचंद दोशी फलटणकर व गौतमचंद मोतीचंद करमाळेकर.
५० रा. शहा गुलाबचंद सुरचंद आळंद.
५० शहा रामचंद सुरचंद आळंद.
५० शेठ लीलाचंद हेमचंद हिंगोली.
५० मोतीचंद हरीचंद शहा नळदुर्ग.
५० स्व. सौ. चंद्रभागाबाई दत्तात्रय मोहोकर.
५० मोतीचंद अमरचंद फलटणकर पुना.
५० भाऊ नेमण्णा दुगे कुरुंदवाड.
५० श्री. बालुबाई भ. दलुचंद हिवरेकर.
५० कुंदनलाल जयचंदलाल मदारीपूर.
५० तुलीचंद रतनलाल ,,
५० श्री. अमीचंद दलुचंद शहा मुंबई.
५० श्री. रोडमल मेघराज मुसारी.
५० स्व. सौ. कंकुबाई वीरचंद कोदरजी गांधी फलटण.
५० श्री. शंकरलाल गांधी मुंबई.
५० शेठ लुणकरण मदनमोहन मुंबई.
५० शेठ फत्तेचंद दीपचंद नागपुर
५० सौ० चतुरबाई भ. हिराचंद अमीचंद गांधी उस्मानाबाद
५० शेठ हरीचंद खुशालचंद मोडनिंब
१०० शेठ भूपाल आप्पा जिरगे.
५० लक्ष्मण भरमप्पा आरवाडे सांगली
५० रतनभाई भ. माणिकचंद.
१०० जिऊबाई भ. मोतीचंद करजगीकर.
५० आबलबाई कळसकर.
५० मोतीचंद रावजी पारडेकर.
५० शेठ धनशीलाल गंगाराम नांदगांव.
५० शेठ धनराज गोकुळचंद कोपरगांव.
५० शेठ शहा परमचंद मोतीचंद करकंब.
५० ब्र. जिऊबाई भ. जिवनचंद विजापुर.
५० मोतीलाल लहीला मुंबई.
५० श्री. भ. जिवराज गौतमचंद दोशी सोलापूर.
५० श्री. बिहारीलाल कठनेरा जैन मुंबई.
२५ श्री. गांधी नानचंद अमीचंद पंढरपूर.
२५ श्री. लिलाचंद रावजी कोठारी आळंद

मूलाराधना

(अपरनाम–भगवती आराधना)

टीकाद्वयोपेता हिन्दीभाषानुवादसहिता च ।

अथ अपराजितसूरिकृता विजयोदया टीका । १ ।

दर्शनज्ञानचारित्रतपस्सामान्याराधनायाः स्वरूपं, विकल्पं, तदुपायं, साधकान्, सहायान्, फलं च प्रतिपादयितुमुद्यतस्याल्प शास्त्रस्यादौ मङ्गलं स्वस्य श्रोतॄणां च प्रारब्धकार्यप्रत्यूहनिराकृतौ धर्मे शुभपरिणामे विदधता तदुपायभूतेयमगत्यादि गाथा—

सिद्धे जयप्पसिद्धे चउव्विहाराहणाफलं पत्ते ॥
वंदित्ता अरहंते वोच्छं आराहणं कमसो ॥ १ ॥

सिद्धाञ्जगत्प्रसिद्धांश्चतुर्विधाराधनाफलं प्राप्तान् ॥
वंदित्वार्हतो वक्ष्याम्याराधनां क्रमशः ॥ १ ॥

१ सिद्धे०—सिद्धे जयप्पसिद्धे इत्यादिका । अत्रान्ये कथयन्ति । " निवृत्तविषयरागस्य निराकृतसकलपरिग्रहस्य क्षीणायुषस्साधकस्याराधनाविधानावबोधनार्थमिदं शास्त्रं " तस्यार्थिप्रसिध्यर्थमियं मङ्गलस्य कारिका गाथेति । असंयत-

सम्यग्दृष्टिसंयतासंयतप्रमत्तसंयताप्रमत्तसंयतादयोऽप्याराधका एव । तत्किमुच्यते निवृत्तविषयरागस्य निराकृतसकलपरिग्रहस्येति । न ह्यसंयतसम्यग्दृष्टेः संयतासंयतस्य वा निवृत्तविषयरागता, सकलग्रन्थपरित्यागो वास्ति । क्षीणायुष इति चानुपपन्नं । अक्षीणायुषोऽप्याराधकतां दर्शयिष्यति सूत्रं । ' अणुलोमा वा सत्तू चारित्तविणासया हवे जस्से ' ति ।

शास्त्रान्तरे पञ्चानां गुरूणां नमस्क्रिया प्रारभ्यते । तत्र चाईतामेवोपादानमादौ । इह तु पुनर्द्वयोरेव नमस्कारो विपर्ययश्च । तत्किकृतं वैधर्म्यमिति ? अत्रोच्यते अन्यथाप्रवृत्तावस्ति कारणं । इह द्विप्रकाराः सिद्धसाधकभेदेन जीवाः । अर्हतां सिद्धानां साक्षाराधनोफलत्वात्, आचार्यादीनां त्रयाणां साधकानामनुग्रहायेदं शास्त्रं प्रस्तूयत इति सिद्धानां मङ्गलत्वेनोपादानं युक्तं, नेतरेषामाधिक्रियमाणत्वात्तेषामिति भाष्यपरिहारौ केचांचित् । तावसङ्गतावेव लक्ष्येते । तत्र चाद्यस्य निषेध्यतेऽयुक्तता । किमर्थं नमस्कारः क्रियते शास्त्रादिषु ? अविघ्नप्रसिद्धये । कथं निहन्ति विघ्नमसौ ? स हि वक्तुः श्रोतुर्वा भवेत् ? उभयस्यापि निबन्धनमन्तरायः, 'विघ्नकरणमन्तरायस्य' [त. सू.] इति वचनात् । पञ्चप्रकारोऽसौ दानलाभभोगोपभोगवीर्याणां विघ्नकारणभेदेन, तत्र वक्तुर्दानान्तरायस्सम्पादयति प्रत्यूहं, त्रिविधस्य हि दानस्य प्रतिबाधको दानान्तरायः । ज्ञानलाभं विहन्ति श्रोतुर्लाभान्तरायस्तदायत्तो विघ्नः कथं तस्मिन्सति न भवेत् सत्यपि नमस्कारे, यथा बीजसलिलमरुन्धराग्नभैरादिमकरसंघाताधीनजन्मा शाल्यादंकुरः स्वहेतुसामग्र्यां भवत्यन्यूनायां सन्निहितेऽपि खलतमालादौ तथेहापि । अस्त्येवं क्वचे अन्तरायोऽशुभप्रकृतिः । स च शुभपरिणामोन्मूलितरसप्रकर्षः स्वकार्यं निष्पादयितुं नालमिति । यद्येवं शुभपरिणाममात्रस्योपायोगस्तथा सति सिद्धादिगुणानुरागः सर्व एवोपयोगी विघ्ननिराचिकीर्षतस्तत्र कस्मात् प्रेक्षापूर्वकारिणः क्रमाश्रयणमन्वाख्यं ? उपेयात्मलाभहेतुत्वमात्रनिबन्धनमुपायानामुपायत्वं,तत्रयत्रास्ति तस्य तस्योपायता तेन सर्व एवार्हदादिगोचरा गुणानुरागास्तत्पुरःसरवाक्कायक्रिया अनादृतक्रमा भवन्ति । यादृच्छितफलप्रसाधना एकैकरूपा अर्हवोऽपि । इमामानुपूर्वीमन्तरेणैषा सिद्धिः साध्यस्यान्यथा न विद्यत इति यत्र तत्राश्रीयते उपायक्रमः । यथा घटं सिसाधयिषतो मृन्मर्दनपिण्डकरणचक्रारोपणादयः । युगपदनेकत्वस्वभावप्रवृत्तिरसंभाविन्येकस्य वक्तुरिति नान्तरीयकतया क्रमाश्रयणं तत्र च कामचारः । तथाहि, सिद्धं सिद्धट्ठाणं ठाणमणोवमसुहुगयाणमिति । शासनगुणानुस्मरणमेव केवलं । क्वचित्तीर्थकृत्स्वपि वीरस्वामिनः एव प्रथमं नमस्क्रिया ।

एस सुरासुरमणुसिंदवंदिदं धोदघादिकम्ममलं । पणमामि वड्ढमाणं तित्थं धम्मस्स कत्तारं ॥

सेसे पुण तित्थयरे ससव्वसिद्धे विसुद्धसब्भावे । समणे य णाणदंसणचरित्ततववीरियायारे । इति क्वचिदेकग्रन्थेन,

इंदसदवंदिदाणं तिदुअणाहिदमधुरविसदवक्काणमिति ।

क्वचिज्जीवगुण एवानाश्रिताहदादिस्वामिविशेषो निरूपितः "धम्मो मङ्गलमुक्किट्ठ" मिति ।

एवं सति यैक्ष्विक्ये का विपर्ययाशङ्का ? यदुक्तं साधकानुग्रहाधिकारे सिद्धात्मनामेव मङ्गलेत्यभाधिकारो युक्त इति । इदं पर्यनुयोज्योऽयं श्रुतसाधकार्थमुत यद्येवं सकलस्य श्रुतस्य सामायिकावेलोकबिन्दुसारान्तस्यादौ मङ्गलं

कुर्वद्भिर्गणधरैः 'णमो अरहंताणमित्यादिना कथं पञ्चानां नमस्कारः कृतः ? तेन सूत्रविरोधिनी व्याख्या अनेनापि च सूत्रेण विरुध्यते। 'वंदित्ता अरहंते' इति अर्हतामुपादानात्। तेऽपि सिद्धा इति चेत् पृथगुपादानानर्थक्यं। अथैकदेशसिद्धास्त इति पृथगुपात्ताः. आचार्योदयोऽपि किं नोपात्तास्तेषामप्येकदेशसिद्धतास्ति। एकदेशसिद्धतायां अर्हतामप्याराधकत्वे सत्युपादाने स्वव्याख्यानविरोधमाधत्त इति ॥ 'सिद्धे' सिद्धान् 'जगप्पसिद्धे' जगति प्रसिद्धान् 'चदुविधाराधणाफलं' चतुर्विधाराधनाफलं 'पत्ते' प्राप्तान्, 'वंदित्ता' वंदित्वा 'अरहंते' अर्हतः 'वोच्छं' वक्ष्यामि 'आराधणं' आराधनां 'कमसो' क्रमशः ॥

सिद्धशब्दस्य चत्वारोऽर्थाः नामस्थापनाद्रव्यभावा इति। तत्र नामसिद्धः क्षायिकं सम्यक्त्वं, ज्ञानं दर्शनं, वीर्यं, सूक्ष्मतां, अतिशयवतीमवगाहनां, सकलबाधारहिततां चानपेक्ष्य सिद्धशब्दप्रवृत्तेर्निमित्तं कस्मिंश्चित्प्रवृत्तः सिद्धशब्दः। ननु स्वरूपनिष्पत्तिः सिद्धशब्दस्य प्रवृत्तेर्निमित्तं न सम्यक्त्वादय इति चेत् सत्यं, व्यावर्णितयात्किंचिन्न्यूनात्मरूप-, निष्पत्तिर्निमित्तत एव्यत एव। पूर्वभावप्रज्ञापननयापेक्षया चरमशरीरानुप्रविष्टो य आत्मा शरीरानुप्रविष्टेकमिव संस्थानवत्तामुपगतः, शरीरापायेऽपि तमाकारं चरमशरीरात् किंचिन्न्यूनात्मप्रदेशसमवस्थानं बुद्धाधारोप्य तदेवेदमिति स्थापिता मूर्तिः स्थापनासिद्धः। सिद्धस्वरूपप्रकाशनपरिज्ञानपरिणतिसामर्थ्योपासितः आत्मा आगमद्रव्यसिद्धः। नोआगमद्रव्यसिद्धस्त्रेधा ज्ञायकशरीरमावितव्यतिरिक्तभेदात्। ज्ञायकशरीरसिद्धः सिद्धप्राभृतज्ञस्य शरीरं भूतं भवत् भावि वा। भविष्यत्सिद्धत्वपर्यायो जीवो भाविसिद्धः। तद्व्यतिरिक्तकर्मसंभवि,कर्मनोकर्मणोः सिद्धत्वस्य कारणत्वाभावात्सिद्धप्राभृतगदितस्वरूपसिद्धज्ञानमागमभावसिद्धः। क्षायिकज्ञानदर्शनोपयुक्तः परिप्राताव्याबाधस्वरूपाविर्भावप्राप्तशिखरस्थो नोआगमभावसिद्धः। स इह गृह्यते। ननु सामान्यशब्दस्यान्तरेण प्रकरणं विशेषणं वाऽभिमितार्थवृत्तिता दुरवगमा ? अत एव विशेषणमुपात्तं चतुर्विधाराधनाफलं प्राप्तानिति। सम्यक्त्वं केवलज्ञानदर्शने सकलकर्मविनिर्मुक्तेति चतुर्विधं, चतुर्विधाया आराधनायाः फलं साध्यं तत्प्राप्तिरात्मनः सम्यग्दर्शनादिरूपेण स्वमवस्थानं। ततोयमर्थः—'फलं पत्ते' इत्यस्य क्षायिकसम्यक्त्वकेवलज्ञानदर्शनानिरवशेषकर्मविनिर्मुक्ततारूपेणाव-स्थितानिति। जगति आसन्नभव्यजीवलोके समीचीनश्रुतज्ञानलोचने प्रसिद्धान् प्रतीतान् विदितान्। 'अरहंते' इत्यत्र च शब्दमन्तरेणापि समुच्चयार्थो गतिः। पृथिव्यप्तेजोवायुराकाशं कालो दिगात्मा मन इति द्रव्याणीत्येवं यथा। निहतमोहनीयान्तरायज्ञानदर्शनावरणात् अतिशयितपूजाभाजं इत्ययमर्थोऽनेन 'अरहंते' इत्यनेनोक्तः। अनुगतार्थत्वाद्वार्हन्निति संज्ञायाः यथा सर्वनामशब्दोऽकृतशब्दार्थसंज्ञाभावमुपयाति। अथवा 'जगप्पसिद्धे' इति अर्हतां विशेषणं, यतः पञ्चकल्याणस्थानेषु विशुद्धत्रयेणाधिगता महात्मानः, नैवमितरे सिद्धाः। सर्वस्यैव हि वस्तुनः कथंचित्प्रतीतत्वे सति अप्रतीतस्य कस्यचिदभवात् प्रसिद्धग्रहणमुपात्तप्रकर्षमिति गम्यते। यथाऽभिरूपाय कन्या देयेति। तेनायमर्थो जगति प्रसिद्धतमानिति। अर्हतामेव प्रतीततरत्वमुक्तेन क्रमेण। अनधिगतप्रयोजनः श्रोता न यतते श्रवणेऽध्ययने वा। परोपकारसंपादनाय चेदं प्रस्तूयते मया, ततः प्रयोजनं प्रकटयन्नाह 'वोच्छं आराहणं' मिति। एतेनाराधनास्वरूपाधिगमनं प्रयोजनं शास्त्रश्रवणाद्भवतीत्यावेदितम्।

नन्वाराधनास्वरूपावगमनं पुरुषार्थः। पुरुषार्थो हि प्रयोजनं, पुरुषार्थश्च सुखं दुःखनिवृत्तिर्वा, न चानयोरन्यतरताऽस्य। अयमस्याभिप्रायः, यो येनार्थेनार्थी स तत्प्राप्तये तदीयमुपायमधिगंतुमुपादेयं वा यतते। येन प्रयुक्तः क्रियायां प्रवर्तते तत्प्रयोजनं, ज्ञानेन प्रयुज्यते श्रवणादिक्रियायामुपयोगिवस्तुपरिज्ञानं प्रयोजनं भवतु, आराधना तु कथमुपयोगिनी? सकलसुखस्वरूपैकेवलज्ञानपरमाभ्याबाधतां जनयतीत्युपयोगिनी। तथा चोक्तं चतुर्विधाराधनाफलं प्राप्तानिति। ततोऽयमर्थः, अनन्तज्ञानादिफलनिमित्ताराधनाऽवबोधनार्थमिदं शास्त्रमारभ्यत इति साध्यमाराधनास्वरूपज्ञानं साधनमिदं शास्त्रमिति साध्यसाधनरूपसंबन्धोऽपि शास्त्रप्रयोजनयोरत एव वाक्यादुलभ्यते। अभिधेयभूतास्तु चतस्र आराधनाः। प्राह्यमिदं शास्त्रं प्रयोजनादित्रयसमन्वितत्वात् व्याकरणादिवदिति। एवमनया मङ्गलं प्रयोजनादित्रयं च सूचितं। 'कमसो' क्रमेण पूर्वशास्त्रनिगदितेन, एतेन स्वमनीषिकाचर्चितमिदं न भवति। आप्तवचनानुसारितया प्रमाणमिदमाख्यातं भवति। 'पुव्वसुत्ताणं' इति वाक्यशेषादित्थं लभ्यते॥

अथ श्रीमदाशाधरकृतं मूलाराधनादर्पणम्। २।

नत्वार्हतः प्रबोधाय मुग्धानां विदुषोऽप्यहम्॥
श्रीमूलाराधनागूढपदान्वाख्याश्रयोऽर्थतः॥ १॥

तत्रादौ ऐदंयुगीनश्रमणोपव्युह्यमानप्रवचननिष्यंदामृतमाधुर्यरतत्र भवान् शिवकोट्याचार्यवर्यः शिष्टाचारं प्रमाणयितुं मंगलपुरःसरमुपदेश्यं वस्तु निर्दिशन् श्रोतृप्रवृत्त्यंगतया च प्रयोजनादित्रयमवबोधयन् 'सिद्धे' इत्यादि सूत्रं चतुर्विंशतिगाथामयपीठिकाप्रथमावयवभूतमासूत्रयामास॥

एतदर्थः कथ्यते यथा—वोच्छे वक्ष्यामि। प्रतिपादयिष्याम्यहं ग्रंथकारः। कां आराधनां? आराध्यंते सेव्यन्ते स्वार्थप्रसाधकतया क्रियंते सम्यग्दर्शनादीति मोक्षसुखार्थिभिरनयेत्याराधना आराध्यतेऽनया आराधकव्यापारः। उपजातसम्यग्दर्शनादिपरिणामस्यात्मनस्सङ्गतातिशयवृत्तिरित्यर्थः॥ तथा चोक्तम्—

रत्नत्रयमाराध्यं भव्यस्त्वाराधको विशुद्धात्मा॥
आराधना त्युपायस्तत्फलमभ्युदयमोक्षौ स्तः॥

तां। केन? कमसो क्रमशः। पुव्वसुत्ताणमित्यध्याहारात्पूर्वसूत्रक्रमेणेत्यर्थः॥ एतेन गुरुपूर्वक्रमायातामाराधनामहं वक्ष्यामि, न स्वमनीषिकाचर्चितामित्युक्तं स्यात्॥ किं कृत्वा? वंदित्ता वंदित्वा प्रणम्य स्तुत्वा वा। कान्? सिद्धे

सिद्धान् । किंविशिष्टान् ? पत्ते प्राप्तान् । किं तत् ? चउव्विहाराहणाफलं-सम्यग्दर्शनाद्याराध्यचतुर्विध्याच्चतुर्विधाया आराधनायाः फलं साध्यं क्षायिकसम्यक्त्वकेवलज्ञानदर्शनानि सर्वकर्मनिर्मोक्षश्चेति चतुष्टयं तद्रूपेण समवस्थितानित्यर्थः ॥ एतेन नामादिसिद्धाष्टकव्यवच्छेदान्नोआगमभावसिद्धाः संगृह्यन्ते ॥ नामादिनिक्षेपापेक्षया हि जगति सिद्धाः संभवन्ति । कर्मनोकर्मणोः सिद्धत्वस्य अकारणत्वेन तद्व्यतिरिक्तस्यासंभवात् । तथाहि-नामसिद्धाः, स्थापनासिद्धाः, आगमद्रव्यसिद्धाः, भाविनोशरीरनोआगमद्रव्यसिद्धाः, । भवज्ज्ञायकशरीरनोआगमद्रव्यसिद्धाः, भविष्यज्ज्ञायकशरीरनोआगमद्रव्यसिद्धाः, भाविनोआगमद्रव्यसिद्धाः, आगमभावसिद्धाः, नोआगमभावसिद्धाश्चेति ॥ अत एव सिद्धिः स्वात्मोपलब्धिरेषामतिशयेनाशरीरत्वलक्षणेनास्तीति 'अर्श आदेः' इत्यनेन अत्ययेऽन्वर्थतया सिद्धशब्दोऽपि व्युत्पाद्यः ॥ एवं तर्हीते धूर्तोपदिष्टविपरीतार्थाद्भुतभावबहुलोके केनाप्यनुपलब्धत्वाद्धीमतामश्रद्धेया भविष्यंति इति अनाश्वासनिरासार्थमाह—पुनः किंविशिष्टान् ? 'जयप्पसिद्धे' जगत्यासन्नभव्यलोके समीचीनज्ञानलोचने प्रतीतान् । कतिपयजनसंवेद्यानित्यर्थः । एतेन लोकोत्तरत्वादतिदुर्लक्ष्येषु सत्वकर्मादिषु भाव्यं शुतरां यत्नः शुद्धधीभिः कर्तव्य इत्यावेद्यते । न केवलं तान्वंदित्वा किं तर्हि, अरहन्ते' अर्हतश्च वंदित्वा । अरिहननाद्रजोरहस्यहननाच्च परिप्राप्तसंतचतुष्टयस्वरूपाः संतः शक्रादिकृतामतिशयपूजामर्हन्तीत्यर्हन्त इति निरुक्तसिद्धमपि तल्लक्षणं स्फुटीकर्तुं जयप्पसिद्धे इत्यत्रापि योज्यः । जगल्लोकः प्रकर्षेणालोकयुक्तत्वेन साक्षाद्भावेन च सिद्धं निर्णीतं यैर्येभ्यश्च संदेहादिव्यवच्छेदेन भव्यैर्जगति च तेषु मङ्गलकल्याणस्थानेषु प्रसिद्धाः प्रतीताः ये तान् लोकालोकसाक्षात्कारिणस्तदुपदेशकान्भुवनत्रयप्रतीतांश्चेत्यर्थः ॥ अत्र सर्व एव अर्हदादिगुणानुरागाः शुभपरिणामत्वादशुभकर्मप्रकृतीनां रसप्रकर्षमुन्मूल्य वांछितार्थप्रसाधनाय प्रभवन्तीति, प्रेक्षापूर्वकारिणः पूर्वाचार्याः स्वस्य ज्ञानदानांतरायं, श्रोतृणां च ज्ञानलाभांतरायं निराकर्तुकामा निजनिजशास्त्रारंभेऽर्हदादीनां समस्तानां व्यस्तानां वा कामचारेण मंगलं उपलक्षयन्तः प्रतीयन्ते। इत्यस्य शास्त्रस्यादौ स्वपरविघ्नविघाताय प्राक् सिद्धाः पश्चादर्हन्तो ग्रंथकृता नमस्कृताः। भवति चात्र श्लोकः—

नेष्टं विहन्तुं शुभभावभग्नरसप्रकर्षः प्रभुरन्तरायः ॥
तत्कामचारेण गुणानुरागान्नत्यादिरिष्टार्थकरर्हदादेः ॥

किंच, यो यद्गुणार्थी ग्रंथकृत् सिद्धान्प्रथमं नमश्चकार, तत्प्राप्त्युपायोपदेशज्येष्ठतया च पश्चादर्हतोऽपि ।

तथा चोक्तं—

अभिमतफलसिद्धेरभ्युपायः सुबोधः । प्रभवति स च शास्त्रात्तस्य चोत्पत्तिराप्तात् ॥
इति भवति स पूज्यस्तत्प्रसादप्रबुद्धैर्नहि कृतमुपकारं साधवो विस्मरन्ति ॥
अतश्च सामर्थ्यलब्धत्वात् पुण्यसूत्राणामिति नोक्तं ॥ तथा क्षिप्रं मोक्षार्थिनां मुक्तात्मान एव परमार्थतो भक्त्या इत्युपदेष्टुं प्राक् सिद्धस्तुतिः कृता ॥ तथा चोक्तं—

सपयत्थं तित्थपरं अभिगम्मबुद्धिस्स सुसमोहस्स ॥
तूरतरं णिव्वाणं संजमतवसंपउत्तस्स ॥
तम्हा णिव्वुदिकामो णिस्संगो णिम्ममो य भविय पुणो ॥
सिद्धेसु कुणदि भत्तीं णिव्वाणं तेण पप्पोदि ॥
सर्वस्यैव हि शास्त्रस्य कर्मणो वापि कस्यचित् ॥
यावत्प्रयोजनं नोक्तं तावत्तत्केन गृह्यताम् ॥

इत्यस्य शास्त्रस्य ग्राह्यत्वप्रसिद्धये प्रयोजनमाकर्णयन्तु । येन क्रियायां प्रयुज्यते तत्प्रयोजनमिति शास्त्रश्रवणादिक्रियायां ज्ञानेन प्रयुज्यते इति तदेव शास्त्रस्य प्रयोजनं । शास्त्रश्रवणादेर्ज्ञानं मे जनिष्यत इति हि तत्र प्रवर्तते । तदस्य शास्त्रस्य मुख्यमाराधनास्वरूपं ज्ञानं प्रयोजनं, आनुषंगिकं तु तद्विकल्पादिज्ञानमपि । ज्ञानाद्याराधनायाः स्वरूपविकल्पतदुपायसाधकसहायफलानां षण्णामप्यनेन शास्त्रेणाभिधास्यमानत्वात् ॥ भवति चात्र श्लोकः—

शास्त्रं लक्षणविकल्पास्तदुपायः साधकस्तथा ॥
सहायाः फलमित्याह ज्ञानाद्याराधनाविधेः ॥

तत्परिज्ञानात्पुनः सम्यक्त्वाद्याराधनायां प्रवर्तमानः सकलसुखस्वभावं केवलज्ञानं, परमावबोधत्वं च प्राप्नोतीति परंपरया तदुभयमप्यस्य शास्त्रस्य प्रयोजनं । वस्तुतः सुखस्य दुःखनिवृत्तेर्वा पुरुषेणार्थ्यमानत्वात् तत्स्वरूपादिषट्कस्य शास्त्रस्य चाभिधानाभिधेयभावलक्षणः संबंधः । आराधनाया अनंतज्ञानादेश्च साध्यसाधनभावस्वभावः । तत्त्रयं च ' वोच्छं आराहणा ' मिति ध्रुवाणेन सूरिणा सूचितं लक्ष्यते । ततो ग्राह्यमिदं शास्त्रं प्रयोजनादित्रयसमन्वितत्वात् ॥

अथ हिंदी भाषानुवादः ।

सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तप इनके आराधनाका स्वरूप, इस आराधनाके विकल्प अर्थात् भेद, और उपाय, साधक, सहायक तथा आराधनाका फल इतनी बातोंका यह भगवती आराधनाशास्त्र विवेचन करेगा. अर्थात् इन्हि विषयोंका इस शास्त्रमें खुलासा किया है.

इस शास्त्रके प्रारंभमें स्वतःके तथा श्रोताओंके प्रारब्ध कार्यमें उत्पन्न होनेवाले विघ्नोंके परिहारमें समर्थ ऐसा मंगल और शुभ परिणाम करनेवाले श्री शिवकोटि आचार्यजीने उसके उपायभूत यह ऊपरकी गाथा रची है.

यहां पर कोई विद्वान् ऐसा कहते हैं—पंचेंद्रियोंके विषयोंसे जिसका प्रेम हट गया है, संपूर्ण परिग्रहोंका जिसने त्याग किया है, जिसकी आयु क्षीण हुई है, ऐसे साधकको आराधनाका विधान समझानेके लिए यह शास्त्र आचार्य महाराजने लिखा है. साधकके आराधनासाधनमें निर्विघ्नता हो यह हेतु मनमें धारणकर आचार्यने उपर्युक्त मंगलश्लोक रचा है. इस विचारसरणीका खंडन आचार्य इसप्रकार करते है–असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत वगैरह गुणस्थानोंके धारक पुरुष आराधक हैं ही अतः पंचेंद्रिय विषयोंसे जो पराङ्मुख है, जिसने सर्व परिग्रह तजे है, तथा जिसकी आयु क्षीण हुई है ऐसे साधकके लिए यह शास्त्र रचा है यह कहना अनुचित है. क्योंकि असंयत सम्यग्दृष्टि तथा संयतासंयत अवि संपूर्ण विषयोंसे विरक्त नहीं है, तथा वे सर्व परिग्रह त्यागी भी नहीं है. तो भी वे आराधक माने गये है. क्षीणायु व्यक्ति ही आराधक हो ऐसा कहना भी योग्य नहीं है. क्यों कि ' अणुलोमा वा सत्तू चारित्तविणासया हवे जस्स ' इस सूत्रसे अक्षीणायु व्यक्ति भी आराधक होता है यह सिद्ध होता है. अर्थात् कुटुंबादिक बांधव जिसके चारित्र धर्मका नाश करनेके लिये उद्यमी हुए हों अथवा कोई शत्रु चारित्रसे भ्रष्ट करनेके लिए उतारू होगया हो तो उस समय अक्षीणायु भी आराधक होता है. इसका आचार्य आगे खुलासा करेंगे ही ।

प्रश्न—अनेक शास्त्रोंमें पंच परमेष्ठिओंको नमस्कार किया है, तथा अर्हत्परमेष्ठिको प्रथम नमस्कार लिखा है परंतु इस आराधना शास्त्रमें अर्हत् और सिद्ध ऐसे दोही परमेष्ठिओंको नमस्कार किया है और वह भी विपरीत प्रकारसे किया है. अर्थात प्रथम सिद्ध परमेष्ठिको नमस्कार करनेके अनंतर अर्हत्परम देवको नमस्कार किया है. ऐसे विपरीत क्रमका क्यों आश्रय किया है ?

उत्तर—विपरीत क्रमका आश्रय करनेमें यह कारण है—इस शास्त्रमें सिद्ध और साधक ऐसे दो प्रकारके जीव कहे हैं. अर्हंत और सिद्ध परमेष्ठि आराधनाका फल पाचुके हैं अतः वे सिद्ध जीव हैं. आचार्य, उपाध्याय व साधु परमेष्ठि ये तीनों भी साधक माने गये हैं. इन साधकोंके ऊपर अनुग्रह करनेके लिए इस शास्त्रकी रचना की है. अतः सिद्धोंको मंगलरूपसे स्वीकार कर उनको आचार्यने प्रथम नमस्कार किया है, यह योग्यही हुआ. आचार्यादि तीन परमेष्ठिओंको वंदन नहीं किया है क्योंकि वे आराधनाके अधिकारी हैं. उन्होंने आराधना फलकी प्राप्ति नहीं की है. ऐसा किसी विद्वानोंका भाष्य व परिहार है. परंतु ये दोनों भी अयुक्त सरीखे मालूम पडते हैं. प्रथमतः यहां भाष्यकी अयुक्तता आचार्य दिखाते हैं—

शास्त्रादिकोंमें नमस्कार क्यों करते हैं ? यदि निर्विघ्न रीतीसे शास्त्रकी सिद्धि होने इस हेतुसे नमस्कार करते हैं ऐसा कहोगे तो हम आपसे ऐसा पूछते हैं कि वह कैसा विघ्नपरिहार करता है ? विघ्न श्रोताको अथवा वक्ताको होता है क्या ? विघ्न दोनोंको भी होता है तथा अन्तराय कर्म उसका कारण है. ' विघ्नकरणमन्तरायस्य ' ऐसा आचार्य उमास्वामीका वचन भी है. इस अन्तराय कर्मके दान, लाभ, भोग, उपभोग, व वीर्य इन पांच कार्यों में विघ्नकारण होनेसे पांच प्रकार है. जब वक्तामें दानांतराय कर्म उपस्थित होता है उससमय वह उसको विघ्न करता है. अर्थात् वक्ता उससमय शास्त्ररचना करनेमें असमर्थ होता है. दानान्तराय कर्म आहारदान, वसतिकादान और शास्त्रदान ऐसे तीन दानोंमें विघ्न करता है, अतः दानान्तराय कर्म ज्ञानलाभका घात करता है. श्रोताको लाभांतराय कर्म हो तो वह शास्त्रलाभ-शास्त्रश्रवणलाभ होने नहीं देता. नमस्कार करनेपर भी यदि अन्तराय कर्म उदयमें आया हो तो शास्त्र रचना तथा श्रवणलाभ क्यों नहीं होते ? इस प्रश्नका उत्तर यह है—शाल्यंकुर उत्पन्न होनेमें शालिबीज, जल, जमीन, सूर्यके किरण इतने कारण होते हैं. वह सर्व समग्री पूर्ण रहनेपर भी, यदि साल तमालादि वृक्ष मौजूद हो तो शाल्यंकुर उत्पन्न नहीं होता. प्रकृत प्रकरणमें भी ऐसा ही समझना चाहिए. अर्थात् वक्ता और श्रोताओंने नमस्कार किया हो तो भी अन्तराय कर्म होनेसे प्रस्तुत कार्य करनेमें वे समर्थ नहीं होते हैं.

यहांपर यदि आप ऐसा कहोगे—" यद्यपि अन्तराय अशुभ कर्मप्रकृति है, परंतु शुभ परिणाम उत्पन्न होनेसे उसका विघ्न करनेका उत्कट रस नष्ट हो जानेसे वह विघ्नरूपी स्वकार्य करनेमें असमर्थ हो जाता है " तो

शुभ परिणाम मात्र ही प्रस्तुत प्रसंगमें उपयोगी होते हैं ऐसा सिद्ध हुआ. अतः सिध्दादि परमेष्ठिओंके गुणोंमें अनुराग करना यह सर्व विघ्न दूर करनेके लिए आवश्यक है ऐसा सिद्ध हुआ. विद्वान् पुरुष शास्त्रारंभमें अर्हदादिकोंको क्रमपूर्वक नमस्कार करते हैं. " ऐसा आपने जो भाष्य लिखा है वह अयोग्य प्रतीत होता है.

वस्तु प्राप्त होनेमें अथवा प्राप्य वस्तुका जन्म होनेमें जो कारण लगते हैं वे उपाय हैं. जहां जिस कारणसे प्राप्य वस्तु प्राप्त हो वह वहां उपाय समझना चाहिए. अतः सर्व ही अर्हदादिविषयक गुणानुराग तथा तत्पुरःसर वचन और शरीरकी चेष्टायें क्रमयुक्त ही होती हैं ऐसा नियम नहीं है. एकेक उपाय भी इष्टफल प्राप्तिके लिये सहायक हो सकता है. ऐसे बहुतसे उपाय हैं जो एकेक भी इष्टफल प्राप्तिमें सहायक होते हैं. अतः ऐसे स्थानोंपर क्रमका आश्रय करनेकी आवश्यकता नहीं होती है.

जहां क्रमसे उपायोंका आश्रय करनेसे कार्योत्पत्ति होती है वहां उपायक्रमका अवश्य लेना चाहिए. जैसे घट बनानेकी इच्छा हो तो मट्टीका मर्दन करना, पिंड करना, चाकपर उसको आरूढ करना वगैरे उपाय क्रमसे ही करने पडेंगे. अन्यथा घटोत्पत्ति न होगी. वक्ताके मुखसे एक समयमें एक ही शब्द निकलेगा. अनेक वचनोंकी प्रवृत्ति होना असंभव है. इस वास्ते शब्द क्रमसे ही मुखसे निकलेंगे. अतः नमस्कार वचनमें वक्ताकी स्वेच्छाही मुख्य रहेगी. नमस्कार विषयमें स्वेच्छाप्रवृत्ति शास्त्रोंमें प्रायः देखी गई है. यहां आचार्य उसके थोडेसे उदाहरण देते हैं. यथा—' सिद्धं सिद्धहाणं ठाणमणोवमसुहुवगयाणं ' अर्थात् जो अनुपम सुखको प्राप्त हुए, कृतकृत्य, ऐसे अर्हत्परमेष्ठिओंका शासन अनादि है, तथा वह सिद्धीका कारण है. इस श्लोकांशमें जिनशासनके गुणोंका ही केवल स्मरण किया है. क्वचित् शास्त्रमें चोवीस तीर्थंकरोंमेंसे प्रथमतः वीर तीर्थंकर को ही नमस्कार किया है. यथा—एस सुरासुरमणुसिंद हते । यहां श्री कुंदकुंदाचार्यजीने क्रमस्मरणका उल्लंघन किया है. पंचास्तिकाय समयसारमें सामान्यतः संपूर्ण जिनेश्वरोंका स्मरण किया है । क्वचित् शास्त्रमें अर्हदादिकोंको नमस्कार न करके केवल जीवगुणका ही स्मरण किया है. जैसे—' धम्मो मंगलमुक्किट्ठमिति '। इस तरहसे देखा गया तो नमस्कारके विषयमें अनेक प्रकार होनेसे विपरीतपना की शंका लेना व्यर्थ है।

"साधकोंके उपर अनुग्रह करनेके लिये यह शास्त्र है अतः इसमें सिद्धपरमेष्ठिको ही मंगलरूपता है" ऐसा कहना भी अयुक्त है। हम यहां ऐसा पूछ सकते हैं कि—सिद्धिको चाहनेवाले साधकोंपर अनुग्रह करनेका अधि-

कार होनेसे यहां सिद्धोंको नमस्कार किया है अथवा श्रुतसाधकों पर अनुग्रह करनेका अधिकार होनेसे सिद्धोंको वंदन किया है ? दूसरा पक्ष मानेंगे तो भी आपका मत सिद्ध नहीं होता है। क्योंकि, सामायिकसे लेकर लोकबिंदुसार पर्यंत जितना द्वादशांग है उसकी रचना गणधरोंने की है. उसके प्रारंभमें गणधरोंने ' णमो अरहंताणं ' इत्यादि वाक्योच्चार करके पंचपरमेष्ठिओंको नमस्कार किया है। यह भी आपके मंतव्यके विरुद्ध है। यतः पंचणमोकार रूप मंगलमें प्रथम अरहंत परमेष्ठीको नमस्कार किया है. अनंतर सिद्ध परमेष्ठीको किया है। परन्तु " सिद्धे जयप्पसिद्धे " इस मंगल गाथामें प्रथमतः सिद्ध परमेष्ठीको अनंतर अरहंत परमेष्ठीको नमस्कार किया है।

यदि अर्हत्परमेष्ठी भी सिद्ध ही है ऐसा कहोगे, तो सिद्धपरमेष्ठिओंका ' सिद्धे जयप्पसिद्धे ' इस वाक्यसे स्मरण किया ही है फिर अर्हत्परमेष्ठीका सिद्धत्वरूपसे स्मरण करना व्यर्थ होता है।

यदि अर्हत्परमेष्ठी एकदेशसिध्द हैं इस वास्ते उनको पृथक् नमस्कार किया है ऐसा कहोगे, तो आचार्यादि भी एकदेशसिध्द हैं, उनका ग्रहण क्यों नहीं किया यह प्रश्न उपस्थित होगा. एकदेश सिध्द होने पर अर्हंत भी आराधक हैं ही तो भी, उनका मंगलरूप समझ करके ग्रहण किया है ऐसा कहोगे तो तुम्हारा यह विवेचन विरुध्द होगा. अतः इतने विवेचनका यहां यह अभिप्राय है कि, यह ग्रंथ रचनेवाले आचार्य श्री शिवकोटिकी यहां क्रम विवक्षा नहीं है. अतएव उन्होंने प्रथम सिध्द परमेष्ठीको, अनंतर अर्हत्परमेष्ठीको नमस्कार किया है. यहां संक्षिप्त गाथार्थ इस प्रकार है—

जिन्होंने चार आराधनाओंका फल प्राप्त किया है, जो जगतमें प्रसिध्द हुए हैं ऐसे सिध्द परमेष्ठीओंको, तथा सिध्दके समान जिनको चार आराधनाओंका फल मिला है ऐसे जगत्प्रसिध्द अर्हत्परमदेवको भी वंदन कर मैं (श्री शिवकोट्याचार्य) क्रमशः—पूर्वाचार्य प्रणीत शास्त्रोंके अनुसार इस आराधना ग्रंथको कहता हूं अर्थात् भगवती आराधना नामक ग्रंथकी रचना करता हूं.

' सिद्धे जयप्पसिद्धे ' इस गाथामें जो सिद्ध शब्द आया है उसके नाम, स्थापना, द्रव्य व भाव ऐसे चार अर्थ हैं. इन अर्थोंका विशेष विवेचन इस प्रकार है—

१ नाम सिद्ध—क्षायिक सम्यग्दर्शन, ज्ञान, दर्शन, वीर्य, सूक्ष्मता, संसारावस्थामें प्राप्त न होनेवाली अवगाहन शक्ति तथा सर्व बाधाओंसे रहितपना ऐसे गुणोंकी अपेक्षा न करके सिद्धशब्दकी प्रवृत्तिके निमित्त किसी

व्यक्तिमें सिद्ध शब्दकी प्रवृत्ति होना वह नाम सिद्ध है.

शंका—स्वरूपकी उत्पत्ति सिद्ध शब्दकी प्रवृत्तीका निमित्त होता है. सम्यक्त्वादिगुण सिद्ध शब्दकी प्रवृत्तीका निमित्त नहीं होते हैं. फिर यहांपर सम्यक्त्वादिगुणोंको सिध्द शब्दकी प्रवृत्तीका निमित्त क्यों बताया इस शंकाका उत्तर आचार्यने ऐसा दिया है—

२ ठीक है. सम्यक्त्वादि गुणोंके स्वरूपकी निष्पत्ति निमित्तसे हो जाती है, ऐसा हम मानते ही हैं. पूर्वभाव प्रज्ञप्ति नयकी अपेक्षासे अर्थात् सिध्दत्व प्राप्त होनेके कालमें अन्तिम शरीरमें प्रविष्ट जो आत्मा वह दूधमें मिले हुवे पानीके समान शरीराकार था. वही अन्तिम शरीरका नाश होनेपर भी अन्तिम शरीरसे किंचित् न्यून आत्मप्रदेशोंकी आकृतीसे युक्त है, ऐसा बुध्दीमें आरोपण कर ' वही यह है ' ऐसा समझकर स्थापन की गई जो मूर्ति उसको स्थापना सिध्द कहते हैं.

३ आगम द्रव्यसिध्द—सिध्दोंका स्वरूप प्रकट करनेवाले ज्ञानकी परिणतीके सामर्थ्यसे युक्त जो आत्मा उसको आगम द्रव्य सिध्द कहते हैं. अर्थात् जिस आत्माके ज्ञानमें सिध्दोंका स्वरूप जाननेका सामर्थ्य प्राप्त हुवा है परंतु वर्तमान अवस्थामें वह सिध्दोंको नहीं जानता है, ऐसे ज्ञानसे युक्त आत्माको आगमद्रव्यसिध्द कहते हैं.

४ नो आगम द्रव्य सिध्द- इनके ज्ञायक शरीर, भावि तथा तद्व्यतिरिक्त ऐसे तीन भेद हैं.

५ ज्ञायक शरीर सिध्द -सिध्दोंके स्वरूपका प्रतिपादक ऐसे सिध्द प्राभृत शास्त्रको जाननेवाले जीवका भूतकालीन, भविष्यत्कालीन व वर्तमान कालीन जो शरीर वह सिध्द स्वरूप जाननेमें जीवको मदत करता है अतः ऐसे त्रिकाल गोचर शरीरको ज्ञायक शरीर सिध्द कहते हैं.

६ जिस आत्माको भविष्यकालमें सिध्दत्वपर्याय प्राप्त होगा वह आत्मा भाविसिध्द है.

७ तद्व्यतिरिक्तसिध्द यह भेद होता नहीं. क्योंकि, कर्म और नोकर्म ये सिध्दत्वके कारण नहीं हैं. कर्म, नोकर्म जबतक जीवके साथ रहेंगे तबतक सिध्दत्व प्राप्त नहीं होता.

८ आगम भावसिध्द - सिध्दप्राभृतमें जो सिध्दोंका स्वरूप लिखा है उसको वर्तमान कालमें जाननेमें उपयुक्त हुए ज्ञानको आगमभावसिध्द कहते हैं.

९ नो आगमभावसिध्द—क्षायिक ज्ञान दर्शनसे युक्त, अव्याबाध स्वरूपको प्राप्त हुवा, लोक शिखरमें

विराजमान जो शुध्दात्मा वह नो आगमभावसिध्द है. यहां नो आगमभावसिध्दको ही सिध्द समझना चाहिए.

शंका–प्रकरण अथवा विशेषणके विना सामान्य शब्दकी अभीष्टार्थमें प्रवृत्ति है यह समझना कठिन बात है. अतः सामान्य सिध्द शब्दसे नो आगम भावसिध्दका ग्रहण यहां कैसा हो सकेगा ?

उत्तर–अतएव आचार्य महाराजने ' चतुर्निराराधनाफलं प्राप्तान् ' यह विशेषण देकर यहां नो आगमभाव सिध्दका ही ग्रहण करना योग्य है ऐसा प्रकट किया है. सम्यग्दर्शन, केवलज्ञान, केवलदर्शन, व संपूर्णकर्मरहितता यह चार आराधनाओंका फल है. अर्थात् सम्यग्दर्शनादिगुणोंसे परिपूर्ण होना-तद्रूप होना यह आराधनाका फल है. फल पाये–क्षायिक सम्यग्दर्शन, केवलज्ञान, दर्शन व सर्व कर्मोंसे मुक्तता ऐसे स्वरूपसे सिध्द परमात्मा युक्त होगये है, यह आराधनाका फल उनको मिल गया.

अरहंत भी जगप्पासिद्ध–जगत्प्रसिद्ध है. निर्दोष श्रुतज्ञानरूपी नेत्रको धारण करनेवाले आसन्न भव्य जीवरूप जगतमें अरहंत प्रसिद्धि पाचुके हैं अतः वे जगत्प्रसिद्ध है. अरहंते इस शब्दके आगे 'च' शब्दकी योजना नहीं की है तो भी यहां समुच्चयार्थ समझ लेना. च शब्दके बिना भी समुच्चयार्थका बोध होता है. उसका उदाहरण यह है–' पृथिव्यप्तेजो वायुराकाशं कालो दिगात्मा मन ' इति इस वाक्यमें च शब्दके विना सर्व द्रव्योंका वैशेषिक मतवालोंने संग्रह किया है.

मोहनीय कर्म नष्ट करनेसे, तथा ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्म दग्ध करनेसे जो इंद्रादिकोंके द्वारा विशिष्ट पूजाको प्राप्त हुए हैं ऐसे जिनेश्वरोंको अरहंत यह अन्वर्थ नाम प्राप्त हुआ है. जैसे सर्वनाम शब्द समस्त शब्दार्थोंकी संज्ञा हो जानेसे अन्वर्थ है.

अथवा ' जगप्पासिद्धे ' यह अर्हत्परमेष्ठीका विशेषण समझना चाहिए. क्योंकि गर्भ जन्मादि इतर पंचकल्याण स्थानोंमें त्रैलोक्यके द्वारा वे महात्मा सेवित होते है. ऐसे इतर सिध्दपरमेष्ठी सेवित नहीं हैं. कोई भी वस्तु किसी प्रकारसे प्रसिध्द होती ही है. अप्रसिध्द ऐसी कोई वस्तु नहीं है अतः जगप्पसिध्दे यह अर्हन्तका विशेषण व्यर्थ दीखेगा. परंतु व्यर्थ नहीं है. जैसे ' अभिरूपाय कन्या देया ' रूपवानको कन्या देनी चाहिये ऐसा इस वाक्यका अर्थ है. परंतु रूप रहित कोई पुरुष जगतमें रहता ही नहीं. सभी पुरुषोंमें रूपगुण रहताही है अतः यह वाक्य व्यर्थ होता है ऐसा नहीं. अभिरूप इसका अर्थ विशिष्टरूपवान् अर्थात् सुंदर पुरुष ऐसा करनेसे

व्यर्थता नष्ट होती है. उसी तरह 'जगत्प्रसिद्ध' इस अर्हन्तके विशेषणका प्रसिद्धतम ऐसा अर्थ समझना चाहिए इस विशेषणसे अर्हत्परमेष्ठीकी ही अधिकतर प्रसिद्धि सूचित की गई है.

जबतक श्रोताको प्रयोजनका ज्ञान होता नहीं तबतक वह शास्त्र श्रवण करनेमें अथवा उसका अध्ययन करनेमें प्रयत्न नहीं करेगा इस वास्ते परोपकार करनेके लिए उद्युक्त हुवा मैं यह शास्त्र रच रहा हूं. अतः मैं शास्त्र रचनेका प्रयोजन प्रगट करता हूं ऐसा आशय मनमें धारण करनेवाले आचार्य 'वोच्छं आराहणमिति' इस वाक्यसे प्रयोजन कहते हैं. आराधनाके स्वरूपका ज्ञान होना यह प्रयोजन है तथा यह प्रयोजन श्रोताको इस शास्त्रके सुननेसे प्राप्त होगा ऐसा अभिप्राय 'वोच्छं आराहणं' इस वाक्यसे झलकता है।

शंका—आराधनाका स्वरूपपरिज्ञान होना यह पुरुषार्थ नहीं है. पुरुषार्थको प्रयोजन कहते हैं। सुख अथवा दुःख निवृत्तिको पुरुषार्थ कहते हैं। आराधनाका स्वरूप ज्ञान होना यह सुखरूप अथवा दुःखकी निवृत्ति एतद्रूप नहीं है अतः स्वरूपावगमन प्रयोजन नहीं है. इसका खुलासा हम इस तरह करते हैं—

जो जिस प्रयोजनको चाहता है वह उसको प्राप्त करनेके लिए उसके उपाय जाननेका प्रयत्न करता है। अथवा प्राप्य वस्तु मिलानेका प्रयत्न करता है। जिसके द्वारा प्रयुक्त होकर कार्यमें मनुष्य प्रवृत्त होता है उसको प्रयोजन कहते हैं। आत्मा ज्ञानके द्वारा शास्त्रश्रवणादि क्रियामें प्रवृत्त होता है अतः उपयोगिवस्तुका ज्ञान होना यह प्रयोजन कह सकते हैं।

शंका—परन्तु आराधना तो कुछ उपयोगिनी नहीं है अतः उसका ज्ञान कर लेना आवश्यक नहीं है।

उत्तर—यह आराधना अनंत सुखरूप केवलज्ञान व परम अव्याबाधता इन गुणोंको उत्पन्न करती है अतः यह आराधना अवश्य उपयोगी है. अतएव सिद्ध और अर्हंत ये महापुरुष चार प्रकारके आराधनाओंका फल प्राप्त कर चुके हैं ऐसा आचार्य कहते हैं. अनंत ज्ञानादिफल देनेवाली आराधनाका स्वरूप भव्योंको ज्ञात हो जाय इस हेतूसे प्रेरित होकर आचार्य इस शास्त्रकी रचना करते हैं. यह शास्त्र आराधना स्वरूपका ज्ञान उत्पन्न करता है अतः यह साधन है तथा आराधनाज्ञान साध्य है. शास्त्र और प्रयोजन इन दोनोंमें साध्यसाधन संबंध है यह भी 'चतुर्विधाराधनाफलं प्राप्तान्' इस वाक्यसे स्पष्ट हो जाता है. यह शास्त्र चार आराधनाओंका वर्णन करता है अतः इसको अभिधायक—प्रतिपादक कहते हैं. सम्यग्दर्शनादि आराधना इस शास्त्रमें वर्ण्य—अभिधेय है अतः इन

दोनोंमें प्रतिपाद्य प्रतिपादक आभिधेयाभिधायक संबंध है. अतः इस शास्त्रमें प्रयोजन, संबंध व फलनिर्देश होनेसे व्याकरणादि शास्त्रवत् यह आराधना शास्त्र श्रोतृजनोंसे ग्राह्य होता है. ग्रंथकी प्रथम गाथासे मंगल व प्रयोजनादि तीन बातोंको भी आचार्य महोदयने सूचित किया है. यह शास्त्र पूर्वाचार्योंके वचनानुसार रचा गया है इस लिये यह प्रमाण है. प्रथम गाथामें 'कमसो' ऐसा शब्द आया है. उसका योग्य संबंध मिलानेके लिए 'पुव्वसुत्ताणं' यह वाक्य शेष अध्याहृत लेना चाहिए.

विजयोदया-का आराधना कस्य वा ? न ह्याराध्यापरिज्ञानेनात्मभूताराधना शक्या प्रतिपत्तुं इत्यारेकायामाह-

उज्जोवणमुज्जवणं णिव्वहणं साहणं च णिच्छरणं ।
दंसणणाणचरित्तं तवाणमाराहणा भणिदा ॥ २ ॥

२ उज्जोवण— उज्जोवणमुज्जवणमित्यादिकं । 'उज्जोवणं' उद्योतनं शङ्कादिनिरसनं सम्यक्त्वाराधना श्रुत-निरूपिते वस्तुनि किमित्थं भवेन्न भवेदिति समुपजातायाः शङ्कायाः संशयप्रतिसंज्ञितायाः अपाकृतिः । कथं ? हेतुबलेन आप्तवचनेन वा समुपजातायां इत्थमेवेदमिति निश्चित्या । यद्धि यस्य विरोधि यत्रोपजातं तत्र नेतरदास्पदं लभते, यथा शीतस्पर्शोनाक्रान्ते शिशिरकरे उष्णता। विरोधे च निश्चयज्ञानं संशीतिविरोधता च नियोगतस्तद्भावे तथेतरस्य तदा अभवनात् वक्ष्यामः कांक्षादीनां स्वरूपं तन्निरासक्रमं च प्रस्तावे। अनिश्चयो वैपरीत्यं वा ज्ञानस्य मलं, निश्चयेनानिश्चयव्युदासः। यथार्थ-तया वैपरीत्यस्य निरासो ज्ञानस्योद्योतनं । भावनाविरहो मलं चारित्रस्य, तासु भावनासु वृत्तिरुद्योतनं चारित्रस्य । तपसोऽ-संयमपरिणामः कलङ्कतया स्थितस्तस्यापाकृतिः संयमभावनया तपस उद्योतनं । उत्कृष्टं यतनं उद्यतनं । ननु मिश्रणं युग्मकृते-रर्थः, मिश्रणं च संयोगता। तथा हि-गुडमिश्रा धाना इति कथिते गुडेन संयुक्ता इति प्रतीयते । संयोगश्च विभिन्नयोरर्थयोः प्राप्तयोः प्राप्तिर्न च दर्शनाद्यो ऽर्थान्तरभूता आत्मनस्तद्रूपविकलरूपाभावात्। तत्कथं दर्शनादिभिरात्मनो मिश्रणमिति ? उच्यते-विशेषवाच्योऽपि सामान्योपलक्षणतया वर्तते, यथा काकेभ्यो रक्ष्यतां सर्पिरित्यत्रोपघातकसामान्यमेवार्थः काकशब्दस्य प्रतीतस्तद्वत्संबन्धसामान्यमत्र यवनशब्दाभिधेयं । असकृद्दर्शनादिपरिणतिरुद्यवनं । निराकुले वहनं धारणं निर्वहणं, परी-षहाद्युपनिपातेऽप्याकुलतामन्तरेण दर्शनादिपरिणतौ वृत्तिः । उपयोगान्तरेणान्तर्हितानां दर्शनादिपरिणामानां निष्पादनं साधनं । भवान्तरप्रापणं दर्शनादीनां निस्तरणम् । एवमाराधनाशब्दस्यानेकार्थवृत्तितायां यथावसरं तत्र तत्र व्याख्या कार्या । अत्राप्ये व्याख्यायते-निस्तरणशब्दः सामर्थ्यवाची स प्रत्येकं संबध्यते उद्योतनादिभिरुद्योतनादीनां तद्दर्शनादिभि-र्भवद्भिरपि यथासंख्येन संबन्धः । उद्योतनं मरणकाले प्रागवस्थाया उत्कर्षेण निर्मलीकरणं अविप्रेम दर्शनाराधनेत्यादिना

क्रमेण। त एवं पर्यनुयोज्याः। किमत्र ज्ञानादीनां निर्मलीकरणमिष्टमनिष्टं वा। इष्टं चेद्दर्शनेनैव किमिति संबध्यते निर्मलीकरणं? उत्कर्षेण यदनमपि सर्वत्राभिप्रेयते। अनाकुलं यदनमपि साधारणं। किमुच्यते अनंगुप्तिसमितीनां निश्चयेनानाकुलं यदनमिति? न च निस्तरणशब्दात्सामर्थ्यं प्रतीयते। उद्योतनं सामर्थ्यं, उद्यवनं सामर्थ्यमित्यादिषु न च कश्चिदर्थः, अविघ्नेनेति कथमयमर्थो लभ्यते उज्जोवणादिशब्दैरनुपात्तो, मरणकालश्च कः? मनुष्यभवपर्यन्तविनाशसमयो मरणकालसमयेन यद्युच्यते। न तत्र भावनोत्कर्षः, मारणान्तिकसमुद्घाते परिणाममान्द्यात्। अत्र भावनाकालो मरणकालशब्देनोच्यते सोऽनुपात्तः। प्रकृतश्च कथमिह लभ्यते। भावनाकालगतव्यापारकथनायेदं शास्त्रं प्रस्तुतमिति लभ्यत इति चेत्, न तथाऽसूत्रितत्वात्। 'दंसण. णाणचरित्ततवाणमुज्जोवणमाराहणा भणिया' 'दंसणणाणचरित्ततवाणुज्जवणमाराधणा' इति, इति प्रत्येकमभिसंबन्धोऽत्र कार्यः। अन्यथा समासेन निर्देशं कुर्यात्।

का आराधना कस्य वेत्यनुयोगे सत्याह—

मूलारा० दर्पणम्— उज्जोवणमित्यादि। दर्शनादीनां प्रत्येकमुद्योतनादिपंचकमाराधना चतुर्विधा भणिता जिनैरिति संबंधः ॥ तत्र उद्योतनं दर्शनादीनां निर्मलीकरणं ॥ तन्मला यथा—

शंकादयो मला दृष्टेर्व्रतस्यातीचारनिश्चयौ मतेः।
घृतस्य भावनात्यागस्तपसः स्यादसंयमः ॥

उज्जवणं उत्कृष्टं यवनं मिश्रणं असकृत्परिणतिः। णिव्वहणं परीषहाद्युपनिपातेऽपि निराकुलं लाभादिनिरपेक्षं वा वहनं धारणं। साहणं साधनं उपयोगान्तरेणान्तर्हितानां निष्पादनं। नित्यं नैमित्तिकं वा किंचित्कुर्वता व्यवहितस्य सम्यग्दर्शनाद्यन्यतमस्य पुनरुपायप्रयोगात्सम्पूर्णीकरणमित्यर्थः। णित्थरणं भवान्तरप्रापणं। निस्तारो मरणान्तप्रापणमित्यर्थः। दंसणेत्यादि। दर्शनं तत्त्वार्थश्रद्धानं, ज्ञानं स्वार्थनिर्णयः, चारित्रं पापादाननिमित्तक्रियोपरमः, तपः इंद्रियमनसोर्नियमानुष्ठानम् ॥

अथ हिंदी भाषानुवादः।

२ आराध्यका ज्ञान होनेसे आराधनाका स्वरूप ज्ञात होता है. अतः आराधना क्या चीज है तथा वह किसको होती है? इस प्रश्नका उत्तर आचार्य कहते हैं—

उद्योतन—शंकाकांक्षादि दोषोंको दूर करना यह उद्योतन है इसको सम्यक्त्वाराधना कहते हैं. द्वादशांगमें जीवादितत्त्वोंका जो स्वरूप कहा हुवा है वह यही है अथवा अन्य है ऐसी जो शंका मनमें उत्पन्न होती है—जिसको संशय भी कहते हैं उसको अपने हृदयसे दूर करना इसको उद्योतन कहते हैं. जैनसिद्धांतको अविरुद्ध युक्तियों द्वारा और आगमवचनसे जीवादिक वस्तुओंका यही स्वरूप है ऐसा ही है ऐसा निश्चय करके संशयादिक दोषोंको दूर करना चाहिए. जो जिसकी विरुद्ध कोटि वहां उत्पन्न होती है उससे उलटी वस्तु वहां नहीं रह सकती. जैसे शीतस्पर्शसे युक्त चंद्रमें उसकी विरोधी उष्णता अपने पैर नहीं जमा सकी. संशयके विरुद्ध निश्चय है. वह जहां उत्पन्न होता है वहां संशय कैसा रहेगा ? निश्चयसे विरोध करता हुआ वह संशय बिलकुल टिक नहीं सकता. शंकाकांक्षादिक दोषोंका स्वरूप और उनका निरसन आगे दर्शनाराधनाके प्रकरणमें आचार्य स्वयं लिखेंगे ही.

निश्चय न होना अथवा उलटा ज्ञान होना यह ज्ञानका मल है. जब निश्चय होता है तब अनिश्चय नहीं रहता है. यथार्थ वस्तुज्ञान होनेसे विपरीतता चली जाती है. यह ज्ञानका उद्योतन है. अर्थात् ज्ञानके अनिश्चय विपर्यासादि दोष दूर करना ज्ञानका उद्योतन है,

भावनाओंका त्याग होना चारित्रका मल है. अर्थात् भावनाओंमें तत्पर होना ही चारित्रका उद्योतन होता है. असंयम परिणाम होना यह तपका कलंक है. संयम भावनामें तत्पर रहकर उस कलंकको हटाकर तत्क्षण निर्मल बनाना यह तपका उद्योतन है.

उद्यवन—उत्कृष्ट यवनं उद्यवनं अर्थात् उत्कृष्ट मिश्रण होना उद्यवन है. आत्माकी सम्यग्दर्शनादिरूप परिणति होना उद्यवन शब्दका अर्थ है.

शंका—उत्पूर्वक यु धातुसे उद्यवन शब्द बना है. उसका मिश्रण ऐसा अर्थ है. मिश्रण और संयुक्तपना दोनों समानार्थक हैं. जैसे गुडसे मिश्रित धाना है. अर्थात् गुडसंयुक्त धाना है ऐसा अभिप्राय होता है. विभिन्न पदार्थ आपसमें मिल जाना उसको संयोग कहते हैं परन्तु सम्यग्दर्शनादिक गुण आत्मासे भिन्न नहीं है. आत्मा तद्रूप है. वह उससे विकल नहीं है अर्थात् सम्यग्दर्शनादिसे भिन्न उसका और रूप नहीं है. अर्थात् सम्यग्दर्शनादिकसे उसका संयोग होना यह उद्यवनका अर्थ यहां योग्य नहीं दीखता.

उत्तर—विशेष शब्दसे जो विशिष्ट अर्थ कहा गया है वह भी उपलक्षणसे सामान्य अर्थ रूप भी माना जाता

है. जैसे ' काकेभ्यो रक्ष्यतां सर्पिः ' अर्थात् कौवोंसे घृतका रक्षण करो. यहां कौवा शब्द विशिष्टार्थवाचक होने पर भी उसका उपघातक सामान्य ही अर्थ अनुभवमें आता है. अर्थात् घृतको बिगाडनेवाले सब प्राणियोंका काक शब्द वाचक हो जाता है. वैसा यहांपर उद्यवन शब्दका सामान्य संबंध ऐसा अर्थ समझना अर्थात् वारंवार सम्यग्दर्शन गुणोंसे आत्मा परिणत होजाना यह उद्यवन शब्दका अर्थ है.

निर्वहण—सम्यग्दर्शनादिगुणोंको निराकुलतासे धारण करना. अर्थात् परीषहादिक प्राप्त हो जानेपर भी व्याकुलचित्त न होकर दर्शनादि परिणतीमें तत्पर रहना, उससे च्युत न होना यह निर्वहण शब्दका अर्थ है.

साधन—अन्य कार्यके तरफ ज्ञानोपयोग लगनेसे तिरोहित हुए दर्शनादिपरिणामोंको उत्पन्न करना. अर्थात् नित्य कार्य तथा नैमित्तिक कार्य करनेमें चित्त लगनेसे तिरोहित हुए सम्यग्दर्शनादिकोंमेंसें किसी एकको पुनः उपायोंके प्रयोगसे संपूर्ण करना उसको साधन कहते हैं.

निस्तरण—अन्यभवमें सम्यग्दर्शनादिकोंको पोहोंचाना, अर्थात् आमरण निर्दोष पालन करना जिससे वे अपने साथ अन्य जन्ममें भी आसकेंगे.

आराधना शब्द अनेकार्थमें रूढ होनेसे प्रकरणानुसार अविरुद्ध व्याख्या करनी चाहिये.

अब यहां दूसरे विद्वान ऐसा कहते हैं—निस्तरण शब्दका सामर्थ्य ऐसा अर्थ है. तथा इस शब्दका उद्योतन, उद्यवन इत्यादि शब्दोंके साथ संबंध करना चाहिये. तथा उद्योतनादिकोंका दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप इनके साथ यथाक्रम संबंध करना चाहिये. अर्थात् दर्शनका उद्योतके साथ, ज्ञानका उद्यवनके साथ, चारित्रका निर्वहणके साथ तथा तपका साधनके साथ संबंध करे. दर्शनोद्योत—पूर्वावस्थापेक्षासे भी मरणकालमें निर्विघ्नतया सम्यग्दर्शन अधिक निर्मल करना यह दर्शनाराधना समझनी चाहिये. इत्यादिरूपसे अन्यविद्वान् व्याख्यान करते हैं. इस विवेचनपर आचार्य निम्न प्रकारसे विचार करते हैं.

यहां आपको ज्ञानादिकोंको निर्मल करना इष्ट है या अनिष्ट है ? यदि इष्ट है तो दर्शनके साथ ही उद्योतनका क्यों संबंध जोडते है ? अर्थात् ज्ञानादिकोंके साथ भी उद्योतका संबंध जोड देना चाहिये. उद्यवनका भी सबके साथ संबंध करना चाहिये. निर्वाह अर्थात् निराकुल धारण करना इसका भी दर्शनादिक चारोंके साथ संबंध जोडना

चाहिये. व्रत, गुप्ति, समितिओंको निश्चयसे निर्विघ्न धारण करना अर्थात् चारित्रके साथ ही निर्वाहका संबंध करना चाहिये ऐसा कहना अनुचित है. निस्तरण शब्दका सामर्थ्य ऐसा अर्थ है ऐसा आप कहते हैं परंतु उसको उद्योतन, उद्यवन, निर्वाह इत्यादिकोंके साथ जोडनेसे कुछ प्रयोजन सिद्ध होता नहीं. मरणकालमें निर्विघ्नतया सम्यग्दर्शन निर्मल करना उसको उद्योतन कहते हैं ऐसा आप कहते हैं परंतु उज्जोवण शब्दसे 'निर्विघ्नतया' ऐसा अर्थ नहीं है. आप मरण काल कौनसा समझते है ? मनुष्यभव पर्यायका नाश होनेका जो समय उसको यदि मरणकाल समझते हो तो अयुक्त है. कारण मरणकालमें भावनाका उत्कर्ष होता नहीं. मारणान्तिक समुद्घातमें परिणाम मंद होते हैं. यदि मरणकाल शब्दसे भावना कालका अर्थ समझना चाहिए ऐसा कहोगे तो उसका यहां ग्रहण किया नहीं है. तथा वह अप्रकृत होनेसे उसका यहां कुछ प्रयोजन नहीं है.

भावनाकालकी प्रवृत्ति कैसी होती है इसका विवेचन करनेके लिए इस शास्त्रकी रचना हुई है अतः भावनाकालका यहां ग्रहण हो जाता है ऐसा कहोगे तो योग्य नहीं है. ' दंसणणाणचरित्ततवाणुज्जवणमाराहणा भणिया ' इस वाक्यमें उज्जवण शब्दका प्रत्येकसे संबंध करना चाहिये ' उज्जोवणमुज्जवणं ' इस गाथामें उज्जवणादिक शब्द समास रहित लिखे हैं अतः दर्शनादिकोंके साथ उद्योतनादिकका प्रत्येकका संबंध होता है ऐसा समझना अर्थात् सम्यग्दर्शनका उद्योत, ज्ञानका उद्योत, चारित्रका उद्योत तथा तपका उद्योत. इसी तरह उद्यवनादि शब्दोंका भी सबके साथ संबंध समझना चाहिये. अन्यथा आचार्य उद्योतादिकोंका समासपूर्वक उल्लेख कर सकते थे.

किं चतुर्विधैयाराधनेत्याशङ्क्यामाह—

दुविहा पुण जिणवयणे भणिया आराहणा समासेण ॥
सम्मत्तम्मि य पढमा बिदिया य हवे चरित्तम्मि ॥ ३ ॥

विजयोदया— दुविहा समासेण दुविधा आराधणा भणिया इति पदसंबन्धः । आवरणमोहजयाज्जिनाः । ज्ञानदर्शनावरणजयात्सर्वज्ञाः सर्वदर्शिनः । मोहपराजयाद्वीतरागद्वेषाः । सर्वज्ञानां सर्वदर्शिनां वीतरागद्वेषाणां वचनं जिनवचनं । एतेन असत्यवचनकारणाभावात् प्रामाण्यमाख्यातमागमस्य । वक्तुरज्ञानाद्रागद्वेषाभ्यां वा प्रवृत्तं वचः

अयथार्थावबोधनाद्प्रामाण्यमारकन्दति । तत्र च 'समासेण' संक्षेपेण 'दुविधा' द्विप्रकारा 'भणिदा' कथिता 'आराहणा' आराधना । का प्रथमा आराधना का द्वितीयेत्यत आह-'सम्मत्तम्मि य पढमा' श्रद्धानविषया प्रथमाराधना । 'बिदिया य' द्वितीया च 'हवे' भवेत् 'चरित्तम्मि' चारित्रविषया आराधना । दर्शनचारित्राराधनयोः प्रथमद्वितीयव्यपदेशः उत्पत्त्यपेक्षया गुणस्थानापेक्षया चेति । केचिच्च दर्शनपरिणामोत्पत्युत्तरकाले हि चारित्रपरिणाम उत्पद्यत इति प्राथम्यं दर्शनाराधनायाः । असंयतसम्यग्दृष्टिगुणस्थानं पूर्वं प्रमत्तसंयतादिकं तु परमिति । श्रद्धानविरतिपरिणामयोर्युगपदप्यस्ति प्रादुर्भावः, श्रद्धानवतो वा असंयतस्य पश्चाद्विरतिरुपजायते । तत्किमुच्यते, उत्पत्त्यपेक्षयेति । असंयतसम्यग्दृष्टीनां कुतः क्रमो येन तदपेक्षया प्रथमद्वितीयव्यपदेशावृत्तिः स्यात् । उत्पत्त्यपेक्षया तत्रोक्त एव नियमः । अथागमे पौर्वापर्यापेक्षया 'असंजदसम्मादिट्ठिसंयदासंयदापमत्तसंयदा' इति वचनात् । तदेव वचनं किमर्थं क्रममाश्रित्य प्रवृत्तमुत नान्तरीयकतया ? न तावदस्ति परिणामानां नियोगभवीक्रमः । यदि स्यात्र यौगपद्यं कदाचित्स्यात् । दृश्यते च सम्यग्दृष्टिसंयतासंयता इति चैकदा । अथ सानेकं वचनमेकः प्रयोक्तुं क्षमत इति वक्तुरिच्छानुविधायी क्रमः सूत्रविवक्षाकृतं प्राथम्यं द्वितीयता चेति वाच्यं न गुणस्थानापेक्षयेति । किं चोपजातदर्शनादिपरिणामस्यात्मनस्तद्रक्षातिशयवृत्तिराराधना साऽत्र प्रस्तुता । तत्र च प्राथम्यं द्वितीयता वा, तत्किमुच्यते उत्पत्त्यपेक्षया गुणस्थानापेक्षया चेति । अस्य सूत्रस्योपोद्घातमेवमपरे वर्णयन्ति । अस्मिन् प्राभृते किमयमेव निरूपणानुविधायाराधनेति, उताहोस्विदपि विकल्पः संभवतीति ? अस्तीत्याहेति तदयुक्तम् 'दंसणणाणचरित्ततवाणमाराधणा भणिया' इत्यतीतकालाभिधानक्रियातः प्रतीयते नास्य शास्त्रस्य व्यापार इति । यद्यस्य व्यापारः शास्त्रस्य वक्तुमिष्टः स्यात् 'भण्णदि' इति ब्रूयात् । 'जिणवयणे भणिया दुविहा आराधणा' इति वचनात् । संक्षेपनिरूपणापि तत्रैवेति नेह संक्षेपवाच्यम् । वस्तु बहुपन्यस्तं दुरवगमं मन्दधीनामिति । तदनुग्रहाय स्वल्पस्योपन्यासः । स संक्षेपस्त्रिप्रकारः । वचनसंक्षेपोऽर्थसंक्षेपस्तदुभयसंक्षेपश्चेति । वचनबहुत्वस्यार्थनिश्चयो न जायते जडानामिति वचनं संक्षिप्यते । अर्थस्तु समग्र एव । अनुयोगद्वारादीनां बहूनामुपन्यासमकृत्वा दिङ्मात्रोपन्यासः प्रस्तुतस्यार्थसंक्षेपः । वचनानि तु बहूनि । तस्योभयसंक्षेपः पाश्चात्यः । द्विविधाराधनेति वचनसंक्षेपो नार्थसंक्षेपः । ज्ञानस्याराधना तपसश्च विद्यमानापि न वचनेनोच्यते । परमुखेनैषावबोधयितुं शक्यत इति ।

मूलारा० दर्पणम्—एवं आराधनाया भेदनिरूपणद्वारेण स्वरूपं दर्शनादिविषयभेदाच्चातुर्विध्यं चानुशिष्येदानीं संक्षेपतद्वैविध्यमनुशास्ति—

जिनवयणे जिनानां वीतरागसर्वज्ञानां वचने प्रमाणभूते आगमे । प्रथमं विस्तररुचिविनेयाशयवशाच्चातुर्विधाराधनाभिहिता । पश्चात्संक्षेपरुचिशिष्यापेक्षया सा द्विप्रकारा कथिता । ज्ञानेन दर्शनस्य, तपसा च चारित्रस्य अविना-

भावात्तत्र तयोरन्तर्भावनात् । तत एव चारित्रार्थस्य संक्षेपः । स हि संक्षिप्तायुर्मतिबलशिष्यानुग्रहाय । स्वल्पस्यो पन्यासो वचनार्थोभयभेदाद्विधा । श्लोकः

यत्रात्पोक्त्यानुयोगाद्यैरर्थः प्रपंच्यते ॥
संक्षेप उक्तः सोर्थस्य दिङ्मात्रोक्तिर्द्वयणुर्द्वयोः ॥

सम्मत्तम्मि तत्वश्रद्धानविषये इत्यर्थः । पढमा सम्यक्त्वाराधनायां सत्यामेव ज्ञानाराधनापूर्वकत्वेन चारित्राराधनायाः संभवात् ॥

क्या आराधनाके चार ही भेद हैं ? इस प्रश्नका उत्तर आचार्य देते हैं—

हिंदी—जिनागममें संक्षेपसे आराधनाके दो भेद कहे हैं । एक सम्यक्त्वमें आराधना अर्थात् सम्यक्त्वाराधना तथा दूसरी चारित्रमें आराधना अर्थात् चारित्राराधना.

विशेष—आवरण व मोहको जीतनेसे अर्हत्परमेष्ठिको जिन कहते हैं. ज्ञानावरण व दर्शनावरण कर्मको जीतनेसे वे सर्वज्ञ और सर्वदर्शी हुये हैं. मोहनीय कर्मको परास्त करनेसे वे रागद्वेष रहित हो चुके हैं. अर्थात् सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, रागद्वेष रहित ऐसे अर्हत्परमदेवके वचनको जिनवचन कहते हैं. जिनेश्वरके वचनमें असत्य वचनके कारण नहीं पाये जाते हैं अतः उनका वचन अर्थात् जिनागम प्रमाण है। वक्ता यदि अज्ञानी अथवा रागद्वेषयुक्त हो तो उससे निकला हुवा वचन असत्यवस्तूका वर्णन करनेवाला होनेसे प्रमाण नहीं है. प्रमाणरूप जिनागममें संक्षेपसे आराधनाके दो भेद कहे हैं. श्रद्धानको विषय करनेवाली पहिली आराधना है तथा दूसरी आराधना चारित्रको विषय करती है ।

दर्शनाराधना और चारित्राराधना को क्रमसे प्रथम तथा दूसरी आराधना ऐसे नाम उत्पत्ति की अपेक्षासे तथा गुणस्थानों की अपेक्षासे प्राप्त हुए हैं. आत्मा प्रथम सम्यग्दर्शन परिणामसे परिणत होता है तदनंतर उत्तरकालमें उसमें चारित्र परिणाम उत्पन्न होता है. अतः दर्शनाराधना प्रथम कही है. असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान प्रथम हो जाता है, नंतर प्रमत्तसंयतादिक गुणस्थान आत्माको प्राप्त होते हैं ऐसा कोई विद्वान् कहते हैं।

श्रद्धान तथा विरति परिणामोंकी युगपत्कालमें—एकसमयमें भी उत्पत्ति होती है अर्थात् सम्यग्दर्शन और चारित्र परिणाम एककालमें भी उत्पन्न होते हैं. अथवा श्रद्धानवान् जीवको पश्चात् भी विरतिपरिणाम हो जाते हैं ।

अतः उत्पत्तिकी अपेक्षासे प्रथमता द्वितीयता क्यों कही जाती है ? जो असंयत सम्यग्दृष्ट्यादिजीव है उनका अपेक्षासे क्रमघटना कैसी होगी ? जिससे उसमें प्रथम द्वितीयता आजावें. उत्पत्तिकी अपेक्षासे यदि कहोगे तो हमने उस विषयमें नियम कहा ही है।

अब आगममें जो प्रथम वचन कहे हैं और जो नंतर कहे हैं उनकी अपेक्षा लेकर हम प्रथम तथा द्वितीयकी कल्पना करते हैं क्योंकि आगममें 'असंजदसम्मादिट्ठीसंयदासंयदापमत्तसंयदा' ऐसा क्रमपूर्वक उल्लेख है. यह भी कहना योग्य नहीं है. हम इस विषयमें आपको ऐसा पूछते हैं कि, वह आगमका वचन क्रमका आश्रय लेकर क्यों प्रवृत्त हुवा है ? क्या क्रमके साथ आगम वचनका अविनाभाव है ? परिणाम क्रमसे ही होने चाहिये ऐसा नियम नहीं है. अन्यथा सम्यग्दर्शनरूप तथा विरतिरूप परिणाम एक समयमें किसी कालमें भी नहीं होंगे. परंतु एक कालमें सम्यग्दृष्टि और संयतासंयतरूप परिणाम अनुभवमें आजाते है. यदि एक वक्ता एक समयमें एकही शब्द बोल सकता है, अनेक शब्दोंका उच्चारण नहीं करता है अतः वक्ताके इच्छानुकूल वचनक्रम है तो परिणामोंमें वचनकृत ही क्रमता सिद्ध हो गई गुणस्थानापेक्षया वहां क्रम नहीं रहा। यदि सम्यग्दर्शनादि परिणाम जिसमें उत्पन्न हुए हैं ऐसे आत्माकी सम्यग्दर्शनादिकोंमें अतिशय एकरूपता होनाही आराधना है. और ऐसी आराधनाही प्रस्तुत प्रकरणमें समझनी चाहिये और उसमें प्रथमता या द्वितीयता है ऐसा यदि कहोगे तो, उत्पत्तिकी अपेक्षासे और गुणस्थानकी अपेक्षासे प्रथमता और द्वितीयताका प्रतिपादन क्यों किया ?

दूसरे आचार्य इस सूत्रका उपोद्घात इस प्रकार लिखते हैं— इस आराधनाशास्त्रमें आराधनाके चार प्रकारही हैं ऐसा निश्चय है ? अथवा अन्य भी विकल्प यहां माना गया है ? हां दूसरा भी विकल्प है ऐसा कहोगे तो यह आपका कहना अयोग्य है. 'दंसणणाणचरित्ततवाणमाराधणा भणिया' अर्थात् दर्शन, ज्ञान, चारित्र तथा तप इन्होंकी आराधना कही है यहां भूतकालकी क्रिया कही गई है अतः सिद्ध होता है कि यह इस शास्त्रका व्यापार नहीं है। यदि यह इस शास्त्रका व्यापार होता तो वह 'भणिया' इस शब्द प्रयोगके स्थानपर 'भण्णदित्ति' अर्थात् कहते हैं ऐसा प्रयोग करता. परंतु 'जिणवयणे भणिया दुविहा आराहणा' जिनागममें आराधना दो प्रकारकी कही है ऐसा वचन है अतः संक्षेपसे आराधना कहनेके लिए भी इस शास्त्रका व्यापार नहीं है. संक्षेपसे विवेचन करनेका भी व्यापार आगममेंही है.

वस्तुका विस्तृत विवेचन मंदबुद्धि जन नही समझते है उनके उपर अनुग्रह करनेके लिए वस्तुओंका स्वल्प विवेचन होता है. उसके तीन भेद है—वचनसंक्षेप, अर्थसंक्षेप व उभयसंक्षेप। यदि वचनोंका विस्तार हो जाय तो मंदबुद्धि जनोंको अर्थनिश्चय नहीं होता इसलिए वचनोंका जिसमें संक्षेप हो परंतु पदार्थका विस्तार किया गया है उसको वचन संक्षेप कहते हैं. अनुयोग, प्रमाण, नय, निक्षेप वगैरे वस्तुका विवेचन करनेके उपाय हैं. इन सबोंके द्वारा विवेचन न करके प्रस्तुत विषयकी केवल दिशा दिखाना उसको अर्थसंक्षेप कहते है. इसमें वचन तो बहुत रहते है. परंतु अनुयोगादिकोंमेंसे किसी एकका आश्रय लेकर दिङ्मात्र वर्णन रहता है. उभय संक्षेपमें अर्थ व उसका शब्दों द्वारा विवेचन दोनों भी संक्षिप्त होते है उसको उभय संक्षेप कहते हैं. चारो आराधनाओंका स्वरूप दो आराधनामें जहां किया जाता है वह वचन संक्षेप ही है. अर्थसंक्षेप नहीं है. यहां ज्ञानकी और तप की आराधना विद्यमान है तो भी वह वचनोंके द्वारा उक्त नहीं है. दर्शनाराधना तथा चारित्राराधना इनके मुखसे ही उनका स्वरूप प्रगट कराना शक्य है.

दंसणमाराहंतेण णाणमाराहिदं भवे णियमा ॥
णाणं आराहंतस्स दंसणं होइ भयणिज्जं ॥ ४ ॥

विजयोदया—दंसणमाराहंतेण दर्शनाराधनायां कथितायां ज्ञानाराधनापि शक्यते प्रतिपत्तुम्। अभ्यासभजनचोदनायां-शराधाधन्यतमभाजनमात्रप्रतिपत्तिवत्। ननु चान्तरेणाधारमाश्रयं न संभवतीति भवत्यनभिहितेऽपि भाजनमात्रे प्रतिपत्तिरिह कथम्? इहाप्यविनाभावादित्याचष्टे 'दंसणमाराधंतेण'। अत्रापरे संबन्धमारभ्यन्ति गाथायाः। यदि द्विविधा आराधना आराधयन्ति चेच्चतुर्विधाराधनाफलं प्राप्ताः सिद्धा इति प्रतिज्ञा हीयते द्वयोरसंग्रहात् इति चेत् नास्मिन्नपि विकल्पे तयोरपि संग्रहार्थम्। कथं 'दंसणमाराधंतेण' इति प्रतिज्ञा हीयते इति। अत्र प्रतिज्ञाशब्देन किमुच्यते? साध्यनिर्देशः प्रतिज्ञेति तावन्न गृहीतम्। चतुर्विधाराधनाफलप्राप्तत्वस्येह साध्यता नास्ति। सिद्धमेव हि चतुर्विधाराधनाफलप्राप्तत्वमनूद्यत इति। अथाभ्युपगतिः प्रतिज्ञा सा किं नोपपद्यते? यतस्ताः आराधनास्तासां च फलं ते प्राप्तवन्तस्ततःसत्यभ्युपगन्तव्ये कथमभ्युपगमानुपपत्तिः? चतुर्विधेत्युक्तवन्तः द्विविधेति कथं न विरुद्धमिति पूर्वापरव्याकृतिरिति चोद्यते। तथा यश्चोद्यमेव चोद्यते समासेन द्विविधेति वचनात्, प्रपञ्चनिरूपणायां चतुर्विधा तत्को विरोधः तेन विरोधपरिहाराय चागतेयं गाथा। 'दंसणं' श्रद्धानं रुचिः, 'आराधंतेण' आराधयता, 'णाणं' सम्यग्ज्ञानं, 'आराधिदं'

आराधितं ' हवे ' भवेत् ' नियमा ' निश्चयेन । यस्य हि यद्विषया श्रद्धा तस्य कथंचिदप्यज्ञाने न सा भवति । न हि निर्विषया रुचिः प्रवर्तते । बुद्धिपरिगृहीतवस्तुविषया श्रद्धेत्यविनाभावः श्रद्धाया ज्ञानेन । अत्र परा व्याख्या—आत्मनो विषयाकारपरिणामवृत्तिर्ज्ञानं सदावरणक्षयोपशमजनितम् । सूर्यावरणापगमे तोयजन्मवत् । तद्गतविशुद्धिः प्रसन्नता अभिरुचिः श्रद्धा श्रुतनिरूपितार्थविषया सत्यभावना दर्शनं । न च दर्शनमोहोपशमक्षयोपशमनिमित्तं तोयाश्रयपंकाभावे जलप्रसादवत् । तस्मिन्नाराध्यमाने ज्ञानसिद्धिरवश्यंभाविनी निराश्रयधर्मस्य केवलसिद्धयभावादिति । तत्रेदं परीक्ष्यते, विषयाकारपरिणतिरात्मनो यदि स्याद्रूपरसगन्धस्पर्शात्मकता स्यात्तथा च—

' अरसमरूवमगंधं अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं '

इत्यनेन विरोधः । विरुद्धश्च नीलपीतादिपरिणामो नैकत्र युज्यते । एकदा आकारद्वयसंवेदनप्रसंगश्च । बाह्यस्यैकनीलादिविज्ञानगतमपरं विज्ञानगतविशुद्धिः प्रसन्नता अभिरुचिः श्रद्धेति वा समीचीनं गवितम् चैतन्यस्य धर्मः श्रद्धानम् । ननु ज्ञानस्य ज्ञानधर्मत्वे क्षायोपशमिकज्ञानविनाशे कथमवस्थितिर्दर्शनस्य । न हि धर्मिणि विनष्टे धर्मस्यावस्थितिः । चैतन्यमविनाशि तदाश्रयं तदिति चेत् ज्ञानस्य धर्मता नश्यति । किं च यो यस्य धर्मः स तस्य स्वरूपम् । न चान्यस्य धर्मिणो रूपं धर्मान्तरस्य प्रभवति । न हि बलाकायाः शुक्लता श्यामकुसुमस्य दर्शनात् । एवं नीलो [illegible] श्रुतज्ञानेन स्यात् । श्रुतादेर्वा प्रसन्नता मतेरिष्यते । एवं ज्ञानभेदे तद्गोचराया अपि प्रसन्नतेर्भेद इति क्षायिकयां का वार्ता न तस्याः प्रत्यग्राया प्रादुर्भूतिः प्रलयो वा ।

न हि दर्शनमोहोदयं विना दर्शनस्याभावो युज्यते । यदि स्याद्दर्शनमोहनीयकल्पना अघटमाना भवेत् । अथ याथात्म्यविषया श्रद्धा आत्मनि प्रतिबंधकसद्भावान्नोदेति, तदपाये उद्गच्छति, यदि प्रतिबंधकारि किंचिन्न स्यात् । आत्मनि परिणामिनि सति किमिति । सदा न भवेत् ? अतत्परिणामत्वे नात्मनि कदाचिदपि भवेत् । तत् अनुभयसिद्धश्चासौ सहकारिकारणानामसन्निध्यादात्मा श्रद्धानरूपेण न परिणमते । न तु किंचित्प्रतिबंधकमस्येति चेत् किं तत्सहकारि यस्याभावादनुत्पत्तिः श्रद्धायाः । अन्वयव्यतिरेकसमधिगम्यो हि हेतुफलभावः सर्व एव तावंतरेण हेतुता प्रतिज्ञामात्रत एव कस्यचित्सा वस्तुचिंतायामनुपयोगिनीति प्रतिबंधकसद्भावानुमानमार्गमेऽभिमतं तावदसति न घटते । किंचित् श्रुतप्ररूपितार्थविषया सत्यभावनेति वा सर्वंद्यम् । अवध्यादिनिरूपितार्थविषया सत्यभावना किं न दर्शनं ? अवध्यादिकमपि वस्तुयाथात्म्यसंस्पर्शी । अथ श्रुतग्रहणं समीचीनज्ञानोपयोगोपलक्षणमिति मन्यसे भवतु । अलमतिप्रसंगेन—

" समत्तणाणदंसणवीरियसुहुमं तहेव अवगहणं ॥
अगुरुलहुमव्वाबाहमट्ठगुणा होंति सिद्धाणं ॥ "

इत्यनेन च व्याख्या विरुध्यते । गुणान्तरत्वेन उपन्यासानुपपत्तेः । क्षायिकक्षायोपशमिकयोर्भेदोऽस्ति वा न वा ? यदि नास्ति भावपंचकनिरूपणाकारिणा आगमेन विरोधः । अथ अस्ति भेदपरिणामः ? परिणामान्तरस्य स्वरूपं न भवति । परिणामकदंबस्य परिणामिस्वरूपता न्याय्या ॥ यौ भिन्नप्रतिबंधकापायजन्यौ, न तावन्योऽन्यस्य धर्मधर्मिणौ

यथा अवधिकेवले मिश्रप्रतिबंधकापायजन्ये, तथा न ज्ञानदर्शने ॥ ज्ञानाराधना चारित्राराधनेति द्वैविध्यं कस्मान्नोपन्यस्तं इत्यत्र चोद्ये प्रतिविधानायाह—

' णाणमाराधंतेण दंसणं होइ भयणिज्जं ' ज्ञानशब्दः सामान्यवाची संशये, विपर्यासे, समीचीने च वृत्तः। संशयज्ञानं, विपर्यासज्ञानं, सम्यग्ज्ञानमिति प्रयोगदर्शनात्। ते न ज्ञाने परिणत आत्मा नियोगतस्तत्त्वश्रद्धाने विपरिणमत एवेति न नियोगोऽस्ति। मिथ्याज्ञानपरिणतस्य तत्त्वश्रद्धाया अभावात्। ततो ज्ञानस्य दर्शनाविनाभावित्वस्याभावात् न ज्ञानाराधनोक्त्या दर्शनाराधनावगंतुं शक्येति न तथा संक्षेपाभिधानमागमे प्रक्रांतमिति भावार्थः। ' णाण ' ज्ञानं॥ ' आराधंतेण ' आराधयता। ' दंसणं ' दर्शनं। ' होदि ' भवति। ' भयणिज्जं ' भजनीयं विकल्प्यं। अत्र दंसणशब्देन दर्शनविषयमाराधनमुच्यते। ततोऽयमर्थःदर्शनाराधना भाज्येति भजनीयतया अविनाभावित्वाभावः सूचितः। सम्यग्ज्ञाने आराधिते भवत्याराधिता, मिथ्याज्ञानाराधनायां नेति भजनीयता॥ अथवा ज्ञानाराधना चारित्राराधनेति च शक्यते संक्षेप्तुं।

ननु यस्य येनाविनाभावस्तदुक्तौ तस्य प्रतिपत्तिर्युक्ता अन्यानयनोक्तौ शरावाद्यन्यतमपात्रमात्रप्रतिपत्तिवत्। इह पुनः सकथमित्याहः—

मूलारा. दंसणमित्यादि—दर्शनं हि श्रद्धानं तत्तु अज्ञाते वस्तुनि न स्यादित्यविनाभावः श्रद्धाया ज्ञानेन। ततः साधूक्तं सूत्रे तत्त्वश्रद्धानाराधनायां सम्यग्ज्ञानमाराधितमवश्यं स्यादिति। आराहंतेण आराधयता उद्योतनाद्यतिशयेषु वर्तयता। अथ ज्ञानाराधना चारित्राराधना चेति द्वैविध्यं कस्मान्नोपन्यस्तं सूत्रे इत्यत्राह—णाणमित्यादि। ज्ञानमत्र सामान्यं। दंसणं दर्शनविषयाराधना, भयणिज्जं विकल्प्यं। इदमत्र। तात्पर्यं—सम्यग्ज्ञाने आराधिते सति सम्यक्त्वमाराधितं भवति न मिथ्याज्ञाने इत्यविनाभावाभावात् ज्ञानाराधनायां दर्शनाराधना भाज्या। ननु तर्हि सम्यग्ज्ञानाराधनोक्तौ सम्यक्त्वाराधना बोधयितुं शक्यते इति सा कस्मान्नोच्यते इति चेत् ज्ञानस्य सम्यगिति व्यपदेशे सम्यक्त्वमुखप्रेक्षितया प्राधान्याभावात्॥

हिंदी—सम्यग्दर्शनकी आराधना करने वाले नियमसे ज्ञानाराधना करते हैं, परंतु ज्ञानाराधना करने वालेको दर्शनकी आराधना होती है अथवा नहीं.

विशेष—आचार्यने दर्शनाराधनाका वर्णन किया है इससे ही ज्ञानाराधनका भी ग्रहण हो जाता है। जैसे

किसी मनुष्यको अग्नि लानेके लिये आज्ञा की तो वह सरावमें विना कहे भी अग्नि लाता है. सरावमें अग्नि लावो ऐसा कहनेकी आवश्यकता नहीं रहती है. आधारके बिना अग्नि नहीं लासकते अतः पात्र लेकर अग्नि लावो ऐसा नहीं कहने पर भी पात्रका बोध हो ही जाता है। परंतु सम्यग्दर्शनकी आराधना करने वालेको ज्ञानकी भी आराधना कैसे होगी यह समझमें नहीं आता है. इस शंकाका उत्तर यह है कि, सम्यग्दर्शन और ज्ञान इन दोनोंमें अविनाभाव संबंध है अर्थात् सम्यग्दर्शनकी जो व्यक्ति आराधना करेगी वह जरूर ज्ञानाराधक होती ही है.

यहां कोई आचार्य इस गाथाका संबंध ऐसा जुडानेका प्रयत्न करते है. यदि दो प्रकारकी आराधना कहते हो तो ' चतुर्विधाराधनाफलं प्राप्ताः सिद्धाः ' ' चार प्रकारकी आराधनाओंका फल सिद्धोंको प्राप्त हुवा है ' यह प्रतिज्ञा नष्ट होती है. क्योंकि आपने दर्शनाराधना और चारित्राराधना ऐसी दोही आराधनायें कही हैं. और प्रथम गाथामें सिद्ध परमेष्ठीको चार आराधनाओंका फल प्राप्त हुआ ऐसी आपने प्रतिज्ञा की है. वह चरितार्थ नहीं होती यह दोष अर्थात् प्रतिज्ञाहानि नामका दोष यहां आता है. इसका उत्तर—आराधनाके दो भेद माननेसे भी दोष नहीं है. क्योंकि हमने दर्शनाराधना तथा चारित्राराधनामें क्रमसे ज्ञानाराधना और तप आराधनाका संग्रह किया है. अतः हमारी प्रतिज्ञा नष्ट नहीं होती है. प्रतिज्ञा शब्दसे आपका क्या अभिमत है ? यदि साध्यका वर्णन करना यह प्रतिज्ञा है ऐसा कहोगे तो यह योग्य नहीं है. चार प्रकारके आराधनाओंका फल सिद्ध परमेष्ठिओंको प्राप्त हुआ है यह बात यहां साध्यरूप नहीं है. क्योंकि, जो असिद्ध है वह वस्तु साध्य मानी जाती है. सिद्धोंको चार आराधनाओंका फल प्राप्त हुवा है यही बात फिरसे आचार्यने यहां कही है. यदि चार आराधनाओंका फल सिद्धोंको प्राप्त हो गया है ऐसा मानना यह प्रतिज्ञा है ऐसा कहोगे तो यह क्या युक्ति संगत नहीं है ? चार आराधनाओंका फल उनको प्राप्त हुवा है यह मान्य करने योग्य है इसको नाकबूल करना कैसा योग्य होगा ?

पूर्व गाथामें आराधनाके चार भेद कहे हैं अब यहां उसके दो भेद आप कहते हैं यह पूर्वापर विरुद्ध नामका दोष हुवा. इसका उत्तर यह है कि, संक्षेपसे आराधनाके दो भेद हैं व विस्तृत वर्णनकी अपेक्षासे चार भेद होते हैं अतः इसमें कोनसा विरोध है ? अतः यह गाथा विरोधपरिहार करनेके लिए आचार्यने रची है ऐसा समझो.

सम्यग्दर्शनकी आराधना करनेसे सम्यग्ज्ञानका आराधन अवश्य होता है. जिस पुरुषको जिस विषयकी

श्रद्धा होती है उसको यदि उस विषयमें किसी प्रकारसे अज्ञान होगा तो श्रद्धा नहीं होगी. श्रद्धा रुचि अविषयमें नहीं होती. अर्थात् पदार्थका स्वरूप समझ लेनेपर उसमें मनुष्यको श्रद्धा उत्पन्न होती है. बुद्धीके द्वारा जिस वस्तुको जान लिया वह वस्तु श्रद्धाका विषय होती है. अतः श्रद्धाका ज्ञानसे अविनाभाव है ऐसा समझना चाहिए.

इस गाथापर दुसरी व्याख्या है वह इस प्रकार है—आत्माका पदार्थाकार परिणमन होना यह ज्ञान है. जैसे भूमीका आवरण हट जानेसे पानी उत्पन्न होता है. वैसा ज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम हो जानेसे ज्ञान उपजता है. ज्ञानमें जो विशुद्धि, प्रसन्नपना, अभिरुचि रहती है उसको श्रध्दा–सम्यग्दर्शन कहते है. यह आगममें कहे हुए पदार्थोंको विषय करता है. अर्थात् आगम कथित पदार्थ सत्य है ऐसी भावनाको सम्यग्दर्शन कहते हैं. जैसे तलाव मे कीचड नष्ट होनेसे पानीमें स्वच्छता दीखती है. वैसे दर्शन मोहनीय कर्मका उपशम, क्षय, वा क्षयोपशम होनेसे जो ज्ञानमें निर्मलता उत्पन्न होती है उसको सम्यग्दर्शन कहते हैं. ऐसे सम्यग्दर्शनकी आराधना करनेसे अवश्य ज्ञानकी प्राप्ति हो जायगी. जिसका आधार नहीं होगा उसकी सिद्धि नहीं होती है. दर्शन ज्ञानका धर्म है. ज्ञान उसका आश्रय है.

उपर्युक्त विवेचनका आचार्य खंडन करते हैं—

यदि ज्ञान विषयके आकारसे परिणमेगा तो वह स्पर्श, रस गंध वर्णात्मक होगा. ऐसी अवस्था हो जानेपर " ज्ञान रस, रूप, गंध रहित है. वह दृष्टि गोचर नहीं होता अर्थात् अमूर्तिक है. शब्द रहित तथा आत्माका गुण है " ऐसा आगममें ज्ञानका वर्णन किया है, वह विरुद्ध होगा. तथा एक पदार्थमें विरुद्ध ऐसे नील व पीत परिणाम नहीं रह सकते हैं. एक समयमें दो आकारोंका अनुभव आवेगा. एक बाह्य पदार्थका आकार व दूसरा ज्ञानाकार ऐसे दो आकारोंका संवेदन होगा.

ज्ञानमें जो निर्मलता, प्रसन्नता अभिरुचि है उसको श्रद्धा कहना यह भी अयुक्त है. क्योंकि, श्रद्धा चैतन्यका धर्म है, वह ज्ञानका धर्म नहीं है. यदि ज्ञानका धर्म कहोगे तो क्षायोपशमिक ज्ञानका नाश हो जाने पर श्रद्धाका–सम्यग्दर्शनका भी नाश मानना पडेगा. धर्मोंका नाश हो जानेसे धर्मका नाश होना अनिवार्य है. चैतन्य विनाश रहित है और सम्यग्दर्शन उसके आश्रयसे रहता है ऐसा यदि मानोगे तो वह ज्ञानका धर्म है ऐसा आपका कहना व्यर्थ है.

जो जिसका धर्म होता है वह उसी वस्तुका स्वरूप है ऐसा समझना चाहिये. एक वस्तुका धर्म उस वस्तुसे भिन्न ऐसे अन्य वस्तुका धर्म नहीं हो सकता. बगुलाका सफेदपना कुंद पुष्पका नहीं होता है. इसी तरहसे मतिज्ञानकी प्रसन्नता उसकीही होती है वह श्रुतादि ज्ञानकी नहीं होती है. श्रुतादि ज्ञानकी प्रसन्नता मतिज्ञानकी नहीं होती है. अतः ज्ञानमें भिन्नता होनेसे उनमें रहनेवाली प्रसन्नतायें भी भिन्न भिन्नही माननी पडेगी. सम्यग्दर्शन क्षायोपशमका धर्म मानोगे तो क्षायिक सम्यग्दर्शनकी सिद्धि नहीं होगी वह नया न उत्पन्न होगा न विनाश पावेगा.

दर्शनमोहनीय कर्मके उदय विना सम्यग्दर्शनका अभाव नहीं होता है, यदि होगा तो दर्शनमोहनीय कर्मकी कल्पना व्यर्थ हो जाती है.

पदार्थके यथार्थ विषयपर जो श्रद्धा होती है उसको सम्यग्दर्शन कहते है. वह प्रतिबंधक कारण उपस्थित होने पर उत्पन्न नहीं होता है. यदि उसका विनाश हो तो वह उत्पन्न होता है. यदि प्रतिबंधक कारण कोइ न होगा और आत्मा सदा परिणमनयुक्त है ऐसा कहोगे तो सम्यग्दर्शन हमेशा क्यों न उत्पन्न होता है ? यदि आत्मा परिणमनशील नाहीं है तो कभी भी आत्मामें सम्यग्दर्शन न होगा. अतः सहकारिकारणोंका सान्निध्य न होनेसे आत्मा सम्यग्दर्शनरूप परिणत नहीं होता है. उसको जगतमें कोई भी प्रतिबंधक कारण नहीं हैं ऐसा यदि कहोगे तो यह युक्ति संगत नहीं है. ऐसा कोनसा सहकारिकारण है कि जिसके न होनेसे श्रद्धाकी उत्पत्ति नहीं होती है ? अर्थात् जिस सहकारिकारणके सद्भावसे श्रद्धा उत्पन्न होती है तथा जिसके न होनेसे उत्पन्न नहीं होती ऐसा कोनसा सहकारिकारण है ? जगतमें पदार्थका संपूर्ण कार्यकारणभाव अन्वय व्यतिरेकसे जाना जाता है. अन्वयव्यतिरेकके विना कोई पदार्थ किसीका कारण मानना केवल प्रतिज्ञामात्र ही है. ऐसी प्रतिज्ञा वस्तुके विचार समयमें कुछ भी उपयोगी नहीं है.

आगममें प्रतिबंधक कारणसे कार्यकी उत्पत्ति नहीं होती है ऐसा खुलासा है. जैसे सहकारिकारण नहीं होनेसे कार्यसिद्धि नहीं होती वैसे प्रतिबंधकका सद्भाव होनेसे भी कार्य होता नहीं. सहकारिकारण होते हुए प्रतिबंधककारणोंका अभाव होगा तो कार्य उत्पन्न होता है अन्यथा नहीं होगा. अतः प्रतिबंधकके सद्भावमें कार्य नहीं होता है यह मानना पडेगा.

श्रुतज्ञानसे जाने गये पदार्थोंपर ये पदार्थ सत्य हैं ऐसी श्रद्धा होना उसको ही सम्यग्दर्शन कहते है ऐसा

समझना भी अयोग्य है. क्योंकि अवध्यादिज्ञानसे जाने गए पदार्थोंपर सत्यभावना होती है उसको भी सम्यग्दर्शन मानना चाहिये. अवधिज्ञान, मनः पर्यय ज्ञान और केवलज्ञान भी वस्तुके यथार्थ स्वरूपको ही जानते हैं अतः वहां जो सत्यभावना होती है वह भी सम्यग्दर्शन है ऐसा मानना चाहिये. यदि ' श्रुत शब्दसे ' सर्व प्रकारके सम्यग्ज्ञानका ग्रहण होता है क्योंकि यहां श्रुत शब्द उपलक्षण वाची है. ऐसा कहोगे तो योग्य ही है. अतः अब इस विषयमें अधिक लिखनेकी आवश्यकता नहीं है.

सम्मत्तणाण दंसण इस गाथामें सिद्धोंके आठ गुणोंके नाम बताये है. उसमें सम्यक्त्व गुण प्रथम लिखा है परंतु आप तो सम्यग्ज्ञानका धर्म बता रहे हैं. अतः सम्यग्दर्शन आपके मतसे गुण नहीं है यह सिद्ध होता नहीं. अतः आपका कहना इस गाथाके विरुध्द है.

क्षायिक सम्यग्दर्शन तथा क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन इसमें आप भिन्नता मानते हैं या नहीं ? यदि भेद नहीं है तो पांच भावोंका वर्णन करने वाले आगमसे आपका कहना विरुद्ध होता है. यदि भेद मानोगे तो एक परिणाम दुसरे परिणामका स्वरूप नहीं होता यह कबूल करना पडेगा. अर्थात् क्षायिक परिणाम और क्षायोपशमिक परिणाम परस्पर एक दुसरेके स्वरूप हो नहीं सकते. जितने परिणाम है वे परिणामीका स्वरूप होते है यह मानना न्यायसंगत है. अर्थात् जीव परिणामी है तथा उसके ज्ञानादिक गुण परिणाम है. परंतु ज्ञानको परिणामी मानकर सम्यग्दर्शनको उसका परिणाम स्वरूप मानना अन्याय्य है.

जो परिणाम भिन्न भिन्न प्रतिबंधक कारण नष्ट होनेसे उत्पन्न होते हैं वे अन्योन्य धर्मि धर्मताको नहीं प्राप्त होते है. जैसे अवधि ज्ञान व केवल ज्ञान ये दोन ज्ञान अपने अपने प्रतिबंधक कारणोंका अभाव होनेसे उत्पन्न होते हैं अतः उनका अन्योन्य धर्म धर्मिभाव नहीं है वैसे ज्ञान और सम्यग्दर्शनमें धर्म धर्मिभाव नहीं है.

ज्ञानाराधना और चारित्राराधना ऐसी दो आराधना क्यों नहीं मानी है. ऐसे प्रश्नपर आचार्यका यह उत्तर है–

" ज्ञानकी आराधना करने वालेको सम्यग्दर्शन आराधना होती है नहीं भी होती है. "

यहांपर ज्ञानशब्द सामान्यवाचक भी है और संशय, विपर्यय तथा सम्यग्ज्ञानवाचक भी है. अर्थात् संशय ज्ञान, विपर्यय ज्ञान, सम्यग्ज्ञान ऐसे ज्ञानके भेद देखे जाते है. अतः ज्ञानमें परिणत हुआ आत्मा निश्चयसे तत्व श्रद्धानमें परिणत होगा ऐसा नियम नहीं है. क्योंकि वह मिथ्याज्ञानपरिणत हो तो उसमें तत्वश्रध्दाका अभाव

रहेगा. इसवास्ते ज्ञान दर्शनका अविनाभावी है ऐसा सिद्ध नहीं होता. ज्ञानाराधनसे दर्शनाराधनाका स्वरूप नहीं जाना जाता है. इसलिए ज्ञानाराधनामें सम्यग्दर्शनाराधना अन्तर्भूत नहीं होती है ऐसा आगममें कहा है.

सम्यग्ज्ञानकी आराधनाके साथ सम्यक्त्वाराधनाका अविनाभाव है. परंतु मिथ्याज्ञानकी आराधनाके साथ सम्यक्त्वाराधना नहीं रहती है. अतः वह भजनीय है ऐसा आचार्यने युक्तियुक्त कहा है. सम्यग्ज्ञानके साथ अवश्य सम्यग्दर्शन रहता है अतः सम्यग्ज्ञानमें सम्यग्दर्शनाराधना क्यों अन्तर्भूत नहीं की गई है इसका उत्तर ऐसा है— ज्ञानको समीचीनपना प्राप्त होनेमें सम्यग्दर्शन ही कारण है अतः उसकी मुख्यता होनेसे सम्यग्दर्शनाराधना तथा चारित्राराधना ऐसे आराधनाके संक्षेपसे दो भेद किये हैं.

ननु च ज्ञानमंतरेणापि दर्शनं वर्तते, यतो मिथ्यादृष्टिरपि ज्ञानस्याराधको भवति। अतो ऽविनाभावाभाव इत्यत आह—

सुद्धणया पुण णाणं मिच्छादिट्ठिस्स वेंति अण्णाणं ।
तम्हा मिच्छादिट्ठी णाणस्साराहवो णेव ॥ ५ ॥

विजयोदया-शुद्धनयाः पुनः। अनेकधर्मात्मकस्य वस्तुनोऽन्यतमधर्मपरिच्छेदस्तदविनाभाविधर्मबलप्रसूतो नयः। तथा चोक्तम्। "उपपत्तिबलादर्थपरिच्छेदो नय" इति ॥ शुद्धो नयो येषां ते शुद्धनयाः। निरपेक्षनयनिरासाय शुद्धविशेषणम्। नित्यमेव सर्वथा क्षणिकमेवेति ये परिच्छेदास्ते विपर्यासरूपास्तथाविधस्य प्रतिपक्षधर्मानपेक्षस्य वस्तुनि रूपस्याभावात्। सापेक्षं रूपं निराकांक्षतारूपेण दर्शयतः प्रत्ययस्य अतस्मिंस्तदिति ज्ञानं भ्रान्तमिति भ्रान्तता। तद्रहितता शुद्धता। तथा हि-कृतकत्वेन अनित्यतामेव वस्तुनः प्रत्येति ज्ञानं न तत्सर्वथा वस्त्वनित्यं, नित्यानित्यात्मकत्वात्सकलस्य। यदि हि नित्यमेव स्यात् क्रियमाणतानुरूपहेतुकदंपकेनायुक्तताऽस्य स्यादतो नित्यं भवत्येव च न भवतीति कदयप्रतिपत्तयः ॥ शुद्धा नया येषां प्रतिपत्तॄणां ते शुद्धनयाः। पुण पुनः। णाणं ज्ञानमित्यभिमतं परस्य। मिच्छादिट्ठिस्स मिथ्यादृष्टेः। वेंति ब्रुवते। अण्णाणं अज्ञानं इति। न ज्ञानशब्दः सामान्यवाची किंतु यथार्थप्रतिपत्तिरेव ज्ञानशब्दाभिधेयेति। ज्ञायते मन्यते अर्थः परिच्छिद्यते येन तज्ज्ञानं। वस्त्वन्यभूतं च रूपमादर्शयता नार्थः परिच्छिद्यते तस्मान्न मिथ्याज्ञानं ज्ञानशब्दस्यार्थः, तदज्ञानमित्येव ग्राह्यम् ॥ ननु च—

" सदि इंदिये च काये जोगे वेदे कसाय णाणे य ॥
संजमदंसणलेस्सा भविया सम्मत्तसण्णि आहारे ॥ "

इत्यत्र ज्ञानशब्दः सामान्यवाची,सत्यं, ज्ञातिर्ज्ञानमिति व्युत्पत्तौ सा निरूपणा सामान्यशब्द इति॥ तस्मा तस्मात्। मिच्छादिट्ठी तत्त्वश्रद्धानरहितः। णाणस्साराधको ण होदिसि पदघटना। ज्ञानं नाराधयतीत्यर्थः॥

अन्यापरा व्याख्या—यदुक्तं अज्ञाने दर्शनाभाव इति किं, तद्ज्ञानं कस्य भवतीति ? तत इदं सूत्रं इति। तदतिऐलवं। किं तद्ज्ञानमित्यस्य प्रश्नस्य प्रतिवचनं न सूत्रेऽस्ति। मिथ्याज्ञानलक्षणप्रतिपादनपरमिथ्यादृष्टिसंबंधिज्ञानत्वमेव अज्ञानलक्षणमित्युभयोरपि प्रतिवचनमिति विफल्यते। एवमपि ' तम्हा न मिच्छदिट्ठि ' इति सूत्रे मिथ्यादृष्टेर्ज्ञानस्याराधकत्वाभावमेव सूत्रकार उपसंहरति। तत्परित्यज्यासूत्रितमुपादेयमिति केयं स्वतंत्रता।

ननु च ज्ञानमंतरेणापि दर्शनं वर्तते यतो मिथ्यादृष्टिरपि ज्ञानस्याराधको भवति। गतानुगतिकत्वेन लोकानां श्रद्धामात्रेणैव प्रवृत्तिप्रतीतेरतो ज्ञानेन दर्शनस्याविनाभावाभावः इत्यत्राह—

मूलारा०—सुद्धणया। अनंतधर्मात्मकस्य वस्तुनोऽन्यतमधर्मपरिच्छेदस्तदविनाभाविधर्मपरिच्छेदबलप्रसूतो नयः। शुद्धाः प्रतिपक्षसापेक्षतया निर्दोषा नया येषां प्रमातृणां ते शुद्धनयास्तीर्थकरदेवादयः। पुण यस्मात्। णाणं परस्याराध्यतया इष्टं ज्ञानं। वेंति ब्रुवते। आण्णाणं ज्ञायते परिच्छिद्यते वस्तुतत्त्वं येन तज्ज्ञानं। न ज्ञानमज्ञानं अयथार्थपरिच्छेदकं मिथ्येत्यर्थः।

ज्ञानके विना भी सम्यग्दर्शन होता है क्यों कि मिथ्यादृष्टि भी ज्ञानके आराधक देखे गये है. अतः ज्ञान के साथ दर्शनका अविनाभाव नहीं है. इस आक्षेपका उत्तर आचार्य कहते है—

हिंदी अर्थः—वस्तु अनंत धर्मात्मक है अर्थात् वस्तुमें एकत्व, अनेकत्व, नित्यपना, अनित्यपना, अस्तित्व नास्तित्व, प्रमेयत्व वगैरह अनंत धर्म है. अतः वस्तुको अनंत धर्मात्मक कहते हैं. ऐसे वस्तुमेंसे किसी एक धर्मको जो मुख्यतासे जानता है तथा उससे भिन्न अविनाभावी धर्मको जो गौण समझता है ऐसा जो ज्ञान उसको नय कहते हैं. ' उपपत्तिबलादर्थपरिच्छेदो नय इति ' अर्थात् युक्तीके आश्रयसे पदार्थको जान लेना उसको नय कहते हैं ऐसा पूर्वाचार्योंने कहा है. वस्तुके एक धर्मकोही वस्तु समझनेवाला तथा वस्तुके अन्य धर्मकी जो अपेक्षा रखता नहीं ऐसे ज्ञानको मिथ्यानय कहते हैं. जैसे वस्तु सर्वथा क्षणिकही है. सर्वथा नित्यही है, एकही है इत्यादि रूपसे वस्तुका प्रतिपादन करनेवाला ज्ञान मिथ्यानयरूप है. इस मिथ्या नयका निरसन करनेके लिए आचार्यने गाथामें ' सुद्ध णया ' ऐसा शब्द रख दिया है. मिथ्यानय प्रतिपक्षरूप धर्मकी अपेक्षा नहीं करते है. अर्थात् वस्तुका सर्वथा

एकांत रूपसे विवेचन करते हैं. परंतु प्रतिपक्ष धर्मकी अपेक्षा न करनेवाला ऐसा वस्तुका स्वरूपही नहीं बन सकता. अर्थात् परस्पर प्रतिपक्षी धर्मोंसे वस्तु सदाही युक्त रहती है. जैसे वस्तुमें एकत्व धर्म रहता है उसी तरह अनेकत्व भी धर्म रहता है. जैसे अस्तित्व धर्म वस्तुमें विद्यमान है वैसे नास्तित्व धर्मभी विद्यमान है. अतएव वस्तु इन दोनो विरुद्ध धर्मोंको अपनेमें स्थान देती हुई अपनी अनंत धर्मात्मकता जाहीर करती है. इस तरह वस्तुमें सापेक्षता है. परंतु जो ज्ञान सापेक्ष वस्तुको निरपेक्षरूप बताता है वह ज्ञान भ्रांत है. जैसे देवदत्तको जो कि जिनदत्तरूप नहीं है जिनदत्त समझना. ऐसी भ्रांतता मिथ्यानयमें रहती है. सच्चे सापेक्षनयमें नहीं रहती है. अतः उसको शुद्ध नय कहते हैं। मिथ्यानय वस्तुमें कृतकता धर्म दीखने पर उसको सर्वथा अनित्य ही मानने लगता है परंतु वस्तु सर्वथा अनित्य नहीं है किंतु नित्यानित्यात्मक है. यदि सर्वथा वस्तु नित्यही होती तो उससें जो कार्य करना हो उसको अनुकूल कारण प्राप्त करनेका प्रयत्न व्यर्थ होगा. क्योंकि,कारणोंकी प्राप्ति होनेपर भी वस्तु पूर्वरूप छोडकर कार्यरूपता धारण नहीं करेगी अतः वस्तु सर्वथा नित्य भी नहीं है। वस्तु नित्यानित्य है ऐसा अनुभवही योग्य है.

इस विवेचनका अभिप्राय यह है कि, साक्षात् वस्तुका अनुभव करा देनेवाले शुध्दनय जिनके है ऐसे तीर्थंकरादिक महापुरुष मिथ्यादृष्टि लोगोंके ज्ञानको अज्ञान कहते हैं. क्योंकि मिथ्यादृष्टियोंका ज्ञान वस्तुका यथार्थ स्वरूप नहीं दिखाता है. इस वास्ते वह ' ज्ञान ' इस नामको अपात्र है. उसको अज्ञान ही कहना चाहिये. यद्यपि ज्ञान शब्द सामान्यवाची होनेसे यथार्थ अयथार्थ रूप दोनों ज्ञानोंको ज्ञान कह सकते हैं तथापि मिथ्यादृष्टीका जो ज्ञान है वह अयथार्थ स्वरूपको दिखानेवाला होनेसे उसके लिए प्रयुक्त ज्ञान शब्दका अर्थ अज्ञान ऐसा ही करना चाहिये.

यहां शंकाकार ऐसा कहता है--' गइ इंदिये च काये ' इस गाथामें जो ज्ञान शब्द है उसका क्या अभिप्राय है ? क्या उसको सामान्य शब्द कहते है ?

उत्तर—वहां ज्ञान शब्द की ' ज्ञातिर्ज्ञानम् ' ऐसी निरुक्ति है. वहां पदार्थको जानना ऐसा सामान्य अर्थ अभिमत है. मिथ्या या सच्चे ज्ञान की विवक्षा वहां नहीं है.

जो मिथ्यादृष्टि है वह तत्व श्रध्दानरहित होनेसे सम्यग्ज्ञानका आराधक नहीं है. ऐसा इस गाथाका अभिप्राय है.

इस गाथापर कोइ विद्वान् ऐसी व्याख्या लिखते है. पिछलेके गाथामें ' अज्ञान होनेसे दर्शनाराधनाका अभाव होता है, ऐसा जो कहा है वह अज्ञान क्या चीज है तथा वह किसको होता है? ऐसे प्रश्नका उत्तर देनेकेलिये ' सुद्धणया पुण णाणं ' यह गाथा आचार्यने रची है ऐसा कोई विद्वान् कहते है. परंतु यह उनका कहना युक्तिशून्य है. ' वह अज्ञान क्या चीज है, इस प्रश्नका मिथ्याज्ञानका लक्षण कहनेवाला उत्तर उपर्युक्त सूत्रमें आचार्यने नहीं दिया है. मिथ्यादृष्टिका जो ज्ञान है वही अज्ञान लक्षण है ऐसा दोनों प्रश्नोका उत्तर आचार्यने दिया है ऐसी आपने कल्पना की है. ' तम्हा ण मिच्छदिट्ठी ' इस सूत्रमें मिथ्यादृष्टिजन ज्ञानके आराधक नहीं होते है इस अभिप्रायका ही उपसंहार किया है ऐसा समझना चाहिए, परंतु वह अभिप्राय छोड करके सूत्रमें न दिखाया हुवा अभिप्राय समझ लेना अयोग्य है.

चारित्राराधना कथ्यते । चतुर्थ्या आराधनायाः प्रतिपत्तिक्रमं दर्शयन्नाह—

संयममाराहंतेण तवो आराहिओ हवे णियमा ॥
आराहंतेण तवं चारित्तं होइ भयणिज्जं ॥ ६ ॥

विजयोदया-संयममाराहंतेण संयम इत्यनेन शब्देन इह चारित्रमित्युच्यते । कर्मादाननिमित्तक्रियाभ्य उपरम संयमः । स च चारित्रं । तथा चास्यधायि—' कर्मादाननिमित्तक्रियोपरमो ज्ञानवतश्चारित्रमिति ' । संजमं चारित्रं आराधंतेण आराधयता । तवो तपः । आराधितो आराधितं । हवे भवेत् । णियमा अवश्यमेव । कथं ? इह अनशनं नाम अशनत्यागः । स च त्रिप्रकारः । मनसा भुंजे. भोजयामि, भोजने व्यापृतस्यानुमतिं करोमि । भुंजे, भुंक्ष्व, पचनं कुर्विति वचसा । तथा चतुर्विधस्याहारस्याभिसंधिपूर्वकं कायेनादानं, हस्तसंज्ञायाः प्रवर्तनं अनुमतिसूचनं कायेन । एतासां मनोवाक्कायक्रियाणां कर्मोपादानकारणानां त्यागोऽनशनम् चारित्रमेव । योगत्रयेण तृप्तिकारिण्यां भुजिक्रियायां दर्पवाहिन्यां निराकृतिः अवमोदर्यम् । तथा आहारसंज्ञाया जयो वृत्तिपरिसंख्यानं । रसगोचरगार्द्धत्यजनं त्रिधा रसपरित्यागः । कायसुखाभिलाषत्यजनं कायक्लेशः । चित्तस्याकुलतापराजयो विविक्तशयनासनं । स्वकृतापराधगूहनत्यजनं आलोचना । स्वकृतादशुभयोगात्प्रतिनिवृत्तिः प्रतिक्रमणं । तदुभयोज्झनं उभयं । येन यत्र वा अशुभोपयोगोऽभूत्तन्निराक्रिया, ततो परासनं विवेकः । देहे ममत्वनिरासः कायोत्सर्गः । तपोऽनशनादिकं यथा भवति चारित्रं तथोत्क्रमेण । असंयमजुगुप्सार्थमेव प्रव्रज्यापनं छेदः । मूलं पुनर्व्रतारोपणं । ज्ञानदर्शनचारित्रतपसामतीचारा अशुभक्रियाः । तासामपोहनं विनयः, चारित्रस्य कारणानुमननं वैयावृत्यं ॥

यदि वे कह चुके हैं तो फिर वे पुनः कैसे कहेंगे ? अतः वह कैसा ? ऐसा प्रश्न करना भी अयुक्त है । क्योंकि सूत्रमें चारित्र सिद्धिमें इतर आराधनासिद्धिके क्रमका उपन्यास-विवेचन नहीं किया है । और केवल प्रतिज्ञासे अज्ञको अथवा संशय ग्रस्तको वस्तुका स्वरूप ज्ञान नहीं होता है । इस वास्ते वह कैसा ? ऐसा युक्तिप्रश्न भी यहां पूछना योग्य नहीं है ।

यहां संयमके विषयमें और जो विवेचन अन्य विद्वानोंने किया है वह भी योग्य नहीं दीखता-" तेरा प्रकारके चारित्रमें सर्वथा प्रयत्न करना वह संयम है. यह संयम बाह्य तपसे अभ्यंतर तप जब सुसंस्कृत होता है तब प्राप्त होता है. उसके विना होता नहीं. अतएव संयम बाह्य व अभ्यंतर तपसे सुसंस्कृत होता है ऐसा मानना होगा. " यह संयमका स्वरूप विवेचन योग्य नहीं है. तेरा प्रकारके चारित्रमें प्रयत्न करना उसको संयम कहते है ऐसा संयम शब्दका अर्थ नहीं है. अपने जो अभिप्राय कहा है उसमें संयम शब्दका प्रयोग किया है ऐसा कहां भी हमारे देखने सुननेमें नहीं आया है. शब्दका अर्थ बार बार प्रयोग आनेसे निश्चित होता है परंतु तेरा प्रकारके चारित्रमें प्रयत्न करना यह संयम है ऐसा शब्दप्रयोग कहां भी आया नहीं है.

' तिदिया य हवे चरित्तम्मि ' इस सूत्रमें चारित्र शब्द सामान्यवाची है. परंतु आप ' सकलचारित्र ' ऐसा चारित्र शब्दका विशिष्टार्थ क्यों कहते हैं ? सामायिक, छेदोपस्थापनादि समस्त चारित्रभेदोंको चारित्राराधना कहते हैं ' पंडिदपंडिदमरणं खीणकसाया मरंति केवलिणो ' इस सूत्रमें यथा ख्यातचारित्र समझना इसका आगे वर्णन करेंगे. बाह्य तपके संस्कारसे युक्त ऐसे अभ्यंतर तपके विना संयम नहीं होता है यह कहना भी युक्तियुक्त नहीं है. क्योंकि बाह्य तपके आचरणविना भी आदि भगवंतके शिष्य भद्दणराज वगैरे भरत चक्रवर्तीके पुत्र अन्तर्मुहूर्तमें रत्नत्रयको पाकर मोक्षको गये हैं ऐसा आगममें प्रसिद्ध उल्लेख है.

ननु तपस्यायत्तनिर्जरानुक्रमेण निर्जरामुपगच्छन्ति संति कर्माणि यदा निःशेषाण्यपगतानि भवन्ति तदा स्वास्थ्यरूपं निर्वाणमुपजायते ततो निर्वाणस्य कारणं निर्जरैव, तस्याश्च संपादकं तपस्ततो युक्तं दर्शनाराधना तप आराधना चेति द्विविधा आराधनेति गदितुं इत्यारेकायां, तपो निर्जरां मुक्तेरनुगुणां करोति सति चारित्रे संवरकारिणि नान्यथेति प्रदर्शयति—

हिंदी अर्थ—जिन्होंके द्वारा कर्मका ग्रहण होता है ऐसे मन, वचन व शरीरके द्वारा होनेवाली क्रियाओं-का त्याग-परिहार करना उसको चारित्र कहते हैं। प्रस्तुत गाथामें जो संयम शब्द है वह चारित्रका वाचक है। अन्य आचार्योंने भी चारित्रका लक्षण 'कर्मादाननिमित्तक्रियोपरमो ज्ञानवतश्चारित्रं, इति' ऐसा कहा है. इसका भी अभिप्राय ऊपरके समानही है। जो चारित्रकी आराधना करते हैं उनको नियमसे-अवश्य तपकी भी आराधना हो जाती है। इस आराधनाका स्वरूप निम्नप्रकारसे समझना चाहिये।—

अनशन—चार प्रकारके आहारोंका त्याग करना इसको अनशन कहते हैं। यह अनशन तीन प्रकारका है। मैं भोजन करूं, भोजन कराउ, भोजन करनेवालेको अनुमति देउ इस तरह मनमें संकल्प करना. मैं आहार लेता हूं, तू भोजन कर, इस प्रकारके वचन बोलना. चार प्रकारके आहारको संकल्पपूर्वक शरीरसे ग्रहण करना. हाथसे इशारा करके दूसरोंको ग्रहण करनेमें प्रवृत्त करना. आहार ग्रहण करनेके कार्यमें शरीरसे सम्मति देना ऐसी जो मन, वचन, कायकी कर्मग्रहण करनेमें निमित्त होनेवाली क्रियायें उनका त्याग करना उसको अनशन कहते हैं. यह चारित्र ही है. तृप्ति करनेवाला, दर्प उत्पन्न करनेवाला ऐसा जो आहार उसका मन, वचन, कायके तीन योगोंसे त्याग करना अवमोदर्य है. अर्थात् स्वयं पेट पूर्ण भरेगा इतना आहार मैं ग्रहण करूंगा, कराऊंगा, करने-वालेको सम्मति प्रदान करूंगा ऐसे मन वचन शरीरके संकल्पका त्याग करना इसको अवमोदर्य कहते हैं. आहारकी अभिलाषाको जीतना-इतने घरोंमें, गल्लीमें आहार मिलेगा तो लेऊंगा इत्यादि प्रतिज्ञा करके आहारा भिलाषाको जीतना इसको वृत्तिपरिसंख्यान कहते हैं. रसविषयकी लंपटताको मन वचन शरीरके संकल्पसे त्यागना रसपरित्याग नामका तप है. शरीरको सुख मिले ऐसी भावनाको त्यागना कायक्लेश तप है. चित्तमें उत्पन्न हुई व्यग्रताको भगा देना अर्थात् चित्त व्याकुल न हो इसलिये स्त्री, पशु, षण्ढ विवर्जित एकान्त स्थानमें सोना बैठना इसको विविक्तशय्यासन कहते हैं.

अपने द्वारा हुवे अपराधोंको छिपानेकी कोशिस न करना, अपराध हो गया तो शीघ्र उसका निवेदन करना यह आलोचना तप है. स्वतःके द्वारा किये गये अशुभ योगसे परावृत्त होना अर्थात् मेरे अपराध मिथ्या होवे ऐसा कह कर पश्चात्ताप करना प्रतिक्रमण है. अपराधोंको न छिपाना तथा अशुभ योगोंसे परावृत्त होना वह तदुभय तप है. जिस जिस पदार्थके अवलंबसे अशुभ परिणाम होते हैं उनको त्यागना अथवा उनसे स्वयं दूर होना यह विवेक

तप है. देहमेंसे ममत्व-स्नेह दूर करना कायोत्सर्ग तप है.अनशादिकको तप कहते हैं. यह तप दोषोंका नाश करनेके लिए गुरूने दिया हुवा प्रायश्चित्त स्वरूप है. असंयमसे तिरस्कार उत्पन्न होवे इस लिये दीक्षाके दिन कम करना छेद तप है. पुनः दीक्षा देना उसको मूल तप कहते हैं. ये सब प्रायश्चित्त तपके भेद हैं. अशुभ क्रियायें ज्ञान दर्शन चारित्र तप इनके अतीचार हैं. इनको हटाना विनय तप है. चारित्रके कारणोंको सम्मति देना इसको वैयावृत्य कहते है. अर्थात् जिन कारणोंसे चारित्रकी वृद्धि होगी ऐसे कारणोंसे मुनीश्वरोंकी सेवा करना. अर्थात् संयमोपकरण पिंछी, कमंडलु, ज्ञानोपकरण शास्त्र, आहार, औषध वगैरह वस्तुओंसे उपकार करना यह सब वैयावृत्य है. स्वाध्याय और ध्यान भी चारित्रकी वृद्धि करनेवाले तप है. अंग पूर्वादि शास्त्रोंको पढना स्वाध्याय तप है. शुभ विषयमें एकाग्र चित्त करना ध्यान है. अविरति, प्रमाद, कषायोंका त्याग स्वाध्याय करनेसे तथा ध्यान करनेसे होता है इस वास्ते वे भी चारित्ररूप हैं. अतः सब तपोंका चारित्राराधनामें अन्तर्भाव होता है अतः दर्शनाराधना व चारित्राराधना ऐसे आराधनाके दो भेद माने हैं.

अशनादिकोंका– आहारादिकोंका यद्यपि त्याग किया तो भी अविरतिका त्याग नहीं होता है क्योंकि, आहारादिकोंका त्याग करनेवाले भी असंयत दीख पडते हैं. ऐसा आशय मनमें धारण कर आचार्य ऐसा कहते हैं– जो तपकी आराधना करते हैं वे चारित्राराधना करते हैं अथवा नहीं. अर्थात् तप करनेवाला पापोंसे विरक्त होकर चारित्र धारण करनेवाला होता है अथवा नहीं भी. परंतु चारित्र धारण करनेवाला नियमसे विरतिपूर्वक तप करता है अतः चारित्रमें तपका अन्तर्भाव होता है. परंतु तपमें उद्युक्त हुवा पुरुष असंयमका परिहार करेगा वा न करेगा.

इस गाथापर दुसरे विद्वान् आपना आगे दिखाया हुवा अभिप्राय प्रगट करते हैं–

" चारित्राराधनामें तप आराधनाकी सिद्धि अवश्य होती है ऐसा कहा गया है. वह कैसा ? ऐसा प्रश्न होनेपर ' संयममाराधंतेण ' ऐसा सूत्रोपोद्घात किया है " ऐसा जो अन्य विद्वान् कहते हैं. वह युक्ति संगत नहीं दीखता है. क्योंकि आचार्यने ' चारित्राराधनामें तप आराधनाकी सिद्धि होती है ' ऐसा वाक्य सूत्रमें कहा नहीं है. तो आप उन्होंने कहा है ऐसा क्यों कहते हैं ? यदि ' णिदिया य हवे चरित्तम्मि ' इस वचनके द्वारा उन्होंने कहा है ऐसा कहोगे तो यह कहना अशब्दार्थ है. अर्थात् ' चारित्राराधनमें तप आराधनाकी सिद्धि होती है ऐसे शब्द गाथामें नहीं हैं. शब्दोंके द्वारा जो अनुभव आवेगा उसकोही ' कहा गया है ' ऐसा कहना चाहिये.

यदि वे कह चुके हैं तो फिर वे पुनः कैसे कहेंगे ? अतः यह कैसा ? ऐसा प्रश्न करना भी अयुक्त है । क्योंकि सूत्रमें चारित्र सिद्धिमें इतर आराधनासिद्धिके क्रमका उपन्यास–विवेचन नहीं किया है । और केवल प्रतिज्ञासे अज्ञको अथवा संशय ग्रस्तको वस्तुका स्वरूप ज्ञान नहीं होता है । इस वास्ते यह कैसा ? ऐसा युक्तिप्रश्न भी यहां पूछना योग्य नहीं है ।

यहां संयमके विषयमें और जो विवेचन अन्य विद्वानोंने किया है वह भी योग्य नहीं दीखता–" तेरा प्रकारके चारित्रमें सर्वथा प्रयत्न करना यह संयम है. यह संयम बाह्य तपसे अभ्यंतर तप जब सुसंस्कृत होता है तब प्राप्त होता है. उसके विना होता नहीं. अतएव संयम बाह्य व अभ्यंतर तपसे सुसंस्कृत होता है ऐसा मानना होगा. " यह संयमका स्वरूप विवेचन योग्य नहीं है. तेरा प्रकारके चारित्रमें प्रयत्न करना उसको संयम कहते हैं ऐसा संयम शब्दका अर्थ नहीं है. अपने जो अभिप्राय कहा है उसमें संयम शब्दका प्रयोग किया है ऐसा कहां भी हमारे देखने सुननेमें नहीं आया है. शब्दका अर्थ बार बार प्रयोग आनेसे निश्चित होता है परंतु तेरा प्रकारके चारित्रमें प्रयत्न करना यह संयम है ऐसा शब्दप्रयोग कहां भी आया नहीं है.

' विदिया य हवे चरित्तम्मि ' इस सूत्रमें चारित्र शब्द सामान्यवाची है. परंतु आप ' सकलचारित्र ' ऐसा चारित्र शब्दका विशिष्टार्थ क्यों कहते हैं ? सामायिक, छेदोपस्थापनादि समस्त चारित्रभेदोंको चारित्राराधना कहते हैं ' पंडिदपंडिदमरणं खीणकसाया मरंति केवलिणो ' इस सूत्रमें यथा ख्यातचारित्र समझना इसका आगे वर्णन करेंगे. बाह्य तपके संस्कारसे युक्त ऐसे अभ्यंतर तपके विना संयम नहीं होता है यह कहना भी युक्तियुक्त नहीं है. क्योंकि बाह्य तपके आचरणविना भी आदि भगवंतके शिष्य भरणराज वगैरे भरत चक्रवर्तीके पुत्र अन्तर्मुहूर्तमें रत्नत्रयको पाकर मोक्षको गये हैं ऐसा आगममें प्रसिद्ध उल्लेख है.

ननु तपस्यायत्तनिर्जरानुक्रमेण निर्जरामुपगच्छन्ति संति कर्माणि यदा निःशेषाण्यपगतानि भवन्ति तदा स्वास्थ्यरूपं निर्वाणमुपजायते ततो निर्वाणस्य कारणं निर्जरैव, तस्याश्च संपादकं तपस्ततो युक्तं दर्शनाराधना तप आराधना चेति द्विविधा आराधनेति वक्तुं इत्याख्यायां, तपो निर्जरां मुक्तेरनुगुणां करोति सति चारित्रे संवरकारिणि नान्यथेति प्रदर्शयति—

सम्मादिट्ठिस्स वि अविरदस्स ण तवो महागुणो होदि ॥
होदि हु हत्थिण्हाणं चुदच्चुदगंव तं तस्स ॥ ७ ॥

विजयोदया—सम्मादिट्ठस्स वि इत्यादिना । सम्मादिट्ठस्सवि तत्वार्थश्रद्धानवतोऽपि । अविरदस्स असंयतस्य । न तवो तपः । महागुणो गुणशब्दोऽनेकार्थवृत्तिः । रूपादयो गुणशब्देनोच्यन्ते क्वचिद्यथा-'रूपरसगंधस्पर्शसंख्यापरिमाणानि, पृथक्त्वं, संयोगविभागौ, परत्वापरत्वबुद्धयः, सुखदुःखेच्छाद्वेषप्रयत्नादयः क्रियावद्गुणसमवायिकारणं द्रव्यं' इत्यस्मिन्सूत्रे गृहीताः ॥ गुणभूता वयमत्र नगरे इति अत्र प्रधानवाचीयस्य गुणस्य भावादिति विशेषेण वर्तते । गुणोऽनेन कृत इत्यत्र उपकारार्थे वृत्तिः । इह उपकारे वर्तमानो गृह्यते । महागुणः उपकारोऽस्येति महागुणं । होदि भवति । क्रिया चैव हि भाव्यते निषेव्यते वा इति वचनात् । न तु भवनक्रिया संबध्यते । तपो न भवति महोपकारमिति। एतदुक्तं भवति कर्मनिर्मूलनं कर्तुमसमर्थं तपः सम्यग्दृष्टेरप्यसंयतस्य पुनरितरस्य असति संवरे प्रतिसमयमुपचीयमानकर्मसंहतेः का मुक्तिः ? ननु सत्यपि संयमे विना निर्जरां न निवृत्तिरिति । शक्यमेवमप्यभिधातुं ' सम्मादिट्ठस्स वि अकदतवो भावणाविसेसस्स न चरित्तं महागुणं होदित्ति ' । सत्यमेवमेतत् चारित्रप्राधान्याविवक्षापरा इयं चोदना । असिश्छिनत्तीत्यत्र छेत्तारमंतरेण असिनैव संपद्यते छिदा, तथा तदीयतैक्ष्ण्यगौरवकाठिन्यातिशयनिरूपणवांछायां तस्यैव स्वातंत्र्यं निगद्यते । एवमिहापीति न दोषः । कुतः ? यस्मात् होदि खु हत्थिण्हाणं होदि भवति । खु शब्द एवकारार्थः स हत्थिण्हाणमित्यनेन संबंधनीयः । हत्थिण्हाणमेवेति । यथा हस्ती स्नातोऽपि न नैर्मल्यं वहति पुनरपि करवार्जित पांसुपटलमलिनतया ' तद्वत्तपसा निर्जीर्णेऽपि कर्मांशे बहुतरादानं असंयममुखेनेति मन्यते । दृष्टान्तान्तरमाचष्टे-चुदच्चुदगंव मंथनचर्मपालिकेव तद्वत्संयमहीनं तपः । दृष्टान्तद्वयोपन्यासः किमर्थं इति चेत् । अपगताद्बहुतरोपादानं कर्मणोऽसंयमनिमित्तस्येति प्रदर्शनाय हस्तिस्नानोपन्यासः । आर्द्रतनुतया बहुतरमुपादत्ते रजः । बंधरहिता निर्जरा स्वास्थ्यं प्रापयति नेतरा बंधसहभाविनीति । किमिव मंथनचर्मपालिकेव । सा हि बंधसहितां मुक्तिं वर्तयति । अन्यान्ये व्याचक्षते-कालभेदमनपेक्ष्य शुद्धिमशुद्धिं च दर्शयता प्रथम उपात्तः । तदयुक्तं सकलकर्मापायो हि शुद्धिः, अशुद्धिश्च कर्मणा सहवृत्तिः, तथासती शुद्धिः कथमादर्श्यते कर्मांशापगममात्रतः शुद्धिर्वा या मुक्तिः सा कस्य न विद्यते ? फलं दत्वा प्रयांत्यात्मनः कर्मपुद्गलस्कंधाः । यच्चोक्तं यदा तु कालभेदेन वैधर्म्यमाशंक्यते बंधनशातनयोरेकसमयत्वात् इति ततो द्वितीयो दृष्टांतः । रज्जुवेष्टननिर्गमनयोरेककालत्वादिति तदप्यसारं । न हि चंद्रमुखी कन्या इत्यत्र एवमाशंका संभवति, सदा संपूर्णमाननं वामलोचनायाः निशानाथस्य कदाचिदेव पूर्णता ततो ऽनुमानमिति साधारणधर्ममात्रावलंबन एषोपमानोपमेयभावः, वैधर्म्ये तूपमानोपमेययोरस्ति अन्यथा उपमानमिदं उपमेयमिति भेदो निरास्पदः । अपि च उपमेयस्यातिशयं प्रदर्शयितुमेवोपमानं प्रवृत्तं ॥ न चैकस्योपमानस्यानुक्ताद्धेरितरदुपादीयते इति शुक्लम् ।

ननु मुक्तेः कारणं निर्जरैव तत्कारणं च तपः इति सम्यक्त्वाराधना तप आराधना चेति संक्षिप्य वक्तुं युक्तं। तत्र संवरकारिणि चारित्रे सत्येव निर्वाणानुगुणाया निर्जरायास्तपसा कर्तुं शक्यत्वात्। तदेवाह—

मूलारा—सम्मादिट्ठिस्स वि। तत्त्वश्रद्धानवतोऽपि किं पुनर्मिथ्यादृष्टेरित्यतिशयोऽपिशब्दार्थः। अविरदस्स हिंसादिषु विषयेषु च प्रवर्तमानस्य। महागुणो अनल्पोपकारं कर्मनिर्मूलनमर्थमित्यर्थः। संयमहीनस्य संवराभावे प्रतिक्षणमपरापरकर्मसंघातोपादानान्मुक्तिर्न स्यादिति भावः। एतच्चारित्रस्य प्राधान्यविवक्षायामेवोक्तयते। यथा "मुक्तिस्तपसैव तत्तपः कार्यमि" ति तपसः प्राधान्यविवक्षायां। खु भेदविवक्षायां इत्यर्थे अभेदविवक्षायां वा एवार्थे। इस्तिस्नानमिव असंयतस्य तपो भवतीति योज्यं॥ यथा इस्ती स्नातः सन्नार्द्रतनुतया स्वकरार्पितं रजो बहुतरमादत्ते तथा तपसा निर्जीर्णकर्मांशोऽसंयमार्पितं कर्म पुनर्भुक्त्यादिलंपटतया बहुतरमादत्ते इत्यर्थः॥ चुंदछुदणंव मंथनचर्मपालिकेव। तं तत्तपः। तस्स सम्मद्दिट्ठिस्स्यविरतस्य। यथा वेष्टनसहभाव्युद्वेष्टनं कुर्वाणा आकर्षणचर्मवद्घटिका भ्रमिर्यंत्रस्थ स्थैर्यं न करोति तथा बंधसहभाविनीं निर्जरां कुर्वंस्तपोऽसंयतस्य तोयं न कोलीभावं। अत्र हस्तिस्नानेनापगताद्बहुतरस्यापादनं चर्मवद्घटिकया च बंधसहभाविन्या निर्जरया स्वास्थ्याभावो दर्श्यते। उपमेयगतातिशयफलत्वादृष्टान्तान्तरोपन्यासस्य। ये तु चुंदछिंदकर्मेति पठन्ति तेषामियं व्याख्या चुंदं मानकसेतिकादियोग्यं काष्ठं छिंदन्ति चिकीर्षितवस्त्वनुगुणभावेन कृंतंतीति चुंदाश्छिंदाकारास्तेषां कर्म व्यापारश्चर्मवद्घटिकया भ्रमिपरिभ्रमणं। तद्यथा खुशब्देन यथार्थेनोभयत्र संबंधात्। शेषं पूर्ववत्॥

निर्जरा तपके आधीन है. तथा विद्यमानकर्म इस तपके प्रभावसे क्रमसे निर्जीर्ण होता है. जब संपूर्ण कर्म निःशेष हो जाता है तब स्वास्थ्य रूप मोक्ष प्राप्त होता है. अतः मोक्षका कारण निर्जरा ही है. वह निर्जरा तपसे होती है. अतः दर्शनाराधना व तपआराधना ऐसी दो आराधनाओंका वर्णन करना योग्य है ऐसी शंका होनेपर संवरको उत्पन्न करनेवाला चारित्र सहायक होनेसे ही तप मुक्तीकी साधक ऐसी निर्जरा उत्पन्न कर सकता है अन्यथा नहीं ऐसा उत्तर निम्न लिखित गाथामें देते हैं—

हिंदी अर्थ—जीवादि तत्वोंपर जिसकी श्रद्धा है ऐसे अविरत अर्थात् असंयमी पुरुषका तप महान् उपकार करनेवाला नहीं होता है. वह उसका तप हाथीके स्नान समान होता है. जैसे हाथी नदीमें स्नान करता है परंतु फिर तटपर आकर अपने सूंडसे सर्वांगपर धूलि फेंकता है वैसे असंयत सम्यग्दृष्टि कर्म निर्जीर्ण करता हुवा भी

असंयमके द्वारा बहुत कर्मका ग्रहण करता है. अथवा लकडीको छिद्र पाडनेवाला बर्मा जैसा छेद पाडते समय दोरी बांधकर घुमाते हैं उस समय उसकी दोरी एक तरफसे ढिली होती हुई भी दूसरी तरफसे उसको दृढ बद्ध करती है वैसे सम्यग्दृष्टीका पूर्वबद्ध कर्म निर्जीर्ण होता हुवा उसी समय असंयम द्वारा नवीन कर्म बंध जाता है. अतः असंयत सम्यग्दृष्टीको तप आराधना नहीं होती है. इसलिये तप आराधनामें चारित्राराधना अंतर्भूत नहीं होती है ऐसा समझना चाहिये.

विशेष—गाथामें ' महागुणो ' ऐसा शब्द है. यहां गुणशब्दके अनेक अर्थ होते हैं. जैसे रूप, रस, गंध, स्पर्श इनको भी शास्त्रमें गुणसंज्ञा है. गुणोंकी संख्या दिखानेवाला सूत्र इसप्रकार है. ' रूपरसगंधस्पर्शाः संख्याः परिमाणानि पृथक्त्वं संयोगविभागौ परत्वापरत्वबुद्धयः सुखदुःखेच्छाद्वेषप्रयत्नादयः ' क्वचिद् गुणका अर्थ मुख्य ऐसा भी होता है. जैसे -' गुणीभूता वयमत्र नगरे ' अर्थात् इस नगरमें हम प्रधान–मुख्य हैं. यहां गुण शब्दकी प्रधान अर्थमें वाचकता है. क्वचित् गुण शब्दका अर्थ उपकार ऐसा होता है. जैसे ' गुणोऽनेन कृतः ' अर्थात् इसने उपकार किया. प्रकृत गाथामें गुणशब्दका अर्थ उपकार ऐसा समझना चाहिये. अविरत सम्यग्दृष्टिका भी तप महागुण नहीं होता है अर्थात् वह कर्म निर्मूलन करनेके लिये समर्थ नहीं होता है. पुनः जो मिथ्यादृष्टि है उसका तप मुक्तिकेलिये कैसा कारण होगा ? उसको संवर न होनेसे प्रतिसमय नया कर्म आता ही रहेगा अतः उसको मुक्ति नहीं होगी.

शंका—संयम प्राप्त भी हो गया तो भी कर्मनिर्जरा न होनेसे मुक्ति नहीं प्राप्त होगी. अथवा ऐसा भी कह सकते हैं- जिसने तपका अभ्यास किया नहीं है ऐसे सम्यग्दृष्टीको भी केवल चारित्र महोपकारक नहीं होता है. अर्थात् संवरसहित निर्जराको उत्पन्न नहीं करता है.

उत्तर—आपका कहना ठीक है. परंतु यहां चारित्रकी मुख्यता है अतः चारित्र न होनेसे मुक्ति प्राप्त नहीं होगी ऐसा कहा है. जैसे ' असिश्छिनत्ति ' अर्थात् तरवार काटती है. इस वाक्यका विमर्श करेंगे तो ऐसा मालूम होगा कि, छेदनेवाले पुरुषके बिना केवल तरवार ही स्वयं छेदनकार्य नहीं करेगी परंतु तरवारकी तीक्ष्णता, काठिन्य वगैरे गुणातिशयको देखकर उसमें छेदनकार्य करनेका कर्तृत्व आरोपित करके तरवार तोडती है ऐसा कहते हैं. वैसे चारित्रका वर्णन करनेकी मुख्यता होनेसे चारित्रके बिना तप महोपकारक संवर निर्जराका उत्पादक

नहीं होते है ऐसा कह सकते है.

असंयत सम्यग्दृष्टिका तप हस्तिस्नानके समान है. जैसे हाथी तालाबमें स्नान कर निर्मल होता है परंतु आपनी सुंडाके द्वारा धूलको शरीरपर फेककर अपनेको मलिन करता है. तद्वत् तपके द्वारा कर्मांश निर्जीर्ण हो गया तो भी असंयमसे सम्यग्दृष्टि बहुत कर्मसमुदायको ग्रहण करता है.

आचार्य दुसरा दृष्टान्त मंथन चर्मपालिकाका देते है. उसका विवेचन किया है. आचार्यने दो दृष्टान्त क्यों दिये है ? इसका खुलासा इस प्रकार है. सम्यग्दृष्टिने पूर्वमें जितनी कर्म निर्जरा की है उससे भी अधिक कर्म उसको असंयमसे बंध जाता है. यह खुलासा करनेके लिये हस्तिस्नानका दृष्टांत दिया है. हाथी स्नानसे गीला होता है अतः बहुत धूलीका संग्रह उसके अंगपर हो जाता है. उसही प्रकारसे सम्यग्दृष्टिको बहुत कर्मबंधन होता है. जो निर्जरा बंध रहित होती है वही स्वास्थ्य अर्थात मोक्षप्रदान करती है परंतु बंधके साथ होनेवाली कर्म निर्जरा मुक्तिका कारण नहीं होती है इसका स्पष्टीकरण करनेके लिये आचार्यने मंथन चर्मपालिकाका दृष्टान्त दिया है वह बंध सहित मुक्तिको दिखाती है.

यहां दूसरे विद्वान ऐसा कहते हैं—" कालभेदकी अपेक्षा न करके शुद्धि और अशुद्धिको दिखानेकी इच्छासे आचार्यने प्रथम उदाहरण–हस्तिस्नानका गाथामें लिखा है. " परंतु यह उनका अभिप्राय युक्ति युक्त नहीं है. क्योंकि, संपूर्ण कर्मोंका नाश होना यह शुद्धि है व कर्म सहितावस्थाही अशुद्धि है जब शुद्धि है ही नहीं तो आचार्य उसको हस्तिस्नानका उदाहरण देकर भी कैसे दिखा सकेंगे. यदि कुछ कर्म नष्ट होना उसको शुद्धि या मुक्ति कहोगे तो ऐसी शुद्धि किस प्राणीमें न मिलेगी ? अर्थात् ऐसी शुद्धि प्रत्येक प्राणीमें विद्यमान है. कारण प्रत्येक प्राणीके कर्मस्कंध उसको फल दे देकर खिरतेही हैं. अतः ऐसी शुद्धि मिलना असंभव नहीं है. वह तो सुलभ ही है.

और भी जो उन विद्वानोंने कहा है ' जहां कालभेदका आश्रय लेकर दो धर्म रहते हैं वहां उन धर्मोंमें भिन्नता—विरुद्धता दीखती है. परंतु कर्मबंध होना व उसकी निर्जरा होना ये दो धर्म एक समयमें होते है अतः ये विरुद्ध नहीं हैं. इस वास्ते यहा दुसरा दृष्टांत मंथन चर्मपालिकाका दिया है. यहां रज्जुसे मंथनदंड वेष्टित भी हो जाता है और मुक्त भी हो जाता है. ये दोन क्रियायें एक समयमें होतीं हैं

अतः इसमें वैधर्म्य नहीं है. यह कहना भी असार है. 'चंद्रमुखी कन्या' इस उदाहरणमें ऐसी वैधर्म्यकी शंका उपस्थित नहीं होती.कन्याका मुख हमेशा पूर्ण ही रहता है. परंतु चंद्रकी पूर्णता कदाचित् होती है. सदा नहीं होती अतः अनुमानसे मुख और चंद्रमें साधारण धर्म–आल्हादकत्व, सुंदरता इत्यादिका आश्रय लेकर उपमानोपमेय भाव रहता है. मुख और चंद्रमें वैधर्म्य है ही अन्यथा चंद्र उपमान है व मुख उपमेय है यह भेदही उत्पन्न नहीं होता. उपमेयमें विशेषता दिखानेके लिये ही उपमान प्रवृत्त होता है. उपमानको छोडकर दुसरेका ग्रहण कोइ नहीं करते है. तात्पर्य—मंथनचर्मपालिका का उदाहरण देनेका कारण इतनाही यहां समझना चाहिये कि, अविरतसम्यग्दृष्टीका तप असंयमपूर्वक होनेसे कर्मबंध और निर्जराका कारण है. वैधर्म्य दिखानेके लिये आचार्यने यह उदाहरण नहीं दिया है.

संक्षेपस्य प्रकारान्तराख्यानायाह—

अहवा चारित्ताराहणाए आराहियं हवइ सव्वं॥
आराहणाए सेसस्स चारित्ताराहणा भज्जा ॥ ८ ॥

विजयोदया—अहवेति । एकद्व्यादिसंख्येयासंख्येयानंतरूपेण हि जैनी निरूपणा ॥ चरंति यांति तेन हितप्राप्तिं अहितनिवारणं चेति चारित्रं, चर्यते सेव्यते सज्जनैरिति वा चारित्रं सामायिकादिकं, तस्याराधनायां तत्परिणतौ सत्यां आराधितं निष्पादितं । हवइ भवति । सव्वं सर्वं ज्ञानं दर्शनं तपश्च, प्रकारकात्स्न्यें सर्वशब्दोऽत्र प्रवृत्तः । यथा सर्वमोदनं भुंक्ते इति मीहिशाल्योदनप्रकारकात्स्न्यं भुञ्जिक्रियायाः कर्मत्वेन प्रतीयते । एवमिहापि मुक्त्युपायप्रकाराणां ज्ञानादीनां सामस्त्यमाख्यायते । चारित्राराधनैकैवेत्यनेन गाथार्द्धेन कथितम् । अत्रेयमाशंका—कस्मादेकत्वनिरूपणाराधनायाश्चारित्रमुखेनैव क्रियते नान्यमुखेनेत्यत आह—आराधणाए आराधनायां । सेसस्स शेषस्य । ज्ञानदर्शनतपसां सम्यक्त्वस्य । चारित्ताराधणा । भज्जा भाज्या विकल्प्या । कथं? असंयतसम्यग्दृष्टिर्भवति ज्ञानदर्शनयोराराधको नेतरयोः । मिथ्यादृष्टित्वनशनादाचरतोऽपि न चारित्रमाराधयति । कश्चित्पुनः ज्ञानादीनि चारित्रमपि संपादयतीति नाधिक्याशंकिता इतराराधनायां चारित्राराधनाया इति न तन्मुखेनैकत्वनिरूपणेति भावः ॥ ननु क्षायिकवीतरागसम्यक्त्वाराधनायां, क्षायिकज्ञानाराधनायां च इतरेषामाप्याराधना नियोगतः संभवति तत्किमुच्यते शेषाराधनायां चारित्राराधना भाज्येति? आद्योपशमिकज्ञानदर्शनोपक्षयेतदुक्तं इति ज्ञेयम् । अत्रान्येषां व्याख्या "चारित्ताराधणाए इत्यत्र चारित्रशब्देन सच्चारित्रमुपात्तं । तच्च सद्दर्शनात्मकज्ञाननिरूपितक्रमाप्रच्यवनेन प्रयत्नवृत्तिरूपं तस्मिन्नाराध्यमाने शेषसिद्धिर्भवत्येव । कथं? सज्ज्ञानकार्यं चारित्रं सज्ज्ञानं च दर्शनादितं कार्यं हि कारणाविनाभावित्वं प्रयुक्तं इति सानुपपन्ना" । प्रतिज्ञामात्रेण हि सूत्रमिदमव-

स्थितं, एतत्साधनाय सूत्रद्वयमुत्तरं यत्र हि सूत्रकारो लक्षणबंधनं वदति । आत्मनः प्रतिज्ञातस्य तत्र व्याख्यातुरवसरो निबंधनाख्याने यत्र तु स एव वदति तत्र तदेव व्याख्यातुमवगन्तव्यमिति व्याख्याक्रमः शास्त्रेषु । न खेदमनेन प्रतिविधानमनुचितम् स्वयमेवोत्प्रेक्षो । ' णाइअभिणमकादव्वयम्मि णादूण होदि परिहारो, इत्यत्र निरूपयिष्यति यतः सूत्रकारः । किं च उत्तरसूत्रानुष्ठानमस्यां व्याख्यायां चारित्राराधनामुखेनैकैकाराधनेति प्रतिपिपादयिषितं । तच्च संप्रति विधानं प्रतिपादयितुं कोऽवसर उत्तर गाथायाः । इतराराधनान्तर्भावकारिण्याश्चारित्राराधनाया निरूपणायां चारित्रस्वरूपाख्यानाय उत्तरगाथायातेति कथममवसर इति चेत् यद्येवं दर्शनाराधनायां ज्ञानाराधनामन्तर्भाव्य प्रथतेमानायां दर्शनस्वरूपं किं नोच्यते सूत्रकारेण ? स्वेच्छेति चेन्न न्यायानुगामिनां शास्त्रकाराणां न्यायादपेतेच्छा अयुक्ता ।

इदानीं परमसंक्षेपादेकधैवाराधना स्यादिति दर्शयति—

मूलारा–चारित्ताराहणाए–चरन्ति यान्ति तेन हितप्राप्तिमहितनिवारणं चेति, चर्यते सेव्यते सद्भिस्तदिति वा चारित्रं सामायिकादिकं । तत्परिणतौ सत्यां आराहिदं निष्पादितं । सव्वं ज्ञानं दर्शनं तपश्च । सेसस्स ज्ञानादित्रयस्य भज्जा भाज्या विकल्पाः । तद्यथा–असंयतसम्यग्दृष्टिर्ज्ञानदर्शनयोराराधको भवति नेतरयोः । मिथ्यादृष्टिरनशनादितपस्युद्यतोऽपि न चारित्रमाराधयति । कश्चित्पुनः ज्ञानादीनि चारित्रमपि संपादयति । ततो न ज्ञानादिमुखेनैकत्वमुक्तमाराधानाया इति भावः । एतच्च क्षायिकवीतरागसम्यक्त्वात्केवलज्ञानाच्चान्यत्र बोध्यम् ॥

हिंदी अर्थ–चारित्रकी आराधना करनेसे सर्व आराधनाओंकी आराधना होती है. परंतु दर्शनादि आराधनासे चारित्रकी आराधना होगी या नहीं भी होगी.

विशेषार्थ—एक, दोन, तीन, संख्यात, असंख्यात अनंत रूपसे श्री जिनेश्वरके मतमें वस्तुका वर्णन होता है. अतः वस्तुका अतिशय संक्षेप व विस्तार पूर्वक विवेचन जैन ग्रंथमें पाया जाता है. जिससे जीव हितको प्राप्त होते हैं अथवा अहितका निवारण करते हैं उसको आचार्य चारित्र कहते हैं. अथवा सज्जन जिसका आचरण करते हैं, सेवन करते हैं उसको चारित्र कहते हैं. इस चारित्रके सामायिक वगैरे भेद हैं. ऐसे चारित्रकी आराधनामें जब आत्मा तत्पर होता है तब इसमें तन्मयता होनेसे ज्ञान, दर्शन, तप ऐसी सर्व अर्थात् तीनों आराधनायें आराधी जाती हैं. अर्थात् इन तीनोंकी भी प्राप्ति होती है. यहां प्रकार व संपूर्णता ऐसे दो अर्थोंमें सर्व शब्दका प्रयोग किया है. जैसे ' सर्व्व मोदनं भुंक्ते ' अर्थात् "व्रीही वगैरे जितने शालीके भेद है उतने सर्व भेदसहित शालीका भात खाता है." इस

वाक्यमें सर्व शब्दका प्रकार ऐसा अर्थ है. इसी तरह यहांभी मोक्षोपायके प्रकार जो ज्ञान, दर्शन तप हैं वे यहां ' सव्वं ' इस शब्दसे संगृहीत होते हैं. एक चारित्राराधनामें सब आराधनाओंका अन्तर्भाव हो जाता है.

शंका—चारित्रको मुख्यता देकर ही क्यों आराधनाका एकत्व आप दर्शाते हैं ? अन्य आराधनाको मुख्यता देकर आराधनाकी एकता आपने क्यों नहीं दिखायी है ?

इस प्रश्नका उत्तर—इतर आराधना-ज्ञान, दर्शन तप इनमेंसे किसी एक आराधनाकी मुख्यता होने पर भी चारित्राराधना भाज्य ही है अर्थात् इतराराधना प्राप्त होगी परंतु चारित्राराधना प्राप्त होगी अथवा नहीं होगी, इसका खुलासा-असंयत सम्यग्दृष्टि ज्ञान और दर्शन ऐसी दोनों आराधनाओंका आराधक है. जब आराधकको सम्यग्दर्शन प्राप्त होता है तब उसके ज्ञानमें भी सम्यग्दर्शनके साथ सम्यक्पना प्राप्त होता है. अतएव वह सम्यग्दृष्टि दर्शन ज्ञानका आराधक है. मिथ्यादृष्टि जीव अनशनादि तपोंमें उद्युक्त होकर भी चारित्राराधक नहीं होता. कोई सम्यग्दृष्टि जीव व्रतसहित होनेसे ज्ञानादि तीन आराधनाओंका आराधक होता है चारित्रका भी. अतः चारित्राराधनाका इतर आराधनाओंमें अविनाभाव नहीं है. जहां चारित्राराधना है वहां चारोंही आराधनायें है ही परंतु जहां अन्य आराधनायें हैं वहां यह चारित्राराधना रहे या न रहे. अतः चारित्रकी मुख्यतासे आचार्यने सबका अन्तर्भावकरके एक चारित्राराधनाही कही है.

शंका—क्षायिकवीतराग सम्यक्त्वाराधना और क्षायिकज्ञानाराधना ऐसे दो आराधनाओंमें बाकीकी तप और चारित्राराधनायें निश्चयसे अन्तर्भूत होती हैं अतः शेष आराधनाकी प्राप्ति हुई तोभी चारित्राराधना भाज्य है ऐसा क्यों कहा है.

उत्तर—क्षायोपशमिक ज्ञान और दर्शनकी अपेक्षासे हमारा उपर्युक्त कथन समझना चाहिये. अर्थात् जहां जहां क्षायोपशमिक ज्ञान व दर्शन है वहां चारित्र होता ही है ऐसा नियम नहीं है. क्योंकि क्षायोपशमिक ज्ञान व दर्शन चतुर्थ गुणस्थानसे शुरू होते हैं. इस गुणस्थानमें अविरतिपरिणाम होनेसे चारित्राराधना नहीं है अतः आचार्यका कथन किस अपेक्षासे है यह ध्यानमें आया होगा.

प्रकृत गाथापर अन्य विद्वानोंका आगे लिखा हुवा व्याख्यान है—चारित्ताराधणाए " इस गाथामें चारित्र शब्दका अर्थ सच्चारित्र ऐसा समझना चाहिये. सम्यग्दर्शन युक्त व सम्यग्ज्ञान निरूपित ऐसा जो आचरण

क्रम उससे च्युत न होकर दृढ रहनेका जो प्रयत्न उसको चारित्र कहते हैं. अर्थात् आगममें जो धर्माचरणके क्रमका उल्लेख किया है उसके उपर श्रद्धा रखकर उसका स्वरूप समझ लेनेके अनंतर उस आचरणक्रमसे च्युत न होकर उसमें दृढ रहना यह सच्चारित्रका लक्षण है. ऐसे चारित्रकी आराधना करनेसे ज्ञान, दर्शन, तप इनकी आराधना अवश्य होती है. चारित्र सम्यग्ज्ञानका कार्य है. और ज्ञान भी सम्यग्दर्शनके प्रभावसे हितकारक होता है. कार्य हमेशा कारणसे अविनाभावी होता है. जो जो कार्य उत्पन्न होता है वह २ कारणपूर्वक ही होता है. कारणके विना होना ही नहीं है. चारित्र ज्ञान व दर्शनका कार्य है व सम्यग्दर्शन ज्ञानके साथ अविनाभावी है. उनके विना चारित्रकी उत्पत्ति होती ही नहीं. अतः चारित्राराधनामें सब आराधनाओंका प्रवेश हो जाता है." यहां आचार्य उनके व्याख्यानकी अयुक्तता दिखाते हैं.

आपने जो सच्चारित्रके कारण और लक्षण बताये हैं उनकी यहां आवश्यकता नहीं है. इस गाथामें तो फक्त चारित्र की प्रतिज्ञा ही अर्थात् नामोल्लेख ही किया है. इस प्रतिज्ञाका स्पष्टीकरण और उसके कारणोंका उल्लेख ग्रंथकारने आगेकी दोन गाथाओंमें स्वयं किया है अतः उन स्थलोंमें व्याख्याकारको कारणोंका विवेचन करनेका अवसर है. ऐसा ही व्याख्याक्रम शास्त्रमें सुना जाता है. 'कादव्वमिणमकादव्वयत्ति णादूण होदि परिहारो' इस गाथामें चारित्रका लक्षण आचार्य कहेंगे. परंतु आपने उत्तर सूत्रानुष्ठान इस व्याख्यानमें किया है. इस गाथासूत्रमें चारित्राराधनाकी मुख्यतासे एक ही आराधना है यह प्रतिपाद्य विषय है. इसलिये उत्तरगाथा का विषय यहां प्रतिपादन करनेका अवसर कैसा है ? इतर आराधनाका अन्तर्भाव अपनेमें करनेवाली चारित्राराधनाका निरूपण करते समय चारित्रके स्वरूपका वर्णन करनेके लिये उत्तर गाथा है अतः यह हमारा विवेचन ठीक है ऐसा भी आप नहीं कह सकते. अन्यथा ज्ञानाराधनाको अपनेमें प्रविष्ट करनेवाली दर्शनाराधना है अतः सम्यग्दर्शन का स्वरूप वर्णन सूत्रकारने क्यों नहीं किया ? यदि कहोगे जैसा उन्होंने चाहा वैसा वर्णन किया है तो यह उत्तर योग्य नहीं है. क्योंकि न्यायका अनुसरण करनेवाले शास्त्रकारकी न्यायविरुद्ध इच्छा रहना ठीक नहीं है. अतः इतने विवेचनसे यह सिद्ध होता है कि आचार्य का उद्देश इतर आराधनाओंका चारित्राराधनामें अन्तर्भाव करना यही है. चारित्रका व सम्यग्दर्शनका लक्षण लिखनेका उनका उद्देश नहीं था.

कथं चारित्राराधनायां कथितायां इतरासां प्रतिपत्तिरविनाभावात् तावज्ज्ञानदर्शनाराधनयोरन्तर्भाव इत्युत्तरगाथायाः पूर्वार्द्धेन कथयति—

कायव्वमिणमकायव्वयत्ति णादूण होइ परिहारो ॥
तं चेव हवइ णाणं तं चेव य होइ सम्मत्तं ॥ ९ ॥

कायव्वं कर्तव्यं । इणं इदं । अकायव्वयत्ति अकर्तव्यमिति । णादूण ज्ञात्वा । हवदि भवति । परिहारो परिवर्जनं चारित्रमिति शेषः । कर्तव्याकर्तव्यपरिज्ञानं पूर्वं तदुत्तरकालं अकर्तव्यपरिहरणं यत्तच्च चारित्रमिति सूत्रार्थः ॥ ननु परिहार इत्यत्र परिहारो वर्जनार्थः । तथा हि-परिहरति सर्पमित्यत्र सर्पं वर्जयतीति गम्यते । ततश्च यद्वर्जनीयं तत्परिज्ञानमेव वर्जनमुपयुज्यते तत एवं यत्कर्तव्यं-अकादव्वमिति णादूण हवदि परिहारो इति, कादव्वमित्येतत्किमर्थमुपन्यस्तं ? कर्तव्यपरिज्ञानं करणे एवोपयुज्यते इति ॥ अत्र प्रतिविधीयते—कादव्वमिणंति णादूण हवदि परिहारो इति पदघटनैका, अकादव्वमिणंति णादूण हवदि परिहारो इत्यपरा॥तत्राद्यायां पदघटनायां परिशब्दः समंताद्भावद्योतिः। यथा परिधावतीत्यत्र हि समंताद्धावतीति गम्यते । हरतिरुपादानवचनः । तथाहि प्रयोगः-कपिलिकां हरति-कपिलिकामुपादत्ते इति यावत् । मनसा, वचसा, कायेन कर्तव्यस्य च संवरहेतोरुपादानं गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयानां उपादानं चारित्रमिति वाक्यार्थः । आस्रवबंधहेतवो ये परिणामास्ते न कर्तव्याः, न निर्वर्त्यास्तेषां परिहरणं परिवर्जनं चारित्रमिति संबंधनीयम् । परिहार्थं एव परिज्ञानमंतरेणापि तत्परिहारो दृश्यते । यथा शून्यज्ञानाध्यासितं देशं परिहरति कश्चित्तत्र तेषां अवस्थानं अप्रतिपद्यमानोऽपि मार्गान्तरगामी, एवमज्ञात्वापि परिहार्यं परिहरेदिति विनाभावितेति चेदयमभिप्रायः सूरेः-सामान्यशब्दा अपि विशेषप्रवृत्तयो दृश्यंते । तथा हि—गोशब्दो गोत्वसामान्याभिधायी प्रवृत्तो गौर्नेहंतव्या, गौस्तदा न स्प्रष्टव्या इत्यादौ विशेषमप्यभिधेयीकरोति ॥

महति गोमंडले गोपालकमासन्नमेत्य कश्चित्पृच्छति गौर्दृष्टा भवतेति । अत्र वाक्ये गोशब्दस्तदभिप्रेताकांक्षी स्यस्तिमतीं वा प्रत्याययति । एवमत्र परिहारशब्दः परिवर्जनसामान्यगोचरोऽपि नियतानेकपरिहार्यविषये परिहरणे प्रयुक्तः । न च नियोगभाव्यनेकपरिहार्यविषयं परिहरणं असकृद्वृत्तिपरिज्ञानं विना युज्यते । इति मिथ्यादर्शनं, असंयमाः, कषायाः, अशुभाश्च योगाः प्रत्येकमनेकविकल्पाः सततं परिहरणीयाः । तत्कथं परिहरेदज्ञः । ननु ज्ञानचारित्रयोरविनाभाविता द्योत्या । ' णादूण होदि परिहारो ' इत्यनेन श्रद्धानाविनाभावितेत्याशंकायामाह—तं चेव हवइ इत्यादिकं । तं चेव तदेव चैतन्यं । हवइ भवति, णाणं ज्ञानं । तं चेव य तदेव च हवइ भवति, सम्मत्तं तत्त्वश्रद्धानं चेति चैतन्यद्रव्यार्थाव्यतिरेकात् ज्ञानदर्शनयोरेकता ख्याता । ततो ज्ञानाविनाभाविता कथनेन श्रद्धानस्यापि कथितैव भवति । चारित्रमेव ज्ञानदर्शने इति कल्पनायां ' णादूण हवइ परिहारो ' इति पूर्वं ज्ञानं पश्चात्परिहार इति । अत्र भेदोपन्यासः सूत्रकारस्य अघटमानः स्यात् । तं चेवेति नपुंसकलिंगनिर्देशश्च न स्यात् ।

सो चेव हवइ णाणं इति वक्तव्यं भवति परिहारशब्दस्य पुल्लिंगत्वात् । अथवा कर्तव्याकर्तव्यपरिज्ञाने सत्यकर्तव्यानां मिथ्यादर्शनं, ज्ञानं, असंयमः, कषाया, योग इत्यमीषां परिहारश्चारित्रमित्येतस्मिन्नर्थे परिगृहीते 'तं चेव परिहरणं' सामान्यं चारित्रं, ज्ञानं दर्शनं इत्येकमेवेति । चारित्राराधनायामेव भेदवादिनोऽभिमतस्याराधनाप्रकारस्यान्तर्लीनतया चारित्राराधनैकेवेति सूत्रार्थः ॥

चारित्राराधनायां ज्ञानदर्शनयोरन्तर्भावं तावद्दर्शयति—

कायव्वमित्यादि । अत्र द्वे पदघटने । तत्रैका । इणं गुप्त्यादिकं । कायव्वं कर्तव्यं संवरकारणत्वात् इति णादूण ज्ञात्वा विनिश्चित्य श्रद्दधानस्य । परि समन्तान्मनोवाक्कायैर्हारो हरणमुपादानं कर्तव्यस्य गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षा परीषहजयरूपस्य भवति ॥ कंबलिका हरतीत्यादिवत् अत्र हरतिरुपादानार्थः । द्वितीया त्वियं । इदं मिथ्यादर्शनादिकं अकर्तव्यं आत्मबंधनिबंधनत्वात् । इति निश्चित्य रोचमानस्य परिहारः परिवर्जनं अकर्तव्यस्य मिथ्यादर्शनमिथ्याज्ञानासंयमप्रमादकषायाशुभयोगलक्षणस्य भवति । अत्र इणमिति उभयत्र काकाक्षिगोलकन्यायेन संबंधनीयं । अकायव्व गतीत्यत्र कृत्सार्या पादपूरणे वा कः । णादूणेत्यत्र परकालैककर्तृकादिति क्त्वान्तसामर्थ्यालब्धं श्रद्धानस्येति संबंधनीयं । तत्र कर्तव्योपादानमकर्तव्यपरिवर्जनं चोभयमेव चारित्रं । तं चेवेत्यादि । तदेव ज्ञानदर्शनोपहितहिंसादिनिवृत्तिपरिहारपरिणतं चैतन्यमेव द्रव्यार्थाव्यतिरेकान्न ज्ञानं दर्शनं च भवतीत्यविनाभावश्चारित्रस्य ज्ञानदर्शनाभ्यामिति चारित्रेऽन्तर्भावस्तयोः ॥

चारित्राराधनाके कथनसे इतर आराधनाओंका ज्ञान कैसा हो जाता है इसका उत्तर अविनाभाव ही देगा. अर्थात् अविनाभाव होनेसे शेष आराधनाओंका चारित्रमें अन्तर्भाव हो जाता है. अब ज्ञान और दर्शनका अन्तर्भाव आगेकी गाथा के पूर्वार्द्धसे दिखाते है.

हिंदी अर्थ—यह करने योग्य कार्य है ऐसा ज्ञान होनेके अनन्तर अकर्तव्य का त्याग करना यह चारित्र है ऐसा इस सूत्रका अर्थ है.

शंका—गाथामें परिहार शब्द है उसका त्याग करना, छोडना ऐसा अर्थ होता है. जैसे 'परिहरति सर्पं' इस वाक्यमें सर्पका परिहार करता है, उससे दूर होता है. ऐसा परिहरति धातूका अर्थ है. अतः जो पदार्थ वर्जन

करने योग्य है उसका ज्ञान होना ही वर्जनके लिये उपयुक्त है. अतः यहां ऐसा समझना चाहिये कि जो अकार्य है उसको समझकर छोड देना यह ही चारित्र है. करने योग्य क्या है उसको जाननेकी कुछ जरूरत नहीं है. अतः ' कादव्वमिदि णादूण हवदि परिहारो ' ऐसा आचार्यका लिखना व्यर्थ है.

उत्तर—इस गाथाका पदसंबंध ऐसा समझना ' कायव्वमिणत्ति णादूण हवदि परिहारो ' ऐसा प्रथमतः पद संबंध समझना चाहिये. ' अकादव्वमिणत्ति णादूण हवदि परिहारो, ऐसा दूसरी वार पदसंबंध करना चाहिये.

पहिले पदसंबंधका विवेचन—परिहार इस शब्दका अर्थ ऐसा समझना. परि—चारों तरफ. जैसे ' परि धावति ' यहां समंतात् चारो तरफ, धावति दौडता है. ऐसा अर्थ होता है. उसी तरह परिहार शब्दमें परि इस उपसर्गका चारो तरफ ऐसा अर्थ होता है. हृधातुका अर्थ इस प्रकरणमें ग्रहण करना ऐसा है. अर्थात् सर्व तरफसे ग्रहण करना ऐसा परिहार शब्दका अर्थ यहां समझना. जैसे ' परिहरति कंबलिकां ' अर्थात् कंबलको ग्रहण करता है. उसी तरह संवरको उत्पन्न करनेवाले गुप्ति, समिति, धर्म, अनुप्रेक्षा, परीषहजय ऐसे कर्तव्यको—करने योग्य कार्यको परिहरति सर्व तरफसे अर्थात् मन, वचन, कायसे ग्रहण करना यह चारित्र है ऐसा प्रथम पदसंबंधका अर्थ है. आस्रव और बंधके कारण ऐसे कार्य अर्थात् आत्माके परिणाम कर्तव्य नहीं है उनका परिहार—त्याग करना चाहिये. अर्थात् यहां ऐसे अयोग्य कर्तव्यका त्याग करना चारित्र कहलाता है. जो पदार्थ त्याज्य है उसका ज्ञान न होने पर भी त्याग हो जाता है. जैसे कोई मनुष्य शत्रुजन जहां रहते हैं ऐसे देशका त्याग करता है. अर्थात् शत्रुका वहां अस्तित्व न जानता हुवा भी शत्रुप्रदेशका त्याग कर अन्य मार्गसे चला जाता है. वैसे यहां भी त्याज्य पदार्थका ज्ञान नहीं हो तो भी उसका त्याग करना चाहिये.

शंका—त्याज्य पदार्थको त्याज्य समझकर त्याग होता है ऐसा अविनाभाव यहां नहीं रहा. क्योंकि उसका स्वरूप समझे विना भी त्याग होता है.

उत्तर—आचार्यका यह अभिप्राय है—सामान्य शब्द की भी विशेषमें प्रवृत्ति होती है जैसे ' गौर्न हन्तव्या ' गौर्न स्प्रष्टव्या, इस वाक्यमें गोवध नहीं करना चाहिये. गायको स्पर्श नहीं करना चाहिये इन वाक्योंमें गोशब्द सामान्य है. परंतु विशेष अर्थमें भी इसकी प्रवृत्ति होती है. यथा गाईयोंके समूहमें ग्वाला बैठा था उसके पास जाकर कोई मनुष्य ' मेरी गौ तूने देखी है क्या? ऐसा पूछने लगा. इस वाक्यमें गोशब्द विशिष्ट गायका वाचक

है ऐसा मानना पडेगा. इसी तरह प्रकृत प्रकरणमें परिहार शब्द त्यागसामान्य को विषय करता हुवा भी नियत-निश्चित ऐसे त्याज्य विषयके त्यागमें प्रयुक्त समझना चाहिये. नियत ऐसे अनेक त्याज्य विषयोंका त्याग उनका बारंबार ज्ञान हुए बिना अशक्य है. अतः त्याज्य पदार्थोंके मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान, असंयम, कषाय, अशुभयोग ऐसे अनेक भेद हैं. तथा इनके भी अनेक विकल्प हैं. उनका सतत त्याग करना चाहिये. परंतु अज्ञको इसके भेद प्रभेद ज्ञात न होनेसे वह उनका कैसा त्याग करेगा ?

शंका—ज्ञानचारित्रका अविनाभाव है यह ' णादूण होदि परिहारो ' इस वाक्यसे अनुभवमें आता है अर्थात् पदार्थका ज्ञान होनेके अनन्तर चारित्र होता है. परंतु श्रद्धानका चारित्रके साथ अविनाभाव नहीं है.

उत्तर—जो ज्ञान अथवा जो दर्शन है वे दोनों भी चैतन्यरूप होनेसे अविनाभाव युक्त ही है. अर्थात् चैतन्यही ज्ञान है और चैतन्यही दर्शन है. द्रव्यार्थिक नयसे ज्ञान और दर्शनमें चेतनारूपता होनेसे एकरूपता-अभिन्नपना है. अतः जैसा चारित्रका ज्ञानसे अविनाभाव है वैसा सम्यग्दर्शनके साथ भी है. क्योंकि सम्यग्दर्शन ज्ञानसे अभिन्न है. चारित्र ही ज्ञान और दर्शन है ऐसी कल्पना करनेसे पूर्वमें ज्ञान नंतर चारित्र होता है अर्थात् प्रथम वस्तुका स्वरूप वह हेय है या ग्राह्य है इसका निर्णय होता है तदनंतर ग्राह्यका स्वीकार व त्याज्यका त्याग एतत्स्वरूपी चारित्र होता है. ऐसी जो सूत्रकारकी भेद कल्पना उपर प्रदर्शित की है वह, चारित्र ही ज्ञान दर्शनमय है ऐसी कल्पनाके आगे कैसी टिकेगी, यहा विरुद्धता दोष उत्पन्न होगा तथा 'तं चेव' ऐसा जो नपुंसकलिंग शब्द है वह योग्य न होगा. कारण परिहार शब्दके साथ उसका संबंध आनेसे 'सो चेव हवइ णाणं' ऐसा कहना पडेगा. क्योंकि परिहार शब्द पुल्लिंगी है. अथवा कर्तव्य क्या चीज है, अकर्तव्य कोनसी वस्तु है इसका जब ज्ञान हो जाता है तब अकर्तव्य—मिथ्यादर्शन, ज्ञान, असंयम, कषाय, और योग इनका परित्याग होना उसको चारित्र कहते हैं ऐसा माननेसे जो परिहरण सामान्य चारित्र है वही ज्ञान, चारित्र एक ही है अतः चारित्राराधनामें ही भेद वादीको अभिमत—मान्य ऐसा जो आराधनाका प्रकार है वह अन्तर्लीन हो जाता है. इस वास्ते चारित्राराधना एक ही है ऐसा सूत्रार्थ समझना चाहिये.

चारित्राराधनायामंतर्भावो ज्ञानदर्शनाराधनयोरेव निगदितो न तपस आराधनाया इत्यत आह—

चरणम्मि तम्मि जो उज्जमो य आउंजणा य जो होई ॥
सो चेव जिणेहिं तवो भणिदो असढं चरंतस्स ॥ १० ॥

विजयोदया—चरणम्मि चारित्रे । तस्मि एतस्मिन् । अकर्तव्यपरिहरणे । जो य उज्जमो उद्योगः । आउंजणा य उपयोगश्च । जिणेहिं तवो होदिति भणिदो इति पदघटना । चरणोद्योगोपयोगावेव तपो भवतीति जिनैः कृतकर्मारिपराजयैरुक्तमिति यावत् । कृतसुखपरिहारो हि चारित्रे प्रयतते न सुखासक्तचित्तस्ततश्च बाह्यानि तपांसि चारित्रप्रारंभं प्रति परिकरता उपयान्तीति । तथा च वक्ष्यति ' बाहिरतवेण होदि खु सव्वा सुहसीलदा परिचत्ता ' इति । तथा स्वाध्यायरुतभावना पंचविधा तत्र वर्तमानश्चारित्रे परिणतो भवति । तथा च वक्ष्यति ' सुदभावणाए णाणं दंसणतवसंजमं च परिणमदि ' त्ति परिणाम एव उपयोगः । ' कृतातिचारजुगुप्सापुरःसरं वचनमालोचनेति ' अकर्तव्यपरिहरणोपयोगः कथं न चारित्रं ? कृतातिचारस्य यतेस्तदतिचारपराङ्मुखतो योगत्रयेण हा दुष्टं कृतं चिंतितमनुमतं चेति परिणामः प्रतिक्रमणम् । उभयं चरणोपयोगः । एषमतिचारनिमित्तद्रव्यक्षेत्रादिकान्मनसा अपगतिस्तत्र अनादृतिर्विवेकः । इति उपयोगता विवेकश्च । दुस्त्यजशरीरममत्वनिवृत्तिर्ममेदं शरीरं न भवति नाहमस्येति भावना सा च परिग्रहपरित्यागोपयोग एवेति चारित्रं । तपसोऽनशनादेश्चारित्रपरिकरतोक्तैव । सातिचारं चारित्रमचारित्रमेवेति दुष्टया निश्चित्यात्मनो न्यूनतापादनं, क्रियास्वभ्युत्थानादिकासु असंयमपरिहारेण वृत्तेश्चारित्रपरिकरः । पुनः प्रव्रज्यादानमपि चारित्रोपयोग एवेति । विनयस्तु पंचप्रकारः ज्ञानदर्शनविनयो ज्ञानदर्शनपरिकरतया तदुपयोगरूपतया च ज्ञानदर्शनाभ्यामभेदाच्चारित्रे चारित्राराधनांतर्भावः ।

इंद्रियविषयस्य रागद्वेषयोः कषायाणां च परित्यागः, अयोग्यवाक्कायक्रियायास्त्यागः, ईर्यादिषु निरवद्या च वृत्तिश्चारित्रोपयोग एवेति चारित्रविनयस्यान्तर्भावः । तपोऽधिके तपसि च भक्तिः, अनासादना च परेषां तपोविनयः, तं विना श्रुतपसोऽभावात् तपसः परिकरता । अस्य परिकरं हि तपश्चारित्रस्य परिकरः । उपयोगो वा नान्यथास्थिता मन्यते । असढं चरतः स्याच्छाठ्यमंतरेण वर्तमानस्य भवेत्तथा चतुर्विधा, द्विविधा, एकविधा वा आराधना स्यात् कस्माच्च निरूप्यते ॥ पुरुषो हि प्रेक्षापूर्वकारी प्रयोजनायत्तचेष्टः इति प्रयोजने सत्साधनाय प्रयतते नान्यथा, तत्कथमियमाराधना व्याख्या प्रयोजिता श्रवणस्येत्याशंकायां, निर्वाणसुखस्याव्याबाधात्मकस्य पुरुषार्थस्योपायत्वप्रदर्शनेन आराधनाव्याख्या तदर्थिनामुपयोगिनी इत्येतत्प्रतिपादनायोत्तरप्रबंधः । अथवा व्याख्यातविकल्पा या आराधना तस्यां चेष्टा कर्तव्येत्येतदाख्यानायोत्तरसूत्राणि, तथा चोपसंहारः ' कादव्वा खु तदत्थं आदहिदग येसिणा चेट्ठा ' इति ॥

चारित्रे तपसोऽन्तर्भावो भाव्यते ।

मूलारा—उज्जमो उद्यमः । आउंजणा उपयोगः अनुष्ठानमित्यर्थः । सो चेव आर्षे प्राकृते वचनादिव्यत्ययस्य बहुलं दर्शनात् । सो इत्यनेन उद्यमायोजने परामृश्येते । तेन ते एव चरणोद्योगोपयोगावेवेत्यर्थः । असढं अशाठ्यं । चरंतस्स प्रवर्तमानस्य मायाहीनमनुष्ठानं कुर्वतः इत्यर्थः । व्यक्तसुख एव हि चारित्रे प्रयतते इति । तदुद्यमस्तावद्बाह्यं तपो भवति तदारंभे परिकरत्वात् । चारित्रपरिणामोऽन्तरंगं तपो भवति । प्रायश्चित्तादीनां दुष्कृतिनिराकृतिपरत्वेन तदव्यतिरेकात् । आर्या—

त्यक्तसुखोऽनशनादिभिरुत्सहते धृत्या इत्यं क्षिपति ॥
प्रायश्चित्तादीत्यपि चरणेन्तर्भवति तप उभयम् ॥

वृत्तं वा—

कृतसुखपरिहारो बाह्यते यच्चरित्रे
न सुखनिरतचित्तस्तेन बाह्यं तपः स्यात् ॥
परिकर इह वृत्तोपक्रमेणात्र पापं
क्षिपत इति तदेवेत्यस्ति बूते तपोऽन्तः ॥

चारित्राराधनामें ज्ञान और दर्शनका ही अन्तर्भाव आपने दिखाया है तपका नहीं दिखाया इस शंकाका उत्तर आचार्य आगे की गाथामें देते हैं—

अर्थ—चारित्रमें जो उद्योग और उपयोग किया जाता है जिनेंद्र भगवान् उसकोही तप कहते हैं. यह तप आराधना जिसने मायाका त्याग किया है उसको होती है. अर्थात् माया-कपटाचरणका त्याग कर चारित्रमें उद्योग करना तथा उसमें उपयोग लगाना यही तप है. ऐसा इस गाथाका भावार्थ है.

विशेषार्थ—अकर्तव्य अर्थात् मिथ्यात्वादिकका त्याग करनेमें जो प्रयत्न करना उसको यहां उद्योग कहते है. जिसने सुखासक्तिको छोडा है वह ही चारित्रमें प्रयत्न करता है. ऐसे प्रयत्नशील मुनिराजको बाह्य तप चारित्र-प्रारंभ करनेके लिये सहायप्रदान करता है. अर्थात् अनशनादि बाह्य तप चारित्रका सहकारी परिकर है. इस बाह्य तपके पालनेसे मुनिवर्यकी सब प्रकारकी सुखासक्ति नष्ट होती है. यही अभिप्राय " बाहिरतवेण होदि खु सव्वा

सुहसीलदा परिक्खा " इस गाथाके प्ररूपणमें आचार्य महाशय आगे कहेंगे. स्वाध्याय और श्रुतभावनाके जो पांच भेद है उसमें जो हमेशा परिणति करता है वह चारित्रमें परिणत हो जाता है. श्रुतभावनाके प्रभावसे आत्माका ज्ञान, दर्शन, तप और संयम ये पक्वावस्थाको प्राप्त कर लेते हैं. "सुदभावणाए णाणं दंसण तव संजमं च परिणमदि" इस गाथामें श्रुतभावनाकी महत्ता आचार्य आगे कहेंगे. ज्ञान, दर्शन, तप आदिमें परिणति होनाही उपयोग है. चारित्राचरण करते समय जो अतिचार होते है उसकी पश्चात्तापपूर्वक निंदा करना यह आलोचना है. आलोचनामें अकर्तव्योंका परिहार करनेमें आत्माका उपयोग लगता है अतएव ऐसे उपयोगको चारित्र कहना अयोग्य नहीं है. जब मुनिको चारित्र पालते समय दोष लगते हैं तब मन वचन योगसे मैंने हा ! दुष्ट कार्य किया कराया व करने वालोंको अनुमोदन दिया यह अयोग्य किया ऐसा उनके आत्माका परिणाम हो जाता है. और उस समय वे अतिचारोंसे पराङ्मुख होते हैं अतः ऐसे आत्मपरिणामोंको प्रतिक्रमण कहते हैं. आलोचना और प्रतिक्रमण इन दोनोंके मेलको उभय कहते हैं. अतिचारको कारणीभूत ऐसे द्रव्य, क्षेत्र और कालादिकसे मनसे पृथक् रहना अर्थात् दोषोत्पादक द्रव्यादिकोंका मनसे अनादर करना यह विवेक है. यह भी आत्माका परिणामही है. जिसका त्याग करना कठिन है ऐसे शरीरसे ममत्व दूर करना अर्थात् यह शरीर मेरा नहीं है और न मैं शरीरका स्वामी हूं ऐसी जो भावना उसको व्युत्सर्ग कहते हैं. अर्थात् परिग्रहत्यागके प्रति जो उपयोग है उसको व्युत्सर्ग कहते हैं. यह प्रतिक्रमणादिरूप परिणाम चारित्ररूप है. अनशनादिक तप चारित्रके परिकर हैं ऐसा उपर कहा है. अतिचारसहित चारित्र अचारित्र है ऐसा बुद्धीसे निश्चित कर आत्मामें चारित्रकी वृद्धि करना, वंदना करना, खडे होना इत्यादि क्रियाओंमें असंयमका परिहार करके प्रवृत्त होना यह सब चारित्रका परिकर है. मुनिव्रत लेना अर्थात् दीक्षा धारण करना यह भी चारित्रोपयोग है. विनयके पांच प्रकार हैं. ज्ञान विनय और दर्शन विनय ये ज्ञान व दर्शनके सहायक हैं. और उनके प्रति उपयोगरूप होनेसे ज्ञान और दर्शनसे ये अभिन्न हैं. पांचो इंद्रियोंके स्पर्श रसादिक विषयोंका त्याग तथा रागद्वेषका और कषायोंका त्याग इनका चारित्राराधनामें अंतर्भाव होता है. अयोग्य वचन और शरीरकी अयोग्य चेष्टाओंका त्याग करना. जाना, बोलना, आहार लेना पदार्थोंका ग्रहण करना इत्यादि कार्योंमें पापरहित प्रवृत्ति करना ये सब चारित्रोपयोग हैं. अतः इस चारित्र विनयका चारित्रमें अंतर्भाव होता है. जो तपसे श्रेष्ठ हैं ऐसे मुनिओंमें तथा तपश्चर्यामें आदर रखना, किसीकी

अवहेलना न करना यह सब तपोविनय है. इसके बिना तपश्चरणमें श्रेष्ठता नहीं आती है. अतः यह तप आराधनाका परिकर है. तथा यह तप आराधना चारित्राराधनाका परिकर है. कपटका त्याग करके जो तप किया जाता है वही तप आराधना है.

इस प्रकार चार प्रकारकी, दोन प्रकारकी, एक प्रकारकी आराधना कही है. ये आराधनाके भेद अथवा समग्र आराधना कारण के बिना कहना योग्य नहीं है. क्योंकि पुरुष बुद्धिसे विचार कर कार्य करता है तथा उसका प्रयोजन किसी कार्य करनेसे सिद्ध होता दीखेगा तो वह उसको करनेके लिये प्रयत्न करता है. अथवा प्रयोजन सिद्धीके लिये उसके साधनोंका संग्रह प्रयत्नसे करता है. प्रयोजन सिद्ध होनेकी संभावना नहीं दीखनेपर वह कार्य करनेसे हट जाता है. अतः यह आराधना पुरुषको श्रवण कार्यमें कैसी उद्युक्त करेगी ? ऐसे प्रश्नका उत्तर आचार्य देते हैं—

किसी प्रकारकी बाधा जिसमें नहीं है ऐसा मोक्षका सुख प्राप्त कर लेना यह आत्माका इष्ट प्रयोजन है. उसके सिद्धिका उपाय यह आराधना ही है. अतः इस आराधनाका विवेचन निर्वाणसुखेच्छु भव्योंका अवश्य उपयोगी होगा. ऐसा उद्देश मनमें धारण कर आचार्य आगेका प्रबंध कहते हैं. अथवा चार, दोन, एक ऐसे भेद जिसके ग्रंथकारने बताये है ऐसे इस आराधनामें मोक्षसुखेच्छु भव्योंको प्रवृत्ति करना योग्य है. इसके निरूपणके लिये यह उत्तर प्रबंध है. इसवास्ते आत्महितका अन्वेषण-शोध करनेवाले भव्यात्माका मुक्तिसुखके लिये इसमें प्रवृत्ति करना अवश्य कार्य है इसलिये ग्रंथकारने " कादव्वा खु तदत्थं आदहिदगवेसिणा चेट्ठा " ऐसा उपसंहार किया है. ज्ञान, दर्शन और चारित्र इन तीनोंमें कौन मुख्य है ऐसा प्रश्न किया जाने पर आचार्य चारित्र की मुख्यता दिखानेके लिये उत्तर गाथा कहते है ऐसा कितनेक विद्वान कहते हैं परंतु यह उनका कहना अयोग्य है.

अन्येऽत्र व्याचक्षते ज्ञानदर्शनचारित्रेषु किं प्रधानमिति चोद्ये चारित्रप्राधान्यख्यापनायोत्तरसूत्रमिति तदयुक्तम् ।

णाणस्स दंसणस्स य सारो चरणं हवे जहाखादं ॥
चरणस्स तस्स सारो णिव्वाणमणुत्तरं भणियं ॥ ११ ॥

विजयोदया—' णाणस्स दंसणस्स य सारो चरणं जहाखादं ' इत्युक्ते ज्ञानदर्शनाभ्यां प्रधानं चारित्रं इति प्रतीतेरनुपपत्तेः । त्रयाणामपि कर्मापायनिमित्तत्वात्ति वा न वा ? यदि नास्तीत्युच्यते सूत्रविरोधः ' सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः ' इति सूत्रमवस्थितम् । अथोपायतास्ति ? परार्थतया गुणत्वं त्रयाणामिति का प्रधानता चारित्रस्य ? ज्ञानदर्शने चारित्रार्थे चारित्रं तु न तदर्थमिति वक्तुं अयुक्तम् । ज्ञानदर्शनयोः साध्यत्वात्तदुपायतया चारित्रस्य चारित्रं तदर्थमिति तस्य किमित्यप्रधानता न भवति ? न हि चारित्रमंतरेण क्षायिकं ज्ञानं, क्षायिकं वीतरागसम्यक्त्वं चोपजायते । तस्मात्पूर्वोक्त एव उत्तरप्रबंधक्रमः । इदं सूत्रं यथाख्यातचारित्रस्वरूपं तत्फलं च वक्तुं आयातम् । ' णाणस्स दंसणस्स य सारो ' सारशब्दोऽत्रातिशयितगुणवचनः । तथा प्रयोगः—

पढमंचिय विगलियमच्छरेण सुयणेण गहियसारम्मि ।
दोसं मोत्तूण खलो णेहुड कव्वम्मि किं अण्णं ॥

प्रथममेव साधुजनेन विगलितमात्सर्येण गृहीतेऽतिशयितगुणे काव्ये दोषं मुक्त्वा खलः किमन्यद्गृह्णाति इति गाथार्थः ॥

ज्ञानदर्शनयोरतिशयितरूपं किं तन्मोहनीयजन्यकलंकरहितं, चरणं चारित्रं । हवे भवेत् । जहाखादं यथाख्यातं । तथा चोक्तं—

" चारित्तं खलु धम्मो धम्मो जो सो समोत्ति णिद्दिट्ठो ॥
मोहक्खोहविहूणो परिणामो अप्पणो य समो ॥ "

इति ॥ "मोहो द्विविधो दर्शनमोहश्चारित्रमोहश्च । तत्र दर्शनमोहजन्यं अश्रद्धानं शंकाकांक्षाविचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवरूपं । चारित्रमोहजन्यौ रागद्वेषौ तदनुन्मिश्रे ज्ञानं दर्शनं च यथाख्यातचारित्रमित्युच्यते " इति सूत्रार्थः । चरणस्स चारित्रस्य, तस्स तस्य, यथाख्याताख्यस्य । सारो अतिशयितं फलं साध्यसाधनलक्षणसंबंधनिमित्ता इयं षष्ठी तेन साध्यफलं लब्धं, सारशब्दस्तु तस्यातिशयमाचष्टे।ततोऽयमर्थो जातः यथाख्यातचारित्रस्य फलमतिशयितमिति। किं तत् निव्वाणं निर्वाणं विनाशः, तथा प्रयोगः—निर्वाणः प्रदीपो नष्ट इति यावत् । विनाशसामान्यमुपादाय वर्तमानोऽपि निर्वाणशब्दः चरणशब्दस्य निर्जातकर्मशातनसामर्थ्याभिधायिनः प्रयोगात्कर्मविनाशगोचरो भवति । स च कर्मणां विनाशो द्विप्रकारः, कतिपयकर्मप्रलयः सकलप्रलयश्च । तत्र द्वितीयपरिग्रहमाचष्टे—अणुत्तरमिति न विद्यतेऽन्यदुत्तरमधिकं अस्मादित्यनुत्तरं । भणिदं उक्तं पद्यपद इति शेषः । अथवा ज्ञानाज्ञानयोः फले दुःखहेतुक्रियापरिहारः यस्तयोः फलं तत्र सन्निहितो हेतुस्तत्चारित्राराधनायां इतरेतरान्तर्भाव इत्यायातम्[2]। इदं सूत्रं ' णाणस्स दंसणस्स य सारो चरणं हवे जधाखादं ' इति ॥ पापक्रियादुःखहेतु तत्परिहारश्च असति ज्ञाने अज्ञाने वा न संभवति, क्वचिन्मनसो रंजनं अप्रीतिर्वा पापक्रियाभिनवकर्मसंवरणं चिरंतननिरासं च विदधाति चरणमतो युक्तमुच्यते ' चरणस्स तस्स सारो णिव्वाणमणुत्तरं ' इति ।

---

१ खपुस्तके यदत्र च फलमिति पाठः । २ खपुस्तके इतरान्तर्भाव इति ।

-तदिकल्पाना तत्फलायाः [illegible] फलमिति दर्शयितुं तत्फलत्वात्तत्र स्वहितैषिणा चेष्टितव्यमिति च वक्तुं गाथात्रयं सूत्रयंस्तत्रादौ तत्साधकतमत्वाद्यथाख्यातचारित्रस्य स्वरूपं फलं च वक्तुमिदमाह—

मूलारा—सारोऽतिशयितं रूपं । रागद्वेषरहिते ज्ञानदर्शने एव यथाख्यातं नाम यथोक्तमार्गमे वा चारित्रं भवति इत्यर्थः । सारो अतिशयितं फलं तस्येत्यत्र साध्यसाधनसंबंधे षष्ठीविधानात् । णिव्वाणं विनाशोऽर्थात्कर्मणा मेव । अणुत्तरं न विद्यते अन्यदुत्तरमधिकमस्मादित्यनुत्तरं । यथाख्यातचारित्रस्य परममुक्तिः फलमित्यर्थः ।

अर्थ—रागद्वेष रहित ऐसे ज्ञान व दर्शन ही यथाख्यात चारित्र है. ऐसा आगममें कहा है. अर्थात् यथाख्यात चारित्र यह रागद्वेष रहित ऐसे ज्ञान दर्शनका उत्कृष्ट सार है. इस यथाख्यात चारित्रका फल निर्वाण मोक्ष है. सर्व कर्म आत्मासे हट जानाही मोक्ष है. यह चारित्रका सर्वोत्कृष्ट फल है. ऐसा इस गाथाका संक्षेपार्थ है.

विशेषार्थ—' ज्ञान और दर्शनका सार फल यथाख्यात चारित्र है ' इस वाक्यसे ज्ञान और दर्शनसे यथाख्यात चारित्र श्रेष्ठ है एसा अर्थ कोई विद्वान मानते हैं परंतु यह मानना असंगत हैं. हम उनको पूछते है कि ज्ञान, दर्शन और चारित्र तीनोंको कर्मका नाश करनेमें निमित्तता हैं या नहीं ? यदि ये तीनो भी निमित्त नहीं है ऐसा कहोगे तो " सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः " इस सूत्रके साथ विरोध आवेगा. क्योंकि यह सूत्र ज्ञानादिकोंको कर्मनाश करनेमें निमित्त समझता है. यदि ये तीनों भी मोक्षके उपाय है ऐसा कहोगे तो तीनों भी उत्कृष्ट पदार्थ होनेसे सबको ही गुणपना प्राप्त हुवा. अतः चारित्रकी प्रधानता कैसी समझी जायगी. ? ज्ञान और दर्शन चारित्र प्राप्तिके लिये है परंतु चारित्र उनकी प्राप्तिके लिये आवश्यक नहीं है यह कहना भी योग्य नहीं है. हमे तो ज्ञान और दर्शन चारित्रसे प्राप्त हो जाते है अतः चारित्र साधन और ज्ञान दर्शन साध्य है ऐसा समझते हैं. क्योंकि चारित्रके विना क्षायिज्ञान—केवलज्ञान और क्षायिक वीतराग सम्यक्त्व प्राप्त नहीं होते. हैं अतः यह सूत्र चारित्रकी मुख्यता बतानेके लिये नहीं है, किंतु यथाख्यातचारित्रका स्वरूप और उसका फल प्रदर्शित करनेके लिये है ऐसा समझना चाहिये ' णाणस्स दंसणस्स य सारो ' यहां सार शब्द उत्कृष्ट गुण इस अर्थमें उपयुक्त हुवा है. इसका उदाहरण आचार्य लिखते है—

" जिसने मत्सरदोषका त्याग किया है ऐसे सज्जनने काव्यका सार भाग अर्थात् उत्कृष्ट गुण ग्रहण

करनेपर दुर्जनको दोषोंके सिवाय काव्यमें और कौनसी वस्तु प्राप्त होगी ? यहां सार शब्दका उत्कृष्ट गुण ऐसा अर्थ किया है. प्रकृत विषयमें भी वही अर्थ करना योग्य है"

मोहनीय कर्मसे उत्पन्न हुए दोष जिसमें तिलमात्र भी नहीं है ऐसा यथाख्यात चारित्र ही ज्ञान और दर्शनका उत्कृष्ट स्वरूप है.

रागद्वेषरहित जो आत्माकी समावस्था उसको चारित्र कहते है. मोहका उदय न होनेसे परिणामोंमे जो निर्मलता पायी जाती है उसीको समावस्था कहते हैं. इस समावस्था को धर्म कहते हैं. इसीको ही चारित्र कहते हैं. इस विषयमें ' चारित्त खलु धम्मो ' यह गाथा प्रसिद्ध है—

दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय ऐसे मोहकर्मके दो भेद है. उसमें दर्शनमोहके उदयसे जीवादि तत्वों-पर अश्रद्धान उत्पन्न होता है. इसके शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, अन्यदृष्टि प्रशंसा, अन्यदृष्टिसंस्तव ऐसे उत्तर भेद हैं. चारित्र मोहसे रागद्वेष होते हैं. इस दो प्रकारके मोहकर्मसे अलिप्त ऐसा श्रद्धान और ज्ञान ही यथाख्यात चारित्र है. ऐसा ' णाणस्स दंसणस्स य ' इस गाथाका अभिप्राय है.

यथाख्यात चारित्रका अतिशय फल निर्वाण है. निर्वाण शब्दका विनाश ऐसा अर्थ है. जैसे "निर्वाणः प्रदीपो नष्ट इति यावत् " दीप निर्वाण हुवा, नष्ट हुवा, यहां निर्वाण शब्दका सामान्य अर्थ नाश ऐसा है. तो भी प्रकृत विषयमें चारित्रमें जो कर्मनाश करनेका सामर्थ्य है उसका प्रयोग यहां निर्वाण शब्दसे किया है. अर्थात् कर्मका नाश करना यह चारित्रका फल है. कर्मका नाश दो प्रकारका है. १ थोडे कर्मोंका नाश २ सर्व कर्मोंका नाश. ' णिव्वाणमणुत्तरं भणियं ' अर्थात् अनुत्तर शब्दका निर्वाण शब्दसे संबंध होनेसे सर्व कर्मोंका नाश ही यहां अभिप्रेत-इष्ट है. यही यथाख्यातका सर्वोत्कृष्ट फल है ऐसा आगममें प्रतिपादन किया है.

अथवा दुःखकी कारण ऐसी क्रियाओंका परिहार होना यह ज्ञान और श्रद्धाका फल है. जहां फल रहता है. वहां उसका कारण भी रहता है जैसे घट कार्य है तो उसके साथही मट्टी रूप कारण भी रहता है. उसी तरह जहां चारित्ररूपी फल अर्थात् दुःखोंके कारणोंका परिहार एतत्स्वरूपी फल है उस आत्मामें चारित्रके हेतुरूप अर्थात् फलको उत्पन्न करनेवाले ज्ञान और श्रद्धान भी रहतेही है. अतः चारित्राराधनामें ज्ञान और दर्शनाराधनाका अंतर्भाव होता है ऐसा सिद्ध हुवा.

जितनी पापयुक्त क्रियायें हैं वे सब दुःख उत्पन्न करती है इसका जब आत्माको ज्ञान हो जाता है व श्रद्धान हो जाता है तब आत्मा ऐसी दुःख कारक क्रियाओंका त्याग करता है. परंतु ज्ञान व श्रद्धान न हो तो ऐसी क्रियाओंसे आत्मा विरक्त नहीं होता. ऐसी क्रियाओंमें उसको आनंद होता है व कल्याणकारक क्रियामें वह अप्रीति रखता है. जब ज्ञान दर्शन युक्त चारित्रकी आत्माको प्राप्ति होती है तब वह चारित्र नवीन कर्म आत्मामें नहीं आने देता व पूर्व बद्ध कर्मकी निर्जरा करता है. अतः इस चारित्रका उत्कृष्ट फल कर्मका पूर्ण विनाश करना ऐसा आचार्यका कहना योग्य ही है.

यज्ज्ञानं दुःखहेतुनिराकरणफलमित्यस्यान्वयप्रसाधनाय दृष्टान्तमाह—

चक्खुस्स दंसणस्स य सारो सप्पादिदोसपरिहरणं ॥
चक्खू होइ णिरत्थं दट्ठूण बिले पडंतस्स ॥ १२ ॥

विजयोदया—चक्खुस्स दंसणस्स य सारो इति । चक्खुस्स चक्षुषः । द्रव्येन्द्रियमिह चक्षुरिति गृहीते निर्वृत्तिरुपकरणं च तज्जन्यस्वादूरूपगोचरं विज्ञानं दर्शनं तस्य संबंधितयोच्यते । ततोऽयमर्थो जायते—चक्षुर्जन्यायाः प्रतीतेः सारो फलं किं सप्पादिदोसपरिहरणं सर्पकंटकादीनां स्पर्शनादिक्रियायाः दुःखहेतुत्वस्य परिहारः सर्पादिभिः संपाद्यत्वात् स्पर्शनभक्षणादिकः क्रियाविशेषः सर्पादिदोष इत्युच्यते, तस्य परिहरणं परिवर्जनं, ततोयं वाक्यार्थः—यज्ज्ञानं तद्दुःखनिराकरणफलं यथा चक्षुर्जन्यसर्पादिगोचरज्ञानं सर्पादिस्पर्शनभक्षणादिपरिहरणफलमिति । चक्षुर्ज्ञानमिह चक्षुरुच्यते चक्षुःप्रसूतं ज्ञानं । होदि भवति । णिरत्थं निरर्थकं । दट्ठूण दृष्ट्वा ज्ञात्वा बिलादिकमग्रतः स्थितं, बिलग्रहणमुपलक्षणं उपघातकारिणाम् । पडंतस्स पततः पुरुषस्य । अन्यापरा व्याख्या—ज्ञानादर्शनाभ्यामात्मोपकारिचिरिष्टफलदायिचारित्रं इत्युक्तं । ननु ज्ञानमिष्टानिष्टमार्गोपदर्शि तद्युक्तं ज्ञानस्योपकारित्वमभिधातुं इति चेन्न ज्ञानमात्रेणेष्टार्थसिद्धेः, यतो ज्ञानं प्रवृत्तिहीनं असत्समं । अत्र वस्तुनि दृष्टान्तदर्शनेन निगमयति—चक्खुस्स दंसणस्स य इति । ज्ञानदर्शनाभ्यामपि चारित्रस्यात्मोपकारिता कस्मिन्सूत्रे निगदिता येनोक्तमित्युच्यते । अस्तीतसूत्र इति चैतन्मिथ्या णाणस्स दंसणस्स य सारो चरणं हवे जहाखादं ' । इत्यतो वाक्यादिह ज्ञानदर्शनाभ्यां चारित्रमेवोपकारीत्ययं प्रत्ययो जायते ? एवमिति तदनुभवविरुद्धमाचरतीत्युपेक्ष्यते, न चैतत्कथमुक्तमित्युच्यते । किंच तस्य सूत्रस्य या पातनिका कृता ज्ञानदर्शनचारित्रेषु किं प्रधानमित्यत्र प्रश्ने, प्रधानस्य निरूपणार्थं सूत्रमित्यनया च विरुध्यते । ' चरणस्स तस्स सारो णिव्वाणमणुत्तरं भणियं ' इत्युक्तं चारित्रस्य समतारूपस्य फलमशेषकर्मोपाय इत्युक्तं ॥

यज्ज्ञानं तद्दुःखनिराकरणफलं यथा चक्षुर्ज्ञानमित्यन्वयदृष्टान्तं प्रकृते दर्शयन्नाह—

मूलारा—चक्खुस्स दंसणस्स—चक्षुर्ज्ञानस्य सारो फलं। सप्पादिदोसपरिहरणं। सर्पादीनां भुजंगकीटकादीनां दोषो दुःखहेतुः स्पर्शनभक्षणादिक्रिया तस्य परिवर्जनं। चक्खू चक्षुर्ज्ञानं, णिरत्थं निष्फलं। बिले गर्तादावुपघातहेतौ॥

दुःखोंके कारणोंको दूर करना यह ज्ञानका फल है इसका अन्वय सिद्ध करनेके लिये आचार्य दृष्टांत कहते हैं—

हिंदी अर्थ—नेत्र और उससे होनेवाला जो ज्ञान उसका फल सर्पदंश, कंटकव्यथा इत्यादि दुःखोंका परिहार करना यह है. परंतु जो बिलादिक देखकर भी उसमें गिरता है उसका नेत्रज्ञान व्यर्थ है.

विशेषार्थ—यहां चक्षु शब्दका अर्थ द्रव्यचक्षु ऐसा है. इस चक्षूके निर्वृत्ति और उपकरण ऐसे दो भेद हैं. उत्सेधांगुलके असंख्येयभागप्रमाण नेत्रेंद्रियावरणक्षयोपशमविशिष्ट ऐसे आत्मप्रदेशोंकी जो नेत्राकार रचना होती है वह चक्षुकी अभ्यंतर निर्वृत्ति समझना चाहिये. नेत्राकार आत्मप्रदेशोंके उपर जो पुद्गलकी रचना होती है उसको बाह्य निर्वृत्ति कहते हैं. निर्वृत्तिरूप चक्षुके संरक्षणके लिये जो कृष्ण शुक्ल मंडल तथा पापनी वगैरे रचना है वह उपकरण है. अर्थात् उपर्युक्त निर्वृत्ति और उपकरणरूप नेत्रको द्रव्यचक्षु कहते हैं. इस चक्षुसे उत्पन्न होनेवाले ज्ञानको चक्षुर्दर्शन कहते हैं. दुःखनिराकरण करना यह ज्ञानका फल है. जैसे सर्पकंटक इत्यादि दुःखकारणोंका चक्षुसे उत्पन्न हुवा ज्ञान, सर्पादिदंश, कंटकादिव्यथाका परिहार करता है. अर्थात् ऐसे दोषोंसे मनुष्यको अलग रखना यह नेत्रज्ञानका फल है, उसी तरह दुःखोत्पादक संसारकारणोंका परिहार करना यह सम्यग्ज्ञानका फल है.

यहां दूसरी व्याख्या ऐसी है. " ज्ञान और दर्शनसे भी आत्माका अधिक हित करनेवाला विशिष्टफलदायी चारित्र है " ऐसा गत गाथामें कहा है. परंतु यहां ऐसी शंका उत्पन्न होती है—

" ज्ञान इष्ट मार्ग कोनसा और अनिष्ट मार्ग कोनसा है यह दिखाता है. अतः वह उपकार करता है ऐसा कहना योग्य है. " यह कहना योग्य नहीं है. ज्ञानमात्रसे इष्ट सिद्धि नहीं होती. कारण प्रवृत्तिहीन ज्ञान नहींके समान है. जैसे नेत्रसे ज्ञान होकर भी वह यदि कुवेमें गिरते हुवे पुरुषको नहीं बचाता है तो वह व्यर्थ है.

यहां आचार्य उपर्युक्त व्याख्याकारको प्रश्न करते हैं—

" ज्ञान और दर्शनसे भी चारित्रका आत्माके ऊपर अधिक उपकार है " ऐसा किस गाथामें कहां है ? पूर्व गाथामें कहां है ऐसा आप कहते हैं परन्तु यह आपका कहना मिथ्या है.

'णाणस्स दंसणस्स य सारो चरणं हवे जहाखादं ' इस वाक्यसे ज्ञान और दर्शनसे भी चारित्रही उपकारी है ऐसा अनुभव आता है क्या ? हां आता है ऐसा कहोगे तो वह अनुभवसे विरुद्ध होनेसे उसकी उपेक्षा करनी चाहिये. यदि वह अनुभव विरुद्ध नहीं है ऐसा कहोगे तो ' कहा है ' ऐसा क्यों कहा ? और भी युक्तिके कारण ऐसे ज्ञान, दर्शन और चारित्र इन तीनोंमें कोन प्रधान है ? ऐसा प्रश्न होनेपर प्रधानका निरूपण करनेके लिये यह सूत्र है ऐसा जो शीर्षक आपने लिखा है वह भी आपके उपर्युक्त निरूपणसे विरुद्ध है.

कर्मापायो हि कथं पुरुषार्थः दुःखनिवृत्तिः सुखं चाभिमतं फलमित्यारेकायां प्रधानपुरुषार्थस्य अखिलबाधाव्यपगमरूपस्य सुखस्य निबंधनतयोपयोगितामाचष्टे कर्मापायस्य—

णिव्वाणस्स य सारो अव्वाबाहं सुहं अणोवमियं ॥
कायव्वा हु तदट्ठं आदहिदगवेसिणा चेट्ठा ॥ १३ ॥

विजयोदया—णिव्वाणस्स य सारो इति । निरवशेषकर्मापायस्य सारः फलं । अव्ययाहं कर्मजन्यसकलदुःखापायः कारणाभावे कार्यस्य अनुत्पत्तेः । अणोवमियं उपमातीतं । कादव्वा कर्तव्या । चेट्ठा चेष्टा । तदट्ठं अव्याबाधसुखार्थम् । आदहिदगवेसिणा आत्महितं मृगयता । क्व चेष्टा कार्या ? आराधनायां मृताचनतिचारज्ञानदर्शनचारित्रपरिणतिरूपायां । कस्मात् ?

निर्वाणफलमाह—

मूलारा–अव्वाबाहं निर्दुःखं दुःखहेतूनामशेषकर्मणां प्रक्षयात् । तत एव अणोवमियं अनौपम्यं । स्वर्गादिसुखानां कर्माधीनतया सव्याबाधत्वात् । तदट्ठं अव्याबाधसुखार्थं । आदहिदगवेसिणा आत्महितान्वेषिणा । चेट्ठा अनुष्ठानं । प्रकृतत्वान्मरणे ज्ञानदर्शनचारित्रतपःपरिणतिरूपायामाराधनायामिति योज्यं ।

' चरणस्स तस्स सारो णिव्वाणमणुत्तरं भणियं ' इस सूत्रसे समतारूप चारित्रका संपूर्ण कर्मका नाश होना यह फल है ऐसा पूर्व गाथामें कहा है. परंतु कर्मका नाश होना यह पुरुषार्थ कैसा ? दुःखका नाश होना तथा इष्ट सुखकी प्राप्ति होना यही फल मानना योग्य है. ऐसी शंकाका आचार्य इस प्रकार उत्तर देते हैं–जिसमें तिलमात्र भी बाधा नहीं है ऐसे पुरुषार्थ रूपी सुखकी प्राप्ति होनेमें सर्व कर्मका नाश होना यह कारण है अतः वह उपयोगी है ऐसा विवेचन ग्रंथकार करते हैं—

हिंदी अर्थ–कर्मसे उत्पन्न हुए समस्त दुःखोंका अभाव होना यह संपूर्ण कर्मके नाशका फल है. कर्मही सर्व दुःखोंका जनक है अतः जब कर्मका पूर्ण क्षय होता है तब दुःखका लेश भी नहीं रहता है. कारणके नाशसे कार्यका नाश होना यह योग्य ही है. अतः यह दुःखाभाव अर्थात् सुख अनुपम है उपमारहित है. आत्महितका शोध करनेवाले मुमुक्षु जनोंको मरण समयमें ज्ञान दर्शन और चारित्रमें निरतिचार परिणति करना चाहिये. क्योंकि,

---

जह्मा चरित्तसारो भणिया आराहणा पवयणम्मि ॥
सव्वस्स पवयणस्स य सारो आराहणा तह्मा ॥ १४ ॥

विजयोदया—जह्मा यस्मात् चरित्तसारो चारित्रस्य ज्ञाने दर्शने पापक्रियानिवृत्तौ च प्रयतस्य चरणं प्रवृत्तिः परिणतिरिह चारित्रशब्देन गृहीता, ततोऽयमर्थो लब्धः सारः फलमिति । भणिदा कथिता । आराहणा आराधना । मृतौ अनतिचाररत्नत्रयता । पवयणम्मि प्रोच्यंते हृष्टेष्टप्रमाणाविरुद्धेन जीवादयः पदार्था अनेनास्मिन्वेति प्रवचनं जिनागमस्तस्मिन् । अतिशयवत्तां प्रक्रांतायां आराधनायां उपसंहरन्युत्तरार्द्धेन सव्वस्स इत्यादिना । सव्वस्स समस्तस्य । पवयणस्स जिनागमस्य । सारो अतिशयः । आराहणा आराधना व्यावर्णितरूपा । तम्हा तस्मात् । च शब्द एवकारार्थः स चाराधनाशब्दात्परतो द्रष्टव्यः । आराधनैव सारः इति ।

अन्यत्र व्याख्या—यदिदमुक्तं फलं एतच्चारित्रमात्रादुत विशिष्टाज्जायते इत्याह—जह्मा चरित्तसारो इति । किं पातनिकार्थो गाथायां संवादमुपयाति न वेतीत्यत्र श्रोतारः प्रमाणं । कस्मात् ? अतिशयवत्तयाराधनामेऽभिहिता यस्मात्—

कस्मात् ?

मूलारा—चरित्तसारो चरित्रस्य जीवदवस्थाभाविनिरतिचाररत्नत्रयप्रयतनस्य सारः फलं । आराहणा मरणे निरतिचाररत्नत्रयपरिणतिः । पवयणम्मि प्रकर्षेण दृष्टेष्टप्रमाणाविरोधेन उच्यंते प्रतिपाद्यन्ते जीवादयो भावा अनेन *आगमस्य प्रकर्षं जिनागमस्यैव । सारोऽतिशयः । आराहणा आराधनैव च प्रकृता एकदेशत्वात् संक्षेपात् ।*

हिंदी अर्थ—प्रत्यक्ष व परोक्ष प्रमाणोंके अनुसार जीवादिक पदार्थोंका जिसने अथवा जिसमें विवेचन किया है ऐसे जिनागममें ज्ञान, दर्शन और पापोंका परिहार रूपी चारित्र इन तीनोंमें जो पूर्ण उद्यमशील हुवा है उसको आराधना रूप फल प्राप्त होता है. अतः संपूर्ण जिनागमनका आराधनाही सार है अर्थात् सर्वोत्कृष्ट फल है.

यहां दुसरी व्याख्या ऐसी है—उपरकी गाथामें जो फल कहा है वह चारित्रमात्रसे मिलता है या विशिष्ट चारित्रसे ? उत्तर विशिष्ट चारित्रसे मिलता है—

जम्हा चरित्तसारो इस खत्रके उपर जो शीर्षक आपने लिखा है उसका अभिप्राय गाथाके अभिप्रायसे मिलता जुलता है या नहीं इसमें हम श्रोताओंको ही प्रमाण समझते हैं. क्योंकि आगममें आराधना सर्वोत्कृष्ट फलरूप है ऐसा कहा है.

सुचिरमवि णिरदिचारं विहरित्ता णाणदंसणचरित्ते ॥
मरणे विराधयित्ता अणंतसंसारिओ दिट्ठो ॥ १५ ॥

विजयोदया—सुचिरं अतिचिरकालमपि । णिरदिचारं अतिचारमंतरेण । विहरित्ता विहृत्य । क्व ? णाणदंसणचरित्ते ज्ञाने अज्ञाने समतायां च । मरणे सर्वपर्यायविनाशकाले । विराधयित्ता रत्नत्रयपरिणामान्विनाश्य मिथ्यादर्शने ज्ञाने ऽसंयमे परिणतो भूत्वा । अणंतसंसारिओ अनंतभवपर्यायपरिवर्तने उद्यतः । दिट्ठो दृष्टः । देशोनं पूर्वकोटीकालं अनतिचाररत्नत्रयप्रवृत्तानामपि मरणकाले ततः प्रच्युतानां मुक्त्यभावं संसारे चिरपरिभ्रमणकथनव्याजेन दर्शयति सूत्रकारः ।

कस्मादतिशयवत्तस्या मरणे आराधनागमेऽभिहितेति चेत् यस्मात्—

मूलारा—सुचिरमपि अष्टवर्षोनपूर्वकोटिकालमपि । विहरित्ता परिणतो भूत्वा मरणे भवपर्यायविनाशे वर्तमान इति शेषः । विराहयित्ता—रत्नत्रयपरिणतिं विनाश्य मिथ्याज्ञानासंयमेषु परिणतो भूत्वेत्यर्थः । अनंतसंसारिओ अनंतभव पर्यायपरिवर्तने उद्यतः ॥

हिंदी अर्थ-चिरकालपर्यंत भी ज्ञान दर्शन और चारित्रमें निरतिचार प्रवृत्ति कर मनुष्यभव छोडनेके समयमें यदि रत्नत्रय परिणामसे यह जीव भ्रष्ट होगा अर्थात् रत्नत्रयपरिणामोंका नाश कर मिथ्यादर्शन, ज्ञान और असंयममें परिणत होगा तो अनंतसंसार युक्त हो जाता है अर्थात् अनंतभवके पर्याय धारण करनेवाला होता है. जिन्होंने देशोन पूर्व कोटिकाल पर्यंत निरतिचार रत्नत्रयका पालन किया परंतु मरणसमयमें वे उससे भ्रष्ट होगये तो उनको मुक्तिका अभाव होता है यह संसारमें चिरकाल परिभ्रमणके कथनके निमित्तसे आचार्यने दिखाया है.

अनुपगतमिथ्यात्वस्य अविस्खलितचारित्रस्यापि परीषहपरिभवादुपगतसंक्लेशस्य महती संसृतिरिति भयोपदर्शनेन संक्लेशः परित्याज्यः इति निगदति सूत्रकारः ।

समिदीसु य गुत्तीसु य दंसणणाणे य णिरदिचाराणं ॥
आसादणबहुलाणं उक्कस्सं अंतरं होई ॥ १६ ॥

अमितगतिआरा— समितिगुप्तिसंज्ञानदर्शनादित्रयेशिनाम् ॥
प्रवर्तितापवादानां जायते महदंतरम् ॥ १९ ॥

विजयोदया—समिदीसु य इत्यादिना अन्ये व्याचक्षते-" उक्तस्यानंतसंसारस्य प्रमाणप्रतिपादनाय आयाता गाथा, अनंतस्यानंतविकल्पत्वात् अनंतविशेषः प्रतिपादनीयः "अस्यां व्याख्यायां उक्कस्सं अंतरं होदीत्येतावदुपयुज्यते । इतरस्य वचनसंदर्भस्य अनर्थकत्वं प्रसज्यते इति । समिदीसु य सम्यगयनादिषु अयनं समितिः, सम्यक्श्रुतज्ञानोक्तक्रमेण गमनादिषु वृत्तिः समितिः । सावद्ययोगेभ्य आत्मनो गोपनं गुप्तिः । वस्तुयाथात्म्यश्रद्धानं दर्शनं । अपेतमिथ्या-

त्वकलंकस्यात्मनो वस्तुतत्त्वपरिज्ञानं मत्यादिक्षायोपशमिकं ज्ञानं । क्षायिके सति ज्ञाने आसादनाया असंभवः । मोहजन्यत्वात्संक्लेशस्य, मोहस्य च केवलज्ञानोत्पत्तेः प्रागेव विनष्टत्वात् । तथा चोक्तं—' मोहक्षयाज्ज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलम् ' इति । वीतरागसम्यक्त्वं च नेह गृहीतम् । मोहमलयमन्तरेण वीतरागता नास्तीति । ईर्यासमितेरतिचारः मंदालोकगमनं, पदविन्यासदेशस्य सम्यगनालोचनम्, अन्यगतचित्तादिकम् । इदं वचनं मम गदितुं युक्तं न वेत्ति अनालोच्य भाषणं, अज्ञता वा । अत्र श्लोकः ' अपुट्ठो दुब्भासइ मासमासस्स अंतरे ' इति अपृष्ट श्रुतधर्मतया मुनिः अपृष्ट इत्युच्यते । भाषासमितिक्रमानभिज्ञो मौनं गृह्णीयात् इत्यर्थः । एवमादिको भाषासमित्यतिचारः । उद्गमादिदोषैः गृहीतं भोजनमनुपनतं वचसा, कायेन वा प्रशंसा, तैः सहवासः, क्रियासु प्रवर्तनं वा एषणासमितेरतीचारः । आदातव्यस्य, स्थाप्यस्य वा अनालोचनं, किमत्र जंतवः सन्ति न संति वेति दुःप्रमार्जनं च आदाननिक्षेपणसमित्यतिचारः । कायभूम्यशोधनं, मलसंगतदेशानिरूपणादि, पवनसंनिवेशदिनकरादिवूक्रमेण वृत्तिश्च प्रतिष्ठापनासमित्यतिचारः ॥ असमाहितचित्ततया कायक्रियानिवृत्तिः कायगुप्तेरतिचारः । एकपादादिस्थानं वा जनसंचरणदेशे, अशुभध्यानाभिनिविष्टस्य वा निश्चलता । आसाभासप्रतिषेधमिच्छतया वा तदाराधनाव्यापृत इवावस्थानं । सचित्तभूमौ संपतत्सु समंततः अशेषेषु महति वा वाते द्रुतेषु, रोषाद्वा दर्पात्तूष्णीं अवस्थानं निश्चला स्थितिः कायोत्सर्गः । कायगुप्तिरित्यक्षिप्ते शरीरममतायां अपरित्यागः कायोत्सर्गदोषो वा कायगुप्तेरतिचारः । रागादिसहिता स्वाध्याये वृत्तिर्मनोगुप्तेरतिचारः । शंकाकांक्षाविचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः सम्यग्दर्शनातीचाराः । द्रव्यक्षेत्रकालभावशुद्धिमंतरेण श्रुतस्य पठनं श्रुतातिचारः । अक्षरपदादीनां न्यूनताकरणं, अतिवृद्धिकरणं, विपरीतपौर्वापर्यरचनाविपरीतार्थनिरूपणा ग्रंथार्थयोर्वैपरीत्यं अमी ज्ञानातिचाराः । उक्तातिचारविगमो निरतिचारता चारित्रादीनाम् । मरणकाले रत्नत्रयपरिणामाभावे दोष उक्तः ॥

रत्नत्रयसुस्थस्यापि मरणे परीषहभावादुपगतसंक्लेशस्य महती संसृतिरिति भयोपदर्शनेन संक्लेशस्य परित्याज्यतां वक्तुमाह —

मूलारा–नन्वनन्तस्यानन्तविकल्पत्वादुक्तस्यानंतसंसारस्य प्रमाणप्रतिपादनार्थं गाथेयमित्यन्ये व्याचक्षते । तदयुक्तं । तत्र उक्कस्सं अंतरं होदि इत्येतावन्मात्रस्योपयोगित्वात् इतरस्य वचनसंदर्भस्य अनर्थकत्वप्रसंगात् । पूर्वं गाथायाः संवादगाथेयमिति जयनंदिपादाः । समिदीसु-सम्यक्श्रुतनिरूपितक्रमेण गमनादिष्वयनमिति प्रवृत्तिः समितिः ।

१ ख पुस्तके अपुट्ठश्रुतधर्मतया मुनिरपुट्ठ इति पाठः

तासु समितिषु ईर्यासमित्यादिषु पंचसु । गुप्तीसु सावद्ययोगेभ्य आत्मनो गोपनं रक्षणं निवारणं गुप्तिः तासु कायगुप्त्यादिषु तिसृषु । दंसणणाणे दर्शनमत्र सरागसम्यक्त्वं ज्ञानं च क्षायोपशमिकं ग्राह्यं तयोरेव असादनायाः संभवात् । वीतराग सम्यक्त्वक्षायिकज्ञानयोर्मोहापायप्रभवत्वेन तदभावात् । संक्लेशस्य मोहजन्यत्वेन तदभावस्तत्रावर्तनात् । णिरदिचाराणं माहात्म्यापकर्षहेतुः परिणामस्तस्मान्निष्क्रान्तानां । तत्र ईर्यासमितेरतिचारो मंदालोके गमनं पदविन्यासदेशस्य सम्यगनालोचनं, अन्यत्र गतचित्तत्वादिकं च । भाषासमितेरिदं वचो वक्तुं मम युक्तं न वेत्यनालोच्याज्ञात्वा वा भाषणमित्यादिकः ॥ एषणासमितेरुद्गमादिदोषोपहतभोजनस्य मनोवाक्कायैः करणकारणानुमोदनानि, तत्कारिभिः सह संवासो वा । आदाननिक्षेपणसमितेरादेयस्य स्थाप्यस्य वा किमत्र जन्तवः सन्ति न सन्ति वेत्यनालोचनं । दुष्प्रमार्जनं सुप्रमार्जनं च । प्रतिष्ठापनासमितेः कायभूम्यशोधनं, मलसंपातदेशानिरूपणमित्यादिकः ॥ कायगुप्तेरसमाहितचित्ततया कायक्रियानिवृत्तिर्जनसंवरणदेशे एकपादादिना अवस्थानमशुभध्यानाभिनिविष्टस्य निश्चलत्वमात्माभासप्रतिबिंबाभिमुख्यं तया सदाराधनाव्यापृतस्येवावस्थानं ॥ सचित्तभूम्यादौ रोषाद्दर्पाद्वाऽनिश्चला स्थितिः । कायोत्सर्गे तद्दोषाः कायममत्वात्यागो वेत्यादिकः । मनोगुप्तेः रागादिसहिता स्वाध्याये वृत्तिः । दर्शनस्य शंकाकांक्षाविचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवादिकः । ज्ञानस्य द्रव्यादिशुद्धिं विनाध्ययनं, वर्णपदादीनां न्यूनाधिकत्वकरणं, विपरीतपौर्वापर्यरचना, विपरीतार्थनिरूपणं, ग्रंथार्थयोर्वैपरीत्यं, संदेहविपर्यासानध्यवसाया वा । समिदीसु य च शब्दाद्गुप्तिषु च । गुत्तीसु य च शब्दात्समितिषु च । आसादणबहुलाणं मरणकाले परीषहपराभवात्समित्यादिषु पुनः पुनः संक्लेशं कुर्वतां । उक्कस्सं अंतरं अर्द्धपुद्गलपरिवर्तनं कालमात्रमंतराळं । मरणे रत्नत्रयाच्च्युताः पुनस्तावति काले अतिक्रान्ते लब्धंसे इति भावः ॥

जो मिथ्यात्वको प्राप्त नहीं हुवा है, जिसका चारित्र दृढ है ऐसा भी मुनि परीषहके भयसे यदि संक्लेश परिणामी होगा तो उसको दीर्घकाल तक संसारभय रहेगा अतः संक्लेश परिणामोंका त्याग करना चाहिये ऐसा सूत्रकार कहते हैं.

हिंदी अर्थ–ईर्यासमित्यादि पांच समिति, मनोगुप्त्यादि तीन गुप्ति, सम्यग्दर्शन और ज्ञान ऐसे आत्महितकारक आचरणोंमें जो संक्लेश परिणाम रखते हैं, इनमें जो अतिचार लगाते हैं वे मुनि दीर्घकालतक संसारभ्रमण करते हैं.

विशेष—यहां कोइ आचार्य उपर्युक्त गाथामें, ' अनंतसंसारिओ होदि ' ऐसा शब्द आया है उसका खुलासा करनेके लिये यह गाथा है ऐसा कहते हैं. अनंतसंख्याके अनंत विकल्प होते हैं अतः उपर्युक्त अनंत संसारका प्रमाण दिखानेके लिये यह गाथा है ऐसा कोई आचार्योंका कथन है परन्तु यह अयुक्त है. यदि इतना ही अभिप्राय होता तो ' उक्कस्सं अंतरं होदि ' इतना ही वाक्य उपयुक्त है ऐसा समझकर गाथाके तीन चरण व्यर्थ हैं ऐसा मानना पडेगा. अतः पूर्व गाथाका स्पष्टीकरण और सत्यताका समर्थन करनेके लिये यह गाथा है अर्थात् संक्लेश परिणाम रखनेका फल दिखानेका उद्देश इस गाथामें ग्रंथकर्ताने लिखा है ऐसा समझना चाहिये.

गमन, भाषण, आहार, वस्तु रखना, उठा लेना, मलमूत्रादिक क्षेपण करना ऐसे कार्योंमें श्रुतज्ञानमें–आगममें जैसी प्रवृत्ति करनेका वर्णन किया है वैसीहि प्रवृत्ति रखना उसको समिति कहते है. अर्थात् प्राणि हिंसा न हो, उनका संरक्षण हो इस तरहसे प्रवृत्ति करना वह समिति है.

मनवचनकायकी अशुभ प्रवृत्तीसे आत्माको दूर रखना अर्थात् अशुभ प्रवृत्तीको छोड देना यह गुप्ति है. जीवादितत्वोंपर यथार्थ श्रद्धान करना सम्यग्दर्शन है. जिससे मिथ्यात्वदोष हट गया है ऐसे जीवको वस्तुके स्वरूपका जो ज्ञान होता है वह सम्यग्ज्ञान है. उसके यहां मति, श्रुत, अवधि, मनः पर्यय ऐसे चार भेद मानने चाहिये. ये ज्ञानभेद क्षायोपशमिक हैं. क्षायिकज्ञानमें आसादना नहीं रहती है. क्योंकि, मोहजन्य संक्लेशपरिणाम और मोहकर्म केवलज्ञान उत्पन्न होनेके पूर्व ही नष्ट होते हैं. ' मोहक्षयाज्ज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलं ' ऐसा सूत्रकार उमास्वामीका भी वचन है. इसवास्ते यहां केवलज्ञानका ग्रहण नहीं किया है. वीतराग सम्यक्त्वका भी यहां ग्रहण नहीं किया है क्योंकि वह भी मोहका नाश हुये बिना होता नहीं.

ईर्यासमितीके अतिचार–सूर्यके मंदप्रकाशमें गमन करना, जहां पांव रखना हो वह जगह नेत्रसे अच्छी तरहसे न देखना, इतर कार्यमें मन लगना इत्यादि.

भाषासमितीके अतिचार–यह भाषण बोलना योग्य है अथवा नहीं इसका विचार न कर बोलना. वस्तुका स्वरूपज्ञान न होनेपर भी बोलना. ग्रंथांतरमें भी ' अपुट्ठो दु ण भासेज्ज भासमाणस्स अंतरे ' कोई मनुष्य बोल रहा है और अपनेको प्रकरण, विषय मालूम नहीं है तो बीचमें बोलना अयोग्य है. जिसने धर्मका स्वरूप सुना

नहीं अथवा धर्मस्वरूपका जिसको पूर्णतया ज्ञान नहीं है ऐसे मुनिको अपुष्ट कहते हैं. भाषासमितिका क्रम जो जानता नहीं वह मौन धारण करे ऐसा यहां अभिप्राय समझना. इस तरह भाषासमितिके अतिचार हैं.

एषणासमितीके अतिचार—उद्गमादि दोषोंसे सहित भोजन लेना, मनसे, वचनसे ऐसे आहारको सम्मति देना, उसकी प्रशंसा करना, ऐसे आहारकी प्रशंसा करनेवालोंके साथ रहना, प्रशंसादि कार्यमें दुसरोंको प्रवृत्त करना.

आदाननिक्षेपणसमितीके अतिचार—जो चीज लेनी है अथवा रखनी है वह लेते समय अथवा रखते समय इसमें जीव है या नहीं इसका खयाल ध्यान नहीं रखना. तथा अच्छी तरहसे जमीन व वस्तु स्वच्छ न करना.

प्रतिष्ठापन समितीके अतिचार—शरीर व जमीन पिच्छिकासे न पोछना, मलमूत्रादिक जहां क्षेपण करना है वह स्थान न देखना.

मनकी एकाग्रता विना शरीरकी चेष्टायें बंद करना काय गुप्तिका अतिचार है. जहां लोक भ्रमण करते हैं ऐसे स्थानमें एक पाव ऊपर कर खडे रहना, एक हाथ ऊपर कर खडे रहना. मनमें अशुभ संकल्प करते हुए अनिश्चल रहना. आप्ताभास-हरिहरादिक की प्रतिमाके सामने मानो उसकी आराधना ही कर रहे हैं इस ढंगसे खडे रहना या बैठना. सचित्त जमीनपर जहां कि बीज अंकुरादिक पडे हैं ऐसे स्थलपर रोपसे, वा दर्पसे निश्चल बैठना अथवा खडे रहना. ये कायगुप्तीके अतीचार हैं. कायोत्सर्गको भी गुप्ति कहते हैं अतः शरीरममताका त्याग न करना, किंवा कायोत्सर्गके दोषोंको न त्यागना ये भी कायगुप्तीके अतिचार हैं. रागादिविकार सहित स्वाध्यायमें प्रवृत्त होना, मनोगुप्तिके अतिचार हैं.

शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, अन्य दृष्टि प्रशंसा, संस्तव ये पांच सम्यग्दर्शनके अतिचार हैं. इसका खुलासा आगे आचार्य करेंगे.

द्रव्य शुद्धि, काल शुद्धि, भाव शुद्धि, क्षेत्र शुद्धि इन शुद्धिओंके विना शास्त्रका पठन करना यह श्रुतातिचार है. अक्षर, शब्द, वाक्य, चरण इत्यादिकोंको कम करना, बढाना, पीछेका संदर्भ आगे लाना, आगेका पीछे करना, विपरीत अर्थका निरूपण करना, ग्रंथ व अर्थमें विपरीतता करना ये सब ज्ञानातिचार हैं. संदेह, विपर्यय, अनध्यवसाय ये भी ज्ञानके अतिचार हैं. उपर्युक्त अतिचारोंसे समितिगुप्त्यादिक रहित होनेसे चारित्रादिकोंमें निर्मलता आती है.

इदानीमाराधनाफलातिशयख्यापनायाह—

दिट्ठा अणादिमिच्छादिट्ठी जह्मा खणेण सिद्धा य ॥
आराहया चरित्तस्स तेण आराहणा सारो ॥ १७ ॥

चारित्राराधने सिद्धाश्चिरमिथ्यात्वभाविताः ॥
क्षणादृष्टा यतः सूत्रे चारित्राराधना ततः ॥ २० ॥

विजयोदया—दिट्ठा इत्यादिकं । दिट्ठा दृष्टा उपलब्धाः । अणादिमिच्छादिट्ठी अनादिमिथ्यादृष्टयः । भद्दणादयो राजपुत्रास्तस्मिन्नेव भवे प्रसन्नतामापन्नाः अत एवानादिमिथ्यादृष्टयः प्रथमजिनपादमूले श्रुतधर्मसाराः समारोपितरत्नत्रयाः । जह्मा यस्मात्क्षणेन क्षणग्रहणं कालस्याल्पत्वोपलक्षणार्थम् अन्यथा क्षणस्याल्पकालतया कर्मशातनस्य कर्तुमशक्यत्वात् सकलकर्मशातनपुरस्सरं सिद्धत्वमेव न स्यात् । सिद्धा य सिद्धाश्च परिप्राप्तनिरवशेषज्ञानादिस्वभावाः, वशब्देन निरस्तद्रव्य भावकर्मसंहतयश्च, इह आराधनासंपादकाः । चरित्तस्स चारित्रस्य । चारित्रग्रहणं रत्नत्रयोपलक्षणं । एतेन चारित्राराधनां स्तौति इत्येतदप्ययुक्तं [illegible] । चरित्राराधनाप्रस्तावस्य नायं प्रस्तावः । आयुरंते रत्नत्रयपरिणतिरिह प्रकांता स्तोतुं, किमुच्यते चारित्राराधनां स्तौतीति ।

एवं मरणसमये रत्नत्रयविराधनाया दोषं प्रकाश्येदानीं तदाराधनायाः फलातिशयं प्रकाशयति—

मूलारा—अणाइमिच्छादिट्ठी अनादिकालं मिथ्यात्वोदयोद्रेकान्नित्यनिगोदपर्यायमनुभूय भरतचक्रेणः पुत्रा भूत्वा भद्रविवर्द्धनादयस्त्रयोविंशत्यधिकनवशतसंख्याः पुरुदेवपादमूले श्रुतधर्मसाराः समारोपितरत्नत्रयाः खणेण अल्पकालेनैव सिद्धा य सिद्धाः संप्राप्तानंतज्ञानादिस्वभावाश्चशब्दान्निरस्तद्रव्यभावकर्मसंहतयश्च । चरित्तस्स रत्नत्रयस्य । तेण तेन कारणेन आराहणा आयुरन्ते रत्नत्रयपरिणतिः । सारो सर्वाचरणानां परमाचरणम् ।

मरणकालमें रत्नत्रयपरिणति न होनेसे दीर्घकालपर्यंत संसारभ्रमण करना पडता है इस दोषका वर्णन किया. अब आराधनाके फलका माहात्म्य कहनेके लिये ग्रंथकार कहते हैं—

हिंदी अर्थ—चारित्रकी आराधना करनेवाले अनादि मिथ्यादृष्टी जीव भी अल्पकालमें संपूर्ण कर्मोंका नाश करके मुक्त हो गये ऐसा देखा गया है. अतः जीवोंको आराधनाका अपूर्व फल मिलता है, ऐसा समझना चाहिये.

भावार्थ—अनादिकालसे मिथ्यात्वका तीव्र उदय होनेसे अनादिकाल पर्यंत जिन्होंने नित्य निगोदपर्यायका अनुभव लिया था ऐसे नउशे तेवीस जीव निगोदपर्याय छोडकर भरत चक्रवर्तीके भद्रविवर्धनादि नाम धारक पुत्र उत्पन्न हुए थे. उनको आदिभगवानके समवसरणमें द्वादशांग वाणीका सार सुननेसे वैराग्य होगया. ये राजपुत्र इसही भवमें त्रसपर्यायको प्राप्त हुये थे. इन्होंने जिनदीक्षा लेकर रत्नत्रयाराधनासे अल्पकालमें ही मोक्ष लाभ किया. अर्थात् मरणसमयमें इन्होंने रत्नत्रयकी विराधना नहीं की इसलिये उनको आराधनाका उत्कृष्ट फल—मोक्ष प्राप्त हुवा. ऐसे अनादि मिथ्यादृष्टियोंका भी रत्नत्रयसे पूर्ण कर्म नाश होता है व अनंत ज्ञानादिगुणरूप सिद्धत्व प्राप्त होता है.

गाथामें 'चारित्तस्स य आराहया' यह शब्द है. चारित्रका अर्थ यहां रत्नत्रय ऐसा समझना चाहिये. अतः 'चारित्राराधनाकी स्तुति करते हैं' ऐसा कोइ व्याख्यान करते है उनका खंडन हो गया. क्योंकि यहां चारित्राराधनाका महत्त्व बतानेका प्रसंग नहीं है. आयुके अंतमें रत्नत्रय परिणामकी विराधना नहीं करना चाहिये यह अभिप्राय इस गाथामें कहा है. अतः 'चारित्राराधनाकी स्तुति करते हैं' ऐसा व्याख्यान करना योग्य नहीं है.

'सव्वस्स पवयणस्स य सारो आराहणा तहा' इति यदुच्यते, यस्मिन्नेव काले मरणं तस्मिन्नेव काले रत्नत्रयपरिणतेन भाव्यं हितार्थिना अन्यदा किमिति चारित्रे तपसि च प्रयासः क्रियते इति शिष्यशंकामुपन्यस्यति सूत्रकारः—

जदि पवयणस्स सारो मरणे आराहणा हवदि दिट्ठा ॥
किं दाइं सेसकाले जदि जवदि तवे चरित्ते य ॥ १८ ॥

सूत्राराधनासारो यदि प्रवचने मतः ॥
किमिदानीं सदा यत्नश्चतुरंगे विधीयते ॥

विजयोदया—जदि पवयणस्स इत्यादिना । पवयणस्स प्रवचनस्य । सारो अतिशय इति । मरणे आयुरंते । आराहणा आराधना रत्नत्रयपरिणतिः । जदि दिट्ठा इति पदसंबंधः यद्युपलब्धा । हवदि भवेत् । किंदाइं किमिदानीं । सेसकाले मरणकालादन्यः कालः शेषकालस्तत्र जदि यदि प्रयत्नः क्रियते । क तवे तपसि । चरित्ते सामायिकादिके सावद्यक्रियापरिहारात्मके । चशब्दः [illegible] । एतदुक्तं भवति—मरणकालादिषु भावित रत्नत्रयस्यापि मरणे तदभावे यदि न सिद्धिः, अकृतभावनस्यापि मृतौ रत्नत्रयसान्निध्यात्सा सिद्धिर्यदि भवति मरणकालवर्तिरत्नत्रयमेव निर्वाणहेतुरित्यापन्नं ततश्च शेषकाले प्रयासो विफल इति । अस्योत्तरं—मरणे या विराधना सा महतीं संसृतिमावहति । अन्यदा जातायामपि विराधनायां मृतिकाले रत्नत्रयोपगतौ संसारोच्छित्तिर्भवत्येव ततो मरणकाले प्रयत्नः कार्य इत्यस्माभिरुपन्यस्तं । इतरकालवृत्तं तु रत्नत्रयं संवरनिर्जरयोर्घातिकर्मणां च क्षयकारणनिमित्तं इतीष्यत एव। तथा चोक्तं— ' सम्यग्दृष्टिश्रावकविरतानंतवियोजकदर्शनमोहक्षपकोपशमकोपशांतमोहक्षपकक्षीणमोहजिनाः क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः ' इति एतेषामसंख्यातगुणनिर्जरा सम्यग्दर्शनादिगुणनिमित्तात्कथमफलता ?

अत्राह शिष्यः—

मूलारा—किं दाइं किमिदानीं । सेसकाले मरणकालादन्यत्र ग्रहणशिक्षाप्रतिसेवनाभावनासंलेखनाकालेष्वित्यर्थः । जदिज्जदि यत्नः क्रियते । चरित्ते य च शब्दाज्ज्ञाने दर्शने च । इदमत्र तात्पर्यं ग्रहणादिषु भावितेऽपि रत्नत्रये मृताद्यभावितेऽपि यदि सिद्धिर्न स्यादन्यदा तदभावनेऽपि मरणे तत्परिणतौ सा स्यात्तदा सामग्र्या सुखेन भवेत् । मरणकालवर्तिन एव रत्नत्रयस्य निर्वाणहेतुत्वापत्तेः । अत्रोच्यते—मृतौ विराधना महतीं संसृतिमावहत्यन्यदा पुनर्जातायामपि तस्यां मृताद्याराधनायां भवोच्छेदो भवत्येव । ततो मरणे तत्र प्रयतितव्यमित्यस्माभिरुपन्यस्तम् । ग्रहणादिकालभावितं तु रत्नत्रयमचरमदेहस्य अशुभकर्मणां संवरनिर्जरयोश्चरमदेहस्य च घातिकर्मक्षयेऽपि निमित्तमिष्यतेऽत एव । तथा चोक्तं—सम्यग्दृष्टिश्रावकविरतानंतवियोजकदर्शनमोहक्षपकोपशमकोपशांतमोहक्षपकक्षीणमोहजिनाः क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः ॥ इति । तदत्रोद्यमचोदि त्वया ।

सर्व द्वादशांगका सार आराधना है. ऐसा आपने कहा है. अतः मरण कालमेंही हितार्थी पुरुषको रत्नत्रयकी आराधना करना योग्य है. अन्य कालमें चारित्र और तपमें क्यों प्रयास किया जाता है. ऐसी शिष्यकी शंका आगेके गाथामें आचार्य प्रगट करते हैं—

हिंदी अर्थ—आगमका सार ऐसी रत्नत्रयपरिणति मरण कालमें यदि होती हुई देखी जाती है तो मरणकालसे भिन्न कालमें अर्थात् दीक्षा ग्रहण, शिक्षा ग्रहण, गण पोषण, आत्म संस्कार इत्यादि कालमें चारित्र और तपश्चरणमें प्रयत्न करनेकी क्या आवश्यकता है ? अर्थात् अनशनादिक तप, सामायिकादिक चारित्र और सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन इनमें प्रवृत्ति करना व्यर्थ है. दीक्षा, शिक्षा वगैरे कालमें रत्नत्रयकी आराधना करने पर भी मरणकालमें यदि रत्नत्रयकी आराधना न हो तो सिद्धिप्राप्ति नहीं होती है. और यदि अन्यकालमें रत्नत्रयभावना नहीं की और मरणकालमें रत्नत्रयाराधनासे मोक्ष प्राप्त हो गया तो मरणकालीन रत्नत्रयही मोक्षका कारण है ऐसा सिद्ध होता है. अतः क्षपकालमें रत्नत्रयाराधना करना निष्फलही है, श्रमात्र मात्रही है.

इस शंकाका उत्तर—मरणसमयमें रत्नत्रयकी विराधना करनेसे विराधकको दीर्घ कालतक संसारमें भ्रमण करना पडता है. परंतु दीक्षादि कालमें विराधना होगई हो तो भी मरण कालमें रत्नत्रयकी प्राप्ति हो जानेसे संसारका नाश हो जाता है अतः मरणकालमें रत्नत्रयमें परिणति करनी चाहिये ऐसा हमारा अभिप्राय है. इतर कालमें रत्नत्रयाराधना की तो वह विफल नहीं होती है. उससे कर्मका संवर और निर्जरा होती है. तथा घाति कर्मका क्षय करनेमें वह निमित्त होगी ऐसा हम समझते है. " सम्यग्दृष्टिश्रावकविरतानंतवियोजकदर्शनमोहक्षपकोपशांतमोहक्षपकक्षीणमोहजिनाः क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः " सम्यग्दृष्टि, श्रावक, विरत इत्यादिक व्यक्तियोंको सम्यग्दर्शनादि गुणोंसें उत्तरोत्तर असंख्यात गुण रूपसे निर्जरा होती है ऐसा सूत्रकार उमास्वाम्याचार्य कहते हैं. अतः दीक्षा शिक्षादि कालमें रत्नत्रयाराधना व्यर्थ नहीं है. क्षायिक सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र यह सब साध्य इतर कालीनभावनासे भी प्राप्त होते हैं अतः व्यर्थ नहीं है. अतः तुम्हारे प्रश्नके अनुसार भी शंकाका परिहार करना शक्य है. यही बात आगेके गाथामें दिखाते है—

क्षायिकं सम्यक्त्वं ज्ञानं चारित्रं च यत्साध्यं तदखिलमवाप्यत एव इतरकालभुवापि भावनया । तदेव चोद्यं चोद्यते इति चेतसि कृत्वा सूरिश्चोद्यानुसारेणापि परिहर्तुं शक्यते इत्याचष्टे ॥

आराहणाए कज्जे परियम्मं सव्वदा वि कायव्वं ॥
परियम्मभाविदस्स हु सुहसज्झाराहणा होइ ॥ १९ ॥

परिकर्म विधातव्यं सर्वदाराधनार्थिना ॥
सुसाध्याराधना तेन भावितस्य प्रजायते ॥ २२ ॥

विजयोदया—आराहणाए कज्जे इति । आराधनाशब्दः सम्यग्दर्शनादिपरिणामसंसिद्धिमनाश्रितकालभेदां प्रतिपादयितुं उद्यतोऽपि मरणे विराधयित्वा इत्यत्र मरणकालविशेषस्य प्रस्तुतत्वात् तत्कालानुरोधेन तद्विषयायामेवाराधनायां प्रवृत्तो गृह्यते । ततोऽयमर्थः—मृतिकालगोचररत्नत्रयसिद्ध्यर्थं परियम्मं परिकर्म परिकरः । सव्वदा सर्वस्मिन्नपि काले—ग्रहणकालः, शिक्षाकालः, प्रतिसेवनाकालः सल्लेखनाकालश्च 'सर्वशब्देन गृह्यते । करणिज्जं अवश्यकरणीयं । कुतोऽयं नियोग इत्याशंक्याह—परिकर्मभाविदस्स खु परिकरेण भावितस्यैव खु शब्दोऽवधारणार्थः । सुखसज्ञा होदि सुखेन क्लेशमंतरेण साध्या भवति । का आराधणा आराधना मृतिगोचरा ॥

तथापि तदनुसारेणापि परिहर्तुं शक्यते इतीदमुच्यते ।

मूलारा—आराहणाए कज्जे—मृतिकालगोचररत्नत्रयसंसिद्ध्यर्थं । परियम्मं—परिकरः सम्यक्त्वाद्यनुष्ठानं । सव्वदा वि—दीक्षाशिक्षागणपोषणात्मसंस्कारसल्लेखनाकालेषु । करणिज्जं अवश्यमेव कर्तव्यम् । हु एवार्थे परिकर्मभावितस्यैवेत्यर्थः । येन हि यत्साध्यं तेन तत्पूर्वं परिकरो निवेश्यः ।

हिंदी अर्थ—मरणसमयमें रत्नत्रयकी सिद्धिके लिये सम्यग्दर्शनादि कारणकलापकी अवश्य प्राप्ति कर लेना चाहिये. अर्थात् दीक्षा, शिक्षा, गणपोषण, आत्मसंस्कार, सल्लेखना इत्यादिकालमें सम्यग्दर्शनादिककी प्राप्ति कर लेना कर्तव्य है. जिसने दीक्षादिकालमें सम्यग्दर्शनादिकों की अच्छी भावना—अभ्यास की है उसको मरणसमयमें विना क्लेशके रत्नत्रयाराधना सिद्ध होगी.

येन हि यत्साध्यं तेन पूर्वं तस्य परिकरोऽनुष्ठेय इत्यमुं अर्थं दृष्टांतबलेन साधयितुमुत्तरसूत्रम् । तथा च वदंति ' दृष्टांतसिद्धावुभयोर्विवादे साध्यं प्रसिद्ध्येत् ' इति ।

जह रायकुलपसूओ जोग्गं णिच्चमवि कुणइ परिकम्मं ॥
तो जिदकरणो जुद्धे कम्मसमत्थो भविस्सदि हि ॥ २०

राजन्य सर्वदा योग्यां विदधानः परिक्रियाम् ॥
शक्तो जितश्रमीभूतः समरे जायते यथा ॥ २३ ॥

विजयोदया—अह यथा। राजकुलप्रसूतो राजपुत्रः। जोग्गं योग्यं। प्रहरणक्रियायाः परियम्मं परिकर्म परिकरं। णिच्चमवि सगकालात्प्राक्प्रतिदिवसमपि। कुणदि करोति। तो ततः पश्चात्। जिदकरणो क्रियते रूपादिगोचरा विज्ञानय एभिरिति करणानि इन्द्रियाण्युच्यंते कृतिकरणशब्देन। अन्यत्र क्रियानिष्पत्तौ यदतिशयितं साधकं तत्करणमिति साधकतममात्रमुच्यते। क्वचित्तु क्रियासामान्यवचनः यथा कुरुष्व करणे इति। अत्र क्रियावाची गृहीतः। जितशब्दश्च स्ववशीकरणवृत्तिस्तथा जितभार्यः स्ववशीकृतभार्यः इति गम्यते। तेनायमर्थः स्ववशीकृतक्रियः सन् जुद्धे युद्धे समरे। कम्मसमत्थो कर्मसमर्थः। कर्मशब्दो ऽनेकार्थः। मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषायैर्ज्ञानप्रतिबंधादिसामर्थ्याध्यासितानि क्रियंते इति कर्माणि ज्ञानावरणादीनि। कर्तुः क्रियया व्यापकत्वेन विवक्षितमपि कर्म, यथा कर्मणि द्वितीयेति। तथा क्रियावचनोऽपि अस्ति, किं कर्म करोषि ? कां क्रियामित्यर्थः। इह क्रियावाची गृहीतः। सा चात्र क्रियाऽध्यवनप्रहरणताडनादिका तस्यां, समत्थो भविस्सदि समर्थो भविष्यामीति ॥ यो यत्साधयितुं वांछति स तत्परिकर्मणि प्राक् प्रयतते, यथा रिपूञ्जिहन्तुकामो हननकर्मोपायं अस्त्रशिक्षां करोति इत्येतावानर्थोऽनया गाथया दर्शितः।

कोऽत्र दृष्टान्त इति चेदुच्यते—

मूलारा—जोग्गं युद्धयोग्यं। णिच्चमवि युद्धकालात्प्राक् प्रतिदिवसमपि। परियम्म शस्त्राद्यभ्यासं। तो पश्चात्। जिदकरणो स्ववशीकृतक्रियः सन्। कम्मसमत्थो व्यधनादिकार्यक्षमः। भविस्सदि अहं भविष्यामीति मत्वा।

जिस पुरुषको जो कार्य सिद्ध करना है- वह उसके कारण कलापका संग्रह करे इस अर्थको दृष्टांत बलसे सिद्ध करनेके लिये आगेका सूत्र है. वादी प्रतिवादीके विवादसमयमें दृष्टांतके द्वारा साध्यकी सिद्धि होती है. इस न्यायसे प्रस्तुत आराधनाकी सिद्धिके लिये आचार्य दृष्टांतप्रदर्शन करते हैं—

हिंदी अर्थ— जैसा राजपुत्र शस्त्रविद्याके साधनभूत कारणसामग्रीका नित्य अभ्यास करता है अर्थात् युद्धके पूर्वकालमें दररोज शस्त्रोंका अभ्यास करता है, उसके प्रभावसे वह शस्त्रविद्यामें पूर्ण स्वाधीनक्रिय होता है. अर्थात्–निपुण होता है जिससे युद्धमें लक्ष्यभेद, शब्दभेदादिकार्य करनेमें वह समर्थ होता है. उसी तरह मुनि भी आराधनाओंका हमेशा अभ्यास करनेसे मरणकालमें रत्नत्रय सिद्ध करेंगे,

विशेष—गाथामें जिदकरणो यह शब्द है. यहां करण शब्दके अनेक अर्थ है. रूपादिविषयको ग्रहण करनेवाले ज्ञान जिनसे उत्पन्न होते हैं वे करण हैं. अर्थात् करण शब्दका इंद्रिय ऐसा अर्थ होता है. इंद्रियोंसे रूपादिक पदार्थोंका ज्ञान उत्पन्न होता है. कार्य उत्पन्न करनेमें कर्ताको जो अतिशय सहायक होता है उसको भी करण अर्थात् साधकतम कहते हैं. जैसे देवदत्त कुल्हाडीसे लकडी काटता है. कुल्हाडीके विना लकडीका काटना देवदत्तसे असंभव है अर्थात् लकडी काटनेमें देवदत्तको कुल्हाडी अतिशय मदत करती है अतः वह करण साधकतम कहलावेगी. करण शब्दका कहां कहां सामान्यक्रिया ऐसा भी अर्थ माना है. यथा कृकृञ् करणे. प्रस्तुत प्रकरणमें करण शब्दका क्रिया ऐसा अर्थ इष्ट है. ' जित ' शब्दका अर्थ अपने ताबेमें रखना, पूर्णहस्तगत करना ऐसा है. जैसे—जितभार्यः स्ववशीकृतभार्यः अर्थात् जिसने पत्नीको अपने स्वाधीन रक्खा है ऐसा मनुष्य. प्रस्तुत प्रकरणमें ' जिदकरणो स्ववशीकृतक्रियः ' अर्थात् शस्त्रादिकोंको घुमाना, लक्ष्यभेद करना इत्यादि क्रियाओंमें निपुण उसमें न चुकनेवाला ऐसा समझना चाहिये. ' कम्मसमत्थो ' इस समस्त शब्दमें कम्म शब्दके अनेक अर्थ है जैसे—मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषायोंके द्वारा जो ज्ञानादिक गुणोंको प्रतिबद्ध करनेके सामर्थ्यसे युक्त किये जाते हैं उनको कर्म कहते हैं. अर्थात् ज्ञानावरणादिकोंको कर्म कहते हैं. कर्ताकी होनेवाली क्रियाके द्वारा जो व्याप्त होता है उसको कर्मकारक कहते है. कर्मकी व्याकरण शास्त्रमें द्वितीया होती है. जैसे सूत्र—' कर्मणि द्वितीया ' ' घटं करोति देवदत्तः ' इस वाक्यमें देवदत्त कर्तृत्व क्रियासे घटको व्यापता है. अर्थात् घट कर्तृत्वक्रियासे व्याप्य होता है. कर्म शब्दका ' क्रिया ' ऐसा भी अर्थ है. यहां कर्म शब्द क्रियावाची समझना. जैसे ' किं कर्म करोषि ' तू कोनसा कार्य करता है ? ' कम्मसमत्थो इसका अर्थ—छूट जाना, प्रहार करना, ठोकना इत्यादि कर्म शब्दका अभिप्राय यहां समझना चाहिये.

जो जिस कार्यको साधनेकी इच्छा रखता है वह उसके साधनभूत सामग्रीमें प्रथम प्रयत्न करता है. जैसे शत्रुको मारनेकी इच्छा करनेवाला मनुष्य मारनेकी साधन भूत शास्त्र विद्या पढता है उसी तरह मुनि भी आराधनाओंका अभ्यास करके मरण कालमें रत्नत्रयकी प्राप्ति कर लेते है.

इदानीं हेतोः पक्षधर्मयोजनायाह—

इय सामण्णं साधू वि कुणदि णिच्चमवि जोगपरियम्मं ॥
तो जिदकरणो मरणे झाणसमत्थो भविस्संति ॥ २१ ॥

आमण्यं सर्वदा कुर्वन्परिकर्म प्रजायते ॥
आश्वस्त (अभ्यस्त) करणः साधुर्ध्यानशक्तो मृतौ तथा ॥ २४ ॥

विजयोदया—इय सामण्णमिदि । इय एवं । सामण्णं समणस्स भावो सामण्णं समता इत्यभियुक्ता निरुक्तिमभाषन्तः । भवतोऽस्मादभिधानप्रत्ययौ इति भावशब्देन द्रव्यशब्दस्य वृत्तौ निर्वृत्तं ततो गुण उच्यते । तथा चोक्तम्—यस्य गुणस्य भावाद्द्रव्ये शब्दनिवेशस्तदभिधाने त्वतलाविति । ततोऽत्रापि समण इत्यस्य शब्दस्य जीवे प्रवृत्तौ किं निमित्तं गुणः समता क जीविते, मरणे, लाभेऽलाभे, सुखे, दुःखे, बंधुषु, रिपौ च एतेषु रागः क्वचित्क्वचिद्द्वेषश्चासमानता, तदुभयाकरणं जीवितादिस्वरूपपरिज्ञानं समचित्तता । अर्थयाथात्म्यग्राहित्वेन जीवितादिविषयाणां ज्ञानानां समता । जीवितं नाम प्राणधारणं तदायुरायत्तं न ममेच्छया वर्तते, सत्यामपि तस्यां प्राणानामनवस्थानात् । सर्वे हि जगदिच्छन्ति प्राणानामनपायं न च तेऽवतिष्ठन्ते । मरणं नाम इंद्रियादिप्राणेभ्यो विगम आत्मनः । तथा चोक्तम् । मृङ् प्राणत्यागे इति । त्यागो हि वियोग आत्मनः सकाशात्प्राणानां पृथग्भावः । स चायुः संक्षिप्तानां पुद्गलानां अशेषगलनात् । अत्र द्रव्येंद्रियाणां उपघातकशस्त्रादिद्रव्यसंपाताद्भावेंद्रियस्य चोपयोगस्य विनाशः विषशस्त्रादायरणोदयात् । तदुदयादेव च लब्धेरभावः । वीर्यान्तरायोदयातिशयितबलप्राणहानिः । मुखस्य नासिकायाश्च पिधानात् श्लेष्मादिनावरोधात् उच्छ्वासनिश्वासहानिः । अभिमतस्य लाभो लाभांतरायक्षयोपशमात् । अलाभस्तदुदयात् । सुखं नाम प्रीतिः सद्वेद्योदयात् अभिलषितविषयसान्निध्यात् । दुःखं तु बाधात्मकमसद्वेद्योदयहेतुकम् । बंधवो नाम न नियताः सन्ति केचन । संसृतौ परिभ्रमतः उपकारापेक्षा हि ते यदि न एव अन्यदा कृतोपकारा इति किमारंभः ? अन्योऽपि कदाचिदुपकारिणानुग्रहा इति किं न बंधवः ? अपि च मोहस्य सर्वासंयममूलस्य हेतुतया सन्मार्गप्रतिबंधकाश्चिंतया च ते महाशत्रवः । किं च पुण्योदयादेव संपद्यते सकलं सुखं । सुखहेतुवस्तुसान्निध्यं च । निपुण्यस्य न ते किंचिदपि कर्तुं क्षमाः । न च कुर्वन्ति । तथा हि—मातरं त्यजति पुत्रः सा च सुतं । तथाऽसत्यसद्वेद्योदये न कश्चित्किंचिदप्यपकारं करोति । बाधा हि शत्रवो बाह्याभ्यंतरकर्मणि अर्जयंति पीडामुपजनयन्ति । इत्येवंमूला सर्वत्र समचित्तता सामण्णं । साधू वि साधुरपि । कुणदि करोति । णिच्चमवि नित्यमपि सर्वदापि । जोगपरिकम्मं योगशब्दोऽनेकार्थः । 'योगनिमित्तं ग्रहणं ' इत्यात्मप्रदेशपरिस्पंदं

---

१ ख पुस्तके निमित्तभूतः इति पाठः ।

त्रिविधवर्गणासहायमाचष्टे । क्वचित्संबंधमात्रवचनः ' अध्यात्मेन योग ' इति । क्वचिद्ध्यानवचनः यथा ' योगस्थित ' इति । इहार्थे परिगृहीतः । ततो ध्यानपरिकरं करोतीति यावत् । रागद्वेषमिथ्यात्वासंयमरूपं अर्थयाथात्म्यस्पर्शि प्रतिनिवृत्त विषयांतरसंचारं यत्तत् ध्यानमित्युच्यते । समाधिसमाधानयोर्नधिगतवस्तुसद्भावश्च ध्यातुं न क्षमते इति भावः । तो ततः पक्षाक्षिप्तकरणो इत्यत्र करणशब्दः अंतःकरणे मनसि वर्तते ततोऽयमर्थः । स्ववशीकृतचित्तोऽहं मरणे समयपर्यायनामधेयलाभे । ज्ञानसमर्थो ध्यानस्यैकाग्रचिन्तानिरोधस्य । ध्यानशब्दोऽत्र प्रशस्तध्यानविषये प्राह्योना शुभयोर्नारकतिर्यग्गतिनिर्वर्तनप्रवणयोः । योगे परिकर्मणि सदात्मनः प्रवृत्तत्वात् अयत्नसाध्यता । धर्मशुक्लयोर्निर्वर्तने समर्थो शक्तः भविस्संति भविष्यामीति ॥

यो यच्चिकीर्षति स तत्परिकर्मणि प्राक् प्रयतते । यथा रिपूञ्जिघांसुस्तद्धननक्रियायोग्यावामखड्गशिक्षायामिति दर्शयित्वा इदानीं हेतोः पक्षधर्मत्वयोजनायाह--

मूलारा—इय एवं । सामण्णं जीवितमरणादिषु समानस्य भावस्तत् समचरितत्वं, श्रामण्यं वा चारित्रमित्यर्थः । जोगपरिकम्मं सद्ध्यानपरिकरं तथा चोक्तं—

संगत्यागः कषायाणां निग्रहो व्रतधारणं ॥
मनोऽक्षाणां जयश्चेति सामग्री ध्यानजन्मनः ॥

जिदकरणो स्ववशीकृतमनाः । करणं ह्यत्रान्तःकरणम् । स्ववशीकृतचित्तेन्द्रिय इति वा ग्राह्यम् । झाणसमत्थो धर्मशुक्लध्यानसमर्थः ॥

यही आशय आगेकी गाथामें आचार्य स्पष्ट करते है—

हिंदी अर्थ—जीवित, मरण, लाभ, अलाभ, शत्रु, मित्र, सुख, दुःख इन चीजोंमें रागद्वेष रहित होना इसको समता कहते हैं. यह समता ध्यानाभ्यास करनेमें सहायक होती हैं. जो ऐसी समता हमेशा धारण करते हैं, जिन्होंने मन और इंद्रियोंको अपने आधीन रक्खा है अर्थात् जो जितेंद्रिय और जितचित्त हैं वे साधु मरणसमयमें दुर्गति अर्थात् नरक तिर्यग्गतिको दूर करनेवाले ऐसे धर्म व शुक्ल ध्यान करनेमें समर्थ होंगे.

विशेषार्थ—जीवित, मरण, लाभ, अलाभ इत्यादिकोंमें जो आत्मा रागद्वेष रहित है उसको समान कहते

हैं. ऐसे समान आत्माका जो स्वभाव उसको सामान्य अर्थात् समता कहते हैं. 'समान' इस शब्दकी प्रवृत्ति जीवमें होनेका कारण समता है. अर्थात् जिसमें समता है उसको समान कहते हैं. जीवित मरण, लाभ अलाभ, सुख दुःख, बंधु व शत्रु इनमें अर्थात् जीवित, लाभ, सुख, बंधु इनमें रागभाव करना और मरण, अलाभ, दुःख और शत्रु इनमें द्वेष–अप्रीति रखना यह असमानता है. इस असमानताका त्याग करना ही समता है. जीवित मरण इत्यादिकोंका यथार्थ स्वरूप समझनेही समता है. परंतु उसमें प्रीति व अप्रीति करना यह समानता नहीं है. इंद्रियादि प्राणोंको धारण करना यह जीवित शब्दका अर्थ है. परंतु इंद्रियादिप्राणोंका अस्तित्व आयुकर्मके आधीन है. वह आयु जब तक रहेगी तब तक जीवित टिक सकता है. वह जीवित मेरे आधीन नहीं है. क्योंकि जीवितेच्छा होकर भी प्राण चले जाते हैं. सर्व जगतके प्राणी हमेशा प्राण रहे ऐसी इच्छा करते हैं परंतु आयुका वियोग होनेसे प्राणोंका निर्गमन होता ही है उसको वे रोकनेमें असमर्थ हैं.

२ मरण– इंद्रियादि प्राणोंसे आत्माका अलग हो जाना मरण है. अर्थात् प्राणोंका त्याग होना मरण है. 'मृङ् प्राणत्यागे' ऐसा मृङ् धातुका अर्थ है. प्राणोंका त्याग अर्थात् आत्मासे प्राणोंका वियोग होना, आत्मासे उनका अलग होना. आयुकर्म संपूर्ण गल जानेसे प्राणोंका वियोग होता है. विष, शस्त्र, बाण इत्यादि प्राणहारक पदार्थोंका संयोग होनेसे द्रव्येंद्रियोंका नाश होता है. ज्ञानोपयोग दर्शनोपयोग ये भाव प्राण हैं. विष शस्त्रादिकोंका संयोग होनेसे ज्ञानदर्शनादि आवरण कर्मका उदय होता है. जब इन कर्मोंका उदय होता है तब लब्धिका विनाश हो जाता है. वीर्यान्तराय कर्मका उदय होनेसे कायबल, वचनबल, और मनोबल इनका नाश होता है. मुख बंद करनेसे, नाक बंद करनेसे तथा श्लेष्मादिकोंसे उच्छ्वासनिश्वास प्राण नष्ट होते हैं.

लाभांतराय कर्मका क्षयोपशम होनेसे इष्ट पदार्थकी प्राप्ति होती है. तथा लाभांतरायका उदय होनेसे अलाभ होता है. प्रीतिरूप परिणामको सुख कहते हैं यह प्रीति परिणाम जीवमें साता वेदनीय कर्मके उदयसे होता है. इष्ट पदार्थ साथ होनेसे मनुष्यको आनंद होता है. अंतरंग कारण साता वेदनीयका उदय और बहिरंग कारण इष्ट वस्तुकी प्राप्ति इन दोनोंसे जीवमें प्रीति उत्पन्न होती है.

पीडा रूप परिणामको दुःख कहते हैं. वह असाता वेदनीय कर्मके उदयसे जीवमें प्रगट होता है.

संसारमें भ्रमण करनेवाले जीवके कोई नियत बांधव नहीं है. जिसके उपर यह जीव उपकार करता है वह

जीव उपकारकर्ताका बंधु होता है. यदि जीव अपकार करे तो वही बंधु शत्रु हो जानेमें देर नहीं लगती. शत्रुओंके उपर भी यदि हम अनुग्रह–उपकार करेंगे तो वे भी हमारे बंधु होते हैं. स्नेह सर्व असंयमका मूल कारण है. इस स्नेहके भी–बंधु कारण होते हैं. अर्थात् बंधु असंयमके कारण हैं. ये बांधवगण सन्मार्गमें प्रवृत्त हुये जीवके विरोधी बन जाते हैं. अतः ये बांधव महाशत्रु हैं ऐसा समझना. पुण्यके उदयसेही जीवको सर्व प्रकारके सुख मिलते हैं. सुखदायक वस्तुओंका उसको समागम होता है. परंतु पुण्यरहित जीवको सुखदायक पदार्थोंका संयोग होने पर भी सुख नहीं होता है. असाता वेदनीय कर्मका उदय हो तो पुत्र माताका त्याग करता है. अथवा माता भी पुत्रको त्यागती है. यदि असाता वेदनीय कर्मका उदय न होगा तो कोइ भी अपने उपर अपकार नहीं करेगा. यदि अंतरंगमें असाता वेदनीय कर्मका उदय न हो तो बाह्य शत्रु जीवको कुछ भी पीडा नहीं दे सकेगा. इस तरह विचार करना यह समता है. यह समता योगपरिकर्म है अर्थात् शुभध्यान--धर्मध्यान और शुक्लध्यान उत्पन्न होनेमें कारण है. योगपरिकर्म इस समस्त शब्दमें जो योग शब्द है उसके अनेक अर्थ हैं. जैसे ' योगानिमित्तं ग्रहणं ' यहां मनोवर्गणा, वचनवर्गणा व कायवर्गणा इनके आश्रयसे जो आत्मप्रदेशोंमें चंचलता उत्पन्न होती है वह योग शब्दसे वाच्य होती है. योग शब्दका संबंध ऐसा भी अर्थ होता है. जैसे–इसका इसके साथ योग है. अर्थात संबंध है. योग शब्द कहीं कहीं ध्यानवाचक भी है. जैसे ' योगस्थितः ' अर्थात् मुनि ध्यानमें स्थिर है. प्रस्तुत प्रकरणमें योगका अर्थ ध्यान ऐसा मानना चाहिये. राग द्वेष, और मिथ्यात्वसे रहित, पदार्थके यथार्थ स्वरूपको स्पर्श करनेवाला अर्थात् जाननेवाला तथा विषयांतरसे हटकर एक विषयमें ही स्थिर होनेवाला ऐसे ज्ञानको ध्यान कहते हैं. जिसने समताका अभ्यास नहीं किया है. और जिसको वस्तुका सत्यस्वरूप ज्ञात नहीं हुवा है ऐसा पुरुष ध्यान करनेमें असमर्थ है ऐसा समझना चाहिये. जिसने अंतःकरण वश किया है, वह मुनि मनुष्यपर्यायका नाश होनेके समयमें अर्थात् मरणकालमें धर्मशुक्लध्यानमें मैं समर्थ होउंगा ऐसा समझकर हमेशा समताका अभ्यास करता है. यद्यपि गाथामें ' ज्झाणसमत्थो ' इस समस्त शब्दमें ध्यान शब्द सामान्य ध्यानका वाचक है तथापि यहां प्रशस्त ध्यानका वाचक समझना चाहिये. अर्थात् धर्म व शुक्ल ये दोन ध्यान प्रशस्त है तथा आर्त और रौद्र ये दो ध्यान अशुभ है.

कृतपरिकरो राजपुत्रो व्यधनादिकासु क्रियासु उपगतकौशलः क्रियां प्रहरणादिकां संपाद्य यथाफलं प्राप्नोति इति एतदुत्तरगाथयाचष्टे—

जोगाभाविदकरणो सत्तू जेदूण जुद्धरंगम्मि ॥
जह सो कुमारमल्लो रज्जवडायं बला हरदि ॥ २२ ॥

कृतयोग्यक्रियो युद्धे जगतीपतिदेहजः ॥
आदत्ते विद्विषो जित्वा बलाद्राज्यध्वजं यथा ॥ २५ ॥

विजयोदया—जोगाभाविद इत्यनया । जोगाभाविदकरणो परिकर्मणा असकृत्प्रवर्तितव्यधनताडनप्रहरणादिक्रियः । आभावित इत्यत्राह भृशार्थे प्रयुक्तः । तथा च प्रयोगः—आधूमितं भृशं धूमेन परिपूर्णमित्यर्थः । सत्तू शत्रून् । जेदूण जित्वा । जुद्धरंगम्मि युद्धार्थं संस्कृतो देशो युद्धरंगमित्युच्यते तत्र । जह यथा । सो सः भावितात्मा । कुमारमल्लो प्राणिनां कालकृतोऽवस्थाविशेषो द्वितीयः कुमारत्वं नाम । तद्योगाद्राजपुत्रः कुमारः स एव मल्लः । रज्जपडायं राज्यध्वजं । बला बलात्कारेण । हरदि हरति । गृह्णाति ॥

प्राक् परिकर्मभावनायाः फलं दृष्टान्ते प्रदर्श्य दार्ष्टान्तिके योजयितुं गाथाद्वयमाह—

मूलारा—जोगाभाविदकरणो योग्यया परिकर्मणा भावितमसकृत्प्रवर्तितं करणं व्यधनादिक्रिया येन । जुद्धरंगम्मि युद्धार्थं संस्कृते देशे । रज्जपडायं राज्यध्वजं । बला बलात्कारेण । हरदि गृह्णाति प्रत्यानयतीत्यर्थः ।

जिसने शस्त्रविद्याकी सामग्रीका खूब अभ्यास किया है ऐसा राजपुत्र लक्ष्यवेधादिक क्रिया करनेमें चतुर हो जाता है, और शत्रुको मारकर अथवा पकडकर राज्यादिकका फल प्राप्त कर लेता है यह आगेकी गाथामें आचार्य कहते हैं—

हिन्दी अर्थ—लक्ष्यवेध, ताडन, प्रहार करना इत्यादि क्रिया करनेमें अतिशय चतुर, तरुण, पहिलवानके समान शक्तियुक्त ऐसा राजपुत्र युद्ध करनेके मैदानमें शत्रूको जीतकर जैसे बलात्कारसे राज्यध्वजको हरण करता है, उसी तरह मुनि भी मोहरिपूको जीतकर बलात्कारसे आराधनापताका हर लेता है, ऐसा आगेकी गाथामें आचार्य कहते हैं, उपर्युक्त गाथा दृष्टान्त रूप है–दार्ष्टान्तिक गाथा यहां आचार्य कहते हैं,

दार्ष्टान्तिके योजयितुं उत्तरगाथामाह—

तह भाविदसामण्णो मिच्छत्तादी रिवू विजेदूण ॥
आराहणापडायं हरइ सुसंथाररंगम्मि ॥ २३ ॥

साधुर्भावितचारित्रो गृह्णाति संस्तराहवे ॥
आराधनाध्वजं जित्वा मिथ्यात्वादिद्विषस्तथा ॥ २६ ॥

विजयोदया—तह भाविदसामण्णो इति । तह तथैव राजपुत्रवदेव । भाविदसामण्णो भावितसमानभावः। पुव्वमिति शेषः । मिच्छत्तादी मिथ्यात्वासंयमकषायाशुभयोगाः इत्येतान् । रिवू रिपून् । विजेदूण भृशं जित्वा। विशब्दो भृशार्थे प्रयुक्तः । यथा विवृद्धो मल्लः भृशं वृद्ध इति यावत् । अथवा विजेदूण नानाप्रकारं जित्वा यथा विचित्रमिति नानाचित्रमिति यावत् । एकान्तमिथ्यात्वं, संशयमिथ्यात्वं, विपर्ययमिथ्यात्वं इत्यनेकधा मिथ्यात्वपरिणामाः स्थिताः । तत्रैकान्तमिथ्यात्वं नाम वस्तुनो जीवादेर्नित्यत्वमेव स्वभावो न चानित्यत्वादिकं । असदुत्पत्त्या सतो निरोधे वा अनित्यता भवति । न चासत उत्पत्तिर्यदि स्यात्खगनकुसुमादिकं किं नोपजायते? असत्त्वाविशेषे खकुसुमादेर्घटादेश्च घटादिकं उपजायते न वियत्कुसुमादिकं इत्यत्र न नियामकं हेतुं पश्यामः । न च सद्विनश्यति, विनाशो ह्यसत्त्वं, भावाभावौ हि परस्परपरिहारस्थितिलक्षणौ नैकतां यातः । न भावोऽभावो भवति, इत्थमसत्त्वे उत्पादनिरोधयोरभावान्नित्यतैवावतिष्ठते इदमेकं मिथ्यात्वं एतस्य जय उच्यते—न नित्यतैव वस्तुनो रूपं, अनित्यतायाः अपि प्रमाणसमधिगम्यत्वात् । रागद्वेषमिथ्यात्वसंशयविपर्ययादीनां आत्मनि सतां पश्चादनुभवमतिक्षापितमसत्त्वमनुभवोपनीतं च सत्त्वं प्रागननुभूतानामित्यनित्यता पुद्गलद्रव्यस्यापि मेघादेर्वर्णान्यथाभावः । आम्रफलादीनां रूपरसगंधाद्यन्यथाभावश्च प्रत्यक्षग्राह्योऽशक्यापह्नवः, तथानुमानग्राह्यश्च—यत्सत्तत्सर्वं नित्यानित्यात्मकं यथा घटस्तथा च जीवादिकं सदिति । कारणानां प्रतिनियतजननस्वभावकार्यत्वात् । घटादेर्जनकानि सन्ति इत्युत्पत्तिः न खरविषाणादेः । न च भावाभावयोर्विरोधः एकस्मिन्वस्तुन्येकदा प्रवृत्तेः रूपरसादीनामिव । अपररूपेणासत्त्वं सति विद्यते न वा । यद्यस्ति न विरोधः, न चेत्सर्वात्मकता । न ह्यभावो नाम भावादन्यः । अपि तु भावान्तरस्यैव रूपान्तरम् । ततोऽयुक्तो नित्यत्वैकान्तवादः इति । एवंभूतया तत्त्वश्रद्धया पराभूयते नित्यमेवेति मिथ्यात्वम् । तथा क्षणिकमेवसर्वं कथं कार्यकारि, यद्वस्तु सर्वथा सामर्थ्यविरहो भावलक्षणं । कार्यकारिता च न नित्यस्य । कथं तद्धि नित्यं स्वसंपाद्यं क्रमेण वा कुर्याद्युगपद्वेत्वा ? न तावत्क्रमेण कार्यात्मलाभस्य कारणस्वभावसान्निध्यमात्रपराधीनत्वात् । सर्वं कार्यप्रादुर्भूतिहेतूनां सामर्थ्यानां सदा सान्निध्यत्वात् कुतः कार्याणां क्रमः । समर्थहेतुभावेऽप्यभावे न तत्तस्य कार्यं स्यात् । यथा सन्निहितेऽपि यवबीजे ऽनुपजायमानस्य शाल्यंकुरस्य न यवबीजकार्यता । युगपत्करोति चेत् द्वितीयादौ

क्षणेऽकिंचित्करता स्यात्, च तथा दृश्यते । इत्थं नित्यवस्तुलक्षणस्य कार्यकारित्वस्याभावात्, अनित्ये सद्भावात् क्षणिकमेवेत्यध्यवसायो मिथ्यात्वमेव तस्य जय उच्यते—सत्यं सर्वथा नित्ये वस्तुलक्षणे नास्त्युक्रया नीत्या नित्याऽनित्यात्मके तु संभविनी कार्यकारिता । एकान्तेन क्षणिकत्वेव वस्तुनो यदि रूपं कार्यकारिता नास्ति । एकस्य वस्तुन एकमेव रूपं नापरमिति प्रतिज्ञानात् । एवमन्यत्रापि ज्ञेयः एकान्तमिथ्यात्वजयः । संशयमिथ्यात्वं वस्तुस्वरूपानवधारणात्मकं तस्य जयः कथंचिन्नित्यानित्यात्मकाः सर्वे भावा इति भावनया । विपर्ययमिथ्यात्वं हिंसाया दुर्गतिवर्तिन्याः स्वर्गनिर्हेतुतावसितिज्ञानम् । अहिंसायाश्च प्रत्ययार्थहेतुर्तेति एतस्य जयः । परोक्षस्योपायोपेयभावस्य अप्रत्यक्षत्वात् । अनुमानस्य च प्रत्यक्षपृष्ठभावीनलिङ्गावृत्तेः । आगमः सर्वज्ञेन निरस्तरागद्वेषेण प्रणीतः उपेयोपायतत्त्वस्य ख्यापकः आश्रयणीयः । कपिलादीनामसर्वज्ञतया न तत्प्रणीत आगमोऽदृष्टप्रतिपत्तावुपायः । तदसर्वज्ञता दृष्टेष्टप्रमाणविरुद्धवचनतया रथ्यापुरुषवत् । नित्यस्तु शब्दो न विद्यते । यदि स्यात्सर्वस्य नित्यतया पुरुषदोषानुपश्लिष्टतास्तीति प्रामाण्यं भवेत्ततो जिनागमेन हिंसाया दुःखहेतुत्वप्रतीतेर्विपर्ययमिथ्यात्वप्रसिद्धिः तस्य जयः अविपरीतज्ञानेन । आराधनापडायं आराधनापताकां । हरदि गृह्णाति । सुसंथारसंगम्मि । शोभनसंस्तरणे उद्गमादिदोषानुपहतता शोभनता ॥

मूलारा—साधिदसामणो प्रागभ्यस्तसमभावः । मिच्छत्तादी मिथ्यात्वासंयमकषायाशुभयोगान् । विजेदूण शूरंविधिं वा प्रतिहत्य । आराहणापडायं आराधनैव पताका त्रिजगत्परमैश्वर्यचिन्हं तां मिथ्यात्वादिशत्रुहतां । यदि वा आराधनायाः पताका इन्द्रादिनिर्मितपूजाद्यैश्वर्यातिशयसंपत् । सुसंथारसंगम्मि उद्गमादिदोषानुपहते संस्तरसंगे ।

हिन्दी अर्थ—तरुण राजपुत्रके समान मुनि भी समताकी बारबार भावना करके मिथ्यात्व, असंयम, कषाय, अशुभ मन वचन, कायकी प्रवृत्तियां इन शत्रुओंको अच्छी तरह जीतकर—नाना प्रकारोंसे इनका पराभव कर उद्गमादि दोषोंसे रहित ऐसे संस्तरका आश्रय कर आराधना पताकाका हरण बलात्कारसे करते हैं.

विशेष स्पष्टीकरण—नाना प्रकारसे मिथ्यात्वादिशत्रूओंको मुनि कैसे जीतते हैं. इसका वर्णन यहां लिखते हैं—मिथ्यात्व परिणामके एकांत मिथ्यात्व, संशय मिथ्यात्व, विपरीत मिथ्यात्व ऐसे अनेक भेद हैं. एकान्त मिथ्यात्वका स्वरूप—जीवादिक वस्तु सर्वथा नित्य ही है, उसमें अनित्यत्वादिक धर्म नहीं हैं, यदि असत् पदार्थ उत्पन्न हो जाय और सत्पदार्थका नाश हो जावे तो अनित्यता वस्तुका स्वरूप है ऐसा मानना योग्य होगा. परंतु असत् कभी उत्पन्न नहीं होता है. यदि वह भी उत्पन्न होगा तो आकाशपुष्प, और खरगोशका सींग भी क्यों न उत्पन्न होगा? क्योंकि

ये भी तो असत् ही है. आकाशपुष्प असत् है तथा घटादि भी उसके समान असत् ही है तो आकाश पुष्पसे घटादिक अथवा घटादिकसे आकाश पुष्प बनते है ऐसा मानना पडेगा. घटादिकसे घटादिक ही उत्पन्न होते हैं. और आकाशपुष्पादिसे आकाशपुष्पादिक ही बन जाते हैं ऐसा माननेमें कुछ नियामक कारण हमको नहीं दीखता है.

सत्पदार्थका नाश होता है यह मानना भी अयोग्य है. विनाश असद्रूप है. अर्थात् अभाव रूप है. सत्पदार्थ विनाशके उलटा है अर्थात् भावरूप है. जहां भावात्मक पदार्थ रहता है वहां अभावात्मक पदार्थ नहीं रह सकता. अतः भावपदार्थ और अभावपदार्थ एकस्वरूपताको प्राप्त नहीं होते हैं. अर्थात् वे भिन्न भिन्न स्वरूपके धारक हैं. भावपदार्थ कभी अभावरूप नहीं होता है. असत् पदार्थसे उत्पाद और नाश दोनों भी सिद्ध नहीं होते हैं. अतः नित्यता ही पदार्थका स्वरूप समझना चाहिये. पदार्थ अनित्य ही मानना यह एक मिथ्यात्व है. ऐसे मिथ्यात्वका समताकाअभ्यास करनेवाले मुनिराज पराजय करते हैं.

अब नित्यता ही वस्तुस्वरूप है ऐसा मानना भी मिथ्यात्व है यह दिखाते हैं—नित्यता ही वस्तुस्वरूप है यह कहना भी युक्तियुक्त नहीं है. आत्मामें प्रथमतः रागद्वेष, मिथ्यात्व, संशयविपर्यय वगैरे अशुद्धस्वरूपके द्योतक विकार दीखते हैं परंतु नंतर इसका अभाव होता है. यह सबके अनुभवमें आनेवाली बात है. यदि आत्मा सर्वथा नित्य ही मानोगे तो उसमेंसे रागद्वेषादिक कभी भी नष्ट होंगे ही नहीं. तथा जो विकार पूर्वमें अनुभवमें आये नहीं थे वे कभी भी उत्पन्न न हो सकेंगे. परंतु पूर्वपर्यायका नाश और नवीन पर्यायकी उत्पत्ति प्रत्येक पदार्थमें होती हुइ अनुभवमें आती है. अतः वस्तु नित्य माननेसे ये बातें नहीं बनेंगी. मेघादिक पुद्गलद्रव्यमें जो पूर्वक्षणमें वर्ण था वह अनंतर समयमें नहीं रहता दुसरा ही वर्ण नजरमें आता है. आम्रफलादिकोंमें कच्ची अवस्थामें हरा रंग, अर्धपक्व अवस्थामें लाल पीला रंग और पक्कावस्थामें पीलापना आता है यह सब प्रत्यक्ष प्राप्त बातें हैं. इन बातोंको मानना ही पडेगा. अनुमानसे भी वस्तु कथंचित नित्यानित्यात्मक है यह सिद्ध होता है. जो जो सत्पदार्थ है वे सब नित्यानित्यात्मक है जैसा घट. अर्थात् घटके समान सभी जीवादिक पदार्थ सत् है अतएव वे नित्यानित्यात्मक है.

कारणोंमें प्रतिनियत कार्य ही उत्पन्न करनेका स्वभाव है अतः उनसे विशिष्ट ही कार्य उत्पन्न होते है. जैसे मृत्पिंडसे घट ही होता है पटोत्पत्ति नहीं होती है. अतएव खर विषाणादिकसे घटादिक सत्पदार्थोंकी उत्पत्ति नहीं होती है. जैनमतमें भाव और अभावमें परस्पर विरोध है नहीं. अर्थात् वस्तुमें एक ही समयमें

अस्तित्व और नास्तित्व दोनों भी धर्म पाये जाते हैं. जैसे वस्तुमें रूपरसादिक धर्म रहते हैं उसीतरह अपर पदार्थके स्वरूपका अभाव भी उसमें रहता है या नहीं ? यदि दूसरे पदार्थके स्वरूपका अभाव है ऐसा कहोगे तो भावाभावत्व एक पदार्थमें अविरुद्ध रूपसे रहता है ऐसा सिद्ध हो चुका. यदि दुसरे पदार्थ का भी स्वरूप पदार्थमें मानोगे तो प्रत्येक वस्तु सर्वात्मक है ऐसा मानना पडेगा. घट पदार्थ स्वस्वरूपसे युक्त तो है ही परंतु पटादिस्वरूपता भी उसको आवेगी और ऐसा होनेसे यह घट ही है ऐसा कहते समयमें पट ही है ऐसा भी कहनेका प्रसंग आवेगा अतः वस्तुके निश्चित स्वरूपका लोप होगा.

वस्तुमें जो अभाव माना गया है वह भावसे भिन्न है नहीं. अर्थात् भावान्तरको ही अभाव कहते हैं. वस्तु स्वस्वरूपसे जैसी भावात्मक मानी है वैसी परस्वरूपसे अभावात्मक भी मानी है अतः प्रत्येक वस्तु भावाभावात्मक है. अतः नित्यत्वैकान्तवाद अयुक्त है. ऐसी तत्वश्रद्धा करनेसे वस्तु नित्य ही है यह मिथ्यात्व पराजित होता है.

सर्वथा क्षणिक वस्तुमें कार्य करनेका सामर्थ्य ही नहीं रहता है. वह पहिले क्षणमें उत्पन्न होकर नष्ट होती है अतः कार्य कब करेगी, क्षणिक वस्तुकी उत्पत्ति भी पूर्व क्षणिक वस्तुसे यदि होती तो कार्यकारिता उसमें है ऐसा मान सकते थे. परंतु सर्व पूर्व क्षणिक वस्तुओंमें कार्यकारण भाव नहीं है. तथा प्रत्येक क्षणिक वस्तु एक समयके बाद निश्चयसे यदि नष्ट होती ही है तो उसको कार्य करनेके लिये अवसर ही नहीं रहा. अतः वस्तु क्षणिक है यह मानना अयुक्तियुक्त है.

नित्य भी पदार्थ कार्य नहीं कर सकता है. वह यदि कार्य करेगा तो क्या क्रमसे करेगा अथवा एकदम करेगा ? ऐसे दो प्रश्न यहां उपास्थित होते हैं. क्रमसे कार्य उत्पन्न करेगा यह आपका कथन योग्य नहीं है, क्यों कि कार्य का जन्म होना कारण में विद्यमान जो स्वभाव है उसके आधीन है और नित्य पदार्थमें कार्य उत्पन्न करनेका स्वभाव सदा ही विद्यमान होनेसे सदाही कार्य होते रहेंगे अतः कार्यमें क्रम कैसा रहेगा ? एकदम सब कार्य होंगे. यदि हेतुमें सामर्थ्य होता हुवा भी कार्य न होगा तो कभी भी न होगा. अथवा वह उसका कार्य है ऐसा मानना योग्य नहीं है. जैसे यवबीज समीप होते हुए भी उत्पन्न न होनेवाले शाल्यंकुरको यव बीज कारणरूप नहीं मानते हैं वैसा नित्यपदार्थ कार्यके प्रति कारण नहीं होगा. यदि सर्व कार्य युगपत् नित्य

पदार्थसे हो जाते हैं तो प्रथम समयमें ही उससे सब कार्य हो जानेसे द्वितीयादि समयमें वह अकिंचित्कर होगा. परंतु पदार्थ द्वितीयादि क्षणमें भी कार्य करता हुवा दृष्टिगोचर होता है अतः वह सर्वथा नित्य है ऐसा मानना अनुचित है. [नित्यवस्तुमें कार्य करनेका स्वभाव नहीं दीखता है वह अनित्यमें है अतः वस्तु क्षणिक ही है यह श्रद्धान करना भी मिथ्यात्व ही है. ऐसे मिथ्यात्वका समंताधारक मुनि पराजय करते हैं. सर्वथा नित्य व अनित्य पदार्थमें कार्य करनेका स्वभाव नहीं है परंतु कथंचित् नित्यानित्य पदार्थमें कार्य करनेका स्वभाव अवश्य होनेसे वह कार्य करता हुवा दीखता है. यदि क्षणिकता ही वस्तुका स्वरूप है तो वह कार्य नहीं करेगी क्योंकि उसका एक ही रूप रहेगा. उसमें पूर्वस्वरूप नष्ट होकर दुसरा स्वरूप नहीं आता है. इसी तरह नित्यमें भी समझना चाहिये.

संशय मिथ्यात्वका स्वरूप— वस्तुस्वरूपका जिसमें निश्चयही नहीं होता है उसको संशय मिथ्यात्व कहते हैं अर्थात वस्तु नित्य है ? अथवा अनित्य है ? वा नित्यानित्यात्मक है ? ऐसा अनिश्चय रहता है. ऐसे मिथ्यात्वका पराभव मुनिराज वस्तु नित्यानित्यात्मक है ऐसा निश्चय करके करते हैं. जगत्के समस्त पदार्थ कथंचिन्नित्यानित्यात्मक हैं. द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे वस्तु अपने स्वरूपको नहीं छोडती है. जीवका चैतन्य जीवको कभी छोडता नहीं है. वह हमेशा उसमें रहताही है अतः जीवको नित्य कह सकते हैं. मनुष्यत्व देवत्वादि पर्याय सदा स्थिर रहते नहीं, मनुष्यत्व नष्ट होकर जीव देव, नारकी, तिर्यंच ऐसी पर्यायें धारण करता है. अतः पर्यायकी अपेक्षासे वह अनित्य भी है. अतः उसको नित्यानित्य समझना योग्य है. जीवके समान अजीव– पुद्गल, धर्म, अधर्म आकाश, काल ये पदार्थ भी नित्यानित्यात्मक हैं.

विपर्यय मिथ्यात्वका स्वरूप—हिंसा दुर्गतिमें भ्रमण कराती है. तथापि वह स्वर्गादि सुखके लिये कारण होती है ऐसा निश्चय ज्ञान होना यह विपर्यय मिथ्यात्व है. अहिंसा दुःख देनेमें कारण है ऐसा समझना विपरीत मिथ्यात्व है. ऐसे मिथ्यात्वका पराजय मुनि करते हैं. हिंसा स्वर्गप्राप्तिमें कारण होती है अतः हिंसा कारण है और स्वर्गप्राप्ति होना उसका कार्य है ऐसा कहना योग्य नहीं है. जिसको लोक धर्म हेतुसे मारते हैं उसको अत्यंत दुःख होता है. तिलमात्र भी उस प्राणीमें शांतता उस समय रहती नहीं है. अतः उस प्राणीको तथा मारनेवालेको स्वर्ग लाभ होना नितांत असंभव है. दयाक्षमादि गुणही स्वर्गादि सुखके लिये कारण होते हैं. हिंसाही यदि स्वर्गके लिये

कारण हो तो व्याघ्रादि हिंस्र प्राणीही मरणोत्तर स्वर्गादि सुखको प्राप्त होंगे. अतः हिंसा स्वर्गदायिनी है यह मानना अयोग्य है.

स्वर्ग व मोक्षकी प्राप्तिके उपाय व स्वर्गादिक उपेय इन दोनोंका प्रत्यक्ष दर्शन नहीं है. अनुमानसे भी इनका स्वरूप नहीं जाना जाता है क्योंकि वह भी प्रत्यक्षके विना उत्पन्न होता नहीं. आगमसे उपाय और उपेयका ज्ञान होता है अतः आगमका आश्रय लेना ही योग्य है. वह आगम जिसने रागद्वेषका नाश किया है ऐसे सर्वज्ञ जिनेश्वरने रचा है. अतः वह ही स्वर्गादिके उपाय और उपेय सुखादिकका प्रतिपादन करता है.

कपिलादिक अन्यमत प्रणेताऋषि असर्वज्ञ थे अतः उनका आगम अदृष्ट पदार्थोंका ज्ञान करानेमें उपाय हो नहीं सकता. कपिलादिकके वचन प्रत्यक्ष और अनुमादिक प्रमाणोंसे विरुद्ध हैं अतः वे रथ्यापुरुषके समान अप्रमाण हैं.

शब्द नित्य है यह कहना भी योग्य नहीं है यदि वे नित्य हैं तो सर्व शब्द नित्य होनेसे पुरुषोंके राग-द्वेषादि दोषोंसे वे अलिप्त होनेसे प्रमाण मानने पडेंगे. जिनागमसे हिंसा दुःखोत्पत्तिके लिये कारण है ऐसा अनुभव आता है अतः हिंसाको सुखका कारण समझना विपरीत मिथ्यात्व है. इस विपरीत मिथ्यात्वका सत्यज्ञानसे मुनिराज पराभव करते हैं. मिथ्यात्व, असंयम, कषाय ऐसे शत्रुओंको जीतकर वे बलात्कारसे आराधनापताका हरण करते हैं.

चिरभावितरत्नत्रयाणामंतर्मुहूर्तकालभावनानां सिद्धिरिष्यते तत्किं चिरभावनयेत्यस्योत्तरमाचष्टे—

पुव्वमभाविदजोग्गो आराधेज्ज मरणे जदि वि कोई ॥
खण्णुगदिट्ठंतो सो तं खु पमाणं ण सव्वत्थ ॥ २४ ॥
यद्यभावितयोगोऽपि कोऽप्याराधयते मृतिं ॥
तत्प्रमाणं न सर्वत्र स्थाणुमूलनिधानवत् ॥ २७ ॥

पुव्वं पूर्वं मरणकालात् । अभाविदजोग्गो अभावितपरिकरः । आराधेज्ज आराधयेत् । किं मरणं रत्नत्रयानुगत-भवपर्यायप्रलयं । जदि वि यद्यपि । कोई कश्चित् । खण्णुगदिट्ठंतो स्थाणुदृष्टान्तः । सो सः । तं खु तदेव । अकृत-

परिकरस्य कस्यचिद्रत्नत्रयसमापन्नं । सव्वत्थ सर्वत्र । ण पमाणं न प्रमाणं । अर्थाख्यानमत्र वाच्यम् ।
एवं पीठिका समाप्ता ॥

मूलारा—आराहेज्ज मरणं रत्नत्रयानुगतं भवपर्यायप्रलयं कुर्यादित्यर्थः । खाणुगदिट्ठंतो सो स्थाणुदृष्टान्तः सः । तं खु । तदेव अकृतपरिकर्मणः कस्यचिन्मरणे रत्नत्रयपरिणमनं । सव्वत्थ सर्वत्र सर्वेषु । न पमाणं न गमकं । यो यो जीवः स स सर्वोऽपि अकृतपरिकर एव मरणसमये रत्नत्रयमनुपालयेत् । अत्र कश्चित् प्रासिद्धो जीव इति व्याप्तेरभावात् ।

पूर्वमभावितयोग्यो यस्याप्याराधयन्मृतौ कश्चित् ॥
स्थाणौ निधानलाभो निदर्शनं नैव सर्वत्र ॥

पीठमासनमिव समस्तग्रंथार्थसंग्रहस्याधारभूतत्वात् । श्लोकः

त्यक्त्वा संगं सुधीः साम्यसमभ्यासवशाज्जयं ।
समाधिं मरणे लब्ध्वा हन्त्यल्पयति वा भवम् ॥

इति मूलाराधनादर्पणे पीठिकाप्रतिष्ठा ।

जिन्होंने बहुतकालपर्यंत रत्नत्रयाराधन नहीं किया है अर्थात् अन्तर्मुहूर्तकालपर्यन्त ही आराधन किया है उनको भी मोक्षलाभ होगया है, अतः चिरकालरत्नत्रय भावनाकी आवश्यकता नहीं है ऐसे प्रश्नका उत्तर आचार्य कहते हैं—

अर्थ—मरणकालके पूर्व अर्थात् दीक्षा, शिक्षा वगैरे समयमें रत्नत्रयके साधनभूत कारणोंका किसी जीवने आराधन नहीं किया हो परंतु मरणसमयमें उसने रत्नत्रयकी आराधना की हो तो भी यह स्थाणुदृष्टांतके समान हो गया. रत्नत्रयके साधन बिना यदि किसी विरले मुनिको मरण समयमें रत्नत्रयाराधना होनेसे यह सार्वत्रिक नियम नहीं हो सकता. जैसे किसी विरले अंधको स्तंभसे टकरानेसे नेत्रलाभ हुवा और स्तंभ गिरनेपर उसके नीचे रक्खा हुवा निधि उसको दीख पडा परंतु तमाम अंध जनोंको इसी उपायसे निधिलाभ होगा यह समझना नितांत

भूलअरा समझना चाहिये. अतः इस दृष्टांतके अनुसार रत्नत्रयाराधना मरणसमयमें किसी एकादे मनुष्यको हो गई हो तो सर्वत्र यह नियम प्रमाणभूत नहीं है.

पीठिका समाप्त.

मरणाणि सत्तरस देसिदाणि तित्थंकरेहिं जिणवयणे ॥
तत्थ वि य पंच इह संगहेण मरणाणि वोच्छामि ॥ २५ ॥
विस्तरेणागमोक्तेषु मध्ये सप्तदशस्वहम् ॥
मरणान्यत्र पंचैव कथयामि समासतः ॥ २८ ॥

विजयोदया—मरणान्यनेकप्रकाराणि इति शास्त्रान्तरे निर्दिष्टानि । तेष्विह निरूप्यमाणमानीति निरूपयितुं इदमुत्तरं सूत्रं मरणाणीति । मरणं विगमो विनाशः विपरिणाम इत्येकोऽर्थः । तच्च मरणं जीवितपूर्वं । जीवितं स्थितिरविनाशोऽवस्थितिरिति यावत् । स्थितिपूर्वको विनाशः । यदस्थितिकं तन्न विनश्यति यथा वंध्यासुतः । तथा च स्थितिरहितं वस्तु क्षणिकवादिनिरूप्यं । जीवितं जन्मपुरोगं । अनुत्पन्नस्य स्थित्यभावात् । तत उत्पत्तिर्विगमो ध्रौव्यं च सर्वेषां रूपाणि । अस्यां च प्रक्रियायां मरणं नामोत्पन्नपर्यायविनाशः । देवत्वं, तिर्यक्त्वं, नारकत्वं, मनुष्यत्वं, इत्यमीषां पर्यायाणां प्रध्वंस इह मरणशब्दवाच्यः । अथवा प्राणपरित्यागो मरणं । तथा चाभ्यधायि-मृङ् प्राणत्यागे इति । एवमेव प्राणग्रहणं जन्म, प्राणानां धारणं, जीवितं । प्राणा द्विविधा द्रव्यप्राणा भावप्राणाश्च । तत्र द्रव्यप्राणा इन्द्रियाणि, बलं, उच्छ्वास, आयुरित्येतानि पुद्गलद्रव्याणि । भावप्राणा ज्ञानदर्शनचारित्राणि एतत्प्राणापेक्षया सिद्धानां जीवितं । तच्चायुर्द्विभेदं अद्धायुर्भवायुरिति च । भवधारणं भवायुर्भवः शरीरं तच्च म्रियते आत्मेन[2] आयुष्कोदयेन । ततो भवधारणमायुष्कार्यं कर्म तदेव भवायुरित्युच्यते । तथा चोक्तम्—

देहो भवोत्ति उच्चदि धारिज्जइ आउगेण य भवो सो ।
तो उच्चदि भवधारणमाउगकम्मं भवाउत्ति ॥

इति आयुर्वशेनैव जीवो जायते जीवति च आयुष एवोदयेन । अन्यस्यायुष उदये सति मृतिमुपैति पूर्वस्य चायुष्कस्य विनाशे ।

---

१ मृङ् प्राणत्यागे इति ख पुस्तके पाठः । २ ख—आत्मनेति ।

तथा चोक्तम्—

आउगवसेण जीवो जायदि जीवदि य आउगस्सुदये ।
अण्णाउगोदये वा मरदि य पुव्वाउणासे वा ॥ इति ॥

अद्धाशब्देन काल उच्यते । आउगशब्देन द्रव्यस्य स्थितिः, तेन द्रव्याणां स्थितिकालः अद्धायुरित्युच्यते इत्यर्थापेक्षया द्रव्याणामनाद्यनिधनं भवत्यद्धायुः । पर्यायार्थापेक्षया चतुर्विधं भवत्यनाद्यनिधनं, साद्यनिधनं, सनिधनमनादि, सादिसनिधनमिति । चैतन्यरूपादिभव्यगतिस्थितिहेतुत्वादिसामान्यापेक्षया अनाद्यनिधना स्थितिः । केवलज्ञानादिकानां साद्यनिधनता । भव्यत्वस्य अनादिसनिधनता, सादिसनिधनता कोपादीनाम् । अथवा द्रव्यक्षेत्रकालभावानाश्रित्य चतुर्विधा भवति स्थितिः । एतस्यायुषो वशेन भवधारणायुषो निरूपणा भवति । आयुःसंज्ञितानां कर्मणां पुद्गलद्रव्यतया आयुःस्थितेर्न द्रव्यस्थितेरत्यंतान्यथात्वं । अथवा अनुभूयमानायुःसंज्ञकपुद्गलगलनं मरणं । तानि मरणानि । सत्तरस सत्तदश । देसिदानि कथितानि । तित्थंकरेहिं तीर्थंकरैः । जिणवयणे जिनानां वचने । ननु तीर्थंकरैरुक्तानि इत्यनेनैव गतं किं जिनवचनग्रहणेन ? नैष दोषः । जिनशब्देन गणधरा उच्यन्ते । अंतरेण वशब्दं समुच्चयार्थगतिः । तत्रायं संबंधः–जिनवचने च किं सप्तदशमरणानि । एतेन तीर्थकृतो गणधराश्च मरणविकल्पानुपपादितवन्तः । तदुभयवचनसिद्धं प्रमाणमविशंकनीयमित्येतदाचष्टे -१ आवीचिमरणं २ तद्भवमरणं ३ अवधिमरणं ४ आदिअंतायं ५ बालमरणं ६ पंडितमरणं ७ आसण्णमरणं ८ बालपंडिदं ९ ससल्लमरणं १० वलायमरणं ११ वोसट्टमरणं १२ विप्पाणसमरणं १३ गिद्धपुट्ठमरणं १४ भत्तपच्चक्खाणं १५ पाउवगमणमरणं १६ इंगिणीमरणं १७ केवलिमरणं चेति । तेषां स्वरूपता यथागमं संक्षेपतो निरूप्यते ॥

वीचिशब्दस्तरंगानिवायी इह तु वीचिरिव वीचिरिति । आयुष उदये वर्तते । यथा समुद्रादौ वीचयो नैरंतर्येणोच्छलन्ति एवं क्रमेण आयुष्काख्यं कर्म अनुसमयमुदेति इति तदुदय आवीचिशब्देन भण्यते । आयुषः अनुभवनं जीवितं, तच्च मतिसमयं जीवितमंगस्य मरणं । अतो मरणमपि अत्र आवीचि, उदयादनंतरसमये मरणमपि वर्तते इति । तत्पुनरावीचिकामरणं अनादिसनिधनं भव्यानां । ननु सिद्धानामेव मरणं विच्छित्तिमुपयाति नेतरेषां ते च न भव्याः । भविष्यत्सिद्धत्वपर्याया हि भव्याः । सिद्धास्त्वधिगतसिद्धत्वपर्यायास्ततः किमुच्यते भव्यानामनादिसनिधनमिति । ' भवियाणमणादियं मरणं आवीचिगं सणिधणं च' इति यदेवाधिगतभव्यत्वपर्यायं द्रव्यं तदेवेदमिति कृत्वा भव्यानामित्युक्तं इति नियतम् । अभव्यानां पुनरुदयं प्रति सामान्यापेक्षयाऽवीचिकमनादिनिधनं । भवापेक्षया क्षेत्राद्यपेक्षया च सादिकं । चतुर्णामायुष्काणां मध्ये द्वयोर्यद्यपि सत्कर्मता तथापि एकस्यैवायुष उदयः । द्वयोः प्रकृत्योः सत्कर्मता सह भवति । उच्यते–तिर्यङ्मनुष्यायुष्कयोः सर्वैरायुष्कैः सह सत्कर्मता देवनारकायुष्कयोस्तिर्यङ्मानवायुष्काभ्यां सत्कर्मता । भवतु नामैषां सत्कर्मव्यवस्था । द्वयोरायुष्कप्रकृत्योः किं तद्युगपदुदयः ? अत्रोच्यते—अनुभूयमानप्रकृतिस्थितीनामुपरि इतरस्यायुषो निषेको यतस्ततो न युगपदायुष्कप्रकृत्योरुदयः । किं च यस्मादेकस्य जीवस्य द्वयोर्भवयोर्गत्योर्वा न संभवः । भवं गतिं च

प्रयोज्य अपेक्ष्य आयुष उदयो नान्यथा ततो मरयुष्कद्वयोदयः । प्रथमेकस्यायुष्कर्मणः एकैव प्रकृतिरुदेत्येकस्यात्मनस्तस्मादेकैकायुष्कप्रकृतिगलनरूपामेव मृतिमुपैति । तदेतत्प्रकृतिमरणं ।

भवधारणकारणरसपरिणतानां पुद्गलानां स्वेहादात्मप्रदेशेष्ववस्थितिरित्युच्यते । आत्मनः कषायपरिणामसहकारी पुद्गलानां स्निग्धतायाः । परिणामिकारणं तु तदेव पुद्गलद्रव्यं । सा चैषा स्थितिरेकादिकैकोत्तरा देशोनत्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणां यावन्तः समयास्तावद्भेदा उत्कर्षस्थितिः । अंतर्मुहूर्तभवा परा । तस्या वीचय इव क्रमेणावस्थितायाः विनाशादात्मनो भवति स्थित्यावीचिकामरणं ।

भवांतरप्राप्तिरंतरोपक्षयपूर्वभवविगमनं तद्भवमरणं । तत्त्वमनंतशः प्राप्तं जीवेनेति ज्ञातव्यं तेन तद्भवमरणं न दुर्लभम् ।

अनुभवावीचिकामरणमुच्यते—कर्मपुद्गलानां रसः अनुभव इत्युच्यते, स च परमाणुषु षोढा वृद्धिहानिरूपेण आवीचय इव क्रमेणावस्थितस्य प्रलयोऽनुभवावीचिमरणं ।

आयुःसंज्ञितानां पुद्गलानां प्रदेशा जघन्यनिषेकादारभ्य एकादिवृद्धिक्रमेणावस्थितवीचय इव तेषां गलनं प्रदेशावीचिकामरणं ।

अवधिमरणं नाम कथ्यते—यो यादृशं मरणं सांप्रतमुपैति तादृगेव मरणं यदि भविष्यति तदवधिमरणं । तद्द्विविधं देशावधिमरणं सर्वावधिमरणं इति ।

तत्र सर्वावधि मरणं नाम यदायुर्यथाभूतमुदेति सांप्रतं प्रकृतिस्थित्यनुभवप्रदेशैस्तथानुभूतमेवायुः प्रकृत्यादिविशिष्टं पुनर्बध्नाति उदेष्यति च यदि तत्सर्वावधिमरणं ।

यत्सांप्रतमुदेत्यायुर्यथाभूतं तथाभूतमेव बध्नाति देशतो यदि तद्देशावधिमरणं । एतदुक्तं भवति देशतः सर्वतो वा सादृश्येन विशेषितं मरणमवधिमरणमिति । सांप्रतेन मरणेनासादृश्यभावि यदि मरणमाद्यंतमरणं उच्यते, आदिशब्देन सांप्रतं प्राथमिकं मरणमुच्यते तस्य अंतो विनाशभावो यस्मिन्नुत्तरमरणे तदेतदाद्यंतमरणं अभिधीयते । प्रकृतिस्थित्यनुभवप्रदेशैर्यथाभूतैः सांप्रतमुपैति मृतिं तथाभूतां यदि सर्वतो देशतो वा नोपैति तदाद्यंतमरणं ।

बालमरणमुच्यते—बालस्य मरणं बालमरणं, स च बालः पंचप्रकारः अव्यक्तबालः, व्यवहारबालः, ज्ञानबालः, दर्शनबालः, चारित्रबाल इति । अव्यक्तः शिशुः धर्मार्थकामकार्याणि यो न वेत्ति न च, तदाचरणसमर्थशरीरः सोऽव्यक्तबालः । लोकवेदसमयव्यवहारान्यो न वेत्ति शिशुर्वासौ व्यवहारबालः । मिथ्यादृश्यः सर्वथा तत्त्वश्रद्धानरहिताः दर्शनबालाः । वस्तुयाथात्म्यग्राहिज्ञानन्यूना ज्ञानबालाः । अचारित्राः प्राणभृतश्चारित्रबालाः । एतेषां बालानां मरणं बालमरणं । एतानि च अतीते काले अनंतानि । अनंताश्च मृतिमिमां प्रपद्यंते । इह दर्शनबालो गृहीतः नेतरबालाः कथं ? यस्मात्सम्यग्दृष्टेरितरबालत्वे सत्यपि दर्शनपंडितताया: सद्भावात्पंडितमरणमेवेष्यते ।

दर्शनबालस्य पुनः संक्षेपतो द्विविधं मरणमिष्यते । इच्छया प्रवृत्तमनिच्छयेति च । तयोराद्यमग्निना धूमेन,

शस्त्रेण, विषेण, उदकेन, महत्पपातेन उच्छ्वासनिरोधेन, अतिशीतोष्णपातेन, रज्वा, क्षुधा, तृषा, जिह्वोत्पाटनेन, विरुद्धाहारसेवनया बाला मृतिं प्राप्नुवन्ति. कुतश्चिन्निमित्ताज्जीवितपरित्यागैषिणः काले अकाले वा अध्यवसानादिना यन्मरणं जिजीविषोः तद्द्वितीयं । एतैर्बालमरणैर्दुर्गतिगामिनो म्रियन्ते । विषयव्यासक्तबुद्धयः अज्ञानपटलावगुंठिताः, ऋद्धिरससातगुरुकाः । बहुतीव्रपापकर्मास्रवद्वाराण्येतानि बालमरणानि जातिजरामरणव्यसनापादनक्षमाणि ॥

पंडितमरणमुच्यते—व्यवहारपंडितः, सम्यक्त्वपंडितः, ज्ञानपंडितश्चारित्रपंडितः इति चत्वारो विकल्पाः । लोकवेदसमयव्यवहारनिपुणो व्यवहारपंडितः, अथवाऽनेकशास्त्रज्ञः शुश्रूषादिबुद्धिगुणसमन्वितः व्यवहारपंडितः, क्षायिकेण क्षायोपशमिकेनौपशमिकेन वा सम्यग्दर्शनेन परिणतः दर्शनपंडितः । मत्यादिपंचप्रकारसम्यग्ज्ञानेषु परिणतः ज्ञानपंडितः । सामायिकच्छेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसांपरायययाख्यातचारित्रेषु कस्मिंश्चित्प्रवृत्तश्चारित्रपंडितः । इह पुनर्न ज्ञानदर्शनचारित्रपंडितानां अधिकारः । व्यवहारपंडितस्य मिथ्यादृष्टेः बालमरणं यथा भवति सम्यग्दृष्टेस्तदेव दर्शनपंडितमरणं भवति । नरकेषु, भवनेषु, विमानेषु, ज्योतिष्केषु, व्यन्तरावासेषु, द्वीपसमुद्रेषु च ज्ञानपंडितमरणानि च तेष्वेव । मनुष्यलोके एव केवलमनःपर्ययज्ञानपंडितमरणं भवति ।

ओसण्णमरणमुच्यते—निर्याणमार्गप्रस्थितात्संयतसार्थाद्यो हीनः प्रच्युतः सोऽभिधीयते ओसण्ण इति । तस्य मरणं ओसण्णमरणमिति । ओसण्णग्रहणेन पार्श्वस्थाः, स्वच्छंदाः, कुशीलाः संसक्ताश्च गृह्यन्ते । तथा चोक्तम् ॥

पासत्थो सच्छंदो कुसील संसत्त होंति ओसण्णा ॥
जं सिद्धिपच्छिवादो ओहीणा साधु सत्थादो ॥

के पुनस्ते ? ऋद्धिप्रिया, रसेष्वासक्ताः, दुःखभीरवः सदा दुःखकातराः, कषायेषु परिणताः, संज्ञावशगाः, पापश्रुताभ्यासकारिणः, त्रयोदशविधासु क्रियासु अलसाः, सदा संक्लिष्टचेतसः, भक्ते उपकरणे च प्रतिबद्धाः, निमित्तमंत्रौषधयोगोपजीविनः गृहस्थवैयावृत्यकराः, गुणहीना गुप्तिषु समितिषु चानुद्यताः मंदसंवेगा दशप्रकारे धर्मे अकृतबुद्धयः शबलचारित्राः आसक्ता इत्युच्यंते । एवंभूताः संतो मृत्वा वराका मत्सहस्रेषु भ्रमन्ति । दुःखानि भुक्त्वा भुक्त्वा पार्श्वस्थरूपेण सुचिरं विहृत्यान्ते आत्मनः शुद्धिं कृत्वा यदि मृतिमुपैति प्रशस्तमेव मरणं भवति ।

सम्यग्दृष्टेः संयतासंयतस्य बालपंडितमरणं यतोसावुभयरूपो बालः पंडितश्च । स्थूलकृतात्प्राणातिपातादेर्विरमणलक्षणं चारित्रमस्ति दर्शनं च ततश्चारित्रपंडितो दर्शनपंडितश्च कुतश्चित्सूक्ष्मादसंयमादनिवृत्त इति चारित्रबालः । तत्तु बालपंडितमरणं गर्भजेषु पर्याप्तकेषु तिर्यक्षु मनुजेषु भवति । दर्शनपंडितमरणं तु तेषु देवनारकेषु ।

सशल्यमरणं द्विविधं यतो द्विविधं शल्यं द्रव्यशल्यं भावशल्यमिति । मिथ्यादर्शनमायानिदानशल्यानां कारणं कर्म द्रव्यशल्यं । द्रव्यशल्येन सह मरणं पंचानां स्थावराणां भवति असंज्ञिनां त्रसानां च । ननु द्रव्यशल्यं सर्वेषास्ति तत्किमुच्यते स्थावराणामिति । भावशल्यविनिर्मुक्तं द्रव्यशल्यमपेक्ष्यते । एतदुक्तं-सम्यक्त्वातिचाराणां दर्शनशल्यत्वात्सम्यग्दर्शनस्य च स्थावरेषु अभावात् त्रसेषु च विकलेंद्रियेषु । इदमेव स्यादनागते काले इति मनसः प्रणिधानं निदानं ।

न च तदसंक्लिष्यति । मार्गस्य दूषणं, मार्गनाशनं, उन्मार्गप्ररूपणं, मार्गप्ररूपणं, मार्गस्थानां भेदकरणं मिथ्यादर्शनशल्यानि ।

तत्र निदानं त्रिविधं प्रशस्तमप्रशस्तं भोगकृतं चेति । परिपूर्णं संयममाराधयितुकामस्य जन्मांतरे पुरुषादिप्रार्थना प्रशस्तं निदानं, मानकषायप्रेरितस्य कुलरूपादिप्रार्थनमनागतभवविषयं अप्रशस्तं निदानं । अथवा क्रोधाविष्टस्य स्वशत्रुवधप्रार्थना वशिष्ठस्येवोग्रसेनोन्मूलने । इह परत्र च भोगा अपि इत्थंभूता अस्माकृतशीलादिकाद्भवन्तीति मनःप्रणिधानं भोगनिदानं । असंयतसम्यग्दृष्टेः संयतासंयतस्य वा निदानशल्यं भवति । पार्श्वस्थादिरूपेण चिरं विहृत्य पश्चादपि आलोचनामंतरेण यो मरणमुपैति तन्मायाशल्यं मरणं तस्य भवति । एतच्च संयते, संयतासंयते, अविरतसम्यग्दृष्टावपि भवति ।

बलायमरणमुच्यते—विनयवैयावृत्यादावकृतादरः, प्रशस्तयोगोद्वहनालसः, प्रमादवान्व्रतेषु, समितिषु, गुप्तिषु च स्ववीर्यनिगूहनपरः, धर्मचिंतायां निद्रया घूर्णित इव ध्याननमस्कारादेः पलायते अनुपयुक्ततया, एतस्य मरणं बलायमरणं । सम्यक्त्वपंडिते, ज्ञानपंडिते, चरणपंडिते च बलायमरणमपि संभवति । ओसण्णमरणं ससल्लमरणं च यदभिहितं तत्र नियमेन बलायमरणम् । तद्व्यतिरिक्तमपि बलायमरणं भवति । निःशल्यः संक्लिष्टो भूत्वा चिरं रत्नत्रयप्रवृत्तस्य संस्तरमुपगतस्य शुभोपयोगात्पलायमानस्य शुभस्य भावस्यानवस्थानात् ।

वसट्टमरणं नाम—आर्ते रौद्रे च प्रवर्तमानस्य मरणं । तत्पुनश्चतुर्विधं—इंद्रियवसट्टमरणं, वेदणावसट्टमरणं, कसायवसट्टमरणं, नोकसायवसट्टमरणं इति । इंद्रियवसट्टमरणं यत् तत्पंचविधं इंद्रियविषयापेक्षया । सुरनरैरतिसंभृतजीवैश्च कृतेषु ततघितततघनसुषिरेषु मनोज्ञेषु रक्तोऽमनोज्ञेषु द्विष्टो मृतिमेति । तथा चतुःप्रकारे आहारे रक्तस्य द्विष्टस्य वा मरणं, पूर्वोक्तानां सुरनरादीनां गंधे द्विष्टस्य रक्तस्य वा मरणं, तेषामेव रूपे संस्थाने वा रक्तस्य द्विष्टस्य वा मरणं, तेषामेव स्पर्शे रागवतो द्वेषवतो वा मरणं । इति इंद्रियानिंद्रियार्तवशमरणविकल्पाः ।

वेदणावसट्टमरणं द्विभेदं समासतः । सातवेदनावशार्तमरणं असातवेदनावशार्तमरणं । शारीरे मानसे वा दुःखे उपयुक्तस्य मरणं दुःखवशार्तमरणमुच्यते । यो दुःखेन मोहमुपागतस्तस्य मरणमिति यावत् । तथा शारीरे मानसे वा सुखे उपयुक्तस्य मरणं सातवशार्तमरणं ।

कषायभेदात्कषायवशार्तमरणं चतुर्विधं भवति । अनुबंधरोषो य आत्मनि परत्र उभयत्र वा मारणवशोऽपि मरणवशः भवति । तस्य क्रोधवशार्तमरणं भवति । मानवशार्तमरणमष्टविधं भवति । कुलेन, रूपेन, बलेन श्रुतेन ऐश्वर्येण, लाभेन, प्रज्ञया, तपसा वा आत्मानमुत्कर्षयतो मरणमपेक्ष्य, विख्याते विशाले उन्नते कुले समुत्पन्नोहमिति मन्यमानस्य मृतिः कुलमानवशार्तमरणम् । निरुपहतपंचेंद्रियसमग्रगात्रस्तेजस्वी प्रत्यग्रयौवनः सकलजनताचेतःसम्मदकररूप इति भावयतो मृतिः रूपवशार्तमरणं । वृक्षपर्वताद्युत्पाटनक्षमोऽहं योधवानहं, मित्राणां च बलं ममास्ति इति बलाभिमानोद्वहनान्मानवशार्तमरणं । बहुपरिवारो बहुशासनोऽहं इति ऐश्वर्यमानोन्मत्तस्य मरणं मानवशार्तमरणं । लोकवेदसमयसिद्धान्तशास्त्राणि शिक्षितानि इति श्रुतमानोन्मत्तस्य मरणं श्रुतमानवशार्तमरणमुच्यते । तीक्ष्णा मम बुद्धिः सर्वत्राप्र-

लिहता इति प्रहामत्तस्य मरणं प्रसावशार्तमरणमुच्यते । व्यापारे क्रियमाणे मम सर्वत्र लाभो जायते इति लाभ मानं मायतो मरणं लाभवशार्तमरणम् । तपो मयानुष्ठीयते अन्यो मत्सदृशश्चरणे नास्ति इति संकल्पयतस्तपोमानवशार्तं मरणं भवति । माया पंचविकल्पा निकृतिः, उपधिः, सातिप्रयोगः, प्रणिधिः प्रतिकुंचनमिति । अतिसंधानकुशलता धने कार्ये वा कूटाभिलाषस्य वंचना निकृतिः उच्यते । तत्कृत्यं प्रच्छाद्य धर्मव्याजेन स्तैन्यादिदोषे प्रवृत्तिरुपधिसंहिता माया । अर्थेषु विसंवादः सदृशतनिक्षिप्तद्रव्यापहरणं, दूषणं, प्रशंसा वा सातिप्रयोगः । प्रतिरूपद्रव्यमानकरणानि, ऊनातिरिक्तमानं, संयोजनया द्रव्यविनाशनमिति प्रणिधिमाया । आलोचनं कुर्वतो दोषविनिगूहनं प्रतिकुंचनमाया । एवंविधमायावशार्तमरणं । उपकरणेषु, भक्तपानक्षेत्रेषु, शरीरे, निवासस्थानेषु च इच्छां मूर्च्छां च वहतो मरणं लोभवशार्तमरणं । हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुंपुंसकवेदे मूढमतेर्मरणं नोकषायवशार्तमरणं । नोकषायवशार्तमरणमुपगतो जायते मनुजतिर्यग्योनिषु, असुरेषु, कंदर्पेषु, किल्बिषिकेषु च मिथ्यादृष्टेरेतदेवं बालमरणं भवति । दर्शनपंडितोऽपि अविरतसम्यग्दृष्टिः संयतासंयतोऽपि वशार्तमरणमुपैति तस्य तद्बालपंडितं भवति दर्शनपंडितं वा ।

अप्रतिषिद्धे अननुज्ञाते च द्वे मरणे । विप्पाणसं गिद्धपुट्ठमितिसंज्ञिते कृते प्रवर्तेते । दुर्भिक्षे, कांतारे, दुरुत्तरे, पूर्वशत्रुभये, दुष्टनृपभये, स्तेनभये, तिर्यगुपसर्गे एकाकिनः सोढुमशक्ये ब्रह्मव्रतनाशाद्विचारित्रदूषणे च जाते संविग्नः पापभीरुः कर्मणामुदयमुपस्थितं ज्ञात्वा तं सोढुमशक्तः तच्चिरतरणस्यासत्युपाये सावद्यकरणभीरुः विराधनमरणभीरुश्च एतस्मिन् कारणे जाते कालेऽमुष्मिन् किं भवेत्कुशलमिति गणयतो यद्युपसर्गभयत्रासितः संयमाद्भ्रश्यामि ततः संयमभ्रष्टो दर्शनादपि न चेदनाम संक्लिष्टः सोढुं उत्सहेत ततो रत्नत्रयाराधनाच्युतिर्ममेति निश्चितमतिर्निर्मायश्चरणदर्शनविशुद्धः, धृतिमान्, ज्ञानसहायोऽनिदानः, अर्हदन्तिके, आलोचनामासाद्य कृतशुद्धिः, सुलेश्यः, प्राणापाननिरोधं करोति यस्माद्विप्पाणसं मरणमुच्यते । शस्त्रग्रहणेन यद्भवति तद्गिद्धपुट्ठमित्युच्यते । मरणविकल्पसंभवप्रदर्शनमिदं सर्वत्र कर्तव्यतयोपदिश्यते । प्रायोपगमनंगिणीमरणं भक्तप्रत्याख्यानं इत्येतान्येवोक्तसमानि पूर्वपुरुषैः प्रवर्तितानि । एवं दिङ्मात्रेण पूर्वागमानुसारि सप्तदशमरणव्याख्यानमत्रोपक्रान्तं ।

अथाह शिष्यः । आयुःसंज्ञकपुद्गलगलनं मरणमिष्यते तत्किल सप्तदशप्रकारं । तदिह कतिधा भवद्भिरभिधास्यते ? आराधनानुगतमरणस्यैवेह शास्त्रे विधेयत्वेनेष्टत्वात् । तद्वाक्यानुसारितया सूरिरिदमाह--

मूलारा--सत्तरस सप्तदश । जिणवयणे जिना इह गणधरास्तेषां वचनं तद्रचितं सूत्रं तस्मिन् । अयमर्थः--न केवलं तीर्थंकरैर्मरणानि सप्तदश देशितानि यावता गणधरैरपि स्वसूत्रे तानि तावन्त्येवोपनिबद्धानि । उत्तरवाक्ये च शब्दोऽत्र योज्यः । तत्रापि तेष्वपि तीर्थंकरोपदिष्टगणधरोपनिबद्धेषु सप्तदशमरणेषु मध्ये पंचविधसंग्रहेण--पंचानां प्रकाराणां संक्षेपेण । एतेनैदंयुगीनविनेयजनानुरोधेन प्रशस्तेतररूपतया कृत्येतररूपतां गतानि पंच मरणान्यहं वक्ष्यामीति

प्रतिज्ञा सूरेर्लक्ष्यते । मरणं चात्रानुभूयमानायुःपुद्गलगलनं मरणभेदस्मरणार्थमिदमार्याद्वयमवधार्य—

आवीचितद्भवावध्यांतसशल्यगृध्रपृष्ठमृतीः ॥
जिघ्रासव्युत्सृष्टवलाकासंक्लिश्यमरणानि ॥ १ ॥
शिशुशिशुशिशुशिशुपंडितमृतीः सभक्तोज्झनेंगिनीमरणं ॥
आद्यैकादशमलपंक्तिरपंक्तिमरणे च सप्तदश विद्यात् ॥ २ ॥

१ तत्र प्रतिक्षणमायुःक्षय आवीचिमरणं । समुद्राम्बुषु वीचीनामिव आयुःपुद्गलाणुषु रसानां प्रतिसमय मुद्भूयोद्भूय विलयनात् । २ भुज्यमानायुषश्चरमसमये मरणं तद्भवमरणं ३ यादृशेन मरणेन पूर्वं मृतस्तादृशेनैव मरणमवधिमरणं । ४ देशतः सर्वतो वा प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशसादृश्येन अवधीकृतेन विशेषितत्वात्। प्रकृतिस्थित्यनुभव प्रदेशैर्देशतः सर्वतो वान्यादृशैर्मरणमार्यंतमरणं । आदेः प्रथममरणस्यान्तो विनाशो यस्मिन्नुत्तरमरण इति व्युत्पत्तेः । ५ मायानिदानमिथ्यात्वलक्षणशल्यसमेतस्य मरणं सशल्यं मरणं । ६ इतिकलेवरादिषु प्रविश्य मरणं गृध्रपृष्ठमरणं ७ घ्राणनिरोधं कृत्वा मरणं जिघ्रासमरणं । ८ दर्शनज्ञानचारित्राणि त्यक्त्वा मरणं व्युत्सृष्टमरणं ९ पार्श्वस्थरूपेण मरणं वलाकामरणम् । १० दर्शनज्ञानचारित्रेषु संक्लेशं कृत्वा मरणं संक्लिश्यमरणं । शेषसप्तकस्य लक्षणानि स्वयमेवाचार्योऽग्रे वक्ष्यति ।

हिन्दी अर्थ—श्रीजिनेश्वरोंने जिनागममें मरणोंके सतरह प्रकार कहे हैं. उसमेंसे संग्रह करके मैं (शिवकोट्याचार्य) पांच मरणोंका स्वरूप कहता हूं ।

विशेषार्थ-मरण, विगम, विनाश, विपरिणाम ये एकार्थ वाचक अर्थात् मरणके वाचक शब्द हैं. मरणके पूर्व में प्राणीका जीवन पर्याय होता है अनंतर मरण पर्याय होता है ऐसे दो पर्याय जीवमें होते हुए देखे जाते हैं. जीवन पर्यायकेही स्थिति, अविनाश, अवस्थिति ऐसे नाम हैं. जिस पदार्थकी स्थिति होती है वही पदार्थ नष्ट भी होता है. जिसकी स्थिति ही नहीं उसका नाश भी नहीं होता है. जैसे वंध्यासुतकी स्थिति नहीं है अतः उसका नाश भी नहीं है. स्थितिरहित वस्तु क्षणिकवादि बौद्धोंने मानी है. वे सर्वथा वस्तु क्षणिक मानते हैं. जीवन जन्म पूर्वक ही रहता है. जो चीज उत्पन्न हुई नहीं उसकी स्थिति भी नहीं रहती है. अतः नाश, उत्पत्ति और ध्रौव्य ये तीन

अवस्थायें संपूर्ण पदार्थोंकी होती हैं. ऐसी यदि अक्रिया माने तो उत्पन्न हुए पर्यायका जो नाश उसकोही मरण कहना चाहिये. देवपना, मनुष्यपना, तिर्यंचपना, और नारकपना इन पर्यायोंका नाश होना यह यहां मरण शब्दका वाच्यार्थ है. अथवा प्राणोंका त्याग वह मरण शब्दका अर्थ है. अत एव ' मृङ् प्राणत्यागे ' ऐसा मृ धातुका अर्थ धातुपाठमें है. उसी तरह प्राणोंको ग्रहण करना यह जन्म शब्दका अर्थ है. अर्थात् प्राण धारण करना यह जीवित है. प्राणोंके द्रव्यप्राण व भावप्राण ऐसे दो भेद हैं. स्पर्शनादिक पांच इंद्रिया, मनोबल, वचनबल और कायबल श्वासोच्छ्वास और आयु ऐसे दस भेद द्रव्य प्राणोंके है. ये द्रव्यप्राण पुद्गलात्मक हैं. ज्ञान, दर्शन, चारित्र ये भावप्राण हैं. भावप्राणोंकी अपेक्षासे सिद्धोंमें जीवित माना गया है.

आयुष्यके दो भेद हैं पहिला भेद अद्धायु और दुसरा भेद भवायु. भवधारण करना वह भवायु है. शरीरको भव कहते हैं. इस शरीरको आत्मा आयु कर्मके उदयका साहाय्य प्राप्त करके धारण करता है. अतः शरीर धारण करनेमें असमर्थ ऐसे आयुकर्मको भवायु कहते हैं. इस विषयमें अन्य आचार्य ऐसा कहते हैं.

देहको भव कहते हैं. वह भव आयु कर्मसे धारण किया जाता है. अतः भवधारण करनेवाले आयु कर्मको भवायु ऐसा कहते हैं. आयु कर्मके उदयसे ही उसका जीवन स्थिर है. और जब प्रस्तुत आयु कर्मसे भिन्न अन्य आयु कर्मका उदय होता है तब यह जीव मरणावस्थाको प्राप्त होता है. मरण समयमें पूर्वायुका विनाश होता है.

इस विषयमें पूर्वाचार्य ऐसा कहते हैं—

अद्धायुके विषयमें विवेचन–अद्धा शब्दका काल ऐसा अर्थ है. और आयु शब्दसे द्रव्यकी स्थिति ऐसा अर्थ समझना चाहिये. द्रव्योंका जो स्थितिकाल उसको अद्धायु कहते हैं. द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षासे द्रव्योंका अद्धायु अनाद्यनिधन है अर्थात् द्रव्य अनादि कालसे चला आया है और वह अनंत कालतक अपने स्वरूपसे च्युत न होगा इसलिये उसको अनादि अनिधन भी कहते हैं. पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षासे जब विचार करते हैं तो अद्धायुके चार भेद होते है. वे इस प्रकार है—१ अनाद्यनिधन २ साद्यनिधन ३ सनिधन अनादि ४ सादि सनिधनता.

चैतन्यादिकगुण, रूपादिकगुण, गतिहेतुत्व, स्थितिहेतुत्व इत्यादि सामान्य धर्मापेक्षया द्रव्योंकी अनाद्य-

निधन स्थिति है अर्थात् उपर्युक्त धर्म द्रव्योंमें अनादिकालसे विद्यमान हैं और इनका कभी भी नाश होता नहीं. अतः इनकी अनाद्यनिधन स्थिति विद्वानोंने मानी है. जीवमें भव्यत्वगुण, अनादिकालसे है परंतु मुक्तीके समयमें उसका नाश होता है अतः वह अनादि और सनिधन है.

कोप, हर्षादिविकार सादि और सनिधन हैं. अर्थात् वे बार बार उत्पन्न होते हैं और नष्ट भी होते हैं. केवलज्ञानादिक गुण सादि हैं परंतु वे कभी नष्ट नहीं होते, अतएव वे सादि और अनिधन हैं.

अथवा द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावका आश्रय लेकर अद्धायुके चार भेद होते हैं. अद्धायुके आश्रयसे भवधारणरूप आयुका निरूपण होता है. आयुसंज्ञक जो कर्म हैं वे पुद्गलद्रव्यस्वरूप ही हैं. अतः आयुःस्थिति द्रव्यस्थितिसे भिन्न नहीं है.

अथवा जीव जिसका अनुभव ले रहा है ऐसे आयुसंज्ञक पुद्गल आत्मासे नष्ट होना वही मरण है. अतः आयुःस्थितीसे द्रव्यस्थिती अत्यंत भिन्न नहीं है. आयुकर्म भी पुद्गल द्रव्य है अतः आयुकी स्थितीको अद्धा काल–द्रव्यस्थिति ऐसा भी कह सकते हैं. आयुकर्म नष्ट होना यह मरण है ऐसा उपर कह चुके हैं. इस मरणके तीर्थकरोंने जिनवचनमें सतरह प्रकार कहे हैं.

शंका—तीर्थकरोंने मरणके १७ प्रकार कहे हैं इतना कहनेसे भी अभिप्राय ध्यानमें आता है 'जिनवचनमें' ऐसे अधिक शब्दकी क्या आवश्यकता थी ?

उत्तर—आपकी शंका ठीक है. जिन शब्दका यहां गणधर ऐसा अर्थ समझना चाहिये. गाथामें च शब्द नहीं है तो भी उसके बिना भी समुच्चयार्थ माना जाता है. यहां ऐसा संबंध करना चाहिये. तीर्थकरोंने मरणके सतरह प्रकार कहे हैं. और गणधरोंके वचनमें अर्थात् उनके रचित सूत्रोंमें भी मरणके सतरह प्रकार कहे हैं. अतः दोनोंके वचन प्रमाण अर्थात शंकाके स्थान नहीं हैं । सतरह मरणोंके नाम इस प्रकार हैं—१ आवीचिमरण २ तद्भवमरण ३ अवधिमरण ४ आदि अंतियमरण ५ बालमरण ६ पंडितमरण ७ ओसण्णामरण ८ बालपंडित मरण ९ सशल्यमरण १० वलाकामरण ११ वोसट्टमरण १२ विप्पाणसमरण १३ गिद्धपुट्ठमरण १४ भक्तप्रत्याख्यान मरण १७ केवलिमरण ।

आगमके अनुसार इनका संक्षेपसे यहां वर्णन करते है.

१ आवीचिमरण—वीचि शब्दका अर्थ ' तरंग ' ऐसा होता है. तरंगके समान जो आयु कर्मका प्रतिसमय उदय आता है उसका भी यहां वीचि शब्दसे आचार्य उल्लेख करते हैं. जैसे नदी समुद्र इत्यादिकोंमें निरंतर लहरें उछलती हैं वैसे आयु कर्म प्रतिसमय उदयमें आता है. अतएव उसके उदयको आवीचि कहते हैं. आयुका अनुभव लेना वह जीवित है. वह जीवित प्रति समयमें रहता है. प्रत्येक समयका जीवित नष्ट होना यह मरण है. अतः प्रति समयके मरणको भी यहां वीचि कहते हैं आयुके अनंतर मरण भी प्रतिसमय होता रहता है अतः वह मरण ' आवीचि मरण ' ऐसे नामसे प्रसिद्ध है. यह आवीचि मरण भव्य जीवोंके प्रति अनादि और सनिधन है. भव्यको जब मोक्षप्राप्ति होती है तब यह मरण नष्ट हो जाता है अतः इसको सनिधन कहते हैं. मोक्षके पूर्वमें भव्यको हमेशा मरण था इसकी अपेक्षासे उसे अनादि भी कहते हैं. अतः यह मरण भव्योंकी अपेक्षासे अनादि सनिधन है.

शंका—सिद्धोंको ही मरण नहीं है उनके जन्म मरणका नाश हो चुका है परंतु सिद्धसे व्यतिरिक्त जीवोंको हमेशा मरण है ही. सिद्ध जीवको भव्य भी नहीं कहना चाहिये । जिनको भविष्य कालमें सिद्धत्व पर्याय प्राप्त होगा उनकोही भव्य कहते हैं. सिद्धोंको तो सिद्धत्व पर्याय मिल चुका है अतः उनको भव्य कहना योग्य नहीं है. सिद्धोंकी अपेक्षासे ही आवीचि मरण अनादि सनिधन है. भव्योंकी अपेक्षासे वह अनादि और सनिधन ही समझना चाहिये.

उत्तर—' भवियाणमणादियं मरणं आवीचिरं सणिधणं च ' अर्थात् भव्योंका आवीचि मरण अनादि और सनिधन है ऐसा आगममें कहा है. जिसने भव्यत्वपर्याय प्राप्त किया था वही यह द्रव्य है ऐसी अपेक्षासे भव्योंका मरण अनादि सनिधन है ऐसा कह सकते हैं. अर्थात् सिद्धोंको भी भूतपूर्व नयकी अपेक्षासे भव्य कहते हैं.

अभव्योंकी अपेक्षासे यह आवीचि मरण अनादि अनिधन है. अर्थात् प्रतिसमय उनको आयुका उदय रहता ही है. भवकी अपेक्षासे अथवा क्षेत्रकी अपेक्षासे यह मरण सादि कहते हैं.

आयु कर्मके चार भेद हैं. उसमें यद्यपि प्रत्येक गतिमें दो आयुकी सत्ता रहती है तो भी एकही आयुका उदय रहता है अर्थात् जिस गतिमें यह प्राणी उत्पन्न होता है उस गतिके अनुकूल आयुकाही उदय होता है.

परंतु दो आयु कर्म एक साथ रह सकते हैं.

तिर्यंचायु और मनुष्यायुके साथ सर्व आयुष्यकी सत्ता रहती है. अर्थात् तिर्यंच जीवको देवायु, नरकायु, मनुष्यायु, तिर्यंचायु ऐसे आयुमेंसे कोइ भी आयुका बंध हो सकता है इस लिये सर्व आयुकी सत्ता रहती है ऐसा आचार्य कहते हैं. इसी तरह मनुष्यायुके साथ भी—सब आयुकी सत्ता रहती है. देव आयु और नारकायुके साथ तिर्यंचायु और मनुष्यायु की ही सत्ता रह सकती है. अतएव देव नारकी नहीं होता और नारकी मरकर देव नहीं होता. देव मरकर तिर्यंच अथवा मनुष्य ही होगा. नारकी भी मरकर तिर्यंच अथवा मनुष्यगतीमें ही उत्पन्न होगा.

शंका—दो आयुष्यों की एक समयमें सत्ता रहती है यह हम मानते हैं परंतु एकदम दो आयुओंका उदय होता है क्या ?

उत्तर—जिस आयुकी प्रकृति और स्थिति अनुभवमें आ रही है उसके ऊपर इतर आयुके निषेक रहते है. अर्थात पूर्वायुकी प्रकृति और स्थिती पूर्ण अनुभवमें आकर समाप्त होनेपर नंतर दुसरे आयुका उदय होता है. अतः एकदम दो आयुष्योंका उदय होता नहीं. आपके प्रश्नका उत्तर अन्य प्रकारसे भी दे सकते हैं—

एक जीवको युगपत् दो भव अथवा दो गतिओंका संभव नहीं है. भव और गति की अपेक्षासे आयुका उदय होता रहता है. इनकी अपेक्षाका उल्लंघन कर आयुका कभी उदय होता नहीं ऐसा नियम है. एक आत्मामें एक ही आयु कर्म की प्रकृती का उदय एक भवमें आता है. इसलिये एक एक आयु की प्रकृति गलित होनेसे आत्मा मरणावस्थाको प्राप्त होता है. इसको प्रकृतिमरण कहते हैं.

भवको धारण करनेमें कारण ऐसे पुद्गलोंमें स्निग्धता रहती है अतः वे पुद्गल आत्माके प्रदेशोंमें संबद्ध होकर रहते हैं. उसको स्थिति कहते हैं. आत्मामें कषाय परिणाम है. वह पुद्गलोंमें स्निग्धता लानेमें सहकारि कारण है. स्निग्धताका उपादान कारण तो वे पुद्गल ही है परंतु कषाय न हो तो पुद्गलकी स्निग्धता व्यक्त होती नहीं अतः उसकी व्यक्तीमें कषाय सहकारी कारण माने गये हैं. यह पुद्गल द्रव्यकी स्थिति एक समयसे लेकर बढती है. देशोन तेतीस सागरोंके जितने समय होते हैं उतने भेदवाली जो स्थिति हैं उसको उत्कृष्ट स्थिति कहते हैं. अंतर्मुहूर्त परिमाणवाली स्थिति जघन्य स्थिति है. इन स्थितिओंकी तरंगोंके समान क्रमरचना है. इनका

क्रमसे नाश होनेसे आत्माको स्थित्यावीचिक मरण की प्राप्ति होती है.

अनुभवावीचिमरणका स्वरूप-कर्म पुद्गलोंका जो रस अनुभवमें आता है उसको अनुभव कहते हैं. यह अनुभव कर्मपुद्गलोंके परमाणुओंमें छह प्रकारकी हानि रूपतासे तथा छह प्रकारकी वृद्धिरूपतासे हीन होता और बढता है. क्रमसे रहे हुए इस अनुभवका तरंगोंके समान क्रमसे नाश होता है. इसको अनुभवावीचिक मरण कहते हैं.

प्रदेशावीचि मरणका स्वरूप—आयुसंज्ञक पुद्गलोंके प्रदेश जघन्य निषेकसे प्रारंभ करके एक दो तीन इत्यादि वृद्धिक्रमसे तरंगके समान नष्ट हो जाते हैं उसको प्रदेशावीचिक मरण कहते हैं. इस तरह आवीचिकामरण का विवेचन हुआ।

२ तद्भवमरणका स्वरूप—पूर्वभवका नाश होकर उत्तर भवकी प्राप्ति होना वह तद्भवमरण है यह मरण इस जीवने अनंत वार प्राप्त किया है. यह मरण इस जीवको दुर्लभ नहीं है.

३ अवधिमरणका स्वरूप—जो प्राणी जिस तरहका मरण वर्तमानकालमें प्राप्त करता है. वैसा ही मरण यदि आगे भी उसको प्राप्त होगा तो ऐसे मरणको अवधिमरण कहते हैं। इस मरणके देशावधिमरण और सर्वावधिमरण ऐसे दो भेद हैं. सर्वावधिमरणका स्वरूप—प्रकृति, स्थिति, अनुभव और प्रदेशों सहित जो आयु वर्तमानसमयमें जैसी उदयमें आती है वैसी ही आयु फिर प्रकृत्यादि विशिष्ट बंधकर यदि उदयमें आवेगी तो उसको सर्वावधि मरण कहते हैं।

देशावधिमरणका स्वरूप-जो आयु वर्तमानकालमें प्रकृत्यादि विशिष्ट होकर जैसी उदयमें आती है. वैसी ही आयु यदि किसी अंशमें सदृश होकर बंधेगी और आगेके कालमें-भविष्यकालमें उदयमें आवेगी तो उसको देशावधिमरण कहते हैं. अभिप्राय यह है कि कुछ अंशमें अथवा पूर्णरूपसे सादृश्य जिसमें पाया जाता है ऐसा अवधिसे विशिष्ट अर्थात् जिसमें पूर्ण सादृश्य मर्यादित हुआ है अथवा जिसमें कुछ हिस्सेमें सादृश्यकी मर्यादा है और कुछ हिस्सेमें नहीं ऐसे मरण को अवधिमरण कहते हैं।

आद्यंतमरण—वर्तमानकालमें जैसा मरण जीवको प्राप्त हुवा है वैसा अर्थात् सदृशमरण आगे प्राप्त न होना उसको आद्यन्तमरण कहते हैं. यहां आदि शब्दसे वर्तमानकालीन प्रथम मरण ऐसा अर्थ समझना चाहिये।

ऐसे मरणका उत्तर मरणमें नाश होना उसको आद्यंतमरण कहते हैं. प्रकृति, स्थिति, अनुभव और प्रदेशोंसे युक्त ऐसे आयुका नाश होनेसे वर्तमानकालमें जैसा मरण प्राप्त हुआ है ऐसा ही सदृश मरण आगे जीवको यदि प्राप्त न होगा तो उसको आद्यंतमरण कहते हैं।

५ बालमरणका स्वरूप–बालका–अर्थात् अज्ञानी जीवका जो मरण उसको बालमरण कहते हैं. बालजीवके पांच भेद हैं. उनके नाम यथा–अव्यक्तबाल, व्यवहारबाल, ज्ञानबाल, दर्शनबाल और चारित्रबाल.

अव्यक्तबाल—अव्यक्त शब्दका अर्थ छोटा लडका ऐसा होता है. अर्थात् जो धर्म, अर्थ, काम और मोक्षका स्वरूप जानता नहीं और इन चार पुरुषार्थोंका आचरण करनेमें जिसका शरीर असमर्थ है ऐसे बालकको अव्यक्तबाल कहते हैं.

व्यवहार बाल—लोकव्यवहार, वेदका ज्ञान, शास्त्रज्ञान, जिसको नहीं है वह व्यवहार बाल है.

दर्शन बाल—तत्वार्थ श्रद्धान जिनको बिलकुल नहीं हैं ऐसे मिथ्यादृष्टि जीव दर्शन बाल हैं.

ज्ञान बाल—जीवादि पदार्थोंका यथार्थ ज्ञान जिनको नहीं है वे ज्ञान बाल हैं.

चारित्र बाल—चारित्रहीन प्राणीको चारित्र बाल कहते हैं. ऐसे पांच बालोंका जो मरण उसको बाल मरण कहते हैं. ऐसे बाल मरण अनंतवार भूतकालमें इस जीवने प्राप्त किये हैं. अनंत जीव इस मरणको प्राप्त होते हैं. यहां दर्शनबालका प्रकरण ही प्रस्तुत है. इतर बालोंका विवेचन करनेकी यहां आवश्यकता नहीं है. सम्यग्दृष्टीमें इतर बालकत्वका सद्भाव है तो भी सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति होनेसे वह दर्शनपंडित कहा जाता है. अतः सम्यग्दर्शन सहित उसका मरण होनेसे उसके मरणको पंडित मरण ही कहते हैं.

दर्शनबालके मरणके संक्षेपसे दो भेद हैं. इच्छाप्रवृत्त और अनिच्छाप्रवृत्त.

इच्छाप्रवृत्त मरण—अग्नीसे, धूमसे, शस्त्रके द्वारा, विषसे, पानीसे, पर्वतपरसे कूदनेसे, श्वासोच्छ्वास रोकनेसे, अति शीतोष्णके पडनेसे भूक और प्याससे, जिव्हाको उखाडनेसे, प्रकृतिके विरुद्ध ऐसे आहारका सेवन करनेसे, इत्यादि कारणोंसें जीवनका त्याग करनेकी इच्छासें जो प्राण त्याग करते हैं वे इच्छाप्रवृत्त मरण करनेवाले दर्शन बाल हैं. योग्य कालमें अथवा अकालमें ही मरनेका अभिप्राय धारण न करते हुए भी दर्शन बालोंको जो मरण आता है वह अनिच्छाप्रवृत्त मरण है. जीनेकी इच्छा होते हुए भी जो मरण आता है वह

अनिच्छा प्रवृत्त मरण है.

जो दुर्गतिको जानेवाले हैं, जिनका चित्त विषयोंमें आसक्त हुवा है, जिनके हृदयमें अज्ञानांधकार छाया हुवा है. जो ऋद्धिमें आसक्त हुवे हैं, रसोंमें आसक्त हुवे हैं, और सुखका अभिमान रखते हैं अर्थात् मैं बडा सुखी हूं, मेरेको ही अच्छे अच्छे पदार्थ खानेको मिलते हैं, और मैं बडा श्रीमंत था इत्यादिक रूप तीन गारवोंसे जो युक्त हैं ऐसे जीव ऊपर कहे हुए बाल मरणसे मरते हैं. इन बालमरणोंसे बहुत तीव्र पाप कर्मके आस्रव जीवमें आते हैं. ये बालमरण जरा, मरण वगैरह संकटोंमें जीवोंको फेकते हैं.

पंडित मरणका कथन करते हैं—

१ व्यवहार पंडित २ सम्यक्त्व पंडित ३ सम्यग्ज्ञान पंडित ४ चारित्र पंडित ऐसे पंडितके चार भेद हैं. लोक, वेद, समय इनके व्यवहारोंमें जो निपुण हैं वे व्यवहार पंडित हैं. अथवा जो अनेक शास्त्रोंके जानकार हैं, शुश्रूषा, श्रवण, धारणादि बुद्धिके गुणोंसे जो युक्त हैं उनको व्यवहार पंडित कहते हैं.

दर्शन पंडित—जिनको क्षायिक सम्यग्दर्शन, अथवा औपशमिक सम्यग्दर्शन वा क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन हैं वे जीव दर्शन पंडित हैं।

ज्ञानपंडित—मत्यादि पांच प्रकारके सम्यग्ज्ञानसे जो परिणत हैं उनको ज्ञानपंडित कहते हैं।

चारित्र पंडित—सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसांपराय, यथाख्यात ऐसे चारित्रके पांच भेद है. उनमेंसे किसी एक चारित्रके धारक जो हैं उनको चारित्रपंडित कहते हैं. यहां ज्ञानपंडित और चारित्र पंडितोंका ही ग्रहण करना चाहिये क्योंकि व्यवहारपंडित मिथ्यादृष्टि होता है इसलिये उसका मरण बालमरणमें समाविष्ट होता है. और ज्ञानादिपंडितोंका मरण पंडितमरणमें अन्तर्भूत होता है ऐसा समझना चाहिये. नरकमें, भवनवासिदेवोंके स्थानोंमें, स्वर्गवासिदेवोंके तथा ज्योतिर्वासिदेवोंके विमानोंमें व्यंतरोंके निवास स्थानोंमें, द्वीप और समुद्रोंमें दर्शनपंडितका मरण होता है.

ज्ञानपंडितोंका मरण भी उपर्युक्त स्थानोंमें होता है परंतु जिनको मनःपर्यय प्राप्त हुआ है ऐसे ज्ञानपंडित और जिनको केवलज्ञान हुआ है ऐसे ज्ञानपंडित इनका मनुष्य लोकमें ही मरण होता है।

अवसन्नमरणका वर्णन—रत्नत्रयमार्गमें विहार करनेवाले मुनिओंका संघ जिसने छोड दिया है ऐसे मुनिको

अवसन्न कहते हैं और उसके मरणको अवसन्नमरण कहते हैं. अवसन्न शब्दसे पार्श्वस्थ, स्वच्छंद, कुशील और संसक्त ऐसे भ्रष्ट मुनिओंका भी ग्रहण होता है. इनका वर्णन–

पार्श्वस्थ, स्वच्छंद, कुशील, संसक्त और अवसन्न ये पांच प्रकारके मुनि रत्नत्रयमार्गमें विहार करनेवाले मुनिओंका त्याग करते हैं. अर्थात् स्वच्छंदसे चलते हैं. ये मुनि ऋद्धीमें आसक्त होते हैं, रसोंमें आसक्ति रखते हैं. दुःखसे डरते हैं, हमेशा सुखको चाहते हैं, कषायोंमें परिणत होकर आहारादि संज्ञाके आधीन रहते हैं. जिससे पाप उत्पन्न होता है ऐसे कुशास्त्रोंका अभ्यास करते हैं. ३ गुप्ति ५ समिति और ५ महाव्रत ऐसे तेरह प्रकारकी क्रियाओंमें आलसी रहते हैं. इनके परिणामोंमें हमेशा संक्लेश रहा करता है. आहारके पदार्थ और पिंछी, कमंडल्वादिक उपकरणोंमें इनका चित्त आसक्त होता है. निमित्त शास्त्र, मंत्र शास्त्र, औषध इनका कथन कर ये उपजीविका करते हैं. गृहस्थोंका वैयावृत्त्य करते हैं. उत्तरगुणोंसे रहित होते हैं. गुप्ति और समितिमें इन की तत्परता नहीं रहती है. इनका मन संसारदुःखोंसे भययुक्त होता नहीं हैं. उत्तम क्षमादिक दशधर्मोंमें ये प्रेम नहीं करते हैं. इनके चारित्रमें दोष लगते हैं. ऐसे मुनिओंको अवसन्न कहते हैं. वे मुनि मरकर हजारों भवमें भ्रमण करते हुवे दुःखोंको वारंवार भोगते हैं. यदि पार्श्वस्थरूपसे चिरकाल विहार कर अंतमें उन्होंने अपनी शुद्धि की होगी तो वे प्रशस्तमरणको प्राप्त होते हैं.

जो सम्यग्दृष्टि होकर संयमासंयम अर्थात् अणुव्रत धारण करता है वह श्रावक बाल पंडित कहा जाता है. उसके मरण का नाम बाल पंडित मरण ऐसा है. यह श्रावक बाल और पंडितत्व ऐसे दोनों भावोंसें युक्त होनेसे इसको बाल पंडित कहते है. स्थूल हिंसादिक पंच पापोंका त्याग इसने किया है, तथा सम्यग्दर्शन का धारक भी है. अतः यह चारित्र पंडित और दर्शन पंडित है. परंतु सूक्ष्म असंयमसे निवृत्त नहीं है, सूक्ष्म हिंसादि पापोंका त्यागी न होनेसे इसमें बालत्व भी है अतः इसको बालपंडित कहना अन्वर्थ है. यह बाल पंडित मरण गर्भजपर्याप्त ऐसे तिर्यंच और मनुष्योंमें होता है. देव और नारकी जीवोंमें नहीं होता. क्योंकि वे केवल दर्शन पंडित ही है. दर्शनपंडितमरण उपर्युक्त तिर्यंच, मनुष्य, देव और नारकी जीव इनमें होता है.

सशल्यमरणके दो भेद हैं क्योंकि शल्यके द्रव्यशल्य और भावशल्य ऐसे दो भेद माने हैं. मिथ्यादर्शन माया, निदान ऐसे तीन शल्योंकी जिनसे उत्पत्ति होती हैं ऐसे कारणभूत कर्मको द्रव्यशल्य कहते हैं. इनके

उदयसे जीवमें जो मायारूप, निदानरूप और मिथ्यात्वरूप परिणाम होते हैं वे भावशल्य हैं. पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और वनस्पति इन पांच स्थावरोंके मरणको द्रव्यशल्यमरण कहते हैं. असंज्ञि ऐसे त्रस जीव भी इसी मरणसे मरते हैं.

शंका—द्रव्यशल्य सर्व त्रस स्थावर प्राणिओंमें है ही ? तो स्थावरोंमें ही यह है ऐसा आप कहते हैं यह योग्य नहीं है.

उत्तर—भावशल्यसे रहित केवल द्रव्यशल्यकी अपेक्षासे हमने ऐसा कहा है. सम्यक्त्वमें दर्शनशल्यसे अतिचार उत्पन्न होते हैं. सम्यग्दर्शन स्थावर जीवोंमें और विकलेन्द्रियोंमें नहीं उत्पन्न होता है.

मेरेको भविष्यत्कालमें ऐसी ऐसी वस्तु मिलनी चाहिये ऐसा मनका संकल्प होना उसको निदान कहते हैं. यह असंज्ञिजीवोंमें मन न होनेसे नहीं होता है.

रत्नत्रयमार्गको दूषण लगाना, मार्गका नाश करना, मिथ्यामार्गका निरूपण करना, रत्नत्रयमार्गमें चलने-वाले लोगोंका बुद्धिभेद करना ये सब मिथ्यादर्शनशल्यके प्रकार है.

निदानके प्रशस्त, अप्रशस्त और भोगकृत ऐसे तीन भेद हैं. परिपूर्ण संयमकी आराधना करनेकी इच्छासे जन्मांतरमें मेरेको पुरुषत्व प्राप्त हो, उत्तम कुल, उत्तम दृढ शरीर इत्यादि सामग्री प्राप्त हो ऐसी प्रार्थना करना प्रशस्तनिदान है. कषायसे प्रेरित होकर आगेके जन्ममें कुलरूपादिकोंकी प्रार्थना करना अप्रशस्तनिदान है. अथवा क्रोधांध होकर अपने शत्रूको मैं उत्तर भवमें मार सकूं ऐसी इच्छा रखना जैसे वशिष्ठमुनीने उग्रसेन राजाका नाश करनेकी इच्छा की थी. वह वशिष्ठमुनि मरकर कंस हुवा था. उसने अपने पिताका राज्य छीन लिया था और उसको कारागृहमें कैद किया था. यह अप्रशस्तनिदानका उदाहरण है.

भोग निदान—इस लोकमें तथा परलोकमें-स्वर्गादिकमें मेरेको अच्छे २ भोग इस व्रताचरणसे मिलने चाहिये ऐसा मनमें संकल्प करना वह भोगनिदान है. यह भोगनिदान असंयतसम्यग्दृष्टि व संयतासंयत अर्थात् श्रावकको होता है. ये जीव भोगनिदानसे मरते हैं. इसको भोगनिदान मरण कहते हैं.

मायाशल्यमरण--पार्श्वस्थ, कुशील, संसक्त वगैरे भ्रष्ट मुनीके रूपसे चिरकाल तक विहार करके जो मुनि मरणसमयमें भी दोषोंकी आलोचना किये विना ही मरते हैं उनका वह मरण मायाशल्यमरण समझना

चाहिये. यह मायाशल्यमरण मुनि, श्रावक, और असंयतसम्यग्दृष्टिको प्राप्त होता है.

बलाय मरण—बलाका मरण—देववंदनादिक नित्यनैमित्तिक क्रिया करनेमें अलसी-प्रमादयुक्त, विनय, वैयावृत्य वगैरे कार्योंमें आदरभाव न रखनेवाला, व्रत, समिति और गुप्ति इनके पालनमें अपनी शक्ति छिपाने वाला, धर्मके स्वरूपका विचार करनेके समय मानो नींद लेनेवाला, और ध्यान, नमस्कारादिसे दूर भागनेवाला ऐसे मुनीके मरणको बलाकामरण कहते हैं. उपर्युक्त कार्योंमें अनुपयुक्त रहनेवाले मुनि इस मरणसे मरते हैं. सम्यक्त्वपंडित, ज्ञानपंडित, चारित्रपंडित ऐसे लोक इस मरणसे मरते हैं. इनके सिवाय अन्य भी इस मरणसे मरते हैं. अवसन्नमरण और सशल्यमरणका स्वरूप पीछे कह चुके हैं उसमें नियमसे बलाय मरण होता है.

ओसट्टमरण—जिसने शल्यरहित और संसार दुःखसे भयभीत होकर चिरकाल रत्नत्रयका पालन किया है. जिसने समाधिमरणके लिये संस्तरका आश्रय लिया है. ऐसा मुनि यदि शुभोपयोगको छोड दे तो शुभभाव उसमें नहीं रह सकेगा उसको आर्तध्यान और रौद्रध्यान घेर लेगा. ऐसी अवस्थामें मुनिका यदि मरण होगा तो उसको वसट्टमरण कहते हैं. इस मरणके १ इंदियवसट्टमरण २ वेदनावसट्टमरण, ३ कसायवसट्ट मरण ४ नोकषायवसट्टमरण ऐसे चार भेद हैं.

इंदियवसट्टमरण-स्पर्शनादिक पांच इंद्रियोंके स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, शब्द ऐसे पांच विषय हैं. इन विषयोंकी अपेक्षासे इस मरणके पांच भेद होते हैं. जैसे-स्पर्शनेंद्रियवसट्टमरण, रसनेंद्रियवसट्टमरण इत्यादि. देव, मनुष्य, तिर्यंच, और अजीव पदार्थ इनके द्वारा किये गये तत, वितत, घन, और सुषिरशब्दोंमें-यदि ये मनोहर हो तो उनमें आसक्त होकर, अमनोहर हो तो उनमें द्वेषयुक्त होकर जो मरण होता है उसको श्रोत्रेंद्रियवसट्टमरण कहते हैं. अन्न, पान, खाद्य और लेह्य ऐसे चार प्रकारके सुंदर और असुंदर आहारमें क्रमसे आसक्त और द्वेष युक्त होकर मरना यह रसनेंद्रिय वसट्टमरण है. पूर्वोक्त देव, मनुष्य, तिर्यंच और अजीव पदार्थ इनके गंधमें आसक्त या द्वेषयुक्त होकर मरना यह घ्राणेंद्रियवसट्टमरण है. उपर्युक्तपदार्थोंके रूपमें या आकृतीमें आसक्त अथवा द्वेषयुक्त होकर मरना नेत्रेंद्रिय वसट्ट मरण है. इनही पदार्थोंके स्पर्शोमें आसक्त या द्विष्ट होकर मरना स्पर्शनेंद्रिय वसट्ट मरण है. इन सब मरणोंका इंद्रियानिंद्रिय वसट्ट मरण ऐसे एक नामसे उल्लेख करते हैं.

वेदनावसट्ट मरण—इस मरणके सातवेदनावशार्त मरण और असातवेदनावशार्त मरण ऐसे दो भेद हैं.

शारीरिक और मानसिक वेदनासे पीडित होकर अर्थात् उनमें एकाग्रचित्त होकर, दुःखसे मूर्छित होकर जो मरण होता है वह असातवेदनावशार्त मरण है. शारीरिक और मानसिक सुखोंमें अनुरक्त होकर जो आर्त ध्यानसे मरण होता है वह सातवेदनावशार्त मरण है.

कषायवशार्त मरण—कषायके चार भेद होनेसे इस मरणके भी चार भेद होते हैं. स्वतःमें, दुसरेमें अथवा उभयत्र उत्पन्न हुवा जो क्रोध मरणको कारण हो जाता है वह क्रोधकषायवशार्त मरण है. मानवशार्त मरण—इसके आठ भेद हैं. कुल, रूप, बल, शास्त्रज्ञान, ऐश्वर्य, लाभ, प्रज्ञा–बुद्धि व तप इनसे उत्पन्न हुए अभिमानके नशेमें मरण होना मानवशार्त मरण है. १ विख्यात, विशाल और उत्कर्षको प्राप्त हुए कुलमें उत्पन्न हुवा हूं ऐसे अभिमानसे जो मरण होता है वह कुलमानवशार्त मरण है.

२ मेरी पांचो इंद्रियां निर्व्यंग हैं, मेरा शरीर संपूर्ण अवयवोंसें युक्त है, मैं तेजस्वी हूं, नवीन यौवनसे मेरा शरीर युक्त है, मेरा सौंदर्य समस्त लोकोंके अंतःकरणको हर लेता है ऐसी भावनामें जो मरण होता है वह रूप–मानवशार्त मरण है.

३ मै वृक्ष और पर्वतोंको भी उखाडनेमें समर्थ हूं, बडे बडे योद्धा मेरे आश्रयमें रहते हैं, बहुतसे मित्र भी मेरेको सहाय प्रदान करते हैं. ऐसा स्वकीय बलका अभिमान करते करते मरण होना वह बलाभिमान-वशार्त मरण है.

मैं बडे परिवारका मालिक हूं, बहुत लोगोंपर मेरी हुकमत चलती है ऐसे ऐश्वर्यके मानसे उन्मत्त होकर जो मरण होता है वह ऐश्वर्यमानवशार्त मरण है.

५ मैंने लोक व्यवहार, वेद, अनेक मत इनके सिद्धान्त शास्त्रोंका अध्ययन किया है ऐसे शास्त्रज्ञानके अभिमानमें चूर होकर मरण करना यह श्रुतमानवशार्त मरण है.

६ मेरी बुद्धि तीक्ष्ण है, सर्व विषयोंमें बिना रुकावटके प्रवेश करती है ऐसे बुद्ध्यभिमानके वशमें आकर मरण होना वह प्रज्ञामानवशार्त मरण है.

७ व्यापारमें मेरेको हमेशा लाभही होता है ऐसा लाभके अभिमानमें मत्त होकर जो मरण होता है वह लाभमानवशार्त मरण है. ८ मै तप करता हूं, मेरे समान तप करनेवाला कोई नहीं है ऐसे अभिमानमें आकर

जो मरण होता है वह तपोमानवशार्त्त मरण है.

मायाके पांच प्रकार हैं. निकृति, उपधि, साति प्रयोग, मणिधि और प्रतिकुंचन. १ धनके विषयमें अथवा किसी कार्यके विषयमें जिसको अभिलाषा उत्पन्न हुई है ऐसे मनुष्यका जो फसानेका चातुर्य उसको निकृति कहते हैं २ अच्छे परिणामको ढककर धर्मके निमित्तसे चोरी वगैरे दोषोंमें प्रवृत्ति करना वह उपधिसंज्ञक माया है. ३ धनके विषयमें असत्य बोलना, अपने हाथमें किसीने रखनेकेलिये द्रव्य दिया हो तो उसका कुछ हिस्सा हरण करना, दूषण लगाना, अथवा प्रशंसा करना वह सातिप्रयोग माया है. ४ हीनाधिक कीमतकी सदृश वस्तुयें आपसमें मिलाना. सोर और सफेद सोरे एसेही वगैरह साधन पदार्थ कम जादा रखकर लेन देन करना, सच्चे और झूटे पदार्थ आपसमें मिलाना. यह सब प्रणिधि माया कहते हैं. ५ आलोचना करते समय अपने दोष छिपाना यह प्रतिकुंचन माया है. ऐसे मायाके प्रकार करते हुए जो मरण होता है उसको मायावशार्तमरण कहते हैं.

उपकरण पिछी, कमंडलु आदिक, भक्तपान—आहारके और पीनेके पदार्थ, शरीर, निवासस्थान इत्यादिकोंमें इच्छा—ममत्व रखते हुए जो मरण होता है वह लोभवशार्तमरण कहते हैं.

हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद इनसे जिसकी बुद्धि मूढ हो गई है ऐसे मनुष्यका जो मरण वह नोकषायवशार्त मरण है.

जो प्राणी वशार्तमरण को प्राप्त होते हैं वे मनुष्य और तिर्यंचोंमें जन्म धारण करते हैं. तथा असुर, कंदर्पजातिके देव, किल्विष देव इनमें वशार्तमरणसे मिथ्यादृष्टि जीव उत्पन्न होते हैं. इनके इस मरणको बालमरणमें अन्तर्भूत कर सकते हैं. दर्शन पंडित भी, अविरत सम्यग्दृष्टि, और संयतासंयत जीव भी वशार्तमरणको प्राप्त होते हैं. उनका यह मरण बालपंडित मरण अथवा दर्शन पंडित मरण समझना चाहिये.

विप्राणसमरण और गृद्धपृष्ठ ऐसे नाम जिनके हैं ऐसे दो मरणोंका शास्त्रोंमें निषेध नहीं है और इनकी अनुज्ञा भी नहीं है.

दुष्कालमें, अथवा दुर्लंघ्य ऐसे जंगलमें, पूर्वकालके शत्रुका भय उपस्थित हुवा हो ऐसे समयमें, दुष्ट राजासे भीति उत्पन्न हुई हो, चोरसे भय उत्पन्न हुवा हो, तिर्यंचका उपसर्ग हो रहा हो, एकाकी स्वयं सहन करनेमें असमर्थ होनेसे, ब्रम्हव्रतका नाश वगैरेके द्वारा चारित्रमें दोष लगनेका प्रसंग आया हो तो संसारभीरु,

पापोंसे डरनेवाला, कर्मका उदय इस समय उपस्थित हुवा है ऐसा जानकर उसको सहन करनेमें असमर्थ होता है,ऐसे संकटोंसे पार पडने का उपाय उसको नहीं दीखता है तो भी पापकार्यसे वह डरता है, आत्माका घात करनेवाले मरणोंसे भयभुक्त होता है. उपर्युक्त कारण उपस्थित हो जानेपर अब मेरा कुशल होगा क्या ऐसा वह मनमें विचार करता है–यदि मैं इस उपसर्गके भयसे पीडित हो जाऊं तो मेरा संयम नष्ट होगा और मेरा सम्यग्दर्शन भी नष्ट होगा. इस उपसर्गसे जो वेदना हो रही है वह सहन करते समय परिणामोंमे संक्लेश होगा ही. अब मेरी रत्नत्रयाराधना नष्ट होगी–न टिकेगी ऐसा जब उसको निश्चय होता है उस समय निष्कपट होकर चारित्र और दर्शनमें विशुद्धता धारण कर धैर्ययुक्त होता है. क्षपकका सहाय लेकर निदानरहित होता है. अर्हन्तके समीप आलोचना करके विशुद्ध होता है. निर्मल लेश्याधारी वह पुरुष अपने श्वासोच्छ्वासका निरोध करता हुवा प्राण त्याग करता हैं. ऐसे मरणको विप्राणस मरण कहते हैं.

उपर्युक्त कारण उपस्थित होनेपर शस्त्रग्रहण करके जो प्राणत्याग किया जाता है वह गृद्धपृष्ठ मरण है.

इस तरह मरणके जितने विकल्प संभवीय थे वे कहे हैं. ऐसे मरणोंसे प्राणी प्राणत्याग करते हैं.

प्रायोपगमन मरण, इंगिनी मरण, और भक्तप्रत्याख्यान मरण ऐसे तीन मरणही उत्तम हैं. पूर्व कालीन महापुरुषोंने इनकी ही प्रवृत्ति चलायी है. हमने संक्षेपसे आगमका अनुसरण करके सतरा प्रकारके मरणका विवेचन किया है.

एतेषु सप्तदशसु पंच मरणानि इह संक्षेपतो निरूपयिष्यामीति प्रतिज्ञानेन कृता । कानि तानि पंच मरणानि इत्याशंकायां नामनिर्देशार्थं गाथामाह—

पंडिदपंडिदमरणं पंडिदयं बालपंडिदं चेव ॥
बालमरणं चउत्थं पंचमयं बालबालं च ॥ २६ ॥
पंडितं पंडितादिस्थं पंडितं बालपंडितम् ॥
चतुर्थं मरणं बालं बालबालं च पंचमम् ॥ २९ ॥

विजयोदया—पंडितपंडितमरणमित्यादि । ननु भवपर्यायप्रलयो मरणं यदि गृह्यते तस्य को भेदो भवपर्यायस्य अनेकत्वात् मरणं तद्विनाशः कथं न भिद्यते इति । मनुष्ये पंचप्रकारतानुपपन्ना अनंतत्वात् । एकजीवगतस्यापि भवपर्यायस्य नानाजीवापेक्षायां कोऽवसरः पंचत्वस्य । प्राणिनः प्राणेभ्यो वियोगो मरणं इति चेत्तदेकविधमेव सामान्यतः । प्राणभेदापेक्षयेति चेदहशप्रकारतापद्यते । उदयप्राप्तकर्मपुद्गलगलनं मरणं इति यदि गृह्यते प्रतिसमयं गलनात्र पंचता । गुणभेदापेक्षया जीवान्पंचधा व्यवस्थाप्य तत्संबंधेन पंचविधं मरणमुच्यते ।

अन्ये तु व्याचक्षते—प्रशस्ततरं, प्रशस्तं, ईषत्प्रशस्तं, अविशिष्टं, अविशिष्टतरं इति पंडितपंडितमरणादीनि केचिद्व्याचक्षते । पंडितशब्दः प्रशस्तमित्यस्मिन्नर्थे क्व प्रयुक्तो दृष्टो येनैवं व्याख्यायते ? किं च आगमांतरानुगतं चेदं व्याख्यानं ।

ववहारे सम्मत्ते णाणे चरणे य पंडिदस्स तदा ।
पंडिदमरणं भणिदं चदुव्विधं तम्मि चेति हि ति ॥

इति वदता चतुःप्रकाराः पंडिता उपदर्शिताः । तेषां मध्ये अतिशयितं पांडित्यं यस्य ज्ञानदर्शनचारित्रेषु स पंडितपंडित इत्युच्यते । एतत्पांडित्यप्रकर्षरहितं पांडित्यं यस्य स पंडित उच्यते । व्याख्यातं बाल्यं पांडित्यं च यस्य स भवति बालपंडितः तस्य मरणं बालपंडितमरणं । यस्मिन्न संभवति पांडित्यं चतुर्णामप्येकं असौ बालः । सर्वतो न्यूनो बालबालः तस्य मरणं बालबालमरणं ।

कानि तानि पंचमरणानीत्यनुयोगे गुणभेदापेक्षया जीवान्पंचधा व्यवस्थाप्य तत्संबंधेन मरणपंचकनिर्देशार्थमाह-

मूलारा—पंडिदपंडिदमरणं— भवपर्यायविनाशः । निरुक्तिगम्यत्वाच्चैषां लक्षणस्यावचनम् । तथा हि—

सुतवे सम्मत्ते वा णाणे चरणे य पंडिदं जम्हा ॥
पंडिदमरणं भणिदं चदुव्विहं तव्विदूहिं अए ॥

एवंविधचतुर्विधपंडितानां मध्ये अतिशयितं पांडित्यं यस्य ज्ञानदर्शनचारित्रतपस्सु स पंडितः संपूर्णक्षायिकज्ञानादिरित्यर्थः । ततोऽन्यः पंडितः प्रमत्तसंयतादिः । पंडा हि रत्नत्रयपरिणता बुद्धिः संजाता अस्येति पंडितः । अत एव संयतासंयतो बालपंडित इत्युच्यते । कुतश्चिदसूक्ष्मादसंयमादनिवृत्तित्वाद्बालस्ततोऽन्यत्र रत्नत्रये परिणतबुद्धित्वाच्च पंडितः, बालश्चासौ पंडितश्च बालपंडितः । यतश्च सर्वत्रासंयतोऽसंयतसम्यग्दृष्टिस्ततो यथोक्तपांडित्यवियुक्तत्वाद्बाल इत्युच्यते । दर्शनज्ञानद्वये सत्यपि सर्वथा चारित्ररहितत्वात् । अत एव मिथ्यादृष्टिर्बालबाल इत्युच्यते सम्यक्त्वस्याप्यभावेन प्राग्बाल्यातिशयत्वात् । पंडिदं पंडितमरणं संज्ञैकदेशेनापि तद्व्यवहारदर्शनात् भीमादिवत् एवमुत्तरत्रापि बोध्यं ।

सत्राद्यानि त्रीणि मरणानि सुगतिगमननियतनिमित्तत्वाज्जिना स्तुवन्ति नेतरद्द्वयं तद्विपरीतत्वात् ॥ तथा चान्यस्मादानीय सूत्रे पठन्ति—

पंडिदपंडिदमरणं च पंडिदं बालपंडिदं चेव ॥
एदाणि तिण्णि मरणाणि जिणा णिच्चं पसंसंति ॥

मतरा प्रकारके मरणोंमेंसे पांच प्रकारके मरणोंका संक्षेपसे मैं वर्णन करूंगा ऐसी ग्रंथकारने प्रतिज्ञा की है ये पांच मरण कौनसे हैं ? ऐसी शंका होनेपर मरणका नाम निर्देश करनेके लिये आचार्य गाथा कहते हैं—

हिन्दी अर्थ—पंडितपंडितमरण, पंडितमरण, बालपंडितमरण, बालमरण और बालबालमरण ऐसे पांच मरण हैं.

विशेषार्थ—' भवपर्यायप्रलयो मरणं , मनुष्यादिभवके पर्यायका नाश होना वह मरण है ऐसा यदि मरणका लक्षण करोगे तो भवपर्याय अनेक प्रकारके हैं उनका नाश होना यह भी मरण है ऐसा मानना पडेगा. पर्यायोंका नाश और मरण इसमें कुछ विशेषता अनुभवमें न आवेगी. यदि भवपर्याय अनेक हैं और उन सबका ही नाश होना मरण माना जाता है अतः पर्यायका नाश और मरण इनमें अंतर है ऐसा कहोगे तो मनुष्यमें मरणके पंच प्रकारोंकी संभावना न होगी. क्योंकि एक जीवका भी भवपर्याय अनंतरूपका होता है. नाना जीवोंकी अपेक्षा से तो मरणके पांच प्रकार नितरां सिद्ध न होंगे.

' प्राणिनः प्राणेभ्यो वियोगो मरणं ' प्राणोंसे प्राणीका अलग होना मरण है ऐसा यदि लक्षण करोगे तो सामान्यकी अपेक्षासे एकही मरण सिद्ध होगा. मरणके पांच प्रकार सिद्ध न होंगे. प्राणभेदकी अपेक्षासे मरणभेद मानोगे तो मरणके दश भेद होंगे. 'उदयप्राप्तकर्मपुद्गलगलनं मरणं' उदयमें आये हुए कर्मपुद्गलका खिरना वह मरण है ऐसा यदि कहोगे तो कर्मपुद्गल प्रतिसमयमें खिरते हैं अतः मरणके पांच प्रकार सिद्ध नहीं होते हैं. गुणभेदकी अपेक्षासे जीवोंके पांच प्रकार होते हैं अतः गुणोंके संबंधसे मरणके पांच भेद हम मानते हैं ऐसा यदि कहोगे तो यह कहना सयुक्तिक है.

यहां दुसरे विद्वान् अन्य तरहसे व्याख्या लिखते हैं—

" पंडितपंडित मरण प्रशस्ततम है, पंडितमरण प्रशस्ततर, बालपंडित मरण ईषत्प्रशस्त-थोडासा प्रशस्त है. बालमरण और बालबालमरण क्रमसे अविशिष्ट और अविशिष्ट तर है " ऐसी व्याख्या करते हैं. परंतु पंडित शब्द प्रशस्त इस अर्थमें किस प्रकरणमें प्रयुक्त किया हुआ उन्होंने देखा है ? जिससे वे ऐसा व्याख्यान करते हैं. दूसरे आगमका आश्रय न लेकर यह व्याख्यान किया गया है.

आगमान्तरमें व्यवहार, सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र इनमें जो पंडित हैं ऐसे जीवोंका जो मरण वह पंडितमरण है ऐसा कहा है. उसके चार प्रकार हैं. जैसे—व्यवहारपंडित मरण, सम्यक्त्वपंडितमरण, ज्ञानपंडित मरण, और चारित्रपंडित मरण. व्यवहारादिक अर्थोंमें आगमान्तरमें पंडित शब्दका प्रयोग किया हुवा है. परंतु प्रशस्ततम, प्रशस्ततर वगैरे अर्थमें प्रयोग नहीं देखा गया है.

ज्ञान, दर्शन और चारित्रमें जिनका अत्यंत पांडित्य है वे पंडितपंडित हैं. इस तरहका पांडित्यका प्रकर्ष ज्ञानादिकोंमें जिनका नहीं है अर्थात् जिनमें ज्ञानादि विषयक पांडित्य अल्प है वे पंडित हैं. जिसका विवेचन पूर्वमें कर चुके हैं. बाल्य और पांडित्य जिनमें हैं वे बालपंडित है. जिनमें चार प्रकारके पांडित्योंमेंसे एक भी पांडित्य नहीं है वे बाल हैं. तथा सबसे जघन्य जो वह बालबाल है. इन सबके मरणोंको क्रमसे पंडितपंडित मरण, पंडितमरण, बालपंडित मरण, बालमरण और बालबाल मरण ऐसे नाम हैं.

पंडिदपंडिदमरणे खीणकसाया मरंति केवलिणो ॥
विरदाविरदा जीवा मरंति तदियेण मरणेण ॥ २७ ॥

विज्ञानत्रयसंयोगानां तत्र पंडितपंडितम् ॥
देशसंयतजीवानां मरणं बालपंडितम् ॥ ३० ॥

विजयोदया—पंडिदपंडिदमरणं खीणकसाया मरंति केवलिणो । सामान्यमृतेर्विशेषस्मृतिः कर्मतया निर्देष्टुं पंडितपंडितमरणमिति । यथा गोपोषं पुष्टः । क्षीणकसाया कषन्ति हिंसन्ति आत्मानमिति कषायाः । कषाय-शब्देन वनस्पतीनां स्वरूपत्रमूलफलरस उच्यते । स यथा वस्त्रादीनां वर्णमन्यथा संपादयति एवं जीवस्य क्षमा-

मार्दवार्जवसंतोषाख्यगुणान्विनाश्यान्यथा व्यवस्थाप्यन्तीति क्रोधमानमायालोभाः कषाया इति भण्यंते । क्षीणाः कषाया येषां ते क्षीणकषायाः । द्रव्यकर्मणां कषायवेदनीयानां विनाशात्तन्मूला अपि भावकषायाः प्रलयमुपगता इति क्षीणकषाया इति भण्यंते । केवलमसहायं ज्ञानं इंद्रियाणि मनःप्रकाशादिकं च नापेक्ष्य युगपदशेषद्रव्यपर्याय भासनसमर्थं सद्यत्र प्रवर्तते तद्येषामस्ति ते केवलिनः । यद्यपि केवलज्ञानवस्तुसामान्येन प्रवर्तते केवलिशब्दस्तथापि सयोगकेवलिनो मरणस्यासंभवादयोगकेवलिनो ग्रहणं । अन्यथा क्षीणकषायाः श्रुतकेवलिनश्चेति व्याचक्षते । तेषां तदाख्यानमसमंजसं । श्रुतशब्दमंतरेण केवलिशब्दस्य क्वचिदप्यागमे समस्तश्रुतरत्नवत्यपि प्रयोगादर्शनात् । प्रसिद्ध-शब्दार्थासंभवो यदि स्यात् कथंचिदन्योऽर्थो व्याख्येयः स्यात् । संभवति प्रतीतेर्थे कथं तत्परित्यागः । अपि च पांडित्यप्रकर्षः क्षायिकज्ञानदर्शनचारित्रापेक्षस्तत्र सन्निहितो न श्रुतकेवलिनि । विरताविरता जीवाः स्थूलकृता-न्माणातिपातादेर्व्यावृत्ताः इति विरताः सूक्ष्मान्माव्यावृत्तेरविरताः । विरता यदि कथमविरता अविरताश्चेत्कथं विरताः इति विरोधाशंका न कार्या । विरतत्वाविरतत्वयोः अर्पणाभेदाद्विरोधो नास्यवं वधाति । यथा द्रव्यपर्यायापेक्षे नित्यानित्यत्वे एकद्रव्याधिकरणे एकस्मिन्नपि समये न विरोधमुपयातः । अथवाऽप्रत्याख्यानावरणानां क्षयोपशमे सति स्थूलात्प्राणातिपातादेर्विरतोऽस्मि न सूक्ष्मादित्येक एव परिणाम उपजायते । विरोधश्च नाम अनेकाधिकरणः यथा शीतोष्णस्पर्शादीनां । द्रव्यभावप्राणधारणाज्जीवा इति निरूप्यंते । तद्विएण तृतीयेन । मरणेण मरणेन । म्रियन्ते । वस्तुपरिणामवृत्तिक्रमो यदि स्यात्तथा गणने द्वित्वं त्रित्वं वा प्रतिपद्येरन् । गुणस्थानापेक्षायां सम्यङ्मि-थ्यादृष्टेरेव तृतीयता न संयतासंयतत्वस्य तत्किमुच्यते तृतीयेनेति ? मरणस्य तु सामान्यापेक्षायां एकत्वमेवेति न तृतीयता । विशेषापेक्षायां च अतीतानां च अनंतत्वादनागतानां चातिबहुत्वसंभवात् । अत्रोच्यते सूत्रनिर्दि-ष्टक्रमापेक्षया तृतीयता प्राह्या ।

मरणानां स्वामिविशेषनिर्णयार्थं गाथात्रयं विवक्षुरादौ प्रशस्यतमप्रशस्यमरणद्वयनिर्देशार्थमाह—

मूलारा—पंडिदपंडिदमरणं—पंडित पंडितपंडितमरणेनेत्यर्थः । आर्षत्वाद्विभक्तिविपर्ययः । आर्षाश्रिते सर्वे विधयो विकल्पंते इत्यभिधानात् । × टीकाकारस्तु सामान्यभूतेः विशेषभृतिः कर्मतया निर्दिष्टा तथा गोपोषं पुष्टमित्याचष्टे ।

अथवा मरंति प्राप्नुवन्ति इति व्याख्येयं धातूनामनेकार्थत्वात् । एवमुत्तरत्रापि सर्वत्र व्याख्यातव्यम् । खीण-कसाया—कषन्ति हिंसन्ति शुद्धचिद्विवर्तलक्षणप्राणैर्वियोजयंत्यात्मानमिति कषाया द्रव्यक्रोधादयः अथवा वनस्पतीनां त्वग्मूलफलाश्रितो रसविशेषः कषायः । कषाय इव कषायः क्रोधादिः वस्त्रादीनां वर्णस्येव जीवस्य क्षमादिगुणानां अन्य-थात्वसंपादकत्वात् । कषायशब्देन चात्र कषायोदयजनिताभिभवसंस्कारकः कर्मास्रवकारणमात्मप्रदेशपरिस्पंदो

+ टीकाकार अपराजितसूरि.

ग्राह्यः। केवलज्ञानस्य मोहादिकर्मनिर्मूलनमूलत्वेन केवलिनः क्षीणकषायत्वविशेषणस्य निष्फलत्वात्। किं च मरणकरणात् क्षीणकषाया इत्यनेन अयोगः निर्दीयते सयोगकेवलिनां मरणासंभवात्। क्षीणा विशेषं गताः कषाया येषामिति क्षीणकषायवेदनीयाः तत्वादेव च विनष्टतन्मूलभावकषायः मरंति द्रव्यप्राणांस्त्यजन्ति। सिद्धानामपि सत्ताचैतन्यबोधादिस्वभावप्राणधारणत्वलक्षणजीवत्वस्वभावाविशेषात्। तथा चोक्तम्—

जेसिं जीवसहावो णत्थि अभावो वि सव्वहा तस्स ॥
ते होंति भिण्णदेहा सिद्धा वचिगोचरमदीदा ॥

केवलिनो करणादिसहायकनिरपेक्षतया युगपन्निःशेषद्रव्यपर्यायसाक्षात्करणसमर्थं ज्ञानं येषां नित्यमास्ते ते केवलिनः। विरताविरता एकस्मिन्नेव समये स्थूलप्राणातिपातादेर्व्यावृत्ताः सूक्ष्मात्तेभ्यावृत्ताः श्रावकाः इत्यर्थः। जीवाः पुरुषाः न प्रधानं। सांख्या हि प्रधानस्य मरणमिच्छन्ति। तदियेण बालपंडितेन।

जिनके मरणको पंडितपंडित मरण ऐसी संज्ञा है वे पंडितपंडित कौन है.? अर्थात् पंडितपंडित किनको कहते हैं ऐसे प्रश्नका उत्तर आचार्य देते हैं—

हिंदी अर्थ—पंडितपंडित मरण, पंडितमरण और बालपंडित मरण इन तीन मरणोंकी जिनेंद्र देव नित्य प्रशंसा करते हैं. क्षीणकषाय केवली भगवान् पंडितपंडित मरणसे मरते हैं. अर्थात् केवलीके मरणकी पंडित पंडित ऐसी संज्ञा है. विरताविरत जीवके मरणको बालपंडित मरण ऐसा नाम है.

गाथार्थ—' पंडितपंडितमरणं खीणकसाया मरंति केवलिणो ' इस वाक्यमें ' मरंति ' इस सामान्य मरणरूप क्रियाका ' पंडितपंडितमरणं ' यह विशेष मरण कर्मरूपसे प्रतिपादन किया है. जैसे ' गोपोषं पुष्टः' अर्थात् बैल जैसा पुष्ट रहता है वैसा यह आदमी पुष्ट है. जैसे यहां पुष्टिसामान्यका गोपोषं यह कर्मसरीखा विशेषण है उसी तरह सामान्य मरणका ही पंडितपंडितमरण यह एक विशेष प्रकार समझना चाहिये.

जो आत्माका घात करते हैं वे कषाय हैं. अतएव कषायशब्द की निरुक्ति आचार्य ' कषन्ति हिंसंति आत्मानमिति कषायाः ' ऐसी कहते हैं. अथवा वृक्षोंकी छाल, मूल, पत्ते और फलोंका जो रस निकलता है

उसको भी कषाय कहते हैं. यह रस जैसा वस्त्रादिकोंका वर्ण अन्यथा करता है. उसी तरह क्रोध, मान, माया और लोभ ये कषाय जीवके उत्तम क्षमा, विनय, सरलपना, और निस्पृहपनाको अन्यथा करते हैं, उनका नाश करते हैं. अतः इन क्रोधादिकोंका 'कषाय' यह नाम अन्वर्थक है.

कषायसे द्रव्यकषाय और भाव कषाय ऐसे दो भेद हैं. क्रोध, मान, माया लोभ इन कषायवेदनीय कर्मको द्रव्यकषाय कहते हैं. और इनके उदयसे आत्माकी क्रोध मान माया लोभरूप परिणति हो जाती है वह भावकषाय है. केवली भगवानके द्रव्यकषाय और भावकषाय दोनों भी नष्ट हो चुके हैं अतः वे क्षीणकषाय इस अन्वर्थ नामसे युक्त हुए हैं. इंद्रियां, मन और प्रकाशादिक वस्तुओंकी अपेक्षाके विना युगपत्--एकदम संपूर्ण द्रव्योंकी त्रिकालवर्ती पर्यायें जाननेमें जो ज्ञान समर्थ होकर समस्त पदार्थोंमें प्रवृत्त होता है वह केवल ज्ञान है. यह ज्ञान केवल अर्थात् असहाय है. इंद्रियादिकोंकी मदत न लेकर स्वयं अपने सामर्थ्यसे पदार्थोंको जानता है अतः इसको केवल–असहाय ऐसा कहते हैं. ऐसा माहात्म्यशाली ज्ञान जिनको है वे मुनि केवली अर्थात् केवल ज्ञानी कहे जाते हैं. केवली यह शब्द सयोग केवली और अयोग केवली दोनोंमें रूढ है तो भी यहां केवली शब्दसे अयोगकेवलीका ही ग्रहण करना चाहिये. इसका भी कारण यह है कि–सयोगकेवलि गुणस्थानमें मरण नहीं होता है अतः अयोग केवलीका ही केवली शब्दसे ग्रहण होता है.

कोई २ विद्वान् केवली शब्दका अर्थ क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती मुनि और श्रुतकेवली ऐसा करते हैं. परंतु ऐसा अर्थ करना अयोग्य है. श्रुत शब्द केवली शब्दके पूर्वमें जोड देनेसे ही श्रुतकेवली ऐसा अर्थ होगा. श्रुतशब्द रहित केवली शब्दका किसी भी आगममें समस्तश्रुतरूपी रत्न धारण करनेवाले श्रुतकेवलीके विषयमें प्रयोग किया है ऐसा देखनेमें आया नहीं. प्रसिद्ध शब्दका अर्थ प्रकरणमें यदि असंभवरूप मालूम पडेगा तो अन्यार्थ की कल्पना की जा सकती है. यहां तो प्रसिद्ध अर्थ ही योग्य जंचता है. अतः श्रुतकेवली ऐसा अर्थ निकालने की अपेक्षा नहीं है. दुसरा कारण यह भी है कि, पांडित्यका प्रकर्ष केवलज्ञानियोंमें ही होता है अन्यत्र श्रुतकेवल्यादिकमें नहीं है. अतः पंडितपंडित केवली भगवानको ही कहते हैं. केवली भगवानमें क्षायिकज्ञान, क्षायिक दर्शन और चारित्र रहते हैं यह पांडित्यप्रकर्ष केवलीमें है. परंतु यह श्रुतकेवलीमें नहीं है. अतः केवली शब्दका अर्थ श्रुतकेवली ऐसा समझना योग्य नहीं है.

विरताविरत जीवोंके मरणको बालपंडित मरण कहते हैं. श्रावक स्थूल हिंसादि पांच पापोंसे विरक्त रहते हैं अतः उनको विरत कहते हैं. सूक्ष्मपापोंका वे त्याग नहीं कर सकते हैं इसलिये उनको अविरत भी कह सकते हैं.

शंका—यदि श्रावकोंको आप 'विरत' ऐसा कहना चाहते हो तो उनको अविरत मत कहो, यदि अविरत कहोगे तो विरत कहना अनुचित है ?

उत्तर—विरतत्व और अविरतत्वमें विवक्षाभेदसे विरोध नहीं. जैसे एकही पदार्थको द्रव्यापेक्षासे और पर्यायापेक्षासे एकसमयमें नित्यानित्य समझते हैं. अर्थात् द्रव्यरूप आधारमें एक समयमें नित्य और अनित्य ऐसे दो धर्म रहते हैं. वैसे अप्रत्याख्यानावरणीय कर्मका क्षयोपशम होनेसे मैं स्थूलपातकोंसे विरक्त हुवा हूं सूक्ष्मपातकोंसे नहीं ऐसा एकही परिणाम युगपत् उत्पन्न होता है. इसलिये विरताविरतत्वमें विरोध नहीं है. जहां एक पदार्थमें दो धर्म यदि अनुभव में आते हैं तो वहां विरोध कैसा ? विरोध अनेक आधारमें रहता है. जैसे शीतस्पर्श और उष्णस्पर्श एक आधार में नहीं रहता.

विरताविरत जीव द्रव्य प्राण और भावप्राणोंके धारक है अतः वे जीव है. ये विरताविरत तृतीय मरणसे बालपंडित मरणसे मरते हैं. यहां तृतीय शब्द वस्तुके परिणामगणनामें यदि उपयुक्त है ऐसा कहोगे तो गणनाके समय विरताविरतजीवको द्वित्व या त्रित्व भी प्राप्त होगा. तृतीय शब्दसे तिसरा गुणस्थान ऐसा अर्थ मानोगे तो सम्यङ्मिथ्यादृष्टिको तृतीयपना प्राप्त होगा. संयतासंयतको तीसरेपना प्राप्त न होगा. अतः 'तृतीयेन' ऐसा कहना योग्य नहीं है. यदि मरणकी अपेक्षासे तृतीयता मानते हो तो मरण सामान्यापेक्षासे एक ही है उसको तृतीयता नहीं है. विशेषमरणापेक्षासे तृतीयता मानोगे तो भूतकालमें अनंतमरण हो चुके हैं और भविष्यत्कालमें भी बहुत होंगे अतः विशेषमरणापेक्षासे भी तृतीयता सिद्ध नहीं होती.

उत्तर सूत्रमें कहे हुए क्रमकी अपेक्षासे मरणकी तृतीयता ग्रहण करनी चाहिये. अर्थात् पहिला मरण पंडितपंडितमरण, दुसरे मरणको पंडितमरण कहते हैं. और तिसरा मरण बालपंडित इस नामका है.

अथ के पंडितपंडिता येषां मरणं पंडितपंडितमरणं इति भण्यते इत्यारेकायामाह—

पंडिदपंडिदमरणं च पंडिदं बालपंडिदं चेव ॥
एदाणि तिण्णि मरणाणि जिणा णिच्चं पसंसंति ॥ २८ ॥

निःश्रेयससुखादीनां आसन्नीकरणक्षमं ॥
आदिमं जायते तत्र प्रशस्तं मरणत्रयम् ॥ ३१ ॥

विजयोदया—पंडिदपंडिदमरणं च पंडिदं बालपंडिदं चेव इति । विरताविरतपरिणामविशेषनिर्देशादेव जीव द्रव्यस्य गते जीवा इति सूत्रे ग्रहणमपार्थकमिति चेन्नानर्थकं। मतांतरनिवृत्तिपरत्वात्। सांख्या हि प्रकृतिधर्मतां मरणस्याभ्युपयन्ति पुरुषस्य सर्वथा नित्यत्वात्। तत्तथा न, उत्पादव्ययध्रौव्यात्मकत्वादात्मनः । अत्रोच्यते—पंडितपंडितमरणादनंतरं पंडितमरणं तदुल्लंघ्य तृतीयस्य स्वामित्वं कस्मात्प्रदर्श्यते क्रमोल्लंघने प्रयोजनं वाक्यम् ? इति चेदुच्यते—उत्कृष्टजघन्य पंडितत्वमध्यवृत्तिपंडितत्वमित्येतदाख्यातुं उभयावधिप्रदर्शनं क्रियते । अथवा पंडितमरणे बहुवक्तव्यमस्तीति तत्सान्यासिकं व्यवस्थाप्य अल्पवक्तव्यतया बालपंडितमेव प्राग् व्याचष्टे ।

शंका—विरताविरतपरिणामविशेषसे ही श्रावक जीव है ऐसा समझमें आता है तो सो ' विरताविरता जीवा ' इसमें जीवशब्दका ग्रहण व्यर्थ है. उत्तर जीव शब्द गाथामें दिया है उसका उद्देश मतांतर निराकरण करनेके लिये है. सांख्य मरण प्रकृतिका धर्म है ऐसा समझते हैं. वे पुरुषको—आत्माको सर्वथा नित्य समझते हैं. परंतु वह समझना योग्य नहीं है. आत्मा उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य इन तीन स्वरूपोंसे युक्त है अतः वह सर्वथा नित्य नहीं है.

शंका—पंडितपंडित मरणके अनंतर पंडितमरणका वर्णन करना योग्य था परंतु वह उल्लंघन कर तिसरे मरणके स्वामी आपने क्यों बताये ? क्रमका उल्लंघन करनेमें आपका क्या हेतु है ?

उत्तर—उत्कृष्ट पंडितत्व और जघन्य पंडितत्व इनके बीचमें जो है सो मध्यम पंडितत्व है ऐसा दिखानेके अभिप्रायसे उपर्युक्त कथन है. अर्थात् उत्तम पंडितत्व और जघन्य पंडितत्वके विवेचनसे मध्यम पंडितत्व विना कहे सिद्ध होता है. अथवा पंडितमरणके विषयमें ग्रंथकार बहुत विस्तारयुक्त लिखनेवाले है. इस वास्ते उसको आचार्य अलग रखते हैं और थोडासा विवेचन करनेकी इच्छासे बालपंडितत्वका प्रथम आचार्यने उल्लेख किया है.

कतिविधं पंडितमरणं किं स्वामिकं वा इत्यारेकायां एवं गाथा—

पायोपगमणमरणं भत्तपइण्णा य इंगिणी चेव ॥
तिविहं पंडियमरणं साहुस्स जहुत्तचारिस्स ॥ २९ ॥

पायोपगमनं भक्तप्रतिज्ञेंगिणीश्रुति ॥
वदन्ति पंडितं त्रेधा योगिनो युक्तिचारिणः ॥ ३२ ॥

विजयोदया—पायोपगमणमरणं इत्यादि । पादाभ्यामुपगमनं द्रौकनं तेन प्रवर्तितं मरणं पादोपगमनमरणं । इतरमरणयोरपि पादाभ्यामुपगमनमस्तीति नैविध्यानुपपत्तिरिति चेन्न मरणविशेषे वक्ष्यमाणलक्षणे रूढिरूपेणायं प्रवर्तते, रूढौ च क्रिया उपादीयमाना शब्दव्युत्पत्त्यर्थेव । यथा गच्छतीति गौरिति शब्दव्युत्पत्तौ क्रियमाणायामपि गमनक्रियाकर्तृतास्तीति गोशब्देन न महिष्यादयो भण्यंते । अथवा पाउग्गगमणमरणं इति पाठः । मनांतकरणप्रायोग्यं संहननं संस्थानं च इह प्रायोग्यशब्देनोच्यते । अस्य गमनं प्राप्तिः, तेन कारणभूतेन यन्निर्वर्त्यं मरणं तदुच्यते पाउग्गगमणमरणमिति । भज्यते सेव्यते इति भक्तं, तस्य पइण्णा त्यागो भत्तपइण्णा । इतरयोरपि भक्तप्रत्याख्यानसंभवेऽपि रूढिवशान्मरणविशेषे एव शब्दोऽयं प्रवर्तते । इंगिणी शब्देन इंगितमात्मनो भण्यते स्वाभिप्रायानुसारेण स्थित्वा प्रवर्त्यमानं मरणं इंगिणीमरणं । तिविहं त्रिविधं त्रिप्रकारं । पंडितमरणं कस्य तद्भवति ? साधुस्स साधोः जहुत्तचारिस्स यथा येन प्रकारेण उक्तं श्रुते तथा चरितुं शीलं यस्य साधोस्तस्येति यावत् । सदाचारः सर्व एव जनः संयतोऽसंयतश्च लोके साधुशब्दवाच्यः, इति संयतपरिग्रहार्थं यथोक्तचारित्रविशेषणं कृतम् ॥

प्रशस्यतरपंडितमरणस्य भेदान्प्ररूपयन्स्वामिनं निरूपयति ।

मूलारा- पाउग्गमणमरणं—पादाभ्यामुपगमनं द्रौकनं संघाच्निर्गत्य योग्यदेशास्याश्रयणं । तेन प्रवर्तितं मरणं पादोपगमनमरणं स्वपरवैयावृत्त्यनिरपेक्षः प्राणत्याग उच्यते रूढिवशात् । यदा पाउग्गगमणमरणं इति पाठस्तदा प्रायोग्यस्य भवान्तकरणयोग्यस्य संहननस्य संस्थानस्य च गमनेन प्राप्त्या निर्वर्त्यं मरणं प्रायोग्यगमनमरणं । प्रायोगमनमित्यपीदमुच्यते प्रायस्य संन्यासस्यदनशनस्योपगमनेन साध्यत्वात् । प्रायोपवेशनमिति चैतदाख्यायते । भक्तपादिण्णा भज्यते देहस्थित्यर्थमिति भक्तमाहारः तस्य प्रतिज्ञा प्रत्याख्यानं त्यागः । भक्तप्रतिज्ञा स्वपरवैयावृत्त्यसापेक्षं मरणं । इंगिणी शब्देन इंगितमात्मनोऽभिप्रायो भण्यते स्वाभिप्रायानुसारेण स्थित्वा प्रवर्त्यमानं मरणं इंगिणीमरणं । अत्र परत्वं नेच्छंति

केचित् । वस्तुनः स्वयंवैयावृत्तिसापेक्षमेव । जहुत्तचारिन्स । येन प्रकारेण उक्तं श्रुते तेन चरितुं शीलं यस्य तस्य यथोक्त-चारिणः संयतस्येत्यर्थः ।

पंडितमरणके कितने भेद हैं और उसके स्वामी कितने हैं ऐसी शंकाका उत्तर आगेकी गाथा देती है—

हिंदी अर्थ—आगममें जिस प्रकारसे चारित्रका वर्णन है वैसा स्वयं आचरण करना यह जिनका शील है अर्थात् आगमसे अविरुद्ध चारित्र जो धारण करते हैं ऐसे मुनिराजका पंडितमरण पादोपगमनमरण, भक्त प्रतिज्ञा मरण और इंगिनी मरण ऐसे तीन भेदयुक्त है. अर्थात् निरतिचार मुनिराजके मरणके भेद उपर्युक्त गाथामें तीन कहे हैं.

विशेषार्थ—पादोपगमन मरण इसका शब्दार्थ-'पादाभ्यामुपगमनं देशकं तेन प्रवर्तितं मरणं पादोपगमनं' अपने पावोंके द्वारा संघसे निकलकर और योग्य प्रदेशमें जाकर जो मरण किया जाता है वह पादोपगमन मरण है. इस मरणको चाहनेवाले मुनिराज अपने शरीरका वैयावृत्य स्वयं भी नहीं करते हैं और इतर मुनियोंके द्वारा भी स्वशरीरकी शुश्रूषा नहीं कराते हैं. ऐसे मरणको पादोपगमन मरण कहते हैं.

शंका—इतर मरणमें भी पावोंके द्वारा संघसे मुनिराज अन्यत्र चलकर मरण करते हैं अतः इतर मरणोंको भी यही नाम प्राप्त होनेसे पंडितमरणके तीन भेद नहीं ठहरेंगे ऐसी शंकाका उत्तर इस तरह है—पादोपगमन मरण यह नाम रूढिका आश्रय लेकर विशिष्ट मरणमें ही आचार्यने प्रयुक्त किया है. इस पादोपगमन मरणका स्वरूप आगे ग्रंथकार स्वयं कहेंगे. रूढीमें जो शब्दकी निरुक्ति—व्युत्पत्ति करते हैं उसका मतलब यह शब्द किस धातुको कोनसा प्रत्यय जोडनेसे बन गया यह दिखानेका होता है. जैसे ' गच्छतीति गौः ' ऐसी गो शब्दकी व्युत्पत्ति है. इसमें गमनक्रियाका कर्तृत्व इसमें व्यक्त होता है. एतावता गो शब्दसे महिषी, अश्व वगैरह प्राणी गो शब्दका अर्थ नहीं माना जाता है. वैसे प्रकृत विषयमें पादोपगमन यह शब्द विशिष्ट मरणका वाचक माना जाता है. तथा वह मरण भक्तप्रतिज्ञा और इंगिनीमरणसे भिन्न ही है ऐसे समझना चाहिये.

अथवा गाथामें 'पाओग्गगमणमरणं' ऐसा भी पाठ है. उसका ऐसा अभिप्राय है—भवका अंत करने लायक ऐसे संस्थान और संहननको प्रायोग्य कहते हैं. ऐसे संहनन और संस्थान की प्राप्ति होना यह प्रायोग्य गमन है. अर्थात् विशिष्ट संहनन और विशिष्ट संस्थानवाला ही प्रायोग्यगमन मरणका अंगीकार करता है.

भक्तप्रतिज्ञामरण— भक्त शब्दका अर्थ आहार है और प्रतिज्ञा शब्दका अर्थ त्याग होता है अर्थात् आहारका त्याग कर मरण करना वह भक्तप्रतिज्ञामरण है. यह मरण स्वपरवैयावृत्त्य की अपेक्षासे होता है. अर्थात् इस मरणमें सल्लेखनाधारक की परिचारक मुनि शुश्रूषा करते हैं तथा वह भी अपनी शुश्रूषा करता है. यद्यपि आहारका त्याग इंगिनीमरण और प्रायोग्यगमन मरणमें भी होता है तो भी इसको ही रूढीसे भक्तप्रतिज्ञा कहते हैं. अर्थात स्वपरवैयावृत्यकी अपेक्षा करके जो मरण किया जाता है वह भक्तप्रतिज्ञामरण है. ऐसे विशिष्ट मरण को ही भक्तप्रतिज्ञा कहते हैं.

इंगिनी मरण—स्वाभिप्रायको इंगित कहते हैं. अपने अभिप्रायसे युक्त होकर स्वयं ही स्वतः की शुश्रूषा कर जो मरण किया जाता है. वह इंगिनी मरण है. परिचारक मुनिकी शुश्रूषा इसमें क्षपक मुनि चाहते नहीं है.

— यथोक्त चारित्रका पालन करनेवाले मुनिके ऐसे तीन मरण कहे है इन मरणोंको सामान्य रीतीसे पंडित मरण कहते है.

इतरयोर्बालमरणबालबालयोरित्यनयोः स्वामित्वसूचनार्थगाथा—

अविरदसम्मादिट्ठी मरंति बालमरणे चउत्थम्मि ॥
मिच्छादिट्ठी य पुणो पंचमए बालबालम्मि ॥ ३० ॥

— सदाचारसे प्रवर्तनेवाले सब संयत अथवा असंयत जगतमें साधु कहे जाते हैं. परंतु यहां मुनिओंका ही ग्रहण होवे इस हेतुसे 'जधुत्तचारिस्स' यह साधुका विशेषण करके यथोक्त चारित्र पालनेवाले मुनिका ही ग्रहण किया है.

भजते मरणं बालं सम्यग्दृष्टिरसंयतः ॥
मिथ्यात्वाकुलितस्वान्तो बालबालमपास्तधीः ॥ ३३ ॥

विजयोदया—अविरदसम्मादिट्ठी इति प्रसिद्धार्थत्वान्न व्याख्येयं । अत्रावसरे इदं चोद्यमाशंक्यते । वोच्छं आराधणं कमसो इति प्रतिज्ञातं । सा च द्विप्रकारा दर्शनाराधना चारित्राराधना चेति । तद्व्याख्यानमकृत्वा मरणविकल्पास्तत्स्वामिनश्च कस्मान्निर्दिश्यंते । प्रस्तुतपरित्यागमप्रस्तुताभिधानं च न क्षमंते विद्वांसः । अत्रोच्यते-न अप्रस्तुतं अंतरनिर्दिष्टं मरणं । आराधनानुगतमरणस्यैवेह शास्त्रेऽभिधेयत्वेनेष्टत्वात् । आराधनायाश्च आराधकमंतरेणासंभवात् । स्वामी च निर्देष्टव्य इति सूरेरभिप्रायः ॥

अप्रशस्ताप्रशस्तेतरमरणद्वयस्वामिनौ निर्दिशति—

मूलारा—अविरदसम्माइट्ठी इति ।

णो इंदियेसु विरदो णो जीवे थावरे तसे वापि ।
जो सद्दहदि जिणुत्तं सम्माइट्ठी अविरदो सो ॥ १ ॥

मिच्छादिट्ठी य ।

मिच्छत्तं वेदंतो जीवो विवरीयदंसणो होदि ॥
ण य धम्मं रोचेदि हु महुरं खु रसं जहा जरिदो ॥ २ ॥

बालमरण और बालबालमरणके स्वामी कोन होते हैं यह विषय आचार्य विशद करते हैं.

हिंदी अर्थ—अविरत सम्यग्दृष्टि जीव चौथे बालमरणसे मरते हैं अर्थात् अविरतिसम्यग्दृष्टीके मरणको बालमरण कहते हैं. और मिथ्यादृष्टी जीव जिस मरणसे मरते हैं वह बालबाल नामका पांचवा मरणभेद है.—यहां शंकाकार ऐसी शंका करता है—' वोच्छं आराधणा कमसो ' ग्रंथकारने ' मैं क्रमसे आराधनाओंका विवेचन करूंगा ' ऐसी प्रतिज्ञा की है. वह दर्शन आराधना और ज्ञानाराधना ऐसी दो प्रकारकी है. इनका विवेचन तो ग्रंथकारने किया ही नहीं परंतु मरणके विकल्प और उसके स्वामीओंका ही विवेचन किया है ऐसा करना अयोग्य है. प्रस्तुत विषयका त्याग करके अप्रस्तुत विवेचन करना बुद्धिमानोंको सहन नहीं होता है. इस शंकाका परिहार आचार्य करते हैं—

ग्रंथकारने अप्रस्तुत विषयका विवेचन किया नहीं है. बीचमें जो मरणके विकल्पका विवेचन किया है वह अप्रस्तुत नहीं है. आराधनाके साथ मरणका संबंध है. अतएव इस शास्त्रमें उनका उल्लेख आचार्यको करना पडा है. आराधना आराधकके विना होती नहीं, आराधक आराधनाका स्वामी है. अतः उसका उल्लेख करना न्यायप्राप्त ही है. इस तरह आचार्यने शंकापरिहार किया है.

अत एव प्रस्तुतां प्राथमिकीं दर्शनाराधनां आचष्टे—

तत्थोवसमियसम्मत्तखइयं खवोवसमियं वा ॥
आराहंतस्स भवे सम्मत्ताराहणा पढमा ॥ ३१ ॥
शामिकीं क्षायिकीं दृष्टिं वैदिकीमपि च त्रिधा ॥
समाराधयतः पूर्वा सम्यक्त्वाराधनेष्यते ॥ ३४ ॥

विजयोदया—तत्थोवसमियसम्ममित्यादिना । अथवा अंतरसूत्रनिर्दिष्टं बालमरणव्याख्यानं प्रस्तुतां प्राथमिकीं सम्यक्त्वाराधनां पुरस्कृत्य प्रवर्तते इयत आह–तत्थोवसमियसम्मत्ते । अथवा सम्यग्दर्शनविशेषस्य कस्यचिदेव आराधना उत सर्वस्येत्याशंका । कुतः संदेहः ? आचार्यमतभेदेन पदानामर्थद्वैविध्यात्सामान्यं पदानामभिधेयं । पदाच्छुक्लार्थसामान्यनिर्भासप्रतीत्युत्पत्तेर्न हि गामित्यतः पदाच्छुक्लां कृष्णां शबलामिति वा प्रतीतिः, खंडां मुंडां इति वा जायते । यच्च पदोपलब्धिकार्यभूतायां बुद्धौ न प्रतिभाति तत्कथं शब्दस्याभिधेयतां गंतुमुत्सहते । अप्रतीयमानस्याप्यर्थत्वे अयमेवास्यार्थो नान्य इतीयं व्यवस्था न स्यात् । तेन सामान्यमेवार्थ इति । अन्ये तु मन्यंते त्यागोपादानोपेक्षारूपा हि लोकव्यवहृतिस्तत्र पुमांसं प्रवर्तयितुं शब्दाः प्रयुज्यंते । दुःखसाधनं यत्तत्त्यज्यते । सुखसाधनमुपादीयते । तदुभयस्यासंपादकमुपेक्ष्यते । विशिष्टमेव च वस्तु सुखादीनां संपादकं । तथाहि--स्त्रीयत्नगंधमाल्यादिकं अतिशयितमेवादातुं उत्सहन्ते । दुःखसाधनं चात्यासन्नवर्त्येव कंटकादिकं परिजिहीर्षन्ति । तेन शब्देनापि तदर्थिनां तथाभूतमेव वस्तु प्रतिपाद्यमित्यभ्युपगन्तव्यं अतो विशेषः पदानामर्थः । इति सारूप्यानामनेकविशेषवर्तिनां पदानामेकपदप्रयोगादपि नाम विशेषो न प्रतीयते नैतावता विशेषस्याभिधेयताहानिः पदांतरसमवधाने विशेषप्रतीतेरनुभवसिद्धत्वात् इति ।

जैनानामुभयं पदार्थः । पदानामुभयत्र प्रतीत्युत्पत्तेः तथाहि—न हिंस्याः प्राणिनः प्राणित्वसामान्यं परिहार्यत्वेन प्रतीयते । देवदत्तमानयेत्युक्ते पुरुषविशेषमवगच्छन्ति । ततो न ज्ञायते 'समत्तंमि य' इत्यत्र सामान्यं सम्यक्त्वं गृहीतं उत तद्विशेष इति तेन तत्संदेहनिवृत्तिः क्रियते । तत्र तेषु सम्यक्त्वेषु । उवसमियसम्मत्तं अनंतानुबंधिक्रोधमानमायालोभानां सम्यक्त्वमिथ्यात्वसम्यङ्मिथ्यात्वानां च सप्तानामुपशमादुपजातं तत्त्वश्रद्धानं औपशमिकं सम्यक्त्वं ।

तासामेव सप्तप्रकृतीनां क्षयादुपजातत्वात्क्षयगोचरा श्रद्धा क्षायिकं दर्शनं । तासामेव कासां चिदुपशमात् अन्यासां च क्षयादुपजातं श्रद्धानं क्षायोपशमिकं । वा शब्दः प्रत्येकं संबध्यते । औपशमिकं वेत्यादिना क्रमेण । आराधंतस्स आराधयतः । हवे भवेत् । सम्मत्ताराहणा सम्यक्त्वाराधना । पढमा प्रथमा । "अविरदसम्मादिट्ठी मरंति बालमरणे" इत्युक्तं । तच्चाविरतग्रहणं सम्यग्दृष्टेर्विशेषत्वेनोपात्तं । प्रतीतेन हि विशेष्येण भाव्यम् । तथाभावेप्रतीतपदार्थयोर्विशेषणविशेष्यभावः इति ।

एवमाराधनायाः स्वरूपलाभफलविशेषसिद्धयर्थं स्वामिमरणविशेषावभिधायेदानीं प्रस्तुतां प्राथमिकीं दर्शनाराधनामभिधत्ते:—

मूला०—तच्छ तत्र । तेषु आगमप्रसिद्धेषु त्रिषु सम्यक्त्वेषु मध्ये यत्किंचिदेकमाराधयतः सम्यक्त्वाराधना भवेत् इति पदघटना । उवसमियसम्मत्तमित्यादि अनंतानुबंधिचतुष्कमिथ्यात्वसम्यङ्मिथ्यात्वसम्यक्त्वानां उपशमाज्जातं विपरीताभिनिवेशविविक्तमात्मस्वरूपलक्षणं तत्वार्थश्रद्धानं औपशमिकं । तेषामेव क्षयात् क्षायिकं । तेषामेव च षण्णामुदयाभावलक्षणे क्षयेऽनुदयप्राप्तानां सन्मात्रावस्थितिलक्षणे चोपशमे तथा सम्यक्त्वदेशघातिस्पर्द्धकोदये सत्युत्पन्नं सम्यक्त्वं क्षायोपशमिकं । श्लोकाः—

पाकादेशप्रसम्यक्त्वप्रकृतेरुदयक्षये ॥
शमे च वेदकं षण्णामगाढं मलिनं चलं ॥ १ ॥
वृद्धयष्टिरिवात्यक्तस्थाना करतले स्थिता ॥
स्थान एव स्थितं कंप्रमगाढं वेदकं तथा ॥ २ ॥
स्वकारितेऽर्हच्चैत्यादौ देवोऽयं मेऽन्यकारिते ॥
अन्यस्यासाविति भ्राम्यन्मोहाच्छ्राद्धोऽपि चेष्टते ॥ ३ ॥
तदप्यलब्धमाहात्म्यं पाकात्सम्यक्त्वकर्मणः ॥
मलिनं मलसंगेन शुद्धं स्वर्णमिवोद्भवेत् ॥ ४ ॥
लसत्कल्लोलमालासु जलमेकमिव स्थितम् ॥
नानात्मीयविशेषेषु चलतीति चलं यथा ॥ ५ ॥

समेऽप्यनंतशक्तित्वे सर्वेषामर्हतामयं ॥
देवोऽस्मै प्रभुरेषोऽस्मा इत्यास्था सुदृशामपि ॥ ६ ॥

जीवके विना आराधना होती ही नहीं अतएव प्रथम सम्यग्दर्शनाराधनाका आचार्य वर्णन करते हैं—

हिन्दी अर्थ—बीचके सूत्रमें बालमरणका वर्णन किया है. उस मरणका स्वामी सम्यग्दर्शन आराधनाका आराधन करनेवाला जीव है. अतः बालमरणका सम्यग्दर्शनके साथ संबंध सिद्ध है. उपशमसम्यक्त्व, क्षायिक सम्यक्त्व और क्षायोपशमिक सम्यक्त्व इन तीन आराधनाओंमेंसें किसी भी सम्यग्दर्शनकी आराधना करनेवाला सम्यक्त्वाराधक कहा जाता है.

विशेषार्थ—यहां शंकाकारकी शंका यह है—सम्यग्दर्शनके सर्व भेदोंकी आराधना करनेवाला सम्यग्दर्शनाराधक है ? अथवा कोई एक सम्यग्दर्शनकी भी आराधना करनेवाला आराधक होता है ? यहां ऐसी शंका क्यों होती है ऐसा कोई पूछेगा तो उसका उत्तर शंकाकारने इस तरह दिया है—आचार्योंके मतभेदसे शब्दके दो अर्थ माने गये है. अर्थात् कोई आचार्य शब्द सामान्य अर्थके वाचक है ऐसा कहते हैं, और दुसरे कोई आचार्य उसका विशेष अर्थ वाच्य होता है ऐसा मानते हैं. अर्थात् सम्यग्दर्शन इस शब्दका सामान्य अर्थ सम्यग्दर्शन सामान्य ऐसा है ऐसा किसीका मत है और विशिष्ट सम्यग्दर्शन ही सम्यग्दर्शन शब्दका वाच्य है ऐसे अन्य आचार्योंका मत है. अतएव हमने उपर्युक्त शंकाकी है ऐसा शंकाकारने अपनी शंकाका समर्थन किया है.

आचार्य क्रमशः दोनोंके मतोंका दिग्दर्शन करके अनंतर शब्दका अर्थ जैनमतसे क्या होता है इसका निरूपण करेंगे. प्रथमतः शब्दका सामान्य ही अर्थ है इस मतका निरूपण करते हैं—

शब्द सुनने पर अर्थसामान्यका ही अनुभव आता है. जैसे किसीने गौ लावो ऐसा वाक्य कहा इस वाक्यके सुननेसे सुननेवालेको काली गाय, चितकबरी गाय, वा सफेत रंगकी गाय ऐसा ज्ञान नहीं होता है. किंतु गोसामान्यका ही उसको बोध होता है. शब्दका श्रवण करनेके अनंतर जो अर्थ बुद्धीमें झलकता नहीं वह शब्दका अर्थ कैसे माना जायगा ? बुद्धीमें न झलकनेवाला भी अर्थ यदि माना जायगा तो अमुक शब्दका अमुक ही अर्थ होता है ऐसी अर्थव्यवस्था नहीं होगी. अर्थात् गोशब्दका अर्थ जैसा गाय होता है वैसा भैस, घोडा वगैरे भी

उनके अर्थ होंगे. अतः सामान्य पदार्थ ही शब्दका वाच्य होता है यह मत मानना चाहिये.

विशेष पदार्थ ही शब्दका अर्थ है ऐसे मतका विवेचन इस प्रकार है–जगतमें लोक किसी पदार्थका ग्रहण करते हैं, किसीका त्याग करते हैं और किसीकी उपेक्षा करते हैं ऐसा व्यवहार देखनेमें आता है. इस व्यवहारमें प्रवृत्ति करनेके लिये शब्दोंका प्रयोग किया जाता है. जो दुःखका कारण है वह वस्तु छोडते हैं, जो सुखकर होती है वह चीज लोक लेते हैं. जिससे सुख और दुःख दोनों भी उत्पन्न नहीं होते है ऐसी चीजसे लोक उपेक्षा करते हैं अतः विशिष्ट वस्तु ही सुख या दुःखकी उत्पादक मानी जाती है. जैसे स्त्री, वस्त्र, गंध पुष्पमाला वगैरे पदार्थ विशेषरीतीसे सुख साधक हैं ऐसा समझकर लोक इनका ग्रहण करते हैं. जो दुःखके कारण हैं एसे समीपस्थ कंटक शत्रु वगैरह पदार्थोंका त्याग करनेकी इच्छा करते हैं. शब्दके द्वारा भी ऐसे ही पदार्थोंका निवेदन होता है ऐसा समझना चाहिये. अर्थात् शब्दका अर्थ सामान्यपदार्थ नही है किंतु विशेष ही समझना चाहिये. अनेक पदार्थोंमे रहनेवाला सादृश्य एक शब्दके द्वारा उल्लेखित होता है अतः शब्दका विशेष पदार्थ अर्थ नहीं है ऐसा मानना अयोग्य है. जैसे गो शब्द समस्त सदृश गायोमें प्रयुक्त होता है अतः गो शब्दका विशेष पदार्थ वाच्य नहीं है, ऐसा कहना अयोग्य है. उस गो शब्दका दुसरे शब्दसे जब संबंध होता है तब विशेष पदार्थका उससे अनुभव अवश्य होता है. शब्दका विशेष पदार्थ ही वाच्य है ऐसा विशेष वादियोंका मत है.

सामान्य पदार्थ और विशेष पदार्थ दोनों शब्दके द्वारा प्रतीत होते हैं ऐसा जैनियोंका मत है–उसकी सिद्धि आचार्य करते है -' न हिंस्याः प्राणिनः ' अर्थात् ' प्राणिओंकी हिंसा नहीं करनी चाहिये ' इस वाक्यमें प्राणि शब्द संपूर्ण प्राणिओंका वाचक है. दुसरा वाक्य ' देवदत्तमानय ' देवदत्तको लाओ यहां देवदत्त शब्द पुरुष विशेषका वाचक है. अर्थात् शब्द सामान्य और विशेष दोनो पदार्थोंके वाचक हैं ऐसा जैनियोंका मत है.

अतः प्रस्तुत विषयमें–सम्यक्त्वाराधनामें क्या सामान्य सम्यक्त्वका ग्रहण करना चाहिये ? अथवा उसके विशेषोंका ग्रहण करना चाहिये ? ऐसी शंका उपस्थित होती है. उसका आचार्यने इस प्रकार निरसन किया है—

सम्यग्दर्शनके उपशम सम्यग्दर्शन, क्षायिक सम्यग्दर्शन और क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन ऐसे तीन भेद है. इनमेंसे किसी भी सम्यग्दर्शन की जो आराधना करता है उसको पहिली सम्यक्त्वारधना होती है.

औपशमिक सम्यग्दर्शन—अनंतानुबंधि क्रोध, मान, माया और लोभ, तथा सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और

सम्यङ्मिथ्यात्व ऐसे सात कर्म प्रकृतिओंका उपशम होनेसे जो तत्वोंके उपर श्रद्धान होता है उसको औपशमिक सम्यग्दर्शन कहते हैं.

क्षायिक सम्यक्त्व—उपर्युक्त सात प्रकृतियोंका क्षय होनेसे जो जीवादि सात तत्वोंके ऊपर श्रद्धा होती है वह क्षायिक सम्यक्त्व है.

क्षायोपशमिक सम्यक्त्व—इन सात प्रकृतियोंमेंसे किसी प्रकृतियोंका उपशम और अन्य प्रकृतियोंका क्षय होनेसे जो तत्त्वश्रद्धान होता है वह क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन है.

' अविरदसम्मादिट्ठी मरंति बालमरणे ' ऐसा पूर्वमें कहा है. अर्थात् उनके मरणको बालमरण कहते हैं. अविरत सम्यग्दृष्टि इस सामासिक शब्दमें अविरत शब्द विशेषणरूप है और सम्यग्दृष्टि यह शब्द विशेष्य है. यह विशेष्य प्रसिद्ध है. अर्थात् तत्वार्थ श्रद्धान करनेवालेको सम्यग्दृष्टि कहते हैं यह बात सुप्रसिद्ध है. प्रसिद्ध पदार्थोंमें विशेषण विशेष्यभाव होता है.

तस्मात्क्षीणदर्शनमोहनीयः सम्यग्दृष्टिनामग्रहणेति प्रश्नोत्तरमाह —

सम्मादिट्ठी जीवो उवइट्ठं पवयणं तु सद्दहइ ॥
सद्दहइ असब्भावं अयाणमाणो गुरुणियोगा ॥ ३२ ॥
मन्यते दर्शितं तत्वं जन्तुना शुभदृष्टिना ॥
पूर्वं ततोऽन्यथापीदमजानानेन रोच्यते ॥ ३५ ॥

विजयोदया—सम्मादिट्ठी जीवो इत्यनया । अत्रैव पदघटना ' उवइट्ठं पवयणं तु सद्दहदि यो जीवो सो सम्मादिट्ठी' इति । उवइट्ठं उपदिष्टं कथितं । ननु उपपूर्वो दिशिरुच्चारणक्रियः । तथा हि प्रयोगः—उपदिष्टा वर्णा उच्चारिताः इति। सत्यम्, समुच्चारणक्रियस्तत्रैव वर्तते नान्यत्र इत्यत्र न निबंधनं किंचित् । यथा गां दोग्धि इत्यादिषु सास्नादिमति दृष्टप्रयोगोऽपि गोशब्दो वागादिषु अपि वर्तते एवमिहापीति किं न गृह्यते ? उपदिष्टमपि किं न वेत्ति इत्यादौ कथितमिति प्रतीतिरुपजायते सा कथमपास्यते । प्रायोग्यवृत्तिसमधिगम्यो हि शब्दार्थः । प्रोच्यन्ते जीवादयः पदार्था अनेनास्मिन्निति वा प्रवचने जिनागमः । प्रकर्षश्चोक्तः दृष्टेष्टप्रमाणाविरोधिता वस्तुयाथात्म्यानुसारिता च । प्रवचनवाच्योऽर्थः साहचर्यात्प्रवचनमिति संगृह्यते । तु शब्दः एवकारार्थः । स च क्रियापदात्परतो द्रष्टव्यः । व्याख्यातं जैनागमार्थं यः श्रद्दधात्येव न

तु अद्दधाति इत्ययोगव्यवच्छेदः । स जीवः सम्मादिट्ठी सम्यग्दृष्टिशब्दवाच्य इति प्रतीतपदार्थकत्वमाद्दर्शितं । सद्दहदि श्रद्धानं करोति । असब्भावमपि असत्यमप्यर्थं । अयाणमाणो अनवगच्छन् । किं ? विपरीतमनेनोपदिष्टमिति । गुरोर्व्याख्यातुरस्यायमर्थ इति कथनाभियुज्यते प्रतिपत्त्यां श्रोता अनेन वचनेन इति नियोगः कथनं । सर्वज्ञप्रणीतस्यागमस्यार्थः आचार्यपरंपरया अविपरीतः श्रुतोऽवधृतश्चानेन सूरिणा उपदिष्टो ममेति सर्वज्ञाज्ञाया रुचिरस्तीति । आज्ञारुचितया सम्यग्दृष्टिर्भवत्येवेति ज्ञातः ।

ननु अविरदसम्माइट्ठी इत्युक्ते तत्र कीदृशीयः सम्यग्दृष्टिः स्यात् इति पृष्टः सन् आचष्टे—

मूला०- पवयणं जिनागमः तद्वाच्योऽर्थः साहचर्यादिह ग्राह्यः । तु एवार्थे । स जीवः सम्यग्दृष्टिर्भवति यः उपदिष्टं प्रवचनं अद्दधात्येवेति संबंधः । यो ज्ञानावरणोदयवशात्स्वयं तत्त्वमजानन्गुरुनियोगादसद्भावं अद्धत्ते सोऽपि तदैव सम्यग्दृष्टिः स्यादित्युत्तरार्द्धेन दर्शयते ॥ असद्भावं असत्यमप्यर्थं प्रकृतत्वादागमवाक्ये । अयाणमाणो मिथ्या अनेन उपदिष्टमिति अजानन् । नुनियोगा गुरोर्व्याख्यातुर्नियोगादस्यागमवाक्यस्य अयमर्थ इति कथनात् । नियुज्यते नियतं संबध्यते श्रोता अनेनेति नियोगः कथनं । इदमत्र तात्पर्यं—सर्वज्ञोक्तस्यागमस्यार्थो गुरुपर्वक्रमेण सम्यक् श्रुतोऽवधृतश्चानेनाचार्येणोपदिष्टो ममेति सर्वज्ञाज्ञया रुचिरस्तीति आज्ञारुचितया सम्यग्दृष्टिस्तदाप्येव भवत्येव ॥

कोनसा जीव सम्यग्दृष्टि शब्दका वाच्य होता है इस प्रश्नका उत्तर आचार्य देते हैं—

हिंदी अर्थ—गुरुने कहे हुए आगमका अर्थात् जीवादि पदार्थोंके स्वरूप का जो श्रद्धान करता है वह पुरुष सम्यग्दृष्टि है. गुरूके वचनोंको प्रमाण मानकर जीवादिके असत्य स्वरूप में विश्वास रखता हुवा भी वह पुरुष सम्यग्दृष्टि ही है. क्योंकि सर्वज्ञप्रणीत आगमका अर्थ आचार्यपरंपरासे अविपरीत ऐसा गुरूने सुना है और हृदयमें धारण कर उसका ही उपदेश उसने मेरेको किया है ऐसा समझकर वह जीवादि पदार्थोंपर विश्वास रखता है अतः असत्यस्वरूप सत्य मानता हुवा भी वह जीव सम्यग्दृष्टि ही है ऐसा इस गाथाका अभिप्राय है.

विशेषार्थ—गाथामें 'उवइट्ठं–उपदिष्टं' ऐसा शब्द है. यह शब्द उप पूर्वक दिश् धातुसे बना हुवा उच्चारण करना इस अर्थमें प्रसिद्ध है और आप इसका अर्थ 'कहा हुवा' ऐसा करते हैं परंतु इस अर्थमें प्रयोगवाक्य दीखते नहीं हैं. 'उपदिष्टा वर्णा उच्चारिता इति' यहां उपदिष्टका अर्थ वर्ण उच्चारे गये हैं ऐसा किया है. यह

हुई शंका अब इस का उत्तर सुन लीजिये—उच्चारण करना इस अर्थमें ही उपदिष्ट शब्दका प्रयोग है अन्य अर्थमें नहीं है ऐसा सिद्ध करनेके लिये आपके पास कुछ भी प्रमाण नहीं है.

जैसे ' गां दोग्धि ' इस वाक्यमें गोशब्दका अर्थ गाय ऐसा होता है अर्थात् गाय इस अर्थमें गोशब्द का प्रयोग जैसा होता है उसी तरह वाणी, स्वर्ग, पृथ्वी इत्यादि अर्थोंमें भी गोशब्दका प्रयोग देखा जाता है. उसी तरह उपदिष्टशब्द का प्रयोग अन्यार्थ में भी होता है. जैसे ' उपदिष्टमपि किं न वेत्ति ' इस वाक्यमें उपदिष्ट शब्द ' कथितं ' कहा हुवा इस अर्थमें है ऐसा अनुभव आता है. इसको मानना पडेगा ही. जिस शब्दका जो अर्थ प्रकरणादि से योग्य मालूम होता है वही उस शब्दका अर्थ समझना चाहिये.

गाथामें जो पवयण शब्द है उसका खुलासा इस प्रकार है—जिसके द्वारा जीवादिक पदार्थ कहे जाते हैं अथवा जिसमें जीवादिक पदार्थ कहे हैं उसको प्रवचन कहते हैं अर्थात् जिनेश्वरके आगमको प्रवचन कहते हैं. प्रवचन शब्दकी निरुक्ति आचार्य इस प्रकार कहते हैं—'प्रोच्यन्ते जीवादयः पदार्था अनेन अस्मिन्निति वा प्रवचनं जिनागमः' जिनेश्वरके वचनोंमें प्रकर्षता अर्थात् उत्कृष्टता आनेका कारण यह है कि उनके वचन दृष्टेष्टप्रमाणोंसे अर्थात् प्रत्यक्षानुमानादि प्रमाणोंसे अविरुद्ध सिद्ध होते हैं. और वे वस्तुके यथार्थ स्वरूपका अनुसरण करनेवाले हैं. ऐसे प्रवचनके द्वारा जो जीवादि पदार्थ कहे गये हैं उनको भी साहचर्यसे अथवा अभिधेयाभिधायकसंबंध होनेसे ' प्रवचन ' कह सकते हैं.

गाथामें जो तु शब्द है उसकी ' सद्दहइ ' इस क्रियापदके आगे योजना करनी चाहिये. अर्थात् विवेचित जिनागमके जीवादि अर्थोंमें जो श्रद्धान करता ही है यह सम्यग्दृष्टि है ऐसा अभिप्राय उससे व्यक्त होता है.

यह सम्यग्दृष्टि जीव असत्य पदार्थका भी श्रद्धान करता है परंतु वह तब तक असत्य पदार्थके उपर श्रद्धान करता है जब तक वह गुरुने मेरेको असत्य पदार्थका स्वरूप कहा है यह नहीं जानता है. जब तक वह असत्य पदार्थका श्रद्धान करता है तबतक उस गुरुने आचार्यपरंपराके अनुसार जिनागमके जीवादितत्वका स्वरूप कहा है और जिनेंद्र भगवानकी आज्ञा प्रमाणभूत माननी चाहिये ऐसा भाव हृदयमें रखता है अतः उसके सम्यग्दर्शनमें हानि नहीं है. वह मिथ्यादृष्टि नहीं गिना जाता है.

सर्वज्ञकी आज्ञाके ऊपर उसका प्रेम रहता है. वह आज्ञारुचि होनेसे सम्यग्दृष्टि ही है. ऐसा इस गाथाका भाव है.

किमेष विपरीतं प्रतिपद्यमानोऽपि सर्वदा सम्यग्दृष्टिरेव ? नेत्याह—

सुत्तादो तं सम्मं दरिसिज्जंतं जदा ण सद्दहदि ॥
सो चेव हवइ मिच्छादिट्ठी जीवो तदो पहुदि ॥ ३३ ॥

दर्श्यमानं यदा सम्यक् श्रद्दधाति न सूत्रतः ॥
तमर्थं स तदा जीवो मिथ्यादृष्टिर्निगद्यते ॥ ३३ ॥

विजयोदया—सुत्तादो इति । सुत्तादो सूत्रात् । तं आत्मना विपरीतं गृहीतमर्थं । सम्मं सम्यक् अविपरीतरूपेण । दरिसिज्जंतं दर्श्यमानं प्ररूप्यमाणं अन्येन आचार्येण । जदा यदा यस्मिन्काले । न सद्दहदि न श्रद्दधाति । सो चेव स एव सम्यग्दृष्टितयोक्तः । मिच्छादिट्ठी हवइ मिथ्यादृष्टिर्भवति । आप्ताज्ञाश्रद्धानवैकल्यात् अर्थयाथात्म्याश्रद्धानाच्च । तदो ततः । पहुदि प्रभृति आरभ्य । असंदिग्धसूत्रांतरदर्शितार्थश्रद्धानादारभ्येति यावत् ।

किमेष विपरीतं प्रतिपद्यमानोऽपि सर्वदा सम्यग्दृष्टिरेव नेत्याह—

मूलारा—सुत्तादो सूत्राद्गणधरान्यतमग्रथितमागममाश्रित्येत्यर्थः । तं प्रथमगुरूपदेशेन मिथ्याप्रतिपन्नमर्थं सम्मं दरिसिज्जंतं अन्येन गुरुणाऽविपरीतं प्ररूप्यमाणं । सो चेव स एव सम्यग्दृष्टितयोक्तो मिथ्यादृष्टिर्भवति । आप्ताज्ञाश्रद्धानवैधुर्यादर्थयाथात्म्याश्रद्धानाच्च । तदो पहुदि । असंदिग्धसूत्रांतरदर्शितार्थश्रद्धानादारभ्य ।

क्या जीवादि पदार्थोंका विपरीत स्वरूप मानता हुवा भी यह हमेशा सम्यग्दृष्टि ही रहता है अथवा नहीं ? इस प्रश्नका उत्तर आचार्य देते हैं—

हिंदी अर्थ—' तुमने पदार्थोंका विपरीत अर्थ जाना है उसका श्रद्धान छोड दो और हमने जो पदार्थका सच्चा स्वरूप कहा है उसके ऊपर श्रद्धा करो. ' ऐसा आचार्यके कहने पर भी जब वह आपना आग्रह नहीं छोडेगा तो तबसे वह मिथ्यादृष्टि समझा जायगा. आचार्यने प्रमाणभूत ऐसे गणधरादिकोंके रचे हुए आगमसे जीवादकोंका स्वरूप बताया था तो भी उसका उस आप्ताज्ञाके उपर श्रद्धान नहीं रहनेसे और अर्थके यथार्थ स्वरूप पर श्रद्धान न होनेसे वह मिथ्यादृष्टि ही समझा जाता है.

सुत्तादो तं सम्मं दरिसिज्जंतं यदुत्तं केन रचितानि सूत्राणि प्रमाणभूतानीत्यत आह—

सुत्तं गणधरगथिदं तहेव पत्तेयबुद्धकहियं च ॥
सुदकेवलिणा कहियं अभिण्णदसपुव्विगथिदं च ॥ ३४ ॥
ज्ञेयं प्रत्येकबुद्धेन गणेशेन निवेदितं ॥
श्रुतकेवलिना सूत्रमभिन्नदशपूर्विणा ॥ ३७ ॥

विजयोदया—सुत्तं गणधरगथियं इति । सुत्तं सूत्रं । गणशब्देन द्वादशगणा उच्यंते । तान्धारयन्ति इति गणधराः । दुर्गतिप्रस्थिता हि तेन रत्नत्रयोपदेशेन धार्यन्ते ते सप्तविधर्द्धिसुपगताः । उक्तं च—

बुद्धितवविगुव्वणोसधिरसबलं च अक्खीणं ॥
सत्तविध इड्ढिपत्ता गणधरदेवा णमो तेसिं ॥

इति । तैः गथिदं ग्रथितं संदृब्धं । केवलिभिरुपदिष्टं अर्थं ते हि ग्रथ्नन्ति । तथाभ्यधायि—'अत्थं कहन्ति अरहा गंथं गंथंति गणधरा तेसिं' इति । तहेव तथैव । पत्तेयबुद्धगथिदं च प्रत्येकबुद्धग्रथितं च । श्रुतज्ञानावरणक्षयोपशमात् परोपदेशमंतरेणाधिगतज्ञानातिशयाः प्रत्येकबुद्धाः । सुदकेवलिणा समस्तश्रुतधारिणा कथितं चेति । अभिण्णदसपुव्वियकथिदं च । दशपूर्वाण्यधीयमानस्य विद्यानुप्रवादस्थाः क्षुल्लकविद्या महाविद्याश्च अंगुष्ठप्रसेनाद्याः प्रज्ञप्त्याद्यश्च तैरागत्य रूपं प्रदर्श्य, सामर्थ्यं स्वकर्माभाष्य पुरः स्थित्वा आज्ञाप्यतां किमस्माभिः कर्तव्यमिति तिष्ठंति । तद्वचः श्रुत्वा न भवतीभिरस्माकं साध्यमस्तीति ये वदन्ति अचलितचित्तास्ते अभिन्नदशपूर्विणः । एतेषामन्यतमेन ग्रथितं सूत्रं प्रमाणं । प्रमाणेन केवलेन श्रुतेन वा गृहीतमर्थं अरक्तद्विष्टाः संतो यदुपदिशंति ततस्तद्वचसां प्रामाण्यं इति भावः । प्रमाणपरिदृष्टार्थगोचरं अरक्तद्विष्टवक्तृप्रभवं वचः प्रमाणं । यथा पितुररक्तद्विष्टस्य स्वप्रत्यक्षगोचरं वचः घटोयं रक्ष्य इति । तथा च गणधरादीनां वचः प्रमाणं परिदृष्टार्थगोचरं । अरक्तद्विष्टवक्तृप्रभवं ।

केन रचितं सूत्रं प्रमाणं स्यादित्यग्राह—

गणहरकथिदं—गणा द्वादश वस्त्वादयो जिनेंद्रसभ्याः । गणान्धारयंति दुर्गतिमार्गान्निष्पश्यश्रद्धानादेर्धिनि वृत्य शिवमार्गे सम्यग्दर्शनादौ स्थापयन्तीति इति गणधराः सप्तविधर्द्धिप्राप्ता धर्माचार्याः । पत्तेयबुद्धा—एकं केवलं परोपदेशनिरपेक्षं श्रुतज्ञानावरणक्षयोपशमविशेषं प्रतीत्य बुद्धाः संप्राप्तज्ञानातिशयाः प्रत्येकबुद्धाः । सुदकेवलिणा समस्तश्रुतधारिणा । अभिण्णदसपुव्वि—दश पूर्वाणि उत्पादपूर्वादिविद्यानुवादान्तान्येषां सन्तीति दशपूर्विणः । अभिन्ना विद्याभिरप्रच्या

विततचारित्रास्ते च ते दश पूर्विणश्च । विद्यानुवादपाठे स्वयमागतद्वादशशतविद्याभिरचलितचारित्रा इत्यर्थः ।

'सुत्तादो तं सम्मं दरिसिज्जंतं' ऐसा उपरकी गाथामें वाक्य आया है परंतु प्रमाणभूत सूत्रोंकी रचना किन्होंने की है ? ऐसा प्रश्न होने पर आचार्य उत्तर देते हैं—

हिंदी अर्थ—गणधररचित आगमको सूत्र कहते हैं. प्रत्येकबुद्ध ऋषिओंके द्वारा रचे गये आगमको भी सूत्र कहते हैं. श्रुतकेवली और अभिन्न दशपूर्वधारक आचार्योंके रचे हुए आगम ग्रंथको भी सूत्र कहते हैं.

विशेषार्थ—गणके बारा प्रकार हैं. चौदापूर्वके ज्ञाता मुनि, विक्रियाऋद्धिके धारक मुनि, अवधिज्ञानी मुनि, मनःपर्ययज्ञानी मुनि, वाद करनेवाले मुनि वगैरे बारा गण उनको रत्नत्रयधर्मका उपदेश देकर जो दुर्गतीसे बचाते हैं उनको गणधर कहते हैं. गणधरोंको सात ऋद्धियां प्राप्त होती है. उनके नाम इसप्रकार है— बुद्धि, तप, विक्रिया, औषधि, रस, बल और अक्षीण ऐसे सात ऋद्धिको प्राप्त हुए गणधरोंको मेरा नमस्कार हो गणधरोंने रचे हुए आगमको सूत्र कहते हैं. केवलिभगवानने कहा हुवा अर्थ गणधर ग्रथित करते हैं. इस विषयमें 'अत्थं कहंति अरुहा गंथं गंथन्ति गणहरा तेसिं' अर्थात् केवलि भगवान जो अर्थ कहते हैं उसका गणधर देव आगममें ग्रथन करते हैं. प्रत्येकबुद्ध ऋषियोंने रचे हुए शास्त्रोंको भी सूत्र कहते हैं. श्रुतज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होनेसे गुरूपदेशके विना जिनको सातिशय ज्ञान होता है ऐसे महर्षियोंको प्रत्येकबुद्ध कहते हैं. द्वादशांगश्रुत ज्ञानको धारण करनेवाले महर्षियोंको श्रुतकेवलि कहते हैं. उनका कहा हुवा जो आगम वह भी सूत्र है.

अभिन्नदशपूर्वके जाननेवाले आचार्योंके रचे हुए शास्त्रको भी सूत्र कहते हैं. दशपूर्वोंका अध्ययन करते समय विद्यानुवादमें जिनका वर्णन है ऐसी अंगुष्ठप्रसेनादि क्षुल्लक विद्या व प्रज्ञप्त्यादि महाविद्या इन आचार्योंके पास आ जाती है तथा वे आपना रूप दिखाकर सामर्थ्य और अपने कार्यका स्वरूप कहती हैं. आगे खडे होकर हे प्रभो ! हमे कोइ कार्य करनेकी आज्ञा दीजिये ऐसी प्रार्थना करती हैं. उनका भाषण सुनकर आपसे हमारा कुछ कार्य नहीं है ऐसा जो ऋषि निश्चलचित्त होकर बोलते हैं. उनको अभिन्नदशपूर्वधर महर्षि कहते हैं. उपर्युक्त कहे हुए ऋषियोंके आगमोंको सूत्र कहते हैं.

प्रत्यक्षादिक प्रमाणोंके द्वारा, केवलज्ञानके द्वारा और श्रुतज्ञानके द्वारा जाना हुवा वस्तुका स्वरूप रागद्वेष

रहित होकर उपर्युक्त महर्षि प्रतिपादन करते हैं इसलिये इनके वचनोंमें प्रमाणता रहती है.

जैसे राग द्वेष छोडकर पिता अपने लडकेको इस घटका रक्षण करो ऐसे वचन कहता है, उसका वह कहना जैसा प्रत्यक्ष गोचर है और प्रमाण है उसी तरह रागद्वेषरहित होकर प्रमाणोंके द्वारा देखा हुवा जीवादिपदार्थ का स्वरूप महर्षिओंने कहा है अतः वह प्रमाण मानना चाहिये. गणधरादिक महर्षि रागद्वेषरहित और महाज्ञानी थे. उन्होंने सब पदार्थोंका प्रमाणोंके द्वारा निर्णय किया था अतः उनके आगम प्रमाण माननेमें हर्ज नहीं है.

भवतु नामैषां अन्यतमेन प्रणीतं सूत्रं प्रमाणं तदर्थकथनं तु को विपरीतं करोति को वाऽविपरीतमित्योरेकायां अविपरीतार्थकथनकारिणो लक्षणमाह्योत्तरया गाथया—

गिहिदत्थो संविग्गो अच्छुवदेसेण संकणिज्जो हु ॥
सो चेव मंदधम्मो अच्छुवदेसम्मि भजाणिज्जो ॥ ३५ ॥

मातार्थश्चारुचारित्रः शंक्यते न महामनाः ॥
शंक्यते मंदधर्माऽसौ कुर्वाणस्तत्त्वदेशनाम् ॥ ३८ ॥

विजयोदया—गिहिदत्थो संविग्गो गृहीतं आत्मसात्कृतो ऽवधारितोऽर्थः सूत्रस्य येन सः गृहीतार्थः अवधृतस् वार्थ इति यावत्। संविग्गो संसाराद्द्रव्यभावरूपात् परिवर्तनात् भयमुपगतः। विपरीतोपदेशे रागात्कोपाद्वा अनंतकाले संसारपरिभ्रमणं मम मिथ्यादृष्टेः सतो भविष्यतीति यः समयः। अच्छुवदेसे अर्थस्याभिधेयस्य सूत्राणामुपदेशे। न संकणिज्जो नैवाशंक्यः। खु शब्द एवकारार्थः। सो चेव स एव च गृहीतार्थः। मंदधम्मो धर्मशब्दश्चारित्रवाची 'चारित्तं खलु धम्मो धम्मो जो सो समोत्ति णिद्दिट्ठो' इति वचनात्। ततो मंदचारित्र इत्यर्थः। अच्छुवदेसम्हि सूत्रार्थव्याख्याने? भयणिज्जो भाज्यः। यदि सूत्रानुसारि युक्त्यनुगतं वा तद्व्याख्यानं ग्राह्यमन्यथा नेति यावत्।

प्रमाणपरिदृष्टार्थगोचरत्वेन रागद्वेषानुपहतबकृप्रभवत्वेन च पित्रादिवाक्यवत्प्रमाणभूतस्यापि सूत्रस्यार्थं यो यथावत्कथयति तं लक्षयति—

गीदत्थो—सम्यग्गुरूपदेशादवधारितसूत्रार्थः। संविग्गो रागाद्वा द्वेषाद्वा सूत्रार्थमन्यथोपदिशतो मम मिथ्यादृष्टेः सतोऽनंतकालं संसारे परिभ्रमणं भविष्यतीति भयमापन्नः। अच्छुवदेसे सूत्रार्थव्याख्यानविषये। ण संकणिज्जो खु।

नैव शंकनीयः । यं यथार्थं व्याचष्टे सूत्रार्थं स तथैवेति मन्तव्यः । सो चेव गीतार्थ एव । मंदधम्मो सातिचारचारित्रः । भयणिज्जः भाज्यः । यदि सूत्रानुसारी युक्तियुक्तं वा तद्व्याख्यानं ततो ग्राह्यं नान्यथेत्यर्थः ।

इन महर्षियोंमेंसे किसीके भी बनाये हुए सूत्र हम प्रमाण मानते हैं, परंतु इनका अर्थका कथन करनेवालोंमें हम किसको सत्यार्थ प्रतिपादन करनेवाला समझे और किसको न समझे ? ऐसी शंकाका निरसन करते हैं. प्रथमतः अविपरीत पदार्थका विवेचन करनेवालेका लक्षण आगेकी गाथासे कहते हैं—

हिंदी अर्थ—जिसने सूत्रका अर्थ समीचीनरूपसे जान लिया है, तथा जिसके अंतःकरणमें कर्मबंधरूप, द्रव्यसंसार और भावरूप कषाय, मिथ्यात्वादिरूप-भावसंसारसे भय उत्पन्न हुआ है ऐसे व्यक्तिद्वारा कहा हुवा सूत्रार्थ निःसंशयचित्त होकर प्रमाण मानना चाहिये. यदि रागभावसे अथवा क्रोधसे मैं विपरीत उपदेश करूंगा तो अनंतकालपर्यंत मिथ्यादृष्टियुक्त ऐसे मेरेको संसारमें भ्रमण करना पडेगा ऐसा जिसके मनमें भय है उसको संविग्न कहते हैं. उसको सूत्रार्थके कहनेमें प्रमाणता है. परंतु जिसका चारित्र मंद है उसको सूत्रार्थनिरूपणमें प्रमाण मानना विकल्पनीय है. अर्थात् यदि उसका व्याख्यान सूत्रानुसार और युक्तियुक्त हो तो ग्रहण करना चाहिये. वैसा न हो तो ग्रहण करना नहीं चाहिये.

किमधिगतसप्रपंचवचनार्थो भूत्वा श्रद्धावान्यः स एव च सम्यग्दृष्टिः, स एव सम्यक्त्वाराधकः इत्यारेकायामाह अत्थोत्यस्तीति—

धम्मा धम्मागासाणि पोग्गला कालदव्व जीवे य ॥
आणाए सद्दहन्तो समत्ताराहओ भणिदो ॥ ३६ ॥
सिद्धाः संसारिणो जीवाः प्रथिताः सिद्धिमेकधा ॥
आज्ञया जिननाथानां श्रद्धेयाः शुद्धदृष्टिना ॥ ३७ ॥

विजयोदया—धम्माधम्मागासाणित्ति-जीवपुद्गलयोः स्वावस्थितकाशदेशादेशान्तरं प्रतिगतिः परिस्पंदपर्यायः परप्रयोगतः स्वभावतो वा विद्यते । अन्येषां निष्क्रियतेति न गतिरस्ति । अनयोर्गतिपर्यायस्य बाह्यं गतिहेतुत्व-

संक्लिष्टं गुणं धारयतीति धर्मः । तं न धारयतीत्यधर्मः । यद्यपि जीवादिष्वपि अस्ति गतिहेतुतायाः साधारण्ये तथापि न तत्र धर्मशब्दस्य वृत्तिः । प्रतिनियतविषया रूढयः इत्युक्तमेव । अथवा स्थितेरुदासीनहेतुत्वाद्धर्मः । न च जीवादीनां स्थितेरुदासीनहेतुत्वमस्ति । तावेताबुभावपि असंख्यातप्रदेशौ एकक्षेत्रमेवोद्भजन्तौ सूक्ष्मौ निःक्रियौ रूपादिरहितौ । आकाशं अनंतप्रदेशाध्यासितं सर्वेषां अवकाशदानसामर्थ्योपेतं । पुद्गलास्तु रूपरसगंधस्पर्शवंतः अणुस्कंधरूपभेदाद्द्विविधाः । कालो निश्चयेतरविकल्पः । जीवा उपयोगात्मकाः । एतानर्थान् । आणाए आज्ञया । आज्ञानां सद्भावधारणं चेदं । आज्ञयैव षड् द्रव्याणि सन्तीति श्रद्धातव्यं भवतीति आप्तवचनबलेनैव श्रद्धानं करोति । निक्षेपनयादिमुखेन प्रवृत्तयाधिगत्या सोऽपि सम्यक्त्वस्याराधकः ।

\+ धर्माधर्मनभःकालपुद्गलाञ्जिनदेशितान् ॥
आज्ञया श्रद्दधानोऽपि [illegible] ॥ १० ॥

किं प्रमाणादिमुखेन सप्रपंचं प्रवचनार्थमधिगम्य श्रद्दधानः सम्यक्त्वस्याराधकः स्यादुतान्योऽप्यस्ति इति आह—

मूलारा—धम्मा इत्यादि—जीवपुद्गलयोः साधारण्येन गतिनिमित्तं धर्मः । तयोरेव साधारण्येन स्थितिहेतुरधर्मः । सर्वेषामवकाशदायकं आकाशम् । रूपिणः पुद्गलाः । वर्तनालक्षणः कालः । चेतनालक्षणो जीवः । एतान्षडेव गुणपर्यायत्वाद्द्रव्याणि । आज्ञयापि षड्द्रव्याणि संति इत्याप्तवचनबलेनापि श्रद्दधानः सम्यक्त्वमाराधयतीत्युक्तः । वृत्तं—

सर्वेषां युगपद्गतिस्थितिपरीणामावगाहान्यथा-
योगाद्धर्मतदन्यकालगमनान्नात्मा त्वहंप्रत्ययात्
सिद्धेतरस्य परस्य वाक्प्रमुखतो मूर्तत्वतः पुद्गल-
स्ते द्रव्याणि षडेव पर्ययगुणात्मानः कथंचिद्ध्रुवाः ॥

\+ ऊपरके पेज १२८ की गाथा नं. ३६ के नीचे जो श्लोक आया है वहां यह श्लोक आना चाहिये था और आगेकी गाथा नंबर ३७ के आगे गाथा नं. ३६ के नीचे वाला श्लोक आना चाहिये। गलतीसे ये उलटे लग गये हैं। इसलिये यह श्लोक यहांपर लगा दिया गया है। पाठक सुधार कर पढ़ेंगे ऐसी आशा है।

भविस्तर भाषणवचन और सांगोपांग अर्थको जानता हुआ जो उसके ऊपर श्रद्धा रखता है क्या वही सम्यग्दृष्टि है ? वही सम्यक्त्वाराधक है ? ऐसी शंका होनेपर आचार्य अन्य भी सम्यग्दृष्टि होता है ऐसा आगेकी गाथामें उत्तर कहते हैं—

हिन्दी अर्थ—धर्म, अधर्म, आकाश, पुद्गल, काल, व जीव इन छह द्रव्योंको जिनेश्वरकी आज्ञासे श्रद्धान करनेवाला आत्मा सम्यक्त्वका आराधक होता है.

विशेषार्थ—जीव और पुद्गल ये दो पदार्थ जहां रहे हैं ऐसे आकाशप्रदेशसे प्रदेशांतरमें दुसरेके निमित्तसे अथवा स्वभावतः गमन करते हैं. इन दो ही द्रव्योंमें क्रियावत्व धर्म है. परंतु धर्म, अधर्म, आकाश और काल इन द्रव्योंमें क्रिया नहीं है. जिनेंद्र भगवान इनको निष्क्रिय कहते हैं. जीव और पुद्गलद्रव्यमें एक स्थानसे दुसरे स्थानमें गमन क्रिया होनेमें धर्मद्रव्य कारण माना गया है. अर्थात् धर्मद्रव्यमें गतिहेतुत्व यह धर्म है. अधर्म द्रव्यमें स्थितिहेतुत्व धर्म है. इसके निमित्तसे जीव और पुद्गलमें स्थिरता आती है. यद्यपि जीव पुद्गलादि भी गतिके लिये कारण होते है तो भी धर्मद्रव्यकाही यह असाधारण स्वभाव है अतः जीव पुद्गलको 'धर्म' ऐसी संज्ञा प्राप्त नहीं होती है. रूढि नियतविषयमेंही प्रवृत्त होती है ऐसा पूर्वमें कह चुके हैं. धर्मद्रव्य जैसा जीवपुद्गलके गतिमें उदासीन कारण है वैसा जीव गतिमें उदासीन नहीं है. वह दुसरेको गतिकार्यमें प्रेरक होता है. इस लिये उदासीन रूपसे गतिहेतुत्व धर्मद्रव्यमेंही है अन्यत्र नहीं है.

अधर्मद्रव्य जीव पुद्गलके स्थिरतामें उदासीन कारण है. उदासीनरूपसे स्थितीको हेतु हो जाना यह स्वभाव अधर्मद्रव्यके सिवाय अन्यद्रव्यमें नहीं पाया जाता है. धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्यके असंख्यात प्रदेश है. परंतु इनके ये प्रदेश आपसमें मिलकर एकताको प्राप्त हुये हैं. ये द्रव्य सूक्ष्म, निःक्रिय और रूप, रस, गंध, स्पर्श इन गुणोंसे रहित अर्थात् अमूर्त हैं.

आकाश द्रव्य अनंत प्रदेशी है. संपूर्ण द्रव्योंको अवकाश देनेका सामर्थ्य इसमें है. पुद्गल रूप, रस, गंध, स्पर्श इन गुणोंसें युक्त रहता है. उसके अणु व स्कंध ऐसे दो भेद हैं. कालके व्यवहारकाल व निश्चयकाल ऐसे दो भेद हैं. जीव ज्ञान व दर्शनोपयोगमय है. ऐसे छह द्रव्योंका जिनेश्वरकी आज्ञासे जो श्रद्धान करता है वह सम्यक्त्वाराधक है. तथा जो निक्षेप नय वगैरहका आश्रय करके जीवादि पदार्थोंका स्वरूप समझकर श्रद्धान करता है वह भी सम्यक्त्वका आराधक है.

जीवद्रव्यविषयं नियोगतः श्रद्धानं कर्तव्यं इत्येतदाख्यानायोत्तरगाथा—

संसारसमावण्णा य छव्विहा सिद्धिमस्सिदा जीवा ॥
जीवणिकाया एदे सद्दहिदव्वा हु आणाए ॥ ३७ ॥

॥ सिद्धाः संसारिणो जीवाः प्रयानाः सिद्धिमेकधा ॥
आज्ञया जिननाथानां श्रद्धेयाः शुद्धदृष्टिना ॥ ४० ॥

विजयोदया—संसारं चतुर्गतिपरिभ्रमणं । समावण्णा तत्प्राप्ताः शोभनाशोभनशरीरग्रहणमोचनाभ्युद्यताः, स्वयोगक्षयानीतपुण्यपापोदयजनितसुखदुःखानुभवनिरताः, । त्रसस्थावरकर्मोदयापादितत्रसस्थावरभावाः, विचित्रमतिज्ञानावरणोदयेन तत्क्षयोपशमविशेषेण च एकेंद्रियाः, विकलेंद्रियाः, समग्रेन्द्रियाः पर्याप्त्यपर्याप्तिकर्मोदयनिर्वर्तितषड्विधपर्याप्तयस्तद्रहितेरे च, पृथिव्यादिशरीरभारोद्वहनचतुराः, आसुराण्यप्रकृतिघनशृंखलावगाढबंधनपराधीनवृत्तयः । नयविकल्पयोनिसमाश्रयोपजाततनुध्वासक्तबुद्धयः, । जराडाकिनीपीतरूपरक्ताः, मृत्युदुर्वारक्रूराशनिसंपातचकितचेतसः संसारिणः छव्विधा षट्प्रकाराः पृथिव्यादिशरीरसंबंधतः । सिद्धिं सम्यक्त्वकेवलज्ञानदर्शनवीर्याव्याबाधत्वपरमसूक्ष्मत्वावगाहनादिस्वरूपनिष्पत्तिम् । अस्सिदा आश्रिताः । जीवा जीवाः । ननु जीव प्राणधारणे इति वचनात् । जीवति प्राणान्धारयति इति जीवः । प्राणाश्चेंद्रियादयः कर्मनिर्वर्त्या पुद्गलस्कंधधारणभूतेषु कर्मस्वसत्सु न विद्यन्ते ततः कथं सिद्धानां जीवतेति ? नैष दोषः, द्विविधाः प्राणाः द्रव्यप्राणा भावप्राणाश्चेति । द्रव्यप्राणा इंद्रियादयः कर्महेतुकाः । भावप्राणास्तु ज्ञानदर्शनादयः । न ते कर्मनिमित्तकाः । कर्माभावे प्रसूतेः । तेन भावप्राणधारणात् जीवता न्याय्या सिद्धानां । अथवा यदेव कृतप्राणधारणं यस्तु तदेवमिति प्रत्यभिज्ञोपदर्शितमेकत्वमाश्रित्य जीवव्यपदेशः सिद्धानाम् । अथवा जीवशब्दश्चेतनावति रूढशब्दः । रूढौ च क्रिया व्युत्पत्त्यर्थेष तदसंभवेऽ पि तदुपलक्षणगृहीतं सामान्यमाश्रित्य वर्तत एव । यथा गच्छतीति गौरिति व्युत्पादितोऽपि गोशब्दोऽसत्यामपि गतौ स्थिता गौर्निषण्णेत्यत्र वर्तते । गमनेनाध्वनेणोपलक्षितस्य गोत्वस्य सद्भावात् । एवं प्राणधारणोपलक्षितचैतन्याश्रयाज्जीवशब्दस्य सिद्धेषु वृत्तिः । जीवनिकाया जीवसमूहाः । सद्दहिदव्वा खु श्रद्धातव्याः एव । आणाए आज्ञानामाज्ञाबलात् ।

जीवाश्रद्धाने मुक्तिसंसारविषयपरिप्राप्तित्यागार्थायासानुपपत्तेरिति भावः । यदि नाम धर्मादिद्रव्यापरिज्ञानात् परिज्ञानसहचारिश्रद्धानं नोत्पन्नं तथापि नासौ मिथ्यादृष्टिर्दर्शनमोहोदयस्य अश्रद्धानपरिणामस्याज्ञानविषयस्याभावात् । न हि श्रद्धानस्यानुत्पत्तिरश्रद्धानं इति गृहीतं । अश्रद्धानादन्यदश्रद्धानं इदमित्थमिति श्रुतनिरूपितेऽरुचिः ।

॥ यह श्लोक पृष्ठ १२८ की ३६ वीं गाथा के नीचे गलतीसे छप गया है वस्तुतः यहां ही चाहिये ।

जीवद्रव्यं नियमेन श्रद्धेयं तद्श्रद्धाने मुक्तिसंसृतिप्राप्तित्यागार्थप्रयासानुपपत्तेरित्यनुशासितुमाह—

समावण्णा-प्राप्ताः शोभनाशोभनशरीरमहणमोचनाभ्युद्यताः । छव्विहा पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतित्रसकायिकभेदात् । अस्सिदा आश्रिताः । णिकाया निकायाः समूहाः । आणाए आप्तानामाज्ञाबलात् । यद्यपि च ज्ञानावरणोदयाद्धर्मादेरज्ञाने सति तच्छ्रद्धानं नोत्पद्यते तथापि नासौ मिथ्यादृष्टिर्दर्शनमोहोदयजन्यस्य अश्रद्धानस्य ज्ञातव्यश्रद्धेयविषयस्याभावात् । न हि श्रद्धानस्यानुत्पत्तिरश्रद्धानं किं तर्हि ? श्रद्धानादन्यदिदमित्थमिति श्रुतनिरूपितेऽर्थेऽरुचिः ।

जीवद्रव्यके उपर नियमसे श्रद्धान करना चाहिये इसके विवेचनके लिये उत्तर गाथा आचार्य कहते हैं—

हिंदी अर्थ—इस जगतमें चार गतिमें भ्रमण करनेवाले जीवोंके छह प्रकार हैं. पृथिवी, हवा, पानी, अग्नि, वनस्पति ये पांच स्थावर काय जीव हैं. द्वीन्द्रियादि जीवोंको त्रसकाय जीव कहते हैं. ऐसे छह भेद संसारी जीवके हैं. *जिन्होंने ज्ञानावरणादि आठ कर्मोंका नाश करके मुक्ति प्राप्त की है वे जीव सिद्ध है. जिनेश्वरकी आज्ञासे इन जीवनिकायपर श्रद्धा करनी चाहिये.*

विशेषार्थ—षट्कायके जीव संसारमें चार गतियोंमें भ्रमण कर रहे हैं. उनको शुभाशुभ कर्मके उदयसे शुभाशुभ शरीर मिलते हैं तथा नष्ट होते हैं. कभी कभी स्वतःके मनोयोग, वचनयोग और काययोगसे पुण्य कर्मबंध हो गया तो उनको सुख मिलता है. और यदि पापबंध हुवा तो दुःखानुभवमें उनको प्राप्तपर्याय खतम करनी पडती है. त्रसकर्मके उदयसे द्वीन्द्रियसे लेकर पंचेन्द्रियतकके प्राणिओंमें उनका जन्म होता है. और स्थावरकर्मके उदयसे वे पृथिवी, हवा वगैरह प्राणिओंमें जन्म धारण करते हैं. विचित्र मतिज्ञानावरणके उदयसे और उसके क्षयोपशमविशेषसे उनको एकेन्द्रिय, विकलेंद्रिय और पंचेन्द्रियावस्था प्राप्त होती है. पर्याप्ति नाम कर्मके उदयसे यथायोग्य चार, पांच और छह पर्याप्ति प्राप्त होती हैं. यदि अपर्याप्ति नाम कर्मका उदय आवे तो अपर्याप्त बनते हैं. पृथिव्यादि शरीरोंको धारण करनेमें ये सब संसारी जीव चतुर हैं. आयुनाम कर्मरूप बेडीसे जखड जानेसे पराधीन हो गये है. सचित्तयोनि इत्यादि नउ योनियोंसे उत्पन्न हुए शरीरमें इनकी मति आसक्त हो गई है. जरा-वृद्धावस्थारूप डाकिनी इनका रूप और रक्त पीनेमें चतुर रहती है. मृत्युरूपी अनिवारणीय वज्रपातसे

इनका चित्त भययुक्त हो जाता है. ऐसे ये संसारी जीव पृथिवी, हवा, इत्यादि रूपसे छह प्रकारके हैं.

जिनको सम्यग्दर्शन, केवलज्ञान, केवलदर्शन, अनंतशक्ति, अव्याबाधता, सूक्ष्मता, अवगाहन, अगुरुलघुता ऐसे आठगुणोंकी प्राप्तिरूपी मुक्ति प्राप्त हो गई है वे सिद्ध जीव हैं.

शंका—जीव धातूका अर्थ प्राणधारण करना है. 'जीवति प्राणान्धारयति इति जीवः' अर्थात् जो इंद्रियादि प्राणोंको धारण करता है वह जीव है ऐसी जीव शब्दकी निरुक्ति है. इंद्रियादिक प्राणोंकी उत्पत्ति कर्मसे होती है. परंतु सिद्धोंको कर्म नहीं है अतः सिद्धोंमें जीवत्व कैसा मानोगे ?

उत्तर—द्रव्य प्राण और भाव प्राण ऐसे प्राणोंके दो भेद हैं. इंद्रियां, आयु श्वासोच्छ्वास और काय बल, मनोबल और वचनबल ये द्रव्यप्राण हैं. ज्ञानदर्शन वगैरह भावप्राण हैं द्रव्यप्राण कर्मसे उत्पन्न होते हैं. वैसे भावप्राण कर्मसे उत्पन्न नहीं होते हैं. कर्मोंका अभाव होनेपर उनका उत्पन्न होता है. सिद्धोंको भावप्राण हैं अतः वे जीव हैं यह सिद्ध हो चुका. अथवा जिन्होंने संसारावस्थामें द्रव्यप्राण धारण किये थे वेही अब सिद्ध बने हैं ऐसे प्रत्यभिज्ञानसे उनमें एकत्वसिद्धि होती है इस लिये एकत्वके आश्रयसे हम सिद्धोंको भी जीव कह सकते हैं. अथवा जीव शब्दकी चेतनावान प्राणीमें रूढी है. अर्थात् जीव यह शब्द रूढि शब्द है. रूढ शब्दमें क्रिया व्युत्पत्तीके लिये ही होती है. इस लिये वह क्रिया वहां नहीं भी हो तो भी उपलक्षणसे ग्रहण किये हुए सामान्यके आश्रयसे उस शब्दकी प्रवृत्ति होती है. जैसे 'गच्छतीति गौः' इस निरुक्तिसे बनाया हुवा भी गोशब्द गमन क्रिया न होनेपर भी अर्थात् बैठी हुई वा खडी हुई गौमें भी प्रवृत्त होता है. क्योंकि अनित्यगमनक्रियासे युक्त गोत्वका गौमें सद्भाव है और गोशब्द उपलक्षणसे गोत्वका वाचक होता है. उसी तरह प्रकृत विषयमें प्राण धारणासे उपलक्षित चैतन्यके आश्रयसे जीव शब्दकी सिद्धोंमें प्रवृत्ति होती है. संसारी और मुक्त ऐसे जीवसमूहोंपर जिनाज्ञासे श्रद्धा करनी चाहिये ऐसा इसका अभिप्राय है. जीवके विषयमें यदि श्रद्धा नहीं हो तो मुक्तिके साधनभूत रत्नत्रयकी प्राप्ति करना और संसारवर्धक मिथ्यात्वादि कारणोंका त्याग करना यह सब प्रयासमात्रही होगा.

यद्यपि धर्मादि द्रव्योंका ज्ञान न होनेसे ज्ञानके साथ होनेवाली श्रद्धा उत्पन्न नहीं हुई तो भी वह सम्यग्दृष्टिही है, मिथ्यादृष्टि नहीं है. क्योंकि दर्शनमोहनीय कर्मके उदयसे उत्पन्न हुवा जो अश्रद्धान जो कि अज्ञानको विषय करता है वह यहां नहीं है. मिथ्यादर्शनसे उत्पन्न हुआ जो अश्रद्धान वह अरुचि रूप है अर्थात्

यह वस्तुस्वरूप इस तरहसे है ऐसा जो आगममें कहा गया है. उस विषयमें अरुचि होना यह मिथ्यादर्शनरूप अश्रद्धान है. और प्रकृत विषयमें ऐसी अश्रद्धा नहीं है. यहां जीवादिकका ज्ञान नहीं है परंतु जिनेश्वरके प्रतिपादित जीवादि तत्व सच्चे हैं ऐसी मनमें प्रीति-रुचि उत्पन्न होती है यह विशेषता समझनी चाहिये.

अज्ञातव्यं प्रकारांतरेणापि निर्देष्टुं उत्तरगाथा—पूर्वं सर्वद्रव्यविषयश्रद्धानमुक्तं, पश्चादतिशयप्रतिपादनार्थं जीवद्रव्यविषया श्रद्धा निरूपिता अनंतरगाथया। इह तु आस्रवादयोऽपि श्रद्धातव्या इति सूच्यते—

आसवसंवरणिज्जरबंधो मुक्खो य पुण्णपावं च ॥
तह एव जिणाणाए सद्दहिदव्वा अपरिसेसा ॥ ४० ॥
आस्रवं संवरं बंधं निर्जरां मोक्षमंजसा ॥
पुण्यं पापं च सद्दृष्टिः श्रद्दधाति जिनाज्ञया ॥ ४१ ॥

विजयोदया—आस्रवसंवरणिज्जर। आस्रवत्यनेनेत्यास्रवः। आस्रवत्यागच्छति जायते कर्मत्वपर्यायः पुद्गलानां येन कारणभूतेनात्मपरिणामेन स परिणाम आस्रवः। ननु कर्मपुद्गलानां नान्यतः आगमनमस्ति यमाकाशप्रदेशमाश्रित आत्मा तत्रैवावस्थिताः पुद्गलाः अनंतप्रदेशिनः कर्मपर्यायं भजन्ते। 'एयक्खित्तोवगाढ' मिति वचनात् तत् किमुच्यते आगच्छतीति? न दोषः। आगच्छन्ति ह्रीक्रन्ते ज्ञानावरणादिपर्यायमित्येवं ग्रहीतव्यं। न देशान्तरपरिस्पंद इहागमनं विवक्षितं। तेन तत्प्रदोषनिन्हवमात्सर्यांतरायासादनोपघातादयः जीवपरिणामाः कर्मत्वपरिणतेः पुद्गलानां साधकतमतया विवक्षिताः आस्रवशब्देनोच्यंते। अथवा आस्रवणं कर्मतापरिणतिः पुद्गलानां आस्रव इत्युच्यते। संव्रियते संरुध्यते मिथ्यादर्शनादिः परिणामो येन परिणामांतरेण सम्यग्दर्शनादिना, गुप्त्यादिना वा स संवरः। निर्जीर्यते निरस्यते यया, निर्जरणं वा निर्जरा। आत्मप्रदेशस्थं कर्म निरस्यते यया परिणत्या सा निर्जरा। निर्जरणं पृथग्भवनं विश्लेषणं वा कर्मणां निर्जरा। मोक्ष्यतेऽस्यते येन मोक्षणमात्रं वा मोक्षः। निरवशेषाणि कर्माणि येन परिणामेन क्षायिकज्ञानदर्शनयथाख्यातचारित्रसंज्ञितेन अस्यंते स मोक्षः। विश्लेषो वा समस्तानां कर्मणां। बध्यंते अस्वतंत्रीक्रियन्ते कार्मणद्रव्याणि येन परिणामेन आत्मनः स बंधः। अथवा बध्यते परवशतामापाद्यते आत्मा येन स्थितिपरिणतेन कर्मणा तत्कर्म बंधः। पुण्यं नाम अभिमतस्य प्रापकं। पापं नाम अनभिमतस्य प्रापकं। इह बंधशब्देन जीवपरिणाम एव गृहीतः न कर्म एव, पृथक् पुण्यपापग्रहणात्। ननूक्तेन परिणामेन जीवपुद्गलयोरेवांतर्भाव आस्रवादीनां जीवपुद्गलत्वश्रद्धानस्य पूर्वमुपन्यस्तत्वात् किमर्थमिदं सूत्रमिति नैष दोषः। विनेयाशयवैचित्र्यादेशनाभेद आगमवाक्येषु। ततः श्रद्धा तत्र सर्वत्र कार्येति चोदितं भवति। अश्रद्धानं न मनागपि कार्यम्।

आस्रवादितत्त्वं जीवपुद्गलयोः पर्यायविशेषत्वात्तच्छ्रद्धेयत्वनिरूपणायां श्रद्धेयतया निरूपितमपि विनेयाशयवैचित्र्यवशात् पृथक् श्रद्धेयतया निर्देष्टुमाह—

मूलारा—आसव—आस्रवन्त्यागच्छन्ति ज्ञानावरणादिकर्मभावं तद्योग्याः अनंतप्रवेशिनः समानदेशस्थाः पुद्गला येन मिथ्यादर्शनादिना तत्प्रदोषनिह्नवादिना वा विघ्नकारणं तेन जीवपरिणामेन स आस्रवः । अथवा आस्रवणमास्रवः । पुद्गलानां कर्मत्वपरिणतिः । तथा चोक्तं—

अत्ता कुणदि सहावं तत्थगदा पुग्गला सहावेहिं ॥
गच्छंति कम्मभावं अण्णोण्णागाहमवगाढा ॥

संवर—संव्रियते निरुध्यते आस्रवो येन सम्यग्दर्शनादिना, गुप्त्यादिना वा जीवपरिणामेन स संवरः । संवरणं संवरः । ज्ञानावरणादिकर्मयोग्यानां पुद्गलानां तद्भाव—परिणतेर्निवारणं । णिज्जर—निर्जीर्यते आत्मप्रदेशादेकदेशेन पृथक् क्रियते कर्म यया जीवपरिणत्या सा । अथवा निर्जरणं निर्जरा । कर्मणामेकदेशेन संक्षयः । बंधो—बध्यतेऽस्वतंत्रीक्रियते कर्मद्रव्याणि येन स्थितिपरिणामेन आत्मनः स बंधः । अथवा बध्यते परवशतामापाद्यते आत्मा येन स्थितिपरिणामेन कर्मणा तत्कर्म बंधः । यदि वा बंधनं बंधः, जीवकर्मणोरन्योऽन्यप्रदेशानुप्रवेशः । मोक्खो मोक्ष्यतेऽस्यते आत्मनः पृथक् क्रियंते समस्तानि कर्माणि येन संपूर्णरत्नत्रयलक्षणेनात्मपरिणामेन स मोक्षः । अथवा मोक्ष्यते विश्लिष्यते जीवो येन नीरसीभूतेन कर्मणा । तच्छादितफलदानसामर्थ्यं कर्म मोक्षः । यदि वा मोक्षणं मोक्षः जीव कर्मणोरात्यंतिको विश्लेषः । पुण्णपावं—पुण्यं सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि अतोऽन्यत्कर्म पापं । प्रथमनयापेक्षयादिह बंध शब्देन जीवपरिणाम एव गृहीतो लक्ष्यते । न कर्म नापि बंधनक्रिया । अपरिशेषा सप्तापि ।

श्रद्धाके विषयका विवेचन प्रकारांतरसे आचार्य करते हैं—प्रथमतः सर्व द्रव्य श्रद्धानके विषय कहे हैं, अनंतर महत्त्व दिखानेके लिये जीव द्रव्यकी श्रद्धा करनी चाहिये ऐसा कहा. अब प्रस्तुत गाथामें आस्रवादि तत्त्वोंपर भी श्रद्धा करनी चाहिये ऐसा आचार्य कहते हैं—

हिंदी अर्थ—आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध, मोक्ष, पुण्य और पाप ऐसे बाकीके पदार्थोंपर भी जिनभगवानकी आज्ञासे श्रद्धान करना चाहिये.

विशेषार्थ—आत्माके जिस परिणामसे पुद्गलद्रव्य कर्मरूप बनकर आता है उस परिणामको आस्रव कहते हैं. अर्थात् आत्मपरिणाम पुद्गलमें कर्मावस्था उत्पन्न होनेमें निमित्त हुआ अतः आत्मपरिणामको आस्रव—भावास्रव कहते हैं. और पुद्गलकी कर्मरूप परिणतिको द्रव्यास्रव कहते हैं.

शंका - कर्मपुद्गलोंका अन्य स्थानसे आगमन नहीं होता है. जिस आकाशप्रदेशमें आत्मा है उसी आकाशप्रदेशमें अनंतप्रदेशी पुद्गल द्रव्य भी है. और वह कर्मस्वरूप बन जाता है. 'एयक्खेत्तोवगाढ' ऐसा कर्मपुद्गलके विषयमें आचार्य वचन कहते हैं अर्थात् कर्म और आत्मा एक प्रदेशावगाही है ऐसा शास्त्र वचन है. इस लिये आप पुद्गलद्रव्य आत्मामें आकर कर्मरूपता धारण करता है ऐसा क्यों कहते हैं ?

उत्तर—आपकी शंका ठीक है यहां पुद्गलद्रव्य आता है इसका अभिप्राय ऐसा समझना चाहिये 'आगच्छति ढौकन्ते ज्ञानावरणादिपर्यायमित्येवं ग्रहीतव्यम्' अर्थात् जीवमें पुद्गल आते हैं—ज्ञानावरणादि पर्यायको प्राप्त होते है. ऐसा अभिप्राय यहां समझना चाहिये. देशान्तरसे आकर पुद्गल कर्मावस्था धारण करते हैं ऐसा कहनेका हमारा आशय नहीं है.

अतः प्रदोष, निन्हव मात्सर्यादिक जीवके परिणाम पुद्गलकोकर्मरूप परिणति होनेमें साधकतम है. अर्थात् जीवके मात्सर्यादिक परिणाम होनेसेही पुद्गल कर्मरूप होता है अन्यथा होताही नहीं. जीवपरिणाम करण रूप है. करणरूपपरिणामकी मुख्यता जब मानी जाती है तब उस परिणामकोही आस्रव कहते हैं. अथवा 'आस्रवणं कर्मतापरिणतिः पुद्गलानां आस्रवशब्देनोच्यते' पुद्गलोंकी कर्मरूप परिणतिमें भी आस्रव शब्दका व्यवहार किया जाता है. इसको द्रव्यास्रव कहना चाहिये.

संवर—जिस सम्यग्दर्शनादि परिणामोंसे अथवा गुप्ति, समिति, धर्म, अनुप्रेक्षा, परिषह जय इत्यादि परिणामोंसे मिथ्यादर्शनादि परिणाम रोके जाते हैं वे रोकनेवाले परिणाम संवर शब्दसे कहे जाते हैं. अर्थात् सम्यग्दर्शनादि परिणाम वा गुप्त्यादिपरिणामोंको आचार्य संवर कहते हैं. उसको ही भाव संवर कहना चाहिये.

निर्जरा—आत्माके जिन परिणामोंसे आत्मासे कर्म झड जाता है उसको निर्जरा कहो. अर्थात् आत्माके प्रदेशोंमें जो कर्मबद्ध हो चुका है वह जिस परिणामोंके द्वारा वहांसे अलग किया जाता है ऐसे परिणामोंका नाम निर्जरा है. अथवा कर्मका आत्मासे अलग हो जाना वह भी निर्जरा है.

मोक्ष—जिससे कर्म दूर किया जाता है वह मोक्ष है अर्थात् क्षायिकज्ञान, क्षायिकदर्शन, यथाख्यात चारित्ररूप जिनपरिणामोंसे आत्माके संपूर्ण कर्म आत्मासे दूर किये जाते हैं उनको मोक्ष-भावमोक्ष कहो अथवा संपूर्ण कर्मोंका आत्मासे अलग हो जाना वह भी मोक्ष अर्थात् द्रव्यमोक्ष है.

बंध -- जिस मिथ्यादर्शनादि परिणामोंसे कर्मोंका द्रव्य परतंत्र किया जाता है अर्थात् जब तक उसकी स्थिति पूर्ण नहीं होती तबतक आत्मामें उसको परतंत्र होकर रहना पडता है ऐसे कर्मको परतंत्र करनेवाले मिथ्यादर्शनादि आत्मपरिणामोंका बंध—भावबंध कहते हैं. अथवा स्थितिबंधयुक्त कर्मोंके द्वारा आत्मा परतंत्र किया जाता है इस लिये कर्मको भी बंध कहते हैं. वह कर्म द्रव्यबंधरूप समझना चाहिये.

पुण्य—इष्ट पदार्थोंकी प्राप्ति जिससे होती है ऐसे कर्मको पुण्य कहते हैं.

पाप—अनिष्ट पदार्थोंकी प्राप्ति जिससे होती है ऐसे कर्मको पाप कहते हैं.

यहां बंध शब्दसे जीवके परिणामोंकाही ग्रहण किया है. कर्मका ग्रहण किया नहीं है. पाप और पुण्यका अलग ग्रहण किया है अतः उससे कर्मका ग्रहण किया है ऐसा समझना चाहिये.

शंका—आपने परिणामोंका वर्णन किया है इससे आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा व मोक्ष इनका जीव व पुद्गलोंमें अंतर्भाव होता है. जीव और पुद्गलका पूर्व गाथामें आपने वर्णन किया है. अतः आस्रवादिकोंका वर्णन करनेवाली यह सूत्रगाथा व्यर्थसी मालूम पडती है.

उत्तर—आपकी शंका ठीक है. शिष्योंके अभिप्राय भिन्न भिन्न हुवा करते हैं अर्थात् कोइ संक्षेपरुचि रहते हैं, किसीको विस्तार प्रिय रहता है और कोइ शिष्य मध्यप्रकारप्रिय होते हैं. अतः वे समझ सके ऐसे मार्गोंका-तत्व कथनकी प्रणालीका आगममें कथन है. इस लिये आचार्यने दो तीन प्रकारोंसे जीवादि पदार्थोंका स्वरूप कहा है. यह योग्यही हुवा है. इसलिये भव्योंने तत्व विवेचनके सर्व प्रकारोंमें श्रद्धा करनी चाहिये. थोडीसी भी अश्रद्धा नहीं करना चाहिये.

मिथ्यादृष्टिता किमवयस्य अश्रद्धानेन भवति ? बहुतरं श्रद्धीयते इत्याशंका न कार्येत्येतदाचष्टे—

सर्वत्र आत्मवशता—यह गुण भी प्राप्त होता है. मुनीके पास कोई परिग्रह न होनेसे वे स्वेच्छासे बैठते है, आते हैं तथा सोते हैं. बैठने उठनेमें मेरी अमुक वस्तु नष्ट हुई, अमुक वस्तु मेरेको चाहिये इस प्रकारकी चिन्ता उनको होती नहीं. अतः परिग्रहविषयक परतंत्रतासे वे छूट गये हैं. मेरे परिग्रहका विनाश हो जायगा ऐसी भीति यदि मुनिको उत्पन्न हो जावेगी तो वे अपनेको अयोग्य तथा उद्गमादिदोषोंसे सहित, प्राणिसंयमका नाश करनेवाले ऐसे आसन शयनादिकोंका संपादन करेंगे. परिग्रहको चोरादिक हरण करेंगे इस भीतीसे त्रस स्थावर जीवोंको जिसमें दुःख पोहोचेगा ऐसे मार्गसे वे जावेंगे. परंतु जो परिग्रहरहित हैं ऐसे मुनिराज उपर्युक्त दोषसे अलिप्त रहते हैं.

परिसह अधिआसणा—पूर्वकर्मकी निर्जरा करनेकी इच्छा जिनको है ऐसे मुनीको परीषह सहन करनेही चाहिये. क्षुधादिक बावीस परिषह हैं. यद्यपि परिषह शब्द सामान्यतया प्रयुक्त किया है तो भी यहां अचेलत्वका प्रकरण होनेसे उनके अनुरूप परिषहोंका ग्रहण हो जाता है. इस लिये नग्नता, शीत, उष्ण, दंशमशक, इतने परिषहोंको सहन करना चाहिये ऐसा अभिप्राय सिद्ध हुवा. जैसी निर्वस्त्रमुनीको शीत, उष्ण, दंशमशकोंसे पीडा होती है वैसी वस्त्र ओढे हुए मनुष्यको होती नहीं है.

अचेलताया गुणान्तरसूचनाय गाथा—

जिणपडिरूवं विरियायारो रागादिदोसपरिहरणं ॥
इच्चेवमादिबहुगा अच्चेलक्के गुणा होंति ॥ ८५ ॥

स्ववशत्वममोघत्वं धैर्यवीर्यप्रकाशनम् ॥

नानाकारा भवन्त्येवमचेलत्वे महागुणाः ॥ ८६ ॥

विजयोदया—जिणपडिरूवं जिनानां प्रतिरूपं यदेतदचेलत्वं । ते हि मुमुक्षवो मुक्त्युपायज्ञा यद्गृहीतवन्तो लिंगं तदेव तदर्थिनां योग्यमित्यभिप्रायः । यो हि यदर्थी विवेकवान् नासौ तदनुपायमादत्ते यथा घटार्थी तंतुरित्येवमादीन्युक्तवान् । यतिर्न चेलं गृह्णाति मुक्तेरनुपायत्वात् । यद्यात्मनोऽभिप्रायस्योपायस्तन्नियोगत उपादत्ते यथा चक्रादिकं तथा यतिरपि अचेलतां तदुपायतां वा अचेलतायां जिनाचरणादेव ज्ञानदर्शनाचारयोरिव ।

विरियायारो वीर्यांतरायक्षयोपशमजनितसामर्थ्यपरिणामो वीर्यं, तदविगूहनेन रत्नत्रयवृत्तिर्वीर्याचारः । स च पंचविधेष्वाचारेष्वेकः स च प्रवर्तितो भवति । अचेलतामुद्गृह्णताऽशक्यचेलपरित्यागस्य कृतत्वात् । परिग्रहत्यागो हि पंचमं व्रतं तच्चाचरितं भवेत् शक्तोऽपि यदि न परिहरेत् ।

रागादिदोषपरिहरणं । लाभे रागोऽलाभे कोपः । लब्धे ममेदंभावलक्षणो मोहः । अथवा मृदुत्वं दार्ढ्यमित्येवमादिषु वसनाच्छादनगुणेषु रागो मृदुस्पर्शनादिषु द्वेष इत्येवां परिहारः । इच्चेवमादि इत्येवमादयः बहुगा महान्तः महाफलतया अचेलके अचेलतायां सत्यां गुणा होंति । यांचादीनतासंक्लेशादिपरिहाराः आदिशब्देन गृहीताः ।

मूलारा— जिणपडिरूवं जिनसदृशत्वं जिना हि मुमुक्षवो मुक्त्युपायज्ञा यद्गृहीतवंतो लिंगं तदेव तदर्थिनां योग्यमित्यभिप्रायः । विरियाचारो स्वसामर्थ्यानिगूहनेन निर्मलरत्नत्रये प्रवृत्तिः । रागादि—लब्धे वस्त्रे रागोऽलब्धे रोषो, लब्धेऽपि च ममेदमिति मूर्च्छा । अथवा वस्त्रगतेषु मृदुत्वदार्ढ्यादिगुणेषु रागः प्रीतिः । कर्कशत्वजर्जरत्वादिदोषेषु द्वेषः । इच्चेवमाइ इत्येवमादयः । आदिशब्देन यांचादैन्यरक्षासंक्लेशादिपरिहारग्रहणं । बहुगा महाफलत्वान्महान्तः । आचेलक्के वस्त्रत्यागे सति यतेः ।

अचेलत्वमें और भी गुण हैं यह आगेकी गाथासे सूचित होता है—

अर्थ—जिनप्रतिरूप—यह अचेलत्व गुण है. मुक्तिप्राप्तिके अभिलाषी तीर्थंकरोंको मुक्तिका उपाय मालूम था अतः उन्होंने जो लिंगधारण किया था वही मुमुक्षु मुनिओंको धारण करना चाहिये. जो जिस वस्तुको चाहता है वह विवेकवान् उसके प्राप्तिके लिये जो उपाय हैं उनकाही आलंबन लेता है. उसके उपाय न होनेवाले वस्तूको वह ग्रहण नहीं करेगा. जैसे जिसको घटकी चाह है तो वह मृत्पिंड, चक्र इत्यादि कारकोंको ही ग्रहण करेगा वह कदाचिदपि वस्त्रोत्पत्तिके कारणोंका—तंतु इत्यादिकोंका स्वीकार न करेगा. उसी तरह वस्त्र मोक्षप्राप्तिका उपाय नहीं है अतः मुमुक्षुजन उसका ग्रहण नहीं करते हैं. जो जो अपनी अभीष्ट वस्तु है लोक उसके कारणोंको ही ग्रहण

करते हैं जैसे घटार्थी चक्रादिक कारणोंको ग्रहण करते हैं, उसी तरह मुनिगण भी मुक्तिका उपाय जो अचेलता उसका अंगीकार करते हैं, इस अचेलताको जिनेश्वरोंने मुक्तिका उपाय है ऐसा समझकर धारण किया था. जैसे जिनेश्वरोंने ज्ञानाचार और दर्शनाचार धारण किये थे वैसे उन्होंने अचेलता भी धारण कीथी.

वीर्याचार—अचेलतासे वीर्याचार गुणकी प्राप्ति होती है. वीर्यान्तरायकर्मका क्षयोपशम होनेसे जो आत्मा में सामर्थ्यपरिणाम उत्पन्न होता है उसको वीर्य कहते हैं. इस वीर्यको न छिपाकर स्वकार्यमें प्रवृत्ति करना वीर्याचार है. ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चारित्राचार, तप आचार व वीर्याचार ऐसे आचारोंके पांच भेद आगे ग्रंथकार कहेंगे ही. जिसने अचेलता धारण की है उसने अशक्य वस्त्रत्यागको शक्य करके दिखाया है. यदि वस्त्रत्याग मुनिओंने नहीं किया तो परिग्रहत्याग नामका पांचवा महाव्रत उन्होंने पाला नहीं है ऐसा समझना चाहिये. सामर्थ्य होकर भी वस्त्रका त्याग न करनेसे परिग्रहत्याग महाव्रत कैसे पाला जायगा.

रागादिदोष परिहरण—यह भी गुण अचेलतासे ही मिलता है, वस्त्रका लाभ होनेसे उसमें आसक्ति हो जाती है, उसकी प्राप्ति न होनेसे मनमें कोप घर करता है, वस्त्र मिलनेसे वह वस्त्र मेरा है ऐसी मोहभावना उत्पन्न होती है, अथवा ओढनेके पहरनेके वस्त्रोंमें मृदुपना, दृढता वगैरे गुण देखकर प्रेम उत्पन्न होता है तथा उसके कठोरस्पर्श, जल्दी फट जाना इत्यादिक दोष अनुभवमें आनेसे उससे द्वेष उत्पन्न होता है. वस्त्रका त्याग करनेसे ये सर्व रागादि दोष नहीं रहते हैं. अर्थात् अचेलताके धारण करनेसे पूर्व गाथाओंमें कहे हुए सब महागुण मुनिराज को मिलते हैं. वस्त्रका त्याग करनेसे याचना दोष नष्ट होता है. दीनता और संक्लेशपरिणाम विलीन हो जाते हैं.

पुनरप्यचेलतामाहात्म्यं सूचयन्नुत्तरगाथा—

इय सव्वसमिद्धकरो ठाणासणसयणगमणकिरियासु ॥
णिग्गंथं गुत्तिमुवगदो पग्गहिदद्दरं परक्कमदि ॥ ८६ ॥

सम्यक्प्रवृत्तनिःशेषव्यापारः समितेन्द्रियः ॥
इत्थमुत्तिष्ठते सिद्धौ नाऽन्यगुप्तिमधिष्ठितः ॥ ८७ ॥

विजयोदया—इय पदं । सव्वसमिदकरणो सम्यगितानि प्रवृत्तानि समितानि, क्रियते रूपादुपयोग एभिरिति करणानि इंद्रियाणि, समितानि च तानि करणानि च समितकरणानि, सर्वाणि च तानि समितकरणानि च सर्वसमित करणानि, सर्वसमितकरणान्यस्येति सर्वसमितकरणः । रागद्वेषरहिता भावेन्द्रियाणां प्रवृत्तिः समीचीना तस्याश्च अस्मिन् निबंधनं । रागादिविजयाय गृहीतासंगत्वात्कथमिव रागादौ प्रवर्तेत ।

ठाणासणसयणगमणकिरियासु एकपादस्थानप्रभृतिका स्थानक्रिया, उत्कटासनादिका आसनक्रिया, दंडायत शयनादिका शयनक्रिया । सूर्याभिमुखगमनादिका गमनक्रिया एतासु । पग्गहिददरं प्रगृहीततरं । परक्कमदि चेष्टते । कः ? निर्गुणं नग्नता । गुत्तिं गुप्तिं । उवगदो उपगतः प्रतिपन्नः । कृतवसनत्यागस्य शरीरे निःस्पृहस्य मम किं शरीरतर्पणेन तपसा निर्जरामेव कर्तुं उत्सहते इति । तपसि यतते इति भावः ॥

आचेलक्यप्रतिपन्नो यतिः समितिपरत्वेनैकपादादिस्थानादिदुष्करानुष्ठानेष्वतितरामुत्सहते इति पुनराचेलक्य माहात्म्यं प्रकाशयति ॥

मूलारा—सव्वसमिदकरणो सर्वेष्विष्टानिष्टविषयेषु समितानि रागद्वेषोद्भवरहितानि कृतानि करणानि इंद्रियाणि येन । अथवा सर्वत्र समितानि श्रुतानिरूपितक्रमेण प्रवृत्तानि करणानि ईर्यादिकाः क्रिया यस्य । ठाणेत्यादि स्थानक्रिया एकपादसमपणादिका । आसनक्रिया पर्यंकायतव्यपादिका । गमनक्रिया सूर्याभिमुखव्रजनादिका तासु निर्गुणं नग्नतां । गुत्तिं गुप्तिं रक्षां रत्नत्रयस्य । पग्गहिददरं प्रगृहीततरं सुदृढं इत्यर्थः । परक्कमदि पराक्रमते चेष्टते । त्यक्तवस्त्रस्य देहेऽपि निर्ममस्य मे किं शरीरतर्पणेन तपसा निर्जरामेव कर्तुमुत्सहेऽहमिति यथोक्तस्थानादिदुष्करकायक्लेशलक्षणे तपसि यतत इति भावः ॥

पुनः अचेलताके महत्ताको आगेकी गाथा दिखाती है —

अर्थ—इस अचेलताके प्रभावसेही मुनिराजकी स्पर्शनादि पाँचों इंद्रियां रूपादिक विषयोंमें समितियुक्त प्रवृत्ति करती हैं. अर्थात् उनके इंद्रियोंकी स्पर्शादि विषयोंमें रागद्वेषरहित प्रवृत्ति होती है. अचेलता रागादिकोंको जीतनेके लिये हि मुनियोंने ग्रहण की है अतः ये रागादि विकारोंमें कैसे प्रवृत्त होंगे ? अचेलता धारण करनेसे ही वे एक पावसे खडे होना, समपाद रखकर कायोत्सर्ग करना, इत्यादिरूप स्थानक्रिया, उत्कटासनादिकोंको आसनक्रिया कहते हैं. दंडके समान शयन करना, एक पार्श्वसे शयन करना इत्यादिक शयनक्रिया, सूर्याभिमुख गमन करना इत्यादिक गमनक्रिया इत्यादिकार्योंमें खूब प्रवृत्ति करते हैं. वस्त्रत्याग करनेवाले व गुप्तिको पालनेवाले मुनि

शरीरसे प्रेम दूर करते हैं, वे निःस्पृह होकर शरीरको खुश करनेसे क्या प्रयोजन सिद्ध होगा, मैं तपश्चरणके द्वारा कर्मको निर्जीर्ण करूंगा ऐसा विचार करके तपश्चरणमें यत्न करते हैं.

अपवादलिंगमुपगतः किमु न शुद्धयत्येवेत्याशंकायां तस्यापि शुद्धिरनेन क्रमेण भवतीत्याचष्टे-

अववादियलिंगकदो विसयासत्तिं अगूहमाणो य ॥
णिंदणगरहणजुत्तो सुज्झदि उवधिं परिहरंतो ॥ ८७ ॥

आपवादिकलिंगोऽपि निन्दागर्हापरायणः ॥
जन्तुरच्छादकः शक्तेः संगत्यागी विशुद्ध्यति ॥ ८८ ॥
इत्यचेलम् ॥

विजयोदया—अचेलकं गतं । अववादियलिंगकदो वि अपवादलिंगस्थोऽपि । करोति स्थानार्थवृत्तिरिह परिगृहीतः । तथा च प्रयोगः—

एवं च कृत्वा एवं च स्थित्वेत्यर्थः । सुज्झदि शुध्यति च । कर्ममलापायेन शुद्ध्यति । कीदृक् सन् यः स्वां सात्मिं शक्तिं । अगूहमाणो अगूहमानः सन् । उवधिं परिग्रहं । परिहरंतो परित्यजन् योगत्रयेण । निंदणगरहणजुत्तो सकलपरिग्रहत्यागो मुक्तेर्मार्गो मया तु पातकेन वस्त्रपात्रादिकः परिग्रहः परीषहभीरुणा गृहीत इत्यंतःसंतापो निंदा । गर्हा परेषां एवं कथनं । ताभ्यां युक्तः निंदागर्हाक्रियापरिणत इति यावत् । एवमचेलता व्याख्यातगुणा मूलतया गृहीता ॥

यद्येवमाचेलक्यगतस्य शुद्धिस्तर्ह्यपवादलिंगगतः शुद्ध्यति न वा यदि शुद्ध्यति तत्केन क्रमेणेति पृच्छन्तं प्रत्याह—

मूलारा—अववादियलिंगगदो अपवादिकलिंगस्थो आर्यादिरित्यर्थः । अवि य अपि च । कौपीनादिग्रंथवानपि शुद्ध्यति किं पुनर्निर्ग्रंथवर इत्यपिशब्दस्यार्थः । सगसत्तिं निजसामर्थ्यं । निंदन् सर्वसंगत्यागो जिनोपज्ञो मुक्तिमार्गः मया पुनः पापेन परीषहभीरुणा वस्त्रपात्रादिग्रंथो गृहीत इत्यंतःसंतापरूपा निंदा । गरहण निंदैव गुर्वादिसाक्षिकेत्यर्थः । उवहिं परिहरंतो त्यक्तुमशक्यतया परिगृहीतेऽपि वस्त्रादौ निर्ममो भवन्नित्यर्थः ।

अपवादलिंग धारण करनेवाले आर्यादिक अर्थात् ऐलकादिक शुद्ध नहीं होते हैं क्या ? ऐसा प्रश्न होनेपर उनकी भी शुद्धि आगे कहे गये क्रमसे होती है ऐसा आचार्य कहते हैं.

अर्थ—अपवादलिंगधारी ऐलकादिक भी अपनी चारित्रधारणशक्तीको न छिपाता हुवा कर्ममल निकल जानेसे शुद्ध होता है. क्योंकि वह अपनी निंदा व गर्हा करता है और मन, वचन व शरीर ऐसे तीन योगपूर्वक परिग्रहका त्याग करता है. संपूर्ण परिग्रहका त्याग करना ही मुक्तिका मार्ग है. परंतु मेरेको परीषहोंका डर होनेसे पापोदयसे मैंने वस्त्र पात्रादिक परिग्रहका ग्रहण किया है ऐसी मनमें पश्चात्तापपूर्वक वह निंदा करता है. तथा गुरुवादिकोंके समीप अपनी निंदा करता है. वह निंदा और गर्हा ऐसे दो परिणामोंसे युक्त होकर परिग्रह स्वल्प करता जाता है अतः उसके पूर्वकर्मकी निर्जरा होकर आत्मशुद्धि होती है. इस तरह अचेलताके गुणोंका वर्णन किया. यह अचेलता मुनियोंके अट्ठाईस मूलगुणोंमेंसे एक मूलगुण है.

केशलोचाकरणे के दोषा यान्परिहर्तुं लोचोऽनुष्ठीयते इत्याशंकायां दोषप्रतिपादनायोत्तरं गाथाद्वयम्—

केसा संसज्जंति हु णिप्पडिकारस्स दुपरिहारा य ॥
सयणादिसु ते जीवा दिट्ठा आगंतुया य तहा ॥ ८८ ॥

संस्काराभावतः केशाः संमूर्च्छन्ति निरन्तरम् ॥
विशन्त्यागन्तवो जीवा दूरक्षाः शयनादिषु ॥ ८९ ॥

विजयोदया—केसा केशाः । संसज्जंति खु खुशब्द एवकारार्थः । यूकालिक्षोत्पत्तेराधारभावमुपव्रजन्त्येव । कस्य केशाः ? णिप्पडियारस्स निष्क्रान्तः प्रतीकारात् निष्प्रतीकारः । प्रतीकारशब्दः सामान्यवचनोऽपि संसजनस्य प्रकृतत्वात् संसजनप्रतिकार एव कृतो गृह्यते । तैलाभ्यंगगंधादिप्रक्षेपजलप्रक्षालनादिक्रियामकुर्वत इत्यर्थः । ते च सम्मूर्च्छनामुपगता यूकादयः । दुःपरिहारा य दुःखेन परिहियन्ते । क्व सयणादिसु शयनं शय्योपगमनं, शिरसा कस्यचिदवष्टंभनं । निद्रामुद्रितलोचनस्य पतनं परवशस्य सतः आदिशब्देन गृह्यते । बाधा जीवेभ्यः कथंचिदन्यदेशकालस्वभावभेदात् । ततः बाधायां दुष्परिहारायां जीवा एव दुष्परिहारा एव भवंतीति मन्यते । अन्यथा हस्तेनापनेतुं शक्याः कथं दुष्परिहाराः स्युः । न केवलं तत्रोत्पन्ना एव दुष्परिहारास्तथा तेनैव प्रकारेण जीवाः आगंतुका य अन्यत आगताश्च कीटादयश्च । एतेन हिंसादोष आख्यातः ॥

मूलारा—केसा संसज्जंति खु यूकालिक्षोत्पत्तेराधारभावमुपव्रजन्त्येव । णिप्पडियारस्स स्नानादिप्रतीकारमकुर्वतः । दुप्परीत्यादि—स्वाध्यायादिखिन्नस्य शिलातलादौ संवेशनं, आदिशब्देन शिरसा कस्याचिदवष्टंभनं, निद्रामुद्रितलोचनस्य

परवशस्य सतः पतनं वा, तेषु वर्तमानेन यतिना ते केशसम्मूर्च्छिनो जीवा बाधां गच्छंतो दुष्परिहारा रक्षितुमशक्याः । दिट्ठा प्रतिपन्नाः । न केवलं त एव अपि त्वागंतुकाश्च कीटकादयस्तथा दुष्परिहारा दृष्टाः । एतेन हिंसादोष उक्तः ।

केशलोच नहीं करनेसे कोनसे दोष उत्पन्न होते है ? जिनका परिहार करनेके लिये मुनिगण लोच करते हैं ? ऐसी शंका होनेपर लोच न करनेसे जो दोष हो जाते हैं उनका दो गाथाओंसे आचार्य वर्णन करते हैं.

अर्थ—तेल लगाना, अभ्यंगस्नान करना, सुगंधित पदार्थसे केशोका संस्कार करना, जलसे धोना इत्यादि क्रियायें न करनेसे केशोमें यूका और लिखा ये जन्तु उत्पन्न होते हैं. तब इनकी उत्पत्ति केशोमें होती है तब इनको वहांसे निकालना बडा कठिन काम है.

वे लिक्षादिक जंतु चटाइ वगैरहमें घुस जाते हैं. मस्तकसे यदि किसी पदार्थका आश्रय लिया हो तो उसमें उनका प्रवेश होता है. जब निद्रा आती है तब मस्तकसे वे नीचे गिरते हैं. अन्य देशकालस्वभावभेदसे उत्पन्न हुए प्राणियोंसे इन लिक्षादि जंतुओंको बाधा भी पोहोंचती है । अन्य देश, काल, स्वभावसे यह बाधा भी मिटाना बडा कठिन काम है. बाधाका दुष्परिहार होनेसे जीव भी दुष्परिहार होते हैं ऐसा कह सकते हैं. अन्य स्थलसे कीटादिक जीव आकर भी वे वहां ठहरते हैं उनको निकालते समय वे मर जानेसे हिंसादोष उत्पन्न होगा.

जूगाहिं य लिक्खाहिं य बाधिज्जंतस्स संकिलेसो य ॥
संघट्टिज्जंति य ते कंडूयणे तेण गो लोचो ॥ ८९ ॥
संक्लेशः पीड्यमानस्य यूकालिक्षेण दुःसहः ॥
पीड्यते तच्च कंडूतौ यतौ लोचस्ततो मतः ॥ ९० ॥

विजयोदया—जूगाहिं य यूकाभिश्च । लिक्खाहिं य लिक्षाभिश्च । बाधिज्जंतस्स बाध्यमानस्य यतेः । संकिलेसो य संक्लेशश्च । जायते इति शेषः । स च क्लेशोऽशुभपरिणामः पापास्रवः । पूर्वोपात्तकर्मपुद्गलरसाभिवर्द्धननिपुणः । अथवा बाधिज्जंतस्स भक्ष्यमाणस्य संकिलेसो य दुःखं वा । तथा चोक्तं-क्लिशू विबाधने इति । एतेनात्मविराधनादोषः सूचितः । अथ तद्रक्षणं असहमानः कंडूयति तत्र दोषमाह—संघट्टिज्जंति य संघट्यंते ते यूकादयः । आगंतुकाश्च कंडूयणे कंडूकरणे । तेन दोषेण हेतुनासौ आगमदृष्टः लोचः क्रियते इति शेषः । प्रदक्षिणावर्तैः केशदर्शनुचिभिरेव संपाद्यः द्वित्रिचतुर्मासगोचरः ॥

मूलारा—सांकिलेसो दुष्परिणामः, संततदुःखं वा । एतेनात्मविराधनादोषः सूचितः । संघट्टिज्जंति संघट्यंते पीड्यंते यूकाद्याः कीटाद्याश्च । लो आगमदृष्टः केशश्मश्रुशिरसो द्वित्रिचतुर्मासगोचरः उत्कृष्टमध्यमजघन्यभेदेन संपाद्य इत्यर्थः ।

अर्थ—जूं और लिक्षाओंसे पीडित होने पर मनमें नवीन पापकर्मका आगमन करने वाला अशुभ परिणाम—संक्लेश परिणाम होजाता है. तथा इस परिणामसे पूर्वबद्धपापकर्ममें अधिक अनुभव-रस बढ जाता है, इन जीवोंके द्वारा भक्षण किये जानेपर शरीरमें दुःख होता है. अतः इससे आत्मविराधना होती है. जब इनके दंश करनेसे असह्य वेदना होती है तब मनुष्य मस्तक खुजाता है. मस्तक खुजानेसे जूं लीख आदिक जंतुओंका परस्पर मर्दन होकर नाश होता है. ऐसे दोषोंसे बचनेके लिये मुनिगण आगमके अनुसार केशलोच करते हैं. मस्तक, दाढी और मूछके केशोंका लोच हाथोंकी अंगुलियोंसे करते हैं. दाहिने बाजूसे आरंभकर बाये तरफ आवर्त रूप करते हैं. इस लोचकी उत्कृष्ट मध्यम और जघन्य मर्यादा दो मास, तीन मास और चार मासकी है. ऊपर लोच नहीं करनेसे होनेवाले दोष दिखाये हैं.

एवं लोचाकरणे दोषानुद्भाव्य लोचे गुणकथापनाय गाथात्रयमुत्तरम्-

लोचकदे मुंडत्तं मुंडत्ते होइ णिव्वियारत्तं ॥
तो णिव्वियारकरणो पग्गहिददरं परक्कमदि ॥ ९० ॥
मुंडत्वं कुर्वतो लोचमस्यतो निर्विकारिता ॥
प्रकृष्टां कुरुते चेष्टां वीतरागमनास्ततः ॥ ९१ ॥

विजयोदया—लोयकदो लोचे कृतः स्थितः लोचकृतः सप्तमीति योगविभागात्समासः । तस्मिन् लोचे कृते लोचस्थिते इति केचित् । अन्ये तु वदन्ति लोयगदे इति पठंतः लोचे गतः प्राप्तः लोचगतः तस्मिन्निति । अथवा कृतशब्दो भावसाधनः ततः सल्लक्षणा सप्तमी लोच एवं कृते तस्मिन् । लोचक्रियायां सत्यां । मुंडत्ते मुंडशिरस्कता नाम भवति । न मुंडशिरस्कता मुक्त्युपायो गुणोऽरत्नत्रयत्वादसत्याभिधानवत् तत्किमुक्तेनानेनानुपयोगिना गुणेनेत्याशंकायां आह-मुंडत्ते होदि णिव्वियारत्तं इति । मुंडत्ते मुंडनायां सत्यां । होदि भवति । णिव्विगारत्तं निर्विकारता । विकारो विक्रिया स्त्रीलिंग-मनशृंगारकथाकटाक्षेक्षणादिकः । तस्मान्निष्क्रान्तः तत्राप्रवृत्तः निर्विकारः तस्य भावः निर्विकारता निर्विकारो भवति इति

यावत् । तो ततः णिव्विचारकरणो विकाररहितक्रियः । पग्गहिदतरं प्रगृहीततरं । परक्कमदि चेष्टते कारणत्रये इति शेषः रत्नत्रयोद्योगः परंपरया लोचस्योपयोगः समाख्यातोऽनया गाथया । नग्नस्य मुंडस्य सविभ्रमं गमनादिकं जनो दृष्ट्वा हसति, शोभते तरांगियमस्य विलासिता षंढकस्य वामलोचनाविलास इवेति मन्यमानो निरस्तविकारो मुक्तये केवलं घटते इत्यभिप्रायः ॥

एवं लोचाकरणे दोषानुक्त्वा तत्करणे गुणान्वक्तुं गाथात्रयमाह—

मूलारा—लोचकदे लोचस्य करणे सति । णिव्विचारत्तं सलीलगमनहसनशृंगारकथाकटाक्षनिरीक्षणादिलक्षणविकार-रहितत्वं । णिव्विचारकरणो वीतरागगमनादिक्रियः सन् । परक्कमदि शुभमनोवाक्कायव्यापारे प्रवर्तत इत्यर्थः । एतेन लोचः परंपरया रत्नत्रयोपयोगी भवतीत्युक्तं प्रतिपत्तव्यम् ॥

अब लोचके गुणोंका वर्णन आचार्य तीन गाथाओंसे करते हैं—

अर्थ—लोच करनेपर ही शिरोमुंडन हुवा ऐसा माना जाता है. शंका शिरोमुंडन करना अर्थात् लोच करना मुक्तिका उपाय नहीं है क्योंकि यह रत्नत्रय नहीं है. अतः लोच करना व्यर्थ है. इससे कोई गुणविशेष उत्पन्न नहीं होता है. इस शंकाका उत्तर आचार्य इस प्रकार देते हैं–शिरोमुंडन होनेपर निर्विकार प्रवृत्ति होती है. अर्थात् केशलोच किया हुआ साधु लीलासे गमन करना, शृंगारिक कथायें कहना, कटाक्षसे अवलोकना– तिरछी नजरसे देखना, इत्यादिक विकारभावसे प्रवृत्ति नहीं करता है. इस निर्विकारप्रवृत्तिसे वह मुक्तिके उपायभूत रत्नत्रयमें खूब उद्योगशील बनता है. अतः लोच परंपरया रत्नत्रयमें प्रवृत्ति होनेके लिये कारण होता है ऐसा इस गाथासे सिद्ध हुवा. नग्न और मुंडितमस्तक मैं यदि हावभावसे गमन करूंगा और इधर उधर कटाक्षपात करते चलूंगा तो मेरेको देखकर लोग हसेंगे और स्त्रीके विलासके समान इस हिजडेका यह विलास शोभा पाता है ऐसा कहेंगे ऐसा मनमें विचार करके साधु संपूर्ण विकारभावोंको त्याग करके केवल मुक्तीके लिये प्रयत्न करते हैं. ऐसा अभिप्राय समझना.

अप्पा दमिदो लोएण होइ ण सुहे य संगमुवयादि ॥
साधीणदा य णिद्दोसदा य देहे य णिम्ममदा ॥ ९१ ॥

दश्यमानस्य लोचेन ह्रषीकार्थेऽस्य नाग्रहः ॥
स्वाधीनत्वमदोषत्वं निर्ममत्वं च विग्रहे ॥ ९२ ॥

विजयोदया—अप्पा दमिदो होदि वशीकृतो भवति। कस्य? आत्मन एव। केन कारणेन? लोएण केशोत्पाटनेन। दुःखभावनया निगृहीतदर्पः सर्व एव शांतो भवति यथा बलीवर्दादिरिति मन्यते।

सुहे य सुहे च। संगं आसक्तता। णोपयाति। सुखमेव सुखलंपटं जनं करोति। दुःखेऽन्तर्भाव्यमाने सुखासक्तिर्हीयते सुखोपयोगमूलात्तदभावात्। बीजाभावेऽङ्कुर इव। इंद्रियसुखवान्सुखशब्देनोच्यते तत्रासक्तो हिंसादिषु प्रवर्तते। तेन परिग्रहारंभमूलात्सुखासंगाद्व्यावृत्तेः संवर एवेति मुक्तेर्भवत्युपायः। अभिनवास्रवनिरोधसंवरेण का नाम निर्जरा? तस्यां वा सत्यां का मुक्तिरिति भावः ॥

साधीणदा य स्ववशता च केशासक्तो हि जनोऽवश्यं शिरोम्रक्षणे, सम्मर्दने, प्रक्षालने, तच्छोषणे च प्रवर्तते। स चायं व्यापारो विघ्नमावहति स्वाध्यायादेः।

णिद्दोसदा य निर्दोषता च। या सदोषक्रिया सा न कार्या यथा स्तेयादिका। निर्दोषत्वनुष्ठीयते यथानशनादिका। तथा चेयमदोषा लोचक्रिया।

देहे य देहे च। णिम्ममदा ममेदंबुद्धिरहितता अनेन शौचाख्यो धर्मो भावितो भवतीत्युक्तं भवति। प्रकृष्टा लोभनिवृत्तिः शौचं, शरीरलोभनिवृत्तिः शौचं। शरीरलोभनिवृत्तिः सकललोभनिराकियाया मूलं। शरीरोपकरणये बंधुभनादिष्वस्य लोभः। धर्मश्च संवरहेतुः, गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरिषहजयैरिति वचनात् ॥

मूलारा—दमिदो दर्प निगृह्य बलीवर्दवद्वशीकृतो भवत्यात्मन एव। सुहे विषयोत्थे सुखे। संगं आसक्तिं दुःखभावनया सुखासक्तिहान्युपलब्धेः। साधीणदा शिरोम्रक्षणादिपरतंत्र्याभावात् स्वाध्यायादौ स्वातंत्र्यं। णिद्दोसदा अनशनादिक्रियावल्लोचक्रियानिर्दोषत्वं रत्नत्रयोपयोगित्वात्।

अर्थ—जैसे बैल वगैरह पशु उनको दुःख देनेसे उन्मत्तताहीन होकर शांत होते हैं वैसे केशलोच करनेसे और दुःख सहन करनेकी भावनासे आत्माका दमन होता है, वह शांत होता है इसीलिये मुनि लोच करके अपने आत्माको स्ववश करते हैं. सुखोंमें वे आसक्ति नहीं रखते हैं. क्योंकि सुख मनुष्य प्राणीको सुखलंपट बनाता है. दुःखका विचार करनेसे उसकी भावना करनेसे सुखासक्ति नष्ट होती है. सुखकी भावना करनेसे ही सुखासक्ति पैदा होती है. परंतु वह भावना नष्ट होनेसे बीजके अभावसे अंकुर जैसे अपने अस्तित्वको नहीं रखता वैसे सुख भी अपना अस्तित्व नहीं रख सकता है. इंद्रियसुखोंके पीछे दौडनेवाला मनुष्य उनमें आसक्त होकर हिंसादिक पापकार्य करता है. इंद्रियसुखकी प्राप्तिके लिये आरंभ परिग्रह मूल कारण हैं. अतः ऐसे सुखसे पराङ्मुख होनेसे संवर होता

है. यह संवर ही मुक्तीका उपाय है. जबतक नवीन कर्मोंका निरोध न होगा तबतक निर्जरा होकर भी कुछ आत्माका कल्याण न करेगी. अर्थात् संवर पूर्वक निर्जरा ही मुक्तिका उपाय है.

लोचसे स्वाधीनता गुण प्राप्त होता है, केशोंपर जो प्रेम करता है वह मस्तक धोनेमें, केशप्रक्षालन करनेमें, उनको सुखानेमें, प्रयत्न करता है. इसके इन कृत्योंसें स्वाध्याय ध्यानादिकोंमें विघ्न उपस्थित होता है. अतः वह इन कृत्योंमें लगनेसे पराधीन हुवा है ऐसा समझना चाहिये. लोच करनेसे उपर्युक्त कृत्य नहीं करने पडते हैं तथा स्वाध्यायादिक स्वकृत्योंमें लगनेसे वह स्वाधीन कहा जाता है.

लोच करनेसे निर्दोषता गुण मिलता है. चोरी करना, झूठ बोलना यह सदोष क्रिया है. मुनिराज अनशनादिक निर्दोष क्रिया जैसी करते हैं वैसा लोच भी निर्दोष क्रिया होनेसे वे इस क्रियाको भी करते हैं.

लोचसे देहममता नष्ट होती है. यह देह मेरा है ऐसी भावना नष्ट होती है. तथा लोचसे शौचधर्मकी प्राप्ति होती है, प्रकृष्ट लोभकी निवृत्ति होना शौच है. शरीरपरसे लोभ नष्ट होगया तो समस्त लोभोंके प्रकारोंका नाश होता है. शरीरके उपकारके लिये ही बंधु धनादिकोंके ऊपर लोभ उत्पन्न होता है.
इन लोभोंका नाश होनेसे शौचधर्म संवरका कारण होता है. क्योंकि गुप्ति, समिति, धर्म अनुप्रेक्षा, और परीषह जय संवरके कारण हैं ऐसा पूर्वाचार्य कहते हैं.

आणक्खिदा य लोचेण अप्पणो होदि धम्मसद्धा च ॥
उग्गो तवो य लोचो तहेव दुक्खस्स सहणं च ॥ ९२ ॥
आत्मीया दर्शिता श्रद्धा धर्मे लोचं वितन्वता ॥
भावितं सकलं दुःखं दुश्चरं चरितं तपः ॥ ९३ ॥

इति लोचः ॥

विजयोदया—आणक्खिदा य होदि आदर्शिता भवति । लोचेण लोचेन । का ? धम्मसद्धा धर्मे चारित्रे श्रद्धा । कस्य ? अप्पणो आत्मनः । महती धर्मस्य श्रद्धाऽन्यथा कथमिदं दुःसहं क्लेशमारभते इति । आत्मनो धर्मश्रद्धाप्रकाशनेन परस्यापि धर्मश्रद्धाजननोपबृंहणं कृतं भवति । सोऽयमुपबृंहणाख्यो गुणो भाषितो भवति । उग्गो तवो य उग्रं च तपः

कायक्लेशाख्ये दुःखांतराणि च सहते। लोचात्तस्यैव व्यावर्णितगुणत्वं। दुःखस्य दुःखस्य सहने च भवति रतिः ॥ ५। भावयन् दुःखान्तराणिच्च सहते। दुःखसहनाच्च जरा। अशुभकर्मणां ॥ लोचोऽपि गतः ॥

मूलारा०—आणाकिखदा आनक्षिता। णक्ष दर्शन इत्यस्य प्रयोगः। आदर्शिनित्यस्य प्रयोगः। उग्गो तवो उग्रं तपः कायक्लेशाख्यं ॥

अर्थ—मुनि लोच करते है उससे उनकी धर्मके–चारित्रके ऊपर बडी भारी श्रद्धा व्यक्त होती है. यदि उनमें–चारित्रमें श्रद्धा न होती तो वे इतना दुःसह क्लेश क्यों करते? वे अपनेमें धर्मश्रद्धा प्रगट करते है अतः अन्य जनोंमें भी उनकी धर्मश्रद्धा देखकर धर्मके प्रति श्रद्धा बढ जाती है. अतः लोचके द्वारा उपबृंहण नामका गुण भी प्राप्त होता है. लोच करनेवाले मुनि उग्रतप अर्थात् कायक्लेश नामका तप करके होनेवाला दुःख सहते हैं. जो लोच करते हैं उनको दुःख सहनेका अभ्यास हो जाता है अतः वे अन्य दुःखके प्रसंग आने पर डरते नहीं शांततासे सहन करते हैं. दुःख सहन करनेसे अशुभ कर्मकी निर्जरा होती है.

व्युत्सृष्टशरीरताभिधानायोत्तरः प्रबंधः—

सिण्हाणब्भंगुव्वट्टणाणि णहकेसमंसु संठप्पं ॥
दंतोट्ठकण्णसुहणासियच्छिमसुहादं संठप्पं ॥ ९३ ॥
न भ्रूदन्तौष्ठकर्णाक्षिनखकेशादिसंस्कृतिम् ॥
भजन्त्युद्वर्तनं स्नानं नाभ्यङ्गं ब्रह्मचारिणः ॥ ९४ ॥

विजयोदया—सिण्हाणब्भंगुव्वट्टणाणि वर्जयंतीति पदघटना स्नानाभ्यंजनोद्वर्तनानि ॥ णहकेसमंसुसंठप्पं नख-केशश्मश्रुसंस्कारं च वर्जयंतीति। अन्तरेणापि चशब्दं समुच्चयार्थप्रतीतिः ॥ पृथिव्यापस्तेजो वायुराकाशं कालो दिगात्मा मनः इति द्रव्याणि इत्यत्र यथा॥ दंतोट्ठकण्णसुहणासियच्छिमसुहादि संठप्पं वर्जयंतीति पदघटना॥ दंतानामोष्ठयोः कर्णयोः मुखस्य, नासिकायाः, अक्ष्णोर्भ्रुवोरादिग्रहणात्पाणिपादरोम्णां च संस्कृतिं परिहरंति ॥

स्नानमनेकप्रकारं शिरोमात्रप्रक्षालनं, शिरो मुक्त्वा अन्यस्य वा गात्रस्य, समस्तस्य वा। तत्र शीतोदकेन निरवद्यं स्थावराणां त्रसानां च बाधाराहित्यमिति। कर्दमबालुकादिदूषितजलस्योष्णोदकात्तच्छरीराणां च वनस्पतीनां पीडातोऽन्यदेहि-सूक्ष्मत्रसानां च स्नाने निवार्यते। उष्णोदकेन स्नानादिति चेन्न, तत्र त्रसस्थावरबाधावस्थितैव। भूमिदरीविवरस्थितानां पिपीलिकादीनां मृतेः, तरुणतृणपल्लवानां चोष्णांबुमिश्रितानां दुःखादिका महती जायते। तथा क्षारतया धान्यरसादीनां।

न चास्ति प्रयोजनं स्नानेन सप्तधातुमयस्य देहस्य न शुचिता शक्या कर्तुं । ततो न शौचप्रयोजनं । न रोगापहृतये रोगपरीषहसहनाभावप्रसंगात् । न हि भूषायै विरागत्वात् ।

घृततैलादिभिरभ्यंजनमपि न करोति प्रयोजनाभावादुक्तेन प्रकारेण घृतादिना क्षारेण स्पृष्टा भूम्यादिजंतवो बाध्यंते । त्रसाश्च तत्रावलग्नाः ।

उद्वर्तने इतस्ततः पतितां व्याघातः । मूलत्वक्फलपत्रादेः पेषणे, दलने च महानसंयमः । निर्घर्तनघिलेखनघर्षणरंजनादिको नखसंस्कारः । ओष्ठमलापकर्षणं तद्रागकरणं वा ओष्ठसंस्कारः । केशसंस्कारो हस्तघर्षणेन मसृणतासंपादनं, तथा श्मश्रूणामपि । दंतमलापकर्षणं तद्रंजनं वा दंतसंस्कारः । ह्रस्वयोर्लेखनतापादनं । दीर्घयोर्वा ह्रस्वकरणं । तन्मलनिरासोऽलंकारग्रहणं कर्णसंस्कारः । मुखस्य तेजःसंपादनं लेपेन दर्शेन वा मुखसंस्कारः । अक्ष्णोः प्रक्षालनं अंजनं अक्षिसंस्कारः । विकटोत्थितानां रोम्णां उत्पाटनं आनुलोम्यापादनं । लंबयोरुन्नतीकरणं, भ्रूसंस्कारः । शोभार्थं हस्तपादादिप्रक्षालनं, औषधविलेपादिर्वासंस्कार आदिशब्देन गृहीतः ।

अधुना व्युत्सृष्टशरीरताख्यलिंगविकल्पव्याख्यानाय गाथात्रयमाह–

मूलारा–सिण्हाण स्नानं । अब्भंग तैलादिना स्निग्धत्वापादनं । उव्वट्टण जलादिप्लुतमसूरादिपिष्टादिना देहस्यैतस्ततो मर्दनं । मंसु श्मश्रु कूर्चं इत्यर्थः । संठप्पं संस्कारं । मंसुआदि आदिशब्देन हस्तपादादि । तत्र लेखनकर्तनघर्षणरंजनादिको नखसंस्कारः । हस्तघर्षणेन मसृणताकरणं केशश्मश्रुसंस्कारः । मलापनयनरंजनादिको दन्तौष्ठसंस्कारः । ह्रस्वीकरणलंबीकरणमलापकर्षणाभरणादिकः कर्णसंस्कारः । लेपेन संज्ञेन वा तेजःसंपादनं मुखसंस्कारः । अंतर्मलरोमापनोदादिको नासासंस्कारः । प्रक्षालनांजनादिको नेत्रसंस्कारः । विकटोत्थितानां रोम्णां केशानामुत्पाटनं आनुलोम्यापादनं च । भ्रुवोरेव वा लंबयोरुन्नतीकरणं भ्रूसंस्कारः । शोभार्थं प्रक्षालनमौषधलेपनादिकं च हस्तपादादिसंस्कारः ।

व्युत्सृष्ट शरीरता शरीर परसे ममत्वभाव दूर करना अर्थात् कायोत्सर्ग करना यह भी लिंगका एक प्रकार है इसका वर्णन करनेके लिये उत्तर प्रबंध आचार्य कहते हैं—

अर्थ—मुनिगण जलस्नान, अभ्यंगस्नान और शरीरको उबटन लगाना इनका त्याग करते हैं. वे नखोंका संस्कार, केशोंका संस्कार और दाढी मूछोंका संस्कार इनका त्याग करते हैं. दांत, ओठ, कान, नाक, मुंह, आंखें और भौंहें आदिका भी वे कभी संस्कार नहीं करते हैं. आदि शब्दसे हाथ और पावोंका संस्कार भी वे नहीं करते हैं ऐसा समझना.

विशेष—स्नानके अनेक प्रकार है. जलसे केवल मस्तक धोना, अथवा मस्तक छोडकर अन्य अवयवको

धोना अथवा समस्त अवयवोंको धोना. परंतु त्रस और स्थावर जीवोंको बाधा न होवे इसलिये मुनि शीतलजलसे स्नान नहीं करते हैं. स्नानके जलसे कीचड होता है, वालुकादिकोंके मर्दनसे जलकायिक जीवोंका घात होता है. वनस्पति जीवोंको बाधा पोहोंचती है. मत्स्य, मेंडक, और सूक्ष्म त्रसोंको बाधा पोहोंचती है अतः मुनिगण शीत जलसे स्नान नहीं करते हैं. यदि वे शीत पानीसे स्नान नहीं करते हैं तो गरम पानीसे क्यों नहीं करते हैं ? इस प्रश्नका उत्तर यह है-गरम जलसे स्नान करनेसे भी त्रसस्थावर जीवोंको बाधा होती ही है. जमीनके छिद्रोंमें, बडे बडे बिलोंमें वह पानी प्रवेश करेगा तो वहांके चींटी वगैरह प्राणिओंको बाधा अवश्य होगी ही. गरम पानीसे घास, कोमल अंकुर संतप्त होकर महान्कष्टी होते हैं. गरम पानीसे धान्योंका रस नष्ट हो जाता है.

मुनिओंको जलस्नानकी आवश्यकता नहीं है. क्योंकि, जलस्नानसे सप्त धातुमय देह पवित्र नहीं होता है. इस वास्ते शुचिताकेलिये स्नान करना भी योग्य नहीं है. रोगपरिहार करनेके लिये भी स्नानकी आवश्यकता नहीं है. यदि वे स्नान करेंगे तो रोगपरीषह सहन करना व्यर्थ होगा. शरीर सौंदर्य युक्त होनेकेलिये भी वे स्नान नहीं करते हैं क्यों कि वे वीतराग है.

मुनि भी, तेल इत्यादिकोंसे अभ्यंगस्नान भी कुछ प्रयोजन न होनेसे करते नहीं हैं. घृतादि क्षारपदार्थों का स्पर्श होनेसे भूमि वगैरहमें रहनेवाले जन्तुओंको पीडा होती है. भूमिपर चिपके हुए त्रस जीव इधर उधर होते हैं. गिरते हैं तब उनको एकस्थानसे दूसरे स्थानपर जाते समय बाधा पोहोंचती है.

वृक्षोंके मूलभाग, छाली, फल, पत्ते इत्यादिकोंका चूर्ण करनेमें, पीसनेमें महान् असंयम होता है. नख निकालना, घिसना, रंगाना इत्यादि कार्यको नखसंस्कार कहते हैं. ओठोंका मल निकालना, उनको रंगाना अधिक लाल दीखने लायक बनाना यह ओष्ठसंस्कार है. हाथोंके द्वारा घर्षण करके स्निग्धता उत्पन्न करना यह केश संस्कार है. दाढी और मूंछोपर भी हात बार बार फेरकर स्निग्धता उत्पन्न करना यह श्मश्रुसंस्कार है. कान ह्रस्व हो तो उनको दीर्घ करना, दीर्घ हो तो उनको छोटे बनाना, उसमें से मल दूर करना, उनको अलंकारोंसें भूषित करना यह कर्णसंस्कार है. कुछ उबटन वगैरे पदार्थ लगाकर मुहको तेजस्वी बनाना, अथवा मंत्रके द्वारा मुहको तेजस्वी करना यह मुखसंस्कार है. आंखे स्वच्छ धोना, वे अंजनसे आंजना यह नेत्रसंस्कार है. जो केश इधर उधर तिरछे ऊगे हैं उनको निकाल देना, दीर्घ केशोंको ह्रस्व करना, उन्नत बनाना यह भोहोंका संस्कार है.

सुंदरता वढे इसलिये हाथ और पाय, वगैरे धोना, औषधादि विलेपन करना यह हस्तपादादिसंस्कार है. ऐसे सब देहसंस्कारोंका मुनि त्याग करते हैं. इससे वे शरीरके ऊपर स्नेह रहित हैं यह सिद्ध होता है. शरीर स्नेह छोडना यह भी मुनिलिंगका एक भेद है.

वज्जेदि बंभचारी गंधं मल्लं च धूववासं वा ॥
संवाहणपरिमद्दणपिणिद्दणादीणि य विमुत्ती ॥ ९४ ॥
न स्कन्धकुट्टनं वासं माल्यं धूपविलेपनम् ॥
कराभ्यां मलनं चूर्णं चरणाभ्यां च मर्दनम् ॥ ९५ ॥

विजयोदया—गंधं कस्तूरिकादिकं । मल्लं माल्यं चतुष्प्रकारं । धूववासं च । धूपं कालागुर्वादिकं । वासं सुगन्धकरं च जातिफलादिकं । अनेकसुरभिद्रव्यमिश्रं वा । संवाहणं हस्ताभ्यां मलनं । चरणाद्यमर्दने परिमर्दनं । उव्वर्तनं दार्ढ्यं च कर्तुं यत्तत्पिणिद्दनमित्युच्यते । वज्जेदि त्यजति । प्रयोजनाभावादिसामर्थ्यलब्धोऽयं । विमुत्ती निवृत्तिपरो यतिः ।

पुष्पं माल्यं पुष्पमाला । रत्नमाला मुक्तमाला । सुवर्णमाला । वासं सुगन्धकरं । मर्दनं । पाणिपादादीनि अङ्गोद्वर्तनं दार्ढ्यं च कर्तुं बाहुमर्दनमित्युच्यते । पुट्ठपुट्टीत्यन्ये । अङ्गप्रक्षेपः बाहुमर्दनादिमर्दनम् । विमुत्ता विमुक्ताः निरतिचारा इत्यर्थः । न हि ब्रह्मचारिणां स्नानादिना प्रयोजनमस्ति स्वशरीरसंस्कारेण कायस्य शोधयितुमशक्यत्वात् नान्यलोचकस्य च वीक्षणसम्भाषणयोग्यत्वात् । तेन भूम्यादिस्थजन्तुसम्बाधपरिहरणे हिंसारागादिप्रसंगाच्च ।

अर्थ—ब्रह्मचर्य धारकने कस्तूरी वगैरे सुगंध वस्तुओंका त्याग करना चाहिये. पुष्पमाला, रत्नमाला मुक्तमाला, सुवर्णमाला इनका त्याग करना चाहिये. कालागरु, तगर वगैरहका धूप भी त्यागना चाहिये. मुखको सुगंधित करनेवाले जायफल, इलायची, लवंगादि पदार्थ छोडने चाहिये. हाथोंसे अंग चूरना, पाओंसे अंग रगडना, पुष्ट दृढ करनेके लिये बाहुमर्दन करना इत्यादि कार्य मैथुनसेवाके त्यागी मुनिवर्य छोड देते हैं.

किं ब्रह्मव्रतस्य कुर्वन्ति स्नानादिपरित्यागाः येन तद्व्रताचरणप्रियस्तदनुष्ठाने यतते इत्यारेकायामाह—

जल्लविलित्तो देहो लुक्खो लोयकदविवडबीभत्थो ॥
जो रूढणक्खलोमो सा गुत्ती बंभचेरस्स ॥ ९५ ॥
या रूक्षा लोचबीभत्सा सर्वांगमलिना तनुः ॥
सा रूक्षा ब्रह्मचर्यस्य प्ररूढनखलोमिका ॥ ९६ ॥
इति व्युत्सृष्टदेहता ॥

विजयोदया—जल्लविलित्तो देह इति । देहो गुत्ती बंभचेरस्स इति पदघटना । देहः शरीरं । गुप्तिः रक्षा । कीदृक् ? जल्लविलित्तो घनीभूतमुपर्युपरि प्रचितं शरीरमले जल्लशब्देनोच्यते । तेन विलिप्तो विलिप्तः देहः । स्नानादित्यागात् । रूक्खो रूक्षस्पर्शः स्नानादिविरहादेव लोचकदविगदबीभत्थो लोचकरणविकृतबीभत्सः । जो यो देहः रूढणक्खलोमो दीर्घीभूतनखप्रच्छाद्यदेशलोमान्वितः । सेति गुप्तिः ॥ सामानाधिकरण्यात् स्त्रीलिंगत्वात् । कस्य ? बंभचेरस्स ब्रह्मचर्यस्य ॥

स्नानादित्यागस्य फलमाह—

मूलारा—जल्ल घनीभूतमुपर्युपरि प्रचितं शरीरमले जल्ल इत्युच्यते । सर्वांगमलो वा जल्लः । लोचकदंभत्थ-डबीभत्थो लोचकडं लोचकृतं लोचकरणं तेन विगडो विकृतो वैरूप्यं नीतोऽत एव बीभत्सो जुगुप्सादिपरः । रूढणक्ख-लोमो दीर्घीभूतनखप्रच्छाद्यदेशादिलोमकः । गुत्ती गुप्तिः रक्षा । आरूढो रूढवैराग्यकरत्वात् ।

ब्रह्मव्रतधारक मुनि स्नानादिकोंका त्याग करते हैं, यह सत्य है. परन्तु स्नानादिकोंका त्याग करनेसे ब्रह्मव्रतमें क्या विशेषता होती है ? इस प्रश्नका उत्तर आचार्य देते हैं—

अर्थ—स्नानादिकोंका त्याग करनेसे यतिके देहपर बार बार मल जम कर दृढ होता है, अर्थात् इस तरहसे मल संचित होनेपर उनके ब्रह्मचर्यका रक्षण होता है. स्नानत्यागसे और मलसंचय होनेसे देहकी स्निग्धकांति नष्ट होकर वह रूखी बनती है. लोच करनेसे देह बीभत्स दीखता है. नखसंस्कार न करनेसे नख बढ कर लंबे होते हैं और गुप्तप्रदेश केशोंसे ढक जाता है. अतः स्नानादिकार्य न करनेसे ब्रह्मचर्यका रक्षण होता है. यह सिद्ध होता है. 'व्युत्सृष्ट शरीर' यह प्रकरण समाप्त हुआ.

संबन्धः- प्रतिलेखनसाध्यप्रयोजनाख्यानायोत्तरगाथाद्वयम्—यस्य येन हि संबन्धो दूरस्थमपि तस्य तत् इत्थनेन क्रमेण वोसट्टसरीरं गदं ।

इरियादाणणिखेवे विवेगठाणे णिसीयणे सयणे ॥
उव्वत्तणपरिवत्ताण पसारणा उंटणामरसे ॥ ९६ ॥

आसने शयने स्थाने गमने मोक्षणे ग्रहे ॥
आमर्शनपरामर्शप्रसाराकुञ्चनादिषु ॥ ९७ ॥

विजयोदया—इरियादाणे पडिलेहणेण पडिलिहिज्जदित्ति एवं सर्वत्र । ईर्यायां गमने व्रजतः स्वपादनिक्षेपदेशे यदि दुष्परिहाराः स्युः पिपीलिकादयोऽथवा प्राक् पादावलग्नरजसो विरुद्धयोनिर्वा भूमिरुत्तरा जलं प्रवेष्टव्यं यदि पडिलेहणेण प्रतिलेखनेन पडिलेहिज्जदि निराक्रियते त्रसादिकं । आदाने ग्रहणे ज्ञानचारित्रसाधनानां । णिक्खेवे विवेके । ज्ञानसंयमोपकरणानां निक्षेपे स्थापनायां । यन्निक्षिप्यते यत्र च तदुभयप्रमार्जनं कार्यं । शरीरमलानां उच्चारादीनां विवेके उत्सर्जने वा कर्तरि प्रदेशः । स च भूर्यत्ययोग्या प्रमार्जनीया । ठाणे निसीयणे सयणे स्थाने आसने च शयने च शयनक्रियायां । उव्वत्तणपरिवत्तणपसारणा उंटणामरसे । उव्वत्तण उत्तानशयनं । परिवत्तणं पार्श्वान्तरसंचारं, पसारणं प्रसारणं हस्तपादादीनां । आउंटणं संकोचनं । स्पर्शक्रिया आमरसशब्देनोच्यते ॥

अधुना प्रतिलेखनाख्यलिंगभेदस्य साध्यसंसिद्ध्यर्थं गाथाद्वयमाह—

मूलारा—इरिया ईर्या गमनमित्यर्थः । तदादौ प्रतिलेखनेन पिच्छादिना त्रसादिकमपसार्यते । तथाहि— मार्गे गच्छतः संयतस्य न्यासनिक्षेपदेशे पिपीलिकादयो दुष्परिहारा यदि स्युर्यदि वा प्राक्पदावलग्नरजसो विरुद्धयोनिरुत्तरा भूमिर्वा गंतव्या, जलं वा प्रवेष्टव्यं तदा तत्पिपीलिकारजःप्रभृति लेखनेन निराक्रियते । एवमादाने ज्ञानसंयमाद्युपकरणग्रहणे, निक्षेपे तत्स्थापनायां, विवेके विण्मूत्राद्युत्सर्गे, स्थाने ऊर्द्धीभावे, णिसयणे निषीदने उपवेशने, सयणे स्वापे, उवट्टणे उत्तानशयने, परियट्टणे पार्श्वान्तरसंचारे, पसारणे हस्तपादादिप्रसारणे, आउट्टणे तेषामेव संकोचने, आमासे आमर्शे स्पर्शनक्रियायां, अन्यत्राप्येवंविधे कर्मणि अवश्यकार्ये यतिरप्रमत्तस्त्रसादिकं प्रतिलिखेत् ।

प्रतिलेखनसे मुनि कोनसा प्रयोजन सिद्ध करते हैं इसका वर्णन आगेकी दो गाथाओंसे आचार्य करते हैं:—

जिसका जिसके साथ संबंध है वह चीज दूर भी हो तोभी वह उसकी ही मानी जाती है. इस न्यायसे 'प्रतिलेखन' यह लिंगका अन्तिम भेद है अर्थात् पहिले तीन भेदोंके अनंतर होनेसे इसको दूर कह सकते हैं

तथापि लिंगसेही इसका संबंध है अतः यह उसका ही संबंधी है ऐसा कह सकते हैं.

अर्थ—देववंदनाके लिये जब मुनि जाते हैं तब बहुत सावधान होकर सूर्यके प्रकाशमें गमन करते हैं. जाते समय जहां वे पांव रखना चाहते हैं उस जमीनपर यदि चींटी वगैरे जन्तु दुष्परिहार्य होंगे तो उनको मृदु पिच्छिकासे दूर करके आगे पांव रखकर गमन करते हैं. अथवा पूर्व भूमीसे आगेकी जमीन यदि भिन्न स्वभाव—रंग वगैरहसे युक्त होगी तो मुनि प्रथम पिच्छिकासे पावोंकी धूल हटाकर उसमें प्रवेश करते हैं. यदि पानीमें प्रवेश करना हो तो प्रथम पिच्छिका अपने शरीरपर फेरकर वहांके त्रसजीव हटाते हैं और तदनंतर जलमें प्रवेश करते हैं. ज्ञान और चारित्रके साधन शास्त्र वगैरहको ग्रहण करते समय वे पिच्छिकासे साफ करके ग्रहण करने चाहिये. जब ज्ञानचारित्रके शास्त्रादिक साधन जमीनपर रखना हो तो पिच्छिकासे जमीन और शास्त्रादिक साफ करके रखना चाहिये. और अलग अलग रखते समयमें भी पिच्छिकासे उनको स्वच्छ करना चाहिये.

शरीरके मलमूत्रादिक जहां फेकना हो उस स्थानको पिच्छिकासे साफ करनेसे वहांके त्रस जीव विना बाधाके दूर हो सकते हैं. जब मुनि बैठते हैं, खडे हो जाते हैं, सो जाते हैं, अपने हाथ और पांव पसारते हैं, संकोच लेते हैं, जब वे उत्तानशयन करते हैं, एक बाजूसे दूसरी बाजूपर मुडकर सोते हैं तब अर्थात् इतने कार्य करते समय वे अपना शरीर पिच्छिकासे स्वच्छ करते हैं ऐसा करनेसे शरीरपर त्रसजीव हो तो वे विना तकलीफके दूर होते हैं. और मुनिओंका आचारक्रम भी इस कृत्यसे पाला जाता है.

पडिलेहणेण पडिलेहिज्जइ चिण्हं च होइ सगपक्खे ॥
विस्सासियं च लिंगं संजदपडिरूवदा चेव ॥ ९७ ॥

स्वपक्षे चिह्नमालम्ब्यं साधुना प्रतिलेखनम् ॥
विश्वाससंयमाधारं साधुलिङ्गसमर्थनम् ॥ ९८ ॥

विजयोदया—चिण्हं च होदि चिह्नतां भजते । सगपक्खे स्वप्रतिज्ञायां । सर्वजीवदया हि यतेः पक्षः । विस्सासियं च विश्वासकारि च जनानां । लिंगं प्रतिलेखनार्थं कथमयमतिसूक्ष्मान्कुंथ्वादीनपि परिहर्तुं गृहीतप्रतिलेखनोऽसा-

एसहसो जीवान्कथमिव बाधितुं उत्सहते इति । संजदपडिरूवदा चेव । संयतानां प्रधानानां प्रतिविंबता च प्रतिलेखना ग्रहणेन भवति ॥

मूलारा—सयपक्खे स्वकपक्षे सर्वजीवदयाप्रतिज्ञालक्षणे । विस्सासिगं वैश्वासिकं लिंगं प्रतिलेखनाख्यं जनानां । अयमेवं सूक्ष्मतरकुन्थ्वादिजीवानपि रक्षितुं गृहीतप्रतिलेखनः कथमस्मान्स्थूलतरान्हन्तुमुत्सहेतेति विश्वासकारीत्यर्थः । संजदपडिरूवदा प्राक्तनयतिबिंबवता च यतेः प्रतिलेखनग्रहणे स्यादित्यर्थः ।

अर्थ— मुनि पिच्छिकाने उपयुक्त सब कार्य करते हैं. सर्व जीवोंपर दया करना यह साधुओंकी प्रतिज्ञा पिच्छिकाके ग्रहणमें पाली जाती है. पिच्छिका लोगोंमें साधुविषयक विश्वास उत्पन्न करनेका चिन्ह है. इन मुनिराजोंने अति सूक्ष्म कुंथ्वादि जंतुओंका भी रक्षण करनेके लिये हाथमें पिच्छिका धारण की है वे हम स्थूल जीवोंको कैसे मारेंगे ? यह कभी संभवनीय होगा क्या ? इस तरह लोगोंके मनमें विश्वास पैदा होजाता है. पिच्छिका धारण करनेसे वे मुनिराज प्राचीन मुनिओंके प्रतिनिधिस्वरूपी हैं ऐसा सिद्ध होता है.

प्रतिलेखनालक्षणाख्यानायाह—

रयसेयाणमगहणं मद्दव सुकुमालदा लघुत्तं च ॥
जत्थेदे पंच गुणा तं पडिलिहणं पसंसंति ॥ ९८ ॥
लघ्वस्वेदरजोग्राहि सुकुमारमृदुस्थितम् ॥
इति पंचगुणं योग्यं ग्रहीतुं प्रतिलेखनम् ॥ ९९ ॥
इति प्रतिलेखनम् ॥ इति लिंगसूत्रम् ।

विजयोदया—रजसेदाणमगहणं रजसः सचित्तस्य अचित्तस्य वा स्वेदस्य अग्राहकं । अचित्तरजोग्राहिणा प्रतिलेखनेन सचित्तरजो विराध्यते सचित्तरजोग्राहिणा चेतरस्य विराधना । स्वेदग्राहिणा च रजसामुपग्रहतिः । मद्दवसुकुमालदा मृदुस्पर्शता मार्दवं, सुकुमालदा सौकुमार्यं । लघुत्तं लघुत्वं च एते पंच गुणाः यस्मिंते पंच प्रकारगुणाः संति तं तत् पडिलिहणं प्रतिलेखने पसंसंति स्तुवंति दयाविधिज्ञाः । अमृदुना, असुकुमारेण, गुरुणा च प्रतिलेखनेन जीवानामुपघात एव स्यान्नो न दयेति भावः । एवं चतुर्गुणयुक्तं लिंगं व्याख्यातं गृहीतलिंगस्य यतेः ॥

मूलारा—रजसेदाणमगहणं रजःस्वेदयोरग्राहकं अचित्तरजोग्राहिप्रतिलेखनेन सचित्तरजो विराध्यते तद्ग्राहिणा वा अचित्ते रजः । स्वेदग्राहिणा तु रजसामुपहतिः स्यात् । मद्दव मार्दवं मृदुस्पर्शता । सुकुमालदा नमन शीलता । लहुत्तं लघुत्वमभारिकत्वं । मार्दवादिविपर्ययवता प्रतिलेखनेन जीवानामुपघात एव कृतो दयेति भावः । अत्रेदं चतुर्विधलिंगसंग्रहकारिका मुमुक्षुणा भावनीया ।

नग्नो मुंडो ऽस्नसंस्कारः प्राणिरक्षाध्वजं दधत् ।
सरागं यदि चेष्टेय हास्येयाहं मुमुक्षुभिः ॥

लिंगं ॥ सूत्रतः ॥ २ ॥ अंकतः २२ ॥

प्रतिलेखनाके—पिंछिकाके लक्षणोंका वर्णन करते हैं.

अर्थ—सचित्त और अचित्त ऐसे धूलीके दो प्रकार हैं. जो पिंछिका इन दोनो प्रकारके धूलिओंका ग्रहण नहीं करती है वह रजोऽग्राहक नामक गुणसे युक्त है ऐसा समझना चाहिये. पिच्छिका यदि सचित्त धूलीको ग्रहण करने वाली होगी तो उससे अचित्त धूलीकी विराधना होगी. और अचित्त धूलीको यदि ग्रहण करेगी तो सचित्त धूलीका विराधन होगा. अतः धूलिमात्रका ग्रहण न करना यह पहिला गुण है. स्वेदको ग्रहण न करना यह उसका दूसरा गुण है. स्वेदके ग्रहण करनेसे रजकी-धूलिकी विराधना होगी. इसलिये स्वेदको घामके-जलको ग्रहण न करना यह उसका दूसरा गुण है. मार्दव नामक तीसरा गुण है. अर्थात् पिच्छिकाका स्पर्श मृदु होना चाहिये. मृदु स्पर्श न होगा तो उससे उष्मादि जन्तु जब हटाये जावेंगे तो उनको कष्ट होंगे कदाचित् मर भी जावेंगे. सुकुमालता यह चौथा गुण है. अर्थात् वह नमनशील होनी चाहिये. यदि न नमेगी कडी होगी तो उससे भी जीव विराधना होगी. तथा वह लघुतागुणयुक्त होनी चाहिये. अर्थात् वह हलकी होनी चाहिये. भारयुक्त न हो ऐसे पांच गुण जिस पिच्छिकामें हो वह दयाके प्रकारोंके जाननेवालोंसे प्रशंसी जाती है. जिसने लिंग धारण किया है ऐसे मुनीके लिंगके चार गुणोंका वर्णन किया.

शिक्षानंतरेति तच्छिक्षणार्थो उत्तरप्रबंधः । जिणवयणे जिनवंदने । अहीं य रत्ती य सत्तं दिवं । पडिदव्वं अन्येतव्यं । कीदृग्भूतं जिनप्रवचनमत आह—

णिउणं विउलं सुद्धं णिकाचिदमणुत्तरं च सव्वहिदं ॥
जिणवयणं कलुसहरं अहो य रत्ती य पढिदव्वं ॥ ९९ ॥

निपुणं विपुलं शुद्धं निकाचितमनुत्तरं ॥
पापच्छेदि सदा ध्येयं सार्वीयं वाक्यमार्हतम् ॥ १०० ॥

विजयोदया—निउणं जीवादीनर्थान्प्रमाणनयानुगतं निरूपयतीति निपुणं । सुद्धं पूर्वापरविरोधपुनरुक्तादिद्वात्रिंशद्दोषवर्जितत्वात् शुद्धं । विउलं निक्षेपैः, पदार्थैः, निरुक्तैः अनुयोगद्वारं, नयैश्चेति अनेकविकल्पेन जीवादीनर्थान्सप्रपंचं निरूपयतीति विपुलं । अर्थगाढत्वाच्चिकाचितं अर्थनिचितं । अणुत्तरं च न विद्यते उत्तरं उत्कृष्टमस्मादित्यनुत्तरं । परेषां वचनानि पुनरुक्तानि, अनर्थकानि, व्याहतानि, प्रमाणविरुद्धानि च तेभ्य इदमुत्तरं तदसंभविगुणत्वात्। सव्वहिदं सर्वप्राणिहितं । अन्येषां मतानि केषांचिदेव रक्षां सूचयंति ' जिघांसन्तं जिघांसीयात् न तेन ब्रह्महा भवेत् ' इत्युपदेशात् ।

" यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयंभुवा ॥
यज्ञो हि भूत्यै सर्वेषां तस्माद्यज्ञे वधोऽवधः ॥ १ ॥
" अग्निदो गरदश्चैव शस्त्रपाणिर्धनापहः ॥
क्षेत्रदारहरश्चेति षडेते आततायिनः ॥ "
" आततायिनमायांतमपि वेदांतविद् द्विजम् ॥
जिघांसंतं जिघांसीयान्न तेन ब्रह्महा भवेत् ॥ "

कलुसहरं द्रव्यकर्मणां ज्ञानावरणादीनां अज्ञानादेर्भावमलस्य च विनाशनात् कलुषहरं । अहो य रत्तीय पढियव्वमित्यनेन अनारतं अध्ययनं सूचितं ।

अथैवं चतुर्द्धा लिंगं व्याख्याय सांप्रतं क्रमप्राप्तां शिक्षां व्याख्यातुं चतुर्दशमगाथाभिरुपक्रमते ... नवनवनित्याध्ययनाय गृहीतग्रन्थं ग्रन्थं प्रत्यनुज्ञाद् ...

मूलारा०—निउणं निपुणं सूक्ष्मार्थनिरूपकं प्रमाणनयानुगतजीवादिपदार्थनिरूपकत्वात् । सुद्धं पूर्वापरविरोधपुनरुक्तादिद्वात्रिंशद्दोषपरिहेतत्वात् । विउलं विपुलं निक्षेपैकार्थनिरुक्तयनुयोगद्वारनयैर्जीवाद्यर्थानां प्रपंचकत्वात् । णिकाचिदं निकाचितत्वादर्थाधिगाढं । अणुत्तरं नास्त्युत्तरमुत्कृष्टमन्यदस्मादित्यनुत्तरं । परवचसां प्रमाणविरुध्दत्वादि दोषदुष्टतया तदसंभविगुणत्वात् । सव्वहिदं सर्वप्राणिहितं मतांतराणां केषांचिदेव रक्षासूचकत्वात । तथा च तद्ग्रंथः—

यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयंभुवा ॥

यज्ञो हि भूत्यै सर्वस्य तस्माद्यज्ञे वधोऽवधः ॥
अग्निदो गरदश्चैव शस्त्रपाणिर्धनापहः ॥
क्षेत्रदारहरश्चेति षडेते आततायिनः ॥
आततायिनमायांतमपि वेदांगपारगं द्विजम् ।
जिघांसंतं जिघांसीयान्न तेन ब्रह्महा भवेत् ॥

कालसहं द्रव्यभावकर्मगालापकम् ।

अब शिक्षाधिकारका आचार्य विस्तृत वर्णन करते हैं

अर्थ—श्री जिनेश्वरका वचन जीवादि नव पदार्थोंका प्रमाण और नयके आश्रयसे वर्णन करता है. अतः उसको निपुण विशेषण है. जिनवचन शुद्ध है क्योंकि उसमें पूर्वापरविरोधादि बत्तीस दोष बिलकुल नहीं हैं. वह विपुल है अर्थात् नाम स्थापनादि निक्षेप, प्रतिज्ञा हेतु उदाहरणादि अनुमानके अंग, शब्दका व्याकरण द्वारा धातु प्रत्यय विभक्ति इत्यादि रूपसे स्पष्टीकरण, सत्संख्यादिक अनुयोग और नैगम संग्रहादिक नय ऐसे अनेक विकल्पोंसे जीवादिक अर्थोंका सविस्तर विवेचन करता है. अतः उसको विपुल कहते हैं. जिनवचनका प्रत्येक शब्द अर्थसे गाढ भरा हुआ है अतः उसको निकाचित कहते हैं. जिनवचनको छोडकर अर्थात् इससे बढकर उत्कृष्ट किसीका भी वचन नहीं है इसलिये यह अनुत्तर है. अन्यमतोंके वचन पुनरुक्त हैं, अनर्थक–अर्थहीन और पूर्वापरविरोधयुक्त हैं. प्रमाणाविरुद्ध हैं परंतु जिनवचनमें ये दोष नहीं हैं इसलिये यह वचन अनुत्तर है. इस वचनमें सर्व जीवोंका कल्याण करना यह गुण है. इतरोंके मत सर्व जीवोंका रक्षण नहीं करते हैं थोडे जीवोंका ही वे रक्षण करते हैं ' जिघांसन्तं जिघांसीयान्न तेन ब्रह्महा भवेत् ' ' अपनेको मारनेके लिये आवेगा उसको मारना चाहिये इस कृत्यके करनेसे वह मारनेवाला ब्रह्मघाती नहीं होता है. '

यज्ञार्थं पशवः सृष्टा इत्यादि–ब्रह्मदेवने यज्ञ करनेके लिये पशु उत्पन्न किये हैं. यज्ञ सर्वको ऐश्वर्य देता है अतः यज्ञमें प्राणिवध करना हिंसा नहीं है वह अहिंसा ही है.

अग्निदो गरदश्चैवेत्यादि–जो मनुष्य अग्निकेद्वारा दूसरोंके घर जलाता है, जो अन्नमें विष देकर मारता है, जो शस्त्रसे मारता है, जो धन हरण करता है और जो खेत और दूसरेकी स्त्री हरण करता है ऐसे छ प्रकारके

लोकोंको आततायी कहते हैं. ये आततायी लोक यद्यपि वेद जानने वाले ब्राह्मण जातीके भी हो तो भी वे मारनेकी इच्छा रखते हैं अतः उनको मारना चाहिये उनको मारनेसे ब्रह्महत्याका दोष लगता नहीं है. इत्यादिरूप अन्यमतोंके वचन हैं. ये सब वचन पापी ऋषियोंकी दुष्टोक्ति सूचक नहीं हैं.

जिनेश्वरका वचन कलुषहर है अर्थात् ज्ञानावरणादि द्रव्य कर्म, अज्ञानादिक भावकर्मरूपी मलका नाश करता है. इसलिये इसका हमेशा अध्ययन करना चाहिये.

जिनवचनशिक्षायां गुणान्संदर्शयन्नाह -

आदहिदपइण्णा भावसंवरो णवणवो य संवेगो ॥
णिक्कंपदा तवो भावणा य परदेसिगत्तं च ॥ १०० ॥

गद्यम्—सर्वभावहितात्महितावबोधपरिणामसंवरप्रत्यग्रसंवेगरत्नत्रयस्थिरत्वतपोभावना-परदेशकत्वलक्षणा गुणाः सप्त संपद्यन्ते जिनवचनशिक्षया ॥१०१॥

विजयोदया—आदहिदपइण्णा आत्महितप्रतिज्ञानं । इंद्रियसुखं अहितं हितमिति गृह्णन्ति जनाः । दुःखप्रतीकारमात्रं तत् । अल्पकालिकं, पराधीनं, रागानुबंधकारि, दुर्लभं, मलावहं, शरीरायासमात्रं, अशुचिशरीरसंस्पर्शनजं । तत्रास्य बालस्य सुखबुद्धिः । निःशेषदुःखापायजनितं स्वास्थ्यं अमलं सुखमिति नवेत्ति । जिनवचोऽभ्यासात्त्वधिगच्छति । भावसंवरो भावः परिणामः तस्य संवरो निरोधः । ननु परिणाममंतरेण न द्रव्यास्तिति क्षणमात्रमप्यवस्थानं तत्किमुच्यते भावसंवर इति । परिणामविशेषसूत्रितेह भावशब्द इति मन्यते । तथा वक्ष्यति—

' सज्झायं कुव्वंतो पंचेंदीसंवुडो इति ' अशुभकर्मादाननिमित्तपरिणामग्रहणमिह सरागापेक्षया । वीतरागाणां तु केषांचिच्छुद्धोपयोगनिमित्ततया पुण्यास्रवपरिणामसंवरोऽपि ज्ञाप्यः । णवणवो य प्रत्यग्रः प्रत्यग्रः । संवेगो धर्मे श्रद्धा जिनवचनाभ्यासादुपजायते । णिक्कंपदा निश्चलता । क्व रत्नत्रये । तवो स्वाध्यायाख्ये तपश्च । भावणाय भावना च गुणानां । परदेसिगत्तं च परेषामुपदेशकता च ।

अकलुषहरं द्रव्यभावकर्ममलापहरं ।

मूलारः—आदहिदपरिण्णाण आत्महितपरिज्ञानं अज्ञातमशब्देनोपलक्षणाज्जीवाजीवादिपदार्थो गृह्यते । तथा हितशब्देन हितमहिते च तथैवोच्चारणार्थस्योपपत्तेः । भावसंवरो भावोऽत्र सरागापेक्षया पाप

कर्मादानहेतुः परिणामस्तस्य संवरो निरोधः । वीतरागाणां केषांचिच्छुद्धोपयोगनिमित्तत्वया पुण्यास्रवपरिणामसंवरोपि ग्राह्यः । संवेगो धर्मे श्रद्धा । अत्र संसारभीरुतालक्षणसंवेगकारणको धर्मोऽपि संवेगशब्देन मृह्यते । कारणे कार्योपचारात् । निष्कंपदा रत्नत्रये निश्चलत्वं । तवो स्वाध्यायाख्यं तपः । भावणा गुप्तितत्परता । परदेसगत्तं परेषामुपदेशकर्तृत्वं । एते सप्त गुणा जिनवचनाभ्यासाज्जायंते इति संबंधः ।

जिनवचनके अध्ययनसे कोनसे गुण प्राप्त होते हैं इसका वर्णन आचार्य संक्षेपसे करते हैं—

अर्थ—आत्माके हितका ज्ञान जिनवचनसे होता है—लोक अहितकर इंद्रियसुखको हितकर समझते हैं. यह सुख दुःखका केवल प्रतीकार ही है. अल्पकालतक ही रहता है. तदनंतर उसका नाश होता है. इंद्रियां और पदार्थोंके यह आधीन है. रागभावको उत्पन्न करके आत्माको कर्मसे बद्ध करता है. दुर्लभ है. दुर्गतीका भय उत्पन्न करता है. शरीरके आयाससे वह उत्पन्न होता है. अपवित्र शरीरके स्पर्शसे उत्पन्न होता है. ऐसे इंद्रियसुख में अज्ञ जीवोंको सुखबुद्धि हो रही है. संपूर्ण दुःखोंका नाश होनेसे उत्पन्न होनेवाला, आत्मामें हमेशा रहने वाला, निश्चल ऐसे आत्मसुखको अज्ञजन सुख समझते नहीं हैं. परंतु जिनवचनके अभ्याससे भव्यजीवोंको आत्मिक सुखका ज्ञान होता है. इसलिये जिनवचनमें आत्महितप्रतिज्ञा नामका गुण है यह सिद्ध हुवा.

भावसंवर—यह दूसरा गुण है. शंका—भाव पदार्थका परिणमन—संवर—निरोध अर्थात् पदार्थोंका परिणमन होना बंद पडना ऐसा भावसंवरका अर्थ होगा. परंतु यह अर्थ ठीक नहीं है. क्योंकि पदार्थमें यदि परिणमन होना बंद होगा तो वह एक क्षणतक भी अपना अस्तित्व न रख सकेगा. अतः भावसंवर जिनवचनका गुण मानना योग्य नहीं है. उत्तर—यहां भावशब्दका अर्थ आपने जो किया है वह नहीं है. अशुभ कर्मका आस्रव जिनसे होता है ऐसे पापपरिणामोंका-विचारोंका त्याग करना यह भावसंवरका अर्थ यहां प्रस्तुत है. सरागी जीव अशुभ परिणामोंको जिनवचनके अध्ययनसे त्यागते हैं. अतः जिनवचनमें भावसंवर नामका गुण है ऐसा आचार्य कहते हैं. वीतराग अवस्थाको प्राप्त हुए मुनिओंको जिनवचन शुद्धोपयोगके लिये कारण होता है. अतः वीतराग मुनीकी अपेक्षासे पुण्यास्रवके लिये कारण जो परिणाम उनका संवर होना भावसंवर शब्दसे कहा जाता है.

जिनवचनका प्रतिदिन अभ्यास करनेसे नवनव संवेग नामक गुणका लाभ होता है. अर्थात् जिनधर्ममें गाढ श्रद्धा

उत्पन्न होती है. इस जिनवचनके अभ्याससे रत्नत्रयमें निश्चलता प्राप्त होती है. स्वाध्याय नामक तपकी सिद्धि होती है. गुप्तिओंमें भावना होती है और भव्योंको उपदेश देनेका सामर्थ्य पैदा होता है.

आदहिदपइण्णा इत्यस्य व्याख्याने गाथोत्तरा—

णाणेण सव्वभावा जीवाजीवासवादिया तधिगा ॥
णज्जदि इहपरलोए अहिदं च तहा हियं चेव ॥ १०१ ॥
सर्वे जीवादयो भावा जिनशासनशिक्षया ॥
तत्त्वतोऽत्रावबुध्यन्ते परलोके हिताहिते ॥ १०२ ॥

विजयोदया—णाणेण ज्ञानेन । सव्वभावा सर्वे पदार्थाः । जीवाजीवादिगा जीवाजीवास्रवबंधसंवरनिर्जरामोक्षाः । तधिगा तथाभूताः । णज्जंति ज्ञायन्ते । तथा तेनैव प्रकारेण । इहपरलोए इह परस्मिंश्च लोके । अहिदं अहितं । हिदं हितं चेव । ननु च आदहिदपइण्णा इत्यत्र हितस्यैव हि सूचितत्वात् जीवादिपरिज्ञानं असूचितं कथं व्याख्यायते पूर्वमभिहितं हितमनुक्त्वा ? अत्रोच्यते-आत्मा च हितं च आत्महिते तयोः परिज्ञानं इति गृहीतं । न ह्यात्मनो हितमिति । ततो युक्तं व्याख्यातं । एवमपि जीव पद निर्दिष्ट इत्यजीवाद्युपन्यासः कथं ? आत्मशब्दवस्तूपलक्षणत्वाददोषः । जीवाजीवास्रवबंधसंवरनिर्जरामोक्षास्तत्त्वं इत्यत्र सूत्रे आदौ निर्दिष्टो जीवः प्रसिद्धस्तेनोत्तरोपलक्षणं क्रियते । अथवा " जावं सयं समत्तं णाणमणंतत्थविच्छिदं विमलं । रहिदं तु उग्गहादिहिं सुहंति एयंतियं भणियं " इति वचनात् अनंतज्ञानरूपं सुखं यदि हितमिति गृहीतं, तथापि चेतनाया जीवत्वाच्चैतन्यावस्थास्वरूपत्वात् केवलस्यावस्थानात् आत्मा कृतार्थ एव । मोक्षस्तु कर्मणां तदपायसाध्यिगंतव्यः । तत्परिज्ञानमजीवेऽनिर्ज्ञाते न भवति । पुद्गलानामेव द्रव्यकर्मत्वात् तद्वियोगस्य मोक्षत्वात् । स च मोक्षो बंधपुरस्सरः । न ह्यसति बंधे मोक्षोऽस्ति । स च बंधो नासत्यास्रवे । मोक्षस्य चोपायौ संवर निर्जरे । अहितं इति यदि दुःखं गृह्यते तदैहलौकिकमनुभवसिद्धमेव । किं तत्र जिनवचनेन ? अहितकारणं यदहितमुच्यते तत्कर्म तच्चाजीववचनेन आक्षिप्तं । अथ हिंसादयः परंपराकारणत्वेन दुःखस्यावस्थिताः अहितशब्देनोच्यन्ते । तथाप्ययुक्तं आस्रवेऽन्तर्भूतत्वात् । अत्रोच्यते—अनुभूतमपि दृश्यं अस्मिञ्जन्मनि जडमतयो विस्मरंत्यत एव सन्मार्गं न ढौकंते । तेषां स्मृतिर्जन्यते जिनवचनेन मनुजभवापदां प्रकटनेन । जुगुप्सिते कुले प्रादुर्भूतिर्विचित्रास्तत्र रोगोरगदशनजनिता विपदः । निर्द्रविणता, दुर्भगता, अबंधुता, अनाथता, प्रार्थितद्रविणपरांगनालाभधूमध्वजनिर्दग्धचित्तता, द्रविणवतां कुत्सितप्रेषणकरणं, तथापि तेषां आक्रोशननिर्भर्त्सनताडनादीनि परवशतामरणादीन्येवमादिना, इह लोके हितं दानतपःप्रभृतिकं हितकारणं हितं इति यदा गृह्यते ' हितमारण्यमौषधं ' इति यथा । यतो दानादिके कुशलकर्मणि वर्तमाना जनैः स्तूयंते वंद्यंते । उक्तं च—

दानेन तिष्ठति यशांसि लोके । दानेन वैराण्यपि यान्ति नाशम् ॥
परोऽपि बंधुत्वमुपैति दानात्तस्मात्सुदानं सततं प्रदेयम् ॥

ऐश्वर्यधरावयोऽपि प्रणतिमायान्ति तपोद्रविणानाम् । परलोके अहितं भवान्तरभाविदुःखं नरकगतौ हि, तिर्यक्त्वं च, परलोके हितं निर्वृतिसुखं, तदेतत्सकलं अवबोधयति जैनी भगवती भारती ॥

आत्महितपरिज्ञां व्याचष्टे—

मूलारा—तथिया तथाभूताः—

आत्महितमतिज्ञा नामके गुणका वर्णन—

अर्थ—ज्ञानके प्रभावसे जीव, अजीव, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष ऐसे सात पदार्थोंका सत्य स्वरूप जाना जाता है. तथा इसके सामर्थ्यसे इहलोकमें और परलोकमें हिताहितका भी परिज्ञान होता है.

शंका—आदहिदपइण्णा इस शब्दमें हितकारी परिज्ञान करलेना सूचित किया गया है. जीवादिकोंका परिज्ञान उपर्युक्त शब्दसे सूचित नहीं होता है. अतः पूर्वमें कहे हुए हितका स्वरूप प्रथम कहकर ही इतरोंका स्वरूप कहना चाहिये था. यह तो आपका असूचित कथन हुआ ?

उत्तर—आत्महितप्रतिज्ञा इस शब्दका अर्थ ऐसा समझना—यहां द्वंद्वसमास है अर्थात् ' आत्मा च हितं च आत्महिते ' ऐसा आत्महित शब्दका विग्रह होता है. अर्थात आत्मा और हित इन दोनोंका जो ज्ञान उसको आत्महितप्रतिज्ञा कहते हैं. 'आत्मनो हितं' आत्माका हित ऐसा षष्ठीतत्पुरुष समास यहां समझना भूल है.

शंका—आत्महितप्रतिज्ञासे जीवके हितका ज्ञान होना ही अभीष्ट रहा. अजीवादिकोंके ज्ञानकी आवश्यकता न रही ?

उत्तर—आत्मा शब्द उपलक्षणात्मक है अतः उसके साथ अजीवादिकोंका भी ग्रहण कर सकते हैं. ' जीवाजीवास्रवबंधसंवरनिर्जरामोक्षास्तत्त्वं ' इस सूत्रमें प्रथम जीवका निर्देश किया है. इसलिये वह प्रसिद्ध है. प्रसिद्धके साथ अप्रसिद्धकाभी उपलक्षणसे ग्रहण होता है अतः अजीवादिकका भी आत्महितप्रतिज्ञा इस शब्दसे ग्रहण कर सकते हैं.

अथवा केवलज्ञान अनंत पदार्थों को जानता है, वह स्वयं कर्मका नाश करके उत्पन्न हुआ है, पूर्णताको प्राप्त हुआ है, विस्तीर्ण है और कर्ममलसे रहित होनेसे निर्मल है. अवग्रह, ईहा वगैरे विकल्पोंसे

रहित और सर्वथा सुखमय है. ऐसा केवलज्ञानका आचार्य स्वरूप कहते हैं. सुखपदार्थ ज्ञानरूप ही है. वह आत्मा का वास्तविक हित है. अतः वह यहां हितशब्दसे संगृहीत होता है. तथापि चेतना यह जीवका स्वरूप है व चैतन्य रूप अवस्था है. उसको जाननेके लिये आत्माको जानना आवश्यक है. कर्मोंका संपूर्ण नाश होना ही मोक्ष है. उसका स्वरूप अजीव पदार्थको जाने विना समझमें आ नहीं सकेगा. सूक्ष्म पुद्गल ही द्रव्यकर्मरूप बनता है. उसका नाश होनाही मोक्ष है. मोक्ष बंधपूर्वक होता है. यदि कर्मबंध न होगा तो मोक्ष किसको होगा. अर्थात् जो आत्मा कर्म बद्ध है वही कर्मोंका नाश कर स्वतः मुक्त हो जाता है. वह बंधभी कर्मास्रवके विना होता नहीं. संवर और निर्जरा मोक्षके उपाय है.

अहित शब्दका अर्थ यदि दुःख ऐसा है तो वह इहलोकसंबंधी दुःख अनुभवसिद्ध है ही उसको जतलानेकेलिये जिनवचनकी क्या आवश्यकता है ? अहितका जो कारण है वह यदि अहित शब्दका वाच्य है तो कर्म ही अहितका कारण है ऐसा मानना पडेगा. उस कर्मका इसही गाथामें अजीव शब्दसे ग्रहण किया है. यदि हिंसादिक दुःखके परंपरा कारण हैं और वे अहित शब्दसे संगृहीत होते हैं ऐसा कहते हो तो वह भी कहना युक्तियुक्त नहीं है. क्योंकि हिंसादिक कारणोंका आस्रवमें अन्तर्भाव होता ही है. इस शंकाका उत्तर आचार्यने इस प्रकार दिया है—

अनुभवमें आया हुआ भी दुःख अज्ञजन भूल जाते हैं इसीलिये सन्मार्गके प्रति गमन नहीं करते हैं. ऐसे लोगोंको जिनवचन दुःखोंकी स्मृति दिलाता है. अर्थात् वह मनुजभवमें क्या क्या आपदायें आती हैं उनको दिखलाता है. जैसे—जुगुप्सितकुलमें—हीन कुलमें उत्पत्ति होती है. और वहां नानाविध रोगरूपी सर्पके दंशसे अनेक आपत्तियां उपस्थित होती हैं. दारिद्र्य, कुरूपता, बंधुरहितपना, अनाथपना, ये अवस्थायें प्राप्त होती हैं. इच्छित धनकी प्राप्ति होना, परांगनाका लाभ न होनेसे मनमें झुरना, श्रीमान लोगोंके द्वारा कुत्सित कार्य करनेकी आज्ञा होना, उनकी गालियां सुनना, उनके द्वारा किया गया अपमान, पीटे जाना, परवशता इत्यादि दुःखोंको सहन करना पडता है. इत्यादि दुःखोंका स्वरूप जिनवचन अज्ञ जीवोंको बतलाता है.

जैसे अरण्यकी वनस्पतिजन्य औषधि हित करती है वैसे इस लोकमें दान, तप वगैरह कार्य हितके कारण हैं अतः उसको हित कहते हैं. दानादिक पुण्यकार्यमें जो तत्पर रहते हैं उनकी लोक स्तुति और वंदना करते हैं. आगममें इस विषयमें ऐसा कहा है—

दान देनेसे जगतमें दाताकी कीर्ति चिरस्थायी होती है. दानसे वैरका नाश होतर है. शत्रु भी मित्रताको प्राप्त होते हैं अतः इच्छानुसार दानका दान देना चाहिये.

तपरूपी धन जिनके पास है उनको इंद्र चक्रवर्ती वगैरह महापुरुष वंदन करते हैं. हिंसादिक पाप करनेसे परलोकमें दुःख भोगना पडता है. अर्थात् नरकगतीमें नरकावस्थामें दुःख ही दुःख भोगना पडता है. तिर्यग्गतिमें पशु होकर दुःख सहना पडता है. दानादिकसे परलोकमें हित होता है. अन्तमें मोक्षसुख मिलता है. इन सब हिताहितोंका जिनेश्वरकी पूज्य वाणी वर्णन करती है.

आत्महितापरिज्ञाने दोषमाचष्टे—

आदहिदमयाणंतो मुज्झदि मूढो समादियदि कम्मं ॥
कम्मणिमित्तं जीवो परीदि भवसायरमणंतं ॥ १०२ ॥
हिताहितमजानानो जीवो मुह्यति सर्वथा ॥
मूढो गृह्णाति कर्माणि ततो भ्राम्यति संसृतौ ॥ १०३ ॥

विजयोदया—आदहिदमयाणंतो आत्महितमबुध्यमानः । मुज्झदि मुह्यति । अहितं हितमिति प्रतिपद्यते मोहं । को दोष इत्यत आह—मूढो मोहवान् समादियदि समादत्ते । कम्मं कर्मसामान्यशब्दोऽयं अशुभकर्मवृत्तिर्ग्राह्यः । कर्म ग्रहणे को दोष इत्यत आह—कम्मणिमित्तं कर्महेतुकं, जीवः परीदि परिभ्रमति । किं ? भवसायरम् भवसमुद्रं अणंतं अनन्तम् ॥

अत्महितापरिज्ञाने दोषमाचष्टे—

मूलारा—समादियदि समादत्ते सगृह्णान्मनोवाक्कायैरादत्ते गृह्णाति । कम्मं कर्म मोहहेतुकत्वादशुभं । परीदि पर्येति परिभ्रमतीत्यर्थः ।

आत्मा और हितका यदि ज्ञान न हो तो क्या दोष उत्पन्न होगा इस प्रश्नका उत्तर—

अर्थ—जिसको आत्माका और हितका स्वरूप ज्ञात नहीं हुआ है वह जीव मोहित होता है अर्थात् अहितको हित मानता है. मोहसे वह अनंत संसारमें भ्रमण करानेवाले अशुभ कर्मका बंध कर लेता है. तात्पर्य—

मोहयुक्त जीव हिताहित न समझकर अशुभ कर्मसे बद्ध होता है. और वह कर्म जीवको अनंत संसारमें घुमाता है. अतः संसारसे छुटकारा पानेकेलिये आत्मा और हितका परिज्ञान कर लेना आवश्यक है.

आत्महितपरस्योपयोगमादर्शयति—

जाणंतस्सादहिदं अहिदणियत्ती य हिदपवत्ती य ।
होदि य तो से तम्हा आदहिदं आगमेदव्वं ॥ १०३ ॥
हितादानाहितत्यागौ हिताहितविबोधने ॥
यतस्ततः सदा कार्यं हिताहितविबोधनम् ॥ १०४ ॥

विजयोदया—जाणंतस्स जानतः । आदहितं आत्महितं । अहिदणियत्ती य अहितनिवृत्तिश्च । हिदपवत्ती य हिते प्रवृत्तिश्च । होदि य भवति च । तो ततः हितज्ञानात्पश्चात् । तम्हा तस्मात् आदहिदं आत्महितं । आगमेदव्वं शिक्षितव्यम् । अत्र चोद्यते—नन्वात्महितज्ञस्य हिते प्रवृत्तिर्भवतु, अहितान्निवृत्तिः कथं ? अहितज्ञोऽहितान्निवर्तते, हितमहितं च निर्णयन् । यतो भिन्ने न संसक्तमवगते तदन्यदवगतं भवति । यथा—वाग्रेऽवगते न मकारः, भिन्ने च हिताहितं तत्राहितज्ञोऽहितं अजानन् कथमहितसम्बन्धतो निवर्तेत ? अत्रोच्यते सर्वमेव वस्तु स्वपरभावाभावोभयाधीनात्मलाभं यथा घटः पृथुलोदराद्याकारात्मकः पटादिरूपतयाऽग्राह्यः, अन्यथा विपर्ययस्थं तज्ज्ञानं भवेत् । एवमिहापि हितविलक्षणमहितं अजानता तद्विलक्षणता हितस्य न ज्ञाता भवेत् । अतो हितज्ञोऽहितमपि वेत्तीति युक्ता निवृत्तिस्ततः शिक्षाया अशुभभावसंवरहेतुत्वं प्रतिपद्यामहे ।

आत्महितपरिज्ञानस्योपयोगमादिशति—

मूलारा-अहिदणियत्ती अहितान्निवृत्तिः । न चैवं शंक्यं आत्महितज्ञस्य कथमहितान्निवृत्तिस्तत्स्वरूपापरिज्ञानात् । हितं हि अहितविलक्षणं अतस्तज्जानन्नहितमपि जानात्येवान्यथा हितज्ञानस्याप्यसंभवात्पटाद्यपरिज्ञाने तद्विलक्षणघटापरिज्ञानवत् । तो ततो हिताहितज्ञानात्पश्चात् । से तस्य हिताहितमपि जानात्येव । अन्यथा प्रवृत्तिनिवृत्त्यर्थिनः कर्तुः आगमेदव्वं आगमयितव्यं शिक्षितव्यमित्यर्थः ।

आत्महित साधनेमें उद्युक्त हुए प्राणीका उपयोग बताते हैं—

अर्थ—जो जीव आत्माके हितको पहिचानता है वह अहितसे परावृत्त होकर हितमें प्रवृत्ति करता है. इस वास्ते हे भव्यजन हो ! आत्महितका आप परिज्ञान करलो.

यहां शंका जो आत्महित जानता है उसकी हितमें प्रवृत्ति होती है यह कहना योग्य है परंतु जो अहित के स्वरूपको जानता ही नहीं है तो वह उससे कैसे परावृत्त हो सकेगा. जो अहितज्ञ है वही उससे परावृत्त होगा. हित और अहित ये दोनो चीजें भिन्न हैं जो जिससे भिन्न है वह यदि जाना जायगा तो उससे भिन्न अन्य भी कैसा जाना जावेगा ? जैसे वानरका ज्ञान होनेसे मगरका ज्ञान नहीं होता है, वैसे हितसे अहित भिन्न है, अतः हितको जाननेवाला अहितको न जाननेसे अहितसे कैसे परावृत्त होगा ?

उत्तर--सर्व ही वस्तु स्वभावसे उत्पन्न होती है और परभावसे अनुत्पन्न मानी जाती है. अर्थात् स्वस्वरूप की अपेक्षासे प्रत्येक वस्तु भावात्मक है. वही वस्तु परकी अपेक्षासे अभावात्मक भी है. जैसे बडा पेट, शंखाकृति गला इत्यादि स्वस्वरूपसे घट पदार्थ जाना जाता है. यदि वह घट परस्वरूपसे भी जाना जायगा तो वह जानना ' विपरीतज्ञान ' है. अतः घटको जाननेके समयमें ही घट पट नहीं है ऐसा भी ज्ञान होता है. हितको जानते समयमें ही अहित भी हितसे उलटा है यह जाना जाता है. यदि हितके विलक्षणरूप अहितको न जाना जायगा तो हितका ज्ञान नहीं होगा. इसलिये हितज्ञ जीव अहितको भी जानता है ऐसा समझना चाहिये अतः वह अहितसे परावृत्त होता है.

सज्झायं कुव्वंतो पंचिंदियसंवुडो तिगुत्तो य ॥
हवदि य एयग्गमणो विणएण समाहिदो भिक्खू ॥ १०४ ॥

स्वाध्यायं प्रशशः कुर्वन्त्रिगुप्तः पंचसंवृतः ॥
एकाग्रो जायते योगी विनयेन समाहितः ॥ १०५ ॥

विजयोदया—सज्झायं स्वाध्यायं पंचविधं वाचनाप्रश्नानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशभेदेन । तत्र निरवद्यस्य ग्रंथस्य ध्यायने तदर्थाभिधानपुरोगं वाचना । संदेहनिवृत्तये निश्चितबलाधानाय वा सूत्रार्थविषयः प्रश्नः । अवगतार्थानुप्रेक्षणं अनुप्रेक्षा । आम्नायो गुणना । आक्षेपणी, विक्षेपणी, संवेजनी, निर्वेदनीति चतस्रः कथास्तासां कथनं धर्मोपदेशः । तं स्वाध्यायं कुर्वन् । पंचेंद्रियसंवुडो होदि पंचेंद्रियसंवृतो भवति । ननु निष्ठांतस्य पूर्वनिपातात्संवृतपंचेंद्रिय इति भवितव्यम् ? सत्यं । ' जातिकालसुखादिभ्यः परवचनम् ' इत्यनेन पंचेंद्रियजातिवृत्तिरिति जातिवचनः । ततो निष्ठांतः परतः प्रयुज्यते इति मन्यते । इंद्रियमनेकप्रकारं द्रव्येंद्रियं भावेंद्रियं इति । इह तु रूपाद्युपयोगा इंद्रियशब्देनोच्यंते । तेनायमर्थः स्वाध्या-

यन्निरुद्धरूपाद्युपयोगो भवति इति । रूपाद्युपयोगनिरोधे किं फलं ? रागाद्यप्रवृत्तिः । मनोज्ञामनोज्ञरूपाद्युपयोगावलंबनौ रागद्वेषौ । न ज्ञानबुध्यमानो विषयः स्वसत्तामात्रेण तौ करोति । सुप्तेऽन्यमनस्के वा रागादीनां विषयसन्निधावप्यदर्शनात् ।

" गदिमधिगदस्स देहो देहादो इंदियाणि जायंते ॥
तत्तो विसयग्गहणं तत्तो रागो व दोसो वा ॥ "

इति वचनाच्च । कथं स्वाध्याये प्रवर्तमानः । विणएण समाहिदो ज्ञानविनयेन समन्वितो भूत्वा यः स्वाध्यायं करोति । तिगुत्तो य होदि । तिसृभिर्गुप्तिभिर्गुप्तश्च भवति । मनसोऽप्रशस्तरागाद्यनवलेपात्, अनृतरूक्षपरुषकर्कशात्मस्तवनपरदूषणादावव्यापृतेः, हिंसादौ शरीरेणाप्रवृत्तेश्च, एयग्गमणो य होदि भिक्खू इति पदघटना—एकमुख्यांतःकरणश्च भवति भिक्षुः स्वाध्याये रतः । एतदुक्तं भवति—ध्याने प्रवृत्तिमभ्यासादयतीति । न ह्यकृतश्रुतपरिचयस्य धर्मशुक्लध्याने भवितुमर्हतः । अपायोपायभवविपाकलोकसंस्थानादयो धर्मध्यानभेदाः । अपोहवितर्कपृथक्त्वे जिनवचनबलादेव ' शुक्ले चाद्ये पूर्वविदः ' इत्यभिहितत्वाच्च ॥

शिक्षाया अशुभभावसंवरहेतुत्वं विवृण्वन्नाह—

मूलारा—सज्झायं वाचनादिपंचविधं स्वाध्यायं । पंचिंदियसंवुडो पंचापि इंद्रियाणि संवृतानि यथास्वमिष्टानिष्टविषयेभ्यो व्यावर्तितानि येन । तिगुत्तो निगृहीताशुभमनोवाक्कायव्यापारः । एयग्गमणो एकाग्रमनाः ध्यानप्रवृत्तिमानपि स्यादिति भावः । विणएण समाहिदो अष्टविधज्ञानविनयेन संयुक्तः सन्स्वाध्यायं कुर्वन्निति संबंधः ।

जिनवचनका अध्ययन करनेसे अशुभभावोंका संवर होता है इसका आचार्य वर्णन करते हैं—

अर्थ—वाचना, प्रश्न, अनुप्रेक्षा, आम्नाय और धर्मोपदेश ऐसे स्वाध्यायके पांच भेद हैं. जिसके पढनेसे और पढानेसे पापास्रव न होंगे ऐसे ग्रंथको और उसके अर्थको पढा देना वाचना स्वाध्याय है. प्रश्न—जो आगमका विषय मनमें निश्चित किया है उसमें विशेष दृढताके लिये अथवा संशय दूर करनेके लिये सूत्रार्थविषयक प्रश्न आगमज्ञको पूंछना. अनुप्रेक्षा—जो विषय जान लिया है उसका मनमें चिंतन करना. आम्नाय—पढा हुवा विषय बार बार घोकना. धर्मोपदेश—आक्षेपणी, विक्षेपणी, संवेजनी, और निर्वेजनी ऐसी चार धर्मकथायें है. उनका भव्योंको उपदेश देना, यह पांच तरहका स्वाध्याय करनेसे पांचो इन्द्रियां संयम युक्त होती हैं. अर्थात् रूपादि विषयों प्रति ये दौडती नहीं. इन्द्रियसंयमसे नये रागद्वेष आत्मामें उत्पन्न नहीं होते हैं. इष्ट रूपादि वस्तुओंके तरफ जब इंद्रियां प्रवृत्त

होती है तब रागविकार पैदा होता है. अनिष्टरूपादि विषयोंसें द्वेष उत्पन्न होता है. इष्टानिष्ट पदार्थ समीप होनेपर भी यदि उनके तरफ इंद्रियोंका उपयोग न लगेगा तो वे पदार्थ केवल अपने अस्तित्वमात्रसे जीवमें रागद्वेष उत्पन्न करनेमें समर्थ नहीं होते हैं. जिस समय आत्माका दूसरे तरफ मन चला जाता है अथवा वह सोता है उस समय इंद्रिय विषय समीप होनेपर भी रागद्वेष उत्पन्न नहीं होते हैं.

शंका—निष्ठाप्रत्ययांत शब्दके साथ जब समास होता है तब वह शब्द समासमें प्रथम प्रयुक्त होता है अतः ' संवृतपंचेंद्रिय ' ऐसा समस्त शब्द बनेगा. ' पंचेंद्रियसंवृतः ' यह समास योग्य नहीं है.

उत्तर—' जातिकालसुखादिभ्यः परवचनम् ' इस सूत्रसे पंचेंद्रिय शब्द जातिवाचक होनेसे समास करते समय प्रारंभमें पंचेंद्रिय शब्दका प्रयोग किया है. अनंतर निष्ठाप्रत्ययांत संवृत शब्द जोड देनेसे ' पंचेन्द्रिय संवृतः ' ऐसा समस्त शब्द हुआ है. इन्द्रियशब्द जातिवाचक है. इंद्रियके द्रव्येंद्रिय और भावेंद्रिय ऐसे दो भेद हैं. रूप, रस, गंध, स्पर्श और शब्द ये इन्द्रियोंके विषय हैं. अपने अपने विषयोंके तरफ उपयोग लगना यह भावेन्द्रिय है. स्वाध्याय करनेसे इंद्रियनिरोध होता है और इंद्रियनिरोधसे रागादिक विकार उत्पन्न नहीं होते हैं.

चतुर्गतिमें भ्रमण करनेवाले इस जीवको देह प्राप्त होता है. देहकी प्राप्ति होनेसे इंद्रियां उत्पन्न होती हैं. वे अपने अपने विषयको ग्रहण करती हैं. अतः विषयग्रहणसे रागद्वेष उत्पन्न होते हैं.

जो मुनि ज्ञानविनयपूर्वक स्वाध्याय करता है वह त्रिगुप्तिधारक होता है अर्थात् उसका मन अप्रशस्त रागद्वेषादिकोंसे अलिप्त रहता है. उसके मुखसे असत्य, रूक्ष, कठोर, कर्कश, स्वस्तुतिपर और परदूषणात्मक वाणी बाहर आती नहीं. हिंसादि कार्योंमें उसका देह प्रवृत्ति करता नहीं. इस रीतिसे त्रिगुप्ति धारक वह मुनि एक विषयके तरफ अपने मनको स्थिर करके ध्यानमें तत्पर हो जाता है. स्वाध्याय करनेसे श्रुतज्ञानमें परिचय होता है. जब श्रुतज्ञानके साथ यतीका परिचय होता है तब धर्मध्यान और शुक्लध्यानकी प्राप्ति होती है. अपायविचय, उपायविचय, भवविचय, लोकविचय, विपाकविचय वगैरह धर्मध्यानके भेदोंका ज्ञान जिनवचनके सामर्थ्यसे होता है. आगममें ' शुक्ले चाद्ये पूर्वविदः ' अर्थात् चौदह पूर्वोंका श्रुतज्ञान जिसको है ऐसे मुनिराजको धर्मध्यान और शुक्लध्यानकी प्राप्ति होती है ऐसा कहा है.

अत्यप्रसंवेगप्रभवकर्ममाचष्टे—

जह जह सुदमोगाहदि अदिसयरसपसरसंजुदमपुव्वं तु ॥
तह तह पल्हादिज्जदि नवनवसंवेगसड्ढाए ॥ १०५ ॥

अदृष्टपूर्वमुच्चार्थमभ्यस्यति जिनागमम् ॥
यथा यथा यतिर्धर्मे प्रह्लाद्यति तथा तथा ॥ १०६ ॥

विजयोदया—जह जह यथा यथा । सुदं श्रुतं ओगाहदि अवगाहते । शब्दश्रुताभिधेयमधिगच्छतीति यावत् । अदिसयरसपसरं अतिशयरसप्रसरं समयांतरेषु अनुपलब्धोऽर्थोऽतिशयितो रसः । शब्दस्य हि रसोऽर्थः तस्य सारत्वात् आम्रफलादिरस इव । प्रसरशब्देन प्राचुर्यमतिशयितार्थस्य सूचयति । ततोऽयमर्थोऽस्य—अतिशयाभिधेयबहुलं श्रुतमिति । ननु प्रधादिनोऽपरेऽपि स्वसमयमेव प्रशंसन्ति । प्रत्यक्षेणानुमानेन च विरुद्धमर्थस्वरूपं केवलं नित्यत्वमनित्यतां वा निरूपयतामागमानां नातिशयार्थप्रसरता । प्रमाणांतरसंवाद्यागमार्थोऽतिशयितो भवति नापरः । असुदपुव्वं तु अश्रुतपूर्वमेव । ननु भव्यानामभव्यानां च कर्णगोचरतामायात्येव श्रुतं किमुच्यतेऽश्रुतपूर्वमिति ? अर्थश्रुताभिधेयापरिज्ञानाच्छब्दमात्रं श्रुतमप्यश्रुतं इति गृह्यते । तदप्ययुक्तं अर्थोपयोगस्यापि असकृत् ज्ञातत्वात् । अयमभिप्रायः अज्ञानसहचारिबोधाभावाच्छ्रुतमप्यश्रुतमिति । तह तह पल्हादिज्जइ तथा तथा प्रह्लादमुपैति । नवनवसंवेगसड्ढाए प्रत्यग्रतरधर्मश्रद्धया । ननु च संसाराद्भीरुता संवेगः ततोऽयमर्थः स्यादसंबंधः । न दोषः । संसारभीरुताहेतुको धर्मपरिणामः । आयुधनिपातभीरुताहेतुककवच्यग्रहणवत् । तेन संवेगशब्दः कार्ये धर्मे वर्तते ॥

श्रुतावगाहनस्य नवनवसंवेगनिमित्तत्वं प्रतनोति—

मूलारा—उग्गाहदि अवगाहते शब्दसमयादर्थसमयमधिगच्छति ॥ १०३ ॥

नवीन संवेग भी स्वाध्यायसे प्राप्त होता है इसका वर्णन आचार्य करते हैं—

अर्थ—जिनेश्वर के शब्दात्मक श्रुतज्ञानमें अन्य मतोंमें अप्राप्य ऐसा अर्थ भरा हुआ है. जैसा आम्र फलमें रस भरा हुआ रहता है वैसा ही शब्दात्मक श्रुतज्ञानमें सर्वोत्कृष्ट अर्थ भरा हुआ है. यह अर्थरस अन्यमत के शब्दात्मक कुश्रुतमें भरे हुए अर्थकी अपेक्षासे अधिक उत्कृष्ट है.

शंका—जैसे आप अपने मतकी प्रशंसा करते हो वैसे अन्यमती भी आपने ही मतकी प्रशंसा करते हैं. अतः आपके मतकी विशेषता कैसी सिद्ध होगी ?

उत्तर–अन्यमतमें कहा हुवा जीवादिक पदार्थोंका स्वरूप प्रत्यक्ष और अनुमानसे बाधित है. जीवादि पदार्थ सर्वथा नित्य ही है अथवा अनित्य ही है ऐसा उनके आगममें कहा हुआ है. पदार्थ सर्वथा नित्य वा अनित्य सिद्ध नहीं होते हैं. उनका नित्यानित्यपना सिद्ध होता है. जो वस्तुस्वरूप एक प्रमाणसे सिद्ध होता है वही अन्य प्रमाणसे भी सिद्ध हो तो वह वस्तु सातिशय मानी जाती है. और यदि प्रत्यक्ष प्रमाणसे सिद्ध हुवा वस्तु स्वरूप अनुमानादिकसे बाधित होता है तो वह वस्तु सातिशय नहीं है. अस्तु. यह जिनप्रतिपादित शब्दश्रुतज्ञान पूर्व कालमें इस जीवने कभी सुना नहीं है.

शंका—भव्य अथवा अभव्य जीवोंके कर्णपथ पर यह शब्द श्रुत आयाही होगा अतः आप इसको अश्रुतपूर्व नहीं कह सकते हैं. इस शंकाका कोई ऐसा समाधान करते हैं.

"जो शब्द सुने उनके अर्थके तरफ ध्यान नहीं दिया अथवा उनका अर्थ ज्ञात नहीं हुआ तो वह अश्रुतपूर्व ही है" यह समाधान भी योग्य नहीं है. शब्दात्मक श्रुत सुनकर उसके अर्थको भी अनेकवार जान लेते हैं तथापि वह अश्रुतपूर्व ही समझना चाहिये. उपर्युक्त शंकाका परिहार इस प्रकार समझना चाहिये–शब्दात्म श्रुत सुनकर उसके अर्थ को भी समझ लिया परंतु उसके ऊपर यदि श्रद्धा नहीं है तो वह सब सुनकर और जान लेने पर भी अश्रुतपूर्व ही समझना चाहिये. इस शब्दश्रुतके अध्ययनसे अपूर्व अर्थोंका ज्ञान होता है. और उत्तरोत्तर संवेग-धर्मश्रद्धा बढनेसे मनमें बडा आनंद उत्पन्न होता है. संवेग शब्दका अर्थ संसारभीरुता ऐसा होता है परंतु उपर्युक्त अर्थ असंबद्ध दिखता है ऐसी शंका भी ठीक नहीं है. जैसे मेरे अंगपर शस्त्रप्रहार होगा इस भयसे वीरपुरुष कवच धारण करता है अर्थात् शस्त्रप्रहारभय यह कवच धारण करनेका हेतु है वैसे संसारभीरुता यह कारण है और उससे उत्पन्न हुई धर्मश्रद्धा कार्य है. यहां आचार्यने संवेग शब्द कार्यरूप धर्मश्रद्धामें रूढ किया है ऐसा समझना चाहिये.

निष्कंपताख्यानायाह—

आयापायविदण्हू दंसणणाणतवसंजमे ठिच्चा ॥
विहरदि विसुज्झमाणो जावज्जीवं दु णिक्कंपो ॥ १०६ ॥

शुद्धया निःकंपनो भूत्वा हेयादेयविचक्षणः ॥
रत्नत्रयात्मके मार्गे यावज्जीवं प्रवर्तते ॥ १०७ ॥

विजयोदया—आयापायविदण्हू वृद्धिहानिक्रमज्ञः । प्रवचनाभ्यासादेयं रत्नत्रयाभिवृद्धिः एवं तथा हानिरिति यो जानाति असौ, दंसणणाणतवसंजमे श्रद्धाने, ज्ञाने, तपसि, संयमे वा । ठिच्चा स्थित्वा । विहरदि प्रवर्तते । विसुज्झमाणो शुद्धिमुपयान् । जावज्जीवं जीवितकालावधि । तु शब्दोऽन्तं नेयः । णिक्कंपो तु विनिष्प्रकंपो निश्चल एवेति यावत् । निःशंकितत्वादिना दर्शनस्य वृद्धिः, शंकादिना हानिः । अर्थव्यंजनतदुभयशुद्ध्या स्वाध्याये चोपयोगात् ज्ञानवृद्धिः । अनुपयोगादपूर्वार्थाग्रहणाच्च ज्ञानहानिः । तथा चोक्तम्—"पुव्वगहिदं पि णाणं संकुडदं विसुद्धजोगिस्स" इति । तपसो द्वादशविधस्य वृद्धिः संयमभावनया वीर्याविनिगूहनात् ज्ञानोपयोगात् । हानिः पुनस्तद्विपर्ययादैहिककार्यासंगाद्वा । सम्यक् पापक्रियाभ्य उपरमः संयमः । पापक्रियाश्चाशुभमनोवाक्काययोगाः तेन चारित्रं संयमः । 'पापक्रियानिवृत्तिश्चारित्रं इति वचनात् तस्य संयमस्य वृद्धिः पंचविंशतिभावनाभिर्हानिः तासां भावनानां अभावेन । श्रुताद्दिना ज्ञानादीनां गुणदोषं वा न वेत्ति । अज्ञातगुणः कथं गुणानुपबृंहयेत् । अविदितदोषो वा न तांस्त्यजेत् । तेन शिक्षायामादरः कार्यः ।

श्रुताभ्यासाद्दर्शनादिषु निष्कंपतां प्रकाशयति—

मूलारा—आयापायविदण्हू वृद्धिहानिक्रमज्ञः । विहरदि प्रवर्तते प्रकृतत्वाद्दर्शनादावेव । विसुज्झमाणो विशुद्धिं गच्छन् । तु णिक्कंपो । तुरेवार्थे भिन्नक्रमः । निश्चल एवेत्यर्थः । तथाहि-निःशंकितत्वादिना दर्शनस्य वृद्धिः शंकादिना हानिः । अर्थव्यंजनतदुभयशुद्ध्या स्वाध्याये चोपयोगात् ज्ञानस्य वृद्धिरनुपयोगादपूर्वार्थाग्रहणाच्च हानिः । तपसो वृद्धिः संयमभावनया वीर्याविनिगूहनोपयोगाच्च । हानिः पुनस्तद्विपर्ययादैहिककार्यासंगाच्च । संयमस्य वृद्धिर्वाङ्मनोगुप्तीर्यादानेक्ष्यादिनवसूत्र्या निर्दिष्टाभिः प्रतिनियतेतरभावनाभिस्तद्भावे च हानिः ।

स्वाध्यायसे निष्कंपता गुणकी प्राप्ति होती है उसका वर्णन—

अर्थ—स्वाध्याय करनेसे मुनिराजको हानि और वृद्धिका ज्ञान होता है. अर्थात् आगमका अभ्यास करनेसे रत्नत्रयमें वृद्धि कैसी होती है और उसके अभावमें कैसी हानि होती है ऐसा जाननेवाले मुनीश्वर सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, चारित्र और तपमें स्थिर होकर आमरण विशुद्ध परिणामको धारण करनेवाले होकर निश्चलरूपसे रत्नत्रयमें विहार करते हैं. सम्यग्दर्शनके निःशंकितत्वादि गुण आगमाभ्यास करनेसे बढते हैं. आगमाभ्यासके अभावमें शंकादिक दोष उत्पन्न होनेसे सम्यग्दर्शनकी हानि होती है. अर्थशुद्धि, व्यंजनशुद्धि, उभयशुद्धि वगैरह ज्ञान विनयके आठ प्रकार हैं. इनका आश्रय लेकर श्रुतज्ञानमें मन यदि एकाग्र होगा तो सम्यग्ज्ञानकी शुद्धि होगी अन्यथा

श्रुतज्ञानमें एकाग्रता न होनेसे और अपूर्व जीवादिपदार्थका स्वरूप न जाननेसे सम्यग्ज्ञानकी हानि होती है. 'पुव्वगहिदं पि णाणं संकुडइ विजुसजोगिस्स' "सम्यग्ज्ञानकी प्राप्ति पूर्वकालमें हो चुकी हो तो भी अभ्यास छोड देनेसे तथा अपूर्व पदार्थोंका ज्ञान कमानेका प्रयत्न न करनेसे वह पूर्व ज्ञान संकुचित होता है" ऐसा आगमवचन है. संयमकी भावनासे तपकी वृद्धि होती है. अपनी शक्ति न छिपाना, ज्ञानाभ्यासमें तत्पर रहना, ऐहिक कार्योंमें अनासक्त रहना यह भी तपोवृद्धिके लिये कारण है. और इसके विरुद्ध प्रवृत्ति करनेसे तपमें हानि होती है. पापक्रियाओंसे विरक्त होना यह संयम है. मन, वचन और शरीर इन तीन योगोंकी अशुभ प्रवृत्तीका त्याग करना चारित्र है 'पाप क्रियानिवृत्तिश्चारित्रं' ऐसा आगमका वचन है. प्रत्येक अहिंसादिव्रतोंकी पांच पांच भावनायें हैं. ऐसी पच्चीस भावनाओंके अभ्याससे चारित्रकी उन्नति होती है. भावनाओंका अभ्यास न करनेसे चारित्र हानिके मार्गका आश्रय करता है. श्रुतका अभ्यास न करनेसे ज्ञानादिकोंके गुण दोषोंका परिज्ञान होता नहीं. गुणोंका ज्ञान न होनेसे मुनि उनको उन्नति शिखर पर नहीं ले जा सकते. दोषोंका ज्ञान न होगा तो उनका वे कैसा त्याग कर सकेंगे. अत एव ज्ञानाभ्यासमें आदर करना चाहिये.

जिनवचनशिक्षा तपः इत्येतदुच्यते—

बारसविहम्मि य तवे सब्भंतरबाहिरे कुसलदिट्ठे ॥
ण वि अत्थि ण वि य होहिदि सज्झायसमं तवो कम्मं ॥ १०७ ॥

तपस्यभ्यन्तरे बाह्ये स्थिते द्वादशधा तपः ।
स्वाध्यायेन समं नास्ति न भूतं न भविष्यति ॥ १०८ ॥

विजयोदया—बारसविहम्मि य द्वादशप्रकारे । तवे तपसि । सब्भंतरबाहिरे सहाभ्यन्तरबाह्यैर्वर्तते इति साभ्यन्तरबाह्ये । बाह्यमभ्यंतरं वा तपो मुक्त्वा किमन्यत्तपो नाम यत्ताभ्यां सह वर्तते इत्युच्यते ? तपःसामान्यं विशेषैः सह वर्तते इत्युच्यते । अजानदंतत्वात् अभ्यर्हितत्वाच्च अभ्यंतरशब्दस्य पूर्वनिपातोऽल्पस्वरत्वेऽपि बाह्यशब्दस्य । कुसलदिट्ठे संसारः, संसारकारणं, बंधो, बंधकारणं, मोक्षस्तदुपायः इत्यस्य वस्तुनि ये कुशलाः सर्वविदस्तैरुपदिष्टे । सज्झायसमं स्वाध्यायेन सदृशं । तवोकम्मं तपःक्रिया । ण वि अत्थि नैवास्ति । ण वि य नैव । होहिदि भविष्यति । नाप्यासीदिति कालत्रयेऽपि स्वाध्यायसदृशस्यान्यस्य तपसोऽभावः कथ्यते । अत्र चोद्यते—स्वाध्यायोऽपि तपो अनशनाद्यपि तपो बुद्धेरविशेषात् कर्मतपनसा-

सर्वस्यातिशेषात् । किमुच्यते स्वाध्यायसदृशं तपो नेति ? कर्मनिर्जराहेतुत्वातिशयापेक्षया सदृशमन्यत्तपो नेवास्तीत्यभिप्रायः । तपो नाम किमात्मपरिणामो भवेत् वा न ? आत्मपरिणामत्वे कथं कस्यचिद्बाह्यता ? अनात्मपरिणामत्वे न निर्जरां कुर्यात् घटादिवदित्यत्रोच्यते -आत्मपरिणाम एव तपः कथं तर्हि बाह्यता ? बाह्याः सद्धर्ममार्गाद्ये जनाः तैरप्यवगम्यत्वात् बाह्यमित्युच्यते नग्नत्वादि । बाह्यैराचरणात् . सन्मार्गश्च अभ्यंतराः । तदवगम्यत्वात् घटादिवत्तैराचरितत्वाद्वा बाह्याभ्यंतरमिति सूत्राभिप्रायः ।

तीर्थोपात्तश्रुतस्यैव स्वाध्यायाख्यं तपः स्यादतस्तन्माहात्म्यमभिष्टौति—

मूलारा—सब्भेतरबाहिरं अभ्यंतराः सन्मार्गज्ञास्तदधिगम्यत्वात्तैरेवाचरितत्वाद्वा प्राधान्येनान्तर्द्रव्याश्रितत्वाद्वा तपोऽभ्यन्तरमुच्यते । बाह्याः सन्मार्गबहिर्भूताः तदवगम्यत्वात्तैरेवाचरितत्वाद्वा प्राधान्येन बाह्यद्रव्याश्रितत्वाद्वा बाह्यं तपः । अभ्यंतरं च बाह्यं च अभ्यंतरबाह्ये सह ताभ्यां वर्तमानं तपः सामान्यापेक्षया तथोक्तम् । कुसलदिट्ठं सर्वज्ञोपदिष्टं । ण वि य । अत्र च शब्दान्नाप्यासीत् इति ग्राह्यम । सज्झायसमं कर्मनिर्जराहेतुत्वातिशयापेक्षया कायक्लेशेऽपि स्वाध्यायेन तुल्यं नान्यत्तपोऽस्तीत्यभिप्रायः ॥ ध्यानस्य तस्मादुत्कृष्टत्वेऽपि तत्पूर्वकत्वादप्राधान्यमत्र विवक्षितं ॥

जिनरचनाका शिक्षण लेना यह तप है ऐसा आचार्य कहते हैं.

अर्थ संसार और उसके कारण, बंध और उसके कारण, मोक्ष और उसके उपाय इनको जाननेवाले गणधरादिक आचार्य बारा प्रकारके बाह्य और अभ्यंतर तपश्चरणोंमें स्वाध्याय नामका तप ही ऐसा है कि जिसके बराबरी करनेवाला दूसरा तप पूर्व कालमें हुआ नहीं और आगे न होगा व संप्रति वर्तमानकालमें नहीं है ऐसा निरूपण करते हैं. अर्थात् तीनों कालमें भी स्वाध्यायके समान दुसरा तप जगतमें है ही नहीं.

गाथामें ' सब्भेतरबाहिरम्मि ' ऐसा समस्त शब्द है. इसका अर्थ अभ्यंतर व बाह्य तपसे युक्त तप ऐसा होता है. यहां अभ्यंतर तप और बाह्य तप इन दोनोंको छोडकर तिसरा तप है ही नहीं तो अभ्यंतर और बाह्य तपसे युक्त तप ऐसा अर्थ करना अनुचित है ? इस शंकाका उत्तर—तपरूप सामान्य बाह्य और अभ्यंतर तप ऐसे विशेषोंसे युक्त होनेसे ' सब्भेतरबाहिरम्मि ' यह तपका विशेषण योग्य है.

शंका—स्वाध्याय भी तप है और अनशनादिक भी तप ही है दोनोंमें भी कर्मको संतप्त करनेका सामर्थ्य है अतः स्वाध्यायके समान अन्य तप नहीं है यह कहना क्या उचित है ? उत्तर—स्वाध्याय तप करनेसे

जितनी कर्म निर्जरा होती है उतनी अन्य तप करनेसे होती नहीं है अतः अन्य तप इसके समान नहीं है ऐसा कहना क्या अयोग्य है ?

शंका—तप यह आत्माका परिणाम है या नहीं ? यदि तप आत्मपरिणाम रूप है तो कुछ तप अभ्यंतर है और कुछ तप बाह्य है ऐसे भेद मानना अयोग्य है. यदि उनको आत्मपरिणामात्मकता नहीं है तो वे घटादिकके समान बाह्यही मानने चाहिये फिर अभ्यंतर तप रहाही नहीं ?

उत्तर—तप यह आत्माका परिणाम है तो तपको बाह्यपना किस रीतसे समझे ? सद्धर्म मार्गमें जो जन अन्तरंग हुए हैं अर्थात् जिनधर्म धारण न करनेवाले ऐसे मिथ्यात्वी लोकोंके 'बाह्य' कहते हैं. वे ना जो तपश्चरण करते हैं वह बाह्य तप है. अर्थात् अनशन अवमोदर्य वगैरह तपको बाह्य तप कहते हैं. अथवा बाह्य गृहस्थ उनके द्वारा जिनका आचरण किया जाता है ऐसे अनशनादि तपको बाह्य कहते हैं. सन्मार्ग मुक्तिमार्ग—रत्नत्रय इसको जाननेवाले मुनि जिसका आचरण करते हैं ऐसे तप 'अभ्यंतर तप' इस शब्दसे कहे जाते हैं. ऐसा आचार्यका अभिप्राय है.

प्रतिज्ञामात्रेण स्वाध्यायस्यान्यतपोभ्योऽतिशयितता न सिध्यतीति मन्यमानं प्रति अतिशयसाधनायाह—

जं अण्णाणी कम्मं खवेदि भवसयसहस्सकोडीहिं ॥
तं णाणी तिहिं गुत्तो खवेदि अंतोमुहुत्तेण ॥ १०८ ॥
छट्ठट्ठमदसमदुवालसेहिं अण्णाणियस्स जा सोही ॥
तत्तो बहुगुणदरिया होज्ज हु जिमिदस्स णाणिस्स ॥ १०९ ॥

यद्भवैर्भवकोटीभिर्यदज्ञानेन हन्यते ।
हंति ज्ञानी त्रिभिर्गुप्तस्तत्कर्मान्तर्मुहूर्ततः ॥ १०९ ॥
षष्ठाष्टमादिभिः शुद्धिरज्ञानस्यास्ति योगिनः ॥
ज्ञानिनो वल्गमानस्य प्रोक्ता बहुगुणा ततः ॥ ११० ॥

विजयोदया—जं यत् । अण्णाणी सम्यग्ज्ञानरहितः । कम्मं कर्म । खवेदि क्षपयति । भवसदसहस्सकोडीहिं भवशतसहस्रकोटिभिः । तं तत् कर्म । णाणी सम्यग्ज्ञानवान् तीहिं गुत्तो त्रिगुप्तियुक्तः । खवेदि क्षपयति । अंतोमुहुत्तेण अन्तर्मुहूर्तमात्रेण । झटिति कर्मशातनसामर्थ्यं तपसोऽन्यस्य न विद्यते इत्ययमतिशयः स्वाध्यायस्य ॥

अर्थवादमात्रमेतद्भविष्यतीति परो मा मंस्तेति झटिति कर्मशातनशक्तिलक्षणातिशयसमर्थनार्थमिदमाह—

मूलारा—अण्णाणी सम्यग्ज्ञानरहितः ।

अनशनमात्रतपोव्यग्रहृदयप्रबोधनाय ततोऽतिशयितां शक्तिं स्वाध्यायस्य प्रख्यापयन्नाह—

मूलारा—छट्ठेत्यादि—षष्ठे द्वावुपवासौ, अष्टमे त्रयो, दशमे चत्वारो, द्वादशे पंच, उपलक्षणात्त्रयोदशचतुर्दशयोरपि। बहुगुणदरिया बहुगुणतरा। होज्ज भवेत्। जिमिदस्स भोजनं कुर्वतः । णाणिस्स स्वाध्यायपरिणतस्य । इमां गाथां टीकाकारो न मन्येत । पूर्वगाथोक्तातिरिक्तस्यार्थस्य अत्रानभिधानात् ॥

केवल प्रतिज्ञासे स्वाध्यायकी अन्य तपसे विशिष्टता सिद्ध नहीं होती है ऐसे समझनेवालोंके लिये आचार्य स्वाध्याय तपकी महत्ता दिखाते हैं

अर्थ—सम्यग्ज्ञानसे रहित जीव लक्षावधि कोटि भवोंमें जितने कर्मोंका क्षय करने में समर्थ होता है ज्ञानी जीव तीन गुप्तिओंसे युक्त होकर अन्तर्मुहूर्त मात्र कालमें शीघ्र उतने कर्मोंका क्षय करता है. अभिप्राय यह है कि, स्वाध्याय तपको छोडकर अन्य तपमें शीघ्र कर्मका नाश करनेका सामर्थ्य नहीं है. यह स्वाध्याय तपका अतिशय है. दो, तीन, चार, पांच उपवाससे पक्षोपवास, मासोपवास वगैरह उपवास करनेवाले सम्यग्ज्ञानरहित मिथ्यादृष्टिकी अपेक्षा भोजन करनेवाला, स्वाध्याय तपमें तत्पर ऐसा सम्यग्दृष्टि परिणामोंकी अधिक विशुद्धि कर लेता है. तात्पर्य यह है कि, सम्यग्दृष्टि जीवको सम्यग्दर्शनके साथ सम्यग्ज्ञानका भी साहाय्य मिलनेसे वह यद्यपि थोडासा तपश्चरण करता है तो भी विषयवासनासे रहित होनेसे अपने आत्माको उत्तरोत्तर अधिकाधिक निर्मल परिणामोंसे विशुद्ध करता है. उसका कर्म उत्तरोत्तर असंख्येय गुणित पद्धतीसे निर्जीर्ण होता है. और उसको बंध कम २ होता जाता है. परंतु मिथ्यादृष्टिजीव विषयवासनाके वश होकर तप करता है. श्रद्धा व सम्यग्ज्ञानके आधारपर उसका तप अधिष्ठित नहीं है अतः उसका आत्मा सम्यग्दृष्टीके समान विशुद्ध नहीं होता है.

स्वाध्याये उद्यतो गुप्तिभावनायां प्रवृत्तो भवति तत्र च वृत्तस्य रत्नत्रयाराधनं सुखेन भवति इत्युत्तरगाथया कथयति—

सज्झायभावणाए य भाविदा होंति सव्वगुत्तीओ ॥
गुत्तीहिं भाविदाहिं मरणे आराधओ होदि ॥ ११० ॥

स्वाध्यायेन यतः सर्वा भाविताः सन्ति गुप्तयः ॥
भवत्याराधना मृत्यौ गुप्तीनां भावने सति ॥ १११ ॥

विजयोदया—मनोवाक्कायव्यापाराः कर्मादानहेतवः सर्व एव व्यावर्तंते स्वाध्याये सति, ततो भाविता भवन्ति गुप्तयः । कृताभिमतादियोगत्रयनिरोधश्च रत्नत्रय एव वर्तते इति सुखसाध्यता । अनंतकालाभ्यस्ताशुभयोगत्रयस्य कर्मोदयसहायव्यावर्तनमतिदुष्करं स्वाध्यायभावनैव क्षमा कर्तुमिति भावः । सज्झायभावणाए य स्वाध्यायभावनया वा । भाविदा भाविताः । होंति भवन्ति । सव्वगुत्तीओ सर्वगुप्तयः । गुत्तीहिं गुप्तिभिः । भाविदाहिं भाविताभिः । मरणे मरणकाले । आराधगो रत्नत्रयपरिणामाराधनपरः । होदि भवति ॥

स्वाध्यायभावनां विना अनादिकालाभ्यस्तमशुभयोगत्रयं कर्मोदयसहायमन्येन केनापि व्यावर्तयितुं न शक्यते इत्युपदेष्टुमाचष्टे—

मूलारा-आराधओ रत्नत्रयाराधनापरः ।

स्वाध्यायमें तत्पर मुनि गुप्ति भावनामें प्रवृत्ति करता है. जब गुप्तिमें वह तत्पर होता है तब उसको रत्नत्रयकी आराधना सुखसे होती है. यही अभिप्राय आगे की गाथा कहती है—

अर्थ—स्वाध्याय करनेसे कर्मको ग्रहण करने वाली मन वचन और शरीरकी सर्व प्रवृत्तियां बंद होजाती हैं. इनके बंद होनेसे गुप्तियोंका अभ्यास मुनि कर सकते हैं. शरीरादिकके द्वारा स्वयं कार्य करना, दूसरोंके द्वारा कराना और स्वयं कार्य करने वालोंको सम्मतिप्रदान करना इन तीन योगोंका निरोध रत्नत्रयकी प्राप्तिसे होजाता है. यह रत्नत्रय स्वाध्यायसे मुनि स्वतःमें प्रगट करते हैं. मन वचन शरीरकी प्रवृत्तियां अर्थात् तीन प्रकारके अशुभ योग और उनको मिलनेवाला कर्मका सहाय्य ये सब स्वाध्यायके बलसे नष्ट होते हैं. अभिप्राय यह है कि, स्वाध्याय से सर्व गुप्तियां मिल जाती हैं. गुप्तियां प्राप्त होनेसे मरणकालमें आत्मा रत्नत्रयका आराधक होता है.

स्वाध्यायभावनारतः परस्योपदेशको भवन् इतरोऽस्य कमुपकारं परस्य संपादयेदन्यस्य परस्योपदेशकत्वे किमस्यायातमित्यत्राह—

आदपरसमुद्धारो आणा वच्छल्लदीवणा भत्ती ।
होदि परदेसगत्ते अव्वोच्छित्ती य तित्थस्स ॥ १११ ॥
जिनाज्ञा स्वपरोत्तारा भक्तिर्वात्सल्यवर्द्धनी ॥
तीर्थप्रवर्तिका साधोर्ज्ञानतः परदेशना ॥ ११२ ॥

इति शिक्षासूत्रम् ॥

विजयोदया—आदपरसमुद्धारो आत्मनः परस्य वा उद्धरणमुद्दिश्य व्यापृतः स्वाध्याये स्वकर्माण्यपि स्वाध्यानि परेषामप्युपयुक्तानां । आणा " श्रेयोर्थिना हि जिनशासनवत्सलेन कर्तव्य एव नियमेन हितोपदेश " इत्याज्ञा सर्वविदां, सा परिपालिता भवतीति शेषः । वच्छल्लदीवणा वात्सल्यप्रभावना परेषामुपदेशकत्वे कृता भवति । भत्ती भक्तिश्च कृता भवति जिनवचने तदभ्यासात् । होदि भवति । परदेसगत्ते परेषामुपदेष्टृकत्वे सति । अव्वोच्छित्ती य अव्युच्छित्तिश्च । तित्थस्स तिसु चिट्ठदित्ति तित्थं मोक्षमार्गः श्रुतं वा । श्रुतमपि रत्नत्रयनिरूपणे व्यापृतत्वात् तत्रस्थं भवति । ततोऽयं अर्थः—श्रुतस्य मोक्षमार्गस्य वा अव्युच्छित्तिरिति ॥ सिक्खा गदा ॥

एवं स्वाध्यायभावनाप्रवृत्तया त्रिगुप्तिभावनया मरणकाले सुखप्राप्यामाराधनां प्रदर्श्येदानीं परोपकारोऽपि स्वोपकारकरंबितः स्वाध्यायपरस्य परोपदेशकत्वे सति भवतीत्युपदिशति—

मूलारा—आदपरसमुद्धारो आत्मनः परस्य च संसारदुःखादुद्धरणमपेक्ष्य स्वाध्याये प्रवृत्तः स्वस्येव परेषामप्युपयुक्तानां कर्माणि शातयतीति तात्पर्यं । आणा श्रेयोर्थिना जिनशासनवत्सलेन कर्तव्य एव हितोपदेश इति सर्वविदामाज्ञा सा परिपालिता भवतीति शेषः । भत्ती जिनवचनविषयेति शेषः । परदेसगत्ते परेषामुपदेशकत्वे सति । तित्थस्स श्रुतस्य मोक्षमार्गस्य वा ॥ शिक्षा । सूत्रतः ३ । अंकतः १२ ॥

स्वाध्याय भावनामें आसक्त मुनि इतरोंको कोनसा उपदेश देता है तथा दूसरोंको उपदेश देनेसे इसको क्या लाभ होता है ? इस प्रश्नका आचार्य उत्तर देते हैं—

अर्थ—स्वाध्याय करनेवाले मुनि परोपदेश देकर आगे लिखे हुए गुणगणोंको प्राप्त कर लेते हैं. परोपदेशक मुनि सामायिकादिक आवश्यक कर्मके द्वारा खुदकी संसारसे मुक्ति कर लेता है और आवश्यकर्ममें तत्पर इतर

मुनिओंको उपदेशदानसे संसारसे छुडाता है. अतः आत्मपरसमुद्धार यह गुण परोपदेशकपनेसे मुनिको मिलता है.

आज्ञागुण—" जिनमतपर प्रीति रखनेवाले मोक्षेच्छु मुनिओंने नियमसे हितोपदेश करना चाहिये " ऐसी श्रीजिनेश्वरकी आज्ञा है उसका पालन धर्मोपदेश देनेसे होता है.

वात्सल्य प्रभावना—परोपदेशसे वात्सल्य और प्रभावना इन गुणोंका लाभ होता है. अर्थात् साधर्मिक बांधवोंपर प्रेम व्यक्त होता है तथा उनका अज्ञानांधकार दूर करनेसे प्रभावना गुण भी प्राप्त होता है.

भक्ति—जिनवचनका अभ्यास करके परोपदेश करनेवाले मुनिका जिनवचनमें अनुराग प्रगट होता है.

अव्युच्छित्ति—' तिसु चिट्ठदित्ति तित्थं ' सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनोंमें रहने वाला जो मोक्षमार्ग उसको त्रिस्थ किंवा तीर्थ कहते हैं. अथवा जिनागम भी तीर्थ है क्योंकि वह भी रत्नत्रयका वर्णन करनेमें तत्पर रहता है. उस को त्रिस्थ अथवा तीर्थ कहते हैं. धर्मोपदेशदानसे श्रुत और मोक्षमार्गकी परंपरा टिक सकती है. शिक्षाका प्रकरण समाप्त हुआ.

लिंगग्रहणानंतरं ज्ञानसंपत्तिः कार्या, ज्ञानसंपदि वर्तमानेन विनयोऽनुष्ठातव्यः । स च पंचप्रकार इत्याह—

विणओ पुण पंचविहो णिद्दिट्ठो णाणदंसणचरित्ते ॥
तवविणओ य चउत्थो चरिमो उवयारिओ विणओ ॥ ११२ ॥

विनयो दर्शने ज्ञाने चारित्रे तपसि स्थितः ॥
उपचारे च कर्तव्यः पंचधापि मनीषिभिः ॥ ११३ ॥

विजयोदया—विनयत्यपनयति यत्कर्माशुभं तद्विनयः । तथा चोक्तं—" जह्मा विणेदि कम्मं अट्ठविहं चाउरंग मोक्खो य " इति । पुण पश्चात् जिनवचनाभ्यासोत्तरकाले । पंचविहो पंचप्रकारः । णिद्दिट्ठो निर्दिष्टः । णाणदंसणचरित्ते विषयलक्षणेयं सप्तमी । ज्ञानदर्शनचारित्रविषयः ॥ तवविणओ य तपसि विनयश्च ॥ चउत्थो चतुर्थः । चरिमो अन्त्यः ॥ उवयारिओ विणओ उपचारविनयश्चेति ॥

अर्हेण लिंगमादाय समभ्यस्तश्रुतेन तत्फलभूतो मोक्षांगतया विनयोऽनुष्ठेयः इति तत्प्रपंचार्थं गाथाद्वयोविंशतिमादिशति ॥ तत्र तावन्निरुक्तिगम्यं विनयस्य सामान्यलक्षणं विषयभेदात्तद्भेदांश्च निर्देष्टुमाह—

मूलारा–विणओ–अशुभकर्माणि विनयत्यपनयतीति विनयः । इति निरुक्तिगम्यमपि तल्लक्षणं श्लोकेनोच्यते—

हिताहितातिलुप्त्यर्थं तदंगानां सदांजसा ॥
यो माहात्म्योद्भवे यत्नः स मतो विनयः सताम् ॥

पुण शिक्षानंतरम् ।

लिंगधारण करनेपर ज्ञान प्राप्त कर लेना चाहिये. ज्ञानसंपत्ति धारण करनेवालोंने विनय अवश्य करना चाहिये. वह विनय पांच प्रकारका है—

अर्थ—' विनयत्यपनयति यत्कर्म अशुभं तद्विनयः ' जो अशुभ कर्मको विनयति अर्थात् दूर करता है, नष्ट करता है ऐसे कर्तव्यको विनय कहते हैं. आगममें विनयके विषयमें ऐसा कहा है. ' जम्मा विणेदि कम्मं अट्ठविहं चाउरंग मोक्खो य' अर्थात् जो आठ प्रकारके ज्ञानावरणादि कर्मोंका नाश करता है और मिथ्यात्व, अविरति प्रमाद और योग जिसके कारण है ऐसे संसारसे जो आत्माको छुडाता है वह विनय है.

विनयकी निरुक्ति आचार्योंने इस तरहसे कही है. इस विनयके पांच प्रकार हैं ज्ञानविनय, दर्शनविनय, चारित्रविनय, तपोविनय और उपचारविनय.

ज्ञानभेदानाचष्टे—काले स्वाध्यायवाचनकालोऽह कालशब्देन गृह्यते । अन्यथा कालमन्तरेण कस्यचिदपि वृत्त्यभावात् कालग्रहणमनर्थकं स्यात् । भवतु नाम कालविशेषः कालशब्दवाच्यः तथापि नासौ विनयो न कर्म व्यपनयतीति, यदि व्यपनयेत्सर्वस्याकर्मवत्तां प्राप्नुयात्—

काले विणये उवधाणे बहुमाणे तहे व णिण्हवणे ॥
वंजण अत्थ तदुभये विणओ णाणम्मि अट्ठविहो ॥ ११३ ॥

ज्ञानीयो विनयः काले विनयेऽवग्रहे मतः ॥
बहुमानेऽनपह्नुत्यां व्यंजनेऽर्थे द्वयेऽष्टधा ॥ ११४ ॥

विजयोदया—काले इति सप्तम्यंतं पदं । तेन वाक्यशेषपुरस्सरोऽयं सूत्रार्थो जायते । साध्याहारत्वात् सर्वसूत्राणां । काले अध्ययनमिति । परिवर्जनीयत्वेन निर्दिष्टे काले संध्यापर्वदिग्दाहोल्कापातादिके परिहृत्याध्ययनं कर्म विनयति इति । विणए इति प्रथमान्तः विनयः श्रुतश्रुतधरमाहात्म्यस्तवनं श्रुतश्रुतधरभक्तिरिति यावत् ।

उवहाणे अवग्रहः । यावदिदमनुयोगद्वारं निष्ठामुपैति तावदिदं मया न मोक्तव्यं, इदं अनशनं चतुर्थषष्ठादिकं करिष्यामीति संकल्पः । स च कर्म व्यपनयतीति विनयः ।

बहुमाणे सन्मानं । शुचेः कृतांजलिपुटस्य अनाक्षिप्तमनसः सादरमध्ययनं । तह तथा ।

अणिण्हवणे अनिह्नवश्च निह्नवोऽपलापः । कस्यचित्सकाशे श्रुतमधीत्यान्यो गुरुरित्यभिधानमपलापः ।

वंजण अत्थ तदुभये व्यंजने शब्दप्रकाशनं । अर्थः शब्दवाच्यः, तदुभयशब्देन व्यंजनमर्थश्च निर्दिश्यते । वंजण अत्थतदुभये व्यंजने च अर्थश्च तदुभयं चेति द्वंद्वे कृते सर्वो द्वंद्वो विभाषया एकवद्भवतीति एकवद्भावार्थस्य एकवचनं कृतं । अर्थशब्दस्य अजाद्यदंतत्वाद्ल्पाच्तरत्वाच्च पूर्वनिपातप्रसंग इति चेन्न, सर्वतोऽभ्यर्हितं पूर्वं निपतति इति व्यंजनशब्दः पूर्वं प्रयुज्यते । कथमभ्यर्हितं ? स्वयं परप्रत्ययहेतुत्वात्स्वयं च शब्दश्रुतादेर्ज्ञार्थयाथात्म्यमर्थति परं चावबोधयति । अत्र च वंजणअत्थतदुभये सुद्धी इति शेषः ।

तत्र व्यंजनशुद्धिर्नाम यथा गणधरादिभिर्द्धीधिशद्दोपबृंहितानि सूत्राणि कृतानि तेषां तथैव पाठः । शब्दश्रुतस्यापि व्यज्यते ज्ञायते अनेनेति ह्रस्वे ज्ञानशब्देन गृहीतत्वात् तन्मूले हि श्रुतज्ञानं ।

अथ अर्थशब्देन किमुच्यते ? व्यंजनशब्दस्य सान्निध्यादर्थशब्दः शब्दाभिधेये वर्तते, तेन सूत्रार्थोऽर्थ इति गृह्यते । तस्य का शुद्धिः ? विपरीतरूपेण सूत्रार्थनिरूपणायां अवधारण्यनिरूपणा या अवैपरीत्यस्य अर्थशुद्धिरित्युच्यते । सूत्रार्थनिरूपणायाः शब्दश्रुतत्वाद्विपरीतनिरूपणापि व्यंजनशुद्धिरेव भवतीति नार्थशुद्धिः कदाचिदिति चेत्, न परकृत शब्दश्रुताविपरीतपाठे व्यंजनशुद्धिस्तदर्थनिरूपणाया अवैपरीत्यं अर्थशुद्धिः । प्रत्ययश्रुते तु अर्थयाथात्म्यमतिभासोऽर्थशुद्धिः ॥

तदुभयशुद्धिर्नाम तस्य व्यंजनस्य अर्थस्य च शुद्धिः ।

ननु व्यंजनार्थशुद्धयोः प्रतिपादितयोः तदुभयशुद्धिर्गृहीता न तद्व्यतिरेकेण तदुभयशुद्धिर्नामास्ति ततः कथमष्टविधता ? अत्रोच्यते पुरुषभेदापेक्षयेयं निरूपणा—

कश्चिदविपरीतं सूत्रार्थं व्याचष्टे सूत्रं तु विपरीतं । तस्यैषा न कार्यमिति व्यंजनशुद्धिरुक्ता । अन्यस्तु सूत्रमविपरीतं पठन्नपि निरूपयत्यन्यथा सूत्रार्थं इति तन्निराकृतयेऽर्थशुद्धिरुदाहृता । अपरस्तु सूत्रं विपरीतमधीते सूत्रार्थं च कथयितुकामो विपरीतं व्याचष्टे तदुभयापाकृतये उभयशुद्धिरुपन्यस्ता । अयमष्टप्रकारो ज्ञानाभ्यासपरिकरोऽष्टविधं कर्म विनयति व्यपनयति विनयशब्दवाच्यो भवतीति सूरेरभिप्रायः ।

यदि ज्ञानादिभेदात्पंचधा विनयस्तर्हि ज्ञानविनयः कतिधेति प्रश्ने सत्याह—

मूलारा—काले संध्यापर्वदिग्दाहोल्कापातादेः सूत्रेतिनिषिद्धादन्यत्र यथोक्ते काले अध्ययनं कालविनय इति व्याख्येयं सोपस्कारत्वात्सूत्राणां ।

विणए प्रथमांतोऽपरेऽपि च श्रुतश्रुतधरभक्तिरित्यर्थः ।

उवहाणे अवग्रहविशेषः यावदिदमनुयोगद्वारं समाप्यते तावदिदं मया न भोक्तव्यमिदं वानशनादिकं करिष्यामीति संकल्पः । बहुमाणे गुरोः कृतांजलिपुटस्याव्याक्षिप्तचित्तस्य सादरमध्ययनं । अणिण्हवणे अन्यतः श्रुतमधीत्यान्यस्य गुरोः कथने निह्नवनं गुरोरपलापस्तद्विपर्ययः । पंचमो विनयः । वंजणअत्थतदुभये सुद्धी इत्यध्याहार्यं । तेन व्यंजनशुद्धिरर्थशुद्धिः शब्दार्थोभयशुद्धिरित्यमी अर्था ज्ञानभेदाः । तत्र व्यंजनशुद्धिर्यथोक्तसूत्रपठनं । अर्थशुद्धिः सम्यक्सूत्रार्थनिरूपणा । तदुभयशुद्धिर्यथोक्तं सूत्रं पठतः सम्यक्तदर्थप्रतिपादनं । कश्चिद्धि सूत्रं विपर्यस्यति तदर्थं तु सम्यग्व्याचष्टे । अन्यस्तु सूत्रं सम्यगधीयानोऽपि तदर्थमन्यथा कथयति । अपरः पुनः सूत्रमर्थं च विपर्यस्यतीति पुरुषभेदापेक्षया नयापरिहारेण ज्ञानविनयभेदत्रयमुपपद्यते । अष्टविधो अयमष्टप्रकारो ज्ञानाभ्यासपरिकरो ' जह्मा विणेदि कम्मं अट्ठविधं तेण विणओ गो ' इति वचनादष्टविधं कर्म विनयतीति विनयो ज्ञानविषय इति सूरेरभिप्रायः ।

ज्ञानविनयके भेद कहते हैं—

अर्थ—काल, विनय, उपधान, बहुमान, अनिह्नव, व्यंजन, अर्थ, तदुभय ऐसे ज्ञानविनयके आठ भेद हैं. कालविनय—यहां कालशब्दसे स्वाध्यायकाल यह अर्थ समझना चाहिये. अन्यथा कालके बिना कोई भी पदार्थ अपना अस्तित्व रखनेमें असमर्थ है अतः काल शब्दके ग्रहणको वैयर्थ्य आवेगा. कारण काल तो हमेशा ही रहता है उसका उल्लेख करनेकी कुछ भी जरूरत नहीं थी अतः काल शब्दसे स्वाध्यायकालका अर्थात् कालविशेषका यहां ग्रहण किया है.

शंका—कालशब्दसे विशिष्ट कालका ग्रहण करे तो भी कुछ हर्ज नहीं है. परंतु उसको विनय क्यों कहना चाहिये ? क्योंकि वह अशुभ कर्मको दूर नहीं करता है. यदि वह अशुभ कर्मको दूर करेगा तो सर्व प्राणि मात्र कर्मरहित हो जावेंगे.

उत्तर—यहां काल शब्द सप्तम्यंत समझना चाहिये तथा उसके आगे ' अध्ययन ' यह शब्द जोड देना चाहिये. सर्व सूत्र संक्षेपमें रचे जाते हैं अतः ऊपरसे भी कुछ शब्द जोडने पडते हैं. ' काले ' इसका मतलब ' काले अध्ययनं ' ऐसा समझना चाहिये. संध्याकाल, पर्वकाल, दिशादाह, उल्कापात इत्यादि वर्जनीय कालका परिहार करके अन्य कालमें यदि स्वाध्याय, व्याख्यान, पठन, भजनादिक करनेसे अशुभ कर्म नष्ट होता है.

विनय—श्रुतज्ञान और श्रुतधर अर्थात् श्रुतकेवली इनके माहात्म्यका स्तवन करना. अर्थात् श्रुतभक्ति पढना चाहिये.

उपधान—विशेष नियम धारण करना. जबतक यह अनुयोगका प्रकरण समाप्त होगा तबतक मैं उपवास करूंगा अथवा दो उपवास करूंगा इस तरहसे संकल्प करना यह विनय अशुभ कर्मको दूर करता है.

बहुमानविनय—पवित्रतासे, हाथ जोडकर, मनको एकाग्र करके बडे आदरसे अध्ययन करना.

अनिह्नव—अपलाप करना निह्नव है. एक आचार्यके पास अध्ययन करके अन्य आचार्यका नाम लेना यह निह्नव है ऐसे दोषका त्याग करना अनिह्नवविनय है.

व्यंजन, अर्थ, तदुभय विनय—शब्दको व्यंजन कहते हैं, शब्दका जो वाच्य वह अर्थ है. जैसे मनुष्य शब्दका वाच्य आदमी ऐसा होता है. शब्द और उसके अर्थको तदुभय कहते हैं. गाथामें वंजण, अत्थ, तदुभय इन शब्दोंमें द्वंद्वसमास किया है. सर्व द्वंद्वसमास विभाषासे एकवचनयुक्त होता है इस व्याकरणके नियमानुसार ' वंजण अत्थ तदुभये ' इस समासमें एकवचन किया है.

शंका—यहां अर्थ शब्द स्वरादि व अल्पस्वर युक्त होनेसे वंजण इस शब्दके पूर्व उसका निवेश होना चाहिये. इस शंकाका उत्तर ऐसा है—' सर्वतोऽभ्यर्हितं पूर्वं निपतति ' इस परिभाषासे वंजण—शब्द अभ्यर्हित अर्थात् महत्त्वयुक्त होनेसे वही अर्थशब्दके पूर्वमें प्रयुक्त किया है. व्यंजनको अर्थात् शब्दको महत्त्व—प्राधान्य क्यों है ? इस प्रश्नका उत्तर यह है कि शब्दके द्वारा हम दूसरोंको समझा सकते हैं और स्वयं शब्दश्रुतादिके सहायसे पदार्थका यथार्थ स्वरूप जान लेते हैं.

व्यंजनशुद्धि—गणधरादि आचार्योंने पचीस दोषोंसे रहित सूत्रोंका निर्माण किया है उनको दोष रहित पढना व्यंजन शुद्धि है. शब्दोंको कोई भी ज्ञान नहीं कहते है अतः शब्दोंकी शुद्धि ज्ञानविनयमें कैसी अन्तर्भूत कर सकोगे ऐसी शंका यहां उपस्थित होती है. इसका उत्तर इस प्रकार है—शब्दके द्वारा ही हम वस्तुको जान लेते हैं. ज्ञानोत्पत्तिके लिये शब्द कारण हैं. समस्त श्रुतज्ञान शब्दके भित्तीपर ही खडा हुवा है अतः शब्दोंको ' ज्ञायतेऽनेन ' इस विग्रहसे ज्ञान कह सकते हैं.

अर्थशुद्धि—अर्थशब्दसे हम क्या समझे ? अर्थशब्द व्यंजनशब्दके समीप होनेसे शब्दोंका उच्चार

होनेपर मनमें जो अभिप्राय उत्पन्न होता है वह अर्थशब्दका भाव है. अर्थात् गणधरादिरचित सूत्रोंके अर्थको यहां अर्थ समझना चाहिये. अर्थशुद्धिका अर्थ इस मुजब समझना—विपरीतरूपसे सूत्रार्थके निरूपणामें अर्थ ही आधार भूत है अतः ऐसी निरूपणा अर्थशुद्धि नही है. किंतु यथार्थरूपसे जो सूत्रार्थका विवेचन होता है वही अर्थ शुद्धि है संशय, विपर्यय अनध्यवसायादि दोषोंसे रहित सूत्रार्थनिरूपणको अर्थशुद्धि कहते हैं.

शंका—सूत्रार्थनिरूपण भी शब्द श्रुत है इसलिये अविपरीतनिरूपण भी व्यंजनशुद्धि ही है. उसको अर्थशुद्धि समझना भूल है. इस शंकाका उत्तर—

शब्द श्रुतके वाक्योंका जो अविपरीत उच्चार किया जाता है वह व्यंजनशुद्धि है. और उन वाक्योंका जो अविपरीत रूपसे अर्थ समझाया जाता है वह अर्थशुद्धि है अर्थात् वाक्योंके शब्दोंका स्पष्ट उच्चार, दीर्घह्रस्वादिकको ध्यानमें लाकर जो उच्चारण किया जाता है वह व्यंजनशुद्धि है. और उनका अभिप्राय बतानेके लिये जो अविपरीत शब्दोच्चार किया जाता है वह अर्थशुद्धि है.

ज्ञानश्रुतमें जो अर्थकी सत्यताका अनुभव आता है वही अर्थशुद्धि है.

तदुभयशुद्धि— व्यंजनकी शुद्धि और उसके वाच्य अभिप्रायकी जो शुद्धि है वह उभयशुद्धि है. शंका—उपर व्यंजनशुद्धि और अर्थशुद्धि इन दोनोंका स्वरूप आप कह चुके हैं उनमें ही इसका भी अन्तर्भाव हो सकता है. इन दोनोंको छोडकर तदुभय शुद्धि नामकी तीसरी शुद्धि है नहीं. अतः ज्ञानविनयके आठ प्रकार सिद्ध नहीं होते हैं.

उत्तर—यहां पुरुषभेदोंकी अपेक्षासे निरूपण किया है

खुलासा—जैसे कोई पुरुष सूत्रका अर्थ तो ठीक कहता है परंतु सूत्रको विपरीत पढता है ठीक पढना नहीं. दीर्घोच्चारके ध्यानमें ह्रस्वोच्चार इत्यादि दोषयुक्त बोलता है ऐसा दोषयुक्त पढना नहीं चाहिये इस वास्ते व्यंजनशुद्धि कही है. दूसरा कोई पुरुष सूत्रको ठीक पढलेता है. परंतु सूत्रार्थ का विपरीत निरूपण करता है वह भी योग्य नहीं है इसका निराकरण करनेके लिये अर्थशुद्धि कही है. तीसरा अदमी सूत्रभी विपरीत पढता है और उसका अर्थ भी अंटसंट कहता है. इन दोनो दोषोंको दूर करनेके लिये तदुभयशुद्धिको मित्र मानना चाहिये. ज्ञानाभ्यासके ये आठ प्रकार आठ प्रकारके कर्मोंको आत्मासे दूर करते हैं इसलिये इनको विनयशब्दसे संबोधन करना सार्थक है ऐसा आचार्योंका अभिप्राय है.

दर्शनविनयसूचनपरोत्तरगाथा—

उवगूहणादिया पुव्वुत्ता तह भत्तियादिया य गुणा ॥
संकादिवज्जणं पि य णेओ सम्मत्तविणओ सो ॥ ११४ ॥

उपबृंहादितात्पर्यं भक्त्यादिकरणोद्यमः ॥
सम्यक्त्वविनयो ज्ञेयः शङ्कादीनां च वर्जनम् ॥ ११५ ॥

विजयोदया—उवगूहणादिगा उपबृंहणादिकाः । उपबृंहणं, स्थितिकरणं, वात्सल्यं, प्रभावना चेत्येते । पुव्वुत्ता पूर्वाचार्यैरुक्ताः पूर्वोक्ताः । अस्मात् सूत्रात्पूर्वेण वा सूत्रेण " उवगूहणठिदिकरणं वच्छल्लपभावणा भणिदा " इत्यनेनोक्ताः पूर्वमुक्ताः । पूर्वोक्तो वा सम्मत्तविणओ सम्यक्त्वविनय इति संबंधनीयं । तथ भत्तियादिगा य गुणा तथा भक्त्यादिकाश्च गुणाः विनयस्तथा ते तत्प्रकारेण अवस्थिताः इति । अर्हदादिविषया भक्त्यादिगुणा इति यावत् । संकादिवज्जणं पि य शंकादिवर्जनं च । चशब्दः पादपूरणः। णेओ ज्ञेयः ॥ सम्मत्तविणओ सम्यक्त्वविनय इति ॥ उपबृंहणादीनां भक्त्यादीनां च गुणानां बहुत्वात् तेषामेव च विनयत्वात् समत्तविणया इति वाच्यमिति चेत्, विनयसामान्यापेक्षया तस्यैकत्वादेकवचनेन पदसंस्कारः कृतो न निवर्तते । न च पदांतरवाच्यापेक्षया बहुत्वमस्तीत्येतावता अप्रतिषिद्धा सुब्व्युत्पद्यते । तथा च प्रयोगः वृक्ष एव वनमिति ॥

सम्यक्त्वविनयं निर्दिशति—

मूलाराधना—स्पष्टम् ।

दर्शनविनयकी सूचना करनेवाली गाथा—

अर्थ—उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना ऐसे सम्यग्दर्शनके चार गुण पूर्वाचार्योंने कहे हैं तथा इस ग्रंथके कर्ताने भी पीछे ' उवगूहणाठिदिकरणं वच्छल्ल पभावणा गुणा भणिदा ' इस गाथामें इनका वर्णन किया है. अर्हदादिकी भक्ति, पूजा, वर्णजनन वगैरह गुणोंका भी वर्णन पीछे विशदतया किया है इन सबोंको दर्शनविनय कहते हैं. शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, परदृष्टिप्रशंसा व अनायतनसेवन ऐसे सम्यग्दर्शनके पांच दोष हैं इनका त्याग करना यह भी दर्शनविनय है.

शंका—उपगूहनादिगुण, भक्त्यादिगुण इनकी संख्या बहुत है और ये ही दर्शनविनयके स्वरूप है अतः गाथामें ' सम्मत्तविणओ ' ऐसा एकवचनका प्रयोग अयोग्य है. ' सम्मत्तविणया ' ऐसा बहुवचनमें प्रयोग होना चाहिये.

उत्तर—विनयसामान्यकी अपेक्षासे सम्यक्त्वविनयको एक समझकर 'समत्तविणओ' यह एकवचनमें प्रयोग किया है. अतः एकवचनरूप क्रिया हुवा पदसंस्कार अब बदलता नहीं है.

चारित्रविनयनिरूपणाय गाथा—

इंदियकसायपणिधाणं पि य गुत्तीओ चेव समिदीओ ॥
एसो चरित्तविणओ समासदो होइ णायव्वो ॥ ११५ ॥
कुर्वतः समितीर्गुप्तीः प्रणिधानस्य वर्जनम् ॥
चारित्रविनयः साधोर्जायते सिद्धिसाधकः ॥ ११६ ॥

विजयोदया—इंदियकसायपणिधाणं पि य । इंद्र आत्मा तस्य लिंगमिंद्रियं । यत्करणं तत्कर्तृमद्यथा—परशुः । करणं च चक्षुरादिकं । तेनास्य कर्त्रा केनचिद्भाव्यमिति । तच्च द्विविधं द्रव्येंद्रियं भावेन्द्रियमिति । तत्र द्रव्येन्द्रियं नाम निर्वृत्त्युपकरणो मसूरिकादिसंस्थानो यः शरीरावयवः कर्मणा निर्वर्त्यते इति निर्वृत्तिः । उपक्रियतेऽनुगृह्यते ज्ञानसाधनमिंद्रियमनेनेत्युपकरणं अक्षिपक्ष्मशुक्लकृष्णतारकादिकं । भावेंद्रियं नाम ज्ञानावरणक्षयोपशमविशेषोपलब्धिः, द्रव्येंद्रियनिमित्तरूपाद्युपलब्धिश्च । इह इंद्रियशब्देन मनोज्ञरूपादिसान्निध्येन रागकोपानुगरूपादिनिर्भासाः प्रतीतयो गृहीताः । कषंति हिंसंति आत्मक्षेत्रमिति कषायाः । अथवा तरुणं बालकलरसः कषायः, कषाय इव कषाय इत्युपमाद्वारेण क्रोधादौ वर्तते कषायशब्द उपमार्थः । यथा कषायो वस्त्रादेः शौक्ल्यशुद्धिमपनयति, निराकर्तुं चाशक्यस्तद्वदात्मनो ज्ञानदर्शनशुद्धिं विनाशयति, आत्मायत्तञ्च दुःखेनापोह्यते इति । यथा वा पटादेः स्वैर्यं करोति कषायस्तद्वदेव कर्मणां स्थितिप्रकर्षमात्मनि निदधाति क्रोधादिः । इन्द्रियाणि च कषायाश्च इन्द्रियकषायाः । इन्द्रियकषाययोः अप्रणिधानं अनाक्षेपः आत्मनो व्यापारितेंद्रियकषायापरिणतिः । गुत्ती चेव गुप्तयश्च संसारकारणादात्मनो गोपनं गुप्तिः ।

संसारस्य द्रव्यक्षेत्रकालभावभवपरिवर्तनस्य कारणं कर्म ज्ञानावरणादि तस्मात्संसारकारणादात्मनो गोपनं रक्षा गुप्तिरित्याख्यायते । भावे क्तिः, अपादानसाधनो वा, यतो गोपनं सा गुप्तिः । गोपयतीति कर्तृसाधनो वा क्तिन् । शब्दार्थव्यवस्थेयम् । किं स्वरूपं तस्या इति चेत् । सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः । कायवाङ्मनःकर्मणां प्राकाम्यामावो नियहः, यथेष्टचारिताभावो गुप्तिः । सम्यगिति विशेषणात्पूजाप्रसरार्थं क्रियां संयतो महानयमिति यशश्चानपेक्ष्य पारलौकिकामिंद्रियसुखं वा क्रियमाणा गुप्तिरिति कथ्यते । इति सूत्रयो व्यवस्थिताः । रागकोपाभ्यां अनुपप्लुता नोइंद्रियमतिः मनोगुप्तिरिति श्रुतज्ञे । एवं चार्षं वक्ष्यति सूत्रकारो 'जा रागादिणियत्ती मणस्स जाणाहि तं मणोगुत्ति' मिति । अनृतपरुषकर्कशमिथ्यात्वासंयमनिमित्तवचनानां अवक्तृता वाग्गुप्तिः । अप्रमत्ततया यदप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितभूभागेऽचंक्रमणं, द्रव्यांतरादाननिक्षेपशयनासनक्रियाणां अकरणं कायगुप्तिः कायोत्सर्गो वा ।

समितीओ समितयः । प्राणिपीडापरिहारादरवतः सम्यगयनं प्रवृत्तिः समितिः । सम्यग्विशेषणाज्जीवनिकाय स्वरूपज्ञानश्रद्धानपुरस्सरा प्रवृत्तिर्गृहीता । ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोत्सर्गाः पंचसमितयः । " ईर्यादिसमितीनां वाक्कायगुप्तिभ्यां अविशेषस्ततो भेदेनोपादानमनर्थकं, प्राणिपीडाकारिण्याः कायक्रियाया निवृत्तिः कायगुप्तिः, ईर्यादिसमितयश्च तथाभूतकायक्रियानिवृत्तिरूपाः" अत्रोच्यते—निवृत्तिरूपा गुप्तयः प्रवृत्तिरूपाः समितयः इति भेदैः विशिष्टा गमनभाषणाभ्यवहरणग्रहणनिक्षेपणोत्सर्गक्रियाः समितय इति उच्यन्ते । पसो एसः । चरित्तविणओ चारित्रविनयः । समासदो संक्षेपतः । णादव्वो ज्ञातव्यः । होदि भवति ।

इंद्रियकषायाप्रणिधानं मनोगुप्तिरेव किमर्थं पृथगुच्यते ? सत्यम् । वाक्कायगुप्त्योरेव गुप्तीओ इत्यनेन परिग्रहः । अथवा रागद्वेषमिथ्यात्वाद्यशुभपरिणामविरहो मनोगुप्तिः सामान्यभूता । इंद्रियकषायाप्रणिधानं तद्विशेषः । सामान्यविशेषयोश्च कथंचिद्भेदात्र पौनरुक्त्यं । मनोगुप्तावन्तर्भूतस्यापि इंद्रियकषायाप्रणिधानस्य भेदेनोपादानं चारित्रार्थिनोऽवश्यं परिहार्यत्वख्यापनार्थं वा ।

ननु त्रयोदशविधं चारित्रं पंच महाव्रतानि, पंच समितयः, तिस्रो गुप्तयः इति । ततः समितीनां गुप्तीनां चारित्रत्वे चारित्रविनय इति कथं भेदेनाभिधानं ? व्रतान्येवान्यत्र चारित्रशब्देनोच्यंते । तेषां परिकरत्वेनावस्थिताः गुप्तयः समितयश्चेति सूत्रकारस्याभिप्रायः । तथा चोक्तमन्यैः ' कर्मादाननिमित्तक्रियाभ्यश्च विरतिः अहिंसादिभेदेन पंचप्रकारा गुप्तिसमितिविस्तारसंक्षेपो भवति । कश्चारित्रविनयन्यास इति चेत् पंचविंशतिभावनाः । ' तत्स्थैर्यार्थं भावनाः पंच पंचेति ' निरूपिताः ॥

चारित्रविनयं निरूपयति—

मूलाराधना—इंदियकसायपणिधाणं इह इंद्रियशब्देन मनोज्ञामनोज्ञरूपादिसान्निध्ये रागद्वेषानुगतरूपादिनिर्भासाः प्रतीतयो गृहीताः । कषायाश्च भावक्रोधादयः तेष्वप्रणिधानमपरिणतिरात्मन इंद्रियकषायाप्रणिधानं । कसायपणिधानमित्यत्र शकंध्वादित्वात्पररूपं । अन्ये तु प्रणिधानशब्देनात्र निरोधं व्याचक्षते । इंद्रियकषायनिरोध इत्यर्थः । तस्य च मनोगुप्तावन्तर्भूतस्यापि भेदेनोपादानं चारित्रार्थिनोऽवश्यकार्यत्वख्यापनार्थं । चारित्रशब्देन चात्र व्रतान्येवेष्टानि तेषां च परिकरत्वेनावस्थिता गुप्तयःसमितयश्चेति सर्वं सुस्थम् । अन्यैस्तु पंचविंशतिभावनाश्चारित्रविनय उक्तः ॥

चारित्रविनयनिरूपण करनेके लिये आचार्य आगेकी गाथा कहते हैं—

अर्थ– आत्माको इंद्र कहते हैं, इस इंद्रका जो चिह्न अर्थात् आत्माका स्वरूप पहिचाननेका जो साधन वह इंद्रिय है, यह इंद्रिय करण है, जो जो करण होता है वह कर्तासे युक्त रहता है, क्योंकि कर्ताको क्रिया करने में जिससे साहाय्य मिलता है वह करण है, इस करणके विना कर्ता क्रिया नहीं कर सकता है, जैसे देवदत्त जब

लकडी तोडता है तब वह कुल्हाडीका साहाय्य लेता है. बिना कुल्हाडिके वह लकडी नहीं काट सकता है. इसलिये जैसे देवदत्त कर्ता और कुल्हाडी करण है वैसे आत्मा कर्ता है क्योंकि वह पदार्थोंको जाननेकी क्रिया करता है और इंद्रियां पदार्थ जाननेमें आत्माको साहाय्य करती हैं इसलिये वे करण हैं. यहां इंद्रियोंके द्रव्यइंद्रिय और भाव इंद्रिय ऐसे दो भेद कहे हैं.

द्रव्येन्द्रिय—मसूर, यवनाल, खुरपा इत्यादि पदार्थोंके आकारके समान नेत्र, कर्ण, जीभ वगैरे द्रव्येन्द्रियोंका आकार है. वे निर्वृत्ति और उपकरणसे युक्त रहती हैं. और वे शरीरके अवयवरूप मानी गयी हैं. तात्पर्य यह है कि, आत्माके प्रदेश इन्द्रियाकार हो जाना यह अभ्यंतरनिर्वृत्ति है. और उसके ऊपर पुद्गलोंकी जो इन्द्रियाकार रचना होती है वह बाह्यनिर्वृत्ति है. निर्वृत्तिओंका जिससे रक्षण होता है वह उपकरण है. उसके भी दो भेद हैं. बाह्य उपकरण व अभ्यंतर उपकरण. जैसे नेत्रमें तारका, काला और सफेद जो भाग है वह अभ्यंतर उपकरण है. अक्षिपत्र-पापनी, भौंहें वगैरह बाह्योपकरण है. ज्ञानके साधनभूत इंद्रियोंको जो सहायप्रदान करते हैं उसको उपकरण कहते हैं. यह द्रव्येन्द्रियका स्वरूप है.

भावेन्द्रिय—आत्मामें ज्ञानावरण कर्मका जो विशिष्ट क्षयोपशम प्रगट हुवा है वह तथा द्रव्येन्द्रियके सहारेसे रूपादिकोंका जो ज्ञान होता है वह भावेंद्रिय है'

यहां मनचाहे रूपादि पदार्थोंका सान्निध्य होनेसे जो रागद्वेषसहित ज्ञान होता है वह इंद्रियशब्दका अर्थ है.

कषाय—' कषन्ति हिंसंति आत्मक्षेत्रं इति कषायाः ' जो आत्माका घात करते हैं वे कषाय हैं. क्रोधादिक विकार आत्माका अहित करते हैं अतः उनको कषाय कहते हैं. अथवा वृक्षोंकी छालीसे जो रस निकलता है उसको कषाय कहते हैं. वह चिकण होनेसे वस्त्रमें लगनेपर निकलता नहीं है. उपर्युक्त उपमाके द्वारा क्रोधादिकोंको भी कषाय कहते हैं.

जैसे कषायरस वस्त्रको लगनेपर उसका सफेदपना, स्वच्छता नष्ट होते हैं और वह रस भी वस्त्रसे निकालना अशक्य है. वैसे क्रोधादिकषाय भी आत्माके ज्ञान और दर्शनगुणकी निर्मलताको नष्ट करते हैं. और इन कषायोंका आत्माके साथ संबंध होनेपर वहांसे बडे कष्टसे दूर होसकते हैं. जैसे कषायरससे वस्त्रादिकोंमें दृढता

आती है. वैसे ये क्रोधादि कषाय आत्मामें ज्ञानावरणादि कर्मको स्थिर करते हैं. अर्थात् कषायसे ही कर्मकी काल-स्थिति बढती है. ऐसे कषाय और इंद्रियोंमें मनकी एकाग्रता न होने देना चाहिये अर्थात् इंद्रियोंके विषयमें प्रवृत्ति होनेसे आत्मामें राग द्वेष उत्पन्न होजाते हैं. वे न होने देवें. रागद्वेषरूप परिणति आत्मामें न होना यह इंद्रिय प्राणिधान है. और कषायवश न होकर आत्माकी ज्ञानशुद्धि और दर्शन शुद्धि कायम रखना यह कषायप्रणिधान है.

गुप्ति—संसारके कारणोंसे आत्माका रक्षण करना यह गुप्ति है द्रव्यपरिवर्तन, क्षेत्रपरिवर्तन, कालपरिवर्तन, भावपरिवर्तन और भवपरिवर्तन ऐसे संसारके पांच भेद हैं (इसका आगे ग्रंथकार वर्णन करेंगे.) ज्ञानावरणादि कर्म समूह संसारका कारण है. इससे आत्माका रक्षण करना यह गुप्ति है. ' संसारकारणादात्मनो गोपनं गुप्तिः ' यह गुप्तिका लक्षण है. ' भावे क्तिः ' इस सूत्रसे भाव अर्थमें क्ति प्रत्यय जोड देनेसे गुप्ति यह शब्द सिद्ध हुआ है. अथवा अपादानकारकमें भी इस गुप्तिशब्दकी सिद्धि होती है. ' यतो गोपनं सा गुप्तिः ' अर्थात् संसारकारणोंसे आत्माका बचाव करना वह गुप्ति है. किंवा कर्ता कारकमें भी यह शब्द सिद्ध होता है. ' गोपयतीति गुप्तिः ' आत्मा ही संसारकारणोंसे अपनेको बचाता है अतः आत्मा ही गुप्ति है. यहां कर्तृकारकमें गुप् धातूके आगे क्तिन् प्रत्यय जोड देनेसे गुप्ति शब्द सिद्ध होता है. इस रीतीसे गुप्तिशब्दके अर्थका विवेचन किया है.

गुप्तिका स्वरूप क्या है? उत्तर—' सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः ' शरीर, वचन और मनकी यथेष्ट प्रवृत्तिको रोकना यह गुप्ति है. सम्यक् यह विशेषण योगनिग्रहका है. यह महान् तपस्वी है ऐसा समझकर लोक मेरी पूजा करेंगे. मेरी सर्वत्र कीर्ति फैलेगी, ऐसी अपेक्षा मनमें धारण करके जो योगनिग्रह किया जाता है अथवा पारलौकिक सुखकी इच्छासे जो योगनिग्रह किया जाता है उसका निषेध करनेकेलिये सम्यक् यह विशेषण योगनिग्रह शब्दके पीछे जोडा है. उपर्युक्त इच्छाओंका त्याग करके जो गुप्ति पाली जाती है वह संवरका कारण होती है अन्यथा नहीं. ऐसा आचार्योंका उपदेश है.

मनोगुप्ति—राग और कोपसे अलिप्त ऐसे मानसिकज्ञानको मनोगुप्ति कहते हैं. ग्रंथकार भी आगे ' जा रागादिणियत्ती मणस्स जाणाहि तं मणोगुत्ती ' इस सूत्रमें मनोगुप्तीका लक्षण कहेंगे. मनमें जो रागादि विकार उत्पन्न होते हैं उनका नियमन करना मनोगुप्ति है ऐसा समझना चाहिये.

वचनगुप्ति—असत्य, मनको दुःखित करनेवाली और कठोर वाणीको मुंहसे न निकालना, तथा मिथ्यात्व और असंयम उत्पन्न करनेवाली वाणी मुंहसे न निकालना वचनगुप्ति है.

कायगुप्ति—सावधान होकर देखभाल न की हुई जमीनपर तथा न झाडी हुई अप्रासुक जमीनपर गमन करना, उससे वस्तु उठा लेना, रखना, सोना बैठना इत्यादि क्रियाओं का त्याग करना यह कायगुप्ति है अथवा शरीरपरसे ममत्व छोडना—अर्थात् कायोत्सर्ग करना यह भी कायगुप्ति है. ये तीनो गुप्तियां भी चारित्रविनय हैं.

समिति—प्राणिओंको पीडा न होवे ऐसा विचार करके दयाभावसे अपनी सर्व प्रवृत्ति जो करता है वह साधु समितिधारक माना जाता है. ' प्राणिपीडापरिहारादरवतः सम्यगयनं प्रवृत्तिः समितिः ' यह समितीका लक्षण है. इस लक्षणमें जो समितिका सम्यक् यह विशेषण है उसका भाव ऐसा है—जीवोंके भेद और उनके स्वरूप के ज्ञानके साथ श्रद्धान गुण सहित जो पदार्थ उठाना, रखना, गमन करना, बोलना इत्यादिक प्रवृत्ति की जाती है वही सम्यक् है. ईर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आदाननिक्षेपसमिति और एषणासमिति ऐसी पांच समितियां हैं.

शंका—ईर्यादिसमितिओंकी वाग्गुप्ति और कायगुप्ति इन दोनोंसे कुछ विशेषता नहीं है. अतः दोनोंको अलग अलग दिखाना व्यर्थ है. प्राणिओंको पीडा करनेवाली प्रवृत्तिओंका त्याग करना यह कायगुप्ति है. और ईर्यादि समितिओंमें भी प्राणिपीडा करनेवाली देह प्रवृत्तियां त्यागी जाती हैं. अतः दोनोंमें अविशेषता ही मालूम होता है.

उत्तर—गुप्तियां निवृत्तिरूप होती हैं और प्रवृत्तिरूप क्रियाओंको समिति कहते हैं ऐसा दोनोंमें विशेष है. प्राणिपीडापरिहारपूर्वक गमन करना, बोलना, आहार लेना, कोइ चीज उठाना, रखना मलमूत्र त्यागना इन सब क्रियाओंमें प्रवृत्ति करना समिति है. इस प्रकार चारित्र विनय संक्षेपसे समझलेना चाहिये.

शंका—इंद्रिया और कषायोंका अमणिधान मनोगुप्तिरूप ही है इसलिये उनका पृथक् कथन क्यों किया है ?

उत्तर—वचनगुप्ति और कायगुप्ति इनका ही गुप्तिरूपसे ग्रहण किया है ऐसा समझो. अथवा रागद्वेष, मिथ्यात्व वगैरह अशुभ परिणामोंका त्याग करना यह मनोगुप्ति है. यह सामान्य है और इंद्रिय कषायोंकी तरफ आत्माका झुकाव न होना अर्थात् इंद्रियकषायरूपपरिणति आत्माकी न होना यह उसका विशेष है. सामान्यसे विशेष सर्वथा भिन्न नहीं है. कथंचिद्भिन्न है. अतः यहां पुनरुक्तिदोष नहीं है. अर्थात् मनोगुप्तिसे

यदि इंद्रियकषायापरिणति सर्वथा समानरूप होती तो यहां एक ही विषय दुहराया जानेसे पुनरुक्ति दोष आता परंतु सामान्य और विशेषतासे यहां वह दोष नहीं है. मनोगुप्ति यहां सामान्यरूप है और इंद्रियकषायापरिणति विशेषरूप है अतः पुनरुक्ति दोष यहां नहीं है.

इंद्रियकषायापरिणति विशेषात्मक होनेसे मनोगुप्तिमें अन्तर्भूत होती है तथापि उसको भिन्नरूपतया दिखानेका प्रयोजन यह है कि, चारित्रका निर्दोष पालन करनेकी इच्छा रखनेवाले इंद्रियविषय और कषाय-परिणति इनका त्याग करें.

शंका—चारित्रके तेरा प्रकार हैं–पांच महाव्रत, पांच समिति, और तीन गुप्ति. समिति और गुप्ति भी चारित्रात्मक ही है अतः उनको चारित्रविनय कहने हैं. परंतु समिति और गुप्तिको आप यहां चारित्रसे भिन्न दिखाते हैं. क्या यह युक्ति संगत है ?

उत्तर—आचार्योंने अन्य ग्रंथोंमें पांच महाव्रतोंको ही चारित्र कहा है. गुप्ति और समिति ये महाव्रतरूप चारित्रके परिकर है ऐसा इस ग्रंथकारका अभिप्राय है. अन्य आचार्योंने इस विषयमें ऐसा कहा है " कर्मादान निमित्तक्रियाभ्यश्च विरतिरहिंसादिभेदेन पंचप्रकारा गुप्तिसमितिविस्तारसंक्षेपो भवति " मन, वचन और शरीर की क्रिया ही कर्मग्रहण करनेमें निमित्त है. इस क्रियासे विरक्त होना चारित्र है, चारित्रके अहिंसा, सत्य, अचौर्य, इत्यादिरूपसे पांच भेद है. यह संक्षेपरूप चारित्र है. और गुप्ति समिति इस भेदसे वह विस्ताररूप है.

इस चारित्रविनयकी स्थिरता पचीस भावनाओंसे होती है. ' तत्स्थैर्यार्थं भावनाः पंच पंच ' अर्थात् प्रत्येक व्रतकी स्थिरता होवे एतदर्थ पांच पांच भावनाएं आचार्यने कही है.

पणिधाणं पि य दुविहं इंदिय णोइंदियं च बोधव्वं ॥
सद्दादि इंदियं पुण कोधाईयं भवे इदरं ॥ ११६ ॥
प्रणिधानं द्विधा प्रोक्तमिंद्रियानिंद्रियाश्रयम् ॥
शब्दादिविषयं पूर्वं परं मानादिगोचरम् ॥ ११७ ॥

सद्दरसरूवगंधे फासे य मणोहरे य इयरे य ॥
जं रागदोसगमणं पंचविहं होदि पणिधाणं ॥ ११७ ॥

उक्तं शब्दे रसे रूपे स्पर्शे गंधे शुभेऽशुभे ॥
रागद्वेषविधानं यत्तदाद्यं प्रणिधानकम् ॥ ११८ ॥

णोइंदियपणिधाणं कोधो माणो तधेव माया य ॥
लोभो य णोकसाया मणपणिधाणं तु तं वज्जे ॥ ११८ ॥

मानमायासदक्रोधलोभमोहादिकल्पनम् ॥
अनिंद्रियाख्यं ज्ञेयं [illegible] ॥ ११९ ॥

इंद्रियमनःप्रणिधानपरिहारद्वारेण चारित्रविनयं प्रपंचयितुं गाथात्रयमाह—

मूलारा—प्रणिधानं आत्मनः परिणामोऽत्र नेंद्रियादिनिरोधः । सद्दादि—मनोज्ञामनोज्ञशब्दादिविषयरागद्वेषपरिणतिः ।

मूलारा—पंचविधं—श्रोत्रादीनामिष्टानिष्टशब्दादिविषयभेदात् ।

मूलारा—णोकसाया हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीवेदपुंवेदनपुंसकवेदाः । तं तद्द्वैविध्यमैंद्रियिकनानसं च प्रणिधानं । वज्जे वर्जयेत् । चारित्रविनयार्थीति शेषः । एतदपि गाथात्रयं टीकाकारो नेच्छति ॥

इंद्रिय और मन वश करनेसे चारित्रविनय होता है. इस चारित्रविनयका तीन गाथाओंमें आचार्य वर्णन करते हैं—

अर्थ— प्रणिधानके इंद्रियप्रणिधान और नोइंद्रियप्रणिधान ऐसे दो भेद हैं. आठ स्पर्श, पांच रस, दो गंध, पांच वर्ण और शब्द ये इष्ट और अनिष्ट ऐसे दो प्रकारके हैं. इनसे आत्मा में रागद्वेषकी उत्पत्ति होती है. इसको इंद्रियप्रणिधान कहते हैं. स्पर्शनेंद्रियप्रणिधान, रसनेंद्रियप्रणिधान, घ्राणेंद्रियप्रणिधान, चक्षुरिंद्रियप्रणिधान, और श्रोत्रेंद्रियप्रणिधान ऐसे पांच भेद हैं.

क्रोध मान, माया—कपट, लोभ, हास्य, रति—उत्सुकता, अरति—तिरस्कार, शोक, भय, जुगुप्सा—अन्यके

दोष प्रकट करना व अपने दोष छिपाना, स्त्रीवेद–पुरुषाभिलाषा, पुरुषवेद–स्त्रीकी अभिलाषा होना, नपुंसकवेद–दोनों-के साथ रमण करनेकी इच्छा होना, इन सर्व मनके परिणामोंको नोइंद्रिय प्रणिधान कहते हैं. चारित्रविनयेच्छु मुनिराज इन दो प्रणिधानों का त्याग करते हैं. इन दो प्रणिधानोंको जिन्होंने जीता है उनको चारित्रविनयका शीघ्र लाभ होता है. टीकाकार अपराजित सूरि उपर्युक्त तीन गाथाओं को क्षेपक समझते हैं.

तपोनिरूपणार्थं गाथाद्वयमुत्तरम्—

उत्तरगुणउज्जमणे सम्मं अधिआसणं च सद्धाए ॥
आवासयाणमुचिदाण अपरिहाणी अणुस्सेओ ॥ ११६ ॥
परीषहसहिष्णुत्वं श्रद्धोत्तरगुणोद्यमः ॥
योग्यावश्यकसंबंधे हान्युत्सेधनिराकृतिः ॥ ११७ ॥

विजयोदया—सम्यग्दर्शनज्ञानाभ्यामुत्तरकालभाविन्यात्संयमः उत्तरगुणशब्देनोच्यते । न हि अश्रद्दानं ज्ञानं चारित्रेण संयमः प्रवर्तते । अजानतः अश्रद्दानरहितस्य वाऽसंयमपरिहारो न संभाव्यते । तेनायमर्थः—संयमोद्योगतपसो निर्जराहेतुत्वे सति संयमे, नान्यथेति तपसः संयमः परिकरः । तथा चाहुः ' संजमहीणं च तवं जो कुणइ णिरत्थयं कुणइ' इति । सम्मं सम्यक् । सेसेसु दैन्यं चारित्रेण । अधिआसणं सहनं क्षुधादेः ।

अनशनावमोदर्यवृत्तिपरिसंख्यानेषु क्षुत्तृड्जनितवेदनया अव्याकुलता, कथमिदमुद्गलाभीति वा अदीनता । मद्यपानयोर्मनसोऽप्रणिधानं, अद्य पिबामीति वा मद्यकथापरित्यागः, तत्कथनानादरः इतस्ततश्चापरिचलनं । क्षुत्वा तृषा वा बाधितोऽस्मीति एवं वचनं सहनं, अथवा भोजनादिवेलायां याचायाः अकरणं । आंगोऽभ्युपवासेन रूक्षं भोक्तुं न शक्नोमि । क्षीरशर्करादिकं दातव्यमिति वचनेन याचायाः अकरणं । मनसा वा यदीदं लभ्यते भद्रं स्यात् इति वाऽप्रार्थना । कायक्लेशया वा क्षीरादिदानेऽहसितायमानमुखता । शीतरूक्षाद्याहारदाने वा अकुपितानना । अल्पमेऽपि लाभादलाभो मे परं तपोवृद्धिरिति संक्लेशमलाभपरीषहसहनं वा । अथवा लौकिकानां धर्मध्यानां वा सत्कारपुरस्काराकरणे तपसि महति वर्तमानोऽयमेतां न पूजितः इति कोपसंक्लेशाकरणं । सत्कारपुरस्कारपरीषहसहनं वा ।

रसपरित्यागं कृतवतः रसवदाहारकथादर्शनोपजायमानतदादरनिवारणं रसपरित्यागजाताशरीरसंतापक्षमा वा सहनं । आतापयोगधारिणो घर्माद्युपनिपाते असंक्लिष्टचित्तता तत्प्रतीकारवस्तुषु अनादरश्च सहनं । जनविविक्तदेशे पिशाचव्यालमृगाद्यवलोकनाविकृतभीतिर्व्युदासोऽरतिविजयश्च सहनं । * प्रायश्चित्तमाचरतोऽपि महदिदं दत्तं गुरुणा बलावलं ममानिरूप्येति कोपाकरणं, प्रायश्चित्तकरणजनितश्रमेण वा असंक्लिष्टतासहनं* । ज्ञानविनये वर्तमानस्य

* अयं पाठः कपुस्तके नास्ति । खपुस्तकदृष्ट्या संयोजितोऽत्र ।

क्षेत्रकालशुद्धिकरणं मनसैव नियोज्यते इति कोपनिरासो वा, तद्वतश्रमे वा असंक्लेशश्च सहनं। दर्शनविनये अभ्युद्यतस्य-मन्मार्गोत्प्रच्यवमानस्य स्थिरीकरणं महानायासः, स्वेच्छतसोपि कुतापादनमतिदुष्करं किमंग पुनः परस्य स्वसंकल्पः सहनं। पुरस्कृतचारित्रविनयस्य ईर्यादिसमितयो दुष्कराः। जीवनिकायाकुले जगति कियंतः परिहर्तुं शक्येते? निपुणतरं प्रतिपदन्यासे जीवावलोकने तत्परिहृतौ च कियद्वन्तुं शक्यते? तथा प्रवर्तमानं बाधन्ते तरामातपादयः। नवकोटिपरिशुद्धा भिक्षा क्व लभ्यते खलेषु हुतशना वेति मनसोऽप्यप्रणिधाने चारित्रविनयः। तपोविनयमुपगतस्यानशनादितपोऽनुष्ठानातिशयस्य मम स्वल्पमसंयमे अप्रासुकोदकपानेन, अशुद्धभिक्षाग्रहणेन वा जातं तप एवोन्मूलयतीति असंकल्पनं सहनं। अभ्युत्थानं, अनुगमनं, प्रेषणकरणं, उपकरणशोधनादिकं वा कः कर्तुं शक्नोति प्रतिदिनमित्थमभिसंधिरूपचारविनयसहनं।

सद्धा य धम्मो य। क तपसि। तपसा नेपाद्यमुपकारमात्मनोऽवलोक्य बुद्धया। तपो हि प्रत्यग्रं कर्म संवृणोति, निरर्जितानां कर्मणां निर्जरामापादयति, इंद्रत्वसामानिकादिसंपदोऽप्यानयति। समीचीनस्य तपसोऽलाभादेव जननमरणावर्तसहनं, असुखाकुले भवाम्भोधौ पर्यटनं ममास्मादभिरोचयति इति तपस्यनुरागः कार्यः।

आवासगाणं आवश्यकानां। ण वसो अवसो अवसस्स कम्ममावासयं इति व्युत्पत्त्यापि सामायिकादिषडध्याये शब्दो वर्तते। व्याधिदौर्बल्यादिना व्याकुलो भण्यते अवशः परवश इति साधनं। तेनापि कर्तव्यं कर्मेति। यथा आशु गच्छतीत्यश्व इति व्युत्पत्त्यापि न व्याघ्रादौ वर्तते अश्वशब्दोऽपि न अश्वीकरणात् तुरगे रूढः एवमिहापि अवशे यतिकर्तव्ये कर्मणि इतस्ततः परावृत्तिनिराकरणे, पूरकरणे वा न तद्रूढमवगम्यते॥ अथवा आवासकानां इत्ययनमयः आत्मायत्तं स्वतंत्रमात्मनीति कृत्वा सामायिकं, चतुर्विंशतिस्तवो, वंदना, प्रतिक्रमणं, प्रत्याख्यानं, व्युत्सर्गः, इत्यागमः।

तत्र सामायिकं नाम चतुर्विधं नामस्थापनाद्रव्यभावभेदेन। निमित्तनिरपेक्षा कस्यचिज्जीवादेरव्यभिचारिणी संज्ञा सामायिकमिति नामसामायिकम्। सर्वसावद्यनिवृत्तिपरिणामवता आत्मना एकीभूते शरीरे यत्तदाकारसादृश्यालेख्यमिति स्थाप्यते यांचत्पुस्तादिकं तत्स्थापनासामायिकम्। आगमद्रव्यसामायिकं नाम श्रुतस्थानं सामायिकं नाम ग्रंथः, तदर्थज्ञो यः सामायिकाख्यात्मपरिणामप्रत्ययभावः प्रत्ययरूपेण संप्रतिसमर्पणतः आत्मा। नो आगमद्रव्यसामायिकं नाम यतिश्रावकत्वे ज्ञायकशरीरभाविनद्रव्यनिरिक्तमेदेन। सामायिकस्य यत्कर्तृ तदपि सामायिकज्ञानकारणं, आत्मैव शरीरसंबंधेन तस्यायात्। यस्य हि भावाभावौ नियोगतो यदनुकरोति तत्तस्य कारणमिति हेतुफलव्यवस्था वस्तुषु। ततः प्रत्ययसामायिकस्य कारणभावस्तद्वतिरिक्तत्रिकालगोचरं सामायिकज्ञानद्वाचये भवति। चारित्रमोहनीयक्षयोपशमोपशमसहायो य आत्मा भविष्यत्सर्वसावद्ययोगनिवृत्तिपरिणामः सोऽभिधीयते भाविसामायिकशब्देन। चारित्रमोहनीयाख्यं कर्म परिप्राप्तक्षयोपशमभावस्थं नो आगमद्रव्यं तद्व्यतिरिक्तकर्म। सामायिकं नाम प्रत्यक्षसामायिकं। नो आगमभावसामायिकं नाम सर्वसावद्ययोगनिवृत्तिपरिणामः। अत्रमिह गृहीतः।

चतुर्विंशतिसंख्यानां तीर्थकृतामत्र भरते प्रवृत्तानां वृषभादीनां जिनवरत्वादिगुणज्ञानश्रद्धानपुरस्सरा चतुर्विंशतिस्तवनपठनक्रिया नो आगमभावचतुर्विंशतिस्तव इह गृह्यते।

वंदना सामा रत्नत्रयसमन्वितानां यतीनां आचार्योपाध्यायप्रवर्तकप्रवरिणां गुणातिशयं विज्ञाय श्रद्धापुरःसरेण अभ्युत्थानप्रयोगभेदेन द्विविधं विनयं प्रवृत्तिः । अन्येषां सयोगेनेत्यादिना । कर्तव्यं केन, कस्य, कदा, कतिप्रकारमिति । अभ्युत्थाने केनोपदिष्टं, किंवा तत्प्रमुखीकृत्य कर्तव्यं ? पूर्वमेव विनयः कर्तव्यतयोपदिष्टः सर्वजिनैः कर्मभूमिषु सदा मानकषायजेतृभिः ॥ गुरुजने वन्दमाने, दीक्षितानां आशासंपादनं, श्रुतधर्माराधनक्रियायां मानव्युदासार्जवं, तुष्टिं च फलमपेक्ष्य तेन तत्क्रियते अगर्हितत्व, संविग्नत्व, आत्मसंस्कारार्थमनुष्ठानकरणार्थित्व, परगुणप्रकाशनोद्यतेन भेषजवत्तेन । अभ्युत्थानार्थस्य वा सामान्येन गुरोरुक्त, पदार्थप्रत्यक्षत्व वा । रत्नत्रये तपसि च नित्यमभ्युद्यतानां अभ्युत्थाने कर्तव्ये दृष्टांत । सूत्रार्थविज्ञानेऽभ्युत्थाने कर्तव्येऽनिर्दिष्टेऽपि प्रत्युत्थानोपबृंहणकारणात् । स्वेनैवाजने प्रति क्रियमाणमभ्युत्थाने निर्जरानिमित्तं स्वस्य प्रत्युत्थानोपबृंहणकारणम् । यत्प्रमाणमनुष्ठानं वा शिक्षयतः अवमरत्नत्रयस्याभ्युत्थातव्यं तन्मूलेऽध्ययने कुर्वेद्भिः तपसि च । वन्दनेः, कायकृतिः, निक्षायाः, चित्यात्, गुरुसकाशात्, आसन्नितरेषां यावन्मनस्कालेऽभ्युत्थातव्यं । गुरुजनश्च यदा निष्क्रामति निष्क्रामय प्रविशति वा तदा तदा अभ्युत्थाने कार्ये । अनया दिशा यथागममभिलप्योपनुयोक्तव्यम् ।

कुक्कुडे जक्खाजादे वारणाधक्खमेव य ।
चदुस्सिरं तिसुद्धं च किदिकम्मं पउंजए ॥

इत्यादिकः प्रयोगविधिः ।

प्रतिक्रमणं प्रतिनिवृत्तिः षोढा विद्यते-नामस्थापनाद्रव्यक्षेत्रकालभावविकल्पेन । अयोग्यनाम्नामनुच्चारणं नामप्रतिक्रमणं । तद्यथा दारिका स्वामिनी इत्यादिकमयोग्यं नाम । आप्ताभासानामर्चा, त्रसस्थावराणां रूपाणि, लिखितान्युत्कीर्णानि वा स्थापनाशब्देनेह गृह्यंते । तत्राप्ताभासप्रतिमायां पुरःस्थितायां यदभिमुखतया कृतांजलिपुटता, शिरोवचनतः, गंधादिभिरभ्यर्चनं च न कर्तव्यम् । एवं सा स्थापना परिहृता भवति । त्रसस्थावरस्थापनानामविनाशार्थं, अमर्दनं, अताडनं वा परिहारः प्रतिक्रमणं । वास्तुक्षेत्रादीनां दशप्रकाराणां उद्गमोत्पादनैषणादोषदुष्टानां वसतीनां, उपकरणानां, भिक्षाणां च परिहरणं, अयोग्यानां चाहारादीनां, मूर्छादैन्यस्य च कारणानां सक्लेशहेतूनां वा निरसनं द्रव्यप्रतिक्रमणं । उदककर्दमत्रसस्थावरसंचितेषु क्षेत्रेषु गमनादिवर्जनं क्षेत्रप्रतिक्रमणं । यस्मिन्वा क्षेत्रे वसतो रत्नत्रयहानिर्भवति तस्य वा परिहारः, तच्च किं ? ज्ञानतपोवृद्धैरध्यासितं । रात्रिसंध्यात्रयस्वाध्यायावश्यककालेषु गमनागमनादिव्यापारकरणात् कालप्रतिक्रमणं । कालस्य वृत्तिर्निवर्त्यत्वात्कालाधिकरणव्यापारविशेषाः कालसाहचर्यात्कालशब्देन गृहीताः । मिथ्यात्वमसंयमः, कषायः, रागः, द्वेषः, संज्ञा, निदानं, आर्तरौद्रमित्यादयोऽशुभपरिणामाः, पुण्यास्रवभूताश्च शुभपरिणामाः इह भावशब्देन गृह्यंते, तेभ्यो निवृत्तिर्भावप्रतिक्रमणं इति केषांचिदाचार्याणां । चतुर्विधमित्यपरे । निमित्तनिरपेक्षं कस्यचिन्नामत्वेन नियुज्यमानं प्रतिक्रमणमित्यभिधानं नामप्रतिक्रमणं ॥ अशुभपरिणामानां विशिष्टजीवद्रव्यानुगतशरीराकार-

---

१ भट्टि दारिगा सामिणी इति खपुस्तके ।

सादृश्यापेक्षया चित्रादिरूपं स्थापितं स्थापनाप्रतिक्रमणं ॥ प्रमाणनयनिक्षेपादिभिः प्रतिक्रमणावश्यकस्वरूपश्रुतानुपयुक्तः प्रत्ययप्रतिक्रमणकारणत्वात् आगमद्रव्यप्रतिक्रमणशब्देनोच्यते । नो आगमद्रव्यप्रतिक्रमणं त्रिविधं । ज्ञायकशरीरभावितद्व्यतिरिक्तभेदैः । यथात्मा कारणं प्रतिक्रमणपर्यायस्य, तथा तदीयमपि शरीरं त्रिकालगोचरमिति प्रतिक्रमणशब्दवाच्यं भवति । चारित्रमोहक्षयोपशमसांनिध्ये भविष्यत्प्रतिक्रमणपर्यायेण आत्मा वा विप्रतिक्रमणं । क्षयोपशमावस्थामुपगतः चारित्रमोहः नो आगमद्रव्यव्यतिरिक्तकर्म प्रतिक्रमणं । प्रतिक्रमणप्रत्यय आगमभावप्रतिक्रमणं । मिच्छाणाणमिच्छादंसणमिच्छाचारित्तादो पडिविरदोमित्ति एवं स्वरूपज्ञानं । अशुभपरिणामदोषमवबुध्य अशाय तत्प्रतिपक्षपरिणामवृत्तिर्वा आगमभावप्रतिक्रमणं ॥

सामायिकस्य प्रतिक्रमणस्य च को भेदः ? सावद्ययोगनिवृत्तिः सामायिकं। प्रतिक्रमणमपि अशुभमनोवाक्कायनिवृत्तिरेव तत्कथं षडावश्यकव्यवस्था ?

अत्रोच्यते—सव्वं सावज्जजोगं पच्चक्खामीति वचनाद्धिंसादिभेदमनुपादाय सामान्येन सर्वसावद्ययोगनिवृत्तिः सामायिकं । हिंसादिभेदेन सावद्ययोगविकल्पं कृत्वा ततो निवृत्तिः प्रतिक्रमणं । तथा च सूत्रं—

" मिच्छत्तपडिक्कमणं, तहेव असंजमपडिक्कमणं, कसायेसु पडिक्कमणं, जोगेसु अ अप्पसत्थेसु " इति वचनादिति केचिन्परिहरन्ति ।

इदं त्वन्याय्यं प्रतिविधानं । योगशब्देन वीर्यपरिणाम उच्यते । स च वीर्यान्तरायक्षयोपशमजनितत्वात् क्षायोपशमिको भावस्ततो निवृत्तिरशुभकर्मादाननिमित्तयोगरूपेण अपरिणतिरात्मनः सामायिकं । मिथ्यात्वासंयमकषायाश्च दर्शनचारित्रमोहोदयजा औदयिकाः । मिथ्यात्वं तत्त्वाश्रद्धानरूपं, असंयमो हि हिंसादिरूपः। क्रोधादयस्तु परस्परतो मिथ्यात्वाद्असंयमाच्चानुभवसिद्धयैलक्षण्यरूपाः । ये भिन्नहेतुस्वरूपास्ते नैक्यमापद्यन्ते यथा शालियवगोधूमादिधान्यं । भिन्नहेतुस्वरूपाश्च मिथ्यात्वासंयमकषायाः । तेभ्यो विरतिर्व्यावृत्तिः प्रतिक्रमणं । सावद्ययोगमात्रनिवृत्तिः सामायिकमिति भेदो महाननयोः । भेदमेवाश्रित्यामीषां परिणामानां ' चदुपच्चयाण बंधो इति सूत्रमवस्थितं । अन्यथा योगविकल्पत्वे मिथ्यात्वादीनां चतुःसंख्या न न्याय्या योगेन सह ।

प्रत्याख्यानं नाम अनागतकालविषयां क्रियां न करिष्यामि इति संकल्पः । तच्च नामस्थापनाद्रव्यक्षेत्रकालभावविकल्पेन षड्विधं । अयोग्यं नाम नोच्चारयिष्यामीति चिंता नामप्रत्याख्यानं । आसाभासानां प्रतिमा न पूजयिष्यामीति, योगत्रयेण असत्स्थावरस्थापनापीडां न करिष्यामीति प्रणिधानं मनसः स्थापनाप्रत्याख्यानं। अथवा अर्हदादीनां स्थापनां न विनाशयिष्यामि, नैवानादरं सत्र करिष्यामि इति वा । अयोग्याहारोपकरणद्रव्याणि न ग्रहीष्यामीति चिंताप्रबंधो द्रव्यप्रत्याख्यानं । अयोग्यानि वानिष्टप्रयोजनानि, संयमहानिं संक्लेशं वा संपादयंति यानि क्षेत्राणि तानि त्यक्ष्यामि इति क्षेत्रप्रत्याख्यानं। कालस्य दुःपरिहार्यत्वात् कालसाध्यायां क्रियायां परिहृतायां काल एव प्रत्याख्यातो भवतीति प्राक्तं । तेन संध्याकालादिष्वध्ययनगमनादिकं न मेपादयिष्यामीति चेतः कालप्रत्याख्यानं । भावोऽशुभपरिणामः तं न

निर्वर्तयिष्यामि इति संकल्पकरणं भावप्रत्याख्यानं। तद्द्विविधं मूलगुणप्रत्याख्यानमुत्तरगुणप्रत्याख्यानमिति। ननु च मूलगुणा अतानि तेषां प्रत्याख्यानं निरासो भविष्यत्कालविषयश्चेष्ट स संवरार्थिना कार्यः, संवरार्थमवश्यमनुष्ठीयते इति उत्तरगुणानां कारणत्वान्मूलगुणव्यपदेशो व्रतेषु वर्तते। मूलगुणशब्दः मूलगुणश्च सः प्रत्याख्यानं च तत् इति। यतोत्तरकालभावितत्वादनशनादिकं उत्तरगुण इति उच्यते। उत्तरगुणश्च सः प्रत्याख्यानं च तदिति उत्तरगुणप्रत्याख्यानं। तत्र संयतानां जीवितावधिकं मूलगुणप्रत्याख्यानं। संयतासंयतानां अणुव्रतानि मूलगुणव्रतव्यपदेशभाञ्जि भवंति तेषां द्विविधं प्रत्याख्यानं अल्पकालिकं, जीवितावधिकं चेति। पक्षमासषण्मासादिरूपेण भविष्यत्कालं सावधिकं कृत्वा तत्र स्थूलहिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहान्नाचरिष्यामि इति प्रत्याख्यानमल्पकालकम्।

आमरणमवधिं कृत्वा न करिष्यामि स्थूलहिंसादीनि इति प्रत्याख्यानं जीवितावधिकं च। उत्तरगुणप्रत्याख्यानं संयतसंयतासंयतयोरपि अल्पकालिकं जीवितावधिकं वा। परिगृहीतसंयमस्य सामायिकादिकं अनशनादिकं च वर्तते इति उत्तरगुणत्वं सामायिकादेस्तपसश्च। भविष्यत्कालगोचराशनादित्यागात्मकत्वात्प्रत्याख्यानत्वं। सति सम्यक्त्वे चैतदुभयं प्रत्याख्यानं जीवनिकायं हिंसादिस्वरूपं च ज्ञात्वा श्रद्धाय सर्वतो देशतो वा हिंसादिविरतिर्यैर्व्रतते व्रतं। तथा चोक्तं—' निःशल्यो व्रती ' इति।

मिथ्यादर्शनशल्यं, मायाशल्यं, निदानशल्यं चेति त्रिविधं शल्यं तेभ्यो निष्क्रांतः निःशल्यः। सावधारणं चेदं निःशल्य एव व्रतीति। तेन सशल्यव्रतिता निरस्ता भवति। न च असति श्रद्धाने मिथ्यात्वशल्यनिवृत्तिः। न च जीवाद्यर्थपरिज्ञानमंतरेण अश्रद्धानस्यास्ति संभव इति ज्ञानदर्शनवत एव व्रतिता सूत्रकारेण ख्यापिता। तथावश्यकेऽप्युक्तम्—

" पंचवदाणि जदीणं अणुव्वदाइं च देसविरदाणं "
" ण हु सम्मत्तेण विणा तो सम्मत्तं पढमदाए ॥ "

इति हिंसादिप्रवर्तनपरं भाषितमिति क्रियाः पंचापि सरात्रिभोजनाः प्रत्याचष्टे यतिस्त्रिधा मनोवाक्कायविकल्पेन कृतकारितानुमतैर्यावज्जीवं।

सम्यग्दृष्टिरत्यगारी मूलगुणे उत्तरगुणे वा स्वशक्त्या गृह्णाति परिमितकाले यावज्जीवे वा। आत्मना प्राक्कृतं हिंसादिकं हा दुष्टं कृतं, हा दुष्टे संकल्पितं। यतो वा हिंसादिप्रवर्तनपरं भाषितं इति निंदागर्ह्याभ्यां दूषयन्वर्तमानं चासंयमं कृतं क्रियमाणासंयमसदृशं न करिष्यामि इति मनसि कुर्वन्प्रत्याख्याता भवति॥

अगारिणां विरतिपरिणामविकल्पो निरूप्यते। स्थूलकृतप्राणातिपातादिकं कृतकारितानुमतविकल्पात्त्रिविधं मनोवाक्कायविकल्पैर्न त्यजति। मनसा स्थूलकृतप्राणातिपातादिकं न करोमि, तथा वचसा कायेनेति त्रिविधं कृतम्। मनसा स्थूलकृतं प्राणातिपातादिकं न कारयामि, तथा मनसा स्थूलकृतप्राणातिपातादिकं नानुजानामि, तथा वचसा कायेन चेति त्रिभेदं कारितमनुमननं च॥ एवं नवविधं स्थूलकृतप्राणवधादिकं त्यक्तुमशक्तोऽगारी।

१ पाठोऽयं कपुस्तके नास्ति खपुस्तकात्संयोजितोऽयम्।

तथा मनोवाक्काभ्यां स्थूलकृतप्राणातिपातादिकं कृतकारितानुमतिविकल्पात्मिकायं कर्तुमशक्तो मनसा न करोमि, न कारयामि, नानुजानामि। वचसा करोमि, न कारयामि नानुजानामि इति॥ कायेन कृतकारितानुमतिविकल्पात्मिकां हिंसादिकां न समर्थो विहातुं तथा चोक्तं

न कृतिविधे तिविधेण य दुविधेकविधेण वापि विरमेज्ज इति॥

कायं नवैकादशधा विरतिमुपैति॥ अथवोच्यते॥ कृतकारितानुमतिविकल्पात्मिकां हिंसादिकं मनोवाक्कायैस्त्यजति। वाचा कायेन वा हिंसादिविषयं कृतकारितं त्यजति॥ कायेन एकेन वा कृते कारिते त्यजति॥ अतएवोक्तं 'नवविधं पुण तिविधेण य दुविधेकविधेण वा विरमेज्ज' इति। अथवा हिंसायाः स्वयं करणं एकं मनोवाक्कायैस्त्यजति॥ तथा मनसा वाचा कायेन स्थूलकृतप्राणातिपातादिकं पंचकं करोमीति॥ अभिसंधिपूर्वकं विरमणं करोति। वाक्प्रयोगेण वा स्वयं करणं त्यजति कायेनैकेन वा॥ तथा चोक्तम्—'एकविधं तिविधेण वापि विरमेज्ज'॥ एवमेते अनभिसंधयः भविष्यत्कालविषयतयानुवर्त्यमानाः प्रत्याख्यानविकल्पाः अवगन्तव्यप्रपञ्चाः॥

कायोत्सर्गो निरूप्यते—कायः शरीरं तस्य उत्सर्गस्त्यागः उपरुध्यधिष्ठानेंद्रियावयवकः कर्मनिर्वर्तितः पृथक्प्रत्ययविशेष औदारिकादेय इह कायशब्देन गृहीतः। इतरस्य उत्सर्गस्यासंभवात् लक्ष्यमाणस्य।

ननु च आयुषो निरवशेषगलनेन आत्मा शरीरमुत्सृजति नान्यदा तत्किमुच्यते कायोत्सर्ग इति।

आचार्यो योगिनोऽस्य प्रदेशानुपबंधिनोऽपायुर्वशब्देन अनवधिरूपेऽपि शरीरे अशुचित्वं स्वाधानुकालया अशुचिमशुक्रशोणितसंभवत्वात्, तथा अनित्यत्वं, अशरणत्वं, दुर्वहत्वं, असारत्वं, दुःखहेतुत्वं, शरीरगतममतानिवृत्तमनसः संसारपरिभ्रमणं इत्यादिकान्संबंधयति दोषान्दृष्ट्वा मम नाहमस्येति संकल्पवतस्तदादराभावान्नास्ति कायस्य त्यागो घटत एव। यथा क्षीणेभ्योऽपि विरक्तमना कुलांगनाभ्यो वेश्यां कश्चिन्मंदिरे व्यक्तेत्युच्यते तस्यामनुरागाभावान्मभेदं भावव्यावृत्तिमपेक्ष्य एव मिक्षुरपि। किं च कायापायसन्निपातेऽपि अपायनिराकरणाभिलाषस्याभावात्। यो यदपायनिराकरणानुत्सुकस्तेन तत्परित्यक्तो यथा मलशरीरादिकं पण्डितैः। शरीरापायनिराकरणानुत्सुकश्च यतिस्तस्मादुच्यते कायत्यागः।

तस्य जंघाबलिश्रमक्षुत्, स्थाणुपिपीलैडकादंशः, प्रलंबिनभुजः, प्रशस्तध्यानपरिणतोऽनुद्भ्रमितानतकायः, परीषहानुपसर्गांश्च सहमानः, विशुद्धिमिच्छन्नुक्तः, कर्मनिर्जरार्थी विविक्ते देशे।

अन्तर्मुहूर्तः कायोत्सर्गस्य जघन्यः कालः, वर्षमुत्कृष्टः। अतिबलबलिनुत्सर्गे कायोत्सर्गो बहुप्रकारो भवति। पादादिनखरोमसंधिसंस्थानसंहननाद्यनुत्सर्गाश्च बहुप्रकारा भवंति। अतिबलबलिनः प्रशस्तध्यानपरिणतस्य [illegible] अथवा। स्थाणोः [illegible] प्रलंबितौ, [illegible] पंचशतानि [illegible] बलवतो। प्रलंबितौ भोगिनः [illegible] पंचस्त्रीकारेषु अष्टशतोच्छ्वासमात्रः कालः कायोत्सर्गः। कायोत्सर्गे कृते यदि शक्यते उच्छ्वासस्य स्थानेन वा परिणामस्य उच्छ्वासशतकमधिकं स्थातव्यं।

उच्छ्रितोच्छ्रितं, उच्छ्रितनिषिद्धं, उच्छ्रितोन्निषिद्धं, उन्निषिद्धोन्निषिद्धं इति चत्वारो विकल्पाः। यस्मिन् शुक्ले वा कृष्णे वा पक्षे शुक्लपक्षे वा कृष्णपक्षे वा यस्मिन्नृतौ यस्य कायोत्सर्गः उच्छ्रितोच्छ्रितो नाम। द्रव्यभावोत्थानसमन्वितत्वादुत्थानप्रकर्षः उच्छ्रितोच्छ्रितशब्दः

नोच्यते। तत्र द्रव्योत्थानं शरीरं स्थाणुवदूर्ध्वं अविचलमवस्थानं। ध्येयैकवस्तुनिष्ठता ज्ञानमयस्य भावस्य भावोत्थानं। आर्तरौद्रयोः परिणतो यस्तिष्ठति तस्य उत्थितनिषण्णो नाम कायोत्सर्गः। शरीरोत्थानादुत्थितत्वं शुभपरिणामोत्थितिरूपस्योत्थानस्याभावान्निषण्ण इत्युच्यते। अत एवाविरोधाभावो भिन्ननिमित्तत्वादुत्थानासनयोः एकत्र एकदा। यस्त्वार्तरौद्रपरिणतिमुपैति तस्य उत्थितनिषण्णो भवति परिणामोत्थानात्कायानुत्थानाच्च। यस्तु निषण्णो ऽशुभध्यानपरस्तस्य निषण्णनिषण्णकः। कायाशुभपरिणामाभ्यां अनुत्थानात्।

दैवसिकाद्यतीचारं रत्नत्रयगतं मनसा विमृश्य इदं मया दुष्टं कृतं प्रमादेनेति संचिन्त्य पश्चादर्हदादौ शुक्ले वा ध्याने प्रवर्तितव्यम्।

कायोत्सर्गे प्रयत्नः स्थानदोषान्परिहरन्। के ते इति चेदुच्यते। १ तुरग इव कुंटीकृतपादेन अवस्थानम् २ लतेवेतस्तताग्रभुजोऽवस्थानं ३ स्तंभवत्स्तब्धशरीरं कृत्वा स्थानं। ४ स्तंभोपाश्रयेण वा कुड्याश्रयेण वा मात्राधिक्यलक्षणदोषरहितेन अवष्टब्धतनुः। ५ लंबितभुजया, स्तनयोरधश्चा वायस इव इतस्ततो नयनोद्वर्तनं कृत्वावस्थानम्। ६ खलीनापीडितमुखस्य इव मुखचालने खेदादयनोऽवस्थानं। ७ युगावष्टब्धबलीवर्द इव शिरोऽधः पातयता। ८ कपित्थफलग्राहीव विकाशिकरतलं, संकुचितागुलिपंचकं वा कृत्वा॥ ९ शिरश्चालनं कुर्वन् १० मूक इव हुंकारं खेदाद्यवस्थाने ११ मूक इव नासिकया वस्तूपदर्शयता वा॥ १२ अंगुलिस्फोटनं १३ स्खलनं वा कृत्वा १४ शवस्यवर्णं च स्वकीर्णितरशाच्छादनपुरोगं १५ श्लेष्मलावष्टम्भाद इवावस्थानं॥ १६ पीतमदिर इव परवशगतशरीरो ना भूत्वावस्थानं इत्यमी दोषाः॥

व्याक्षिप्तानामावश्यकानां अपरिहाणिर्हीनिर्वा कार्या॥ अणुस्सेगो अधिकोनाकरणं च।
तपोविनयप्ररूपणाय गाथाद्वयमाह—

मूलारा—उत्तरगुणेऽज्झाओ श्रद्धानज्ञानोत्तरकालभावित्वादुत्तरगुणः संयमः, तत्र उद्यतः। तपसो हि भवति संयमे निर्जराहेतुत्वं नान्यथेति तत्परकरः संयमः। तथा चाहुः-"संयमहीणं च तवो जो कुणइ णिरत्थयं कुणइ" इति। सम्यं सम्यक् संक्लेशदैन्याभ्यां विना। अधियासणं सहनं क्षुधादेरिति शेषः। सद्धा श्रद्धा तपस्यनुराग इत्यर्थः। आवासयाणं आवश्यकानां सामायिकचतुर्विंशतिस्तववंदनाप्रतिक्रमणप्रत्याख्यानकायोत्सर्गलक्षणानां अवश्यकार्याणाम्। उचियाण उचितानां, योग्यानां, यथोक्तानामित्यर्थः। अपरिहाणि अन्यूनता। अणुस्सेगो अनुत्सेकः, आधिक्येन करणं।

तपका निरूपण करनेके लिये आगेकी दो गाथायें आचार्य कहते हैं—

अर्थ—सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानके अनंतरकालमें चारित्रकी उत्पत्ति होती है इसलिये चारित्रको-संयम को उत्तरगुण कहते हैं. श्रद्धान और ज्ञानके विना संयम होता नहीं. जिसको ज्ञान नहीं है और जो श्रद्धानरहित है

वह असंयमका त्याग नहीं करता है. यहां इस विवेचनका यह अभिप्राय है कि, संयमका उद्योत करनेवाला तपश्चरण निर्जराका कारण होता है. अर्थात् संयमपूर्वक तप हो तो कर्मकी निर्जरा होती है अन्यथा नहीं होती है. इसलिये संयम तपका परिकर है. इस विषयमें पूर्वाचार्य ऐसा कहते हैं " संजमहीणं च तवो जो कुणइ णिरत्थयं कुणइ " संयमरहित तप जो व्यक्ति करता है वह व्यर्थ ही क्लेश करता है.

संयमका उद्योत करनेके लिये मनमें संक्लेश परिणामोंको उत्पन्न न करते हुए क्षुधादि बाधाओंको सहना चाहिये. उपवास, ऊनोदर, वृत्तिपरिसंख्यान इन तपोंको करते समय भूख प्यासकी वेदनासे मनमें व्याकुलता न होनी चाहिये. अथवा यह तपश्चरण मैं कैसा धारण करूं ऐसी कायरता छोड देनी चाहिये. आहारके और पानके पदार्थोंमें मनको चलित न करना चहिये. मैं यह पदार्थ भक्षण करूंगा यह पदार्थ पी लूंगा ऐसे मुहसे कथा न करें तथा उस कथासे अनादर करें. उपवाससे थका हुआ इधर उधर लोटना छोड़दे. मैं क्षुधासे पीडित हुआ हूं, प्याससे मेरेको कष्ट हो रहा है ऐसा वचन न बोले अथवा आहारके दिन याचना न करे.

मैं उपवाससे थक गया हूं इसलिये यह रूखा भोजन मैं नहीं खा सकता हूं. मेरेको दूध, घी, खांड वगैरह पदार्थ आप देवें ऐसी वचनसे याचना नहीं करनी चाहिये. अथवा यदि यह पदार्थ मिले तो बहुत अच्छा होगा ऐसा मनमें भी विचार न लाना चाहिये. शरीरपर भी इस विचारका कुछ चिन्ह व्यक्त न होना चाहिये. जैसे दाता क्षीरादि पदार्थ देने लगा तो मुख हास्यसे प्रफुल्लित होना, थंडा और रूक्ष आहार देता हो तो मुखपर कोप प्रगट होना. इस तरह क्षुधादिक परीषह सहन करने चाहिये.

आहारादिककी प्राप्ति न होनेपर भी लाभकी अपेक्षा अलाभसे ही मेरे तपकी वृद्धि होती है ऐसा मनमें विचार करता हुआ अलाभ परीषह सहन करना चाहिये. लोकव्यवहारज्ञ और धार्मिक जन तप और तपस्वियोंका बडा आदर करते हैं. मैं बडा कठिन तप करता हूं तो भी ये लोक मेरा आदर करते नहीं है. यह विचार मनमें लाकर कोपसे संक्लेशपरिणामके वश न हो जाना चाहिये. अथवा सत्कारपुरस्कार परीषह सहन करना चाहिये.

रसका यदि परित्याग किया है तो रसयुक्त आहारकी कथाके तरफ अपने मनको न लगावें, रसयुक्त पदार्थका अवलोकन होनेसे उस विषयके आदरभावको दूर हटाना चाहिये. रसोंका त्याग करनेसे यदि देहमें दाह उत्पन्न हो तो सहन करना चाहिये.

आतापनयोग धारण करते समय सूर्यकिरणसे, स्वेदसे बहुत कष्ट होनेपर भी मन संक्लिष्ट न होने देना चाहिये. और उनका प्रतीकार करनेवाले वस्तुओंमें आदर भी नहीं करें.

जहां लोगोंका आना जाना नहीं है ऐसे एकान्तस्थानमें प्रवेश किया हो और वहां पिशाच अथवा दुष्ट व्याघ्रादि पशुओंका उपद्रव होनेपर भी मनमें भयभीत न होना चाहिये और अरतिपरीषह सहन करना चाहिये. प्रायश्चित्तका आचरण करते समयमें भी गुरुने मेरे बलाबलका विचार न करके बडा प्रायश्चित्त दिया है ऐसा विचार कर मनमें क्रोध न उपजावें. प्रायश्चित्त करते समयमें होनेवाले क्लेशको सहकर संक्लेश परिणाम न होने देवें

ज्ञानविनयके कार्य में प्रवृत्त हुये मेरे को ही क्षेत्रशुद्धि, कालशुद्धि करनेके लिये गुरु नियुक्त करते हैं. दूसरों को इस कार्यमें नहीं लगाते ऐसा विचार कर कोप नहीं करना चाहिये और ज्ञानविनयके कार्यमें श्रम हुआ तो भी सहन करना चाहिये.

दर्शनविनयमें तत्पर रहनेवाले मुनिवर्यने सन्मार्गसे भ्रष्ट हुए व्यक्तीको सन्मार्गमें पुनः स्थिर करना चाहिये. ऐसे कार्यमें महान् परिश्रम करने पडने पर भी खेद न मानना चाहिये. स्वतःका चित्त वक्रविचारयुक्त हुआ हो तो उसको भी सीधे मार्गपर लाना बडा दुष्कर कार्य है तो अन्य व्यक्तिको सन्मार्गमें स्थिर रखना क्या सुलभ है ? ऐसा मनमें विचार न करना चाहिये. अर्थात् स्थिरीकरणकार्यमें होनेवाले परिश्रमको सहन करना अपना कर्तव्य समझना चाहिये.

चारित्रविनयमें सदा ही तत्पर रहकर ईर्यादिसमितियां पालनी चाहिये. ये समितियां बडी दुष्कर हैं. जगमें सर्वत्र जीव भरे हैं अतः जीवहिंसाका कैसे परिहार हो सकेगा ? प्रत्येक पांव रखते समय अच्छी तरहसे देख भाल करने पर भी जीवोंका दर्शन और उनका परिहार होना अशक्य है. इससे तो इष्टस्थान पर जाना ही न होगा. ईर्यासमितीसे चलते समय सूर्यकी उष्णता, कंटकादिकसे बाधायें होती हैं. ऐसे विचार मनमें लाकर संक्लेशपरिणाम नहीं बनाना चाहिये.

जैसे दुष्टपुरुषमें कृतज्ञता गुण पाना दुर्लभ है वैसे ही नउ प्रकारसे विशुद्ध आहार पाना कठिन है. ऐसा मनमें कभी भी विचार न करे. यह सब चारित्रविनय है.

मैंने तपोविनय धारण किया है, अनशनादिक तप करनेमें मैं हमेशा तत्पर रहता हूं, अप्रासुक पानी

पानेसे तथा अशुद्ध भिक्षा ग्रहण करनेसे जो पाप उत्पन्न होता है उसको मेरा तप भस्म कर डालेगा ऐसा मनमें संकल्प नहीं करना चाहिये.

बारबार ऊठना, गुरुओंके पीछे गमन करना, उनकी आज्ञा शिरोधारण करना, उपकरणोंको सोधना पोछना वगैरे उपचारविनय है. ये कार्य दररोज करनेकी यह आपत् व्यर्थ ही पीछे लगी है. ऐसा मनमें विचार न करें. बडे आनन्दसे उपचारविनयका पालन करें.

तपश्चरणमें श्रद्धा रखना यह भी तपोविनय है. तपश्चरणके द्वारा आत्मापर उपकार होता है यह अपने बुद्धिसे जानकर तपके उपर श्रद्धा करनी चाहिये. तपश्चरणसे नवीन कर्मका संवर होता है. और पूर्वकालमें बंधा हुआ कर्म निर्जीर्ण होकर आत्मासे छूट जाता है. तप जीवोंको इंद्रपदवी, चक्रवर्तिपद वगैरे लोकपूज्य पद अर्पण करता है. उत्कृष्ट तपके अलाभसे ही जीवको संसारसमुद्रमें जन्ममरण के आवर्तमें घूमना पडता है. दुःखोंसे भरे हुए इस भवसमुद्रमें तपके अभावसे ही मैंने भ्रमण किया है और करूंगा. ऐसा विचार करके तपमें प्रेम करना चाहिये.

सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वंदना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग ऐसी छह आवश्यक क्रियायें हैं. ये क्रियायें शास्त्रमें जैसी कही हैं वैसा उनका आचरण करना चाहिये. उसमें न्यूनता न होवें. यदि होगी तो तपोविनयमें न्यूनता आवेगी.

' ण वसो अवसो अवसस्स कम्ममावासयंति बोधव्वा ' ऐसी आवश्यक शब्दकी निरुक्ति है. व्याधि–रोग अशक्तपना इत्यादि विकार जिसमें है ऐसे व्यक्तिको अवश कहते हैं. ऐसे व्यक्तीको जो क्रियायें करना योग्य हैं उनको आवश्यक कहते हैं. जैसे ' आशु गच्छतीत्यश्वः ' अर्थात् जो शीघ्र दौडता है उसको अश्व कहते हैं. अर्थात् व्याघ्रादिक कोई भी प्राणी जो शीघ्र दौड सकते हैं वे सभी अश्वशब्दसे संगृहीत होते हैं. परंतु अश्वशब्द प्रसिद्धिके वश होकर घोडा इस अर्थमें ही रूढ है. वैसें अवश्य करने योग्य जो कोई भी कार्य है वह आवश्यक शब्दसे कहा जाना चाहिये जैसे लौटना, करवट बदलना, किसीको बुलाना वगैरह कर्तव्य अवश्य करने पडते हैं परंतु आवश्यक शब्द यहां सामायिकादि क्रियाओंमें ही प्रसिद्ध है.

अथवा आवासक ऐसा शब्द मानकर ' आवासयन्ति रत्नत्रयमात्मनि इति आवासकाः ' ऐसी भी निरुक्ति करते हैं. अर्थात् जो आत्मामें रत्नत्रयका निवास करते हैं उनको आवासक कहते हैं. सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव,

वंदना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग ये छह आवश्यक क्रिया है-उसमेंसे सामायिक क्रियाका वर्णन आचार्य कहते हैं --

सामायिकके चार भेद हैं—नामसामायिक, स्थापनासामायिक, द्रव्यसामायिक और भावसामायिक.

नामसामायिक—जाति, गुण, क्रिया वगैरह निमित्तोंके विना किसी भी जीवादि पदार्थोंका सामायिक ऐसा नाम रखना.

स्थापनासामायिक—सर्व पापोंका त्याग करनेवाले परिणामोंसे परिणत ऐसे आत्मासे एकरूप हुए शरीरका जो आकार सामायिक करते समय होता है वैसा ही आकारसादृश्य जिनमें है ऐसे चित्र, फोटो वगैरह पदार्थमें यह सामायिक है ऐसी स्थापना करना यह स्थापनासामायिक है.

आगमद्रव्यसामायिक—अंगबाह्य श्रुतज्ञान का सामायिक नामका आद्य ग्रंथ है. उस ग्रंथका अर्थ जो जानता है अर्थात् सामायिक रूप आत्मपरिणामका अनुभव जिसको आ चुका था परंतु सांप्रत जो सामायिकरूपज्ञानसे परिणत नहीं हुवा है वह व्यक्ति आगमद्रव्यसामायिक है.

नो आगमद्रव्यसामायिकके ज्ञायकशरीर, भावि और तद्व्यतिरिक्त ऐसे तीन भेद हैं. सामायिकको जाननेवाले आत्माका जो शरीर है वह भी आत्माके समान सामायिकका ज्ञान होनेमें कारण है. क्यों कि शरीरके विना आत्माको ज्ञान होता नहीं है. जो पदार्थ जिसके सद्भावमें रहता है या उत्पन्न होता है और जिसके अभावमें उत्पन्न नहीं होता है वह उत्पन्न होनेवाला पदार्थ उसका कार्य समझना चाहिये. शरीरके विना सामायिकका ज्ञान आत्मा स्वयं अपनेमें धारण नहीं कर सकता है. अतः वह ज्ञान शरीरका कार्य माना जाता है. अर्थात् ज्ञान और शरीरमें हेतुफलव्यवस्था है ऐसा यहां समझना चाहिये. ज्ञानरूप सामायिकका शरीर कारण होनेसे त्रिकालस्थित वह शरीर सामायिक शब्दसे वाच्य होता है.

भावसामायिक—चारित्रमोहनीय कर्मके विशेष क्षयोपशमसे आत्मामें भविष्यत्कालमें जो सर्व सावद्य योगसे निवृत्त करनेवाला परिणाम होगा उसको भावि सामायिक कहते हैं.

तद्व्यतिरिक्त नो आगमद्रव्यसामायिक—क्षयोपशमरूप अवस्थाको प्राप्त हुए चारित्र मोहनीय कर्मको जो कि सामायिकके प्रति कारण है वह नो आगमद्रव्य तद्व्यतिरिक्त सामायिक है.

नो आगमभावसामायिक—संपूर्ण सावद्ययोगोंसे विरक्त ऐसे आत्माके परिणामको नो आगमभाव सामायिक कहते हैं. यही सामायिक प्रकृत विषयमें ग्राह्य है.

आगमभावसामायिक—सामायिक शास्त्रका ज्ञान जिसका सांप्रतमें उपयोग हो रहा है.

चतुर्विंशतिस्तव—इस भरतक्षेत्रमें वर्तमानकालमें वृषभनाथसे महावीर तक चोवीस तीर्थंकर होगये हैं. उनमें अर्हन्तपना वगैरे अनंतगुण हैं. उनको जानकर तथा उनके ऊपर श्रद्धान रखते हुये उनकी स्तुति करना यह चतुर्विंशतिस्तव है.

वंदना—रत्नत्रयधारक यति, आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्तक, वृद्धसाधु, इनके उत्कृष्ट गुणोंको जानकर श्रद्धा सहित होता हुवा अभ्युत्थान और प्रयोग ऐसे भेदसे दो प्रकारके विनयोंमें प्रवृत्ति करना यह वंदना आवश्यक है. इस अभ्युत्थान और प्रयोगके और भी अनेक भेद हैं।

यह वंदना कार्य किसको करना चाहिये, किसके प्रति करना चाहिये, किस समयमें और कितने वार करना चाहिये ? अभ्युत्थान-ऊठकर आदरसे खडे होना यह कर्त्तव्य किसने बताया है ? तथा किस फलकी अपेक्षा करके यह करना चाहिये ? पूर्वकालमें कर्मभूमीमें विनयको कर्तव्य कर्म समझकर सर्व जिनेश्वरोंने उसका उपदेश दिया है यह कर्तव्य करनेसे मानकषायका नाश होता है. बहुमान करनेका श्रेय मिलता है. अथवा गुरुजन विनय करनेवालोंको आदरकी दृष्टीसे देखते हैं. तीर्थंकरोकी आज्ञा हमने शिरोधार्य की है ऐसा सिद्ध होता है. इस विनयसे ज्ञान और धर्मकी आराधना होती है. परिणाममें निर्मलता, निष्कपटता और संतोष ये फल प्राप्त होते हैं. इन फलोंकी प्राप्तिके लिये यह कर्तव्य वंदना करनेवालोंको करना चाहिये. विनय करनेवाला गर्वरहित, संसारभीरु, आलस्यरहित स्वभावयुक्त, अनुग्रहकी इच्छा रखनेवाला, अन्य व्यक्तिओंके गुण प्रकाशित करनेवाला, संघवत्सल, एवंविधगुणविशिष्ट होना चाहिये. मुनिओंको श्रावकके आनेपर ऊठकरके खडे होना योग्य नहीं है. अथवा पार्श्वस्थादि भ्रष्ट मुनिओंका आगमन होनेपर भी ऊठना योग्य नहीं है, जो मुनि रत्नत्रयमें, और तपश्चरणमें तत्पर हैं वे आनेपर अभ्युत्थान करना योग्य है. जो सुखके वश होकर अपने आचारमें शिथिल हो गये है उनके आनेपर ऊठ करके खडे हो जानेसे कर्मबंध होता है. सुखशीलोंका विनय करनेसे प्रमाद उत्पन्न होता है. और ज्यादा प्रमादी बनानेका साधन हो जाता है.

संसारभीरु मुनिओंके आनेपर अभ्युत्थान करना चाहिये. उससे अशुभ कर्मकी निर्जरा होती है, संसार

भीरुता स्थिर और वृद्धिंगत होती है. जो ग्रंथ और अर्थको पढाता है अथवा सदादि अनुयोगोंका शिक्षण देता है वह व्यक्ति यदि अपनेसे रत्नत्रयसे हीन है तोभी उसके आनेपर उठकर खडे होना चाहिये. जो जो उसके पास अध्ययन करते हैं वे सर्वजन उठकर खडे होवें. वसतिकास्थानसे, कायभूमीसे (?) भिक्षा लेकर लौटते समय, जिनमंदिरसे आते समय, गुरुके पाससे आते वख्त अथवा ग्रामांतरसे आते समय ऊठना चाहिये. गुरुजन जब बाहर जाते हैं अथवा बाहरसे आते है, तबतब अभ्युत्थान करना चाहिये. इसी प्रकारसे इतर बातें भी जाननी चाहिये.

पंचनमस्कारोच्चारण करते समय प्रथमतः भूमिपर हाथ जोडकर एक नमस्कार करना चाहिये. तथा चतुर्विंशतिस्तवनके प्रारंभमें ही नम्र होकर एक नमस्कार करना चाहिये. प्रत्येक दिशामें तीन आवर्त कर एक नमस्कार करना चाहिये. ऐसा करनेसे चार दिशाओंमें चार नमस्कार और बारा आवर्त होते है. (हमने इसका अर्थ संक्षेपसे लिखा है. इसका खुलासा मूलाचार ग्रंथमें षडावश्यकाधिकार की १०४ गाथामें वसुनंदि आचार्यने किया है पाठकगण वहां देख लेवें.)

अब प्रतिक्रमणका विवरण करते हैं—

अशुभ प्रवृत्तीसे निवृत्त होना प्रतिक्रमण है. उसके छह भेद हैं. जैसे नामप्रतिक्रमण, स्थापनाप्रतिक्रमण, द्रव्यप्रतिक्रमण, क्षेत्रप्रतिक्रमण, कालप्रतिक्रमण, और भावप्रतिक्रमण, अयोग्य नामोंका उच्चारण न करना यह नाम प्रतिक्रमण है. भर्तृदारिका, स्वामिनी इत्यादिक अयोग्य नामोंका उच्चार न करना यह नामप्रतिक्रमण है.

स्थापना प्रतिक्रमण—आप्ताभास-हरिहरादिकोंकी प्रतिमायें, त्रस और स्थावरोंके चित्र, जो कि रंगके द्वारा लिखे गये हैं अथवा पाषाण, लकडी इत्यादिकोंमें उकिरे गये हैं इन सबको स्थापना कहते हैं. आप्ताभासकी प्रतिमाके आगे खडे होकर हात जोडना, मस्तक नम्र करना, उनकी गंधादिद्रव्योंके द्वारा पूजा करना यह कार्य नहीं करना चाहिये. इस प्रकारके स्थापनाका त्याग होनेसे स्थापना प्रतिक्रमण होता है. अथवा त्रसजीवोंकी वा स्थावरजीवोंकी जो स्थापनायें होती हैं उसका नाश न करना, मर्दन न करना, ताडन न करना, यह भी स्थापना प्रतिक्रमण है.

द्रव्यप्रतिक्रमण—वास्तु, क्षेत्र, धनधान्यादि दशप्रकारके परिग्रहोंका त्याग करना, उद्गम, उत्पादनादि

दोषयुक्त वसतिका, उपकरण व आहार इनका त्याग करना, जो आहारादिक पदार्थ अयोग्य हैं, अभिलाषाको अधिकतासे उत्पन्न करते हैं, जिनसे उन्मत्तता और संक्लेशपरिणाम बढते हैं ऐसे आहारादिकोंका त्याग करना यह सब द्रव्यप्रतिक्रमण है.

क्षेत्रप्रतिक्रमण—पानी, कीचड, त्रसजीव, स्थावर जीव इनसे व्याप्त हुए प्रदेशोमें जाने आनेका त्याग करना. अथवा जिसमें अपने रहनेसे रत्नत्रयधर्मकी हानि होगी ऐसे प्रदेशोंका त्याग करना यह भी क्षेत्रप्रतिक्रमण है. जहां ज्ञानवृद्ध व तपोवृद्ध मुनि रहते नहीं हैं ऐसे स्थानोंको त्यागना यह क्षेत्रप्रतिक्रमण है.

कालप्रतिक्रमण—रात्रौ, तीनो संध्यासमयोंमें, स्वाध्याय काल, और सामायिकादि आवश्यक क्रियाके कालोंमें जाना आना वगैरे क्रियाओंका त्याग करना यह कालप्रतिक्रमण है.

काल तो सदा ही रहता है उसका त्याग हो नहीं सकता परंतु उस कालमें होनेवाली क्रियाओंका वह काल आधार है उसके साहचर्यसे उन क्रियाओंको भी काल कहते हैं.

भावप्रतिक्रमण—मिथ्यात्व, असंयम, कषाय, रागद्वेष, संज्ञा,-आहार, भय, परिग्रह और मैथुनकी अभिलाषा, निदान और आर्तध्यान, रौद्रध्यान इत्यादिक अशुभपरिणाम व पुण्यास्रवके कारणभूत अशुभपरिणाम इन सबोंको यहां भाव कहते हैं. उनसे निवृत्त होना भावप्रतिक्रमण है ऐसा किसी आचार्योंका मत है. कोइ आचार्य प्रतिक्रमणके चार भेद कहते हैं.

नामप्रतिक्रमण—द्रव्य, गुण, क्रिया, जाति इत्यादि निमित्तोंके बिना ही किसीका प्रतिक्रमण ऐसा नाम रखना वह नाम प्रतिक्रमण है.

स्थापना प्रतिक्रमण—विशिष्ट जीव द्रव्यके शरीराकारकी सदृशताकी अपेक्षासे चित्रादिकोंमें अशुभ परिणामोंकी स्थापना करना वह स्थापना प्रतिक्रमण है.

आगमद्रव्यप्रतिक्रमण—प्रमाण, नय, निक्षेप वगैरहके द्वारा प्रतिक्रमणावश्यक ग्रंथका स्वरूप जो जानता है परंतु वर्तमानकालमें प्रतिक्रमणके वक्तमें उसका उपयोग लगा नहीं है, परंतु आगामिकालमें उत्पन्न होनेवाले ज्ञानरूप प्रतिक्रमणका जो कारण है ऐसे जीवको आगमद्रव्यप्रतिक्रमण कहते हैं.

नो—आगमद्रव्यप्रतिक्रमणके तीन भेद हैं, ज्ञायकशरीर, भावि और तद्व्यतिरिक्त. जैसे प्रतिक्रमण-

पर्यायको आत्मा कारण है वैसे उस आत्माका शरीर भी प्रतिक्रमणपर्यायको कारण है. इसलिये उसका त्रिकालगोचर शरीर भी प्रतिक्रमणशब्दसे वाच्य होता है.

भाविप्रतिक्रमण—चारित्रमोहनीय कर्मके क्षयोपशमका सान्निध्य होनेसे जो आगे प्रतिक्रमणपर्याय धारण करेगा वह आत्मा भाविप्रतिक्रमण है.

नो -- आगमद्रव्यव्यतिरिक्त प्रतिक्रमण—क्षयोपशमावस्थाको प्राप्त हुवा जो चारित्रमोहकर्म वह तद्व्यतिरिक्त प्रतिक्रमण है.

प्रतिक्रमणका जो ज्ञान वह आगमभावप्रतिक्रमण है मिथ्याज्ञान, मिथ्यादर्शन और मिथ्याचारित्र इनसे मैं विरक्त हुआ हूं ऐसा जो ज्ञान आत्मामें उत्पन्न होता है वह आगमभावप्रतिक्रमण है.

अशुभपरिणामोंके दोष जानकर और श्रद्धा कर उसके उलटे परिणामोंसे आत्मा जब परिणत होता है तब वह नो आगमभावप्रतिक्रमण है.

प्रश्न—सामायिक और प्रतिक्रमणमें क्या भेद है ? सावद्यमनवचन कायकी प्रवृत्तियोंसे विरक्त होना यह सामायिकका लक्षण है. और अशुभ मनोवाक्कायकी निवृत्ति होना यह प्रतिक्रमण है अर्थात् प्रतिक्रमण और सामायिक इनमें कुछ भी भेद नहीं है इसलिये छह आवश्यक क्रियाओंकी व्यवस्था कैसी होगी ? इस प्रश्नका उत्तर कोई विद्वान इस प्रकार देते हैं-

' सर्व सावद्ययोगोंका मैं त्याग करता हूं ' ऐसा वचन अर्थात् प्रतिज्ञा सामायिकमें की जाती है. हिंसादिकोंके भेद पृथक् न ग्रहण कर सामान्यसे सर्व पापोंका त्याग करना सामायिक है. और हिंसा, असत्य वगैरे भेदोंसे सावद्ययोगके विकल्प करके उससे विरक्त होना प्रतिक्रमण है. इस विषयके सूत्र का अभिप्राय यह है कि—मिथ्यात्वका त्याग करना, असंयमका अर्थात् उसके प्रभावसे उत्पन्न होनेवाले अतिचारोंका त्याग करना, कषायोंका तज्जनित अतिचारोंका त्याग करना तथा अप्रशस्त मनोवाक्काय विषयक व्रतातिचारोंका त्याग करना यह भाव प्रतिक्रमण है. इस रीतीसे उपरके प्रश्नका कोई विद्वान उत्तर देते हैं परंतु यह उनका उत्तर अयोग्य है.

योग शब्दसे वीर्यपरिणाम ऐसा अर्थ होता है. वह वीर्यपरिणाम वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशमसे उत्पन्न

होता है. इसलिये वह क्षायोपशमिक भाव है. ऐसे योगसे निवृत्त होना यह सामायिक है अर्थात् अशुभकर्मका ग्रहण करनेवाले योगरूप आत्मा की परिणति न होना यह सामायिक शब्दका अर्थ है.

मिथ्यात्व, असंयम और कषाय ये दर्शनमोहनीय कर्मके उदयसे आत्मामें उत्पन्न होते हैं. अतः ये भाव औदयिक हैं. मिथ्यात्व–तत्वोंमें श्रद्धान न करना, असंयम–हिंसादि पंच पापोंको असंयम कहते हैं. क्रोध, मान, माया, लोभ ये परिणाम परस्परसे और मिथ्यात्व असंयमसे बिलकुल भिन्नस्वरूप हैं ऐसा अनुभवमें आता है. जिसके कारण भिन्न रहते हैं वे पदार्थ एकस्वरूपके नहीं होते हैं. जैसे शाली और गेहुओंके कारण भिन्न होनेसे वे एक नहीं है, वैसे ही मिथ्यात्व, असंयम और कषाय इनके हेतुओंमें और स्वरूपमें भी भिन्नता होनेसे ये परस्पर तो भिन्न है. ऐसे परिणामोंसे विरक्ति होना यह प्रतिक्रमण कहा गया है. सावद्ययोगमात्रसे निवृत्त होना सामायिक है. ऐसा दोनोंमें बडा भेद-विशेष है.

इन परिणामोंके भेदोंका आश्रय कर ' चदुपच्चयाण बंधो ' यह सूत्र प्रवृत्त हुआ है. यदि योगके ही चार भेद माने जाते तो योगके साथ मिथ्यात्वादिकोंकी चार संख्या मानना न्याय्य नहीं होता.

प्रत्याख्यान आवश्यक—भविष्यकालीन क्रिया मैं नहीं करूंगा ऐसा संकल्प करना यह प्रत्याख्यान आवश्यक है. यह नाम, स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव ऐसे विकल्पसे छह प्रकारका है. अयोग्य नामका मैं उच्चार नहीं करूंगा ऐसे संकल्पको नामप्रत्याख्यान कहते हैं. आप्ताभासके–हरिहरादिकोंकी प्रतिमाओंकी मैं पूजा नहीं करूंगा, मनसे, वचनसे और कायसे त्रस और स्थावर जीवोंकी स्थापना मैं पीडित नहीं करूंगा ऐसा जो मानसिक एकाग्र रूप संकल्प वह स्थापना प्रत्याख्यान है. अथवा अर्हदादि परमेष्ठिओंकी स्थापनाका-उनकी प्रतिमाओंका मैं नाश न करूंगा, अनादर नहीं करूंगा. यह भी स्थापना प्रत्याख्यान है.

द्रव्यप्रत्याख्यान—अयोग्य आहार, उपकरण वगैरह पदार्थोंको मैं ग्रहण न करूंगा ऐसा संकल्प करना.

क्षेत्रप्रत्याख्यान—अयोग्य व जिनसे अनिष्ट प्रयोजनकी उत्पत्ति होगी, जो संयमकी हानि करेंगे अथवा संक्लेशपरिणामोंको उत्पन्न करेंगे ऐसे क्षेत्रोंको मैं त्यागूंगा ऐसा संकल्प करना वह क्षेत्रप्रत्याख्यान है.

कालप्रत्याख्यान—कालका त्याग करना शक्य ही नहीं है. इसलिये उस कालमें होनेवाली क्रियाओंको त्यागनेसे कालका ही त्याग होता है ऐसा यहां समझना चाहिये. अर्थात् संध्याकाल, रात्रिकाल वगैरह समयमें

अध्ययन करना, आना जाना इत्यादिकार्य मैं नहीं करूंगा ऐसा संकल्प करना कालप्रत्याख्यान है.

भावप्रत्याख्यान—भाव–अशुभपरिणाम उनका मैं त्याग करूंगा ऐसा संकल्प करना. इसके दो भेद हैं. मूलगुण प्रत्याख्यान और उत्तर गुणप्रत्याख्यान.

शंका—मूलगुण इस शब्दका अर्थ व्रत ऐसा होता है. उनका त्याग भविष्यत्कालमें मैं करूंगा ऐसा संकल्प संवरको चाहनेवाले यदि करें तो कर्मसंवर होगा ही नहीं. संवरको चाहनेवालोंको व्रतका अवश्य पालन करना चाहिये अतः मूलगुणप्रत्याख्यान होता नहीं है.

उत्तर—उत्तरगुणोंको कारण होनेसे व्रतोंमें मूलगुण यह नाम प्रसिद्ध है. मूलगुणरूप जो प्रत्याख्यान वह मूलगुणप्रत्याख्यान है. अर्थात् यहां षष्ठीतत्पुरुष समास नहीं है. कर्मधारय समास है. अतः उपर्युक्त शंकाका परिहार हुआ. व्रतोंके अनंतर जो पाले जाते हैं ऐसे अनशनादि तपोंको उत्तरगुण कहते हैं. उत्तरगुणप्रत्याख्यान इस शब्दमें भी कर्मधारय समास ही है. ' उत्तरगुणश्च सः प्रत्याख्यानं च तदिति उत्तरगुणप्रत्याख्यानं ' उत्तरगुण-प्रत्याख्यानका ऊपर कहा हुआ विग्रह समझना चाहिये. मुनियोंको मूलगुणप्रत्याख्यान आमरण रहता है. संयता-संयत अर्थात् पंचमगुणस्थानवर्ती श्रावक उसके अणुव्रतोंको मूलगुण कहते हैं. गृहस्थ मूलगुणप्रत्याख्यान अल्प-कालिक और जीवितावधिक ऐसा दोन प्रकारका कर सकते हैं. पक्ष, छह महिने इत्यादिरूपसे भविष्यत्कालकी मर्यादा करके उसमें स्थूल हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुनसेवन, और परिग्रह ऐसे पंचपातक मैं नहीं करूंगा ऐसा संकल्प करना यह अल्पकालिक प्रत्याख्यान है. मैं आमरण स्थूल हिंसादिपापोंको नहीं करूंगा ऐसा संकल्प कर उनका त्याग करना यह जीवितावधिकप्रत्याख्यान है.

उत्तरगुणप्रत्याख्यान तो मुनि और गृहस्थ जीवितावधि और अल्पावधि भी कर सकते हैं. जिसने संयम धारण किया है. उसको सामायिकादिक, और अनशनादिक भी रहते हैं अतः सामायिकादिकोंको और तपको उत्तरगुणपना है. भविष्यत्कालको विषय करके अशनादिकोंका त्याग किया जाता है. अतः उत्तरगुणरूप यह प्रत्याख्यान है ऐसा माना जाता है. सम्यक्त्व यदि होगा तभी यह दो तरहका प्रत्याख्यान मुनि और गृहस्थोंको माना जाता है. यदि सम्यग्दर्शनके साथ यह प्रत्याख्यान न होगा अकेला ही होगा तो वह प्रत्याख्यान इस नामको नहीं पाता है.

जीवनिकाय और हिंसादिकोंका स्वरूप जानकर और उनके ऊपर श्रद्धा कर यदि सर्व प्रकारसे अथवा एकदेशसे हिंसादिकोंका त्याग करनेपर उस त्यागको व्रतसंज्ञा प्राप्त होती है. यही अभिप्राय ' निःशल्यो व्रती ' इस सूत्रमें है. मिथ्याशल्य, मायाशल्य और निदानशल्य ऐसे तीनशल्य हैं. ऐसे तीनशल्योंसे जो रहित है वही निःशल्य है. निःशल्यको ही व्रती कहना चाहिये. जो शल्यसहित है वह व्रती नहीं है. यदि जीवादि पदार्थोंपर श्रद्धा न हो तो मिथ्यात्वशल्यका त्याग नहीं हो सकता. जीवादिपदार्थोंका ज्ञान यदि न होगा तो सम्यग्दर्शन नहीं होगा इसलिये सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान युक्त प्राणीको ही व्रतिपना प्राप्त होता है ऐसा सूत्रकारने कहा है. यही अभिप्राय अन्यग्रन्थ कारने ग्रंथांमें भी कहा है—

" मुनिओंके अहिंसादि पंचमहाव्रत और श्रावकोंके पांच अणुव्रत ये सम्यग्दर्शनके विना नहीं होते हैं. इसलिये प्रथमतः आचार्योंने सम्यक्त्वका वर्णन किया है. "

मुनिराज मनसे, वचनसे और शरीरसे हिंसादिक पाप कार्य स्वयं नहीं करते, न कराते और न अनुमोदन देते हैं. यावज्जीव नउ प्रकारसे पापोंका त्याग करते हैं. परंतु सम्यग्दृष्टि गृहस्थ मूलगुण अथवा उत्तरगुण अपनी शक्त्यनुसार ग्रहण करता है और यावज्जीव किंवा अल्पकालपर्यंत पालता है. मैंने पूर्वकालमें हिंसादिक कार्य किये, हाय मैंने यह दुष्ट कार्य किया, मैंने दुष्ट संकल्प किये और मैंने हिंसादि प्रवृत्तिकर भाषण किया. यह मैंने अयोग्य किया है इस प्रकार निंदा और गर्हाके द्वारा वर्तमान कालीन असंयम बुरा समझता है. पूर्वमें जैसा असंयम मैंने किया था अथवा अब जो असंयम प्रवृत्ति हुई ऐसी असंयम प्रवृत्ति मैं आगामिकालमें नहीं करूंगा, इस रीतीसे वह श्रावक पापोंका प्रत्याख्यान करता है.

अब गृहस्थोंके हिंसादि त्यागरूप परिणामोंके विकल्पोंका विवरण करते हैं—

स्थूल हिंसादिक पांच पापोंको कृत, कारित, अनुमत ऐसे तीन विकल्पोंसे तथा मन, वचन और शरीरके विकल्पोंसे त्याग नहीं करते हैं. उनका क्रम—मैं मनसे स्थूल हिंसादिक पंच पाप नहीं करूंगा, तथा वचनसे और शरीरसे भी नहीं करूंगा. यह कृतके तीन भेद हैं. मनके द्वारा मैं स्थूल हिंसादिक पांच पाप नहीं कराऊंगा, तथा वचन और शरीरके द्वारा भी नहीं कराऊंगा. ये कारितके तीन भेद हैं. मनके द्वारा स्थूल हिंसादि पापोंको सम्मति मैं नहीं देऊंगा. वचन और शरीरके द्वारा भी मैं सम्मति नहीं देऊंगा इस तरहसे तीन प्रकारकी सम्मति

हैं. परंतु गृहस्थ स्थूलहिंसादि पापोंका नउ प्रकारोंसे त्याग करनेमें असमर्थ रहते हैं. क्यों कि वे गृहकार्योंसे विरक्त नहीं रहते हैं.

मन और वचनके द्वारा स्थूल हिंसादिक पापोंको कृत, कारित, अनुमतीके विकल्पोंसे नहीं करता है. परंतु शरीरके द्वारा हिंसादिक पापोंका कृतकारितानुमति विकल्पपूर्वक त्याग करनेमें असमर्थ होता है, अर्थात् मनके द्वारा मैं स्थूल पातक नहीं करूंगा, नहीं कराउंगा और अनुमति नहीं देउंगा. तथा वचनके द्वारा भी स्थूल पातक नहीं करूंगा, नहीं कराउंगा और अनुमति नहीं देउंगा इस प्रकार हिंसादिकका त्याग कर सकता है. इस विषयमें ऐसा सूत्र है—' ण खु तिविधं तिविधेण य दुविधेकविधेण वापि विरमेज्ज ' इति.

गृहस्थ किस प्रकारसे विरक्त होता है ? इस प्रश्नका उत्तर आचार्य लिखते हैं—कृत और कारितविकल्पसे मन वचनकायके द्वारा वे हिंसादिक त्यागते हैं. अथवा शरीरके द्वारा और वाणीके द्वारा हिंसादिविषयक कृतकारितका त्याग करते हैं. इसीलिये इस विषयमें पूर्वाचार्योंने आगेका सूत्र कहा है—' दुविधं पुण तिविधेण य दुविधेकविधेण वापि विरमेज्ज '

अथवा मनवचन और शरीरके द्वारा स्थूलहिंसादिक पाप कृत स्वयं मैं नहीं करूंगा ऐसा संकल्पपूर्वक व्रत ग्रहण करता है. किंवा वचन और शरीरके द्वारा ही पांच पापोंको स्वयं नहीं करता है अथवा केवल शरीरसे ही स्वयं हिंसादिकोंका कृतरूपसे त्याग करता है. अर्थात् मैं शरीरके द्वारा ही पांच पातक नहीं करूंगा. ऐसा व्रत लेता है. इस विषयका सूत्र ऐसा है—' एकविधं तिविधेणापि विरमेज्ज '

इस रीतीसे जो व्रतोंके विकल्प होते हैं इनको भविष्यत्कालका विषय करनेसे प्रत्याख्यानके विकल्प उपजते हैं. जैसे–मैं मन, वचन और शरीरके द्वारा कृत, कारित और अनुमोदनोंसे आगेके कालमें हिंसादिकोंका त्याग करूंगा इत्यादि.

कायोत्सर्गका निरूपण करते हैं—

कायोत्सर्ग—काय शब्दका अर्थ शरीर होता है. और उत्सर्ग शब्दका अर्थ त्याग होता है. अर्थात् शरीरका त्याग करना यह कायोत्सर्ग शब्दका समग्र अर्थ हुआ. पदार्थोंको जाननेवाले ज्ञानको आधारभूत इंद्रियरूपी अवयवोंसे जिसकी रचना हुई है ऐसा कर्मनिर्मित औदारिक नामका जो विशिष्ट पुद्गलसमुदाय वह यहां

काय शब्दसे गृहीत होता है. अर्थात् औदारिकशरीरको यहा 'काय' कहते हैं. क्योंकि इतर वैक्रियिकादि शरीरोंमें उत्सर्ग--त्यागका संभव सिद्ध नहीं होता है. औदारिक शरीरसे ही चारित्र पाला जाता है. इससे ही मनुष्य मोक्षको हस्तगत करते हैं अतएव इसमें ही उत्सर्गकी संभावना है. अन्यत्र नहीं है. इस उत्सर्गका आगे खुलासा लिखेंगे.

शंका—जब आयुकर्म पूर्ण निकल जाता है तभी आत्मा शरीरको छोडती है. अन्यसमयमें नहीं. इसलिये अन्यसमय कायोत्सर्ग नामकी आवश्यक क्रिया कैसी होगी ?

उत्तर—आत्माके और शरीरके प्रदेश परस्परोंमें मिलजानेसे जबतक आयुकर्म है तबतक आत्मासे शरीरका विछोह नहीं होगा तोभी शरीर सप्तधातुओंसे बना हुआ है, अत्यंत अपवित्र शुक्र और शोणितोंसे इसकी उत्पत्ति हुई है अतः यह अशुचि है. तथा यह अनित्य, विनाशशील, असार, दुःखका हेतु है. इस शरीरपर ममता करनेसे जीवको अनंत कालतक संसारमें भ्रमण करना पडेगा. इत्यादिक शरीरदोषोंका विचार कर यह शरीर मेरा नहीं है और मैं इसका स्वामी नहीं हूं ऐसा संकल्प मनमें पैदा हो जानेसे शरीरपर प्रेमका अभाव होता है. उससे शरीरका त्याग सिद्ध होता है. जैसे प्राणसे भी प्रियपत्नीने यदि कुछ अपराध किया हो तो वह पतिके साथ एक ही घरमें रहती है तो भी पतीका प्रेम उसपरसे हट जानेसे वह त्यागी गई है ऐसा कह सकते हैं. क्यों कि यह मेरी है यह ममत्वभावना पुरुषके हृदयसे नष्ट हुई है. वैसे यहां शरीरपरसे ममत्व भाव हटनेसे कायोत्सर्ग-शरीरका त्याग सिद्ध होता है.

शरीरका नाश होनेका कारण उपस्थित होनेपर भी नाशको हटानेकी अभिलाषा कायोत्सर्ग नामक आवश्य क्रिया करते समय मुनिवर्यमें नहीं होती है. जो जिसके नाशके कारण हटानेमें उत्सुक नहीं हैं उसने वह त्यागा है ऐसा समझना चाहिये जैसे वस्त्रादिकोंका त्याग. शरीरके अपायकारणको हटानेमें यति निरुत्सुक रहते हैं इस लिये उनका कायत्यागी योग्य ही है. कायोत्सर्ग करनेवाले मुनि शरीरपर निस्पृह होकर स्तंभके समान खडे हो जाते हैं. अपने दो बाहु जानु तक लंबे रखते हैं. और प्रशस्तध्यानमें निमग्न होते हैं. अपने ऊपरके शरीरको वे उन्नत और नम्र भी नहीं रखते हैं अर्थात् वे छातीको आगे जादा उठाते नहीं हैं अथवा नीचे उनका शरीर जादा झुकता भी नहीं है. कर्मका नाश करनेकी इच्छा रखते हुए वे निर्जन्तुक एकान्त स्थानमें उपसर्ग सहन करते हैं.

कायोत्सर्गका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल एक वर्षका है. रात्रिकायोत्सर्ग, दिनकायोत्सर्ग, पक्ष, मास, चारमास, संवत्सर ऐसे कायोत्सर्गके बहुत भेद हैं. अतिचार नष्ट होनेके लिये ये कायोत्सर्ग किये जाते हैं. रात्रि, दिवस, पंधरादिन, महिना, चारमहिने, वर्ष इत्यादि समयमें जो व्रतमें अतिचार लगते हैं उनको दूर करनेके लिये ये कायोत्सर्ग किये जाते हैं. सायंकालमें सो उच्छ्वास और प्रातःकालमें पचास उच्छ्वास किये जाते हैं. एक पक्षमें तीनसो श्वासोच्छ्वास,चारिमहिनेमें चारसो और वर्षमें ५०० पांचसो कायोत्सर्गका काल कहा है. प्राणि-हिंसादि पांच प्रकारके अतिचारोंमेंसे जो कोई अतिचार होगा तब एकसो आठ उच्छ्वास करने चाहिये. कायोत्सर्ग करनेपर यदि श्वासोच्छ्वास करते समय उसकी यदि संख्या ध्यानमें न रही है अथवा परिणामोंमें स्खलन हुवा हो तो आठ उच्छ्वास काल तक अधिक कायोत्सर्ग करना चाहिये.

कायोत्सर्गके १ उत्थितोत्थित, २ उत्थितानिविष्ट, ३ उपविष्टोत्थित ४ और उपविष्टोपविष्ट ऐसे चार भेद कहे हैं.

१ धर्मध्यान अथवा शुक्लध्यानमें परिणत होकर जो खडे होकर कायोत्सर्ग करते हैं उनका वह उत्थितो-त्थित कायोत्सर्ग हैं. शरीर और आत्माके परिणाम दोनो भी उन्नत है यहां उनका उन्नतिप्रकर्ष दिखानेके लिये ' उत्थितोत्थित ' शब्दका प्रयोग किया है. उसमें शरीर खंभेके समान स्थिर खडा हुआ है यह द्रव्योत्थान कहा जाता है. तथा ज्ञान स्थिर होकर ध्येय वस्तुमें एकाग्र होता है उसको भावोत्थान कहते हैं.

आर्तध्यान और रौद्रध्यानमें परिणत होकर जो खडा होता है उनके कायोत्सर्गको उत्थितानिषण्ण कायोत्सर्ग कहते हैं. शरीरसे वह खडा है अतः उसको उत्थित कहते हैं. परंतु शुभपरिणामरूप उत्थानका अभाव होनेसे निषण्ण कहते हैं. उत्थितावस्थाका और आसनावस्थाका भिन्न भिन्न कारण होनेसे यहां उत्थित और उपविष्टमें विरोध नहीं है.

जो मुनि बैठकर ही धर्म और शुक्लध्यानमें लवलीन होता है उसका उपविष्टोत्थित कायोत्सर्ग है. परिणाम उसके उन्नतशील है परंतु शरीरसे वह उठकर खडा नहीं हुआ है. जो मुनि बैठा हुवा है और अशुभध्यान कर रहा है वह निषण्णनिषण्ण कायोत्सर्गयुक्त समझना चाहिये. वह शरीरसे बैठा हुवा है और परिणामोंसे भी उत्थानशील नहीं है.

दिवस, रात्रि, पाक्षिक, चातुर्मासिक, वार्षिक रत्नत्रय संबधी जो अतिचार होगये हो उनका मनसे स्मरण करना चाहिये. अनंतर मैंने प्रमादवश होकर यह दुष्ट कार्य किया है ऐसा चिन्तन कर धर्म अथवा शुक्लध्यानमें प्रयत्न करना चाहिये. कायोत्सर्ग धारण करनेवाले मुनियोंने उत्थित कायोत्सर्ग दोषोंका त्याग करना चाहिये. उन दोषोंका स्वरूप इस प्रकार है—

१ जैसे घोडा आपना एक पांव थोडासा अकड लंगडा करके खडा हो जाता है वैसे खडा होना २ बेली जैसी इधर उधर चंचल होकर हिलती है वैसे खडा कायोत्सर्ग करते समय हिलना. ३ खंबेके समान शरीर ताठ करके खडे होना ४ खंबेके आश्रयसे, भित्तीके आधारसे अथवा मस्तकको ऊपरके पदार्थका आश्रय देकर खडे होना. ५ अधरोष्ठ लंबा करके और स्तनके तरफ दृष्टि देकर कौवेके समान दृष्टीको इतस्ततः फेकना. ६ लगामसे पीडित होकर घोडा जैसा मुखको हिलाता है वैसे मुखको हिलाता हुआ खडे होना ७ बैलके मानपर जूं रखनेसे वह अपनी मान नीचे करता है वैसे मान नीचे करता हुवा खडे होना. ८ कैथका फल पकडनेवाला मनुष्य हाथका तलभाग जैसे पसरता है वैसे करतल पसारकर खडे होना. ९ हाथके पांचो अंगुलिया संकुचित करके खडे हो जाना. १० गूंगामनुष्य जैसे हुंकार करता है वैसे खडे होकर हुंकार करना. अथवा गूंगा आदमी जैसे नाकके तरफ हाथ उठाकर वस्तुको दिखाता है वैसे खडे होकर वस्तुको हाथसे दिखाना, चुटकी बजाना, भौंहे टेढी करना, भौंहे नचाना. अर्थात् खडे होकर उपर्युक्त दोषसहित कायोत्सर्ग करना. १४ भीलकी स्त्री जैसी अपने गुह्यप्रदेशको हाथसे ढकती है वैसा कायोत्सर्गके समयमें करना. १५ जिसके पाव बेडीसे जकडे हुये हैं ऐसे मनुष्यके समान खडे रहना. १६ मद्यपान किये हुए मनुष्यके समान शरीरको इधर उधर झुकाता हुआ खडे होना ऐसे कायोत्सर्गके दोष हैं. इन छह आवश्यक कर्मोंमें हानि नहीं करनी चाहिये तथा इनमें घटबढ भी नहीं करनी चाहिये.

भत्ती तत्तोधिगमि य तत्तम्मि य अहीलणा य सेसाणं ॥
एसो तत्तम्मि विणओ जहुत्तचारिस्स साधुस्स ॥ ११७ ॥
तपस्तपोऽधिके भक्तिर्यच्छेषाणामहेडनं ॥
स तपोविनयोऽवाचि ग्रंथोक्तं चरतो यतेः ॥ ११८ ॥

विजयोदया—भत्ती भक्तिः । वदननिरीक्षणादिप्रसादेन अभिव्यज्यमानोऽन्तर्गतोऽनुरागः । तवोऽधिगम्मि । तपोऽधिके च तपसि य सम्यक्तपसि, तद्भक्तिरिति यावत् । तच्च सम्यग्ज्ञानदर्शनसंयमानुगतं । अहीलणा य अपरिभवश्च । सेसाणं शेषाणां । तपसा न्यूनानामात्मनः ज्ञानश्रद्धानचरणवतां परिभवे ज्ञानादीन्येव परिभूतानि भवंति । ततो बहुमानाभावो ज्ञानातिचारः, वात्सल्याभावो दर्शनातिचारः । ज्ञानातिचारश्चारित्रं बहुदोषं इति, महानर्थ इति भावः । एसो एष व्यावर्णितपरिणामसमूह उत्तरगुणोद्योगादिकः । तवसि तपसि तपोविषयः । विणओ विनयः अधुनोच्यमानस्य श्रुतनिरूपितक्रमेणाचरतः । साधुस्स साधोः ।

मूलारा—तवोहिअम्मि आत्मनः सकाशात्तपसाधिके साधौ । अहीलणा अपरिभवः । सेसाणं आत्मनः सकाशात्तपसा न्यूनानां । एसो यथोक्तः परिणामसमूहः ।

अर्थ—तपसे अधिक अर्थात् अपनेसे श्रेष्ठ ऐसे मुनिओंका दर्शन होनेपर मुखमें प्रसन्नता आनंद वगैरह उत्पन्न होकर मनका अनुराग गुण प्रकट होना यह भक्ति है. यह भक्ति तपोधिक मुनि और तपमें करनी चाहिये. सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और संयमपूर्वक जो तप किया जाता है वही सम्यक् तप है. इससे उलटा तप संवर और निर्जराका साधन न होकर संसारभ्रमणका साधन होता है. जो मुनि अपनेसे तपसे हीन है, न्यून है परंतु जो ज्ञान, श्रद्धान और चारित्रसंपन्न हैं उनकी अवहेलना कदापि नहीं करनी चाहिये. उनकी अवहेलना करनेसे ज्ञानादिक सद्गुणोंका तिरस्कार होता है. ज्ञानादिकका बहुमान न होनेसे ज्ञानमें अतिचार दोष उत्पन्न होता है. अवहेलनासे वात्सल्यगुणका नाश होकर दर्शनमें सदोषता पैदा होती है. ज्ञान और सम्यग्दर्शन अशुद्ध होनेपर चारित्र भी अशुद्ध हो जाता है. यह तो महा अनर्थ हुवा ऐसा समझना चाहिये. पूर्व गाथामें और इस गाथामें कहे हुए गुणोंका पालन करनेसे शास्त्रके अनुसार आचरण करनेवाले साधुको तपोविनयकी प्राप्ति होती है.

उपचारनिरूपणार्थोत्तरगाथा—

काइयवाइयमाणसिओत्ति तिविधो हु पंचमो विणओ ॥
सो पुण सव्वो दुविहो पच्चक्खो चेव पारोक्खो ॥ ११८ ॥

कायिको वाचिकश्चैनः पंचमो विनयस्त्रिधा ॥
सर्वोप्यसौ पुनर्द्वेधा प्रत्यक्षेतरभेदतः ॥ ११९ ॥

विजयोदया—काइगवाइगमाणसिगोत्ति पदसंबंधः । पंचमो विनयस्त्रिप्रकारः । कायेन, मनसा, वचसा च निर्वर्त्यते इति । सो पुण सव्वो स पुनस्त्रिप्रकारोऽपि विनयः । दुविधो द्विविधः । पच्चक्खो चेव प्रत्यक्षः । पारोक्खो परोक्षश्चेति ।

उपचारिकविनयं गाथादशकेनोपदिशति—

मूलारा—पच्चक्खो प्रत्यक्षः संनिहितगुर्वादिविषयत्वात् । पारोक्खो परोक्षः ।

उपचार विनयका निरूपण करनेवाली गाथा—

अर्थ—उपचारविनयके कायिक विनय, वाचनिक विनय, और मानसिक विनय ऐसे तीन भेद है. शरीरसे, वचनोंसे, और मनसे ये तीनो विनय किये जाते हैं इसलिये इनको कायिक विनय इत्यादि नाम प्राप्त हुए हैं. ये कायिकविनयादि तीनो विनय प्रत्यक्ष और परोक्ष ऐसे दो प्रकारके हैं.

तत्र प्रत्यक्षकायिकविनयप्रदर्शनाय गाथाचतुष्टयमुत्तरम्—

अब्भुट्ठाणं किदियम्मं पवंसणं अंजली य मुंडाणं ॥
पच्चुग्गच्छणमत्तो पच्छिद अणुसाधणं चेव ॥ ११९ ॥
संभ्रमो नमनं सूरेः कृतिकर्माञ्जलिक्रिया ॥
सम्मुखं यानमायाति यात्यनुव्रजनं पुनः ॥ १२० ॥

विजयोदया—अब्भुट्ठाणं अभ्युत्थानं गुर्वादीनां प्रवेशनिःक्रमणयोः । किदियम्मं णवंसणं, वंदना, शरीरावनतिश्च । अंजली य कृतांजलिपुटता च । मुंडाणं शिरोवनतिश्च । पच्चुग्गच्छणं प्रत्युद्गमनं । आसीने स्थिते वा गुरौ । पच्छिद अणुसाधणं चेव स्वयं गच्छतः दूरात्परिहृत्य निभृतकरचरणस्यावनतगात्रस्य गमनं, सहगमे वा पृष्ठतः स्वशरीरमात्रप्रमाणभूभागेन तं परिहृत्य गमनं ।

प्रत्यक्षकायिकविनयनिवेदनाय गाथाचतुष्टयमाह—

मूलारा—अब्भुट्ठाणं गुर्वादीनां प्रवेशनिष्क्रमणयोः सम्मुखमुत्थानं । किरियम्मं वंदना । णमणं शरीरावनतिः । अंजली करमुकुलीकरणम् । मुंडाणं शिरोवनतिः । अथवा मुंडानां मस्तकादीनां सम्बंधी अंजलिः मस्तके कृतांजलिपुटस्येत्यर्थः । पच्चुग्गच्छणं प्रत्युद्गमनमभिमुखगमनमित्यर्थः । एते आगच्छति सति गुरौ, मान्यमुनौ वा । पत्थिदस्स चलितस्य

गुर्वादेः। अणुसाहणा अनुव्रजनं। टीकाकारस्तु पच्छिदसंसाहणा इति पठति, व्याख्याति च, आचार्योपाध्यायादिभिः प्रार्थितस्य मनसाभिलषितस्य सम्यक्प्रसाधनं अनाशनस्यापीङ्गितेनैवावगम्येति।

प्रत्यक्षकायिकविनयका आचार्य चार गाथाओंमें वर्णन करते हैं—

अर्थ—गुरुजन, तपोधिक महर्षि अथवा गणधर पूज्यमुनि आनेपर अथवा प्रयाण करते समय स्वयं बडे आदरसे ऊठना चाहिये, वंदना करना चाहिये और शरीरमें नम्रता लानी चाहिये, हात जोडने चाहिये, और मस्तकसे नमन करना चाहिये. तथा वे बैठ गये अथवा खडे हुए हैं तो उनके पास जाना चाहिये, स्वागत करना चाहिये. जब गुरु आदिक पूज्यमुनि प्रयाण करते हैं तब उनके पीछे थोडे अन्तरसे हाथ और पावोंका चलते समय शब्द न होवे इस प्रकार शरीर नम्र करके शांतिसे गमन करना चाहिये. यदि साथ जानेका प्रसंग आवे तो स्वशरीरमात्र-प्रमाण भूमीका अन्तर छोडकर उनके अंगका अपने अंगको स्पर्श न होगा इस रीतीसे गमन करना चाहिये.

णीचं ठाणं णीचं गमणं णीचं च आसणं सयणं ॥
आसणदाणं उवगरणदाणमोगासदाणं च ॥ १२० ॥
नीचं यानमवस्थानं नीचं शयनमासनं ॥
प्रदानमवकाशस्य विष्टरस्योपकारिणः ॥ १२१ ॥

विजयोदया—णीयं च आसणं नीचैरासनं। पृष्ठतः स्वहस्तपादश्वासादिभिरुपद्रुतो यथा न भवति गुर्वादिस्तथासनं। अग्रतोऽभिमुखं मनागपसृत्य वामपार्श्वेऽनुद्धतस्योपदवनतोत्तमाङ्गस्य चासनं। आसने गुरावुपविष्टे स्वयं भूमावासनं च। सयणं च णीयमिति पदघटना। नीचैः शयनमिति यावत्। अनुच्चरे देशे शयनं, गुरुनाभिप्रमाणमात्रभूभागे वा स्वशिरो भवति यथा तथा शयनं। हस्तपादादिभिर्वा यथा न घट्यते गुर्वादिः। आसणदाणं आसितुमिच्छति इत्यवगम्य निरूप्य चक्षुषा प्रमार्जनयोग्यं न वेति, पश्चात्प्रतिलेखनेन लाघवमार्दवादिगुणान्वितेनातिशनकैः प्रमार्ज्य भूभागे पीठादिकं वा आसनदानं। उपकरणदानं ज्ञानसंयमौ उपकियेते अनुगृह्येते येन तदुपकरणं पुस्तकादि ग्रहीतुमभिप्रेतं तस्य दानं। अथवा उद्गमोत्पादनैषणादिदोषैरदुष्टस्य सुप्रतिलेखनस्यात्मना लब्धस्य उपकरणस्य दानं। ओगासदाणं च अवकाशदानं च शीतार्तस्याचस्थितनिवातावकाशदानं, उष्णार्दितस्य शीतलस्थानदानं, ग्रामनगरादिस्वावासस्थानदानं वा।

१ अनुन्नते देशे इति पाठः खपुस्तके।

मूलारा—णीचं ठाणं नीचैः स्थानं गुर्वादौ मान्यस्थाने वद्धीभूते निविष्टे वा ततोऽन्यत्र तस्य वामपार्श्वे पृष्ठदेशे वा शिष्येणावस्थानं कर्तव्यमित्यर्थः । णीचं गमणं आसीने स्थिते वा गुरौ स्वयं गच्छतः शिष्यस्य तं दूरात्परिहृत्य निभृतकरचरणस्य अवनतगात्रस्य गमनं । सहगमने वा पृष्ठतः स्वशरीरमात्रभूभागेन तं परिहृत्य गमनं । णीचं च आसणं चशब्दोऽयमुत्तरत्र योज्यः । नीचैरुपवेशनं, पृष्ठतः स्वहस्तपादश्वासानुपद्रववर्जनमुपवेशनम् । अग्रतोऽभिमुखं मनागवनतस्य वामपार्श्वे अनुद्धतस्य मनागवनतोत्तमांगस्य चोपवेशनम् ।

आसने गुरावनुपविष्टे स्वयं भूतावासनं वा । अयनं च नीचमिति पदघटना । अनुन्नते देशे शयनं गुरुनाभिमात्रप्रमाणभूभागे वा स्वशिरो यथा भवति तथा शयनं वा हस्तपादादिपट्टणवर्जं । आसणदाणं आसितुमिच्छन्तं गुर्वादिकं ज्ञात्वा भूभागं पीठादिकं च प्रमार्जनयोग्यं न वेति चक्षुषा निरूप्य प्रतिलेखनेन च त्रिः शनैः प्रमृज्य तत्र भूभागे सम्यक्पीठादेः स्थापनं । उत्पन्नपरिश्रमस्य योग्यस्य शुद्धकायेर्गुर्वादिना निषृक्षितस्य स्वयं वा संपादनं । ओगासदाणं अवकाशनं शीतार्तस्य स्वाधिष्ठितनिवातस्थानदानं, उष्णार्तस्य स्वशीतलस्थानं, ग्रामनगरादौ स्वनिवासस्थानदानं वा ।

अर्थ—अपने हाथ, पांव, श्वासोच्छ्वासादिकोंसे गुरु आदि मुनिजनोंको उपद्रव न होगा इस पद्धतीसे उनके पीछे बैठना चाहिये. गुरुजनोंके सम्मुख बैठना हो तो उनके वामपार्श्व बैठना चाहिये. उद्धततारहित, अपना मस्तक किंचित नम्र कर बैठना चाहिये. गुरु आसनपर विराजमान होनेके अनंतर स्वयं जमीनपर बैठना चाहिये. गुरु जहां सोये हैं उसके ऊपरकी जमीनपर शिष्यका शयन करना अनुचित है. गुरुके नाभितक जो जमीनका परिमाण होगा उतनी जमीन छोडकर नीचे सोना चाहिये अर्थात दीड, पौन दो हाथका अंतर छोडकर नीचले भूमीपर उनके चरण तरफ अपना मस्तक करके शिष्य शयन करे. अथवा अपने हाथ, पांव इत्यादिकोंसे गुरुको धक्का न लगेगा इस रीतीसे शयन करना योग्य है. जब गुरुकी बैठनेकी इच्छा दीखेगी तब जमीन और आसन वगैरह प्रमार्जन करनेके योग्य हैं वा नहीं यह आखोंसे देखकर नंतर हलकी और कोमल पीछीके द्वारा जमीन अथवा चटाई वगैरह स्वच्छ करके गुरुको देना चाहिये. ज्ञान और संयमका जिससे उपकार–वृद्धि होगी ऐसे शास्त्र, पीछी वगैरह इनको उपकरण कहते हैं. शास्त्रमें जो उपकरण मुनिओंको ग्रहण करनेमें दोष नहीं है वह गुरुओंको यदि उनकी इच्छा हो तो प्रदान करना चाहिये. उद्गम उत्पादनादिदोषोंसे रहित जो अच्छीतरह प्रमार्जित हो सकते हैं ऐसे चाहिये. यदि गुरु शीतसे पीडित हुए हो तो अपना निर्वात स्थान उनको देवें. यदि गुरुको उष्णतासे

बाधा हुई होगी तो उनको शीतल स्थान रहनेके लिये देना चाहिये. अथवा ग्राममें वा नगरादिकोंमे जहां अपना रहनेका स्थान होगा वह गुरुओंको देना चाहिये.

पडिरूवकायसंफासणदा पडिरूवकालकिरिया य ॥
पेसणकरणं संथारकरणमुवकरणपडिलिहणं ॥ १२१ ॥
देशकालवयोभावधर्मयोग्यक्रियाकृतिः ॥
करणं प्रेषणादीनामुपधेः प्रतिलेखनं ॥ १२२ ॥

विजयोदया—पडिरूवकायसंफासणदा कायस्य संस्पर्शनं कायसंस्पर्शनं । प्रतिरूपं कायस्य संस्पर्शनं प्रतिरूपकायसंस्पर्शनं तस्य भावः प्रतिरूपकायसंस्पर्शनता । गुर्वादिशरीरानुकूलं संस्पर्शनमिति यावत् ।

अयं चात्र क्रमः—मनागुपसृत्य स्थित्वा तदीयेन पिच्छेन कायं त्रिः प्रमृज्य आगंतुजीवबाधापरिहारोपयुक्तः सादरः स्वबलानुरूपं यावत्साहमर्दनलक्षणं तावदेव मर्दनं कुर्यात् । उष्णाभितप्तस्य यथा शैत्यं भवति तथा स्पृशच्छीतार्तस्य यथौष्ण्यं तथा ।

पडिरूवकालकिरिया य कालकृतोऽवस्थाविशेषो बालत्वादीह कालशब्देनोच्यते कालप्रभवत्वात् । तेन बालत्वाद्यनुरूपवैयावृत्त्यक्रियेति यावत् । पेसणकरणं गुर्वादिभिराज्ञप्तस्य । संथारकरणं तृणफलकादिकसंस्तरणक्रिया । उवकरणपडिलिहणं गुर्वादीनां ज्ञानसंयमोपकरणप्रतिलेखनं अस्तमनवेलायां आदित्योद्गमने च ।

मूलारा—पडिरूवकायसंफासणदा गुर्वादेः शरीरस्यानुकूलं स्पर्शनम । अयं चात्र क्रमः—मनागुपसृत्य स्थित्वा तदीयेन पिच्छेन तत्कार्यं त्रिः प्रमृज्य आगंतुजीवबाधापरिहारोपयुक्तः सादरः स्वबलानुरूपं यावत्सुखं मर्दयेत् । उष्णार्तस्य यथा शैत्यं स्याच्छीतार्तस्य च यथोष्णं स्यात्तथा स्पृशेत् । पडिरूवकालकिरिया कालशब्देनात्र कालकृतो बालत्वावस्थाविशेषो विवक्षितः । ततो बालत्वाद्यनुरूपं वैयावृत्त्यं कुर्यादित्यवशिष्यते । पेसणकरणं आज्ञप्तस्य कार्यस्य निष्पादनं । संथारकरणं तृणफलकादिसंस्तरणक्रिया । उवगरणपडिलिहणं । गुर्वादीनां पुस्तकादेरस्तमनवेलायामादित्योद्गमने च प्रमार्जनम् ।

पडिरूवकायसंफासणदा इति—
अर्थ—गुरु वगैरह मुनिओंके शरीरानुकूल मर्दन करना यह भी कायिक विनय है. इस विषयमें ऐसी

पद्धति है—थोडा गुरुके नजदीक खडे होकर उनके पीछीसे उनका शरीर तीनवार पोंछना चाहिये. आगंतुक जीवोंको बाधा न होगी इस रीतीसे उन जीवोंको हटाना चाहिये. और बडे आदरसे गुरु जितना मर्दन सह सकेंगे उतना ही शरीरका मर्दन करना चाहिये. यदि उष्णतासे गुरु पीडित हो तो उनकी उष्णतापीडा दूर होकर जैसे उनको शांतिलाभ होगा वैसे अंगमर्दन करना चाहिये. शीतपीडित गुरुके अवयवोंमें उष्णता उत्पन्न होनेतक उनका शरीरमर्दन करना चाहिये. बालपना, वृद्धपना वगैरह अवस्था देहमें कालके द्वारा होती है. उस उस अवस्था के योग्य वैयावृत्य करके दुःखपरिहार करना चाहिये. गुरुओंने जो आज्ञा की होगी वह सफल करना चाहिये. गुरुओंको सोनेके लिये तृणका बिछाना कर-देना, लकडीका फलक सोनेके लिये रखना, चटाई बिछाना यह कर्तव्यभी कायिक विनयमें अन्तर्भूत है. गुर्वादिकोंके ज्ञानके उपकरण शास्त्र, संयमके उपकरण पिंछी, कमंडलवादिककी सूर्यास्त समय और सूर्योदय के समय स्वच्छता करनी चाहिये.

इच्चेवमादिविणओ उवयारो कीरदे सरीरेण ।
एसो काइयविणओ जहारिहो साहुवग्गम्मि ॥ १२२ ॥

व्यापारः क्रियते नित्यं यः कायेनैवमादिकः ॥
कायिको विनयोऽयाचि साधूनां स यथोचितः ॥ १२३ ॥

विजयोदया—उपचारिकविनयः । शेषं सुगमं ।
मूलारा—जहारिहो यथोचितः ।

अर्थ—गुरुजनोंमे योग्यताके अनुसार इत्यादि प्रकारका विनय शरीरके द्वारा करना चाहिये. यह सब कायिक उपचारविनयका विस्तार दिखाया है. १२३

वाचिकविनयनिरूपणार्थं गाथाद्वयम्—

पूयावयणं हिदभासणं च मिदभासणं च महुरं च ॥
सुत्ताणुवीचिवयणं अणिट्ठुरमकक्कसं वयणं ॥ १२३ ॥

पूजासंपादकं वाक्यमनिष्ठुरमकर्कशम् ॥
अक्रियावर्णकं श्रव्यं सत्यं सूत्रानुवीचिकं ॥ १२४ ॥

विजयोदया—पूयावयणं पूजापुरस्सरं वचनं भट्टारक इदं शृणोमि, भगवन्निदं कर्तुमिच्छामि युष्मदनुज्ञयेत्यादिकं । हिदभासणं च गुर्वादीनां यद्धितं लोकद्वयस्य तस्य भाषणं । मितभाषणं यावता विविक्षितार्थप्रतिपत्तिर्भवति तावदेव वक्तव्यं न प्रसक्तानुप्रसक्तं । मधुरं च श्रोत्रप्रियं । सुत्ताणुवीचिवयणं सूत्रानुवीचिवचनं । भाषासमित्यधिकारे यानि वाक्यानि निर्दिष्टानि वचांसि तेषां कथनं । अणिट्ठुरं अनिष्ठुरं परचित्तपीडाकृतावनुद्यतं । अकक्कसं वयणं अकर्कशं वचनं अपरुषमिति यावत् ।

वाचिकविनयं गाथाद्वयेनाह—

मूलारा—पूयावयणं पूजावचनं। भट्टारक इदं शृणोमि, भगवन्निदं कर्तुं इच्छामि भवदाज्ञयेत्यादि । मिदभासणं यावता विवक्षितार्थस्य प्रतीतिः स्यात्तावन्मात्रस्यैव जल्पनं । मधुरं कर्णप्रियं । सुत्ताणुवीचिवयणं भाषासमित्यधिकारोक्तवचोभाषणम् । अणिट्ठुरं यन्मनःकदर्थनं न । अकक्कसं अपरुषं चित्तसुखदं वा ।

वाचिकविनयका निरूपण दो गाथाओंसे आचार्य करते हैं.

अर्थ—आदरपूर्वक भाषण करना वह पूजावचन कहा जाता है. जैसे हे पूज्य भट्टारक मैं सुन रहा हूं, हे भगवन् मैं आपकी आज्ञासे यह कार्य करना चाहता हूं. हित भाषण-गुर्वादिकोंका इहपरलोकमें हित होगा ऐसा भाषण करना चाहिये. मित भाषण-जितना बोलनेसे अपने मनका अभिप्राय गुर्वादिजन जान सके उतना ही बोलना इससे जादा और अप्रासंगिक न बोलना. जो भाषण बोलना हो वह कर्णमधुर शास्त्रके अविरुद्ध होना चाहिये. भाषा समितीके अधिकारमें जिन भाषणोंका उल्लेख किया है वेही बोलने चाहिये. अनिष्ठुरभाषण दूसरोंके मनको दुःखित न कर देना. अकर्कश—कठोरता जिसमें नहीं है ऐसा भाषण उपर्युक्त भाषण बोलना वचनविनय है. १२४

उवसंतवयणमगिहत्थवयणमकिरियमहीलणं वयणं ॥
एसो वाइयविणओ जहारिहो होदि कादव्वो ॥ १२४ ॥
उपशांतमगार्हस्थ्यं हितं मितमहेडनम् ॥
योगिनो भाषमाणस्य विनयोऽवाचि वाचिकः ॥ १२५ ॥

विजयोदया—उवसंतवयणं प्रशांतरागकोपः उपशांतः । तस्य वचनं उपशांतवचनं । विरागस्य विरोषस्य च यद्वचस्तदेव भाष्यं । अगिहत्थवयणं गृहस्था मिथ्यादृष्टयोऽसंयता अयोग्यवचनविकल्पानभिज्ञास्तेषां यद्वचनं न भवति । तस्य अभिधानं । अकिरियं षट्कर्मव्यावर्णनपरं यन्न भवति । अहीलणं परावज्ञाकारि । एसो व्यपवर्णितलक्षणव्यापारः । वाचिगविणओ वाग्विनयो । जधारिहं यथार्हं । होदि भाष्यो कर्तव्यो भवति ।

मूलारा—उवसंतवयणं विरागविरोषवचनं । अगिहत्थवयणं गृहस्था मिथ्यादृष्टयोऽसंयताः योग्यवचनविकल्पानभिज्ञास्तद्वचनानभिधानं । अकिरियं कृष्यारंभवर्णनशून्यं । अहीलणं अवज्ञाधिक्षेपहीनं ।

अर्थ—उपशांतवचन—जिसके राग और कोप शांत हुवे है ऐसे व्यक्तीको 'उपशान्त' कहते है. उपशांत का जो भाषण उसके उपशांत वचन कहते हैं. अर्थात् रागद्वेषरहित लोक जो भाषण करते हैं वही भाषण बोलना चाहिये. अगृहस्थ वचन—गृहस्थ अर्थात् मिथ्यादृष्टि और असंयमी लोक वे कोनसा भाषण बोलने योग्य है कोनसा योग्य नहीं है कुछ जानते नहीं हैं ऐसे लोगोंके सरीखा भाषण न बोलना चाहिये. अर्थात् योग्य भाषणको अगृहस्थ वचन कहते हैं. अक्रियवचन—असि, मषि, कृष्यादि षट्कार्योंमे प्रवृत्त करनेवाला भाषण जीवबाधाके लिये हेतु है. ऐसे भाषणका त्यागकर जीवोंका रक्षण करनेवाला भाषण बोलना चाहिये.

अहीलनवचन—दुसरोंकी अवज्ञा करनेवाला वचन नहीं बोलना चाहिये. इस प्रकारके यथायोग्य वचन बोलना यह वाचनिक विनय है.

— — — — —

मानसिकविनयं निरूपयति—

पावविसोत्तिय परिणामवज्जणं पियहिदे य परिणामो ॥
णायव्वो संखेवेण एसो माणसिओ विणओ ॥ १२५ ॥

हितप्रियपरीणामं विदधानस्य मानसः ॥
पापास्रवपरीणामं मुंचतो विनयो मतः ॥ १२६

विजयोदया—पावविसोत्तिगपरिणामवज्जणं पापशब्देन अशुभकर्माण्युच्यंते । स्रोतः प्रवाहः स्रोत इव अविच्छेदेन प्रवृत्तेः । कर्माणि अपि पापविस्रोतःशब्देन उच्यंते । पापविस्रोतःप्रयोजनाः परिणामा एतेषां वर्जनं । इह गुरुविनयस्य प्रस्तुतत्वात् गुरुविषयोऽशुभः परिणामः । आत्मनो यथेष्टचारित्वनिवारणजनितक्रोधः । अविनीततादर्शनादनुग्रहाभावमपेक्ष्य नाध्यापयति । पूर्ववन्न मया सह संभाषणं करोति इति वा क्रोधः । गुरुविनये आलस्यं, गुरुं प्रत्यवज्ञा,

निंदा, संभ्रमः, तत्प्रतिकूलवृत्तिरित्येवमादयः । पियहिदे य परिणामः । गुरोर्यत्प्रियं तस्मै यद्धितं आत्मने वा तत्र परिणामः। णादव्वो ज्ञातव्यः । संखेवेण समासेन । एसो एषः । माणस्सिगो मानसिकः । विणओ विनयः ।

मानसविनयमाह—

मूलारा—पापविस्रोतसिय परिणामवज्जणं । पापान्यशुभकर्माणि तान्येव विशिष्टं स्रोतः प्रवाहः अविच्छेदेन प्रवृत्तः । पापविस्रोतः प्रयोजनं येषां ते पापविस्रोतिकाः ते च ते परिणामाश्च । ते चेह गुरुविषयास्तद्विनयस्य प्रस्तुत्वात् । आत्मनो यथेष्टचारित्वनिवारणजनितः क्रोधो अविनीतत्वादर्शनादनुग्रहाभावमपेक्ष्य मां नाध्यापयति पूर्ववत् । मया सह संभाषणं न करोतीति वा क्रोधो। गुरुविनये आलस्यं, गुरुं प्रत्यवज्ञा, निंदनमसंयमस्तत्प्रतिकूलवृत्तिरित्येवमादयः । पियहिदे गुरोर्यत्प्रियं स्वस्मै च यद्धितं तस्मिन् ।

अर्थ—जिससे पापसमुदायका जलप्रवाहके समान अखण्डरूपसे आगमन होगा ऐसे परिणामोंको अपने हृदयमें मानसिक विनय पालन करनेवाले मुनिओंने उत्पन्न नहीं होने देना चाहिये. यहा गुरुविनयका प्रकरण है इसलिये गुरुविषयका अशुभ परिणाम मनमें उत्पन्न न होने देवें

गुरु जब शिष्यका स्वैराचार देखते हैं तब वे उसका निवारण करते हैं. ऐसे समयमें शिष्य अपना मन यदि क्रोधसंतप्त करेगा तो अशुभ कर्मका आस्रव होने लगेगा. शिष्यकी उद्दंडवृत्ति देखकर गुरु उनपर अनुग्रह नहीं करते हैं, तब मेरेको गुरु पढाते नहीं हैं, पूर्वके समान मेरेसे संभाषण नहीं करते हैं ऐसे विचार कर गुरुविषयक क्रोध शिष्यके मनमें उत्पन्न होता है, यह पापागमनका कारण होता है ऐसा समझकर छोड देना चाहिये. गुरुविनयमें आलस्य करना, गुरुकी अवज्ञा करना, निंदा करना, उनका आदर न करना, उनके विरुद्ध चलना ये सब कुचेष्टायें छोड देनी चाहिये. गुरुको जो प्रिय लगे और जिससे उसका हित होगा, स्वयंका भी जो हित करेगा ऐसा परिणाम-संकल्प मनमें उत्पन्न करना चाहिये. इस तरहसे मानसिक विनयका संक्षेपसे वर्णन किया है.

इय एसो पच्चक्खो विणओ पारोक्खओ वि जं गुरुणो ॥
विरहम्मि वित्रट्टिज्जइ आणाणिद्देसचारियाए ॥ १२६ ॥

इत्ययं विनयोऽध्यक्षः परोक्षः स मतो गुरोः ॥
अप्रत्यक्षेऽपि या वृत्तिराज्ञानिर्देशचर्ययोः ॥ १२७

विजयोदया—इय एवं । एसो एषः । पच्चक्खो प्रत्यक्षो विनयः । सन्निहितगुरुविषयत्वात् । पारोक्खिगो वि गुरोःपरोक्षे क्रियमाणोऽपि विनयः । कोऽसाविति चेदाह—गुरुणो विग्गहम्मि विवट्टिज्जइ गुरोर्विरुद्धेऽपि, यत्क्रियते । आणाणिद्देसचरियाए । आज्ञायाम्—इत्थमेव भवता कार्यं मुमुक्षुणा न कदाचनेत्थमिति यन्निर्दिश्यते तदाज्ञानिर्देशः । ' वट्टंतगो विहारो दंसणणाणचरणेसु कादव्वो ' । इत्येवमादिसदृशः ।

एवं त्रिधा प्रत्यक्षविनयं निरूप्य परोक्षविनयं व्याचष्टे—

मूलारा—पारोक्खिगो गुरोः परोक्षे क्रियमाणः । आणाणिद्देसचरियाए । आज्ञायामित्थमेव त्वया मुमुक्षुणा कार्यं, न कदाचनेत्थं इति यन्निर्देशस्तच्चर्यायां गुरोः सामान्यविशेषोपदेशानुष्ठाने इत्यर्थः ।

इय एसो पच्चक्खो इति—

अर्थ— इस प्रकार प्रत्यक्षविनयका वर्णन किया. अब परोक्षविनयका वर्णन करते हैं— गुरुके परोक्षमें किया जानेवाला जो विनय उसको परोक्षविनय कहते हैं. जैसे तुम मुमुक्षु हो इसलिये तुम आगमके अनुसार आचरण करो, विरुद्धाचरण कभी भी मत करो ऐसी गुरुकी आज्ञा गुरुके परोक्ष भी यथार्थ रीतीसे पालन करना परोक्ष विनय है. ' वट्टंतगो विहारो दंसणणाणचरणेसु कादव्वो ' सम्यग्दर्शन, ज्ञान और सम्यक्चारित्र रूपरत्नत्रयमें उत्तरोत्तर अधिकरूपसे प्रवृत्ति करो ऐसा गुरूका उपदेश उनके परोक्षमें भी पालन करना यह परोक्ष विनय है.

न गुरुष्वेव विनयः कार्य इति ग्रहीतव्यं, एतेष्वपि विनयः कर्तव्य इत्याह—

राइणिय अराइणीएसु अज्जासु चेव गिहिवग्गे ॥
विणओ जहारिहो सो कायव्वो अप्पमत्तेण ॥ १२७ ॥

संयतानां गृहस्थानां आर्यिकाणां यथायथम् ॥
विनयः सर्वदा कार्यः संसारान्तं विगासुना ॥ १२८ ॥

विजयोदया—राइणिय अराइणिएसु यथा रत्नानि दुर्लभानि अभिलाषितदानक्षमाणि तथैव सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि रत्नशब्दवाच्यानि श्रद्धानादिपरिणामेनोत्कृष्टेन वर्तमानः । रायणिय इत्युच्यते । आत्मनो न्यूनरत्नत्रया अरायणीया । अथ वा रात्रिणिग ऊमरात्रिणिगेसु ज्येष्ठकनिष्ठव्रतेषु च शेषं सुगमं ।

एतेष्वपि च विनयोऽभिधेय इत्यध्याहृत्याभिधत्ते—

मूलारा—रादिणिगऊमरादिणिगेसु । रादिणिमा आत्मनः सकाशाद्रत्नत्रयेणाधिकाः समा वा साधवः । ऊमरादिणिगा अवमरात्रिकाः आत्मनः सकाशान्न्यूनरत्नत्रयाः । रातिकाश्च अवमरातिकाश्च तेषु तपसैकरात्रादिना ज्येष्ठकनिष्ठेष्वित्यन्ये ।

फक्त गुरूका ही विनय करना चाहिये ऐसा नहीं समझना परंतु मुनि, आर्यिका, श्रावकवर्गका भी विनय यथायोग्य करना चाहिये ऐसा प्रतिपादन करते हैं—

अर्थ—जैसे रत्न दुर्लभ होते हैं परंतु उनकी प्राप्ति होने पर उनसे अभिलषित पदार्थ मिलते हैं. वैसे सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र दुर्लभ हैं इसलिये इनको रत्नत्रय कहते हैं. यह रत्नत्रय जीवोंका अभिलषित पदार्थ जो मोक्ष वह देता है. रत्नत्रयरूप परिणाम जिसके उत्कृष्ट हैं ऐसे मुनिको ' रायणिय ' ऐसा नाम है. अपने से जिस मुनिका रत्नत्रय न्यून है वह मुनि ' अरायणीय ' इस नामका धारक है. अथवा जिसके अपनेसे श्रेष्ठव्रत है और जिनके अपनेसे न्यून व्रत है उनको भी उपर्युक्त शब्दोंका क्रमसे प्रयोग कर सकते हैं. अर्थात् उपर्युक्त मुनिओंका उनके योग्यतानुसार आदर करना चाहिये. आर्यिकायें और गृहस्थवर्ग इनका भी यथायोग्य विनय करना चाहिये.

विनयाभावे दोषमाचष्टे—दोषप्रकटनेन भयमुत्पाद्य विनये दृढतां कर्तुम्—

विणएण विप्पहूणस्स हवदि सिक्खा णिरत्थिया सव्वा ॥
विणओ सिक्खाए फलं विणयफलं सव्वकल्लाणं ॥ १२८ ॥

विनयेन विना शिक्षा निष्फला सकला यतेः ॥
विनयो हि फलं तस्याः कल्याणं तस्य चिन्तितम् ॥ १२९ ॥

विजयोदया—विणएण विप्पहूणस्स विनयरहितस्य यतेः । हवइ-सिक्खा णिरत्थिया सर्वशिक्षा निष्फला । किं शिक्षायाः फलं इत्यारेक्य आह—विणओ सिक्खाए फलं व्यावर्णितः पंचप्रकारो विनयः शिक्षायाः फलं । तस्य विनयस्य किं फलं ? पुरुषार्थो हि फलमित्याशंक्याह-विणयफलं सव्वकल्लाणं सर्वमभ्युदयनिःश्रेयसरूपं कल्याणस्थानमानैश्वर्यादिकं इंद्रियसुखं च ।

विनयफलं गाथाचतुष्टयेन व्याचिख्यासुर्विनयाभावे दोषप्रकाशनेन भयमुत्पाद्य विनये दृढतां कर्तुमाह—

मूलारा—सव्वकल्लाणं सर्वमभ्युदयनिःश्रेयसरूपं कल्याणं स्थानमानैश्वर्यादिकमिंद्रियानिंद्रियसुखं च ।

विनयके अभावसे कोनसे दोष उत्पन्न होते हैं. अर्थात् दोषप्रकटनसे भय उत्पन्न करके विनयमें दृढता उत्पन्न करते हैं.

अर्थ—जो मुनि विनय नहीं करता है. उसकी सब शिक्षा व्यर्थ होती है. क्योंकि उक्त पांच प्रकारका विनय शिक्षाका फल है. यदि शिक्षासे विनयकी प्राप्ति न हुई तो शिक्षाकी प्राप्ति करना व्यर्थ ही है. जैसे शिक्षाका फल विनय है वैसे विनयका फल क्या है ? पुरुषार्थ उसका फल है ऐसा किसीने उत्तर दिया. तब आचार्य कहते हैं कि नहीं यह उत्तर नहीं है. किंतु पंचकल्याणिकोंकी प्राप्ति होना, ऐश्वर्य प्राप्त होना, इंद्रियसुखकी प्राप्ति होना ये सब विनयके फल हैं.

विणओ मोक्खद्दारं विणयादो संजमो तवो णाणं ॥
विणएणाराहिज्जइ आयरिओ सव्वसंघो य ॥ १२९ ॥

विमुक्तिः साध्यते येन श्रामण्यं येन वर्ध्यते ॥
सूरिराराध्यते येन येन संघः प्रसाध्यते ॥ १३० ॥
विनयेन विना तेन निर्वृतिं यो यियासति ॥
तरंडेन विना मन्ये स तितीर्षति वारिधिं ॥ १३१ ॥

विजयोदया—विणओ मोक्खद्दारं यथा द्वारमभिमतदेशप्राप्तेरुपायस्तद्वत् मोक्षस्य निरवशेषकर्मोपायस्य प्राप्त्यासुपायो विनय इति मोक्षद्वारमित्युच्यते । निरूपितेषु पंचप्रकारेषु विनयेषु अनवरतं प्रवर्तमानो असंयमं परिहर्तुं शक्नोति नापरः । इंद्रियकषाययोरप्रणिधानं यदि न स्यात् कथमिंद्रियसंयमः प्राणिसंयमो वा भवति ? तवो तपः ज्ञानादिविनयशून्यं अनशनादिकं न कर्म तपतीति विनयहेतुकं तपस्त्वमिति मत्वोच्यते विनयात्तप इति । णाणं ज्ञानं च विनयहेतुकं । अविनीतो हि ज्ञानं न लभते । विणएण विनयेन । आराधिज्जदि आराध्यते स्वपदे स्थाप्यते । आयरिओ आचार्यः । सव्वसंघो य सर्वश्च संघः ।

मूलारा—मोक्खद्दारं यथा द्वारमभिमतदेशप्राप्तेरुपायस्तद्वन्मोक्षप्राप्तेर्विनयो यथोक्ते विनये सत्येव कर्मोपायसंभवात्

अर्थ—जैसे दरवाजा इच्छित देशकी प्राप्तिका उपाय है वैसे संपूर्ण कर्मका नाशरूप जो मोक्ष उसकी प्राप्तिका विनय उपाय है. अतः विनय मोक्षका द्वार है ऐसा आचार्य कहते हैं. उक्त पांच प्रकारके विनयोंमें जो हमेशा प्रवृत्ति करता है वह असंयमका त्याग करनेमें समर्थ होता है. विनय न करनेवाला मनुष्य उद्धत होकर असंयमी बनता है. इसलिये विनयसे संयमकी प्राप्ति होती है. इंद्रियोंके विषयसे और कषायपरिणतीसे यदि आत्मा नहीं हटेगा तो इंद्रियसंयम और प्राणिसंयमकी रक्षा कैसी होगी ? ज्ञानविनय, दर्शनविनय वगैरह विनयोंसे शून्य अनशनादि तप कर्मको पीडित नहीं कर सकता है. इसलिये विनय तपका कारण है ऐसा आचार्य कहते हैं. विनयसे ज्ञानकी प्राप्ति होती है. अविनयी मनुष्यको ज्ञानका लाभ होता नहीं विनय करनेवालेपर आचार्य प्रसन्न होते हैं. सर्व संघ भी उसके वश होता है.

आयारजीदकप्पगुणदीवणा अत्तसोधि णिज्झंझा ॥
अज्जव मद्दव लाघव भत्ती पल्हादकरणं च ॥ १३० ॥
कल्याचारपरिज्ञानं दीपनं मानभंजनम् ॥
आत्मशुद्धिरवैचित्त्यं मैत्री मार्दवमार्जवम् ॥ १३२ ॥

विजयोदया—आयारजीदकप्पगुणदीवणा-रत्नत्रयाचरणनिरूपणपरतया प्रथमसंगमाचारशब्देनोच्यते । आचारशास्त्रानिर्दिष्टः क्रमः आचारजीदशब्देन उच्यते । कल्प्यते अभिधीयते येन अपराधानुरूपो दंडः स कल्पस्तस्य गुणः उपकारस्तेन निर्वर्त्यत्वात् । अनयोः प्रकाशनं आचारजीदकप्पगुणदीवणा । एतदुक्तं भवति-कायिको वाचिकश्च विनयः प्रवर्तमानः आचारशास्त्रनिर्दिष्टं क्रमं प्रकाशयति । कल्पोऽपि विनयं विनाशयतो दंडयतो विनयं निरूपयति । तद्भयार्थं प्रवर्त्यते इति कल्पसंपाद्य उपकारः प्रकटितो भवति इति केषां चिद्व्याख्यानं । अन्ये तु वदन्ति । कल्प्यते इति कल्पं योग्यं कल्प्या गुणाः कल्प्यगुणाः । आचारक्रमस्य कल्प्यानां च गुणानां प्रकाशनं । आचारजीदकल्पगुणदीवणाशब्देनोच्यते । श्रुताराधना चारित्राराधना च कृता भवतीत्येतदाख्यातं अनेनेति ।

अत्तसोधिणिज्झंझा विनयपरिणतिरात्मशुद्धेर्ज्ञानदर्शनवीतरागात्मिकायाः निमित्तमिति आत्मशुद्धिरुच्यते । अथवा ज्ञानादिविनयपरिणतिः कर्ममलापायलभ्यत्वात् शुद्धिरुच्यते आत्मनः पंकापायलभ्या जलादिशुद्धिरिव । वैमनस्याभावो णिज्झंझा । विमनस्को भवति विनयहीनो गुर्वादिभिरननुगृह्यमाणः ।

अज्जवं आर्जवं नाम ऋजुमार्गवृत्तिः, शास्त्रनिर्दिष्टं वा चरणं ऋजु। मद्दव अभिमानत्यागो मार्दवं परगुणातिशये श्रद्धानेन, तन्माहात्म्यप्रकाशनेन च विनयेन च अभिमाननिरासः कृतो भवति।

लाघवं विनीतो हि आचार्यादिषु न्यस्तभरो भवतीति। लाघवं विनयमूलं। भत्ती विनीतस्य हि सर्वजनो विनीतो भवति। इति विनयहेतुका भक्तिः। पल्हादकरणं च प्रकृष्टं सुखं प्रकृष्टसुखं प्रल्हादस्तस्य करणं क्रिया प्रल्हादकरणमित्युच्यते। येषां विनयः क्रियते तेषां सुखं संपादितं भवति इति परानुग्रहो गुणः आत्मनो वा प्रल्हादकरणं। कथमविनीतो हि निर्भर्त्सनादिभिरनवरतं दुःखितो भवति। विनीतो हि निर्भर्त्सनाद्यभावात्सुखी भवति। बाधाभावे एव सुखव्यवहारो लोके।

मूलारा—आयारेत्यादि आचारशास्त्रनिर्दिष्टः क्रमः आचारजीदः। कल्पगुणः प्रायश्चित्तशास्त्रे कृत उपकारस्तयोर्दीपना प्रकाशना। अन्ये तु कल्पा योग्या गुणा इत्याहुः। अत्तसोधि आत्मशुद्धिर्विनयपरिणतेर्ज्ञानदर्शनवीतरागतालक्षणात्मशुद्धिनिमित्तत्वात्। णिज्झंझा वैमनस्याभावः। विनयहीनो हि गुर्वादिसाननुगृह्णमाणो विमनस्कः स्यात्। अज्जवं आर्जवं नाम ऋजुमार्गवृत्तिः शास्त्रनिर्दिष्टं वाचरणं ऋजुः। मद्दवं निरभिमानता। परगुणातिशयश्रद्धानेन तन्माहात्म्यप्रकाशनेन च विनयो ह्यभिमानं निरस्यति। लाघवं विनीतस्याचार्यादिषु न्यस्तभारत्वाल्लघुत्वं स्यात्। भत्ती विनीतस्य सर्वजनभक्तिविषयत्वात्। पल्हादकरणं परेषां स्वस्य वा प्रकृष्टसुखोत्पादनम।

अर्थ—रत्नत्रयके आचारका निरूपण करनेवाले पहिले अंगका 'आचार' यह नाम है. आचारशास्त्रमें कहे हुए क्रमको आचारजीद कहते हैं. जिसमें अपराधानुरूप दंडका विधान कहा है उस शास्त्रको कल्पशास्त्र कहते हैं. इससे जो उपकार उत्पन्न होता है उसको कल्पगुण कहते हैं. इस कथनका यह अभिप्राय है—किया जानेवाला कायिक और वाचिक विनय आचारशास्त्रके क्रमको प्रकाशित करता है. कल्पशास्त्र भी विनयका नाश करनेवालेको दंड करता हुआ विनयको प्रगट करता है. अर्थात् कल्पशास्त्रके भयसे साधु विनय करने लगते हैं. विनयसे कल्पसंपादित उपकार प्रगट हो जाता है. ऐसा कोई आचार्य व्याख्यान करते हैं. दुसरे आचार्यका व्याख्यान इस प्रकार है—योग्य गुणोंको कल्प्यगुण कहते हैं. आचारका क्रम और कल्प्यगुण अर्थात् योग्य गुण इनका जो प्रकाशन करना उसको 'आचारजीदकल्प्यगुणदीपणा' ऐसा कहते हैं. अर्थात् विनय करनेसे श्रुतकी आराधना और चारित्रकी आराधना सिद्ध होती है ऐसा भाव समझना चाहिये.

विनयसे आत्मशुद्धि और निर्झंझा ऐसे दो गुणोंकी प्राप्ति होती हैं. विनयसे ज्ञानदर्शनरूप आत्मशुद्धि

होती है. ज्ञानविनयपरिणति और दर्शनविनयपरिणति कर्ममलका नाश होनेसे प्राप्त होती है. अतः ज्ञानविनयपरिणति और दर्शनविनयपरिणतिको ही आत्माकी शुद्धि कहते हैं. कीचडका नाश होनेसे जलादिकोंकी जैसी शुद्धि–निर्मलता होती है वैसी कर्ममलका नाश होनेसे आत्मामें ज्ञानविनयादि शुद्धि उत्पन्न होती है. विनयसे वैमनस्य नष्ट होता है. जो विनय नहीं करता है उसके ऊपर गुरुका अनुग्रह नहीं होता है जिससे उसमें वैमनस्य उत्पन्न होता है. विनयसे ऋजुगुण–सरलता प्रगट होती है. अथवा जो विनय करता है वह शास्त्रनिर्दिष्ट आचरण करता है यह सिद्ध होता है. विनय करनेसे अभिमानका नाश होता है. अर्थात् मार्दवगुण प्रगट होता है. दुसरोंके उत्कृष्ट गुणोंमें श्रद्धा उत्पन्न होनेसे, और गुणोंका महत्त्व प्रगट करनेसे तथा विनयसे अभिमानका नाश होता है. विनयसे लाघवगुण प्राप्त होता है. विनीतमुनि आचार्यादिकोंपर अपना भार सौंपता है, अर्थात् जो कुछ कार्य करना है वह आचार्यकी कृपासेही मैं यह कार्य कर सका हूं ऐसा समझता है. अतः विनय लाघवगुणका मूल है. विनयी मनुष्यके ऊपर सर्व ही भक्ति करते हैं. विनयसे दुसरे पुरुषों को उत्कृष्ट आनंद की प्राप्ति होती है और खुद को भी आनंद होता है. जो विनय नहीं करता है. लोक उसकी निर्भर्त्सना करते हैं अतः अविनयी मनुष्य हमेशा दुःखी रहता है. विनयी की कोईभी निंदा–निर्भर्त्सना नहीं करता है अतः वह सुखी है उनको कोई बाधा नहीं देता है. बाधाके अभावमें ही सुखकी लोक कल्पना करते हैं.

कित्ती मेत्ती माणस्स भंजणं गुरुजणे य बहुमाणो ।
तित्थयराणं आणा गुणाणुमोदो य विणयगुणा ॥ १३१ ॥

भक्तिः प्रल्हादनं कीर्तिर्लाघवं गुरुगौरवं ॥
जिनेंद्राज्ञा गुणश्रद्धा गुणा वैनयिका मताः ॥ १३२ ॥
विनयं न विना ज्ञानं दर्शनं चरितं तपः ॥
कारणेन विना कार्यं ज्ञायते क्वत्र कथ्यताम् ॥ १३३ ॥

समस्ताः संपदः सद्यो विधाय वशवर्तिनीः ॥
चिंतामणिरिवाभीष्टं विनयः कुरुते न किम् ॥ १३४
इति विनयः ॥

विजयोदया—कित्ती विनीतोऽयमिति संशब्दनं कीर्तिः । मेत्ती परेषां दुःखानुत्पत्त्यभिलाषो मैत्री । परस्य दुःखे नैवेच्छति विनीत इति । माणस्स भंजणं मानस्य भंगः ।

ननु मार्दवशब्देनाभिहित एव मानभंगः पूर्वसूत्रे ततः पौनरुक्त्यं इत्युच्यते माणस्स भंजणं परस्स इति शेषः एकस्य विनयदर्शनात् परोऽपि स्वं मानं जहाति । गतानुगतिको हि प्रायेण लोकः । नूनमभिमानत्यागो गुणो अन्यथा किमित्ययं विनयं करोतीति । गुरवो हि बहुमान्याः कृता भवन्ति विनयेनेत्याह—गुरुजणे य बहुमाणो इति ।

तित्थयराणं आणा संपादिदा होदित्ति शेषः । विनयमुपदिशतां तीर्थकृतां आज्ञा संपादिता भवति, अनुष्ठितेन विनयेन । गुणिविनये प्रवर्तयता तद्गुणानुमननं कृतं भवति इति केचित् । गुणेषु श्रद्धानादिषु हर्षः कृतो भवतीत्येवं वदन्ति । एते विनयगुणाः गुणशब्द उपकारवचनोऽत्र विनयजन्यत्वाद्विनयस्य गुणा इत्युच्यंते ।

मूलारा—कित्ती विनीतोऽयमिति संशब्दनं । मित्ती परस्य हि दुःखं नैवेच्छति विनीतः । माणस्स भंजणं परस्य हि मानभंग एकस्य विनयदर्शनात्परोऽपि स्वमानं त्यजति । गतानुगतिकत्वाल्लोकस्य । गुर्वित्यादि । विनीतेन हि गुरवो बहुमान्याः कृताः स्युः । आणा संपादिता होदीति शेषः । गुणानुमोदा गुणिषु विनयं धितन्वता तद्गुणानुमननं कृतं स्यात् । गुणेषु वानुगतो मोदो हर्षो गुणानुमोदः । विनयगुणा विनयकृता उपकाराः । विनयः । सूत्रतः । ४ । अंकतः २२ ॥

अर्थ—जो मुनि गुरुजनोंका विनय करते हैं उनकी 'ये मुनि नम्र हैं' ऐसी कीर्ति जगमें फैलती है. जो विनयी है उसको मैत्रीगुणका लाभ होता है अर्थात् वह किसी को भी दुःख होवे ऐसी अभिलाषा रखता नहीं है. विनयगुणसे मानका नाश होता है. शंका—मार्दवगुणका वर्णन पिछली गाथामें किया है उससे ही मानभंगका वर्णन हो चुका पुनः इस गाथामें वर्णन करनेसे पुनरुक्ति दोष यहा हुआ है. उत्तर— 'माणस्स भंजणं' इन शब्दोंके आगे 'परस्स' यह शब्द जोड देना चाहिये. अर्थात् एक मनुष्य विनय करता हुआ नजर आनसे दूसरा भी अपना मान त्याग कर विनय करता है क्योंकि लोक प्रायः गतानुगतिक होते हैं. लोक भी ऐसा मनमें समझते हैं कि अभिमानका त्याग करना यह सद्गुण है यदि यह सद्गुण न होता तो यह पुरुष विनयगुणका क्यों आश्रय लेता ? विनयसे गुरुजनोंका आदर होता है. विनय करनेसे तीर्थंकरोंकी आज्ञा-आज्ञा पाली जाती है. तीर्थंकरोंने गुरुजनोंका विनय करना

चाहिये ऐसी भव्योंको आज्ञा की है. गुणी लोगोंका विनय करनेसे उनके गुणोंको अपनी सम्मति है ऐसा सिद्ध होता है अर्थात् दुसरोंके सम्यग्दर्शनादि गुण दीखनेपर विनयवान जन हर्षयुक्त होते हैं. यह हर्षित होना गुणानुमोदनको सूचित करता है. ये सब ऊपर कहे हुवे विनयके गुण हैं.

विनयव्याख्यानानंतरं समाधिनिरूपणार्थं उत्तरप्रबंधः । योग्यस्य, गृहीतलिंगस्य, ज्ञानभावनोद्यतस्य, प्राक् निरूपिते विनये वर्तमानस्य, रत्नत्रयमनसः, सम्यगाराधने न्याय्यमित्यधिकारसंबंधोऽनुगंतव्यः । चेतः समाहितं कीदृक् तस्य वा समाहितस्य किं फलमिति चोद्यद्वयप्रतिविबोधनार्थां गाथा विणयत्तिगदं ॥

चित्तं समाहिदं जस्स होज्ज वज्जिदविसोत्तियं वासियं ।
सो वहदि णिरदिचारं सामण्णधुरं अपरिसंतो ॥ १३२ ॥

समाहितं मनो यस्य भवेत् वर्जितस्रोतोविषयम् ॥
उह्यते तेन चारित्रमश्रांतेनापदूषणम् ॥ १३९ ॥

विजयोदया:—चित्तं समाहिदं जस्स जस्स चित्तं वज्जिदविसोत्तियं वसियं समाहिदं इति पदघटना । यस्य चेतः परित्यक्ताशुभपरिणतिप्रसरं वशवर्ति च यत्र नियुंक्ते तत्रैव तिष्ठति, तच्चित्तं समाहितमिति ग्राह्यम् । अन्यैरेवं विचार्यते । किमिदं चित्तं नाम ? मन इति चेद्द्रव्यमनो भावमनश्चेति तद्द्विप्रकारं, कस्येह ग्रहणं ? न तावद्द्रव्यमनः पुद्गलत्वादसंभविनी कर्मोदाननिमित्ततया कर्मपरिणतिरिति । वज्जिदविसोत्तियमिति । विशेषणमसंभवीति । न च तद्वशवर्त्यात्मनः तेन भावमनो गृह्यते । नोइंद्रियमतिः सा रागादिसहभाविनी । तद्रहिता चास्तीति युज्यते वज्जदि विसोत्तियं इति विशेषणं । वसियमिति च तस्यां घटते । नो इंद्रियमतिज्ञानावरणक्षयोपशमवत आत्मनो वशेन नो इंद्रियमतिर्वर्तते । तथा हि रागकोपभयदुःखादयो नटादीनां वशेन परिणामा वर्तंते तत्कार्यपुलकादिदर्शनेनानुमीयमानाः । तद्वदेव नोइंद्रियमतिरपि आत्मेच्छया क्वचिदेवावरुद्धानुभूयते इति । सो सः समाहिदचित्तो वहदि धारयति । तथा च प्रयोगः—चित्तं वहति धारयति इति गम्यते । निरदिचारं निरतिचारं निर्दोषं । सामण्णधुरं रागकोपानुपप्लुतचित्तः समण इत्युच्यते । तथा च नैरुक्ता वदंति ' समण्णो ' समणो इति समणस्स भावो सामण्णं तच्च किं समानता चारित्रं । तस्य भारं कीदृशं निरतिचारं निर्मलं । अपरिसंतो अध्वान्तश्चारित्रभारोद्वहनं फलं समाहितचित्तस्येत्याख्यातं भवति । अनिभृतमनस्तायादोषाख्यानव्याजेन निभृतं मनः कार्यमिति द्रढयत्युत्तरगाथया। कश्चित्कंचिदुज्जयिनीस्थं दक्षिणापथाभिमुखमाह अल्पधान्यः क्षुद्रजनबहुलो म्लेच्छदेशः इति । स एवमुक्तं प्रत्येति अयं जनपदः सुभिक्षः सुजनाधिवासः इति ।

अथ योग्यस्य, गृहीतमुक्त्युपायलिंगस्य, ज्ञानभावनोद्यतस्य, विनये वर्तमानस्य, रत्नत्रये मनसः सम्यगाधानं न्याय्यमित्युपदेष्टुं गाथादशकमादिशति तत्र तावच्चेतः समाहितं कीदृक् तस्य वा समाहितस्य किं फलमिति प्रश्ने सतीदमाह ।

मूलारा—चित्तं भावमनः । तल्लक्षणं यथा—गुणदोषविचारस्मरणादिप्रणिधानमात्मनो भावमनः । तदभिमुख स्वास्थ्यैवानुग्राही पुद्गलोऽयो द्रव्यमनः ॥ १ ॥ वज्जियविसोत्तियं वर्जितविस्रोतकं वर्जितानि निरुपाणि स्रोतांसि पापास्रवकारणाशुभपरिणामग्राहा येन तत्परित्यक्ताशुभपरिणतिप्रसरमित्यर्थः । वसगं वशवर्ति । यत्र नियुंक्ते तत्रैव तिष्ठतीत्यर्थ एतद्विशेषणोपेतं समाहितमित्युच्यते । सामण्णभूरं नातिनिभारं । अपरितन्तो अश्रान्तः ।

विनयके निरूपणके अनंतर आचार्य समाधिनिरूपण करते हैं. जो समाधिमरणकेलिए योग्य है, जिसने मुनिलिंग धारण कर ज्ञानाभ्याससे विनयगुण धारण किया है, जिसका मन रत्नत्रयमें लीन हुआ है उसको आराधना करना योग्य है. ऐसा आगेके अधिकारके लिये पूर्व संबंध ध्यानमें रखना योग्य है. इसके अनंतर एकाग्र अन्तःकरणका क्या स्वरूप है ? उसका फल क्या है ऐसे दो प्रश्नोंका उत्तर आचार्य देते हैं–

अर्थ—जिसके चित्तने अशुभ विचारपरिणतिको छोडा है, जो वश हुआ अर्थात् जिस पदार्थमें उसको नियुक्त करते हैं वहां ही वह स्थिर होता है तो वह चित्त समाहित हुआ है ऐसा समझना चाहिये. अन्य आचार्य मनका एवं विचार करते हैं–चित्त किसको कहते हैं ? यदि मनको चित्त कहते हो तो उसके द्रव्यमन और भावमन ऐसे दो भेद हैं. यहां कोनसा मन समाहित होता है ऐसा हम समझे ? द्रव्यमन तो समाहित होता नहीं क्योंकि वह पुद्गलस्वरूपी है. वह कर्मका ग्रहण करनेमें यद्यपि निमित्त कारण है तथापि स्वयं वह रागद्वेषादि कर्मरूप परिणतीको प्राप्त होता नहीं है. इसलिये द्रव्यमनका ' वज्जिदविसोत्तियं ' यह विशेषण नहीं है. क्योंकि पुद्गल मन अर्थात् द्रव्यमन आत्माके वशमें रहनेवाला नहीं है अतः यहां चित्त शब्दसे भावमन ही समझना चाहिये. भावमन माने मनसे उत्पन्न होनेवाला ज्ञान वह रागद्वेषादि विकारके साथ रहनेवाला और न रहनेवाला ऐसे दो भेदोंसे युक्त है. अतः भावमनका ही ' वज्जिदविसोत्तियं ' यह विशेषण समझना युक्तियुक्त है. वसियं यह भी विशेषण उसमें ही जुडता है.

नोइंद्रियमतिज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होनेसे नोइंद्रियमतिज्ञान आत्माके वश होकर रहता है. इसका खुलासा इस प्रकार समझना–नट, वेश्या, नर्तकी वगैरेंके हावभाव, नृत्यादि कार्य देखनेपर प्रेम, कोप, भय,

दुःखादिक परिणाम आत्मामें उत्पन्न होते हैं और इनका अनुमानज्ञान शरीरमें रोमांच, मुखमें विकास, म्लानि इत्यादि कार्यके दीखनेपर होता है. वैसे नोइंद्रियमतिज्ञान आत्मेच्छासे किसी एक पदार्थमें एकाग्र होता हुआ अनुभवमें आता है.

जिसका मन एकाग्र और वश है ऐसा मुनि रागकोपादि विकारोंसे रहित, निरतिचार चारित्रको न थका हुआ यावज्जीव धारण करता है. चारित्रभार धारण करना यह एकाग्रचित्तका फल है. विना एकाग्र चित्तके चारित्र धारण नहीं होता है.

आगेकी गाथायें चंचल मनसे होनेवाले दोषोंका वर्णन करती हैं. उस वर्णनसे मनको निश्चल करना चाहिये यह अभिप्राय उत्तर गाथाओंका व्यक्त होता है. उदाहरणके द्वारा यही अभिप्राय आचार्योंने पुष्ट किया है जैसे–उज्जयिनीका कोई आदमी–दक्षिणादिशाके तरफ जानेको उद्यत हुआ. उसको देखकर कोई पुरुष कहता है द्रमिल देशमें धान्य थोडा है, और क्षुद्रलोक वहां अधिक हैं तो उस पुरुषके वचनका अभिप्राय यह निकला कि उज्जयिनीदेशमें सुभिक्षता है और यहांके लोक सज्जन हैं. वैसे चंचल मनके दोषवर्णनसे मनको निश्चल करना चाहिये ऐसा अभिप्राय समझना चाहिये.

चालणिगयं व उदयं सामण्णं गलइ अणिहुदमणस्स ॥
कायेण य वायाए जदि वि जधुत्तं चरदि भिक्खू ॥ १३३ ॥
तितवाविव पानीयं चारित्रं चलचेतसः ॥
वचसा वपुषा सम्यक् कुर्वतोऽपि पलायते ॥ १३६ ॥

विजयोदया—चालणिगयं व उदयं उदकमिव चालनीगतं । सामण्णं सामान्यं समानभावो । गलइ गलति । कस्स अणिहुदमणस्स अनिभृतं चेतो यस्य । कायेण य वायाए कायेन च वचसा च । जदि वि चरदि यद्यपि चरति प्रवर्तते भिक्षुः । जधुत्तं यथाशास्त्रेणोक्तं । तथा कायाभ्यामाचरतोऽपि मनोनिभृतताभावे श्रामण्यं नश्यतीत्यर्थः । तस्माच्चेतःसमाधानं कार्यमित्युपसंहारः ।

चलचित्तत्वदोषख्यापनव्याजेन मनःस्थैर्यं कार्यतया ज्ञापयति—

मूलारा—अणिहुदं चलं ।

अर्थ—जिस मुनिका चित्त चंचल है उसका चारित्र चालिनीमें डाला हुआ पानी उसमेंसे जैसे निकल जाता है रहता नहीं वैसे नष्ट होता है. यद्यपि वह साधु शरीरसे और वचनसे शास्त्रोक्त चारित्र पालन करता है. शरीर और वचनसे चारित्र पाले तो भी यदि साधूका चित्त स्थिर नहीं हो तो वह नष्ट होता ही है. अतः चित्तकी चंचलता नष्ट कर उसमें स्थैर्य लानेका साधुओंको प्रयत्न करना चाहिये.

मनसो दुष्टतां प्रपंचेनोपदिश्य तदेवंभूतं मनो यो निगृह्णाति तस्य श्रामण्यं भवति समानभावो नंतरस्येत्येतदुत्तरप्रबंधेनोच्यते तद्दौरात्म्यप्रकाशनार्थं गाथापंचकम्—

वादुब्भामो व मणो परिधावइ अट्ठिदं तह समंता ॥
सिग्घं च जाइ दूरंपि मणो परमाणुदव्वं वा ॥ १३४ ॥
परिनो ऽटाट्यते [धावते] चेतश्चरण्युरिव चंचलम् ॥
परमाणुरिव क्षिप्रं दूरं याल्यनिचारितम् ॥ १३७ ॥

विजयोदया—वादुब्भामो इत्यादिकं । वादुब्भामो व वात्येव । मणो मनः । परिधावइ । धावति परिरनर्थकः । भ्रमंक्षित इति यथा । अट्ठिदं इति क्रियाविशेषणं अस्थितं धावति । क्वचिद्विप्रेऽनवस्थितिराख्याता मनसः । तह समंता तथा समंतात् । दूरं पि दूरमपि । सिग्घं च जाइ शीघ्रं याति । मणो मनः । परमाणुदव्वं वा परमः प्रकृष्टो अणुः सूक्ष्मः परमाणुः स एव द्रव्यं गुणपर्यायगमनात् तद्विव । एतेन झटिति दूरस्थितविषयग्रहणं तस्य दौरात्म्यमावेदितं । क्रमशोऽनवस्थितत्वझटितिदूरस्थितविषयग्राहित्वात्स्वामिचिकीर्षितप्रवर्तनाशुनाशित्ववस्तुसदसद्रूपनिराकरणग्रहणप्रवृत्यप्रतिनिवर्तनीयत्वमार्गाप्रवृत्तत्वातिदुर्भेद्यदुरंतदुःखप्रदचेष्टत्वसंसारकारणदोषकारिजीवितव्यत्वलक्षणं नवधा मनसो दौष्ठ्यं गाथापंचकेन व्याचष्टे—

मूलारा—वादुब्भामोव वातावलीव वातावलीतुल्यं । अट्ठिदं क्वचिदपि विषये अनवस्थितं यथा भवति । परमाणुदव्वंव मनसो झटितिदूरस्थितविषयग्रहणलक्षणदौरात्म्योपलक्षणार्थमिदं भवति ।

आगे पांच गाथाओंसे मनकी दुष्टता आचार्य दिखाते हैं. दुष्ट मनका जो निग्रह करते हैं. उनका चारित्र निर्दोष पला जाता है. अन्य साधुका चारित्र निर्दोष नहीं पल सकता यह विषय विस्तारसे आचार्य दिखाते हैं —

अर्थ—बडे जोरसे बहने वाली वायु किसी भी स्थानमें स्थिर नहीं रहती है. चारो तरफ दौडती है. मन भी किसी भी विषयमें स्थिर नहीं होता है. गुणपर्यायोंसे युक्त परमाणुद्रव्य जैसा एक समयमें बहुत दूर जाता है

वैसा मन भी एक विषयको छोडकर अतीव दूरके विषयको भी ग्रहण करता है. मनकी दूरके विषयको भी तत्काल ग्रहण करनारूप दुष्टता इस गाथासे आचार्यने प्रदर्शित की है.

अंधलयबहिरमूवो व्व मणो लहुमेव विप्पणासेइ ॥
दुक्खो य पडिणियत्तेदुं जो गिरिसरिदसोदं वा ॥ १३५ ॥
वांछितार्थाभिमुखं स्वान्तं निषेद्धुं केन शक्यते ॥
नगापगाप्रयो निम्ने प्रायं (तद्रुध्यते) कथम् ॥ १३८ ॥
न मूको बधिरोऽन्धो वा ब्रूते शृणोति पश्यति ॥
वस्तु हेयमुपादेयं विषयाकुलितं मनः ॥ १३९ ॥
विकल्पैर्विविधैर्लोकं पूरयित्वा मलीमसैः ॥
मेघवृन्दमिव स्वान्तं क्षणेनैव विनश्यति ॥ १४० ॥

विजयोदया—अंधलयबहिरमूओ व्व मणो हवइ इति शेषः । अंधबद्बधिरवन्मूकवच्च भवति मनः । कदाचित्कथंचित्कश्चिद्विषये सक्तं मनः सन्निहितमपि विषयं न पश्यति, न शृणोति, न ब्रवीति, इति । ननु चक्षुरादेः कर्तृता दर्शनादौ न मनसस्तत्सर्वदापि न किंचित्पश्यति, न शृणोति वक्ति वा ? उच्यते—मनसः करणस्य कर्तृता परशुश्छिनत्तीति यथा । यतदुक्तं भवति—द्रष्टव्ये जीवादिके, श्रोतव्ये जिनवचनादिके, स्वपरहितवाक्ये च कदाचिदप्रवृत्तिर्मनसो दुष्टतेति । यथा भृत्यो दुष्ट इत्युच्यते स्वामिनो नियुक्ते कर्मण्यप्रवर्तमानः । एवं मनोऽप्यात्मना नियुक्तेऽव्यापृतेर्दुष्टमिति भावः । लहुमेव विप्पणासेदि य आशु विनश्यति च । अनित्यतादोषस्तु याथात्म्यग्राहिणो मनसः नो इंद्रियमतेः दुःखं अशक्यं । पडिनियत्तेदुं जं प्रतिनिवर्त्तयितुं यदन्यभूतरूपग्रहणे भूतरूपनिरासे च प्रवृत्तं ताभ्यां निवर्तयितुं न शक्यं रागादिसहचारित्वात् प्रतिनिवर्तयितुं । किमिव गिरिसरिदसोदंव्व नदीप्रवाह इव ।

मूलारा—अंधलयबहिरमूओव्व अंधबधिरमूकवद्भवति कदाचित्कथंचिद्विषये सक्तं मनः संनिहितमपि विषयं न पश्यति, न शृणोति, न ब्रवीति इत्यर्थः । अत्र सर्वत्र चक्षुरादिकर्तृकेऽपि दर्शनादौ मनसः करणस्य कर्तृत्वमुक्तं कुशच्छिदायां परशोरिव आत्मना च जीवादिके द्रष्टुमिष्टे जिनवाक्ये, श्रोतुमिष्टे स्वपरहिते च, वक्तुमिष्टे नियुज्यमानस्य मनसः कदाचिदप्रवृत्तिरेव दुष्टता स्वामिना भृत्यस्य यथा निर्दिष्टे कर्मणि । लहुमेव विप्पणासेदि य आशेव विनश्यति च। एतेन वस्तुयाथात्म्यग्राहिणश्चित्तस्यानित्यत्वदोष उक्तः । दुःखो य दुक्खं च अशक्यमित्यर्थः । पडिणियत्तेदुं जं प्रतिनिवर्तयितुं वस्त्वन्य-

भूतरूपग्रहणे भूतरूपनिराकरणे च प्रवृत्तं मनस्ताभ्यां व्यावर्तयितुं न शक्यते रागादिसहचारित्वादिति भावः। गिरिसरिदसोदंव्व पर्वतनदीप्रवाह इव।

अर्थ—अंधा, बहिरा और गूंगेके समान दुष्ट मनका स्वभाव है. किसी समयमें किसी प्रकारसे व किसी विषयमें आसक्त हुआ मन समीपस्थित भी दुसरे विषयको देखता नहीं है, सुनता नहीं और बोलता भी नहीं है.

शंका—देखना, सुनना और बोलना इस क्रियाका कर्तृत्व नेत्र, कर्ण और जिह्वाके तरफ है. मन तो इन क्रियाओंका कर्ता नहीं है. वह सर्वदा भी किसी विषयको देखता नहीं है. सुनता नहीं है. और बोलता भी नहीं है.

उत्तर—मन यद्यपि करण है तो भी उसमें कर्तृताका आरोप किया है जैसे 'परशुश्छिनत्ति' कुन्हाड लकडी काटती है. यहां कुन्हाड छेदन क्रिया करनेमें देवदत्तको सहाय करती है अतः करण है. तोभी उसके तीक्ष्ण तादि गुणोंकी प्रशंसामें उसको कर्तृपद मिला है. वैसे मनमें पदार्थोंको जाननेकी उत्कटता होनेसे इतर इंद्रियोंको उनके विषयमें वह सहाय्यता देता है तो भी उसमें कर्तृत्वका अध्यारोपण किया जाता है. अभिप्राय यह है—कि जीवादिक पदार्थ अवलोकनके योग्य है. जिनवचनादिक सुननेके योग्य हैं, स्वपरहित करनेवाले वाक्य भी सुनने योग्य हैं परंतु इस मनकी उनमें कदाचित् प्रवृत्ति नहीं होती है, यह इसकी दुष्टता है. जैसे मालिकने किसी कार्यमें प्रेरा हुआ नोकर यदि उस कार्यको न करेगा तो उसको दुष्ट कहते हैं वैसे मनभी आत्माने नियुक्त कार्यमें प्रवृत्त नहीं होता है अतः वह दुष्ट कहा जाता है. किसी कार्यमें संलग्न हुआ तो भी वह वहां स्थिर न होकर वहांसे शीघ्र हटता है अर्थात् वस्तुका यथार्थ स्वरूप ग्रहण करता हुआ भी उससे जल्दी हटता है. यह मन वस्तुका जो सत्य स्वरूप है उसको ग्रहण न कर असद्रूपको ग्रहण करता है. उसमेंसे उसको हटाना अतीव कष्टकर कार्य है अर्थात् मनको सद्रूपके ग्रहण करानेमें असद्रूपसे हटानेमें कोई प्रयत्न करेगा तो उसको बडा कष्ट होगा. जैसे पर्वतपरसे बहनेवाली नदीका प्रवाह हटाना अतीव दुष्कर है वैसे मन भी रागद्वेषादि विकारोंसे युक्त होनेपर उसको असत् से हटाकर सत् में प्रवृत्त करना बडा कठिन कार्य है.

तत्तो दुक्खे पंथे पाडेदुं दुद्दओ जहा अस्सो।
वीलणमच्छोव्व मणो णिग्घेत्तुं दुक्करो णाणिदं॥ १३६॥

न प्रवर्तयितुं मार्गे दुष्टो वाजीव शक्यते ॥
ग्रहीतुं शक्यते चेतो न मत्स्य इव वीलनः ॥ १३९ ॥

विजयोदया—तत्तो तस्मात्प्रतिनिवर्तनात् । दुक्खे दुष्करे पंथे । पाडेदुं मार्गे पातयितुं किमिव । दुट्ठओ जहा वस्सो दुष्टोऽतिव्यालो यथैवाश्वः । एतेन दुष्करमार्गापपातित्वदोषः प्रकटितः । वीलणमच्छोव्व मसृणतरदेहमत्स्य इव । घणिदं दुक्करो णिग्घेत्तुं नितरां दुष्करं ग्रहीतुं मनः । एतेन दुरवग्रहता ख्याता ।

मूलारा—तत्तो अशक्यप्रतिनिवर्तनत्वात् । दुक्खं दुःशकं । पाडेदुं नेतुं । वीलणमच्छोव्व मसृणतरदेहमत्स्य इव । णिग्घेत्तुं ग्रहीतुं । घणिदं अत्यर्थम् ।

अर्थ—यदि मनको अयोग्य विषयसे हटाया जावे तो जैसा दुष्ट अश्व दुःखदायक मार्गमें मनुष्यको गिराता है वैसे दुःखदायक कुमार्गमें यह जीवको गिराता है. इस गाथासे दुष्करमार्गापपातित्व नामका मनका दोष प्रगट होता है. जिसका देह अतिशय स्निग्ध है ऐसा वीलण मत्स्य हाथसे नहीं पकड सकते हैं वैसे यह मन भी ग्रहण करना दुष्कर कार्य है. इससे दुरवग्रहता नामका दोष मनमें रहता है यह आचार्यने दिखाया है.

जस्स य कदेण जीवा संसारमणंतयं परिभमंति ॥
भीमासुहगदिबहुलं दुक्खसहस्साणि पावंता ॥ १४७॥

यस्य दुःखसहस्राणि भजंते वशवर्तिनः ॥
संसारसागरे घोरे बंभ्रम्यन्ते शरीरिणः ॥ १४० ॥

विजयोदया—जस्स य यस्य च । कदेण करोति क्रियासामान्यवाची इह चेष्टावृत्तिर्गृहीतस्तेनायमर्थः यस्य मनसश्चेष्टितेन जीवाः संसारं पंचविधं परावर्तं परिभ्रमन्ति । अणंतगं अनंतप्रमाणावच्छिन्नं । भीमासुहगदिबहुलं । भयावहाशुभनरकादिगतिप्रचुरं । दुक्खसहस्साणि शारीरागंतुकमानसस्वाभाविकाख्यानि प्रत्येकमनेकविकल्पानि । पावंता प्राप्नुवंतो जीवाः । एतेन चतुर्गतिपरावर्तमूलतादोषः प्रकटितः ।

मूलारा—कर्दमेण चेष्टितेन ।

अर्थ—इस मनकी दुष्ट प्रवृत्तिसे जीवको पाच प्रकारके परिवर्तनसहित इस अनादि अनंत संसारमें शारीरिक, मानसिक और स्वाभाविक हजारो दु ख सहन करने पडते हैं. यह संसार अशुभ नरकादिगतिओंसे भरा है. इसमें शारीरिक, मानसिक और स्वाभाविक दुःखोंके अनेक प्रकार इस जीवको प्राप्त होते हैं. अभिप्राय यह है कि, यह मनही चतुर्गतिमें भ्रमण करनेका मूल कारण है.

जह्मि य वारिदम्मि सव्वे संसारकारया दोसा ॥
णासंति रागदोसादिया हु सज्जो मणुस्सस्स ॥ १३८ ॥
संसारकारिणो दोषा रागद्वेषमदादयः ॥
जीवानां यस्य रोधेन नश्यंति क्षणमात्रतः ॥ १४१ ॥

विजयोदया—जस्मि यस्मिंश्च मनसि । वारिदम्मि वारित एव । मात्रग्रहणं वारणादन्यं निराकर्तुमुपात्तं । मनो निवारणादेव । रागदोसादिया रागद्वेषादयः । णासंति खु नश्यंत्येव । सज्जो सद्यः तदानीमेव । संसारकारया परावर्त-पंचकस्य संपादनोद्यताः ।

मूलारा—वारितगित्ते वारित एव ।

अर्थ—इस मनको रोकने मात्रसेही पंच परावर्तनात्मक संसारकी उत्पत्ति करनेवाले राग, द्वेष, मोह वगैरह दोष तत्काल नष्ट होते हैं.

इय दुट्ठयं मणं जो वारेदि पडिट्ठवेदि य अकंपं ॥
सुहसंकप्पपयारं च कुणदि सज्झायसाणिहिदं ॥ १३९ ॥
तदुष्टं मानसं येन निवार्याशुभवृत्तितः ॥
प्रवृत्तशुभसंकल्पं स्वाध्याये क्रियते स्थिरम् ॥ १४२ ॥

विजयोदया—इय । एवं व्यावर्णितरूपेण । दुट्ठयं दुष्टकं दुष्टं । मणं । मनो जो वारेदि यो निवारयति रागादिभ्यः । परिट्ठवेदि य प्रतिष्ठापयति च अज्ञानपरिणामादौ । अकंपं निश्चलं । क्रियाविशेषणमेतत्

तस्स सामण्णं होदि । वक्ष्यमाणेन संबंधः । सुभसंकप्पपयारं जो कुणदि तस्स सामण्णं होदित्ति संबंधनीयं । शुभः संकल्पः तस्मिन्प्रकृष्टश्चारो गमनं प्रवृत्तिर्यस्य मनसस्तच्छुभसंकल्पप्रचारं मनो यः करोति । सज्झायसण्णिहिदं जो कुणदि तस्स सामण्णं इति संबंधः । सम्यगध्ययनं स्वाध्यायः द्रुतविलंबितादिदोषरहितत्वं अर्थव्यंजनशुद्धिश्च सम्यक्त्वं । स पुनः पंचप्रकारः वाचनाप्रश्नानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशभेदेन ।

प्रश्नस्य कथं स्वाध्यायता ? प्रश्नो हि ग्रंथेऽर्थे वा संशयच्छेदाय इत्थमेवैतदिति निश्चितार्थबलाधानाय वा प्रच्छनं, तर्हि यद्दृच्छाग्रहणमर्थे वा सोऽधीते अध्ययनप्रवृत्त्यर्थत्वात् । प्रश्नेऽध्ययनव्यपदेशः इंद्रगतिमार्थे दारुणि द्रव्यव्यपदेश इव । अथवा किमिदमेवं स्यादित्यसंशयः । नार्थात् एव ग्रंथे संधिधान. । अर्थसंदेहेऽपि किमस्य वाक्यस्य पदस्य वायमर्थः इति । यद्वाप्यते एवं निश्चितबलाधानेऽर्थे प्रश्ने योज्यम् ।

अनुप्रेक्षा कथं स्वाध्यायः ? अधिगतार्थस्य मनसाभ्यासोऽनुप्रेक्षा अन्तर्जल्परूपमध्ययनमस्येव तत्रापीति मन्यते ।

घोषपरिशुद्धं श्रुतं परावर्त्यमानं आम्नायः स्वाध्यायो भवत्येव ।

आक्षेपणी, विक्षेपणी, संवेजनी, निर्वेदनी चेति कथाश्चतस्रस्तासामुपदेशो धर्मोपदेशः स च स्वाध्यायः एतस्मिन्स्वाध्याये सम्यक् निहितं निश्चितं मनो यः करोति इत्यर्थः ।

अमैवं पदघटना अध्याहृतं कृत्वा । इय दुट्ठकं मणो सो वारेदि अकंपं पडिट्ठवेदि य जो मणं सुभसंकप्पयारमेव कुणदि सज्झायसण्णिहिदं काऊण इति । एवं दुष्टं मनः स वारयति निश्चलं प्रतिष्ठापयति वा । यो मनः शुभसंकल्पप्रचारमेव करोति । स्वाध्याये सन्निहितं कृत्वेति सूत्रार्थः । तस्येत्थंभूतस्य श्रामण्यं समानता वा भवति ।

एवं प्रबंधेन मनसो दुष्टतां प्रकाश्य तद्दोषकारिणः फलं गाथात्रयेणाह—

मूलारा—परिट्ठवेदि श्रद्धानसंयमादौ प्रतिष्ठापयति । सुहसंकप्पपयारं । शुभपरिणामप्रचारं । शुभसंकल्पेष्वर्हदादिभक्तिजीवदयादिषु प्रचारः प्रवृत्तिर्यस्य । अत्रार्या सूत्रार्थः । स्वाध्याये सम्यङ् निक्षिप्तं कृत्वा यो मनः शुभप्रवृत्तिकमेव करोति स तथा दुष्टं वारयति निश्चलं प्रतिष्ठापयति चैतत्तस्यैव च समाहितादिगुण श्रामण्यं भवतीति सम्बन्धः ।

अर्थ—उपर्युक्त दुष्ट प्रवृत्ति करनेवाले मनको जो रागादि विकारोंसे हटाता हुवा सम्यग्दर्शनादिपरिणामोंमें दृढ स्थिर करता है उस मुनिको समता भाव प्राप्त होता है. जो मुनि अपने मनको शुभविचारोंमें प्रवृत्त करता है और स्वाध्यायमें तत्पर करता है उसको समताभावकी प्राप्ति होती है.

विशेषार्थ—स्वाध्याय करते समय शास्त्रकी पंक्तिया जल्दीसे अथवा अतिमंदरीतीसे नहीं पढना चाहिये. अर्थशुद्धि और व्यंजन शुद्धिके तरफ ध्यान देना चाहिये. इस तरह जो-शास्त्र पढना वह स्वाध्याय है. स्वाध्यायके वाचना

प्रश्न, अनुप्रेक्षा, आम्नाय और धर्मोपदेश ऐसे पांच भेद है.

प्रश्नको स्वाध्याय क्यों मानना चाहिये ? ग्रंथ और अर्थमें संशयका नाश करनेकेलिये अथवा इस पदार्थका ऐसाही स्वरूप है अन्य नहीं है इत्यादि रूपसे जो स्वयं निश्चय किया होगा उसको पुष्टि लानेकेलिये जो विद्वानोंको पूछना वह प्रश्न है. अथवा स्वाध्याय करनेवाला यदृच्छासे जान लेता है अथवा अर्थका पठन करता है. प्रश्न करना भी स्वाध्याय ही है क्योंकि प्रश्न अध्ययनमें प्रवृत्ति करनेके लिये कारण है. जैसे जिस काष्ठमें इंद्रकी प्रतिमा बनाना है उसको हम द्रव्यनिक्षेपसे इंद्रप्रतिमा कहते हैं. वैसे प्रश्न भी स्वाध्याय करनेमें जीवको प्रेरणा करेगा अतः उसको स्वाध्याय कहना कुछ अनुचित नहीं है. अथवा पढे हुए ग्रंथमें भी क्या यह शास्त्र इस रीतीसे पढना चाहिये ! अथवा अन्य प्रकारसे पढना चाहिय ऐसा यदि ग्रंथमें संशय उत्पन्न हुआ हो किंवा अर्थमें यदि संशय हो तो इस पदका अथवा इस वाक्यका क्या यह अर्थ है ? इस तरहसे पूछना यह प्रश्न स्वाध्यायको कारण होनेसे स्वाध्याय कहा जाता है. अथवा जो निश्चित किया है ऐसे अर्थमें और दृढता उत्पन्न करनेकेलिये जो प्रश्न किया जाता वह भी स्वाध्याय को कारण होनेसे स्वाध्याय ही है.

अनुप्रेक्षाको स्वाध्यायपना कैसा ? जाने हुवे पदार्थका मनके द्वारा वार वार चिंतना करना अनुप्रेक्षा है. यह अन्तर्जल्परूप होनेसे इसमें भी स्वाध्यायपना है ही. उच्चारणसे शुद्ध जो शास्त्रको वार वार घोकना उसको आम्नाय कहते हैं. यह भी स्वाध्याय है. आक्षेपणी, विक्षेपणी, संवेजनी, निर्वेजनी, ऐसी चार कथाओंका भव्योंके सामने कथन करना धर्मोपदेश है यह भी स्वाध्याय है, ऐसे पांचो प्रकारके स्वाध्यायोंमें जिसने अपने मनको संलग्न किया है उसको श्रामण्यप्राप्ति होती है. अर्थात् अपने मनको जो साधु स्वाध्यायमें स्थिर करके रागद्वेषादिसे उसको हटाता है. शुभसंकल्पोंमें स्थिर करता है उसकोही श्रामण्य प्राप्ति है. ऐसा इस गाथाका अभिप्राय जानना चाहिये.

जो चिय विणिप्पडंतं मणं णियत्तेदि सह विचारेण ॥
णिग्गहदी य मणं जो करेदि अदिलब्भियं च मणं ॥ १४० ॥

अभितो धावमानं तद्विचारेण निवर्त्यते ॥
निगृह्य क्रियते चित्तं दुर्वृत्त इव लज्जितम् ॥ १४३ ॥

विजयोदया—जो वि य यद्यपि। विणिप्पडंतं वि शब्दो नानार्थः निर् इत्युपसर्गो बहिर्भावे पडिर्गमनार्थः। ततोऽयमर्थोऽस्य पदस्य विचित्रं बहिर्निर्गच्छन्निवर्तयेदिति। ननु च सत्यभ्यंतरे कस्मिंश्चित्तदपेक्षो भवति बहिर्भावस्ततः किम्? अभ्यंतरमिह गृहीतं रत्नत्रयं, कथमस्याभ्यंतरता? आत्मनो निजस्वरूपमिति। रागकोपादयस्तु चारित्रमोहोदयजा भावाः परिणामा बाह्या मिथ्यात्वकषायादिभेदेन विचित्रास्तदभिमुखतया प्रवृत्तेः। णियत्तेदि सह विचारेण जो इति शेषः।

कोऽसौ विचारः? उच्यते—इदं तत्त्वार्थश्रद्धानं, इयं च हिंसादिपरिणतिरयं वा क्रोधादिको भावो मया परिणामिकारणभूतेन निर्वर्त्यमानो जातिजरामरणपरिणामरूपानंतसंसारकारणानां कर्मणां मूलोत्तरप्रकृतिभेदेन संख्यातासंख्यातविकल्पानां, स्थितिविशेषमात्मप्रदेशेष्ववस्थानरूपं, तीव्रमध्यममंदरूपाश्रद्धानासंयमकषायपरिणामनिर्वर्तनसामर्थ्यमनुभवाख्यं च निर्वर्तयति। तानि चात्मप्रदेशस्थान्यनंतप्रदेशेषु पुद्गलस्कंधद्रव्याणि सन्निहितद्रव्यक्षेत्रकालभवभावसहायापेक्षया पुनरपि मिथ्यात्वादिपरिणाममापादयन्ति। न हि सन्निहितविकलकारणसमूहस्य अनुत्पत्तिर्नाम संभाव्यते। तेन चाश्रद्धानादिपरिणामेन तथैव कर्मणामादानं, आत्तानां स्थितिः, सामर्थ्यातिशयः इत्यादिका परंपरता। तयानंतकालपरिभ्रमणमिति श्रद्धानसमन्वितो ह्ययं सविकल्पकोऽपि, एवंभूतेन विचारेण मनो निवर्तयति यस्तस्य श्रामण्यमिति संबंधः। णिग्गहदि य मणं जो यो मनो निगृह्णाति हा दुष्टं चिंतितमिदमिति निंदागर्हाभ्यां तस्य श्रामण्यमिति संबंधः। करेदि अदिलज्जियं च मणं, करोत्यतीव लज्जापरं यो मनः। कथं संसारमहितं तत्कारणभूतान्परिणामान्मुक्ति तदुपायांश्च भावानधिगच्छतः श्रद्धानस्य तत्परिणामव्यपोहनार्थमेवं गृहीतनिर्ग्रंथलिंगस्य चिंतेयमयुक्तेति, निरूपयति, अतिव्रीडां मनसो जनयति।

एवं बहिरंगयोगेन समाधिसिद्धिमनुशिष्यांतरंगयोगेन तामनुशास्ति—

मूलारा—विणिप्पडंतं विनिष्पतत् विनाशार्थे, नि बहिर्भावे प्रतिर्गमने। रत्नत्रयात्प्रच्युत्य विचित्रेषु शुद्धचिद्रूपाद्बहिर्भूतेषु रागादिषु गच्छदित्यर्थः। सह विचारेण, वर्तमान इति शेषः। अयं मिथ्यात्वादिदुर्विपाककर्मणां कारणं, तानि च दुरंतसंसारदुःखफलानि, ततोऽस्मान्निवृत्तिर्मे श्रेयसीत्येवं भावो विमर्शश्चात्र विचारः। णिग्गिहदि हा दुष्टं चिंतितं इति निंदागर्हाभ्यां निगृह्णाति। अनशनादितपोऽनुष्ठानद्वारेण क्षपितदुर्विकल्पशक्तिकं करोति वा। अदिलज्जिदं एवं गृहितलिंगस्य मम कथमीदृक्चिंतां करोषीति निरूपणेनातिमात्रं लज्जां नीतम्।

अर्थ—जो मुनि अनेक प्रकारसे बाहर घुमनेवाले मनको विचारोंके द्वारा आत्मामें लगाता है, जो साधु अपनी

निंदा और गर्हा करके मनका निग्रह करता है और उसको लज्जित करता है उसको ही श्रामण्यकी सिद्धि होती है.

विशेषार्थ--विणिप्पडंतं इस शब्दका अर्थ इसप्रकार है. वि शब्दका नाना, अनेक ऐसा अर्थ है. निस् यह उपसर्ग है. ' बाहर ' बाह्य यह निस् उपसर्गका अर्थ है. ' पडि ' धातु गमन करना इस अर्थका वाचक है. विणिप्पडंतं इस पदका समुच्चयार्थ ' नाना प्रकारसे बाहर जानेवाले मनको वापिस आत्मामें लौटाना चाहिये ' यह है.

शंका-यदि अभ्यंतर कोई चीज हो तो उसकी अपेक्षासे बाह्य पदार्थकी सिद्धि होगी. यहां अभ्यंतर चीज कोनसी है ? उत्तर-यहां रत्नत्रयको अभ्यंतर वस्तु कहते हैं. इसको अभ्यंतर वस्तु क्यों कर कहना चाहिये ?

उत्तर-यह रत्नत्रय आत्माका स्वरूप है अतः इसको अभ्यंतर कहना चाहिये. रागद्वेषादिक विकार चारित्र मोहके उदयसे होते हैं अतः वे बाह्य वस्तु हैं. मिथ्यात्व कषाय वगैरह भेदोंसे राग द्वेषादिकोंमें विचित्रता आती है इन विकारोंके तरफ मनकी प्रवृत्ति हुई हो तो उसको वहांसे हटाकर आत्मामें प्रवृत्त करना चाहिये.

जिनके साहाय्यसे मनको आत्माभिमुख कर सकते हैं ऐसे विचार कोनसे हैं इस प्रश्नका उत्तर इस प्रकार है- मैं यदि तत्त्वोंपर अश्रद्धान करूं, यदि हिंसा करना, झूठ बोलना, चोरी करना इत्यादि पापरूप परिणति मेरेमें हो जावेगी, यदि क्रोध, मान, मायादिक मेरेमें उत्पन्न होंगे तो चार प्रकारके कर्मबंध उत्पन्न होंगे. जन्मजरामरणरूप अनंतसंसारके कारणभूत कर्मोंका प्रकृतिबंध मेरे आत्मप्रदेशोंमें होगा. इस कर्मके मूल प्रकृतिभेद आठ हैं, उत्तर प्रकृतिभेद संख्यात असंख्यातो होते हैं. कर्म आत्मामें आकर स्थिर होना स्थिति बंध है. अश्रद्धान, असंयम, कषाय इत्यादि परिणामोंमें तीव्रता, मध्यमता, मंदता, उत्पन्न करनेवाला जो कर्मका सामर्थ्य उसको अनुभवबंध कहते हैं. अश्रद्धानादि परिणामोंसे चार प्रकारके कर्मबंध जीवमें होंगे. आत्माके समस्त प्रदेशोंमें अनंतानंत प्रदेशयुक्त पुद्गल-स्कंधरूप यह कर्म द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावोंका साहाय्य प्राप्तकर नवीन मिथ्यात्व, असंयम, कषायादि परिणामोंको उत्पन्न करते हैं. जिसके समस्त कारण इकट्ठे होते हैं वह कार्य अवश्य होता है. इस न्यायसे कर्मको द्रव्य, क्षेत्र, कालादि सामग्री मिलनेपर वह मिथ्यात्वादि परिणामोंका अवश्य उत्पन्न करेगा ही. अश्रद्धानादि परिणामोंसे जीव कर्मका स्वीकार करता है. स्वीकृत कर्म आत्मामें स्थिर होता है, और अपना प्रभाव दिखाता है. फिर नवीन कर्मबंध होनेसे जीवको अनंतकालतक संसारमें भ्रमण करना पडेगा यह बडा भारी अनर्थ होगा. इस विचारसे जो मनको बाह्य मिथ्यात्वादि परिणामोंसे हटाकर आत्मामें स्थिर करेगा उसको ही मुनिपनाकी सच्ची प्राप्ति होती है.

हाय ' मैंने मनमें दुष्ट विचार किये हैं ' ऐसा बोलकर जो अपनी निंदा और गर्हा करता है उसको श्रामण्यसिद्धि होती है. जो मनको लज्जित करता है उसको भी श्रामण्यलाभ होता है " हे मन अकल्याण करनेवाले संसारको, उसको बढानेमें कारणभूत रागद्वेषादि परिणामोंको, मुक्ति और उसके उपायोंको तू जानता है. श्रद्धान करता है. अश्रद्धानादि परिणामोंका नाश करनेके लिये ही तूने निर्ग्रंथ लिंग धारण किया है इसलिये उलटे विचार रखना क्या तेरेको योग्य दीखता है ' इस विधिसे जो मनको लज्जित करता है उसको समताकी प्राप्ति होती है.

दासं व मणं अवसं सवसं जो कुणदि तस्स सामण्णं ॥
होदि समाहिदमविसोत्तियं च जिणसासणाणुगदं ॥ १४१ ॥

अवशं क्रियते वश्यं येन दास इव व्रतम् ॥
श्रामण्यं निश्चलं तस्य सर्वदाप्यवतिष्ठते ॥ १४४ ॥

इति समाधिसूत्रम् ।

विजयोदया—अवसं दासं व मणं सवसं जो कुणदि इति पदसंबंधः । दासं व चेटीपुत्रं अवशवर्तिनं यथा कश्चिद्बलात्स्ववशं करोत्येवमधीतजिनवचन आत्मनो मनो निरर्थकतया प्रवृत्तं अशुभपरिणामप्रसंगे यदि नाम तथापि यत्नात्तस्मिन्नर्त्स्याभिमतशुभभावपरंपरानुकूलतया यः स्थापयति जैनमतामृतास्वादकारितत्सामर्थ्यातिशयस्तस्य सामण्णं समानता होदि भवति । समाहिदं एकमुखं । अविसोत्तियं दूरापास्तविस्रस्रोतोरूपाशुभपरिणामप्रवाहं । जिणसासणाणुगदं संपादितद्रव्यभावकर्मक्षयपरंपराणां यच्छासनं-शिष्यंते जीवादयः पदार्था अनेनास्मिन्वेति शासनं आगमस्तेनानुगतम् ।

मूलारा—समाहिदं एकमुखं शुद्धस्वचिद्रूपमात्रालम्बनमित्यर्थः । अविसोत्तियं निवृत्तपापास्रवपरिणामं ॥ समाधिः । सूत्रतः ५ । अंकतः । १० ॥

अर्थ—जैसे कोई समर्थ मनुष्य उन्मत्त नोकरको बलात्कारसे अपने आधीन रखता है वैसे जिनागमका जिसने अभ्यास किया है ऐसा यति भी स्वच्छंदी होकर अशुभपरिणामोंके प्रवाहमें पडे हुए मनकी निंदा, निर्भर्त्सना कर बलात्कारसे अपने वश रखता है. इष्ट ऐसे शुभ परिणामोंमें उसको स्थिर करता है. यतिको जैनमतामृतका आस्वादन करनेसे ही मनको वश करनेका विशिष्ट सामर्थ्य प्राप्त होता है. इसकी प्राप्ति होनेसे समानताका लाभ मुनिको

होता है. जिनागमके अभ्याससे मनकी इष्ट विषयमें एकाग्रता होकर अशुभ परिणामसे व्यावृत्ति होती है. अर्थात् अशुभपरिणामोंकी उत्पत्ति मनमें नहीं होती है. जिन्होंने द्रव्यकर्म ज्ञानावरणादि और भावकर्म– रागद्वेषादिकोंका पराभव किया है ऐसे जिनेश्वरके आगमका ही वह मन हमेशा अनुगामी बनता है. जीवादिक पदार्थोंका जिसमें अथवा जिसके द्वारा उपदेश किया जाता है उसको शासन कहते हैं. जिनेश्वरने जीवादि पदार्थोंका उपदेश करने वाला शासन–आगम भव्य जीवोंके हितार्थ कहा है. इस आगमका अभ्यास कर मुनिवर्य अपने अवश मनको वशकर समताकी–रागद्वेषके अभावकी प्राप्ति कर लेते हैं.

योग्यस्य गृहीतमुक्त्युपायालिंगस्य श्रुतशिक्षापरस्य पंचविधविनयवृत्तेः स्ववशीकृतमनसः अनियतवासो युक्तः। कस्तत्र गुणः? इत्यारेकायां समाधिगतस्य अनियतविहारगुणप्रकटनार्थं उत्तरसूत्रं—

दंसणसोधी ठिदिकरणभावणा अदिसयत्तकुसलत्तं ॥
खेत्तपरिमग्गणावि य अणियदवासे गुणा होंति ॥ १४२ ॥

दृष्टिशुद्धिस्थिरीकारौ भावना शास्त्रकौशलम् ॥
क्षेत्रस्य मार्गणा साधोर्गुणा नित्यविहारिणः ॥ १४५ ॥

विजयोदया—दंसणसोधी दर्शनशुद्धिः। दृशिर प्रेक्षणे इति पठितोऽपि धातुः श्रद्धानार्थवृत्तिरिह गृहीतः। धातूनामनेकार्थत्वात्। तथा च सूत्रं– 'तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्' इति जिनागमनिरूपितार्थविषयश्रद्धानमिह दर्शनशब्देन भण्यते। तस्य शुद्धिर्निर्मलत्वं। ठिदिकरणं स्थितिकरणं रत्नत्रयपरिणामस्यात्मनोऽनपायपरिणामः। तस्य करणं स्थितिकरणं। भावणा भावना अभ्यासः पुनर्वृत्तिः। अदिसयत्तकुसलत्तं अतिशयितेष्वर्थेषु निपुणता। खेत्तपरिमग्गणा वि य क्षयंति निवसंति तस्मिन्निति क्षेत्रं ग्रामनगरादिकं क्षेत्रं। तस्य अन्वेषणा च। अनियतस्थानवसने गुणा होंति भवंति।

अथैवं स्ववशीकृतमनसो मुनेरनियतविहारो दर्शनविशुद्धि इत्यादि गुणपंचकप्रकारकत्वेन युक्त इति द्वादशभिर्गाथाभिः प्रकाशयति—

मूलारा—भावणा परिषहसहनं। अणियदवासे अनियतस्थानवसने।

जो समाधिमरणकेलिये योग्य है, जिसने मुक्तिके उपायभूत ऐसे लिंगको धारण किया है. जो शास्त्राध्ययन करनेमें तत्पर हैं; पांचों प्रकारका विनय करनेवाले, अपने मनको वश रखनेवाले ऐसे मुनिओंके लिये ग्राम नगरादिक अनियत क्षेत्रमें निवास करना योग्य है.

अनियत क्षेत्रमें निवास करनेसे कोनसे गुणोंकी प्राप्ति होती है. ? ऐसी शंका होनेपर समाधिको प्राप्त अर्थात् मनकी एकाग्रताको धारण किये हुए मुनीश्वरके अनियत विहारके गुण आगेकी गाथामें आचार्य दिखाते हैं.

अर्थ—अनियत स्थानमें निवास करनेसे मुनिओंको जिन गुणोंकी प्राप्ति होती है उसका खुलासा—मुनिओं के सम्यग्दर्शनमें निर्मलता प्राप्त होती है. अर्थात् जिनागममें कहे हुए जीवादि सप्त तत्वोंपर निर्मल श्रद्धान उत्पन्न होता है. स्थितिकरण— मुनिओंके रत्नत्रय परिणाममें स्थिरता आती है. वह किसीसे बाधित नहीं होता है. अनियत वाससे पुनः पुनः रत्नत्रयमें अभ्यास होता है—प्रवृत्ति होती है. जीवादिक पदार्थोंके सूक्ष्म अर्थका प्रतिपादन करनेमें चतुरता आती है. अनियत वास करनेसे कोनसा क्षेत्र अर्थात् ग्रामनगरादि समाधिमरण करनेके लिये योग्य है इसका भी ज्ञान होता है. अर्थात् दर्शनादि, स्थितिकरण, भावना, अतिशयार्थ कुशलता और क्षेत्रपरिमार्गणा इतने गुणोंकी प्राप्ति अनियत वाससे होती है ॥ १४३ ॥

दंसणसुद्धी इत्येतत्पदव्याख्यानकारिणी गाथा—

जम्मणअभिणिक्खवणं णाणुप्पत्ती य तित्थणिसहीओ ॥
पासंतस्स जिणाणं सुविसुद्धं दंसणं होदि ॥ १४३ ॥
विशुद्धं दर्शनं साधोर्जायते पश्यतोऽर्हताम् ॥
जन्मनिष्क्रमणज्ञानतीर्थचिह्ननिषिद्धिकाः ॥ १४६ ॥

विजयोदया—जम्मण जन्माभिनवशरीरग्रहणं तच्चस्मिन्क्षेत्रे जातं तदिह साहचर्याज्जन्मशब्देनोच्यते । गृहीतशरीरस्य वात्मनो जन्म, जनन्युदराच्च निष्क्रमणं जातं तद्वा । अभिणिक्खवणे रत्नत्रयाभिमुख्येन गृहाद्बहिर्गमनं यस्मिन्क्षेत्रे तदिह निष्क्रमणं । णाणुप्पत्ती य केवलज्ञानावरणक्षयात् सर्वार्थयाथात्म्यग्रहणक्षमं यत्केवलं तदिह ज्ञानमिति गृहीतं । सामान्यशब्दानामपि विशेषवृत्तिः प्रतीतैव । तस्य ज्ञानस्योत्पत्तिर्यस्मिन् क्षेत्रे तदिह साहचर्यात् णाणुप्पत्ती य शब्देनोच्यते । तित्थं चिण्हं । तीर्थमिह समवसरणं गृह्यते । तरंति तस्मिन्भव्याः पापवि-

नाशार्थिनः इति । तस्य चिह्नतया स्थिता मानस्तंभाः । णिसिहीओ निषिधीर्योगिवृत्तिर्यस्यां भूमौ सा निषिधी इत्युच्यते । एतज्जन्मादिस्थानं श्रुतेन प्रागवगतं । पासंतस्स पश्यतः । कस्स जिणाणं जिनानां सुविसुद्धं सुष्ठु विशुद्धं । दंसणं श्रद्धानं । होदि भवति । एतदुक्तं भवति—

देशांतरातिथिः जिनानां जन्मादिस्थानदर्शनान्महती श्रद्धोत्पद्यते । यथा कांचिद्ग्रथावर्ण्यमानरूपां विलासिनीं परोक्षामगवत्य परस्य वचनेन जातामिलाषस्तस्यां दर्शनपथमुपजातायां श्रद्धातिशयो जायेत इति ।

शब्दः यथा [illegible] तथा अनियतविहारो यतिर्जिनानां ज्ञानत्रयचारिणां अवातरत्स्वर्गावतरणपूजातिशयानां जन्माभिषेककल्याणं भुवनभवनांतर्लीनतमोवितानापनयनोद्यतं, सुधापानमिव सकलप्राणभृदारोग्यविधायि, सुरविलासिनीनर्तनमिव सकलजगदानंददायि, प्रियवचनमिव मनःप्रसादकारि, पुण्यकर्मेव अगण्यपुण्यवितरणप्रवीणं, लक्ष्मीपरिचारिकाभिःसाश्चर्यं ससंभ्रमं ईक्षितं, गुह्यकामरप्रकीर्णनेकसुरभिप्रसूनकरणगंधानुभ्रमद्भ्रमरकृतकोलाहलं । अनारतप्रहतमंगलभेरीभंभाध्वनिभरितभुवनविवरं, सुरवधूनर्तनजिगीषयेव सौधशिखररंगनृत्यत्पत्यग्रपंचवर्णपताकाविलासिनीकं, हरिविष्टरप्रचलनोपनीतसाध्वसनवसुरवल्लभारब्धसकंठग्रहभीतिविकासिमुखशतमखसुखं, संभ्रमोत्थितकृतांजलिपुटसुरपरिवारसादराकर्ण्यमानवज्रभृद्दाक्षे, भेर्याध्वानाहतपुरुहूतप्रमुखसकलगीर्वाणचक्रं, परस्परसंघर्षगृहीतोत्तरवैक्रियिकदेवपृतनाव्याप्तपवनपथदेशं, जन्माभिषेकसमयप्रयाणसंपादनायातपौलोमीनूपुरध्वानचकितहंसौघविलासविराजमानराजमंदिरांगणं, ऐरावतावतीर्णप्रसारितवज्रिबज्रबाहुभार्गलं, सुरकरप्रहारप्रसरद्दुंदुभिभेरीध्वानसन्मिश्रसिंहनादबधिरितविशालाशामुखं, प्रहतानेकप्रयाणकपटहगंभीरधीरारावं, असकलशशिकरावदातचमरारुहविक्षेपदक्षबलभिच्चक्रुरुद्भवजिनावलोकनव्यग्रसुराग्रमहिषीकं, श्वेतातपत्रजलभरघटावरुद्धनभोमंडलं, विद्युदायमानपताकाकुलं, इन्द्रनीलमयसोपानप्रयायिसुरपृतनं, सुरगजरदनसरोनलिनरंगशोभाविधायिनर्तकीसलीलपदन्यासं, गृहीताष्टमंगलदेवीसहस्रपुरोयानं, देवप्रतीहारदूरापसार्यमाणक्षुद्राभरणगणं, आत्मरक्षदेवसहस्रसंपाद्यमानरक्षाविधानं, नर्तनव्यग्रादभुतविग्रहाग्रेसरभूतं, प्रदक्षिणीकृतसुरगिरिशिखरायमाणसिंहासनं, तेष्वेकुमारपरंपरानीतक्षीरवारिधिजलभरकृताभिषेकं, पौलोमीरचितबालानुरूपमंडनं, स्तवव्यग्रैर्वैनालिकसहस्रं, सुरार्धिपरचितजन्मोत्सवनर्तनं, जन्माभिषेककल्याणं पश्यति तस्य पश्यतो ।

अभिनिष्क्रमणं वा जिनानामीदृक् तदिति वर्ण्यते । सर्व एव जिनाः समधिगतोदीरितजन्माभिषेककल्याणाः, शतमखशासनस्थसादरजनदीपनीयमानादिश्योचितांगरागवसनभोजनवाहनालंकारसंपत्संदोहाः, मनोनुकूलक्रीडासंपादनचतुरदेवकुमारपरिवाराः, केचित्पुरातनपुण्यपरिपाकोदयाच्चलोद्धतविराजमानारकसहस्रचक्रविसाहाय्ये, अमर्षेभुजविक्रमेण वशीभूताशेषमागधप्रभासादिदेवैः, विद्याधरभूमिपालसंहतयः, सुरकुमारीरूपयौवनविभ्रमापहसनचतुरानेकद्वात्रिंशद्देवीसहस्राननारवींदविकसनोद्यताः, पाकशासनप्रहितनर्तकानृत्तावलोकनविनोदाः, सादराकर्णितकिन्नरादिदेवगांधर्वगीताः, कालमहाकालादिनवनिधिप्रभवः, प्रत्येकदेवसहस्रपरिपाल्यमानचक्रादिचतुर्दशरत्नानुयाताः, द्वात्रिंशत्सहस्रमुकुटबद्धशातकुंभवदितमौलितटमकरिकास्थितरत्नप्रदीपालीप्रकरेणानवरतमर्च्यमानपादपीठाः, वेत्रकुमारोपनीयमानोपायन-

विलोकनैकव्यग्राः, मनुजभोगाग्रेसरं सुखमखेदेनानुभवन्ति । अपरेऽपि मंडलीकमहामंडलीकपदमुपगताः ।

पुनस्तीर्थकरनामकर्मोदयात् चारित्रमोहक्षयोपशमप्रकर्षादनुमतादनादिकालाबलप्रस्वपरकर्मरजोविधूननाव-
बद्धकक्ष्या इत्थमन्तः प्रनिदधति । कथं मोहस्य बलवत्ता[1] येनास्मानप्यधश्चीक्रियमाणदुरंतसंसारसारेदाधिपतिभयदुःखा-
वर्तान् प्रवर्तयत्यारंभपरिग्रहयोः । अणिमाद्यष्टगुणसंपत्कं, अपदमापदां, अभिलाषस्याप्यविषयम्, अपरामराणां कुशाग्री-
यबुद्धीनामपि बलभिदामगोचरं, वचसामप्रत्यूहं, अपरार्धायुः, अनाद्यादितान्यूनतारसं, अहमिंद्रसुखं चिरतरमनुभूतव
तास्मत्साकं केयमुत्कंठा मनुजभोगसंपदि, खलजनमैत्रीव विचित्रदुःखानुबंधविधानोद्यतायां चलायां च पुण्यसंपत्तिरिव
परायत्तवृत्तौ, कुकविकृतिरिवाहार्यसंग्रहार्यां, दुरभव्यस्य मुक्तिपदवीगतिरिव अनेकप्रत्यूहप्रतिहतायां अनंतकाल-
परिमुक्तायां इति ।

तदेव च ब्रह्मलोकांतावासादधिगतलौकान्तिकव्यपदेशाः, शंखावदाततनवः, स्वावधिज्ञानलोचनेनावलोक्य
स्वपरोत्तारणाबद्धपरिकरतां जिनानां, महदिदं कार्यं अनेकभव्यानुग्रहकरं भगवता प्रारब्धं, अस्माभिरपि एतदनुमंतव्यं ।
पूज्यपूजाव्यतिक्रमश्च स्वार्थभ्रंशकारीति सुरपथादवतीर्य स्वामिनः पुरस्तात्सबहुमानमवस्थिता एवं विज्ञापयंति—

भट्टारका ! उचित एवायमुद्योगो भवतां कल्पमहीरुहा इव प्रत्युपकारनिरपेक्षा, जगदनुग्रहकारिणो महान्तः,
मिथ्यात्वतिमिरावगुंठितज्ञानलोचनतया विनेयजनराशिरुत्पथप्रस्थानोऽसकृत्कुगतिगर्तपतितो निःसर्तुमभिलषन्नपि
असमर्थः क्लिश्यति । स च भवत्प्रायतद्दहसमीपीनदृष्टिरज्जावलग्नः युष्मदुपदर्शितातिप्रगुणविशालमुक्तिमार्गदीपकनाद-
नंतज्ञानात्मकेन सुखेन सुखी भवत्स्यभिधाय गतेषु सारस्वतादिषु ।

जिननिर्देशसमीरणांदोलितहरिविष्टरो हरिः प्रणिधानप्रवर्तितावधिलोचनाधिगतगुरुभारव्यमाणकार्यः, सिंहास-
नतः ससंभ्रममुत्थाय, स्वामिसमवस्थितदिगभिमुखं गत्वा सप्तपदमात्रं, ललाटतटविन्यस्तेन प्रबुद्धनलिनदलच्छायापहासिना,
अंकुशकुलिशादिलक्षणोद्भासिना, दक्षिणेन करेणालंकृतमौलिरत्नप्रभादंतुरभवनभ्य शिरः सलीलं नमः सद्धर्मतीर्थप्रवर्तनोद्य-
तेभ्यः शरणागतविनेयप्राणकारिभ्योऽलौकिकनयनेभ्यो जिनेभ्य इत्यभिधाय, पुरो धावद्भेरीध्वानादिभिर्झटिति विदितका-
र्येण, समुदितावनतेन, स्वनायकपुरोयायिना, विचित्रातपत्रशस्त्रचस्त्रविभूषणवाहनोज्ज्वलेन गीर्वाणचक्रेणानुगम्यमानः
सौधर्मः सह नरामरेन्द्रः, चमरखड्गहरिविष्टरश्वेतातपत्रादिपरमेश्वरलांछनमखिलमपहाय प्रतीहारनिवेदितागमनस्तदाज्ञया शु
धर्मचक्रलांछनांतिकमवाप्य सबहुमानप्रणाममारभते स्म ।

ततो जिनात्सादरावलोकनप्रसादमात्मोचितमुपलभ्य विज्ञापनं करोति। समालोकयायमायातोऽच्युताधिपपुरःसरः
शक्रलोको भट्टारकाणां परिनिष्क्रमणपरिचर्यामुपपादयितुमना अवगतमुक्तिमार्गोऽप्ययं स्वार्जितज्ञानात्मकानंतसुखानुभवलंप-
टोऽपि, अवधीरितेंद्रियसुखखेदोऽपि, अपरिप्राप्तसंयमघातिकर्मक्षयोपशमः, न चारित्रे प्रवर्तते, न परान्प्रवर्तयितुमीहते ।

१ मोहस्य महत्ता इति पाठः ख पुस्तके ।

सुविशुद्धज्ञानदर्शनोऽपि विना समीचीनं चारित्रं तपश्च, कर्माणि निरवशेषं क्षपयितुं घटते । अनेकसमुद्रगणनायुः-स्थितिरपि दीर्घसंसारी बलाकोऽस्मदादिः क्लिश्यति । उत्थातुमभिलषन्नपि दारको यथा पतत्येवमपि जनश्चारित्राभिलाष्यपि तद्रोढुमसमर्थोस्तिष्ठति । यूयं पुनर्विदितवेदितव्याः क्षयोपशमपरिप्राप्तिनिवृत्ति परिणामाः, पूज्यतमाः । जन्मारेऽस्माकमपीदृशी वीतरागता सकलारंभपरिग्रहपरित्यागाद्योग्यायनेयजनोपकार शक्तिश्च भवत्प्रसादादस्यानुमननाच्च भवतु । सज्जीकृतमिदं विमानं यानीतमलंकरोतु देवः इत्युपरतवचसि सुराधिपे हर्षविषादपरवशं ज्ञातिवर्गं अंतःपुराणि परिवारं चावलोक्य कृपया जिना ब्रुवंति ।

चिरसंवासादल्पकोपकारापेक्षया जनस्यानुरागो भवति । तदनुसारी कोपस्तस्मिन् दुरंतकर्मोदानं ततो भवति ममेदंभावः सर्वदुःखानां मूलमपनेतुमर्हति विद्वान् । न हि कस्यचित्किंचिन्मित्रं, धनं, शरीरं वानपाय्यस्ति । पाशेसमिता हि बंधवः, परिवारा, धनं च पुनर्जने विनाशे च महतीमानयति दुःखाशिकां । तदर्थैभिरन्यैश्च सह विरोधं कारयति । तृष्णां प्रकर्षयतीमादधाति लवणजलपीतिमिव । वामलोचनाः पुनः सुरा इव चित्तं मोहयन्ति । व्यलीकरोदनहसनेन चाटुभिश्च पुंसामल्पसत्त्वानां चेतः स्ववशीकुर्वंति । चर्ममयपुत्रिकासु, चपलासु, सध्याम्बुदावलीवास्थिररागासु, मायाजननीषु, मृगाक्षीरीनायिकासु, सुगतिपथरागंलयष्टिषु कोऽनुरागः प्रशस्यताम् ? शरीरं पुनरिदमनेकाशुचिनिधानं, कचारपुंजवत्प्राणभृतामनपायी भारः । महारोगनागानां वल्मीकीभूतं, जराव्याधीनिवासबिलं, नेत्रं खंडचर्मवेष्टितलोष्टवदन्तर्निःसारं बहिर्मनोहरं, गुणः पुनरत्र एक एव धर्मसहायता । गिरिनदीस्रोतोवेगवदस्थितानि यौवनानि । तृणाग्निज्वाला इव संपदः क्षणमात्रं दृष्टनष्टा । इत्यमवगम्य मा कृथा वृथा प्रमादं जननरत्नाकरपारगमनाय कुरुतोद्योगं । मर्षणीयोऽस्माभिः प्रमादात्कृतोपराध इति ।

भगवद्भारतीसमनंतरं सुरकुमारकरप्रहताः समंततो दुंदुभयो ध्वनंति । सकलं च जगदिंद्रप्रमुखं जयध्वनिमुखरं जायते । समंतात्सुरतरुण्यः सविलासं नृत्तमारभंते । जगन्नाथाश्च त्रिलोकभूषणा धवलदुकूलपरिधानाः परमशुक्ललेश्यया निर्वृतिसंफल्येव मुक्ताकंठिकाव्याजेनोपगतयालंकृतग्रीवः विरागाणामपि सुखरागकरणे पटवं नः पश्यतेति दर्शयद्भ्यामिव कुंडलाभ्यां विराजमानपूर्णमृगांकडंबलाः । वृत्ते प्रिये येषां चेन्नोत्सव इतीवोपगतेन कदाकल्पेनाश्लिष्टकोष्ठाः । यत्रामीषामतिशयरत्नाभिमानाः तत्पश्यामः स्थित्वोर्वीरितीवोत्तमांगस्थेन मुकुटरत्नकलापेन शोभमानः निर्वाणपुरोपुरमिव विमानं प्रविशन्ति ।

ततः शतमुखयुगमाहस्कंधोत्क्षिप्तेन सदेवीकचतुर्निकायामरसप्तानीकपरिवृतेन गत्वा अवतीर्य रम्यतमे देशे उत्तराभिमुखाः, कृतसिद्धनमस्कृतयः मुकुटादिकं क्रमेण अलंकारादिकं अर्पयन्ति । परित्यक्तोभयसकलग्रंथाः परिगृण्हन्ति योगत्रयेण रत्नत्रयमित्थंभूते च परिनिष्क्रमणे पश्यतः ।

णाणुप्पत्ति ज्ञानोत्पत्तिर्भवेतऽवबुध्यते सकलमर्थंयाथात्म्यमनेनेति ज्ञानं इति केवलमुच्यते । तस्योत्पत्तिरवतारितमोहनीयभाराणां, योगधासरार्धीश्वरनिर्मूलितज्ञानदृगावरणतमसां, उत्साताऽन्तरायविषविटपिनां, वीतकलम-

नोपक्षिप्तकरणत्वेनान्यस्तत्संशीतिके, दूरीकृतविपर्यासे केवलमुत्पद्यते । तस्य फलस्य दर्शनाज्जिनप्रणीते मार्गे अपरी— तशंकादिकलंका अङ्कोत्पद्यते । फलार्थी तद्गतस्त रोचते दृष्टसामर्थ्यं इति किं चित्रम ?

देशांतरातिथेः साधोः कथं दर्शनशुद्धिः स्यादित्याशंकां निराकरोति—

मूलारा— जन्मण, जन्म अभिनवशरीरग्रहणं, जन्मयुक्तरानेष्क्रमणं वा यत्र क्षेत्रे जातं तदत्र जन्मशब्देनोच्यते साहचर्यात । उत्तरत्राप्ययमेव न्यायो योज्यः । अहिणिक्खमणे रत्नत्रयाभिमुख्येन गृहाद्बहिर्गमनं वा यस्मिन् क्षेत्रे तत् । तित्थं तरंति तस्मिन्भव्याः पापनाशार्थिन इति तीर्थमिह समवसरणं । जम्मणाणिक्खमणेणाणोप्पत्ती तित्थचिण्ह त्ति क्वचित्पाठः । तत्र तीर्थस्य समवसरणस्य चिन्हानि मानस्तंभा गृह्यन्ते । णिसिधी योगवृत्तिर्यस्यां भूमौ सा निसिधीत्युच्यते ॥

दर्शनशुद्धि गुणका वर्णन करनेवाली गाथा—

अर्थ—अनियत स्थानोंमें विहार करनेवाले मुनिओंके सम्यग्दर्शनमें तीर्थंकरोंके जन्मादि स्थानोंका दर्शन होनेसे निर्मलता प्राप्त होती है.

जन्म—नवीन शरीर ग्रहण करना. जिस क्षेत्रमें जन्म होता है उसको भी साहचर्यसे जन्म कहते हैं. अथवा जिसने नवीन शरीर धारण किया है ऐसा आत्माभी जन्म शब्दसे वर्णित होता है. अथवा माताके उदरसे बाहर आनेकी क्रिया जिस स्थानपर हो वह स्थान भी जन्म शब्दसे गृहीत करना चाहिये. अर्थात् जिस क्षेत्रपर जिनेश्वरका जन्म हुआ है ऐसे क्षेत्रोंको जन्मक्षेत्र कहते हैं. अभिनिष्क्रमण—रत्नत्रयके अभिमुख होकर गृहका त्याग कर जिस स्थानपर तीर्थंकर गमन करते हैं उस स्थानको अभिनिष्क्रमण कहते हैं.

ज्ञान—केवलज्ञानावरण कर्मके क्षयसे संपूर्ण पदार्थोंका यथार्थ स्वरूप जाननेवाला केवलज्ञान यहां ज्ञान शब्दका वाच्य है. सामान्य शब्दभी प्रकरणके अनुसार विशेषार्थको जतलाते हैं. अतः यहां ज्ञानशब्दसे केवल ज्ञान समझना चाहिये. केवलज्ञानावरणीय कर्मके क्षयसे संपूर्ण पदार्थोंका यथार्थस्वरूप ग्रहण करनेवाला जो ज्ञान उत्पन्न होता है वही ज्ञान इस प्रकरणमें संगृहीत किया है. क्योंकि ज्ञान यह शब्द यद्यपि सामान्य है तो भी विशेषमें समझना चाहिये. यह केवलज्ञान जिस क्षेत्रमें होता है उसको भी ज्ञानके साहचर्यसे 'ज्ञानोत्पत्ति' यह नाम है.

तीर्थ—चिन्ह. तीर्थ इस शब्दका अर्थ इस प्रकरणमें समवसरण ऐसा होता है. पापका नाश करनेकी इच्छा रखनेवाले भव्य जीव समवसरण में जाकर संसारोत्तीर्ण होते हैं अतः समवसरणको तीर्थ कहना योग्य ही है. अमुक

स्थानमें भगवानका समवसरण आया था यह समझनेकेलिये चिन्हरूप जो मानस्तंभ स्थापन करते हैं वह यहां तीर्थ शब्दका अभिप्राय समझना चाहिये. अर्हदादिकोंके [illegible] मुनिराजके समाधि स्थानको निषिद्धिका कहते हैं. जन्मादि स्थानोंको मुनिराज प्रथम शास्त्रोंसे जानते हैं और अनंतर उनकी वंदना करनेके लिये जाते हैं, तब उनका सम्यग्दर्शन अतिशय निर्मल हो जाता है. अर्थात् मुनिराज हमेशा अनेक देशोंमें भ्रमण करते हैं तब वहां के जन्मादिस्थानोंका दर्शन कर अतिशय श्रद्धालु होते हैं. जैसे कोई आदमी किसी सुंदर स्त्रीका स्वरूप वर्णन करता है तब कोई श्रोता वह वर्णन सुनकर परोक्षरूपसे उसका परिज्ञान कर लेता है और उसको देखने की अभिलाषा उत्पन्न होती है. यदि वह स्त्री उसको दृष्टिगोचर होती है तो उसके विषयमें उसको महती श्रद्धा उत्पन्न होती है. वैसे आगमसे जन्मादि स्थानोंको जानकर जब मुनि उनको साक्षात् देख लेते हैं तब उनको महाश्रद्धान उत्पन्न होता है. अथवा जब तीर्थंकर उत्पन्न होते हैं तब अनियत विहार करने वाले यति उनके जन्मादिक कल्याणोंको साक्षात् जानकर अपने सम्यग्दर्शनमें निर्मलता उत्पन्न करते हैं.

अब यहां तीर्थंकरोंके जन्मादि कल्याणकोंका विस्तारसे टीकाकार अपराजित सूरिने वर्णन किया है. उस का भावार्थ हम यहां लिख देते हैं.—

तीर्थंकर तीनज्ञानके धारक रहते हैं. जब स्वर्गमें उनका आयुष्य समाप्त होता है तब वे माताके उदरमें आते हैं. इंद्रादिदेव आकर उनका गर्भमहोत्सव करते हैं. तीर्थंकरका जन्माभिषेक महोत्सव भुवनरूपगृहमें जमा हुवा अज्ञानरूप अंधकारको नष्ट कर देता है. अमृतके पानसे प्राणिओंको आरोग्यलाभ होता है वैसे जन्म महोत्सवसे संपूर्ण प्राणी रोगमुक्त होजाते हैं.

देवांगनाओंका नृत्य देखनेसे जैसा आनंद होता है वैसा इसके अवलोकनसे भी सर्व जगत आनंदमय होता है. प्रियवचनके समान यह महोत्सव मन में प्रसन्नता उत्पन्न करता है. प्रशस्त पुण्यके समान यह अगणित पुण्यको समर्पण करता है. लक्ष्मी अपने परिचारिकाओंके साथ इस उत्सवको आश्चर्यसे देखती है. मुख्यक जातीके देव आकाशमेंसे पुष्पवृष्टि करते हैं. तब चारो तरफसे भौंरें आकर गुंजारव करते हैं. इस उत्सवके समय नगारे और शंखोंकी ध्वनि सतत हुवा करती है. इनके ध्वनीसे जगतका अवकाश भर जाता है. देवांगनायें नृत्य करती हैं. मानो उनको जीतनेके लिये ही सौधोंके शिखरोंकी पचरंगयुक्त पताकायें भी नृत्य करती हैं. जन्माभिषेकोत्सवके

समय आसन कंपित होनेसे देवांगनायें भीतीसे इंद्रोंको आलिंगन देती हैं तब उनका मुख हर्षसे कमलतुल्य प्रफुल्लित होता है.

इंद्र जब जन्माभिषेक करने का कार्यक्रम देवोंको सुनाता है तब वे आदरसे अपने हाथ जोडकर उसकी आज्ञा मानते हैं. नगारेकी ध्वनि सुनकर सर्व इंद्र और सामानिकादिक देव भी एकत्र होकर सौधर्मेंद्रके पास जाते. हैं. परस्पर की ईर्ष्यासे देव वैक्रियिक शरीर धारण कर आकाशमार्गसे प्रयाण करने लगते हैं. जिनबालकका जन्माभिषेकोत्सव करनेके लिये जब इंद्राणी राजभवनमें आती है तब उसके नूपुरोंकी ध्वनि सुनकर राजहंसी राजभवन के अंगणमें सविलास गमन करती है.

ऐरावतसे उतरकर जब इंद्र जिनबालकको ग्रहण करनेके लिये अपने हाथ पसारता है तब दुंदुभि भेरी ध्वनीके सिंहनादसे सब दिशायें शब्दमय होती हैं. प्रणाम करते समय अनेक पटहोंका गंभीर और धीर शब्द होता है.

इंद्र अपने हाथमें अष्टमी चंद्रके समान शुभ्र चामर लेकर प्रभुके ऊपर ढोरते हैं. तब जिनबालकको देखनेके लिये इंद्रोंकी देवियां उत्कंठित होती हैं. सफेत छत्ररूप मेघोंसे आकाश व्याप्त होता है. बिजली के समान चमकनेवाली पताकाओंसे आकाश व्याप्त होता है. इंद्रनीलमणिओंसे रचे हुये सोपानोपर पांव रखकर देवोंका सैन्य आगे गमन करता है. ऐरावत हाथी के दंतपंक्तिओंके सरोवरमें कमलोंपर देवांगनायें लीलासे पदनिक्षेप कर नृत्य करती हैं. हजारो देवी अष्टमंगल धारण कर आगे गमन करती हैं.

उस समय द्वारपाल देव क्षुद्र देवोंको हटाते हैं. आत्मरक्ष जातीके हजारो देव अपने ऊपर पडा हुआ रक्षा का कार्य एकाग्रता से करते हैं. इस रीतीसे देव मेरु पर्वतके समीप जाकर उसको प्रदक्षिणा देते हैं. तदनन्तर मेरुपर्वतके ऊपर शिखरके समान ऊंचे सिंहासनपर इंद्र प्रभूको विराजमान करता है. अनेक देव समूह क्षीर समुद्र का जल लाते हैं तब इंद्र प्रभूका अभिषेक करता है इसके अनंतर इंद्राणी प्रभूको बालक योग्य अलंकारों से भूषित करती है. हजारो इंद्रके भाटदेव प्रभूकी स्तुति करते हैं. उस समय इंद्र भी आनंदसे नृत्य करते हैं. इस तरहका जन्माभिषेक कल्याण देखनेसे यतिओंका सम्यग्दर्शन दृढ होता है.

अब दीक्षाकल्याणिकोत्सवका वर्णन करते हैं—

संपूर्ण जिनेश्वरोंका जन्माभिषेकोत्सव होता ही है. इंद्रकी आज्ञासे कुबेर बडे आदरसे दिव्य और योग्य ऐसे उबटन, वस्त्र भोजन, यान, वाहन, अलंकार वगैरह वस्तु प्रभूको समर्पण करता है. मनके अनुकूल क्रीडा करनेवाले देवकुमारसमुदाय भक्तीसे प्रभूकी सेवा करते हैं. कितनेक तीर्थंकरोंका पूर्वपुण्य उदयमें जब आता है तब उनको चक्ररत्नकी प्राप्ति होती है. यह चक्ररत्न हजारो सूर्यके समान चमकीले आरोंसे युक्त होता है. इससे राज्यको और अपने बाहुपराक्रमसे तीर्थंकर समस्त प्रभास, मागधादि देवोंको, विद्याधरराजाओंको और भूगोचरी भूपतिओंको वश करते हैं. देवांगनाओंके समान, रूप, तारुण्य और विलासयुक्त, उपहास करनेमें चतुर ऐसी बत्तीस हजार पट्टरानिओंके मुखकमलोंको चक्रवर्तित्वको प्राप्त हुए वे तीर्थंकर विकसित करते हैं. इंद्रसे भेजी गयी अप्सराओंका नृत्य अवलोकन करके अपने मनका विनोदन करते हैं. बडे आनंदसे किन्नर गंधर्वादि देवोंका गायन सुनते हैं. काल महाकालादिक नवनिधिओंकी उनको प्राप्ति होती है. चक्रवर्तीके चौदह रत्नोंका हजार हजार देव रक्षण करते हैं. बत्तीस हजार मुकुटबद्ध भूपाल अपने सुवर्णरचित किरीटके अग्रभागपर भक्तिकामें बैठाये हुए रत्नरूपी दीपपंक्तीसे चक्रवर्तीका चरणयुगल पूजते हैं. देव कुमारके द्वारा लाए हुए उपहारोंको देखनेमें वे एकाग्रचित्त हो जाते हैं. ऐसे वे चक्रवर्ती मनुष्योंको जो भोग प्राप्त होते हैं उससे भी सर्वोत्कृष्ट भोगोंको पुण्योदयसे प्राप्त कर लेते हैं. ये भोगोंके पदार्थ उनको विना प्रयत्नसे ही प्राप्त होते हैं. कितनेक तीर्थंकर मंडलीक, महामंडलीक पदको प्राप्त होकर उत्कृष्ट भोगोंका अनायास भोग लेते हैं।

जब तीर्थंकर नामकर्मका उदय होता है और चारित्रमोह कर्मका अपकर्ष होता है तब अनादिकालसे आत्माके साथ बंधे हुए स्वतःके और इतर जीवोंके कर्मोंका नाश करनेकेलिए कटिबद्ध हो जाते हैं और मनमें इस प्रकार विचार करते हैं.—

बडे कष्टसे जिसका अंत आता है ऐसे संसाररूपी समुद्रमें दुःखरूपी भोवरोंका हमको खूब ज्ञान है. अनुभव है, तो भी हमसरीखे भी लोग इस मोह के फंदेमें पडे हुए हैं अतः यह मोहकर्म महाबलवान है. हमको भी इसने आरंभ और परिग्रहोंमें खूब फसाया है. हमने अणिमामहिमादिक आठ गुणोंकी संपत्तीसे परिपूर्ण, आपत्तीका अविषय, अभिलाषाओंसे दूर, जिनकी बुद्धि कुशाग्रके समान तीक्ष्ण है ऐसे इंद्रादिक भी

जिसको अपने ज्ञानसे जाननेमें असमर्थ हैं, जो वचनके अविषय है, अपराधीन है, जिसमें कभी न्यूनताका अनुभव आता ही नहीं है, ऐसा अहमिंद्रोंका सुख भी हमने बहुतकालतक भोगा है. अतः मनुष्योंके तुच्छ संपत्ति सुखमें क्यों उत्कंठित हो रहे हैं. यह मनुजभोगसंपदा दुष्ट जनकी मैत्रीके समान विचित्र दुःखोंका संबंध उत्पन्न करती है. चंचल है, पुण्यका समूह जैसा पूर्व कर्मके अधीन होता है वैसे यह भोग संपदा भी पराधीनही है. कुकवीकी कृतिमें अल्प ही अर्थ भरा रहता है वैसे इस मनुजसुखमें अल्प प्रयोजनही सिद्ध होता है. दूर भव्य जीवका मुक्तिमार्ग जैसे अनेक विघ्नोंसे रुका रहताही वैसा यह मनुजसुख भी अनेक विपत्तिओंसे घिरा हुवा है. यह मनुजवैभव अनंतकालतक मैंने भोगा है.

इसप्रकार प्रभु वैराग्यभावनामें लीन हुये हैं ऐसे समयमें ब्रह्मस्वर्गसे शंखके समान शुभ्रदेह जिनका है ऐसे लौकांतिक देव जिनेश्वर भगवान अपनेको और भव्य जनोंको संसारसमुद्रसे निकालनेके लिये उद्युक्त हुए है ऐसा अवधिज्ञानरूप नेत्रसे जानकर प्रभुके पास आते हैं. और अनेक भव्य जीवोंपर जिससे अनुग्रह होगा ऐसा यह महाकार्य प्रभूने अपने हाथमें लिया है. आपके इस कार्यमें हम लोगोंकी भी सम्मति है. पूज्य पुरुषोंकी पूजा का उल्लंघन करनेसे स्वार्थहानि होती है अर्थात् इष्ट स्वर्गादि संपदाकी प्राप्ति नहीं होती है. ऐसा मनमें विचार कर वे लौकांतिक देव आकाशसे नीचे उतरकर प्रभुके पास महा आदरसे बैठकर प्रभुकी इसप्रकार प्रार्थना करते हैं—

हे भट्टारक ! आपका यह उद्योग प्रशंसनीय है. कल्पवृक्ष प्रत्युपकारकी अपेक्षा न रखकर जगतपर अनुग्रह करते हैं. हे प्रभो आप महापुरुष है अतः आपभी कल्पवृक्षके समान जगत पर अनुग्रह करो.

विनेय अर्थात् भव्य जीवोंके ज्ञानरूपी लोचन मिथ्यात्वरूपी तिमिररोगसे व्याप्त होगये हैं. अतः वे खोटे रास्तेपर जा रहे हैं और कुमतिरूप खड्डेमें गिर रहे हैं. कुमतिरूप गड्ढेसे निकलनेकी इच्छा मनमें होते हुये भी असमर्थ होनेसे क्लेश पाने लगे हैं. दीर्घ और दृढ ऐसे निर्दोष सम्यग्दर्शनरूपी डोरेसे आप उनको कुगतिमेंसे निकालकर आपके दिखाये हुये विशाल मोक्षमार्गपर स्थिर करो जिससे वे अनंतज्ञानात्मक सुखकी प्राप्ति होनेसे सुखी होंगे. इस प्रकार स्तुति करके सारस्वतादिक लौकांतिकदेव अपने स्थानको चले जाते हैं.

भगवानके वैराग्यरूपी वायुसे इंद्रका सिंहासन कंपित होता है. तब प्रभु महाकार्यका प्रारंभ करनेका विचार कर रहे हैं ऐसा इंद्र अवधिज्ञानसे जानकर सिंहासनसे बडे आदरसे नीचे उतरकर प्रभु जिस दिशामें मुंह कर

बैठे हैं उस दिशाके तरफ सात पाद परिमित भूमीतक चला जाता है. अपने मस्तकपर विकसित कमलदलकी कांतिको हंसनेवाला, अंकुश, वज्रादिक शुभ लक्षणोंसे मनोहर दीखनेवाला, ऐसे अपने दाक्षिण हाथसे किरीटके रत्नों से भूषित अपना मस्तक नीचे झुकाकर सद्धर्मतीर्थको चलानेमें उद्युक्त, शरणागत भव्यलोकोका रक्षण करनेवाले और अपूर्व ज्ञानरूपी नेत्रके धारक ऐसे जिनेश्वरको मेरा नमस्कार हो ऐसा वचनोच्चार इंद्र करता है तब नगारेके ध्वनिसे सब देवोंको प्रभूके कार्यका ज्ञान होता है. सब एकत्र होते हैं. अपने अपने स्वामीके आगे वे देव प्रयाण करते हैं. नानाप्रकारके छत्र, शस्त्र, वस्त्र, अलंकारोंसे सज्ज होकर श्रेष्ठ देव सौधर्मेंद्रके सन्निध जाते हैं. सर्व इंद्र और इतर राजा लोकोंके साथ इंद्र राजवाडेके पास जाता है. तब चामर, सिंहासन, श्वेतच्छत्रादि राजचिन्होंको छोडकर दरवाजेके पास खडा होता है. द्वारपालकी अंदर प्रवेश करनेकेलिये अनुज्ञा मिलनेपर धर्मचक्रसे सुशोभित ऐसे भगवानके पास जाकर उनको बहुमानसे प्रणाम करता है. जिनेश्वर प्रभु बडी प्रसन्नतासे देखते हैं तब इंद्र इस प्रकार प्रभुको विज्ञापन करता है–

हे भट्टारक! आपका दीक्षा कल्याणविधि करनेकेलिये अच्युतेन्द्रके साथ सब इंद्र आये हैं. हमको मुक्तिमार्ग का स्वरूप मालूम है. इंद्रिय सुख खेदस्वरूप होनेसे उससे हम उदासीन हैं, ज्ञानात्मक अनंत सुखानुभव प्राप्त करनेके लिये हम उद्यत भी हैं परंतु संयमघाति कर्मका क्षयोपशम न होनेसे चारित्र धारण करनेमें स्वयं चारित्रमें प्रवृत्ति नहीं करते हैं और अन्य भव्योंको भी प्रवृत्त नहीं करते हैं. यद्यपि हमको विशुद्ध ज्ञान और सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति होगयी है तो भी निर्दोष चारित्र और तपके विना हम संपूर्ण कर्मोंका नाश करनेमें असमर्थ हैं. हमारा आयुष्य अनेक सागरोंका होनेसे हम दीर्घसंसारी हैं. अतः हम को बहोत खेद होता है. ऊठकर खडे होनेकी अभिलाषा रखता हुआ भी बालक जैसे गिर पडता है वैसे चारित्र की अभिलाषा रखते हुये भी उसको हम धारण करनेमें असमर्थ हैं.

हे भगवन्! आप ज्ञातव्य वस्तुयें सब जानचुके हैं. मोहनीय कर्मके क्षयोपशमसे आपमें त्यागरूप परिणाम उत्पन्न हुये हैं. आप हमारे लिये सर्वोत्कृष्ट पूज्य है. पूर्व जन्ममें संपूर्ण आरंभ और परिग्रहोंका त्याग करने से जैसी आपको अपूर्व वीतरागता और सर्व भव्य जीवोंपर उपकार करनेकी शक्ति प्राप्त हुई है वैसी वीतरागता और उपकार शक्ति हमको भी अन्य जन्ममें मिले ऐसी अभिलाषा रखते हैं. आपके दीक्षाकल्याणके

कार्यमें हम सहानुभूति रखते हैं अतः हमको इस सहानुभूतीका उपर्युक्त फल मिले ऐसी हम इच्छा रखते हैं.

हे भगवान् ! हम यह विमान सज्ज करके लाये हैं, इसके उपर आप आरोहण करो. ऐसा बोलकर जब सौधर्मेन्द्र मौन धारण करता है तब संपूर्ण ज्ञातिवर्ग, अंतःपुर और परिवारके समस्त लोक हर्ष और विषादयुक्त हुये. उन सब लोगोंको हर्ष विषादयुक्त देखकर जिनेश्वर इस प्रकारसे बोलते हैं--

हे जनहो ! चिरकालीन सहवाससे जो अल्प उपकार लोक अन्योन्यमें करते हैं उससे अन्योन्यमें अनुराग उत्पन्न होता है. तथा जहां अनुराग-प्रेम उत्पन्न होता है वहां द्वेष भी उत्पन्न होता है. इस प्रेम और कोपसे अर्थात् रागद्वेषोंसे दुरंत कर्मबंधन होता है. इन सब आपत्तिओंका मूलकारण यह मेरा है, मैं इसका स्वामी हूं ऐसा ममत्वभाव है. यह सर्व दुःखोंका आद्यकारण है. विद्वान् पुरुषने इस ममत्वभावको फेक देना चाहिये. किसीका मित्र अथवा. धन वा शरीर ये पदार्थ कायमके टिकनेवाले नहीं हैं. सर्व बंधुगण, परिवार जन लड्डु उडानेमें खूब सहायता करते हैं. धन कमानेमें बडा दुःख होता है. यह धन धनेच्छु लोगोंके साथ वखेडा उत्पन्न कराता है. तीव्र लोभको बढाता है. जैसे खारा पानी पीने वालेको अधिक प्यास लगती है वैसे धन तृष्णा—
—लोभको उत्तरोत्तर अधिक रूपसे बढाता है.

स्त्रिया मदिराके समान अन्तःकरणको मोहित करती हैं. असत्य रोना, हसना और असत्य प्रार्थनाओंके द्वारा धैर्यरहित लोगोंके मनको शीघ्र हरलेती हैं. स्त्रिया चर्मसे बनी हुई पुतलियां हैं. वे स्वभावसे चंचल होती हैं संध्याकालकी मेघपंक्ति जैसी अस्थिर रागभावसे युक्त हैं. संध्याकालके अनंतर विलीन होता है वैसे स्त्रियोंका प्रेम अल्पकालमें नष्ट होता है. वे दूसरेपर प्रेम करने लगती है. वे कपटकी मातायें हैं. असत्यभाषणरूप दूतीकी वे स्वामिनी हैं. और सुगतिकी प्राप्तिको वज्रार्गला के समान प्रतिबंध करनेवाली हैं. ऐसी स्त्रियोंमें बुद्धमान पुरुषोंको प्रेम करना क्या उचित है ?

यह शरीर अनेक अपवित्र पदार्थोंका स्थान है. जैसे कूडे कचरेमें एक भी पवित्र पदार्थ नहीं रहता है वैसे शरीरमें सब रक्त, मांस, मलमूत्रादिक अपवित्र ही पदार्थ भरे हुये हैं. प्राणिओंको यह शरीर कभी नष्ट होनेवाले भारके समान है. अर्थात् जबतक इस जीवको मोक्ष प्राप्त न होगा तबतक इस शरीरका बोझा इसको हमेशा धारण करना पडेगा ही. यह शरीर महारोगरूपी सर्पोंके लिए बामीके समान है. जरारूपी व्याघ्रीका रहनेका यह स्थान

है. चर्मके टुकडोंसे वेष्टित भट्टीके डेलेके समान नेत्र अंदर तो निःसार और ऊपरसे मनोहर दीखते हैं. ऐसे शरीरमें एक ही गुण है. वह यह है कि, वह धर्मसाधनकेलिए सहाय करता है.

पर्वतपरसे बहनेवाली नदीके प्रवाहके तुल्य यौवन अस्थिर है. तिनकेकी अग्निज्वाला उत्पन्न होकर जल्दी नष्ट होती है वैसे संपत्ती भी प्राप्त होकर शीघ्र नष्ट होती है. शरीर संपदा और तारुण्यका स्वरूप जानकर हे जनहो आप प्रमादको छोड दो. जन्मसमुद्रके दुसरे किनारे की प्राप्ति करने के लिए उद्योग करो. प्रमादसे हमसे जो अपराध हुये होंगे उनकी आप क्षमा करो.

ऐसा तीर्थंकर का भाषण होनेके अनंतर सुरकुमारों द्वारा देव दुंदुभि शब्द करने लगते हैं. इंद्रप्रमुख सकल जगत् उससमय जय जय कार करता है. चारों तरफ देवांगनायें सुंदर नृत्य करती हैं. उससमय त्रैलोक्य को अलंकार सदृश प्रभु शुक्ललेश्याके समान श्वेतवस्त्र पेहनते हैं. मानो मुक्तिकी दूतीही है ऐसी रत्नमालाको धारण कर वे अपना गला सुशोभित करते हैं. विरक्त पुरुषोंके भी मुखपर हम रागभाव उत्पन्न करनेमें हम चतुर हैं. हमारा चतुरपना देखो ऐसा कहकर अपनी मानो चतुरता दिखानेवाले ऐसे कुंडलोंके द्वारा प्रभूके दो स्निग्ध और सुंदर कपोल अपूर्व शोभाको धारण करने लगे. यदि प्रभूको वृत्त–चारित्र प्रिय है तो इस समय प्रभूको हमसे प्रयोजन है क्यों कि हम भी वृत्त है अर्थात् वृत्त–गोल हैं ऐसा अभिप्राय मानो धारण कर प्राप्त हुए कटकोंसे–कर कंकणोंसे प्रभूके हाथ आश्लिष्ट होगये. जिनमें प्रभूकी महारत्नकी कल्पना है वे कितने सुंदर हैं हम भी उच्च स्थानमें रहकर देखेंगे मानो ऐसे अभिप्रायसे ही मस्तकपरके मुकुटके रत्नसमुदायसे प्रभु शोभने लगे. इस तरह भूषणालंकृत होकर भगवानने निर्वाणपत्तनका मानो गोपुर ही है ऐसे विमानमें प्रवेश किया.

तदनंतर इंद्रोंने वह विमान अपने कंधोंपर धारण किया. देवांगना, चतुर्णिकायके देव और सातप्रकारका देवसैन्य इनसे वेष्टित होकर प्रभू रम्यतम देशमें जाकर विमानसे उतरे. उत्तर दिशाको मुखकर सिद्धको नमस्कार कर मुकुटादिक अलंकार क्रमसे अंगपरसे उतरते हैं.

बाह्याभ्यंतर परिग्रहोंका त्याग कर मनवचन कायसे रत्नत्रयका स्वीकार करते हैं. इस तरहका दीक्षा कल्याणिक देखनेसे मुनिओंका सम्यग्दर्शन निर्मल होता है.

संपूर्ण पदार्थोंका स्वरूप जिससे जाना जाता है उसको ज्ञान कहते है. यहां केवल ज्ञानको ज्ञान कहते

हैं उसकी उत्पत्ति इस प्रकारसे होती है.

जिन्होंने मोहनीय कर्मका भार फेक दिया है, शुक्लध्यानरूपी सूर्यके सहाय्यसे जिन्होंने ज्ञानावरण और दर्शनावरणरूप अंधकार नष्ट किया है, अन्तराय कर्मरूप विषवृक्षको जिन्होंने निर्दलित किया है ऐसे भगवानको केवलज्ञान उत्पन्न होता है. वह ज्ञान क्रमरहित, इंद्रियोंकी प्रवृत्तिसे रहित, और संशय विपर्ययज्ञानसे रहित होता है. इस केवलज्ञानसे मोक्षफलकी प्राप्ति होती है. केवलज्ञानकल्याण देखनेसे जिनप्रणीत मोक्षमार्गमें शंकादि दोषरहित श्रद्धा उत्पन्न होती है. जिनको मोक्षफलेच्छा है वे रत्नत्रययुक्त अथवा जन्मकल्याणादिकोंसे युक्त तीर्थकरादिकोंपर उनके सामर्थ्य देखनेसे श्रद्धान करते हैं.

एवमनियतविहारे दर्शनशुद्धिस्वार्थमुपदर्श्य परोपकारं स्थिरीकरणं प्रकटयति—

संविग्गं संविग्गाणं जणयदि सुविहिदो सुविहिदाणं ॥
जुत्तो आउत्ताणं विसुद्धलेस्सो सुलेस्साणं ॥ १४४ ॥

संविग्नो वृत्तसंपन्नः शुद्धलेश्यस्तपोधनः ॥
देशांतरातिथिः साधुः संवेजयति तद्वतः (तद्व्रतान्) ॥ १४७ ॥

विजयोदया-संविग्गं संसारभीरुतां । जणयदि जनयति । कः ? सुविहिदो सुचरितानां । संविग्गाणं संविज्ञानां । जुत्तो अनशनादिके तपसि युक्तः । आजुत्ताणं योगचाराणां । विसुद्धलेस्सो विशुद्धलेश्यः । सुलेस्साणं सुलेश्यानां च । सम्यक्चारित्रतपसोः शुद्धलेश्यायां च प्रवर्तमानं दृष्ट्वा सर्वेऽपि सुचारित्राः सुतपसः, शुद्धलेश्या यतयः अतिशयवतीं संसारभीरुतां प्रपद्यंते । न वयमतीव संसारभीरवः, यथायं भगवान् अत एव नश्चारित्रं तपश्च सातिचारं इति मन्यमानाः ।

एवमनियतविहारे दर्शनशुद्धिं स्वार्थमुपदर्श्येदानीं स्थितिकरणं परार्थमुपदर्शयति—

मूलारा—संवेगं संसारभीरुतां । जणयदि वर्द्धयति । जनिरिह स्वरूपातिशयोत्पादनार्थो न स्वरूपाविर्भावनार्थः । संवेगस्य प्रागपि सद्भावात् । सुविहिदो सुचरितः । अनशनादिके तपसि समाहितः । आजुत्ताणं योगधरिणाम् ।

अनियतविहारसे दर्शनविशुद्धि होती है. अब साधार्मिक स्थिरीकरण भी इससे होता है यह दिखाते हैं—

अर्थ—अनियतविहारी मुनि उत्तमचारित्र धारक होनेसे उनको देखकर सर्व मुनि उत्तम चारित्रधारक

होते हैं. इनकी संसारभीरुता देखकर वे भी संसारभीरुताको प्राप्त होते हैं. इनकी अनशनादि तपश्चरणोंमें निमग्नता देखकर अन्य मुनि भी वैसे बनते हैं. विशुद्ध लेश्याके धारक ऐसे इन मुनिओंको देखकर ये भी अपने परिणाम विशुद्ध करते हैं. यह फायदा अनियत विहारसे होता है. इस लिये मुनिओंको अनियतविहारी बनना अवश्य योग्य है. अभिप्राय यह है कि, अनियतविहारी मुनिवर्यकी सम्यक्चारित्र और तपमें प्रवृत्ति देखकर सर्व उत्तम चारित्र युक्त, महातपस्वी और विशुद्धलेश्या धारक यति भी संसारभयकी उत्कृष्ट सीमाको प्राप्त होते हैं. जैसा वे महामुनि अतिशय संसारभीरु हैं वैसे संसारभीरु हम नहीं हैं. इसलिये हमारा तप और चारित्र अतिचारसहित है ऐसा मनमें विचार कर अन्य साधु भी संसारभीरु, महा तपस्वी, सच्चारित्रधारक और विशुद्धलेश्यावान् बनते हैं. अतः अनियत विहारसे साधुओंपर उपर्युक्त उपकार होता है यह सिद्ध होता है.

उत्तरगाथया एतदाचष्टे न केवलं अतिशयितचारित्रतपोगुण एव परं संविग्नं करोति किंतु एवंभूतोऽपि इत्याचष्टे—

पियधम्मवज्जभीरू सुत्तत्थविसारदो असढभावो ॥
संवेग्गाविदि य परं साधू णियदं विहरमाणो ॥ १४५ ॥

प्रियधर्माशयः साधुरागमार्थविचक्षणः ॥
अमन्नवद्यवित्रस्तः संविग्नं कुरुते परम् ॥ १४८ ॥

विजयोदया—पियधम्मवज्जभीरू प्रिय उत्तमक्षमादिधर्मो यस्य, यद्वावद्यस्य पापस्य भीरुः । सुत्तत्थविसारदो सूत्रार्थयोर्निपुणः, । असढभावो शाठ्यरहितः । संवेग्गाविदि य परं संविग्नं करोति । साधू साधुः । णियदं सर्वकालं विहरमाणो देशांतरातिथिः ।

न केवलं सम्यक्चारित्रतपोविशुद्धलेश्यावृत्तिस्तथाभूतानन्यान्साधूनतिसंविग्नान्करोत्यपि त्वेवंभूतोऽपि —

मूलारा—वज्जभीरु पापभीरुः । संविग्गाविदि संविग्नं करोति । णियदं सर्वदा ।

जिसका तप व चारित्र गुण उत्कृष्ट है वही मुनि अन्य मुनिओंमें संसारभीरुत्व उत्पन्न कर सकता है ऐसा नहीं है किंतु अन्य गुणवालाभी संसारभीरुता उत्पन्न कर सकता है इसी बातका वर्णन आगेकी गाथा करती है.

अर्थ—जिसका उत्तम क्षमादि दशधर्मोपर अतिशय प्रेम है, पापसे जो भयभीत है, जो सूत्र और अर्थमें निपुण है, जिसमें कपट तिलमात्र भी नहीं है, वह अनियत विहारी साधु हमेशा देशांतरका अतिथि बनता है अतः उसके उपर्युक्त गुणोंको देखकर अन्य साधुभी संसारसे भयभीत होते हैं.

पूर्वगाथायां परस्थिरीकरणं प्रतिपाद्य उत्तरयात्मानमपि स्थिरयति इत्यभिधत्ते—

संविग्गदरे पासिय पियधम्मदरे अवज्जभीरुदरे ॥
संयमवि पियथिरधम्मो साधू विहरंतओ होदि ॥ १४६ ॥

अवद्यभीरुःसंविग्नः प्रियधर्मतरेक्षणे ॥
अवद्यभीरुः संविग्नः प्रियधर्मतरोऽस्ति सः ॥ १४९ ॥

विजयोदया—दिट्ठियणं । संविग्गतरं इत्यादिकथा । असकृत्पंचविधपरावर्तनिरूपणादेतच्चेतस्युपगततदागमनभयातिशयाः संविग्नतराः । अभिनवकर्मनिरोधं चिरंतनगलनं करोति, अभ्युदयनिःश्रेयससुखानि च प्रयच्छति सुचरितो धर्म इति । धर्मस्य फलमाहात्म्ये श्रुतार्थं चेतःसमाधानात्प्रियधर्मतराः, स्वल्पमप्यशुभयोगानामवसरादानादवद्यभीरुतराः । स्वयमात्मना प्रियस्थिरधर्मतराः । अंतरेणाप्यतिशायिकप्रत्ययमतिशयार्थगतिरत्र 'अभिरूपाय कन्या देयेति' यथा प्रियस्थिरधर्मतरः इति । अपिशब्देन संविग्नतरः अवद्यभीरुतरश्चेति ग्राह्यम् ।

एवं नानादेशविहारिणः परस्थिरीकरणं धर्मोऽभिधाय स्वस्थिरीकरणमाह —

मूलारा—पासिय दृष्ट्वा । पियथिरधम्मा अंतरेणाप्यतिशायिकं प्रत्ययमतिशयार्थगतिरत्र । अभिरूपाय कन्या देयेति यथा । तेन प्रियस्थिरधर्मतर इति बोध्यम् । अथवा पियदरधम्मा इति पाठः । प्रियतरधर्मेत्यर्थः । अपिशब्देन संविग्नतरोऽवद्यभीरुतरश्चेति ग्राह्यम् । तथान्येऽप्यूचुः ।

अवद्यभीरुः संविग्नः प्रियधर्मतरेक्षणे ।
अवद्यभीरुः संविग्नः प्रियधर्मतरोऽस्ति सः ॥

पूर्व गाथामें परस्थिरीकरण दिखाया है अब आगेकी गाथामें आनयत विहारी साधु स्वयंको भी गुणोंमें स्थिर करता है यह दिखाते हैं.

अर्थ—अन्य देशोंमें रहनेवाले साधुओंका दर्शन होनेसे अनियतविहारी साधु भी उनके समानही हो जाता है. बार बार पांच प्रकारके संसारका निरूपण श्रवण करनेसे मन व्यथित होकर जिनको संसारसे अत्यंत भय उत्पन्न हुवा है ऐसे साधुओंका दर्शन होनेसे अनियतविहारी साधु भी संसारसे अधिक भययुक्त होता है. धर्मका आचरण करनेसे नवीन कर्मोंका निरोध अर्थात् संवर होता है, पूर्वबद्ध कर्म निर्जीर्ण होकर आत्मासे अलग होते हैं. यह जिनधर्म अर्थात् मुनिधर्म स्वर्गादिसुख और मोक्षसुख जीवोंको देता है ऐसा धर्मका फल और उसका माहात्म्य सुनकर उसमें जिनका मन हमेशा अधिक रुचि रखता है ऐसे मुनिवर्यको प्रियधर्मतर कहते हैं. उनको देखनेसे विहारी यति भी धर्ममें प्रगाढ रुचि रखता है. जो थोडेसे अशुभयोगोंको अपने आत्मामें उत्पन्न होने नहीं देते ऐसे मुनिओंको अवद्य भीरुतर कहते हैं. ऐसे साधुओंको देखकर अनियत विहार करनेवाला साधु धर्म पर अतिशय प्रेम करता है और उसमें अधिक स्थिर होता है. जैसे 'अभिरूपाय कन्या देया' रूपवानको कन्या देनी चाहिये. यहां सर्व मनुष्य रूपयुक्तही होते हैं. कोईभी मनुष्य रूपरहित नहीं होता है. अतः 'अभिरूपाय कन्या देया' इस वाक्यका 'अधिक सुंदर पुरुषको कन्या देनी चाहिये' ऐसा अभिप्राय है. वैसे 'प्रियस्थिरधर्मा' इसका 'प्रियस्थिरधर्मतरः' ऐसा अभिप्राय समझना चाहिये. अर्थात् अनियत विहार करनेवाला साधु अधिक प्रिय और अधिक स्थिर धर्मको धारण करनेवाला होता है.

भावना व्याचष्टे—परीषहसहनमिह भावनेत्युच्यते—

चरिया छुहा य तण्हा सीदं उण्हं च भाविदं होदि ॥
सेज्जा वि अपडिबद्धा विहरणेणाधिआसिया होदि ॥ १४७ ॥

शीतातपक्षुधातृष्णानिषद्याद्याः परीषहाः ॥
यतिनाटाट्यमानेन समस्ताः सन्ति भाविताः ॥ १५० ॥

विजयोदया—चरिया चर्याजन्यं दुःखमिह चर्येति गृहीतं । उपानहान्येन वा अकृतपादरक्षस्य, गच्छतो निशितशर्करापाषाणकंटकादिभिस्तुद्यमानचरणस्य, उष्णरजःसंतप्तपादस्य, वा यद्दुःखं तत्सानुभवनमसंक्लेशेन चर्याभावना। छुहा च अपरिचिते देशे संयतैः पूर्वमनध्यासिते अल्पधान्यसंग्रहे प्रयोग्याया अलाभात् भिक्षायाः समुपजाता क्षुद्वेदना

अर्थ—अन्य देशोंमें रहनेवाले साधुओंका दर्शन होनेसे अनियतविहारी साधु भी उनके समानही हो जाता है. बार बार पांच प्रकारके संसारका निरूपण श्रवण करनेसे मन व्यथित होकर जिनको संसारसे अत्यंत भय उत्पन्न हुवा है ऐसे साधुओंका दर्शन होनेसे अनियतविहारी साधु भी संसारसे अधिक भययुक्त होता है. धर्मका आचरण करनेसे नवीन कर्मोंका निरोध अर्थात् संवर होता है, पूर्वबद्ध कर्म निर्जीर्ण होकर आत्मासे अलग होते हैं. यह जिनधर्म अर्थात् मुनिधर्म स्वर्गादिसुख और मोक्षसुख जीवोंको देता है ऐसा धर्मका फल और उसका माहात्म्य सुनकर उसमें जिनका मन हमेशा अधिक रुचि रखता है ऐसे मुनिवर्यको प्रियधर्मतर कहते हैं. उनको देखनेसे विहारी यति भी धर्ममें प्रगाढ रुचि रखता है. जो थोडेसे अशुभयोगोंको अपने आत्मामें उत्पन्न होने नहीं देते ऐसे मुनिओंको अवद्य भीरुतर कहते हैं. ऐसे साधुओंको देखकर अनियत विहार करनेवाला साधु धर्म पर अतिशय प्रेम करता है और उसमें अधिक स्थिर होता है. जैसे 'अभिरूपाय कन्या देया' रूपवानको कन्या देनी चाहिये. यहां सर्व मनुष्य रूपयुक्तही होते हैं. कोईभी मनुष्य रूपरहित नहीं होता है. अतः 'अभिरूपाय कन्या देया' इस वाक्यका 'अधिक सुंदर पुरुषको कन्या देनी चाहिये' ऐसा अभिप्राय है. वैसे 'प्रियस्थिरधर्मा, इसका 'प्रियस्थिरधर्मतरः' ऐसा अभिप्राय समझना चाहिये. अर्थात् अनियत विहार करनेवाला साधु अधिक प्रिय और अधिक स्थिर धर्मको धारण करनेवाला होता है.

भावना व्याचष्टे—परीषहसहनमिह भावनेत्युच्यते—

चरिया छुहा य तण्हा सीदं उण्हं च भाविदं होदि ॥
सेज्जा वि अपडिबद्धा विहरणेणाधिआसिया होदि ॥ १४७ ॥

शीतातपक्षुधातृष्णानिषद्याद्याः परीषहाः ॥
यतिनाटाट्यमानेन समस्ताः सन्ति भाविताः ॥ १५० ॥

विजयोदया—चरिया चर्याजन्यं दुःखमिह चर्येति गृह्यते । उपानहाभ्यामेव वा अकृतपादरक्षस्य, गच्छतो निशितशर्करापाषाणकंटकादिभिस्तुद्यमानचरणस्य, उष्णरजःसंसक्तपादस्य, वा यद्दुःखं तस्यानुभवनमसंक्लेशेन चर्याभावना । छुहा य अपरिचिते देशे संयतैः पूर्वमनध्यासिते अल्पधान्यसंक्षे प्रयोग्याया अलाभात् भिक्षायाः समुपजाता क्षुद्वेदना

सोढा भवति । चिरमेकत्र वसतो जनः परिचयाद्दास्यिण्याद्वा भिक्षां प्रयच्छतीति न महान्परिश्रमः । सीदं उष्णं च शीतोष्णस्पर्शजं दुःखं दह्यमानं । तदनुभवनं संक्लेशरहितमाचिनां सोढं भवति । सेज्जा च शय्या च वसतिः । अपडिबद्धा ममेदं भावरहिता । अधिआसिदा सोढा भवति । विहरणेण विविधदेशगमनेन ।

भावनां भावयति—

मूलारा—चरिया गमनजन्यं दुःखमित्यर्थः । क्षुधा अपरिचिते देशे संयतैः पूर्वमनध्यासिते अल्पधान्यसंग्रहे च योग्यभिक्षाया अलाभादुपजाता क्षुद्वेदना । सीदं शीतस्पर्शनजं दुःखं । अधियासिया असंक्लेशेन सोढा । सेज्जा वसतिः । अपडिबद्धा ममेदंभावरहिता ।

भावना—परीषह सहन करना यह भावना शब्दका अर्थ है.

इसका विवेचन इस प्रकार है–

अर्थ—चर्या—चर्यासे उत्पन्न हुए दुःखको चर्या कहते हैं. जूता अथवा अन्य पदार्थसे जिसने अपने पावोंका रक्षण नहीं किया है, तथा गमन करते समय तीक्ष्ण शर्करा, पत्थर, कांटे इत्यादिकोंके द्वारा जिसके चरण व्यथित हो रहे हैं. उष्णधूलीसे जिसके पैर संतप्त हुए हैं, ऐसे मुनिको जो दुःख उत्पन्न होता है वह मुनि विना संक्लेश परिणामसे सहन करते हैं. यह चर्या भावना है.

क्षुधा भावना—जहां मुनिओंने निवास नहीं किया था ऐसे अपरिचित तथा अल्प धान्य के संग्रहसे युक्त देशमें योग्य भिक्षा न मिलनेसे जो भूखसे वेदना होती है वह सहन करना क्षुधाचर्या कहलाती है. बहुत दिन-पर्यंत एकस्थानमें ही निवास करनेसे सब श्रावकोंके साथ परिचय होता है इस लिये यहां भिक्षा मिलनेमें महान परिश्रम नहीं होता है. संक्लेश परिणाम न करके शीतसे और उष्णसे होनेवाले दुःखोंको सहन करना यह शीतोष्ण चर्या है. वसतिकाके ऊपर भी यह मेरी है ऐसा ममत्वभाव उत्पन्न नहीं होता है. अनियत विहार करनेसे ये उपर्युक्त फायदे होते हैं.

णाणादेसे कुसलो णाणादेसे गदाण सत्थाणं ॥
अभिलाव अत्थकुसलो होदि य देसप्पवेसेण ॥ १४८ ॥

शृण्वतो भूरिसूरीणां व्याख्यां नानार्थदर्शिनीम् ॥
देशांतरातिथेः साधोरस्ति सूत्रार्थकौशलम् ॥ १५१ ॥

णाणादेसे कुसलो णाणादेसे सदाव सत्थाणं ॥
अहिलाव अत्थकुसलो होदि य देसप्पवसेण ॥ १ ॥

इति गाथा सूत्रे क्षिप्ता मन्तव्या ।

अपराजितसूरि और पं. आशाधरजीने इस गाथाकी टीका नहीं लिखी है. वे इसको क्षेपक समझते हैं.

अर्थ— अनेक देशमें विहार करनेसे क्षुधाभावना, चर्याभावना इत्यादि भावनाओंका पालन होता है. अर्थात् क्षुधादि परीषह सहन करनेका अभ्यास होता है. अनेक देशोंका परिज्ञान होता है. अनेक देशोंमें जो मुनिओं के भिन्न भिन्न आचार हैं उनका ज्ञान होता है. नाना भाषाओंमें जीवादि पदार्थोंका स्वरूप प्रतिपादन करनेका चातुर्य प्राप्त होता है. इतने गुण अनियत विहारमें हैं.

अतिशयार्थकुशलताख्यं गुणं कथयति—

सुत्तत्थथिरीकरणं अदिसयिदत्थाण होदि उवलद्धी ॥
आयरियदंसणेण दु तह्मा सेविज्ज आयरियं ॥ १४९ ॥

विनिष्क्रमप्रवेशादिसमाचारविचक्षणः ॥
सूरीणां बहुभेदानां जायते पादसेवया ॥ १५२ ॥

विजयोदया—सुत्तत्थथिरीकरणं अल्पवर्णरचनं, अभिधेयविषयसंशयाकारि सारार्थवद्भ्यंतरीकृतोत्पत्तिकं, प्रमाणांतरदर्शितवस्तुतया विरुद्धानुपदर्शनेन निर्दोषं, इत्येतद्गुणसहितं सूत्रं तस्यार्थौ वाच्यं वाह्यः आंतरो वा अर्थः, तयोः सूत्रार्थयोः स्थिरीकरणं इत्थमेवेदं सूत्रं शब्दतः, अभिधेयं चास्येदमेवेति यत्नेन । अदिसइदत्थाणं अतिशयितानां सूत्रार्थानां उवलद्धी उपलब्धिः । होदि भवति । प्रमाणनयनिक्षेपैर्निरुक्त्या अनुयोगद्वारेण निरूप्यमाणः सूत्रार्थो अतिशयितो भवति । आचार्याणां व्याख्यातॄणां दर्शनेन मतभेदेन । केचिन्निक्षेपमुखेनैव सूत्रार्थमुत्पादयंत्यपरे नैगमादिविचित्रनयानुसारेण, अन्ये सदाद्यनुयोगोपन्यासेन । अपरे 'अदिसयसत्थाणं होइ उवलद्धी' इति पठन्ति । तत्रायमर्थः—अतिशयभूतानां शास्त्राणां प्रत्यग्राणामरातीयैः सूरिभिः कृतानां चिरंतनानां उपलब्धिर्भवति ।

अनियतविहारिणोऽतिशयार्थकुशलत्वगुणलब्धिमाह—

मूलारा—सुत्तत्थसिरीकरणं अल्पाक्षरत्वसंदेहादिदोषरहितत्वेन सारवदर्थकारीकृतेरात्तिकं प्रमाणान्तरदर्शितवस्तुतद्रूपविरुद्धानुपदेशनेन निर्दोषमित्येतद्गुणसहितं सूत्रं, तस्यार्थो बाह्योऽभ्यन्तरो वा तयोः स्थिरीकरणमित्थमेवेदं सूत्रं शब्दतोऽभिधेयं चास्येदमेवेति। अदिसयिदत्थाणं विशिष्टार्थानां प्रमाणनयनिक्षेपैर्निरुक्त्यनियोगद्वारेण च निरूप्यमाणः सूत्रार्थो ह्यतिशयितः स्यात्। अदिसयसच्छाधेत्यपरे पठन्ति, तत्रायमर्थोऽतिशयभूतानां शास्त्राणां प्रत्यग्राणामरातीयसूरिकृतानां चिरंतनानामेव वा प्रचरद्रूपाणां। उवलद्धी ह्यप्तिः प्राप्तिर्वा। आयरियदंसणेण व्याख्यातृमतभेदेन। केचिद्धि निक्षेपमुखेनैव सूत्रार्थमुपपादयन्त्यपरे नयानुसारेणान्ये सदाद्यनुयोगोपन्यासेन च। अत्र —

अतिशयार्थ कुशलता नामक गुणका वर्णन—

अर्थ —जिसमें अल्पवर्णोंकी रचना है, प्रतिपाद्य विषयमें संशय उत्पन्न न हो इस रीतीसे सारयुक्त अर्थका जो निरूपण करता है, जिसमें प्रत्येक पद सार्थ ही है, निरर्थक एक भी पद जिसमें नहीं है, प्रमाणांतरसे जो वस्तुका स्वरूप दिखाया होगा उससे विरुद्धस्वरूपका प्रतिपादन जिसमें नहीं है, अर्थात् पूर्वापरार्थासंबद्धतादि दोषोंसे जो दूर है उसको सूत्र कहते हैं. अर्थात् सूत्रमें उपर्युक्त गुण हो तो वह सूत्र निर्दोष समझना चाहिये. इस सूत्रस्थ शब्दरचनासे जो अर्थ निकलता है वह बाह्यार्थ है. और प्रत्येक शब्दकी उपयुक्तता ध्यानमें आनेपर जो विशेष अर्थ तथा सुसंबद्धता अनुभवमें आती है उसको अभ्यंतरार्थ कहना चाहिये. इस सूत्रमें जो शब्द हैं वे बिलकुल ठीक हैं और इसका वाच्यार्थ यही है ऐसा जो प्रतिपादन करना उसको सूत्रार्थस्थिरीकरण कहते हैं, देशांतरमें विहार करनेसे मुनिओंको यह गुण प्राप्त होता है. अनियत विहार करनेसे प्रमाण, नय, निक्षेप, अनुयोग इन उपायोंके द्वारा सूत्रार्थका निरूपण करनेकी पद्धति भी मालुम होती है. व्याख्यान करनेवाले आचार्योंका मतभेद अनुभवमें आता है. कितनेक आचार्य निक्षेपका आश्रय लेकर सूत्रार्थका विवेचन करते हैं. कोई नैगमादि नयोंकी नानाविधता ध्यानमें रखकर उनके आश्रयसे सूत्रार्थविवेचन करते हैं. अन्य आचार्य सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन इत्यादि अनुयोगोंके द्वारा सूत्रार्थ कहते हैं. ऐसी नानापद्धतिओंका परिज्ञान देश विहारसे होता है. 'अदिसयसत्थाणं होइ उवलद्धी' ऐसा भी पाठ है. इसका अर्थ इस प्रकार है—

आरातीय आचार्य–श्रुतकेवलीके अनंतर जो आचार्य उत्पन्न हुए हैं उनको आरातीय आचार्य कहते हैं. अर्थात् आरातीय और प्राचीन आचार्योंने रचे हुये शास्त्रोंका भी ज्ञान होता है.

प्रकारांतरेण अतिशयार्थकुशलत्वमाख्यातुमीहते—

णिक्खवणपवेसादिसु आयरियाणं बहुप्पयाराणं ॥
सामाचारीकुसलो य होदि गणसंपवेसेण ॥ १५० ॥

विजयोदया—णिक्खवणपवेसादिसु इत्यनया गाथया । आयरियाणं आचार्याणां । बहुप्पयाराणं बहुविधानां । केचिदाचार्याः चरणकरणमवलम्बन्ते । परैः महाचरणात् । अन्ये पुनः शास्त्रनिर्वाहतएव । अन्ये तदुभयतः । इति बहुप्रकारत्वं । एवं अनेकप्रकाराणां गणसंपवेसेण गणप्रवेशेन निष्क्रमणप्रवेशादिकासु क्रियासु । कुसलो य होदि । कुशलश्च भवति । कः ? समाचारी ते यथा आचरंति तथा प्रवर्तमानः । स्वावत्सदेशाच्चलन्तुमिच्छता शीतलादुष्णाद्वा देशाच्छरीरप्रमार्जनं कार्यं, तथा विशतापि । किमर्थं ? शीतोष्णजंतुनामाबाधापरिहारार्थं अथवा श्वेतरक्तगुणासु भूमिषु अन्यस्या निःक्रमेण अन्यस्याश्च प्रवेशेन प्रमार्जनं कटिप्रदेशादधः कार्यं । अन्यथा विरुद्धयोनिसंक्रमेण पृथिवीकायिकानां तद्भूमिभागोत्पन्नानां त्रसानां चाबाधा स्यात् । तथा जलं प्रविशता सचित्ताचित्तरजसोः पदादिषु लग्नयोर्निरासः । यावच्च पादौ शुष्यतस्तावच्च गच्छेज्जलांतिक एव तिष्ठेत् । महतीनां नदीनां उत्तरणे आराद्भागे कृतसिद्धवंदनः यावत्परकूलप्राप्तिस्तावन्मया सर्वं शरीरभोजनमुपकरणं च परित्यक्तमिति गृहीतप्रत्याख्यानः समाहितचित्तो द्रोण्यादिकमारोहेत्, परकूले च कायोत्सर्गेण तिष्ठेत् । तदतिचारव्यपोहार्थं । एवमेव महतः कांतारस्य प्रवेशनिःक्रमणयोः ।

तथा भिक्षानिमित्तं गृहं प्रवेष्टुकामः पूर्वं अवलोकयेत्किमिह बलीवर्दा, महिष्यः, प्रसूता वा गावः, दुष्टा वा सारमेया, भिक्षाचराः श्रमणाः सन्ति न सन्तीति । सन्ति चेन्न प्रविशेत् । यदि न विभ्यति ते यत्नेन प्रवेशं कुर्यात् । ते हि भीता यतिं बाधंते स्वयं वा पलायमानाः त्रसस्थावरपीडां कुर्युः । क्लिश्यंति, महति वा गर्तादौ पतिता मृतिमुपेयुः ।

गृहीतभिक्षाणां वा तेषां निर्गमने गृहस्थैः प्रत्याख्याने वा दृष्ट्वा श्रुत्वा वा प्रवेष्टव्यं । अन्यथा बहव आयाता इति दातुमशक्ताः कस्मैचिदपि न दद्युः । तथा च भोगांतरायः कृतः स्यात् । क्रुद्धाः परे भिक्षाचराः निर्भर्त्सनादिकं कुर्युः कस्माभिराशया प्रविष्टं गृहं किमर्थं प्रविशतीति । अन्ये भिक्षाचरा यत्र स्थित्वा लभंते भिक्षां, यत्र वा स्थितानां गृहिणः प्रयच्छन्ति तावन्मात्रमेव भूभागं यतिः प्रविशेत्न गृहाभ्यंतरं । गृहिभिस्तिष्ठ प्रविशेत्यभिहितोऽपि नांधकारं प्रविशेत्रस-

स्थावरपीडापरिहृतये । तद्द्वारकायुल्लंघने कुप्यन्ति च गृहिणः । [एलकं वत्सं वा नातिक्रम्य प्रविशेत् । भीताः पलायनं कुर्युरात्मानं वा पातयेयुः] ।

[illegible] प्रविशतः गात्रपोडासंकुचितांगस्य विवृताधोभागस्य वा प्रवेशं दृष्ट्वा कुप्यंति हसंति वा । आत्मविराधना मिथ्यात्वाराधना च । द्वारपार्श्वस्थजंतुपीडा स्वगात्रमर्दने शिक्याचलंबितभाजनानि वा अनिरूपितप्रवेशो वा अभिहंति । तस्मादूर्ध्वं तिर्यक्चावलोक्य प्रवेष्टव्यं ।

तदानीमेव लिप्तां, जलसेकार्द्रां, प्रकीर्णहरितकुसुमफलपलाशादिभिर्निरंतरां, सचित्तमृत्तिकावतीं, छिद्रबहुलां, चिरत्रसजीवां, गृहिणां भोजनार्थं कृतमंडलपरिहारां, देवताध्युषितां निकटीभूतनानाजनामंतिकस्थासनशयनामासीनशयितपुरुषां, मूत्रान्नपुरीषादिभिरुपहतां भूमिं न प्रविशेत् ।

संयमविराधनां मिथ्यात्वाराधनां च परिहर्तुं भुक्त्वा निर्गच्छन्नपि शनैरतीत्रानवनतो वंदमानं प्रति दत्तयोग्याशीर्वादो निर्गच्छेत् । तथा भिक्षाकालं, बुभुक्षाकालं च ज्ञात्वा गृहीतावग्रहः, ग्रामनगरादिकं प्रविशेदीर्यासमितिसंपन्नः । भोजनकालपरिमाणं ज्ञात्वा ग्रामादिभ्यो निःसरेत् । जिनायतनं, यतिनिवासं वा प्रविशन्प्रदक्षिणीकुर्यान्निसीधिकाशब्दप्रयोगं च । निर्गंतुकाम आसीधिकेति । आदिशब्देन परिगृहीतास्थानभोजशयनगमनादिक्रिया । तत्रापि यत्नो यतीनां । तं सकलं वेदि गुरुकुलवासी सूत्रार्थबोहं, न मयाचारक्रमः सूत्रार्थो बाल्यसकाशे ज्ञातव्य इत्यभिमानं न वहेत् ।

प्रकारांतरेणातिशयकुशलार्थत्वं व्याख्यातुमाह--

मूलारा--णिक्खवणपवेसादिसु वसतिदातृगृहादेर्निष्क्रमणे प्रवेशे आदिशब्देन स्थानभोजनशयनासनादिक्रियासु। बहुप्पयाराणं केचिद्धि सूत्रश्रवणक्रममशास्त्रत एवावगच्छन्ति, परे सहाचरणात् । अपरे पुनः शास्त्रोक्तमेव । अन्ये तदुभयज्ञाः इति बहुप्रकारता । सामाचारीकुशलो निष्क्रमणादिषु यस्येषां रूढ्यगाचरणं समानुष्ठानं वा तत्र प्रथीयः । एतत्प्रपंचस्तु टीकायां द्रष्टव्यः ।

अर्थ--अनियत विहार करनेवाला साधु अनेकगणोंमें प्रवेश कर अनेक आचार्योंसे वसतिकामें और दाताके घर आदिकोंमें प्रवेश करना और वहांसे गमन करना, स्थान, भोजन, शयन, वगैरे क्रियाओंका स्वरूप जानकर कुशल होता है. अतः साधुओंको विहार करना चाहिये. कितनेक आचार्य अन्यमुनिओंके आचरणसे आचारका क्रम जानते हैं. कोई आचार्योंको शास्त्रोक्त आचार और अन्य मुनिओंका आचार दोनोंका स्वरूप मालूम

१ अयं पाठः कपुस्तके नास्ति स्वपुस्तकादुद्धृत्य संयोजितः ।

रहता है. इस लिये आचार्योंके अनेक प्रकार होते हैं. आचार्य जिस तरहसे आचारमें प्रवृत्ति करते हैं वह सब स्मरणमें रखकर वैसा आचरण करता हुआ देशांतरविहारी साधु आचारमें कुशल हो जाता है. उस आचारक्रमका टीकाकार अपराजितसूरि वर्णन करते हैं—

वसतिकासे बाहर जानेकी साधुको जब इच्छा होती है तब वह शीतलस्थानसे अथवा उष्णस्थानसे बाहर जानेके पूर्वमें अपने सर्व अंग पिच्छिकासे साफ करे जब वह साधु वसतिका में प्रवेश करेगा उस समयमें भी अपना अंग पिच्छिकासे साफ कर ही वसतिकामें प्रवेश करे. यह अंग पोंछनेकी क्रिया करनी चाहिये. क्यों ? इसका कारण यह है—

शीत और उष्ण जंतुओंको बाधा न हो इसलिये शरीर प्रमार्जन पिच्छिकासे करना पडता है. अथवा सफेद भूमि या लालरंगकी भूमिमें प्रवेश करना हो अथवा एक भूमिसे निकलकर दूसरे भूमिमें प्रवेश करना हो तो कटिप्रदेशसे नीचेतक सर्व अवयव पिच्छिकासे प्रमार्जित करना चाहिये. ऐसी क्रिया नहीं करनेसे विरुद्ध योनि संक्रमसे पृथ्वीकायिक जीव और त्रसकायिक जीवोंको बाधा होगी. जलमें प्रवेश करने के पूर्वसमय साधु पांव हाथ, वगैरह अवयवों में लगे हुए सचित्त और अचित्त धूली को अपनी पिच्छिकासे दूर करे. अनंतर जलमें प्रवेश करे. जलसे बाहर आनेपर जब तक पांव न सूख जावेंगे उतने कालतक वह जलके समीप ही खडा हो जावे. पांव सूखने पर आगे विहार करे. बडी नदीओंको उल्लंघकर यदि जानेका प्रसंग आवे तो नदीके प्रथम तटपर सिद्धवंदना करे जबतक दुसरे तटकी प्राप्ति न होगी तबतक मैंने शरीर, भोजन और उपकरणका त्याग किया है ऐसा प्रत्याख्यान स्वीकारना चाहिये. मनमें एकाग्रता धारण कर नौका वगैरह पर आरूढ होवे. दूसरे तटपर पोहोंचनेके अनंतर उसके अतिचार नाशार्थ कायोत्सर्गसे खडे होना चाहिये. प्रवेश करनेपर अथवा वहांसे बाहर निकलनेपर भी यही आचार करना चाहिये.

भिक्षाके लिये श्रावकके घरमें प्रवेश करते समय प्रथमतः इस घरमें बैल, भैंस, प्रसूत गाय, दुष्ट कुत्ता, भिक्षा मांगनेवाले साधु हैं या नहीं यह अवलोकन करे यदि न होंगे तो प्रवेश करे. अथवा उपर्युक्त प्राणी साधुके प्रवेश करनेसे भययुक्त न होवे तो यहांसे सावध रहकर प्रवेश करे. यदि वे प्राणी भययुक्त होंगे तो उनसे यतीको बाधा होगी. इधर उधर वे प्राणी दौडेंगे तो त्रसजीवोंका, स्थावरोंका नाश होगा. अथवा साधुके प्रवेशसे उनको क्लेश

होगा. किंवा भागते समय गड्ढेमें गिरकर मृत्युवश होंगे. जिन्होंने भिक्षा ली है ऐसे अन्यसाधु घरसे बाहर निकलते हुये देखकर अथवा गृहस्थोंके द्वारा उनका निराकरण किया हुआ देखकर वा सुनकर तदनंतर प्रवेश करना चाहिये. यदि मुनिवर्य इसका विचार न कर श्रावकगृहमें प्रवेश करें तो बहुत लोक आये हैं ऐसा समझकर दान देनेमें असमर्थ होकर किसी को भी दान न देंगे. अतः विचार के बिना प्रवेश करना लाभांतरायका कारण होता है. दूसरे भिक्षा मांगनेवाले पाखंडी साधु जैन साधु प्रवेश करनेपर हमने कुछ मिलनेकी आशासे यहां प्रवेश किया है यह मुनि क्यों यहां आया है ऐसा विचार मनमें लाकर निर्भर्त्सना तिरस्कारादिक करेंगे. इतर भिक्षा मांगनेवाले साधु जहां खडे होकर भिक्षा याचना करते हैं अथवा जिस स्थानमें ठहरे हुये साधुको गृहस्थ दान देते हैं उतने ही भूप्रदेशतक साधु प्रवेश करे. गृहके अभ्यंतर भागमें प्रवेश न करें. गृहस्थोंने तिष्ठो, प्रवेश करो ऐसा कहने पर भी अंधकारमें साधुको प्रवेश करना उचित नहीं. अन्यथा त्रस स्थावर जीवोंका नाश होगा. द्वारादिकोंका उल्लंघन कर जानेसे गृहस्थ कुपित होंगे. घरमें बकरा अथवा गायका बछडा हो तो उसको लांघकर प्रवेश न करे. अन्यथा वे डरके मारे पलायन करेंगे वा साधुको गिरा देंगे. दीर्घता व चौडाइसे रहित द्वारमें प्रवेश करनेसे शरीरको व्यथा होगी, अंगोंको संकुचित करके जाना पडेगा. नीचे के अवयवोंको पसारकर यदि साधु प्रवेश करेगा तो गृहस्थ कुपित होंगे अथ हास्य करेंगे. इससे साधुको आत्मविराधना व मिथ्यात्वाराधना होगी. संकुचित द्वारसे गमन करते समय उसके समीप रहनेवाले जीवोंको पीडा होगी, अपने अवयवोंका मर्दन होगा. यदि ऊपर साधु न देखे तो सीके में रक्खे हुये पात्रोंको धक्का लगेगा अतः साधु ऊपर और चारों तरफ देखकर प्रवेश करे.

तत्काल लेपी गई, पानी के छिडकावसे गीली, हरा तृण, पुष्प, फल, पत्रादिक जिसके उपर फैले हुए हैं ऐसी, सचित्त मट्टीसे युक्त, बहुत छिद्रोंसे युक्त, जहां त्रस जीव फिर रहे हैं, जहां गृहस्थों के भोजनके लिये रंगावली रची है, देवताओंकी स्थापनासे युक्त, अनेक लोक जहा बैठे हैं, जहां आसन और शय्या रक्खे हैं, जहां लोक बैठे हैं और सोये हैं, जो मूत्र, रक्त, विष्ठादिसे अपवित्र बनी है ऐसी भूमीमें साधु प्रवेश न करे. अन्यथा उस के संयममें विराधना होगी व मिथ्यात्वाराधनाका दोष लगेगा.

साधू भोजन कर जब निकलेगा तब धीरे धीरे गमन करे, नम्र होकर चले, नमस्कार करनेवालोंको योग्य आशीर्वाद देवें. इस तरह स्वस्थानगमन करें.

भिक्षाका समय, और क्षुधाका समय जानकर कुछ वृत्तिपरिसंख्यानादि नियम ग्रहण कर ग्राम या नगरमें ईर्यासमितीसे प्रवेश करें. भोजनकालका प्रमाण जानकर ग्रामादिकसे निकले. जिनमंदिर अथवा यतिका निवास अर्थात् वसतिका मठ इनमें प्रवेश कर प्रदक्षिणा करें. उस समय निसीधिका शब्दका उच्चारण करे. और जब वहांसे लौटने समय असीधिका शब्दोच्चार करे. इसी तरह स्थान, भोजन, शयन, गमनादि क्रिया करते समय भी मुनिओंको प्रयत्नपूर्वक प्रवृत्ति करनी चाहिये. सब आचारक्रम मैं जानता हूं, मैं गुरुकुलवासी हूं, सूत्रका अर्थ मैं जानता हूं. आचारक्रम अथवा सूत्रार्थ अन्यसे जाननेकी मेरेको जरूरत नहीं है. ऐसा अभिमान न धारण करे.

शिक्षायामुद्योगस्तं चोपदिशति—

कंठगदेहिं वि पाणेहिं साहुणा आगमो हु कादव्वो ॥
सुत्तस्स य अत्थस्स य सामाचारी जध तहेव ॥ १५१ ॥
कर्तव्या यत्नतः शिक्षा प्राणैः कंठगतैरपि ॥
आगमार्थसमाचारप्रभृतीनां तपस्विना ॥ १५३ ॥

विजयोदया—कंठगदेहिं वीर्यादिना । कंठगतैः प्राणैः सह वर्तमानेनापि साधुना आगमशिक्षा कर्तव्यैव सूत्रस्यार्थस्य सामाचारस्य ।

कंठगदेहिं वि पाणेहिं साहुणा आगमो हु कादव्वो ।
सुत्तस्स य अत्थस्स य सामाचारी जध तधेव ॥ २ ॥

मूलारा—इत्येषापि गाथा श्रीमैव ।

अनियतवास करनेवाले मुनीने आगमाभ्यास करना चाहिये—

अर्थ—प्राणकंठमें आगये हो तो भी मुनिका आगमका अध्ययन करना अवश्य कार्य है. जैसे वह सूत्र अर्थ व आचारोंका अध्ययन करता है वैसे आगमका भी अध्ययन करे.

क्षेत्रपरिमार्गणां व्याचष्टे—

संजदजणस्स य जहिं फासुविहारो य सुलभवुत्ती य ॥
तं खेत्तं विहरंतो णाहिदि सल्लेहणाजोग्गं ॥ १५२ ॥
प्रासुकं सुलभाहारं संयतैर्गोचरीकृतम् ॥
सल्लेखनोचितं क्षेत्रं पश्यल्ननियतस्थितिः ॥ १५४ ॥

विजयोदया—संजदजण इत्यादिना । असंयमान्हिंसादीन्ज्ञात्वा श्रद्धाय च तेभ्य उपरतो व्यावृत्तः सम्यग्यतः संयतः इत्युच्यते तस्य संयतजनस्य । जहिं यस्मिन्क्षेत्रे । फासुविहारो य प्रासुकं विहरणं जीवबाधारहितं गमनं अत्रसहरितबहुलत्वादप्रचुरोदककर्दमत्वाच्च क्षेत्रस्य । सुलभवुत्ती य सुखेनाक्लेशेन लभ्यते वृत्तिराहारो यस्मिन्क्षेत्रे । तं खेत्तं तत्क्षेत्रं । णाहिदि ज्ञास्यत्यात्मनः परस्य वा । सल्लेहणाजोग्गं सम्यक्कायकषायतनूकरणं सल्लेखना तस्या योग्यं । कः? विहरन्तो देशांतराणि भ्रमन् ।

क्षेत्रपरिमार्गणामाह—

मूलारा—फासुविहारो जीवबाधारहितं गमनं । त्रसहरितोदककर्दमाद्यबहुलत्वात् । णाहिदि ज्ञास्यति ।

आनियतविहारी साधूने क्षेत्रका अवलोकन करना चाहिये. इस विषयका विवेचन करते हैं—

अर्थ—असंयमरूप हिंसादि पापोंका स्वरूप जानकर तथा श्रद्धाकर उनसे जो मुनि परावृत्त होते हैं और अपनेको अहिंसादिकोंमें प्रयत्नशील करते हैं उनको संयत—संयमी मुनि कहते हैं. ऐसे संयमी मुनिको प्रासुक विहार करने योग्य क्षेत्रका अवलोकन करना योग्य है. जहां गमन करनेसे जीवोंको बाधा नहीं होगी, जो त्रस जीव और वनस्पतिओंसे रहित है. जहां बहुत पानी और कीचड नहीं है ऐसा क्षेत्र प्रासुक है. मुनिओंकेलिये विहार योग्य है. जिस क्षेत्रमें मुनिओंको सुलभतासे आहार मिलेगा वह क्षेत्र अपनेको और अन्य मुनिओंको सल्लेखना योग्य है. शरीर और कषायोंको संक्लेश परिणामोंका त्याग कर शास्त्रोक्त विधीके अनुसार कृश करना सल्लेखना है. देशांतरमें विहार करनेवाले मुनीने इस प्रकार क्षेत्रमार्गणा करनी चाहिये.

न देशांतरभ्रमणमात्रादनियतविहारी भवति किंत्वेवंविध इत्याचष्टे—

वसदीसु य उवधीसु य गामे णयरे गणे य सण्णिजणे ॥
सव्वत्थ अपडिबद्धो समासदो अणियदविहारो ॥ १५३ ॥

श्रावके नगरे ग्रामे वसतावुपधौ गणे ॥
सर्वत्राप्रतिबद्धोऽस्ति योगी देशांतरातिथिः ॥ १५९ ॥

इति अनियतविहारसूत्रम् ।

विजयोदया—वसदीसु अ इत्यादिना—वसतिषु उपकरणेषु । ग्रामे नगरे गणे श्रावकजने च । सर्वत्र अप्रतिबद्धः । ममेदं वसत्यादिकं अहमस्य स्वामीति संकल्परहितः अनियतविहारी भवति इति संक्षेपतः प्रतिपत्तव्यः ॥ विहारो गदो ।

न देशांतरभ्रमणमात्रादनियतविहारी किंत्वेवंविधो भवतीत्याह—

मूलारा—सण्णिजणे श्रावकलोके । अपडिबद्धो ममेदमहस्य स्वामीति संकल्परहितः । अनियतविहारः । सूत्रतः ॥ ६ ॥ अंकतः ॥ १२ ॥

जैनीं दीक्षामास्थितोऽभ्यस्तशास्त्रः ।
श्रेयोमार्गे सार्थवाहायते यः ॥
कीर्तिर्व्याप्ताशाधरः सोऽगमेदेऽ ।
भ्युद्यत्प्रीतिः सद्व्रतैः शश्वदीष्टे ॥

इत्याशाधरानुस्मृतश्रेयसंदर्भे मूलाराधनादर्पणे पदप्रमेयार्थप्रकाशीकरणप्रवणे ग्रहणशिक्षणप्रतिसेवनाविधि-प्रकाशनो नाम द्वितीय आश्वासः ॥ २ ॥

देशांतरमें भ्रमण करनेमात्रसेही साधु अनियत विहारी कहा जाता है ऐसा नहीं किन्तु अन्य प्रकारसे भी वह अनियत विहारी कहा जाता है, उसीका खुलासा करते हैं—

अर्थ—वसतिका, उपकरण, गांव, नगर, स्वसंघ, श्रावकलोक इन सबोंमें जो ममत्वरहित है अर्थात् ये

मेरे हैं और मैं इनका स्वामी हूं ऐसा मनमें कभी संकल्प जो साधु नहीं करता है वह भी अनियतविहारी है ऐसा संक्षेपसे कहा जाता है.

विहार अधिकारका वर्णन समाप्त हुवा.

अनियतवासादनंतरं परिणामं प्रतिपादयितुं उत्तरगाथा—

अणुपालिदो य दीहो परियाओ वायणा य मे दिण्णा ॥
णिप्पादिदा य सिस्सा सेयं खलु अप्पणो कादुं ॥ १५४ ॥
पर्यायो रक्षितो दीर्घं वितीर्णा वाचना मया ॥
शिष्या निष्पादिताः श्रेयो विधातुमधुनोचितम् ॥ १५५ ॥

विजयोदया—अणुपालिदो य अनुपालितश्च सूत्रानुसारेण रक्षितः । दीहो दीर्घः चिरकालप्रवृत्तिः । परियाओ पर्यायः ज्ञानदर्शनचारित्रतपोरूपः । वायणा वि वाचनापि । मे मया । दिण्णा दत्ता । णिप्पादिदा य सिस्सा निष्पादिताश्च शिष्याः । सेयं श्रेयः हितं । अप्पणो काउं आत्मनः कर्तुं जुत्तं इति शेषः । एतदुक्तं भवति । ज्ञानदर्शनचारित्रेषु चिरकालं परिणतोऽस्मि । सूत्रानुसारेण परेभ्यश्च निरवद्यग्रंथार्थदानं च कृतं । शिष्याश्च व्युत्पन्नाः संवृत्ताः । एवं स्वपरोपकारक्रियया गतः कालः । इतः प्रभृत्यात्मन एव हितं कर्तुं न्याय्यमिति चेतःप्रणिधानं इह परिणामशब्देनोच्यते । तथा चोक्तम्—

अप्पहियं कायव्वं जइ सक्कइ परहियं च कायव्वं ॥
अप्पहियपरिहियादो अप्पहियं सुट्ठु कायव्वं ॥

तृतीय आश्वासः ।

कर्तुं केवलमात्मने हितमपोह्याशेषबाह्यग्रहम् ।
श्रेयःसंततिवर्धिचित्तपरिणतियुक्तस्तपस्यन् श्रुते ॥
सत्त्वैकत्वधृतिप्रबंधविधुतत्रासान्यसंगोर्मिरुक् ।
कार्यं प्रायहुताशहेतुमुभयीमभ्येतु सल्लेखनाम् ॥

अथ गाथाष्टकेन परिणामं प्रणेष्यन् तथाभावितश्रामण्यस्य आत्मसंस्कारसल्लेखनोद्यतस्य मुमुक्षोः समीक्षापूर्वकं स्वहितैककरणीयतामणिधानमाह—

मूलारा—परियाओ व्यवहाररत्नत्रयरूपः पर्यायः। मे मया। सेओ हितं। खलु अप्पणो स्वस्यैव परोपकारस्य पूर्वं कृतत्वात्। काउं कर्तुम्। युक्तमिति शेषः।

उक्तं च—अप्पहियं कायव्वं जइ सक्कइ परहिदं च कायव्वं।
अप्पहियपरहियाणं अप्पहितं सुट्ठु कादव्वं ॥

अनियतवासके अनंतर परिणामका प्रतिपादन करनेके लिये उत्तरगाथा कहते है—

अर्थ—मैंने बहुतकालपर्यंत ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तपरूप मुनिपर्यायका पालन किया है. मैंने शिष्यों को वाचना भी दी है अर्थात् ग्रंथ और अर्थ दोनोका भी स्वरूप अच्छी तरहसे समझा दिया है. शिष्य पढाये हैं. बहुत शिष्य तयार किये हैं. अब इस समय अपना कल्याण करना योग्य है. अभिप्राय यह है कि, ज्ञान, दर्शन और चारित्रका मैंने चिरकालतक पालन किया है. निर्दोष ग्रंथ और अर्थ समझाकर शिष्य व्युत्पन्न किये हैं. इस रीतीसे स्वपरोपकार करनेमें मैंने दीर्घ काल बिताया है. अब यहांसे मै अपना ही हित करनेके लिये प्रयत्न करूंगा. इसरीतीसे मनकी एकाग्रता करना इसको परिणाम कहते हैं.

अपना हित करना ही श्रेयस्कर है इस विषयमें पूर्वाचार्य ऐसा कहते हैं—

अपना हित करना चाहिये. शक्य हो तो परका भी हित करना कर्तव्य है परंतु आत्महित और परहित इन दोनोंमेंसे कौनसा मुख्यतया करना चाहिये ऐसा प्रश्न उपस्थित होनेपर अवश्य ही उत्तम प्रकारसे आत्महित करना चाहिये.

किण्णु अधालंदविधी भत्तपइण्णेंगिणी य परिहारो ॥
पादोवगमणजिणकप्पियं च विहरामि पडिवण्णो ॥ १५५ ॥

किमालंदं परीहारं भक्तत्यागमुतेंगिनीं ॥
पादोपगमनं किं किं जिनकल्पं श्रयाम्यहम् ॥ १५७ ॥

विजयोदया—किं नु अथालंदविधौ भक्तग्रहणं । कोसावथालंदविधिः उच्यते-परिणामः सामर्थ्यं, गुरुविसर्जनं, प्रमाणं, स्थापना, आचारमार्गणा, अथालंदमासकल्पश्च । गृहीतार्थाः कृतकरणाः, परीषहोपसर्गजये समर्थाः, अनिगूहित बलवीर्याः, आत्मानं मनसा तुलयन्ति । किमथालंदविधिराराधनीयोऽथवा प्रायोपगमनविधिरिति । परिहारमाचाम्लमर्यादं अथालंदविधिमुपसंपत्तुकामाश्चत्वारः, पंच, सप्त, नव वा ज्ञानदर्शनसंयमाक्षीणसंक्लेशसंयमगुणाः, स्थापितसकलनिजपरिणामाः, अपगूहनाक्षमसामर्थ्याः विनिवायुःस्थितयः क्षपकं विज्ञापयन्ति---भगवन् ! किंनिमित्तोऽथालंदकल्पो [illegible] प्रतिपद्यते । तच्छ्रुत्वा स्थविरोऽधार्यति धृत्या शरीरेण च दुर्बलान्परिणामानिश्चयविशेषितांश्च कांक्षिवनुजानाति । गणमनुपालयति निपुणः, श्रमनिरेण प्रदास्तेऽयकाशे स्थिताः कृतलोचाः, गुरूणामालोचनां कृत्वा कृतमनोरोपणा अचिरोद्गते आदित्ये कल्पस्थितानां गणस्यालोचनां श्रोतुं शुद्धिं चैव कर्तुं समुद्यतं स्थापयन्ति । स एव प्रमाणं गणस्य । आत्मनः सहाया यावन्तो गणान्निर्गतास्तावन्त एव तत्स्थाने स्थापयितव्या गणे ।

आचारो निरूप्यते—अथालंदसंयतानां लिंगं औत्सर्गिकं, देहस्योपकारार्थं आहारं वसतिं च गृह्णन्ति, शेषं सकलं त्यजन्ति । तृणपीठकटफलकादिकं उपधिं च न गृह्णन्ति । प्राणिसंयमपरिपालनार्थं जिनप्रतिरूपतासंपादनार्थं च गृहीतप्रतिलेखना ग्रामांतरगमने विहारभूमिगमने, भिक्षाचर्यायां, निषद्यायां च अप्रतिलेखना एव व्युत्सृष्टशरीरसंस्काराः परीषहान्सहन्ते नो वा धृतिबलहीनाः । अस्ति च मनोबलं संयममाचरितुं इति मत्वा त्रयः पंच वा सह प्रवर्तन्ते । रोगेणाभिघातेन वा जातायां वेदनायाः प्रतिक्रियया वर्ज्यां यदा तपसातिक्रान्तास्तदा सहायहस्तावलंबनं कुर्वन्ति । वाचनादिकां च न कुर्वन्ति । यामार्धेऽप्यनिद्रा एकचित्ता ध्याने यतंते । यदि बलादायाता निद्रा तत्राकृतप्रतिज्ञाः । स्वाध्यायकालप्रतीक्षणादिकाश्च क्रियास्तेषां न सन्ति । श्मशानमध्येऽपि तेषां ध्यानमप्रतिषिद्धं आवश्यकेषु च प्रयतंते । उपकरणप्रतिलेखनां कालद्वयेऽपि कुर्वन्ति । सस्वामिकेषु देवकुलादिषु तदनुज्ञया वसन्ति । अज्ञायमानस्वामिकेषु यस्येदं सोऽनुज्ञां करोतु इत्यभिधाय वसन्ति । सहसातिचारे जाते अशुभपरिणामे वा मिथ्या मे दुष्कृतमिति निवर्तते । दृश्यविधे समाचारे प्रवर्तन्ते । दानं, ग्रहणं, अनुपालनं, विनयः, सहजल्पनं च नास्ति संघेन तेषां । कारणमपेक्ष्य केषांचिदेक एव सल्लापः कार्यः । यत्र क्षेत्रे सधर्मा तत्क्षेत्रं न प्रविशन्ति । मौनाद्यग्रहनिरताः पंथानं पृच्छन्ति, शंकितव्यं वा द्रव्यं शय्याधरगृहं वा । एवं तिस्र एव भाषाः । ग्रामाद्बहिरागंतुकागारे कल्पस्थितेनानुज्ञाते वसन्ति । पशुपक्षिप्रभृतिभिर्यत्र ध्याने विघ्नो भवति ततः स्थानाद्व्यपयांति । को भवान् , कुत आयातः, क्व प्रस्थितः, कियत्कालं अत्र भवतो वसनं, कति यूयमिति पृष्टाः श्रमणोऽहमित्येवं प्रतिवचनमेकं प्रयच्छन्ति, इतरे कृततूष्णींभावाः । अपसरतः स्थानादयमकाशं मे प्रयच्छ, परिपालय गृहं, इत्यादिको वाग्व्यापारो यत्राऽन्येषां भवति, गतिरपि वसतः यदि भवति, ततोऽपयान्ति । स्थानाद-

गृह प्रज्वलिते न चलन्ति चलन्ति वा । तृतीयपौरुष्यां द्विगव्यूतमध्वानं गच्छन्ति । यदि गमनव्याघातो महायामेन वर्षादिना जातः समतीतगमनकाल एव तिष्ठन्ति । व्याघ्रादिका, व्यालमृगाद्या यद्यापतंति ततोऽपसर्पन्ति न वा । पादे कंटककाले, चक्षुषि रजःप्रवेशे वा, अपनयन्ति न वा । दृढधृतिकाः मिथ्यात्वचर्याराधनामात्मविराधनामवस्थां दोषान्वा तस्मात्परिहरन्ति न वा । तृतीयपौरुष्यां भिक्षार्थमवतरंति । कृपणवनीपकपशुपक्षिगणे अपगते पंचमीं पिंडैषणां कुर्वन्ति मौनं च । एका, द्वे तिस्रश्चतस्रः पंच वा गोचर्यो यत्र क्षेत्रे तत्कालेदिकयोगं प्रयतयन्ति । यस्मात्पाणिपात्रभोजी मिथ्याराधनां न वर्जयति तस्मादुपमलेपं वा मुक्त्वा तत्प्रक्षालयन्ति । धर्मोपदेशं कुर्वन्तः तत्प्रधानानि कथामि भगवतां यादमूले इत्युक्त्वा अपि न मनसापि वांछन्ति । किं पुनर्वचसा कायेन । इतरे तत्सहाया धर्मोपदेशं कृत्वा सशिष्यं गुरुमिनं वा गणाधिपतयेऽर्पयन्ति ।

मेषणाः स्थानिशतधर्मध्येयेषु भवंति । कालतः सर्वदा । चारित्रतः सामायिकच्छेदोपस्थापनयोः । तीर्थतः सर्वतीर्थकृतां तीर्थे । लिंगे भिक्षार्थमुद्यताः । आकल्पेन एकोनविंशतिविधः । श्रुतेन नवदशपूर्वधराः । वेदतः पुमांसो नपुंसकाः । लेश्यातः पीतशुक्ललेश्याः । ध्यानेन धर्मध्यानाः । संस्थानतः षड्विधेष्वन्यतरसंस्थानाः देहोनसप्तरत्न्यादि प्रमाणेषूत्कृष्टादिभेदेषु स्थिताः । कालतो भिक्षाद्यूनपूर्वकोटिकालस्थितयः । विक्रियावारणाक्षीरास्राविस्पर्शसर्वौषधिप्राप्तयश्च तथा भवंति । विरागतया न रोचते । गच्छविनिर्गतालेंदविधिरेष व्याख्यातः ।

गच्छप्रतिबद्धालेंदकविधिरुच्यते—गच्छाभिर्गच्छान्तो बहिः सक्रोशयोजने विहरन्ति । सपराक्रमो गणधरो ब्रजति क्षेत्राद् बहिर्गत्वार्थपदं । तेष्वपि समर्था आगत्य शिक्षां गृह्णन्ति । एको द्वौ त्रयो वा परिज्ञानधारणागुणसमग्रा गुरुसकाशमायान्ति । कृतप्रतिप्रश्नकार्याः स्वक्षेत्रे भिक्षाग्रहणं कुर्वन्ति । अपराक्रमस्तु गणधरो गच्छे सूत्रार्थपौरुषीं कृत्वा अप्रोषाने गत्वा यत्नेन ब्रजात्यर्थपदं । अथवा स्वोपाश्रय एव गणधरो अन्यापसरणं कृत्वा एकस्मै उपदिशति । यदि गच्छेनक्षेत्रांतरं गणः अक्षालेंदिका अपि गुर्वनुज्ञया यांति क्षेत्रं । गच्छनिवासिनः क्षेत्रप्रतिलेखनार्थं प्रयतंते तदा तत्र मार्गेण द्वौ अक्षालेंदिकौ यातः । व्याख्यातोऽयमक्षालेंदविधिः ।

परिहार उच्यते—जिनकल्पस्यासमर्थाः परिहारसंयमभरं वोढुं समर्थाः आत्मनो बलं वीर्यमायुः प्रत्ययवांश्च ज्ञात्वा ततो जिनसकाशं उपगत्य कृतविनयाः प्रांजलयः पृच्छन्ति "परिहारसंयमं प्रतिपत्तुमिच्छामो युष्माकमन्तिके" इति तच्छ्रुत्वा येषां ज्ञानमनुत्तरं उपजायते विघ्नो वा तान्निवारयति । निसृष्टास्तु यतीन्द्रेण संयतानां कृतनिःशल्याः प्रशस्तसमवकाशमुपगताः, लोचं कृत्वा सुनिश्चिता गुरूणां कृतालोचना व्रतानि विशुद्धानि कुर्वन्ति । परिहारसंयमाभिमुखानां मध्ये एकं सूर्योदये स्थापयन्ति कल्पस्थितं गुरुत्वेन । सच प्रमाणं तस्य गणस्य । स चालोचनां श्रुत्वा शुद्धिं करोति । कल्पस्थितमाचार्यं मुक्त्वा शेषाणामर्द्धा अग्रे परिहारसंयमं गृह्णन्ति इति परिहारिका भण्यन्ते । शेषास्तेषामनुपरिहारिकाः । पश्चात्संयमग्राहिणः अनुपरिहारिका भण्यंते । एवं कल्पस्थिते सति ये पश्चात्परिहारसंयमार्थमात्मानमुपसृतास्तानपि स्वगणे प्रक्षिपति गणी । यावद्भिरूनो गणः तावत्प्रमाणं गणं कृत्वा परिहारिकाननुपरिहारिकांश्च व्य-

वस्थापयति । तेन परिहारसंयमं निविशमाना अनुपरिहारिकाश्च एको द्वौ बहवो वा भवन्ति । जदि तिण्णि, गणी विदिओ परिहारसंयमं पडिवण्णो, तदिओ अणुपरिहारगो हवे । जदि पंच एको कप्पट्ठिदो, दो परिहारसंजमं पडिवज्जंति । तेसिमणुपरिहारणा एवं । इदरे जदि एगो कप्पट्ठिदो, तिण्णि परिहारगा, इदरे तिण्णि अणुपरिहारगा । जदि णव एगो कप्पट्ठिदो, चत्तारि परिहारगा, चत्तारि अणुपरिहारगा । छहिं मासेहिं परिहारीणिविट्ठा हवंति । ततो पच्छा अणुपरिहारी परिहारं पट्ठवेदि । तेसिं णिविट्ठपरिहारी हवंतेणुपरिहारगे ते पुण छहिं मासेहिं णिविट्ठा भवन्ति । तु कप्पट्ठिदो पच्छा परिहारं पडिवज्जदि । तस्सेगो अणुपरिहारी एगो कप्पट्ठिदो वि । असोविअ छहिं मासेहिं णिविट्ठपरिहारगो अट्ठारसमासा ते एवं होंति पमाणंदा ।

लिंगादिकस्तेषामाचारो निरूप्यते—एकोपधिकं अधसानं लिंगं परिहारसंयतानां । वसतिमाहारं च मुक्त्वा नान्यद् गृह्णन्ति तृणफलकपीठकटकादिकं । संयमार्थं प्रतिलेखनं गृह्णन्ति । त्यक्तदेहाश्च चतुर्विधानुपसर्गान्सहन्ते । दृढधृतयो निरंतरं ध्यानाबहितचित्ताः । अस्ति नो बलवीर्यं सर्वगुणसमग्रता च । एवंभूता अपि यदि गणे वसामो वीर्याचारो न प्रवर्तितः स्यादिति मत्वा अथः, पंच, सप्त, नव वैषणां निर्यान्ति । रोगेण वेदनयोपद्रुताश्च तत्प्रतिकारं च न कुर्वन्ति । प्रायोग्यमाहारं मुक्त्वा, वाचनां प्रश्नं परिवर्तनां मुक्त्वा सूत्रार्थपौरुषीष्वपि सूत्रार्थमेवानुप्रेक्षन्ते । एवं यामाएकेऽपि निरस्तनिद्रा ध्यायन्ति । स्वाध्यायकालप्रतिलेखनादिकाश्च क्रिया न सन्ति तेषां । यस्माच्छुक्लध्यानमध्येऽपि तेषां न ध्यानं प्रतिषिद्धं । आवश्यकानि यथाकालं कुर्वंति । कालह्रासे कृतोपकरणशोधना अनुज्ञाप्य वेधकुलादिषु वसन्ति । अनिर्ज्ञायमानस्वामिकेषु यस्येदं सोऽनुज्ञानं नः करोतु इति विशंति । आसीधिकां च निषीधिकां च निष्क्रमणे प्रवेशे च संपादयंति । निर्देशकं मुक्त्वा इतरे दशविधे समाचारे वर्तंते । उपकरणादिदाने, ग्रहणं, अनुपालनं, विनयो, वंदना संलापश्च न तेषामस्ति संयतेन सह । गृहस्थैरन्यालिंगिभिश्च दीयमानं योग्यं गृह्णन्ति । तैरपि न क्षेपोऽस्ति संभोगः । तेषां अपाणां पात्राणां, गणानां, गणानां परस्परेणास्ति संभोगः ।

कप्पट्ठिदो णुकप्पी भुंजणसंघाडगाणगहणं वि ॥
संघाडयवंणालावणाहि भुंजंति अण्णोण्णं ॥
संघाडयवंणोणावट्टाणा अणुपालणाहि परिहारे ॥
अणुपरिहारी भुंजदि णियसमाणो वंदणसंवासालावणाहिं ॥
कप्पट्ठिदं भुंजदि अणुपरिहारिं पि गहणासंवाडाणाहिं ॥
तु णिव्विसमाणो णिव्विसमाणं संवासदो ण अण्णेण ॥

कप्पट्ठिदो भुंजदि संवासणुपासणगिराहिं । कप्पट्ठिदोणुकप्पी वंदित्ता वेति धम्मलाहोत्ति । गारत्थि अण्णतित्थी अण्णतित्थीहिं निविसंतो पसंसुणी को सव्वे वि विणय अण्णोण्णं गणं वादंति वट्टण य सोवूण य जत्थ हु साधम्मिगो वसदि खेत्तो तं ण पसंसंति । खेत्तं कुदो हु णो वंदणादीगं ॥ एवं कल्पोक्तः क्रमः सर्वोनुगंतव्यः ।

मौनाभिग्रहरतास्तिक्षो भाषाः मुक्त्वा प्रश्नव्याहृतिमुद्ग्राहकरणीं अन्ये च प्रश्नवन्तं च मार्गस्थं शंकितस्थं वा योग्यायोग्यत्वेन शय्याधरगृहस्थं, वसतिस्वामिनो वा प्रश्नः । ग्रामाद्बहिः श्मशानं, शून्यगृहं, देवकुलं, गुहां वा आगंतुकगृहं, तरुकोटरं वा अनुज्ञापयंत्येकवारं । कस्त्वं, कुतो वागच्छसि, गमिष्यसि वा कं देशं, कियच्चिरमत्र वसतिर्युष्मं कतिजना इति प्रश्ने श्रवणोऽहमित्येकमेव प्रतिवचनं प्रयच्छन्ति । इतरत्र तूष्णींभावः । इतोऽवकाशादपसर्पणं कुरु, स्थानमिदं प्रयच्छ, परिपालय गृहमित्येवमादिको वाग्व्यापारो यत्र तत्र न वसन्ति । गोचर्यां यद्यपर्याप्ता तृतीययामे गव्यूतित्रयं यान्ति । वर्षमहावातादिभिर्यदि व्याघातो गमनस्य अतीतगमनकालास्तत्रैव तिष्ठंति । व्याघ्रादिव्यालागमने यदि ते भद्रा सुगमार्गं अपसर्पति । दुष्टाश्चेत्पदमात्रमपि न चलन्ति । नेत्रयोर्धूलिप्रवेशे कंटकादिविद्धे वा स्वयं न निराकुर्वन्ति । परे यदि निराकुर्युस्तूष्णीमवतिष्ठंते । तृतीययाम एव नियोगतो भिक्षार्थं गच्छन्ति । यत्र क्षेत्रे षड्गोचर्या अपुनरुक्ता भवन्ति तत्क्षेत्रमावासयोग्यं शेषमयोग्यमिति वर्जयन्ति ।

क्षेत्रं, तीर्थं, कालचारित्रं, पर्यायः, श्रुतं, वेदः, लेश्या, ध्यानं, संहननं, संस्थानं, आयामो गात्रस्य, आयुः, लब्धयः, अतिशयज्ञानोत्पत्तिः, सिद्धिरित्येते निरोगा इहालोचनाः । क्षेत्रतः अर्हतोरष्टापदः, एवमन्यपाश्चात्ययोः तीर्थं, उत्सर्पिणीअवसर्पिण्याः कालतः, छेदोपस्थापनाप्रभवाश्चारित्रतः, प्रथमतीर्थंकरकाले देशोनपूर्वकोटीकायकालः । विंशतिवर्षाग्रशतवर्षं कालः पाश्चात्यतीर्थे । जन्मतस्त्रिंशद्वर्षाः पर्यायतः एकोनविंशतिवर्षाः । श्रुतेन दशपूर्विणः, वेदेन पुरुषवेदाः, लेश्यातस्तेजःपद्मशुक्ललेश्याः, धर्मध्यानपरा ध्यानतः, आद्यत्रिकसंहननाः षट्कान्यतरसंस्थानाः । सप्तहस्तादिपंचधनुःशतायामाः । अष्टादशमासाः पूर्वकोटी वा आयुः । चारणताहारसिद्धिः, विक्रियाहारार्द्धिश्च लब्धयः । अवधिमनःपर्ययं केवलं वा योगसमाप्तौ प्राप्नुवन्ति । सिद्ध्यन्ति वा परेषां । संक्षेपतः परिहारविधिवर्णना ।

जिनकल्पो निरूप्यते—जितरागद्वेषमोहा, उपसर्गपरिषहारिवेगसहाः, जिना इव विहरंति इति जिनकल्पिका एक एवेत्यतिशयो जिनकल्पिकानां । इतरो लिंगादिराचारः प्रायेण व्यावर्णितरूप एव ।

क्षेत्रादिभिर्निरूप्यते—सर्वधर्मक्षेत्रेषु भवन्ति जिनकल्पिकाः । कालः सर्वदा । सामायिकछेदोपस्थापने वा चारित्रतः । सर्वतीर्थेषु तीर्थतः । जन्मना त्रिंशद्वर्षाः । आमण्यतः एकाकिविंशतिवर्षाः । नवपूर्वागूर्यधारिणः । तेजः पद्मशुक्ललेश्याः । धर्मशुक्लध्यानाः । प्रथमसंहननाः, षट्संस्थानसंस्थानाः । सप्तधनुस्तादिपंचधनुःशतायामाः । त्रिभमुहूर्तादिन्यूना पूर्वकोटिः कालः । विक्रियाहारकचारणताक्षीणर्द्धिताद्यतिशया लब्धयो नास्ति । त्रिगव्यूतं न लंघन्ते । अवधिमनःपर्ययं केवलं वा प्राप्नुवन्ति केचित् । केवलिनस्ते नियमेन सिध्यन्ति ।

स्वहितैकपरो मुमुक्षुर्यतिचारानुरोधेन नानाविधान्परमर्षियोग्याचरणविधीन्विसृज्य स्थानुरूपे यत्र मतिं विधत्ते तदुपदेष्टुं गाथाद्वयमाह—

मूलारा—अधालंदविधिं, अथालंदविधिमृषीणामुत्कृष्टाचरणं । तद्वत्परिहारं जिनकल्पं च । एषां च स्वरूप-

निर्व्याघातेतिहे पूर्वनिर्वर्णितानुसारेण विधिरिष्यते । अथालंदमिभिर्भेदैः, गच्छविनिर्गतगच्छप्रतिबद्धभेदात् । तत्र तावद्गच्छविनिर्गतालंदविधिरभिधीयते । परिहारसंयममाचरितुमसमर्थो अथालंदविधिमुपसंतुकामाश्रयः, पंच सप्त, नव, वा ज्ञानदर्शनसंपन्नास्तीव्रसंवेगमापन्ना, धर्माचार्यपादमूलनिवासिनोऽवधृतात्मसामर्थ्या, विदितायुःस्थितयो, धर्माचार्यं विज्ञापयन्ति । भगवन्निच्छामोऽथालंदकसंयमं प्रतिपत्तुमिति । तच्छ्रुत्वा सूरिः समग्रगुणानुजानाति । ततस्ते शुभे देशे स्थित्वा कृतलोचा गुरूणामालोचनां कृत्वा कृतप्रतारोपणा आचिरोद्गते सूर्ये कल्पस्थितमेकं गणस्यालोचनां श्रोतुं, क्षमयितुं च विधातुमुद्यतं धारयन्ति स एव प्रमाणं गणस्य । आत्मना सह यावन्तो गणान्निर्गतास्तावन्त एव तत्स्थाने स्थापयितव्या गणे । गणाचारो निरूप्यते । अथालंदसंयतानां लिंगमौत्सर्गिकमेव । कायस्थित्यर्थमाहारं वसतिं कमंडलुं प्रतिलेखनं च ते गृह्णंति । शेषं परिग्रहं त्यजंति । धृतिकाधवलिनश्चेत्परीषहादीन्सहन्ते । अन्यथा चेत्ततः पूर्वमेवापसरंति । रोगेणाभिघातेन वा जातेनां वेदनां न प्रतिकुर्वंति । यदा त्वपसर्तिभ्रान्तास्तदा सहायहस्तावलंबनं कुर्वंति । अहोरात्रे न स्वपन्ति । यद्यधिका निद्रा तदा रात्रौ स्वपंति च । स्वाध्यायकाले प्रतिलेखनादिक्रियास्तेषां न सन्ति । श्मशानमध्येऽपि तेषां ध्यानमप्रतिषिद्धमेव । आवश्यकेषु ते प्रयतन्ते । उपकरणप्रतिलेखनं कालद्वयेऽपि कुर्वंति । सस्वामिकेषु देवकुलादिषु तत्स्वाम्यनुज्ञया वसंति । अनिर्ज्ञातस्वामिकेषु यस्येदं सोऽनुज्ञां करोत्वित्यभिधाय वसंति । सहसातिचारे जातेऽशुभपरिणामे वा मिथ्या मे दुष्कृतमिति निवर्तते ।

इच्छामिच्छाकारो य तधाकारो य आसियाणिसिही ॥
आपुच्छा पडिपुच्छा छंदणसणिमंतणा य उवसंपा ॥

इत्येवं दशविधे समाचारे प्रवर्तते । सैधस्य सह तेषां दानं, ग्रहणं, अनुपालनं, विनयः, सहभोजनं च नास्ति । कारणमपेक्ष्य केषांचिदेक एव संलापः कार्यः । यत्र अधर्मो तत्क्षेत्रं न प्रविशन्ति । मौनाद्यहनिरता अपि पंथानं, शंकितव्यद्वयं, धान्याधरगृहं वा पृच्छन्ति । प्रमादाद्बहिरागन्तुकागारे कल्पस्थितेनानुज्ञाते वसंति । पशुपक्षिप्रमुखैर्यत्र ध्यानाविघातस्ततोऽपयान्ति । को भवान् कुत आयातः, कुत्र प्रस्थितः, कियन्तं कालं अत्र भवता स्थेयं, कति यूयमिति पृष्टा भगवोऽहमित्येव प्रतिवचनमेकमेव प्रयच्छंति । अपसरामः स्थानादवकाशं मे प्रयच्छ, परिपालय गृहमित्यादिको जनजल्पो यत्र तत्र न वसंति । बहिरपि वसतां, यदि भवति ततोऽपयान्ति । स्वावासगृहे प्रज्वलिते न चलन्ति । चलन्ति

वा । यदि कंटकादिकं लग्नं, चक्षुषि वा धूल्यादिकं प्रविष्टं स्फेटयन्ति न स्फेटयन्ति वा । व्याघ्रादिका, व्यालमृगाद्या वा यद्यापतन्ति ततोऽपसर्पन्ति न वा । एका द्वे, तिस्रश्चतस्रः पंच वा गोचर्यो यस्य क्षेत्रे तत्राधाकंदकयोगं प्रकल्पयन्ति । तृतीययामे प्रविष्टगोचर्या कालक्षामाक्षामेऽपि गव्यूतिद्वयं गच्छन्ति । यदि रात्रावनध्यायानो महाव्यंतरेण वर्षौषिणा वा जलस्तदा तत्रैव तिष्ठन्ति । यदि कोपि तेषां पार्श्वे दीक्षां याचते तदा मनसापि नेच्छन्ति । अपरे तत्सहायाः वर्षोपवेशं कृत्वा सशिखं मुंडितं वान्येषामाचार्याणां तं नीत्वा समर्पयंति । सर्वेषु धर्मक्षेत्रेषु सर्वतीर्थेषु सर्वदा यान्ति । सामायिकं छेदोपस्थापनां चाचरन्ति । जन्मतस्त्रिंशद्वर्षाणि भोगान्भुक्त्वा श्रामण्येनैकोनविंशतिवर्षाण्यूनदशपूर्विणः पुंवेदा, नपुंसकवेदा वा पद्मशुक्ललेश्या वा धर्मध्यानिनः, षट्संहननेषु संस्थानेषु चैकतरसंहननसंस्थाना देशोनसप्तहस्तादि यावत् पंचशतोत्सेधा अधाकंदककालतो जघन्येन भिन्नमुहूर्तायुःस्थितयः, उत्कर्षेण सप्तवर्षोनपूर्वकोटिस्थितिकाः । क्षीरस्रवादितपोलब्धीरपि सरागमसेवमानाश्च भवन्ति । एवं गच्छविनिर्गताधाकंदकविधिर्व्याख्यातः ।

गच्छप्रतिगताधाकंदकविधिरुच्यते । गच्छान्निर्गच्छतो बहिः साक्रोशयोजने विहरन्ति । सपराक्रमो गणधरः क्षेत्राद्बहिर्गत्वा सेभ्यो ददात्यर्थपदम् । तेऽपि समर्था आगत्य शिक्षां गृह्णन्ति । एको, द्वौ, त्रयो वा परिज्ञानधारणागुणसमग्रा गुरुसकाशमायान्ति । कृतप्रतिक्रमकायोः स्वक्षेत्रे गत्वा भिक्षां गृह्णन्ति । अपराक्रमस्तु गणधरो गच्छे सूत्रार्थपौरुषीं कृत्वा अशोनानं गत्वा यत्नेन ददात्यर्थपदं । अथवा स्वोपाश्रय एव गणधरोऽन्यापसारणं कृत्वा एकस्मै उपदिशति । यदि गच्छेत्क्षेत्रांतरं गणस्तदाधाकंदिका अपि गुर्वनुज्ञया गच्छन्ति । यदा गच्छनिवासिनः क्षेत्रप्रतिलेखनार्थं प्रयतंते तदा तत्र मार्गेण द्वावधाकंदिकौ यात इति ।

परिहार उच्यते । जिनकल्पस्यासमर्थाः परिहारसंयमभारं वोढुं समर्था आत्मनो वीर्यमायुः प्रत्यवायांश्च ज्ञात्वा ततस्तीर्थकरपादमूलमुपगम्य पृच्छन्ति भगवन्परिहारसंयममाचरितुमिच्छामो वयमिति । ततो येषां ज्ञानमनुत्तरमुपजायते विप्रो वा तेभ्योऽन्ये तीर्थंकरेणानुमता लोचं कृत्वा गुरूणामालोच्य व्रतशुद्धिं कुर्वन्ति । परिहारसंयमाभिमुखानां मध्ये एकमाचार्यं कल्पस्थितं स्थापयन्तीति परिहारका भण्यन्ते । शेषां शेषाः पश्चात्परिहारसंयमं गृह्णन्तीत्यनुपरिहारका उच्यन्ते । यावन्तो गणान्निर्गतास्तावन्तो जना न कर्तव्याः । तेऽपि यत्र पंच सप्त नव वा भवन्ति । यदि पुनः केचित्परिहारसंयमान्निर्गता आयान्ति तदा तेऽपि गणमध्ये प्रयोजनया यावत्काल । यदि त्रयः एको गणी, द्वितीयः परिहारसंयमं प्रतिपन्नः, तृतीयोऽनुपरिहारको भवति । एवं षण्मासे परिहारसंयमः परिहारकस्यैको निष्पन्नो भवति । ततोऽनुपरिहारी

परिहारं गृह्णाति । सोऽपि षण्मासे परिहारे निर्विष्टो भवति । ततः कल्पस्थित आचार्योऽनुपरिहारकनामा परिहारं प्रतिपद्यते । सोऽपि षण्मासैः परिहारे निर्विष्टो भवति । एवमष्टादशभासाः परिहारप्रवेशने त्रयाणां मुनीनां भवंति । एवं पंचानां, सप्तानां, नवानामपि वक्तव्यम् ।

इदानीं परिहारसंयतानामाचार उच्यते । वसतिमाहारं प्रतिलेखनं च गृह्णन्ति । शेषं परिग्रहं च त्यजंति । गृहस्थैरन्यलिंगिभिर्वा दीयमानं योग्यं प्रतिगृह्णन्ति । उत्पन्नचतुर्विधोपसर्गान्सहन्ते । रोगाभिभूता अपि प्रतीकारं न कुर्वन्ति । वाचनादिषु पौरुषीष्वपि सूत्रार्थसंवानुप्रेक्षन्ते । आवश्यकानि यथाकालं कुर्वन्ति । अहोरात्रेऽपि निरस्तनिद्राः । स्वाध्यायकाले प्रतिलेखनादिक्रियास्तेषां न सन्ति । ध्यायन्ति च निरन्तरं यतः श्मशानेऽपि ध्यानं न प्रतिषिद्धं । कालद्वयेऽप्युपकरणानि शोधयन्ति । संघेन सह वंदना, भोजनं, संभाषणं नास्ति । तेषां परस्परमस्ति । भाषात्र-यादन्यत्र मौनव्रतिनः । तृतीयप्रहरे गोचर्यां प्रविश्य लाभालाभेऽपि षड्भूमिकृतं गच्छन्ति । वर्षाद्यभावादिना यदि गमनव्याघातो जायते तदा ते निष्क्रान्तगमनकालास्तत्रैव वसन्ति । यथाक्रमयोगयुक्तानां यदि भक्तपा० युगमात्रम-पसरन्ति । अथ दुष्टास्तो पदमपि न लंघन्ते । अक्षिणि भ्रूक्षिप्तेऽपि पादे च पैशुन्येन भोगं स्वयं न भोक्तुमिच्छन्ति । परस्फेटने तु तूष्णीकाः । क्षेत्रतः सर्वधर्मक्षेत्रेषु भवन्ति । तीर्थतः सर्वतीर्थेषु । कालतः सर्वदा । चारित्रतः सामायिकछेदोपस्थाप-नीकाः । जन्मतस्त्रिंशद्वर्षाण्यपि भोगभोजिनः । तपसैकोनविंशतिवर्षिकाः । श्रुतेन नवदशपूर्विणः । वेदेन पुरुषवेदाः । लेश्यातः शुक्लविलेश्याः । ध्यानतो धर्मध्यानिनः संहननतश्चादिमसंहनना: । संस्थानतः षडेकतरसंस्थानाः । उत्सेधतः सप्तह-स्तादिपंचधनुःशतावताः । परिहारकालतो जघन्येनाष्टादशमासायुष्काः । उत्कर्षेण नववर्षोनाः पूर्वकोट्यायुष्काः । क्षीरस्वा-दादिनोमादाम्लोपवासैर्वीरगतस्था न खेदन्ते । शीतोष्णवर्षाद्यभिसंक्लभूम्यां गमनाभावादुत्क्षिप्तैकपादेन षण्मासं ति-ष्ठन्ति । मतिश्रुतावधिज्ञानिनः योगसमाप्तौ केवलं वाप्नुवन्ति । एवं परिहारसंयमविधिर्भणितः ॥

जिनकल्पो निरूप्यते जितरागद्वेषमोहाः परिषहोपसर्गातिशयसहा जिना एव विहरन्ति इति जिनकल्पिताः । ते च एकविहारिणः । पूर्वोक्तपरिहारसंयताचारलक्षणसमग्राः । अयं तु विशेषो धर्म्यशुक्लध्यानिनस्ते जघन्येनाभि-न्नमुहूर्तायुष्काः अवधि मनःपर्ययं, केवलं वा प्राप्नुवन्ति ।

अर्थ—अथालंद विधि, भक्तप्रतिज्ञा, इंगिनीमरण, परिहारविशुद्धिचारित्र, पादोपगमनमरण और जिनकल्पावस्था इनमेंसे कोनसी अवस्थाका आश्रय कर मैं रत्नत्रयमें विहार करूं ऐसा विचार करके साधुको धारण

करने योग्य आराधना धारण करके समाधि मरण करना चाहिये. अब आलंदविधिका स्वरूप टीकाकार कहते हैं—

परिणाम, गणीसे गुरुके द्वारा अनुमति मिलना, प्रमाण, स्थापना, आचार मार्गणा और अथालंद मास कल्प इनका वर्णन इस प्रकरणमें आवेगा.

जिनको आत्मार्थका स्वरूप ज्ञात हुवा है, अपना मुनिअवस्थाका कर्तव्य जिन्होंने किया है, परीषह और उपसर्गको जीतनेमें जो समर्थ है, अपना बल और वीर्य जिन्होंने व्यक्त किया है, ऐसे मुनि क्या हम आलंद विधि धारण कर सकते हैं या प्रायोपगमनविधि धारण कर सकते हैं ऐसा विचार मनमें करते हैं. परिहार विधि धारण करनेमें असमर्थता मालूम करनेपर अथालंदविधीको धारण करते हैं. अथालंदविधीका स्वीकार करनेकी इच्छा रखनेवाले तीन, पांच, सात अथवा नउ मुनि जो कि ज्ञान और दर्शन संपन्न हैं, तीव्र संसारभीरुताको धारण करते हैं, धर्माचार्यके चरण कमलका आश्रय करते हैं, जिनको अपने सामर्थ्यका ज्ञान है, अपनी आयुष्य स्थिति जिनको मालुम हो चुकी है, धर्माचार्यको प्रार्थना करते हैं. हे भगवन् ! हम अथालंदविधीका आश्रय लेना चाहते हैं. धर्माचार्य उनकी विज्ञप्ति सुनकर जो धैर्यहीन, शरीरसामर्थ्यहीन है, जिनके परिणामोंमें अतिशयपना नहीं है उनको त्यागकर, धैर्यादिगुणविशिष्ट मुनिओंको अनुज्ञा देते हैं. गुरुसे परवानगी मिलनेपर गुरुके साथ वे प्रशस्त स्थानमें ठहरकर लोच करते हैं. गुरुके सामने दोषोंकी आलोचना करते हैं. आलंदविधीके व्रतोंका अपनेमें आरोपण करते हैं. सूर्योदयके अनंतर थोडे समयमेंही कल्पस्थित मुनिओंमेंसे एकको जो कि गणकी आलोचना सुननेके लिये और व्रतशुद्धि करनेके लिये उद्यत है, स्थापना करते हैं. वह ही गणके लिये प्रमाणभूत माना जाता है. अपनेको साहाय्य करनेवाले जितने मुनि गणसे निकले हैं उतने मुनि संघमें उनके स्थानमें स्थापन करने चाहिये. अब इन मुनिओंका आचारक्रम कहते हैं—

अथालंद विधिको पालनेवाले मुनि औत्सर्गिक लिंग धारण करते हैं. अर्थात् नग्नही रहते हैं. देहोपकारार्थ आहार, वसतिका, धर्मोपकरण और पिच्छिकाका आश्रय लेते हैं. बाकी सब परिग्रहका त्याग करते हैं. तृण, चटाई, फलक वगैरह उपाधिका त्याग करते हैं. प्राणिसंयमका रक्षण करनेके लिये और जिनरूपताका संपादन करनेके लिये पिच्छिका धारण करते हैं. यदि धैर्य और बलसे रहित न होंगे तो अन्य ग्रामको जाते समय, मठादि भूमीके तरफ गमन करते समय, आहार लेते समय, बैठते समय, प्रति लेखन नहीं करते हैं अर्थात् पिच्छिकासे शरीरस्पर्शन नहीं

करते हैं. शरीरसंस्कारको छोड देते हैं. और परिषहों को सहते हैं. हमारमें संयमाचरण करनेके लिये योग्य मनोबल है ऐसा विचार कर तीन या पांच मुनि मिलकर प्रवृत्ति करते हैं. रोगसे अथवा आघातसे वेदना उत्पन्न हो तो उसका इलाज नहीं करते हैं. तपसे जब अतिशय थक जाते हैं. तब अपने सहायकोंका हस्त-हाथका आश्रय लेते हैं. वाचना पृच्छनादिकोंका वे त्याग करते हैं. अहोरात्रमें कदाचित्भी नहीं सोते हैं. एकाचित्त होकर ध्यानमें प्रयत्न करते हैं. यदि बलात् निद्रा आ जावे तो वे प्रतिज्ञा नहीं करते हैं अर्थात् मै सोउंगाही नहीं ऐसी प्रतिज्ञा नहीं करते हैं. अर्थात् रात्रमें सोते भी हैं. स्वाध्यायकालमें प्रतिलेखनादि क्रिया उनको नहीं है. श्मशानमें भी उनके लिये ध्यानका निषेध नहीं है. सामायिकादिक अवश्यकोंमें वे प्रयत्न करते हैं. प्रातःकाल और सायंकालमें पिच्छिका कमंडलु इनका वे संशोधन करते हैं. जिनमंदिर, वसतिका वगैरह सस्वामिक हो अर्थात् उनके कोई मालिक हो तो उनकी अनुज्ञासे वे उसमें रहते हैं. यदि इनके स्वामीका पता मालूम न हो तो जिसके ये जिनमंदिरादिक हैं वे हमको ठहरनेकी अनुज्ञा देवे' ऐसा कहकर उनमें ठहरते हैं. सहसा अतिचार वा अशुभ परिणाम हो गया तो 'मिथ्या मे दुष्कृतं' ऐसा बोलकर अतिचार व अशुभपरिणामसे निवृत्त होते हैं. दश प्रकारके समाचारोंमें वे प्रवृत्ति करते हैं. उनकी संघके साथ दान, ग्रहण, विनय, आपसमें बोलना ये क्रियायें नहीं होती हैं. किसी कार्यकी अपेक्षासे उनमेंसे एक मुनि भाषण करते हैं. जिस क्षेत्रमें सधर्मा मुनि होंगे उस क्षेत्रमें वे प्रवेश करते नहीं है. मौनका नियम होते हुए भी वे रास्ता पूछते हैं, किसी पदार्थमें शंका उत्पन्न हुई हो तो उसके निराकरणार्थ प्रश्न करते हैं. वसतिकाका जो स्वामी है उसके घरका पता पूछते हैं. इस तरह तीन विषयोंमें ही वे बोलते हैं. गांवके बाहर जहां प्रवासी लोक ठहरते हैं ऐसे स्थानमें कल्पस्थित मुनि यदि अनुज्ञा दे तो ठहरते हैं. पशु, पक्षी वगैरह प्राणियोंसे जहां ध्यानमें विघ्न होता है वह स्थान वे छोडते हैं. आप कौन हैं? आप कहांसे आये हैं? आप कहां जा रहे हैं, आप यहां कितने समयतक ठहरेंगे, आप कितने मुनि हैं ऐसा पूछने पर मैं श्रमण अर्थात् मुनि हूं इतना एक ही प्रत्युत्तर देते हैं. अथवा इतर मुनि मौन धारण करते हैं. इस स्थानसे हटो, मेरेको यहां रहनेके लिये स्थान दो, मेरे घरका रक्षण करो. इस तरहसे यदि कोइ गृहस्थादिक उनको बाहर ठहरते हुये भी बोले तो वहांसे भी वे चले जाते हैं. जिसमें वे ठहरे हैं उस घरको यदि आग लगी तो वे वहांसे गमन नहीं करते हैं. अथवा गमन करते हैं. आहार यदि नहीं मिला तो तीसरे प्रहरमें दो गव्यूति प्रमाण मार्ग वे जाते हैं. यदि बडे वायुसे, महावृष्टिसे

गमनमें रुकावट उपस्थित हो तो वहां ही ठहरते हैं. आगे जाते नहीं. व्याघ्र वगैरह प्राणी अथवा दुष्ट पशु यदि रास्तेमें आये तो उस रास्तेसे हट जाते हैं अथवा हटते नहीं हैं. पावमें यदि कांटा चुभ गया, आखोंमें यदि धूलीके कण गये तो वे निकालते हैं अथवा नहीं भी. दृढ धैर्ययुक्त ऐसे वे मुनि मिथ्यात्वचर्याराधना व आत्मविराधना और अन्य दोषोंका परिहार करते हैं अथवा नहीं हैं. तृतीययाममें भिक्षाके लिये वे उतरते हैं-आते हैं. कृपण, याचक, पशु पक्षी, ये सब चले जानेपर आहार लेनेकी इच्छा करते हैं और मौन धारण करते हैं. एक, दोन तीन, चार अथवा पांच गोचर्या जिस क्षेत्रमें होती हैं उस क्षेत्रमें आलंदिका योग करते हैं. [जिससे पाणिपात्रमें भोजन करनेवाला मिथ्यात्वका त्याग नहीं करता है, उससे लेपाहार अथवा अलेपाहार का भक्षण कर उसका वे प्रक्षालन करते हैं [इसका अभिप्राय ध्यानमें आता नहीं हैं.]

धर्मोपदेश करनेमें यदि कोइ पुरुष आपके चरणमूलमें मैं दीक्षा लेनेकी इच्छा करता हूं ऐसा कहे तो भी उसको दीक्षा देनेका विचार वे मनसे भी करते नहीं फिर वचन और शरीर के द्वारा वे उसको क्यों दीक्षा देंगे ? उनको सहाय करनेवाले अन्य मुनि धर्मोपदेश देकर शिरःसहित अथवा मुंडन जिसने किया है ऐसे उस पुरुषोंको आचार्यके सन्निध ले जाते हैं.

क्षेत्रकी अपेक्षासे ये अथालंद विधि करनेवाले मुनि एकसो सत्तर कर्मभूमीमें होते हैं. कालकी अपेक्षासे देखा जाय तो हमेशा होते हैं. चारित्रकी अपेक्षासे इनको सामायिक और छेदोपस्थान ऐसे दो चारित्र होते हैं. तीर्थकी अपेक्षासे सर्व तीर्थकरोंके तीर्थमें ये उत्पन्न होते हैं. जन्मसे तीस वर्ष तक भोगों को भोगकर मुनि अवस्था में उन्नीस वर्ष तक रहते हैं. अनंतर अथालंदक विधिको धारण करते हैं. ज्ञानकी अपेक्षासे इनको नो या दस पूर्वोका ज्ञान रहता है. वेदकी अपेक्षासे ये पुरुषवेदी वा नपुंसकवेदी रहते हैं. लेश्याकी अपेक्षासे ये पद्म व शुक्ल लेश्याके धारक होते हैं. ध्यानकी अपेक्षासे ये धर्मध्यानी होते हैं, संस्थानकी अपेक्षासे छहों संस्थानोंमेंसे किसी एक संस्थानके धारक होते हैं. इनके शरीरका प्रमाण कुछ कम सात हाथसे पांचसोधनुष्यतक रहता है. कालकी अपेक्षासे जघन्य आयुष्य भिन्नमुहूर्त और उत्कृष्ट आयुःस्थिति आलंदक विधि धारण करनेके पूर्व जितना आयुष्य व्यतीत हुआ है वह पूर्व कोटिमें कम करना यह उत्कृष्ट स्थिति समझनी चाहिये. उनको विक्रियाऋद्धि, चारणऋद्धि क्षीरास्रावित्वऋद्धि इत्यादि ऋद्धियां प्राप्त होती हैं. परंतु विराग होनेसे उनका सेवन नहीं करते हैं. गच्छसे निकल

कर आलंदविधि करनेवाले मुनिओंका यह स्वरूप दिखाया है.

अब गच्छप्रतिबद्धालंदकविधिका विवेचन करते हैं–

गच्छसे निकलकर बाहर एक योजन और एक कोसपर ये मुनि विहार करते हैं. शक्तिमान आचार्य क्षेत्रके बाहर जाकर उनको अर्थपदका अध्ययन कराते हैं. अथवा आलंदविधि करनेवालोंमेंसे समर्थ मुनि आकर उनके पास अध्ययन करते हैं. एक, दो या तीन मुनि जो कि परिज्ञान, धारणा वगैरह गुणोंसे परिपूर्ण हैं वे गुरूके पास आते हैं. प्रश्नका कार्य करनेपर अपने क्षेत्रमें जाकर आहार ग्रहण करते हैं. शक्तिरहित आचार्य गच्छमें सूत्रार्थ पौरुषी करके गांवके निकट वनमें जाकर यत्नसे अर्थपदका अध्यापन करते हैं. अथवा अपने आश्रय स्थानमें ही वे इतर शिष्योंको दूर करके एकको पढाते हैं. यदि गच्छ क्षेत्रांतरको चला जायगा तो आलंदविधि करनेवाले मुनि भी आचार्यकी अनुज्ञा लेकर क्षेत्रांतरको जाते हैं. जब गच्छनिवासी क्षेत्रकी शुद्धि करनेका प्रयत्न करते हैं अर्थात् कौनसा क्षेत्र योग्य है इसका यदि अन्वेषण करते हैं तो आलंदविधि करनेवाले दो मुनि भी उस क्षेत्रमें आगेसे जाते हैं. इस प्रकार यह अथालंदविधिका विवेचन पूर्ण हुआ.

अब परिहारविधिका विवेचन करते हैं–

जिनकल्पको धारण करनेमें असमर्थ ऐसे मुनिराज परिहारसंयमका भार धारण करते हैं. अपनी शक्ति, धीर्य, आयुष्य, उपसर्गादिक विघ्न जानकर वे जिनेन्द्र भगवान्के पास जाते हैं. विनय कर और हात जोड कर हे भगवन् ! हम आपकी आज्ञासे परिहारसंयम धारण करनेकी इच्छा करते हैं. उनका यह भाषण सुन कर जिनको उत्कृष्ट ज्ञान अर्थात् केवलज्ञान उत्पन्न होगा. अथवा जिनको विघ्न उपस्थित होगा उनको जिनभगवान रोकते हैं. जिनको जिनभगवानने आज्ञा दी है वे मुनि निःशल्य होकर प्रशस्त स्थानमें जाकर लोच कर, उत्तम निश्चयसे गुरूके पास आलोचना करते हैं और व्रतोंको विशुद्ध करते हैं. परिहार संयमके अभिमुख हुए मुनिओंमेंसे एकको सूर्योदय में कल्पस्थित आचार्य पदवीपर स्थापन करते हैं. वह उस गणमें प्रमाण माना जाता है. वह गणकी आलोचना सुनकर शुद्धि करता है.

कल्पस्थित आचार्यको छोडकर शेष मुनिओंमें अर्धमुनि प्रथम परिहारसंयम ग्रहण करते हैं. और बाकी के मुनि नंतर परिहारसंयमको ग्रहण करते हैं अतः उनको अनुपरिहारक कहते हैं. इस रीतिसे जो पीछेसे संयम

ग्रहण करनेकेलिये आचार्यके पास आते हैं उनको भी अपने गणमें स्वीकारते हैं. जितने मुनिओंसे गण कम हैं उतने प्रमाणका गण करके उसमें परिहारक और अनुपरिहारककी व्यवस्था करते हैं. इसलिये परिहारसंयममें प्रवेश करनेवाले अनुपरिहारक मुनि एक दो और तीन होते हैं.

यदि तीन मुनि गणमें होंगे तो एक गणी है, दुसरा मुनि परिहार संयमको स्वीकार करनेवाला होता है और तिसरा अनुपरिहारी होता है. यदि गणमें पांच मुनि होंगे तो एक कल्पस्थित आचार्य, दो मुनि परिहार संयमके धारक और दो मुनि अनुपरिहारक समझने चाहिये. यदि सात मुनि होंगे तो उसमें एक गणी, तिन परिहारसंयमी और तीन अनुपरिहारक मुनि होते हैं. यदि नो मुनि हो तो एक गणी चार परिहारक मुनि और चार अनुपरिहारी मुनि समझने चाहिये. छहमास होनेके बाद अनुपरिहारी मुनि परिहारसंयम में पूर्ण प्रविष्ट होता है. तत्पश्चात् अनुपरिहारी परिहार संयमको ग्रहण करता है. वह भी छह मासमें परिहारमें निविष्ट होता है. तदनंतर कल्पस्थित आचार्य जो कि अनुपरिहार तथा परिहारक होता है. वहभी छहमासके अनंतर परिहारमें निविष्ट होता है. इस रीतिसे तीन मुनिओंको परिहारके प्रवेशमें प्रमाणसे अठारहमास परिहार चारित्रमें लगते हैं.

अब परिहार संयत मुनिओंका लिंगादिक आचार क्रम कहते हैं—

परिहार संयतमुनि वसति और आहारको छोडकर अन्यका स्वीकार नहीं करते हैं. तृण, फलक, आसन, चटाइ आदिक संयमके लिये ग्रहण करते हैं. पिच्छिका भी संयमके लिये पास रखते हैं. शरीरमे प्रेम हटाकर चार प्रकारके उपसर्ग सहन करते हैं. उनमें दृढ धैर्य होनेसे वे ध्यानमें निरंतर निमग्न रहते हैं. हमारेमें बलवीर्य और सर्व गुण हैं तथापि यदि हम गणमें निवास करेंगे तो हम वीर्याचार आचरणमें कैसा ला सकेंगे ऐसा समझकर वे तीन, पांच, सात अथवा नो एषणाके लिये आहारके लिये जाते हैं. (?) रोगसे और वेदनासे पीडित होनेपर भी उसका इलाज नहीं करते हैं. अयोग्य आहारको छोड देते हैं. वाचना, प्रच्छना, और परियर्तन रूप स्वाध्यायको छोड सूत्रार्थ पौरुषीमें भी (?) सूत्रार्थकाही बारबार अनुमनन करते हैं. इस रीतिसे आठों प्रहरोंमें भी निद्राका त्याग कर ध्यान करते हैं. चिंतन करते हैं. स्वाध्याय कालमें प्रतिलेखनादि क्रिया अर्थात् पिच्छिकासे अंग पोंछना वगैरह क्रियायें इनको नहीं होती हैं। क्योंकि श्मशानमें भी उनको ध्यानका निषेध नहीं है। यथाकालमें आवश्यक क्रियायें वे करते हैं. सायंकाल-सूर्यास्त समय और सूर्योदयके समयमें उपकरणोंको शुद्ध

करते हैं. जिनमंदिरादिकोंमें अनुज्ञा लेकर वे रहते हैं. जिनके स्वामीका परिज्ञान नहीं है ऐसे मंदिरोंमें जिनके ये स्थान हैं वे यक्षादिक हमको आज्ञा देवें ऐसा बोलकर वहां निवास करते हैं. असीधिका व निषेधिका ये दोन विधि बाहर निकलनेके और अंदर प्रवेश करनेके समय करते हैं. निर्देशको छोडकर बाकीके दश प्रकारके समाचारोंमें वे प्रवृत्ति करते हैं. उपकरणादिकोंको देना, और ग्रहण करना, अनुपालन करना, विनय करना, वंदना करना, अन्योन्य संभाषण करना इन बातोंका संघके साथ वे त्याग करते हैं. गृहस्थ अथवा अन्य लिंगिओंने साधुओंने योग्य वस्तु दी तो वे लेते हैं. परंतु उनके साथ भी विनय, वंदना वगैरह बातें वे नहीं करते हैं. तीन, पांच, सात और नो ऐसे उन मुनिओंका दानादि विधि परस्पर होता है.

कप्पट्ठिदोपुकप्पीइति—कल्पस्थित आचार्य और परिहार संयम पालनेवाले दूसरे मुनि इनका परस्पर व्यवहार होता है अर्थात् सहायता देना, ग्रहण करना, एक स्थानमें निवास करना, वंदना करना और परस्पर बोलना ये विधि होते हैं. जो पीछेसे परिहार संयम धारण करते हैं व अनुपरिहारी हैं. वे परिहारीके साथ संवास, वंदना,विनय, अनुपालना ये विधि करते हैं. अनुपरिहारी परिहारसंयममें पूर्ण प्रवेश करनेवाले मुनिओंके साथ वंदना, संवास संभाषण ये विधि करते हैं. कल्पस्थित आचार्य मुनि अनुपरिहारीके साथ ग्रहण, संवास स्थान ये विधि करते हैं.

परिहारसंयममें पूर्ण प्रवेश करनेवाले मुनि अपने साधर्मीके साथ अर्थात् परिहारसंयम पूर्ण धारण करनेवालोंके साथ संवास ही विधि करते हैं दूसरा विधि नहीं करते हैं. कल्पस्थित आचार्य इतर मुनिके साथ रहते हैं व प्रसन्नतासे भाषण करते हैं. कल्पस्थितको जब अनुकल्पी वंदन करते हैं तब कल्पस्थित धर्मलाभ ऐसा कहते हैं. गृहस्थ अन्य धर्मी साधुओंको मार्गका संशय हो तो पूछते हैं व गणके साथ बोलते हैं. जहां साधार्मिक मुनि रहते हैं उनको देखकर अथवा सुनकर उनके क्षेत्रकी प्रशंसा नहीं करते हैं, तो वंदनादिक क्यों करेंगे ? [इन गाथाओंका अर्थ संपूर्ण तया ध्यानमें नहीं आता है. भूल हुई होगी. पाठक सुधार लेवें.] इस रीतीसे कल्पोक्त सर्व कार्य जानना चाहिये.

ये परिहार संयमी तीन भाषाओंको छोडकर मौनव्रतको धारण करते हैं. किसीने प्रश्न पूछा तो उसका संदेह दूर करना, धर्मकार्यमें अनुज्ञा देना और स्वयं प्रश्न करना ऐसी तीन भाषायें वे बोलते हैं. विहार करते समय मार्गके

विषयमें शंका हो जैसे यह मार्ग कहां चला जाता है इसका यदि निर्णय न हो तो, उपकरणादिक योग्य हैं या अयोग्य हैं इसका निर्णय होनेके लिये, और शय्याधरका घर और वसतिकाके स्वामी इस विषयमें वे प्रश्न करते हैं. (वसतिकाको बनानेवाला, उसकी मरम्मत करानेवाला और यहां आप ठहरो ऐसा कहकर वसतिका देनेवाला इन तीनोंको शय्याधर कहते हैं.) ग्रामके बाहर, श्मशानमें, शून्य घरमें, देवगृहमें, गुहामें, प्रवासी रहनेके घरमें अर्थात् धर्मशालामें और झाडके पोलमें एकवार अनुज्ञा लेकर रहते हैं. आप कोन हैं, आप कहांसे आये हैं, आप किस देशको जानेवाले हैं. यहां आप कितने दिन ठहरेंगे, आप कितने जन हैं. ऐसे प्रश्न करनेपर मैं मुनि हूं ऐसा एक ही उत्तर वे देते हैं. अन्यसमयमें वे मौन धारण करते हैं. इस स्थानसे तुम चले जाओ, हमको यह जगह दो, इस घरको संभालो ऐसा यदि कोई भाषण करे तो उस स्थानमें वे रहते नहीं हैं. तीसरे प्रहरमें आहारको जाते हैं उस समय भिक्षा मिले अथवा न मिले हमेशा दो गव्यूतितक विहार करते हैं. वृष्टि, जोरसे बहनेवाली हवा इत्यादिकोंसे यदि बाधा हो जहां तक गमन किया है वहां ही ये स्थिर रहते हैं. व्याघ्रादि प्राणी, दुष्ट बैल वगैरह पशु आनेपर यदि वे भद्र हो तो चार हात जमीन वे पीछे हटते हैं. यदि दुष्ट हो तो एक पैर भी ये हटते नहीं. वहां ही स्थिर खडे होते हैं. नेत्रोंमें धूल यदि गई हो अथवा पावमें यदि कांटा चुभ गया हो तो स्वयं वे मुनि निकालते नहीं हैं. यदि दूसरे कोई पुरुष निकाले तो मौनसे रहते हैं. तीसरे प्रहरमें ही नियमसे भिक्षाको जाते हैं. जिस क्षेत्रमें छह भिक्षा अप्रतिरुक्त होती हैं वह क्षेत्र रहनेके लिये योग्य समझते हैं. बाकीका क्षेत्र अयोग्य समझते हैं.

क्षेत्र, तीर्थ, काल, चारित्र, पर्याय, श्रुत, वेद, लेश्या, ध्यान संहनन, संस्थान शरीरकी दीर्घता, आयुष्य, लब्धि, अतिशय ज्ञानोत्पत्ति और सिद्धि इतने नियोग यहां वर्णन करने योग्य हैं ऐसा समझना चाहिये.

ये मुनि क्षेत्रकी अपेक्षासे भरत और ऐरावत क्षेत्रमें होते हैं. तीर्थकी अपेक्षासे पहिले तीर्थंकर व अन्तिम तीर्थंकरके समय होते हैं. कालकी अपेक्षासे उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालमें होते हैं. चारित्रकी अपेक्षासे उनको छेदोपस्थापना चारित्र होता है. प्रथम तीर्थंकरके समयमें इनके शरीरकी अवस्था देशोनपूर्व कोटी रहती है, और अन्तिम तीर्थंकरके समयमें एकसो बीस वर्षकी अवस्था होती हैं. जन्मतः तीस वर्षतक भोगोपभोगका सुख-अनुभव लेकर मुनिपर्यायमें उन्नीस वर्ष व्यतीत होते हैं. इनको दशपूर्वीका ज्ञान होता है. वेदसे ये पुरुषवेदी होते हैं. लेश्याकी अपेक्षासे इनको तेजो लेश्या, पद्मलेश्या और शुक्ल लेश्या होती है. ध्यानकी अपेक्षासे उनको धर्मध्यान

होता है. इनको पहिले तीन संस्थान होते हैं. और छहों संहननोंमेंसे कोई एक संहनन होता है. इनके देहकी अवगाहना सात हाथसे लेकर पांचसो धनुष्यपर्यंत होती है. इनका आयु अठारह मास अथवा पूर्व कोटी होता है. उनको चारण ऋद्धि, आकाशगमन ऋद्धि अथवा विक्रिया ऋद्धि और आहारक ऋद्धि होती है. योगसमाप्तिके अनंतर अवधिज्ञान, मनःपर्यय अथवा केवल ज्ञान उत्पन्न होता है. इस तरह परिहार संयमका विधि कहा है.

जिनकल्पका निरूपण–

जिन्होंने राग द्वेष और मोहको जीत लिया है, उपसर्ग और परीषहरूपी शत्रुके वेगको जो सहते हैं और जो जिनेंद्र भगवानके समान विहार करते हैं ऐसे मुनिओंको जिनकल्पी मुनि कहते हैं. इतनी ही विशेषता इन मुनिओंमें रहती है. बाकी सब लिंगादिक आचार प्रायः जैसा पूर्वमें वर्णन किया है वैसा ही इनका भी समझना चाहिये.

क्षेत्रादिकोंके द्वारा इनका वर्णन करते हैं—

सर्वधर्म क्षेत्रोंमें ये जिनकल्पी मुनि होते हैं. कालकी अपेक्षासे ये मुनि सर्व कालमें होते हैं. ये सामायिक और छेदोपस्थापना चारित्रके धारक होते हैं. तीर्थकी अपेक्षासे सर्व तीर्थंकरोंके तीर्थमें इनकी उत्पत्ति होती है. जन्मसे तीस वर्षतक भोगोंको भोगते हैं. तदनंतर उनतीस वर्ष तक मुनिपर्यायमें रहकर अनंतर जिनकल्पी मुनि होते हैं. इनको नौ या दश पूर्वोंका ज्ञान होता है. इनको तेजोलेश्या, पीतलेश्या, और पद्मलेश्या ये लेश्यायें होती हैं. धर्मध्यान और शुक्लध्यानमें लीन रहते हैं. इनका प्रथम संहनन वज्रर्षभनाराच नामका होता हैं. छहसंस्थानोंमेंसे कोई एक संस्थान होता है. इनके देहका आयाम सात हाथको आदिलेकर पाचसो धनुष्य पर्यंत होता है. इनका जघन्य आयुष्य त्रिचमुहूर्तादिक रहता है. और उत्कृष्ट आयुष्य कुछ कम पूर्व कोटि वर्षका होता है. इनको विक्रिया, आहारक, चारण और क्षीरस्रावित्वादिक ऋद्धि होती है परंतु ये वीतराग होनेसे उनका उपयोग करते नहीं. इनको अवधिज्ञान और मनःपर्यज्ञान होता है. कितनोंहीको केवलज्ञान भी होता है. जो केवली होते हैं वे नियमसे मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं।

एवमथालंदादिकं प्रतिपद्य चारित्रविधिं मयोत्साहः कर्तव्य इति विचारयति—

एवं विचारयित्ता सदि माहप्पे य आउगे असदि ॥
अणिगूहिदबलविरिओ कुणदि मदिं भत्तवोसरणे ॥ १५६ ॥

सत्येव स्मृतिमाहात्म्ये विचार्य सति जीविते ॥
भक्तत्यागे मतिं धत्ते बलवीर्यनिगूहकः ॥ १५८ ॥

विजयोदया—एवं विचारयित्वा—एवमुक्तेन प्रकारेण । विचारयित्वा विचार्य । सदिमाहप्पे य स्मृतिमाहात्म्ये च । असदि आउगे आयुष्यसति दीर्घे । अणिगूहिदबलविरिओ असंवृतबलसहायं वीर्यं आहारदर्शनामाभ्यां कृतं बलं । कुणइ करोति । मइ मतिं । भत्तवोसरणे । भज्यते सेव्यते इति भक्तं आहारः । तस्य त्यागं आहारेण चिरमयसाधनेन शरीरस्थितिं चिरं कृत्वा स्वपरोपकारः कृतः । आयुष्यसंपे न शरीरमवस्थातुमलमाहारग्रहणेऽपि । तेन त्याज्यो मयाहारः इति भावोऽस्य । अत एव सूत्रकारेणेदमुक्तं दीहो परियाओ इति । अवशिष्टकालाल्पतामाख्यापनाय न केवलमायुषोऽल्पता एव भक्तत्यागमतेः कारणं, अपि तु अन्यदपीति ।

मूलारा—सदि माहप्पे स्मृतिमाहात्म्ये । जहा चरित्तसारो इत्यादिजिनागमरहस्योपदेशश्रवणादितत्संस्कारोद्बोधवशान्मरणान्तेऽवश्यमहं विधिना सल्लेखनां करिष्यामि इत्थंभूतायाः स्मृतेर्माहात्म्ये स्फारीभावे सति । न परमत्रैव । असदि आयुष्यसति च । ईषत् सत् असत् तस्मिन् असति । अल्पे सतीत्यर्थः ।

इस रीतीसे अथालंदादिक विधीको जानकर चारित्र धारण करनेमें मेरेको उत्साह करना योग्य है इसका विचार मुनि करते हैं—

अर्थ—उपर कहे हुए अथालंदादि चारित्रविधि का विचार कर चारित्र धारण करना ही आगम पढनेका सार है. मैं मरणसमयमें अवश्य सल्लेखना धारण करूंगा इस तरहका स्मृतिमाहात्म्य यदि आत्मामें स्फुरायमान होगा तो मुनि आहारका त्याग करनेमें बुद्धि लगाते हैं. अपना आयुष्य अब दीर्घ नहीं है यह भी

जब उसको मालुम पडता है तो वह आहारका त्याग करनेमें मतिको उद्युक्त करता है. उस समय आहार और व्यायामसे प्राप्त किया हुआ बल वह छिपाता नहीं है. धर्म साधनको सहायता प्रदान करनेवाले आहारसे मैंने शरीर धारण कर चिरकाल तक स्वपरोपकार किया है. परंतु जब आयुष्य थोडा रहता है तब शरीर, आहार ग्रहण करनेपर भी टिक नहीं सकता है. इस लिये मेरेको अब आहारका त्याग करनाही योग्य है. ऐसा वह मुनि विचार करता है. दीर्घकालतक मैंने यह मुनिपर्याय धारण किया है अब आयुष्य अल्प रहा है. यह आहार त्यागका कारण है ।

पुव्वुत्ताणण्णदरे सल्लेहणकारणे समुप्पण्णे ॥
तह चेव करिज्ज मदिं भत्तपइण्णाए णिच्छयदो ॥ १५७ ॥
संन्यासकारणे जाते पूर्वोक्तान्यतमे सति ॥
करोति निश्चितं बुद्धिं भक्तत्यागे तथैव सः ॥ १५९ ॥

विजयोदया—पुव्वुत्ताणण्णदरे पूर्वमुक्तानां ' वाहीव दुप्पसज्झा ' इत्यादीनां मध्ये अन्यतरस्मिन् । सल्लेहणकारणे सम्यक् कायकषायतनूकरणं सल्लेखना तस्याः कारणे वा । समुप्पण्णे समुपस्थिते । तह चेव तथैव च । यथाल्प आयुषि करोति भक्तत्यागे मतिं । तथैव णिच्छयदो भत्तपइण्णाए मदिं करेज्ज । निश्चयतो भक्तप्रत्याख्याने मतिं कुर्यात् । एतद्गाथाद्वयं सूत्रकारवचनम् ।

न केवलमायुषोऽल्पतैव भक्तत्यागमतेः कारणमपि तु तदन्यदपि इति दर्शयन्नाह--

मूलारा---यथा आयुष्यल्पे तथैवात्रापीत्यर्थः ।

आयुष्यकी अत्यल्पता ही आहार त्यागके प्रति कारण है ऐसा नहीं है किंतु और भी कारण है—

अर्थ— इसी ग्रंथमें आहारत्यागके दूसरे भी कारण पूर्वमें बताये हैं ' वाही व दुप्पसज्झा ' इत्यादि गाथामें कारणोंका उल्लेख किया है. जैसे असाध्य व्याधि होनेपर आहारका त्याग करना चाहिये वगैरह इन कारणोंमेंसे कोई कारण उपस्थित होनेपर सल्लेखना करनी चाहिये. शास्त्रोक्त विधि की अनुसार शरीर और कषायोंको कृश करना सल्लेखना है. जैसे अल्पायुष्य रहनेपर आहार त्याग करनेमें अपनी बुद्धि लगानी चाहिये उसी तरह

पूर्वोक्त कारण उपस्थित होने पर भी निश्चयसे भक्तप्रत्याख्यानमें—आहारके त्यागमें अपनी मतिको मुनि लगावें. उपर्युक्त दो गाथाओंमें सूत्रकारने अपना अभिप्राय व्यक्त किया है.

आराधकस्य मनःप्रणिधानं प्रदर्शयति—

जाव य सुदी ण णस्सदि जाव य जोगा ण मे पराहीणा ॥
जाव य सद्धा जायदि इंदियजोगा अपरिहीणा ॥ १५८ ॥

योगा यावन्न हीयंते यावन्नश्यति न स्मृतिः ॥
श्रद्धा प्रवर्तते यावद्यावदिंद्रियपाटवम् ॥ १६० ॥

विजयोदया—जाव य सुई ण णस्सदि यावत्स्मृतिर्न नश्यति । रत्नत्रयाराधनागोचरा अनुभूतविषयग्राहिणी तदित्थंभूतमिति प्रवर्तमाना स्मृतिरित्युच्यते मतिज्ञानविकल्पः । वस्तुयाथात्म्यश्रद्धानं, दर्शनं तथाथात्म्याधिगमो ज्ञानं, समता चारित्रमिति । श्रुतेमाधगते परिणामत्रये यदुपजायते स्मार्तज्ञानं तद्धि स्मृतिरित्युच्यते । स्मृतिमूलो व्यवहारः, स्मृतौ नष्टायां न स्यादिति, स्मृतिसद्भावकाल एव प्रारभ्या मया सल्लेखनेति चिन्त्यम् । जाव य यावच्च । जोगा योगाः आतापनादयः । ण मे पराहीणा न मे परायत्ताः शक्तिवैकल्यात् । विशिष्टेन तपसा निर्जरां विपुलां कर्तुकामस्य मम तपोऽतिचारं मा न भवतीति यावन्निरतिचारं इदं तपस्तावत्सल्लेखनां करोमीति कार्या चिंता । जाव य सद्धा जायदि यावच्छ्रद्धा जायते रत्नत्रयमाराधयितुं । ताव सगं मे काहमिति वक्ष्यमाणेन संबंधः । उपशमकारणकरणलब्धयो हि दुर्लभाः प्राणिनां सुलभा विद्यंत इव । मूलं तासां श्रद्धायाः, न च विनष्टा सा पुनर्लभ्यते । न च तामंतरेणातिशयवतामाहारत्यागः सुखेन संपद्यते । इंदियजोगा इंद्रियाणां चक्षुरादीनां रूपादिभिर्विषयैः संबंधा अपरिहीणा हीना न भवंति । एतच्चेंद्रियाणामपाटवे दर्शनश्रवणाभ्यां परिहार्योऽसंयमः कथं परिहियते । दृष्ट्वा श्रुत्वा स इदमयोग्यमिति वेत्ति नान्यथा ।

आराधकस्य प्रणिधानं प्रदर्शयन् गाथाचतुष्टयमाह—

मूलारा—सुदी स्मृतिः । सा चेह रत्नत्रयाराधनागोचरा । स्मृतिसद्भावकाल एव प्रारभ्या मया सल्लेखनेति भावः । जोगा आतापनादयः । पराहीणा परायत्ता स्युः शक्तिवैकल्यात् । यावन्निरतिचारं तप इति भावः । सद्धा रत्नत्रयाराधने रुचिः । जायदि उत्पत्तेर्विना भवति । उपशमकालकरणलब्धयो हि दुर्लभा इति भावः । इंदियजोगा चक्षुरादीनां इंद्रियाणां रूपादिभिः सह संबंधाः । दर्शनश्रवणमूलो दोषसंयमत्यागः ।

आराधकके चित्तकी एकाग्रताका वर्णन करते हैं.

अर्थ—रत्नत्रयाराधनाको विषय करनेवाला, अनुभूत विषय जो रत्नत्रय उसको जाननेवाला, और जिसमें 'वह' इस शब्दसे ज्ञानाकार प्रदर्शित किया जाता है ऐसे ज्ञानको स्मृति कहते हैं. यह स्मृति मतिज्ञानका एक भेद है. वस्तुके यथार्थ स्वरूपपर श्रद्धान होना उसको सम्यग्दर्शन कहते हैं. वस्तुके यथार्थ स्वरूपको जानलेना सम्यग्ज्ञान है. और रागद्वेषाभावरूप समताको चारित्र बोलते हैं. इस रत्नत्रयका शास्त्रोंसे स्वरूप जाननेपर सम्यग्दर्शनरूप, सम्यग्ज्ञानरूप और चारित्र रूप तीन प्रकारके परिणाम आत्मामें उत्पन्न होते हैं. इस परिणामत्रय संबंधी जो स्मरणात्मक ज्ञान उत्पन्न होता है उसको इस प्रकरणमें स्मृति कहना चाहिये. जितना जगत्का व्यवहार चल रहा है उसको स्मृतिही कारण है. स्मृतिका नाश होनेपर जगद्व्यवहार नष्ट होगा. यह बात ध्यानमें रखकर स्मृतिज्ञान है तबतक ही मेरेको सल्लेखना धारण करना योग्य है ऐसा विचार करना चाहिये. जबतक मेरेमें आतापनादि योग धारण करनेका सामर्थ्य शरीरमें है तबतक मैं सल्लेखना करूंगा. शक्ति कम हो जानेसे आतापनादि योग मैं कर नहीं सकूंगा तब सल्लेखना मेरेद्वारा निभाना कठिन हो जावेगा. शक्तिरहित होनेपर नाना प्रकारके तपोंसे मैं कर्मको निर्जीर्ण करूंगा ऐसी इच्छा करना व्यर्थ ही है. क्यों कि उस समय मेरे द्वारा जो तप किया जावेगा उसमें अतिचार उत्पन्न होंगे. तपमें अतिचार लगनेपर सल्लेखना कैसी सिद्ध होगी? अतः जबतक निरतिचार तप करनेमें मेरा सामर्थ्य है तबतक मैं सल्लेखना धारण करनेके लिये 'उद्युक्त होऊं' ऐसा मनमें विचार करना चाहिये. जबतक रत्नत्रयाराधन करनेमें मन श्रद्धायुक्त-उत्साहयुक्त है तबतक मैं सल्लेखना धारण करनेमें समर्थ होऊंगा ऐसा विचार साधु करे. प्राणिओंको उपशमलब्धि, काललब्धि और करणलब्धि इनकी प्राप्ति होना दुर्लभ है. विद्वान् मित्र जैसे प्राप्त होना दुर्लभ है. ये तीन लब्धियां श्रद्धाके मूलकारण हैं. श्रद्धा विनष्ट हो गई तो फिर उनकी प्राप्ति होना अतिशय दुर्लभ है. श्रद्धाके विना अतिशययुक्त मनुष्य भी आहारका त्याग सुखसे नहीं कर सकता है. जबतक इंद्रियां अपने विषयको ग्रहण करनेमें समर्थ हैं तबतक सल्लेखना धारण करना योग्य है. नेत्र और कर्ण अपने विषयको ग्रहण करनेमें असमर्थ होनेपर देखनेसे और श्रवण करनेसे जो असंयमका परिहार होता है वह कैसा होगा ? देखकर और सुनकर यह अयोग्य है ऐसा मुनि जानेंगे अन्यथा नहीं.

जाव य खेमसुभिक्खं आयरिया जाव णिज्जवणजोग्गा ॥
अत्थि तिगारवरहिदा णाणचरणदंसणविसुद्धा ॥ १५९ ॥

क्षेमं याचत्सुभिक्षं च संति नष्टास्त्रिगारवाः ॥
यावन्निर्यापका योग्या रत्नत्रितयसुस्थिताः ॥ १६१ ॥

विजयोदया—जाव य खेमसुभिक्खं यावच्च क्षेमसुभिक्षं, स्वचक्रोपद्रवस्य व्याधेर्मार्याश्चाभावः क्षेम इत्युच्यते । प्रचुरधान्यता सुभिक्षत्वम् । एतदुभयमंतरेण दुर्लभा निर्यापकाः, तानन्तरेण चतुष्काराधना । आयरिया जाव आचार्या यावत् । अत्थि सन्ति । कीदृग्भूता णिज्जवणजोग्गा निर्यापकत्वयोग्याः । तिगारवरहिदा गारवत्रयरहिताः ऋद्धिरस सातगुरुकाः ये न भवन्ति । ऋद्धिप्रियो ह्यसंयतमपि जनं निर्यापकत्वेन स्थापयति । स्वयं च नासंयमभीरुर्भवति । असंयमकारणं अनुमननं च न परिहरतीति । रससातगुरुकौ क्लेशासहौ आराधकस्य शरीरपरिकर्म कथं कुरुतः ? किं स्वयं सरागो वैराग्यं परस्य संसारभयेनेति न विरोधोऽस्ति । ज्ञानचारित्रदर्शनेषु विशुद्धाः निर्मलाः । जीवादिपदार्थतत्त्वगोचरता ज्ञानस्य विशुद्धिः । दर्शनस्यापि सम्यग्ज्ञानसहभाविता, अरक्तद्विष्टता च चारित्रशुद्धिः । शुद्धज्ञानचरणदर्शनशुद्धाः ज्ञानदर्शनचारित्रशुद्धा भण्यंते । यथा प्रकृष्टशुक्लगुणयोगात्शुक्लतम इत्युच्यते पटादिः ॥

मूलारा—क्षेमं स्वचक्रपरचक्रोपद्रवमारिरोगाभावः । सुभिक्खं प्रचुरधान्यता । तद्द्वयं हि विना निर्यापका दुर्लभाः स्युः । णिज्जवणजोग्गा णिज्जवणं संसारार्णवान्निर्यातः प्रयोजकत्वं । तत्र योग्याः समर्थाः । तिगारवरहिया ऋद्धिरससातगुरुका ये न स्युः । ऋद्धिप्रियो ह्यसंयतमपि जनं निर्यापकत्वेन स्थापयति । स्वयं वा नासंयमाद्भिभेति । नाप्यसंयमकारिणीमनुमतिं त्यजति । रससातगुरुकौ तु क्लेशासहौ कथमाराधकस्य कायपरिकर्म कुरुतः ।

अर्थ—जबतक देशमें क्षेम और सुभिक्ष हैं तबतक शरीरका त्याग करना मेरे लिए योग्य अवसर है. अपने देशके सैन्यसे उपद्रव न होना, और किसी रोगसे और मारी रोगसे देश पीडित न होना ऐसी अवस्थाको क्षेम कहते हैं. और देशमें धान्यकी समृद्धि होना सुभिक्षता है. देशमें ये दोनो परिस्थितियां जबतक हैं तबतक सल्लेखना धारण करना श्रेयस्कर है. क्षेम और सुभिक्षताके अभावमें निर्यापकोंकी प्राप्ति होना दुर्लभ होता है इसलिए सल्ले-

१ इत आरभ्य ' ताव खमं ' ' एवं सदि परिणामो ' ' संजम साधणमेत्तं ' इति गाथात्रयं सव्याख्यं खपुस्तके नष्टमिति ।

खनाके लिए इन तीनोंकी आवश्यकता है. इन तीनोंका अभाव होनेपर रत्नत्रयाराधना और तपआराधनाकी सिद्धि होना दुर्लभ है. निर्यापकत्वके योग्य आचार्य जबतक देशमें विद्यमान हैं तबतक सल्लेखना करना चाहिए. ऋद्धिगारव, रसगारव, और सातगारव इनसे रहित आचार्य हो तो उनसे सल्लेखना की सिद्धि मुनि कर सकते हैं. जिनको ऋद्धि प्रिय है ऐसे आचार्य असंयत पुरुषको भी निर्यापक पदमें स्थापेंगे. स्वयं भी असंयमसे भययुक्त न होंगे. असंयमके कारणभूत अनुमोदनका उनसे परिहार होना असंभवनीय होता है. जो आचार्य रसप्रिय और सुखप्रिय हैं वे स्वयं क्लेश सहन करना नहीं चाहते हैं. अतः वे आराधकके देहकी शुश्रूषा कैसी करेंगे ? स्वयं सरागी आचार्य आराधकमें वैराग्यके भाव उत्पन्न करेंगे यह निश्चय नहीं है. जो आचार्य ज्ञान, दर्शन और चारित्र को निरतिचारतया पालते हैं उनसे ही आराधककी सल्लेखना सधेगी जो जीवादि पदार्थोंके यथार्थस्वरूप को पहिचानता है वही ज्ञान विशुद्ध समझना चाहिये. दर्शन भी सम्यग्ज्ञान का साथी होता है. रागद्वेषका अभाव होनेसे चारित्रमें निर्मलता आती है. अर्थात् निर्मल रत्नत्रयधारक आचार्य से ही आराधक सल्लेखना धारण कर सकता है अन्यथा नहीं.

ताव खमं मे कादुं सरीरणिक्खेवणं विदुपसत्थं ॥
समयपडायाहरणं भत्तपइण्णाणियमजण्णं ॥ १६० ॥

तावन्मे देहनिक्षेपः कर्तुं युक्तो बुधेहितः ॥
भक्तत्यागो मतः सूत्रे व्रतयज्ञो ध्वजग्रहः ॥ १६२ ॥

विजयोदया—ताव खमं मे काउं । तावद्युक्तं कर्तुं मम । किं ? सरीरणिक्खेवणं शरीरनिक्षेपणं शरीरत्यजनं । विदुपसत्थं विद्वज्जनस्तुतं आत्महितत्वात् । समयपडायाहरणं समयः सिद्धांतः तस्मिन् कीर्तिता पताका आराधना पताकेव पताका उपमार्थः । यथा पताका वस्त्रादिरचिता जयादिकं प्रकटयति । एवमियं आराधनापि भवनिर्मुक्तिं प्रकटयति । तस्या हरणं ग्रहणं । भत्तपइण्णं भक्तप्रत्याख्यानं नियमजण्णं व्रतयज्ञं । ननु शरीरत्यागोऽन्यः, अन्यज्ञानं, श्रद्धानं, तपःसु परिणतिरन्यान्यद्भक्तत्यजनं, अन्यानि च व्रतानि तत्कथं सामानाधिकरण्यनिर्देशः ? अत्रोच्यते-प्रत्येकमभिसंबंधः कार्यः । ताव खमं मे काउं इत्येतेन शरीरनिक्षेपणं इत्यादीनां । ततोऽयमर्थः--शरीरत्यजनं, सम्यग्दर्शनादिपरिणमनं, भक्तप्रत्याख्यानं, व्रतयज्ञश्च तावत्कर्तुं अयुक्तमिति ।

मूलारा—खर्गं क्षमं युक्तं । णिक्खेवणं त्यजनं । विदुषसत्थं विद्वज्जनसंस्तुतं स्वहितत्वात् । समयपडायाहरणं पताकेव पताका आराधनोच्यते । भाविन्या मुक्तेर्जयश्रियः प्रकटनात् । समये सिद्धान्ते कीर्तिता पताका तस्या हरणं ग्रहणं । णियमजणणं व्रतयज्ञं शरीरत्यजनं । सम्यग्दर्शनादिपरिणमनं भक्तप्रत्याख्यानं । व्रतयज्ञश्च तावत्कर्तुं युक्तः । किंविशिष्टस्तौ ? शरीरणिक्खेवणं देहगमनत्वत्यागहेतुकत्वात् । पुनः किंविशिष्टा समयपडायाहरणं । मरणे आराधना परिणतेस्तस्याध्यत्वात् । अत एव सा व्रतयज्ञः समीहितार्थसाधकं व्रतम ।

अर्थ—उपर्युक्त कारणोंका सद्भाव होनेपर शरीरका त्याग करना मरेको योग्य है और यह आत्महितका करनेवाला होनेसे विद्वज्जन इसकी प्रशंसा करते हैं. यह शरीरका त्याग अर्थात् सल्लेखनाराधना आगममें जयपताकाके समान माना है. जैसे पताका वस्त्रादिसे रची जाती है और वह जयादिकको व्यक्त करती है वैसे यह आराधना भी संसारसे मुक्तता की सूचक होती है. उपर्युक्त कारण के सद्भावमें शरीरका त्याग करना मानो हाथमें आराधना पताका धारण करना है. यह भक्तप्रत्याख्यान अर्थात् आहारत्याग व्रतयज्ञ है. शंका—शरीरत्याग भिन्न है, ज्ञानगुण भिन्न है श्रद्धा, चारित्र और तपमें परिणति ये बातें भी भिन्न ही हैं और आहार का त्याग करना उनसे भिन्न है और व्रत भी भिन्न है अतः भक्तप्रत्याख्यानके साथ इनकी समानाधिकरणता कैसी सिद्ध होगी ? 'ताव खमं मे कादुं' इस वाक्यसे शरीरनिक्खेवणं इत्यादिकोंका संबन्ध करना चाहिये ऐसा करनेसे समानाधिकरणता सिद्ध होगी. इसका अभिप्राय यह है—जबतक उपर्युक्त कारणोंका सद्भाव न होगा तबतक शरीरत्याग, सम्यग्दर्शनादिरूपसे परिणमन, आहारोंका त्याग और व्रतयज्ञ करना अयोग्य होगा.

व्यावर्णितस्य परिणामस्य गुणमाहात्म्यकथनायोत्तरगाथा—

एवं सदिपरिणामो जस्स दढो होदि णिच्छिदमदिस्स ॥
तिव्वाए वेदणाए वोच्छिज्जदि जीविदासा से ॥ १६१ ॥

एवं स्मृतिपरिणामो निश्चितो यस्य विद्यते ॥
तीव्रायामपि बाधायां जीविताशास्य नश्यति ॥ १६२ ॥
इति पर्यायसूत्रम् ॥

विजयोदया—एवं लब्धिपरिणामो व्याख्यातस्मृतिपरिणामो यस्माज्ज्ञानमेव परिणामः । जस्स दढो होज्ज यस्य स्मृतेर्दृढो भवेत् । णिच्छियमदिस्स निश्चितमतेः । करिष्याम्येव शरीरनिक्षेपणं इति कृतनिश्चयस्य । जीविदासा योच्छिज्जइ जीविते आशा व्युच्छिद्यते । तिव्वाए वेदणाए तीव्रायामपि वेदनायामुदीर्णायां एतत्प्रतीकारं कृत्वा जीवामीति चिंता न भवति । सेन तस्येति जीविताशाव्युच्छेदो गुणः सूचितः । परिणामं गदं ।

मूलारा —लब्धिपरिणामो स्मृतेपरिणामः । णिच्छिदमदिस्स करिष्याम्येव कायत्यागादिकमिति कृतनिश्चयस्य । जीविदासा एतत्प्रतिकारं कृत्वा जीवामीति चिंता । सेन तस्य । परिणामः । सूत्रतः । ७ । अंकतः ८ ॥

जिसका वर्णन पूर्व गाथामें किया है ऐसे परिणामके गुणमहात्म्यका वर्णन इस गाथामें आचार्य कहते हैं—

अर्थ—मैं शरीरका त्याग करूंगा ही ऐसा जिसने निश्चय किया है उस मुनिका स्मृति परिणाम उपर्युक्त विचारसे दृढ हो जाता है. तब तीव्र वेदना उत्पन्न होनेपर भी इसका इलाज कर मैं पुनः जीऊंगा ऐसी चिंता उसके मनमें उत्पन्न नहीं होती है. उसकी जीनेकी इच्छा नष्ट होती है. अतः इस स्मृति परिणाममें जीविताशाका नाश करनेवाला गुण है ऐसा समझना चाहिए. परिणाम गुणका वर्णन हुआ.

उपधि त्यजति इति पदं व्याचष्टे ग्रन्थेन—

संजमसाधणमेत्तं उवधिं मोत्तूण सेसयं उवधिं ॥
पजहदि विसुद्धलेस्सो साधू मुत्तिं गवेसन्तो ॥ १६२ ॥
उपधिं मुंचतेऽशेषं मुक्त्वा संयमसाधकम् ॥
मुमुक्षुर्मृगयन्मुक्तिं शुद्धलेश्यो महामनाः ॥ १६४ ॥

विजयोदया—संजमसाहणमेत्तं-संयमः साध्यते येनोपकरणेन तावन्मात्रं कमंडलुपिच्छमात्रं । उवधिं परिग्रहं मोत्तूण मुक्त्वा । सेसयं अवशिष्टं । उवधिर्नाम पिच्छान्तरं कमण्डल्वन्तरं वा तदानीं संयमसिद्धौ न करणमिति संयमसाधनं न भवति । येन सांप्रतं संयमः साध्यते तदेव संयमसाधनं अथवा ज्ञानोपकरणं अवशिष्टोपधिरुच्यते । पजहदि प्रकर्षेण योगत्रयेण त्यजति । विसुद्धलेस्सो विशुद्धलेश्यः । साहू साधुः । मुत्तिं मुक्तिं कर्मणामपायं । गवेसंतो मृगयन् लोभकषायेणाननुरंजिता योगवृत्तिरिह विशुद्धलेश्या गृहीता । सा परिग्रहत्यागे प्रवर्तयत्यात्मानमिति ॥

अथोपधित्यागमाराधकस्य विधेयतया गाथानवकेनोपदिशति तत्र चादौ द्रव्योपधित्यागं गाथाद्वयेनाह—

मूलारा—संजमसाधणमेत्तं कमंडलुपिच्छमात्रं । सेसयं पिच्छात्मारकमण्डलुव्यतिरिक्तं । तदानीमन्यस्य संयमसाधनत्वाभावात् । अथवा पुस्तकादिकं शेषशब्देनोच्यते । पजहदि योगत्रयेण त्यजति । विसुद्धलेस्सो लोभकषायानुरंजितयोगप्रवृत्तिकः ॥

उपधि व जहण इन दो पदोंका आगेके प्रबंधसे ग्रंथकार वर्णन करते हैं—

अर्थ जिस उपकरणसे संयम साध्य होता है उतना ही परिग्रह छोडकर बाकीका परिग्रह विशुद्ध लेश्यावान् और कर्मके अपायका अन्वेषण करनेवाला साधु योगत्रयसे छोडता है. तात्पर्य—सल्लेखनाके समय साधुकी योगप्रवृत्ति लोभकषायसे अनुरंजित नहीं होती है. अतः वह एकही पिच्छिका और एकही कमंडलु रखता है. क्योंकि उससे ही उसका संयमसाधन होता है. दूसरा कमंडलु और दूसरी पिच्छिका उसको संयमसाधनमें कारण नहीं है. जिससे सल्लेखना के समयमें संयम सिद्ध होता है वही परिग्रहत्यागक है. अवशिष्ट ज्ञानोपकरण शास्त्र भी उस समय परिग्रह माना गया है. उनका भी वह साधु त्याग करता है. उसकी निर्लोभवृत्ति उस समय सर्व परिग्रहोंका त्याग कराती है.

वसत्यादिकं तर्हि त्याज्यतया नोपदिष्टमिति आशंकिते तत्त्यागमुपदिशति—

अप्पपरियम्म उवधिं बहुपरियम्मं च दोवि वज्जेइ
सेज्जा संथारादी उस्सग्गपदं गवेसंतो ॥ १६२ ॥

साधुर्गवेषयन्मुक्तिं शुद्धलेश्यो महामनाः ॥
विमुंचत्युपधिं सर्वमल्पानल्पपरिक्रियम् ॥ १७४ ॥

विजयोदया—अप्पपरियम्म उवधिं अल्पपरिकर्म निरीक्षणप्रमार्जनविधूननादिकं यस्मिन्नं परिग्रहे । बहु

महत् परिकर्म यत्र तं च । दो वि ह्यावपि वज्जेदि वर्जयति मनोवाक्कायैः । सेज्जासंथारादी वसतिसंस्तरादिकं । उस्सग्गपदं उत्सर्जनं त्यागः तदेव पदं । परिग्रहत्यागपदान्वेषणकारीति यावत् । गाथाद्वयेनातिक्रांतेन द्रव्योपधित्यागो व्याख्यातः । इयता परिसमाप्तः परिग्रहत्यागः ।

मूलारा—परियम्मं निरीक्षणप्रमार्जनाविधूननादिकम् । उस्सग्गपदं परिग्रहपरित्यागस्थानं ।

संस्तर वगैरह त्याज्य है ऐसा नहीं कहा होगा ऐसी शंका की जाने पर आचार्य उनके त्यागका उपदेश करते हैं—

अर्थ—जिसमें अल्प परिकर्म है अर्थात् निरीक्षण करना, स्वच्छ करना, झटकना इत्यादि क्रिया जिसमें थोडी करनी पडती है और जिसमें उपर्युक्त क्रिया अधिक करनी पडती है ऐसे दो प्रकारके भी परिग्रह मन, वचन और कायसे साधु त्यागते हैं. क्योंकि परिग्रहत्यागका वे अन्वेषण करनेमें तत्पर रहते हैं. इस लिये वसतिका और शय्याका भी त्याग वे करते हैं.

पंचविहं जे सुद्धिं अपाविदूण मरणमुवणमन्ति ॥
पंचविहं च विवेगं ते खु समाधिं ण पावेन्ति ॥ १६५ ॥

औत्सर्गिकपदान्वेषी शय्यासंस्तरकादिकम् ॥
पंचधा शुद्धिमप्राप्य ये विवेकं च पंचधा ॥ १६६ ॥
विपद्यंते समाधिं ते लभंते न विमोहिनः ।

विजयोदया—पंचविहं जे सुद्धिं इत्यादिना किं प्रतिपाद्यते पूर्वमसूचितमिति । अत्रोच्यते—योग्योपादनमेवायोग्यत्यागस्तत्परिहार इत्युपधित्याग एवाख्यायते उत्तरग्रंथेनापि ॥ पंचविहं पंचप्रकारां । सुद्धिं शुद्धिं । अपाविदूण अप्राप्य । जे ये । मरणं मृतिं । उवणमंति प्राप्नुवंति । पंचविहं च विवेगं विवेकं परिहरणं पृथग्भावं अप्राप्य मृतिमुपयान्ति । खु शब्द एवकारार्थः स च क्रियापदात्परतो योज्यः । समाधिं न प्राप्नुवंत्येवेति । उपधिपरित्यागाभावे समाध्यभावो दोष आख्यातः ।

मूलारा—सुद्धिं नैर्मल्यं । उवणमंति प्राप्नुवंति । विवेगं पृथग्भावं । अन्वयेनाह—

अर्थ—पांच तरहकी शुद्धिको प्राप्त न करके जो साधु मरण करते हैं, तथा पांच प्रकारके विवेकको भी

आश्वासः

आश्रय न लेकरही जो साधु मरते हैं वे समाधिको प्राप्त होते नहीं हैं,

'पंचविहं जे सुद्धिं' इत्यादि सूत्रसे कोनसा विषय आचार्य कहते हैं ? पूर्वमें न कहा हुआ विषय दिखाते हैं क्या ? इसका उत्तर आचार्य देते हैं. योग्यका ग्रहण करना ही अयोग्यका त्याग है. अतः आगेके सूत्रोंसे भी परिग्रह त्यागका ही वर्णन किया है ऐसा समझना.

पंचविहं जे सुद्धिं पत्ता णिखिलेण णिच्छिदमदीया ॥
पंचविहं च विवेगं ते हु समाधिं परमुवेंति ॥ १६५ ॥

शुद्धिं ये पंचधा प्राप्ता ये विवेकं च पंचधा ॥
सर्वत्र निश्चितस्वान्ताः समाधिमुपयान्ति ते ॥ १६७ ॥

विजयोदया—के समाधिं प्राप्नुवंतीत्यत्र आह-पंचविहं पंचविधां जे सुद्धिं पत्ता ये शुद्धिं प्राप्ताः । णिखिलेण साकल्येन। णिच्छिदमदीगा निश्चितमतयः । पंचविहं पंचविधं च विवेगं विवेकं ते हु समाधिं परमुवेंति। ते स्फुटं समाधिं परमुपयांति।

मूलारा—णिखिलेण साकल्येन ।

अर्थ—समाधि किनको प्राप्त होती है इसका उत्तर आचार्य महाराजने इस गाथामें दिया है—जो साधु पूर्णतया निश्चित मतिको प्राप्त हो गये हैं अर्थात् शरीरत्याग करनेका जिन्होंने दृढ निश्चय किया है, जिन्होंने पांच प्रकारकी शुद्धिका और पांच प्रकारके विवेकका आश्रय किया हैं वे समाधिको प्राप्त होते हैं. उपाधिका यदि त्याग न किया हो तो समाधिकी—मनकी एकाग्रताकी प्राप्ति नहीं होती है.

का एषा पंचविधा शुद्धिरित्याह—

आलोयणाए सेज्जासंथारुवहीण भत्तपाणस्स ॥
वेज्जावच्चकराण य सुद्धी खलु पंचहा होइ ॥ १६६ ॥

शुद्धिरालोचना शय्या संस्तरोपधिगामिनी ॥
वैयावृत्यकराहारपानजाता च पंचधा ॥ १६८ ॥

विजयोदया—आलोयणाए आलोचनायाः शुद्धिः । शय्यासंस्तरयोः या शुद्धिः, उपकरणशुद्धिः, भक्तपानशुद्धिः, वैयावृत्यकरणशुद्धिरिति पंचविधा । मायामृषारहितता आलोचनाशुद्धिः । मनोगतवक्रता माया । व्यलीकता चासौ मृषा । मायाकषायः स च परिग्रहः ' चत्तारि तह कसाया ' इति वचनात् । मृषा कथं परिग्रहः इति चेत् उपधीयते अनेनेत्युपधिरिति शब्दव्युत्पत्तौ उपधीयते उपादीयते कर्म अनेन व्यलीकेनेत्युपधिरित्युच्यते । यत्र यस्यादरः कर्महेतौ तत्सर्वमुपधिरेवेति भावः । उद्गमोत्पादनैषणादोषरहितता ममेदं इत्यपरिग्राह्यता च वसतिसंस्तरयोः शुद्धिस्तामुपगतेन उद्गमादिदोषोपहतयोर्वसतिसंस्तरयोस्त्यागः कृत इति भवत्युपधित्यागः । उपकरणादीनामपि उद्गमादिरहितता शुद्धिस्तस्यां सत्यां उद्गमादिदोषदुष्टानां असंयमसाधनानां ममेदं भावमूलानां परिग्रहाणां त्यागोऽस्त्येव । संयतैर्वयावृत्यक्रमज्ञता वैयावृत्यकारिशुद्धिः सत्यां तस्यां असंयता अक्रमज्ञाश्च न मम वैयावृत्यकरा इति स्वीक्रियमाणास्त्यक्ता भवंति ।

कथं वैयावृत्यशुद्धिरित्यत्र —

मूलारा—मायामृषारहितता आलोचनायाः शुद्धिः । उद्गमादिदोषरहितत्वं ममेदमित्यपरिग्राह्यता च वसति संस्तरोपक्रमणादीनां । संयतत्वं क्रमज्ञता च वैयावृत्यकराणां । मायादित्यागश्चांतरंगसंगत्याग एव ।

अर्थ—आलोचनाकी शुद्धि, शय्या और संस्तरकी शुद्धि, उपकरणोंकी शुद्धि, भक्तपानशुद्धि, वैय्यावृत्यकरण शुद्धि ऐसी शुद्धि पांच प्रकारकी है.

आलोचना शुद्धि, माया और असत्यभाषणका त्याग करना यह आलोचनाशुद्धि है. मनमें कपट विचार रहना यह माया है. असत्य भाषणको मृषा कहते हैं. माया यह एक कषाय है और वह परिग्रह है. ' चत्तारि तह कसाया ' इस वचनसे मायामें कषायपना सिद्ध है. असत्य भाषणको परिग्रह कैसे समझना ? उत्तर—असत्य भाषण भी उपधि-परिग्रह है क्योंकि ' उपधीयते उपादीयते कर्म अनेन व्यलीकेनेत्युपधिरित्युच्यते ' इस असत्य भाषणसे कर्मग्रहण होता है अतः इसको भी उपधि परिग्रह-ऐसा नाम अन्वर्थक है. कर्मग्रहणको कारणभूत जिस पदार्थमें जिसका आदर है वह सर्व उसके लिये उपधि ही है.

वसतिसंस्तर शुद्धि—उद्गम, उत्पादन, एषणा दोषोंसे रहित होकर यह मेरा है ऐसा भाव वसतिका में और संस्तरमें होना यह वसतिसंस्तर शुद्धि है. इस शुद्धिको जिसने धारण किया है उसने उद्गम उत्पादनादिदोष युक्त वसतिका और संस्तरका त्याग किया है ऐसा समझना चाहिये. इसलिये इसमें भी उपधित्याग सिद्ध हुआ है. पिंछीकमंडलु वगैरे उपकरण भी उद्गमादिदोषरहित हो तो वे शुद्ध हैं. उद्गमादि दोषसे अशुद्ध उपकरण असंयमके

साधन हो जाते हैं, उसमें ये मेरे हैं ऐसा भाव उत्पन्न होता है अतः वे परिग्रह हैं. उनका त्याग करना यह उपकरण शुद्धि है.

वैयावृत्यकरणशुद्धि—साधुजनकी वैयावृत्यकी पद्धति जान लेना यह वैयावृत्य करनेवालोंकी शुद्धि है. यह शुद्धि होनेसे असंयत लोक अक्रमज्ञ लोक ये मेरा वैयावृत्य करनेवाले नहीं हैं ऐसा समझकर त्यागे जाते हैं.

अहवा दंसणणाणचरित्तसुद्धी य विणयसुद्धी य ॥
आवासयसुद्धी वि य पंच वियप्पा हवदि सुद्धी ॥ १६७ ॥
दर्शनज्ञानचारित्रविनयावश्यकाश्रया ॥
अथवा पंचधा शुद्धिर्विधेया शुद्धबुद्धिना ॥ १६७ ॥

त्रयोदशः उद्देशः अथवा दंसणणाणचरित्तसुद्धी य, विनयसुद्धी य, आवासयसुद्धी वि य आवश्यकशुद्धिश्चेति पंचविकल्पा हवदि सुद्धी शुद्धिर्भवति । निःशंकितत्वादिगुणपरिणतिर्दर्शनशुद्धिः तस्यां सत्यां शंकाकांक्षाविचिकित्सादीनां अशुभपरिणामानां परिग्रहाणां त्यागो भवति । काले पठनमित्यादिका ज्ञानशुद्धिः, अस्यां सत्यां अकालपठनाद्याः क्रिया ज्ञानावरणमूलाः परित्यक्ता भवंति । पंचविंशतिभावनाश्चारित्रशुद्धिः सत्यां तस्यां अनिगृहीतमनःप्रचारादिशुभपरिणामो ऽभ्यंतरपरिग्रहस्त्यक्तो भवति । दृष्टफलानपेक्षिता विनयशुद्धिः । तस्यां सत्यामुपकरणादिलोभो निरस्तो भवति । मनसावद्ययोगनिवृत्तिः जिनगुणानुरागः वंद्यमानश्रुतादिगुणानुवृत्तिः, कृतापराधविषया निंदा, मनसा प्रत्याख्यानं, शरीरासारानुपकारित्वभावना, चेत्यावश्यकशुद्धिरस्यां सत्यां अशुभयोगो जिनगुणानुरागः श्रुतादिमाहात्म्येऽनादरः, अपराजुप्सा, अप्रत्याख्यानं, शरीरममता चेत्येमी दोषाः परिग्रहनिराकृता भवन्ति ।

तमेव प्रकारांतरेणाह—

मूलारा:— दंसण इत्यादि निःशंकितत्वादिगुणपरिणतिर्दर्शनशुद्धिस्तस्यां सत्यां शंकाद्यशुभपरिणामानां परिग्रहाणां त्यागः स्यात् । एवं ज्ञानचारित्रयोरपि । दृष्टफलानपेक्षता विनयशुद्धिस्तस्यां सत्यां उपकरणादिलाभालाभो निरस्तः स्यात् । सावद्ययोगनिवृत्तिर्जिनगुणानुरागो, वंद्यमानश्रुतादिगुणानुवृत्तिः, कृतापराधविषया निंदा, मनसा प्रत्याख्यानं, शरीरासारतानुपकारित्वभावना चेत्यावश्यकशुद्धिरस्यां सत्यामशुभयोगादयो भावदोषाः परिग्रहा निरस्ता भवन्ति ।

अर्थ—अथवा दर्शनशुद्धि, ज्ञानशुद्धि, चारित्रशुद्धि, विनयशुद्धि और आवश्यकशुद्धि ऐसी पांच प्रकारकी शुद्धि है.

दर्शनशुद्धि—निःशंकित वगैरह गुणोंकी आत्मामें परिणति होना यह दर्शनशुद्धि है. यह शुद्धि होनेसे शंका, कांक्षा, विचिकित्सा वगैरह अशुभ परिणामरूपी परिग्रहोंका त्याग होता है.

ज्ञानशुद्धि --योग्य कालमें अध्ययन करना, जिससे अध्ययन किया है ऐसे गुरुका और शास्त्रका नाम न छिपाना इत्यादिरूप ज्ञानशुद्धि है. यह शुद्धि आत्मामें होनेसे अकालपठनादिक क्रिया जो कि ज्ञानावरण कर्मास्रवको कारण है त्यागी जाती है.

चारित्रशुद्धि--प्रत्येक व्रतकी पांच पांच भावनायें हैं. पांच व्रतोंकी पचीस भावनायें होती हैं इनका पालन करना यह चरित्रशुद्धि है. इन भावनाओंका त्याग होनेसे मन स्वच्छंदी होकर अशुभपरिणाम होते हैं. ये परिणाम अभ्यंतर परिग्रहरूप हैं. व्रतोंकी भावनाओंसे अभ्यंतर परिग्रहोंका त्याग होता है.

विनयशुद्धि--कीर्ति, आदर इत्यादि लौकिक फलोंकी इच्छा छोडकर साधर्मिकजन, गुरुजन इत्यादिकोंका विनय करना यह विनयशुद्धि है, इसके होनेसे उपकरणादि लोभका अभाव होता है.

आवश्यकशुद्धि--सावद्ययोगोंका त्याग, जिनगुणोंपर प्रेम, वंद्यमान आचार्यादि गुणोंका अनुसरण करना, किये हुए अपराधोंकी निंदा करना, मनसे अपराधोंका त्याग करना, शरीरकी असारता और अपकारीपनाका विचार करना यह सब आवश्यक शुद्धि है. यह शुद्धि होनेपर अशुभ योग, जिन गुणोंपर अप्रेम, आगम, आचार्यादि पूज्य पुरुषोंके गुणोंपर अप्रीति, अपराध करने परभी मन में पश्चात्ताप न होना, अपराध का त्याग न करना, और शरीरपर ममता करना ये दोष परिग्रहका त्याग करनेसे नष्ट होते हैं.

पंचविधविवेकप्रख्यापनायोद्यता गाथा-

इंदियकसायउवधीण भत्तपाणस्स चावि देहस्स ॥
एस विवेगो भणिदो पंचविधो दव्वभावगदो ॥ १६८ ॥
विवेको भक्तपानांगकषायाक्षोपधिश्रितः ॥
पंचधा साधुना कार्यो द्रव्यभावगतो द्विधा ॥ १७० ॥

विजयोदया-इंद्रियकसाय इति । इंद्रियविवेकः, कषायविवेकः, भक्तपानविवेकः, उपधिविवेकः, देहविवेकः इति विवेकः पंचप्रकारो निरूपितः पूर्वागमेषु । स पुनः पंचप्रकारोऽपि द्विविधः । द्रव्यकृतो भावकृत इति । रूपादिविषये चक्षुरादीनामादरेण कोपेन वा अप्रवर्तनं । इदं एतत्पश्यामि शृणोमीति वा । तथा तस्या निबिडकुचतटं पश्यामि, नितंबरोमराजिं वा विलोकयामि, पृथुतरं जघनं स्पृशामि, ललितं गीतं सावधानं शृणोमि, मुखकमलपरिमलं जिघ्रामि। बिंबाधरं समास्वादयामि इति वचनानुच्चारणं वा द्रव्यत इंद्रियविवेकः । भावत इंद्रियविवेको नाम जातेऽपि विषयविषयिसंबंधे रूपादिगोचरस्य विज्ञानस्य भावेंद्रियाभिधानस्य रागकोपाभ्यां विवेचनं, रागकोपसहचारिरूपादिविषयमानसज्ञानापरिणतिर्वा । द्रव्यतः कषायविवेको नाम कायेन वाचा चेति द्विविधः । भ्रूलतासंकोचनं, पाटलेक्षणता, अधरदशनं, शस्त्रनिकटीकरणं, इत्यादिकायव्यापाराकरणं । हन्मि, ताडयामि, शूलारोपयामि इत्यादिवचनाप्रयोगश्च । परपरिभवादिनिमित्तचित्तकलंकाभावो भावतः क्रोधविवेकः । तथा मानकषायविवेकोऽपि वाक्कायाभ्यां द्विविधः । गात्राणां स्तब्धताकरणं, शिरस उन्नमनं, उच्चासनारोहणादिकं च यन्मानसूचनपरं तस्य कायव्यापारस्याकरणं । मत्तः को वा श्रुतपारगः सुचरितः सुतपोधनश्चेति वचनाप्रयोगश्च । एवमेवैतेभ्योऽहं प्रकृष्ट इति मनसाहंकारवर्जनं भावतो मानकषायविवेकः । वाक्कायाभ्यां मायाविवेको द्विप्रकारः । अन्यं ब्रुवत इदान्यस्य यद्वचनं तस्य त्यागो मायोपदेशस्य वा, मायां न करोमि न कारयामि, नाभ्युपगच्छामि इति वा कथनं वाचा मायाविवेकः । अन्यत्कुर्वत इदान्यस्य कायेनाकरणं कायतो मायाविवेकः । लोभकषायविवेकोऽपि द्विविधः । यत्रास्य लोभस्तदुद्दिश्य करप्रसारणं, द्रव्योद्देशानपायिता, तदुपादातुकामस्य कायेन निषेधनं हस्तसंज्ञया निवारणं, शिरश्चालनया वा एतस्य कायव्यापारस्य अकरणं कायेन लोभविवेकः । शरीरेण वा द्रव्यानुपादानं एतन्मदीयं वस्तुग्रामादिकं वा अहमस्य स्वामीति वचनानुच्चारणं वा लोभविवेकः । नाहं कस्यचिदीशो न च मम किंचिदिति वचनं वा । ममेदंभावरूपमोहजपरिणामापरिणतिर्भावतो लोभविवेकः ।

विवेकं विवेचयति:—

मूलारा—रूपादिषु चक्षुरादीनां रागेण द्वेषेण वा अप्रवर्तनमिदं पश्यामीत्यादिरूपेणान्तर्विकल्पेन बाह्यव्यापारेण वा द्रव्यत इंद्रियविवेकः । भावतस्तु जातेष्वक्षार्थयोगे रूपादिज्ञानस्य भावेंद्रियाभिधानस्य रागद्वेषाभ्यां विवेचनं तत्सहचारिरूपादिविषयमानसज्ञानापरिणतिर्वा । द्रव्यतः कषायविवेको द्वेधा कायेन वाचा च । तत्र भ्रुकुट्याद्यकरणं कायिको, हन्मीत्याद्यनुच्चारणं च वाचिको द्रव्यतः क्रोधविवेकः । भावतस्तु परपरिभवादिनिमित्त चित्तकलंकाभावः । तत्र गात्रस्तब्धताद्यकरणं कायिकः । मत्तः कोऽन्यः श्रुतपारगामीत्याद्यभाषणं च वाचिको द्रव्यतो मानविवेकः । भावतस्त्वेतेभ्योऽहं प्रकृष्ट इति मनसाहंकारवर्जनं । मायाविवेको वाक्कायाभ्यां द्विविधः । स चान्यं ब्रुवत इदान्यस्य यद्वचनं तस्य त्यागो, मायोपदेशस्य वा मायां न करोमि न कारयामि, नाभ्युपगच्छामि इति वा कथनं

वाचिकः । अन्यत् कुर्वत इवान्यस्य कायेनाकरणं कायिकः । द्रव्यतो लोभविवेको यत्रास्य लोभस्तदुद्दिश्य करप्रसारणादिकः कायेन । ममेदमित्याद्यवचनं वाचा । भावतस्तु ममेदंभावरूपमोहजपरिणामापरिणतिः । वैयावृत्यकरैः सहासंवासः, कायेन मा कृध्वं वैयावृत्यं मया त्यक्ता यूयमिति वचनं वाचा तद्विवेकः ।

पांच प्रकारके विवेकोंका वर्णन करनेवाली गाथा—

अर्थ—इंद्रियविवेक, कषायविवेक, भक्तपानविवेक, उपधिविवेक, देहविवेक ऐसे विवेकके पांच प्रकार पूर्वागममें कहे हैं.

यह विवेक द्रव्यविवेक और भावविवेक ऐसा दो प्रकारका है.

इंद्रियविवेक—रूपादि विषयोंमें नेत्रादिक इंद्रियोंकी आदरसे अथवा कोपसे प्रवृत्ति न होना. अर्थात् यह रूप मैं देखता हूं. शब्द मैं सुन रहा हूं. इस रीतीसे प्रवृत्ति न होना. मैं उसके कठिन कुचतट—स्तन देखता हूं, मैं उस स्त्रीके नितंबको तथा वक्षस्थलके उपरकी रोमपंक्ति देखता हूं. उसके विस्तृत जघनका स्पर्श करता हूं. उसका मधुर गायन सावधान होकर सुनता हूं. उसके मुखकमलका सुगंध नाकसे ग्रहण करता हूं. उसके अधरोष्ठका रस पीता हूं. ऐसे वचनोंका उच्चारण न करना यह द्रव्यतः इंद्रियविवेक है.

भावइंद्रिय विवेक—स्पर्शादि विषय और स्पर्शनादि इंद्रिय इनका संबंध होने पर भी जो रूपादिका ज्ञान होता है उसको उपयोगात्मक भावेंद्रिय कहते हैं. यह ज्ञान होकर भी रागद्वेषसे भिन्न रहना इसको भावेंद्रिय विवेक कहते हैं. रागद्वेषसे युक्त ऐसी रूपादि विषयमें मानसिक ज्ञानकी परिणति न होना अर्थात् रूपादिकोंका ज्ञान होकर भी मन रूपादि विषयोंमें रागरूप अथवा द्वेषरूप परिणत न होना यह भी भावेंद्रिय विवेक है. द्रव्यतः कषाय विवेकके शरीरसे और वचनसे दो भेद होते हैं. भौंहें संकुचित करना, नेत्र लाल होना, ओष्ठदंश करना, शस्त्र हाथमें लेना, इत्यादि शरीरकी प्रवृत्ति न होना कायविवेक होता है.

मैं मारूंगा, ठोकूंगा, शूलपर चढाऊंगा इत्यादि वचनोंका प्रयोग न करना यह वचन विवेक है.

दूसरोंका पराभव करना, वगैरह के द्वेषपूर्वक विचार मनमें न लाना यह भावक्रोधविवेक है.

मानकषायविवेक भी वचन और शरीरके निमित्तसे दो प्रकारका है. शरीरके अवयव ताठ करना, मस्तकको ऊंचा करना, उच्चासन पर चढना वगैरह कृत्य मानसूचक है. शरीरके द्वारा ऐसी क्रिया न करना. मेरेसे

अधिक शास्त्र प्रवीण कौन है ? मेरेसे अधिक चारित्रका पालन किससे होता है ? मैं ही अच्छा तपस्वी हूं ऐसा मुखसे वचनप्रयोग न करना मैं इन मुनिओंसे उत्कृष्ट हूं ऐसा मनके द्वारा अभिमानको छोडना यह भाव मान कषाय विवेक है.

वचन और शरीरके निमित्तसे मायाविवेक दो प्रकारका है. एक विशिष्ट व्यक्तिके विषयमें बोलता हुआ भी मानो अन्यके विषयमें ही बोल रहा हूं ऐसा दिखाना यह वचनसे माया है ऐसी मायाका त्याग करना अथवा कपटका उपदेश न करना, किंवा मैं माया न करूंगा न कराउंगा, करनेवालोंको अनुमतिदान नहीं करूंगा इत्यादि वचनको वाचामायाविवेक कहते हैं.

शरीरसे एक कार्य करता हुआ भी मैं अन्यही कर रहा हूं ऐसा दिखाना यह शरीरकी माया है. इस मायाका त्याग करना कायमायाविवेक है.

लोभ कषाय विवेक-- जिस पदार्थ में लोभ है उसके तरफ अपना हाथ पसारना, जहां वह पदार्थ है वह स्थान सुरक्षित रखना, यदि कोई मनुष्य उस वस्तु को लेनेकी इच्छा करता हुआ दीखे तो शरीरसे निषेध करना, हाथ की सहनानी से मना करना अथवा मस्तक को हिलाकर निषेध करना इत्यादिक शरीरक्रिया न करना यह कायलोभ विवेक है. शरीरसे द्रव्य को न उठाना यह भी कायलोभ विवेक है. यह मेरी वस्तु है, ये ग्राम घर वगैरह पदार्थ मेरे हैं. मैं इनका स्वामी हूं ऐसा वचनोच्चार न करना यह भी वाचा लोभविवेक है. मैं किसीका स्वामी नहीं हूं. मेरी कुछ भी वस्तु नहीं ऐसा वचनोच्चार करना यह भी वाचा लोभ विवेक है. यह मेरा है ऐसी जो मोहसे उत्पन्न होनेवाली परिणति वह भावलोभ है परंतु इस परिणति को न होने देना यह भाव लोभविवेक है.

अहवा सरीरसेज्जा संथारुवहीण भत्तपाणस्स ॥
वेज्जावच्चकराण य होइ विवेगो तहा चेव ॥ १६९ ॥
सोऽथवा पंचधा शय्यासंस्तरोपधिगोचरः ॥
वैयावृत्यकराहारपानविग्रहसंश्रयः ॥ १७१ ॥

विजयोदया—अहवा अथवेति । विवेकः प्रकारांतरेणाधेयते । सरीरसेज्जासंथारुवहीणभत्तपाणस्स शरीरविवेकः । वसतिसंस्तरविवेकावुपकरणविवेकः, भक्तपानविवेकः । वेज्जावच्चकराण य वैयावृत्यकराणां च विवेको भवति । तहा चेव तथैव द्रव्यभावाभ्यां इति यावत् । तत्र शरीरविवेकः शरीरेण निरूप्यते । संसारिणः शरीराद्विवेकः कथमिति चेत् । शरीरेण स्वशरीरेण स्वशरीरोपद्रवापरिहरणं । शरीरं उपद्रवन्तं नरं तिर्यंचं देवं वा न हस्तेन निवारयति । मा कृथा ममोपद्रवमिति दंशमशकवृश्चिकभुजंगसारमेयादीन् हस्तेन, पिच्छादुपकरणेन, दंडादिभिर्वा नापसारयति । छत्रपिच्छकटकप्रावरणादिना वा न शरीररक्षां करोति । शरीरपीडां मा कृथा इत्यादिवचनं । मां पालयेति वा, शरीरमिदमन्यदचेतनं चैतन्येन सुखदुःखसंवेदनेन वाऽविशिष्टमिति वचनं वाचा विवेकः । वसतिसंस्तरयोर्विवेको नाम कायेन वसतावनासनं प्रागध्युषितायां । संस्तरे वा प्राक्तने अशयनं अनासनं । वाचा त्यजामि वसतिसंस्तरमिति वचनं । कायेनोपकरणानामनादानं, अस्थापनं क्वचिदरक्षा च उपधिविवेकः । परित्यक्तानीमानि ज्ञानोपकरणादीनि इति वचनं वाचा उपधिविवेकः । भक्तपानयोरनशनं वा कायेन भक्तपानविवेकः । एवंभूतं भक्तं पानं वा न गृह्णामि इति वचनं वाचा भक्तपानविवेकः । वैयावृत्यकराः स्वशिष्यादयो ये ये तेषां कायेन विवेकः तैः सहासंवासः । मा कृथा वैयावृत्यं इति वचनं, मया त्यक्ता यूयमिति वचनं । सर्वत्र शरीरादौ अनुरागस्य ममेदं भावस्य वा मनसा अकरणं भावविवेकः ॥

तमेव पुनर्भेद्यांतरेणाह—

मूलारा—द्रव्यभावाभ्यामित्यर्थः । तत्र द्रव्यतस्तावत् । स्वशरीरेण स्वशरीरोपद्रवापरिहरणं शरीरविवेकः । शरीरपीडां मम मा कृथा इति मां पालयेति वा अवचनं । शरीरमिदमन्यदचेतनमित्यादि वचनं वा वाचिकः । एवं कायेन प्रागध्युषितायां वसतावनासनं संस्तरे वा प्राक्तनेऽशयनमनासनं वा । वाचा त्यजामि संस्तरमिति वचनेन शय्यासंस्तर विवेकः । कायेनोपकरणानामनादानमस्थापनं क्वचिदरक्षा च । वाचा परित्यक्तानीमानि मयेति वचन सोपाधिकविवेकः । भक्तपानयोरनशनमपानं च कायेन भक्तपानविवेकः । एवंभूतं भक्तं पानं च न गृह्णामि इति वचनं वाचा तद्विवेकः । सर्वत्र शरीरादौ अनुरागस्य ममेदं भावस्य वा मनसा अकरणं भावविवेकः ।

अर्थ—विवेकके दूसरे प्रकारसे भी पांच भेद हैं वे इस प्रकार-शरीरविवेक, वसतिसंस्तरविवेक, उपकरण विवेक, भक्तपानविवेक और वैयावृत्यकर विवेक इन पांच भेदोंमें प्रत्येकके द्रव्य और भाव ऐसे दो दो भेद होते हैं.

शरीरविवेक—अपने शरीरको कुछ उपद्रव होने लगा तो वह अपने शरीरसे दूर न करना, शरीरको उपद्रव देनेवाले मनुष्य, तिर्यंच अथवा देवको अपने हाथसे दूर न करना, मेरेको उपद्रव मत करो ऐसा कह कर डास

मच्छर, विच्छु, सर्प, कुत्ते वगैरह प्राणिओंको वह हस्तसे दूर करता नहीं है. पिच्छिकादि उपकरणसे अथवा दंडादिकोंसे हटाता नहीं है, छत्र, पिच्छिका, चटाई, प्रावरण वगैरहसे वह अपने शरीरकी रक्षा नहीं करता है. शरीरको तुम पीडा मत करो इत्यादिवचन वह कहता नहीं है. अथवा मेरा रक्षण करो ऐसा वचन वह कहता नहीं है. यह शरीर आत्मासे भिन्न है, अचेतन है, यह चैतन्यसे अथवा सुखदुःखानुभवनसे अविशिष्ट है अर्थात् रहित है यह वाचा विवेक है.

वसतिसंस्तरविवेक—जिस वसतिकामें पूर्व कालमें निवास किया था उसमें निवास न करना, पूर्व संस्तरमें–शय्यामें न सोना, अथवा न बैठना, मैं वसतिका और संस्तरका त्याग करूंगा ऐसा बोलना.

उपकरण विवेक—शरीरके द्वारा उपकरणोंको ग्रहण न करना, उनको स्थापन न करना, और उनका रक्षण न करना, यह उपधिविवेक है. मैंने ज्ञानोपकरणादिक उपकरणोंका त्याग किया है ऐसा वचन बोलना. यह वाचा उपधिविवेक है.

भक्तपान विवेक—आहार और पीनेके पदार्थ ग्रहण नहीं करना यह शरीरके द्वारा भक्तपानविवेक है. इस तरहका आहार और पानी मैं ग्रहण न करूंगा, ऐसा वचन बोलना यह वाचा भक्तपानविवेक है.

वैयावृत्यकर विवेक—वैयावृत्य करनेवाले जो अपने शिष्यादिक हैं उनका शरीरसे त्याग करना अर्थात् उनके साथ सहवास छोड देना. तुम मेरी वैयावृत्य मत करो. मैंने तुम्हारा त्याग किया है ऐसा वचनके द्वारा बोलना.

सर्व शरीरादिक पदार्थोंपरसे प्रेमका त्याग करना अथवा ये मेरे हैं ऐसा भाव छोड देना यह भावविवेक है.

परिग्रहपरित्यागक्रमं उपदिशति—

सव्वत्थ दव्वपज्जयममत्तिसंगविजडो पणिहिदप्पा ॥
णिप्पणयपेमरागो उवेज्ज सव्वत्थ समभावं ॥ १७० ॥

समस्तद्रव्यपर्यायममतासंगवर्जितः ॥
निःप्रेमस्नेहरागोऽस्ति सर्वत्र समदर्शनः ॥ १७२ ॥
इति उपधित्यागसूत्रम् ॥

विजयोदया—सव्वत्थ इत्यादिना-सर्वत्र देशे। पणिहिदप्पा प्रणिहितात्मा प्रकर्षेण निहितः निश्चितः वस्तुयाथात्म्यज्ञाने आत्मा येन स प्रणिहितात्मा । दव्वपज्जयममत्तिसंगविजडो द्रव्येषु जीवपुद्गलेषु तत्पर्यायरूपेषु च ममतारूपो यः संगः परिग्रहस्तेन परित्यक्तः । प्रणयः स्नेहः, प्रेम प्रीतिः, राग आसक्तिः क द्रव्यपर्यायेषु जीवद्रव्ये पुत्रदारमित्रादौ, तेषां नीरोगत्वधनवत्वादौ पर्याये, आत्मनो वा देवत्वे, चक्रवर्तित्वेऽहमिंद्रत्वे वा, तथा शरीरे आहारादिके भोगसाधने, तदीयरूपरसगंधस्पर्शपर्यायेषु वा, एतेभ्यः परिणामेभ्यो निर्गतो निष्पणयप्रेमराग इत्युच्यते । उवेज्ज प्रतिपद्येत । समभावं समचित्ततां द्रव्ये पर्याये वा रागकोपावंतरेण तत्स्वरूपग्रहणमात्रप्रवृत्तिर्ज्ञानता समचित्तता ॥ उपधी गदा ॥

परिग्रहपरित्यागक्रममुपदिशति—

मूलारा—सव्वत्थ सर्वत्र देशे। दव्व इत्यादिद्रव्येषु जीवपुद्गलेषु। तत्पर्यायेषु च यो ममतारूपः संगस्तेन विजडो परित्यक्तः । पणिहिदप्पा प्रकर्षेण निहितो निश्चितो वस्तुयाथात्म्यज्ञाने आत्मा येन । णिप्पणयपेमरागो निर्गतस्नेहप्रीत्यासक्तिः । प्रकृतत्वाज्जीवद्रव्ये पुत्रादौ तत्पर्याये नीरोगत्वधनित्वादौ । आत्मनो वा देवत्वादौ । तथा शरीरे आहारादिके भोगसाधने तद्रूपरसादौ वा । उवेज्ज प्रतिपद्येत ॥ उपधित्यागः सूत्रतः । ८ । अंकतः ९ ॥

अब परिग्रहका त्याग करनेका क्रम दिखाते हैं.

अर्थ—सर्व देशमें जिसने अपने आत्माको वस्तूका सत्यस्वरूप जाननेमें एकाग्र किया है. अर्थात् जो जीवादिपदार्थोंको जाननेमें तत्पर हैं. जिसने जीव पुद्गलादिक द्रव्य और उनके देव मनुष्यादि पर्याय और स्पर्श रसादि पर्याय इनमें ममताका त्याग किया है. अर्थात् जीव पुद्गलादि द्रव्योंके पर्यायोंमें जिसने रागद्वेषरूप परिग्रहका त्याग किया है. स्नेह, प्रीति और आसक्ति इनको जिसने अपने हृदयसे निकाला है. अर्थात् जीवद्रव्य जो पुत्र, स्त्री, मित्र इनके नीरोगता, धनीपना इत्यादिमें जिसको स्नेह नहीं है, प्रीति नहीं है और आसक्ति नहीं है ऐसा साधु सर्व द्रव्य और पर्यायोंमें समचित्त होता है अथवा स्वतःके देवपना, चक्रवर्तिपना और अहमिंद्रपना इत्यादि पर्यायोंमें भी वह प्रेम, स्नेह और आसक्तिका त्याग करता है. तथा शरीरमें, आहारादिक भोगसाधनके

पदार्थोंमें उनके रूप, रस, गंध, स्पर्शादि पर्यायोंमें भी जिसने प्रेम, स्नेह और आसक्ति करना छोड दिया है ऐसा सत्पुरुष द्रव्योंमें और उनके पर्यायोंमें [illegible] धर्मध्यानको स्वीकार करता है.

पदार्थोंको जाननेके समय रागरूप और द्वेषरूप परिणति छोडकर केवल पदार्थोंको जानना ही समता है. उपाधि नामक प्रकरण समाप्त हुआ.

परिग्रहपरित्यागादनंतरोऽधिकारः श्रितिनाम, एतद्व्याख्यातुकामः श्रितिशब्दस्यार्थद्वयं व्याचष्टे भावश्रितिर्द्रव्यश्रितिरिति, अमुक्तं श्रितिशब्दार्थं निराकर्तुमिष्टं दर्शयितुम्—

जा उवरि उवरि गुणपडिवत्ती सा भावदो सिदी होदि ॥
दव्वसिदी णिस्सेणी सोवाणं आरुहंतस्स ॥ १७१ ॥

उपर्युपरि शुद्धेषु गुणेष्वारुह्यते यया ॥
भावश्रितिरभाख्येया विशुद्धा जीववासना ॥ १७३ ॥
मंदिरादिषु तुंगेषु सुखेनारुह्यते यया ॥
द्रव्यश्रितिर्मता प्राज्ञैः सा सोपानादिलक्षणा ॥ १७४ ॥

विजयोदया—जा या । उवरि उवरि उपर्युपरि गुणपडिवत्ती गुणप्रतिपत्तिः । ज्ञानश्रद्धानसमानभावानां गुणानां प्रवृत्तानां उपर्युपरि गुणान्तथाभूतानामेव प्रतिपत्तिर्या सा। भावदो भावेन । सिदी होदि श्रितिर्भवति । परिणाम सेवेति यावत् । अथ का द्रव्यश्रितिः? अस्योत्तरमाह-दव्वसिदी श्रीयते इति श्रितिः द्रव्यं च तत् श्रितिश्च सा द्रव्यश्रितिः। यदाश्रीयते द्रव्यं निश्रयणीसोपानादिकं तदपि श्रितिशब्देनोच्यते । आरुहंतस्स आरोहतः ॥

अथैवं त्यक्तबहिरंगान्तरंगसंगेन मुमुक्षुणोपर्युपरि विशुद्धपरिणामसेवा विधातव्येति गाथाषट्केनोपदेष्टुकामो भावश्रितिद्रव्यश्रितिदृष्टान्तस्फुटीकृतस्वरूपां निरूपयन्निदमाह—

मूलारा—उवरीत्यादि—ज्ञानश्रद्धानसमभावानां गुणानां प्रवृत्तानामुपर्युपरिगुणानां तथाभूतानामेव प्रतिपत्तिः परिणतिः। भावदो सिदी भावेन परिणामेन श्रितिः परिणामसेवेति यावत्। दव्वसिदी श्रीयत इति श्रितिः द्रव्यं च तच्छ्रितिश्च सा द्रव्यश्रितिः । आरुहन्तस्स प्रासादमिव मोक्षमारोहतश्चटतः ।

'परिग्रहोंका त्याग करना' इस अधिकारके अनंतर श्रिति नामक अधिकार है. इसका वर्णन करनेके प्रथम श्रिति शब्दके भावश्रिति और द्रव्य श्रिति ऐसे दो अर्थ करते हैं. श्रिति शब्दके अभिप्रेत अर्थका निराकरण कर इष्टार्थ दिखानेके लिये भावश्रिति और द्रव्यश्रिति ऐसे दो प्रकार आचार्यने दिखाये हैं.

अर्थ—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और समानभाव अर्थात् चारित्र इन गुणोंकी गुणितरूप उत्तरोत्तर उन्नतावस्थाको प्राप्त करलेना यह भावरूप श्रिति है अर्थात् अपनेमें रत्नत्रयका दिन प्रतिदिन उत्तरोत्तर विकास ही करते जाना उसको भावश्रिति कहना चाहिये. और कोई उच्चस्थानमें स्थित पदार्थ लेना चाहे तो निश्रेणी का अवलंबन लेकर एक एक सोपानपंक्ति क्रमसे जो चढना वह द्रव्यश्रिति है.

अनयोः का या गृहीतेत्यत्राह—

सल्लेहणं करेंतो सव्वं सुहसीलयं पयहिदूण ॥
भावसिदिमारुहित्ता विहरेज्ज सरीरणिव्विण्णो ॥ १७२ ॥
द्रव्यश्रितिं परित्यज्य भावश्रितिमधिश्रितः ॥
चारित्रे चेष्टतां शुद्धे त्यक्तुकामः कलेवरम् ॥ १७२ ॥

विजयोदया—सल्लेहणं सल्लेखनां करेंतो कुर्वन् । सव्वं सुहसीलयं सर्वां सुखभावनां आसनशयनभोजनादिविषयां । पयहिदूण प्रकर्षेण त्यक्त्वा योगत्रयेणेति यावत् । भावसिदिमारुहित्ता श्रद्धानादिपरिणामसेवां प्रतिपद्य विहरेज्ज प्रवर्तेत । सरीरणिव्विण्णो शरीरनिःस्पृहः । किमनेन शरीरेण, सुखेनासारेण, अशुचिना, कृतघ्नेन, भारेण रोगाणामाकरेण, जरामरणप्रतिहतेन दुःखविधायिनेति ॥

प्रशमसुखरसिकेन निर्वेदमुल्बणयितुं भावश्रितिमाश्रित्य प्रवर्तितव्यमित्यनुशास्ति ॥

मूलारा—सुहसीलयं भोजनासनशयनादिविषयां सुखभावनां । पजहिदूण प्रकर्षेण योगत्रयेण त्यक्त्वा भावसिदिमारुहित्ता श्रद्धानादिपरिणामसेवां प्रतिपद्य । विहरेज्ज प्रवर्तेत । सरीरणिव्विण्णो किमनेन शरीरेण सुखेन, निःसारेण, अशुचिना, कृतघ्नेन, भारेण, रोगाणामाकरेण, जरामरणप्रतिहतेन, दुःखविधायिनेति देहरूपानिष्क्रान्तः ।

दो श्रितिओंमेंसे प्रकृत विषयमें कौनसी श्रिति ग्रहण की है इस प्रश्नका उत्तर आचार्य कहते हैं.

अर्थ –सल्लेखना करनेवाले साधुने सब सुखभावको छोडना चाहिये अर्थात् आसन, शयन और भोजन वगैरह विषयोंमें मन, वचन और शरीरस आसक्ति का त्याग करना चाहिये, तथा श्रद्धानादिपरिणामों का आश्रय लेकर विहार करना चाहिये, अर्थात् रत्नत्रयमें हमेशा प्रवृत्त होना चाहिये, शरीरपर विरक्ति को बढाना चाहिये, यह शरीर प्रत्येक जन्ममें मिलता है इसलिये सुलभ है, निःसार है, रक्तादि अपवित्र पदार्थों से भरा हुआ है अतः अपवित्र है, मिष्ट पदार्थों से पुष्ट करनेपर भी यह आत्माको रोगादिसे कष्ट देता है, अतः कृतघ्न है, भारस्वरूप है, नाना प्रकारके रोगोंने इसमें अड्डा जमाया है, जरा और मरण से पीडित है और दुःखदायक है ऐसे दोषपूर्ण शरीरसे विरक्त होकर रत्नत्रयमें साधु विहार करें.

दव्वसिदिं भावसिदिं अणिओगवियाणया विजाणंता ॥
ण खु उड्ढगमणकज्जे हेट्ठिल्लपदं पसंसंति ॥ १७३ ॥
द्रव्यभावस्थितिज्ञानाः संत्युत्तरपदोद्यताः ॥
न ह्यधोऽधः प्रशंसंति पदमूर्ध्वं यियासवः ॥ १७६ ॥

विजयोदया—दव्वसिदिं भावसिदिं अणिओगवियाणया विजाणंता इत्यस्मिन्सूत्रे पदघटना। उड्ढगमणकज्जे हेट्ठिल्लपदं ण खु पसंसंति ऊर्ध्वगमने कार्ये अधोधःपादनिक्षेपं नैव प्रशंसन्ति। विजाणंता विशेषेण जानंतो। कां दव्वसिदिं भावसिदिं च द्रव्यभावस्थित्योः स्वरूपं उपादेयस्थितिज्ञाना इति यावत्। न केवलं स्थितिमात्रज्ञाः किंतु अणुओगवियाणया अनुयोगशब्दः सामान्यवचनोऽपि इह चरणानुयोगवृत्तिर्गृहीतस्तेनाप्यर्थः आचाराङ्गज्ञाः अथवा चतुर्विधानुयोगज्ञाः श्रुतमाहात्म्यज्ञानः न प्रशंसंति। एतदुक्तं भवति—शुभपरिणामवतां तदतिशय एव प्रयतितव्यं, न जघन्यप्रवाहे निपतितव्यं, यतोऽतिशयितश्रुतज्ञानलोचना यतयो निंदन्ति जघन्यपरिणामान्। कुतो? भेद्यायमानशुभपरिणामः क्रमेण न बहलबिशालकर्मतिमिरमपाकर्तुमर्हति नाशाभिमुखः प्रदीप इव अशुभपरिणामसंततेर्मूलं भवति। तेन कर्मणां स्थितिरनुभवश्च प्रकर्षमुपैति ततो व्यवस्थिता चैव दीर्घसंसारिता। समीचीनज्ञानमारुतप्रेरितः शुभपरिणामानलः प्रकृष्यमाणो विशोषितकर्मोपादपरसस्तमुन्मूलयतीति॥

ऊर्ध्वगत्यूर्ध्वमधिष्ठितशुभपरिणामस्य तदतिशय एव प्रतिपत्तिस्तत्त्वज्ञैः श्लाघ्यत इत्यावेदयति।

मूलारा—अणिओगवियाणया अनुयोगज्ञाः । वियाणंता विशेषेण हेयोपादेयतालक्षणेन लक्षयन्तः । हिट्ठिल्लपदं अधोधःपादनिक्षेपं जघन्यतापरिणामप्रवाहपतनं च । मंदत्वमानशुभपरिणामौ अशुभपरिणामोत्पत्तौ कर्मणां स्थित्यनुभावौ प्रकर्षयति ।

अर्थ—द्रव्यश्रिति और भावश्रितिको जानने वाले अनुयोगज्ञ आचार्य ऊपर जानेके लिये नीचे नीचेके स्थानमें पदनिक्षेप करना प्रशंसनीय समझते नहीं है.

भावार्थ—' अणुयोगवियाणया ' इस पदमें अनुयोग शब्द सामान्यवाचक है तो भी चरणानुयोगका वाचक समझना चाहिये. अतः 'अणुयोगवियाणया' इस पदका अर्थ आचारांगके जाननेवाले विद्वान् ऐसा समझना चाहिये. अथवा प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग और द्रव्यानुयोग इन चार अनुयोगके ज्ञाता ऐसा भी अर्थ होता है. चार अनुयोगके ज्ञाता श्रुतके माहात्म्य को जाननेवाले आचार्य ऊपर जानेके लिये नीचे नीचे पदनिक्षेप करते जाना प्रशंसनीय नहीं समझते हैं. अभिप्राय यह है कि, शुभ परिणाम युक्त साधुओंको उस परिणामोंकी वृद्धि करनेकाही प्रयत्न करना चाहिये. उत्तरोत्तर अशुभ अथवा जघन्य परिणामों के प्रवाहमें नहीं बह जाना चाहिये. उत्कृष्ट श्रुतज्ञानरूपी नेत्रोंको धारण करने वाले आचार्य जघन्य परिणामोंकी निंदा करते हैं.

जिसके शुभ परिणाम उत्तरोत्तर मंद हो रहे हैं वह यति क्रमसे विपुल और बडा कर्मरूपी अंधकार कैसा नष्ट करनेमें समर्थ होगा? प्रत्युत वह नाशके सम्मुख हुए दीपके समान कर्मरूप अंधकारको बढानेमें सहायकही होगा. मंद होनेवाले शुभपरिणाम अशुभ परिणामोंकी उत्पत्तिमें कारण बनते हैं. ऐसे परिणामोंसे कर्मका स्थितिबंध और अनुभागबंध पुष्ट होता है. और दीर्घ संसार में भ्रमण करना पडता है. सम्यग्ज्ञानरूपी वायुसे प्रेरा गया शुभ-परिणामरूप अग्नि जब बढता जाता है तब वह कर्मरूपी वृक्षको रसहीन बनाकर उसको धराशायी कर देता है. अर्थात् कर्मोंका नाश करता है.

श्रितेरपायस्थानपरिहाराख्यानायोत्तरगाथा—

गाणिणा सह संलाओ कज्जं पइ सेसएहिं साहूहिं ॥
मोणं से मिच्छजणे भज्जं सण्णीसु सजणे य ॥ १७४ ॥

गणिनैव समं जल्पः कार्यार्थं यतिभिः परैः ॥
कुदृष्टिभिः समं मौनं शांतैस्स्वैरं च विकल्प्यते ॥ १७७ ॥

विजयोदया—गणिणा सह सावधारणमिदं गणिनैव सह। संलापो प्रश्नप्रतिवचनप्रबंधः, नान्यैःसह चिरभाषणं कार्यः। आचार्येण सह संलापः शुभपरिणामस्य हेतुरित्यनुज्ञायते। इतरे तु प्रमादिनो यत्किंचिद्ब्रुवन्तोऽशुभपरिणामं विदध्युः। कज्जं पडि कार्यं स्वं प्रति। सेसगेहिं साधूहि शेषैः साधुभिः संभाषणं कार्यं, न प्रबंधरूपा कथा कार्या। मोणं मौनमेव। से तस्य शुभपरिणामश्रेणीमारूढस्य। मिल्लजणे मिथ्यादृष्टिजने। सण्णीसु मिथ्यादृष्टिष्वप्युपशांतेषु। सजणे य स्वजने च। मिथ्यादृष्टौ हितोपदेशादिना। भज्जं भाज्यं विकल्प्यं मौनं। अस्यामवस्थायां मदीयं वाक्यं श्रुत्वा सम्यक्त्वादिकमेते गृह्णंतीति यद्यस्ति संभावना वृयाद्धर्मं न चेन्मौनमेव ॥

इदानीं शुभभावश्रितेतरपरिचयापरिचयनिमित्तप्रवृत्तिनिवृत्तिप्रतिपत्त्यर्थं आह—

मूलारा—गणिणा आचार्येणैव। संलापो प्रश्नोत्तरप्रबंधरूपा नैकथा कर्तव्या। शुभपरिणामैकनिमित्तत्वात्। कज्जं पडि कार्यं स्वमुद्दिश्य। शेषसाधुभिः सह संभाषणमात्रं कार्यं न प्रबंधरूपा कथा। ते हि प्रमादितया यत्किंचिद्ब्रुवन्तोऽशुभपरिणामं विदध्युः। से तस्य शुभपरिणामश्रेणीमारूढस्य। मिल्लजणे मिथ्यादृष्टिलोके अर्थात् क्रूरे। सण्णीसु संज्ञिषु शिक्षालापोपदेशानां ग्राहकेषु मिथ्यादृष्टिष्वपि उपशान्तेषु इत्यर्थः। सजणे स्वजने ज्ञातिलोके मिथ्यादृष्टौ। अस्यामवस्थायां मम वाक्यमाकर्ण्य सम्यक्त्वादिकमिमे गृह्णन्तीति संभावना यद्यस्ति तदा धर्मं ब्रूयान्नो चेन्मौनमेव कुर्यादिति तात्पर्यं। तथा चान्ये पठन्ति—

गणिनैव समं जल्पः कार्यार्थं यतिभिः परैः।
कुदृष्टिभिः समं मौनं शांतैः स्वैरं च विकल्प्यते ॥

भावश्रितिके अपाय स्थानोंका त्याग करना चाहिये ऐसा आचार्य उत्तर गाथामें कहते हैं.

अर्थ—सल्लेखना धारण करनेवाले मुनिओंको आचार्यके साथही भाषण करना चाहिये अर्थात् प्रश्नोत्तर रूप भाषण करना चाहिये. अन्य मुनिओंके साथ बहुत कालतक भाषण करना अकल्याण करनेवाला है. आचार्यके साथ किया हुआ भाषण शुभपरिणामका हेतु होता है. इतर प्रमादी मुनि कुछभी बोलकर सल्लेखना धारकके मनमें अशुभ परिणामोंकी उत्पत्ति कर देंगे. कुछ कार्यके लिये इतर साधुओंके साथ अल्प भाषण करना चाहिये. जो मिथ्या दृष्टि है उसके साथ बोलना भी निषिद्ध है. मौन धारण करना ही श्रेयस्कर है. सल्लेखनाधारक आत्महित करना ही मुख्य

कार्य समझता है. मिथ्यादृष्टि मनुष्योंको हितोपदेशादिक यदि वह करेगा तो उससे उसका कुछ फायदा नहीं है. वह शुभपरिणामोंपर चढा हुआ है. मिथ्यात्विओंको उपदेश देनेसे उसके स्वार्थमें क्षति पोहोंचेगी. अतः उसको मिथ्यात्वीके साथ बोलना निषिद्ध है. जो मिथ्यादृष्टि तो है परंतु मंदकषायी है ऐसे पुरुषके साथ वह बोले अथवा न भी बोले और जो स्वजन हैं उनके साथ भी वह बोले अथवा न बोले. मिथ्यादृष्टि जन जब मंदकषायी होते हैं. तब मेरा वचन सुनकर सम्यग्दर्शन अणुव्रतादिक धारण करेंगे ऐसी यदि संभावना होगी तो उनके साथ बोलना चाहिए अन्यथा न बोलना ही श्रेयस्कर होगा.

उपगतशुभपरिणामस्य प्रवृत्तिक्रममाचष्टे—

सिदिमारुहित्तु कारणपरिभुत्तं उवधिमणुवधिं सेज्जं ॥
परिकम्मादिउवहदं वज्जित्ता विहरदि विदण्हू ॥ १७५ ॥
कार्याय स्वीकृतां शय्यां विमुच्याचारपंडितः ॥
परिकर्मवतीं वृत्तिं वर्तते देहनिस्पृहः ॥ १७८ ॥

विजयोदया—सिदिमारुहित्तु शुभपरिणामश्रेणिमारुह्य । कारणभुत्तं किंचित्कारणमुपदिश्य श्रुतग्रहणं, परेषां वा श्रुतोपदेशं, आचार्यादिवैयावृत्त्यादिकं, वा परिभुक्तं व्यवहृतं । उवधिं परिग्रहमौषधं अतिरिक्तज्ञानसंयमोपकरणानि वा । अणुवधिं ईषत्परिग्रहं । अन्यश्चेदर्थवृत्तिः अनुदरा कन्येति यथा । कोसावनुपधिरत्र आह—' सेज्जं सेविज्जदि जदिणा ' इति व्युत्पत्तौ वसतिरुच्यते, तेन सेज्जं वसतिं । परिकम्मादिउवहदं यतयोऽत्र वसंतीति प्रमार्जनप्रलेपनादिपरिकर्मणा उपहतं अयोग्यं । वज्जित्ता वर्जयित्वा । विहरदि आचरति । विदण्हू क्रमज्ञः ॥

उपगतशुभपरिणामस्य प्रवृत्तिक्रममाचष्टे—

मूलारा – सिदिमारुहित्तु शुभपरिणामश्रेणिमारुह्य । कारणपरिभुत्तं कारणेन श्रुतग्रहणशिष्योपदेशाचार्यवैयावृत्त्यादिप्रयोजनेन व्यवहृतं । उवधिं परिग्रहमौषधं, अतिरिक्तपुस्तकादिकं वा । अणुवधिं सेज्जं वसतिलक्षणमीषत्परिग्रहं । परिकम्मादिउवहदं यतय उपवसन्तीति क्रियमाणेन सम्मार्जनलेपनादिसंस्कारारंभेण अयोग्यं । विहरदि तपश्चरति । विदण्हू क्रमज्ञः ।

शुभपरिणामयुक्त सत्पुरुषका आचरण क्रम दिखाते हैं—

अर्थ - शुभ परिणामरूप नसैनीपर चढकर आचरण का क्रम जाननेवाले साधु शास्त्र पढना, दूसरोंको शास्त्रोपदेश देना, आचार्योंका वैयाकृत्य करना इत्यादि कारणोंके उद्देश्यसे जो परिग्रह संगृहीत किया था अथवा औषध व तदतिरिक्त ज्ञानोपकरण और संयमोपकरण संगृहित किया था उसका त्यागकर विहार करे तथा जो ईषत्परिग्रह अर्थात् वसतिकाकाभी त्याग करे. इसमें यति निवास करेंगे इस हेतुसे झाडकर स्वच्छ करना लेपना वगैरह क्रियाओंसे जो दूषित है उस वसतिकाको भी वह मुनि त्याग कर विहार करता है अर्थात् तपश्चरण करता है.

श्रित्यनंतरं किं करोतीत्याह—

तो पच्छिमंमि काले वीरपुरिससेवियं परमघोरं ॥
भत्तं परिजाणंतो उवेदि अब्भुज्जदविहारं ॥ १७९ ॥
दुक्खर पश्चिमे काले भक्तत्यागं सिषेविषुः ॥
धीरानवचितं याढं चतुरंगे प्रवर्तते ॥ १७९ ॥
इति श्रितिसूत्रम् ॥

विजयोदया—तो तस्याः श्रितेः । पच्छिमंमि काले पश्चिमे काले । वीरपुरिससेवियं वीरैः पुरुषैराचरितं । परमघोरं अतिदुष्करं । भत्तं परिजाणंतो आहारं परित्यक्तुकामः । उवेदि उपैति । किं अब्भुज्जदविहारं सम्यग्दर्शनादिपरिणामादि मुख्ये उद्यतं ॥ सीदी ॥

एवंविधश्रित्यनंतरं किं करोतीत्याह—

मूलारा—तो तस्याः । परिजाणंतो परित्यक्तुकामः । आहारं त्यजन्नित्यर्थः । उवेदि आश्रयति । अब्भुज्जद-विहारं रत्नत्रयाभिमुख्येनोद्युक्तमाचरणं । श्रितिः । सूत्रतः ९ । अंकतः ६ ॥

श्रितीके अनंतर साधु कोनसी क्रिया करते हैं इसका वर्णन करते हैं.

अर्थ—उस श्रितीके अनंतर अंतकालमें वीरपुरुषोंके द्वारा आचरण किया गया, अतिशय दुष्कर ऐसे आहार का त्याग करने की इच्छा करनेवाला मुनि सम्यग्दर्शनादिपरिणामोंमें उद्युक्त होता है.

क्षीणसावद्यभुक्तो विहार एवमाख्येः—

इत्तिरियं सव्वमणं विधिणा वित्तिरिय अणुदिसाए दु ॥
जहिदूण संकिलेसं भावेइ असंकिलेसेण ॥ १७७ ॥

समर्प्यानुदिशं सर्वं गणं संक्लेशवर्जितः ॥
कियंतं कालमात्मानं गणी भावयते तराम् ॥ १८० ॥

विजयोदया—इत्तिरियं कियतः कालस्य । सव्वगणं संयतानां, आर्यिकाणां, श्रावकाणां, इतरासां च समितिं । वित्तिरिय दत्त्वा । कथं विधिणा विधिना । कथं सर्वस्य गणस्य मध्ये तं व्यवस्थाप्य स्वयं बहिः स्थित्वा 'एष निरतिचाररत्नत्रयः आत्मानं युष्मानपि समर्थः संसारसागरादुद्धर्तुं, अनुज्ञातश्च मया सूरिरयमिति तत एतदुपदेशानुसारेण भवद्भिः प्रवर्तितव्यं इति । अणुदिसाए दु अनुपश्चादर्थे दिशिर्विधाने गुरोःपश्चादिशति विधत्ते चरणक्रमं यः सोभिधीयते अणुदिसाशब्देन । जहिऊण त्यक्त्वा । संकिलेसं संक्लेशं परोपकारसंपादनायासं । भावेइ भावयति । असंकिलेसेण न विद्यते संक्लेशोऽस्मिन्नित्यसंक्लेशः शुभपरिणामस्तेन भावयति वासयति आत्मानं ॥

अथ क्षीणसावद्यभुक्तो विहार इत्यत्र प्रभे पंचविंशत्या गाथाभिरुत्तरयति ।

मूलारा—इत्तिरियं स्तोककालं । वित्तिरिय दत्त्वा । अणुदिसाएदु । जहिदूण संकिलेसं भावेदि असंकिलेसेण । अनुगुरोः पश्चादिशति विधत्ते चरणक्रममित्यनुदिक् एलाचार्यस्तस्मै विधिना । सर्वस्य गणस्य मध्ये तं व्यवस्थाप्य स्वयं बहिःस्थित्वा एष निरतिचाररत्नत्रयत्वादात्मानं युष्मांश्च संसारसागरादुद्धर्तुं समर्थोऽनुज्ञातश्च मया ततः सूरिरयं इति मन्यमानैरेतदुपदेशानुसारेण भवद्भिः प्रवर्तितव्यमिति समर्पणक्रमेण सर्वगण दत्वेति संबंधः । तथा चोक्तं—

आहूय गणं विधिना दत्त्वा प्रतिसूरये नियतकालम् ॥
संक्लिष्टां त्यक्त्वासावक्लिष्टां भावनां भजते ॥

संकिलेसं परोपकारकरणायासं । भावेदि वासयत्यात्मानं सल्लेखनोद्यत इति शेषः । असंकिलेसेण नास्ति संक्लेशो वक्ष्यमाणज्ञानादिविषयमायाचित्वादिदेवदुर्गतिनिमित्तात्मपरिणामो यस्मिंस्तेन शुभपरिणामेन ।

जिसमें सल्लेखनाकी इच्छा करनेवाला उद्युक्त होता है वह विहार कैसा है इसका आचार्य वर्णन करते हैं—

अर्थ—गुरुके पश्चात् जो मुनि चरित्रका क्रम मुनि और आर्यिकादिकोंको कहता है उसको अनुदिश अर्थात् एलाचार्य कहते हैं. कुछ कालके अनंतर मुनि, आर्यिका, श्रावक और श्राविका ऐसे चतुर्विध संघको बुलाकर

संघके मध्यमें उसको बिठाकर स्वयं संघके बाहर खडे होकर यह एलाचार्य निरतिचाररत्नत्रय पालते हैं. निजका और तुम्हारा भी संसारसमुद्रसे उद्धार करनेमें समर्थ हैं. ये अब तुम्हारे आचार्य गुरु है ऐसी मेरी सम्मति है. इस लिये इनकी आज्ञाके अनुसार ही आपकी प्रवृत्ति होनी चाहिये इतना बोलकर चतुर्विध संघका भार एलाचार्यके मस्तकपर अर्पण करना चाहिये. तदनंतर दुसरोंके ऊपर उपकार करनेका आयास छोडना चाहिये और शुभपरिणामोंसे अपने आत्माको संस्कृत करना चाहिये.

त्यक्तव्यसंक्लेशभावनाविकल्पस्याख्यानायाचष्टे—

जावंतु केइ संगा उदीरया होंति रागदोसाणं ॥
ते वज्जितो जिणदि हु रागं दोसं च णिस्संगो ॥ १७८ ॥
कंदप्पदेवकिब्भिस अभिओगा आसुरी य सम्मोहा ॥
एदा हु संकिलिट्ठा पंचविहा भावणा भणिदा ॥ १७९ ॥
कांदर्पी कैल्बिषी प्राज्ञैराभियोग्यासुरी सदा ॥
साम्मोही पंचमी हेया संक्लिष्टा भावना ध्रुवम् ॥ १८१ ॥

विजयोदया—कंदर्प इत्यादिना गतिकर्म चतुर्विधं नरकगतिस्तिर्यग्गतिर्मनुष्यगतिर्देवगतिरित्यत्र देवगतिर्नैकप्रकारा असुरदेवगतिनागदेवगत्यादिप्रपंचेन । कंदर्पदेवगतेः, किल्बिषदेवगतेराभियोग्यदेवगतेः, असुरदेवगतेः, सम्मोहदेवगतेश्च कारणभूताः आत्मपरिणामाः । कारणेन कार्योपचारोऽन्नप्राणवत् । यथाऽन्नं वै प्राणाः इति । प्राणकारणेऽन्ने प्राणोपचारः । कार्यगतेन व्यपदेशेन कंदर्पशब्देनोच्यते कंदर्पभावना । किल्बिषभावना, अभियोग्यभावना, असुरभावना, सम्मोहभावनाश्चेति पंचप्रकारा भावना निरूपिताः सर्वविद्भिः ।

अत्रेयं गाथा मूले श्रूयते ।

मूलारा—एतां टीकाकारो नेच्छति।

त्यक्तव्यसंक्लेशभावनाविकल्पानुद्देष्टुमाह—

मूलारा—कंदर्पेत्यादि । अत्र कंदर्पादिदेवगतीनां कारणभूता आत्मपरिणामविशेषाः कंदर्पादिशब्दैर्निर्दिष्टाः ।

कार्ये कारणोपचारात् । तेन कंदर्पभावना, किल्बिषभावना, अभियोग्यभावना, असुरभावना सम्मोहभावना चेति ज्ञात्वं । अन्ये तु तद्धितादिमुखेन व्युत्पाद्य ताः पठन्ति यथा —

कांदर्पी कैल्बिषी चैव भावना चाभियोगजा ।
दानवी चाभिसंमोहा त्याज्या पंचतयी च सा ॥

इत्थं वा—कांदर्पी कैल्बिषी प्राज्ञैराभियोग्यासुरी तथा ।
सांमोही पंचमी हेया संक्लिष्टा भावना ध्रुवम ॥

संक्लेशको उत्पन्न करनेवाली भावनाओंके विकल्प कहते हैं—

अर्थ—जगतमें परिग्रहही रागद्वेषादिकोंको उत्पन्न करते है इस लिये परिग्रहोंका त्यागकर निःस्पृह होकर रागद्वेषोंको जीतना चाहिये.

गतिकर्मके नरगति, तिर्यंचगति देवगति और मनुष्यगति ऐसे चार भेद है. देवगतिके असुरदेवगति, नागदेव गति वगैरह अनेक प्रकार हैं. कंदर्पदेवगति, किल्बिषदेवगति, अभियोगदेवगति, असुरदेवगति और सम्मेह देवगति इनके प्रति कारणरूप जो संक्लेश परिणाम उनको भी कंदर्पभावना किल्बिषभावना ऐसे नाम हैं. अन्न कारण है और प्राण कार्य है इसलिए प्राणके कारण भूत अन्नमें कार्योपचारसे प्राण व्यवहार होता है वैसे कि ल्बिषादि देवगतिकी प्राप्ति कर देनेमें जो संक्लेश परिणाम हैं. उनमें भी कार्योपचार करके कंदर्पभावना, किल्बिष-भावना इत्यादि नामोंका व्यवहार सज्जन करते हैं.

तत्र कंदर्पभावनानिरूपणायोत्तरगाथा—

कंदप्पकुक्कुआइय चलसीला णिच्चहासणकहो य ॥
विम्हावितो य परं कंदप्पं भावणं कुणइ ॥ १८० ॥

हास्यकांदर्पकौत्कुच्यपरविस्मयकोविदः ॥
कांदर्पीं भावनां दीनो भजते लोलमानसः ॥ १८२ ॥

विजयोदया—कंदप्पकुक्कुआइयचलसीलो रागोद्रेकात्प्रहाससम्मिश्रोऽशिष्टवाक्प्रयोगः कंदर्पः । रागातिशयवतो हसतः परमुद्दिश्याशिष्टकायप्रयोगः कौत्कुच्यं । एवं भवतो मातरं करोमीति कंदर्पकौत्कुच्याभ्यां चलसीलः णिच्चहासणकहो य सदा हास्यकथाकथनोद्यतः । विभ्रावितो य परं परं विस्मापयन् कुतुकं किंचिदुपदर्श्य । कंदप्पं भावणं कुणदि कंदर्पभावनां करोति । रागोद्रेकजनितहासप्रवर्तितो वाग्योगः काययोगः परविस्मयकारी वा कंदर्पभावनेत्युच्यते । असकृत्प्रवर्तमानः ।

तत्र कांदर्पी निर्दिशति —

मूलारा—कंदप्पकुक्कुआइदचयसीलो कंदर्पकुत्कुचायितद्वयशीलः । रागोद्रेकात्प्रहासमिश्रोऽशिष्टवाक्प्रयोगः कंदर्पः । रागातिशयवतो हसनः परमुद्दिश्यैवं तव मातरं करोमि इति अशिष्टकायं प्रकुत्कुचायितं । कौत्कुच्यमिति यावत् अव्यक्तकंठस्वरकरणमवशिष्टांगावयवचालन वेति केचित्। तद्द्वयं शीलयति पुनः पुनः प्रवर्तयति । णिच्चहासणकहो सदा हास्यकथाकथनोद्यतः । विभावितो मंत्रेंद्रजालादिकुहकप्रदर्शनेन विस्मयं नयन् ।

कंदर्प भावनानिरूपण—

अर्थ—प्रीतिकी उत्कटतासे हास्यसहित असभ्य वचन बोलना, भंडवचन बोलना वह कंदर्पवचन है. रागकी आधिक्यतासे - अतिशयरागवश होकर हसकर दुसरोंको उद्देश कर शरीरके असभ्य अभिनयके साथ असभ्य वचनोच्चार करना यह कौत्कुच्य है. जैसे तेरी माताके साथ मैं बुरा कार्य करूंगा ऐसा वचन बोलना. इन दो प्रकारके वचनका जो वारंवार प्रयोग करते हैं वे चलशील समझना चाहिए. जो मंत्र, इंद्रजालादि कौतुक दिखाकर लोगोंको आश्चर्य उत्पन्न करते हैं. जो हमेशा हास्य उत्पन्न हो ऐसी कथायें कहनेमें उद्युक्त रहते हैं. वे मुनि कदर्पभावना करते हैं ऐसा समझना चाहिए.

किल्बिषभावनाख्यानायाचष्टे—

णाणस्स केवलीणं धम्मस्साइरिय सव्वसाहूणं ॥
माइय अवण्णवादी खिब्भिसियं भावणं कुणइ ॥ १८१ ॥

सर्वज्ञशासनज्ञानधर्माचार्यतपस्विनाम् ॥
निंदापरायणो मायी कैल्बिषीं भजतेऽधमः ॥ १८२ ॥

विजयोदया—मंताभिओगकोदुगभूईकम्मं-मंत्राभियोगक्रियां, कुतूहलोपदर्शनक्रियां, बालादीनां रक्षार्थं भूति कर्म च । पयुंजदे करोति यः । अभियोगं भावणं कुणइ । अभियोग्यां भावनां करोति । किं सर्व एव मंत्राभियोगादौ प्रवृत्तो नेत्याह । इट्ठिरससादहेदुं मंताभियोगकोदुगभूईकम्मं जो पउंजदे सो अभियोगभावणं कुणइ ॥ द्रव्यलाभस्य, सृष्टाशनस्य, सुखस्य वा हेतुं मंत्राद्यभियोगकर्म प्रयुंक्ते यः स एव अभियोग्यभावनां करोति । किमेतन्न यः स्वस्य परस्य वा आयुरादिपरिज्ञानार्थं मंत्राभियोगं कुर्वन्, धर्मप्रभावनार्थं कौतुकं उपदर्शयन्, वैयावृत्यं वा प्रवर्तयाम्यहमिति उद्यतः, ज्ञानदर्शन चारित्रपरिणामादरवर्तनात्र दुष्यतीति भावः ।

आभियोगं लक्षयति—

मूलारा—मंत्राभियोगं कुमार्यादिपात्रे भूतावेशकरणं । कोदुग अकालवृष्ट्यादिकौतुहलोपदर्शनं, वशीकरणादिकं वा । भूतीकम्मं बालादीनां रक्षार्थं भूतिकर्म भूतिक्रीडनकर्म वा । इट्ठरससादहेदुं द्रव्यलाभसृष्टाहारसुखनिमित्तं । न पुनरायुरादिपरिज्ञानधर्मप्रभावनावैयावृत्त्यार्थं मंत्रादिप्रयोगं कुर्वन् रत्नत्रयादरवत्तया दुष्यतीति भावः ॥

आभियोग्य भावना का वर्णन—

अर्थ—कुमारी वगैरहमें भूतका आवेश उत्पन्न करना, अकालमें जलवृष्टि करके दिखाना ऐसे ही आश्चर्य कारक प्रयोग करना जैसे अमावास्याके दिन आकाश में लोगों को चंद्र दिखाना इत्यादि, किसी स्त्री या पुरुषको वश करना, उच्चाटन करना इत्यादि, बालकादिकोंका रक्षण करने के लिये भूतिकर्म मंत्रप्रयोग करना अथवा भूतों की क्रीडा दिखाना ये सब क्रियायें यदि अपना ऐश्वर्य दिखानेके लिये, अथवा संपदा दिखानेके लिये, मिष्टाहारके लिये, किंवा इंद्रिय जनित सुखके लिये यदि मुनि करेगा तो उसकी यह अभियोग्य भावना कही जायगी. इस भावना के प्रभाव से जीवका जन्मवाहन जाती के देवोंमें हो जाता है. यदि कोई मुनि निजकी अथवा दुसरों की आयु वगैरे जाननके लिये मंत्रप्रयोग करेगा, धर्मप्रभावनाके लिये यदि वह कौतुककारक अकाल वृष्ट्यादिक दिखावेगा अथवा इन मंत्रादिकोंसे मैं मुनिका वैयावृत्त्य करूंगा ऐसा अभिप्राय मनमें धारण कर यदि वह कौतुकादि करेगा तो दर्शन, ज्ञान चारित्र परिणामोंमें आदरसे प्रवृत्ति करनेवाला होनेसे दूषणीय नहीं है.

चतुर्थी भावनां गाथाद्वयेन—

अणुबंधरोसविग्गहसंसत्ततवो णिमित्तपडिसेवी ॥
णिक्किवणिराणुतावी आसुरिअं भावणं कुणदि ॥ १८३ ॥
निष्कृपो निरनुक्रोशः प्रवृत्तक्रोधविग्रहः ॥
निमित्तसेवको धत्ते भावनामासुरीं यतिः ॥ १८५ ॥

विजयोदया—अणुबंधरोसविग्गहसंसत्ततवो णिमित्तपडिसेवी । रोषश्च विग्रहश्च रोषविग्रहौ अनुबंधेन रोषविग्रहौ अनुबंधरोषविग्रहौ अनुबंधरोषविग्रहाभ्यां संसक्तं संयुक्तं अनुबंधरोषविग्रहसंसक्तं तपो यस्य स तथोक्तः । निमित्ताजीवी च यः स आसुरीभावनां करोति इति केचित्कथयंति । अनुयद्धो भवांतरानुयायी रोषो यस्य सोऽनुबंधरोषः । विग्रहेण कलहेन संसक्तं तपो यस्य सः विग्रहसंसक्ततपःशब्देन भण्यते । अनुबद्धौ रोषविग्रहौ अस्येत्यनुबद्धरोषविग्रहः । सम्यगतीवसंसक्तं संबद्धं परिग्रहेण तपो यस्य स संसक्ततपोऽभिलाषवाच्यः । णिक्किवणिराणुतावी यः निर्दयः प्राणिषु, कृत्वापि परपीडां अनुतापरहितश्चासुरीं भावनां करोति ।

आसुरीं व्याहरति—

मूलारा—अणुबद्धरोसविग्गहसंसत्ततवोणिमित्तपडिसेवी णिक्किवणिराणुतावी आसुरियं । अनुबद्धरोषविग्रहाभ्यां नित्यप्रवृत्तक्रोधकलहाभ्यां संसक्तं संयुक्तं तपो यस्य स तथाभूततपाः । अथवा अनुबद्धरोषो भवांतरानुयायी क्रोधः । विग्रहसंयुक्ततपाः कलहसंयुक्ततपाः । यदि वा अनुबद्धरोषविग्रहश्चासौ संसक्ततपाश्चेति प्राह्यं । संसक्तं सम्यगतीव सक्तं परिग्रहेण संबद्धं तपो यस्येति विग्रहः । णिमित्तपडिसेवी । ज्योतिषाद्याजीवी । णिक्किव निर्दयः । णिराणुतावी कृत्वापि परपीडां पश्चात्तापमकुर्वन् ।

चतुर्थ भावना—आसुरी भावनाका वर्णन—

अर्थ—जिसका कोप अन्य भवमें भी गमन करनेवाला है और कलह करना जिसका स्वभाव बन गया है वह मुनि रोष और कलहके साथ ही तप करता है ऐसे तपसे उसको असुरगतिकी प्राप्ति होती है. जिसका तप परिग्रहके साथ रहता है अर्थात् तप करता हुआ भी परिग्रहोंपर जिसका मोह रहता है, जो निर्दय स्वभावी है, प्राणीओंको दुःख देकर भी जिसके अन्तःकरणमें पश्चात्ताप उत्पन्न होता नहीं है ऐसा साधु असुरगतिमें उत्पन्न होता है. ज्योतिष, सामुद्रिक वगैरे कहकर जो मुनि आहारादिककी प्राप्ति कर लेता है वह असुरगतीको जाता है.

संमोहभावना निरूप्यते--

उम्मग्गदेसणो मग्गदूसणो मग्गविप्पडिवणी य ॥
मोहेण य मोहितो संमोहं भावणं कुणइ ॥ १८४ ॥

उन्मार्गदेशको मार्गदूषको मार्गनाशकः ॥
मोहेन मोहयल्लोकं सम्मोहां तां प्रपद्यते ॥ १८६ ॥

विजयोदया--उम्मग्गदेसणं मिथ्यादर्शनं, अविरतिं, वा य उपदिशति, आप्ताभासानागमांस्तत्प्रणीतांश्च हितत्वेनाचष्टे । यो वा तत्त्वज्ञो हिंसादिकं कुर्वन्नपि न पापेन लिप्यते । ज्ञानं हि सर्वं पापं दहति इति प्रतिपादयता हिंसादिभ्यो भयं निराकुर्वता हिंसादिषु जीवाः प्रवर्तिता भवन्ति । स एकः उन्मार्गस्योपदेष्टा । यथा प्राणिवधो न पापाय शास्त्रचोदितत्वाद्दानादिवत् । किं च पशवो हि यज्ञार्थमेवादौ सृष्टा धात्रा यजमानाः पशवश्च मंत्रमाहात्म्यात्स्वर्गं लभेते इति । अथवैकः उन्मार्गोपदेशः । मग्गदूसणो संवरस्य निर्जरायाश्च निरवशेषकर्मापायस्य वा हेतुभूताः समीचीनज्ञानदर्शनपरिणामा मार्ग इति उच्यते । अव्याबाधसुखस्य परंपराकारणत्वाच्च । तस्य मार्गस्य दूषणं नाम ज्ञानादेव मोक्षः किं दर्शनचारित्राभ्यां ? चारित्रमेवोपायः किं ज्ञानेनेति कथयन्मार्गस्य दूषको भवति । अथवा मार्गप्रत्यायनपरं श्रुतं मार्गस्तस्य दूषको यो अपव्याख्यानकारी । मग्गविप्पडिवणी य मार्गं रत्नत्रयात्मकं विप्रतिपन्नः एष न मुक्तेर्मार्ग इति यस्तद्विरुद्धाचरणः । मोहेण य अज्ञानेन च संशयविपर्यासरूपेण । मुह्यन्तो मुह्यन् । सम्मोहेषु तीव्रकामरागेषु कुत्सितेषु देवेषु उपपद्यते ।

संमोहीमाह—

मूलारा—उम्मग्गदेसणा मिथ्यात्वसंयमोपदेशः । मग्गणदूसणा मार्गस्य रत्नत्रयस्य दूषणा । ज्ञानादेव मोक्षः किं दर्शनचारित्राभ्यां ? चारित्रमेव मोक्षः किं ज्ञानेनेत्यादि विरुद्धभाषणं । अथवा मार्गप्रत्यायनपरं श्रुतं मार्गस्तस्य दूषणमप व्याख्यानमिति ग्राह्यम । णाणदूसणेति पाठेऽपि इयं व्याख्या,उन्मार्ग देशनायोगाद्यतिरपि तथोक्त एवं मार्गदूषणायोगोऽव अथवा उम्मग्गदेसगो मग्गदूसगो इतिपाठः । मग्गविप्पडिवन्नो रत्नत्रयविप्रतिपन्नः । एष न मुक्तेर्मार्ग इति तद्विरुद्धचरणः ॥ मोहेण संशयविपर्ययरूपेणाज्ञानेन ।

सम्मोह भावनाका निरूपण—

अर्थ—जो मिथ्यादर्शन और अविरतिका उपदेश करता है, हरिहरादिक और उनसे बनाये हुए कुशास्त्र ये प्राणिओंको हितमार्ग दिखाते हैं ऐसा जो कहता है, तत्त्वज्ञ पुरुष हिंसादिक कार्य करनेसे भी पापसे लिप्त

नहीं होता है. उसको पापसे दुर्गतिकी प्राप्ति होती नहीं है. क्योंकि उसका ज्ञान समस्त पापको नष्ट करता है. इस रीतीका विवेचन करके जो हिंसादि पापोंसे निर्भीक बना कर उसमें प्रवृत्त करता है वह सम्मोहभावना भाता है ऐसा समझना चाहिये. यह एक उन्मार्गका उपदेशक है. और भी उन्मार्ग उपदेशका विवेचन करते हैं— शास्त्रमें आहारादिक दान पात्रको देना चाहिये ऐसा उपदेश है, वह दान जैसे पापका कारण नहीं है वैसे यज्ञमें प्राणिओंकी हिंसा करनेपर भी वह पापके लिये नहीं है. क्यों कि शास्त्रमें प्राणिओंका यज्ञ करनेका विधान है. यज्ञके लियेंही पशु ब्रह्मदेवने उत्पन्न किये हैं. यज्ञ करनेवाला, यज्ञ करानेवाला और पशु ये सब मंत्रोंके माहात्म्यसे स्वर्ग को जाते हैं. यह भी उन्मार्गोपदेश है. ऐसे उपदेशसे सम्मोही देवोंमें जन्म मिलता है. संवर, निर्जरा व संपूर्ण कर्मोंका नाश करनेके लिये आत्माके सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और चारित्र शरण हैं. इनको आचार्य मार्ग कहते हैं. इस मार्गसे परंपरासे अव्याबाध–अर्थात् दुःख रहित अनंत सुख मिलता है. परंतु ऐसे सच्चे मार्गको जो दूषण लगाता है वह मार्गदूषक है. रत्नत्रयात्मक मोक्षमार्ग जो भव्योंको दिखाता है वह श्रुतज्ञान मार्ग है. उस मार्गरूप श्रुतज्ञानमें जो दूषण लगाता है अर्थात् उसकी विरुद्ध व्याख्या करता है. वह जीव सम्मोही देवोंमें उत्पन्न होता है. रत्नत्रयही मुक्तिका मार्ग है परंतु उसके विरुद्ध जो आचरण करता है तथा संशय, विपर्यय व अनध्यवसायात्मक ज्ञानसे जो पदार्थके सच्चे स्वरूपको पहचानता नहीं है. वह मोहित होकर जिनमें कामविकार और रागभावकी तीव्रता है ऐसे कुत्सित देवोंमें उत्पन्न होता है.

भावनानां फलं दर्शयति भयोपजननाय--

एदाहिं भावणाहिं य विराधओ देवदुग्गदिं लहइ ॥
तत्तो चुदो समाणो भमिहिदि भवसागरमणंतं ॥ १८५ ॥
रत्नत्रयं विराध्याभिर्भावनाभिर्दिवं गतः ॥
भीषणे भवकांतारे चिरं भ्रंभ्रम्यते च्युतः ॥ १८७ ॥

विजयोदया--एदाहिं भावणाहिं य एताभिः भावनाभिः । देवदुग्गदिं लहदि देवेषु दुष्टा या गतिस्तां गच्छति । विराधगो रत्नत्रयाच्च्युतः । तत्तो चुदो समाणो तस्या देवदुर्गतेश्च्युतः सन् । भमिहिदि भ्रमिष्यति भवसागरमंतातीतं ।

कंदर्पादिभावनानां स्वरूपं निरूप्य सर्वेषोत्पादनाय तत्फलं दर्शयति—

मूलारा— विराधगो रत्नत्रयच्युतः । समाणो समानः सन् ।

भय उत्पन्न होवे इस वास्ते इन भावनाओंका फल दिखाते हैं—

अर्थ— इन भावनाओंसे मुनि रत्नत्रयसे भ्रष्ट होकर देवोंमे जो कुगति हैं उनको प्राप्त होते हैं. उन देवदुर्गतीसे भी च्युत होकर अनंत भवसागरमें वे भ्रमण करेंगे. तात्पर्य—क्रांदर्पी वगैरह भावनाओंसे कुदेवपना और अनंत संसारमें भ्रमण प्राप्त होता है.

एदाओ पंच वज्जिय इणमो छट्ठीए विहरदे धीरो ॥
पंचसमिदो तिगुत्तो णिस्संगो सव्वसंगेसु ॥ १८६ ॥

पंचेति भावनास्त्यक्त्वा संक्लिष्टः समितो यतिः ॥
षष्ठ्यां प्रवर्तते शुभ्रः संविग्नः संगवर्जितः ॥ १८८ ॥

विजयोदया—एदाओ पंच वज्जिय एताः पंच भावनाः परित्यज्य । इणमो अयं यतिः धीरः । छट्ठीए षष्ठ्या भावनया । विहरदे प्रवर्तते । षष्ठ्यां भावनायां प्रवर्तितुं एवंभूतो योग्यः स्यादाचष्टे—पंचसमिदो समितिपंचकवृत्तिः । तिगुत्तो गुप्तित्रयालंकृतः । णिस्संगो संगरहितः । सव्वसंगेसु सर्वपरिग्रहेषु ॥

ताः पंच त्यक्त्वा षष्ठ्या यादृक् प्रवर्तते तामाचष्टे—

मूलारा— इणमो अयं यतिः । छट्ठीए, षष्ठ्या असंक्लिष्टभावनया । विहरदे प्रवर्तते । णिस्संगो आसक्तिमुक्तः ।

अर्थ—इन पांच भावनाओंका त्यागकर जो धीर मुनि पांच समिति और तीन गुप्तिओंका पालनकर संपूर्ण परिग्रहोंमें निःस्पृह रहते हैं वेही छट्ठी भावनाके आश्रयसे रत्नत्रयमें प्रवृत्त होते हैं.

का सा षष्ठीभावना ? अत्राचष्टे—

तवभावणा य सुदसत्तभावणेगत्तभावणे चेव ॥
थिदिबलविभावणावि य असंकिलिट्ठावि पंचविहा ॥ १८७ ॥

असंक्लिष्टतपःशास्त्रसत्वैकत्वधृतिश्रिता ॥
पंचधा भावना भाव्या भवभ्रमणभीरुणा ॥ १८९ ॥

विजयोदया—तवभावणा तपसोऽभ्यासः । सुदभावणा ज्ञानस्य भावना । सत्तभावणा अभीरुत्वभावना । एगत्तभावणा एकत्वभावना । धिदिबलविभाविणावि य धृतिबलभावना चेति । असंकिलिट्ठावि पंचविधा असंक्लिष्टा भावनाः पंचप्रकाराः । ननु च ताः पंचभावनास्तत्र किमुच्यते ' छट्ठी य भावणा चेति ' असंक्लिष्टभावनात्वसामान्यापेक्षया एकतामारोप्य षष्ठीत्युच्यते । विशेषरूपापेक्षया तपोभावनादिविवेकः । अत एव सूत्रकारोऽपि एकतां दर्शयति ' असंकिलिट्ठा वि पंचविहा ' इति ।

असंक्लिष्टभावनाविकल्पानुद्दिशति—

मूलारा—सत्त अभीरुत्वं । धिदिबलिदभावणा । धृतिः परमप्रसक्तिस्तस्या भावनाभ्यासः ।

छट्ठी भावनाका वर्णन करते हैं—

अर्थ—तपका अभ्यास करना, ज्ञानका अभ्यास करना, निर्भयपनाका अभ्यास करना, मैं अकेलाही हूं ऐसा एकपनेका अभ्यास करना और धृतिबल भावना ऐसी पांच असंक्लिष्ट भावनायें हैं. इस गाथामें पांच भावनाओंका उल्लेख किया है तथापि छट्ठी भावनासे धीर मुनि रत्नत्रयमें विहार करते हैं ऐसा ऊपरकी गाथामें कहा है यह विरुद्ध दीखता है. उत्तर—इन पांचो भावनाओंमें असंक्लिष्टपना है इस असंक्लिष्टत्व सामान्यकी अपेक्षासे इन पांचो भावना ओंमे एकपनाको आरोपित कर संक्लिष्ट पांच भावनाओं की अपेक्षासे यह भिन्न होनेसे इसको सामान्यतया छट्ठी भावना ऐसा गाथामें कहा है. विशेषताकी अपेक्षासे तपोभावना, श्रुतभावना वगैरे पांच भावनाये आचार्यने कही है. अतःविरोध नहीं है.

तपोभावनासमाधेः कथमुपाय इत्यत्राचष्टे—

तवभावणाए पंचेंदियाणि दंताणि तस्स वसमेंति ॥
इंदियजोगायरिओ समाधिकरणाणि सो कुणइ ॥ १८८ ॥

दांतान्यक्षाणि गच्छन्ति तपोभावनया वशं ॥
विधानेनेन्द्रियाचार्यः समाधाने प्रवर्तते ॥ १९० ॥

विजयोदया—तपोभावणाए तपोभावनया । असकृदशनत्यागेन द्रव्यभावरूपेण । पंचेंद्रियाणि पंचापि इंद्रियाणि । तस्स तपोभावनारतस्य । वसमेंति वशमुपयांति । यतोऽस्मात् दंताणि दांतानि निगृहीतदर्पाणि । इंद्रिययोगायरिओ इंद्रियाणां शिक्षाविधाय्याचार्योऽसौ समाधिकरणानि रत्नत्रयसमाधानक्रियाः । सो सः कुणइ करोति । एतदुक्तं भवति । दांतानि इंद्रियाणि तपसा न कदाचित्संक्लेशमेति । क्षुदादिभिरुपद्रुतात्मा न वामलोचनासुरतक्रीडादौ करोत्यादरमिति प्रतीतमेव । ननु चानशनादौ प्रवृत्तस्याहारदर्शने तद्वार्तोश्रवणे तदासेवायां चादरो निर्वृतं प्रवर्तते ततोऽयुक्तमुच्यते तपोभावनया दांतानींद्रियाणीति । इंद्रियविषयरागकोपपरिणामानां कर्मास्रवहेतुतया अहितत्वप्रकाशनपरिज्ञानपुरःसरतपोभावनया विषयसुखपरित्यागात्मकेन अनशनादिना दान्तानि भवंति इंद्रियाणि । पुनः पुनः सेव्यमानं विषयसुखं रागं जनयति । न भावनांतरान्तर्हितमिति मन्यते ।

तपोभावना कथं समाध्यंगमित्याह—

मूलारा - तवभावणाए असकृदशनत्यागेन । दंतानि निगृहीतदर्पाणि । तस्स तपोभावनानारतस्य यतेः । वसमेंति वशं यान्ति । इंदियजोगायरिओ इंद्रियशिक्षाविधायी आचार्यः । समाधिकरणाणि रत्नत्रयसमाधानार्थाः क्रियाः ।

आसनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानलक्षणाः । सो तपोभावनादांतवश्येंद्रियः । अथवा तपोभावनया साधोः पंचेंद्रियाणि दांतानि संति वशगायान्ति । स प्रसिद्ध इंद्रियसंयोग्याचार्यो मनश्च समाधिकारणानि करोति ॥

तपोभावना समाधीका उपाय कैसी होती है इस प्रश्नका उत्तर आचार्य देते हैं—

अर्थ—चारवार आहारका त्याग करनेसे तपोभावनामें तत्पर रहनेवाले साधुकी पांचो इंद्रियां वश हो जाती हैं. चार प्रकारका आहार छोडना यह द्रव्यतपभावना, है और वह आहार छोडनेका जो मनःसंकल्प वह भावतपोभावना है. इस दो प्रकारकी तपोभावनासे इंद्रियोंका मद नष्ट होता है. तदनंतर वे आराधकके वश होती हैं. इंद्रियोंको शिक्षा देनेवाला आचार्य अर्थात् साधु रत्नत्रयमें जिनसे स्थिरता होती हैं. ऐसी क्रिया करता है. भावार्थ यह है कि, जब तपश्चरणसे इंद्रियोंका दमन होता है तब मनमें काम विकार उत्पन्न नहीं होता है. क्षुधा, प्यास इत्यादिसे पीडित पुरुषके मनमें स्त्रीके साथ सुरतक्रीडा करना, आलिंगन देना वगैरह क्रियाओंमें आदर नहीं रहता है. यह बात सुप्रसिद्ध ही है.

शंका—उपवासादि तपोंमें प्रवृत्त हुए पुरुषको आहारके दर्शनसे और उसकी कथा सुननेसे, उसको भक्षण करने की इच्छा उत्पन्न होती हैं. अतः तपोभावनासे इंद्रियोंका दमन होता है यह कहना अयोग्य है.

उत्तर—इंद्रियोंके इष्टानिष्ट स्पर्शादि विषयोंपर आत्मा रागी और द्वेषी जब होता हैं तब उसके रागद्वेष परिणाम कर्मागमनके लिये हेतु बनते हैं. ये राग जीवका अहित करते हैं ऐसा सम्यग्ज्ञान जीवको बतलाता है. सम्यग्ज्ञानयुक्त तपोभावना जो कि विषयसुखोंका परित्यागरूप और अनशनादिरूप है इंद्रियोंका दमन करती हैं . पुनः विषयसुखका सेवन करनेसे रागभाव उत्पन्न होता है परंतु तपोभावनासे जब आत्मा संस्कृत होता है तब इंद्रियां विषयसुखोंके तरफ दौडता नहीं है.

तपोभावनारहितस्य दोषमाचष्टे उत्तरप्रबंधेन सदृष्टान्तोपन्यासेन—

इंदियसुहसाउलओ घोरपरीसहपराजियपरस्सो ॥
अकदपरियम्म कीवो मुज्झदि आराहणाकाले ॥ १८९ ॥
इंद्रियार्थसुखासक्तः परीषहपराजितः ॥
जीवोऽकृतक्रियः क्लीवो मुह्यत्याराधनाविधौ ॥ १९१ ॥

विजयोदया—इंदियसुहसाउलओ इंद्रियसुखस्वादलंपटो। घोरपरीसहपराजिय परस्सो परीषहैः घोरैः दुःसहैः क्षुदादिभिः पराजितोऽभिभूतः सन् यः पराङ्मुखतां गतो रत्नत्रयस्य । अकदपरियम्म कीवो अकृतं परिकर्म तपआराधनाया येनासौ अकृतपरिकर्मा । कीवो दीनः । मुज्झदि मुह्यति विचित्ततामाप्नोति । आराहणाकाले आराधनायाः काले ।

तपोभावनाविहीनस्य गाथापंचकेन सदृष्टांतोपन्यासेन दोषमाचष्टे —

मूलारा—साउलओ स्वादलंपटः । पराइय पराजितः । परस्सो पराङ्मुखो रत्नत्रयस्य । अकदपरियम्म न कृतं परिकर्म आराधनायोग्यं तपो येन । कीवो क्लीवो दीन इत्यर्थः । मुज्झदि विचित्ततां याति ।

तपोभावना जिसको नहीं है उस पुरुषमें दोष उत्पन्न होते हैं. इस विषयका खुलासा दृष्टान्त देकर आचार्य करते हैं.

अर्थ—जो पुरुष अर्थात् मुनि इंद्रियसुखोंका आस्वादन करनेमें लंपट हुआ है, दुःसह भूख तहान वगैरह परीषहोंसे जो पीडित हुआ है. अतः जो रत्नत्रयसे पराङ्मुख हुआ है, जो आराधनाका रक्षण करनेमें ऐसे तपको छोड बैठा है वह मुनि दीन होकर आराधनाके कालमें मोहयुक्त होता है. समाधिमरण यह आराधनाका अन्तिम

लक्ष है, परंतु जिसने तपश्चरण किया नहीं, जो इंद्रियसुखमें निमग्न हुआ वह रत्नत्रयसे भ्रष्ट हो कर समाधिमरणसे च्युत होता है.

अत्र दृष्टान्तमाह—

जोग्गमकारिज्जंतो अस्सो सुहलालिओ चिरं कालं ॥
रणभूमीए वाहिज्जमाणओ जह ण कज्जयरो ॥ १९० ॥
लालितः सर्वदा सौख्यैरकारितपरिक्रियः ॥
कार्यकारी यथा नाश्वो वाह्यमानो रणांगणे ॥ १९२ ॥

विजयोदया—जोग्गमकारिज्जंतो वाक्चालनभ्रमणलंघनादिकां शिक्षां अकार्यमाणः। अस्सो अश्वः। सुहलालिओ सुखलालितः । चिरं कालं रणभूमीए युद्धभूमौ । वाहिज्जमाणगो वाह्यमानः । जह ण कज्जकरो यथा कार्यं न करोति तथा यतिरपि ॥

मूलारा—जोग्गं धावनभ्रमणलंघनादिकां शिक्षां । शेषे गाथात्रयं सुगमम् ।

इस विषयमें दृष्टान्त कहते हैं—

अर्थ—जैसे शब्दोंका अभिप्राय ध्यानमें रखना, चलाना, वेगसे घुमाना, कूदना वगैरह कृत्योंका अभ्यास जिससे कराया गया नहीं है, जिसको सुखसे पुष्ट किया है, ऐसे अश्वको बहुत काल व्यतीत होनेपर युद्धभूमीमें ले जानेपर वह कार्य नहीं करता है. शत्रूको जीतनेमें अपने स्वामीको सहायता देना दूर ही रही परंतु भयसे भाग जा कर मालिकका काम बिगाड देता है वैसे यति भी—

सुगमत्वात्न व्याख्यायते गाथात्रयम—तत्रभाषणा ।

पुव्वमकारिदजोग्गो समाधिकामो तहा मरणकाले ॥
ण भवदि परीसहसहो विसयसुहपरम्मुहो जीवो ॥ १९१ ॥
जोग्गमकारिज्जंतो अस्सो दुहभाविदो चिरं कालं ॥
रणभूमीए वाहिज्जमाणओ कुणदि जह कज्जं ॥ १९२ ॥

पुव्वं कारिदजोगो समाधिकामो तहा मरणकाले ॥
होदि हु परीसहसहो विसयसुहपरम्मुहो जीवो ॥ १९३ ॥

अकारिततपोयोग्यश्चिरं विषयमूर्च्छितः ॥
न जीवो मृत्युकालेऽस्ति परीषहसहस्तथा ॥ १९३ ॥
विधापितः क्रियां योग्यां सर्वदा दुःखवासितः ॥
वाह्यमानो यथा वाजी कार्यकारी रणक्षितौ ॥ १९४ ॥
विधापितस्तपो योग्यं हृषीकार्थपराङ्मुखः ॥
जायते मृत्युकालेऽगी परीषहसहस्तथा ॥ १९५ ॥

अर्थ—यदि पूर्व कालमें तपश्चरण नहीं किया होय तो मरणकालमें समाधिकी इच्छा करता हुआ भी परीषहोंको सहन नहीं करता है अतः वह विषयसुखोंमें आसक्त हो जाता है. जिससे भ्रमण करना, उल्लंघन करना वगैरह कार्योंका अभ्यास कराया गया है तथा जिसको क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण इत्यादि दुःखोंका चिरकालतक अभ्यास कराया है, ऐसा अश्व रणभूमीमें ले जानेपर वह स्वामीके शत्रुको जीतनेका कार्य करता है. यतिने भी पूर्व कालमें यदि तप किया हो तो परीषहोंको सहन कर समाधिकी इच्छा करनेवाला होकर मरणकालमें विषयसुखमें वह मूर्छित–आसक्त नहीं होता है.

श्रुतमाहात्म्यं प्रकटयति—

सुदभावणाए णाणं दंसणतवसंजमं च परिणवइ ॥
तो उवओगपइण्णा सुहमच्चविदो समाणेइ ॥ १९४ ॥

चतुरंगपरीणामश्रुतभावनया परः
निर्व्याक्षेपः प्रतिज्ञातं स्वं निर्वाहयते ततः ॥ १९६ ॥

विजयोदया—सुदभावणाए । श्रूयते इति श्रुतमित्यस्यां व्युत्पत्तौ शब्दश्रुतमुच्यते । तस्य भावना नाम तदर्थविषयज्ञानासकृत्प्रवृत्तिः । ननु शब्दश्रुतस्यासकृत्पठनं श्रुतभावना स्यात्, ज्ञानं ततोऽर्थान्तरं ? अत्रोच्यते—श्रुतकार्ये ज्ञाने

श्रुतशब्दो वर्तते इति न दोषो वा। गच्छतीति गौरिति व्युत्पत्तावपि नाश्वादौ गोशब्दो वर्तते । किंतु रूढिवशात्सास्नादिमत्येव । एवमिहापि श्रूयते इति व्युत्पादितोऽपि न सकले श्रोत्रोपलभ्ये वचनसंदर्भे प्रवर्तते, अपि तु स्वसमयरूढिवशाद्गणधरोपरचिते एव । तथैव श्रुतज्ञानावरणक्षयोपशमनिमित्तज्ञाने एव वर्तते । तस्यास्य श्रुतज्ञानस्य भावनया । णाणं दंसणतवसंजमं च परिणमइ समीचीनज्ञानदर्शनतपःसंयमपरिणतिः प्रतिपद्यते। ज्ञानभावनापरो ज्ञानपरिणतो भवतु कथमसौ दर्शनादौ परिणामांतरं प्रवृत्तो भवति ? न हि क्रोधपरिणतो मायायां प्रवृत्तो भवतीति चेन्नैष दोषः । यथाग्नांतरीयके तस्मिन्सति तद्भवत्येव तदधिकरणे यथा कृतकत्वेऽनित्यत्वं । ज्ञानं चांतरेण न भवंति सम्यग्दर्शनादयः । अत्रेदं चोद्यं-असंयतसम्यग्दृष्टेरस्ति ज्ञानं तस्य तपःसंयमौ किमुत स्तः ? संयमसद्भावे कथमसंयतता ? तस्मान्न तौ स्तः। कथमिदं सूत्रं ? नायमस्य सूत्रस्यार्थो ज्ञानभावनायां सत्यां भवत्येव सर्वं एव इति, किंतु ज्ञानभावनायां सत्यामेव भवंति नासत्याम् । तपःसंयमौ कार्यत्वेन स्थितौ चारित्रमोहक्षयोपशमापेक्षिणा ज्ञानेन प्रयत्येते, न चावश्यं कारणानि कार्यवन्ति। धूमसज्ञनयतोऽग्नेर्दर्शनात् काष्ठाद्यपेक्षस्य । तो ततः ज्ञानभावनातः । उवओगपदिण्णा ज्ञानदर्शनतपःसंयमपरिणामप्रबंधे प्रवर्तया म्यात्मानं इति या उपयोगप्रतिज्ञा तां । सुहं भद्रेण । समाणेदि समापयति । अच्चविदो अचलितः ॥

श्रुतभावनामाहात्म्यं गाथाद्वयेनाह—

मूलारा—उवओगपइण्णं ज्ञानप्रबंधे प्रवर्तयात्मानं इत्यंगीकारम् । अच्चविदो अचलितः । समाणेदि समापयति ।

श्रुतज्ञानभावनाका माहात्म्य प्रकट करते हैं—

अर्थ—' श्रूयते इति श्रुतं ' जो सुना जाता है उसको श्रुत कहते हैं, यदि यह श्रुत शब्दका अर्थ मानोगे तो शब्दोंको श्रुत मानना चाहिये. इस श्रुतकी भावना करना अर्थात् शब्दका जो अर्थ तद्विषयक ज्ञानमें बारबार प्रवृत्ति करना श्रुतभावना है. अर्थात् शब्द सुनकर उसके अर्थका जो बारबार ज्ञान होना वह श्रुतभावना है. शंका-शब्दश्रुतको बार बार पढना वह श्रुतभावना है, ज्ञान तो इससे भिन्न है? उत्तर–श्रुत जो शब्द उसका कार्यरूप जो ज्ञान उसमें भी श्रुतशब्दकी प्रवृत्ति है, शब्दको भी श्रुत कहते हैं और उससे होनेवाले कार्यरूप ज्ञान को भी श्रुत कहते हैं, अतः इसमें कुछ विरोध नहीं है. "गच्छतीति गौः " इस व्युत्पत्तीसे बना हुआ भी गो शब्द अश्वादिकका वाचक होता नहीं, परंतु रूढीसे सास्नादिमान् जो गाय उसका ही वाचक होता है, वैसे यहां भी " श्रूयते इति श्रुतं" इस प्रकारसे व्युत्पन्न किया गया शब्द कानसे सुनेगये समस्त शब्दोंमें प्रवृत्त होता नहीं हैं, परंतु स्वसिद्धान्त की रूढीकी अपेक्षासे गणधररचित शब्दश्रुतमें ही श्रुतशब्द की प्रवृत्ति समझनी चाहिये. श्रुतज्ञानावरण

कर्मका क्षयोपशम पाकर जो ज्ञान उत्पन्न होता है उसमें भी यहां श्रुत शब्द समझना चाहिये. इस श्रुतज्ञानकी भावनासे सम्यग्ज्ञान, दर्शन, तप, संयम इन गुणोंकी प्राप्ति होती है.

शंका—जो मनुष्य ज्ञानभावनामें तत्पर है वह ज्ञानमें परिणत होगा वह दर्शनादि परिणामोंमें कैसा परिणत होगा. क्रोधकषायसे परिणत हुआ अदमी मायामें परिणत नहीं होता है. उत्तर—आपका यह कहना योग्य नहीं है. जो जिसके साथ अविनाभावी रहता है वह उसके सद्भावमें उसके आधारमें रहेगा ही. यथा जहां जहां कृतकत्व रहता है वहां वहां अनित्यत्व रहेगा ही. ज्ञानके विना सम्यग्दर्शनादिक होते नहीं है.

शंका—असंयत सम्यग्दृष्टी में ज्ञान है परंतु उसमें तप और संयम भी है क्या? यदि होंगे तो उसको असंयमी क्यों कहते हैं. अतः ज्ञानके साथ तप और संयम नहीं रहते हैं. अर्थात् ज्ञानके साथ उनका संबंध नहीं है.

उत्तर—ज्ञानभावना होनेपर तप संयमादिक होते ही है ऐसा इस सूत्रका अभिप्राय नहीं है. परंतु तपः संयमादिक यदि उत्पन्न होंगे तो ज्ञानभावना के रहते ही उत्पन्न होगें. अन्यथा नहीं. तप और संयम ये कार्यरूप हैं और वे चारित्र मोहनीय कर्मके क्षयोपशमकी अपेक्षा रखनेवाले ज्ञानके द्वारा प्रवृत्त किये जाते हैं.

कारण अवश्य कार्यवान् होते ही है ऐसा नियम नहीं है. काष्ठादिकी अपेक्षा रखनेवाला अग्नि धूमको उत्पन्न करेगाही ऐसा नियम नहीं है. इसलिये ज्ञानभावनासे मैं ज्ञान, दर्शन, तप संयम परिणामोंमें आत्माको प्रवृत्त करूंगा ऐसी जो उपयोग प्रतिज्ञा उसको वह मुनि एकाग्र होकर अचलित होकर अनायाससे संपूर्ण करता है.

जदणाए जोग्गपरिभाविदस्स जिणवयणमणुगदमणस्स ॥
सदिलोवं कादुंजे ण चयंति परीसहा ताहे ॥ १९५ ॥

स्वन्यस्तजिनधाक्यस्य रचितोचितकर्मणः ॥
परीषहापदः शक्ता न कर्तुं स्मृतिलोपनम् ॥१९७॥

इति श्रुतम् ॥

विजयोदया—जदणाए यत्नेन । जोग्गपरिभाविदस्स युज्यते अनेन अनशनादिना निर्जरार्थं यतिरिति योज्यं तपः योगशब्देनात्रोच्यते । तेनायमर्थः । तपसा भावितस्येति । जिणवयणमणुगदमणस्स जिनवचनानुगतचेतसः ।

सदिलोवं स्मृतिलोपं । रत्नत्रयपरिणामप्रबंधसंपादनोद्योगस्य स्मृतिर्या तस्या विनाशं । काउंजे कर्तुं । न शक्नुवंति । के ? परिस्सहा क्षुदादिवेदनाः । ताहे तदा । एतदुक्तमनया गाथया अभ्यस्यमानं श्रुतज्ञानं निर्मलं पटीयो भवति । पाठाभ्यासबलेन च स्मृतिरखेदेन प्रवर्तते । स्मृतिमूलो हि योगो वाक्कायव्यापार इति । सुदं गदं ।

मूलारा—जदणाए यत्नेन प्रमादपरिहारेणेत्यर्थः । जोग युज्यतेऽनेनाशनादिना निर्जरार्थं यतिरिति जोगो बाह्यं तपः । सदिलोवं स्मृतिलोपं । काउंजे कर्तुं । न शक्नुवन्ति । ताधे तदा मरणकाले ॥

अर्थ—अनशन अवमोदर्य इत्यादि तप मुनिराजके कर्मकी निर्जरा करते हैं अर्थात् कर्मकी निर्जरा करनेके लिए मुनि अनशनादि तपसे जुड जाते हैं. इसलिए अनशनादि बाह्य तप को आचार्य योग कहते हैं. प्रमाद छोड कर प्रयत्नसे जो तपसे अपने आत्माको सुसंस्कृत बनाता है, जिसका मन जिनेश्वरके वचनोंमें एकाग्र हुआ है, ऐसा मुनि रत्नत्रय परिणामोंमें स्थिरता रखनेमें सतत उद्युक्त होता है अतः यदि क्षुदादि परीषहोंसे वह पीडित होगया तो भी उसकी स्मृतिका नाश होता नहीं हैं. अभिप्राय यह है कि, श्रुतज्ञानका अभ्यास करनेसे वह निर्मल और ऊहापोहके सामर्थ्यसे युक्त हो जाता है. ऊहापोहका अभ्यास बढ जानेसे जिनागममें स्मृति बिना खेदके प्रवृत्त होती है. वचनकी प्रवृत्ति, शरीरकी सब प्रवृत्तियां स्मृतिपर ही निर्भर रहती है. इस तरह ज्ञानके सामर्थ्य का वर्णन किया.

सत्त्वभावनाया गुणं स्तौति उत्तरगाथया—

देवेहिं भेसिदो वि हु कयावराधो व भीमरूवेहिं ॥
तो सत्तभावणाए वहइ भरं णिब्भओ सयलं ॥ १९६ ॥
बहुसो वि जुद्ध भावणाए ण भडो हु मुज्झदि रणम्मि ॥
तह सत्त भावणाए ण मुज्झदि मुणी वि ओसग्गे ॥ १९७ ॥
भीष्यमाणोऽप्यहोरात्रं भीमरूपैः सुरासुरैः ॥
सत्त्वभावनया साधुं धुरि धारयतेऽखिलम् ॥ १९८ ॥

विमुह्यत्युपसर्गे नो सत्त्वभावनया यतिः ॥
युद्धभावनया युद्धे भीषणेऽपि भटो यथा ॥ १९७ ॥

विजयोदया—देवैर्हि देवैस्त्रासितोऽपि । खु स्फुटं । कृतापराधोऽतिभीमरूपैः । वा अथवा । तो ततः । सत्त्वभावनया सोढदुःखात् । वहइ भरं णिब्भओ सयलं वहति भरं संयमस्य निर्भयः सकलं । मृतेर्भीमरूपदर्शनाच्च भीतिरुपजायते भीतस्य प्रच्युतरत्नत्रयस्य तदतिदुरवापं । तदनवाप्त्या न कर्म निर्मूलनं शक्यं कर्तुं । अनासादितप्रलयानि च कर्माणि विचित्रैर्यातयंत्यात्मानं । ततो भीतिरेवानेकानर्थमूलमिति निश्चित्य सा प्रागेव निरसनीया । तथाहि—

मूलारा—भीसिदो भयं नीतः । दिवा दिवा । राओ रात्रौ । तो तया प्रसिद्धया पृथ्वीकायिकादिभवग्रहणद्वारायातविचित्रदुःखपरामर्शकृतभयापसारणया । धुरं चारित्रभारं ।

मूला—स्पष्टम् ।

सत्त्वभावनामें जो गुण हैं उनकी स्तुति आचार्य करते हैं—

अर्थ—वह मुनि देवोंसे त्रस्त किया गया, भयंकर व्याघ्रादिरूप धारण कर पीडित किया गया तो भी सत्त्वभावनाको हृदयमें रखकर दुःखोंको सहन कर और निर्भय होकर संयमका संपूर्ण भार धारण करता है. मरण होगा इस विचारसे और भीमरूप दर्शनसे मनमें भीति उत्पन्न होने पर रत्नत्रयका यदि त्याग किया तो पुनः उसकी प्राप्ति होना अतिशय दुर्लभ है. रत्नत्रयकी प्राप्ति न होनेसे कर्मका नाश करना अशक्य है. कर्मोंका नाश न होनेसे वे आत्माको नाना प्रकारसे पीडा देते हैं. अतः भीति ही अनेक अनर्थोंका मूल है ऐसा निश्चय करके वह सत्त्वभावनासे प्रथम दूर करनी चाहिये.

खणणुत्तावणवालणवीयणविच्छेत्तणाभरोदत्तं ॥
चिंतिय दुहं अदीहं मुज्झदि णो सत्तभाविदो दुक्खे ॥ १९८ ॥
बालमरणाणि साहू सुचिंतिदूणप्पणो अणंताणि ॥
मरणे ससुट्ठिएविहि मुज्झइ णो सत्तभावणाणिरदो ॥ १९९ ॥

विजयोदया—पृथिवीकायिकः सन् खननदहनविलेखनकुट्टनभंजनलोष्टमर्षणचूर्णनादिभिर्बाधां परिप्राप्तोऽसि ।

अप्सु च शरीरत्वेनोपादाय घर्मरश्मिकरनिकरापातेन, दहनज्वालाकलापकलिततनुतया पर्वतदरीसमुन्नतदेशेभ्योऽतिवेगेन शिलाघनवसुंधरासु पतनेन, आम्ललवणक्षारादिरससमवेतद्रव्यसन्निधानेन, धगधगायमानेऽग्नौ प्रक्षेपणेन, तप्ततटशिलापातेन, पादकरतलाभिघातेन, तरणोद्यतानां विशालघनोरःस्थलाघपीडनेन, अवलोकमानमहानागतरणमज्जनहस्तक्षोभणादिना च महतीं वेदनां अधिगतोऽसि ।

तथा समीरणं तनुतया परिगृह्य द्रुमगुल्मशिलोच्चयादीनां प्राणभृतां नितांतकठिनकायानां चाभिघातेन समीरणांतराघमर्दनेन, ज्वलनस्पर्शनेन च दुःखासिकामनुभूतोऽसि ।

तथा परिगृहीताग्निशरीरो विध्यापनेन पांसुभस्मसिकतादिप्रक्षेपणेन, मुशलमात्रजलधारापातेन, दंडकाष्ठादिभिस्ताडनेन, लोष्टपाषाणादिभिश्चूर्णनेन प्रभंजनेन विपदमाश्रितोऽसि ।

फलपल्लवादिपल्लवकुसुमादिकायं स्वीकृत्य त्रोटनभक्षणमर्दनपेषणदहनादिभिस्तथा गुल्मलतापादपादिकं तनूकृत्य छेदनेन, भेदनेनोत्पाटनेन, रोहणेन, दहनेन च क्लेशभाजनतामुपयातोऽसि ।

तथा कुंथुपिपीलिकादित्रसो भूत्वा वेगप्रयायिरथचक्राक्रमणेन, खरतुरगादिपरुषखुरसंताडनेन, जलप्रवाहप्रकर्षणेन, दावानलेन, द्रुमपाषाणादिपतनेन, मनुजचरणावमर्दनेन, बलवतां भक्षणेन च चिरं क्लिष्टोऽसि ।

तथा खरकरभबलीवर्दादिभावमापद्य गुरुतरभारारोपणेनारोहणेन, बंधनेन, कर्कशतरकशादंडमुशलादिताडनेनाहारनिरोधनेन, शीतोष्णघातादिसंपातेन, कर्णच्छेदनेन, दहनेन, नासिकावेधनेन, विदारणेन, परश्वादिभिर्निशितासिधारा प्रहारेण चिरमुपद्रुतोऽसि ।

तथा भग्नरावं, क्षुधातया व्याध्यभिभवेन वा पतितं इतस्ततः परावर्त्यमानं, क्रूरतमव्याघ्रशृगालसारमेयादिभिर्भक्ष्यमाणं, काकगृध्रकंकादिभिः कवलीक्रियमाणं, तरलतरतारकाक्षियुगलं, करुणमासीत् । ततो यतो गुरुतरभारोद्वहनजातकायेतश्रमसमुद्भवदुर्भिक्षकुलेन, काकादिभिश्चानारतमुपद्रुतोऽसि ।

तथा मनुजभवेऽपि करणवैकल्याद्दारिद्र्यादसाध्यव्याध्युपनिपातात्, प्रियालाभादप्रियसंयोगात्परप्रेष्यकरणादपराभवात्, द्रविणार्जनाशया दुष्करकर्मादानमूलषट्कर्मोद्योगाच्च, विचित्रविपदमुपगतोऽसि ।

तथैवामरभवेऽपि दूरमपसर लघु प्रयाहि, प्रभोः प्रस्थानवेला वर्तते । प्रयाणपटहं ताडय, ध्वजं धारय, हताश देवीजनं पालय, तिष्ठ स्वामिनोऽभिलषितेन वाहनरूपेण, किं विस्मृतोऽस्यनल्पपुण्यपण्यशतमस्य दासेरतां यत्पूर्णा तिष्ठसि । पुरो न धावसीति देवमहत्तरपरुषतरभारतीशलाकानां ताडनेन शतमुखान्तःपुरादभ्रविभ्रमविलोकनोद्भूताभिलाषदहनजनितसंतापेन षण्मासावस्थितेरायुषः परिज्ञानेन च महदुदपादि दुःखं । एवं नरकभवेऽपि इत्थमनंतकालमनुभूतस्य मम को विषादो, दुःखोपनिपाते इति न च विषण्णं त्यजंति दुःखानि, स्वकारणायत्तसंनिधानानि तानीति सत्त्वभावना ॥ यच्चाशुभशरीरदर्शनाद्भीतिः सापि नो युक्ता । तानि शरीराणि असकृन्मया गृहीतानि दृष्टानि च । का तत्र परिचितेभ्यो भीतिरिति चित्तस्थिरीकिया सत्त्वभावना ।

इस सत्वभावनाका महात्म्य दो गाथाओंसे आचार्य कहते हैं।—

अर्थ—सत्वभावनाका धारक मुनि मनमें इस प्रकारसे विचार करता है— जब पृथ्वी ही मेरा शरीर थी उस समय मेरेको खोदना, जलाना, हलके द्वारा विदीर्ण करना, कूटना, फोडना, पीसना, चूर्ण करना इत्यादि बाधा देकर लोग मुझे सताते थे. अर्थात् पृथ्वीकायिकअवस्थामें मैंने दीर्घकालतक वचनके द्वारा अवर्णनीय ऐसे दुःख सहे हैं. जब मैंने जलको अपना शरीर बनाया तब सूर्यके प्रचंडकिरणोंसे, अग्निकी ज्वालाओंसे मेरा शरीर अतिशय उष्ण होकर मैं बहुत वेदनायें सही. पर्वतकी दरी वगैरे ऊंचे स्थानोंसे अतिवेगसे मेरा पतन नीचे कठिन शिलाओंपर होनेसे मैंने दुःख सहन किया है. खड्ग, लवण, क्षारादि रसयुक्त पदार्थों का मेरे साथ मिश्रण करके जब धगधगायमान अग्निके उपर मेरेको संतप्त करते थे तब मेरेको असह्य दुःख होता था. वृक्षोंपरसे नीचे शिलाओपर गिरनेसे, पांव और हाथोंके आघातोंसे, तीरनेके लिये उद्युक्त हुए मनुष्यादि प्राणिओंके विशाल वक्षःस्थलकी ताडनासे, प्रथम देखकर अनंतर पानीमें जिसने प्रवेश किया है ऐसे बडे हाथीका तीरना, मज्जन करना और शुंडासे जलक्षोभ करना इत्यादि कारणोंसे मेरेको महान् दुःख हुआ था.

जब जलावस्थाका त्यागकर मैंने वायुरुप शरीर धारण किया तब वृक्ष, शुष्क, इत्यादिकसे धक्का पोहोचनेपर मैंने दुःखोंका अनुभव किया है. जिनका शरीर अतिशय कठिन है ऐसे प्राणिओंके आघातसे और मेरेसे भिन्न वायूसे टकरानेपर, मेरा शरीर चूर्ण-विचूर्ण होकर मैं बहुत दुःखोंका स्थान होगया था. अग्निज्वालाओंका जब मेरे शरीर से स्पर्श हुआ तब तो मेरे प्राणही निकल गये.

जब वायुशरीरको छोडकर अग्निको शरीररूपसे ग्रहण किया, तो बहुत वार धूल, भस्म, बालू वगैरह मेरे ऊपर डालकर लोगोंने मेरेको बुझाया, मुशलके समान जल धारायें पडनेपर, दंड काष्टादिकोंसे ठोककर चूर्ण करनेसे मेरेको बहुत ही कष्टोंसे सामना करना पडा. मातीके ढेले और पत्थरोंके आघातसे तथा वायुके जोरदार धक्केसे मैं दुःखविह्वल हुआ था।

जब अग्निका शरीर छोडकर मैं फल, पुष्प, पत्र, कोमल अंकुर इनको शरीररूपसे धारण किया तब तोडना, खाना, मर्दन करना, दांतोसे चबाना, अग्निपर भुंजना इत्यादि प्रकारोंसे मेरेको जनताने दुःख दिया है. जब मैं झाड, लता, छोटे पेड इत्यादिक रूपसे जन्मा तब छेदन करना, भेदन करना, उखाडना, तोडना एक जग-

इसे उठाकर दुसरे स्थानमें बोना, जलाना इत्यादिकोंसे जो दुःख भोगने पडे उनका वर्णन करना मेरी शक्तीके बाहर है.

जब मैंने कुंथु, चींटी वगैरे प्राणिओंमें द्वींद्रिय, त्रींद्रिय धारक होकर जन्मग्रहण किया तब बेगसे जानेवाले रथके पहियोंके नीचे दबकर प्राणविसर्जन किये है.

गधा, घोडा वगैरे प्राणिओंके कठिण खुरोंके ताडनसे. पानीके प्रवाहके वेगसे, जंगलके अग्नीसे, वृक्ष पाषाणादिक पदार्थ अंगपर गिरनेसे, मनुष्योंके पैरोसे कुचल जानेसे, बलवान् प्राणिओंका भक्ष्य होनेसे मेरेको दीर्घकाल तक दुःख भोगने पडे है.

तथा गधा, ऊंट, बैल, वगैरे पंचेंद्रिय प्राणिओंका जन्म जब धारण किया था तब मनुष्योंने मेरे ऊपर अधिक बोझा लादकर और स्वयं चढकर बहुत खेदित किया था. दोरीसे बांधना, अधिक कर्कश चाबूक, लाठी, मुशल, इत्यादिकोंसे आघात करना, आहार पानी न देना, शीत, उष्ण, वायु इत्यादिककी बाधा होना इत्यादिकोंके द्वारा मेरेको बहुत क्लेश हुआथा. कान छेदना, जलाना, नाकमें नथनी डालना, विदारण करना, कुल्हाडी वगैरह शस्त्रोंसे तीक्ष्ण तरवारसें प्रहार करना इत्यादिकोंसें मनुष्योंने मेरेको अत्यंत दुख दियाथा. जिससे पांव टूटगये है, कृश होनेसे अथवा रोगपीडित होनेसे जो गिरपडा है, इतस्ततः पीडा सहन न होनेसे जो तडफडाने लगा है. अत्यंत क्रूर व्याघ्र, कुत्ते, स्याल वगैरह प्राणिओंका जो भक्ष्य हो रहा है. कौवे, गीध, बगुला इत्यादि दुष्ट पक्षी जिसकी नोंच नोंचकर खा रहे है. जिसकी आंखे भयके मारे चंचल हो रही है, ऐसे समयमें कोई भी मेरा रक्षण करनेवाला न था.

अधिक बोझा लादनेसे मेरे पीटपर जखम हो कर वह क्रिमिओंसे भर गईथी उस समय कौवे वगैरे पक्षी आकर जखमका मांस नोंचकर खातेथे वह बडाही भीषण, दुःखदायक प्रसंग था. कुछ पापोंका उपशम होनेसे मनुष्य होकर मैं जन्मा परंतु इंद्रियोंकी न्यूनता, दारिद्र्य, असाध्य रोग इत्यादिकोंसे मैं बहुत दुःखी था. प्रिय पदार्थ न मिलना, अप्रिय शत्रु, विष, कंटकादिकोंका संयोग होना, दुसरोंकी नोकरी करना, शत्रुसे पराभव होना, इत्यादिक दुःखोंसे मैं बहुत ही व्याकुल हो उठता था. धन कमानेकी इच्छासे दुःखदायक कर्मास्रवके कारण ऐसे असि मषि वगैरह षट्कर्मोंमें दिन रात प्रयत्न करता था तो भी नानाप्रकारकी विपत्ति आती ही थी.

कुछ शुभोदयसे देवगतीमें मेरा जन्म हुआ. परंतु वहां भी, "यहांसे दूर हटो, शीघ्र चले जाव, प्रभुका आनेका समय है, उनके प्रस्थानकी सूचना देनेवाला नगारा बजाओ. अरे यह ध्वज हाथमें पकडकर खडा हो"।

"अरे दीन इन देवांगनाओंका रक्षण कर. स्वामी की अभिलाषा के अनुसार वाहनका रूप धारण कर. विपुल पुण्य रूपी धन जिसके पास है ऐसे इंद्रका तू दास है क्या तू यह भूल गया है" क्यों व्यर्थ खडा हुआ है ? इंद्रके आगे क्यों भागता नहीं" ऐसे अधिकारी देवोंके कठोर वचन सुनकर वह बहुत खेदयुक्त होता है. इंद्रकी अप्सराओंका हावभाव देखकर ऐसी देवांगनायें मेरेको कब मिलेंगी यह अभिलाषा मनमें होकर मैंने देवपर्यायमें भी बहुत दुःखोंका अनुभवन किया है. इसी तरह अनंत काल दुःखानुभव करने में मेरा चला गया है अतः इस समय परीषह उपसर्गादि दुःख आपडने पर विषाद करनेसे कुछ भी फायदा नहीं है. खिन्न हुये पुरुषको क्या दुःख छोड देता है ? यह तो अपने कारणसे उत्पन्न होता है ऐसा विचार कर सत्वभावनासे दुःखोंका हमला सहन करना चाहिये. यदि अशुभ, जुगुप्सा उत्पन्न करनेवाले शरीरको देखकर भय उत्पन्न होता है ऐसा कहना भी युक्त नहीं है. क्यों कि खुद मैंने अशुभ शरीर असंख्यात वार ग्रहण किये हैं. और देखे हैं. वे सब शरीर मेरे परिचयके हैं. परिचितोंसे भय ही कैसा उत्पन्न होगा ऐसा विचार कर मनको स्थिर करना चाहिये. मनको स्थिर करना यही सत्वभावना है.

जिसने बहुत वार युद्धका अभ्यास किया है. ऐसा वीरपुरुष युद्धमें मोहयुक्त नहीं होता है अर्थात् धैर्य धारण करता है वैसे सत्वभावनाका आश्रय लेकर मुनि भी उपसर्ग आनेपर मोहयुक्त होते नहीं प्रत्युत वे धैर्य धारण कर उपसर्ग सहन करते हैं.

एयत्तभावणाए ण कामभोगे गणे सरीरे वा ॥
सज्जइ वेरग्गमणो फासेदि अणुत्तरं धम्मं ॥ २०० ॥

कामे भोगे गणे देहे विशुद्धैकत्वभावनः ॥
करोति निःस्पृहीभूय साधुर्धर्ममनुत्तरम् ॥ १०८ ॥

विजयोदया—एकत्वभावना नाम जन्मजरामरणादिवृत्तिजनितदुःखानुभवने न दुःखं मदीयं संविभजति कश्चित्। दुःखसंविभजनगुणेन स्वजन इत्यनुरागः तदकरणेन च परजन इति च द्वेषो युज्यते। न चेदस्ति सुखं मय्याधातुमक्षमः इति न तत्सुखेनापि स्वजनपरजनाविवेकः। तस्मादेक एवाहं न मे कश्चित्। नाप्यहं कस्यचिदिति चिन्ता कार्या। तस्या गुणमाचष्टे-एयत्तभावणाए एकत्वभावनया हेतुभूतया। न सज्जदि नासक्तिं करोति। क्व कामभोगे, गणे शिष्यादिवर्गे, शरीरे वा सुखे वा। कामं स्वेच्छया भुज्यंते अनुभूयंते इति कामभोगाः। सुखसाधनतया संकल्पितभक्तपानादयो वामलोचनादिवर्गश्च तत्र न संगं करोति। बाह्यद्रव्यसंसर्गजनिताः प्रीतिविशेषाः सुखशब्दवाच्यास्ते तृष्णामेवातिशयवतीं आनयंति खेदोत्पादकारिणीं, न चेतःस्वास्थ्यं संपादयितुमीशा इति। न तु उपयोग्याः कामभोगाः, रत्नत्रयसंपत्तिरेव जनस्योपयोगिनी, न तया भोगसंपदास्माकं किंचिदस्ति कृत्यं। मदीयपरिणामावलंबिनौ हि बंधमोक्षौ मम। ततः किं तेन गणेन। शरीरमप्याकिंचित्करं। न चेत्कर्माणि किंचित्कुर्युः। बाह्यं जीवाजीवात्मकं द्रव्यं रागकोपनिमित्तं, इदमुपकारकमनुपकारकमिति वा संकल्प्यमानं नान्यथा। ततः संकल्पमोहभूतं विहाय शुद्धात्मस्वरूपज्ञानपरिणामप्रबंधः असहायात्मस्वरूपविषय इति एकत्वभावनोच्यते। सत्यामस्यां न कश्चित्संगं करोति। वैराग्यमुपगतः। फासेइ स्पृशति। अणुत्तरं धम्मं अतिशयितं चारित्रं। एतेन संसारबीजस्य संगस्य निवृत्तिरशेषकर्मोपायहेतोश्चारित्रस्य च लाभो गुण एकत्वभावनाजन्यः इत्याख्यातं भवति। एकत्वभावना मोहमज्ञानरूपं अपनयति। यथा जिनकल्पिको निरस्तमोहः संवृत्तः।

मूलारा—एयत्तभावणाए। अहमेको न मे कश्चिन्नाहमन्यस्य कस्यचिदित्यादि देहादिपरद्रव्यचिंताभ्यासेन। कामभोगे इंद्रियसुखानुभवने। सज्जदि आसक्तिं करोति। फासेदि करोति। एतेन संसारिजीवस्य संगस्य निवृत्तिरशेषकर्मक्षयहेतोश्चारित्रस्य च लाभो गुणः एकत्वभावनाजन्य इत्युक्तं भवति।

अर्थ—एकत्वभावनाका आश्रय लेकर विरक्त हृदयसे मुनिराज कामभोगमें, चतुर्विध संघमें, और शरीरमें आसक्त न होकर उत्कृष्ट चारित्ररूप धारण करता है.

जन्म, जरा, मरण वगैरे दुःखोंका मैं अनंत कालसे उपभोग लेरहा हूं. परंतु मेरे दुःखका कोइ भी विभाग करता नहीं. मैं अकेला ही जन्मादि दुःखोंका अनुभव लेरहा हूं. जो अपने दुःखोंका विभाग करता है वह स्वजन है ऐसा समझकर मनुष्य उसको स्वजन मानने लगता है. जो दुःखोंको हलके नहीं करता है, वह परजन है ऐसा समझता है, परंतु मेरेमें सुख उत्पन्न करनेवाले साता वेदनीय कर्मका उदय यदि नहीं है तो दुसरे मेरेको कदापि सुखी नहीं कर सकते हैं. यदि साता वेदनीय कर्मका उदय हो तो शत्रु दुःखदायक न होकर सुखदायकही होगा अतः ये स्वजन हैं और ये परजन हैं

ऐसा विभाग करना व्यर्थ है. इस लिये मै एकही हूं मेरा कोईभी संबंधी नहीं है. मैं भी किसीका नहीं हूं ऐसा विचार करना चाहिये. इस एकत्व भावनाका यह गुण है—

एकत्वभावनाका अभ्यास करनेसे मुनि कामभोगमें, शिष्यादिवर्गरूप गणमें, और सुखमें आसक्ति नहीं करता है. स्वेच्छासे जिन पदार्थोंका उपभोग ले सकते है ऐसे पदार्थोंको कामभोग कहते हैं. जैसे आहारके और पनिके पदार्थ, स्त्री वगैरह पदार्थ इनमें ये सुखदायक हैं ऐसा संकल्प लोग करते हैं परंतु मुनि एकत्वभावनाका अभ्यास करता है अतः वह राग नहीं करता हैं. बाह्य द्रव्योंका संबंध होनेसे जो मनमें आल्हाद होता है. उसको सुख कहते हैं. परंतु ये बाह्य पदार्थ लोभको ही उत्तरोत्तर वृद्धिगत करते हैं. लोभसे मन बहुत व्याकुल होता है. ये भोगके पदार्थ मनमें स्वास्थ्य उत्पन्न करने में असमर्थ है, इसलिये ये पदार्थ-कामभोग भोगने योग्य नहीं है. रत्नत्रय संपत्ति ही लोकके लिये उपयोगी है. इस भोगसंपत्तीसे हमारा कुछ भी प्रयोजन सिद्ध होता नहीं है.

मेरे परिणामोंसेही मेरेको शुभाशुभ कर्मबंध होता है. गण उसमें कारण नहीं हैं अतः उससे मेरा न कुछ बिघडता है न सुधरता है.

शरीर भी अकिंचित्कर है वह खुद कुछ भी कर नहीं सकता. कर्मके आश्रयसे वह कार्यकारी दीखता है. बाह्य जीव और अजीव पदार्थ ये उपकार करते हैं, तथा अनुपकार करते है ऐसा उनमें संकल्प होनेसे रागद्वेषके क्रमसे निमित्त बनते हैं, अन्यथा नहीं. अतः यह संकल्पही हृदयमेंसे निकालना चाहिये. शुद्ध आत्माका स्वरूप जाननेमें सतत प्रयत्न करना चाहिये. मेरा आत्मस्वरूप असहाय है ऐसा विचार करना चाहिये इसको एकत्व भावना कहते हैं. इस भावनाके माहात्म्यसे मुनि किसीमें भी आसक्त नहीं होते हैं. वैराग्य बढनेसे वे उत्कृष्ट चारित्रका आश्रय करते हैं. इस वैराग्यसे संसारको बीजभूत जो परिग्रह उसका संपूर्ण त्याग होता है. व संपूर्ण कर्मोंका नाश करनेमें हेतुभूत चारित्रकी प्राप्ति होती है. यह सब एकत्वभावनाका ही गुण है. यह एकत्वभावना अज्ञानरूप मोहको दूर करती है. इसके प्रभावसे जिनकल्पी मुनि मोहरहित हुये हैं.

भयणीए विधम्मिज्जंतीए एयत्तभावणाए जहा ।
जिणकप्पिदो ण मूढो खवओ वि ण मुज्झइ तधेव ॥ २०१ ॥

स्वसुर्विधर्मतां दृष्ट्वा जिनकल्पीव संयतः ॥
एकत्वभावनाभ्यासो न मुह्यति कदाचन ॥ १९९ ॥
इति एकत्वं ।

विजयोदया— यथा जिनकल्पिको जिनकल्पकं प्रपन्नो नागदत्तो नाम मुनिर्भगिन्यामयोग्यं कार्यंस्वामपि एकत्वभावनया । ण मूढो मोहं न गतः । तथैव क्षपकोऽपि न मुह्यतीति गाथार्थः । एकत्वभावना ॥

मूलारा— विधर्म्मिज्जंतीए विडंब्यमानायां । जिणकप्पिओ जिनकल्पमाचरणाविशेषं । प्रतिपन्नो नागदत्तो नाम मुनिः ॥

अर्थ—जिनकल्प अवस्थाको प्राप्त हुवे नागदत्त नामक मुनि अयोग्य कार्य करानेवली अपनी बहिनपर मोहयुक्त नहीं हुये. क्षपक मुनि भी एकत्वभावनाके बलसे मोहयुक्त नहीं होते हैं ऐसा गाथार्थ है. एकत्वभावना समाप्त हुई.

पंचमी धृतिबलभावना दुःखोत्पत्तिप्रति अकातरता धृतिः सैव बलं धृतिबलं तस्य भावनाभ्यासः असकृत्कातरतया वृत्तिः । तया धृतिबलभावनया दुःखपरीषहसहनया ॥ युध्यतीति निगद्यते ।—

कसिणा परीसहचमू अब्भुट्ठइ जइ वि सोवसग्गावि ॥
दुद्धरपहकरवेगा भयजणणी अप्पसत्ताणं ॥ २०२ ॥
उपसर्गमहायोधां परीषहचमूं परां ॥
कुर्वाणामल्पसत्वानां दुर्निवारतया भयम् ॥ २०० ॥

विजयोदया—कसिणा कृत्स्ना । परीसहचमू परीषहसेना क्षुदादिद्वाविंशतिदुःखप्रतनेति यावत् । अब्भुट्ठइ आभिमुख्येनोत्तिष्ठति । जइवि यद्यपि सोवसग्गा वि चतुर्विधैरुपसर्गैण सह वर्तमानापि । दुद्धरपहकरवेगा दुर्धरसंकटवेगा अप्पसत्ताणं भयजणणी अल्पसत्वानां भयजननी ।

मूलारा—कसिणा सर्वा । एकोनविंशतिभयव्यूहरूपापि (पीष्टः) अब्भुट्ठेवि अभिमुखमुत्तिष्ठते । दुद्धरपहकरवेगा अजय्यसमर्थभंजकप्रवृत्तिभवा । अथवा दुर्धरो दुःखदः स चासौ पंथाश्च दुष्करो वेगो यस्याः । पथकर संकट इति टीकायां । अप्पसत्ताणं अल्पसत्त्वानां भीरूणां ॥

पांचवी धृतिबलभावना है. दुःख आनेपर भी निर्भय रहना ही धैर्यका लक्षण है. इस धैर्यबलकी भावना करना अर्थात् अभ्यास करना यह धृतिबलभावनाका स्वरूप है. इस भावनाके बलसे मुनीश्वर दुःखद परीषहरूप सेनासे युद्ध करते हैं ऐसा वर्णन आचार्य करते हैं—

अर्थ—चार प्रकारके उपसर्गोंके साथ भूक, तहान, शीत उष्ण वगैरह बावीस प्रकारके दुःखोंको उत्पन्न करनेवाली परीषहरूपी सेना, दुर्धर संकटरूपी वेगसे युक्त होकर जब मुनिओपर आक्रमण करती है तब अल्पशक्तिके धारक जीवोंको बहुत भय उत्पन्न होता है.

धिदिधणिदबद्धकच्छो जोधेइ अणाइलो तमच्चाई ॥
धिदिभावणाए सूरो संपुण्णमणोरहो होई ॥ २०२ ॥

धीरतासेनया धीरो विवेकशरजालया ॥
जायते योधयन्नाशु साधुः पूर्णमनोरथः ॥ २०२ ॥

इति धृतिसूत्रम् ।

विजयोदया—तं तां पृतनां । जोधेइ योधयति । कया सह ? धिदिभावणाए धृतिभावनया । कः ? धिदिधणिदबद्धकच्छो धृत्या नितरां बद्धकक्षः । सूरो शूरः । अणाइलो अनाकुलो विक्रमवान् । फलमाचष्टे तस्य । संपुण्णमणोरहो होइ । संपूर्णमनोरथो भवति ॥

मूलारा—धिदिधणिदबद्धकच्छो धृतिः परमप्रसक्तिः सैवान्यार्थं बद्धा कक्षा परिवेष्टनं येन । जोधेदि योधयति । अणाइलो अनाकुलः । तं तां परीषहचमूं । अव्वधिदो अव्यथितः निर्भरोऽक्षोभो वा । धिदिभावणाए धृतिभावनया सह अथवा धृतिभावनया कर्त्तृभूतया तां घातयति योधयतीति व्याख्येयम् ।

अर्थ—धैर्यरूपी ऊपरका परिधान करनेका वस्त्र जिसने दृढ बांधा है ऐसा पराक्रमी शूर मुनि धृतिभावनाको हृदयमें धारण कर सफल मनोरथ होता है.

एयाए भावणाए चिरकालं हि विहरेज्ज सुद्धाए ॥
काऊण अत्तसुद्धिं दंसणणाणे चरित्ते य ॥ २०४ ॥

विधाय विधिना दृष्टिज्ञानचारित्रशोधनम् ॥
चिरं विहरतां षष्ठ्या यतिभावनयानया ॥ २०२ ॥
इति भावनासूत्रम् ।

विजयोदया—एयाए भावणाए एतया पंचप्रकारया भावनया सह । चिरकालं विहरेज्ज चिरं प्रवर्तेत । सुद्धाए शुद्धया । काऊण कृत्वा । अत्तसोधिं आत्मशुद्धिं । दंसणणाणे चरित्ते य रत्नत्रये निरतिचारो भूत्वा ।

एतस्यां पंचविधायां असंक्लिष्टभावनायां क्षपकः प्रवर्तेतामिति शिक्षां प्रयच्छति:—

मूलारा—विहरेज्ज प्रवर्तेत । अत्तसुद्धिं आत्मशुद्धिं । भावना । सूत्रतः १०। अंकतः २५ ॥

अर्थ—इन पांच प्रकारकी शुद्ध भावनायें चिरकाल तक मनमें धारण कर मुनिराज अपने आत्माकी शुद्धि करते हैं और सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्रमें निरतिचार प्रवृत्ति करते हैं.

व्यावर्णितभावनानंतरं सल्लेखनेत्यधिकारसंबंधमाचष्टे—

एवं भावेमाणो भिक्खू सल्लेहणं उवक्कमइ ॥
णाणाविहेण तवसा बज्झेणब्भंतरेण तहा ॥ २०५ ॥

साधुः सल्लेखनां कर्तुमित्थं भावितमानसः ॥
तपसा यतते सम्यक् बाह्येनाभ्यंतरेण च ॥ २०३ ॥

विजयोदया—एवं भावेमाणो इति एवं उक्तेन प्रकारेण भावनापरः । भिक्खू सल्लेहणं सल्लेखनां तनूकरणं । उवक्कमइ प्रारभते । केन णाणाविहेण नानाप्रकारेण । तवसा बज्झेणब्भंतरेण तहा बाह्याभ्यंतरेण तपसा च ।

अथैवंविधभावनापरस्य मुमुक्षोः सल्लेखनां गाथाषट्कषष्ठ्या व्याख्यातुकामः पूर्वं तदुपक्रमोपायमुद्दिशति—

मूलारा—भावेमाणो भावयमानः । असंक्लिष्टभावनां पुनः पुनः प्रवर्तयन्नित्यर्थः । उवक्कमदि प्रारभते ।

भावनाओंका वर्णन करनेपर सल्लेखनाधिकारका संबंध दिखाते हैं.

अर्थ—इस प्रकार पांच प्रकारकी असंक्लिष्ट भावनाओंका अभ्यास करनेवाले मुनि बाह्य अभ्यंतर बारा प्रकारके तपके द्वारा सल्लेखना को प्रारंभ करते हैं.

भेदमकृत्वा व्याख्यातुमशक्या सल्लेखनेति भेदमाचष्टे—

सल्लेहणा य दुविहा अब्भंतरिया य बाहिरा चेव ॥
अब्भंतरा कसायेसु बाहिरा होदि हु सरीरे ॥ २०६ ॥

सल्लेखना द्विधा साधोरंतरानंतरेष्यते ॥
तत्रांतरा कषायस्था द्वितीया कायगोचरा ॥ २०४ ॥

विजयोदया—सल्लेहणा य दुविहा सल्लेखना च द्विप्रकारा। अब्भंतरिया य बाहिरा चेव अभ्यंतरा बाह्या चेति । अब्भंतरा कसायेसु अभ्यंतरा सल्लेखना क्रोधादिकषायविषया । बाहिरा होदि हु सरीरे । बाह्या भवति सल्लेखना शरीरविषया ॥

सल्लेखनां द्वैविध्येनाभिधाय—

बाह्यसल्लेखनां गाथापंचकेन प्रपंचयिष्यन्सामान्यतस्तदुपायं निर्दिशति—

मूलारा—स्पष्टम् ।

भेदके बिना सल्लेखनाका वर्णन करना शक्य नहीं है इसलिये भेद बताते हैं.—

अर्थ—सल्लेखनाके अभ्यंतर सल्लेखना व बाह्य सल्लेखना ऐसे दो भेद हैं. क्रोधादि कषायोंको कृश, कृश

तर, इसका करना यह अभ्यंतरसल्लेखना है. इसको अभ्यंतर सल्लेखना भी कहते हैं. और शरीर उत्तरोत्तर कृश करते जाना उसको शरीरसल्लेखना कहते हैं इसीको बाह्य सल्लेखना यह भी नाम है.

बाह्यसल्लेखनानिरूपणार्थः उत्तरप्रबंधः—

सव्वे रसे पणीदे णिज्जूहित्ता दु पत्तलुक्खेण ॥
अण्णदरेणुवधाणेण सल्लिहइ य अप्पयं कमसो ॥ २०७ ॥

विजयोदया—सव्वे रसे सर्वान्रसान् । प्रकर्षं नीताः प्रणीतास्तान् अतिशयवत इत्यर्थः । णिज्जूहित्ता त्यक्त्वा । अण्णदरेणुवधाणेण । अन्यतरेणोपग्रहेण । अप्पगं आत्मानं शरीरं । कमसो क्रमशः । सल्लिहदि तनूकरोति ।

मूलारा—पणीदे प्रकर्षं नीताः प्रणीतास्तानतिशयवत इंद्रियबलवर्द्धनानित्यर्थः । णिज्जूहित्ताण त्यक्त्वा । पत्तलुक्खेण शालिकलमादिना । उवधाणेण अवग्रहविशेषेण । सल्लिहइ कृशीकरोति । अप्पगं स्वशरीरम् ।

अब बाह्य सल्लेखनाका यहांपर विस्तृत वर्णन करते हैं—

अर्थ—इंद्रियोंका बल बढानेवाले संपूर्ण रसोंका त्याग करके और विशिष्ट नियम ग्रहण करके प्राप्त हुए रूक्षभोजनके द्वारा अपना शरीर क्षपक क्रमशः क्षीण करता है.

बाह्यं तपो व्याचष्टे—

अणसण अवमोयरियं चाओ य रसाण वुत्तिपरिसंखा ॥
कायकिलेसो सेज्जा य विवित्ता बाहिरतवो सो ॥ २०८ ॥

अशुक्तिरवमोदर्यं वृत्तिसंख्या रसोज्झनम् ॥
कायक्लेशो विविक्ता च शय्या षोढा बहिस्तपः ॥ २०९ ॥

विजयोदया—अणसणं अनशनं । उवमोदरियं अवमोदर्यं च । चागो य रसाणं त्यागो रसानां । वुत्तिपरिसंख्या वृत्तिपरिसंख्यानं । कायकिलेसो कायक्लेशः । सेज्जा विविक्ता विविक्तशय्या । बाहिरतवो सो बाह्यं तपस्तत् ।

बाह्यसल्लेखनोपायभूतं षोढा बाह्यतपो व्याख्यातुमाह—

मूलारा—ऊमोयरियं अवमोदर्यं । वुत्तिपरिसंखा वृत्तेराहारस्य परिसंख्यानं । विविक्ता शुद्धा । प्रासुकविजनदेशविषयेत्यर्थः । सो तत् प्रसिद्धं सल्लेखनोपायभूतम् ।

अर्थ—अनशन, अवमोदर्य, रसपरित्याग, वृत्तिपरिसंख्या, कायक्लेश और विविक्तशय्या ऐसे बाह्यतपके छह भेद हैं.

तत्र अनशनतपोभेदनिरूपणार्थां गाथा—

अद्धाणसणं सव्वाणसणं दुविहं तु अणसणं भणियं ॥
विहरंतस्स य अद्धाणसणं इदरं च चरिमंते ॥ २०९ ॥
सार्वकालिकमन्यच्च द्वेधानशनमीरितम् ॥
प्रथमं मृत्युकालेऽन्यद्वर्त्तमानस्य कथ्यते ॥ २०६ ॥

विजयोदया—अद्धाणसणं अद्धाशब्दः कालसामान्यवचनोऽन्यत्रेह चतुर्थादिषण्मासपर्यंतो गृह्यते । तत्र यदनशनं तदद्धानशनं सर्वानशनं चेति । दुविधमणसणं तु शब्दोऽधिकरणार्थे द्विप्रकारमेवानशनं । सर्वशब्दः प्रकारकात्स्न्यें वर्तते । यथा सर्वमन्नं भुंक्ते । परित्यागोत्तरकालो जीवितस्य यः सर्वकालः तस्मिन्नशनं अशनत्यागः सर्वानशनं । कदा तदुभयमित्यत्र कालविवेकमाह—विहरंतस्स य ग्रहणप्रतिसेवनकालयोर्वर्तमानस्य अद्धानशनं । इतरं च इतरत् सर्वानशनं । चरिमंते परिणामकालस्यान्ते ।

अनशनाख्यतपोभेदनिरूपणार्थं गाथाद्वयमाह—

मूलारा—अद्धाणसणं अद्धाशब्दः काललासामान्यवचनोऽन्यत्रेह चतुर्थादिषण्मासपर्यन्तो गृह्यते । तत्राहारत्यागोऽद्धानशनं कालसंख्ययोपवास इत्यर्थः । सव्वाणसणं । सर्वस्मिन्संन्यासोत्तरकाले अनशनं अशनत्यागः । विहरंतस्स ग्रहणप्रतिसेवनकालयोर्वर्तमानस्य । चरिमंते परिणामकालस्यांते मरणसमये इत्यर्थः ।

अर्थ—अद्धानशन और सर्वानशन ऐसे अनशन तपके दो भेद हैं. अद्धाशब्द अन्यत्र कालवाचक है परंतु यहां चतुर्थ, षष्ट, अष्टम ऐसे भेदोंको लेकर षण्मास पर्यंत जितने अनशन तपके भेद होते हैं उन सबको अद्धानशन कहते हैं. धारणा पारणासहित उपवासको चतुर्थ कहते हैं अथवा उपवास यह भी संज्ञा है. दो उपवासोंको षष्ठ कहते

हैं. तीन उपवासोंको अष्टम कहते हैं. चार उपवासोंको दशम कहते हैं. ऐसे ही आगे भी समझना. संन्यास लेनेपर यावज्जीव चारो आहारोंका त्याग करना यह सर्वानशन है. ग्रहण और प्रतिसेवना कालमें अद्धानशन तप मुनि करते हैं और मरणसमयमें-संन्यास कालमें सर्वानशन तप करते हैं. दीक्षाग्रहण कर जबतक संन्यास ग्रहण किया नहीं तबतक ग्रहणकाल माना जाता है. तथा व्रतादिकोंमें अतिचार लगनेपर जो प्रायश्चित्तसे शुद्धि करनेके लिये कुछ दिन अनशनादि तप करना पडता है उसको प्रतिसेवना काल कहते हैं.

अद्धानशनविकल्पं प्रतिपादयति—

होइ चउत्थं छट्ठट्ठमाइ छम्मासखवणपरियंतो ॥
अद्धाणसणविभागो एसो इच्छाणुपुव्वीए ॥ २१० ॥

एकद्वित्रिचतुःपंचषट्सप्ताष्टनवादयः ॥
उपवासा जिनैस्तत्र षण्मासावधयो मताः ॥ २०७ ॥
बहुदोषाकरे ग्रामे प्रवेशो विनिवारितः ॥
संयमो बर्द्धितः पूतः कुर्वतानशनं तपः ॥ २०८ ॥

विजयोदया—अद्धाणसणविभागो होइ इति पदखण्डना । अद्धानशनविभागो भवति । चउत्थं छट्ठट्ठमाइं छम्मासखमणपरियंतो चतुर्थषष्ठाष्टमादिषण्मासक्षपणपर्यन्तः । इच्छाणुपुव्वीए आत्मेच्छावशेन ।

अद्धानशनविकल्पं कथयति—

मूलारा—छम्मासखमण षण्मासोपवासाः । इच्छाणुपुव्वीए आत्मेच्छाक्रमेण ।

अर्थ—चतुर्थ, षष्ठ, अष्टम वगैरह उपवासों से छह महिनो तक के उपवासों को अद्धानशनतपके भेदोंमें परिगणित करना चाहिये. ये उपवास मुनिराज अपनी इच्छा के अनुसार करते हैं.

---

१ आत्मेच्छाक्रमेण इति खपुस्तके पाठः ।

अवमोदरियं निरूपयितुकामः आहारपरिमाणं प्रायोवृत्त्या प्रवृत्तं दर्शयति—

बत्तीसं किर कवला आहारो कुक्खिपूरणो होइ ॥
पुरिसस्स महिलियाए अट्ठावीसं हवे कवला ॥ २११ ॥

आहारस्तृप्तये पुंसां द्वात्रिंशत्कवला जिनैः ॥
अष्टाविंशतिरादिष्टा योषितः प्रकृतिस्थितः ॥ २०९ ॥

विजयोदया—बत्तीसं किर कवला पुरुषस्य कुक्षिपूरणो भवत्याहारः । द्वात्रिंशत्कवलमात्रः । इच्छिमाए स्त्रियाः कुक्षिपूरणो भवत्याहारः अष्टाविंशतिकवलजातानि । तत्तो तस्मादाहारात् । तत्तो ।

अवमोदर्यं गाथाद्वयेन विवक्षुराहारप्रमाणं प्रायोवृत्त्या प्रवृत्तं प्रदर्शयति

मूलारा—किर किल । उक्तं च—

ग्रासोऽभावि सहस्रतंदुलमितो द्वात्रिंशदेतेऽशनम् ।
पुंसो वैरुलिकं स्त्रिया विचतुरास्तद्धानिरौचित्यतः ।
ग्रासं यावदथैकसिक्थमवमोदर्यं तपस्तच्चरे-
द्धर्मावश्यकयोगधातुसमतानिद्राजयाद्याप्तये ॥

अवमोदर्य तपका निरूपण करनेके पूर्व आहारका प्रमाण बहुशः किस प्रकार रहता है यह दिखाते हैं—

अर्थ—पुरुषके आहारका प्रमाण बत्तीस ग्रास है. इतने ग्रासोंसे पुरुषका पेट पूर्ण भरता है. स्त्रियोंके आहारका प्रमाण अट्ठाईस घास है.

एगुत्तरसेट्ठीए जावय कवलो वि होदि परिहीणो ॥
ऊमोदरियतवो सो अट्ठकवलमेव सिच्छं च ॥ २१२ ॥

तस्मादेकोत्तरश्रेण्या कवलः शिष्यते परः ॥
मुच्यते यश्च तदिदमवमोदर्यमुच्यते ॥ २१० ॥

निद्राजयः समाधानं स्वाध्यायः संयमः परः ॥
हृषीकनिर्जयः साधोरवमोदर्यतो गुणाः ॥ २११ ॥

विजयोदया—एगुत्तरसेढीए एककवलोत्तरश्रेण्या परिहीणो परिहीनः । ऊमोदरियतवो अवमोदर्याख्यं तपः—किया यावदेकसिक्थकं वा अवशिष्टं । आहारस्याल्पतोपलक्षणमिदं अन्यथा कथमेकसिक्थकमात्रभोजनोद्यतो भवेत् । ननु आहारो न्यूनः कथं तप इत्युच्यते इति । केचित्कथयंति आत्मनोनपरिहारस्य तपसो हेतुत्वात्तप इत्युच्यते । अवमोयरियं ॥

मूलारा—तत्तो इत्यादि—तस्मात्पुंस्त्रीभोजनादेकद्वयादिहानिक्रमेण यावदेकग्रासपरिहीन आहारोऽवमोदर्यं तपः स्यात् । एवमिच्छ आहारस्याल्पतोपलक्षणमिदं अन्यथा कथमेकसिक्थमात्रभोजनोद्यतो भवेत् । आत्मनोनपरिहारस्य तपोहेतुत्वात् एतत्तप इत्युच्यते । एतद्गुणा यथा—

निद्राजयः समाधानं स्वाध्यायः संयमः परः ॥
हृषीकनिर्जयः साधोरवमोदर्यतो गुणाः ॥

अर्थ—स्त्री और पुरुषोंका जो ग्रासका परिमाण अट्ठाईस और बत्तीस ग्रास कहा है उसमें एक ग्रास अवशिष्ट रहने तक जो कम करते जाना वह सब अवमोदर्य तपही है. एक ग्रासमेंसे भी समान विभक्त किये हुये अर्द्ध ग्रासतक भी इस तपके भेद होते हैं. और अर्द्धग्राससे कम करते करते एक सिक्थतक भेद होते हैं. एक कवलसे लेकर एक सिक्थतक जो भेद बताये हैं वे अल्पाहारका केवल उपलक्षण है. क्योंकि केवल एक सिक्थ खानेके लिये कोन उद्युक्त होगा. शंका-न्यून आहार करना यह तप कैसा समझा जावेगा. इसका उत्तर यह है कि अभिलाषासे बहुत अन्न खानेका त्याग इस तपमें होता है अतः इसको तप कहते हैं.

रसपरित्यागो निरूप्यते—

चत्तारि महाविगडीओ होंति णवणीदमज्जमंसमधू ॥
कंखापसंगदप्पासंजमकारीओ एदाओ ॥ २१३ ॥
चतस्रो गृध्नुतासक्तिदर्पासंयमकारिणीः ॥
नवनीतसुरामांसमध्वाख्या विकृतीर्विदुः ॥ २१२ ॥

विजयोदया—चत्तारि महाविगईओ चत्तारो महाविकृतयः । महत्याश्चेतसो विकृतेः कारणत्वात् महाविकृतय इत्युच्यंते । होंति भवंति । णवणीदमज्जमंसमधु नवनीतं, मद्यं, मांसं, मधु च । कीदृश्यस्ताः ? कंखापसंगदप्पासंजमकारीओ पदाओ । कांक्षा गार्द्धर्यं, प्रसंगः पुनःपुनस्तत्र वृत्तिः, दर्पः दृप्तेन्द्रियता, असंयमः रसविषयानुरागात्मकः इंद्रियासंयमः, रसजजंतुपीडा प्राणासंयमः, एतान्दोषानिमाः कुर्वन्ति ।

रसपरित्यागं गाथापंचकेनाचिख्यासुर्नवनीतादित्यागोऽपि रसपरित्यागाख्यं तप इति गाथाद्वयेन तमेव तावदन्वाचष्टे—

मूलारा—महाविगईओ महत्याश्चेतसो विकृतेः कारणत्वान्महाविकृतयश्चित्तविकारकारिरसा इत्यर्थः । अत्र नवनीतं कांक्षाकारि गार्द्धर्यकरं, मद्यं प्रसंगं पुनः पुनः अगम्यगमनादिकं वा करोतीति प्रसंगकारि । मांसमिंद्रियदर्पकरं । मधुरसविषयानुरागात्मकमिंद्रियासंयमरसजजंतुपीडाप्राणव्यसंयमं च करोतीत्यसंयमकरं, यत्चार्थेपि वा प्राणिपीडा कारणी । उक्तम् ।

कांक्षाकृन्नवनीतमक्षमदृप्तेरंगं प्रसंगप्रदं ।
मद्यं क्षौद्रमसंयमार्थमुदितं यच्चच चत्वार्यपि ॥
सम्मूर्च्छालसजंतुनिचितान्युद्धर्मनोविक्रिया— ।
हेतुत्वादपि यन्महाविकृतयस्त्यज्यान्यतो धार्मिकैः ॥

रसपरित्याग तपका निरूपण करते हैं—

अर्थ—मक्खन, मदिरा, मांस और शहद ये चार पदार्थ महाविकृति अर्थात् अंतःकरणमें विकार उत्पन्न होनेके लिये कारण हैं. ये चार पदार्थ कांक्षा–वार बार अभिलाषा उत्पन्न करते हैं, इंद्रियोंको उन्मत्त करते हैं, असंयमको उत्पन्न करते हैं. इतने दोष इनके सेवनसे होते हैं. असंयमके दो भेद हैं. इंद्रियासंयम और प्राणासंयम. स्वादमें अनुराग उत्पन्न होना यह इंद्रियासंयम है. और मद्यादिकोंके रसमें उत्पन्न हुवे प्राणिओंका भक्षण करते समय घात होना यह प्राणासंयम है.

आणाभिकंखिणावज्जभीरुणा तवसमाधिकामेण ॥
ताओ जावज्जीवं णिज्जूढाओ पुरा चेव ॥ २१४ ॥
महाविकारकारिण्यो भव्येन भवभीरुणा ॥
जिनाज्ञाकांक्षिणा त्याज्या यावज्जीवं पुरैव ताः ॥ २१३ ॥

विजयोदया—आणाभिकंखिणा अत्रैवं पदघटना-ताओ ताः महाविकृतयः । जावज्जीवं जीवितावधिकं । णिज्जूढाओ परित्यक्ताः । पुरा चेव सल्लेखनाकालात्पूर्वमेव । केन परित्यक्ताः ? आणाभिकंखिणा-इदमित्थं त्वया कर्तव्यमिति कथने आज्ञा । सर्वविदा आज्ञप्ता भव्याः परित्याज्या नवनीतादयः । तदासेवा असंयमः कर्मबंधहेतुरिति । भव्यामाज्ञायां कांक्षावता आदरवता सर्वज्ञाज्ञाऽसंपादनादेव दुरंतसंसारमध्यपतनं ममासीद्भविष्यति च तेन तदाज्ञादरः कार्य इत्यभ्युद्यतेन । अवज्जभीरुणा अवद्यं पापं तेन । अयमर्थः पापभीरुणा । तवसमाधिकामेण तपस्येकाग्रतामभिलषता । अतो नवनीतत्यागोऽपि रसत्याग एव ।

मूलारा—आणाभिकंखिणा नवनीतानुपयोगो द्रव्यभावहिंसाभयत्वात् कर्मबंधहेतुरिति नासौ कर्तव्य इति सर्वज्ञवचस्यादरवता । तवसमाधिकामेण तपस्येकाग्रतामिच्छता । णिज्जूढाओ परित्यक्ताः । पुरा चेव सल्लेखनाकालात्पूर्वमेव ।

इसलिये—

अर्थ —श्रीजिनेश्वरने नवनीत, मद्य, मांस और मधु त्यागो ऐसी भव्योंको आज्ञा दी है. अतः आज्ञा पालनकी इच्छा रखनेवाले भव्य जीव सल्लेखना कालके पूर्व कालमेंही इनका त्याग करते हैं. इनका सेवन करनेसे संयम नष्ट होकर कर्मबंध करनेवाला असंयम उत्पन्न होता है. यदि मैं जिनेश्वरकी आज्ञाका आदर न करूं तो जैसा आजतक संसारमें मैंने भ्रमण किया है ऐसा आगेभी मेरेको भ्रमण करना पडेगा. ऐसा विचार कर जिनेश्वरकी आज्ञाका आदर करना चाहिये. जिसको पापसे भय लगता है, जो तपमें एकाग्रताकी इच्छा करता है ऐसा मुनि इन पदार्थोंको त्यागे. नवनीतका त्याग करना भी रसत्याग नामक तप है.

इह तु सल्लेखनाकाले मांसस्य त्यागो रसत्यागो गृहीत इत्याचष्टे—

खीरदधिसप्पितेल्लं गुडाण पत्तेगदो व सव्वेसिं ॥
णिज्जूहणमोगाहिम पणकुसणलोणमादीणं ॥ २१५ ॥

गुडतैलदधिक्षीरसर्पिषां वर्जने सति ॥
देशतः सर्वतो ज्ञेयं तपः साधो रसोज्झनम् ॥ २१४ ॥

विजयोदया—क्षीरदधिसर्पितेलगुडाणं क्षीरस्य, दध्नः, घृतस्य, तैलस्य, गुडस्य, च णिज्जूहणं त्यागः । कथं पत्तेगदो व प्रत्येकं एकैकस्य वा त्यागः । सर्वेषां सर्वेषां वा क्षीरादीनां त्यागः । रसपरित्यागः । ओगाहिम पणकुसण लोणमादीणं अपूपानां, पत्रशाकानां, सूपस्य, लवणादीनां वा त्यागो रसपरित्यागः ।

इह सल्लेखनाकाले क्षीरादीनामेव त्यागो रसत्यागो गृहीतस्तमेवाचष्टे—

मूलारा—एगेगदो एकैकस्यैव । वात्रानुक्तसमुच्चये । तेन यथायोग्यं द्वयोस्त्रयाणां चतुर्णां वेति ग्राह्यं । णिज्जूहणं त्यागः । ओगाहिमा घृतपूरादि । पणं पूपं पत्रशाकादि । कुशणं सूपः ।

सल्लेखना कालमें क्षीरादिकका त्याग करना रसत्याग है, आचार्य उसका वर्णन करते हैं--

अर्थ—दूध, दही, घी, तेल, गुड इन सब रसोंका त्याग करना अथवा एक एक रसका त्याग करना यह रसपरित्याग नामका तप है. अथवा पूप, पत्रशाक, दाल, नमक, वगैरह पदार्थोंका त्याग करना यह भी रसपरित्याग नामका तप है.

अरसं च अण्णवेलाकदं च सुद्धोदणं च लुक्खं च ॥
आयंबिलमायामोदणं च विगडोदणं चेव ॥ २१६ ॥
अशनं नीरसं शुद्धं शुष्कमस्वादु शीतलम् ॥
भुंजते समभावेन साधवो निर्जितेन्द्रियाः ॥ २१५ ॥

विजयोदया—अरसं च स्वादरहितं । अण्णवेलाकदं च वेलांतरकृतं च शीतलमिति यावत् । सुद्धोदणं च लुक्खं च शुद्धौदनं च केनचिदप्यमिश्रं । लुक्खं च रूक्षं च स्निग्धताप्रतिपक्षभूतेन स्पर्शेन विशिष्टमिति यावत् । आयंबिलं असंस्कृतसौवीरमिश्रं । आयामोदणं अप्रचुरजलं सिक्थाख्यमिति केचिद्वदन्ति । अवसावणसहितमित्यन्ये । विगडोदणं अतीव तीव्रपकं । उष्णोदकसम्मिश्रं इत्यपरे ।

मूलारा—अरसं स्वादरहितं । अण्णवेलाकदं भोजनवेलाया अन्यस्यां वेलायां साधितं शीतलमिति यावत् ।

सुद्धोदणं केवलभत्तं । आयंबिलं असंस्कृतकांजिकमिश्रभक्तं । आयामोदणं मंडोदणं स्तोकजलसिक्थावं वा । विगडोदणं अवपक्व उष्णोदककूरं वा ।

अर्थ—अरस अर्थात् स्वादरहित पदार्थ, भोजन समयको छोडकर अन्यसमयमें पकाया हुआ अर्थात् भोजनके समयमें जो ठंडा हुवा है ऐसा पदार्थ, जिसमें घी वगैरह नहीं मिलाये हैं ऐसा भात, जिसका रूक्ष स्पर्श है ऐसा अन्न, जैसे रोटी वगैरे रूखा पदार्थ, असंस्कृत कांजीसे मिश्र ऐसा भात, आयामोदण—जिसमें थोडा पानी है और सिक्थ जादे है ऐसा भात, बहुत पका हुआ भात अथवा गरम जल जिसमें मिला हुआ है ऐसा भात खाना चाहिये.

इच्चेवमादि विविहो णायव्वो हवदि रसपरिच्चाओ ॥
एस तवो भजिदव्वो विसेसदो सल्लिहंतेण ॥ २१७ ॥
धिङ्नेऽदि वोचनाहारा धृत्या विकृतिकारिणः ॥
ते सर्वे शक्तितस्त्याज्या योगिना रसवर्जिना ॥ २१६ ॥
संतोषो भावितः सम्यग् ब्रह्मचर्यं प्रपालितम् ॥
दर्शितं स्वस्य वैराग्यं कुर्वाणेन रसोज्झनम् ॥ २१७ ॥

विजयोदया—इच्चेवमादिविविहो एवमादिविविधो नानाप्रकारो णादव्वो हवइ रसपरिच्चाओ ज्ञातव्यः सर्वेषां रसपरित्यागः । एस तवो भजिदव्वो एतद्रसपरित्यागाख्यं तपः । भजिदव्वो सेव्यं । विसेसदो विशेषेण । सल्लिहंतेण कायसल्लेखनां कुर्वता । चाओ रसाणं ।

मूलारा—इच्चेवमादि क्षीरादित्यागादिप्रकारपुरस्सराः । विसेसदो अनशनादिभ्योऽतिशयेन । सल्लिहंतेण कायसल्लेखनां कुर्वता ।

अर्थ—इत्यादि नानाप्रकारका रसपरित्याग जानना चाहिये, यह रसपरित्याग नामका तप शरीरसल्लेखना करनेवाले मुनिको विशेषरीतीसे करना चाहिये, अर्थात् अनशनादि तपोंकी अपेक्षा यह तप अधिकतासे करना चाहिये, रसपरित्याग तपका स्वरूपवर्णन समाप्त हुआ.

वृत्तिपरिसंख्याननिरूपणाय गाथाचतुष्टयमुत्तरम्—

गत्तापच्चागदं उज्जुवीहि गोमुत्तियं च पेलवियं ॥
संबूकावट्टंपि य पदंगवीधी य गोयरिया ॥ २१८ ॥
गृह्णाति प्रासुकां भिक्षां गत्वा प्रत्यगतो यतः ॥
संबूकावर्तगोमूत्रपेलवियान. ॥ २१९ ॥

विजयोदया—गतापच्चागदं । यया वीथ्या यतः पूर्वं तयैव प्रत्यागमनं कुर्वन्यदि लभते भिक्षां गृह्णाति नान्यथा । उज्जुवीहि ऋज्व्या वीथ्या गतो यदि लभते गृह्णाति नेतरथा । गोमूत्रिकाकारं भ्रमणं वा संपादयन् । पेलवियं वेत्रदलादि-निर्मितपात्रसुवर्णादिनिक्षेपणार्थं पिधानसहितं यत्तद्वचतुरस्राकारं भ्रमणं । संबूकावट्टं पि य शंबूकावर्त इव । पदंगवी-थी य पतंगमाला पतंगवीथीत्युच्यते । सा यथा भ्रमति तथा भ्रमणं । गोयरिया । गोचर्यां भिक्षायां भ्रमणं । एवंभूतेन भ्रमणेन लब्धां भिक्षां गृह्णामि नान्यथेति कृतसंकल्पना वृत्तिपरिसंख्यानं ।

मूलारा—गत्तापच्चागदं । यया वीथ्यागतस्तयैव प्रत्यागच्छन्यदि भिक्षां लभते तदा गृण्हाति इति । उज्जुवीही ऋज्व्या प्रांजलया वीथ्या मार्गेण यदि गतो लभते तदा गृण्हाति । गोमुत्तियं । गोमूत्रिकाकारं भिक्षार्थं भ्रमणं । पेलवियं पेट्टावच्चतुरस्रं भ्रमणं । संबुकावट्टं शंखावर्तवदभ्यंतरमावर्त्य बहिर्भ्रमतो भिक्षाग्रहणं । पतंगवीही पतंगमालावदित-स्ततो भ्रमणं, एकस्मिन्नेव कटाश्चितगृहे गमनं वा । गोयरिया योग्यं यथाप्राप्ताहारग्रहणमित्यर्थः ।

वृत्तिपरिसंख्यान तपका निरूपण आचार्य चार गाथाओंमें करते हैं—

अर्थ—जिस मार्गसे आहारके लिये गमन कर उसी मार्गसे लौटते समय यदि आहार मिलेगा तो मैं ग्रहण करूं ऐसी प्रतिज्ञा करना वह गतप्रत्यागत है. सरल रास्तेसे जाते समय यदि आहार मिलेगा तो आहारग्रहण करूंगा ऐसी प्रतिज्ञा करना. यह ऋजुवीथी है. बैल मूतते जाता है उस समय जो आकार रस्तेपर उत्पन्न होता है वैसा मोडा खाते हुये भ्रमण करनेवाले मेरेको यदि आहार मिलेगा तो मैं ग्रहण करूं ऐसी प्रतिज्ञा करना इसको गोमूत्रिक कहते हैं. बांसके टुकडे, लकडी इत्यादिसे बनाया हुआ, और जिसमें ढकन लगा हुआ है ऐसा वस्त्र सुव-र्णादि रखनेका जो चार कोनोंका पदार्थ अर्थात् संदूक–पेटीके समान चतुष्कोण भ्रमण करते हुए मेरेको यदि आहार मिलेगा ते ग्रहण करूं ऐसी प्रतिज्ञा करना इसको पेलविय कहते हैं. शंखके आवर्तोंके समान ग्रामके अंदर भ्रमण

करके जब बाहर भ्रमण करूंगा ऐसे समयमें यदि भिक्षा मिलेगी तो स्वीकारूंगा ऐसी प्रतिज्ञा करना. यह शंबूकावर्त है.

पक्षिओंकी पंक्ति जैसे भ्रमण करती है वैसा भ्रमण करते हुए मेरेको यदि भिक्षा मिलेगी तो आहार ग्रहण करूंगा इस प्रतिज्ञाको पतंगवीथी कहते हैं. अथवा जिस श्रावकके घरमें आहार लेनेका मनमें विचार किया है वहां जाना इसको भी पतंगवीथी कहते हैं. इस प्रकारसे आहारार्थ भ्रमण करनेसे यदि भिक्षा मिलेगी ते स्वीकारूंगा अन्यथा नहीं ऐसी प्रतिज्ञा करना यह वृत्तिपरिसंख्यान तप है.

पाडयणियंसणभिक्खा परिमाणं दत्तिघासपरिमाणं ॥
पिंडेसणा य पाणेसणा य जागूय पुग्गलया ॥ २१७ ॥
पाटकावसथद्वारदातृदेयाविगोचरम् ॥
संकल्पं विविधं कृत्वा वृत्तिसंख्यापरो यतिः ॥ २१८ ॥
तृणा तृष्णालता रूढा चित्रसंकल्पपल्लवा ॥
कुर्वता वृत्तिसंख्यानं परेषां दुश्चरं तपः ॥ २१९ ॥

विजयोदया:—पाडयणियंसणभिक्खापरिमाणं इमे एव पाटकं प्रविश्य लब्धां भिक्षां गृह्णामि नान्यं । एकमेव पाटकं पाटकद्वयमेवेति। अस्य गृहस्य परिकरतया अवस्थितां भूमिं प्रविशामि न गृहमित्थमभिग्रहः णियंसणमित्युच्यते इति केचिद्वदन्ति। अपरे पाटकस्य भूमिमेव प्रविशामि न पाटगृहाणि इति संकल्पः पाडगणियंसणमित्युच्यते इति कथयंति। भिक्षापरिमाणं एकां भिक्षां दे एव वा गृह्णामि नाधिकामिति। दत्तिघासपरिमाणं एकेनैव दीयमानं द्वाभ्यामेवेति दानक्रियापरिमाणं। आनीतायामपि भिक्षायां इयत एव ग्रासान्गृह्णामि इति वा परिमाणं। पिंडेसणा पिंडमूलमेवाशनं गृह्णामि। पाणेसणाऽपि द्रवबहुलतया गृह्यमाणे अशने। जागूय क्वाथः। पोग्गलिया वा ग्रास्यानेव निष्पावकुलत्थकादीनि भक्षयामि इति।

मूलारा-पाडयणियंसणपरिमाणं । एकमेव पाटकं पाटकद्वयमेव वा प्रविश्य भिक्षाग्रहणं । निवसनपरिमाणं यदि वा अस्य गृहस्य परिकरतयावस्थितां भूमिं प्रविशामि न गृहं इत्येवंभूतेन भिक्षाग्रहणं निवसनपरिमाणं । अन्ये पाटकभूमिमेव प्रविशामि न पाटकगृहाणीति भिक्षासंकल्पं पाटकनिवसनपरिमाणमाहुः । भिक्षापरिमाणं एकद्विवारपरिवेषित

भिक्षाग्रहणं । दत्तिघासपरिमाणं एकेनैव दायकेन द्वाभ्यां वा दीयमानस्य ग्रहणं दत्तिपरिमाणं । आनीतायामपि भिक्षायां इयत एव ग्रासान् ग्रहीष्यामि इति घासपरिमाणं । पिंडेसणाओ पिंडभूतमेव अशनं गृह्णामि न पानमिति । पाणेसणाओ-द्रवमेवाशनं गृह्णामि न पिंडमिति । जागूय यवागूः । पोग्गलिया धान्यान्येव निष्पावचणकादीनि भिक्षायामिति । त्रिचमित्यन्यः ।

अर्थ—इसही पाटकमें प्रवेश कर मिली हुई भिक्षा मैं ग्रहण करूंगा दूसरे पाटकमें मैं आहारार्थ जाउंगा नहीं ऐसी प्रतिज्ञा करना. अथवा मैं एक पाटकमें अथवा दोन पाटकोंमें भिक्षा मिलनेपर ग्रहण करूंगा अन्यथा नहीं ऐसी प्रतिज्ञा करना. इस घरके परिकरकी भूमीमें यदि आहार मिलेगा तो मैं ग्रहण करूं घरमें प्रवेश न करूंगा ऐसी प्रतिज्ञा करना. इसको नियंसण कहते हैं. पाटककी भूमिपर ही आहार मिलेगा तो मैं आहार स्वीकारूंगा परंतु पाटकके घरोंमें प्रवेश नहीं करूंगा ऐसा संकल्प करना इसको पाटकनिवसन परिमाण कहते हैं.एकदफे अथवा दो दफे जो अन्न पोसा है उतनाही मैं ग्रहण करूंगा अन्यथा नहीं यह भिक्षापरिमाण है. एक दाता अथवा दोन दाताओंने दिया हुआ अन्न ग्रहण करूंगा ऐसी प्रतिज्ञा करना यह दातृपरिमाण संकल्प है. दाताने देनेके लिये भिक्षा लाने पर भी इतने ही ग्रास मैं स्वीकारूंगा इस तरह का संकल्प करना यह ग्रासपरिमाण संकल्प है. पिंडरूप जो अन्न है वही मैं ग्रहण करूंगा द्रवरूप पदार्थ ग्रहण न करूंगा ऐसा संकल्प करना यह पिंडैषणासंकल्प है. द्रवरूप अन्नही मैं ग्रहण करूंगा ऐसी प्रतिज्ञा करना. अपिंडैषणासंकल्प कहते हैं. रबडी इत्यादि जो पतली भी नहीं और पिंडरूप भी नहीं है वह भक्षण करूं ऐसा संकल्प करना. पावटे, चना, मसूर इत्यादि धान्यरूप अन्न ही मैं ग्रहण करूंगा ऐसा संकल्प करना ये सब वृत्तिपरिसंख्यान तपके भेद हैं.

संसिट्ठ फलिह परिखा पुप्फोवहिदं व सुद्धगोवहिदं ॥
लेवडमलेवडं पाणयं च णिस्सित्थगमसित्थं ॥ २२० ॥

मूलारा—गुणपरिणामो इह गुणशब्देन गुणनिर्भासः स्मृतिः प्रत्यय उच्यते । तेनायमर्थः । यथा यथा यतिगुणानां स्मरणं भवति तथा तथा चरित्रगुणश्रेणिमारोहति । वर्धते च जिनवरमार्गेऽपूर्वा पूर्वसंसारभीरुत्वानुविद्धा श्रद्धा । उक्तं च —

यथा यथानिशं साधोर्वर्द्धते गुणवासना ॥
जिनेशशासने श्रद्धा परोहति तथा तथा ॥

अर्थ—मुनि जैसे जैसे उत्तरोत्तर गुणोंमें परिणत अर्थात् दृढ होंगे वैसे २ वे चारित्रगुणों की नसैनीपर आरोहण कर अपने निर्मल स्वरूपको प्राप्त होंगे. और जिनेश्वरके मार्गमें उत्तरोत्तर ताजी संसारभीरुताकी श्रद्धा बढेगी. इस गाथामें 'गुणपरिणामो' यह समस्त पद है इसमें गुण शब्द का अर्थ स्मरण ज्ञान ऐसा समझना चाहिये,

अतः इसका स्पष्टार्थ इस मुजब है—जैसे २ यतिगुणोंका स्मरण होता है वैसे २ यति चारित्रगुणोंपर आरोहण करते हैं. परंतु जिनको यतिगुणोंका स्मरण नहीं होता है वे अपने में यतिगुण लानेका प्रयत्न नहीं करते हैं. यतिगुणोंका स्मरण होनेसे उनमें रुचि पैदा होती है. भव्यजीवोंका गुणोंपर प्रेम रहता है अर्थात् वे गुणोंपर प्रेम करते हैं. संसारभीतिके विषयमें उत्पन्न हुई श्रद्धा यतिको रत्नत्रयमें दृढ करती है. इस गाथामें श्रद्धा नामक गुणका विवेचन किया है.

सत्यां प्रवृद्धायां वात्सल्यं नाम दर्शनस्य गुणो भवतीत्याचष्टे—

सद्धाए वड्ढियाए वच्छल्लं भावदो उवक्कमदि ॥
तो तिव्वधम्मरागो सव्वजगसुहावहो होइ ॥ ३१६ ॥

विना गुणपरीणामं वैयावृत्यं करोति नो ॥
यतस्ततो मुमुक्षूणां वैयावृत्यं व्यनक्ति सः ॥३१४॥
प्रवृद्धधर्मसंवगः श्रद्धया वर्धमानया ॥
यतिः करोति वात्सल्यं लोकद्वयसुखप्रदम् ॥३१५॥

विजयोदया—सद्धाए वड्ढियाए श्रद्धया वर्द्धितया। वच्छल्लं भावदो उवक्कमदि वात्सल्यं भावतः मनसा प्रारभते। तो ततः। तिव्वधम्मरागो धर्मे तीव्रो रागः। तीव्रधर्मरागो वा यतिरात्मनः सकलं सुखमावहति। वात्सल्यं इत्येतदाख्यातमनया गाथया।

श्रद्धावृद्धौ च वात्सल्यं नाम दर्शनस्य गुणो भवतीत्याह—

मूलारा— भावदो मनसा। सव्वजगसुहावहो सर्वेषु जगत्सु यत्सुखमैंद्रियिकं अतींद्रियं वा तदावहत्याकर्षति यतिः।

गुणोंका स्मरण होनेसे रुचिगुण उत्पन्न होता है और उसके बढनेसे वात्सल्य नामक सम्यग्दर्शन गुण उत्पन्न होता है. इसका वर्णन ग्रंथकार करते हैं-

अर्थ—श्रद्धागुण बढनेसे मुनि मनसे यतिओंपर वात्सल्य करते हैं. अर्थात् उनका आदरसत्कार, सेवादिक कार्य यथोचित करते हैं. इस वात्सल्य भावसे धर्ममें तीव्र प्रेम उत्पन्न होता है. जिसका धर्मपर तीव्र अनुराग

उत्पन्न हुआ है उस मुनिको जगतके इंद्रियजन्यसुख और अतीन्द्रिय सुख प्राप्त होते हैं. इस गाथामें वात्सल्य गुणका वर्णन किया गया.

वैयावृत्यस्य 'भक्ति' नाम यो गुणस्तं व्याचष्टे—

अरहंतसिद्धभत्ती गुरुभत्ती सव्वसाहुभत्ती य ॥
आसेविदा समग्गा विमला वरधम्मभत्ती य ॥ ३१७ ॥

भक्तिरर्हत्सु सिद्धेषु धर्मसूरिषु साधुषु॥
वैयावृत्यकृतोत्कृष्टा पूजा भवति सेविता ॥३१६॥

विजयोदया—अरहंतसिद्धभत्ती तत्रार्हतो नामातिक्रान्ते तृतीये भवे दर्शनविशुद्ध्यादिपरिणामविशेषवशकृतीर्थकरत्वनामकर्मनिर्देशयाः । स्वर्मावतरणादिपरदुरवापपंचमहाकल्याणभागिनः । घातिकर्ममलयाधिगतसकलद्रव्यविकालगोचरस्वरूपावभासनपटुनिरतिशयज्ञानदर्शनमोहोन्मूलनोपजातक्षीणरागसम्यक्त्वाः । चारित्रमोहोत्पाटनलब्धवीतरागभावाः । वीर्यांतरायकर्मक्षयाविर्भूतानंतवीर्याः । परीतसंसारभव्यजनोद्धरणबद्धप्रतिज्ञाः । अप्रतिहतातिशयचतुष्टयादिनिरायविशेषाः ॥ सिद्धा नाम मिथ्यात्वादिपरिणामोपनीतकर्माष्टकबंधनिर्मुक्ताः अजरामरव्याबाधाः उपमारहितानंतसुखाः । ज्ञात्वस्वभावनिर्मलाक्षयानंतसुखाः । गुणाधाराः ग्रामपरमाणावव्याप्ताः । तयोरर्हत्सिद्धयोर्भक्तिः । गुरुशब्देनाचार्योपाध्यायौ गृहीतौ तयोर्भक्तिः । सव्वसाहुभत्ती य सर्वसाधुभक्तिश्च । आसेविदा आसेविता भवति । अर्हदाद्यपदिष्टवैयावृत्यकरणायेषां भक्तिः कृता भवति । रत्नत्रयवतामुपकरणात्तदादरत एव तत्र भक्तिः । वैयावृत्यं भक्तिमापादयति अर्हदादिष्विष्युक्तं ।

भक्तिं गाथाद्वयेन व्याचष्टे ।

मूलारा—गुरुभत्ती आचार्योपाध्यायभक्तिः । अर्हदाद्युपदिष्टवैयावृत्यकरणात्तद्भक्तिः खलु कृता भवति । रत्नत्रयवतां चोपकारकरणात्सदादरत एव धर्मे भक्तिः । आसेविदा वैयावृत्यं कुर्वतासकृत्कृता ।

अर्थ—अर्हद्भक्ति इस जन्मके पूर्व तिसरे भवमें दर्शनविशुद्धि आदि परिणामोंसे जिनको स्वर्गावतरण आदि तीर्थंकर नाम कर्मका बंध हुआ है, अन्यजनदुर्लभ पंचमहाकल्याणोंके जो भोक्ता हैं, घातिकर्मोंका नाश कर जिन्होंने संपूर्ण द्रव्योंके त्रिकालवर्ती पर्यायोंका एक समयमें एक साथ प्रकाशन करनेमें समर्थ ऐसे केवलज्ञान, केवलदर्शनकी प्राप्ति की है, दर्शनमोहनीय कर्मका समूल नाश करनेसे जिनको वीतराग सम्यक्त्वका लाभ हुआ है, चारि-

त्रमोहका समूल नाश कर जिन्होंने वीतरागभाव-चारित्रको प्राप्त किया है, वीर्यान्तराय कर्मके क्षयसे अनंतवीर्य-का लाभ जिनको हुआ है, आसन्न भव्योंका उद्धार करनेके लिये जिन्होंने प्रतिज्ञा धारण की है, आठ महाप्रातिहार्य और चौतिस विशेष अतिशयोंकी जिनको प्राप्ति हुई है वे अरहंत है. मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद कषाय और योग इन परिणामोंसे बद्ध हुए आठ कर्मोंका जिन्होंने नाश किया है, जो जरा और मरणसे परे हैं, जिनको किसी प्रकारकी बाधा नहीं है, जिनका सुख अनुपम और अनंत है, जिनका ज्ञानरूपी शरीर अतिशय उज्ज्वल और आवरणरहित है, जो पुरुषाकार हैं, और परमात्मपदको धारण करते हैं, वे सिद्धपरमेष्टि हैं. वैयावृत्यसे अर्हंत और सिद्धोंके ऊपर भक्ति होती है. गुरुभक्ति-गुरु-शब्दसे यहां आचार्य और उपाध्याय परमेष्ठीओंका ग्रहण होता है. आचार्यभक्ति, उपाध्यायभक्ति और साधुभक्ति ये भक्तियां करनेका श्रेय अर्हदादिकोंसे कहा हुआ वैयावृत्य करनेसे मिलता है. और वैयावृत्य करने से धर्मपर निर्मल भक्ति उत्पन्न होती है. रत्नत्रयधारक मुनिओंपर उपकार करनेसे, उनका आदर करनेसे ही उनके ऊपर भक्ति करने का श्रेय मिलता है. वैयावृत्य तप अर्हदादि पंच परमेष्ठिओंमें भक्ति उत्पन्न करता है ऐसा इस गाथाका अभिप्राय है.

इदानीं तस्या माहात्म्यं स्तौति –

संवेगजणियकरणा णिस्सल्ला मंदरुव्व णिक्कंपा ॥
जस्स दढा जिणभत्ती तस्स भयं णत्थि संसारे ॥ ३१८ ॥

अर्हद्भक्तिः परा यस्य बिभीते भवतो न सः
येनावगाहिता गंगा स किं नश्यति वह्नितः ॥ ३१७ ॥
संसारभीरुतोत्पन्ना निःशल्या मंदराचला ॥
जिनभक्तिर्दृढा यस्य नास्ति तस्य भवाद्भयम् ॥ ३१८ ॥

विजयोदया – संवेगजणियकरणा संसारभीरुतोत्पादा । करणशब्दः सामान्यवचनोऽपि उत्पत्तिक्रियायां रूढिवशेन गृहीतः । णिस्सल्ला मिथ्यादर्शन, मायया, निदानेन च रहिता । मंदरुव्व णिक्कंपा मंदर इव निश्चला । जस्स दढा जिणभत्ती यस्य जिने भक्तिर्दृढा । ण तस्स भयमत्थि संसारे तस्य भयं नास्ति संसारात् । जिनशब्देनात्रार्हदादयः सर्व एवोच्यंते । कर्मकक्षानां च जयात् धर्मोऽपि कर्मारिर्जिनयति इति जिनशब्देनोच्यते । द्रव्यलाभादिकमनुद्दिश्य प्रवृत्तेस्तत्कथयति ।

संवेगजणियकरणा इत्यनेन संसारभयनिराकरणोपायभूता जिनभक्तिरिति ज्ञात्वा प्रवृत्तेति यावत् । वैनयिकमिथ्यादृष्टेः सर्वत्र भक्तिः प्रवर्तते इति तन्निरासाय णिस्सल्ला इत्युच्यते । मंदरुव्व णिक्कंपा इत्यनेन सर्वकालवृत्तिताख्याता । सासादन सम्यग्दृष्टेर्जीताप्यल्पकाला न संसारान्निस्सारयतीति ॥

जिनभक्तिमाहात्म्यमभिष्टौति—

मूलारा—संवेगजणिदकरणा संसारभीरुतया न द्रव्यलाभादिना कृतोत्पादकरणशब्दो ज्ञप्त्युत्पत्त्यर्थः । णिस्सल्ला मिथ्यात्वमायानिदानशल्यरहिता । वैनयिकमिथ्यादृष्टेः सर्वत्र भक्तिः प्रवर्तते इति तन्निरासार्थं इदं । मंदरोव्व णिक्कंपा सर्वकालवर्तिनी न सासादनसम्यग्दृष्टिवदल्पकाला । दढा अभेद्या । जिणभत्ती जिनशब्देनात्र पंचापि परमेष्ठिनोऽर्हदादय उच्यन्ते । कर्मणामेकदेशेन साकल्येन च जयात् । तथा धर्मोऽपि संसारे संसारात् । जिनादिभक्त्या हि सुदेवत्वसुमानुषत्वलक्षणे सुखानुबंधिन्येव भवे भ्राम्यंति । उक्तं च ।

संसारभीरुतोत्पन्ना निःशल्या मंदराचला ।
जिनभक्तिर्दृढा यस्य नास्ति तस्य भवाद्भयम् ॥

भक्तिके माहात्म्यका आचार्य कथन करते हैं—

अर्थ—संसार से भय उत्पन्न करनेवाली, माया, मिथ्यात्व और निदान इन तीन शल्योंसे रहित, मंदर पर्वतके समान निश्चल ऐसी जिनमें जिसकी दृढ भक्ति है उस मुनिको संसारसे भय नहीं रहता है. यहां जिनशब्द से पंच परमेष्ठिओंका ग्रहण होता है. जैसे अर्हन्त और सिद्ध परमेष्ठिओंने घातिकर्मका नाश किया है वैसे आचार्य, उपाध्याय और साधुपरमेष्ठिओंने घातिकर्मोंका एकदेशसे नाश किया है इसलिये उनको भी जिन कहते हैं. धर्म भी कर्मोंका पराभव करता है अतः उसको भी जिन कह सकते हैं. द्रव्यलाभादिककी अपेक्षा न करके की हुई जिनभक्ति कर्मनाश करती है. यह भक्ति संसारभय दूर करनेवाली है. वैनयिक मिथ्यादृष्टीकी सर्वत्र भक्ति रहती है. उसका निरसन करनेके लिये जिनभक्ति को णिस्सल्ला यह विशेषण दिया है. 'मंदरुव्व णिक्कंपा' यह विशेषण सर्वकाल जिन भक्ति रहती है, सासादन सम्यग्दृष्टिके समान वह अल्प कालिक नहीं है ऐसा अभिप्राय व्यक्त करता है. सासादन सम्यग्दृष्टिकी भक्ति अल्पकालही रहती है अतः उसमें संसार नाश करनेका सामर्थ्य नहीं है.

वैयावृत्यस्य पात्रलाभगुणमाचष्टे—

पंचमहव्वयगुत्तो णिग्गहिदकसायवेदणो दंतो ॥
लब्भदि हु पत्तभूदो णाणासुदरयणणिधिभूदो ॥ ३१९ ॥

निःकषायो यतिर्दान्तः पात्रभूतो गुणाकरः ॥
महाव्रतधरो धीरो लभते श्रुतसागरम् ॥ ३१९ ॥

विजयोदया—पंचमहाव्वदगुत्तो पंचभिर्महाव्रतैः कृतास्रवनिरोधः । णिग्गहियकसायवेयणो निगृहीतकषायवेदनः कषायस्तु तपायत्यात्मानमिति वेदना । दंतो दांतः शांतरागजदोषः । परिज्ञानाद्वैराग्यभावनातः प्रशांतराग इति कृत्वा दांत इत्युच्यते । लब्भदि खु पत्तभूदो लभ्यते पात्रभूतः । णाणासुदरयणनिधिभूदो नानाश्रुतरत्ननिधिभूतः ॥

पात्रलाभगुणमाह—

मूलारा—गुप्तो कृतास्रवनिरोधः । वेदणा उदयः । लब्भदि लभ्यते वैयावृत्त्यात् । आपन्नातार्तं हि सर्वोऽभ्याश्रयति ।

अर्थ—अहिंसादि पांच महाव्रतोंसे बंद किया है कर्मका आगमन जिसने, कषाय आत्माको संतप्त करते हैं. अर्थात् दुःखित करते हैं. अतः जिसने कषायसे उत्पन्न होनेवाली वेदनाको शांत करदिया है. रागभावसे उत्पन्न होनेवाले दोष जिसके शांत हुए हैं. अर्थात् ज्ञान और वैराग्यसे जिसका रागभाव शांत हुआ है. जो नानाप्रकारके श्रुतज्ञानरूपी रत्नोंका निधि है ऐसा सत्पात्र मुनि वैयावृत्य करनेसे प्राप्त होता है.

दंसणणाणे तव संजमे य संधाणदा कदा होइ ॥
तो तेण सिद्धिमग्गे ठविदो अप्पा परो चेव ॥ ३२० ॥

दर्शनज्ञानचारित्रसंधानं क्रियते यतः
रत्नत्रयात्मके मार्गे स्थाप्येते स्वपरौ ततः ॥ ३२० ॥

विजयोदया—दंसणणाणे दर्शनज्ञानयोः तवसंजमे य तपश्चारित्रयोश्च । संधाणदा होदि कृतश्चित्रिमित्तः छिन्नस्यानां दर्शनादीनां संधानं कृतं भवति वैयावृत्त्येन । तो तस्मात् तेनैव वैयावृत्त्यकारिणा सिद्धिमग्गे रत्नत्रये । ठविदो अप्पा परो चेव स्थापित आत्मा परश्च । अनया संधानमित्येतत्सूत्रपदव्याख्यानम् ॥

कुतश्चिन्निमित्ताद्विच्छिन्नानां दर्शनादीनां संधाने वैयावृत्त्येन क्रियते इत्यावेदयति ।

मूलारा—तेण वैयावृत्यकारकेण ।

अर्थ—किसी कारणसे यदि सम्यग्दर्शन और चारित्र तप और संयम इनसे विच्छेद हुआ हो तो वैयावृत्य के द्वारा वे पुनः जुड जाते हैं. इस लिए वैयावृत्य करनेवाले व्यक्तीने अपने को और जिसका वैयावृत्य किया गया है उसको मोक्षमार्गमें रत्नत्रयमें स्थापन किया है ऐसा समझना चाहिये. इस गाथासे 'संधान' इस सूत्रका व्याख्यान हुआ है.

तच्च इत्येतद्व्याख्यातुमाह—

वेज्जावच्चकरो पुण अणुत्तरं तवसमाधिमारूढो ॥
पक्फोडितो विहरदि बहुभवबाधाकरं कम्मं ॥ ३२१ ॥
वैयावृत्यं तपोन्तस्थं कुर्वनानुत्तरं मुदा ॥
वेदनाश्चापदाधारा भिद्यंते कर्मभूधराः ॥ ३२१॥

विजयोदया—वेज्जावच्चकरो पुण वैयावृत्याख्ये तपसि समाधिमेकाग्र्यतामुपाश्रितः । पक्फोडितो विहरदि विधूनयन्विहरति । बहुभवबाधाकरं कम्मं बहुभवेषु बाधाः संपादयत्कर्म ।

वैयावृत्यकृत्यं तपोगुणं व्याचष्टे—

मूलारा—तवसमाधिं तपसि वैयावृत्याख्ये समाधिमेकाग्र्यताम् ।

अर्थ—वैयावृत्य करनेवाले मुनि वैयावृत्य नामके तपमें एकाग्र होकर अनेक भवोंमें बाधा उत्पन्न करनेवाले कर्मका नाश करते हुए रत्नत्रयमें विहार करते हैं.

जिणसिद्धसाहुधम्मा अणागदादीदवट्टमाणगदा ॥
तिविहेण सुद्धमादिणा सव्वे अभिपूइया होंति ॥ ३२२ ॥

त्रेधा विशुद्धचित्तेन कालत्रितयवर्तिनः
सर्वतीर्थकृतः सिद्धाः साधवः संति पूजिताः ॥३२२॥

विजयोदया—जिनसिद्धसाधुधर्मा तीर्थकृतः, सिद्धाः, साधवो, धर्मश्च । अणागदातीदवट्टमाणगदा सर्वे त्रिकालवर्तिनः । सव्वे तिविधेण पूजिदा होंति सर्वे मनोवाक्कायैः पूजिता भवन्ति । सुट्ठ अट्ठा सुट्ठवत्तसद्दा । तीर्थकृतश्च स्तदासंवादनात्पूजिताः, दशविधे धर्मे तपसोऽन्तर्भावाद्वैयावृत्यस्य च तदन्तर्गतत्वाद्वैयावृत्ये आदरात् तत्प्रवृत्तेश्च धर्मः पूजितो भवति ॥

वैयावृत्यकारिणा त्रैकालिकजिनादीनां पूजा सेवायते इत्युपदिशति ।

मूलारा—अभिपूजिता जिनादयस्तदाज्ञांसपादनात्पूजिता भवंति । दशविधे धर्मे तपसः सद्भावाद्वैयावृत्यस्य च तदन्तर्गतत्वात्तदादरात्तत्र प्रवृत्तेश्च धर्मः पूजितो भवति ।

अर्थ—जो पुनि वैयावृत्य करता है उसने भूतकालीन, वर्तमान कालीन और भविष्यत्कालीन तीर्थंकर, सिद्धपरमेष्ठी, साधु और धर्म इनका शुद्ध अन्तःकरणसे मनवचन कायसे पूजन किया है ऐसा समझना चाहिये. वैयावृत्य करना चाहिये ऐसी तीर्थकरादिकोंकी आज्ञा है उसका पालन करनेसे तीर्थकरादिकोंकी पूजा की ऐसा अभिप्राय है. उत्तम क्षमादि दशप्रकारके धर्ममें तपका अन्तर्भाव है. और तपमें भी वैयावृत्यका अन्तर्भाव है. वैयावृत्य में आदर और उसका आचरण करनेसे धर्म का भी पूजन किया ऐसा माना जाता है.

वैयावृत्यं दशविधं आचार्योपाध्यायतपस्विशिक्षकग्लानगणकुलसंघसाधुमनोज्ञभेदेन । तत्राचार्यवैयावृत्यमाहात्म्यकथनायाह—

आइरियधारणाए संघो सव्वो वि धारिओ होदि ॥
संघस्स धारणाए अव्वोच्छित्ती कया होई ॥ ३२३ ॥
सूरिधारणया संघः सर्वो भवति धारितः ॥
न साधुभिर्विना संघो भूरुहैरिव काननम् ॥ ३२३ ॥

विजयोदया—आयरियधारणाए आचार्यधारणातः, संघो सव्वो वि धारिदो होदि सर्वः संघोऽवधारितो भवति । कथं ? आचार्यो हि रत्नत्रयं ग्राहयति । गृहीतरत्नत्रयांस्तेषु दृढयति । अतिचारज्ञानान्यपनयति । तदुपदेश-

वलेनैव गुणसंहतिरूपतां धत्ते संघो नान्यथेति संघो धारितो भवति । संघधारणाया गुणमाचष्टे । संघस्य धारणाए अवोच्छित्ती कदा होदि धर्मतीर्थस्याभ्युदयनिःश्रेयससुखसाधनस्य अव्युच्छित्तिः कृता भवति । उपाध्यायादयः सर्वे एव साधयंति निरवशेषकर्मापायमिति साधुशब्देनोच्यते ॥

वैयावृत्यसाध्यां धर्मतीर्थस्याव्युच्छित्तिं गाथाद्वयेन व्याचिख्यासुराचार्योपाध्यायतपस्विशैक्ष्यग्लानगणकुल-संघसाधुमनोज्ञविषयभेदाद्दशविधेऽपि वैयावृत्ये धर्माचार्यवैयावृत्यस्यैव करणीयतमत्वप्ररूपणार्थमिदमाह —

मूलारा—आयरियधारणाए पंचाचाराचरणचंचुराचार्यस्तस्य धारणा स्वकर्मसामर्थ्यभ्रंशनिमित्तव्यावर्तनेन स्वकर्मगसामर्थ्योपादानं वैयावृत्यकरणं इति यावत् । संघो बहूनां परमार्थहितसाधनाभिमुख्यपरिणतिलक्षणभावप्रत्यासत्तिरूपः समुदायः । स च प्रतिनियतकायवाङ्मनोव्यापारसाध्यप्रवृत्तधर्मानुष्ठानभेदाच्चतुर्विधः । धारितः । आचार्यो हि रत्नत्रयं मुमुक्षुन् ग्राहयति । गृहीतरत्नत्रयांस्तत्र दृढयति । अतीचाराज्ञानानपनयति । तदुपदेशपालनेनैव गुणसंहतिरूपतां धत्ते संघो नान्यथेत्याचार्यधारणातः संघो धारितः स्वरूपे व्यवस्थापितो भवति । अव्योच्छित्ती धर्मतीर्थस्य अभ्युदयनिःश्रेयससुखसाधनस्य संतत्या प्रवृत्तिः ।

वैयावृत्यके आचार्य वैयावृत्य, उपाध्याय वैयावृत्य इस प्रकार दश भेद है आचार्य, उपाध्याय, तपस्वी शिक्षक, ग्लान, गण, कुल, संघ साधु, और मनोज्ञ ऐसे मुनिओंके दस भेद हैं. इन दसोंका वैयावृत्य करना योग्य है इस लिये इनकी अपेक्षासे वैयावृत्यके भी दस भेद होते हैं. उसमें आचार्य वैयावृत्यका माहात्म्य कहते हैं--

---

तत्रादौ यतमस्य साधोर्धारणायां गुणं कथयति—

साधुस्स धारणाए वि होइ तह चेव धारिओ संघो ॥
साधू चेव हि संघो ण हु संघो साहुवदिरित्तो ॥ ३२४ ॥

साधुधारणया संघः सर्वो भवति धारितः ॥
न साधुभिर्विना संघो भूरुहैरिव काननम् ॥ ३२४ ॥

विजयोदया—साधुस्स धारणाए एकस्य साधोर्वैयावृत्यकरणेन धारणायां । होदि भवति । तह चेव तथैव आचार्यधारणातः संघधारणात् । धारिदो संघो धारितो यति समुदायः ॥ कथमेकस्य धारणायां समुदायावयवयोर्भेदादि

स्याद्वैकार्यमाह – साधु चेव हि संघो साधव एव हि संघः । ण हि संघो साधुवदिरित्तो नैव संघो नामार्थान्तरभूतोऽस्ति साधुव्यतिरिक्तः । कथं चित्समुदायावयवयोरव्यतिरेक इति मन्यते गाथाद्वयेनानेन । अव्युच्छित्तिर्व्याख्याता ।

सिद्धिं साधयंतीति तावाचार्योपाध्यायादयः साधवः, अतस्तेष्वन्यतमस्यापि वैयावृत्यकरणे गुणं दर्शयति––

मूलारा––साधुरस उपाध्यायादीनामन्यतमस्य । तथ चेव आचार्यधारणातः संघधारणावतः । संघो यतिसमुदायः साधुर्विदिरित्तो समुदायावयवयोः कथंचिदव्यतिरेकात्साधव एव संघ इति व्यवदिश्यते ॥

उसमें आचार्योंकी वैयावृत्यका माहात्म्य कहते हैं—

अर्थ—वैयावृत्य कर आचार्यको रत्नत्रयमें स्थिर करनेसे संघको रत्नत्रयमें स्थिर किया सरिखा हो जाता है. क्योंकि, आचार्य महाराज शिष्योंको रत्नत्रय ग्रहण कराते हैं. जिन्होंने रत्नत्रयका स्वीकार किया है उनको उसमें दृढ करते हैं. अतिचार उत्पन्न होनेपर उनको दूर करते हैं. उनके उपदेशके माहात्म्यसे ही संघ अपनेमें गुणोंका समूह धारण कर सकता है. अन्यथा वह गुणों को नहीं धारण करेगा. इस लिये आचार्य को धारण करनेसे संघका भी धारण होता है. संघको धारण करनेसे अभ्युदय और मोक्षसुख देनेमें कारणभूत धर्म अव्याहत रूपसे प्रचलित होता है.

उपाध्याय, तपस्वी, शैक्ष वगैरेह को साधु कहते हैं, क्योंकि वे संपूर्ण कर्मका नाश अर्थात् मोक्ष को साधते हैं. उपाध्यायादिक साधुओंमेंसे किसी एक साधुको रत्नत्रयमें धारण करनेमें कोनसा गुण है इसका उत्तर आचार्य कहते हैं—

जैसे आचार्यका वैयावृत्य करनेसे संघका धारण होता है वैसे एक साधुको वैयावृत्य कर रत्नत्रय में स्थिर करनेसे संघका धारणा होता है. अर्थात् यतिओंका समुदाय रत्नत्रयमें स्थिर होता है. एक साधुको रत्नत्रयमें स्थिर करनेसे समस्त यतिसमूह को कैसा धारण कर सकते हैं ? क्योंकि समुदाय और अवयव परस्पर भिन्न है. इसका उत्तर ऐसा है—साधु हि संघ है. साधुओंसे संघ भिन्न पदार्थ नहीं है. क्योंकि समुदाय और अवयव परस्परसे कथंचित् अभिन्न है. इसप्रकार अव्युच्छित्ति गुणका दोन गाथाओंसे विवेचन किया है.

सिद्धिसुखे चेतस एकाग्रता समाधिरित्युच्यते तदुपगूहने कृते भवतीत्याचष्टे—

गुणपरिणामादीहिं अणुत्तरविहीहिं विहरमाणेण ॥
जा सिद्धिसुहसमाधी सा वि य उवगूहिया होदि ॥ ३२५ ॥
एवं गुणपरिणामप्रमुखैर्विविधैः परैः ॥
प्राप्यते वर्तमानेन समाधिः सिद्धिशर्मणा ॥ ३२६ ॥

विजयोदया—गुणपरिणामादीहिं य गुणपरिणामः, श्रद्धा, वात्सल्यं, भक्तिः, पात्रलाभः, संधानं, तपः, पूजा, तीर्थाव्युच्छित्तिः क्रियेत्येतैः । अणुत्तरविधीहिं प्रकृष्टैः क्रमैः । विहरमाणेण आचरता । जा सिद्धिसुहसमाधी सिद्धिसुखैकाग्रता । सा वि य उवगूहिया होइ साध्यालिंगिता भवति। कारणे ह्यादरः कार्ये समाधानमंतरेण न प्रवर्तते । न हि साध्ये घटे चेतस्यसति तदुपायभूतदंडादिकारणकलापे जनः प्रवर्तते । इह च गुणपरिणामादय उपायाः सिद्धिसुखस्य न च सिद्धिसुखैकाग्रतामंतरेण ते युज्यंते इति भावः ।

वैयावृत्यसाध्यसिद्धिसुखसाधनगुणपरिणामादिनयकाचरणपरेण मुमुक्षुणा सिद्धिसुखैकनिष्ठमनस्कतालक्षणः समाधिः प्राप्यत इत्यादर्शयति—

मूलारा—अणुत्तरविहीहिं उत्कृष्टक्रमैः । अवगूहिदा आलिंगिता । सिद्धिसुखसमाधिपरिणतो वैयावृत्यकरः स्यादित्यर्थः ॥ उक्तं च—

एवं गुणपरिणामप्रमुखैर्विविधैः परैः ॥
प्राप्यते वर्तमानेन समाधिः सिद्धिशर्मणा ॥

सिद्धिसुखमें चित्तकी एकाग्रता होना समाधि है. वैयावृत्य करनेसे उसका संरक्षण होता है इस विषयका वर्णन आचार्य करते हैं—

अर्थ—गुणपरिणाम, श्रद्धा, वात्सल्य, भक्ति, पात्रलाभ, संधान, तप, पूजा और तीर्थाव्युच्छित्ति ऐसे नउ उत्कृष्ट क्रमोंसे आचरण करने वाले मुनिके द्वारा सिद्धिसुखमें एकाग्रता नामक गुणकी प्राप्ति की जाती है. अर्थात् वैयावृत्य करनेवाली व्यक्ति सिद्धिसुखकी एकाग्रतामें परिणत होती है. कारणोंमें जो आदर किया जाता है वह कार्य के विषयमें एकताको करता है. अर्थात् कारणोंका संग्रह करनेसे उससे इष्ट कार्यकी सिद्धि होती है. परंतु यदि

मन में घट बनानेका विचार न होगा तो उसको बनानेके लिये दंड, चक्र, मृत्तिकादि कारणसमुदाय की प्राप्ति में जन प्रवृत्त नहीं होते हैं. प्रकृत प्रकरणमें गुणपरिणामादिक सिद्धिसुखकी प्राप्ति के उपाय हैं इस लिये वे सिद्धिसुखकी एकाग्रताको जोडे विना नहीं रहेंगे.

अणुपालिदा य आणा संजमजोगा य पालिदा होंति ॥
णिग्गहियाणि कसायिंदियाणि साखिल्लदा य कदा ॥ ३२६ ॥
जिनाज्ञा पालिता सर्वा विजित्य गुणहारिणः ॥
कृतं संयमसाहाय्यं कषायेन्द्रियवैरिणः ॥ ३२६ ॥

विजयोदया—अणुपालिदा य आणा अनुपालिता च आज्ञा भवति वैयावृत्यं कुर्वता । केषां ? तीर्थकृदादीनां । एतेन आणा इत्येतत्सूत्रपदं व्याख्यातं भवति । संजमजोगा य पालिदा होंति इत्यनेन संयमपदव्याख्या कृता संयमेन सह संबंधः आचार्यादीनां । पालिदा होंति रक्षिता भवंति । व्याध्यापद्गतानां रोगपरीषहानसंक्लेशेन धारयितुमसमर्थानां । अथवा संयमो योगाश्च तपांसि अनशनादितपोविशेषाः रक्षिता भवंति । स्वस्य परेषां च करणानुमननाभ्यां स्वस्यापत्प्रतिकारेण स्वस्थतोपजातसामर्थ्यादीनां संयमसंपादनात् । परेषां सहायतां व्याचष्टे—जह्मा इति वाक्यशेषाध्याहारेण सूत्रपदानि संबंधनीयानि । यस्मान्निगृहीतानि कषायेंद्रियाणि तद्दोषोपदेशं कुर्वता तस्मात्साखिल्लदा य कदा सहायता कृता ॥

मूलारा—संजमजोगा आचार्यादीनां संयमेन सह संबंधः । अथवा स्वस्य परेषां च संयमो, योगाश्चानशनादितपोविशेषाः । स्वस्य हि परैर्वैयावृत्यं कारयित्वा क्रियमाणं वानुमत्य स्वास्थ्यं प्राप्तः परेषामप्यापत्प्रतिकारेण स्वसंयमयोगरक्षां करोति । साखिल्लदा संयमं साधयंतं साहाय्यकं कृतं भवति । कषायेंद्रियदोषोपदर्शनलक्षणवैयावृत्यकारिणा । कथं ? यस्मान्निगृहीतानि भवन्ति कषायेन्द्रियाणि तद्दोषोपदेशं कुर्वता ॥

अर्थ—जो मुनि वैयावृत्य करते हैं वे तीर्थकरादिकोंकी आज्ञा पालते हैं ऐसा समझना चाहिये. " अणुपालिदा य आणा " इस वचनसे आज्ञा नामक सूत्रपदका व्याख्यान हुआ. ' संजमजोगा य पालिदा होंति ' इस वचनसे संयमपदका व्याख्यान हुआ. रोगादि आपत्तिओंसे ग्रसित होनेसे जो रोगादि परीषहोंको विना संक्लेशसे धारण करनेमें असमर्थ हैं ऐसे आचार्यादिकोंकी वैयावृत्यके द्वारा शुश्रूषा करनेवाले मुनि उनको संयमसे संबद्ध कर देते हैं. अर्थात् वैयावृत्य किया जानेसे आचार्यादिक असंयमी न बनकर संयममें ही स्थिर रहते हैं. अथवा शुश्रूषासे उनके

संयम और अनशनादि तपोंका रक्षण होता है. स्वतःका वैयावृत्य दुसरोंसें कराकर अथवा करनेवालोंको अनुमोदन देकर रोगादिकोंसे निवृत्त हुआ साधु दुसरोंकी आपत्तिओंको दूर कर स्वतःके सदृश उनके संयम और योग की रक्षा करता है. ऐसा कार्य करनेसे संयमकी सिद्धि करनेवाले मुनिओंको साहाय्य किया जानेसे सारिछता नामक गुणकी सिद्धि होती है. वैयावृत्य करनेवाला मुनि इंद्रिय और कषायोंके दोष आपद्ग्रस्त मुनिओंको दिखाता हैं तब वे इंद्रियनिग्रह और कषायनिग्रह करते हैं. इस लिये वैयावृत्य करनेवालेने इस कार्यमें सहाय किया ऐसा माना जाता है.

अदिसयदाणं दत्तं णिव्विदिगिंच्छा य दरिसिदा होइ ॥
पवयणपभावणा वि य णिव्वूढं संघकज्जं च ॥ ३२७ ॥

दत्तं सातिशयं दानमचिकित्सा च दर्शिता ॥
संघस्य कुर्वता कार्यं वाक्यं भावयतार्हताम् ॥ ३२७ ॥

विजयोदया—अदिसयदाणं दत्तं अतिशयदाने दत्तं भवति । रत्नत्रयदानात् । णिव्विदिगिंछा य दरिसिया होइ सम्यग्दर्शनस्य गुणो निर्विचिकित्सा नाम सा प्रकटिता भवति । द्रव्यविचिकित्सा निरस्ता शरीरमलानां निराकरणाय जुगुप्सां विना । पवयणपभावणावि य प्रवचनमागमस्तदुक्तार्थानुष्ठानात् प्रवचनप्रभावना भवति । णिव्वूढं संघकज्जं च संघेन कर्तव्यं कार्यं च निश्चयेन संपादितं भवति । एतेन कज्जपुण्णाणि इत्येतद्व्याख्यातम् ।

रत्नत्रयदाननिर्विचिकित्सताप्रकटनप्रवचनप्रभावनासंघकार्यनिर्वहणलक्षणगुणचतुष्टयं वैयावृत्यफलं व्याख्यातुमिदमाह—

मूलारा—अदिसयदाणं लोकोत्तरदानं, लोकोत्तमस्य रत्नत्रयस्य व्यापत्तिव्यपनोदनेन संपादनात् । णिव्विदिगिंछा द्रव्यविचिकित्सानिरासः, पुरीषादिदेहमलापनयनात् । पवयणपहावणा आगमोक्तार्थानुष्ठानात्सन्माहात्म्यप्रकाशनं, वैयावृत्यकृता कृतं स्यात् । णिव्वूढं निश्चयेन संपादितं स्यात् ॥

अर्थ—वैयावृत्य करके आपद्ग्रस्त मुनिओंको रत्नत्रय का दान दिया जानेसे अतिशयदान नामक गुण की सिद्धि होती है. वैयावृत्य करनेसे निर्विचिकित्सा गुणकी प्राप्ति होती है. यह निर्विचिकित्सा सम्यग्दर्शनका गुण है. जुगुप्साके बिना रोगी मुनीके विष्ठामूत्रादि मल दूर करनेसे द्रव्यविचिकित्साका त्याग होता है. वैयावृत्य करनेसे

आगमकी प्रभावना होती है क्योंकि आगममें वैयावृत्य करनेका उपदेश किया है और वैयावृत्यकारक उसको प्रमाण मानकर वैयावृत्य करता है. वैयावृत्य करनेसे संघको अपना कर्तव्यसंपादन करनेका श्रेय प्राप्त होता है. इस वचनसे 'कज्जपुण्णणि' इस पदकी व्याख्या होचुकी.

वैयावृत्यस्य फलमाहात्म्यं दर्शयति—

गुणपरिणामादीहिं य विज्जावच्चुज्जदो समज्जेदि ॥
तित्थयरणामकम्मं तिलोयसंखोभयं पुण्णं ॥ ३२८ ॥
एवं गुणाकरीभूतं वैयावृत्यं करोति यः ॥
लभते तीर्थकृन्नाम त्रैलोक्यक्षोभकारणम् ॥ ३२८ ॥

विजयोदया—गुणपरिणामादीहिं य गुणपरिणामादिभिः कारणभूतैः। पुण्णं तित्थयरणामकम्मं समज्जेदि। पुण्यं तीर्थकरनामकर्म समर्जयति। कीदृक् ? तिलोयसंखोभयं त्रैलोक्यसंक्षोभकरणक्षमं ॥

वैयावृत्यस्य परमं फलं तीर्थकरत्वनामकर्मोत्थं परमपुण्यं दर्शयति—

मूलारा—स्पष्टम्।

वैयावृत्यके फलका माहात्म्य बताते हैं—

अर्थ—वैयावृत्य करनेवाला मुनि गुणपरिणाम वगैरे गुणोंकी साहाय्यतासे त्रैलोक्यको क्षुब्ध करनेमें समर्थ ऐसा तीर्थंकर नामकर्मका पुण्य बांध लेता है.

एदे गुणा महल्ला वेज्जावच्चुज्जदस्स बहुया य ॥
अप्पडिदो हु जायदि सज्झायं चेव कुव्वंतो ॥ ३२९ ॥
लभमानो गुणानेवं वैयावृत्यपरायणः ॥
स्वस्थः संपद्यते साधुः स्वाध्यायोद्यतमानसः ॥ ३३९ ॥

विजयोदया—एवं गुणा महल्ला एते गुणा महान्तः। वेज्जावच्चुज्जदस्स वैयावृत्योद्यतस्य। बहुया य बहवः। अप्पट्ठिदो हु आत्मप्रयोजनपर एव जायते। सज्झायं चेव कुव्वंतो स्वाध्यायमेव कुर्वन् वैयावृत्यकरस्तु स्वं परं चोद्धरतीति मन्यते।

वैयावृत्यपरस्य जगत्पूज्यगुणबहुत्वसंपत्तिं स्वपरोद्धरणपरत्वेन स्वार्थपरस्वाध्यायपरादुत्कृष्टत्वं च प्रकाशयति-

मूलारा—महल्ला महान्त इति महद्भिरभिलप्यमाणत्वात्, तत्पूज्यत्वान्महाफलत्वाच्च ॥ बहुगा बहवोऽष्टादशसंख्यात्वात्। अप्पट्ठिदो हु आत्मप्रयोजनपर एव भवति स्वाध्यायमेव केवलं कुर्वन्। वैयावृत्योद्यतस्तु स्वं परं चोद्धरतीति केवलस्वाध्यायपरात्तस्य विशेषः। स्वाध्यायकारिणोऽपि विपदुपनिपाते तन्मुखप्रेक्षित्वात्। तथा चोक्तमार्षे—

स वैयावृत्यमातेने व्रतस्थेष्वामयादिषु ॥
अनात्मतरको भूत्वा तपसो हृदयं हि तत् ॥

आत्मनोऽर्थः प्रयोजनं आत्मार्थः। संजातोऽस्येति तारकादित्वादित इति सिद्धमात्मार्थित इति ॥

अर्थ—जो मुनि केवल स्वाध्यायही करता है वह स्वतः ही कार्य करता है अर्थात् स्वतःकी ही आत्मोन्नति वह करता है. परंतु जो वैयावृत्य करता है वह स्वयंको और अन्यको भी उन्नत बनाता है. उपर्युक्त गुणपरिणाम वगैरह महान् गुणों की उसको प्राप्ति होती है. इस लिये स्वाध्यायमें तत्पर रहने वालेसे वैयावृत्य करनेवाला श्रेष्ठ गिना जाता है. स्वाध्याय करनेवालेपर यदि आपत्ति आवेगी तो उस समय उसको वैयावृत्य करने वालेका मुख देखना पडेगा. अर्थात् मेरी यह विपत्ति दूर करो ऐसा उसको कहना पडेगा.

वज्जेह अप्पमत्ता अज्जासंसग्गमग्गिविससरिसं ॥
अज्जाणुचरो साधू लहदि अकित्तिं खु अचिरेण । ३३० ॥
त्याज्यार्यासंगनिर्गरवद्वन्हिज्वालेव तापिका ॥
दुर्नीतेरिव निंद्याया दुःकीर्तिं लभते ततः ॥ ३३० ॥

विजयोदया—वज्जेह वर्जयत अग्निना विषेण सदृशः आर्याजनसंसर्गः। प्रमादरहितैर्भवद्भिस्त्याज्यः। अज्जाणुचरो आर्यानुचरः। साधू साधुर्लहदि अकित्तिं लभते अयशः अचिरेण अचिरेण। चित्तसंतापकारितया अग्निसदृशता। संयमजीवितविनाशनाद्विषसदृशता। पापस्य अयशसश्च प्रायेण भीरुलोकोऽपि साध्वाचारः मिथ्यादृष्टिरसंयतोऽपि किं

पुनर्विदितवेदितव्यस्य । परिहार्यमशेषं उद्यतः परिहर्तुं यतिजनः पापमयशश्च न परिहरेत् । तथा च श्लोकः—

काये पतिनि का रक्षा यशो रक्ष्यमपाति यत् ॥
नरः पतितकायोऽपि यशःकायेन धार्यते ॥

आर्यासंसर्गदोषान् गाथानवकेनाह—

मूलारा—आर्यिविससरिसं चित्तायासापादनादग्निना संयमजीवितविनाशनाद्विषेण च तुल्यमार्जिकासंसर्गं यूयं त्यजत । अकीर्तिं पापादकीर्तेश्च प्रायेण पृथग्जनोऽपि बिभेति किं पुनर्विदितवेदितव्यस्त्याज्यमशेषं त्युक्तुमुद्युक्तो यतिजनः । अर्जिकानुवृत्तिश्च भिक्षोरचिरादयशस्करीति सुतरां परिहार्येति तात्पर्यम् । तथा च श्लोको वक्ति—काये पतिनि का रक्षा यशो रक्ष्यमपाति यत् । नरः पतितकायोऽपि यशःकायेन धार्यते ॥

अर्थ—हे साधुगण! तुम प्रमाद छोडकर आर्यिकाका सहवास छोडो. क्योंकि आर्यिकाका सहवास अग्नि और विषके समान है. चित्तमें संताप उत्पन्न करता है इसलिये यह सहवास अग्नितुल्य है. और संयमरूप जीवितका हरण करता है इस वास्ते यह विषतुल्य है. आर्यिकाका अनुसरण करनेवाला साधु निश्चयसे और शीघ्र ही अपकीर्तिका स्थान बनता है. प्रायः पाप और अकीर्ती से डरनेवाले मिथ्यादृष्टि और असंयमी सामान्य लोक भी उत्तम आचरण करते हैं. परंतु मुनि तो योग्यायोग्य सब जानते ही हैं उनके लिये क्या कहना चाहिये. अर्थात् उन्होने तो अवश्य आर्यिकाका साथ छोडनाही चाहिये. जितने त्याज्य पदार्थ हैं उनको त्यागनेके लिये मुनिजन उद्युक्त होते हैं इस लिये उनको पाप और अयशका जरूर त्याग करना चाहिये. यशके विषयमें आचार्य ऐसा कहते हैं—

अर्थात् शरीर तो पडेगा ही उसकी हम कैसी रक्षा कर सकेंगे परंतु यशका संरक्षण करना हमारा परम कर्तव्य है. मनुष्य का शरीर छूटगया तो भी यशरूपी शरीरसे वह धारण किया जाता है. अर्थात् वह मरनेपर भी उसका यश जगतमें रहता है इसी लिये कीर्तिमान् मनुष्य हमेशा अमर रहता है ऐसा सज्जन कहते हैं.

थेरस्स वि तवसिस्स वि बहुस्सुदस्स वि पमाणभूदस्स ॥
अज्जासंसग्गीए जणजंपणयं हवेज्जादि ॥ ९६१ ॥

स्थविरस्य प्रयाणस्य शास्त्रज्ञस्य तपस्विनः ॥
आर्यिकासंगतेः साधोरपवादो दुरुत्तरः ॥ ३३१ ॥

विजयोदया--थेरस्स स्थविरस्य । तवसिस्स वि अनशनादितपस्युद्यतस्यापि । बहुसुदस्स वि बहुश्रुतस्यापि । पमाणभूदस्स प्रमाणभूतस्य । अज्जासंसग्गीए जणजंपणयं हवेज्ज.दि आर्यापरिचयाज्जनापवादो भवति ।

मूलारा—तवसिस्स अनशनादितपस्युद्यतस्य । जणजंपणयं लोकापवादः ।

अर्थ—मुनि वृद्ध, तपस्वी, अर्थात् उपवास, अवमोदर्य, रसपरित्याग वगैरे तप करनेवाला, बहुश्रुत और जनमान्य होने पर भी यदि वह आर्यिकाका सहवास करनेवाला होगा तो वह लोगोंकी निंदाका स्थान बनेगाही. आर्यिकाके साथ परिचय होनेस उसकी निंदा होना दुर्निवार है.

किं पुण तरुणो अबहुस्सुदो य अणुकिट्ठतवचरित्तो वा ॥
अज्जासंसग्गीए जणजंपणयं ण पावेज्ज ॥ ३१२ ॥

न किं युनोऽल्पविदस्य मंदं विदधतस्तपः ॥
कुर्वाणस्यार्यिकासंगं जायते जनजल्पनम् ॥ ३३२ ॥

विजयोदया--किं पुण ण पावेज्ज जणजंपणयं किं पुनर्न प्राप्नुयाज्जनापवादं वा ? प्राप्नोति नियोगतः । केन ? अज्जासंसग्गीए आर्यागोष्ठ्या । कः ? तरुणो अबहुस्सुदो अणुकिट्ठतवचरित्तो य तरुणो यतिरबहुश्रुतोऽनुत्कृष्टतपश्चारित्रश्च ॥

मूलारा—अणुकिट्ठं अनुत्कृष्टं । अज्जासंसग्गीए आर्याजनगोष्ठ्या ॥

अर्थ—जो तरुण है, बहुश्रुतता जिसमें नहीं है अर्थात् जिसमें हिताहितका विचार कम है, जो उत्कृष्ट चारित्रका धारक नहीं है ऐसा यति आर्यिकाके संसर्गसे जननिंदाको प्राप्त न होगा क्या ? अवश्य होगा. तात्पर्य यह है कि, जब विवेकपूर्ण, महान् तपस्वी और लोकमान्यतायुक्त ऐसा मुनि भी आर्यिकाके सहवाससे अपकीर्तिका पात्र बनता है तो इतर अल्पज्ञ मुनिओंके विषयमें क्या कहना चाहिये.

जदि वि सयं थिरबुद्धी तहा वि संसग्गिलद्धपसराए ॥
अग्गिसमीवे व घदं विलेज्ज चित्तं खु अज्जाए ॥ ३३३ ॥

आर्यिकामानसं सद्यो यतिसंगे विनश्यति ॥
सर्पिर्वन्हेः समीपे हि काठिन्यं किं न मुंचति ॥ ३३३ ॥

स्वयं साधोः स्थिरत्वेऽपि संसर्गप्रसरुद्धता ॥
क्षिप्रं विभावसोः संगे सा लाक्षेव विलीयते ॥ ३३४ ॥

विजयोदया—जदि वि सयं थिरबुद्धी तथापि स्वयं स्थिरबुद्धिः । तहा वि तथापि । संसग्गिलद्धपसराए संसर्गलब्धप्रसरायाः । अज्जाए आर्यायाः । चित्तं विलेज्ज चित्तं तद्वति । किमिव ? अग्गिसमीवे व घदं अग्निसमीपस्थं घृतमिव । न केवलमार्याजन एव परिहरणीयः किं तु—

मूलारा—थिरबुद्धी स्थिरचित्तो यतिः । संसर्गियतिना सह गोष्ठी तया लब्धः प्रसरश्चित्तोल्लासो यया । विलेज्ज विलीयते ॥

अर्थ—मुनि यद्यपि स्थिर बुद्धिका धारक होगा तो भी मुनिके सहवासमें जिसका चित्त चंचल हुआ है-ऐसी आर्यिकाका मन अग्निके समीप घी जैसा पिघल जाता है वैसा पिघलेगा इस वास्ते मुनि और आर्यिका दोनों कोभी अन्योन्य परिचय छोडनाही योग्य है.

सव्वत्थ इत्थिवग्गम्मि अप्पमत्तो सया अवीसत्थो ॥
णित्थरदि बंभचेरं तव्विवरीदो ण णित्थरदि ॥ ३३४ ॥

अविश्वस्तोऽगनावर्गे सर्वत्राप्यप्रमादकः ॥
ब्रह्मचर्यं यतिः शक्तो रक्षितुं न परः पुनः ॥ ३३५ ॥

विजयोदया—सव्वत्थ इत्थिवग्गम्मि सर्वस्मिन्नेव स्त्रीवर्गे बालाकन्यामध्यमास्थविरासुरूपाविरूपेति विचित्रभेदे । अप्पमत्तो अप्रमत्तः प्रमादरहितः । सदा अवीसत्थो विश्वासरहितः । णित्थरदि निस्तरति बंभचेरं ब्रह्मचर्यं । तव्विवरीदो तद्विपरीतः प्रमत्तः विश्वासवांश्च । ण णित्थरदि न निस्तरति ॥

न केवलं आर्या एव त्याज्या । किं तर्हि सर्वोऽपि स्त्रीजन इत्यनुशास्ति—

मूलारा—सव्वत्थ बाला, कुमारी, युवतिर्मध्यमा, वृद्धा, सुरूपा, कुरूपा इत्यादिविचित्रभेदे । अवीसत्था विश्वासरहितः । णित्थरइ मरणांतं प्रापयति ॥

अर्थ—बालिका, अविवाहित कन्या, तरुणी, मध्यम वयकी स्त्री, वृद्ध स्त्री, सुरूप स्त्री और कुरूप स्त्री ऐसे संपूर्ण स्त्रीमात्रमें मुनिको प्रमादरहित होना चाहिये, विश्वासरहित होना चाहिये, इस रीतीसे प्रवृत्ति करनेवाला मुनिही आजन्म अपना ब्रह्मचर्यव्रत निर्दोष पालन कर सकेगा अन्यथा नहीं. जो मुनि प्रमादी और स्त्रीजनोंमें विश्वासयुक्त है वह अपने ब्रह्मचर्यव्रतको नहीं निभा सकेगा.

आर्यानुचरणे दोषं प्रकटयति—

सव्वत्तो वि विमुत्तो साहू सव्वत्थ होइ अप्पवसो ॥
सो चेव होदि अज्जाओ अणुचरंतो अणप्पवसो ॥ ३३५ ॥

विमुक्तः सर्वतो जातः सर्वत्र स्ववशो यतिः ॥
आर्यिकानुचरीभूतो जायतेऽन्यवशः पुनः ॥ ३३६ ॥

विजयोदया—सव्वत्तो वि विमुत्तो साहू सव्वत्थ होदि अप्पवसो सर्वस्माद्गृहक्षेत्रादिकाद्विमुक्तः साधुः सर्वत्र भवति स्ववशः । सो चेव स एवात्मवशः । होदि भवति । अणप्पवसो अनात्मवशः । किं कुर्वन् ? अज्जाओ अणुचरंतो आर्या अनुचरन् ॥

मूलारा—सव्वत्तो वि सर्वस्माद्गृहक्षेत्रादिकात् । विमुत्तो व्यावृत्तचित्तः । अज्जाओ आर्यिकाः अणुचरंतो अनुवर्तमानः ॥

अर्थ—जो साधु घर, खेत, धनधान्यादि सर्व प्रकारके परिग्रहोंसे ममत्वरहित हुआ है, वहीं सर्व वस्तु ओंमेंसे अपने मनको अलग रखकर जितेंद्रिय होता है. परंतु जो मुनि आर्यिकाके साथ परिचय रखता है वह अपनेको आत्माके शुद्ध स्वरूपमें तत्पर नहीं कर सकेगा. अर्थात् जितेन्द्रियता गुणको छोड बैठेगा. इसीलिये आर्यिकाका परिचय मुनिओंके लिये निषिद्ध माना है.

खेलपडिदमप्पाणं ण तरदि जह मच्छिया विमोचेदुं ॥
अज्जाणुचरो ण तरदि तह अप्पाणं विमोचेदुं ॥ ३३६ ॥

आर्यिकावचने योगी वर्तमानो दुरुत्तरे ॥
शक्तो मोचयितुं न स्वं श्लेष्मभग्नेव मक्षिका ॥ ३३७ ॥

विजयोदया—खेलपडिदमप्पाणं श्लेष्मपरीतमात्मानं । जह ण तरइ मच्छिया विमोचेदुं यथा न तरति मक्षिका विमोचयितुं । तह अज्जाणुचरो ण तरइ अप्पाणं विमोचेदुं तथा आर्याणुचरो न शक्नोति आत्मानं विमोचयितुं ॥

मूलारा—खेल श्लेष्मा । ण तरदि न शक्नोति ॥

अर्थ—जैसे मनुष्यके कफमें अर्थात् थूकमें पडी हुई मक्खी उससे निकलनेमें असमर्थ होती है वैसे आर्यिकाके साथ परिचय किया हुआ मुनि भी उससे छुटकारा नहीं पाता है. अर्थात् उसका स्नेह छोडनेमें वह असमर्थ होता है.

साधुस्स णत्थि लोए अज्जासरिसी खु बंधणे उवमा ॥
चम्मेण सह अवेतो ण य सरिसो जोणिकसिलेसो ॥ ३३७ ॥

नार्या बंधेन बंधोऽन्यस्तुल्यो दुस्तच्छिदा यतेः ॥
वज्रलेपः स नो तुल्यो यो याति सह चर्मणा ॥ ३३८ ॥
ब्रह्मव्रतं मुमुक्षूणां स्त्रीसंसर्गेण निश्चितम् ॥
मंडूकः पन्नगेनेव भीषणेन विनाश्यते ॥ ३३९ ॥
चौराणामिव सांगत्यं पुंसा सर्वस्वरक्षिणा ॥
योगिना योषितां त्याज्यं ब्रह्मचर्यप्रपालिना ॥ ३४० ॥
इत्यार्यासंगत्यजनसूत्रम् ॥

विजयोदया—साधुस्स णत्थि लोए अज्जासरिसी खु बंधणे उवमा । साधोर्नास्ति लोके आर्यासदृशी बंधने

उपमा। चर्मणा सह अवेतो चर्मणा सह अवगच्छन्। ण य सरिसो जोणिगसिलेसो नैव सदृशः चर्मकारश्लेषः। न केवलं आर्याजनो दूरत एव परिहार्यः अपि तु अन्यदपि वस्तु॥

मूलारा—अज्जेत्यादि—अवेतो द्रव्यमुपमा चर्मणेयं अस्यार्यिकया सदृशं। तर्हि चर्मयोजितवज्रलेपसमबंधा सुभेरार्यिका भविष्यतीति शंकमानं प्रत्याह। चम्मेणेत्यादि अवेतो अवगच्छन। जोणिगसिलेसो वज्रलेपः। उक्तं च—

नार्या बंधेन बंधोऽन्यस्तुल्यो वृत्तच्छिदा यतेः॥
वज्रलेपः स नो तुल्यो यो याति सह चर्मणा॥

अर्थ—साधुके लिये आर्यिकाका सहवास ऐसा बंधन है कि उसका वर्णन करनेके लिये जगतमें दृश्यमान कोइ भी बंधन उपमानरूप नहीं है. चर्मके साथ वज्रलेप भी उसके लिये उपमान नहीं है. किसी चीजके ऊपर वज्रलेपके साथ चर्मका भी बंधन किया तो भी वह वस्तु उस बंधनसे मुक्त होनेकी संभावना होगी परंतु आर्यिकाका परिचय ऐसा बंधन है कि उससे वह छूटना असंभव है.

अण्णं पि तहा वत्थुं जं जं साधुस्स बंधणं कुणदि॥
तं तं परिहरह तदो होहदि दढसंजदा तुज्झ॥ ३३८॥

यद्यदन्यदपि द्रव्यं किंचिद्बंधनकारणम्॥
तत्तत्प्रभो निराकृत्य जायध्वं दृढसंयमाः॥ ३४१

विजयोदया—अण्णं पि तहा वत्थु अन्यदपि तथाभूतं वस्तु। जं जं साधुस्स बंधणं कुणइ यद्यत्साधोर्बंधनं करोति अन्यतंत्रतां करोति। तं तं परिहरह तत्तत्परिहारे उद्योगं कुरुत। ततः वस्तुत्यागात्। होहदि दढसंजदा तुज्झ भवतां दृढसंयतता गुणो भवत्येवमिति यावत्। बाह्यवस्तुनिमित्तो ह्यसंयमस्तत्त्यागे त्यक्तो भवति॥

न केवलमार्याजन एव दूरतस्त्याज्योऽपि तु—

मूलारा—तथा तथाभूतमार्यिकासदृशमित्यर्थः। बंधणं पारतंत्र्यं। तदो बंधनकारिवस्तुत्यागात्। होहिथ भविष्यथ। दृढसंजदा बाह्यवस्तुनिमित्तो ह्यसंयमस्तत्त्यागे त्यक्तो भवति। तुज्झे यूयं॥

आर्यिकाओंका भी दूरसे त्याग करना चाहिये ऐसा नहीं परंतु इतर वस्तु भी त्यागनी चाहिये —

अर्थ—जिस २ वस्तुसे साधु बंधा जाता है, परतंत्र होता है वह वह वस्तु हे साधुगण ! तुम छोडनेका उद्योग करो. ऐसी बंधनकारक वस्तुयें छोडनेसे तुम्हें इंद्रियसंयमगुणकी प्राप्ति होगी. बाह्यवस्तुके सहवाससे असंयम उत्पन्न होता है. परंतु ऐसा वस्तु तुम छोड देंगे तब असंयमका त्याग होगा.

पासत्थादीपणयं णिच्चं वज्जेह सव्वधा तुम्हे ॥
हंदि हु मेलणदोसेण होइ पुरिसस्स तम्मयदा ॥ ३३९ ॥

पार्श्वस्थासन्नसंसक्तकुशीलमृगचारिणः ॥
मलिनीक्रियते शश्वत्कज्जलेनेव संगतम् ॥ ३४२ ॥
कषायाकुलचित्तानां पार्श्वस्थानां दुरात्मनाम् ॥
भुजंगानामिव त्याज्यः संगश्छिद्रगवेषिणाम् ॥ ३४३ ॥

विजयोदया—पासत्थादीपणयं **पार्श्वस्थादिपंचकं पार्श्वस्थः, अवसन्नः, संसक्तः, कुशीलो, मृगचरित्रः इति पंच।** तान् दूरतो निराकुरुत । अपरित्यागदोषमाह—**मेलणदोसेण तम्मयदा होइ संसर्गदोषेण पार्श्वस्थादिमयता । तन्मयताप्रतिपत्तिक्रमख्यापनायाता गाथा ॥**

अथ पार्श्वस्थादिसांगत्यत्यागं गाथात्रयेणाह—

मूलारा—पासत्थादीपणयं पार्श्वस्थावसन्नसंसक्तकुशीलमृगचरितानां पंचकं । ते हि प्रच्छन्नमिथ्यादृष्टयः । तथा चोक्तम्—

पासत्थोसन्नकुसीलालससत्तो य होइ सच्छंदो ॥
एए पंच वि समणा जिणवयणपरम्मुहा भणिया ॥

हंदि जानीहि । तन्मयदा पार्श्वस्थादिस्वरूपता । तल्लक्षणानि क्षपकानुशिष्टौ वक्ष्यंते संक्षेपवन्तिस्वमानि—

वृत्तेऽलसोऽवसन्नःपार्श्वस्थो मलिनपरुषशेष्टेऽनिष्टे ।

संसक्तो मृगचरितः स्वकल्पिते प्रकटकुचरितस्तु कुशीलः ॥

अर्थ—पार्श्वस्थ, अवसन्न, संसक्त, कुशील, मृगचारित्र ऐसे पांच चारित्रभ्रष्ट मुनिओंका आप दूरसे ही त्याग करो. यदि उनका संसर्ग करोगे तो उस संसर्गदोषसे आप भी उनके सदृश हो जाओगे. ये पार्श्वस्थादि मुनि अच्छन्न मिथ्यादृष्टि है.

पार्श्वस्थादिसंसर्गं कर्तुं वांछन्नपि—

लज्जं तदो विहिंसं पारंभं णिव्विसंकदं चेव ॥
पियधम्मो वि कमेणारुहंतओ तम्मओ होइ ॥ १४० ॥

लज्जां जुगुप्सनं योगी प्रारम्भं निर्विशंकताम् ॥
आरोहन्प्रियधर्मापि क्रमेणेत्यस्ति तन्मयः ॥ ३४४ ॥

विजयोदया—लज्जं लज्जां उपारोहति । ततः पश्चाद्विहिंसं असंयमजुगुप्सां करोति । कथमहमेवंविधं व्रतभंगं करोमि । दुरंतसंसारपतनहेतुमिति । पश्चाच्चारित्रमोहोदयात्परवशः पारंभं प्रारभते । कृतप्रारंभो यतिरारंभपरिग्रहादिषु निव्विसंकदं चेव निर्विशंकतामुपैति । पियधम्मोवि धर्मप्रियोऽपि । कमेणारुहंतगो क्रमेण प्रतिपद्यमानो लज्जादिकं । तम्मओ होदि पार्श्वस्थादिरूपो भवति ॥

तन्मयतामापत्तिक्रमाख्यानार्थमाह—

मूलारा—लज्जमित्यादि । धर्मप्रियोऽपि लज्जादीन् क्रमेणारोहन्पार्श्वस्थादिरूपो भवति । तथा हि पार्श्वस्थादि-संसर्गं कर्तुं वांछन्नपि लज्जामारोहति ततः पश्चाद्विहिंसं असंयमजुगुप्सां प्रतिपद्यते । कथमहं एवंविधं व्रतभंगं करोमि दुरंत-संसारपतनहेतुमिति । तदनु चारित्रमोहोदयात्परवशस्सन् प्रारभते । ततश्चारंभपरिग्रहादिषु निर्विशंकतामुपैति । ततश्च पार्श्वस्था-दिरूपो भवति ॥

उनके संसर्ग करनेसे तन्मयता कैसी आती है इसका क्रम वर्णन आचार्य दिखाते हैं—

अर्थ—प्रथमतः पार्श्वस्थादिक मुनिओंके साथ संसर्ग रखनेमें लज्जा आ जाती है. अनंतर जुगुप्सा होती है

अर्थात् इस अमूल्य व्रतका नाश करनेमें मैं कैसा उद्युक्त होऊं, यह मेरा व्रतनाशकार्य दुःखदायक संसारमें पतनका कारण होगा. ऐसा विचार मनमें आनेसे उन पार्श्वस्थादिकोंके विषयमें उसको जुगुप्सा उत्पन्न होती है. नंतर चारित्र मोहकर्मका उदय होनेसे वह परवश होकर व्रतभंग करनेके लिये उद्युक्त होता है. व्रतभंग कर वह मुनि आरंभ परिग्रहादिकोंमें निःशंक होता है. यद्यपि वह मुनि पार्श्वस्थादिकके सहवासके पूर्वमें धर्मप्रिय था तो भी क्रमसे लज्जा, जुगुप्सा वगैरह भावोंको प्राप्त होकर पार्श्वस्थादिरूप हो जाता है. यद्यपि वह क्रियासे और वचनसे पार्श्वस्थादिरूप नहीं है तो भी मनसे वैसा हो जाता है.

यद्यपि वाक्कायाभ्यां न प्रयतते तथापि मानसीं पार्श्वस्थादितां प्रतिपद्यत इत्याचष्टे –

संविग्गस्सवि संसग्गीए पीदी तदो य वीसंभो ॥
सदि वीसंभे य रदी होइ रदीए वि तम्मयदा ॥ ३४१ ॥
तेषु संसर्गतः प्रीतिर्विस्रम्भः परमस्ततः ॥
ततो रतिस्ततो व्यक्तं संविग्नोऽप्यस्ति तन्मयः॥ ३४५ ॥

विजयोदया – संविग्गस्स वि संसारभीरोरपि यतेः संसग्गीए पार्श्वस्थ दिसंसर्गेण । पीदी होदि प्रीतिर्भवति । तदो य प्रीतेः सकाशात् । वीसंभो होदि विस्रंभो भवति । सदि वीसंभे य रदी विस्रंभे सति रतिर्भवति । पार्श्वस्थादिषु रदीए वि तम्मयदा रत्या च तन्मयता ॥

यद्यपि तत्संगत्या वाक्कायाभ्यां न तदाचारे प्रयतते तथापि मानसीं पार्श्वस्थादिरूपतां प्रतिपद्यते इत्याचष्टे–

मूलारा संसग्गीए पार्श्वस्थादिसंसर्गेण । वीसंभो विश्वासः । रदी पार्श्वस्थादिषु संसर्गेण चित्तविश्रान्तिः ॥

यही आशय आगे की गाथामें आचार्य कहते हैं –

अर्थ—संसारभययुक्त मुनि भी पार्श्वस्थादिकोंके सहवाससे प्रथम प्रीतियुक्त होता है. प्रीतिके अनंतर उस विषयमें मनमें विश्वास होता है. अनंतर उन्होंमें चित्त विश्रांति लेता है अर्थात् आसक्त होता है और तदनंतर वह संसारभीरु मुनि भी पार्श्वस्थादिमय बनता है.

संसर्गवशादगुणदोषौ भवतोऽचेतनेष्वपीति दृष्टांतेन बोधयति –

जइ भाविज्जइ गंधेण मट्टिया सुरभिणा व इदरेण ॥
किह जोएण ण होज्जो परगुणपरिभाविओ पुरिसो ॥ ३४२ ॥

नानाशुभेन गंधेन मृत्तिका यदि वास्यते ॥
तदा नान्यगुणैरत्र कथ्यतां पुरुषः कथम् ॥ ३३७ ॥

विजयोदया – जदि यदि । भाविज्जइ भाव्यते वास्यते । गंधेण गंधेन मट्टिया मृत्तिका । सुरहिणा व इदरेण सुरभिणा च इतरेण वा । किह जोएण होज्जो कथं संबंधेन न भवेत् । परगुणपरिभाविओ पुरिसो परेषां पार्श्वस्थादीनां गुणैः परिभावितः पुरुषः ॥

संसर्गवशादुपदोषावचेतनेष्वपि स्यातां किं पुनश्चेतनेष्विति दृष्टान्तावष्टंभेनाचष्टे –

मूलारा—भाविज्जदि वास्यते । जोगेण संबंधेन । परगुणपरिभाविदो परेषां शिष्टानां गुणैः शुभाशुभैर्वर्मैः समन्तादासिक्तः ॥

संसर्गसे अचेतनपदार्थमें भी गुण और दोष उत्पन्न हो जाते हैं यही बात दृष्टांतसे स्पष्ट करते हैं—

अर्थ—यदि सुगंध अथवा दुर्गंधके सहवाससे मृत्तिकाभी सुगंध अथवा दुर्गंध बनती है तो पार्श्वस्थादिकोंका संयोग होने पर मुनि उनके गुणोंसे क्यों न तन्मय होगा ? अर्थात् होगा ही अथवा परपदार्थ यदि सुगुण होगा तो उससे संयुक्त होने वाला पदार्थ भी सद्गुणसंपन्न होगा और परपदार्थ यदि दुर्गुण अर्थात् दोषयुक्त होगा तो वह भी दोषोंसे पूर्ण होगा ही.

परगुणग्रहणमाह –

* जो जारिसीय मेत्ती केरइ सो होइ तारिसो चेव ॥
वासिज्जइ च्छुरिया सा रिया वि कणयादिसंगेण ॥ १४३ ॥

---

* मूलाराधना दर्पणमें यह गाथा तथा उसकी टीका नहीं है तथा अमितगति प्रणीत श्लोक भी नहीं है.

विजयोदया – दृष्टांतत्वेनोपन्यस्ता मृत्तिका छुरिका च । तथा चोक्तं सुरभिणा व इतरेण जारिसीति च ॥

परगुणग्रहण यह पदार्थ का स्वभाव है ऐसा वर्णन—

अर्थ—ऊपर मट्टीका उदाहरण दिया है. इस श्लोकमें छुरीका उदाहरण आचार्य देते हैं. जैसे छुरी सुवर्णादिक की जिल्हई देनेसे सुवर्णादि स्वरूपकी दिखती है वैसे मनुष्य भी जिसकी मित्रता करेगा वैसा होगा अर्थात् मनुष्य दुष्टके सहवाससे दुष्ट और सज्जनसंगसे सत्पुरुष होता है.

दुज्जणसंसग्गीए पजहदि णियगं गुणं खु सुजणो वि ॥
सीयलभावं उदयं जह पजहदि अग्गिजोएण ॥ ३४४ ॥

शिष्टोऽपि दुष्टसंगेन विजहाति निजं गुणं ॥
नीरं किं नाग्नियोगेन शीतलत्वं विमुंचति ॥ ३४७ ॥

विजयोदया—दुज्जणसंसग्गीए दुष्टजनसंसर्गेण । पजहदि णियगं गुणं खु सुजणो वि । विजहाति स्वगुणं सुजनोऽपि । सीयलभावं जहा उदकं पजहदि दीव्वे भावं यथा जहात्युदकं । अग्गिजोएण अग्निसंयोगेन । साधुः स्वगुणं जहात्यनलसंबद्धजलमिवेति सहजगुणत्यागे दृष्टांतः ॥

दुर्जनसंगत्यागं गाथाद्वयेनोपदेष्टुकामो दुर्जनसंसर्गात्सुजनस्यापि सहजगुणत्यागं दृष्टांतेन समर्थयते—

मूलारा ॥ ३४५ ॥

अर्थ—सज्जन मनुष्य भी दुर्जनके संगसे अपना उज्ज्वल गुण छोड देता है. अग्नीके सहवाससे ठंडा भी जल अपना ठंडपना छोडकर क्या गरम नहीं होता ? यह सहजगुणके त्यागका दृष्टांत है. अर्थात् अग्निके सहवाससे शीतस्वभाव का जल भी अपना स्वभाव छोडकर गरम होता है. वैसे सज्जन अपने जन्मजात निर्मल गुणोंको छोडकर दुर्जनके सहवाससे दुष्ट बनता है.

अशोभनगुणेन संसर्गात् सज्जन स्वयमप्यशोभनगुणो भवतीति कथयति—

सुजणो वि होइ लहुओ दुज्जणसंमेलणाए दोसेण ॥
माला वि मोल्लगरुया होदि लहू मडयसंसिट्ठा ॥ ३४५ ॥

लाघवं दुष्टसंसर्गे क्लिष्टोऽपि प्रतिपद्यते ॥
किं न रत्नमयी माला स्वल्पार्घा शवसंगता ॥ ३४८ ॥

विजयोदया—सुजणो वि होइ लहुओ सुजनोऽपि भवति लघुः । दुज्जणसंमेलणाए दोसेण दुर्जनगोष्ठीदोषेण । मालावि मोल्लगरुया मालापि सुमनसां मौल्येन लघ्वी । होइ भवति । मडयसंसिट्ठा मृतकस्य संश्लिष्टा ॥

निजगुणसंगात्तद्गुणपरिणतिं प्रणिगदति—

मूलारा—स्पष्टं ॥

बुरे गुणके सहवाससे मनुष्य बुरा अर्थात् दुष्ट होता है इसी अभिप्रायको दृष्टान्तसे स्पष्ट करते हैं—

अर्थ—दुर्जनके दोषोंका संसर्ग होनेसे सज्जन भी नीच होता है. बहुत कीमतकी पुष्पमाला भी मृतक अर्थात् शवके संसर्गसे कौडीके कीमतकी होती है.

अदुष्टोऽपि दुष्ट इति शंक्यते यतिः पार्श्वस्थादिगोष्ठ्या इत्येतद्दृष्टान्तेनाचष्टे—

दुज्जणसंसग्गीए संकिज्जदि संजदो वि दोसेण ॥
पाणागारे दुद्धं पियंतओ बंभणो चेव ॥ ३४९ ॥
संयतोऽपि जनैर्दुष्टो दुष्टानामिह संगतः ॥
क्षीरपा ब्राह्मणः शौण्डः शौण्डानामिव शंक्यते ॥ ३४९ ॥

विजयोदया—दुज्जणसंसग्गीए इति स्पष्टार्था गाथा ॥

पार्श्वस्थादिसंसर्गादुष्टोऽपि यतिर्दुष्ट इव शंक्यते इत्याचष्टे—

मूलारा—पाणागारे उद्यानापानगोष्ठ्यां ? (मद्यपानगोष्ठ्यां इति भवेत्) बंभणो शिवभूतिर्नाम । चेव यथा ।

पार्श्वस्थ वगैरह कुमुनिओंके संसर्गसे अदुष्ट भी यति लोकोंके द्वारा दुष्ट माना जाता है. इसको दृष्टान्तसे आचार्य स्पष्ट करते हैं.

अर्थ—दुर्जनके संसर्गसे दोषरहित भी मुनि लोकोंके द्वारा दोषयुक्त गिना जाता हैं. मदिरागृहमें जाकर कोई ब्राह्मण दूध पीवे तो भी उसने मद्य पिया है वह मद्यपी है ऐसा लोक मानते हैं.

परदोसगहणलिच्छो परिवादरदो जणो खु उस्सूणं ॥
दोसत्थाणं परिहरह तेण जणजंपणोगासं ॥ ३४७ ॥

परदोषपरीवादग्राही लोको यतोऽखिलः ।
अपवादपदं दोषं मुंचध्वं सर्वदा ततः ॥ ३५० ॥

विजयोदया—**परदोसगहणलिच्छो परदोषग्रहणेच्छावान्। परिवादरदो परोक्षे परदोषवचने रतः । जणो जनः । उस्सूणं खु नितरामेव । तेण दोसत्थाणं परिहरह तेन दोषस्थानपरिहारं कुरुत । जणजंपणोगासं जनजल्पनावकाशं ।।**

दोषावतारस्थानपरिहारमाह—

मूलारा०—लिच्छो इच्छावान् । परिवादरदो परोक्षे परदोषवचने रतः । हु यस्मात् उस्सूणं अतीव । जणजंपणोगासं लोकापवादास्पदम् ।

अर्थ—लोक परदोष ग्रहण करनेके लिये उत्सुक रहते हैं. परोक्ष दोष कहनेमें वे आनंदित होते हैं. इस वास्ते हे मुनिगण! जहां आने जानेसे दोषसंसर्ग होगा ऐसे स्थानोंका और चीजोंका आप त्याग करो. क्योंकि ऐसी चीजें रखनेसे लोकमें अपकीर्ति होती है.

दुर्जनगोष्ठी अनर्थमावहत्येहलौकिकमित्येतत्कथयति—

अदिसंजदो वि दुज्जणकएण दोसेण पाउणइ दोसं ॥
जह घूगकए दोसे हंसो य हओ अपावो वि ॥ ३४८ ॥

दुर्जनेन कृते दोषे दोषमाप्नोति सज्जनः ॥
कादंबः कौशिकेनेव दोषिकेणापदूषणः ॥ ३५१ ॥
दुर्जनस्यापराधेन पीड्यंते सज्जना जने ॥
अपराधपराचीनाः पृदाकोरिव दुंदुभाः ॥ ३५२ ॥
असंयतेन चारित्रं संयतस्यापि लुप्यते ॥
संगतेन समुद्रस्य सर्वस्वमिव दस्युना ॥ ३५३ ॥

विजयोदया—अतिसंक्लेशो अपि इत्यनया-अतीव संयतोऽपि दुर्जनकृतेन दोषेण प्राप्नोति। दोसं अनर्थं। यथोलूककृतदोषनिमित्तं अपापोऽपि हंसो हतः॥

दुर्जनगोष्ठ्या ऐहलौकिकानर्थबहुत्वमाह—

मूलारा—अपावो वि अपापोऽपि निर्दोषोऽपि॥

दुर्जनसहवाससे इहपरलोकमें अनर्थ होता है इसका दृष्टान्तपुरःसर स्पष्टीकरण करते हैं—

अर्थ— सदाचारी तपस्वी भी दुर्जनके दोषोंसे अनर्थमें पडते हैं. अर्थात् दोष तो दुर्जन करता है परंतु फल सज्जनको भोगना पडता है. जैसे उल्लूके दोषसे निष्पाप हंसपक्षी मारा गया.

दुर्जनगोष्ठ्या दोषांतरमाचष्टे—

दुज्जणसंसग्गीए विभाविदो सुयणमज्झयारम्मि॥
ण रमदि रमदि य दुज्जणमज्झे वेरग्गमवहाय॥ ३५९॥

दुष्टानां रमते मध्ये दुष्टसंगेन वासितः॥
विदूरीकृतवैराग्यो न शिष्टानां कदाचन॥ ३५४॥

विजयोदया—दुज्जणसंसग्गीए विभाविदो दुर्जनगोष्ठ्या भावितः। सुजणमज्झयारम्मि सुजनमध्ये। ण रमदि न रमते। रमदि य दुज्जणमज्झे रमते दुर्जनमध्ये। वेरग्गमवहाय वैराग्यं परित्यज्य॥

दुर्जनगोष्ठ्या दोषांतरमाह—

मूलारा—वेरग्गमवहाय संयमं त्यक्त्वा॥

दुर्जनसहवाससे और भी दोष होते हैं यह दिखाते हैं—

अर्थ— दुर्जनके संसर्गसे दुष्ट बना हुआ मनुष्य सुजनोंमें रहना अर्थात् उनकी संगति करना पसंत नहीं करता है. परंतु वह पुरुष वैराग्यको छोडकर दुर्जनोंके समूह में बडे आनंदसे रहता है.

सुजनसमाश्रयणे गुणख्यापनायोत्तरसूत्राणि—

जहदि य णियगं दोसं पि दुज्जणो सुयणवइयरगुणेण ॥
जह मेरुमल्लियंतो काओ णियगच्छविं जहदि ॥ ३५० ॥

दुष्टोऽपि मुंचते दोषं स्वकीयं शिष्टसंगतः ॥
किं मेरुमाश्रितः काको न धत्ते कनकच्छविम् ॥ ३५५ ॥

विजयोदया—जहदि य जहाति निजमपि दोषं दुर्जनः सुजनमिश्रगुणेन । यथा मेरुसमाश्रयणे काको जहाति सहजामपि छायामशोभनां तद्वत् । संतोऽपि दोषा नश्यंति सुजनाश्रयेण ततस्ते समाश्रयणीया इति भावः ॥

सुजनसमाश्रयणे गाथासप्तकेन गुणान्व्याचक्षाणः सुजनाः समाश्रयणीया इत्युपदिशति—

मूलारा—परिकरं स्तौत्वं । अल्लियंतो आश्रयन् ॥

सुजनोंका सहवास करनेसे गुणोंकी प्राप्ति होती है इस विषयका वर्णन आचार्य अनेक गाथाओंसे करते हैं.

अर्थ – दुर्जन मनुष्य सज्जनोंका सहवास करके उनके गुणोंसे युक्त होता है. और अपने पूर्व दोषोंको वह छोडता है. इसका उदाहरण यह है कि, मेरु पर्वतका आश्रय करनेवाला कौवा अपनी स्वाभाविक मलिन कांतिका त्यागकर मेरुपर्वतकी सुवर्णकांतिका आश्रय करता है. अभिप्राय यह है कि सुजनसंगसे विद्यमान दोष भी नष्ट होते हैं. इसलिये उनका ही आश्रय करना योग्य है.

सुजनसमाश्रयणे अभ्युदयफलं पूजालाभं कथयति गाथा—

कुसुममगंधमवि जहा देवयसेसत्ति कीरदे सीसे ॥
तह सुयणमज्झवासी वि दुज्जणो पूइओ होइ ॥ ३५१ ॥

पूजां सज्जनसंगेन दुर्जनोऽपि प्रपद्यते ॥
देवशेषा विगंधापि क्रियते किं न मस्तके ॥ ३५६ ॥

विजयोदया—कुसुममित्यादिका । यथा सौगंध्यरहितमपि कुसुमं देवताशेषेति क्रियते शिरसि तथा साधुजन मध्यवासी दुर्जनोऽपि पूजितो भवति ॥

साधुसंगेनासाधुरपि पूजां प्राप्नोति इत्याह—

मूलारा—स्पष्टम् ॥

सुजनके आश्रयसे अभ्युदयफल, पूजालाभ होता है इसका विवेचन—

अर्थ—निर्माल्य भी पुष्प चन्दनकी शेषा है-प्रसाद है ऐसा समझकर लोक उसको अपने मस्तकपर धारण करते हैं. वैसे सज्जनोंमें रहनेवाला दुर्जन भी लोकसे पूजा जाता है.

द्रव्यसंयमे वाक्कायनिमित्तास्रवनिरोधरूपे प्रवृत्तिगुणं कथयति—

संविग्गाणं मज्झे अप्पियधम्मो वि कायरो वि णरो ॥
उज्जमदि करणचरणे भावणभयमाणलज्जाहिं ॥ ३५२ ॥

कातरोऽप्रियधर्माऽपि व्यस्तं संविग्नमध्यगः ॥
भीत्रपाभावनामानैश्चारित्रे यतते यतिः ॥ ३५७ ॥

विजयोदया—संविग्गाणं मज्झे इत्यनया । संसारभीरूणां मध्ये वसन्नपि यद्यपि धर्मप्रियो न भवति । कातरश्चासुखे तथापि उद्युक्ते पापक्रियानिवृत्तौ भावनया, भयेन, मानेन, लज्जया च ॥

संयतानां मध्ये निवसन्नप्रियधर्मोऽपि संयमे यतते इत्युपदिशति—

मूलारा—चरणकरणे पापक्रियानिवृत्तौ, भावण वासना, माण अभिमानः ॥

वचन और शरीरकी प्रवृत्तिसे उत्पन्न होनेवाले आस्रवका निरोध होना यह द्रव्यसंयम है. सज्जनोंके आश्रयसे इस द्रव्यसंयममें प्रवृत्ति होती है यह अभिप्राय आचार्य स्पष्ट करते हैं—

अर्थ—कोई मुनि संसारभीरु यतिओंके साथ रहकर भी धर्मपर प्रेम नहीं करते हैं. और दुःखसे, परीषह और उपसर्गसे भय युक्त होते हैं, तो भी भावना, भय मान और लज्जाके वश होकर पापक्रियाओंका वे त्याग करते हैं. तात्पर्य यह है कि, सज्जनोंका सहवास आवश्य फलप्रद होता है.

संसारभीरोरपि यतेः सुजनसमाश्रयणेन गुणमभिदधाति—

संविग्गोवि य संविग्गदरो संवेगमज्झयारम्मि ॥
होइ जह गंधजुत्ती पयडिसुरभिदव्वसंजोए ॥ ३५३ ॥

संविग्नः परमां कोटिं साधुः संविग्नमध्यगः ॥
गंधयुक्तिरिवायाति सुरभिद्रव्यकल्पिताम् ॥ ३५८ ॥

विजयोदया—संविग्नोऽपि परतन्त्रः । आगमे संवेगप्रसिद्धेर्जः संविग्नः यतिवासी संविग्नतरो भवति । यथा गंधयुक्तिः कृतको गंधः प्रकृतिसुरभिद्रव्यसंसर्गे सुरभितरो भवति ॥

सत्संगाद्गुणोत्कर्षप्राप्तिमाह—

मूला—गंधजुत्ति कृतको गंधः सुरभितरो भवतीति शेषः ॥ पयडिसुरभि स्वभावसुगंधि ॥

उक्तं च—संविग्नः परमां कोटिं साधुः संविग्नमध्यगः ॥
गंधयुक्तिरिवायाति सुरभिद्रव्यकल्पिता ॥

संसारभीरु यतीको भी सुजनके संगसे गुणप्राप्ति होती है यह कथन—

अर्थ—जो मुनि प्रथमसे ही संसारभीरु है वह संसारभीरु मुनिओंके सहवासमें रहनेसे पूर्वसे भी अधिक संसारभीरु होता है. स्वभावतः सुगंधयुक्त ऐसे कस्तुरी, चंदन वगैरह पदार्थोंके सहवाससे कृत्रिम गंध पूर्वसे भी अधिक सुगंधमय बनता है .

बहव इत्येतावता चारित्रक्षुद्रा न भवद्भिः समाश्रयणीयाः । एक इति चा न सगुणः परिहार्य इत्येतदाचष्टे—

पासत्थसदसहस्सादो वि सुसीलो वरं खु एक्को वि ॥
जं संसिदस्स सीलं दंसणणाणचरणाणि वड्ढंति ॥ ३५४ ॥

एकोऽपि संयतो योगी वरं पार्श्वस्थलक्षतः ॥
संगमेन तदीयेन चतुरंगं विवर्धते ॥ ३५९ ॥

विजयोदया—पासत्थसदसहस्सादो वि पार्श्वस्थग्रहणं चारित्रक्षुद्रोपलक्षणार्थं । चारित्रक्षुद्राच्छतसहस्रादपि एकोऽपि सुशीलो वरं । संयममाश्रितस्य शीलं, दर्शनं, ज्ञानं, चारित्रं च वर्द्धते, स भवद्भिराश्रयणीय इति भावार्थः ।

बहव इति चारित्रक्षुद्रा न भवद्भिराश्रयणीयाः एक इति सुशीलो न त्याज्य इत्युपदिशति—

मूलारा—जं संसिदस्स यमाश्रितस्य ॥

हे मुनिवृंद ! चारित्रहीन मुनि बहुत हैं ऐसा समझकर उनका आप आश्रय मत करो और सद्गुणी मुनि एकही है ऐसा समझकर उसको मत छोडो ऐसे अभिप्रायका कथन--

अर्थ—यहां पार्श्वस्थ शब्दसे चारित्रहीन मुनिओंका ग्रहण समझना चाहिये अर्थात् चारित्रहीन मुनि लक्षावधि हो तो भी एक सुशील मुनि उनसे श्रेष्ठ समझना चाहिये. कारण सुशील मुनीश्वरके आश्रयसे शील, दर्शन, ज्ञान और चारित्र बढते हैं. ऐसे ही मुनिका आप आश्रय करो ऐसा गाथार्थ है.

संजदजणावमाणं पि वरं दुज्जणकदादु पूजादो ॥
सीलविणासं दुज्जणसंसग्गी कुणदि ण दु इदरं ॥ ३५९ ॥
वरं संयतताः प्राप्ता निंदा संयमसाधनी ॥
न त्वसंयतताः पूजा शीलसंयमनाशिनी ॥ ३६० ॥

विजयोदया—संयताः परिभवन्ति मामसुचरिते ततः पार्श्वस्थादीनेवाश्रयामि इति न चेतः कार्यमित्याचष्टे—संजदजणावमाणं पि वरं संयतापमानमपि वरं । दुज्जणकदादु पूजादो दुर्जनकृतायाः पूजायाः । कथं ? दुज्जणसंसग्गी सीलविणासं कुणदि दुर्जनसंसर्गः शीलविनाशं करोति । न दु इदरं न तु इतरं संयतजनावमानं तु नैव शीलविनाशं करोति ॥

संयता मां मंदाचरणं अवमानयंति ततः पार्श्वस्थादीनेवाश्रयामीति न चेतः कार्यमित्याचष्टे --

मूलारा—स्पष्टम् ॥

चारित्रहीन मेरेको संयमी जन अपमानित करते हैं इस लिये पार्श्वस्थादि मुनिओंका आश्रय मै करूंगा ऐसी बुद्धि हे मुनिगण ! आपको करना योग्य नहीं है. ऐसा अभिप्राय ग्रंथकार आगेकी गाथामें कहते हैं.

अर्थ—संयमी तपस्विओंने किया हुआ अपमान भी दुर्जनके द्वारा की गई पूजासे बढकर अच्छा है ऐसा समझना चाहिये. क्योंकि दुर्जनोंका सहवास शीलका नाश करता है परंतु संयमी मुनिओंका सहवास शीलका नाश नहीं करता है. अतः सज्जनसहवासही श्रेयस्कर है.

प्रस्तुतोपसंहारगाथा—

आसयवसेण एवं पुरिसा दोसं गुणं व पावंति ॥
तह्मा पसत्थगुणमेव आसयं अल्लिएज्जाह ॥ ३५६ ॥
गुणदोषौ प्रजायेते संसर्गवशतो यतः ॥
संसर्गः पावनः कार्यो विमुच्यापावनं ततः ॥ ३६१ ॥

विजयोदया—आसयवसेण आश्रयवशेन । एवमुक्तेन क्रमेण । पुरिसा दोसं गुणं व पावंति । पुरुषा दोषं गुणं वा प्राप्नुवन्ति । तम्हा पसत्थगुणमेव आसयं अल्लिएज्जाह । तस्मात् प्रशस्तगुणमेव आश्रयं आश्रयेत् ॥

प्रकृतमुपसंहरति—

मूलारा—आसयवसेण—आश्रयवशेन । अल्लिएज्जाह आश्रयत यूयम् ॥

प्रस्तुत प्रकरणका उपसंहार—

अर्थ—मनुष्यको आश्रयके वश दोष और गुणोंकी प्राप्ति होती है. इस लिये हे मुने! तुम उत्तम गुणपरिपूर्ण [illegible] अर्थात् गुणयुक्त मुनिओंकी संगति करो.

पत्थं हिदयाणिट्ठं पि भण्णमाणस्स सगणवासिस्स ॥
कडुगं व ओसहं तं महुरविवायं हवइ तस्स ॥ ३५७ ॥
वाच्यो गणस्थितः पथ्यमनभीष्टमपि स्फुटम् ॥
तत्तस्य कटुकं पाके भैषज्यमिव सौख्यदम् ॥ ३६२ ॥

विजयोदया—पत्थं हिदयाणिट्ठं पि भण्णमाणस्स सगणवासिस्स पथ्यं हितं हृदयस्य अनिष्टमपि वदत आत्मीयगणे वसतः । कडुगं व ओसहं ते महुरविवायं हवइ तस्स कटूपधमिवापि तन्मधुरविपाकं भवति । तस्य परस्य अनिष्टेन कथितेन किमत्रात्मे प्रयोजनं । किन्न वेत्ति स्वयमपि इति नोपेक्षितव्यं । परोपकारः कार्य एवेति कथयति । तथाहि—तीर्थकृतः विनेयजनसंबोधनार्थं एव तीर्थविहारं कुर्वन्ति । महत्ता नामैवं यत्-परोपकारबद्धपरिकरता ॥ तथा चोक्तं—

५६१

क्षुद्राः संति सहस्रशः स्वभरणव्यापारमात्रोद्यताः ।
स्वार्थो यस्य परार्थ एव स पुमानेकः सतामग्रणीः ॥
दुष्पूरोदरपूरणाय विपिबति स्रोतःपतिं वाडवो ।
जीमूतस्तु निदाघसंभृतजगत्संतापविच्छित्तये ॥

स्वयूथ्यस्यानिष्टमपि पथ्यं कल्यमित्यनुशास्ति—

मूलारा—परुषमित्यादि—परविप्रियेणोक्तेन किमस्माकमिति स्वाश्रमवासी नोपेक्ष्यः यतः—

क्षुद्राः सन्ति सहस्रशः स्वभरणव्यापारमात्रोद्यताः ॥
स्वार्थो यस्य परार्थ एव स पुमानेकः सतामग्रणीः ॥
दुष्पूरोदरपूरणाय पिबति स्रोतःपतिं वाडवो ॥
जीमूतस्तु निदाघसंभृतजगत्संतापविच्छित्तये ॥

अर्थ—हे मुनिगण ! तुम अपने गणमें रहने वाले मुनिके साथ हितकर वचन बोलो. यद्यपि वह हृदयको अप्रिय हो तो भी हरकत नहीं है. जैसे कटुक भी औषध परिणाममें मधुर, कल्याणकारक होता है वैसे तुम्हारा भाषण उस मुनिका कल्याण करेगा. दुसरेको अनिष्ट बोलनेसे हमारा क्या प्रयोजन सिद्ध होगा ? क्या दुसरा मनुष्य अपना हित स्वयं नहीं जानता है ? ऐसा विचार करके दुसरों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिये. परोपकार करनेका कार्य करना ही चाहिये. देखो तीर्थंकर परमदेव भव्य जनोंको उपदेश देनेके लिये तो तीर्थविहार धर्मविहार करते हैं. परोपकारके कार्यमें कमर कसना यही बडप्पन है. किसी कविने ऐसा कहा है—

मूलारा—वच्छव्वा वास्तव्या तत्रत्या यतयः । पडिलेहाहिं तु दृष्ट्वा । अण्णमण्णाहिं अन्योन्यं । अण्णोण्ण चरणकरणं अन्योन्यस्य चरणकरणं चरणं गुप्तिसमितयाः । करणं चावश्यकानि ॥ जाणणहेदुं ज्ञातुं, सूरीणामुपदेशभेदा स्तामाचारोऽनेकप्रकारो दुरवगम इति तं ज्ञातुं । सहावस्थानयोग्यो न वायमिति वा ज्ञातुं । अन्ये तु प्रतिलेखनैरन्योन्य

करणादिज्ञानार्थं परीक्षंते इति प्रतिपत्तिः ॥ तथा च तत्पाठः—आगंतुकवास्तव्याः प्रतिलेखाभिः परस्परं यतयः ॥

अन्योऽन्यचरणकरणज्ञाननिमित्तं परीक्षंते ॥

अपि च—वास्तव्यागंतुकाः सम्यग्विविधैः प्रतिलेखनैः ॥

क्रियाचरित्रबोधाय परीक्षंते परस्परम् ॥

अर्थ—आया हुआ मुनि और गणके वास्तव्य अर्थात् दोनो मुनि अन्योन्यके आचरणका प्रकार परीक्षा पूर्वक देखते हैं. आये हुए मुनिकी समिति और गुप्तियां निर्दोष हैं या सदोष हैं इसका परीक्षण वास्तव्य मुनि करते हैं. आगंतुक मुनि भी उनके समिति गुप्तिओंकी परीक्षा करता है. सामायिकादिक छह आवश्यकोंकी भी वे मुनि अन्योन्य परीक्षा करते हैं. अथवा आचार्योंके उपदेशभेदसे आचार अनेक प्रकारका है. उसका परिज्ञान करनेके लिये वे अन्योन्यकी परीक्षा करते हैं. अथवा आगतमुनि अपने साथ रहनेकी योग्यता रखता है या नहीं यह जाननेके लिये वे मुनि परीक्षा करते हैं.

क्व परीक्ष्यंते इत्याह—

आवासयठाणादिसु पडिलेहणवयणगहणणिक्खेवे ॥

सज्झाए य विहारे भिक्खग्गहणे परिक्खंति ॥ ४१२ ॥

आवश्यके अहे क्षेपे स्वाध्याये प्रतिलेखने ॥

परीक्ष्यन्ते वचोमार्गे विहाराहारयोरपि ॥ ४२३ ॥

विजयोदया—आवासगठाणादिसु आवश्यकेषु संवरनिर्जरार्थिभिः कर्तव्यानि सामायिकादीनि आवश्यकान्युच्यंते तेषां स्थाने स्थितिः आवश्यकपरिणतिकालः । ठाणंहि अहाजादे बारसावत्तमेव च । चदुस्सिरं तिसुद्धमित्यादिका क्रिया आदिशब्देन गृहीता । तेषु आवश्यकस्थानादिषु । पडिलेहणवयणगहणणिक्खेवे । प्रतिलेखने चक्षुषा उपकरणे वा, वचने, उपकरणानां ग्रहणे, निक्षेपे, च सज्झाए स्वाध्याये, विहारे जंघाधिष्ठाने, भिक्खग्गहणे भिक्षाग्रहणे च परिक्खंति परीक्षंते । किमयं सामायिकादीन् आवश्यकानि करोति ? कथमपि वा यथाकाले करोति न वा ? किं वा द्रव्यसामायिकादौ प्रवर्तते उत भावसामायिकादौ ? द्रव्यसामायिकादिकं भवति सामायिकादिकं पठतः, कायेन चोक्तां क्रियां कुर्वतः । सावद्ययोगप्रत्याख्याने, तीर्थकृद्गुणानुस्मरणे, आचार्योपाध्यायादीनां वा गुणानुस्मृतौ, ज्ञातिचारनिंदागर्हयोः,

प्रत्याख्येयप्रत्याख्याने, शरीरममत्वनिरासे वा, परिणतिर्भावसामायिकादिकं । तत्र प्रवृत्तो न वेति परीक्षा । चक्षुषा पूर्वमिदं प्रतिलेखनं योग्यं न वेति किं पश्यति न वा । उपकरणेन मृदुना लघुना प्रमार्जनं किं करोति न करोति वा । अथवा त्वरितं प्रमार्जयति, अवपीडयति, दूरावस्थान्यायर्यति, प्रमार्जनेन विरोधिनो जीवान्निरस्यति । आहारामिमुखान्, आहारग्राहिणो गृहीतांडककान्, स्वनिवासदेशस्थान्, अकस्मादुपगतान्प्रमार्जयति न वेति परीक्षा । वचने परीक्षा—पूर्वं वचः, परनिंदात्मप्रशंसासूत्रं, आरंभपरिग्रहयोः प्रवर्तकं, मिथ्यात्वसंपादकं, मिथ्याज्ञानकारि, व्यर्थकं, गृहस्थानां वचो वा वदति न वेति । यतो यदादेयं यद्वा यत्र निक्षिपति तदुभयप्रमार्जनपूर्वकं किं गृह्णाति निक्षिपति वा नेति परीक्षा । कालविशुद्धिं कृत्वा पठति किं वा न, अथवा इमं ग्रंथं पठति, कथं वाक्यार्थं व्याचष्टे । स्वनिवासदेशादूरे हस्तमात्रादिपरिमाणे स्थंडिले, निर्जंतुके निश्छिद्रे, सम्यगविरोधे प्रमार्जनेनावलोकने किं मूत्रशरीरमलं त्यजति उतातो विपरीते इति विहारे परीक्षा । भिक्षाग्रहणे परीक्षा नाम ग्रामयोः पां कांक्षिष्यिक्षां गृह्णाति लब्धामुत नवकोटिपरिशुद्धामिति ॥

क क परीक्ष्यंते इत्याह—

मूलारा — आवासयठाणादिसु आवश्यकेषु सामायिकादिषु, स्थानं स्थितिरावश्यकपरिणतिकाल इत्यर्थः । आदिशब्देन दुओणदं जहाजादं बारसावत्तमेव य । चदुसिरं तिसुद्धमित्यादिकाः क्रिया गृहीताः । पडिलेहणा चक्षुःपिच्छादिना प्राणिनिरूपणप्रमार्जनं । विहारे गमने ॥

अर्थ—संवर और निर्जराकी इच्छा रखनेवाले मुनिओंके द्वारा किये जानेवाले सामायिकादि कर्तव्योंको आवश्यक कहते हैं. अर्थात् सामायिकादि छह आवश्यकोंका पालन आगत मुनि योग्य समयपर करता है या नहीं इसकी परीक्षा वास्तव्य मुनि करते हैं. दो नमस्कार, बारा आवर्त, प्रत्येक दिशाके तरफ एकेक नमस्कार ऐसे चार नमस्कार, मन, वचन और कायकी शुद्धिसे करना इत्यादिक क्रियाओंका पालन यह मुनि करता है वा नहीं इसका सूक्ष्म अवलोकन वे करते हैं. नेत्रोंसे उपकरणोंका शोधन करना, शोध करके उपकरण उठाना, रखना, बोलना, स्वाध्याय करना, विहार करना, आहार ग्रहण करना इत्यादि कार्योंमें आगत मुनीकी परिक्षा ली जाती है. यह मुनि सामायिकादि कर्तव्य करता है क्या? योग्य कालमें करता है या नहीं ? केवल द्रव्यसामायिकादिकोंमें यह प्रवृत्त होता है या भावसामायिकादिकोंमें इसकी प्रवृत्ति है ? वचनसे सामायिकादिकका पाठ बोलना और शरीरके सामायिकादिकोंकी क्रिया करना यह द्रव्यसामायिक समझना चाहिये. अशुभ योगका त्याग करना, तीर्थंकरोंके गुणोंका स्मरण करना, आचार्य, उपाध्याय वगैरह पूज्य मुनिओंके गुणोंका स्मरण करना, अपने व्रतमें लगे हुए अतिचारोंकी निंदा व गर्हा करना, त्याज्य पदार्थोंका त्याग करना, शरीरके उपरका स्नेह छोडना इत्यादिकोंमें जो तत्परता

देखी जाती है वह सामायिकादिक आवश्यक है. इन भावसामायिकादिकोंमें इसकी परिणति है या नहीं यह वास्तव्य मुनि देखते हैं. यह स्थान प्रथम नेत्रसे देखकर स्वच्छ करता है या नहीं इसकी परीक्षा करते हैं. मृदु पिच्छिकासे जमीन, कमंडलु, शास्त्र वगैरे उपकरण स्वच्छ करता है या नहीं. धीरे धीरे संमार्जन करता है या त्वरित, जीवोंको उपकरणसें हटाता हुआ उनको पीडा करता है क्या ? उनको फेक देता है क्या ? अथवा विरोधी प्राणिओंको परस्पर मिश्रण करता है क्या ? जो आहारके लिये जा रहे हैं, जिन्होंने आहार ग्रहण किया हैं, जिन्होने अण्डे ग्रहण किये हैं, जो अपने निवास प्रदेशमें ठहरे हुए हैं, जो मूर्च्छित होकर पडे हैं ऐसे प्राणिओंको यह मुनि धीरेसे हटाता है या नहीं उसकी वास्तव्य मुनि परीक्षा करते हैं. आगत मुनि के वचन की भी परीक्षा करते हैं अर्थात् आगतमुनि कठोर वचन, परनिंदा स्वप्रशंसा करता है क्या ? आरंभपरिग्रहोंमें प्रवृत्त करनेवाला, मिथ्यात्वको उत्पन्न करनेवाला मिथ्याज्ञानको उत्पन्न करनेवाला, असत्य, और गृहस्थोंका वचन बोलता है या नहीं इसकी परीक्षा करते हैं. जो वस्तु जिस स्थानसे लेना है और जो वस्तु जिस स्थान पर रखना है उन वस्तुओंका प्रमार्जन करके ग्रहण निक्षेपण करता है या अन्यथा उसमें प्रवृत्ति करता है इसका वे मुनि परीक्षण करते हैं. कालादिशुद्धि का विचार कर स्वाध्याय करता है वा नहीं ? अथवा इस ग्रंथका यह मुनि पठन कर किस रीतीसे अर्थ कहता है. इसकी भी परीक्षा करते हैं. विहारपरीक्षाका स्वरूप इस प्रकार है- अपने निवासस्थानसे दूर हात वगैरे प्रमाणसे युक्त, प्राणिरहित, छिद्ररहित, समतलयुक्त विरोधरहित, मार्गसे चलनेवाले लोक जिसको नहीं देख सके ऐसे स्थानमें यह मुनि शरीरमलका त्याग करता है ? अथवा विपरीत स्थानमें शरीरमलका विसर्जन करता है इसकी परीक्षा करते हैं. यह विहारपरीक्षा कही जाती है. भिक्षाग्रहणपरीक्षा—जो कुछ आहार मिलेगा वह ग्रहण करता है अथवा नवकोटि विशुद्ध आहार ग्रहण करता है इसका भी वास्तव्य मुनि विचार करते हैं.

आगंतुको यतिर्गुरुमुपाधित्य सविनयं संघाटकदानेन भगवन्ननुग्राह्योऽस्मीति विज्ञापनां करोति । ततो गणधरेणापि समाचारको दातव्यः संघाटक इति निगदति—

आएसस्स तिरत्तं णियमा संघाडओ दु दादव्वो ॥
सेज्जा संथारो वि य जइ वि असंभोइओ होइ ॥ ४१३ ॥

देयः संघाटकोऽवश्यमागताय दिनत्रयम् ॥
असंस्तुतस्य यत्नेन शय्यासंस्तरकावपि ॥ ४२४ ॥

विजयोदया--आएसस्स तिरत्तं आघुर्णकस्य त्रिरात्रं । णियमा संघाडओ दु दादव्वो निश्चयेन संघाटको दातव्य एव । सेज्जा संथारो वि य वसतिः संस्तरश्च दातव्यः । जदि वि असंभोइओ होइ । यद्यप्यपरीक्षितत्वात्सहानाच्च रणीयो भवति । तथापि संघाटको दातव्यो भवति । युक्ताचारश्चेत्संगृह्यते ॥

आगंतुकेन च प्रश्रयमुपाश्रित्य भगवन्संघाटकदानेनानुग्राह्योऽयमिति विज्ञापितो गुरुस्तस्मै सामाचारज्ञं संघाटकं दद्यात् इति ज्ञापयति—

मूलारा—दु दादव्वो दातव्य एव तुरेवार्थोऽत्र भिन्नक्रमः । असंभोइओ असंभोगिकः सामाचारिक इत्यर्थः युक्ताचारश्चेत्संग्राह्य इति भावः ॥

आगंतुक यति गुरूका आश्रयकर हे भगवन् ! सहाय देकर आप मेरे ऊपर अनुग्रह करो ऐसी विज्ञप्ति करता है तब आचारक्रमके ज्ञाता उसको संघाटक अर्थात् सहायमदन करते हैं यही भाव आगेके गाथामें आचार्य कहते हैं—

अर्थ--अतिथिरूप मुनिको नियमसे तीन दिन तक सहायप्रदान करना चाहिये. उसको वसतिका और संस्तर अर्थात् चटाई देना चाहिये. यद्यपि परीक्षा होनेतक उसके साथ आचारण करना योग्य नहीं है तथापि उसको सहाय देना चाहिए. और यदि उसका आचारण योग्य दीख पडा तो गणमें उसका संग्रह करना चाहिए.

दिनत्रयोत्तरकालं किं कार्यं गुरुणेत्याशंकायां वदति—

तेण परं अवियाणिय ण होदि संघाडओ दु दादव्वो ॥
सेज्जा संथारो वि य गणिणा अविजुत्तजोगिस्स ॥ ४१४ ॥

संघाटको न दातव्यो नियमेन ततःपरम् ॥
यतेर्युक्तचरित्रस्य शय्यासंस्तरकावपि ॥ ४२५ ॥

विजयोदया—तेण गणिणा तेन गणिना। परं दिनत्रयात्। अविचार्य स्वदत्तसंघाटं यतिवचनश्रवणोत्तरकाले। तु शब्द एवकारार्थे प्रवर्तते स च दादव्यो इत्येतस्मात्परतो द्रष्टव्यः। न दातव्य एव संघाटकः। सेज्जा संथारो वा वसतिः संस्तरो वा न दातव्यः। अविजुत्तजोगिस्स युक्ताचारस्यापि न दातव्यः संघाटकादिः परीक्षामंतरेण किं पुनरितरस्येत्यपिशब्दः।

त्र्यहादूर्ध्वं किं कार्यमित्याह—

मूलारा—तेण गंतव्येन गणिना। परं दिनत्रयादूर्ध्वं। अविचारिय अविचार्य। संघाटकयतिना सार्द्धं अवर्तयित्वा (!) अविजुत्तजोगस्स युक्ताचारस्यापि आगंतुकस्य संघाटकादिकं युक्तयोगस्यापि परीक्षां विना न दातव्यमेव किं पुनरितरस्येत्यतिशयः। यदि परीक्षां क्षमते तदा संघाटकादिकं दातव्यमिति तात्पर्यः ॥

तीन दिनके अनन्तर गुरुके द्वारा कौनसा कार्य किया जाता है इसका विवेचन करते हैं—

अर्थ—तीन दिनके अनंतर मुनिका वचन सुनकर अर्थात् यह आगंतुक मुनि अपने गणमें आश्रय देने योग्य नहीं है ऐसा वचन सुनकर आचार्य उस आगंतुक मुनिको सहायप्रदान नहीं करते हैं, तथा वसतिका और संस्तर भी उसको नहीं देते हैं, आगंतुक मुनिका आचरण योग्य है परंतु तीन दिनमें उसकी परीक्षा नहीं हुई तो उसको भी आचार्य सहाय, वसतिका और संस्तर नहीं देते हैं.

अविचार्य तेन सहायस्थाने को दोषो येनैकं यत्नः क्रियते इत्यारेकायां दोषमाचष्टे—

उग्गमउप्पादणएसणासु सोधीं ण विज्जदे तस्स ॥
अणगारमणालोइय दोसं संभुज्जमाणस्स ॥ ४१५ ॥
गृह्णानस्य यतेः सूरेरनिराकृतवूषणम् ॥
उद्गमोत्पादनाहारदोषशुद्धिर्न जायते ॥ ४२६ ॥

विजयोदया—उग्गमउप्पादणएसणासु उद्गमोत्पादनैषणादोषपरिहारो न विद्यते तस्य गणिनः। अणगारं यतिं।

अणालोइय दोसं अनालोचितदोषं । संभुञ्जमाणस्स संगृह्णतः । उद्गमादिदोषोपहतमाहारं वसतिं, उपकरणं वा सेवते यः यतिः तेन सह संवासात् संवासानुमतिं कुर्वता नानुमतिस्त्यक्ता भवति इति ॥

अविचार्य तेन सहावस्थाने को दोषो येनैवं यत्नः क्रियते इत्यत्रैकार्थां दोषमाचष्टे—

मूलारा—सोधी परिहरः । उद्गमादिदोषाणां त्याग इत्यर्थः । तस्स गणिनः । अणगारं यतिं । संभुञ्जमाणस्स संगृह्णतः । उद्गमादिदोषोपहतमाहारं वसतिमुपकरणं वा यः सेवते तेन सह संवासात् । संवासानुमतिं कुर्वता नानुमतिस्त्यक्ता भवतीति मन्यते ॥

समाध्यर्थं प्रश्रयेण गुरुमुपाश्रित्यागमनकारणं निवेदयति—

विणयेणुवक्कमित्ता उवसंपज्जदि दिवा व रादो वा ॥
दीवेदि कारणं पि य विणयेण उवट्ठिए संते ॥

मूलारा—विणएण प्रणामादिना । उवक्कमित्ता परगणमिति शेषः । उवसंपज्जदि उपाश्रयति । निर्यापकाचार्यमिति शेषः । रादो रात्रौ । दीवेदि प्रकाशयति कारणं स्वागमनस्येति शेषः । अयमत्रार्थः—उक्तमार्थसाधनोद्यतः परगणं गत्वा निर्यापकाचार्यमुपाश्रयति । ततश्च दिने रात्रौ वा अवसरं प्राप्य तमुपाश्रितो विनयेनागमकारणं ब्रूते । एतां टीकाकारो नेच्छति

अर्थ—जो मुनि दोषोंकी आलोचना नहीं करता है, जो उद्गम, उत्पादना एषणा दोषोंसे युक्त आहारका, वसतिकाका, उपकरणका और संस्तरका सेवन करता है ऐसे मुनिके साथ जो आचार्य रहता है अथवा उसके साथ रहनेके लिये अन्य मुनिओंको अनुमति देता है, वह भी आगंतुक मुनिके समान दोषी समझना चाहिये. जो आगंतुक मुनि उद्गमादि दोषोंसे अशुद्ध हुआ है वह आलोचना भी नहीं करता है, अत एव उसको संघसे अलग करनाही योग्य है, उसके दोषोंको विचार न कर उसके साथ रहनेसे स्वयं भी आचार्य और संघ अशुद्ध होगा.

उव्वादो तं दिवसं विस्सामित्ता गणिमुवट्ठादि ॥
उद्धरिदुमणोसल्लं विदिए तदिए व दिवसम्मि ॥ ४१६ ॥

स प्रणम्य गणनायकं त्रिधा भाषते निशि दिवाथ संश्रितः ॥
आगमस्य विनयेन कारणं सिद्धये न विनयं विना क्रिया ॥ ४२७ ॥
विश्रम्यासौ शल्यमुद्धर्तुकामः श्रांतः स्थित्वा वासरं तं द्वितीये ॥
तत्राचार्यं ढौकते वा तृतीये न प्रारब्धं साधवो विस्मरन्ति ॥ ४२८ ॥

इति मार्गणासूत्रम् ।

विजयोदया—उव्वादो श्रांतः स्थित्वा । तं दिवसं आगतदिनं । विस्सामित्ता विश्राम्य । गणिमुवट्ठादि आचार्यं ढौकते । उद्धरिदुमणोसल्लं उद्धर्तुं मनःशल्यं अतिचारं। विदिए तदिए च दिवसम्मि द्वितीये तृतीये वा दिने मार्गणापुरस्सरा क्रिया सर्वा मार्गणेस्युपन्यस्ता ॥

ततो द्वितीयेऽन्हि तृतीये वा [illegible]---

मूलारा—उव्वादो श्रांतः । तं दिवसं आगमनदिनं । उवट्ठादि ढौकते । उद्धरिदुमणो हृदयान्निष्कासयितुकामः सल्लं रत्नत्रयातिचारं । अत्र मार्गणानुषंगिण्यपि क्रिया मार्गणैवेति उपन्यस्ता । मार्गणा सूत्रतः । १६ । अंकतः १७ ॥

अर्थ—मार्गश्रमसे खिन्न हुआ वह आगंतुक मुनि पहले दिन श्रमपरिहारार्थ विश्रान्ति लेता है. तदनंतर दूसरे दिन अथवा तीसरे दिनमें मनमें शल्यके समान चुभनेवाले अतिचारोंका उद्धार करनेके लिये आचार्यके चरण समीप वह प्राप्त होता है. मार्गणापुरःसर जो जो क्रिया की जाती है वे सब मार्गणा ही कही जाती है.

कीदृग्गुणः सूरिरनेनोपाश्रित इत्याचष्टे—

आयारवं च आधारवं च ववहारवं पकुव्वीय ॥
आयावायविदंसी तहेव उप्पीलगो चेव ॥ ४१७ ॥
आचारी सूरिराधारी व्यवहारी प्रकारकः ॥
आयापायदृगुत्पीडी सुखकार्यपरिस्रवः ॥ ४२९ ॥

विजयोदया—आयारवं च आचारवान् । आधारवं च आधारवान् । ववहारवं च व्यवहारवान् । पकुव्वीय कर्ता । तहेव आयापायविदंसी आयापायदर्शनोद्यतः । उप्पीलगो चेव । अवपीडकः ॥

अथैवं सभाष्यर्थं कृतपरिकर्मणा तेन मुमुक्षुणा कीदृग्गुणः सूरिरुपाश्रित इति पृष्टः सन् गाथानवत्या निर्यापकाचार्यगुणग्रामं प्रपंचयिष्यन्नादौ तद्गुणानष्टावुद्देष्टुं गाथाद्वयमाह—

मूलारा—आयारवं आचारवान् । पकुव्वो प्रकर्ता । आयापायदिसी आयापाययो रत्नत्रयस्य लाभच्छेदयोर्दर्शनोद्यतः उप्पीलगो अवपीडकः ॥

जिस आचार्यका आगंतुक मुनि आश्रय करता है उसमें कोनसे गुण रहते हैं इसका विवेचन—

अर्थ—आचार्य आचारवान्, आधारवान्, व्यवहारवान्, कर्ता, आयापायदर्शनोद्यत, और उत्पीलक होता है.

अपरिस्साई णिव्वावओ य णिज्जावओ पहिदकित्ती ॥
णिज्जवणगुणोवेदो एरिसओ होदि आयरिओ ॥ ४१८ ॥
एभिर्निर्यापकः सूरिर्गुणैरष्टाभिरन्वितः ॥
दातुमाराधनामीशः पृथुकीर्तिरुपेयुषे ॥ ४३० ॥

विजयोदया—अपरिस्साई अपरिस्रावी । णिव्वावओ निर्यापकः । पहिदकित्ती प्रथितकीर्तिः । णिज्जवण गुणोवेदो निर्यापनगुणसमन्वितः । एरिसओ होदि आयरिओ ईदृग्भवत्याचार्यः ॥

मूलारा—णिज्जावगो-निर्यापकः । उक्तं च—

आचारी सूरिराधारी व्यवहारी प्रकारकः ॥
आयापायदिगुत्पीडी सुखकार्यपरिस्रवः ॥
एभिर्निर्यापकः सूरिर्गुणैरष्टभिरन्वितः ॥
दातुमाराधनामीशः पृथुकीर्तिरुपेयुषे ॥

अर्थ—आचार्य अपरिस्रावी, निर्वापक, प्रसिद्ध कीर्तिमान और निर्यापकके गुणोंसे पूर्ण होते हैं. इतने गुण आचार्यमें होते हैं.

आयारं पंचविहं चरदि चरावेदि जो णिरदिचारं ॥
उवदिसदि य आयारं एसो आयारवं णाम ॥ ४१९ ॥
आचारी स मतः सूरिरतिचारविराकृतं ॥
चर्यते चार्यते येन पंचाचारोऽनुमन्यते ॥ ४३१ ॥

विजयोदया—आयारं पंचविहं पंचप्रकारं आचारं । चरदि विनातिचारं चरति । परं वा निरतिचारे पंचविधे आचारे प्रवर्तयति । उवदिसदि य आयारं उपदिशति च आचारं । एसो आयारवं णाम एष आचारवान्नाम । एतदुक्तं भवति—आचारांगं स्वयं वेत्ति ग्रंथतोऽर्थतश्च, स्वयं पंचविधे आचारे प्रवर्तते प्रवर्तयति च । पंचाचारवान् इति । पंचविधे स्वाध्याये वृत्तिर्ज्ञानाचारः । जीवादितत्त्वश्रद्धानपरिणतिः दर्शनाचारः । हिंसादिनिवृत्तिपरिणतिश्चारित्राचारः । चतुर्विधाहारत्यजनं, ऊनभोजनं, वृत्तेः परिसंख्यानं, रसानां त्यागः, कायसंतापनं विविक्तावासश्च इत्येवमादिकस्तपःसंज्ञित आचारः । स्वशक्त्यनिगूहनं तपसि वीर्याचारः । एते पंचविधा आचाराः ॥

मूलारा—पंचविहं पंचविधं स्वाध्याये वृत्तिर्ज्ञानाचारः । जीवादितत्त्वश्रद्धानपरिणतिर्दर्शनाचारः । हिंसादिनिवृत्तिपरिणतिश्चारित्राचारः । अनशनादितपश्चरणपरिणतिस्तप आचारः, तपसि स्वशक्त्यनिगूहनं वीर्याचारः । वीर्याद्याचारस्य को भेद इति चेदुच्यते—सद्दर्शनादीनां निर्मलीकरणे यत्नो विनयः । निर्मलीकृतेषु तेषु यथावीर्यं यत्न आचारः । इत्यनयोर्भेदः । श्लोकः—

सद्दृग्वीवृत्ततपसां मुमुक्षोर्निर्मलीकृतौ ॥
यत्नो विनय आचारो वीर्याच्छुद्धेषु तेषु तु ॥

उवदिसदि । उपदिशति च । एते तैर्लक्षयति [?] ग्रंथतोऽर्थतश्चाचारांगं वेत्ति पंचाचारोपदेशान्यथायोगात् ॥

अर्थ—जो मुनि पांच प्रकारके आचार अतिचार रहित स्वयं पालता है. और इन पांच आचारोंमें दुसरों. को भी प्रवृत्त करता है. जो आचारका शिष्योंको उपदेश करता है वह आचारवत्त्व गुणका धारक समझना चाहिये. अभिप्राय यह है कि जो मुनि ग्रंथ और अर्थ से आचारांगको जानता है, स्वयं पांच प्रकारके आचारोंमें प्रवृत्त होकर अन्योंकी भी प्रवृत्त करता है वह पंचाचारवान् कहा जाता है. पांच प्रकारके स्वाध्यायोंमें प्रवृत्ति करना यह ज्ञानाचार है. जीवादितत्त्वोंपर श्रद्धा न रखना दर्शनाचार है. हिंसादि पांच पापोंसे निवृत्ति रूप परिणाम रहना चा-

रित्राचार है. चार प्रकारके आहारोंका त्याग करना, अल्प भोजन करना, दत्ति, पात्र, ग्रासादि इत्यादिका परिमाण करना, रसोंका त्याग करना, शरीरको आतापनादि योग और आसनादिकसे क्लेशयुक्त करना. एकांत स्थानमें रहना इन सब प्रवृत्तिओंको तप आचार कहते हैं. तपश्चरणमें अपनी शक्ति नहीं छिपाना यह वीर्याचार है. ऐसे आचारोंके पांच भेद हैं.

प्रकारांतरेण आचारवत्त्वं कथयति—

दशविहठिदिकप्पे वा हवेज्ज जो सुट्ठिदो सया यरिओ ॥
आयारवं खु एसो पवयणमादासु आउत्तो ॥ ४२० ॥
दशधा स्थितिकल्पे वा सुस्थितो गतदूषणे ॥
आचारी कथ्यते युक्तः सूरिरागममातृभिः ॥ ३३२ ॥

विजयोदया—दशविहठिदिकप्पे वा दशविधे स्थितिकल्पे वा। हवेज्ज जो सुट्ठिदो सया भवेद्यः सुस्थितः सदा। आयरिओ आचार्यः। आयारवं खु आचारवान्। एसो एषः। पवयणमादासु आउत्तो प्रवचनमातृकासु समितिषु गुप्तिषु च आयुक्तः ॥

आचारवत्त्वमेव भंग्यंतरेणोपदिशति—

मूलारा—ठिदिकप्पे आचरणविशेषे। पवयणमादासु प्रवचनमातृषु समितिगुप्तिषु। आउत्तो कृतोद्योगः ॥

अन्य प्रकारसे आचारवत्व गुणका निरूपण करते हैं—

अर्थ—जो दशप्रकारके स्थितिकल्पोंमें स्थिर है वह आचार्य आचारवत्वगुणका धारक समझना चाहिये. यह आचार्य तीन गुप्ति और समितिओंका जिनको प्रवचनमाता कहते हैं धारक होता है.

अभिहितकल्पनिर्देशार्था गाथा—

आचेलक्कुद्देसियसेज्जाहररायपिंडकिरियम्मे ॥
जेट्ठपडिक्कमणे वि य मासं पज्जो सवणकप्पो ॥ ४२१ ॥

अचेलकत्वमुद्दिष्टशय्येशाहारवर्जनं ॥
राजपिंडविवर्जित्वं कृतिकर्मप्रवर्तनम् ॥ ३३३ ॥

विजयोदया—आचेलक्यकुद्देसिय चेलग्रहणं परिग्रहोपलक्षणं, तेन सकलपरिग्रहत्याग आचेलक्यमित्युच्यते । दशविधे धर्मे त्यागो नाम धर्मः । त्यागश्च सर्वसंगविरतिरचेलतापि सैव । तेनाचेलो यतिस्त्यागाख्ये धर्मे प्रवृत्तो भवति । आकिंचनाख्येऽपि धर्मे समुद्यतो भवति निष्परिग्रहः । परिग्रहार्थो ह्यारंभप्रवृत्तिर्निष्परिग्रहस्यासत्यारंभे कुतोऽसंयमः । तथा सत्येपि धर्मे समवस्थितो भवति । परं परिग्रहनिमित्तं व्यलीकं वदति । असति बाह्ये क्षेत्रादिके अभ्यंतरे च रागादिके परिग्रहे न निमित्तमस्त्यनृताभिधानस्य । ततो ब्रुवन्नेवमचेलः सत्यमेव ब्रवीति । लाघवं च अचेलस्य भवति । अदत्तविरतिरपि संपूर्णा भवति । परिग्रहाभिलाषे सति अदत्तादाने प्रवर्तते गार्ध्यमेति । अपि च रागादिके त्यक्ते भावविशुद्धिमयं ब्रह्मचर्यमपि विशुद्धतमं भवति । संगानिमित्तो हि क्रोधस्तदभावे चोत्तमा क्षमा व्यवतिष्ठते । सुरूपोऽहमाढ्य इत्यादिको दर्पस्त्यक्तो भवति अचेलेनेति । मार्दवमपि तत्र सन्निहितं । आर्जवता चास्य स्फुटमात्मीयं भावमादर्शयतोऽचेलस्यार्जवता भवति मायाया मूलस्य परिग्रहस्य त्यागात् । चेलादिपरिग्रहपरित्यागपरो यस्मात् विरागभावमुपगतः । शब्दादिविषयेष्वासक्तो भवति । ततो विमुक्तेश्च शीतोष्णदंशमशकादिपरिश्रमाः, सुरासुरोदीर्णाः सोढाश्चोपसर्गाः निश्चेलतामभ्युपगच्छता । तपोऽपि घोरमनुष्ठितं भवति ॥

एवमचेलत्वोपदेशेन दशविधधर्माख्यानं कृतं भवति संक्षेपेण । अथवान्यथा प्रक्रम्यते अचेलताप्रशंसा । संयमशुद्धिरेको गुणः । स्वेदरजोमलाबलिप्ते चेले तन्निश्रास्तदाश्रयाश्च त्रसाः सूक्ष्माः स्थूलाश्च जीवा उत्पद्यंते, ते बाध्येत चेलग्राहिणा । संसक्ते वस्त्रे नाधःक्षेपणमिति चेत्तर्हि हिंसा स्यात् । विनिक्षिप्ते च म्रियंते संसक्ताः । चेलवतः स्थाने, शयने, निषद्यायां, पाटने, छेदने, बंधने, वेष्टने, प्रक्षालने, संघट्टने, आतपप्रक्षेपणे च जीवानां बाधेति महानसंयमः । अचेलस्यैवंविधासंयमाभावात् संयमविशुद्धिः । इंद्रियविजयो द्वितीयः । सर्वाकुले वने विद्यामंत्रादिरहितो यथा पुमान् दृढप्रयत्नो भवति एवमिंद्रियनियमने अचेलोऽपि प्रयतते । अन्यथा शरीरनिरपेक्षो लज्जनीयो भवेदिति । कषायाल्पत्वश्च गुणोऽचेलतायाः । स्तेनभयाद्रोमयादिरसेन लेपं कुर्वन्निगूहयित्वा कथंचिन्मायां करोति । उन्मार्गेण वा स्तेनवेचनां कर्तुं यायात् । गुप्तवस्त्र्याद्यर्थाहितो वा स्यात् । चेलादिर्ममास्तीति मानं चोद्वहते । बलात्कृतहरणात्स्तेनेन सह कलहं कुर्यात् । लाभाद्वा लोभः प्रवर्तेत । इति चेलग्राहिणाममी दोषाः । अचेलतायां पुनरित्थंभूतदोषानुत्पत्तिः । ध्यानस्वाध्यायपथोरविघ्नता च । सूचीसूत्रकर्पटादिपरिमार्गणसीवनादिव्याक्षेपेण तयोर्विघ्नो भवति । निःसंगस्य तथाभूतव्याक्षेपाभावात् । सूत्रार्थपौरुषीषु निर्विघ्नता, स्वाध्यायस्य ध्यानस्य च भावना । ग्रंथत्यागश्च गुणः । बाह्यचेला[illegible] । यथा [illegible] भव्यं नियमेन शुद्ध्यति । [illegible] हि मनोज्ञे वस्त्रे

रक्तो भवति । दुष्यत्यमनोज्ञे । बाह्यद्रव्यालंबनौ हि रागद्वेषौ तावसति परिग्रहे न भवतः । किं च शरीरे अनादरो गुणः शरीरगतादरवशेनैव हि जनोऽसंयमे परिग्रहे च वर्तते । अचेलेन तु तदादरस्त्यक्तः, वातातपादिबाधासहनात् । स्ववशता च गुणः देशांतरगमनादौ सहायाप्रतीक्षणात् । पिच्छमात्रं गृह्णन्वा हि त्यक्तसकलपरिग्रहः पथ्यांव यातीति । सचेलस्तु सहायपरवशमानसश्च कथं संयमं पालयेत् । चेतोविशुद्धिप्रकटनं च गुणोऽचेलतायां । कौपीनादिना प्रच्छादयतो मानशुद्धिर्न लक्ष्यते । निश्चेलस्य तु निर्विकारदेहतया स्फुटा विरागता । निर्भयता च गुणः । ममेदं किमपहरंति चौरादयः, किं ताडयंति, बध्नंतीति वा भयमुपैति सचेलो, भयातुरो वा किं न कुर्यात् । सर्वत्र विश्रब्धता च गुणः । निष्परिग्रहः न किंचनापि शंकते । सचेलस्तु प्रतिमार्गयायिनं अन्यं वा दृष्ट्वा न तत्र विश्वासं करोति । को वेत्त्यस्य, किं करोति । अप्रतिलेखनता च गुणः । चतुर्दशविधे उपधि गृह्णतां बहुप्रतिलेखनता न तथाचेलस्य । परिकर्मवर्जनं च गुणः । उद्वेष्टनं, मोचनं, सीवनं, बंधनं, रंजनं इत्यादिकमनेकं परिकर्म सचेलस्य । स्वस्य वस्त्रप्रावरणादेः स्वयं प्रक्षालनं सीवनं वा कुत्सितं कर्म, विभूषा, मूर्च्छा च । लाघवं च गुणः । अचेलोऽल्पोपधिः स्थानासनगमनादिकासु क्रियासु वायुवदप्रतिबद्धो लघुर्भवति नेतरः । तीर्थकराचरितत्वं च गुणः–संहननबलसमग्रा मुक्तिमार्गप्रख्यापनपरा जिनाः सर्वे एवाचेला भूता भविष्यंतश्च । यथा मेर्वादिपर्वतगताः प्रतिमास्तीर्थकरमार्गानुयायिनश्च गणधरा इति तेऽप्यचेलास्तच्छिष्याश्च तथैवेति सिद्धमचेलत्वं । चेलपरिवेष्टितांगो न जिनसदृशः । व्युत्सृष्टप्रलंबभुजो निश्चलो जिनप्रतिरूपतां धत्ते । अतिगूढबलवीर्यता च गुणः । परीषहसहने शक्तोऽपि सचेलो न परीषहान्सहते । एवमेतद्गुणापेक्षणादचेलता जिनोपदिष्टा । चेलपरिवेष्टिताङ्गं आत्मानं निर्ग्रंथं यो वदेत्तस्य किमपरे पाषंडिनो न निर्ग्रंथाः ? वयमेव न ते निर्ग्रंथा इति बाह्यात्तं नाद्रियते मध्यस्थैः । इत्थं चेले दोषा अचेलतायां अपरिमिता गुणा इति अचेलता स्थितिकल्पत्वेनोक्ता ।

अथैवं मन्यसे पूर्वागमेषु वस्त्रपात्रादिग्रहणमुपदिष्टम् तथा ह्याचारप्रणिधौ भणितं-"प्रतिलिखेत्पात्रकंबलं ध्रुवमिति । असत्सु पात्रादिषु कथं प्रतिलेखना ध्रुवं क्रियते"। आचारस्यापि द्वितीयाध्यायो लोकविचयो नाम, तस्य पंचमे उद्देशे एवमुक्तं-"पडिलेहणं, पादपुंछणं, उग्गहं, कडासणं, अण्णदरं उवधिं पावेज्ज" इति । तथा वस्त्रैषणाए "जुस्संतथ एसे हिरिमणे सेगं वत्थं वा धारेज्ज पडिलेहणगं विदियं, तत्थ एसे जुग्गिदे देसे दुवे वत्थाणि धारेज्ज पडिलेहणगं तदियं । तत्थ एसे परिस्सहं अणधिहासस्स तओ वत्थाणि धारेज्ज पडिलिहणं चउत्थं"। तथा पात्रैषणाए कथितं "हिरिमणे वा जुग्गिदे चावि अण्णगे वा तस्स णं कप्पदि वत्थादिकं पादचारित्तए इति" । पुनश्चोक्तं तत्रैव – "बालावुपत्तं वा, दारुगपत्तं वा मट्टिगपत्तं वा अप्पपाणं, अप्पबीजं अप्पसरिदं तथा अप्पकारं पात्रलाभे सति पडिग्गाहिस्सामीति"। वस्त्रपात्रे यदि न स्यातां कथमेतानि सूत्राणि नीयंते । भावनायां चोक्तं–"चरिमे चीवरधारितेन परमचेलके तु जिणे" इति । तथा सूत्रकृतस्य पुंडरीके अध्याये कथितं 'ण कहेज्जो धम्मकहं वत्थपत्तादिहेदुमिति,।

निषेधेप्युक्तं—" कसिणाइं वत्थकंबलाइं जो भिक्खु पडिग्गहिदि पज्जदि मासियं लहुगं " इति। एवं सूत्रनिर्दिष्टे चेले अचेलता कथं इत्यत्रोच्यते— आर्यिकाणामागमे अनुज्ञातं वस्त्रं कारणापेक्षया । भिक्षूणां ह्रीमानयोग्यशरीरावयवो दुश्चर्माभिलंबमानबीजो वा परीषहसहने वा अक्षमः स गृण्हाति ।

तथा चोक्तमाचारांगे ' सुदं मे आउसस्सो भगवदा एवमक्खादं । इह खलु संयमाभिमुखाः दुविहा हत्थीपुरिसा जादा भवंति । तं जहा—सव्वसमण्णागदं णोसव्वसमण्णागदं चेव । तत्थ जे सव्वसमण्णागदे थिरांगहत्थपाणिपादे सव्विंदियसमण्णागदे तस्स णं णो कप्पदि एगमवि वत्थं धारिउं एव परिहिउं एव अण्णत्थ एगेण पडिलेहगेण इति" तथा चोक्तं कल्पे-ह्रीहेतुकं च हीर देहदुगुंछंति देहे जुग्गिदगे धीरज्ज सियं वत्थं परिस्सहाणं च ण विहासीनि" । द्वितीयमपि सूत्रं कारणमपेक्ष्य वस्त्रग्रहणमित्यस्य प्रसाधकं आचारे विद्यते—" अह पुण एवं जाणेज्ज । उपातिक्कं ते हेमंतेहिं सुपडिवण्णे से अथ पडिजुण्णमुवधिं पविट्ठावेज्ज" इति। हिमसमये शीतबाधासहः परिजुन्नं चेलं तस्मिन्निष्क्रान्ते ग्रीष्मे समायाते प्रतिष्ठापयेदिति । कारणापेक्षयं ग्रहणमाख्यातं । परिजीर्णादिदे [illegible] इति चेत् अचेलतावचनेन विरोधः । प्रक्षालनादिकसंस्कारविरहात्परिजीर्णता वस्त्रस्य कथिता न तु दृढस्य त्यागकथनार्थं, पात्रप्रतिष्ठापना सूत्रेणोक्तेति । संयमार्थं पात्रग्रहणं सिध्यति इति मन्यसे नैव, अचेलता नाम परिग्रहत्यागः पात्रं च परिग्रह इति तस्यापि त्यागः सिद्ध एवेति । तस्मात्कारणापेक्षं वस्त्रपात्रग्रहणं । यदुपकरणं गृह्णाते कारणमपेक्ष्य तस्य ग्रहणविधिः गृहीतस्य च परिहरणमवश्यं वक्तव्यमेव । तथाग्रहणं पात्रे अर्थाधिकारमपेक्ष्य सूत्रेषु यद्यु यदुक्तं तत्कारणमपेक्ष्य निर्दिष्टमिति ग्राह्यम् । यच्च भायनायामुक्तं—' वरिसं चीवरधारी तेण परमचेलगो जिणोत्ति । तदुक्तं विप्रतिपत्तिबहुलत्वात् । कथं ? केचिद्वदन्ति 'तस्मिन्नेव दिने तद्वस्त्रं वीरजिनस्य विलंबनकारिणा गृहीतमिति'। अन्ये 'वर्षमासाच्छिन्नं तत्कंटकशाखादिभिरिति' । 'साधिकेन वर्षेण तद्वस्त्रं खंडलकब्राह्मणेन गृहीतमिति केचित्कथयन्ति' । केचिद्वातेन पतितमुपेक्षितं जिनेनेत्यपरे वदन्ति । 'विलंबनकारिणा जिनस्य स्कंधे तदारोपितमिति' । एवं विप्रतिपत्तिबाहुल्याच्च दृश्यते तत्त्वं सचेललिंगप्रकटनार्थं । यदि चेलग्रहणं जिनस्य कथं तद्विनाश इष्टः । सदा तद्धारयितव्यम् । किंच यदि नश्यतीति ज्ञानं निरर्थकं तस्य ग्रहणं । यदि न ज्ञातमज्ञानमस्य प्राप्नोति । अपि च चेलप्रज्ञापना वांछिता चेत् " आचेलक्को धम्मो पुरिमचरिमाणं " इति वचो मिथ्या भवेत् । तथा नवस्थाने यदुक्तं " यथाहमचेली तथा होउ पच्छिमो इदि होक्खदित्ति " तेनापि विरोधः । किं च जिनानामितरेषां वस्त्रत्यागकालः वीरजिनस्येव किं न निर्दिश्यते, यदि वस्त्रं तेषामपि भवेत् । एवं तु युक्तं वक्तुं । सर्वत्यागे कृत्वा स्थिते जिने केनचिद्वस्त्रं वस्तुं निक्षिप्तं उपसर्ग इति ।

इदं चाचेलताप्रसाधनपरं शीतदंशमशकतृणस्पर्शपरीषहसहनवचनं परीषहसूत्रेषु । न हि सचेलं शीतादयो बाधन्ते । इमानि च सूत्राणि अचेलतां दर्शयन्ति । " परिचत्तेसु वत्थेसु ण पुणो चेलमादिए ॥ अचेलपवरे भिक्खू जिणरूवधरे सदा ॥ सचेलगो सुखी भवदि । असुखी चावि अचेलगो । अहं तो सचेलो होक्खामि इदि

भिक्खू ण चिंतए ॥ अचेलगस्स लूहस्स संजदस्स तव सिलणो ॥ तणेसु असमाणस्स णं ते होदि विराधिदा ॥ एगेण ताव कप्पेण संवुडंगतिणंसित दंसाघाए जो संपसिद्धे किमं- ग पुण दीहकप्पेहिं " ॥ एतान्युत्तराध्ययने-अचेलक्को य जो धम्मो जो इमं पुणरुत्तरो । जेसिदो वद्धमाणेण पासेण अ महप्पणा ॥ एगधम्मे पवत्ताणं दुविधा लिंगकप्पणा । उभयसिं पविट्ठाणमहं संसयमागदा;" इति वचनाच्चरमतीर्थस्यापि अचेलता सिद्धयति ।

णग्गस्स य मुंडस्स य दीहलोमणखस्स य । मेहुणादो विरत्तस्स किं विभूसा करिस्सदि ॥ इति दशवैकालिका यामुक्तं । एवमाचेलक्यं स्थितिकल्पः ।

श्रमणानुद्दिश्य कृतं भक्तादिकं उद्देसिगमित्युच्यते । तच्च षोडशविधे आधाकर्मादिविकल्पेन । तत्परिहारो द्वितीयः स्थितिकल्पः । तथा चोक्तं कल्पे—

सोलसविधमुद्देसं वज्जेदव्वंति पुरिमचरिमाणं ॥
तित्थगराणं तित्थे ठिदिकप्पो होदि विदिओ दु ॥

सेज्जाधरशब्देन त्रयो भण्यंते वसतिं यः करोति । कृतां वा वसतिं परेण भग्नां पतितैकदेशां वा संस्करोति । यदि वा न करोति न संस्कारयति केवलं प्रयच्छत्यप्यास्वेति । एतेषां पिंडो नामाहारः, उपकरणं वा प्रतिलेखनादिकं शय्याधरपिंडस्तस्य परिहरणं तृतीयः स्थितिकल्पः । सति शय्याधरपिंडग्रहणे प्रच्छन्नमयं योजयेदाहारादिकं । धर्म- फललोभाद्यो वा आहारं दातुमक्षमोऽदरिद्रो लुब्धो वा न चासौ वसतिं प्रयच्छेत् । सति वसतौ आहारादाने वा लोको मां निंदति-स्थिता वसतावस्य यतयो न चानेन मंदभाग्येन तेषामाहारो दत्त इति । यतेः स्नेहश्च स्यादाहारं वसतिं च प्रयच्छति तस्मिन् बहूपकारितया । तत्पिंडाग्रहणे तु नोक्तदोषसंस्पर्शः ।

राजपिंडाग्रहणं चतुर्थः स्थितिकल्पः । राजशब्देन इक्ष्वाकुप्रभृतिकुले जाताः । राजते प्रकृतिं रंजयति इति वा राजा राजसदृशो महर्द्धिको भण्यते । तस्य पिंडः तत्स्वामिको राजपिंडः । स त्रिविधो भवति । आहारः, अनाहारः, उपधिरिति । तत्राहारश्चतुर्विधो भवति अशनादिभेदेन । तृणफलकपीठादिः अनाहारः, उप- धिर्नाम प्रतिलेखनं वस्त्रं पात्रं वा । एवंभूतस्य राजपिंडस्य ग्रहणे को दोषः इति चेत् अत्रोच्यते— द्विविधा दोषा आत्मसमुत्थाः परसमुत्थाः मनुजतिर्यक्कृतविकल्पेनेति । तिर्यक्कृता द्विविधा ग्रामार- ण्यपशुभेदात् । ते द्विप्रकारा अपि द्विभेदा दुष्टा भद्राश्चेति । हया, गजा, गावो, महिषा, मेण्ढ्राः, श्वानश्च ग्राम्याः दुष्टाः । दुष्टेभ्यः संयतोपघातः । भद्राः पलायमानाः स्वयं दुःखिताः पतेन अभिघातेन वा क्षतिनो मार्यंते वा धावनोल्लं- घनादिपराः । प्राणिन आरण्यकास्तु व्याघ्रकव्यादश्वापिनो, वानरा वा राजगृहे बंधनमुक्ता यदि क्षुद्रास्तत आत्मविपत्ति-

भद्राश्चेत्पलायते पूर्ववत्। मानुष्यस्तु दासदासी क्रेतृक्रेतव्ये, भृत्याः, भृताः, दास्यः इत्यादिकाः तैराकुलत्वात् दुःप्रवेशनं राजगृहं प्रविशंतं मत्ताः, प्रमत्ताः, प्रमुदिताश्च दासादयः उपहसंति, आक्रोशयन्ति धारयंति वा। अवरुद्धायाः स्त्रिया मैथुनसंज्ञया बाध्यमानाः पुत्रार्थिन्यो वा बलात्स्वगृहं प्रवेशयन्ति भोगार्थं। विप्रकीर्णं रत्नसुवर्णादिकं परैः गृहीत्वा अत्र संयता आयाता इति दोषमध्यारोपयन्ति। राजा विश्वस्तः श्रमणेषु इति श्रमणरूपं गृहीत्वागत्य दुष्टाः खलीकुर्वन्ति। ततो रुष्टा अविवेकिनः दूषयंति श्रमणान्मारयंति बध्नन्ति वा एते परसमुद्भवा दोषाः। आत्मसमुद्भवास्तूच्यंते। राजकुले आहारं न शोधयति अदृष्टमाहृतं च गृह्णाति। विकृतिसेवनादिगालदोषः, मंदभाग्यो वा दृष्ट्वानर्घ्यं रत्नादिकं गृह्णीयाद्वासलोभना वानुरूपाः समवलोक्यानुरक्तास्तासु भवेत्। तां विभूतिं, अंतःपुराणि, पण्यांगना वा विलोक्य निदानं कुर्यात्। इति दोषसंभवो यत्र तत्र राजपिंडग्रहणप्रतिषेधो न सर्वत्र प्रकल्प्यते। ग्लानार्थं राजपिंडोऽपि दुर्लभं द्रव्यं। आगाढकारणे वा श्रुतस्य व्यवच्छेदो माभूदिति।

चरणस्थेनापि विनयो गुरूणां महत्तराणां शुश्रूषा च कर्तव्येति पंचमः कृतिकर्मसंज्ञितः स्थितिकल्पः।

ज्ञातजीवनिकायस्य दातव्यानि नियमेन व्रतानि इति षष्ठः स्थितिकल्पः। अचेलतायां स्थितः उद्देशिकराजपिंडपरिहरणोद्यतः गुरुभक्तिक्षान्तिनीतो व्रतारोपणार्हो भवति। उक्तं च—

आचेलक्के य ठिदो उद्देसादी य परिहरदि दोसे॥
गुरुभत्तिको खिदीओ होदि वदाणं खया अरिहो॥

इति व्रतदानक्रमोऽयं स्वयमासीनेषु गुरुषु, अभिमुखं स्थिताभ्यो विरतिभ्यः, श्रावकश्राधिकावर्गाय व्रतं प्रयच्छेत् स्वयं स्थितः सूरिः स्वयमदेशे स्थिताय विरताय व्रतानि दद्यात्। उक्तं च—

विरदी सावगवग्गे च णिविट्ठं ठविय तं च सुपडिमुक्खे॥
विरदं च ठिदो थामे ठवियं गणिदो उवादेज्ज॥

इति ज्ञात्वा अवद्याय पापेभ्यो विरमणं व्रतं वृत्तिकरणं छादनं संवरो विरतिरित्येकार्थाः

णाऊण अब्भयेज्जय पावाणं विरमणं वदं होइ॥
विदिकरणं छादणं संवरो विरदित्ति एगट्ठा॥

इति। आद्यपाश्चात्यतीर्थयो रात्रिभोजनविरमणषष्ठानि पंच महाव्रतानि। तत्र प्राणिवियोगकरणं प्राणिनः प्रमत्तयोगात्प्राणवधस्ततो विरतिरहिंसाव्रतं। व्यलीकभाषणेन दुःखं प्रतिपद्यंते जीवाः इति मत्वा दयावतो यत्सत्याभिधानं तद्द्वितीयं व्रतं। ममेदमिति संकल्पोपनीतद्रव्यवियोगे दुःखिता भवंति इति तद्दयया अदत्तस्यादानाद्विरमणं तृतीयं व्रतम्। सर्षपपूर्णायां नाल्यां तप्तायसशलाकाप्रवेशनवद्योनिद्वारस्थानेकजीवपीडा साधनप्रवेशेनेति तद्बाधापरिहारार्थं तीव्रो रागा-

भिनिवेशः, कर्मबंधस्य महतो मूलं इति ज्ञात्वा अब्रह्मवतः मैथुनाद्विरमणं चतुर्थं व्रतम्। परिग्रहः षड्जीवनिकायपीडाया मूलं मूर्च्छानिमित्तं चेति सकलग्रंथत्यागो भवति इति पंचमं व्रतम्। तेषामेव पंचानां व्रतानां पालनार्थं रात्रिभोजनविरमणं षष्ठं व्रतम्। सर्वजीवविषयमहिंसाव्रतं अदत्तपरिग्रहत्यागौ सर्वद्रव्यविषयौ द्रव्यैकदेशविषयाणि शेषव्रतानि। उक्तं च—

पढमम्मि सव्वजीवा तदिये चरिमे य सव्वदव्वाइं॥
सेसा महव्वदा खलु तदेकदेसम्मि दव्वाणं॥

पंचमहाव्रतधारिण्याश्चिरप्रव्रजितायाः अपि ज्येष्ठो भवति अधुना प्रव्राजितः पुमान्। इत्येष सप्तमः स्थितिकल्पः पुरुषज्येष्ठत्वं। पुरुषत्वं नाम उपकारं, रक्षां च कर्तुं समर्थः। पुरुषप्रणीतश्च धर्मः इति तस्य ज्येष्ठता। ततः सर्वाभिः संयताभिः विनयः कर्तव्यो विरतस्य। येन च स्त्रियो लक्ष्यः परप्रार्थनीयाः, परलक्षोपक्षिप्यः, न तथा पुमांस इति च पुरुषस्य ज्येष्ठत्वं। उक्तं च—

जेणिच्छी हु लहुसिगा परप्पसज्झा य पच्छणिज्जा य॥
भीरु परक्खणसीला तेण पुरिसो भवदि जेट्ठो॥

अचेलतादिकल्पस्थितस्य यद्यतिचारो भवेत् प्रतिक्रमणं कर्तव्यमित्येषोऽष्टमः स्थितिकल्पः। नामस्थापनाद्रव्यक्षेत्रकालभावविकल्पेषु परकृतेषु प्रतिक्रमणं। भट्टिणी भट्टिदारिगा इत्याद्ययोग्यनामोच्चारणं कृतयतस्तत्परिहरणं नामप्रतिक्रमणं। असंयतमिथ्यादृष्टिजीवप्रतिबिंबपूजादिषु प्रवृत्तस्य तत्प्रतिक्रमणं स्थापनाप्रतिक्रमणं। लक्षितसचित्तं मिश्रमिति त्रिविधकल्पं द्रव्यं तस्य परिहरणं द्रव्यप्रतिक्रमणं। त्रसस्थावरबहुलस्य स्वाध्यायध्यानविघ्नसंपादनपरस्य वा परिहरणं क्षेत्रप्रतिक्रमणं। संध्यास्वाध्यायकालादिषु गमनागमनादिपरिहारः कालप्रतिक्रमणं। मिथ्यात्वासंयमकषाययोगेभ्यो निवृत्तिर्भावप्रतिक्रमणं। प्रतिक्रमणसहितो धर्मः आद्यपाश्चात्ययोर्जिनयोः जातापराधप्रतिक्रमणं मध्यवर्तिनो जिना उपदिशन्ति।

पाडिक्कमणं दिवसिगं रादिगइत्तिरियभिक्खचरियाए॥
पक्खिय चाउम्मासिय संवच्छर उत्तमट्ठे य॥

अमी प्रतिक्रमणभेदा आद्यंततीर्थकरप्रणीते पंचमे धर्मे, इतरत्र चतुर्थधर्मे प्रतिक्रमणस्य कालनियम उक्तः यदायमतिचारं प्राप्नोत्तदा प्रतिक्रमणमध्यात्मिकं दर्शनं। उक्तं च—

खमणो य वेसणो वि य दूरायादो य सव्वसुमणो वि॥
सुमणे वि यत्ति य सहो जागरमाणो वि अणहो वि॥
ठाणविसो आयरियं पासज्जासित्ति मज्झिमजिणेसु॥
ण पाडिक्कमणं तेण दु जे णातिक्कमदि सो णेव॥

सद्दादिसु वि पवित्ती आदिय अंतम्मि सो पडिक्कमदि ॥
मज्झिमगा मण्णंति य अमज्झगाणं हवे उभयं ॥
हरियं गोयर सुमिणादि सव्वमाचरदु मा व आचरदु ॥
पुरिम चरिमेसु सव्वो सव्वं णियमा पडिक्कमदि ॥

मध्यमतीर्थकरशिष्या दृढबुद्धयः, एकाग्रचित्ताः, अमोघलक्ष्यास्तस्माद्यदाचरितं तद्गर्हया शुद्ध्यति । इतरे तु चलचित्ता न लक्षयंति स्वापराधांस्तेन सर्वं प्रतिक्रमणं उपदिष्टं । जेनाश्वा अंधघोटकदृष्टांतन्यायेन ॥

ऋतुषु षट्सु एकैकमेव मासमेकत्र वसतिरन्यदा विहरति इत्ययं नवमः स्थितिकल्पः । एकत्र चिरकालावस्थाने नित्यमुद्गमदोषे च न परिहर्तुं क्षमः । क्षेत्रप्रतिबद्धता, ज्ञातगुरुता, अलसता, सौकुमार्यभावना, ज्ञाताभिक्षाग्राहिता च दोषाः । पज्जो समणकप्पो नाम दशमः । वर्षाकालस्य चतुर्षु मासेषु एकत्रैवावस्थानं श्रमणत्वायः । स्थावरजंगमजीवाकुला हि तदा क्षितिः । तदा भ्रमणे महानसंयमः, वृष्ट्या शीतवातपातेन वात्मविराधना । पतद्वाप्यादिषु स्थाणुकंटकादिभियो प्रच्छन्नजलेन कर्दमेन वा बाध्यत इति विंशत्यधिकं द्विसशतं एकत्रावस्थानमित्ययमुत्सर्गः । कारणापेक्षया तु हीनाधिकं वावस्थानं, संयतानां आषाढशुक्लदशम्यां स्थितानां उपरिष्टाच्च कार्तिकपौर्णमास्यामविंशद्दिवसावस्थानं । वृष्टिबहुलता, श्रुतग्रहणं, शक्त्यभावश्चैवावृत्त्यकरणं प्रयोजनमुद्दिश्य अवस्थानमेकत्रेति उत्कृष्टः कालः । मार्गो, दुर्भिक्षे, ग्रामजनपदचलने वा गच्छनाशनिमित्ते समुपस्थिते देशांतरं याति । अवस्थाने सति रत्नत्रयविराधना भविष्यतीति । पौर्णमास्यामाषाढ्यामतिक्रांतायां प्रतिपदादिषु दिनेषु याति । यावच्च त्यक्ता विंशतिदिवसा एतदपेक्ष्य हीनता कालस्य एष दशमः स्थितिकल्पः ।

कोऽसौ दशविधः स्थितिकल्प इत्याह—

मूलारा—आचेलक्कं वस्त्रादिपरिग्रहाभावो नग्नत्वमात्रं वा । तच्च संयमशुद्धींद्रियजयकषायाभावध्यानस्वाध्यायनिर्विघ्नतानिर्ग्रंथतावीतरागद्वेषताशरीरानादरस्ववशचेतोविशुद्धिप्राकट्यनिर्भयत्वसर्वत्रविश्रब्धत्वप्रक्षालनोद्वेष्टनादिपरिकर्मवर्जनविभूषामूर्च्छत्वलाघवतीर्थकराचरितत्वानिगूढबलवीर्यताद्यपरिमितगुणग्रामोपलंभात् स्थितिकल्पत्वेनोपदिष्टम् । तद्गुणसमर्थनं टीकाद्वारेण किंचिदुच्यते यथा—चेले हि स्वेदादियोनिकप्राणिनां प्रक्षालनादिना बाधा स्यात् इति तस्त्यागे संयमशुद्धिः । लज्जनीयशरीरविकारनिरोधनाय प्रयत्नदार्ढ्यादिंद्रियजयः, चोरादिवंचनाद्यभावात्कषायाभावः, सूचीसूत्रकर्षणादिमार्गणासेवनाद्यभावात्स्वाध्यायध्याननिर्विघ्नता, । अभ्यंतरग्रंथस्य चेलादिपरिग्रहमूलस्य त्यागः, मनोज्ञामनोज्ञवस्तुत्यागात् वीतरागद्वेषता, वातातपादिबाधासहनाच्छरीरेऽनादरः, देशांतरगमनादौ सहायानपेक्षणात्स्ववशता, कौपीनादिप्रच्छादनाकरणाच्चेतोविशुद्धिप्रकटनं, चौरादिताडनादिभयाभावान्निर्भयत्वं, अपहार्यस्य अर्थस्याभावात्सर्वत्र विश्रब्धता, चतुर्दशविधोपकरणपरिग्राहिणां सितपटानामिव बहुप्रतिलेखनत्वप्रक्षालनाविन्यासंगभारवाहित्वानि च न संतीत्यादि । उक्तं च—

म्लाने क्षालनतः कृतः कृतजलाद्यारंभतः संयमो ।
नष्टे व्याकुलचित्तताथ महतामप्यन्यतः प्रार्थनम् ।
कौपीनेऽपि हृते परैश्च झगिति क्रोधः समुत्पद्यते ॥
तन्नित्यं शुचि रागहृच्छमवतां वस्त्रं ककुन्मंडलम् ॥
अपि च— सिकारे सिदुषां द्वेषो नासिकारानुवर्तने ॥
तत्प्रत्ये निसर्गोत्थे को नाम द्वेषकल्मषः ॥
नैष्किंचन्यमहिंसा च कृतः संयमिनां भवेत् ॥
ते संगाय यदीहन्ते वल्कलाजिनवाससाम् ॥

२ उद्देसिगेत्यादि—उद्देशिकं श्रमणानुद्दिश्य कृतं भक्तादिकं । उद्देशिकं च शय्याधरराजपिंडौ च उद्देशिक शय्याधरराजपिंडाः । पिंडशब्देनात्रोपलक्षणाद्भक्तपानवस्त्युपकरणादिग्रहणं । तेषामुद्देशिकादीनां त्रयाणां परिहारात्मकः स्थितिकल्पाः स्युः । परिहारशब्दश्चात्र लुप्तनिर्दिष्टो द्रष्टव्यः । तत्राधाकर्मादिकल्पेन षोडशविधोद्देशिकभक्तादित्यागाद्द्वितीयः स्थितिकल्पः । ३ शय्याधरशब्देन चात्र त्रयो गृह्यन्ते वसतेः कारकः, संस्कारकोऽत्रास्येति संपादकश्च तत्पिंडत्यागः । सति हि तत्पिंडग्रहणे प्रच्छन्नमर्थं योजयेदाहारादिकं धर्मफललोभादिति लोकप्रवादशंका, यो वाहारं दातुमक्षमो दरिद्रो वा न चासौ वसतिं प्रयच्छेत् । सति वसतिदाने लोको मां निंदति, स्थिता वसतावस्य यतयो न चानेन मंदभाग्येन तेषामाहारो दत्त इत्येवं वसत्यलाभः । आहारं वसतिं च प्रयच्छति तस्मिन्बहूपकारितया यतेः स्नेहश्च स्यात् इति दोषाः स्युः । अन्ये पुनः शय्यागृहपिंडत्याग इति पठित्वैवं व्याचक्षते । मार्गे व्रजता यत्र गृहे रात्रौ सुप्यते तत्रैवान्यदिने भोजनपरिहारो वसतिसम्बन्धिद्रव्यनिमित्तपिंडस्य वा त्यागः इति तृतीयः ४ अथ राजशब्देन इक्ष्वाकुप्रभृतिकुले जातो, राजते प्रकृतिं रंजयतीति वा राज्ञा सदृशो महर्द्धिको भण्यते । तत्स्वामिभक्तादिवर्जनं चतुर्थः स्थितिकल्पः । तद्गृहप्रवेशे हि यतेः स्वच्छंदचित्रकुक्कुराद्युपघातस्तद्भूपालोकनाद्धरतुरगादीनां त्रासस्तं प्रति गर्वितदासाद्युपहासोऽवरुद्धाभिः स्त्रीभिर्मैथुनसंज्ञया बाध्यमानाभिः, पुत्रार्थिनीभिर्वा बलात्तस्य स्वगृहे प्रवेशनमुपभोगार्थम् । विप्रकीर्णरत्नसुवर्णादिकस्यान्यैः स्वयं चोरितस्य संयत आयात इति तत्र तच्चोरिकाध्यारोपणं । राजास्य विश्वस्तो राज्यं नाशयिष्यतीति क्रुद्धैरमात्यादिभिर्वधबंधादिकं च स्यात् । तथा आहाराविशुद्धिः क्षीरादिविकृतिसेवानर्घ्यरत्नादेर्लोभाच्चोरणं, वरस्त्रीदर्शनाद्रागोद्रेको, लोकोत्तरविभूतिदर्शनाच्च तन्नि-

दानकरणं संभवेत् । एतद्दोषाभावेऽन्यत्र भोजनासंभवे च श्रुतव्युच्छेदपरिहारार्थं राजपिंडोऽपि न प्रतिषिध्यते ।

५ किदियम्मे कृतिकर्म, पंच नमस्काराः, षडावश्यकानि, निषेधिका चेति त्रयोदश क्रियाः । गुरुविनयमहत्त्वशुश्रूषाकरणं वा । ६ वद मूलोत्तरगुणप्रतिपालनं । अचेलतायां हि स्थित उद्देशिकादिपिंडत्यागोद्यतो गुरुभक्तिमान विनीतश्च व्रतारोपणयोग्यः स्यात् । उक्तं च—

अचेलक्के य ठिदो उद्देसादी य परिहरदि दोसे ॥
गुरुभत्तिमं विणीदो होदि वदाणं स अरिहो दु ॥

७ जेट्ठ ज्येष्ठत्वं मातापितृगृहस्थोपाध्यायार्यिकादिभ्यो महत्त्वमनुष्ठानेन वा श्रेष्ठत्वं । ८ पडिक्कमणे ऐर्यापथिक रात्रिदियावाक्षिकचातुर्मासिकसांवत्सरिकोत्तमार्थभेदात्सप्तधा कृतदोषनिराकरणं ॥ ९ मासं त्रिंशदहोरात्रमेकत्र ग्रामादौ निवासः । एकत्र हि चिरावस्थाने उद्गमादिदोषपरिहाराक्षमत्वं, क्षेत्रप्रतिबद्धता, शातगुरुतालसता, सौकुमार्यं भावनाभावो, जातभिक्षाग्राहिता च दोषाः स्युरिति टीकायां । टिप्पनके तु योगग्रहणादौ योगावसाने च तस्मिन्स्थाने मासमात्रं तिष्ठति इति मासं नाम नवमः कल्पः । उक्तं च—

पडिबंधो लहुयत्तं ण जणुवयारो ण देसविण्णाणं ॥
णाणादीण अवुड्ढी दोसो अविहारपक्खम्मि ॥

१० पज्जो—प्रावृट्काले मासचतुष्टयमेकत्रावस्थानं । स्थावरजंगमजीवाकुला हि तदा क्षितिरिति तदा भ्रमणे महानसंयमः । वृष्ट्या शीतवातपातेन चात्मविराधना । पातो वा वाप्यादिषु । स्थाणुकंटकादिभिर्वा प्रच्छन्नैर्जलेन कर्दमेन वा धावनगिति विंशत्यधिकं दिवसशतं एकत्रावस्थानमित्ययं उत्सर्गः । कारणापेक्षया तु हीनमधिकं वावस्थानं । संयतानामाषाढशुक्लदशम्याः प्रभृति स्थितानामुपरिष्टाच्च कार्तिकपौर्णिमास्यास्त्रिंशदहोरात्रावस्थानं । वृष्टिबहुलतायां श्रुतग्रहणं, शक्त्यभावे वैयावृत्यकरणं प्रयोजनमुद्दिश्यावस्थानं एकोत्युत्कृष्टः कालः । मार्गो, दुर्भिक्षे, ग्रामजनपदचलने वा स्खलनाशनिगिति समुपस्थिते देशांतरं याति । अवस्थाने सति रत्नत्रयविराधना भविष्यति इति पौर्णमास्यामाषाढ्यामपि कार्तायां प्रतिपदादिषु दिनेषु सावत्यत्वारो दिवसा एतदपेक्ष्य हीनता कालस्य । एष दशमः स्थितिकल्पो व्याख्यातः टीकायां ॥ टिप्पनके तु द्वाभ्यां द्वाभ्यां मासाभ्यां निषेधिका द्रष्टव्येति । सवणकप्पो यतीनामाचरणभेदः । तथा चोक्तम —

अचेलकत्वमुद्दिष्टशय्यौद्देशिकवर्जने ॥
राजपिंडविवर्जित्वं कृतिकर्मप्रवर्तनम् ॥
व्रतारोहणार्हत्वं ज्येष्ठत्वं च प्रतिक्रमः ॥
मासैकत्रस्थितिः पर्योस्थितिकल्पा दशेरिताः ॥

दशकल्पोंका निर्देश--वर्णन करनेवाली गाथा—

अर्थ—आचेलक्य—चेल शब्दका अर्थ वस्त्र ऐसा होता है. परंतु यहां चेल शब्द संपूर्ण परिग्रहोंका उपलक्षण रूप है. अर्थात् आचेलक्यका अर्थ संपूर्ण परिग्रहोंका त्याग ऐसा होता है. उत्तमक्षमादि दशधर्मों में से त्याग नामका एक धर्म है. त्यागका अर्थ सर्वपरिग्रहोंसे विरक्त होना ऐसा होता है. अचेलता, आचेलक्य इन शब्दोंका भी वही अर्थ होता है. इस लिये वस्त्ररहित यति सर्वपरिग्रहका त्यागी होनेसे त्याग नामक धर्ममें प्रवृत्त होता है. परिग्रहरहित यति त्यागधर्मके समान आकिंचन धर्म में भी प्रवृत्त होता है. लोक परिग्रहके लिये ही उद्योग, खेती, नौकरी वगैरह आरंभमें प्रवृत्ति करते हैं. परंतु मुनिने सर्व परिग्रहोंका त्याग किया है इस लिये उसको आरंभका अभाव हो चुका. आरंभका अभाव होनेसे असंयम भी नष्ट होता है. और सत्य धर्ममें स्थिरता आती है. परिग्रहके लियेही मनुष्य दूसरेसे असत्य भाषण बोलता है. खेत, गृह, धनादि बाह्यपरिग्रह और क्रोधमानादि अभ्यंतर परिग्रह जब नष्ट होते हैं तब असत्य भाषण करनेका कारण ही नष्ट होता है. जब कभी निष्परिग्रही मुनि बोलेगा तो सत्यही बोलेगा. आचेलक्यसे लाघवगुण प्राप्त होता है. अचौर्य महाव्रतकी पूर्णावस्था प्राप्त होती है. जब परिग्रहकी मनमें अभिलाषा उत्पन्न होती है तब दूसरोंका न दिया हुआ धन मनुष्य ग्रहण करता है.

परिग्रहोंका त्याग जिसने किया है वह ऐसे अकार्यमें प्रवृत्त होता ही नहीं. रागादिकोंका त्याग होनेसे परिणामोंमें निर्मलता आती है जिससे ब्रह्मचर्यका निर्दोष रक्षण होता है. ब्रह्मचर्य निर्मलतम होता है. क्रोध उत्पन्न होनेके लिये परिग्रह ही कारण है. परिग्रहोंका त्याग करनेसे क्रोध नष्ट होता है और क्षमागुण प्रगट होता है. मैं सुंदर हूं, मैं धनाढ्य हूं इत्यादि रूपका अभिमान भी परिग्रहोंका त्याग होनेपर मनमें नहीं रहता है. मार्दव गुण भी आचेलक्यसे प्राप्त होता है. निष्कपटता भी प्राप्त होती है. कारण आचेलक्यको धारण करनेवाला मुनि मनमें जो विचार उत्पन्न हुआ होगा वह मुखसे कहता है. अतः उसको आर्जव गुणकी लब्धि होती है. परिग्रहही माया-

कपटीपनाका मूल है. ऐसे परिग्रहका त्याग करनेसे वैराग्यभाव बढ जाते हैं. तब मुनिराज शब्दादि पंचेंद्रियोंके विषयोंमें आसक्त नहीं होते हैं. परिग्रहसे रहित होनेपर मुनि शीत, उष्ण, दंशमशकादि परिश्रम सहन करते हैं. देव दानवोंने उपसर्ग यदि किये तो भी सहन करते हैं. ऐसा दुःख सहन करनेका सामर्थ्य परिग्रहोंका त्याग करनेसे ही आत्मामें प्रगट होता है. परिग्रहोंके त्यागसे घोर तपका पालन भी होता है. एक अचेलत्वसे दश धर्मोंका पालन होता है ऐसा सिद्ध होता है. यह संक्षेपसे विवेचन किया.

अचेलताकी प्रशंसा अब दूसरे प्रकारसे आचार्य करते हैं—

आचेलक्यसे संयमशुद्धि होती है. यह पहिला गुण है. स्वेदजल और मलसे मलिन हुए वस्त्रमें स्वेदसे लिक्षा, जूं वगैरह सम्मूर्च्छन जन्तु उत्पन्न होते हैं. तथा वस्त्रके आश्रयसे दूसरे सूक्ष्म और स्थूल त्रस और स्थावर जीव उत्पन्न होते हैं. वस्त्रग्रहण करनेसे ये प्राणी पीडे जाते हैं. जीवव्याप्त वस्त्र वैसा ही रखने पर भी हिंसा होती है. उसमेंसे एक एक जीव अलग करना चाहे तो वे मरते हैं. वस्त्रधारी मनुष्यको खडे होना, बैठना सोना, फाडना, छेद करना, बांधना, वेष्टन करना, धोना, मर्दन करना, धूपमें सुखाना इत्यादि कार्य करते समय वस्त्रगत जीवोंको बाधा पोहोचानेसे महान् असंयमकी प्राप्ति होती है. परंतु वस्त्रत्यागी मुनिको उपर्युक्त असंयमका स्पर्श भी होता नहीं है. उनका संयम निर्मल रहता है. वस्त्रत्याग करनेसे इंद्रियविजय नामक गुण प्राप्त होता है. सर्पोंसे व्याप्त वनमें विद्यामंत्रादिरहित मनुष्यको सावधानीसे रहना पडता है. इसी प्रकार इंद्रियोंका नियमन करनेके कार्यमें वस्त्ररहित मुनिओंको बहुत सावधानी रखनी पडती है. वे इंद्रियनियमन करनेमें सदा दक्ष रहते हैं. यदि वे असावध रहेंगे तो लज्जास्पद शरीरविकारकी उत्पत्ति होगी. निर्वस्त्रतासे कषायोंका अभाव होता है. जिसके पास वस्त्र है वह मनुष्य चोरके भयसे गोमयादिकके रससे वस्त्रको लिप्तकर उसको छिपाता है अर्थात् कपटप्रयोग करता है. अथवा रस्ता छोडकर उन्मार्गसे चोरको फसानेके लिये जाता है. चोरको आता हुआ देखकर छोटे झुडुप, लताजाल इत्यादिकोंमें छिप कर रहता है. मेरे पास वस्त्रादिक हैं दूसरोंके पास वे नहीं है ऐसा मनमें विचारकर अभिमानी होता है. जबरदस्तीसे चोर हरण करनेके लिये उतारु होनेपर उसके साथ कलह करता है. वस्त्रका लाभ होनेसे लोभकषाय उत्पन्न होता है. वस्त्र ग्रहण करनेसे ऐसे दोष उत्पन्न होते हैं. वस्त्रके त्यागमें इन दोषोंका सर्वथा अभाव है. वस्त्रत्यागी मुनिको ध्यान और स्वाध्यायमें विघ्नभय रहता नहीं. कारण

वह परिग्रहरहित आसक्ति रहित होता है. वस्त्र समीप रखनेसे वह फटने पर उसको सीनेका विचार उत्पन्न होता है. सीनेके लिये सूची समीप रखनी पडेगी. कपडोंके तुकडे पास रखने पडेंगे. सूई, दोरा, कपडेके तुकडे इनका अन्वेषण करनेमें चित्त व्याकुल हो जावेगा तब प्रायः स्वाध्यायमें एकाग्रता रहेगी नहीं, परंतु निर्ग्रंथमुनीको ऐसी व्यग्रता नहीं रहनेसे उनके ध्यानस्वाध्याय निर्विघ्न होते हैं. वस्त्रत्यागसे सूत्रस्वाध्याय व अर्थस्वाध्यायमें निर्विघ्नता प्राप्त होती है. स्वाध्याय और ध्यानका हमेशा अभ्यास होता है. इसलिये ग्रंथत्याग--परिग्रहत्याग यह गुण है. जैसे तंदुलके ऊपरका छिलका निकालनेसे वह निर्मल होता है वैसे बाह्य वस्त्रादि परिग्रहका त्याग होनेसे अभ्यंतर क्रोधादि परिग्रहोंका त्याग होकर आत्मा निर्मल होता है. इसलिये बाह्य परिग्रहत्याग अभ्यंतर परिग्रह दूर करनेका मूल कारण है. छिलकेसे अलग किया हुआ तंदुलधान्य अवश्य निर्मल होता है. परंतु छिलके से युक्त तण्डुलकी शुद्धि भजनीय है. इसी तरह निर्वस्त्र मुनि अवश्य निर्मल होते हैं. वस्त्ररहित मनुष्यमें रागद्वेषरहितता नामक गुण रहता नहीं है. सवस्त्र मनुष्यका मन सुंदर वस्त्र दीखनेपर अनुरक्त होता है. व अपने असुंदरवस्त्रका द्वेष करने लगता है. बाह्य पदार्थोंके आश्रयसे रागद्वेष उत्पन्न होते हैं. परंतु परिग्रह पास न रखनेसे उनकी उत्पत्ति नहीं होती है. शरीरपर अनादर करना यह गुण है. शरीरपर प्रेम करनेसे ही मनुष्य असंयममें व परिग्रहमें प्रवृत्त होता है. निर्वस्त्र मुनि वात, सूर्यका ताप, शीत वगैरह से उत्पन्न हुई पीडायें सहन करते हैं. इस लिये वे शरीरपर निरादर रहते हैं यह सिद्ध होता है. निष्परिग्रहतासे स्ववशतागुण प्राप्त होता है. देशांतरको जाते समय इस गुणके प्रभावसे किसीके सहायताकी अपेक्षा नहीं रहती है. संपूर्ण परिग्रहका त्यागी वह मुनि पिच्छमात्रका स्वीकार करता हुआ पक्षीके समान विहार करता है. परंतु वस्त्रधारी मनुष्य अन्य मनुष्यकी सहायताकी अपेक्षा करता हुआ संयमका कैसा पालन कर सकता है. अर्थात् उनसे संयम पालन होता नहीं.

वस्त्रत्यागसे मनकी विशुद्धि प्रगट होती है. कौपीन, वस्त्र इत्यादिकसे गुह्य आच्छादन करनेवालेकी भावशुद्धि नहीं जानी जासकती है. परंतु जो वस्त्ररहित है उसका निर्विकार देह देखकर उसका वैराग्य स्पष्टतया स्पष्ट जान सकते हैं. इसलिये अचेलतासे मनोविशुद्धि नामका गुण प्रकट होता है ऐसा समझना योग्यही है. इस अचेलतासे निर्भयता गुण प्राप्त होता है. जो वस्त्रसहित है उसको यह मेरा वस्त्र चौरादिक लोक हरण करेंगे, मेरेको ठोकेंगे, बांधेंगे, ऐसी भीति उत्पन्न होती है. भययुक्त मनुष्य क्या नहीं करेगा? अचेलतासे सर्व मनुष्योंमें विश्वास

उत्पन्न होता है. परिग्रहरहितको किसीमें भी शंका उत्पन्न होती नहीं. परंतु सचेल मनुष्य अपनेसाथ आनेवाले मनुष्यको अथवा किसी दुसरे मनुष्यको देखकर उसपर विश्वास नहीं करेगा. यह कौन है ? यह क्या करेगा? ऐसी शंका उसके मनमें अवश्य उत्पन्न होगी.

अप्रतिलेखना नामक गुणभी निष्परिग्रहतासे प्राप्त होता है. चौदा प्रकारके उपाधिओंको ग्रहण करनेवाले श्वेताम्बर मुनिओंको बहुत संशोधन करना पडता है परंतु नग्नता धारण करनेवाले दिगंबर मुनिओंको इसकी आवश्यकता रहती नहीं.

अचेलतामें परिकर्मवर्जन नामका गुण है. उद्वेष्टन करना, अलग अलग करना, सीना, बांधना, रंगाना इत्यादिक कार्य वस्त्रसहित मनुष्यको करने पडते हैं. परंतु निर्वस्त्र मुनि इनसे रहित होते हैं. स्वतःके पास वस्त्र प्रावरणादिक हो तो उसको धोना पडेगा. फटनेपर सीना पडेगा, ऐसे कल्पित कार्य करने पडते हैं. वस्त्र समीप होनेसे उससे अपनेको अलंकृत करनेकी इच्छा होती है और उसमें मोह उत्पन्न होता है.

अचेलतामें लाघव नामक गुण है. निर्वस्त्र मुनि खडे होना, बैठना, गमन करना इत्यादिक कार्योंमें वायुके समान अप्रतिबद्ध रहते हैं. अतः उनमें लाघव गुण रहता है. सवस्त्र मनुष्यमें यह गुण रहता नहीं.

तीर्थकराचरित नामका गुणभी अचेलतामें रहता है. उत्तमसंहनन-वज्रर्षभनाराच संहनन, और विपुलशक्तिके धारक ऐसे तीर्थकर मुक्तिका मार्ग सर्व भव्योंको प्रगट करते हैं. जितने तीर्थकर हो चुके और होनेवाले हैं वे सब वस्त्ररहित होकरही तप करते हैं. मेरूपर्वत वगैरह स्थानपर जो जिनप्रतिमायें हैं वे और तीर्थकरोंके अनुयायि गणधरभी निर्वस्त्रही है. उनके सर्व शिष्यभी वस्त्ररहितही होते हैं अतः अचेलत्व यह मुनिओंका प्रथम स्थितिकल्प सिद्ध हुआ.

जिसने आपना शरीर वस्त्रसे वेष्टित किया है वह जिनेश्वरके समान शरीरपरसे मोहका त्यागकर और आपने दो भुज नचि लंबायमान करके निश्चल हो जिनेश्वरका स्वरूप धारण नहीं करते हैं. नग्नतामें अपना बल और वीर्य प्रगट करना यह गुण है. परंतु जो सवस्त्र है वह सामर्थ्ययुक्त होकर भी अर्थात् परीषह सहन करनेका सामर्थ्य होनेपर भी उनको नहीं सह सकता है. इतने गुणोंको देखकर श्रीजिनेश्वरने आगममें अचेलताका वर्णन किया है.

जिसने वस्त्रधारण किया है वह मुनि यदि अपनको निर्ग्रंथ समझेगा तो पाखंडी साधुओंको भी हम क्यों न निर्ग्रंथ समझें ? हम ही निर्ग्रंथ है ऐसा उनका कहना केवल कहना ही है अर्थात् युक्तिशून्य है. मध्यस्थ लोक अर्थात् परीक्षक लोक उनका कहना मान्य नहीं करते हैं.

इस प्रकार वस्त्रमें अनेक दोष हैं. नग्नतामें दोष तो है ही नहीं परंतु गुणमात्र अपरिमित हैं. इसीलिये आचार्य महाराजने अचेलता स्थितिकल्प का प्रथम निरूपण किया है.

पूर्वागमोंमें वस्त्रपात्रादिकोंका ग्रहण करनेका विधान मिलता है ऐसी जिनकी कल्पना है वे अपना पक्ष इस प्रकार स्थापन करना चाहते हैं.

यदि वस्त्र पात्रादिकोंका विधान नहीं है तो उसकी प्रतिलेखना निश्चयसे करनेका विधान क्यों लिखा है ? आचारप्रणिधि नामक ग्रंथमें " प्रतिलिखेत्पात्रकंबलं ध्रुवं " इति । पात्र और कंबलको शोधना चाहिये अर्थात् वे निर्जन्तुक हैं या जन्तुसहित हैं यह देखना चाहिये. यदि जन्तुसहित हो तो वे जन्तु पिच्छिकासे दूर करने चाहिये.

आचारांगके लोकविचय नामक दूसरे अध्यायके पांचवे उद्देशमें ऐसा वचन है— " पडिलेहणं, पादपुंछणं, उग्गहं, कडासणं, अण्णदरं उवधिं पावेज्ज " अर्थात् पिंछी, रजोहरण, कटासन चटाई, फलक, पादपीठ वगैरह तथा और भी दुसरा परिग्रह ग्रहण कर सकते हैं ऐसा उल्लेख किया है. वस्त्रैषणा नामक प्रकरणमें इस मुजब विधान है. तत्थ एसे हिरिमणे सेगं वत्थं वा धारेज्ज पडिलेहणगं विदियं । तत्थ एसे जुग्गिदे देसे दुवे वत्थाणि धारिज्ज पडिलेहणगं तदियं ॥ तत्थ एसे परीसहं अणधिहासस्स तगो वत्थाणि धारेज्ज पडिलेहणं चउत्थं । इसका सारांश यह है—यह लज्जायुक्त मुनि एक वस्त्र धारण करें और प्रतिलेखनकेलिए दूसरा वस्त्र अपनेपास रक्खें. यह मुनि योग्य प्रदेशमें दोन वस्त्र धारण करे और प्रतिलेखनकेलिए तिसरा वस्त्र धारण करे. यदि शीतादि परीषह सहन न हो तो तीन वस्त्र धारण करें. और प्रतिलेखनकेलिए चौथा वस्त्र धारण करें.

तथा पादेसणा प्रकरणमें ऐसा कहा है ' हिरिमणे वा जुग्गिदे चावि अण्णगे वा तस्स णं कप्पदि वत्थादिगं पादचारित्तए ' अर्थात् लज्जायुक्त साधुको वस्त्रादिक रखने चाहिये. जिसके लिंगमें दोष हो तो वस्त्र धारण करना योग्य है.

पुनरपि उसी प्रकरणमें ऐसा उल्लेख है—'अलाबुपत्तं वा दारुगपत्तं वा, मट्टिगपत्तं वा अप्पपाणं, अप्प बीजं, अप्पसरिदं तथा अप्पकारं पत्तलाभे सति पडिग्गहिस्सामि " अर्थात् पात्र लाभ होता हो तो मैं तुंबीका पात्र अथवा लकडीका पात्र किंवा मट्टीका पात्र ग्रहण करूंगा. जिसमें जीव नहीं है, बीज नहीं है और जो बडा नहीं है ऐसा पात्र यदि मिलेगा तो मैं ग्रहण करूंगा.

वस्त्रपात्र यदि ग्राह्य नहीं है ऐसा आगममें लेखा होता तो इन सूत्रोंका आगममें उल्लेख ही नहीं आता.

भावनामें भी ऐसा कहा है—"चरमं चीवरधारि तेन परमचेलगे तु जिणे " अन्तिम तीर्थंकरके शरीरपर वस्त्र था तो भी वे अचेलक जिन थे.

सूत्र कृतांगके पुंडरीक नामक अध्यायमें भी ऐसा कहा है 'ण कहेज्जो धम्मकहं वत्थपत्तादिहेदुंमिति । वस्त्र और पात्र प्राप्त करनेके उद्देशसे धर्मोपदेश नहीं करना चाहिए.

वस्त्रपात्रके विषयमें निशीथ ग्रंथमें ऐसा प्रमाण है. 'कसिणाइं वत्थकंबलाइं जो भिक्खू पडिग्गहिदि अप्पज्जादि मासिगं लहुगं' इति । सर्व प्रकारके वस्त्रकंबलोंको ग्रहण करनेसे मुनिको लघुमासिक नामक प्रायश्चित्त विधि करना पडता है.

इस प्रकार सूत्रोंमें वस्त्र ग्रहणका विधान है. इसलिये अचेलताका--नग्नताका आपका विवेचन कैसा योग्य माना जायगा.

इसपर आचार्य कहते हैं— आगममें आर्यिकाओंको वस्त्र धारण करनेकी आज्ञा है. और कारणकी अपेक्षासे भिक्षुओंको अर्थात् मुनिओंको वस्त्र धारण करनेकी आज्ञा है. जो साधु लज्जालु है, जिसके शरीरावयव अयोग्य है अर्थात् जिसके पुरुषलिंगपर चर्म नहीं है. जिसके अंड दीर्घ हैं, अथवा जो परीषहसहन करनेमें असमर्थ है वह वस्त्र ग्रहण करता है.

आचारांगमें इस विषयमें ऐसा कहा है—"सुदं मे आउस्सत्तो भगवदा एवमक्खादं । इह खलु संयमाभिमुहा दुविहा इत्थी पुरिसा जादा हवंति । तं जहा–सव्वसमणागदे णो सव्वसमणागदे चेव । तत्थ जे सव्वसमणागदे थिरांगरिथपाणिपादे सव्विंदियसमण्णागदे तस्स णं णो कप्पदि एगमपि वत्थं धारिऊं, एवं परिहिउं एवं अणत्थ एगेण पडिलेहगेण इति " आयुष्मान् भगवान वीरस्वामीने ऐसा कहा है—इस जगतमें संयमको धारण करनेवाले

स्त्री पुरुष दो प्रकारके हैं. संपूर्ण अवयवोंकी अवस्थाको प्राप्त हुए ऐसे और असंपूर्ण ऐसे दो प्रकार हैं. जिनके शरीर, हाथ और पाय मजबुत है, जिनके शरीरकी अस्थिरचना मजबूत है. सर्व इंद्रियोंमें परिपूर्णता अर्थात् निर्दोषता है उनको एक भी वस्त्र धारण करना और पहरना अयोग्य है. मात्र उनको एक प्रतिलेखन अर्थात् पिच्छिका धारण करना योग्य है.

कल्प नामक ग्रंथमें ऐसा कहा है—हरिहेतुकं व होइ देहदुगुंछंति देहे जुग्गिदगे धारेज्ज सियं वत्थं परीसहाणं च ण विहासीति ॥ जिसका देह जुगुप्सायुक्त है अर्थात् जिसका पुरुषेंद्रिय चर्मरहित है, अंडकोष दीर्घ है, जो परीषह सहनेमें असमर्थ है वह मुनि जनसमुदायमें एक धवल वस्त्र धारण करें. कारणकी अपेक्षासे वस्त्र ग्रहण करना चाहिए इस विषय की पुष्टि करनेवाला और भी सूत्र आचारांगमें है. ' अह पुण एवं जाणेज्ज उपातिकंते हेमंतेहिं सुपडिवण्णे से अथ पडिजुण्णमुवधिं पदिट्ठावेज्ज हति ' इसका अभिप्राय यह है—थंडीके दिनोंमें जिसको जाडा सहन होता नहीं है ऐसे मुनिको वस्त्र ग्रहण करके जाडेका दिन समाप्त होनेपर और ग्रीष्म समय आनेपर जीर्ण वस्त्र छोड देना चाहिये. कारण की अपेक्षा से वस्त्र धारण करनेका विधान है. जीर्ण वस्त्र का त्याग करनेका विधान आगममें हैं इसलिये दृढवस्त्रका त्याग नहीं करना चाहिये ऐसा आगमसे सिद्ध होता है ऐसा यदि कहोगे तो वह अयोग्य है. अचेलता यह मूल गुण है ऐसा आचार्यका वचन है अतः वस्त्रका त्याग करना ही चाहिये. प्रक्षालन वगैरह संस्कार न होनेसे वस्त्रमें जीर्णता आती है. परंतु दृढवस्त्रका त्याग करना चाहिये ऐसा कथन करनेके लिये जीर्ण शब्दका प्रयोग किया है. पात्रका भी संयमार्थ ग्रहण करना चाहिये क्योंकि सूत्रोंमें उसका भी विधान है ऐसा कहना अनुचित है.

अचेलता शब्दका अर्थ सर्व परिग्रहोंका त्याग ऐसा होता है. पात्र भी परिग्रह है इसलिये उसका भी त्याग करना अवश्य सिद्ध होता है. अतः कारणकी अपेक्षासे वस्त्रपात्रका ग्रहण करना सिद्ध होता है. जो उपकरण कारणकी अपेक्षासे ग्रहण किया जाता है उसका त्याग भी अवश्य कहना चाहिये. इसलिये वस्त्र और पात्रका अर्थाधिकारकी अपेक्षासे सूत्रोंमें बहुत स्थानोंमें विधान आया है वह सब कारण की अपेक्षा से ही है ऐसा समझना चाहिये.

शासनचटुलदृष्टपुंडरीकः, क्रूरदोर्दण्डानां विनतासुतः, संपत्सुरापगाया हिमाचलः, मेतुरगाधशोकपंकस्य, पिता सुभगतायाः, ऐश्वर्यरत्नानामाकरः, कुयोनिचलबिप्रनष्टानां पृथुलशिवपुरं, इति श्रद्धानं अतिदुर्लभं दर्शनमोहोदयात् । उपशमात् क्षयोपशमात्, क्षयाद्वा दर्शनमोहस्य जाते पि श्रद्धाने संयमो दुर्लभतरः प्रत्याख्यानावरणोदयात् । उक्तं च—

दुर्ज्ञेयो भवति नरेण तत्त्वधर्मो ज्ञात्वापि प्रयतनमत्र कष्टमेव ॥
तज्ज्ञात्वा धृतिमुपलभ्य दृष्टतत्त्वैः, सद्धर्मे क्षणमपि मा कृथाः प्रमादं ॥
मुक्त्यर्थं सुकरतरोऽपि पापकार्यात् धर्मोऽभूत्क्षणमपि दुष्करो मनुष्यैः ॥
आश्चर्यं किमपि न चात्र संति मूढाः स्यादेतद्ध्रुवमिह कर्मणां गुरुत्वं ।
काकिण्यामपि गणयन्गुणं प्रहान्तं तद्धेतोः ममतुलं करोति यत्नात् ॥

तत्त्वज्ञः सुरमनुजर्द्धिमोक्षमूले सद्धर्मे हृदयमपि स्थिरीकरोति ॥
यत्पापे भृशमहिते करोति चेष्टामालस्यं परमहिते च याति धर्मे ॥
युक्तं तद्यदि न तथा भवेत्पृथिव्यां संसारे तनु पुरुषः कथं लभेत ॥

एवमपि परंपरेण दुर्लभपरंपरया । लद्धूण वि लद्धावि । संयमं संयमं खवगो क्षपकः । किं न लभेज्ज सुदिं न लभते श्रुतिं । संयोगकरीं संसारभयजननीं । अबहुस्सुदस्सकासे अबहुश्रुतस्य सूरेः पार्श्वे तस्माच्छ्रुतवानाचार्य आश्रयणीयः इति प्रस्तुतेन संबंधः ॥

सम्मं सुदिमल्लियंतो समीचीनां श्रुतिमल्लममानः । कदा मरणकाले । अबहुस्सुदस्सगासे अबहुश्रुतस्य पार्श्वे । दिग्घद्धं चिरं कालं । मुत्तिसुवगमिच्चादि मुक्तिशब्देनात्र प्राणेन्द्रियविषयासंयमत्यागः परिगृह्यते । तेनायमर्थः । चिरप्रवर्तितसंयमोऽपीति परिग्रहादि प्रत्यक्षते कुतः ? संयमात् । संयमहानिकथनेन चारित्राराधनाया अभाव आख्यायते । संयमात्प्रच्यवते कथमितिचेत्—मनोज्ञानामनोज्ञानां च विषयाणां सर्वत्र च सदा च सांनिध्यात् अभ्यंतरकारणस्य कर्मणोऽपि रागद्वेषमोहपरिणामाः प्रादुर्भवन्तीति दुर्निवारा इति यदन्ति । सक्कं वसी छेत्तुं अप्पवंशः वंशीत्युच्यते । गाढायत्तता हि तत्र संभवति शक्यते वंशी च्छेत्तुं । तत्तो गुरुत्वात् उक्कड्ढिदुं अवकर्षितुं । पुणो पश्चात् । दुक्खं दुष्करं । इय एवं । संजदस्स वि संयतस्यापि मनः । विसएसु रूपादितः । उक्कड्ढिदु अपकर्षितुं । दुक्खं दुष्करं । रागद्वेषेभ्यो व्यावर्तयितुं अशक्यं । एतदुक्तं भवति—रागद्वेषविजये यदि नाम प्रतिज्ञा कृता तथापि कृतशरीरसल्लेखनस्य क्षुदादिपरीषहैरुपद्रुतस्य मंदवीर्यस्य न श्रुतज्ञानप्रणिधानं तच्चांतरेण रागद्वेषप्रवृत्तेर्न चारित्राराधकता स्यात् । बहुश्रुतः पुनः यथास्य रागद्वेषौ न जायेते तथोपदिशति भोगनिर्वेजनीं शरीरनिर्वेजनीं कथामित्यर्थः—

एकांतदुःखे निरयप्रतिष्ठा तिर्यक्षु देवेषु च मानुषेषु ॥
कचित्कदाचित्तु कथंचिदेव सौख्यस्य संशाव शरीरिणां स्यात् ॥
एतान जन्मस्वटनाऽप्रमेयं शरीरिणा दुःखमवाप्यते यत् ॥
अनंतभागोऽपि न तस्य हि स्यात् सर्वं सुखं सर्वशरीरसंस्थं ॥
तत्रैकजीवः सुखभागमेकं भजेत्कियंतं जननार्णवेऽस्मिन् ॥
चंक्रम्यमाणः परतो वराको घनेऽतिभीतो हरिणो यथैकः ॥
भवेष्वनंतेषु सुखे तथापि शरीरिणैकेन समाप्तनीये ॥
स्मृतिर्भवेद्यदि यदाप्यते तत्किंयद्भवेत्तस्य विमृश्यमाणे ॥
अत्यल्पमप्यस्य तदस्तु तावत्तदुःखरात्रौ पतितं तदीयं ॥
स्यात्तद्रसं स्वादुरसं यथांबु प्राप्यांबुदानां लवणार्णवांबु ॥

यच्चाप्यदः सौख्यमितीष्यतेऽत्र पूर्वोत्थदुःखप्रतिकार एषः ॥
विना हि दुःखात्प्रथमप्रसूतात् न लक्ष्यते किंचन सौख्यमत्र ॥
प्रपीयते खंबु तृषाप्रशान्त्यै क्षुधाशनायाशनमश्यते च ॥
वेश्मांबुवातातपवारणाय गुह्यप्रतिच्छादनमंबरं च ॥
शीतापनुत्प्रावरणं च हर्म्ये च शय्या च निद्राश्रमनोदनाय ॥
यानानि चाध्वश्रमवारणार्थं स्नानं श्रमस्वेदमलापनुत्यै ॥
स्थानं श्रमस्यौषधमासनं च दुर्गंधनाशाय च गंधसेवा ॥
वैरूप्यनाशाय च भूषणानि कलाभियोगोऽरतिबाधनाय ॥

तथेह सर्वं परिचिंत्यमानं भोगाभिधानं सुरमानुषाणां ॥
दुःखप्रतीकारनिमित्तमेव मैषज्यसेवेव रुगार्दितस्य ॥
पित्तप्रकोपेन विदह्यमाने द्रव्याणि शीतानि निषेवमाणः ॥
मन्येत भोगा इति तानि योऽज्ञः कुर्वीत सोऽन्नादिषु भोगसंज्ञाः ॥
यतश्च नैकान्तसुखप्रदानि द्रव्याणि तोयप्रभृतीनि लोके ॥
अतश्च दुःखप्रतिकारबुद्धिं तेषु प्रकुर्यान्न तु भोगसंज्ञां ॥
क्षुधाभिभूतस्य हि यत्सुखाय तदेव तृप्तस्य विषायतेऽन्नं ॥
उष्णार्दितः कांक्षति यानि चेह तान्येव विद्वेषकराणि शीते ॥

किं च स्वचक्रविक्रमाक्रांतदेवमानवविद्याधरचक्राणां निकटोपनिविष्टालयनवनिधीनां, समधिगतचतुर्दशरत्नानां, चक्रलांछनानां, दशांगभोगानुभवचतुराणां। तथा सुधाशनानामप्यनेकसमुद्रोपमजीविनां, अप्रच्यवप्रख्यप्रथौवनानां,सहजस्वेच्छानुसारिदिव्याभरणमाल्यवसनसंपत्सौभाग्यस्कंधेन मनोनयनवल्लभरूपप्रसूनोज्ज्वेलन विलासपलाशेन, सौकुमार्यांकुरेण दिगंगनामुखवासायमानसौरभेण विद्रुमाधरपल्लवेन, निबिडोरुसधृस्तनकलेन, मनोभवदीक्षणानिलप्रेरणादोलायितन, ललितभुजशाखाप्रतानेन, स्फुरत्तपनीयमयरशनावेदिकापरीतकामनीरमणविशालजघनसरोविभूषणेन, मुखरनूपुरभ्रमरकृतकलकलेन देवकन्यालतावनेन परिवृतानामपि परैर्भोगैस्तृप्तिर्न किं पुनरितरमानवानां। अपि तीव्रतरपुण्योदयानलजनितचेतोविदाहानां नैर्यौघ्ये वामलोचनासंगमः तापप्रकर्षानुबंधत्वात्। रूपयौवनविलासचातुर्यसौभाग्यादीनां प्रकर्षापकर्षरूपेणावस्थितत्वादंगनासु। ताः पश्यतोऽपि उत्कंठानुपरतमुपजायमाना विदाहमावहति दुर्वहं। तास्त्यक्त्वा चेमं यांति मृतिं वा ढौकते, परैर्बलिभिर्वापनिन्यते। स्वयं वा दुर्विमोचतमपातकं यमपाशेनाकृष्यमाणं विहाय ता विसृतमुखो, निर्निमेषनयनो निरंतरोदनाच्छादितलोहितलोचनो जहाति। तासां तनयोऽपि स्फटिकमालेवोपाश्रितगुणग्राहिण्यः। ताश्चास्थिररागाः संध्यासमयजलदलेखेव दुर्लभाश्च। स्त्रीवस्त्रगंधमाल्यादीश्च लब्धानप्याहरन्ति बलिनः इति मद्वचनं, न च तर्पयन्ति। तदर्जनार्थं षट्कर्मसु प्रयतितव्यं। तानि च संदिग्धफलानि बहुतरायासमूलानि हिंसादिसावद्यक्रियापरतंत्राणि, दुर्गतिवर्धनानि इत्येवमात्मिका भोगनिर्वेजनी। शरीरं पुनरिदमशुचिनिधानं, आत्मनो महान् भारः, न चात्रास्ति किंचित्सारभूतं। सन्निहितानेकापायं व्याधिसख्यानां क्षेत्रं, जराडाकिनीपितृगृहं, किं च मान्ये कुले जातो विशालकीर्तिः गुणवानपि प्रहीणविभवो नीचं कर्म, पुरो धावनं, प्रेषणकरणं, तदुच्छिष्टभोजनं वा करोति शरीरपोषणाय। उक्तं च—

नान्तर्गतोऽथ न बहिर्मे च तस्य मध्ये सारोऽस्ति येन मनसा परिगम्यमानः ॥
तस्मिन्नसारजनकांक्षितकामसारैः कोऽन्यः करिष्यति मनः प्रतिबद्धसारः ॥
वायुप्रकोपजनितैः कफपित्तजैश्च रोगैः सदा दुरितजैः प्रविमथ्यमानः ॥
देहोऽयमेवमतिदुःखनिमित्तभूतो नाशं प्रयाति यदुपेक्षि कुरुष्व धर्मं ॥
संघातजं प्रशिथिलास्थि तरुप्रगाढं स्नायुप्रबुद्धमशुभं प्रगतं शिराभिः ॥
लिप्तं च मांसरुधिरोदककर्दमेन रोगाहितं स्पृशति देहविशीर्णगेहं ॥
इत्येवमादिका शरीरानिर्वेजनी।

अल्पज्ञ आचार्यका आश्रय करनेसे और भी दोष उत्पन्न होते हैं--

अर्थ-यह संसार समुद्र के समान है. द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भाव इनके द्वारा इसमें परिवर्तन होता है. टीकाकार क्रमसे पांच प्रकारके संसारोंका वर्णन करते हैं. द्रव्यसंसारका स्वरूप इस प्रकार है --

वारंवार शरीर ग्रहण करना व त्यागना इसको द्रव्यसंसार कहते हैं. पहिले नरकमें सात धनुष्य, तीन हाथ और छह अंगुल प्रमाण नारकी जीवोंका शरीर होता हैं. दूसरे नरकसे सातवे नरकपर्यंत नारकी जीवोंका शरीर दूना दूना ऊंचा हैं. सातवे नरकमें नारकिओंका शरीरप्रमाण पांचसौ धनुष्यका होता है. इस तरह नारकी जीवोंके शरीरके प्रकार हैं. प्राणिओंने भूतकालमें एक एक शरीर भी अनंतवार धारण किया है. भव्य जीवोंने भूतकालमें अनंतों शरीर धारण किये हैं. परंतु भविष्यकालमें वे अनंत शरीरोंको धारण करेंगे अथवा नहीं भी करेंगे. यदि थोडेहि दिनोंमें उनको मोक्ष प्राप्त होनेवाला होगा तो अनंत शरीर धारण नहीं करेंगे अन्यथा धारण करेंगे. अभव्यजीव भूतकालके समान भविष्यकालमें भी अनंतो शरीर धारण करेंगेही. इस प्रकार स्थूलरीतिसे द्रव्यसंसारका वर्णन किया है—

क्षेत्र संसारका वर्णन—सीमंतक नरक बिलसे अप्रतिष्ठ नामक नरकबिलतक चौरासी लाख नरकबिलोंकी संख्या है. इन एकेक नरकबिलमें भी इस जीवने भूतकालमें अनंत जन्ममरण धारण किये हैं. भव्यजीवोंके भविष्यकालमें अनंत जन्ममरण होंगे ही ऐसा नियम नहीं हैं. अभव्यों के भविष्यकालमें भी अनंत जन्ममरण होंगे ही.

कालसंसारका वर्णन—किसी उत्सर्पिणीके प्रथम समयमें कोइ जीव प्रथमनरकमें उत्पन्न हुआ. आयुष्य समाप्त होनेपर अन्य स्थानमें उत्पन्न हुआ. पुनः कदाचित् किसी उत्सर्पिणीके दुसरे समयमें प्रथम नरकमें उत्पन्न हुआ. इस प्रकारसे उत्सर्पिणीके तिसरा, चौथा, पांचवा वगैरे समयोंमें उसही नरकमें उत्पन्न हो होकर उत्सर्पिणीके संपूर्ण समय उसने पूर्ण किये. उत्सर्पिणीके समान अवसर्पिणीके समय क्रमसे उसही नरकमें जन्म लेकर उसने पूर्ण किये. प्रथमनरकमें जन्म लेले कर जैसे उसने उत्सर्पिणीके और अवसर्पिणीके समय पूर्ण किये. उसी तरह उसने अन्य नरकोंमें भी जन्म लेकर इनके समय पूर्ण किये हैं. प्रत्येक नरकमें पुनः पुनः जन्म लेकर इस जीवने अनंत उत्सर्पिणी अवसर्पिणी कालको समाप्त किया है.

भवसंसारका वर्णन—प्रथम नरकमें दस हजार वर्ष प्रमाण आयु धारण करके यह जीव नारकी हुआ. पुनः क्रमसे एक समय अधिक दस हजार वर्ष आयुका धारक हुआ. ऐसे एक एक समय बढता हुआ यह जीव प्रथम नरकमें एकसागरोपम आयुष्य पूर्ण करता है. दूसरे नरकमें एक एक समय अधिक के क्रमसे एक सागरोपम

वर्ष आयुष्य आदि लेकर तीन सागरोपम आयुष्यतक उसही नरकमें उत्पन्न होता है. तिसरे नरकमें एक समय अधिक तीन सागरोपम से प्रारंभकर दो तीन चार पांच इत्यादि समयोंसे बढता हुवा सात सागरोपम आयुष्यकी परिपूर्णता करता हुआ यह जीव बार बार तीसरे नरकमें ही उत्पन्न होता है. चौथे नरकमें समयाधिक सात सागर से लेकर द्वितीयादिक समयादिके क्रमसे दशसागरोपमकी समाप्ति होनेतक चतुर्थ नरकमें इस जीवने जन्म धारण किये हैं. पांचमें नरकमें एक समयाधिक दशसागरोपमायुष्यका प्रारंभ करके द्वितीयादि समयाधिकके क्रमानुसार सतरा सागरोपमायुष्यकी समाप्ति होनेतक पांचवे नरकमें इस जीवने जन्म धारण किया था. छट्ठे नरकमें समयाधिक सतरा सागरोपमायुष्यका प्रारंभ कर दुसरा, तिसरा वगैरे समय अधिक बढाता हुआ बावीस सागरोपमायुष्य तक असंख्यात जन्म जीवने धारण किये हैं. सातवें नरकमें समयाधिक बावीस सागरोपम आयुष्य से उत्पन्न होकर समयाधिक क्रमसे तेहतीस सागरोपमायुष्यकी समाप्ति होनेतक इस जीवने असंख्यात जन्म धारण किये हैं. इस प्रकार आयुके विकल्पोंको धारण करते हुए इस जीवने भवसंसारमें भ्रमण किया है.

भावसंसारका स्वरूप सर्वजन सुखसे जान सकते हैं इसलिये यहां उसका वर्णन करनेकी आवश्यकता नहीं है.

इस प्रकार इस संसारसमुद्रमें नानाविध तीव्र दुःखरूपी पानी है शारीरिक, मानसिक, आगंतुक व स्वाभाविक ऐसे दुःखके अनेक भेद है. इस संसारमें भ्रमण करने वाले इस जीवको कष्टसे मनुष्यपना प्राप्त होता है. सर्व जगतमें मनुष्य उत्पन्न होनेका क्षेत्र अल्प है और तिर्यंच प्राणी सर्व जगतमें उत्पन्न होते हैं. मनुष्यपना जिससे उत्पन्न होता है ऐसे कर्मकी उत्पत्ति करनेवाले कारणभूत परिणामोंकी प्राप्ति होना कठिन है इसलिये मनुष्यत्व दुर्लभ है.

मनुष्यत्व प्राप्तिके परिणाम कोनसे हैं इस प्रश्नका उत्तर—

जीवोंके परिणाम मिथ्यात्व, असंयम और कषाय ऐसे तीन प्रकारके हैं. वे परिणाम भी तीव्र, मध्यम और मंद है. कारणोंमें अर्थात् कर्मोंमें तीव्र, मध्यम और मंद स्वभाव रहता है अतः उनसे उत्पन्न होनेवाले परिणामोंमें भी तीव्र, मध्यम और मंदता आती है. कारणोंमें भेद होनेसे कार्यरूप परिणामोंमें भी विचित्रता आती है.

इन परिणामोंमें जो मध्यम हिंसादिपरिणाम हैं वे मनुष्यपना के उत्पादक है. वालुकामें खींची हुई

रेखाके समान क्रोध परिणाम, लकडीके समान मानपरिणाम, गोमूत्राकारके समान मायापरिणाम और कीचडके रंगसमान लोभपरिणाम ऐसे परिणामोंसे मनुष्यपनाकी प्राप्ति होती है. जीववात करनेपर हा मैंने दुष्ट कार्य किया है, जैसे दुःख वा मरण हमको अप्रिय है, संपूर्ण प्राणिओंको भी वह अप्रिय है. जगतमें अहिंसा ही श्रेष्ठ व कल्याण कारिणी है. परंतु हम हिंसादिकोंका त्याग करनेमें असमर्थ हैं. झूट परदोषोंको कहना, दुसरोंके सद्गुण देखकर मनमें द्वेष करना, असत्यभाषण करना यह दुर्जनोंका आचार है. साधुओंको अयोग्य ऐसे निंद्य भाषण और खोटे कामोंमें हम हमेशा प्रवृत्त हैं. इसलिये हममें सज्जनपना कैसा रहेगा? ऐसा पश्चात्ताप करना. दुसरोंका धन हरण करना यह शस्त्रप्रहार करनेसे भी अधिक दुःखदायक है. द्रव्यका विनाश होनेसे सर्व कुटुंबका ही नाश होता है इसलिये मैंने दूसरोंका धन हरण किया यह अयोग्य कार्य किया है ऐसे परिणाम होना. हमने परस्त्री वगैरह का हरण किया यह बहुत अयोग्य कार्य हमसे हुआ. हमारी स्त्रीका किसीने हरण करने पर जैसा हमको अतिशय कष्ट होता है वैसा उनको भी होता है यह अनुभवसे प्रसिद्ध है. ऐसे परिणाम होना. गंगादि नदिया हमेशा अपना अनंत जल लेकर समुद्रमें प्रवेश करती हैं तथापि समुद्रकी तृप्ति होती ही नहीं. यह मनुष्यप्राणी भी धन मिलनेसे तृप्त नहीं होता है. इस तरहके परिणाम दुर्लभ है.

(सत्पुरुषके मुखमें कठोर वचन, सूर्यमंडलमें अंधकार, तीव्रक्रोधी मनुष्यमें दया, लोभी मनुष्यमें सत्यभाषण, अभिमानी मनुष्यमें परगुणोंका स्तवन, स्त्रीमें मायारहितपना, दुष्टोंमें कृतज्ञता, कपिल, बुद्ध वगैरह आप्ताभासोंके मतमें वस्तुके सत्यस्वरूपका ज्ञान ये जैसे दुर्लभ हैं, वैसा मनुष्यत्वकी प्राप्ति होना दुर्लभ है.)

देश, कुल, रूप, आरोग्य, दीर्घायु, बुद्धि, शास्त्रश्रवण, ग्रहण, श्रद्धा, और संयम ये उत्तरोत्तर दुर्लभ हैं.

यहां आचार्य उत्तम देशमें जन्म होना दुर्लभ है इस विषयका वर्णन करते हैं —

कर्मभूमिज, भोगभूमिज, अन्तर्द्वीपज और संमूर्च्छिम ऐसे मनुष्योंके चार भेद हैं.

ढाई द्वीपोंमें पांचभरत क्षेत्र, पांच ऐरावत क्षेत्र और पांच विदेह क्षेत्र ऐसी पंधरा कर्मभूमियां हैं. पांच हैमवत क्षेत्र, पांच हरिवर्ष क्षेत्र, पांच देवकुरु, पांच उत्तर कुरु, पांच रम्यक क्षेत्र और पांच हैरण्यवत क्षेत्र ऐसी तीस भोगभूमियां हैं.

लवणसमुद्र और कालोदधि समुद्र के मध्यमें छानवें अन्तर्द्वीप हैं. चक्रवर्तीका सैन्य, मूतनेके, और हगनेके स्थान, वीर्य, नाकका मल, कफ, कानका मल, दांतोंका मल इनमें अंगुलका असंख्यात भाग प्रमाण शरीरके धारक सम्मूर्च्छन मनुष्य उत्पन्न होते हैं. भोगभूमि और अन्तर्द्वीपोंका छोड कर्मभूमिमें उत्पत्ति होना दुर्लभ है. कर्मभूमिमें भी बर्बर, किलातक, पारसीक वगैरे देशोंको छोडकर अंगदेश, वंगदेश, मगध वगैरह देशोंमें उत्पत्ति होना दुर्लभ है. उत्तम देशोंकी प्राप्ति होने पर भी चांडाल, धीवर, चमार, डोर वगैरे नीच कुलोंको छोडकर तप करनेके लिये योग्य अर्थात् मुनिधर्म धारण के योग्य कुलमें, जातिमें, जन्म होना दुर्लभ है.

माताके वंशको जाति कहते हैं. उत्तम कुलकी प्राप्ति होना क्यों कठिन है इसका विवेचन—

उत्तम जाति, कुल, रूप, ऐश्वर्य, ज्ञान, तप, बल इनकी प्राप्ति होनेपर गर्व न करना अन्य लोक भी इन गुणोंसे मेरेसे भी अधिक हैं ऐसा समझकर गर्व रहित होना, दूसरोंकी अवज्ञा न करना, जो गुणोंसे श्रेष्ठ हैं उनके साथ नम्रताका व्यवहार करना, दूसरोंके पूछने पर भी अन्य दोषोंका कथन न करना, अपने गुणोंकी स्तुति न करना इत्यादि परिणामोंसे उच्च गोत्रकर्मका बंध होता है जिससे मनुष्य उच्च कुलमें उत्पन्न होता है.

परंतु दुर्बुद्धिका मनुष्य उपर्युक्त परिणामोंका स्वीकार नहीं करता है. जो विपरीत परिणाम हैं. उनमें वह प्रवृत्ति करता है. जिससे उसको नीचगोत्रका बंध होता है. ऐसे विपरीत परिणाम होनेसे पूज्य—उच्चकुलकी प्राप्ति नहीं होती हैं. इसलिये उच्च कुल दुर्लभ है. अन्य ग्रंथोंमें इस प्रकार वर्णन है—

जो पुरुष जाति, कुल, रूप, ऐश्वर्य, आज्ञा, शरीरबल अथवा तप इत्यादिकी प्राप्ति होनेसे उन्मत्त होकर दुसरों की निंदा करते हैं अथवा अपनी प्रशंसा करते हैं. दुसरोंकी अवज्ञा, अनादर और अशुभ नामकर्मका बंध कर लेते हैं. जिससे इस संसारमें उनको निंद्य कुलादिकमें जन्म धारण कर प्रतिसमय निंदा, अपमान, वगैरह दुःख भोगने पडते हैं क्योंकि उसने पूर्वजन्ममें अत्यंत अभिमान धारण किया था.

परंतु जो पुरुष कुल, जाति वगैरहकी उत्तमता प्राप्त करके भी दूसरोंको अपनेसे भी बुद्धीसे विशिष्ट समझता हैं, जो किसी का अपमान, अवज्ञा नहीं करता है. जो बुद्धिमान् को देखकर नम्र होता है, पूछने पर भी जो दूसरोंके दोषोंका वर्णन नहीं करता है. अपनेमें गुण रहते हुए भी गर्वरहित होकर उनका कथन करता नहीं वह पुण्यपुरुष उच्चगोत्र शुभनामकर्म इनका तीव्र बंधकर इस संसारमें सर्व लोकोंका प्यारा बनता है.

उच्च कुलादिक जैसे दुर्लभ हैं वैसी नीरोगता अर्थात् रोगरहितदेह प्राप्त होना भी दुर्लभ है.

प्राणिओंको बांधना, ताडना, मारना, जलाना अन्न पानी न देना इत्यादि कार्यसे असातावेदनीय कर्मका तीव्र बंध होता है. इस विषयमें प्रश्नोत्तरमें ऐसा विवेचन आया है—

जो मूर्ख मनुष्य दयाका त्यागकर तीव्र संक्लेश परिणामी होकर अन्य प्राणीको बांधना, तोडना, पीटना प्राण लेना, खानेके और पीनेके पदार्थोंसे वंचित रखना ऐसे ही कार्य हमेशा करता है. ऐसे कार्यमें ही अपनेको सुखी मानकर जो नीच पुरुष ऐसे ही कार्य हमेशा करता है. ऐसे कार्य करते समय जिसके मनमें पश्चात्ताप होता नहीं उसको निरंतर असातावेदनीय कर्मका बंध होता है. जिससे उसका देह हमेशा रोगपीडित ही रहता है. तब उसकी बुद्धि व क्रियाएं नष्ट होती है वह पुरुष अपने हितका उद्योग कुछ भी नहीं कर सकता है.

इस विषयमें ग्रंथांतरमें ऐसे उल्लेख मिलते हैं—

वह प्राणी यद्यपि जीता है तो भी रोगरूपी महावज्रसे उसको सदा भयकी प्राप्ति होती है. जैसे आकाशसे अकस्मात् वज्रपात होता है वैसे अकस्मात् रोग आकर मनुष्यको पकडता है जिससे उसका देह नष्ट होजाता है.

जबतक देह रोगसे पीडित हुआ नहीं तबतक ही देहमें सामर्थ्य, आयुष्य, सौंदर्य रहते हैं. जबतक हवाका धक्का फलको नहीं लगता है तबतक वह डंटलसे संलग्न रहता है. वैसेही देहमें रोगका अड्डा जम जानेपर उसके रूपादिक सब गुण वहांसे प्रयाण करते हैं जैसा अग्नि जब घरको चारो ओरसे लगनेपर समर्थ पुरुष भी उसमेंसे अपनी अमूल्य वस्तुओंका रक्षण नहीं कर सकता है. वैसे रोगसे देह पीडित होनेपर अपना हित सुखसे करनेमें यह जीव असमर्थ होता है.

जो प्राणी हमेशा परजीवोंका घात करके उनके प्रियजीवित का नाश करता है वह प्रायः अल्पायुषी ही होता है. आयुष्यका नाश होनेके बहुत निमित्त हैं—

पानी, अग्नि, वायु, सर्प, विच्छु, रोग, श्वासोच्छ्वास का रुक जाना. आहार न मिलना, और वेदना इत्यादिकोंसे आयुका क्षय होता है. इसवास्ते मनुष्यजन्म प्राप्त होनेपर भी दीर्घायुष्य की प्राप्ति होना सुलभ नहीं है.

यद्यपि आयु शब्द सामान्यका वाचक है तथापि यहां दीर्घायुष्यका वाचक माना है. अन्यथा आयुष्य मात्र तो संसारी जीवोंको सुलभ है ही.

देश, कुल, जाति, नीरोगता वगैरह की प्राप्ति होनेपर भी बुद्धिका लाभ होना बडा कठिण है. बुद्धिका अर्थ यहांपर परलोक की प्राप्ति करा देनेवाली बुद्धि ऐसा है. अर्थात् परलोकमें इस आत्माकी हित करनेवाली बुद्धि दुर्लभ है. सामान्य ज्ञान प्राप्त होना कुछ कठिन नहीं है. जैसे मेघपटलसे आच्छादित होनेपर सूर्यका प्रकाश भूतलपर नहीं आता है, वैसे ज्ञानावरणीय कर्मके उदयसे आत्माकी ज्ञानशक्ति आच्छादित होती है. मिथ्यात्व कर्मका उदय होनेसे ज्ञानमें विपरीतपना होता है. अर्थात् पदार्थका सच्चा स्वरूप जाननेमें असमर्थ होता है. उसका विपरीत स्वरूप समझ लेता है.

आत्मा नामक कोइ पदार्थ ही नहीं है. अतः यह शुभाशुभ कर्मका कर्ता है ऐसा मानना निर्मूल है. शुभाशुभ कर्मसे सुख और दुःखरूपी फल उत्पन्न होता है. और यह आत्मा उसका अनुभव लेनेमें लीन होता है. यह कहना या मानना निःसार है. आत्मा पाप या पुण्य कर्मके वश होकर परलोककी प्राप्ति कर लेता है यह वचन भी मिथ्या है. इस विषयमें अन्यत्र ऐसा कहा है—परलोक नहीं है. आत्मा और पाप पुण्य नहीं है. धर्म और अधर्म नामकी चीज भी नहीं है. क्या किसीने स्वर्ग देखा है ? अथवा भयंकर दुःख देनेवाले नारकियोंके निवासस्थल भी देखे हैं ? कर्म बंध, और मोक्ष क्या चीज है ? अर्थात् कुछ भी नहीं है. बंध और मोक्ष न होने से तपश्चरणादिक करना व्यर्थ है. प्राप्त हुए सुंदर स्त्री वगैरह पुरुषोंका यथेच्छ सेवन करना चाहिए. क्योंकि प्रत्यक्ष को छोडकर अप्रत्यक्ष चीजोंकी अभिलाषा करना बुद्धिमानका कर्तव्य नहीं है.

इस विषयमें कोई विद्वान ऐसा कहते हैं—सोलह वर्ष की स्त्री और बीस वर्षका जवान पुरुष इनका हाव भावपूर्वक कटाक्षपात, हास्यमिश्रित भाषण और रतिक्रीडा यही स्वर्ग है इससे और स्वर्ग नामकी चीज ही नहीं है.

यह स्त्री मकरध्वजकी जयपताका है, इससे संपूर्ण पदार्थोंकी संपत्ति प्राप्त होती है. स्वर्ग और मोक्षकी इच्छासे जो दुर्बुद्धि लोक इस स्त्रीका त्याग कर वनमें प्रयाण करते हैं वे स्त्रीका त्याग करनेके अपराधसे दंडित कर दिये जाते हैं. कितनोंका मुंडन किया जाता है. कोइयोंको रक्तवस्त्र पहराया जाता है, कोइ जटायुक्त और कोइ

कापालिक किये जाते हैं. अर्थात् हाथ में कपालपात्र लेकर भिक्षार्थ भ्रमण करने लगते हैं. अर्थात् स्त्रीका त्याग कर जो वनमें जाते हैं उनकी ऐसी दुर्दशा होती हैं. और जो उसकी आज्ञा शिरोधार्य समझकर प्रवृत्ति रखते हैं. उनको यहां ही स्वर्ग और मोक्षका सुख मिलता है.

और भी इस विषयमें कोई विद्वान् ऐसा कहते हैं—

पानीका बबूला जैसा क्षणके बाद पूर्ण नष्ट होता है. जीव भी देहका नाश होनेपर विनष्ट होते हैं. परलोकको प्रयाण करनेवाला आत्मा नहीं है तो परलोककी सिद्धि कैसी होगी ? अर्थात् जीवनामक पदार्थ नहीं है. इस लिये परलोकका भी अभाव है. ऐसे और इसके सदृश और भी विचार बुद्धीमें दर्शनमोहनीय कर्मके उदयसे उत्पन्न होजाते हैं. जीवोंमें बुद्धि तो होती है. परंतु उसने कुमार्गका आश्रय लिया है. जीवोंको यथार्थ रत्नत्रयमार्ग दिखलाने वाले सद्गुरुओंका संसर्ग मिलना बडा ही कठिण हो रहा है.

यतिजन अर्थात् सद्गुरु यथार्थ ज्ञानरूपी नेत्रके धारक हैं. संपूर्ण प्राणिओंमें वे दया करते हैं. वे लाभ की, सत्कारपुरस्कार की अपेक्षा नहीं करते हैं. चतुर्गतिओंमें संसारीजन हजारों यातनायें भोग रहे हैं यह देखकर उनके अंतःकरणसे दयाका प्रवाह बहता है. " अहो ये अज्ञजन मिथ्यादर्शनादि अशुभ परिणामोंसे अशुभगतिको उत्पन्न करनेवाले कर्मोंका बंध कर रहे हैं इन कर्मोंसे छूटनेका उपाय ये लोक जानते नहीं हैं. इससे ही ये दीन प्राणी अपार दुःखरूपी समुद्रमें प्रवेश कर दुःख भोग रहे हैं " ऐसा विचार सद्गुरु मनमें करते हैं. ऐसे सद्गुरुका संसर्ग होना दुर्लभ है.

दर्शनमोहनीय कर्म और ज्ञानावरणीय कर्मका उदय होनेसे लोक यतीके गुणोंको जानते नहीं और उनके ऊपर श्रद्धान भी करते नहीं. इसी लिये उनके पास वे जाते नहीं. जबतक सद्गुणोंका स्वरूप नहीं जाना जाता है तबतक उसका स्वीकार करनेकी प्रवृत्ति लोकोंमें नहीं दीखती है. चारित्रमोहनीय कर्मके उदयसे प्राणीकी हिंसा लोक स्वयं करते हैं, करवाते हैं और अनुमोदन देते हैं. हिंसादिक कार्योंको करनेवाले लोकोंमें प्रीति रखते हैं. जो हिंसादि अकार्योंको नहीं करने देते हैं उनमें लोक प्रेम करते नहीं. जब मनमें अहिंसादिक गुणयुक्तोंपर प्रेमही नहीं तो उनमें संसर्ग और उनकी सेवा कैसी होगी ?

यह साधुसेवा संसारका नाश करती है, क्रोधादि अशुभपरिणामोंका उपशम करके ज्ञानको बढाती है. साधुसेवासे पुण्य और यश बढते हैं.

सत्पुरुषोंका एक बार दर्शन भी हुआ तो वह भी संसारका नाश करनेमें कारण होता है. तो उनकी सेवा करनेकी योग्यता मिलनेपर यदि हमने उनकी सेवा की तो उससे हमारे संसारका नाश होनेमें क्या देर लगेगी ?

यदि सज्जनोंकी सेवा हम नहीं करेंगे तो हमको ज्ञानकी प्राप्ति नहीं होगी. ज्ञानके विना हमको हित करनेवाले देवपूजा, स्वाध्याय वगैरह कर्मोंका स्वरूप ज्ञात नहीं होता है. अतः मोक्षकी प्राप्ति होती नहीं.

साधुओंकी उपासना करनेसे यदि परम्परासे भी मोक्षकी प्राप्ति होती है तो साधुओंकी सेवा करनेवाले मनुष्योंकी क्या हानि और श्रम होगा ? अर्थात् मोक्षप्राप्ति के समान जगतमें दूसरा अनुपम लाभ है ही नहीं अतः मनुष्यने साधुओंकी सेवा श्रमकी परवा न कर करनी चाहिए.

मोक्षप्राप्तिके इच्छुक विद्वान लोग अवश्य साधूका आश्रय करें. क्योंकि साधु पुरुष आश्रितजनोंको आनन्दसे अक्षय मोक्ष अर्पण करते हैं.

अभिमान और मोह दूरकर इह पर लोकमें हितको चाहनेवाले मनुष्य सतत सत्पुरुषकी विनयसे सेवा करें. क्योंकि, जगतमें सत्पुरुष तपरूपी वैभवसे युक्त होते हैं. अर्थात् महातपस्वी जनोंकी सेवा अवश्य करनी चाहिए.

दैवयोगसे मुनि सहवास प्राप्त भी हुआ परन्तु उनसे हमने हितका उपदेश नहीं सुना तो उनके सहवास का फायदा हमने नहीं लिया ऐसा ही समझना चाहिए. यदि हमने खेतमें बीज नहीं बोया और वृष्टि हुई तो उस वृष्टि से कुछ फायदा नहीं है. वैसे सत्पुरुषका उपदेश हमने सुना नहीं तो उनका सहवास व्यर्थ ही हुआ ऐसा समझना चाहिए. यतीश्वरके समीप जाकर हम यदि उनका हितोपदेश सुनेंगे तो यतिसमागम सफल हुआ ऐसा समझना चाहिए. इसलिए हितोपदेश सुनना दुर्लभ है ऐसा आचार्य कहते हैं.

सत्पुरुषोंका उपदेश सुननेके लिए जाकर भी कोई वहां सोते हैं, अथवा अपने पास बैठे हुए मनुष्यके साथ वार्तालाप करते हैं अथवा उनका वचन सुनते हैं सत्पुरुषके उपदेशके तरफ उनका लक्ष्य नहीं जाता. प्रगट किये धर्मके माहात्म्यपर मोहनीय कर्मके उदयसे उनकी अरुचि हो जाती है.

अथवा मति मंद होनेसे उनके उपदेशका रहस्य नहीं जाननेसे उनमें उसका प्रेम उत्पन्न नहीं होता है प्रेमके विना उनमें सुननेकी उत्कंठा नहीं होती है.

इस विषयमें आचार्य ऐसा कहते हैं—

मोक्षप्राप्तिके उपायका अर्थात् रत्नत्रयका उपदेश देनेवाले आचार्य के वसतिकामें जाकर भी जो प्रमादसे अन्य लोगोंकी बातें सुननेमें अपने चित्तको एकाग्र करता है वह मूर्ख मनुष्य सरोवरके पास जाकर भी कीचडमें फंसे हुए मनुष्य के समान समझना चाहिये.

यद्यपि सत्पुरुषके वचन सुनने पर भी उसका अभिप्राय ध्यानमें रखना दुर्लभ है. क्योंकि जीवादि वस्तुओंका स्वरूप सूक्ष्म होनेसे और वह पूर्वकालमें कभी सुननेमें नहीं आनेसे उसका अभिप्राय मनमें समझना कठिन है. यद्यपि ज्ञानावरणीय कर्मका क्षयोपशम विशेष होनेसे बुद्धि जीवादिकोंका स्वरूप जानेगी, धर्मका स्वरूप जानेगी तथापि जाने हुए जीवादिके स्वरूपमें और धर्मस्वरूपमें श्रद्धा उत्पन्न होना दुर्लभ है.

यह श्रीजिनेश्वरका धर्म अहिंसात्मक है. यह सत्यके आधार पर है अर्थात् सत्यपना इसकी नींव है. परधन हरण न करना यह इसका स्वरूप है. नउ प्रकारसे ब्रह्मचर्य द्वारा इसका संरक्षण किया जाता है. संपूर्ण परिग्रहोंपरसे ममत्व दूर करना यह इसका ध्येय है. विनय इसका मूल है. इस धर्मके आचरणसे मनुष्यको सम्यग्ज्ञानकी प्राप्ति होती है. क्षमा, मृदुपना अर्थात् अभिमानका त्याग, निष्कपटपना, संतोष इत्यादि गुण इस धर्मके अलंकार हैं. यह नरकका मार्ग बंद करनेके लिये वज्रार्गला के समान है. पशुगतिरूपीवेलीको काटनेके लिये यह जिनधर्म कुल्हाडीके समान है. दुःखरूपी पर्वतके शिखरोंको विध्वस्त करनेके लिये यह धर्म कठोर वज्रके समान है. मोहरूपी महावृक्षको समूल उपाडनेके लिये यह धर्म जोरदार हवाके समान है. वृद्धावस्थारूप वनकी अग्नीकी ज्वालायें बुझानेके लिये यह वर्षाकालीन वृष्टि करनेवाला मेघ है. मरणरूप हरिणका घात करनेके लिये यह धर्म वाघके तुल्य है. भयंकर रोगसर्पोको यह गरुडके समान है. संपत्तिरूपी गंगानदीकी उत्पत्तिके लिये यह धर्म हिमपर्वत है. अगाध शोकरूपी कीचडको यह सेतू है. यह जैनधर्म सौंदर्यका पिता है. ऐश्वर्यरूप रत्नोंकी यह खान है. कुयोनिवनमें भ्रमण करनेवाले प्राणिओंको यह धर्म मुक्तिनगरको लेजानेवाला है. ऐसे जिनधर्मके ऊपर श्रद्धा होना अतिशय दुर्लभ है.

दर्शनमोहनीय कर्मके उदयसे लोक इससे मुंह मोडते हैं. दर्शनमोहनीय कर्मका उपशम, क्षय अथवा क्षयोपशम जब होता है तब इस परमहितकारक धर्मपर प्राणी श्रद्धा करने लगते हैं. श्रद्धा न करनेपर भी संयम-चारित्रकी प्राप्ति होना अधिकही कठिन हैं क्योंकि प्रत्याख्यानावरणी कर्म जीवको चारित्रपालन करनेमें प्रतिबंध करता है. इस विषयमें पूर्वाचार्य ऐसा कहते हैं -

मनुष्यको सत्यधर्मका स्वरूप बडे कष्टसे मालुम होता है. ज्ञान होनेपर धर्ममें प्रवृत्ति करना उससे भी अधिक कठिन है. जीवादिक तत्त्वोंका स्वरूप जिसने जाना है ऐसे मनुष्यको धर्मका स्वरूप जानकर उसमें स्थिर होना चाहिये और इस धर्मका आचरण करते समय प्रमादको छोड देना चाहिये. एक क्षणपर्यंत भी उसका आश्रय नहीं करना चाहिये.

पापकार्य करनेकी अपेक्षा धर्माचरण करना अधिक सुलभ है. परंतु एक क्षणपर्यंत भी धर्माचरण करना मनुष्यको कठिनसा दीखता है.

इसमें कोइ आश्चर्यकी बात नहीं है. पापकर्मके तीव्र उदयसे मनुष्य मूढ होते हैं. एक तुच्छ कवडीको भी महत्त्वकी चीज समझकर यह मूढ मानव उसकी प्राप्तिके लिये महान्परिश्रम करता हुआ देखा जाता है.

परंतु तत्त्वज्ञ मनुष्य देव और मनुष्यका ऐश्वर्य देनेमें समर्थ मोक्षका मूल ऐसे सद्धर्म में अपना हृदय स्थिर करता है.

मूढ मनुष्य अहित कार्यमें ही प्रयत्न करता है. और परमहितकर धर्ममें हमेशा आलसी रहता है. यह योग्यही है. यदि मनुष्य ऐसी प्रवृत्ति न करेगा तो उसका संसारमें भ्रमण कैसा होगा ?

संयमकी-मुनिधर्मकी भी जो कि परंपरा दुर्लभ है प्राप्ति हुई तो भी अल्पज्ञ गुरुके समीप सल्लेखना धारण करनेवाले मुनिको संसारसे भय उत्पन्न करनेवाला धर्मोपदेश मिलना कठिन है. इस लिये बहुश्रुतज्ञ आचार्यका आश्रय करना ही योग्य है. ऐसा इतना विवेचन करनेका अभिप्राय है.

अल्पज्ञ आचार्यसे क्षपकको उत्तम-भवोद्धारक धर्मोपदेश नहीं मिलनेसें मरणकालमें वह संयमसे भ्रष्ट होता है. तात्पर्य यह है कि दीर्घ कालतक प्राणिसंयम और इंद्रियसंयमका पालन क्षपकने किया था परंतु मरण समयमें उससे वह भ्रष्ट होनेसे वह चारित्राराधानासे रहित हो जाता है. संयमसे भ्रष्ट वह क्यों होता है इस प्रश्नका

उत्तर यह है —मनोज्ञ और अमनोज्ञ पदार्थ सर्वत्र और हमेशा रहते हैं. और अन्तरंग कारण जो कर्म उसका उदय होनेसे दुर्निवार राग, द्वेष, और मोहकी उत्पत्ति होती है, जिससे वह चारित्र का त्याग कर बैठता है.

जैसे बांसके समुदायमेंसे छोटा बांस कुल्हाडीसे काट सकते हैं परन्तु वह उखाडकर निकालना अतिशय कठिन है. वैसे संयमीका मन जब विषयोंमें आसक्त होता है तो उससे उसको निकालना दुःसाध्य होता है. अर्थात् मनमें उत्पन्न हुए राग द्वेष नष्ट करना कठिन कार्य है. इस विवेचनका यह अभिप्राय है— रागद्वेषोंका पराजय करने की क्षपकने प्रतिज्ञा की थी तथापि शरीरसल्लेखना करनेपर जब वह भूक प्यास वगैरह परीषहोंसे पीडित होता है और उसको सहन करनेका सामर्थ्य कम होता है तब श्रुतज्ञानके प्रति मनकी एकाग्रता नष्ट होती है. श्रुतज्ञानमें एकाग्रता न होने से राग द्वेष उत्पन्न होते हैं और वह क्षपक चारित्राराधनासे च्युत होता है.

ऐसे समयमें यदि बहुश्रुत आचार्यका संगम प्राप्त होगा तो वे रागद्वेषोंकी उत्पत्ति न होगी ऐसा उपदेश देते हैं. शरीर और भोगोंमें वैराग्य उत्पन्न होगा ऐसी कथायें उसको कहते हैं. और चारित्राराधनामें उसको स्थिर करते हैं.

भोग और शरीर में वैराग्य उत्पन्न करनेवाली कथा अर्थात् उपदेश इस प्रकार है—

नरकमें नारकिओंको दुःखही दुःख है. सुखका लेश भी वहां नहीं है. तिर्यंच प्राणी, देव और मनुष्य इनको किसी प्रदेशमें किसी कालमें और किसी प्रकारसे थोडासा सुख मिलता है.

नाना कुयोनिमें भ्रमण करनेवाले इस जीवने जो अपरिमित दुःख प्राप्त किया है वह इतना अधिक है कि आजतक अनेक शरीर धारण कर इसने जितना सुख प्राप्त किया है उससे वह अनंत गुणित है. अर्थात् जितना सुख इस जीवने आजतक भोगा है वह भोगे हुए दुःखका अनंतवा भाग भी होना कठिन है.

इस जन्मसागरमें यह एक जीव सुखके एक भागको कितने दिन भोगेगा. जैसे वनमें अतिशय भयाकुल हरिण दुःखोंसे व्याप्त होनेसे सुखका अति अल्पकाल में ही थोडासा अनुभव लेता है.

जो सुख अनंतभवमें भ्रमण कर यह प्राणी प्राप्त करता है उसका एक भवमें यह प्राणी कितना हिस्सा प्राप्त कर लेगा यह विचारणीय है. जैसे मेघोंका पानी लवणसमुद्रके पानीसे मिलकर खारा बन जाता है. वैसे इस जीवका अत्यल्प सुख दुःखराशीमें मिलकर दुःखरूप ही होजाता है.

इसी संसारमें जिसको लोक सुख यह नाम देते हैं, वास्तविक वह सुख है ही नहीं. वह केवल पूर्वकाल में उत्पन्न हुए दुःखोंको दूर करनेका इलाज मात्र है. प्रथमतः जो दुःख उत्पन्न होता है उसके इलाजको ही सुख कहते हैं. यदि प्रथम दुःख नहीं हुआ तो सुख की कल्पना भी उत्पन्न नहीं होगी.

तृष्णाका शमन करनेकेलिये मनुष्य पानी पीता है. और भूख की वेदना नष्ट करनेकेलिये भोजन करता है. जल, हवा और सूर्यसंतापका निवारण करनेके लिये लोक घरका, गुह्यका आच्छादन करनेके लिये वस्त्रका, और निद्राका श्रम दूर करनेकेलिये शय्याका आश्रय करते हुए देखे जाते हैं.

रस्तेका श्रम दूर करनेके लिये घोडा, गाडी वगैरह उपाय हैं. और श्रमसे उत्पन्न हुए स्वेदको हटानेका जलस्नान करना यह उपाय है. अथवा एकस्थान में स्वस्थ बैठना यह श्रम दूर करनेका उपाय है. दुर्गंधका नाश करनेके लिये सुगंधि पदार्थोंका सेवन करना यह उपाय माना जाता है. शरीरकी कुरूपता दूर करने के लिये अलंकारोंको धारण करना यह उपाय है. अरतिको हटानेकेलिये कलाओंका अभ्यास करना यह सर्व प्रतिकाररूप होनेसे इसको ही लोक सुख समझते हैं. जैसे रोगसे पीडित मनुष्य रोगजन्य दुःखका प्रतिकार करनेकेलिये औषध ग्रहण करता है. देवोंके और मनुष्योंके भोग जिनको वे सुख रूप समझते हैं वे सब दुःखका प्रतिकार करनेमें केवल निमित्तमात्र ही हैं. पित्तप्रकोपसे जिसके सर्व अंगमें दाह हो रहा है वह मनुष्य शीतपदार्थोंका सेवन करता है उनको यदि वह अज्ञानी भोग यह नाम देगा तो वह अन्नादिक पदार्थोंको भी भोग नाम देगा.

इस जगतमें पानी वगैरह पदार्थ सर्वथा सुख ही देते हैं ऐसी कल्पना करना भी भूलसे खाली नहीं है. इसलिये वे पदार्थ दुःखका प्रतीकार करनेवाले हैं इतना ही समझना चाहिये. उनमें भोगसंज्ञा करना योग्य नहीं है. जो अन्न भूखसे पीडित मनुष्यको सुखका कारण होता है वही तृप्तमनुष्य को विषसमान हो जाता है. उष्णतासे पीडित हुआ मनुष्य जिन चीजोंको चाहता है वे चीजें शीतकालमें दुःखदायक होती है. इस जीवको चक्रवर्ती के सुखसे तृप्ति नहीं होती है. चक्रवर्ती अपने चक्ररत्नके प्रभावसे देव मनुष्य और विद्याधरोंको जीतते हैं. उनके पास क्षयरहित नउ निधि रहते हैं. वे चौदह रत्नोंके स्वामी होकर दस प्रकार के भोगोंका अनुभव लेते हैं तो भी उनसे उनका मन तृप्त होता नहीं.

देव भी देवांगनाओंसे प्राप्त होनेवाले विषयसुखसे तृप्त होते नहीं हैं. देवोंका आयुष्य अनेक सागरोंका

रहता है. वे आभरण तरुण ही होते हैं. वे हमेशा देवांगनारूपी लतासमूहसे घिरे रहते हैं तो भी उनको इनसे उत्पन्न होनेवाले सुखसे तृप्त होती नहीं.

देवांगनारूपी लतावनकी आचार्य इस प्रकार निरूपणा करते हैं—

स्वाभाविक अर्थात् जन्मसे ही साथ उत्पन्न हुये ऐसे दिव्य अलंकार, पुष्पमाला, दिव्यवस्त्र, दिव्य ऐश्वर्य एतद्रूप स्कंधसे यह देवीलतावन सुंदर दीखता है. मन और नेत्रोंसे आल्हाद देनेवाले सौंदर्यपुष्पोंसे यह देवी-लतावन पुष्पित है.

इन लताओंको विलास रूपी मनोहरता आती है. सुकुमारतारूपी नवीन कोमल अंकुर इनकी शोभा बढाते हैं. ये लतायें अपने शरीरके सुगंधसे दिगंगनाओंका मुख सुगंधित करती हैं. इनका अधरोष्ठपल्लव मूंगाके समान मनको लुब्ध बनाता है. ये लतायें कठिन, उन्नत अर्थात पुष्ट और गोल ऐसे स्तनरूपी फलोंसे कमनीय दीखती हैं मदनरूप दक्षिण वायुके झकोरोंसे ये डुलती हैं, सुंदर बाहुरूपी सुंदर शाखाओंसे मनोहर दीखती है. चमकीले सुवर्ण के कमरपट्टारूपी तटसे युक्त, कामजलसे भरा हुआ, ऐसे विशाल जघन रूपी सरोवरसे ये सोहती हैं. शब्द करनेवाले नूपुररूपी भ्रमरोंसे कलकल शब्द करने वाली ऐसी देवांगनारूप लताओंसे घिरे होते हुए भी देव तृप्त नहीं होते हैं. और भी अनेक भोग्य पदार्थोंसे उनका मन तृप्त होता नहीं, यदि देवोंके मन इतनी सुखसामग्री मिलनेपर भी अतृप्त ही रहता है, तो मनुष्यका मन कैसा तृप्त होगा.

तीव्रतर पुरुषवेदका जब उदय होता है तब वह अग्निके समान मनुष्यके मनको जलाता है. ऐसे समय स्त्रीसंभोगरूपी औषधसे भी उस मनकी जलन शांत नहीं होती है. स्त्रीसंभोगसे कामाग्नि अधिक ही प्रदीप्त होती है. रूप, तारुण्य, विलास, चतुरता, सौभाग्यादिकसे एकसे दूसरी अधिक, दूसरीसे तीसरी अधिक ऐसी उत्तरोत्तर अधिक २ सुंदरी स्त्रियां नजरमें आ जानेसे उनके संगमकी मनमें अभिलाषा बढती है जिससे कामवेदना पुरुषको अधिक व्याकुल करती है.

कोइ स्त्रिया अपने पतिका त्याग करती हैं, अथवा मर जाती हैं. अथवा बलवान पुरुष उनको हर कर-ले जाते हैं. अथवा स्वयं यमके पाससे जकडा हुआ इच्छा न होते हुए भी स्त्रीको छोडकर यममंदिरको जाता है.

मरनेकी अवस्थामें वह दीन पुरुष अपना मुख उघाडकर, नेत्रोंकी टकटकी लगाता हुआ, रोनेसे जिसके नेत्रोंपर सूजन और लालपना आगया है ऐसा होता हुआ अपनी प्राणप्यारीको छोडकर चल बसता है.

स्फटिकमणिओंकी माला जैसा समीपके पदार्थका गुण ग्रहण करती है वैसे स्त्रियोंके शरीर समीपस्थ व्यक्तिके गुणोंका ग्रहण करता है. संध्याकालीन मेघोंकी पंक्ति लालरंगसे मनोहर दीखती है परन्तु उनका यह रंग शीघ्र ही नष्ट होता है. वैसे स्त्रियोंका प्रेम उत्पन्न होकर शीघ्रही विलयको प्राप्त होता है. अर्थात् आज एक पुरुष पर उनका स्नेह जम जाता है तो कल वे दूसरोंपर प्रेम करेगी. स्त्रीकी प्राप्ति होना भी दुर्लभ होता है. स्त्री, वस्त्र, गंध, माला वगैरह पदार्थ मिलनेपर समर्थ लोक जबरदस्ती से हर लेते हैं. इससे मन भय युक्त होता है. अर्थात् ये पदार्थ मेरे को प्राप्त हुए हैं परन्तु कोई इसको ले तो नहीं जायगा ऐसा भय मनमें उत्पन्न होता है. ऐसा भय होनेसे ये पदार्थ आत्माको सुखदायक होते नहीं. इनकी प्राप्ति के लिए खेती वगैरह छह कर्म करने पडते हैं. इन षट्कर्मोंसे संपत्तिरूपी फल प्राप्त होगा ही ऐसा नियम नहीं है और इनमें परिश्रम बहुत करना पडता है. इनमें हिंसादिक पापक्रिया करनी पडती है और ये कर्म अन्तमें दुर्गति की प्राप्ति में कारण होते हैं ऐसा उपदेश देकर बहुश्रुतज्ञ आचार्य क्षपकको भोगोंसे विरक्त करते हैं.

शरीरका भी वास्तविक स्वरूप दिखाकर आचार्य विरक्त करते हैं—

यह शरीर अपवित्रताका निधान है. अर्थात् इसके संपूर्ण अवयव अपवित्र पदार्थ से ही बने हैं. यह शरीर आत्माके ऊपर लदा हुवा मानो बोझाही है. इसमें एक भी पदार्थ सारयुक्त नहीं है. यह अनेक संकटोंसे घिरा रहता है. रोगरूपी धान्यकी उत्पत्तिका यह स्थान है अर्थात् इसमें अनेक रोग उत्पन्न होते हैं. वृद्धावस्थारूपी पिशाचिनीका यह श्मशानगृह है. मान्यकुलमें पैदा हुआ, विशालकीर्तियुक्त, और गुणी ऐसा भी मनुष्य दरिद्री होनेपर इस शरीरका पोषण करनेके लिये नीच कर्म करता है. श्रीमानोंके आगे दौडता है. उनके संदेश एक स्थानसे दुसरोंको पोहोचाता है. और उनका उच्छिष्ट भोजन खाता है. इस विषयमें पूर्वाचार्य ऐसा कहते हैं —

इस शरीरके अंदर, बाहर और मध्यमें भी कुछ भी सारभूत वस्तु नहीं है. जिसको मन स्वीकार करेगा अर्थात् जब हम देहके स्वरूपका मनमें विचार करते हैं तो उसमें कोई सारभूत पदार्थ दीखता नहीं. इसवास्ते सारज्ञ विद्वान् तुच्छजनोंने कामपूर्तिके लिये पसंद किये हुए इस देह की इच्छा नहीं करते हैं.

इस देहमें वायुका प्रकोप होनेसे कोइ रोग उत्पन्न होते हैं कोइ पित्त और कफके प्रकोपसे उत्पन्न होते हैं. रोगोंके उत्पत्तिका अभ्यंतर कारण पाप है और बहिरंग कारण वातादिकोंका प्रकोप होना यह है. इन रोगोंसे यह देह पीडित होता है. दुःखोंको कारणभूत यह देह नाशवंत है ऐसा समझकर हे आत्मन् अर्थात् हे क्षपक! तूं अनेक प्रकारसे धर्मसाधन कर. यह देह रक्त और वीर्यके संयोगसे उत्पन्न होता है. शिथिल हड्डिओंसे—हड्डिरूप खंबोंसे इस देहकी रचना हुई है. स्नायुओंसे यह सर्व तरफसे जकडा हुआ है. शिराओंसे वेष्टित है. मांस, रक्तरूपी पानी और कीचडसे यह लिपा गया है. इस देहमें रोगोंने निवास किया है. ऐसे शरीरको कोन स्पर्श करेगा.

इस तरह शरीरनिर्वेजनी कथा कह कर आचार्य क्षपकको चारित्रमें स्थिर करते हैं.

गीदत्थपादमूले होंति गुणा एवमादिया बहुगा ॥
ण य होइ संकिलेसो ण चावि उप्पज्जदि विवत्ती ॥ ४४७ ॥

विजयोदया—गीदत्थपादमूले गृहीतार्थस्य बहुश्रुतस्य पादमूले । होंति बहुगा गुणा गीदत्थो पुण अवगाढस्स इत्येवमादिसूत्रपंचकनिर्दिष्टः । ण य होइ संकिलेसो नैव भवति संक्लेशः । ण वा वि उप्पज्जइ विवत्ती न वोत्पद्यते विपद्रत्नत्रयस्य । तस्मादाधारत्वाज्जाचार्यः उपाध्यायणीयः इत्युपसंहारः । इति आधारवं ॥

मूलारा—विवत्ती रत्नत्रयविनाशः । आधारवान् ॥

अर्थ—जो आचार्य सूत्रार्थज्ञ है उसके चरणके समीप जो क्षपक समाध्यर्थ रहेगा उसको उपर्युक्त गुणोंकी प्राप्ति होती है. उसको संक्लेश परिणाम नहीं होंगे और रत्नत्रयमें कुछ बाधा भी उपस्थित नहीं होगी. इस लिये आधारगुणयुक्त आचार्यका आश्रय लेनाही क्षपकके लिये योग्य है. इस प्रकार आधारवत्त्व गुणका वर्णन हुआ.

व्यवहारवत्त्वनिरूपणायोत्तरगाथा—

पंचविहं ववहारं जो जाणइ तच्चदो सवित्थारं ॥
बहुसो य दिट्ठकयपट्ठवणो ववहारवं होइ ॥ ४४८ ॥
जानाति व्यवहारं यः पंचभेदं सविस्तरम् ॥
दत्तालोकितशुद्धिश्च व्यवहारी स भण्यते ॥ ४६० ॥

विजयोदया—पंचविहं ववहारं पंचप्रकारं प्रायश्चित्तं । जो जाणदि तत्थदो सविस्थारं यो जानाति तत्त्वतः सविस्तरं । बहुसो य दिट्ठकदपट्ठवणो बहुशश्च दृष्टकृतप्रस्थापनः । आचार्याणां प्रायश्चित्तदानं दृष्टं, स्वयं चान्येषां दत्तप्रायश्चित्तः । ववहारवं होदि व्यवहारवान् भवति । पूर्वार्द्धेन प्रायश्चित्तज्ञातता दर्शिता, कर्मदर्शनं कर्माभ्यासस्य प्रख्यापितः । अशास्त्रज्ञो यत्किंचिद्दद्यात्स्वात्मनोऽभिलषितं । न तेन, शुद्ध्यति, शास्त्रज्ञोऽप्यदृष्टकर्मा, सुविषादमेति । ततो ज्ञानं कर्मदर्शनं, कर्माभ्यास इति त्रयो गुणाः यस्य स व्यवहारवानित्युच्यते ॥

व्यवहारवत्त्वं गाथासप्तकेन वक्तुकामः प्रथमं प्रायश्चित्तज्ञानकर्मदर्शनकर्माभ्यासलक्षणगुणत्रयवन्तं व्यवहारवन्तं निर्दिशति—

मूलारा—ववहारं प्रायश्चित्तं । दिट्ठकदपट्ठवणो दृष्टमाचार्यैः क्रियमाणमवधारितं । कृतमात्मना, स्वस्य परस्य वा प्रयुक्तं प्रस्थापनं प्रायश्चित्तदानं येन स दृष्टकृतप्रस्थापनः । अशास्त्रज्ञो हि यत्किंचन प्रायश्चित्तं ददाति न च तेन परः शुद्ध्यति । शास्त्रज्ञोऽप्यदृष्टकर्मा कर्मसु विषादमेति ॥

अर्थ—पांच प्रकारके प्रायश्चित्तोंको जो उनके स्वरूपसहित सविस्तर जानते हैं. जिन्होंने प्रायश्चित्त देते. हुए अन्य आचार्योंको देखा है और स्वयं भी जिन्होंने दिया है ऐसे आचार्यको व्यवहारवान् आचार्य कहते हैं. इस गाथाके पूर्वार्द्धमें आचार्यकी प्रायश्चित्तज्ञता कही है. और उत्तरार्धमें प्रायश्चित्त देते हुए देखना, प्रायश्चित्त देनेका अभ्यास करना इन गुणोंका उल्लेख किया है. प्रायश्चित्तशास्त्रका ज्ञान यदि न हो तो जो मनमें आया सो प्रायश्चित्त देगा अतः आचार्य प्रायश्चित्तज्ञ ही होना चाहिए. चाहे जो प्रायश्चित्त देनेसे अपराधकी शुद्धि नहीं होती है. प्रायश्चित्तशास्त्रका जानकार होते हुए भी यदि प्रायश्चित्त देते हुए किसीको नहीं देखनेसे प्रायश्चित्त देते समय घबडाहट पैदा होती है. इसलिए. प्रायश्चित्तका ज्ञान, प्रायश्चित्तदानदर्शन और प्रायश्चित्त देने का अभ्यास ये तीन गुण जिसमें हैं ऐसे आचार्य को व्यवहारवान आचार्य कहते हैं.

कः पंचविधो व्यवहारः, को वा विस्तर इत्याशंक्याह तदुभयं निरूपयति—

आगमसुद आणाधारणा य जीदेहिं होंति ववहारा ॥
एदेसिं सवित्थारा परूवणा सुत्तणिद्दिट्ठा ॥ ४४९ ॥

ववहारो मतो जीदश्रुतज्ञागमधारणा ॥
एतेषां सूत्रनिर्दिष्टा ज्ञेया विस्तरवर्णना ॥ ४६१ ॥

विजयोदया—आगमसुद आणाधारणा य जीदेदिं हुंति ववहारा आगमः, श्रुतं, आज्ञा, धारणा जीद इति व्यवहाराः पंच । एदेसिं एतेषां आगमादीनां। परूवणा कीदृशी ? सविस्थारा विस्तारसहिता । सुत्तणिद्दिट्ठा सूत्रेषु चिरंतनेषु निर्दिष्टा । प्रायश्चित्तस्य सर्वजनानामप्रतोऽकथनीयत्वाच्छास्त्रांतरे च निर्दिष्टत्वादिह नोच्यते । उक्तं च—

सव्वेण वि जिणवयणं सोदव्वं सद्धिदेण पुरिसेण ॥
छेदसुदस्स दु अत्थो ण होदि सव्वेण सोदव्वो ॥ इति ॥

पंचविधत्वं व्याचष्टे—

मूलारा—आगम एकादशांगोक्तं प्रायश्चित्तं । सुद चतुर्दशपूर्वोक्तं । आणा स्थानांतरस्थितेन अन्याचार्येण स्थानांतरस्थितेन अन्याचार्येण ज्ञात्विदत्य स्वगुरोरस्य ज्येष्ठशिष्यस्य हस्ते प्रेषितं । धारणा एकाकी जंघाबलपरिहीणः संजातदोषस्तत्रैव स्थितः पूर्वावधारितं प्रायश्चित्तं यत्करोति । जीदः ह्रासप्रतिपुरुषजातस्वरूपमपेक्ष्य यदुक्तं सांप्रतिकाचार्यशास्त्रोक्तं जीद इत्यन्ये । वित्थारा विस्तारात् । विस्तरमाश्रित्य । परूवणा निर्णयः । सुत्तणिद्दिट्ठा सूत्रेषु चिरंतनेषु निरूपिता बोद्धव्या ।

अत्र तु नोक्ता प्रायश्चित्तस्य सर्वजनानामग्रतोऽकथनीयत्वात् ॥ उक्तं च—

सव्वेण वि जिणवयणं सोदव्वं सद्धिदेण पुरिसेण ॥
छेदसुदस्स दु अत्थो ण होदि सव्वेण सोदव्वो ॥

पांच प्रकारके व्यवहार कोनसे और उनका विस्तार कोनसा है इस प्रश्नका उत्तर आचार्य कहते हैं—

अर्थ—आगम, श्रुत, आज्ञा, धारणा और जीद ऐसे प्रायश्चित्त के पांच भेद हैं. इनका सविस्तर वर्णन प्राचीन आचार्योंने सूत्रग्रंथोंमें सविस्तर किया है. प्रायश्चित्तका वर्णन सर्व लोगोंके सामने करना योग्य नहीं है. अन्य शास्त्रांतरमें इसका खुलासा किया है अतः यहां हम उसका निरूपण नहीं करते हैं.

अन्यत्र प्रायश्चित्त के विषयमें ऐसा उल्लेख मिलता है—

श्रद्धावान सर्व पुरुष जिनवचन सुन सकते हैं. परन्तु प्रायश्चित्तशास्त्रका अर्थ सर्व लोगोंको जानने का अधिकार नहीं है.

व्यवहारवानसौ परालोचितापराधस्य कथं प्रायश्चित्तं ददातीत्याशंकायां प्रायश्चित्तदानक्रमनिरूपणाय गाथाद्वयम्—

दव्वं खेत्तं कालं भावं करणपरिणाममुच्छाहं ॥
संघदणं परियायं आगमपुरिसं च विण्णाय ॥ ५५० ॥
द्रव्यं क्षेत्रं परिज्ञाय कालं भावकृतोद्यमम् ॥
सम्यक्संहननमुत्साहं पर्यायं पुरुषं श्रुतम् ॥ ५६२ ॥

विजयोदया—दव्वं खेत्तं कालं भावं करणपरिणाममुच्छाहं द्रव्यमित्यादीनां विज्ञायेत्यनेन संबंधः । तत्र द्रव्यं त्रिविधं सचित्तमचित्तं मिश्रमिति । पृथिवी, आपस्तेजो वायुः, प्रत्येककायाः, अनंतकायाः, त्रसाश्चेति सचित्तद्रव्यमित्युच्यते ॥ तृणफलकादिकं जीवैरनुन्मिश्रं अचित्तं । संसक्तं उपकरणं मिश्रं । एवं त्रिविधा द्रव्यप्रतिसेवना । वर्षासु क्रोशाद्गमनं अर्धयोजनं वा । ततोऽधिकक्षेत्रगमनं क्षेत्रप्रतिसेवना. । अथवा प्रतिषिद्धक्षेत्रगमनं, विरुद्धराज्यगमनं, छिद्राध्वगमनं, ततो रक्षणीयागमनं । तस्याद्धौ यदतिक्रांतः । उन्मार्गेण वा गमनं । अंतःपुरप्रवेशः । अननुज्ञातगृहभूमिगमनं । इत्यादिना क्षेत्रप्रतिसेवा ॥ आवश्यककालादन्यस्मिन्काले आवश्यककरणं । वर्षाद्यवग्रहातिक्रमः । इत्यादिका कालप्रतिसेवना ॥ दर्पः, प्रमादः, अनाभोगः भयं, प्रद्वेषः इत्यादिकेषु परिणामेषु प्रवृत्तिर्भावसेवा ॥ एवमपराधनिदानं ज्ञात्वा प्रायश्चित्तं प्रकृतेर्द्रव्यादिकं ज्ञात्वा रसबहुलं, धान्यबहुलं, शाकबहुलं यवागूशाकमात्रं वा पानकमेव येत्याहारे द्रव्यपरिज्ञानं ॥ प्रायश्चित्तमाचरतः अनूपजांगलसाधारणक्षेत्रपरिज्ञानं । घर्मशीतसाधारणकालज्ञानं । क्षमामार्दवार्जवसंतोषकादिकं भावं । क्रोधादिकं वा करणपरिणामं । प्रायश्चित्तक्रियायां परिणामं । सहवासार्थं । किमयं प्रायश्चित्ते प्रवृत्तः उत यशोर्थं, लाभार्थमुत कर्मनिर्जरार्थं इति ॥ उच्छाहं उत्साहं । संघदणं शरीरबलं । परियायं प्रव्रज्याकालं । आगमं । अल्पं श्रुतमस्य बहु वेति । पुरिसं जातादरो भयांतरंगः इत्येवमादिकं विकल्पं च ज्ञात्वा ॥

प्रायश्चित्तदानक्रमं गाथाद्वयेनाह—

मूलारा -- दव्वं सचित्तं पृथिवीकायिकादिकं । अचित्तं तृणफलकादिकं । मिश्रं संसक्तमुपकरणं । त्रिविधा द्रव्यप्रतिसेवना ॥ खेत्तं वर्षासु साधूनां क्रोशं द्विक्रोशं वा गमनं इष्टं । ततोऽधिकक्षेत्रगमनं क्षेत्रप्रतिसेवना । अथवा निषिद्धक्षेत्रं विरुद्धराज्यछिद्राध्वन्मार्गान्तःपुराननुज्ञातगृहभूमिद्रोण्यादिगमनं क्षेत्रप्रतिसेवना । कालं आवश्यककालवर्षाद्यवग्रहातिक्रमः कालप्रतिसेवा । भावं दर्पप्रमादानाभोगभयाभिका भावप्रतिसेवा । एवं द्रव्यप्रतिसेवनादिद्वारेणापराधनिदानं विज्ञायेति संबंधः । करणपरिणामः । प्रायश्चित्तानुष्ठानपरिणतिं । किमयं सहसंवासार्थं प्रायश्चित्ते प्रवृत्तं उत यशोऽर्थं किंवा

लाभार्थं उत्त कर्मनिर्जरार्थमिति विज्ञाय । उच्छाहं प्रायश्चित्तं प्रत्युद्योगं । संघदणं शरीरबलं । परियाय प्रव्रज्याकाल परिमाणं । आगम अल्पं श्रुतमस्य बहु वेति । पुरिसं वैराग्यपरो न वेति च विज्ञाय ॥

दुसरोंने आलोचना कर कहे हुए अपराधोंका प्रायश्चित्त देनेका व्यवहारवान् आचार्यका क्रम दो गाथाओंसे आचार्य कहते हैं.

अर्थ—द्रव्यके सचित्तद्रव्य, अचित्त द्रव्य, और मिश्र द्रव्य ऐसे तीन भेद हैं. पृथिवी, पानी, अग्नि, हवा, प्रत्येक काय वनस्पति, अनंत काय वनस्पति और त्रसजीव इन जीवोंको सचित्त द्रव्य कहते हैं. तृणका संस्तर, फलक वगैरे पदार्थ अचित्त द्रव्य हैं. जिसमें जीव उत्पन्न हुए हैं ऐसे उपकरणोंको मिश्र द्रव्य कहते हैं. ऐसे तीन प्रकारके द्रव्योंका सेवन करनेसे दोष लगते हैं.

वर्षाकालमें आधा कोस, आधायोजन मार्ग मुनि जा सकते हैं परंतु उससे अधिक वे गमन करें तो वह प्रायश्चित्तार्ह होता है यह क्षेत्र प्रतिसेवा है. जहां जाना निषिद्ध माना है ऐसे स्थानमें जाना, विरुद्धराज्यमें जाना, जहां रस्ता टूट गया है ऐसे प्रदेशमें गमन करना, यह क्षेत्रप्रतिसेवना है. उन्मार्ग से जाना, अंतःपुरमें प्रवेश करना, जहां प्रवेश करनेकी परवानगी नहीं है ऐसे गृहके जमीनमें प्रवेश करना यह क्षेत्रप्रतिसेवना है. (ततो रक्षणीयागमनं, तस्मादर्द्धो यदातिक्रान्त) इन पदोंका अर्थ लगता नहीं.

सामायिक प्रतिक्रमणादिक छह आवश्यकोंका जो काल नियत है उसको उल्लंघकर अन्यकालमें सामायिकादिक करना, वर्षाकालयोगका उल्लंघन करना यह कालप्रतिसेवना है, दर्प, उन्मत्तता, असावधानता, साहस, भय इत्यादिरूप परिणामोंमें प्रवृत्त होना भावप्रतिसेवना कहते हैं. इस प्रकार अपराधके कारण पदार्थोंका स्वरूप जानकर प्रायश्चित्त देना चाहिये. प्रायश्चित्त देनेवालोंको आहारके पदार्थोंका भी ज्ञान होना आवश्यक है. कोइ आहार रसबहुल रहता है. अर्थात् उसमें रस का प्राधान्य रहता है. कोई आहार धान्यप्रचुर रहता है. किसी आहारमें शाककी मुख्यता होती है और किसीमें लापसी और शाककी मुख्यता होती है. कोई आहार पेयपदार्थरूप पतला रहता है. ऐसे आहारके पदार्थोंका भी प्रायश्चित्तदाताको ज्ञान होना चाहिये.

प्रायश्चित्त करनेवालोंको और देनेवालोंको अनूप, जांगल और साधारण इन प्रदेशोंको ज्ञान होना चाहिये. जिस देशमें पानीकी विपुलता है उसको अनूपदेश कहते हैं. वन पर्वतादिक जिसमें है और कम वृष्टि होती है उस

देशको जांगल देश कहते हैं. दोनो देशोंके लक्षण जिसमें है उसको साधारण देश कहते हैं. उष्णकाल, शीतकाल और साधारणकाल इसका भी ज्ञान होना आवश्यक है.

क्षमा, मार्दव, आर्जव, संतोषादि परिणामोंको भाव कहते हैं. क्रोधादिक विकारोंको भी परिणाम कहते हैं. प्रायश्चित्त क्रियामें परिणाम और सहवास इनका भी ज्ञान होना चाहिये. यह मुझे मेरा यश हो ऐसा अभिप्राय धारण कर प्रायश्चित्त लेनेमें प्रवृत्त हुआ है अथवा लाभके लिये किंवा कर्मनिर्जराके लिये प्रवृत्त हुआ है इत्यादि हेतु जानलेना भी आचार्य के लिये आवश्यक है. प्रायश्चित्त लेनेवालेका उत्साह, शरीरसामर्थ्य, दीक्षाकाल, आगम-ज्ञान, अर्थात् यह आगमका अल्पज्ञाता है अथवा बहुज्ञाता है इत्यादिक बातोंका ज्ञान कर लेना भी आवश्यक है.

मोत्तूण रागदोसे ववहारं पट्ठवेइ सो तस्स ॥
ववहारकरणकुसलो जिणवयणविसारदो धीरो ॥ ४५१ ॥

रागद्वेषावपाकृत्य व्यवहारविशारदः ॥
व्यवहारी ददात्यस्मै प्रायश्चित्तं विधानतः ॥ ४६३ ॥

विजयोदया—मोत्तूण त्यक्त्वा । रागदोसे रागं द्वेषं च मध्यस्थः सन्निति यावत् । ववहारं पट्ठवेदि सो तस्स प्रायश्चित्तं ददाति स सूरिस्तस्मै । ववहारकरणकुसलो प्रायश्चित्तदानकुशलः । जिणवयणविसारदो जिनप्रणीते आगमे निपुणः । धीरो धृतिमान् ॥

मूलारा—पट्ठवेदि ददाति ॥

अर्थ—जिनप्रणीत आगममें निपुण, धैर्यवान्, प्रायश्चित्त शास्त्रके ज्ञाता ऐसे आचार्य राग और द्वेषभावना छोडकर अर्थात् मध्यस्थ भाव धारण कर अपराधी मुनिको प्रायश्चित्त देते हैं.

अज्ञात्वा प्रायश्चित्तग्रंथं यो ददाति तस्य दोषं संकीर्तयत्युत्तरगाथा—

ववहारमयाणंतो ववहरणिज्जं च ववहरंतो खु ॥
उस्सीयदि भवपंके अयसं कम्मं च आदियदि ॥ ४५२ ॥

व्यवहारापरिच्छेदी व्यवहारं ददाति यः ॥
अवाप्यासौ यशो घोरं संसारमवगाहते ॥ ४६४ ॥

विजयोदया—व्यवहारं अजाणंतो प्रायश्चित्तं ग्रंथतोऽर्थतश्च कर्मतश्चाविद्वान् । व्यवहरणिज्जं न व्यवच्छिद्यते अतिचारविनाशार्थिनेति व्यवहरणीयमालोचनादिकं प्रायश्चित्तं इति नवधा । ववहरंतो प्रयच्छन् । उस्सीयदि अवसीदति । क्व भवपंके । अजसं आदियदि अयशः तुंडाचार्योऽयं यत्किंचन ददाति नायं परं शोधयति । संसारभीरुयतिजनं वृथैव क्लेशयति इति । कम्मं च आदियदि बध्नाति कर्म दर्शनमोहनीयाख्यं उन्मार्गोपदेशात् सन्मार्गविनाशनाच्च । तस्मादज्ञो न दद्यात्प्रायश्चित्तमिति सूत्रार्थः । आचार्याणामियं शिक्षा । वयमाचार्या यदस्माभिर्दत्तं तदिदं कुर्विति यत्किंचन न वक्तव्यम् । श्रुतरहस्याः प्रायश्चित्तदाने यतध्वमिति ॥

शास्त्रमज्ञात्वा प्रायश्चित्तं ददतो दोषमाह—

मूलारा—अजाणंतो ग्रंथतोऽर्थतः कर्मतश्चाविद्वान् । ववहरणिज्जं व्यवच्छिद्यते अतिचारविनाशार्थिभिरनुष्ठीयते इति व्यवहरणीयमालोचनादिप्रायश्चित्तम् । ववहरंतो प्रयच्छन् । उस्सीयदि अवसीदति खिद्यते । अजसं तुंडाचार्योऽयं यत्किंचन ददाति नायं परं शोधयति संसारभीरुं यतिजनं वृथा क्लेशयतीत्यकीर्तिः । कम्मं दर्शनमोहनीयाख्यं कर्म बध्नाति उन्मार्गोपदेशनात्सन्मार्गविनाशनाच्च । आदियदि स्वीकरोति ॥

प्रायश्चित्तके ग्रंथको जानकर प्रायश्चित्त देना यह अयोग्य है ऐसा वर्णन—

अर्थ—ग्रंथसे, अर्थसे और कर्मसे प्रायश्चित्त का स्वरूप जिसको मालूम नहीं है वह मुनि यदि आलोचनादिक नउ प्रकारका प्रायश्चित्त देने लगेगा तो वह संसारके कीचडमें फसेगा अर्थात् संसारमें भ्रमण करेगा और जगतमें उसकी अकीर्ति फैलेगी. यह तुंडाचार्य है अर्थात् चाहे जो प्रायश्चित्त मुखसे देता है. कोनसा प्रायश्चित्त किस अपराधके लिये देना चाहिये इसका तो इसको कुछ भी ज्ञान यदि नहीं है तो यह मुनिओंको कैसा अपराधसे मुक्त करेगा. संसारभीरु मुनिओंको यह व्यर्थ ही क्लेश देता है. ऐसी लोकमें उसकी अकीर्ति फैलेगी. मनमें जो प्रायश्चित्त देनेका विचार आया सो दिया ऐसा करनेसे जिनाज्ञाका उल्लंघन हो जाता है. उन्मार्गका उपदेश करनेसे व सन्मार्गका नाश करनेसे उसको दर्शनमोहनीय कर्मका बंध होता है. इसप्रकार अज्ञ मुनि प्रायश्चित्त देनेका प्रयत्न न करें ऐसा आचार्य के प्रति यह उपदेश है. अर्थात् हम आचार्य हैं हमने जो प्रायश्चित्त दिया है वह तुम करो ऐसा नहीं कहना चा-

हिए. जिन्होंने प्रायश्चित्तशास्त्रको जान लिया है ऐसे आचार्य प्रायश्चित्त देते समय सावधानी रखकर प्रायश्चित्त देवे जिससे अज्ञताका दोष नहीं लगेगा.

जह ण करेदि तिगिच्छं वाधिस्स तिगिच्छओ अणिम्मादो ॥
ववहारमयाणंतो ण सोधिकामो विसुज्झेइ ॥ ४५३ ॥
व्यवहारावुधः शक्तो न विशोधयितुं परम् ॥
किं चिकित्सामजानानो रोगमस्तं चिकित्सति ॥ ४५५ ॥

विजयोदया—यदि नाम मुखरा मुग्धनवशिष्यजनपरिवृतत्वमात्रेणोपजाताहंकारा मूर्खलोकेनार्हताः संति सूरयस्ते भवद्भिः शुद्ध्यर्थं न लोकनीयाः इति शिक्षयति—जह ण करेदि तिगिच्छगो वैद्यो । अणिम्मादो अनिपुणः । तहा तथा । ववहारमजाणंतो प्रायश्चित्तमजानन्मुनिः । सोधिकामो रत्नत्रयशुद्धविलाषः । ण सोधेदि खु न शोधयत्येव ॥

य नाम मुखरा मूर्खा बहुशिष्यपरिवृतत्वमात्रेण प्ररूढाहंकारा मूर्खलोकेनार्हताः संति सूरयस्ते भवद्भिः शुद्ध्यर्थं नोपाश्रयणीया इति शिक्षयति—

मूलारा - तिगिंछं प्रतिकारं । तिगिंछओ वैद्यः । अणिम्मदो अनिष्णातः । अनिपुणः । खु सोधेदि शोधयत्येव ।

अर्थ—जो आचार्य मुखर हैं अर्थात् वाचाल हैं. मूर्ख व नवीन शिष्योंसे वेष्टित होनेसे जिनको अभिमान उत्पन्न हुआ है. मूर्ख लोगोंसे जो पूजनीय हो रहे हैं ऐसे आचार्यका आश्रय हे क्षपक ! तुम अपराधशुद्धीके लिए कदाचित् भी न करो ऐसी शिक्षा इस गाथामें दृष्टांतपूर्वक कही है वह इस प्रकार—जैसे अज्ञ वैद्य रोगका स्वरूप जानता नहीं है अतः वह अनिपुण होनेसे रोगकी चिकित्सा नहीं कर सकता है. वैसे जो जो आचार्य प्रायश्चित्त ग्रंथके जानकार नहीं हैं वे यद्यपि रत्नत्रयकी निर्मल करनेकी इच्छा रखते हुए भी उसको निर्मल नहीं कर सकते हैं.

तह्मा णिव्विसिदव्वं ववहारवदो हु पादमूलम्मि ॥
तत्थ हु विज्जा चरणं समाधिसोधी य णियमेण ॥ ४५४ ॥

ततः समीपे व्यवहारवेदिनः स्थितिर्विधेया क्षपकेण धीमता ॥
सिसिक्षुणा बोधिसमाधिपादपौ मनीषितानेकफलप्रदायिनौ ॥ ४६६ ॥
इति व्यवहारी ।

विजयोदया—तम्हा णिव्विसिदव्वं तस्मात्स्थातव्यं । ववहारवदो खु व्यवहारवतः एव । पादमूलम्मि पादमूले । तत्थ खु तत्र व्यवहारवत्पादमूले । विज्जा विद्या ज्ञानं भवति । चरणं समाधि बोधी य चारित्रं समाधिश्च शुद्धिश्च । णियमेण निश्चयेन भवति । ववहारवं ॥

प्रकृतमुपसंहरति—

मूलारा—णिव्विसिदव्वं अवश्यं स्थातव्यं । व्यवहारवान् ॥

अर्थ—इसलिए क्षपकने प्रायश्चित्तज्ञ आचार्य के पासही निवास करना चाहिए. उनके पास रहनेसे ही ज्ञानप्राप्ति होती है. चारित्रप्राप्ति होती है और ध्यानसे एकाग्रता और आत्मशुद्धि निश्चयसे होती है. इस प्रकार आचार्यके व्यवहारत्व गुणका वर्णन किया है.

पगुव्वी एतद्व्याचष्टे—

जो णिक्खवणपवेसे सेज्जासंथारउवधिसंभोगे ॥
ठाणणिसेज्जागासे अगदूण विकिंचणाहारे ॥ ४५५ ॥
प्रवेशे निर्गमे स्थाने संस्तरोपधिशोधने ॥
उद्वर्तने परावर्ते शय्यायामुपवेशने ॥ ४६७ ॥

विजयोदया—जो णिक्खवणपवेसे यो यः सूरिः क्षपकस्य वसतेर्निःक्रमणे प्रवेशे वा । सेज्जासंथारउवधिसंभोगे वसतेः, संस्तरस्य, उपकरणस्य शोधने । ठाणणिसेज्जागासे स्थाने, निषद्यावकाशे, अगदूणविकिंचणाहारे शय्यायां, शरीरमलाहरणे, भक्तपानढौकने च ॥

प्रकारकत्वं गाथाचतुष्टयेन व्याचष्टे—

मूलारा—संभोगे शोधने । णिसेज्जोगासे उपवेशनावकाशे । अगदूणविकिंचणाहारे शय्यायां शरीरमलापहरणे भक्तपानढौकने च ॥

अब आचार्य के प्रकुर्वित्व नामक गुणका वर्णन करते हैं—

अर्थ—क्षपक जब वसतिकामें प्रवेश करता है अथवा बाहर जाता है उस समयमें, वसतिका, संस्तर, और उपकरण इनके शोधन करनेके समय में, खडे रहना, बैठना, सोना, शरीरमल दूर करना, आहारपानी लाना इत्यादि कार्यमें जो आचार्य क्षपकके ऊपर अनुग्रह करता है उसको प्रकुर्वी कहते हैं. इत्यादिकार्यके करते समय आचार्य मनमें जुगुप्सा नहीं करते हैं.

अब्भुज्जदचरियाए उवकारमणुत्तरं वि कुव्वंतो ॥
सव्वादरसत्तीए वट्टइ परमाए भत्तीए ॥ ४५६ ॥
उत्थापने मलत्यागे सर्वत्र विधिकोविदः ॥
परिचर्याविधानाय शक्तितो भक्तितो रतः ॥ ४६८ ॥

विजयोदया – अब्भुज्जदचरियाय क्षपकस्य अभ्युद्यतचर्यायां उपकारं अनुग्रहं हस्तावलंबनादिकं । अणुत्तरं पकुव्वंतो उत्कृष्टं प्रकुर्वन् । सव्वादरसत्तीए सर्वादरशक्त्या । भत्तीए भक्त्या । परमाए उत्कृष्टया । वट्टदि वर्तते । स प्रकुर्वकः सूरिर्भवति इति संबंधः ॥

मूलारा—अब्भुज्जदचरियाए पंडितमरणोपक्रमे । सव्वादर सर्वप्रयत्नेन ॥

अर्थ—उपर्युक्त कार्योंमें प्रकुर्वी गुणके धारक आचार्य हाथका अवलंब देना वगैरह द्वारा क्षपकके ऊपर अनुग्रह करते हैं. यह अनुग्रह भक्तिपूर्वक और उत्कृष्टतासे करते हैं.

इय अप्पपरिस्समगणित्ता खवयस्स सव्वपडिचरणे ॥
वट्टंतो आयरिओ पकुव्वओ णाम सो होइ ॥ ४५७ ॥
आत्मश्रममनालोच्य क्षपकस्योपकारकः ॥
प्रकारको मतः सूरिः स सर्वादरसंयुतः ॥ ४६९ ॥

विजयोदया – इय एवं । अप्पपरिस्समं आत्मपरिश्रमं । अगणित्ता अपरिगणय्य । खवयस्स आराधकस्य । सव्वपडिचरणे सर्वशुश्रूषायां । वट्टंतो वर्तमानः । आयरिओ आचार्यः । पगुव्वो णाम प्रकुर्वको नाम । होदि स भवति । पकुव्वीगदं ॥

मूलारा—सव्वपडिचरणे सकलशुश्रूषायां । पकुव्वगो प्रकारकः ॥

अर्थ—इस प्रकार क्षपककी सर्व प्रकारकी शुश्रूषा आचार्य करते हैं. उसमें बहुत परिश्रम पडने पर भी वे खिन्न नहीं होते हैं. ऐसे आचार्य को प्रकुर्वी आचार्य कहते हैं इस प्रकार प्रकुर्वी आचार्य का स्वरूप कहा है.

क्षपकशिक्षापरा गाथा –

खवओ किलामिदंगो पडिचरयगुणेण णिव्वुदिं लहइ ॥
तह्मा णिव्विसिदव्वं खवएण पकुव्वयसयासे ॥ ४५८ ॥

निषेव्यमाणः क्षपकः परीषहैः सुखासिकां याति सहायकौशलैः ॥
यतस्ततस्तेन समाधिमिच्छता निषेवणीया गुरवः प्रकारकाः ॥ ४७० ॥

इति प्रकारकः ।

विजयोदया – खवगो क्षपकः । किलामिदंगो ग्लानशरीरः । पडिचरयगुणेण शुश्रूषागुणेन, णिव्वुदिं लहदि सुखं लभते । खवगेण क्षपकेण । पकुव्वयसयासे विनयकारिणः समीपे । पगुव्वीगदं ॥

प्रकारकसमीपनिवासाय क्षपकं शिक्षयति—

लिंग विकासनक्रियाको लिंग कहते हैं. इसका मुनित्याग करते हैं. न दिया हुआ पदार्थ लेना और रात्रि भोजन इनका मुनिओं को त्याग रहता है. न दी हुई वस्तु लेना मानो उस वस्तुके मालिकका प्राण ही लेना है. धन प्राणीओंका बाह्य प्राण है, जो दुसरोंका धन हरण करते हैं राजा उसको दंडित करता है. रात्रौ भोजन करना अनेक असंयमों का मूल कारण है. रात्रमें भ्रमण करने से स्थावर और त्रस जीवों को बाधा पोहोंचती है. रात्री भोजन करने में अयोग्य पदार्थ, और त्यागा हुआ पदार्थ का भी सेवन होता है. रात्रकालमें दाताकी परीक्षा नहीं हो सकती है. रात्री अपने हस्तपुटसे भोजन करते समय जो अन्न नीचे जहां गिरता है वह भूप्रदेश, जहां अन्नकी थाली रखते हैं वह प्रदेश और दायक जहांसे आकर आहार देता है वह प्रदेश, आहार देते समय वह जहां खडा होता है वह प्रदेश और स्वयं मुनि जहां खडे हुए हैं वह प्रदेश ये जीवोंसे रहित हैं या सहित हैं इनका निर्णय रातमें नहीं होता है. इस वास्ते रात्री आहार लेना योग्य नहीं है. मैथुन करना, परिग्रह रखना, झूट बोलना इनका मुनि त्याग करते हैं.

णाणे दंसणतवचरित्ते य मणवयणकायजोगेहिं ॥
कदकारिदेणुमोदे आदपरपओगकरणे य ॥ ६१० ॥

विजयोदया—णाणे ज्ञाने । दंसणतववीरिए श्रद्धायां तपसि वीर्ये च योऽतिचारः । मणवयणकायजोगेहिं मनोवाक्कायक्रियाभिः । मनसा सम्यग्ज्ञानस्यावज्ञा, किमनेन ज्ञानेन, तपश्चारित्रमेव फलदाय्यनुष्ठेयमिति । सम्यग्ज्ञानमेव वा मिथ्याज्ञानमिदमिति दूषणं । मनसा वाचा कायेन वा स्वारुचिप्रकाशने, मुखवैवर्ण्येन नैतदेवमिति शिरःकंपनेन वा । शंकाकांक्षादि दर्शनेऽतिचारः । तपस्यसंयमः । वीर्ये स्वशक्तिगूहने । स चातीचारः सर्वस्मिन्प्रकार इति कथयति । कदकारिदे अणुमोदे इति कृतः, कारितोऽनुमतश्च । आदपरप्पओगकरणे च आत्मनैव कृतः कारितोऽनुमतो वा ॥

मूलारा—णाणे इत्यादि । सम्यग्ज्ञानस्य किमनेन तपश्चारित्रमेवाभिगतफलदाय्यनुष्ठेयमिति मनसावज्ञा, मिथ्याज्ञानमिदमिति वाचा, कायेन च मुखवैवर्ण्येनारुचिप्रकाशनं । शिरःकंपनेन नैतदेवमिति वातिचारः । दर्शनादीनां च प्रागुक्त एव । आदपरप्पओगकरणे आत्मना परेण वा कृतः कारितोऽनुमतश्च ॥

अर्थ—ज्ञान, दर्शन, तप और वीर्य इनमें मन, वचन और शरीरसे और कृत, कारित, अनुमोदनमें अतिचार उत्पन्न हुए हों तो उनकी आलोचना करता हूं. मनके द्वारा सम्यग्ज्ञानकी अवज्ञा करना, सम्यग्ज्ञानकी क्या जरूरत है, तप और चारित्रही फलदायक है. उनका ही आश्रय करना चाहिये. अथवा सम्यग्ज्ञानको यह मिथ्याज्ञान है ऐसा दूषण लगाना. मनसे, वचनसे और शरीरसे सम्यग्ज्ञानके विषयमें अरुचि प्रगट करना. मुंह मोडकर अथवा मस्तक हिलाकर यह सम्यग्ज्ञान नहीं है ऐसा प्रगट करना. शंका, कांक्षा वगैरह सम्यग्दर्शनके अतिचार हैं.

तपश्चरण करते समय असंयमरूप प्रवृत्ति करना, तपका अतिचार है. अपनी शक्ति छिपाना वीर्यका अतिचार है. ये अतिचार कृत, कारित और अनुमोदित ऐसे तीन प्रकारके हैं. स्वयं करना, स्वयं कराना और अनुमोदन देना अथवा परप्रयोग क्रियासे भी करना, कराना, और अनुमोदन देना ऐसे तीन प्रकार हैं.

अद्धाण रोहगे जणवए य रादो दिवा सिवे ऊमे ॥
दप्पादिसमावण्णो उद्धरदि कमं अभिंदंतो ॥ ६११ ॥

दुर्भिक्षे मरके मार्गे चौरिचौरादिरोधने ॥
योऽपराधो भवेत्कश्चिन्मनोवाक्कायकर्मभिः ॥ ६३५ ॥

सर्वदोषक्षयाकांक्षी संसारभ्रमभीलुकः ॥
आलोचयति तं सर्वं क्रमतः पुरतो गुरोः ॥ ६३६ ॥

विजयोदया—अद्धाण रोधगे जणवदे यस्यावस्थिते जनपदे यावन्तो मार्गास्तेषां रोधके परचक्रे जाते यदि निस्सर्तुं न लभते संक्लिष्टा भिक्षा चर्या तत्र अयोग्यस्य सेवा कृता आत्मना तमपि कथयति । रादो दिवा रात्रौ अयमतिचारो जातो दिवसे इति वा कथनं । मार्या उपद्रुते संघे विद्यया मंत्रेण वा तन्निषेधनायामयमतिचारो जात इति वा । दुर्भिक्षे वा महति अवमोदर्यभग्नेन यदात्मना सेवितं,अन्ये वाऽयोग्यभिक्षाग्रहणे हस्ते प्रवर्तिता इति वा कथनं । दप्पादिसमावण्णे दर्पादिभिः समापन्नः ॥

मूलारा—अद्धाण रोधगे जणवदे । जनपदे देशे । यावंतोऽध्वानो मार्गास्तेषां परचक्रे रोधके परचक्रे प्रवृत्ते निःसर्तुमलभमानस्य साधोर्या पारवश्येन संक्लिष्टा भिक्षाचर्या संजाता अयोग्यसेवा वा आत्मना कृता तामप्युद्धरतीति संबंधः रादो दिवा रात्रौ दिवा वा एतावांश्चारो जातः, चारित्रे मार्योपद्रुते संघस्य विद्यामंत्रादिना तत्प्रतिकारे योऽतिचारः । ऊने दुर्भिक्षे अयोग्यसेवनादिना योऽतिचारोऽन्यो वा तादृक् । दप्पादिसमावण्णे दर्पादिभिः सांमुख्येन आपन्नो प्राप्तस्तं सर्वं उद्धरति गुरोरग्रे कथयति । किं कुर्वन् ? कर्म अभिदेंतो देशक्रमं कालक्रमं चानतिक्रामन् ॥

अर्थ—देशमें बाहर जानेके अथवा प्रवेश करनेके जितने मार्ग हैं वे शत्रुसैन्यके द्वारा रोके जानेपर वहांसे निकलना अशक्य हो जाता है. उस समय भिक्षा मिलना कठिन हो जानेसे परिणामोंमें संक्लेश पैदा होता है. कदाचित् ऐसे समयपर अयोग्य पदार्थका सेवन होता है. आलोचनाके समयमें इन सब बातोंका क्षपकको खुलासा करना योग्य है. अमुक अतिचार रातमें हुआ था अमुक अतिचार दिनमें हुआ था यह भी कथन करना चाहिये.

मारी रोगसे संघ पीडित होने पर विद्या और मंत्रके द्वारा उसका निराकरण करते समय जो अतिचार हुआ होगा वह भी कहना चाहिये. यदि महादुष्कालके समयमें अवमोदर्य तपमें अतिचार लगा हो अथवा अयोग्य भक्षण किया हो वह भी निवेदन करना चाहिये. इतर मुनिओंने भी दुष्कालमें अयोग्य सेवन किया होगा तो वह कहना चाहिये. दर्प, प्रमाद वगैरहसे जो अतिचार होते हैं उनका भी कथन करना चाहिये.

दप्पपमादआणाभोगआपगा आदुरे य तिक्खिणिदा ॥
संकिदसहसाकारे य भयपदोसे य मीमंसं ॥ ६१२ ॥

अण्णाणणेहगारव अणप्पवसअलस उपधि सुमिणंते ॥
पलिकुंचणं ससोधी करेंति वीसंतवे भेदे ॥ ६१३ ॥

विजयोदया — इति दर्पादिः । अत्र दर्पोऽनेकप्रकारः । क्रीडासंघर्षः, व्यायामकुहकं, रसायनसेवा, हास्यं, गीतशृंगारवचनं, प्लवनामित्यादिको दर्पः । प्रमादः पंचविधः । विकथाः, कषायाः, इंद्रियविषयासक्तता, निद्रा, प्रणयश्चेति । अथवा प्रमादो नाम संक्लिष्टहस्तकर्म, कुशीलानुवृत्तिः, बाह्यशास्त्रशिक्षणं, काव्यकरणं, समितिष्वनुपयुक्तता । छेदनं भेदनं, पेषणमभिघातो, व्यधनं, खननं, बंधनं, स्फाटनं, प्रक्षालनं, रंजनं, वेष्टनं, ग्रथनं, पूरणं, समुदायकरणं, लेपनं, क्षेपणं आलेखनमित्यादिकं संक्लिष्टहस्तकर्म, स्त्रीपुरुषलक्षणं निमित्तं, ज्योतिर्ज्ञानं, छेदः, अर्थशास्त्रं, वैद्यं, लौकिकवैदिकसमयाश्च बाह्यशास्त्राणि । उपयुक्तोऽपि सम्यगतीचारं न वेत्ति सोऽनाभोगकृतः, व्याक्षिप्तचेतसा या कृतः । नदीपूरः, अग्न्युत्थापनं, महावातपातः, वर्षाभिघातः, परचक्रकरोध इत्यादिका आपतिताः रोगार्तः, शोकार्तो, वेदनार्त इत्यार्तता त्रिविधा । रसासक्तता सुखरता चेति त्रिप्रकारता तिक्तिणदा शब्दवाच्या । सचित्तं किमचित्तमिति शंकिते द्रव्ये भंजनभेदनभक्षणादिभिरचित्तस्योत्पादनं, वसतौ उद्गमादिदोषोपहतिरस्ति न वेति शंकायामनुपादानं । अशुभस्य मनसो वाचो वा झटिति प्रवृत्तिः सहसोत्युच्यते ॥

एकांतायां वसतौ व्यालमृगव्याघ्रादयस्तेना वा प्रविशन्ति इति भयेन द्वारस्थगनं जातोऽतिचारस्तीव्रकषाय परिणामः प्रदोष इत्युच्यते उदकराजयादिसमानतया प्रत्येकं चतुर्विकल्पाश्चत्वारः कषायाः । आत्मनः परस्य वा बलाघवादिपरीक्षा मीमांसा तत्र जातोऽतिचारः । प्रसारितकराकुंचितम् । आकुंचितकरप्रसारणं । धनुषाधारोपणं । उपलाशुक्षेपणं, बाधनं, वृत्तिकंटकाद्युल्लंघनं, पशुसर्पादीनां मंत्रपरीक्षणार्थं धारणं, औषधवीर्यपरीक्षणार्थमंजनस्य, चूर्णस्य वा प्रयोगः, द्रव्यसंयोजनया त्रसानामेकेन्द्रियाणां च संमूर्च्छना परीक्षा । आज्ञानामाचरणं हृदया स्वयमपि तथा चरति तत्र दोषानभिज्ञः । अथवाऽज्ञानिनोपनीतमुद्गमादिदोषोपहतं उपकरणादिकं सेवते इति अज्ञानात्प्रवृत्तोऽतीचारः । शरीरे, उपकरणे, वसतौ, कुले, ग्रामे, नगरे, देशे, बंधुषु, पार्श्वस्थेषु वा ममेदंभावः स्नेहस्तेन प्रवर्तित आचारः । मम शरीरमिदं शीतो वातो बाधयति, कटादिभिरंतर्धानं, अग्निसेवा, ग्रीष्मातपनोदनार्थं प्रावरणग्रहणं वा, उद्वर्तनं, वा । उपकरणं विनश्यतीति तेन स्वकार्याकरणं यथा चिल्लिविनाशनयात्प्रमार्जनं इत्यादिकं । प्रक्षणं, तैलादिना कमंडल्वादीनां प्रक्षालनं वा, वसतितृणादिभक्षणस्य भंजनादेर्वा ममतया निवारणं, बहूनां यतीनां प्रवेशनं मदीये कुले न सहते इति भाषणं, प्रवेशे कोपः, बहूनां न दातव्यमिति निषेधनं, कुलस्यैव वैयावृत्यकरणं । निमित्तान्युपदेशश्च तत्र ममतया ग्रामे नगरे देशे वा अवस्थाना निषेधनं । यतीनां संबंधिनां सुखेन सुखमात्मनो दुःखेन दुःखमित्यादिरतिचारः। पार्श्वस्थानां वंदना, उपकरणादिदानं वा तदुल्लंघनासमर्थता गुरुता ऋद्धित्यागासहता, ऋद्धिगौरवं, परिवारे कृतादरः। परकीयमात्मसात्करोति प्रियवचनेन उपकरणदानेन । अभिमतरसत्यागोऽनभिमतानादरश्च नितरां रसगौरवं। निकामभोजने, निकामशयनादौ वा आसक्तिः सातगौरवं ।

अनात्मवशतया प्रवर्तितातिचारः। उन्मादेन, पित्तेन पिशाचावेशेन वा परवशता। अथवा ज्ञातिभिः परिगृहीतस्य बलात्कारेण गंधमाल्यादिसेवा प्रत्याख्यातभोजनं, मुखवासतांबूलादिभक्षणं वा स्त्रीभिर्नपुंसकैर्वा बलाद्ब्रह्मकरणं । चतुर्षु स्वाध्यायेषु आवश्यकेषु वा आलस्यं। उपधिशब्देन मायोच्यते प्रच्छन्नमनाचारे वृत्तिः। ज्ञात्वा दातृकुलं पूर्वमन्येभ्यः प्रवेशः। कार्यापदेशेन यथा परे न जानंति तथा वा। भद्रकं भुक्त्वा विरसमशनं भुक्तमिति कथनं । ग्लानस्याचार्यादेर्वा वैयावृत्यं करिष्यामि इति किंचिद्गृहीत्वा स्वयं तस्य सेवनम्। स्वप्ने वाऽयोग्यसेवा सुमिणमित्युच्यते। द्रव्यक्षेत्रकालभावाश्रयेण प्रवृत्तस्यातिचारस्यान्यथा कथनं गर्हिकुंचनशब्देनोच्यते। कथं ? सचित्तसेवां कृत्वा अचित्तं सेवितमिति। अचित्तं सेवित्वा सचित्तं सेवितमिति वदति। तथा स्वाक्षस्थाने कृतमध्वनि कृतमिति, सुभिक्षे कृते दुर्भिक्षे कृतमिति, दिवसे कृते रात्रौ कृतमिति, अकषायतया रोषादिनं नीवकोपादिना रोषादितमिति । यथावत्कृतालोचनो यतिर्यावन्सूरिः प्रायश्चित्तं प्रयच्छति तावत्स्वयमेवेदं मम प्रायश्चित्तं इति स्वयं गृह्णाति स स्वयं शोधकः। एवं मया स्वगुरुभिरनुष्ठितेति निवेदने। एवमेतैर्दर्पादिभिः समापन्नोऽतिचारं उद्धरादि कथयति। कर्म स्वकृतातिचारकर्म । आसेदुषो अतिराकुर्वन् ॥

दर्पादयो विंशतिरतिचारकारणविकल्पा यथागमं निर्दिश्यन्ते। तथाहि--

मूलारा--१ तत्र दर्पोऽनेकप्रकारः। क्रीडासंघर्षो व्यायामः, कुहकं, रसायनसेवा, हास्यं गीतशृंगारो, धावनं, प्लवनमित्यादिकः। प्रमादः पंचधा विकथा, कषायाः इंद्रियविषयासक्तता, निद्रा, प्रणय इति। अथवा संक्लिष्टहस्तकर्म, कुशीलानुवृत्तिः, सामुद्रिकनिमित्तज्योतिर्वैद्यकछंदोऽर्थशास्त्रवैदिकलौकिकसमयमंत्रवादादिद्यावशास्त्रशिक्षणं, काव्यकरणं, समितिष्वनुपयुक्तता. छेदनं, भेदनं, पेषणमभिघातो. व्यधनं, खननं, बंधनं, सीवनं, प्रक्षालनं, रंजनं, वेष्टनं, ग्रथनं, पूरणं, समुदायकरणं, लेपनं, क्षपणं, आलेखनं इत्यादिकोऽनेकप्रकारः प्रमादः। अनाभोग उपयुक्तस्यापि अतिचारणां सम्यगनवबोधः। आपगा आपगापूरवन्मत्स्यानां महावातापतनवर्षाग्निपातपरचक्रकरोधाद्युपसर्गः। आतुरत्वं रोगशोकवेदनोभेदात्त्रेधा। तितिक्षणिदा द्वेधा रसासक्तता मुखरता चेति। ७ पिंडाद्युपयोगिद्रव्ये किमिदं सचित्तमुताचित्तमिति संदेहे सत्यपि तर्जनभेदनतक्षणादिकरणं । पिंडादेर्वा किमुद्गमादिदोषोपहतिरास्ति न वेति शंकायामप्युपादानं। ८ सहसाकारोऽशुभस्य मनसो वाचो वा झटिति प्रवृत्तिः ॥ ९ भयं एकांतायां वसतौ स्तेनव्यालादिरत्र प्रवेक्ष्यतीति द्वारस्थगनम्। १० प्रद्वेषस्तीव्रसंज्वलनकषायपरिणामः ॥ ११ मीमांसा स्वस्य परस्य वा बलाघवादिपरीक्षा । अथवा प्रसारितस्य करस्याकुंचनं, आकुंचितस्य वा प्रसारणं, धनुषाद्यारोपणं, उपलाद्युत्क्षेपणविक्षेपणधावनं, वृतिकंटकाद्युल्लंघनं, पशुसर्पादीनां मंत्रापरीक्षणावधारणं, ओषधीर्वीर्यपरीक्षणार्थमंजनस्य वा प्रयोगः।, द्रव्यसंयोजनया त्रसानामेकेंद्रियाणां वा सम्मूर्च्छनपरीक्षा ।

१२ अज्ञानं आचरणदर्शनात्तथाचरणं, अज्ञानिना उपनीतस्य उद्गमादिदोषदुष्टस्य उपकरणादेः सेवनं वा ॥ १३

स्नेहो देहोपधिवसतिकुलग्रामनगरदेशबंधुपार्श्वलोकेषु ममत्वपरिणामः । तेन गर्वेण शरीरे शीतादिना बाध्यते इति धर्मोपकरणैरभिसेवनमावरणमहणमक्षणोद्वर्तनाद्युपचारोऽतिचारः । तथा ममोपकरणं विनश्यति इति चिह्नविनाशभयादप्रमार्जनम। कमंडल्वादीनां प्रक्षालनं, तैलादिना वा अक्षणं, वसतेस्तृणाद्यपसारणं भंजनादिनिवारणं वा । बहूनां यतीनां प्रवेशनं मदीयं कुलं न सहते इति भाषणं वा । प्रवेशे पार्श्वस्थादीनां वंदनोपकरणादिदानं वा । तदुल्लंघनासमर्थना वा ॥ १४ गारवं ऋद्धिरससातासक्तिः तेन परिवारे लोभात्परकीयस्य प्रियवचनादीनां आत्मसात्करणं वा, गंधमाल्यतांबूलादिसेवनं, अनिष्टरसत्यागेष्टरसादरौ, यथेष्टभोजनशयनादितत्परत्वं च । १५ अनात्मवशत्वं—उन्मादापित्तप्रकोपदिशाचावेशादिना पारतंत्र्यं, ज्ञातिबलात्कारेण वा गंधमाल्यतांबूलादिसेवनं, प्रत्याख्यातभोजनं, रात्रिभोजनं वा । स्त्रीभिर्नपुंसकैर्वा बलान्मैथुनप्रवर्तनं वा । १६ आलस्यं स्वाध्यायावश्यकेष्वनुत्साहः । १७ उपधिर्गार्थाग्रयोगः, प्रच्छन्नमनाचारे प्रवृत्तिः, प्रदातृगृहं ज्ञात्वा अन्येभ्यः पूर्वं तत्र प्रवेशः कार्यापदेशेन यथा परे न जानन्ति तथा । भद्रकं भुक्त्वा विरसमशनं भुक्ते इति कथनं । ग्लानस्याचार्यादेर्वैयावृत्यं करिष्यामीति किंचिद्गृहीत्वा स्वयं तस्य सेवा । १८ स्वप्नांतः सुप्तस्यायोग्यसेवनं । १९ परिकुंचनं द्रव्यादिविपर्ययेणातिचारकथनम् । यथा सचित्तं सेवित्वा अचित्तं सेवितमिति वक्ति । स्वावस्थाने कृतं मार्गे कृतमिति । सुभिक्षे कृतं दुर्भिक्षे कृतमिति । दिवा कृतं रात्रौ कृतमिति वा । तीव्रक्रोधादिकृतं मंदक्रोधादिकृतमिति वा । २० स्वयंशुद्धिः—अकृतालोचनेन यतिना यावत्सूरिः प्रायश्चित्तं ददाति तावदिदं मे प्रायश्चित्तं इति स्वयमेव तद्गृहीत्वा एवं मया स्वशुद्धिरनुमितेति निवेदनम् । उक्तं च —

एकद्वित्रिचतुःपंचेंद्रीकांगिविराधने ॥
असूनृतवचःस्तेयमैथुनग्रंथसेवने ॥
दर्शनज्ञानचारित्रतपसां प्रतिकूलने ॥
उद्गमोत्पादनाहारदूषणानां निषेवणे ॥
दुर्भिक्षे मरके मार्गे वैरिचौरनिरोधने ॥
योऽपराधोऽभवत्कश्चिन्मनोवाक्कायकर्मभिः ॥
सर्वदोषक्षयाकांक्षी संसारश्रमभीलुकः ॥
आलोचयति तं सर्वं क्रमतः पुरतो गुरोः ॥

अर्थ—दर्पके अनेक प्रकार हैं. क्रीडामें स्पर्द्धा, व्यायाम, कपट, रसायनसेवा, हास्य, गीत और शृंगार-वचन, दौडना और कुदना ये दर्पके प्रकार हैं. प्रमादके पांच प्रकार हैं—विकथा, कषाय, इंद्रियोंके विषयोंमें आसक्ति, निद्रा और स्नेह. अथवा संक्लिष्ट हस्तकर्म, कुशीलानुवृत्ति, बाह्यशास्त्र, काव्यकरण, और समिति में उपयोग न देना ऐसे भी प्रमाद के पांच प्रकार है

छेदन करना, भेदन करना, पीसना, आघात करना, चुमना, खोदना, बांधना, फाडना, धोना, रंगाना वेष्टन करना, गूंथना, पूर्ण करना, एकत्र करना, लेपन करना, फेकना, चित्र बनाना इत्यादि कार्योंको संक्लिष्ट हस्त कर्म कहते हैं.

स्त्री पुरुषके लक्षणोंका वर्णन करने वाले शास्त्रको निमित्त शास्त्र कहते हैं. ज्योतिर्ज्ञान, छंदःशास्त्र, अर्थ-शास्त्र, वैद्यकशास्त्र, लौकिकशास्त्र, मंत्रवाद इत्यादि शास्त्रोंको बाह्यशास्त्र कहते हैं.

उपयोग देकर भी जिससे अतिचारोंका सम्यग्ज्ञान नहीं होता है उसको अनाभोगकृत अतिचार कहते हैं. अथवा मन दूसरे तरफसे लगनेपर जो अतिचार होता है वह भी अनाभोग कृत है.

नदीपूर, अग्नि लगना, महावायु बहना, वृष्टि होना, शत्रुके सैन्यसे घिरजाना, इत्यादिक कारणों से होनेवाले अतिचारोंको आपात अतिचार कहते हैं.

रोगसे पीडित होना, शोकसे दुःखित होना, वेदनासे व्यथित होना, ऐसे आर्तताके तीन प्रकार हैं इस से होनेवाले अतिचारोंको आर्ततातिचार कहते हैं.

रसमें आसक्त होना और बहुत बडबड करना इस कार्यको तिक्षिणदा अतिचार कहते हैं.

शंकित—पिच्छिका वगैरे उपयोगी द्रव्योंमें ये सचित्त हैं या अचित्त हैं ऐसी शंका उत्पन्न होनेपर भी मोडना, फोडना, भक्षण करना, आहार और उपकरण और वसतिका ये पदार्थ उद्गमादिदोष रहित हैं अथवा नहीं हैं ऐसी शंका आनेपर भी उनको स्वीकारना यह शंकितातिचार है.

सहसा—अशुभवचनमें और अशुभ विचारोंमें वचनकी और मनकी तत्काल अविचारपूर्वक प्रवृत्ति होना इसको सहसातिचार कहना चाहिये.

भयातिचार—एकान्त स्थानमें वसतिका होनेसे सर्प, दुष्ट पशु, बाघ वगैरह प्राणी प्रवेश करेंगे इस भयसे वसतिकाके द्वार बंद करना.

प्रदोष - संज्वलन कषायोंका तीव्र परिणमन होना अर्थात् उनका तीव्र उदय होना. पानीके ऊपरकी लकीर, धूलिके ऊपरकी लकीर, जमीनके ऊपरकी लकीर, और पत्थर पर उकीरी हुई लकीर इन के समान क्रोधके चार प्रकार हैं. इस प्रकारसे मान, माया, लोभके भी दृष्टांत शास्त्रांतरसे समझ लेना चाहिये. इनमें होनेवाले अतिचारों को प्रदोषातिचार कहते हैं.

मीमांसा—अपना बल और दूसरेका बल इसमें कम और ज्यादा किसका है इसकी परीक्षा करना इससे होनेवाले अतिचारको मीमांसातिचार कहते हैं.

फैले हुए हाथको समेट लेना, संकुचित हाथको फैलाना, पशुको दौड़ी लगाकर सज्ज करना, पत्थर फेंकना, माटीका ढेला फेंकना, बाधा देना, मर्यादा-बाडको उल्लंघना, कंटकादिकोंको लांघकर गमन करना पशु, सर्प वगैरह प्राणिओंको मंत्र की परीक्षा करनेके लये पकडना, और सामर्थ्यकी परीक्षा करनेके लिये अंजन और चूर्णका प्रयोग करना. द्रव्योंको संयोग कर वस और एकेंद्रियों की उत्पत्ति होती है या नहीं इसकी परीक्षा करना इन कृत्योंको परीक्षा कहते हैं. ऐसे कृत्य करनेसे व्रतोंमें दोष उत्पन्न होते हैं.

अज्ञानातिचार—अज्ञ जीवोंका आचरण देखकर स्वयं भी वैसा आचरण करना. उसमें क्या दोष है इसका ज्ञान न होना, अथवा अज्ञानीके लाये, उद्गमादि दोषोंसे सहित ऐसे उपकरणादिकों का सेवन करना ऐसे अज्ञानसे अतिचार उत्पन्न होते हैं.

शरीर, उपकरण, वसतिका, कुल, गांव, नगर देश, बंधु और पार्श्वस्थमुनि इनमें ये मेरे हैं ऐसा भाव उत्पन्न होना इसको स्नेह कहते हैं. इससे उत्पन्न हुए दोषोंको स्नेहातिचार कहते हैं. यह ठंडी हवा मेरे शरीरको पीडा देती है ऐसा विचारकर चटाईसे उसको ढकना, अग्नीका सेवन करना, ग्रीष्म ऋतुका ताप मिटानेके लिये वस्त्रग्रहण करना, उबटन लगाना, साफ करना, तैलादिकोंसे कमंडलु वगैरह पदार्थ स्वच्छ करना, धोना. उपकरण नष्ट होगा इस भयसे उसको अपने उपयोगमें न लाना, जैसे पिच्छिका झड जायगी इस भयसे उसमें जमीन, शरीर, पुस्तकादिक साफ न करना इत्यादिक अतिचारोंको उपचारातिचार यह संज्ञा है.

वसतिका का तृण कोई पशु खाता होगा तो उसका निवारण करना, वसतिका भग्न होती हो तो उसका निवारण करना, बहोतसे यति मेरी वसतिका में नहीं ठहर सकते हैं ऐसा भाषण करना. बहुत मुनि प्रवेश करने

लगे तो उनपर क्रुद्ध होना, बहुत यतिओं को वसतिका मत दो ऐसा कहना, वसतिका की सेवा करना अथवा अपने कुलके मुनिओं की सेवा करना, निमित्तादिकों का उपदेश देना, ममत्वसे ग्राममें, नगरमें अथवा देशमें रहनेका निषेध न करना, अपने संबंधि यतिओं के सुखसे अपने को सुखी समझना और उनको दुःख होनेसे अपने को दुःखी समझना, पार्श्वस्थादि मुनिओंकी वंदना करना, उनको उपकरणादिक देना, उनका उल्लंघन करने में सामर्थ्य न रखना, इत्यादि कृत्योंसे जो दोष होते हैं उनकी आलोचना करनी चाहिये.

ऋद्धिका त्याग करनेमें असमर्थ होना, ऋद्धि में गौरव समझना, परिवारमें आदर रखना, प्रियभाषण करके और उपकरण देकर परकीय वस्तु अपने वश करना इसको ऋद्धिगौरव कहते हैं. इष्टरसका त्याग न करना, अनिष्ट रसमें अनादर रखना, इसको रसगौरव कहते हैं. अतिशय भोजन करना, अतिशय सोना इसको सातगौरव कहते हैं. इन दोषोंकी आलोचना करनी चाहिये.

परके वश होनेसे जो अतिचार होते हैं उनका विवेचन इस प्रकार है—उन्माद, पित्त, पिशाच इत्यादि कारणोंसे परवश होनेसे अतिचार होते हैं. अथवा ज्ञातिके लोकोंसे पकडनेपर बलात्कारसे इत्र, पुष्प वगैरहका सेवन किया जाना, त्यागे हुए पदार्थोंका भक्षण करना, रात्रिभोजन करना, मुखको सुगंधित करनेवाला पदार्थ, तांबूल वगैरह भक्षण करना, स्त्री अथवा नपुंसकोंके द्वारा बलात्कारसे ब्रह्मचर्यका विनाश होना, ऐसे कार्य परवशतासे होनेसे अतिचार लगते हैं. पृच्छना, अनुप्रेक्षा वगैरह चार प्रकारके स्वाध्याय और अवश्यक क्रियाओंमें अनादर आलस्य करना, इनकी आलोचना करना क्षपकका कर्तव्य है.

अवधि शब्दका अर्थ माया होता है. गुप्त रीतीसे अनाचारमें प्रवृत्ति करना, दाताके घरका शोध करके अन्य मुनि जानेके पूर्वमें वहां आहारार्थ प्रवेश करना, अथवा किसी कार्यके निमित्तसे दूसरे नहीं जानसके इस प्रकारसे प्रवेश करना, मिष्ट पदार्थ खानेको मिलने पर मेरेको विरस अन्न खानेको मिला ऐसा कहना. रोगी मुनिका किंवा आचार्यका वैयावृत्य करनेके लिये श्रावकोंसे कुछ चीज मांगकर उसका स्वयं उपयोग करना. ऐसे दोषोंकी आलोचना करनी चाहिये.

स्वप्नमें अयोग्य पदार्थका सेवन होना उसको 'सुमिण' कहते हैं. द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके आश्रयसे जो अतिचार हुए हो उनका अन्यथा कथन करना उसको 'पलिकुंचन' कहते हैं. जैसे सचित्त पदा-

र्यका सेवन करके अचित्तका सेवन किया ऐसा कहना. अचित्तका सेवन कर सचित्तका सेवन किया ऐसा कहना. वसतिकामें कोई कृत्य किया हो तो मैंने वह कार्य रास्तेमें किया ऐसा कहना. सुभिक्षमें किया हुआ कृत्य दुर्भिक्षमें कियाथा ऐसा बोलना. दिनमें कोई कृत्य करनेपरभी मैंने रातमें अमुक कार्य किया था ऐसा बोलना. अकषायभावसे किये हुए कृत्यको तीव्र परिणामसे किया था ऐसा बोलना. इन दोषोंकी आलोचना करनी चाहिये.

आचार्य के पास आलोचना करने पर आचार्य प्रायश्चित्त देने के पूर्व ही स्वयं यह प्रायश्चित्त मैंने लिया है ऐसा कहकर स्वयं प्रायश्चित्त लेता है उसको स्वयं शोधक कहते हैं. स्वयं मैंने ऐसी शुद्धि की है ऐसा कथन करना. इस रीतीसे दर्पादिके द्वारा अतिचार होते हैं वे सब कहने चाहिये. और अपने किये हुए अतिचारों के क्रमका उल्लंघन नहीं करना चाहिये.

इय पयविभागियाए व ओघियाए व सल्लमुद्धरिय ॥
सव्वगुणसोधिकंखी गुरूवएसं समायरइ ॥ ६१५ ॥
स सामान्यविशेषाभ्यामभिधाय स्वदूषणम् ॥
विधत्ते गुरुणा दत्तां विशुद्धिं शुद्धमानसः ॥ ६३७ ॥

विजयोदया--इय एवं । पदविभागियाए च विशेषालोचनया वा । ओघियाए च सामान्यालोचनया वा । सल्लं मायाशल्यं । उद्धरिय उद्धृत्य । सव्वगुणसोधिकंखी सर्वेषां गुणानां दर्शनज्ञानचारित्रतपसां शुद्धिमभिलषन् । गुरूवएसं गुरूणोपदिष्टं प्रायश्चित्तं । समादियदि समाचरति । रोषं दैन्यमश्रद्धानं च त्यक्त्वा ।

एवमालोच्य अर्पणालोचनाविधिमभिधायोपसंहरति—

मूलारा—गुरूवएसं गुरूपदिष्टं प्रायश्चित्तं । समादियदि रोषदैन्याश्रद्धानं त्यक्त्वा गृह्णाति । समाचरतीति वा पाठः । तत्र रोषादित्यागेनानुतिष्ठतीत्यर्थः ॥

अर्थ—विशेषालोचना करके अथवा सामान्यालोचना करके मायाशल्यको हृदयसे निकालकर दर्शन, ज्ञान-चारित्र और तपश्चरणोंमें शुद्धिकी अभिलाषा रखता हुआ गुरुके द्वारा कहा हुआ प्रायश्चित्त रोष, दीनता और अश्रद्धानका त्यागकर क्षपक ग्रहण करता है.

आलोचनाके दोषोंका यहांतक वर्णन किया. अब गुरूके आगे आलोचना करते समय स्वतः की निंदा करनी चाहिये.

परिहार्यालोचनादोषानुक्त्वा गुरुसकाशे आलोचनानिंदना गुणवतीति वदति—

कदपावो वि मणुस्सो आलोयणणिंदओ गुरुसयासे ॥
होदि अचिरेण लहुओ उरुहियभारोव्व भारवहो ॥ ६१५ ॥

मनुष्यः कृतपापोऽपि कृतालोचननिंदनः ॥
संपद्यते लघुः सद्यो विभारो भारवानिव ॥ ६३८ ॥

विजयोदया—कदपावो वि मणुस्सो कृतपापोऽपि मनुष्यः समर्जिताशुभकर्मसंचयोऽपि सन्। अथवा पापस्याशुभकर्मणः कारणभूताऽसंयमादिरिह पापशब्देनोच्यते, तेनायमर्थः—कदपावोऽवि कृतासंयमादि सन्। आलोयणणिंदओ कृतालोचनः कृतनिंदितश्च । क्व गुरुसयासे गुरुसमीपे । होदि भवति । अचिरेण लहुओ लघुतमः। उरुहियभारोव्व अवतारितभार इव। भारवहो भारस्य वोढा ॥

एवं दोषानुक्त्वा गुणान्वक्तुमालोचनानिंदामाहात्म्यमाह—

मूलारा—आलोयणिंदओ कृतालोचनः कृतनिंदनश्च । लहुगो दोषशुद्धः । एतेन गुणा निरूपिता दोषविपर्ययरूपत्वात्तेषां । उरुहिदभारोव्व अवतारितभार इव ।

निंदाका माहात्म्य आचार्य कहते हैं—

अर्थ – अशुभकर्मका संचय जिसने किया है ऐसा भी मनुष्य यदि गुरु के समीप आलोचना और अपनी निंदा करेगा तो बहोत बोझा मस्तकपरसे उतर जानेपर भारवाही मनुष्य जैसा सुखी होता है वैसा शीघ्र सुखी होता है. अथवा पापके अशुभकर्मके कारणभूत असंयमादिक को भी पाप कहते हैं. इसलिये यहां दूसरा अर्थ इस प्रकार समझना चाहिये–जिसने असंयमाचरण किया है वह भी मनुष्य गुरुके समीप आकर दोषोंकी आलोचना और निंदा करेगा तो भारवाही मनुष्य भार उतरनेसे जैसा सुखी होता है वैसा सुखी होता है.

भावशुद्ध्यर्थं आलोचना असत्यां भावशुद्धौ को वा दोष इत्याह—

सुबहुस्सुदा वि संता जे मूढा सीलसंजमगुणेसु ॥
ण उवेंति भावसुद्धिं ते दुक्खणिहेलणा होंति ॥ ६१६ ॥

भावशुद्धिं न कुर्वन्ति भवन्तोऽपि बहुश्रुताः ॥
चतुरंगे विमूढा ये दुःखपीडया भवन्ति ते ॥ ६३९ ॥

विजयोदया—सुबहुस्सुदा वि संता सुष्ठु बहुश्रुता अपि सन्तः । जे मूढा ये मूढाः । सीलसंजमगुणेसु शीले क्षमादिके धर्मे, संयमे, व्रतेषु गुणेषु ज्ञानदर्शनतपःसु च । भावसुद्धिं परिणामेन शुद्धिं । ण उवेंति नोपयांति ते दुक्खणिहेलणा दुःखैर्निष्पीडया । होंति भवंति ॥

भावशुद्ध्यभावे दोषमाह—

मूलगा—संता संतः । मूढा मूर्खाः । सीलं उत्तमक्षमादि गुणाः ज्ञानदर्शनतपांसि । ण उवेंति नोपयांति । भावसुद्धिं भावशुद्धिं । दुक्खनिहेलणा दुःखैर्निपीडिताः । दुक्खनिहेलणा इति पाठे दुःखगृहाः इत्यर्थः ।

परिणामोंकी निर्मलता करनेके लिये आलोचना की जाती है यदि भावशुद्धिकी प्राप्ति न हो तो उससे क्या नुकसान होता है यह दिखाते हैं—

अर्थ—जो मुनि महाविद्वान होकर भी क्षमादिकधर्म, संयम, व्रत, ज्ञान, दर्शन और तपमें यदि भावशुद्धियुक्त नहीं होते हैं वे इस संसारमें नाना दुःखोंसे पीडित होते हैं.

कृतायामालोचनायां गुरुणा किं कर्तव्यमित्यत आह—

आलोयणं सुणित्ता तिक्खुत्तो भिक्खुणो उवायेण ॥
जदि उज्जुगोत्ति णिज्जइ जहाकदं पट्ठवेदव्वं ॥ ६१७ ॥

त्रिःकृत्वालोचनां शुद्धां भिक्षोर्विज्ञाय नत्वतः ॥
स मध्यस्थो रहस्यज्ञो दत्ते शुद्धिं यथोचिताम् ॥ ६४० ॥

विजयोदया—आलोयणं आलोचनां । सुणित्ता श्रुत्वा । तिक्खुत्तो त्रिः पृष्ट्वा । भिक्खुणो भिक्षोः । उवायेण

उपायेन । जदि उज्जुगोत्ति य यदि ऋजुरयमिति । णज्जइ वचनेन आचरणेन वा ज्ञायते प्रायेण ऋजुता । यथा अनृजोर्भावऋजुत्वभावाच्च व्यवहारिणः प्रायश्चित्तं प्रयच्छंति सूरयः । भावशुद्धिमंतरेण पापानपायात् रत्नत्रयस्य निरतिचारत्वाभावात् ॥

कृतायामालोचनायां गुरुणा किं कर्तव्यमित्यत आह—

मूलारा०- तिक्खुत्तं त्रीन्वारान् । उवाएण मनः प्रल्हाद्य । अथवा कीदृशोऽपराधस्ते विस्मृतो न श्रुतं मयेति वा । उज्जुगोत्ति ऋजुरयमिति । णज्जदि ज्ञायते वचनेन आचरणेन वा । जधाकदं यथाकृतं । पापं शुद्धयतीत्यपायादयः । पट्टवेदव्वं तथा प्रायश्चित्तं दातव्यम् ॥

आलोचना करनेके अनंतर गुरुको क्या करना योग्य है इस प्रश्नका उत्तर—

अर्थ—संपूर्ण आलोचना सुनकर गुरु क्षपकको तीन वार उपायसे पूछते हैं अर्थात् तुमने कोनसे अपराध किये हैं ध्यानमें नहीं रहे हैं पुनः कहो ऐसा तीन वार पूछते हैं. यदि यह क्षपक सरल परिणामका है ऐसा गुरुके अनुभवमें आजाय अर्थात् क्षपकके आचरणसे और उसके वचनसे गुरु उसका निष्कपटपना अथवा कपटीपना जान लेते हैं. यदि यह क्षपक कपटी है ऐसा दीख पडेगा तो वे उसको प्रायश्चित्त नहीं देते हैं. परिणामकी निर्मलता न होनेसे पापका नाश होता नहीं. और रत्नत्रयमें निरतिचारपना आता नहीं.

कस्मै इत्थंभूता आलोचना कीदृशी यस्यां सत्यां प्रायश्चित्तं दीयते न च दीयते इत्यत्र आह—

आदुरसल्ले मोसे मालागररायकज्ज तिक्खुत्तो ॥
आलोयणाए वक्काए उज्जुगाए य आहरणे ॥ ६१८ ॥
राजकार्यातुरासत्यसशल्यानामिव त्रिधा ॥
दोषाणां पृच्छना कार्या सूरिणागमवेदिना ॥ ६२१ ॥

विजयोदया—आदुरसल्ले आतुरो व्याधितः स वैद्येन चारत्रयं पृच्छ्यते । किं भुक्तं ? किमाचरितं ? कीदृशी वा रोगस्य वृत्तिरिति । शल्यमपि शरीरलग्नं त्रिः परीक्ष्यते । शुद्धता व्रणस्य जाता न वेति । राजकज्जे तिक्खुत्तो राज्ञाज्ञप्तं कार्यं किमेवं करिष्यामीति त्रिः पृच्छ्यते । आलोय राजकज्जे तिक्खुत्तो राज्ञा आज्ञप्तं कार्यं किमेवं करिष्यामीति त्रिः पृच्छ्यते । आलोयणाए वक्काए वक्कावाः । उज्जुगाए ऋजुत्वाच्च । आहरणे दृष्टान्ताः । यदि चारत्रयमप्येकरूपेण वक्ति ततो ऋजुर्नान्यथा अन्यदाचष्टे यंकीति ग्राह्यं ॥

व्याधितः शल्यं मोषो मालाकारो राजकार्यं चैतानि पंच यथा त्रिःप्रच्छयन्ते तथा आलोचनापि कथं वक्रा चेति ज्ञातुं त्रिःप्रष्टव्या । यदि वारत्रयमप्येकरूपेण वक्ति तदा ऋजी प्रायश्चित्तदानादि अन्यथा तस्या प्रायश्चित्त दानायोग्येत्युपदेष्टुमाह —

मूलार—आदुरेत्यादि । तिक्खुत्तो तीन वार । पुच्छणायामालोचनायामातुरादयः पंच आहरणे दृष्टान्ता भवन्ति इति संबंधः । तत्रातुरः त्रिः पृच्छ्यते वैद्येन किं भुक्तं कीदृशी च रोगप्रवृत्तिरिति । तथा शल्यं त्रिः पृच्छ्यते अत्र ते कंटकादिरिति । तथा मोषे द्रव्यापहारे किं ते चौरैर्नीतमिति त्रिः प्रश्नः क्रियते । तथा मालाकारोऽपि त्रिः पृच्छ्यते । कियन्मूल्या तव पुष्पमालेति । तथा राज्ञा आज्ञापितं कार्यं त्रिः पृच्छ्यते किमेवं करिष्यामीति । एवमालोचनापि त्रिः परीक्ष्यते कीदृशोऽपराधस्ते पुनः कथयेति ।

सरल आलोचना अथवा वक्र आलोचना कैसी समझना ? जिसके ऊपर प्रायश्चित्त देना न देना अवलंबित है ? इस प्रश्नपर आचार्य उत्तर देते हैं.

अर्थ—रोगीको वैद्य तीन वार पूछते हैं—तुमने क्या खाया है? तुम कैसी प्रवृत्ति करते थे? और तुम्हारे रोगका क्या हाल है? शरीरमें यदि शस्त्र अथवा कांटेका अग्रभाग घुसनेपर यहां ही कांटा घुस गया है ना? अब व्रण अच्छा हुवा हैं ना? ऐसा तीन वार पूंछते हैं. किसीके यहां चोरी होगई हो तो तुम्हारा चोर क्या क्या माल लूटकर ले गये हैं ऐसे तीन वार पूंछते हैं. मालाकारको भी तुम्हारी इस पुष्पमालाकी क्या कीमत है ? इस प्रकार तीन वार पूछते हैं. राजकार्यके लिए भी ऐसा ही तीन वार पूछते हैं अर्थात् यह कार्य मैं करूं क्या? उसी प्रकार आलोचना वक्रतासे या सरलपनासे की गई है इसको जाननेके लिये तुम्हारे अपराध कैसे हैं पुनः कहो ऐसा तीन वार भी उसने एकरूपसे ही अपराधोंका कथन किया तो समझना चाहिये कि इसकी आलोचना सरला है यदि वह भिन्न भिन्न प्रकारसे कहेगा तो इसकी आलोचनामें मायाचार है ऐसा समझना चाहिये.

पडिसेवणातिचारे जदि णो जंपदि जधाकमं सव्वे ॥
ण करेंति तदो सुद्धिं आगमववहारिणो तस्स ॥ ६१९ ॥

दोषान्न प्रांजलीभूय भाषते यथशेषतः ॥
न कुर्वन्ति तदा शुद्धिं प्रायश्चित्तविचक्षणाः ॥ ६४२ ॥

विजयोदया—पडिसेवणातिचारे प्रतिसेवनानिमित्तानतीचारान् । तत्र सेवा चतुर्विधा द्रव्यक्षेत्रकालभावविकल्पेन । द्रव्यसेवा त्रिप्रकारा सचित्तमचित्तं मिश्रमिति द्रव्यस्य त्रिविधत्वात् । चित्ते ज्ञाने तथा च प्रयोगः-चित्तमात्रं जगत्तत्त्वं इत्यात्मज्ञमिति पाठः । अथवा [illegible] चित्तशब्देनाभिधानं, सह चित्तेनात्मना वर्तते इति सचित्तं जीवशरीरत्वेनावस्थितं पुद्गलद्रव्यं । न विद्यते चित्तं आत्मा यस्मिन्पुद्गले तदचित्तं निश्चेतनं । तथा सचित्ताचित्तपुद्गलसंहतिः । पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतयः जीवपरिगृहीताः सचित्तशब्देनोच्यंते । अचित्तं जीवेन परित्यक्तं शरीरं तयोरुपादाने क्षेत्रादिप्रतिसेवना योज्या । जदि णो जंपदि न कथयेद्यदि । जहाकमं यथाक्रमं । सव्वे सर्वान् स्थूलान्सूक्ष्मांश्चातिचारान् । ण करंति न कुर्वन्ति । तदो ततः । तस्स सोधिं तस्य शुद्धिं । आगमववहारिणो आगमानुसारेण व्यवहरंतः ॥

एत्थ दु उज्जुगभावा ववहरिदव्वा भवंति ते पुरिसा ॥
संका परिहरिदव्वा सो से पढाहि जहि विसुद्धा ॥ ६२० ॥

इति वचनात् सर्वमतिचारं निवेदयत एव ऋजुता, तस्यैव प्रायश्चित्तदानं ।
यथावद्दोषानालोचने प्रायश्चित्तप्रयोगमार्गं भावयति —

मूलारा—पडिसेवणादिचारे द्रव्यादिचतुष्टयविराधनानिमित्तानतिचारान् । ण उंटे न कथयति ॥

अर्थ—द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके आश्रयसे उत्पन्न हुए दोषोंको प्रतिसेवना कहते हैं. इस सेवनाके द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके विकल्पोंसे चार भेद हैं. द्रव्यसेवाके तीन प्रकार हैं. सचित्त द्रव्यसेवा, अचित्त द्रव्यसेवा, और मिश्रद्रव्यसेवा. चित्त शब्दका अर्थ ज्ञान है. 'चित्तमात्रं जगत्तत्त्वं' अर्थात् ज्ञानमात्र जगत्का तत्त्व है. यहां ज्ञान आत्मासे कथंचित् अभिन्न है. अथवा आत्मामें रहनेसे आत्माको भी ज्ञान कहते हैं. इस आत्माके साथ जो पुद्गल पदार्थ रहता है उसको सचित्त कहते हैं. अर्थात् जीवका शरीर बनकर जो पुद्गल रहता है उसको सचित्त कहते हैं. जिस पुद्गलमें आत्मा रहता नहीं है उसको अचित्त कहते हैं. सचित्त और अचित्त पुद्गलके एकरूप हुए समुदायको सचित्ताचित्त पुद्गल कहते हैं. जीवके द्वारा स्वीकारे हुए पृथ्वी, हवा, पानी, अग्नि, वनस्पतीको सचित्त कहते हैं. जीवके छोडे हुए शरीरको अचित्त कहते हैं. क्षेत्रादिनिमित्तसे जो जो अपराध होते

हैं वे यदि क्षपक क्रमसे न कहेगा तो अर्थात् सूक्ष्म और स्थूल अपराधोंका कथन नहीं करेगा तो प्रायश्चित्त शास्त्रके ज्ञाता आचार्य उसको प्रायश्चित्त नहीं देते हैं. इस विषयमें आगममें ऐसा कहा है—

जो ऋजुभावसे आलोचना करते हैं ऐसे पुरुष प्रायश्चित्त देने योग्य हैं. और जिनके विषयमें शंका उत्पन्न हुई हो उनको प्रायश्चित्त आचार्य नहीं देते हैं. इससे यह सिद्ध हुआ कि सर्व अतिचार निवेदन करनेवाले में ही ऋजुता रहती है. उसको ही प्रायश्चित्त देना योग्य है.

पडिसेवणादिचारे जदि आजंपदि जहाकमं सव्वे ॥
कुव्वंति तहो सोधिं आगमववहारिणो तस्स ॥ ६२१ ॥
निःशेषं [illegible] दोषं यदि [illegible] ॥
तदानीं कुर्वन्ति शुद्धिं व्यवहारविशारदाः ॥ ६२३ ॥

सुगमा गाथा ।

यथावद्दोषालोचने प्रायश्चित्तप्रयोगमनुशासति –

मूलारा––स्पष्टम्

अर्थ––यदि द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के आश्रयसे हुए संपूर्ण दोष क्षपक अनुक्रमसे कहेगा तो प्रायश्चित्तदानकुशल आचार्य उसको प्रायश्चित्त देते हैं.

यदि स निरवशेषालोचनायां क्षपकः कर्तव्यतामिमामेव विशेषतः कथयति-

सव्वं कहणाकालोचिदंमि छेदसुत्तजाणगं गणी से ॥
तो आगमसंसद्धं करेदि सुत्ते य अत्थे य ॥ ६२२ ॥
सम्यगालोच्यते तेन सूत्रं मीमांसते गणी ॥
अनालोच्य न कुर्वन्ति महान्तः कांचन क्रियाम् ॥ ६२४ ॥

ज्ञात्वा वक्रामवक्रां वा सूरिरालोचनां यतेः ॥
विदधाति प्रतीकारं शुद्धिरास्ति कुतोऽन्यथा ॥ ६४५ ॥

विजयोदया—खवगेण सम्मं आलोचिदम्मि क्षपकेन सम्यगालोचिते । छेदसुदजाणगणी सो छेदसूत्रज्ञः सूरिः सः । तो पश्चात् । आगममीमंसं आगमविचारं । करेदि करोति । कथं ? सुत्ते य अत्थे य सूत्रे च अर्थे च । इदं सूत्रं अस्य चायमर्थ इति अपराधस्यैवंभूतस्य इदं प्रायश्चित्तमनेन सूत्रेण चेदं निर्दिष्टं इति प्रायश्चित्तरूपयति ॥

यतिना निर्दोषमालोचिते सूरिः किं करोतीत्यत्राह—

मूलारा—छेदसुदजाणगगणी प्रायश्चित्तसूत्रज्ञ आचार्यः । आगममीमंसं । प्रायश्चित्तशास्त्रविचारणं । सुत्ते य अत्थे य इदं सूत्रमस्य वाचगर्थ इति विचारयतीत्यर्थः ।

यतिके द्वारा निर्दोष आलोचना किये जानेपर आचार्य का क्या कर्तव्य है इस शंका का उत्तर कहते हैं --

अर्थ— क्षपकमुनि जब निर्दोष आलोचना करते हैं प्रायश्चित्तसूत्रके ज्ञाता आचार्य तब आगम से अपराधोंकी परीक्षा करते हैं. अर्थात् यह प्रायश्चित्तको बतानेवाला सूत्र है, इसका यह अर्थ है, इस अपराधको यह प्रायश्चित्त देना योग्य है, इस सूत्र के द्वारा यह प्रायश्चित्त बतलाया है. इत्यादिरूपसे आचार्य प्रथम प्रायश्चित्त का विचार करते हैं.

परिणामश्च निरूपयितव्यस्तदीयः किमर्थमित्यत आह—

पडिसेवादो हाणी वड्ढी वा होइ पावकम्मस्स ॥
परिणामेण दु जीवस्स तत्थ तिव्वा व मंदा वा ॥ ६४३ ॥
जातस्य प्रतिसेवातो हानिर्वृद्धिश्च देहिनाम् ॥
पापस्य परिणामेन तीव्रा मंदा च जायते ॥ ६४६ ॥

विजयोदया—पडिसेवादो जातस्स पावकम्मस्स परिणामेण हाणी वड्ढी वा होदि । कीदृशी ? तिव्वा व मंदा वा इति पदघटना । प्रतिसेवनातो जातस्य पापकर्मणः परिणामेन पाश्चात्येन करणेन हानिर्वा वृद्धिर्वा भवति । तीव्रा हानिस्तीव्रा वृद्धिः । मंदा वा हानिर्मंदा वा वृद्धिः ॥

यथालोचनं प्रायश्चित्तं निरूपयता सूरिणा अतिचारसदृशानी तदुत्तरकालभाव्यपि क्षपकस्य परिणामो निरूपणीयो यतः ।

मूलारा— पडिसेवादो असंयमादिसेवनाज्जातस्यापि पापस्य पश्चात्तेन शुभाशुभपरिणामेन तीव्रा मंदा वा वृद्धिरिव हानिस्तत्रालोचनाकाले स्यादिति संबंधः । सामान्येनापि दुष्कृतहानिवृद्धितीव्रमंदत्वरूपापनमेतेन प्रतिपत्तव्यम् । तथा चोक्तम्—

जातस्य प्रतिसेवातो हानिर्वृद्धिश्च देहिनाम् ।
पापस्य परिणामेन तीव्रा मंदा च जायते ॥

आचार्य क्षपकके परिणामका भी विचार करते हैं. उसका विचार करने की क्या आवश्यकता है इसका उत्तर कहते हैं—

अर्थ—असंयमादिकसे जो पापकर्म हुआ था उसकी आलोचना करनेके अनंतर यदि शुभ परिणाम तीव्र हुए होंगे तो पापकी तीव्र हानि होगी, यदि शुभपरिणाम मंद हुए हो तो पापकी मंद हानि होगी. जैसे तीव्र असंयमसे वा मंद असंयमसे पूर्वकालमें तीव्र पापवृद्धि अथवा मंद पापवृद्धि हुई थी वैसे आलोचनाके अनंतर शुभपरिणामकी तीव्रता या मंदतासे तीव्र या मंद पापकी हानि होती है.

तदुभयं व्याख्याय गाथाद्वयमुत्तरम्—

सावज्जसंकिलिट्ठो गालेइ गुणे णवं च आदियदि ॥
पुव्वकदं व दढं सो दुग्गदिभयबंधणं कुणदि ॥ ६२६ ॥
स्थिरत्वं नयते पूर्वं संसारासुखकारणम् ॥
एतेषां चिनुते पापं संक्लिष्टः क्षिपते गुणम् ॥ ६४७ ॥

विजयोदया—सावज्जसंकिलिट्ठो सावद्यसंक्लेशो द्विप्रकारः । सह अवद्येन पापेन वर्तत इति सावद्य एकः । अन्यस्तु संक्लेशश्चित्तबाधा । ननु सावद्यः । ज्ञानं विमलं किं मम न जायते, संपूर्णं चारित्रं। शरीरं वा किमर्थमिदमतिदुर्बलं तपोयोगासहमिति एवमादिकस्तन्निरासाय सावद्यविशेषणं सावद्यसंक्लेशः । गालेदि गुणे गालयति गुणान् दर्शन ज्ञानचारित्राणि । णवं च आदियदि आदत्ते च अभिनवं । पुव्वकदं च दढं कुणदि पूर्वार्जितं च दृढीकरोति । कषायपरिणामनिमित्तत्वात् स्थितिबंधस्य । दुग्गदिभयकारणं दुर्गतयः नारकत्वादयः विविधवेदनासहस्रसंकुलास्तासु भयं वर्द्धयति, यत्कर्माशुभं तदादत्ते स्थिरयति ॥

तदुभयं व्याख्यातुं गाथाद्वयमाह—

मूलारा—सावज्जसंकिलिट्ठो सपापसंक्लेशाविष्टः । ज्ञानं मम विमलं किं नोत्पद्यते, चारित्रं वा संपूर्णं, शरीरं वा किमिदं ममातिदुर्बलं तपोयोगाक्षममित्यादिचित्तबाधामात्रात्मकसंक्लेशव्यवच्छेदार्थं सावद्यविशेषणम् । गुणे स्वल्पकत्वादीन् । दढं स्थिरं । दुग्गदिभयबंधणं दुर्गतिषु नारकत्वतिर्यक्कुमानुषत्वकुदेवत्वभवभ्रमणेषु भयं दुःखात्मा सो । बध्यते जीवेन संबद्धं क्रियते येन तत्पापकर्म । उक्तं च—

स्थिरत्वं नयते पूर्वं संसारासुखकारणम् ।
नवं संचिनुते पापं संक्लिष्टः क्षिपते गुणम् ॥

परिणाम और पाप बंधका वर्णन—

अर्थ—सावद्य संक्लेश दो प्रकारका है. पापसे युक्त संक्लेश, और केवल संक्लेश. मेरेको निर्मलज्ञानकी प्राप्ति क्यों नहीं होती है ? संपूर्ण चारित्र क्यों नहीं प्राप्त होता है ? मेरा यह शरीर क्यों इतना दुर्बल है. क्यों उससे तप और योगका कष्ट नहीं सहा जाता है ? इस प्रकारके विचार को संक्लेश नाम है इस संक्लेशको भिन्न दिखानेके लिये सावद्य यह विशेषण संक्लेशके पीछे दिया है. जिससे फक्त मनको पीडा होती हैं ऐसे पापयुक्त संक्लेश परिणामोंसे सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र इन गुणोंका नाश होता है, नवीन पापबंध होता है और पूर्व पापकर्मों में वृद्धि होती है. क्यों कि कषायपरिणामोंसे स्थितिबंध होता है. हजारों विचित्र वेदनायें जिसमें होती हैं ऐसी नारकादिक अवस्थाओंका सावद्य संक्लिष्ट परिणाम कारण है. जो नवीन अशुभकर्म आता है वह इस पापयुक्त परिणामोंसे आत्मामें स्थिर हो जाता है.

पडिसेवित्ता कोई पच्छत्तावेण डज्झमाणमणो ॥
संवेगजणिदकरणो देसं घाएज्ज सव्वं वा ॥ ६२५ ॥

कृत्वापि कल्मषं कश्चित्पश्चात्तापकृशानुना ॥
दह्यमानमना देशं सर्वं वा हन्ति निश्चितम् ॥ ६४८ ॥

विजयोदया—पडिसेवित्ता कोई कश्चित्कृतासंयमाविसेवनोऽपि । पच्छत्तावेण डज्झमाणमणो पश्चात्तापेन दह्य-

मानचित्तः । संवेगजणिदकरणो संसारभीरुताजनितसंयमनक्रियः । देसं सव्वं वा घादेज्ज आत्माभिनवसंचितकर्मपुद्गलस्कंधैकदेशनिर्जरां वा स्वीकरोति, समस्तं वा तद् घातयेत् । यदि मध्यमो मंदो वा परिणामो देशं घातयति । अथ तीव्रः समस्तं इति भावः ॥

मूलारा—करणं संयमक्रिया । देसं आत्माभिनवं संचितकर्मपुद्गलस्कंधैकदेशं घादेज्ज घातयेत् । यदि मध्यमो वा परिणामस्तदा देशं हन्त्यथ तीव्रस्तदा समस्तमिति भावः । उक्तार्थसंग्रहश्लोकौ ॥

जातस्य प्रतिसेवातस्तीव्रा मंदा च रेफसः ।
हानिःसतां स्वभावेन स्याद्वृद्धिश्चासतां तथा ॥
संक्लिष्टो हृदयन्पूर्वं बध्नात्यंहः कथन् गुणान् ।
हंत्यंशतोऽखिलं वा तत् संविग्नोऽनुशयात्तपन ॥

अर्थ—पूर्वकालमें किसी क्षपकने असंयमका सेवन किया था परंतु पश्चात् उसका अन्तःकरण पश्चात्तापसे दग्ध हुआ. तब वह संसारसे भयभीत होकर संयमाचरणमें तत्पर हुआ. इस संयमाचरणके प्रभावसे नवीन संचित किये हुये पापकर्मके स्कंधमेंसे एकदेशकी निर्जरा होती है. अथवा यदि तीव्र संयमाचरण हो तो उससे संपूर्णका भी घात होता है. अभिप्राय यह है कि संयमाचरणके परिणाम मंद अथवा मध्यम प्रकारके हो तो कर्मके एकदेशकी निर्जरा होती है और यदि तीव्र हो तो सम्पूर्ण कर्मका घात होता है.

तो णच्चा सुत्तविदू णालियधमगो व तस्स परिणामं ॥
जावदिएण विसुज्झदि तावदियं देदि णिद्दकरणो ॥ ६२६ ॥

नालिकाधमवज्ज्ञात्वा प्रमाणं कुरुते सुधीः ॥
ततः शुध्यति यावत्या तावतीं स परिक्रियाम् ॥ ६४९ ॥

विजयोदया—तो तस्मात् । णच्चा ज्ञात्वा । सुत्तविदू प्रायश्चित्तसूत्रज्ञः सूरिः । किं ? तस्स परिणामं कृतापराधस्य परिणामं । कथं परिणामो ज्ञायते इति चेत् सहवासेन तीव्रक्रोधस्तीव्रमान इत्यादिकं सुज्ञातमेव । तत्कार्योपलंभात्, तमेव वा परिपृच्छय, कीदृग्भवतः परिणामोऽतिचारसमकाले वृत्त । इति । किमिव ? णालियधमगोव्व नालिकया यो धमति सुवर्णकारः सोऽग्नेर्बलाबलं विदित्वा धमनं करोति, एवं सूरिरपि अस्य कर्म तनुतरं महद्वेति विदित्वा

जावदिएण यावता प्रायश्चित्तेन । विसुज्झदि विशुद्धयति । तावदियं तावत्परिमाणं प्रायश्चित्तं अल्पं महद्वा । देदि ददाति । जिदकरणो परिचितप्रायश्चित्तदानक्रियः ।

उक्तार्थं प्रकृते योजयन्नाह–

मूलारा–णच्चा ज्ञात्वा । सहवासेन तत्कार्योपलंभात्तद्वचनाद्वा निश्चित्य । सुत्तविदू छेदसूत्रज्ञः । णालिगधम्मगो व सुवण्णकार इव । जावदिएण यावता । अल्पेन महता वा प्रायश्चित्तेन बहिना च । विसुज्झदि विशुद्धयति निर्मलीभवति मुनिः कांचनं च । जिदकरणो परिचितप्रायश्चित्तदानक्रियः ।

अर्थ—प्रायश्चित्त शास्त्रज्ञ आचार्य जिसने अपराध किये थे ऐसे क्षपकके परिणाम जानकर जितने प्रायश्चित्तसे वह शुद्ध होगा उतना प्रायश्चित्त उसको देते हैं. जैसे सुवर्णकार अग्निके सामर्थ्य असामर्थ्यको देखकर तदनुरूप कम या अधिक हवासे उसको प्रज्वलित करता है वैसे प्रायश्चित्त देनेके कार्यका जिनको पूर्ण परिचय हुआ है ऐसे आचार्य इसका अपराध छोटा है या बडा है. इसके क्रोधादि परिणाम तीव्र थे या मंद थे इस विषयका विचार कर अनुरूप प्रायश्चित देते हैं. दूसरेके परिणाम कैसे जाने जा सकते हैं इस प्रश्नका उत्तर– सहवाससे परिणाम जाने जा सकते हैं अथवा उसके कार्य देखनेपर उसके तीव्र या मंद क्रोधादिकका स्वरूप मालुम होता है. अथवा जब तुमने अतिचार किये थे तब तुह्मारे परिणाम कैसे थे ऐसा उसको पूछकर भी परिणामोंका निर्णय किया जा सकता है.

आउव्वेदसमत्ती तिगिंछिदे मदिविसारदो वेज्जो ॥
रोगादंकाभिहदं जह णिरुजं आदुरं कुणइ ॥ ६२७ ॥
उज्झार्थीकुरुते वैद्यो वैद्यशास्त्रविशारदः ॥
यथातुरं कृताभ्यासो रोगातंकादिपीडितम् ॥ ६५० ॥

विजयो – आउव्वेदसमत्ती निर्व्याजसमस्तायुर्वेदः । तिगिंछिदे चिकित्सायां । मदिविसारदो बुद्धया निपुणः । वेज्जो वैद्यः । रोगातंकाभिहदं महता अल्पेन वा व्याधिना पीडितं । आदुरं व्याधितं । जह यथा । णिरुजं कुणदि विशुद्धं करोति ।

तंत्रार्थकर्मनिपुणो वैद्यो रोगिणश्चिकित्सकः क्षपकं संसारमहाभैषज्यरसीति गाथाद्वयेनाह—

मूलारा—आउव्वेदसमत्ती निर्ज्ञातसकलवैद्यकशास्त्रः । तिगिंछिदे चिकित्सते । रोगातंकाभिहदं अल्पेन महता वा व्याधिना पीडितं । णिरुजं नीरुजं निरामयं ॥

अर्थ—जिसने समस्त आयुर्वेदशास्त्रका ज्ञान प्राप्त कर लिया है, जो रोगपरीक्षण करनेमें निपुण है ऐसा वैद्य छोटे अथवा बडे रोगोंसे पीडित मनुष्यको औषधि देकर जैसे नीरोग करता है उसी प्रकार—

एवं पवयणसारसुयपारगो सो चरित्तसोधीए ।
पायच्छित्तविदण्हू कुणइ विसुद्धं तयं खवयं ॥ ६२८ ॥

गणाधिपः कृताभ्यासो व्यवहारविचक्षणः ॥
क्षपकं मलिनीभूतं निर्मलीकुरुते तथा ॥ ६५१ ॥

विजयोदया—एवं पवयणसारसुयपारगो प्रवचने यत्सारभूतं श्रुतं तस्य पारगतः । पायच्छित्तविदण्हू प्रायश्चित्तकमज्ञः । चरित्तसोधीए चारित्रशुद्ध्या । तयं खवयं तकं क्षपकं । विसुद्धं कुणदि विशुद्धं करोति ।

मूलारा—पवयणसारसुदपारगो प्रवचनस्य जिनागमस्य सारभूतं श्रुतं प्रायश्चित्तसूत्रं तत्समस्तं जानन् ॥

अर्थ—आगममें जो सारभूत श्रुतज्ञान है उसमें प्रवीण, प्रायश्चित्त शास्त्रके ज्ञाता आचार्य क्षपकको प्रायश्चित्त देकर उसका चारित्र निर्मल बनाते हैं.

स्थविरे व्यावर्णितगुणे असत्यन्योऽपि भवति निर्यापक इति शंकायां कथ्यते—

एदारिसंमि थेरे असदि गणत्थे तहा उवज्झाए ॥
होदि पवत्ती थेरो गणधरवसहो य जदणाए ॥ ६२९ ॥

गणास्थिते ऽस्तीदृक्षे स्थविरेऽध्यापके तथा ॥
अस्ति प्रवर्तको वृद्धो बालाचार्योऽथ यत्नतः ॥ ६५२ ॥

विजयोदया—एदारिसंमि व्यावर्णितगुणे । थेरे स्थविरे अविद्यमाने । गणत्थे गणस्थे । तहा तथा । उवज्झाए

उपाध्याये वाऽसति । होदि भवति । णिज्जवओ निर्यापकः । पवत्ती प्रवर्तकः । थेरो स्थविरश्चिरप्रव्रजितो मार्गज्ञो । गणधरवसहो य बालाचार्यो वा । जदणाए यत्नेन प्रवर्तमानः । एवमालोचनायां मूलदोषनिरूपणा समाप्ता ॥

यथोक्तगुणे गणाधिपेऽध्यापके वा निर्यापकेऽसति अन्योऽपि निर्यापकः स्यादित्यनुशास्ति-

मूलारा--थेरे वृद्धाचार्ये । पवत्ती अल्पश्रुतः सन्सर्वसंयमर्यादाचरित्रज्ञः प्रवर्तकः । थेरो चिरप्रव्रजितो मार्गज्ञः साधुः । गणधरवसहो गणाचार्यः निर्यापको भवतीति संबंधः । जदणाए व्रतादिषु यत्नेन प्रवर्तमानः ॥

आचार्यके आधारवत्वादि गुणोंका पूर्वमें वर्णन कर चुके हैं इन गुणोंके धारक आचार्य यदि प्राप्त न हो तो अन्य मुनि भी क्षपकके समाधिमरण साधनेके लिये निर्यापकपदका धारक हो सकता है क्या इस शंकाका उत्तर-

अर्थ—पूर्वोक्तगुणोंके धारक संघपति आचार्य न हो तथा इन गुणोंके धारक उपाध्याय भी यदि न हो तो प्रवर्तक मुनि अथवा अनुभवी वृद्ध मुनि वा बालाचार्य यत्नसे व्रतोंमें प्रवृत्ति करते हुए क्षपकका समाधिमरण साधनेके लिये निर्यापकाचार्य हो सकते हैं. जो ज्ञानसे अल्प है परंतु सर्व संघकी मर्यादा योग्य रहेगी ऐसे आचरणका ज्ञान जिसको है उसको प्रवर्तक कहते हैं और जिसको दीक्षा लेकर बहुत दिन हुए हैं ऐसे अनुभवी वृद्ध मुनिको साधु कहते हैं.

सो कदसामाचारी सोज्झं कट्टुं विधिणा गुरुसयासे ॥
विहरदि सुविसुद्धप्पा अब्भुज्जदचरणगुणकंखी ॥ ६२० ॥
स चारित्रगुणाकांक्षी कृत्वा शुद्धिं विधानतः ॥
गुरोरंते समाचारी विशुद्ध्यै चेष्टते नराम् ॥ ६२३ ॥

विजयोदया—सो कदसामाचारी स क्षपकः कृतसमाचारः । सोज्झं शुद्धिं । कट्टु कृत्वा । विधिणा विधिना । गुरुसयासे गुरुसमीपे । विहरदि प्रवर्तते । सुविसुद्धप्पा सुष्ठु विशुद्धात्मा । अब्भुज्जदचरणगुणकंखी अभ्युद्यतचारित्रगुणकांक्षासमन्वितः ॥

कृतगुरुदत्तप्रायश्चित्तस्य क्षपकस्य देहत्यागोचितकालाप्राप्तावंतराचरणं गाथात्रयेणोपदिशति--

मूलारा--कदसामाचारी कृतसामाचारः । सोज्झं कट्टुं शुद्धिं कृत्वा ।

अर्थ--जिसका आचार निर्दोष है ऐसा वह क्षपक प्रायश्चित लेकर शास्त्रकथित विधीके अनुसार गुरु-समीप रहकर आपनेको निर्मल चारित्रयुक्त बनाता हुआ रत्नत्रयमें प्रवृत्ति करता है तथा समाधिमरणके लिए जिस विशिष्ट आचरणका स्वीकार किया है उसमें उद्यतिकी इच्छा करता है.

एवं वासारत्ते फासेदूण विविधं तवोकम्मं ॥
संथारं पडिवज्जदि हेमंते सुहविहारंम्मि ॥ ६३१ ॥
वर्षासु विविधं स्पृष्ट्वा तपःकर्म विधानतः ॥
सुखवृत्तौ स हेमन्ते संस्तरं प्रतिपद्यते ॥ ६५४ ॥

विजयोदया—एवं वासारत्ते वर्षाकाले। फासेदूण स्पृष्ट्वा। विविधं नानाप्रकारं। तवोकम्मं तपःकर्म। संथारं संस्तरं। पडिवज्जदि प्रतिपद्यते। हेमंते शीतकाले सुहविहारम्मि सुखविहारे अनशने समुद्यतस्य महान्परिश्रमो न भवति तत्र काले इति सुखविहारमित्युच्यते।

मूलगा—वासारत्ते वर्षाकाले। फासेदूण अनुभूय। सुहविहारम्मि सुखो महान्परिश्रमाप्रादुर्भावादक्लिष्टो विहारोऽनशनानुष्ठानं यत्र।

अर्थ--इस प्रकारसे वर्षाकालमें नाना प्रकारके तप कर वह क्षपक जिसमें अनशनादि करने पर भी महान् कष्टका अनुभव नहीं आता है ऐसे हेमंतकालमें संस्तरका आश्रय करता है.

सव्वपरियाइयस्सय पडिक्कमित्तु गुरुणो णिओगेण ॥
सव्वं समारुहित्ता गुणसंभारं पविहरिज्जा ॥ ६३२ ॥
निस्पर्शवन्निश्चतुरंगदोषं गुरूपदेशेन विशुद्धचेताः ॥
प्रवर्तते शुद्धगुणाधिरूढः संसारकांतारविलंघनाय ॥ ६५५ ॥
इति गुणदोषौ।

विजयोदया—सव्वपरियाइयगस्सय सर्वस्य ज्ञानदर्शनचारित्रपर्यायस्य अतिचारान्। पडिक्कमित्तु प्रतिनिवृत्तो

भूत्वा । गुरुणिओगेण गुरूपदेशेन । गुणसंभारं गुणानां समूहं । सव्वं कृत्स्नं । समारुहित्ता सम्यगारुह्य । पविहरिज्ज प्रवर्तेत । आलोचनागुणदोषाः ॥

मूलारा—रूक्खपरियाइगस्स सर्वेषु ज्ञानदर्शनचारित्रपर्यायस्यातिचारान् । पडिक्कमित्तु प्रतिनिवृत्तो भूत्वा । णिओगेण उपदेशेन ॥ आलोचनागुणदोषाः । सूत्रतः २४ । अंकतः ॥ ६७ ॥

अत्रेदमुक्तार्थानुमोदनाय वृत्तमाध्येयम् ।

सत्रांविघ्ननिवृत्तिरूपमुपगुर्वादाय सामायिकं ॥
यच्छेदैर्विधिबद्धतादिभिरुपस्थाप्याप्यदत्वेत्यपि ॥
वृत्तं चाद्य उतांतरे कथमपि च्छेदेऽप्युपस्थापय—
त्येवेति ज्ञगणुर्धुरीणमिह नौम्यैदंयुगीनेषु तम् ॥
इति गुरुहृदयस्थोऽजरोविगुरत्नत्रयलक्षणप्रभावव्यक्तसौभाग्यसंपत् ॥
विदधिषुजिनधर्मोन्नेगमाशापरागज्जगदिममुपधत्तां प्रायपुण्याभ्वराय ॥
इत्याशाधरानुस्मृतमंथसंदर्भे मूलाराधनादर्पणे पदप्रमेयार्थप्रकाशीकरणप्रवणे
क्षपकरत्नत्रयाविशुद्धिविधानीचो नाम चतुर्थ आश्वासः ॥ ४ ॥

पंचम आश्वासः ।

योग्यायां वसतौ गणाधिपगिरा योग्यं श्रितः संस्तरम् ॥
शुभ्राद्यैनसंचयैः परिवृतो भोज्ये विचित्रेऽपि तैः ॥
संपाद्य विगतस्पृहोऽखिलपरित्यक्तांबुभज्यांशनः ॥
क्षांतिं मोक्षमसौ विधाय यतते संहर्तुमंहोऽनिशम् ॥

अर्थ—ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तपके संपूर्ण अतिचारोंसे निवृत्त होकर अर्थात् ज्ञानादिकोंका निर्दोष पालन कर गुरुके उपदेश से सर्व गुणोंके समुदायको हृदयमें धारण कर रत्नत्रयमें क्षपक प्रवृत्ति करता है.

कीदृशी वसतिर्योग्या का वा नेत्येतद्ग्रन्थाचष्टे उत्तरेण ग्रंथेन तथा योग्यां निरूपयति—

गंधव्वणट्टजट्टस्सचक्कजंतग्गिकम्मफरुसे य ॥
गल्लिरजय पाडहिडोंबणडरायमग्गे य ॥ ६३३ ॥

गाथका वादका नर्तकाश्वाक्रिकाः शालिका मालिकाः कौलिका वांशिकाः ॥
काष्टिका लौहिका मात्सिकाः पात्रिकाः कांडिका डांडिकाट्टाग्निकाश्छिपकाः ॥६३३

विजयोदया—गंधव्वणट्टजट्टस्सचक्कजंतग्गिकम्मफरुसे य नायकानां, नर्तकानां, गजानामश्वानां च शालायां । तिलमर्दनकुंभकारशालायां च, रजकपाटहिकडोंबनटगृहाणां समीपे । राजमार्गस्य वा समीपभूतायां वसतौ ॥

अथैवं स्वभ्यस्तसमाधिसाधनस्याप्याराधकस्यायोग्यवसतौ निवसतः समाधिव्याघातो भवतीति योग्यवसतिं तन्निवासाय निरूपयिष्यन् गाथासप्तकेन द्वितयीमपि वसतिं सूत्रयति—तत्रादौ तावद्गाथाद्वयमयोग्यशय्यां लक्षयितुमाह—

मूलारा—गंधव्व गंधर्वं गीतं । णट्ट नृत्यं । जट्ट हस्ती । अस्स अश्वः । चक्के चक्रं कुंभकारोपकरणं । जंत यंत्रं तिलेक्षुपीलनोपायः । फरुसे शांखिकमणिकारादिकः । णत्तिक । कोलिकः । रंजय रजकः । पाडहिय पाटहिकः तौरिकः । डोंबः श्वपचः । णड नटः वंशानारोहणनर्तकः । रायमग्गे महावर्त्मनि, राजमार्गो वा ॥

कोनसी वसतिका योग्य है और कोनसी नहीं है इसका विवेचन ग्रंथकार करते हैं. प्रथमतः अयोग्य वसतीका वर्णन करते हैं—

अर्थ—गंधर्वशाला-गायनशाला, नृत्यशाला, गजशाला, अश्वशाला, तेलीका घर, कुम्हारका घर, धोबीका घर, बाजे बजानेवालेका घर, डोंबका घर, बांसके ऊपर चढकर नृत्य करनेवालेका घर इनके समीप जो वसतिका होगी वह मुनिके लिये योग्य नहीं है. जो वसतिका राजमार्गके समीप है वह भी मुनिवासके लिये योग्य नहीं है.

—

चारणकोट्टगकल्लालकरकचे पुप्फदयसमीपे य ॥
एवंविधवसधीए होज्ज समाधीए वाघादो ॥ ६३४ ॥

चारणा वारणा वाजिनो मेषका, मद्यपाः पंडकाः सार्थिकाः सेवकाः ॥
ग्राविकाः कोट्टपालाः कुलाला भटाः पण्यनार्याजना द्यूतकारा विटाः ॥ ६३४ ॥

संति यस्याः समीपे निकृष्टक्रिया । सा न शक्या निषेव्या कदाचिद्बुधैः ॥
पालयद्भिःसमाधानरत्नं सदा स्वर्गसंसारकांतारविच्छेदकम् ॥ ६५८ ॥

विजयोदया—चारणकोट्टगकक्कालकरकचे चारणकोट्टकमाल्यानां, रजकशालायां, रजधणिकशालायां । पुष्पवाटस्य वा जलाशयस्य वा समीपभूतायां । एवंविधवसतीप इष्टेषु वसतौ वसतः । होज्ज वाघादो भवति व्याघातः । कस्य ? समाधीए समाधेश्चित्तैकाग्र्यस्य । इंद्रियविषयाणां मनोज्ञानां शब्दानां रूपादीनां च सन्निधानाच्छब्दबहुलत्वाच्च ध्याननिघ्नो भवतीति प्रतिषिध्यते व्यावर्णिता वसतिः ।

मूलारा—चारण भंडनभाचार्यगायकादयः । कोट्टय कुट्टकाः । वर्द्धकिशिलाकुट्टौदूखलिकादयः । कक्काल करपत्रं पालः । करकचे ककचं करपत्रं । पुप्फ पुष्पवाटिका मालाकारश्च । दय उदकं वापीकूपादिजलाशयश्च । समाधीए वाघादो चित्तैकाग्रताया विनाशो भवति मनोज्ञेन्द्रियार्थानां सन्निधानाच्छब्दबाहुल्याच्च ॥ अत्र गंधर्वादिपदैः साहचर्यादिना गायकादयो गृह्यन्ते । तेन गायकादिशालासमीपवर्तिन्यां वसतौ समाधिकामैर्न स्थातव्यमिति तात्पर्यार्थः ।

उक्तं च—गाथका वादका नर्तकाश्चाक्षिकाः शालिका मालिकाः कोलिका वांशिकाः ॥ काष्ठिका लौहिका मात्सिकाः पात्रिकाः । कांडिका वांडिकाश्चार्मिकाश्चिच्छपकाः ॥ चारणा वारणा वाजिनो मेषका । मद्यपाः पंडकाः सार्थिकाः सेवकाः ॥ प्राविकाः कोट्टपालाः कुलाला भटाः । पण्यनारीजना द्यूतकारा विटाः ॥ संति यस्याः समीपे निकृष्टक्रियाः सा न शक्या निषेव्या कदाचिद्बुधैः ॥ पालयद्भिः समाधानरत्नं सदा स्वर्गसंसारकांतारविच्छेदकं ॥

अर्थ—भांड, व स्तुतिपाठक, जहां रहते हैं ऐसे स्थानके समीप जो वसतिका होगी वह भी मुनिनिवासके लिये अयोग्य है. जहां शिलावट लोक रहते हैं, जहां बढई, पाथरवट लोक रहते हैं, और जहां मद्य बेचनेवाले लोक रहते हैं ऐसे स्थानके समीप वसतिकामें मुनिका रहना योग्य नहीं है. जहा धोबी लोक कपडे धोते हैं उस स्थानके समीप वसतिका करना योग्य नहीं है. जहां काठ करोतसे विदारते हैं उस स्थानके समीप वसतिका होना योग्य नहीं है. बगीचा और जलाशयके समीप वसतिका रहना योग्य नहीं है. ऐसी वसतिकाओंमें रहनेसे चित्तकी एकाग्रताका नाश होता है. इंद्रियों के मनोहर विषय, और शब्दादिक विषय, समीप होनेसे ध्यानमें विघ्न होता है. इसलिये ऐसी वसतिकायें मुनिओं के लिये वर्ज्य मानी हैं.

क तर्हि कथे तिष्ठत्यस्योत्तरमाचष्टे—

पंचेंदियप्पयारो मणसंखोभकरणो जहिं णत्थि ॥
चिट्ठदि तहिं तिगुत्तो उज्झाणेण सुहप्पवत्तेण ॥ ६३५ ॥
पंचाक्षप्रसरो यस्यां विद्यते न कदाचन ॥
त्रिगुप्तो यमवान् तस्यां शुभध्यानोऽवतिष्ठते ॥ ६३५ ॥

विजयोदया— पंचेंदियप्पयारो। पंचानामिंद्रियाणां स्वविषयाभिमुख्येनादरात् प्रकृष्टं गमनं । जहिं यस्यां वसतौ नास्ति । कीदृगिंद्रियप्रचारो मनःसंक्षोभकरणो मनःसंक्षोभकारी । तहिं तस्यां वसतौ । चिट्ठदि तिष्ठति । तिगुत्तो कृतमनोवाक्कायसंरक्षकः । उज्झाणेण । ध्यानेन सुहप्पवत्तेण सुखप्रवृत्तेन ।

क तर्हि कथंभूतः सन् क्षपकस्तिष्ठतीत्यत्राह—

मूलारा—पयारो प्रचारः स्वस्वविषयाभिमुख्येनादरात्प्रकृष्टं गमनं ग्रहणाय प्रवृत्तिः । चिट्ठदि तिष्ठति । सुहप्पवत्तेण सुखेनानायासेन प्रवर्तमानेन ॥

क्षपक मुनि कहां और कैसे रहते हैं इस प्रश्नका उत्तर कहते हैं—

अर्थ—जहां रहनेसे मुनिओं की इंद्रियां अपने अपने विषयों के तरफ न दौडेंगी, जहां रहनेसे मनकी एकाग्रता नष्ट न होगी ऐसे स्थानमें अर्थात् ऐसी वसतिकामें त्रिगुप्तिधारक मुनि निवास करते हैं. जिसमें रहनेसे ध्यानमें निर्विघ्नता होगी वह वसतिका मुनिनिवासके लिये योग्य है.

— — —

मनःसंक्षोभहेतुः पंचानामिंद्रियाणां प्रचारो यस्यां वसतौ नास्ति तस्यां सर्वस्यां तिष्ठति न वेत्याचष्टे—

उग्गमउप्पादणएसणाविसुद्धाए अकिरियाए हु ॥
वसइ असंसत्ताए णिप्पाहुडियाए सेज्जाए ॥ ६३६ ॥
उद्गमादिमलापोढा सप्रकाशा गतक्रिया ॥
संस्कारकरणायोग्या संमूर्च्छनविवर्जिता ॥ ६३० ॥

विजयोदया— उग्गमउप्पादणएसणाविसुद्धाए उद्गमोत्पादनैषणादोषरहितायां । अकिरियाए हु आत्मनः प्र-

लेपनमार्जनक्रियारहितायां । णिप्पाहुडियाए संस्काररहितायां । सेज्जाए वसतौ ॥

न च यस्यां मनःक्षोभकरः पंचेंद्रियप्रचारो नास्ति तस्यां सर्वस्यामेव स्थेयं किं तर्हि तथाभूतायामप्युद्गमादिदोषरहितत्वादिविशिष्टायामेवेत्यनुशास्ति—

मूलारा—अकिरियाए आत्मानमुद्दिश्य सम्मार्जनलेपनादिक्रियारहितायां । असंसत्ताए तत्रस्थैरागंतुकैश्च सत्त्वैर्वर्जितायां वा । णिप्पाहुडियाए सर्पाद्युपद्रवरहितायां । निःसंस्कारायामित्यन्ये ।

जिसमें मन क्षुब्ध होता नहीं है, जिसमें रहनेसे पंचेंद्रिय अपने विषयके प्रति दौड लगाते नहीं हैं ऐसा सर्व ही स्थान मुनिओंके लिये योग्य है क्या ? इस प्रश्नका उत्तर—

अर्थ—जो वसतिका उद्गम, उत्पादन और एषणा दोषोंसे रहित है. जो वसतिका मुनि के उद्देशसे लिपी पोती गई नहीं है ऐसी वसतिकामें क्षपक रहते हैं. जिसमें जंतुओंका वास नहीं है अथवा बाहरसे आकर जहां प्राणि वास नहीं करते हैं, जो संस्काररहित है ऐसी वसतिकामें मुनि रहते हैं.

निर्दोषा का वसतीराश्रयितव्या इत्यत्र वसतिं व्याचष्टे-

दो तिण्णि वि सालाओ घेत्तव्वाओ विसालाओ ।
सुहणिक्खवणपवेसणघणाओ अवियडअणंधयाराओ ॥ ६३७ ॥
भिक्षोदया—सुहणिक्खवणपवेसणघणाओ अक्लेशप्रवेशनिर्गमना अपि। अवियडअणंधयाराओ अविवृतद्वारा अनंधकाराश्च जघन्यतो हे त्रीणि वा । एकत्र क्षपको वसति, अन्यस्यां अन्ये यतयो बालजनाद्य धर्मश्रवणार्थमायाताः । विवृतद्वारत्वे शीतवातादिप्रवेशात्सचेतनोद्भवसहं दुःखं स्यात् । शरीरमलत्यागोऽपि कथमप्रच्छन्ने क्रियेत । अंधकारबहुले असंयमः स्यात् । अस्वस्थनिष्क्रमणप्रवेशायां आत्मविराधना असंयमविराधना च ॥

पुनर्वसतिं तद्वियुक्तां च व्याचष्टे—

मूलारा—सुहणिक्खवणपवेसणघणाओ सुखनिर्गमाः सुखप्रवेशा निर्विघ्नाश्च । दुःखनिर्गमप्रवेशायामात्मनो बाल-

वृद्धजनानां च विराधना स्यात्। अनिर्विद्धायां क्षपकस्य त्वगस्थिमात्रतनोः शीतातपादिदुःखं दुःसहं स्यात्। अविवृत अविकटा संवृतद्वारा विवृतद्वारायामनंतरोक्तश्च दोषो विण्मूत्रोत्सर्गदुष्करत्वं च। अणंधयाराओ अंधकाररहिताः। अंधकारबहुलायां असंयमः स्यात्। दो तिण्णिवि दो तिन्नो वा। तत्र यदि द्वे संपद्येते तदैकस्यां क्षपकस्तिष्ठेत् अन्यस्यामन्ये यतयो धर्मश्रवणार्थमागतो मनुष्यलोकश्च। यदि तिस्रस्तदा क्षपकः, संघो धर्मदेशना च पृथक् पृथक् प्रवर्तते ॥ पेत्तव्वाओ भाहारः ॥

कोनसी निर्दोष वसतिकाओंका आश्रय लेना चाहिये इस प्रश्नका उत्तर आचार्य देते हैं—

अर्थ—जिनमें सुखसे प्रवेश कर सकते हैं और बाहर आसकते हैं, जिनका द्वार ढका हुआ है, जिनमें विपुल प्रकाश है, ऐसी बडी दो वसतिकायें क्षपकके वास्ते जघन्यतया होनी चाहिये. एक वसतिकामें क्षपक रहता है और दूसरीमें अन्य मुनि और धर्मश्रवणार्थ आये हुये लोक रहते हैं. यदि तीन वसतिकायें होंगी तो एकमें क्षपक दुसरीमें संघके मुनि और तीसरीमें धर्मोपदेश ऐसी पृथक् पद्धति समझना चाहिये. वसतिकाका द्वार ढका नहीं होगा तो शीत वातादिकोंका प्रवेश होनेसे केवल चर्म और अस्थि ही जिसके अवशेष रहे हैं ऐसे क्षपकको दुःसह दुःख होगा. अतः वसतिकाका द्वार ढका हुवा ही होना योग्य है. द्वार ढका नहीं होगा तो ऐसी वसतिकामें शरीरमलत्याग क्षपक कैसे कर सकेगा? यदि वसतिकामें बहुत अंधार होगा तो वहां रहने से असंयम की प्राप्ति होगी. जिस वसतिकासे बाहर जानेमें और अंदर आनेमें यदि कठिनता होगी तो आत्मविराधना और संयमविराधना ये दोष उत्पन्न होंगे.

अन्यच्चाचष्टे—

घणकुड्डे सकवाडे गामबहिं बालवुड्ढगणजोग्गे ॥
उज्जाणघरे गिरिकंदरे गुहाए व सुण्णहरे ॥ ६६८ ॥
निर्विद्धाः संवृतद्वाराः सुप्रवेशविनिष्क्रमाः ॥
सकवाटा घनभित्तयो बालवृद्धजनसंमिताः ॥ ६६९ ॥

विजयोदया—घणकुड्डे दृढभित्तये। सकवाडे कपाटसहिते। गामबहिं ग्रामबाह्ये देशे। बालवुड्ढगणजोग्गे बालानां वृद्धानां गणस्य चतुर्विधस्य योग्ये उद्यानगृहे। गुहाए गुहायां। वा सुण्णहरे शून्यगृहे वा। सेसाओ होदित्ति क्रियापदसंबंधः ॥

मूलारा०—घणकुड्डे दृढनिबिडभित्तिके । गामबहिं ग्रामाद्बहिर्देशे । बालबुड्ढगणजोग्गे बालानां वृद्धानां गणस्य चतुर्विधस्य च उचिते । गिरिकंदरे पर्वतदर्यां । गुहाए देवखातबिले ॥

और भी योग्य वसतिकाका वर्णन—

अर्थ—जिसके किवाड और भित्ति मजबूत हैं ऐसी वसतिकायें गावके बाहर होनी चाहिये. जहां बाल, वृद्ध और चार प्रकारका गण आ जा सकते हैं ऐसे फासले पर वसतिकायें होनी चाहिये. उद्यानगृह, गुहा, और शून्य घर ये भी वसतिकाके योग्य माने गये हैं ऐसे स्थानमें क्षपकका संस्तर करना योग्य है.

आगंतुघरादीसु वि कडणेहिं य चिलिमिलीहिं कायव्वो ॥
पतनं ह्यस्ति संसारे न दर्शनमुंचतः ॥ ७६७ ॥
ये धर्मभावमज्जादिप्रेमरागानुरंजिताः ॥
जैने संति मते तेषां न किंचिद्वस्तु दुर्लभम् ॥ ७६८ ॥

विजयोदया—दंसणभट्ठो भट्ठो दर्शनाद्भ्रष्टो भ्रष्टतमः । चरणभट्ठो वि चारित्रभ्रष्टोऽपि दर्शनाद्भ्रष्टः । ण हु न च । भट्ठो होदिन्ति वाक्यशेषं कृत्वा संबंधः । न तु तथा भ्रष्टो भवति चारित्रभ्रष्टः यथा दर्शनाद्भ्रष्टः । दंसणं श्रद्धानं । अमुयत्तस्स अन्यजतः । चारित्राद्भ्रष्टस्यापि परिवडणं संसारे णत्थि खु परिपतनं संसारे नास्त्येव । असंयमनिमित्तार्जितपापसंहतेरस्त्येव संसारः । किमुच्यते परिपतनं नास्तीति ? अयमभिप्रायः—परि समंतात्सर्वासु गतिषु व्रतस्थेषु संचरणं नास्तीति । स्वल्पत्वात्संसारः सन्नपि नास्तीति व्यवह्रियते । तथा हि स्वल्पद्राक्षेणोऽधन इत्युच्यते । दर्शनाद्भ्रष्टस्य अर्धपुद्गलपरिवर्तनं भवत्यतिमहत्संसारमिति निकृष्टतमो दर्शनभ्रष्टः ॥ *

अर्थ—कितनेक लोक भावानुरागी रहते हैं जैसे जिनदत्त श्रेष्ठी. अर्थात् जो जिनेश्वरने वस्तुस्वरूप कहा है वह सत्य ही है ऐसा पक्का श्रद्धान करनेवाला मनुष्य तत्वका स्वरूप मालूम नहीं भी हो तो भी जिनेश्वरका कहा हुआ तत्वस्वरूप कभी झूठा होता ही नहीं ऐसी श्रद्धा करता है इसको भावानुराग कहते हैं. प्रेमयुक्त अनुरागका दृष्टान्त

* दंसणभट्ठो भट्ठो इस गाथासे लेकर अहिंसा, सत्य, अचौर्य महाव्रत इतने विषयोंका वर्णन करनेवाली गाथाओंकी मूलाराधना पंजिका कारंजाकी मूलप्रतीमें नहीं है. बीचके पत्र ही नष्ट होगये हैं. अतः यहांसे हमने विजयोदया ही जोड दी है.

मणिचूल है. इसने अपने मित्रको—सगरचक्रवर्तीको बार बार समझाकर भोगादिकोंसे विरक्त किया था. जिसके ऊपर प्रेम है उसको बारबार समझाकर सन्मार्गमें लगाना यह प्रेमानुराग कहाता है. मज्जानुराग यह पांडवोंमें था अर्थात् वे जन्मसे लेकर आपसमें अतिशय स्नेहयुक्त थे. वैसे हे क्षपक तूं धर्मानुरागसे जैनधर्ममें स्थिर रहकर उसको कदापि मत छोड.

अर्थ—जो पुरुष सम्यग्दर्शनसे भ्रष्ट हुआ है वह भ्रष्टही समझना चाहिये. दर्शनभ्रष्ट जीवको मोक्षकी प्राप्ति होती नहीं. चारित्रभ्रष्ट जीव मुक्तिकी प्राप्ति कर सकते हैं परंतु दर्शनभ्रष्ट जीवको मुक्तिलाभ होता नहीं.

अर्थ—जो जीव दर्शनसे भ्रष्ट हुआ है उसको भ्रष्टतम कहना चाहिये. चारित्रभ्रष्ट जीव दर्शनसे भ्रष्ट नहीं माना जाता है. अर्थात् चारित्रभ्रष्ट जीवसे दर्शनभ्रष्ट जीव अतिशय भ्रष्ट है. जो चारित्रसे भ्रष्ट हुआ है, परंतु सम्यग्दर्शन से च्युत नहीं हुआ है उसको संसारपतनकी भीति नहीं है. शंका–असंयमसे उत्पन्न हुए पापके भारसे जीवको संसारमें भ्रमण करना पडता ही है अतः चारित्रभ्रष्ट जीवका संसारपतन नहीं है ऐसा आप क्यों कहते हो ? इस प्रश्नका उत्तर–चारित्रभ्रष्ट जीव चारो गतिओंमें भ्रमण करता नहीं. उसका संसार अल्प रहता है अतः उसको संसार नहीं है ऐसा कहा जाता है. जैसे किसीके पास थोडासा धन है तो भी वह धनी कहलाता नहीं. परंतु दर्शनभ्रष्ट मनुष्यको अर्ध पुद्गलपरिवर्तन कालतक संसारमें भ्रमण करना पडता है इसलिये वह अत्यन्त निकृष्ट है.

एकस्य सम्यग्दर्शनस्य माहात्म्यं कथयति –

सुद्धे सम्मत्ते अविरदो वि अज्जेदि तित्थयरणामं ॥
जादो दु सेणिगो आगमेसि अरुहो अविरदो वि ॥ ७४० ॥

श्रेणिको व्रतहीनोऽपि निर्मलीकृतदर्शनः ॥
आर्हंत्यपदमासाद्य सिद्धिसौधं गमिष्यति ॥ ७६९ ॥

विजयोदया—सुद्धे शुद्धे । सम्मत्ते सम्यक्त्वे । शंकाद्यतिचाराभावात् । अविरदो वि अप्रत्याख्यानावरणक्रोधमानमायालोभानामुदयात् हिंसादिनिवृत्तिपरिणामरहितोऽपि । तित्थयरणामकम्मं तीर्थकरत्वस्य कारणं कर्म अर्जयति । विनयसंपन्नतादिरपि तीर्थकरनामकर्मणो हेतुरेव ततः कोऽतिशयो दर्शनस्य इति चेत् दर्शने सत्येव तेषां तीर्थ-

करनामकर्मणः कारणता । नान्यस्येति मन्यते । जादो खु जातः खलु । सेणिगो श्रेणिकः । आगमेसि भविष्यति काले । अरुहो अर्हन् । अविरदो वि असंयतोऽपि सन् । ननु श्रेणिको भविष्यत्यर्हन् न त्वर्हत्त्वं तस्यातीतं तेन कथमुच्यते जात इति । भाविष्यदर्हत्त्वं न निष्पन्नं इति युक्तमुच्यते जात इति ॥

अकेला भी सम्यग्दर्शन माहात्म्ययुक्त होता है ऐसा विवेचन आचार्य करते हैं—

अर्थ- शंका, कांक्षा वगैरह अतिचारोंसे रहित अविरत सम्यग्दृष्टीको भी तीर्थंकरनाम कर्मका बंध होता है. अप्रत्याख्यानावरणी क्रोध, मान, माया और लोभ इनका उदय होनेसे परिणामोंमें हिंसादिकोंसे विरक्तता उत्पन्न न होने पर भी केवल निरतिचार सम्यग्दर्शन धारण करनेवाले मनुष्यको तीर्थंकर कर्मका बंध होता है. शंका – विनयसंपन्नता वगैरह अन्य कारणोंसे भी तीर्थंकरत्वकी प्राप्ति होती है. सम्यग्दर्शनमें ही ऐसी क्या विशिष्टता है ? उत्तर–सम्यग्दर्शन होनेपर ही विनयसंपन्नतादिक तीर्थंकर कर्म बंधके कारण होते हैं अन्यथा उनमें कारणता नहीं हैं. केवल सम्यग्दर्शनके साहायतासे ही श्रेणिक राजा भविष्यत्कालमें अरहंत हुआ है.

शंका—श्रेणिक भूपाल भविष्यकालमें अर्हन होनेवाला हैं उसको अर्हदावस्था प्राप्त होचुकी है ऐसा नहीं है. अतः वह अर्हंत होगया ऐसा क्यों कहते हैं ?

उत्तर–भविष्य कालीन अर्हंतपन[1] अभी निष्पन्न नहीं हुआ है इसलिये वह होगया ऐसा कहना योग्य है.

कल्लाणपरंपरयं लहंति जीवा विसुद्धसम्मत्ता ॥
सम्मद्दंसणरयणं पग्घदि ससुरासुरो लोओ ॥ ७४१ ॥

अच्छिन्ना लभ्यते येन कल्याणानां परंपरा
मूल्यं सम्यक्त्वरत्नस्य न लोके तस्य विद्यते ॥ ७७० ॥

विजयोदया – कल्लाणपरंपरयं कल्याणपरंपरां । इंद्रत्वं, सकलचक्रकल्याङ्कितां, अहमिंद्रत्वं, तीर्थकृत्वमित्यादिकं लभंते जीवाः । विसुद्धसम्मत्ता विशुद्धसम्यक्त्वाः । सम्मद्दंसणरयणं सम्यग्दर्शनरत्नं । पग्घदि ससुरासुरो लोओ सकलो लोको मूल्यतया दीयमानोऽपि न लभते सम्यक्त्वरत्नमित्यर्थः ॥

अर्थ—इस निर्मल सम्यग्दर्शनसे इंद्रपदवी, चक्रवर्तीपना, अहमिंद्रावस्था और तीर्थंकरपद ऐसी कल्याण परंपरा उत्तरोत्तर जीवको मिलती है. यह सम्यक्त्व रत्न इतना मूल्यवान है कि देव और असुरोंसहित यह संपूर्ण

लोक भी प्रदान किया तो भी उसकी कीमतकी भरपायी होती नहीं है. अर्थात् संपूर्ण त्रैलोक्य देनेपरभी सम्यक्त्वरत्न मिलता नहीं.

सम्मत्तस्स य लंभे तेलोक्कस्स य हवेज्ज जो लंभो ॥
सम्मद्दंसणलंभो वरं खु तेलोक्कलंभादो ॥ ७४२ ॥
लद्धूण वि तेलोक्कं परिवडदि हु परिमिदेण कालेण ॥
लद्धूण य सम्मत्तं अक्खयसोक्खं हवदि मोक्खं ॥ ७४३ ॥
सम्यक्त्वस्य च यो लाभस्त्रैलोकस्य च यस्तयोः ॥
सम्यक्त्वस्य मतो लाभः प्रकृष्टः सारवेदिभिः ॥ ७७१ ॥
त्रैलोक्यमुपलभ्यापि ततः पतति निश्चितम् ॥
अक्षयां लभते लक्ष्मीमुपलभ्य सुदर्शनम् ॥ ७७२ ॥
दधाति सौख्यं विधुनोति दुःखं भवं लुनीते नयते विमुक्तिं ॥
निहन्ति निंदां कुरुते सपर्यां सम्यक्त्वरत्नं विदधाति किं न ॥ ७७३ ॥

इति सम्यक्त्वं ।

विजयोदया – स्पष्टार्थतया न व्याख्यायते साधाह्रयम् । अनंतरसम्मत्ते भावना इत्येतद्व्याख्यानं ॥ सम्मत्तं ॥

अर्थ—एक सम्यग्दर्शनका लाभ और दूसरा त्रैलोक्यका लाभ इन दो लाभोंमें सम्यग्दर्शनका लाभही श्रेष्ठ है. त्रैलोक्यका लाभ होनेपर भी वह थोडे कालके अनंतर नष्ट होता है. परंतु सम्यग्दर्शनका लाभ जीवको अविनाशी सुख देनेवाले मोक्षकी प्राप्ति करा देता है. अतः सम्यग्दर्शनका लाभ त्रैलोक्यलाभसे भी श्रेष्ठ है. सम्यक्त्वका वर्णन समाप्त हुआ.

परा भक्ती इत्येतद्व्याख्यानाय प्रबंध उत्तरः –

अरहंतसिद्धचेदियपवयणआयरियसव्वसाहूसु ॥
तिव्वं करेहि भत्तीं णिव्विदिगिंछेण भावेण ॥ ७४४ ॥

भक्तिमर्हत्सु सिद्धेषु चैत्येष्वाचार्यसाधुषु ॥
विधेहि परमां साधो ! निश्चयस्थितमानसः ॥ ७७४ ॥

विजयोदया – अरहंतसिद्धचेदियपवयणआयरियसव्वसाहूसु अर्हत्सिद्धेषु तत्प्रतिबिंबेषु, प्रवचने, आचार्येषु सर्वसाधुषु च । तिव्वं भत्तिं करेहि तीव्रां भक्तिं कुर्विति । णिव्विदिगिंछेण निर्विचिकित्सारहितेन । भावेन परिणामेन ॥

पराभक्ती इस पदका आचार्य स्पष्टीकरण करते हैं—

अर्थ--अरहंत, सिद्ध, और उनकी प्रतिमायें, आगम, आचार्य, उपाध्याय और सर्वसाधु इनके ऊपर हे क्षपक ! तुम मलिनपरिणामोंका त्याग कर तीव्र भक्ति करो.

जिनभक्तिमाहात्म्यं कथयंति –

संवेगजणिदकरणा णिस्सल्ला मंदरोव्व णिक्कंपा ॥
जस्स दृढा जिणभत्ती तस्स भवे णत्थि संसारे ॥ ७७५ ॥

विजयोदया – संवेगजणिदकरणा संसारभीरुतया उत्पादितात्मलाभा । णिस्सल्ला मिथ्यात्वेन, मायया, निदानेन, च रहिता । मंदरोव्व णिक्कंपा मंदर इव निश्चला । जस्स दृढा जिणभत्ती यस्य दृढा जिनभक्तिः । तस्स संसारे भयं णत्थि तस्य संसारनिमित्तं भयं नास्ति ॥

जिनभक्तिका माहात्म्य दिखाते हैं--

अर्थ– संसारभयसे उत्पन्न हुई, मिथ्यात्व, माया और निदानसे रहित, मेरु पर्वतके समान निश्चल ऐसी जिनभक्ति जिसके अंतःकरणमें है उस पुरुषको संसारमें किसी से भी भय उत्पन्न नहीं होगा. अर्थात् जिनभक्ति के प्रभावसे उसका संसार नष्ट होकर उसको शीघ्र मुक्तिलाभ होता है.

एया वि सा समत्था जिणभत्ती दुग्गइं णिवारेण ॥
पुण्णाणि य पूरेदुं आसिद्धिपरंपरसुहाणं ॥ ७७६ ॥
तह सिद्धचेदिए पवयणे य आइरियसव्वसाधूसु ॥
भत्ती होदि समत्था संसारुच्छेदणे तिव्वा ॥ ७७७ ॥

विज्जा वि भत्तिवंतस्स सिद्धिमुवयादि होदि सफला य ॥
किह पुण णिव्वुदिबीजं सिज्झहिदि अभत्तिमंतस्स ॥ ७१८ ॥

जिनेंद्रभक्तिरेकापि निषेद्धुं दुर्गतिं क्षमा ॥
आसिद्धिलब्धि नो दातुं सारां सौख्यपरंपराम् ॥ ७७५ ॥
सिद्धचैत्यश्रुताचार्यसर्वसाधुगता परा ॥
विच्छिनत्ति भवं भक्तिः कुठारीव महीरुहम् ॥ ७७६ ॥
नेह सिध्यति विद्यापि सफला न हि जायते ॥
किं पुनर्निर्वृतेर्बीजं भक्तिहीनस्य सिध्यति ॥ ७७७ ॥

विजयोदया—विज्जा विद्यापि । भत्तिवंतस्स भक्तिमतः । सिद्धिमुवयादि **सिद्धिमुपयाति** । होदि सफला य फलवती च भवति । किंध पुण कथं पुनः । णिव्वुदिबीजे निर्वृतेर्बीजं रत्नत्रयं ॥ **सिज्झहिदि** सेत्स्यति ॥ अभत्तिमंतस्स भक्तिरहितस्य ॥ क ? अर्हदादिषु ॥

अर्थ—अकेली जिनभक्ति ही दुर्गतिका नाश करने में समर्थ है. इससे विपुल पुण्यकी प्राप्ति होती है और मोक्षप्राप्ति होने तक इससे इंद्रपद, चक्रवर्तीपद, अहमिंद्रपद और तीर्थंकरपदके सुखोंकी प्राप्ति होती है.

सिद्धपरमेष्ठि, और उनकी प्रतिमा, आगम, आचार्य, सर्वसाधु, इनमें की हुई तीव्र भक्ति संसार का नाश करनेमें समर्थ होती है. जो भक्तिमान् है उसको इष्ट पदार्थोंकी दात्री विद्या सिद्ध होती है. अर्थात् उससे इष्ट पदार्थ भक्तिमानको मिलते हैं. जो भक्तिहीन है अर्थात् जो अर्हदादिकोंमें भक्ति नहीं करेगा उसको मुक्तिका बीज जो रत्नत्रय वह कैसे प्राप्त हो सकेगा ?

तेसिं आराधणणायगाण ण करिज्ज जो णरो भत्तिं ॥
धत्तिं पि संजमंतो सालिं सो ऊसरे ववदि ॥ ७१९ ॥

भक्तिमाराधनेशानां योऽकुर्वाणस्तपस्यति ॥
स वपत्यूषरे शालीननालोच्य समं ध्रुवम् ॥ ७७८ ॥

विजयोदया—तेसिं आराधणणायगाणं अर्हदादीनां आराधनाया नायकानां। ण करिज्ज जो णरो भत्तिं यो नरो भक्तिं न करोति। स घत्तिं पि संजमंतो नितरां संयमे उद्यतोऽपि शालीन्क्षारे देशे वपति। ऊषरे शालिवपनं अफलं यथा करोत्येवं दुश्चरं संयमं चरत्ययं अर्हदादिषु भक्तिरहितो मिथ्यादृष्टिः लक्षिति भावः॥

अर्थ—सम्यग्दर्शनादि चार आराधनाओंके नायक ऐसे अर्हदादिपरमेष्ठिओंमें जो पुरुष भक्ति नहीं करता है, वह चारित्रमें खूप तत्पर रहनेपर भी क्षार मृत्तिकामें शालिबीज बोनेवाले मनुष्य के समान है.

जैसे शालिबीज क्षारजमीनमें बोनेसे कुछ फायदा नहीं है वैसे मिथ्यादर्शनसहित होकर खूब तपश्चरण करनेसे भी मुक्तिफल की प्राप्ति होती नहीं.

बीएण विणा सस्सं इच्छदि सो वासमब्भएण विणा ॥
आराधणमिच्छन्तो आराधणभत्तिमकरंतो ॥ ७५० ॥
ते बीजेन विना सस्यं वारिदेन विना जलम् ॥
कांक्षन्ति ये विना भक्तिं कांक्षत्याराधनां नराः ॥ ७७९ ॥

विजयोदया—बीजेण विणा सस्सं शस्यमिच्छति बीजेन विना। वासमब्भएण विणा वृष्टिं अभ्रेण विना। कारणेन विना कार्यमिच्छतीति यावत्। आराधनां रत्नत्रयसंसिद्धिं इच्छति। अकुर्वन्नाराधनाभक्तिं हेतुभूतां॥

अर्थ—आराधनारूप भक्ति न करके ही जो रत्नत्रयसिद्धिरूप फल चाहता है वह पुरुष बीजके विना धान्यप्राप्तिकी इच्छा रखता है. अथवा मेघके विनाही जलवृष्टि की इच्छा करता है ऐसा समझना चाहिए.

विधिणा कदस्स सस्सस्स जहा णिप्पादयं हवदि वासं ॥
तह अरहादिगभत्ती णाणचरणदंसणतवाणं ॥ ७५१ ॥
विधिनोप्तस्य सस्यस्य वृष्टिर्निष्पादिका यथा ॥
तथैवाराधनाभक्तिश्चतुरंगस्य जायते ॥ ७८० ॥

विजयोदया—विधिणा कदस्स विधीयते जन्यते कार्यमनेनेति कारणसंदोहो विधिः। तेन कारणकलापेन कृतस्योप्तस्य। सस्सस्स शस्यस्य। वासं जह णिप्पादयं हवदि वर्षं यथा फलनिष्पत्तिं करोति। तह तथैव। आराहगभत्ती

आराध्यभक्ती आराधकेषु अर्हदादिषु भक्ती भक्तिः । णाणचरणदंसणतवाणं ज्ञानस्य, दर्शनस्य, चारित्रस्य, तपसश्च निष्पादिका भवति ॥

अर्थ—धान्य उत्पन्न करनेके संपूर्ण कार्योंका आश्रय कर जमीनमें बीज बोनेके अनंतर जलवृष्टि होनेसे फल निष्पत्ति होती है. वैसे अर्हदादि पूज्य पुरुषोंपर भक्ति करनेसे ज्ञान, दर्शन, चारित्र, और तपरूपी फल उत्पन्न होता है.

भक्तिमाहात्म्यं फलातिशयोपदर्शनेन कथयितुकामोऽथाख्यानमुपक्षिपति गाथायाम्—

वंदणभत्तीमित्तेण मिहिलाहिओ य पउमरहो ॥
देविंदपाडिहेरं पत्तो जादो गणधरो य ॥ ७५२ ॥

वंदनाभक्तिमात्रेण पद्मको मिथिलाधिपः ॥
देवेंद्रपूजितो भूत्वा बभूव गणनायकः ॥ ७८१ ॥
रोगमारिचौरवैरिभूपभूतपूर्वकाणि ॥
भक्तिराशु दुःखदा निहन्ति सेविताऽखिलानि ॥ ७८२ ॥

इति भक्तिः ।

विजयोदया—वंदणभत्तीमित्तेण वंदनानुरागमात्रेण चैव । मिहिलाहिओ य पउमरहो मिथिलानगराधिपतिः पद्मरथो नाम । देविंदपाडिहेरं पत्तो देवेंद्रकृतां पूजां प्राप्तवान् । जादो गणधरो य गणधरश्च जातः ॥ भक्ती ॥

विशिष्ट फलका प्रदर्शन करके भक्तिका माहात्म्य कहने की इच्छासे आचार्य उदाहरण देते हैं—

अर्थ—वंदना करनेकी तीव्र भक्तीसे मिथिला देशका राजा पद्मरथ देवेंद्रसे पूजातिशयको प्राप्त हुआ और वह वासुपूज्य तीर्थंकर का गणधर हुआ. भक्तीका वर्णन हुआ.

आराधणापुरस्सरमणण्णहिदओ विसुद्धलेस्साओ ॥
संसारस्स खयकरं मा मोचीओ णमोक्कारं ॥ ७५३ ॥

आराधनापुरोयानं मा स्मैकाग्रमना मुच ॥
शुद्धलेश्यो नमस्कारं संसारक्षयकारकम् ॥ ७८२ ॥

विजयोदया—आराधणापुरस्सरं णमोक्कारं मा मोच्चीओ आराधनाया अग्रेसरं नमस्कारं मा मुंच। कीदृग्भूतं? संसारस्स खयकरं संसारस्य पंचविधपरिवर्तनस्य क्षयकरं । अणण्णहिदओ अनन्यहृदयः अनन्यगतचित्तः सन् । विसुद्धलेस्साओ विशुद्धलेश्यया परिणतः । तत्र नमस्कारः नामस्थापनाद्रव्यभावविकल्पेन चतुर्धा व्यवस्थितः । तत्र नाम नमस्कारो यस्य कस्यचिन्नमस्कार इति कृता संज्ञा हृदयस्थ नामधेयं यथा स्यादिति नियुज्यमानं पदं सर्वं सर्वत्र प्रवर्तते । नमस्करणव्यापृतो जीवस्तस्य कृतांजलिपुटस्य यथाभूतेनाकारेणावस्थापिता मूर्तिः स्थापनानमस्कारः। नमस्कारप्राभृतं नामास्ति ग्रंथः यत्र नयप्रमाणादिनिक्षेपादिमुखेन नमस्कारो निरूप्यते, तं यो वेत्ति न च सांप्रतं तन्निरूपयत्यर्थे उपयुक्तोऽन्यगतचित्तत्वात् स नमस्कारयाथात्म्यग्राहिश्रुतज्ञानस्य कारणत्वादागमद्रव्यनमस्कार इत्युच्यते। नो आगमद्रव्यनमस्कारस्त्रिविधः, ज्ञायकशरीरभावितद्व्यतिरिक्तभेदात् । नमस्कारप्राभृतज्ञस्य यच्छरीरं त्रिकालगोचरं तदन्यतरेण श्रुतज्ञानं नोपजायते इति शरीरमपि कारणं तत्रापि नमस्कारशब्दो वर्तते । तद्भूतशरीरं त्रिविकल्पं च्युतं, च्यावितं, त्यक्तमिति। आयुषो निःशेषगलनादात्मनश्च्युतं एकं । चेतनस्योपसर्गबलाद्वा च्यावितशब्देनोच्यते । आयुषो भवमधेत्य आत्मनैव यत्त्यक्तं तत्त्यक्तशब्देनोच्यते ।तत्त्रिविकल्पं भक्तप्रत्याख्यानं, प्रायोपगमनं,इंगिनीमरणं इति ।तेष्वन्यतमेन त्यक्तं विधिना कायकषायसल्लेखनापुरःसरं प्रव्रज्यातःप्रभृति निर्यापकगुरुसमाश्रयणदिवसमंत्यं कृत्वा मध्ये प्रवृत्तान् ज्ञानदर्शनचारित्राणां अतिचारानालोच्य तदभिमतप्रायश्चित्तानुसारिणः द्रव्यभावसल्लेखनामुपगतस्य त्रिविधाहारप्रत्याख्यानादिक्रमेण रत्नत्रयाराधनं भक्तप्रत्याख्यानं । इंगिनीमरणप्रायोपगमने वक्ष्यमाणलक्षणे तैः परित्यक्तं त्यक्तमुच्यते । यत्रैव तत्स्यति जीवे नमस्कारोपयोगं प्रति जीववदेव कारणमासीन्नमस्कारोपयोगस्य तदेवेदमिति तत्रापि नमस्कारशब्दः प्रवर्तते । नमस्कारोपयोगरूपेण यो भविष्यति स भावीति भण्यते । स्थापना अर्हदादीनां आगमनमस्कारज्ञानं आगमभावनमस्कारः । नमस्क्रियमाणार्हदादिगुणानुरागवतः मुकुलीकृतकरकमलस्य, प्रणामो नो आगमभावनमस्कार इह गृह्यते ।

निर्देशस्वामित्वसाधनाधिकरणस्थितिविधानैरनुयोगद्वारैर्निरूप्यते । अर्हदादिगुणानुरागवतः आत्मनो वाक्कायक्रियास्तवनशिरोवनतिरूपो नमस्कारः । सम्यग्दृष्टिर्नो आगमभावनमस्कारस्य स्वामीति । मतिश्रुतज्ञानावरणक्षयोपशमः, दर्शनमोहोपशमः, क्षयः, क्षयोपशमश्च बाह्यं साधनं, अभ्यंतर आत्मा प्रत्यासन्नभव्यः । आत्मनि वर्तते नमस्कारः । अंतर्मुहूर्तस्थितिकः । अर्हदादिनमस्कार्यभेदेन पंचविधः । अर्हदादीनां प्रत्येकमनेकविकल्पत्वात् नमस्कारोऽपि तावद्धा भिद्यते ।

अर्थ—यह भावनमस्कार आराधना पुरःसर हृदयमें धारण कर. इससे पांच परिवर्तनरूप संसारका नाश होता है. हे क्षपक! तू एकाग्र हृदयसे और विशुद्ध परिणामसे इसका स्वीकार कर. इसका कभी भी त्याग न करना चाहिये.

इस नमस्कार के नामनमस्कार, स्थापनानमस्कार, द्रव्यनमस्कार और भावनमस्कार ऐसे चार भेद हैं.

नामनमस्कार—जिस किसीका 'नमस्कार' ऐसा नाम रखना यह इस पदार्थका नाम हो इस हेतुसे जो जो पद प्रयोग किया जाता है उसको नामनमस्कार कहते हैं.

स्थापनानमस्कार—नमस्कार करनेमें तत्पर होकर हाथ जोडकर मस्तकपर जिसने स्थापन किये हैं ऐसे जीवकी जैसी आकृति होती है वैसी आकारयुक्त जो मूर्ति स्थापी जाती है उसको स्थापनानमस्कार कहते हैं.

द्रव्यनमस्कार—नमस्कारप्राभृत नामका ग्रंथ है. जिसमें नय प्रमाण और निक्षेप वगैरहके द्वारा नमस्कारका निरूपण किया है इस ग्रंथका जिसको ज्ञान है परंतु इसमें निरूपण किये गये अर्थमें सांप्रतकालमें जिसका उपयोग नहीं है. अर्थात् सांप्रतकालमें जिसका अन्य पदार्थके तरफ चित्त गया है वह पुरुष 'द्रव्यनमस्कार' शब्दसे वाच्य है. वह पुरुष नमस्कारका यथार्थ स्वरूप प्रतिपादन करनेवाले श्रुतज्ञानका कारण होनेसे उसको आगम द्रव्यनमस्कार कहते हैं.

नो आगम द्रव्यनमस्कारके ज्ञायक शरीर, भावि और तद्व्यतिरिक्त. ऐसे भेद हैं. नमस्कार प्राभृतके ज्ञाताका जो त्रिकालगोचर शरीर उसमें भी नमस्कार शब्दका प्रयोग करते हैं. क्योंकि शरीरके बिना नमस्कार शास्त्रका ज्ञान जीवको होता नहीं. इस लिये शरीर भी ज्ञानका कारण है. उसमें भी नमस्कार पदका प्रयोग करते हैं. त्रिकालगोचर शरीर में जो भूतशरीर नामक भेद है उसके च्युत, च्यावित और त्यक्त ऐसे तीन भेद हैं. आयुष्य पूर्ण गलने पर जो शरीर आत्मासे छूट जाता है उसको च्युत शरीर कहते हैं. उपसर्ग होनेपर जो शरीर छूट जाता है वह च्यावित कहा जाता है. आयुष्यका अभाव हुआ है ऐसा समझकर आत्माके द्वारा जो शरीर त्यागा जाता है उसको त्यक्त कहते हैं. इसके तीन भेद हैं. भक्तप्रत्याख्यान, प्रायोपगमन और इंगिनीमरण इन तीनो भेदोंमें से किसीका भी आश्रय कर योग्य विधीसे शरीरका त्याग होता है उसको त्यक्त कहते हैं.

भक्तप्रत्याख्यान—मुनिदीक्षा लेनेके अनंतर दीक्षा कालसे कषाय सल्लेखना और शरीरसल्लेखना करके निर्यापकाचार्यका आश्रय करनेके कालपर्यंत बीचके कालमें ज्ञान, दर्शन और चारित्रमें जो जो अतिचार हुए हैं उनकी आलोचना करके गुरुके दिये हुये प्रायश्चित्त का स्वीकार करना चाहिये. तदनंतर द्रव्यसल्लेखना और भावसल्लेखनाका आश्रय करके तीन प्रकारके आहारोंका त्याग कर रत्नत्रयकी आराधना करना इसको भक्तप्रत्या-

ख्यान कहते हैं. इंगिनीमरण और प्रायोपगमन मरण ऐसे दो भेदोंका लक्षण आचार्य आगे कहेंगे. इन मरणोंके द्वारा शरीरका त्याग करना उसको भी त्यक्त कहते हैं.

जीव जब था तब वह जैसा नमस्काररूप उपयोगको कारण था वैसा वह भी शरीर नमस्कारके प्रति उपयोग लगानेका कारण था अतः यही यह शरीर है ऐसा ज्ञान शरीरको देखनेसे होता है इसलिये भूतशरीरमें भी नमस्कारका प्रयोग कर सकते हैं. जिसमें भविष्यकालमें नमस्कारके प्रति उपयोग होगा वह भावि कहाताहै.

नमस्कार विषयक ज्ञानके तरफ जिसका उपयोग लगा है उसको आगम भावनमस्कार कहते हैं. जिनको नमस्कार करना योग्य है ऐसे अर्हदादिक परमेष्ठिओं के गुणोंमें अनुरक्त होकर अपने दो हाथ जिसने कमलकलिकाकार किये हैं तथा जो नमस्कार कर रहा है उसको नो आगम भावनमस्कार कहते हैं.

इस नमस्कारका निर्देश, स्वामित्व, साधन, अधिकरण, स्थिति और विधान इन छह अनुयोगों के द्वारा वर्णन करते हैं—

अर्हदादिकी गुणोंमें अनुरागी होकर जो आत्मा वचनसे स्तुति करता है और मस्तक नम्र करता है उसकी इस अवस्थाको नमस्कार स्वामी—सम्यग्दृष्टि इस नो आगम भाव नमस्कारका स्वामी है. इस नमस्कारके ये साधन हैं.— मति श्रुतज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम, दर्शन मोहका उपशम क्षय और क्षयोपशम ये बाह्य साधन हैं आत्मा अन्तरंग साधन है. अर्थात् प्रत्यासन्नभव्य अन्तरंग साधन है. अधिकरण--आत्मामें यह नमस्कार रहता है. अतः वह आधार है. इसकी स्थिति अन्तर्मुहूर्तकी है. अर्हदादि पंचपरमेष्ठिओंके अपेक्षासे इसके पांच प्रकार है. अथवा अर्हदादिकोंमें अनेक विकल्प हैं इस लिये भी नमस्कारके अनेक भेद होते हैं. अर्हन्तके सामान्य केवलि अर्हत्, गणधर केवलि अर्हत्, तीर्थंकर केवलि अर्हत् ऐसे भेद हैं. सिद्धोंके भी गति सिद्ध, तीर्थसिद्ध, क्षेत्रसिद्ध, लिंग सिद्ध ऐसे अनेक भेद हैं इनकी अपेक्षासे नमस्कारके भी अनेक भेद होते हैं.

मणसा गुणपरिणामो वाचा गुणभासणं च पंचण्हं ॥
काएण संपणामो एस पयत्थो णमोक्कारो ॥ ७५४ ॥

विजयोदया—अत्र नमस्कारसूत्रेण 'णमो लोए सव्वसाहूणं' इत्यत्र लोकग्रहणं सर्वग्रहणं प्रत्येकमभिसंब-

ध्यते। णमो लोए सव्वेसिं अरहंताणं, णमो लोए सव्वेसिं सिद्धाणं, णमो लोए सव्वेसिं आइरियाणं, णमो लोए सव्वेसिं उवज्झायाणं " इति। अरहंताणमित्यादि बहुवचननिर्देशादेव सर्वेषामर्हदादीनां ग्रहणं सिद्धमतो न कर्तव्यं सर्वशब्दोपादानं इति चेत्। अर्द्धतृतीयद्वीपगतभरतेषु, ऐरावतेषु, विदेहेषु च ये अर्हंतः, सिद्धा, आचार्याः, उपाध्यायाः, साधवश्चातीता, वर्तमाना, भविष्यंतश्च तेषां ग्रहणार्थं सर्वशब्द उपात्तः। सादरविशेषख्यापनार्थं प्रत्येकं नमःशब्दोपादानं।

अर्थ – नमस्कार इस पदका अर्थ इस प्रकार है. मनके द्वारा अर्हदादिकोंके गुणोंका स्मरण करना, वचनके द्वारा अर्हदादि पंच परमेष्ठिओंके गुणोंका वर्णन करना, शरीरसे पंच परमेष्ठिओंके चरणोंको नमस्कार करना यह नमस्कार शब्दका अर्थ है.

णमो अरहंताणं इत्यादि नमस्कार सूत्रमें ' णमो लोए सव्व साहूणं ' ऐसा अन्तिम वाक्य है. इसमें लोक शब्द और सर्व शब्द इन दो शब्दोंका संबंध प्रत्येकके साथ करना चाहिये. अर्थात् णमो लोए सव्वेसिं अरहंताणं, णमो लोए सव्वेसिं सिद्धाणं, णमो लोए सव्वेसिं आइरियाणं, णमो लोए सव्वेसिं उवज्झायाणं।

शंका—अरहंताणं, सिद्धाणं वगैरहमें बहु वचनका प्रयोग होनेसे ही सर्व अर्हदादिकोंका ग्रहण होता है अतः सर्व शब्दकी जरूरत नही है.

उत्तर—ढाई द्वीपमें पांच भरत, पांच ऐरावत और पांच विदेहों में जितने अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु हैं, हो गये हैं. और होंगे उनका ग्रहण करनेके लिये यहां सर्व शब्दका प्रयोग किया है. और आदर विशेषता दिखानेके लिये प्रत्येकके आगे नमः शब्दका प्रयोग किया है.

अरहंतणमोक्कारो एक्को वि हविज्ज जो मरणकाले ॥
सो जिणवयणे दिट्ठो संसारुच्छेदणसमत्थो ॥ ७४५ ॥

एकोप्यर्हन्नमस्कारो मृत्युकाले निषेवितः ॥
विध्वंसयति संसारं भास्वानिव तमश्चयम् ॥ ७८४ ॥

विजयोदया—अरहंतणमोक्कारो अर्हतां नमस्कारः। जो मरणकाले भवेज्ज एक्को वि। योऽपि मरणकाले भवेदेकोऽपि। सो सः। जिणवयणे दिट्ठो जिनवचने दृष्टः। संसारुच्छेदणसमत्थो संसारोच्छेदनसमर्थः॥

अर्थ—मरण समयमें अरहंतोंको एक भी यदि नमस्कार किया तो वह भी संसारका नाश करनेमें समर्थ है ऐसा जिनागममें कहा है.

ननु सम्यक्त्वज्ञानचारित्रतपांसि संसारमुच्छिंदंति यद्यपि न स्यात्तन्नमस्कार इत्याशंकायामाह—

जो भावणमोक्कारेण विणा सम्मत्तणाणचरणतवा ॥
ण हु ते होंति समत्था संसारुच्छेदणं कादुं ॥ ७५६
संसारं न विना शक्तं नमस्कारेण सूदितुं ॥
चतुरंगगुणोपेतं नायकेनेव विद्विषम् ॥ ७८५ ॥

विजयोदया—जो भावणमोक्कारेण विणा यो भावनमस्कारेण विना सम्यक्त्वं, ज्ञानं, चारित्रं, तपश्च । खु शब्द एवकारार्थः । ण हु ते संसारोच्छेदनं कर्तुं समर्था भवंति ॥

सम्यक्त्व, ज्ञान, चारित्र और तप संसारका नाश करते हैं इस लिये नमस्कार की क्या आवश्यकता है? इस प्रश्नका उत्तर आचार्य देते हैं—

अर्थ—भावनमस्कारके विना सम्यक्त्व, ज्ञान, चारित्र और तप संसारका नाश करने में समर्थ नहीं होते हैं.

यद्येवं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्ग इति सूत्रेण विरुध्यते । नमस्कारमात्रमेव कर्मणांविनाशने उपाय इत्येकमुक्तिमार्गकथनादित्याशंकायामाह—

चदुरंगाए सेणाए णायगो जह पवत्तओ होदि ॥
तह भावणमोक्कारो मरणे तवणाणचरणाणं ॥ ७५७ ॥
विद्विषो नायकेनेव चतुरंगं बलीयसा ॥
संसारस्य विघाताय नमस्कारेण योज्यते ॥ ७८६ ॥

विजयोदया—चदुरंगाए सेणाए णायगो चतुरंगायाः सेनायाः नायको । जह पवत्तगो होज्ज यथा प्रवर्तको भवति । तह भावणमोक्कारो तथा भावनमस्कारः । मरणे मरणगोचरः । तवणाणचरणाणं तपोज्ञानचरणानां क्षायिक

सम्यक्त्वज्ञानदर्शनवीर्यगुणात्मका अर्हन्त इत्येवं श्रद्धानात्मको भावनमस्कारः सम्यग्दर्शनात्मकत्वात् । समीचीनं तपो, ज्ञानं, चारित्रं च प्रवर्तयति । न ह्याप्तगुणश्रद्धानं विना शब्दश्रुतस्य प्रामाण्यमयं व्यवस्थापयितुमीशः । वक्तृप्रामाण्याद्विना न वचनप्रामाण्यासिद्धेः । न होन्द्रियविषयज्ञानमयथार्थमिदमेतद्यथार्थमिति वा विवेक्तुं शक्यते अस्मदादिना । अर्थयाथात्म्यवेदिनो वीतरागद्वेषस्य च यतो वचस्ततो यथार्थमेव विज्ञानं जनयति, नायथार्थमिति समीचीनज्ञानस्य सम्यग्ज्ञानपुरस्सरतया चरणं तपश्च समीचीनं सत्कर्मापनोदे निमित्तं नान्यथेति प्रवर्तकता भावनमस्कारस्य ततः प्रभावत्वाद्भावनमस्कारः संसारोच्छेदकारीति व्यपदिश्यते ॥

यदि आप भावनमस्कारसे ही संसारनाश होता है ऐसा कहते हो तो 'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः' इस सूत्रके साथ विरोध उत्पन्न होगा. क्यों कि नमस्कार ही केवल कर्मोंका नाश करनेमें उपाय है ऐसा आपका अभिप्राय है. सम्यग्दर्शनादिक तीनो मिलकर मोक्षका उपाय है और आपके मतसे केवल नमस्कार ही मोक्षोपाय है. इस शंकाका आचार्य उत्तर देते हैं—

अर्थ—गज, रथ, अश्व और पायदळ इस प्रकार चार सेनाओंका जैसे सेनापति प्रवर्तक माना जाता है. वैसे यह भावनमस्कार भी मरणसमय में तप, ज्ञान, चारित्रका प्रवर्तक है.

क्षायिक सम्यग्दर्शन, केवलज्ञान, केवलदर्शन और अनंतवीर्य ये अर्हंतके गुण हैं ऐसी श्रद्धा करना यही भावनमस्कार है. यह नमस्कार सम्यग्दर्शनात्मक ही है, इससे ही मुनिराजके ज्ञान, तप, और चारित्र, कर्मनिर्जरा करना, संवर करना इन कार्योंमें प्रवृत्त होते हैं. आप्तगुणोंपर यदि श्रद्धा न होगी तो यह भावनमस्कार शब्दश्रुतका प्रामाण्य सिद्ध करनेमें समर्थ न होगा. वक्तामें यदि प्रमाणता न होगी तो उसके वचन प्रमाणभूत कैसे माने जायेंगे. इंद्रियज्ञान से यह यथार्थ है और यह अयथार्थ है इसका निर्णय कर नहीं सकता. जिनके रागद्वेष नष्ट होगये हैं और जो पदार्थोंका सच्चा स्वरूप जानते हैं उनका वचन अर्थात् आगम प्रमाणभूत मानना चाहिये. उसको अप्रमाण समझना योग्य नहीं हैं. सम्यग्दर्शनसे जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह सम्यग्ज्ञान है. उसी तरह चारित्र और तप भी जब उत्कृष्ट-निर्दोष होते हैं तब कर्मनाश करनेमें निमित्त हो जाते हैं अन्यथा नहीं. इसलिए भावनमस्कार इनका प्रवर्तक है ऐसा समझना चाहिए. यह भावनमस्कार प्रभावसंपन्न होनेसे संसारका उच्छेद करता है ऐसा मानना अयोग्य नहीं है.

आराधणापडायं गेण्हंतस्स हु करो णमोक्कारो ॥
मल्लस्स जयपडायं जह हत्थो घेत्तुकामस्स ॥ ७५८ ॥
नमस्कारेण गृह्णाति देवीमाराधनां यतिः ॥
पताकामिव हस्तेन मल्लो निश्चितमानसः ॥ ७८७ ॥

विजयोदया – आराधनापताकां ग्रहीतुकामस्य मल्लस्य भावनमस्कार एव करो जयपताकां ग्रहीतुकामस्य हस्त इवेत्युत्तरगाथार्थः ॥

अर्थ—जो क्षपक आराधनारूप पताका ग्रहण करता है उसका भावनमस्कार ही हाथ है. जैसे जयपताकाको मल्ल पुरुष अपने हाथसे ग्रहण करता है.

अण्णाणी वि य गोवो आराधित्ता मदो णमोक्कारं ॥
चंपाए सेट्ठिकुले जादो पत्तो य सामण्णं ॥ ७५९ ॥
अज्ञानोऽपि सुतो गोपो नमस्कारपरायणः ॥
चम्पाश्रेष्ठिकुले भूत्वा प्रपेदे संयमं परम् ॥ ७८८ ॥
समस्तानि दुःखानि विच्छिद्य सद्यः । सुखानि प्रभूतानि साराणि दत्वा ॥
मुदा सेव्यमानं विधानेन मोक्षे । विबाधानि दत्ते नमस्कारमित्रम् ॥ ७८९ ॥
इति नमस्कारः ।

विजयोदया—अर्हद्गुणज्ञानरहितोऽपि गोपो द्रव्यनमस्कारमाराध्य मृतश्चंपापुरे श्रेष्ठिकुले जातः । श्रामण्यं च प्राप्तवान् इति च द्रव्यनमस्कारोऽप्येवं विपुलं फलं प्रयच्छतीति भावः । नमस्कारो व्याख्यातः । णमोक्कारं ॥

अर्थ—सुभग नामक ग्वालाको अर्हंतके ज्ञानादि गुणोंका स्वरूप मालूम नहीं था. उसने मरण समयमें अर्हंतको द्रव्यनमस्कार किया था. मरणके अनंतर वह चंपापुरनगरमें वृषभदत्तश्रेष्ठीका पुत्र हुआ. श्रमण अवस्थाको प्राप्त होकर मुक्त हुआ. द्रव्यनमस्कार भी ऐसा विपुल फल अर्पण करता है. नमस्कारका विवेचन हुआ.

णाणोवओगरहिदेण ण सक्को चित्तणिग्गहो काउं ॥
णाणं अंकुसभूदं मत्तस्स हु चित्तहत्थिस्स ॥ ७६० ॥
न शक्यते वशीकर्तुं विना ज्ञानेन मानसं ॥
अंकुशेन विना कुत्र क्रियते कुंजरो वशे ॥ ७९० ॥

विजयोदया—णाणुवओगं इत्येतद्व्याख्यानायोत्तरः प्रबंधः—णाणोवओगरहिदेण ज्ञानपरिणामरहितेन पुंसा । सक्को चित्तणिग्गहो काउं चित्तनिग्रहः कर्तुमशक्यः । कस्मात् ज्ञानमंतरेण न शक्यश्चित्तनिग्रहः कर्तुमित्योरुकार्यां-ज्ञानं निग्रहकरणे साधकतमं ततस्तदंतरेण न भवति चित्तनिग्रह इत्याचष्टे। णाणं अंकुसभूदं मत्तस्स हु चित्तहत्थिस्स ज्ञानमंकुशभूतं मत्तस्य चित्तहस्तिनः। इदमत्र चोद्यते-इह चित्तशब्देन किमुच्यते ? अन्यत्र सचित्तशीतसंवृतइत्यादौ चित्तं चैतन्यमिति गृहीतं इहापि यदि तदेव तस्य निग्रहो नाम कः ? अत्रोच्यते-विपर्ययज्ञानतया अशुभध्यानलेश्यातया वा परिणतिः प्राणभूतो यस्य तस्य निरोधो यथार्थज्ञानपरिणामेन क्रियते । परिणामो हि परिणामिनं निरुणद्धि, परिणामोऽस्मद्विरुद्धस्त्वया नादातव्यः इति । यथा मत्तो हस्ती न क्वचिदप्यवतिष्ठते बंधनमर्दनादिकं विना तद्वच्चित्तहस्त्यपि यत्र कुत्र चनाशुभपरिणामे प्रवर्तते इति ॥

अर्थ—ज्ञानपरिणामसे रहित पुरुष अपने चित्तका निग्रह करनेमें समर्थ नहीं होता है. अर्थात् ज्ञान मनको जीतनेमें साधकतम है उसके विना मन अन्य उपायसे नहीं जीता जा सकता है. जैसे मत्तहाथीको अंकुश वश करता है वैसे उन्मत्त हुए इस चित्तरूप हाथीको वश करनेके लिये वह ज्ञान अंकुशके समान है.

प्रश्न—यहां चित्तशब्दसे क्या अभिप्राय समझना चाहिये. 'सचित्तशीतसंवृत' इत्यादि सूत्रमें चित्तशब्दका अर्थ चैतन्य ऐसा माना है. क्या यहां भी वही अर्थ मानते हो ? तो- 'चैतन्यनिग्रह करना' इसका क्या अभिप्राय समझना चाहिये. ?

उत्तर- जो विपरीत ज्ञानरूप अथवा अशुभध्यानरूप वा अशुभलेश्यारूप परिणति जीवकी होती है उसका निरोधही आत्माके यथार्थ ज्ञानरूपपरिणतीसे युक्त होता है. परिणाम परिणामीका विरोध करता है जैसे हमारे विरुद्ध तुम अपने परिणाम धारण करना योग्य नहीं है. जैसे मत्तहत्ती बंधन मर्दनादिकके विना कहां परभी स्थिर रहता नहीं है. वैसा यह मनरूप हाथी भी जिस किसी अशुभ परिणामोंमें प्रवृत्त होता है.

विज्जा जहा पिसायं सुट्ठु पउत्ता करेदि पुरिसवसं ॥
णाणं हिदयपिसायं सुट्ठु पउत्ता करेदि पुरिसवसं ॥ ७९१ ॥
स्वभ्यस्तं कुरुते ज्ञानं नानानर्थपरं मनः ॥
पुरुषस्य वशे विद्या पिशाचमिव दुर्ग्रहम् ॥ ७९१ ॥

विजयोदया—विज्जा सुट्ठु पउत्ता जहा पिसायं पुरिसवसं करेदि । विद्या सुष्ठु प्रयुक्ता सम्यगाराधिता यथा पिशाचं पुरुषस्य वश्यं करोति । तह णाणं सुट्ठुवजुत्तं वसं करेदि हिदयपिसायं च । तथा ज्ञानं सुष्ठु प्रयुक्तं वशं करोति । किं ? हृदयपिशाचं । चित्तं पिशाचवदयोग्यकारितया ज्ञानं समीचीनं असकृत्प्रवर्तमानं शुभे शुद्धे वा परिणामे प्रवर्तयति चेतनामिति यावत् ॥

अर्थ—पूर्ण विधीसे विद्याकी आराधना करनेपर पिशाच वश हो जाता है वैसे ज्ञानके तरफ पूर्ण उपयोग देनेसे यह हृदयरूपी पिशाच पुरुषके स्वाधीन होता है. यह हृदय पिशाचके तुल्य अयोग्य कार्य करता है परंतु ज्ञानोपयोगसे पुरुष इस हृदयको शुभ अथवा शुद्ध परिणामोंमें प्रवर्ता सकते हैं. जैसे सम्यग्दृष्टि जीव विद्याराधन करके पिशाचको वश कर उससे धर्मप्रभावना के कार्य कराता है वैसे इस मनको भी हे क्षपक! तू ज्ञानाराधना कर शुद्ध परिणामोंमें तत्पर कर.

उवसमइ किण्हसप्पो जह मंतेण विधिणा पउत्तेण ॥
तह हिदयकिण्हसप्पो सुट्ठुवजुत्तेण णाणेण ॥ ७९२ ॥
ज्ञानेन शाम्यते दुष्टं नित्याभ्यस्तेन मानसम् ॥
मंत्रेण शाम्यते किं न सुप्रयुक्तेन पन्नगः ॥ ७९२ ॥

विजयोदया—उवसमदि किण्हसप्पो उपशाम्यति कृष्णसर्पः । जह यथा । मंतेण पउत्तेण स्वाहाकारांता विद्या इति स्वाहाकारो मंत्रशब्देनोच्यते मंत्रेण सुष्ठु प्रयुक्तेन । तह तथैव । हिदयकिण्हसप्पो उवसमदि हृदयकृष्णसर्पः उपशाम्यति । सुट्ठुवजुत्तेण णाणेण सुष्ठु प्रवृत्तेन ज्ञानपरिणामेन । अशुभनिग्रहहेतुता ज्ञानस्य आद्यया गाथयोक्ता । द्वितीयया चित्तस्य स्ववशकारित्वं ज्ञानभावनयोक्तं । अनया तु अशुभपरिणामप्रशांतिकारिता ज्ञानभावनया निरूप्यते ॥

अर्थ—योग्य विधीसे साध्य किया हुआ मंत्र प्रयोग करनेपर कृष्णसर्पको वश करता है. अर्थात् मंत्रके प्रभावसे क्रोधसे फुत्कार करनेवाला सर्प शांत होकर मांत्रिकके वश होता है. वैसे यह हृदय रूपी कृष्ण सर्प भी उत्तम प्रकारसे प्रयुक्त किये ज्ञानपरिणामके द्वारा वश किया जाता है. पहिली गाथासे ज्ञान अशुभ परिणामोंको निग्रह करनेमें कारण है यह दिखाया है. दुसरी गाथाके द्वारा चित्त स्ववश करनेका उपाय दिखाया है. अर्थात् ज्ञानभावसे चित्त वश होता है ऐसा कहा है. और प्रस्तुत गाथासे ज्ञानभावना-ज्ञानाभ्यास अशुभ परिणामोंकी प्रशांति करता है यह बताया है.

आरण्णवो वि मत्तो हत्थी णियमिज्जदे वरत्ताए ॥
जह तह णियमिज्जदि सो णाणवरत्ताए मणहत्थी ॥ ७६३ ॥

नियम्यते मनोहस्ती मत्तो ज्ञानवरत्रया ॥
हस्ती वारण्यकः सद्यो भयदायी वरत्रया ॥ ७९३ ॥

विजयोदया—आरण्णवो वि मत्तो हत्थी अरण्यचारी मत्तो हस्ती। णियमिज्जदे वरत्ताए नियम्यते निरुध्यते वरत्रेण यथा। तथा मणहत्थी मनोहस्ती नियम्यते। णाणवरत्ताए ज्ञानवरत्रेण। प्राणिनामहितकारितया, दुर्निवारतया च मनो हस्तीवेति मनोहस्तीति भण्यते। ज्ञानमशुभमनोवाहं निरुणद्धि। इत्यनयोच्यते।

अर्थ—अरण्यमें स्वच्छंदपनासे विहार करनेवाला मत्त हाथी जैसे मजबूत शृंखलासे बांधा जाता है वैसे यह मन प्राणिओंका अहित करता है और दुर्निवार है अतः यह हाथीके समान होनेसे इसको हाथी कह सकते हैं. यह मनरूपी हाथी ज्ञानरूपी शृंखलासे बांधा जाता है. अर्थात् ज्ञान अशुभसंकल्पोंके समूहको रोकता है. मनमें ज्ञानके प्रभाव से अशुभ संकल्प उत्पन्न नही होते हैं.

ज्ञानवरत्रया नियमितस्य मनोव्यापारं निरूपयत्युत्तरगाथा-

जह मक्कडओ खणमवि मज्झत्थो अत्थिदुं ण सक्केइ ॥
तह खणमवि मज्झत्थो विसएहिं विणा ण होइ मणो ॥ ७६४ ॥

मध्यस्थो न कपिः शक्यः क्षणमायासितुं यथा ॥
मनस्तथा भवेन्नैव मध्यस्थं विषयैर्विना ॥ ७९४ ॥

विजयोदया – मक्कडओ खणमवि मज्झत्थो अत्थिदुं ण जहा सक्केदि मर्कटकः क्षणमपि मध्यस्थो निर्विकारः सम् स्थातुं न शक्नोति। तहा मणो विसएहिं विणा मज्झत्थो खणमवि ण होदि तथा मनो विषयैः शब्दादिनिमित्तां रागादय इह विषयशब्दवाच्या विषयकार्यत्वात्। ततोऽयमर्थः, अत्र रागद्वेषौ विना मध्यस्थं मनो न भवति। ज्ञानभावनायामसत्यां रागद्वेषयोर्वृत्तिरेव मनसो माध्यस्थं करोतीत्याख्यायते। यस्मान्मनसोऽमाध्यस्थ्यमस्ति संनिहितमनोज्ञामनोज्ञविषयरागद्वेषसहचारितया –

ज्ञानरूपी शृंखलासे न बंधे हुए मनकी चेष्टाओं का वर्णन –

अर्थ – वानर एकक्षण पर्यन्त भी स्थिर अर्थात् निर्विकार एकस्थानमें रहता नहीं, मन भी विषयों के विना स्थिर नहीं रहता है. हमेशा विषयोंमें विचरता है. अर्थात् हमेशा शब्द रस, स्पर्श वगैरे विषयोंका निमित्त पाकर यह रागद्वेषोंसे युक्त हुआ ही करता है. विषयोंसे निवृत्त होकर माध्यस्थ भावमें यह रममाण होता नहीं, सतत ज्ञानका अभ्यास न होनेसे इसकी रागद्वेषमें परिणति हो रही है. परंतु ज्ञानका अभ्यास करनेसे माध्यस्थभाव मनमें उत्पन्न होता है. मनोज्ञ–इष्ट विषय और अमनोज्ञ अनिष्ट विषयके सहवाससे मनमें क्रमसे रागद्वेष उत्पन्न होते हैं. तब माध्यस्थ भावका लोप होता है.

तह्मा सो उव्वुहणो मणमक्कडओ जिणोवएसेण ॥
रामेदव्वो णियदं तो सो दोसं ण काहिदि से ॥ ७९५ ॥
सदा रमयितव्योऽसौ जिनवाक्यवने ततः ॥
रागद्वेषादिकं दोषं करिष्यति ततो न सः ॥ ७९५ ॥

विजयोदया – तह्मा तस्मात्। सो मणक्कडओ मनोमर्कटः। उव्वुहणो इतस्तत उल्लंघनपरः। रामेदव्वो णियदं सर्वकाले रमयितव्यः। क्व जिणोवदेसम्मि जिनागमे। तो ततो जिनागमरतेः। सो मनोमर्कटः। दोसं रागद्वेषादिकं। ण काहिदि न करिष्यति। से तस्य ज्ञानाभ्यासकारिणः॥

अर्थ—तब यह मनोमर्कट इतस्ततः कूदने लगता है. इस मनोमर्कटको जिनागमके अभ्यासमें दिनरात तत्पर करना चाहिये. जिससे यह रागद्वेषादिक विकारको छोड देगा.

यस्माज्ज्ञानाभ्यासे सति मनोमर्कटको दीर्घं अशुभपरिणामं न करोति—

तह्मा णाणुवओगो खवयस्स विसेसदो सदा भणिदो ॥
जह विंधणोवओगो चंदयवेज्झं करंतस्स ॥ ७६ ॥
ज्ञानाभ्यासस्ततो युक्तः क्षपकस्य विशेषतः ॥
विवेद्धुं कूर्मसंस्थस्य चंद्रकस्येव धन्वनः ॥ ७९६ ॥

विजयोदया—तह्मा णाणुवओगो तस्माज्ज्ञानपरिणामः । खवगस्स विसेसदो सदा भणिदो क्षपकस्य विशेषतः सदा निरूपितः । जध विंधणोवओगो यथा व्यधनाभ्यासो विशेषतो भणितः । कस्य ? चंदयवेज्झं करंतस्स चंद्रकवेधं कुर्वतः ।

ज्ञानाभ्याससे यह मनोमर्कट अशुभ परिणाम नहीं करेगा ऐसा कथन—

अर्थ—चंद्रक यंत्रका वेध करने की इच्छा रखनेवाला वीर पुरुष जैसे हमेशा लक्ष्यवेध करनेका अभ्यास करता है, वैसा मनोमर्कट वश करनेके लिये हमेशा क्षपक को ज्ञानाभ्यासकी आवश्यकता है.

णाणपदीओ पज्जलइ जस्स हियए विसुद्धलेससस्स ॥
जिणदिट्ठमोक्खमग्गो पणासणभयं ण तस्सत्थि ॥ ७६७ ॥
शुद्धलेश्यस्य यस्यान्ते दीप्यते ज्ञानदीपिका ॥
तस्य नाशभयं नास्ति मोक्षमार्गे जिनोदिते ॥ ७९७ ॥

विजयोदया—णाणपदीओ ध्यानप्रदीपः । पज्जलइ प्रज्वलति । यस्य विशुद्धलेश्यस्य हृदये । तस्य संसारावर्ते पतित्वा विनष्टोऽस्मीति विनाशभयं नास्ति । जिणदिट्ठमोक्खमग्गे जिनदृष्टे श्रुते रत्नत्रयवृत्तिरपि मोक्षमार्गशब्द इह श्रुतवृत्तिर्ग्राह्यः ॥

अर्थ—विशुद्ध परिणामयुक्त ऐसे जिसे क्षपकके हृदयमें ज्ञानरूपी दीपक सतत प्रकाशमान रहता है उसको जिनेश्वरने कहे हुए आगम में नष्ट होनेका भय नहीं रहेगा. अर्थात् सतत ज्ञानाभ्यास करनेसे जीवादिक पदार्थोंका जैनशास्त्रमें जो नयोंके आधारसे अनेक अपेक्षाओं को लेकर स्वरूपवर्णन किया है उसका खूप खुलासा होगा. परंतु जिसको ज्ञानाभ्यास नहीं है उसको जिनागमका रहस्य मालूम न होगा.

ज्ञानप्रकाशमाहात्म्यं कथयति—

णाणुज्जोवो जोवो णाणुज्जोवस्स णत्थि पडिघादो ॥
दीवेइ खेत्तमप्पं सूरो णाणं जगमसेसं ॥ ७६८ ॥

ज्ञानोद्योतो महोद्योतो व्याघातो नास्य विद्यते ॥
क्षेत्रं द्योतयते सूर्यः स्वल्पं सर्वमसौ पुनः ॥ ७९८ ॥

विजयोदया—णाणुज्जोवो ज्ञानोद्योत एव द्योतोऽतिशयितः । कस्तस्यातिशय इत्यत आह—णाणुज्जोवस्स णत्थि पडिघादो ज्ञानोद्योतस्य नास्ति प्रतिघातः । दीवेदि प्रकाशयति । खेत्तमप्पं स्वल्पं क्षेत्रं । कः ? सूरो आदित्यः । णाणं जगमसेसं ज्ञानं जगदशेषं । दीवेदि प्रकाशयति । समस्तव्यापिज्ञानसदृश्यः प्रकाशो नास्तीत्यर्थः ॥

ज्ञानप्रकाशका महत्त्व आचार्य कहते हैं—

अर्थ—ज्ञानरूपी जो प्रकाश है वही उत्कृष्ट प्रकाश है. इसमें यह विशेषता है कि यह किसीके द्वारा नष्ट कर नहीं सकते हैं. हवा वगैरह पदार्थ दीपकका नाश करते हैं परंतु ज्ञानदीपका नाश करनेवाला जगमें कोइ भी पदार्थ नहीं है. सूर्यका प्रकाश बहुत तीव्र है परंतु वह भी अल्पक्षेत्रको ही प्रकाशित करता है. परंतु यह ज्ञान-प्रदीप समस्त जगतको प्रकाशित करता है. समस्तको व्याप कर जाननेवाले ज्ञानके समान दूसरा प्रकाश जगमें नहीं है.

णाणं पयासओ सो वओ तवो संजमो य गुत्तियरो ॥
तिण्हंपि समाओगे मोक्खो जिणसासणे दिट्ठो ॥ ७६९ ॥

ज्ञानं प्रकाशकं वृत्तं गोपकं साधकं तपः ॥
त्रयाणां कथिता योगे निर्वृतिर्जिनशासने ॥ ७९९ ॥

विजयोदया—णाणं पगासगं ज्ञानं प्रकाशयति । संसारं संसारकारणं, मुक्तिं मुक्तिकारणं च ॥ सो वओ तवो निर्जरानिमित्तं तपः । संजमो य गुत्तियरो संयमश्च गुप्तिकरः । तिण्हंपि त्रयाणामपि । समाओगे संयोगे मोक्खो मोक्षः । जिणसासणे दिट्ठो । जिनशासने इष्टः ॥

अर्थ—ज्ञान संसार और मुक्तिके कारणोंको प्रकाशित करता है. व्रत, निर्जराके कारणरूप तप, गुप्तिको

उत्पन्न करनेवाला संयम और इन तीनोंका संयोगरूप मोक्ष जिनका स्वरूप जैनागममें कहा है ज्ञान उन सबको जानता है.

णाणं करणविहूणं लिंगग्गहणं च दंसणविहूणं ॥
संजमहीणो य तवो जो कुणदि णिरत्थयं कुणदि ॥ ७७० ॥
णाणुज्जोएण विणा जो इच्छदि मोक्खमग्गमुवगंतुं ॥
गंतुं कडिल्लमिच्छदि अंधलओ अंधयारम्मि ॥ ७७१ ॥
करणेन विना ज्ञानं संयमेन विना तपः ॥
सम्यक्त्वेन विना लिंगं क्रियमाणमनर्थकम् ॥ ८०० ॥
ज्ञानोद्योतं विना योऽत्र मोक्षमार्गे प्रयास्यति ॥
प्रयास्यति वने दुर्गे सोऽन्धोऽन्धतमसे सति ॥ ८०१ ॥

विजयोदया – णाणुज्जोएण विणा ज्ञानोद्योतेन विना । जो इच्छदि यो वांछति । मोक्खमग्गमुवगंतुं चारित्रं तपश्च इह मोक्षमार्ग इत्युच्यते चारित्रं तपश्चोपगंतुं । गंतुं कडिल्लमिच्छदि गंतुं दुर्गमिच्छति । कः ? अंधलओ अंधः । अंधयारम्मि अंधकारे तमसि । यथा वृक्षतृणगुल्मादिनिचिते प्रदेशे गमनं अतिदुष्करं अप्रकाशे सति । तद्धिंसादिपरिहारो जीवनिकायाकुले दुष्कर इति मन्यते ॥

अर्थ – चारित्रहीन ज्ञान, सम्यग्दर्शनरहित मुनिदीक्षा धारण करना, संयमरहित तप करना, ऐसे कार्य व्यर्थ हैं. अर्थात् इससे मोक्षकी प्राप्ति होती नहीं. अर्थात् चारित्रसहित ज्ञान और प्राणिसंयम और इंद्रियसंयम सहित तप करना चाहिये. सम्यग्दर्शनसहित मुनिदीक्षा धारण करनी चाहिये तब मोक्षकी प्राप्ति होती है.

अर्थ– ज्ञानरूपी प्रकाश अर्थात् ज्ञानदीपकको त्याग कर मोक्षका उपायभूत ऐसा चारित्र और तपकी प्राप्त करनेकी जो इच्छा करता है वह अंधकारमें वृक्ष तृणादिकोंसे व्याप्त ऐसे दुर्गमप्रदेशमें प्रवेश करने वाले अंधमनुष्यके समान समझना चाहिये. जैसे जीवोंसे भरे हुए प्रदेशोंमें हिंसादिकोंका परिहार करना कठिन है वैसे ज्ञानके विना मोक्षमार्गकी प्राप्ति कर लेना कठिन है.

जइदा खंडसिलोगेण जमो मरणा दु फेडिदो राया ॥
पत्तो य सुसामण्णं किं पुण जिणउत्तसुत्तेण ॥ ७७२ ॥

संयमं श्लोकखंडेन निर्वार्य मरणं यमः ॥
यदि नीतस्तदा किं न जिनसूत्रेण साध्यते ॥ ८०२ ॥

विजयोदया—जइदा खंडसिलोगेण यदि तावत्खंडेन श्लोकस्य। जमो राया मरणादो फेडिदो यमो राजा मरणादपसारितः। पत्तो य सुसामण्णं प्राप्तश्च शोभनं श्रामण्यं। किं पुण जिणउत्तसुत्तेण। किं पुनर्जिनोक्तसूत्रेण प्राप्यफले आश्चर्यं। वाच्यमत्राख्यानकं च। तदुक्तं भवति—

अक्षेनांधेन जीवितार्थिना यत्किंचिदुक्तं वचनं श्रुत्वा हास्यपरेण राज्ञा भाव्यमानं यद्यापत्सारणे निमित्तं विदग्धेदितां वचो भाव्यमानं किमभिलषितं न प्रापयति।

अर्थ—यम नामक राजा श्लोकके खंडका स्वाध्याय करनेसे मरणकी आपत्तीसे मुक्त हुआ और उत्कृष्ट चारित्रको भी प्राप्त हुआ. स्वयं बनाये श्लोकखंडसे भी वह आपत्तीसे मुक्त होकर उज्ज्वल चारित्रको प्राप्त हुआ तो जिनसूत्रके अध्ययनसे उत्कृष्ट फल अर्थात् मोक्ष क्यों न मिलेगा. (इस यमराजाकी कथा आराधनाकथाकोषमें देखो)

जैसे एक राजाने भीख मांगनेवाले एक अज्ञ अंधेका वचन सुनकर हसीसे कंठस्थ किया. उस वचन से उसके ऊपर आई हुई आपत्ति टली. एक अंधेका वचन भी आपत्ती दूर होनेमें निमित्त होगया तो विश्वके समस्त पदार्थ जाननेवाले जिन भगवान के वचनोंका अभ्यास करनेसे क्या अभिलषित पूर्ण न होगा ? अवश्य पूर्ण होगा.

स्वल्पस्यापि श्रुतस्य भावना मरणकाले महाफलं दत्तीत्येवं तत्कथयति—

दढसुप्पो सूलदहो पंचणमोक्कारमेत्त सुदणाणे ॥
उवजुत्तो कालगदो देवो जावो महड्ढीओ ॥ ७७३ ॥

दृढसूर्पोऽथ शूलस्थो जातो देवो महर्द्धिकः ॥
नमस्कारश्रुताभ्यासं कुर्वाणो भक्तितो मृतः ॥ ८०३ ॥

विजयोदया—दढसुप्पो सूलदहो दृढसूर्पो नाम चौरः शूलमारूढः। पंचणमोक्कारमेत्त सुदणाणे उवजुत्तो

कालगदो पंचनमस्कार एव श्रुतज्ञाने उपयुक्तः सन् कालगतः । महर्द्धिको देवो जातो महर्द्धिको देवो जातः ॥

स्वल्पश्रुतका अभ्यास भी मरणकालमें महाफल देनेवाला होता है इस का विवेचन--

अर्थ—शूलपर चढाया हुआ दृढसूर्प नामक चोर पंचनमस्कार मात्र श्रुतज्ञानमें चित्तकी एकाग्रता करके मरण को प्राप्त हुआ और स्वर्गमें महाऋद्धिशाली देव हुआ.

ण य तम्मि देसयाले सव्वो बारसविधो सुदक्खंधो ॥
सक्को अणुचिंतेदुं बलिणा वि समत्थचित्तेण ॥ ७७४ ॥

मृत्युकाले श्रुतस्कंधः समस्तो द्वादशांगकः ॥
बलिना शक्तिचित्तेन यतो ध्यातुं न शक्यते ॥ ८०४ ॥

विजयो—सव्वो बारसाविधो वि सुदक्खंधो तम्मि देसयाले ण य सक्को अणुचिंतेदुं बलिणा वि समत्थचित्तेण सर्वो द्वादशविधोऽपि श्रुतस्कंधस्तस्मिन्मरणे देशे काले च नैव शक्योऽनुस्मर्तुं नितरामपि समर्थचित्तेन । बहुश्रुतस्यापि न ध्यानालंबनं समस्तं किं तु किंचिदेव सूत्रं । तथा चोक्तं 'एकाग्रचिंतानिरोधो ध्यानमिति' ॥

अर्थ— मरणकालमें सर्व- बारा प्रकारका श्रुतस्कंधका चिंतन करना बलवान और समर्थ मनके पुरुष द्वारा भी शक्य नहीं है. बहुश्रुत विद्वान मुनि भी संपूर्ण श्रुतज्ञान को आपने ध्यानका विषय नहीं बना सकते हैं. अर्थात् किसी भी कालमें और किसी भी क्षेत्रमें संपूर्ण श्रुतज्ञान ध्यानका विषय होता नहीं फिर मरण समयमें संपूर्ण श्रुतज्ञान ध्यानका कैसा विषय हो सकेगा ? श्रुतज्ञानका कोइ एक सूत्र ध्यानमें विचारा जा सकता है. इसी वास्ते ध्यानका लक्षण ' एकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानं ' ऐसा कहा है.

एक्कम्मि वि जम्मि पदे संवेगं वीदरायमग्गम्मि ॥
गच्छदि णरो अभिक्खं तं मरणंते ण मोत्तव्वं ॥ ७७५ ॥

एकस्मिन्नपि पदे यत्र संवेगं जिनभाषिते ॥
संयतो भजते तत्र त्यजनीयं ततस्तदा ॥ ८०५ ॥

जिनपतिवचनं भवभयमथनं शशिकरधवलं कृतबुधकमलं ॥
धृतमिति हृदये हृतमलनिचये विसरति कुशलं विदलति कलिलम् ८०६
इति ज्ञानम्.

विजयोदया—तेण एकम्मि वि जम्मि पदे चिंतिदंमि एकस्मिन्नपि पदे युक्तः। संवेगं गच्छदि रत्नत्रये श्रद्धामुपैति। अभिक्खं पुनः पुनः। ते तत्पदं। मरणंते शरीरात्रियोगकाले। ण मोत्तव्वं न मोक्तव्यं। णाणुवओगा इत्येतद्व्याख्यातं। णाणं गदं।

अर्थ— जिस एक पदका चिंतन करनेसे आत्मामें रत्नत्रयपर श्रद्धा उत्पन्न होगी वह पद वार वार चिंता जाना चाहिये. शरीरका वियोग होने तक उसका त्याग हे क्षपक ! तुम मत करो.' णाणुवओगा इस ' पद का विवेचन हुआ.

पंचमहाव्रतरक्षा इत्येतद्व्याचिख्यासुरहिंसाव्रतं पालयेति कथयति—

परिहर छज्जीवणिकायवधं मणवयणकायजोएहिं ॥
जावज्जीवं कदकारिदाणुमोदेहिं उवजुत्तो ॥ ७७६ ॥
यावज्जीवं विमुंचस्व यते ! षड्जीवहिंसनम् ॥
शरीरवचनस्वांतैः कृतकारितमोदितैः ॥ ८०७ ॥

विजयोदया—परिहर छज्जीवणिकायवहं षण्णां जीवनिकायानां वधं। मा कृथा मनोवाक्काययोगैः प्रत्येकं कृतकारितानुमतविकल्पैः। कालप्रमाणमाह-जावज्जीयं यावज्जीवं। सर्वजीवविषयसर्वप्रकारहिंसापरिहाररूपत्वात्। सर्वस्मिन्नेव भवपर्यायकाले प्रवृत्तत्वादहिंसा व्रतस्य महत्ता निर्वेदिता। छज्जीवणिकाय इत्यत्र व्यक्तयो जीवनिकायानां परिगृहीताः। मणवयणकायजोगेहिं कदकारिदाणुमोदेहिं इत्यनेन हिंसाविकल्पाः संगृहीताः। जावज्जीवमित्यनेन निरवशेषमनुजजीवितकालग्रहणं। उवजुत्तो समिदीसु इति शेष उपयुक्तः समितिषु समाहितचित्तः। इह वा सावज्ज किरियापरिहारे इति शेषः। सावद्यक्रियापरिहारप्रणिहितचित्तः।

पांच महाव्रतोंका रक्षण करना चाहिये इस पदका आचार्य व्याख्यान करना चाहते हैं. प्रथम हे क्षपक तू अहिंसा महाव्रतका रक्षण कर ऐसा उसको कहते हैं—

अर्थ—हे क्षपक तू ईर्यादिसमितिओं में एकाग्र चित्त होकर अर्थात् संपूर्ण पापक्रियाओंका त्याग करके आमरण मन, वचन, और काययोगसे तथा कृत, कारित और अनुमति ऐसे नउ प्रकारसे छह प्रकारके जीवसमुदायोंका वध करना छोड दे. ऐसी प्रवृत्ति करनेसे तेरा अहिंसा महाव्रत पूर्ण निर्दोष पाला जायगा. सर्व जीवोंकी हिंसा प्राप्त हुए इस मनुष्यपर्यायमें सर्व प्रकारसे त्यागी जाती है इस लिये इसको अहिंसा महाव्रत कहते हैं. ' छज्जीव णिकाय ' इस पदसे जगतमें जीवोंके समुदाय अर्थात प्रकार कितने हैं यह दिखाया है. व " मणवयणकायजोगेहिं, कदकरिदाणुमोदेहिं " इन पदोंसे हिंसाके प्रकारोंका कथन किया है. अर्थात् हिंसा नउ प्रकारसे होती है. ' जावज्जीवं ' इस पदसे संपूर्ण मनुष्यायुष्यका ग्रहण किया है.

जह ते ण पियं दुक्खं तहेव तेसिंपि जाण जीवाणं ॥
एवं णच्चा अप्पोवमिवो जीवेसु होदि सदा ॥ ७७७ ॥

यथा न ते प्रियं दुःखं सर्वेषां देहिनां तथा ॥
इति ज्ञात्वा सदा रक्ष नान्स्वस्वमिव यत्नतः ॥ ८०८ ॥

विजयोदया—जह ते ण पियं दुःखं यथा तव न प्रियं दुःखं । तधेव तेसिं पि जीवाणं दुःखं न पियंत्ति तथैव तेषामपि जीवानां न दुःखं प्रियमिति । जाण जानीहि । एवं णच्चा एवं ज्ञात्वा । अप्पोवमिवो आत्मोपमानः । सदा होहि जीवेषु । परदुःखाप्रियो भवेति यावत् ॥

अर्थ—हे क्षपक ! जैसे तुझको दुःख प्रिय नहीं हैं वैसे अन्य जीवोंको भी दुःख प्रिय नहीं हैं. ऐसा समझ कर सर्व जीवोंमें तू आत्मोपम हो अर्थात परदुःख देनेसे निवृत्त हो.

तण्हाछुहादिपरिदाविदो वि जीवाण घादणं किच्चा ॥
पडियारं कादुंजे मा तं चिंतेसु लभसु सदिं ॥ ७७८ ॥

क्षुधा तृष्णाभिभूतोऽपि विधाय प्राणिपीडनम् ॥
मा कार्षीरपकारं त्वं वपुर्वचनमानसैः ॥ ८०९ ॥

विजयोदया—तृष्णाक्षुदादिपरिक्षपितो वि तृषा, क्षुधा, रोगेण, शीतेन, आतपेन बाधितोऽपि सन् । जीवाणं घादणं किच्चा जीवानामुपघातनं कृत्वा । पडिगारं कादुंजे तृडादीनां प्रतिकारं कर्तुं । तं मा चिंतेहि मा कार्षीश्चित्तं । लभसु सुदिं लभस्व स्मृतिं । पिबामि हिमशीतलं जलं कर्पूरक्षोदवासितं । अगाधं वा सरः सुरभितरोत्पलरजोजुगुंठितं प्रविश्य मदांधसिंधुर इव निमज्जनोन्मज्जने करोमि। ललाटे, शिरसि, पृथुले चोरःस्थले करकप्रकरनिपातो यदि स्याद्धृदं भवेत्। कल्हारसिकताधिकपल्लवशयनादिलाभे वा जीवामि इति वा । आतपेनि वा दिवानिशं तपे । अपसारिततीक्ष्णकरकरनिकुरुंबमिति व्यजनतालवृन्तसमुपनीतशीतमारुतपातेन श्रममशेषमपाकुर्वंतु भवन्तः । हिमानी पततु । वांतु मारुतिव्यान इति वा । आर्द्रपक्वानपूपान्सुरभिघृतार्द्रान् भक्षयामीति । सम्यक्कथितं, क्षीरं शर्करामिश्रं सुखोष्णं पिबामीति च । धगधगायमानं खादिरमग्निं कुरुत । शीतेन स्फुटन्ति ममांगानि इत्येवमादिका प्रतिक्रिया मनसि न कार्येत्यर्थः । असद्वेद्योदयः स नो मंक्षानिति निपतति, को नु तस्य प्रतीकारः ? तदुपशमकालभाविन एव बाह्यद्रव्यसंपाद्याः प्रतीकारा इति मनो निधेहि ॥

अर्थ—प्यास, भूख, रोग, शीत, उष्ण, इत्यादिकसे तुमको पीडा होने पर भी तुम जीवोंका घातकर प्यास वगैरहको मिटानेका प्रयत्न करनेका विचार कभी मनमें मत लाओ. ऐसे दुःखके समय आगमके वचनोंका स्मरण करो. और आगे कहा हुआ विचार मनमें मत लाओ.

कापूरका चूर्ण डालकर सुगंधित किया हुआ, बर्फके समान शीतल जल मैं पीऊं, अथवा सुगंधित कमलरजोंसे व्याप्त ऐसे अगाध सरोवरमें मत्त हाथी के समान प्रवेश कर निमज्जन करके स्नान करूं; ललाट, मस्तक, विशाल छाती इनके ऊपर ओलेका समुदाय पडेगा तो बहुत ही आल्हाद होगा. कमल, शीत वालुका, कोमल कोंपल, इनका किया हुआ बिछाना यदि मेरेको सोनेके लिये मिलेगा तो मै जीऊंगा अन्यथा मेरे प्राण चले जायेंगे ऐसा विचार मनमें नहीं करना चाहिये. रातमें और दिनमें प्यास मेरेको सताती है इसवास्ते सूर्यके तीक्ष्ण किरणों को यहांसे दूर करो. पंखा वगैरहके द्वारा ठंडी हवा करो और मेरा संपूर्ण श्रम आप दूर करो. बर्फ वृष्टि होवो, वायु बहने दो. ऐसा विचार नहीं करना चाहिये. कढाईमें तेले हुए, सुगंधित घृतसे गीले हुए अपूप मैं भक्षण करूंगा, अच्छी तरहसे पका हुआ, खांडमिश्रित सुखोष्ण दूध मै पिऊंगा ऐसा विचार नहीं करे. धगधग करता हुआ खैरका अग्नि जल्दी तयार करो. मेरे सर्व अंग थंडीसे फूट रहे हैं इस प्रकार के इलाजके विचार क्षपकको मनमें करना योग्य नहीं हैं. मेरे ऊपर असाता वेदनीय कर्मका बडा रोष हुआ है उसको क्या इलाज है. जब उसका उपशम होनेका समय आवेगा तब बाह्य पदार्थोंके द्वारा इलाज हो सकते हैं ऐसा मनमें विचार करना चाहिये.

रदिअरदिहरिसभयउस्सुगत्तदीणत्तणादिजुत्तो वि ॥
भोगपरिभोगहेदुं मा हि विचिंतेहि जीववहं ॥ ७७९ ॥
हर्षोत्सुकत्वदीनत्वरत्यरत्यादिसंयुतः ॥
त्वं भोगपरिभोगार्थं मा कार्षीर्जीवबाधनम् ॥ ८१० ॥

विजयोदया – रदिअरदिहरिसभयउस्सुगत्तदीणत्तणादिजुत्तोऽवि । शब्दादिविषया प्रीतिः रतिः । अमनोज्ञविषयसन्निधाने या विमुखता सा अरतिः । हास्यकर्मोदयनिमित्तः परिणामो हर्षः । भयं, उत्सुकता, दीनतेत्येवमादिभिर्युक्तोऽपि । भोगपरिभोगहेतुं भोगोपभोगार्थं वा जीववधं मा कृथा मनसि ॥

अर्थ—स्पर्शादि विषयोंपर प्रेम होना वह रति है. अनिष्ट पदार्थों से संयोग होनेपर जो विमुखता होती है उसको अरति कहते हैं. हास्य कर्मके उदयसे उत्पन्न हुए परिणामोंको हर्ष कहते हैं. भय, उत्सुकता, दीनपना इत्यादिक परिणाम आत्मामें उत्पन्न होने परभी भोगोपभोगके लिये हे क्षपक! तूं जीववध करनेका विचार मनमें मत कर.

महुकरिसमज्जियमहुं व संजमो थोवथोवसंगलियं ॥
तेलोक्कसव्वसारं णो वा पूरेहि मा जहसु ॥ ७८० ॥
माक्षिकं मक्षिकाभिर्वा स्तोकस्तोकेन संचितं ॥
मा नीनशो जगत्सारं संयमं चेन्न पूरयेः ॥ ८११ ॥

विजयोदया—महुकरिसमज्जियमहुं व मधुकरीभिः समर्जितं मधुव । संजमं चारित्रं । थोवथोवसंगलियं स्तोकस्तोकेनोपचितं । तेलोक्कसव्वसारं त्रैलोक्यस्य सर्वसारं विष्टपत्रये यदतिशयवत् स्थानं, मानं, ऐश्वर्यं सुखं वा तस्य कारणत्वात् त्रैलोक्यसर्वसारं । मा जहसु मा त्याक्षीः ॥

अर्थ—मधुमाक्षिका जैसा थोडा थोडा मधु संचित करती है वैसा थोडा थोडा करके संचित किया हुआ यह संयम तू मत छोड क्योंकि त्रैलोक्यमें जो अतिशय उत्कृष्ट स्थान, मान, ऐश्वर्य और सुख है उसकी इससे प्राप्ति होती है. अतः ऐसे महान् संयम का हे क्षपक! तू त्याग मत कर.

दुक्खेण लभदि माणुस्सजादिमदिसवणदंसणचरित्तं ॥
दुक्खजिअवसाणं वा जहसु तणं व अगणंतो ॥ ७८१ ॥

नृत्वं जातिः कुलं रूपमिंद्रियं जीवितं बलम् ॥
श्रवणं ग्रहणं बोधिः संसारे संति दुर्लभाः ॥ ८१२ ॥

विजयोदया—दुक्खेण लभदि माणुस्सजादिमदिसवणदंसणचरित्तं दुःखेन लभते मनुष्यजन्म जंतुः । सूत्रे यद्यपि मणुस्सजादिशब्दः सामान्यवाक्युपात्तस्तथापि विशेषमवसाययति इति ग्राह्यं । मनुजा हि चतुःप्रकाराः—

कर्मभूमिसमुत्थाश्च भोगभूमिभवास्तथा ॥
अंतरद्वीपजाश्चैव तथा सम्मूर्च्छिमा इति ॥
असिर्मषिः कृषिःशिल्पं वाणिज्यं व्यवहारिता ॥
इति यत्र प्रवर्तंते नृणामाजीवयोनयः ॥
प्रयत्नसंयमे यत्र तपःकर्मपरा नराः ॥
सुरसंगतिं वा सिद्धिं प्रयांति धृतशत्रवः ॥
एताः कर्मभुवो ज्ञेयाः पूर्वोक्ता दश पंच च ॥
यत्र संभूय पर्याप्तिं यांति ते कर्मभूमिजाः ॥
मद्यतूर्याम्बराहारपात्राभरणमाल्यदैः ॥
गृहदीपज्योतिषाख्यैस्तरुभिस्तत्र जीविकाः ॥
पुरग्रामादयो यत्र न निवेशा न चाधिपः ॥
न कुलं कर्म शिल्पानि न वर्णाश्रमसंस्थितिः ॥
यत्र नार्यो नराश्चैव मैथुनीभूय नीरुजः ॥
रमंते पूर्वपुण्यानां प्राप्नुवन्ति परं फलं ॥
यत्र प्रकृतिभद्रत्वात् दिवं यांति मृता अपि ॥
ता भोगभूमयश्चोक्तास्तत्र स्युर्भोगभूमिजाः ॥
अमाषका एकोरुका लांगूलिकविषाणिनः ॥
आदर्शमुखहस्त्यश्वविद्युदुल्कमुखा अपि ॥
हयकर्णगजकर्णाः कर्णप्रावरणास्तथा ॥
इत्येवमादयो ज्ञेया अंतरद्वीपजा नराः ॥

समुद्रद्वीपमध्यस्थाः कंदमूलफलाशिनः ॥
वेद्यंते मनुष्यायुस्ते मृगोपमचेष्टिताः ॥
कर्मभूमिषु चक्राब्जहलभृद्धरिभुजां
स्कंधाधारसमूहेषु प्रख्योच्चारभूमिषु ॥
शुक्रासृंघाणकश्लेष्मकर्णदंतमलेषु च
अत्यंताशुचिदेशेषु सद्यःसम्मुर्च्छनेन ये ॥
भूत्वांगुलस्यासंख्येयभागमात्रशरीरकाः ॥
आशु नश्यन्त्यपर्याप्तास्ते स्युः सम्मुर्च्छना नराः ॥

एतेषु कर्मभूमिजमानवानां एव रत्नत्रयपरिणामयोग्यता नेतरेषां इति तदेव मनुजजन्म गृह्यते । लब्धेऽपि तस्मिन् ज्ञानावरणोदयाद्विसाहितपरीक्षायां समर्था बुद्धिर्न सुलभा । तया विना लब्धमपि मनुजजन्म विफलमेव । दृष्टिरहितमिवायतं लोचनं, द्रविणसंपदं विना कुलीनत्वमिव, सुभगतामंतरेण रूपमिव, यथार्थतारहितं वचनमिव, सत्यामपि मतौ यदि नाज्ञानां वचः शृणुयात् सापि विफलैव सरोजरहिता सरसीव । इहापि श्रवणं आप्तवचनगोचरमेव गृहीतं, श्रवणमपि श्रद्धानरहितं सुलभमेव । इदं यथा येन प्रतिपादितं तथैवेति श्रद्धानं दुर्लभं दर्शनमोहोदयात् । सत्यपि श्रद्धाने चारित्रमोहोदयात् ज्ञातेऽभिरुचिते मार्गे प्रवृत्तिर्दुर्लभा । एवं दुरवाप्तिदुस्सामण्णं दुःखार्जितधामण्यं । मा जहसु मा त्याक्षीः । तृणं व अगणंतो तृणमिव अगणयन्

अर्थ—इस प्राणीको दुःखसे मनुष्य जन्मकी प्राप्ति होती है. उत्तम जाति, बुद्धि, मुनिपना, सम्यग्दर्शन, चारित्र ये अवस्थायें उत्तरोत्तर दुर्लभ होनेसे महाकष्टसे प्राप्त होती हैं. गाथामें यद्यपि मनुष्यत्व, जाति ये शब्द सामान्यवाची हैं तो भी उनसे विशिष्ट मनुष्यत्व, उच्च जाति ऐसा अर्थ ग्रहण करना चाहिये.

मनुष्यके चार प्रकार हैं. उनका वर्णन—

कर्मभूमिज, भोगभूमिज, अन्तर्द्वीपज और सम्मूर्छिम ऐसे मनुष्यके चार भेद हैं. जहां असि—शस्त्र धारण करना, मषि—वही खाता लिखना, कृषि—खेती करना, पशुपालन करना, शिल्पकाम करना अर्थात् हस्तकौशल्य के काम करना, वाणिज्य—व्यापार करना और व्यवहारिता—न्यायदानका कार्य करना. ऐसे छह कार्योंसे जहां उपजीविका करनी पडती है, जहां संयमका पालन कर मनुष्य तप करनेमें तत्पर होते हैं और जहां मनुष्योंको पुण्यसे स्वर्ग प्राप्ति होती है और कर्मका नाश करनेसे मोक्षकी प्राप्ति होती हैं ऐसे स्थानको कर्मभूमि कहते हैं. ये कर्मभूमि अढाईद्वीपमें पंधरा हैं. अर्थात् पांच भरत, पांच ऐरावत और पांच विदेह.

जहां मद्यांग, तूर्यांग, वस्त्रांग, भोजनांग, पात्रांग, आभरणांग, मालयांग गृहांग, दीपांग, और ज्योतिरंग ऐसे दश प्रकारके कल्पवृक्ष रहते हैं. और इससे मनुष्योंकी उपजीविका चलती है ऐसे स्थानको भोगभूमि कहते हैं. भोगभूमिमें नगर, कुल, असिमष्यादि क्रिया, शिल्प, वर्णाश्रमकी पद्धति ये नहीं होती हैं. यहां मनुष्य और स्त्री पूर्वपुण्यसे पतिपत्नी होकर रममाण होते हैं. वे सदा नीरोगही रहते हैं और सुख भोगते हैं. यहां के लोक स्वभावसे ही मृदु परिणामी अर्थात् मंद कषायी होते हैं. इसलिये मरणोत्तर उनको स्वर्गकी प्राप्ति होती है. भोगभूमिमें रहनेवाले मनुष्योंको भोगभूमिज कहते हैं.

अन्तरद्वीपज मनुष्योंका वर्णन—ये मनुष्य, अभाषक गूंगे, एक टांगवाले, पूंछवाले, सींगको धारण करनेवाले, ऐसे अनेक प्रकारके रहते हैं. यहांके कोई मनुष्य दर्पणके समान मुखवाले, हाथी, घोडा, इनके मुख समान मुखवाले, बिजली और उल्का समान मुखवाले रहते हैं. किसी २ मनुष्योंके कान हाथी और घोडोंके कान सरीखे रहते हैं. कितने मनुष्योंके कान इतने बडे होते हैं कि वे उसको ओढ सकते हैं. इन सब मनुष्योंको अन्तर्द्वीपज मनुष्य कहते हैं. ये मनुष्य लवणोद और कालोद समुद्रके बीचमें ९६ अन्तर्द्वीप हैं उनमें रहते हैं. उनका आचरण पशुके समान रहता है. वे मनुष्यायुका अनुभव लेते हैं.

कर्मभूमीमें चक्रवर्ती, बलभद्र वगैरह बडे राजाओंके सैन्योंमें, मलमूत्रोंका जहां क्षेपण करते हैं ऐसे स्थानोंपर, वीर्य, नाकका मल, कफ, कान और दांतोंका मल और अत्यंत अपवित्र प्रदेश इनमें जो तत्काल उत्पन्न होते हैं. जिनका शरीर अंगुलका असंख्यात भाग मात्र रहता है. और जो जन्म लेनेके बाद शीघ्र नष्ट होते हैं और जो लब्ध्यपर्याप्तक होते हैं उनको सम्मूर्च्छन मनुष्य कहते हैं.

इन मनुष्योंमें जो कर्मभूमिज मनुष्य हैं उनका ही रत्नत्रयपरिणाम की योग्यता है. इतरोंको नहीं है. इस वास्ते मनुज शब्दसे इनका ही ग्रहण समझना चाहिये.

रत्नत्रयकी योग्यताको धारण करनेवाला मनुष्यजन्म मिलने पर भी ज्ञानावरणकर्मके उदयसे हिताहित की परीक्षा करनेवाली बुद्धि प्राप्त होना सुलभ नहीं है. ऐसी बुद्धि यदि प्राप्त नहीं हुई तो यह मनुष्यजन्म प्राप्त होकर भी निष्फल ही हुआ समझना चाहिये. नेत्र बडे होकर भी उनसे पदार्थ दीखते नहीं है, अच्छे कुलमें जन्म होनेपर भी यदि सौंदर्य प्राप्त नहीं हुआ, बोलनेकी शक्ति प्राप्त होकर भी यदि असत्य बोलनेके तरफ ही प्रवृत्ति होने

लगी, तो नेत्र, उच्चकुल, सुभगता और वचनशक्ति सब प्राप्त होना विफल है, वैसे उत्तम बुद्धि प्राप्त होनेपर भी यदि मनुष्य आप्तका वचन नही सुनेगा तो वह बुद्धि भी कुछ कामकी नहीं है ऐसा समझना चाहिये. जैसे कमलरहित सरोवर सुंदर नहीं दीखता है वैसी आप्तवचन न सुननेवाली बुद्धि भी शोभाहीन ही है ऐसा समझना चाहिये. यहां श्रवण शब्द कुछ भी सुनना इस सामान्य अर्थ का वाचक नहीं है, परंतु आप्तके वचन सुनना यही श्रवण शब्दका अर्थ है. श्रवण भी श्रद्धान रहित सुलभ है. जैसे जिनेश्वरने कहा है वैसाही श्रद्धानगुणयुक्त श्रवण जगतमें दुर्लभ है. दर्शनमोहका उदय होनेसे यह श्रद्धान जीवको प्राप्त होना कठिन है. पदार्थ का स्वरूप जान लेनेपर भी और श्रद्धा करनेपर भी चारित्रमोहकर्मका उदय होनेपर रत्नत्रयात्मक मोक्षमार्गमें प्रवृत्ति करना बडा ही कठिन है. इसलिये हे क्षपक ! तुमको यह दुर्लभ श्रामण्य–मुनिपनाभी प्राप्त हुआ है अतः इसको तृणके-समान जानकर मत त्यागो.

जीवघातदोषमाहात्म्यं गाथाद्वयेन कथयति—

तेलोक्कजीविदादो वरेहि एक्कदरमत्ति देवेहिं ॥
भणिदो को तेलोक्कं वरिज्ज संजीविदं मुच्चा ॥७८२॥

देवैरेकं गृणीष्व त्वं त्रैलोक्यजीवितव्ययोः ॥
इत्युक्तो जीवितं मुक्त्वा त्रैलोक्यं गृणुतेऽत्र कः ॥ ८१३ ॥

विजयोदया– त्रैलोक्यजीवितयोरेकं गृहाणेति देवैश्चोदितः कस्त्रैलोक्यं गृणीते । जीवस्य जीवितं त्यक्त्वा, जीवनमेव ग्रहीतुं वांछति । यस्मादेवं त्रैलोक्यस्य मूल्यं जीविते सर्वप्राणिनस्तस्माज्जीवितघातो जीवस्य जीवादन्यत्रावृत्ते जीवस्येह वचनमनर्थकमिति चेन्न, उत्तरेण संबंधात् । जीवस्य हंतुस्त्रैलोक्यघातसमो महान्दोषो भवतीति यावत् ॥

जीवघातसे उत्पन्न हुए दोष का महत्त्व आचार्य दो गाथाओंसे दिखाते हैं

अर्थ—त्रैलोक्य और जीवित इन दोनोंमेंसे तुम कोई एक ग्रहण कर सकते हो ऐसा देवोंके द्वारा कहा-जानेपर मनुष्य जीवन को ही लेगा. क्योंकि यह जीवन त्रैलोक्यकी कीमतका है, अर्थात् संपूर्ण जीवोंका जीवन त्रैलोक्यके बराबरीका है, इस वास्ते जीवका घात करना त्रिलोकका घात करनेके समान है. तात्पर्य–जीवघात करना यह महान् दोष है.

जं एवं तेलोक्कं पग्घदि सव्वस्स जीविदं तह्मा ॥
जीविदघादो जीवस्स होदि तेलोक्कघादसमो ॥ ७८३ ॥

त्रैलोक्येन यतो मूल्यं जीवितव्यस्य जायते ॥
जीवजीवितघातोऽतस्त्रैलोक्यहननोपमः ॥ ८१४ ॥
प्राणा दुर्लभसंतत्या प्राणाः सुखसाधकाः ॥
एकाग्रमानसो रक्ष निधानमिव सर्वदा ॥ ८१५ ॥

अर्थ—संपूर्ण जीवोंका जीवित क्योंकि त्रैलोक्यके कीमतकी बराबरीका है अतः जीवके जीवितका घात करना त्रैलोक्यघातके समान है.

अहिंसाव्रतमहत्त्वं निवेदयति—

णत्थि अणूदो अप्पं आयासादो अणूणयं णत्थि ॥
जह तह जाण महल्लं ण वयमहिंसासमं अत्थि ॥ ७८४ ॥

अल्पं यथाणुतो नास्ति महदाकाशतो यथा ॥
अहिंसाव्रततो नास्ति तथा परमुरुव्रतम् ॥ ८१६ ॥

विजयोदया—णत्थि अणूदो अप्पं नास्त्यणोरल्पं अन्यत्किंचिद्द्रव्यं । आयासादो अणूणयं णत्थि । आकाशाद्वा अन्यन्महदस्ति यथा तथान्यद्व्रतं अहिंसातो महदस्ति ॥

अर्थ—इस जगतमें अणु से छोटी दुसरी वस्तु नहीं हैं और आकाशसे भी बडी कोई चीज नहीं है. इसी प्रकार अहिंसा व्रतसे दूसरा कोई बडा व्रत नहीं है.

जह पव्वदेसु मेरू उव्वाओ होइ सव्वलोयम्मि ॥
तह जाणसु उव्वायं सीलेसु वदेसु य अहिंसा ॥ ७८५ ॥

पर्वतेषु यथा मेरुश्चक्रवर्ती यथा नृषु ॥
जीवरक्षाव्रतं सारं सर्वस्मिन्नपि व्रते तथा ॥ ८१७ ॥

विजयोदया—जह पव्वदेसु सर्वस्मिन्नेव पर्वतेभ्यो मेरुर्यथोच्चैस्त्वात् । एवं नृषु चक्रवर्त्यादिषु उन्नततमेति जानीहि । व्रतानां, शीलानां, गुणानां च अधिष्ठानमहिंसेति वदंति ॥

अर्थ—जैसे सर्व जगतमें समस्त पर्वतोंमें मेरुपर्वत बडा है वैसे यह अहिंसा व्रत संपूर्ण शील और समस्त व्रतोंमें बडा है.

सव्वो वि जहायासे लोगो भूमीए सव्वदीउदधी ॥
तह जाण अहिंसाए वदगुणसीलाणि तिट्ठंति ॥ ७८६ ॥

यथाऽकाशे स्थितो लोको धरण्यां द्वीपसागराः ॥
सर्वव्रतानि तिष्ठन्ति जीवत्राणव्रते तथा ॥ ८१८ ॥

विजयोदया—यथा सर्वलोक ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्विकल्पः आकाशाधिकरणः । भूमौ च स्थिताः सर्वे द्वीपा उदधयश्च । तथैव जाण जानीहि । व्रतगुणशीलान्यहिंसायां तिष्ठन्ति इति ॥

यह अहिंसा व्रत, गुण और शील सबोंको आधार है ऐसा कथन—

अर्थ—उर्ध्वलोक, अधोलोक और मध्य लोक ऐसे लोकके तीन भेद हैं परंतु यह लोक भी आकाशमें है. अर्थात् त्रैलोक्यका आधार आकाश है. इस भूतलमें सर्व द्वीप और समुद्र आधेय होकर रहे हैं. वैसे व्रत गुण, और शील ये सब अहिंसाके आश्रयसे रहते हैं.

कुव्वंतस्स वि जत्तं तुंबेण विणा ण ठंति जह अरया ॥
अरएहिं विणा य जहा णट्ठं णेमी दु चक्कस्स ॥ ७८७ ॥

यथा तिष्ठंति चक्रस्य न तुंबेन विनारकाः ॥
एतैर्विना न तिष्ठन्ति यथा चक्रस्य नेमयः ॥ ८१९ ॥

विजयोदया—कुर्वतस्स वि जत्तं यत्नं कुर्वतोऽपि । पिंडीमंतरेण यथा न तिष्ठन्त्यराणि । अरैर्विना नेम्यवस्थानं चक्रस्य यथा नास्ति ॥

तह जाण अहिंसाए विणा ण सीलाणि ठंति सव्वाणि ॥
तिस्सेव रक्खणट्ठं सीलाणि वदीव सस्सस्स ॥ ७८८ ॥

तथा शीलानि तिष्ठन्ति न विना जीवरक्षया ॥
तस्याः शीलानि रक्षार्थं सस्यादीनां यथा वृतिः ॥ ८२० ॥

विजयोदया—तह जाण तथैव जानीहि । अहिंसां विना सर्वाणि शीलानि न तिष्ठंति । अहिंसाया एव रक्षार्थं शीलानि वृत्तिरिव सस्यस्य ॥

अर्थ—कितनाभी प्रयत्न करो तुंबीके विना चक्रके आरे नहीं रह सकते हैं. वैसे अहिंसाके विना सर्व शीलोंका पालन करनेका कितना भी प्रयत्न करो उनका पालन नही किया जायगा. अर्थात् अहिंसाके विना शीलकी स्थिति नही है. जैसे धान्यके रक्षणार्थ बाड लगाते हैं तथा अहिंसाके रक्षार्थही शीलव्रत हैं. कितना भी प्रयत्न करो आरे न होंगे तो नेमीकी स्थिति नही होती है वैसे अहिंसाके विना शील नहीं टिक सकते हैं.

अहिंसाव्रतमंतरेणेतरेषां नैष्फल्यमाचष्टे—

सीलं वदं गुणो वा णाणं णिस्संगदा सुहच्चाओ ॥
जीवे हिंसंतस्स हु सव्वे वि णिरत्थया होंति ॥ ७८९ ॥

व्रतं शीलं तपो दानं नैर्ग्रन्थ्यं नियमो गुणः ॥
सर्वे निरर्थकाः सन्ति कुर्वतो जीवहिंसनम् ॥ ८२१ ॥

विजयोदया—शीलादीनि हि संवरनिर्जरां चोद्दिश्यानुष्ठीयंते । हिंसायां तु सत्यां न स्तः फलभूते संवरनिर्जरे मुक्त्युपायभूते इति निष्फलता मन्यते ॥

अहिंसाके विना इन व्रतोंको निष्फलता प्राप्त होती है ऐसा कथन—

अर्थ—शील, व्रत, गुण, ज्ञान, निष्परिग्रहता, और विषयसुखका त्याग ये सर्व आचार जीवहिंसा

करनेवालेके विफल हो जाते हैं. शीलादिक आचार कर्मकी निर्जरा, और संवरके उद्देश्यसे किये जाते हैं परंतु हिंसा करनेसे मुक्तीके उपायभूत संवर और निर्जरा व्यर्थ होते हैं.

सव्वेसिमासमाणं हिदयं गब्भो व सव्वसत्थाणं ॥
सव्वेसिं वदगुणाणं पिंडो सारो अहिंसा हु ॥ ७९० ॥
आश्रमाणां मतो गर्भः शास्त्राणां हृदयं परम् ॥
पिंडं नियमशीलानां समतानामहिंसनम् ॥ ८२२ ॥

विजयोदया—सव्वेसिमासमाणं सर्वेषामाश्रमाणां हृदयं । शास्त्राणां गर्भः । सर्वेषां व्रतानां गुणानां च पिंडभूतः सारो भवत्यहिंसा ॥

अर्थ—यह अहिंसा सर्व आश्रमोंका हृदय है, सर्वशास्त्रोंका गर्भ है, और सर्व व्रतोंका निचोडा हुआ सार है.

जम्हा असच्चवयणादिएहिं दुक्खं परस्स होदित्ति ॥
तप्परिहारो तहा सव्वे वि गुणा अहिंसाए ॥ ७९१ ॥
असूनृतादिभिर्दुःखं जीवानां जायते यतः ॥
परिहारस्ततस्तेषां अहिंसाया गुणोऽखिलः ॥ ८२३ ॥

विजयोदया—जम्हा असच्चवयणादिएहिं यस्मादसत्यवचनेन, अदत्तादानेन, मैथुनेन, परिग्रहेण च परस्य दुःखं भवति । तस्मात्तेषां असत्यवचनादीनां परिहार इति सर्वेपि अहिंसाया गुणाः ॥

अर्थ—असत्य बोलनेसे, न दी हुई वस्तु लेनेसे, मैथुनसे और परिग्रहसे परको दुःख उत्पन्न होता है. परंतु अहिंसाके पालनेसे इन सब दोषोंका त्याग होता है. अतः सत्यवचनादिक अहिंसाके ही गुण हैं ऐसा समझना चाहिये.

गोबंभणित्थिवधमेत्तिणियत्ति जदि हवे परमधम्मो ॥
परमो धम्मो किह सो ण होइ जा सव्वभूददया ॥ ७९२ ॥

गोस्त्रीब्राह्मणबालानां वधो यत्रास्त्यहिंसनम् ॥
न तदा परमो धर्मः सर्वजीवदया कथम् ॥ ८२४ ॥

विजयोदया-- गोबंभणित्थिवधमेत्तिणियत्ति गवां, ब्राह्मणानां, स्त्रीणां च वधमात्रनिवृत्तिर्यदि भवेदुत्कृष्टो धर्मः परमो धर्मः कथं न भवति या सर्वजीवदया ॥

अर्थ—गोहत्या, ब्राह्मणहत्या, स्त्रीवध इनसे निवृत्त होना यदि, उत्कृष्ट धर्म समझा जाता है तो सर्व जीवोंपर दया करना यह उत्कृष्ट धर्म क्यों नहीं माना जायगा.

हिंसानिवृत्तिं उपायेन कारयंति कृतापकारानपि बांधवानपि प्रारक्षितुमीहते जनः । तत्परेषामसकृज्जन्मान्तरे पितृपुत्रादिभावमुपागतानां अंग ! मारणमयुक्तं इति वदति--

सव्वे वि य संबंधा पत्ता सव्वेण सव्वजीवेहिं ॥
तो मारंतो जीवो संबंधी चेव मारेइ ॥ ७९३ ॥

सर्वैः सर्वे समं प्राप्ताः संबंधा जंतुभिर्यतः ॥
संबंधिनो निहन्यंते ततस्तान्निघृणा ध्रुवम् ॥ ८२५ ॥

विजयोदया-सव्वे वि य सर्वेऽपि च । संबंधा संबंधाः प्राप्ताः । सव्वेण सर्वेण जीवेन । सव्वजीवेहिं सर्वजीवैः । तो तस्मात् । जीवो मारणोद्यतः संबंधिन एव घातयति ॥

उपायसे हिंसाका निषेध लोक करते हैं. अपने बंधुओंने अपराध किये होंगे तो भी उनको मारते नहीं. तो अनेक पूर्व जन्मोंमें जो पिता, पुत्र इत्यादिक संबंध को प्राप्त हुए होंगे ऐसे प्राणिओंको मारना क्या योग्य है ? नहीं इसका स्पष्टीकरण—

अर्थ—सर्व जीवोंका सर्व जीवोंके साथ पिता, पुत्र, माता इत्यादि रूप संबंध अनेक भवोंमें हुआ है. इसलिये मारनेके लिये उद्युक्त हुआ मनुष्य अपने संबंधीको ही मारता है ऐसा समझना चाहिये. जगतमें संबंधिओंका घात करना अतिशय निंद्य माना जाता है.

तच्च संबंधिहननं लोके अतिनिंदितं ।

जीववहो अप्पवहो जीवदया होइ अप्पणो हु दया ॥
विसकंटओव्व हिंसा परिहरियव्वा तदो होदि ॥ ७९४ ॥

आत्मघातोऽङ्गिनां घातो दया तस्यात्मनो दया ॥
विषकांड इव त्याज्या हिंसातो दुःखभीरुणा ॥ ८२६ ॥

विजयोदया—जीववहो अप्पवहो जीवानां घात आत्मघात एव । जीवानां क्रियमाणा दया आत्मन एव कृता भवति । सकृदेकजीवघातनोद्यतः स्वयमनेकेषु जन्मसु मार्यते । कृतैकजीवदयोऽपि स्वयमनेकेषु जन्मसु परै रक्ष्यते । इति विषलिप्तकंटकवत् परिहार्या हिंसा दुःखभीरुणा ।

अर्थ—प्राणिओंका नाश करना यह अपना ही नाश करना है और प्राणिओंपर दया करना ही अपने ऊपर दया करना है. जो एकजन्ममें प्राणीका घात करता है वह अनेक जन्मोंमें मारा जाता है. और जिसने एकवार भी प्राणीके उपर दया की है वह अनेक जन्मोंमें इतर प्राणिओंसे रक्षा जाता है. ऐसा विचार कर विषसे लिप्त हुए कंटकसे जैसे लोक दूर होते हैं वैसे दुःखभीरु मनुष्यको इस हिंसासे दूर रहना चाहिये.

हिंसादोषमिहैव जन्मनि दर्शयति—

मारणसीलो कुणदि हु जीवाणं रक्खसुव्व उव्वेगं ॥
संबंधिणो वि ण य विस्संभं मारितए जंति ॥ ७९५ ॥

उद्वेगं कुरुते हिंस्रो जीवानां राक्षसो यथा ॥
संबंधिनोऽपि नो तस्य विश्वासं जातु कुर्वते ॥ ८२७ ॥

विजयोदया—मारणसीलो हु मारणशीलः परहननोद्यतः । राक्षस इव जीवानामुद्वेगं करोति । संबंधिनोऽपि न विस्रंभे उपयांति तस्मिन्वधके ॥

इसही जन्ममें हिंसासे हानि होती है इसका विवेचन करते हैं—

अर्थ—जो मनुष्य दुसरोंको मारनेमें उद्युक्त होता है वह राक्षसके समान प्राणिओंको भय उत्पन्न करता है. उसके संबंधि मनुष्य भी उसके ऊपर विश्वास नहीं रखते हैं.

वधबंधरोधधणहरणजादणाओ य वेरमिह चेव ॥
णिव्विसयमभोजित्तं जीवे मारंतगो लभदि ॥ ७९६ ॥

दृष्ट वधं वधं रोधं यातनां देशधाटनम् ॥
हिंसो वैरमभोग्यत्वं लब्ध्वा गच्छति दुर्गतिम् ॥ ८२८ ॥

विजयोदया—वधं मारणं, बंधं बंधनं, रोधं उत्कोटकादिकं रोधनं, धनहरणं, रिक्थोद्दालनं । यातनाश्च कदर्थनानि । वैरं विषयाद्धाटनं- अभोज्यतां च रोषाद्ब्राह्मणादिहननात् । मारेंतगो हंता । लभदि लभते ॥

अर्थ—जो ब्राह्मणादिकोंका वध करता है वह मारना, बांधना, रोकना, धन हरण करना, और अनेक प्रकारसे पीडा देना, वैर करना, देशसे निकालना, जातिसे च्युत करना, इत्यादिक दुःखोंको प्राप्त होता है.

कुद्धो परं वधित्ता सयंपि कालेण मारइज्जंते ॥
हदघादयाण णत्थि विसेसो मुत्तूण तं कालं ॥ ७९७ ॥

यतो रुष्टः परं हत्वा कालेन म्रियते स्वयम् ॥
हतहंत्रोस्ततो नास्ति विशेषस्तं क्षणं विना ॥ ८२९ ॥

विजयोदया—कुद्धो परं वधित्ता क्रुद्धः सन्परं अन्यं वधित्वा । स्वयमपि गच्छता कालेन म्रियते । हतघातकयोर्नास्ति विशेषः । मुत्तूण तं कालं मुक्त्वा तं कालं । पूर्वमसौ मृतः पश्चात्स्वयमिति ॥

अर्थ—क्रुद्ध होकर जो मनुष्य दुसरोंको मारता है वह भी कुछ काल बीतनेके अनंतर मरणको प्राप्त होता है. इस वास्ते हत और घातकमें कुछ फरक नहीं है. हां फक्त कालका ही अंतर रहता है.

अप्पाउगरोगिदयाविरूवदाविगलदा अचलदा य ॥
दुम्मेहवण्णरसगंधदाय से होइ परलोए ॥ ७९८ ॥

अल्पायुर्दुर्बलो रोगी विरूपो विकलेन्द्रियः ॥
दुष्टगंधरसस्पर्शो जायतेऽमुत्र हिंसकः ॥ ८३० ॥

विजयोदया – अप्पाउगरोगिंदियाविरूवदाधिगलदा अथलदा य अल्पजीवितरोगिताविरूपता, विकलेंद्रियता दुर्बलता । दुम्मेधवण्णरसगंधदा य दुर्मेधता, दुर्वर्णता, दूरसदुर्गंधता च । से तस्य । होदि भवति । परलोए जन्मान्तरे ।

अर्थ—हिंसा करनेवाला मनुष्य परजन्ममें अल्पायुषी, रोगी, कुरूप, विकलेंद्रिय अर्थात् अंध, बहिरा, गूंगा, दुर्बल, मूर्ख, अशुभवर्ण, रस गंधवाला होता है.

मारेदि एयमवि जो जीवं सो बहुसु जम्मकोडीसु ॥
अवसो मारिज्जंतो मरदि विधाणेहिं बहुएहिं ॥ ७९९ ॥

एकोऽपि हन्यते येन शरीरी भवकोटिषु ॥
म्रियते मार्यमाणोऽङ्गी विधानैर्विविधैरसौ ॥ ८३१ ॥

विजयोदया – मारेदि हंति । एयमवि एकमपि । जो जीवं यो जीवं । सो सः । बहुसु जम्मकोडीसु बहीषु जन्मकोटिषु । अवसो मरदि मारिज्जंतो अवशो मार्यमाणो म्रियेत । विधाणेहिं बहुगेहिं बहुभिः प्रकारैर्मार्यमाणः ॥

अर्थ—जो मनुष्य एक प्राणीको भी मारता है वह अनेक कोट्यवधि जन्मोंमें अवश अर्थात् परतंत्र होकर नाना प्रकारसे मारा जाकर मरणको प्राप्त होता है.

जावइयाइं दुक्खाइं होंति लोयम्मि चदुगदिगदाइं ॥
सव्वाणि ताणि हिंसाफलाणि जीवस्स जाणाहि ॥ ८०० ॥

दुर्गतौ यानि दुःखानि दुःसहानि शरीरिणाम् ॥
हिंसाफलानि सर्वाणि कथ्यन्ते तानि सूरिभिः ॥ ८३२ ॥

विजयोदया – जावदियाइं यावन्ति । दुक्खाइं दुःखानि । होंति भवंति । चदुग्गदिगदाइं गतिचतुष्टयगतानि । सव्वाणि ताणि हिंसाफलाणि सर्वाणि तानि हिंसाफलानि । जीवस्स जाणाहि जीवस्येति जानीहि ॥

अर्थ—इस जगतमें चार गतिओंमें जो जो दुःख जीवको प्राप्त होते हैं वे सर्व हिंसाके ही फल हैं ऐसा समझना चाहिये.

का हिंसा नाम यस्या इमे दोषा निरूप्यंते इत्याचष्टे—

हिंसादो अविरमणं वहपरिणामो य होइ हिंसा हु ॥
तम्हा पमत्तजोगे पाणव्ववरोवओ णिच्चं ॥ ८०१ ॥
हिंसातोऽविरतिर्हिंसा यदि वा वधचिंतनम् ॥
यतःप्रमत्ततायोगस्ततःप्राणवियोजकः ॥ ८३३ ॥

विजयोदया—हिंसादो अविरमणं हिंसातोऽविरतिर्हिंसेति संबंधनीयं । प्राणान् प्राणिनो व्यपरोपयामीति संकल्पकरणं हिंसा इत्यर्थः । वधपरिणामो वा हन्मीति एवं परिणामो वा हिंसा । तस्मात् तस्मात् । पमत्तयोगो प्रमत्तता संबंधः । पाणव्ववरोवओ प्राणानपनयति । णिच्चं नित्यं । विकथा, कषाय इत्येवमादयः पंचदशपरिणामा आत्मनो भावः । प्राणानां परस्य च द्रव्यभाव प्राणानां वियोजका इति हिंसेत्युच्यते । तथा चोक्तम्—

रत्तो वा दुट्ठो वा मूढो वा जं पयुंजदि पओगं ॥
हिंसा वि तत्थ जायदि तस्सा सो हिंसगो होइ ॥ ८०२ ॥

विजयोदया—रक्तो द्विष्टो मूढो वा सन्प्रयोगं प्रारभते तस्मिन्हिंसा जायते । न प्राणिनः प्राणानां वियोजनमात्रेण आत्मनि रागादीनामनुत्पादकः सोऽभिधीयते अहिंसक इति । यस्माद्रागाद्युत्पत्तिरेव हिंसा । न हि जीवांतरगतदेशतया अन्यतमप्राणवियोगापेक्षा हिंसा, तदभावकृता वा अहिंसा, किंतु आत्मैव हिंसा आत्मा चैव अहिंसा । प्रमादपरिणत आत्मैव हिंसः अप्रमत्त एव च अहिंसा । उक्तं च—

अत्ता चेव अहिंसा अत्ता हिंसत्ति णिच्छओ समये ॥
जो होदि अप्पमत्तो अहिंसगो हिंसगो इदरो ॥ ८०३ ॥

जीवपरिणामायत्तो बंधो जीवो मृतिमुपैतु नोपैयाद्वा । तथा चाभाणि—

अज्झवसिदो य बद्धो सत्तो दु मरेज्ज णो मरिज्जेत्थ ॥
एसो बंधसमासो जीवाणं णिच्छयणयस्स ॥ ८०४ ॥

जीवास्तदीयानि शरीराणि शरीरग्रहणस्थानंयोनिसंक्षितं (?) वराकोवेत्ति तत्संभवकालं तत्पीडापरिहारेच्छुरसकृत्तपःक्रियायां लोभसत्काराद्यनपेक्ष्य प्रवृत्तो भवत्यहिंसकः । उक्तं च—

णाणी कम्मस्स खयत्थमुट्ठिदो णोट्ठिदो य हिंसाए ॥
अदवि असढो हि यत्थं अप्पमत्तो अवधगो सो ॥ ८०५ ॥

शुभपरिणामसमन्वितस्यात्मनः स्वशरीरनिमित्तान्यप्राणिप्राणवियोगमात्रेण बंधः स्यात्स कस्यचिन्मुक्तिः स्यात्। योगिनामपि वायुकायिकवधनिमित्तबंधसद्भावात्। अभाणि च –

जदि सुद्धस्स य बंधो होहिदि बाहिरगवत्थुजोगेण ॥
णत्थि दु अहिंसगो णाम होदि वायादिवधहेदु ॥ ८०६ ॥

तस्मान्निश्चयनयाश्रयेण प्राण्यंतरप्राणवियोगापेक्षा हिंसा ॥

जिसके दोष आप कहते हैं उस हिंसाका क्या स्वरूप है ? इस प्रश्नका उत्तर–

अर्थ—हिंसासे विरक्त न होना अथवा हिंसा करनेके परिणाम होना अर्थात् मैं प्राणिके प्राणोंका घात करूंगा ऐसा विचार रखना हिंसा है. प्रमत्तयोग प्राणों का नाश करता है. विकथा, कषाय वगैरे पंधरा प्रकारके परिणामों को प्रमाद कहते हैं. इस प्रमादसे युक्त हुए प्राणीको प्रमत्त कहते हैं. ऐसे प्रमत्तका जो योग अर्थात् मनवचन और शरीरका व्यापार उसको प्रमत्तयोग कहते हैं. इस प्रमत्तयोगसे अपने भावप्राणोंका और दुसरों के द्रव्य माण, और भाव प्राणोंका नाश होता है. इसलिये प्रमत्त योगको हिंसा कहते हैं.

अन्य आगमग्रंथमें हिंसाके विषयमें ऐसा लिखा है –

रागी, द्वेषी अथवा मूढ बनकर आत्मा जो कार्य करता है उससे हिंसा होती है. प्राणिके प्राणोंका वियोग तो हुआ परंतु रागादिक विकारोंसे आत्मा यदि उस समय मलिन नहीं हुआ है तो उससे हिंसा नहीं हुई है ऐसा समझना चाहिये. वह अहिंसक ही रहा ऐसा समझना चाहिये. अन्य जीवके प्राणोंका वियोग होनेसेही हिंसा होती है ऐसा नहीं अथवा उनके प्राणोंका नाश न होनेसे अहिंसा होती है ऐसा भी नहीं समझना चाहिये. परंतु आत्माही हिंसा है और वही अहिंसा है ऐसा मानना चाहिये. अर्थात् प्रमाद परिणतआत्मा ही स्वयं हिंसा है और अप्रमत्त आत्माही अहिंसा है. आगममें भी ऐसा कहा है—

आत्मा ही हिंसा है और आत्माही अहिंसा है ऐसा जिनागममें निश्चय किया है. अप्रमत्त अर्थात् प्रमाद रहित आत्मा को अहिंसक कहते हैं. और प्रमादसहित आत्माको हिंसक कहते हैं. जीवके परिणामोंके अधीन बंध

होता है. जीव मरण करो अथवा न करे परिणामके वश हुआ आत्मा कर्मसे बद्ध होता है ऐसा निश्चय नयसे जीवके बंधका संक्षेप से स्वरूप कहा है.

जीव, उसके शरीर, शरीरकी उत्पत्ति जिसमें होती है ऐसी योनि इनके स्वरूप जान कर और उसके उत्पत्तिका काल जानकर पीडाका परिहार करनेवाला और लाभ, सत्कारादिकी अपेक्षा न करके तप करनेवाला जीव अहिंसक माना जाता है. आगममें इस विषयमें ऐसा विवेचन है—

ज्ञानी पुरुष कर्मक्षय करनेके लिये उद्युक्त होते हैं वे हिंसाके लिये उद्युक्त नही होते हैं. उनके मनमें शठ भाव-माया नहीं रहती हैं और वे अप्रमत्त रहते हैं इसलिये वे अवधक-अहिंसक माने गये हैं.

जिसके शुभपरिणाम हैं ऐसे आत्माके शरीरसे यदि अन्य प्राणि के प्राणका वियोग हुआ और वियोग होने मात्रसे यदि बंध होगा तो किसी को भी मोक्षकी प्राप्ति न होगी. क्योंकि योगिओंको भी वायुकायिक जीवोंके वधके निमित्तसे कर्मबंध होता है ऐसा मानना पडेगा. इस विषयमें शास्त्रमें ऐसा लिखा है—

यदि रागद्वेषरहित आत्माको भी बाह्यवस्तुके संबंधसे बंध होगा तो जगतमें कोई भी अहिंसक नहीं है ऐसा मानना पडेगा अर्थात् शुद्ध मुनिको भी वायुकायिक जीवके वधके लिये हेतु समझना होगा. इसलिये निश्चय-नयके आश्रयसे दूसरे प्राणीके प्राणका वियोग होनेपर भी अहिंसामें बाधा आती नहीं है ऐसा समझना चाहिये.

क्रियाभेदान्प्ररूपयति –

पादोसिय अधिकरणिय कायिय परिदावणादिवादाए ॥
एदे पंचपओगा किरियाओ होंति हिंसाओ ॥ ८०७ ॥
द्वैषिकी कायिकी प्राणघातिकी पारितापिकी ॥
क्रियाधिकरणी चेति पंच हिंसाप्रसाधिकाः ॥ ८३४ ॥

विजयोदया – पादोसियाधिकरणिय कायिय परिदावणादिवादाए पादोसिय शब्देनेष्टदारवित्तहरणादिनिमित्तः कोपः प्रद्वेष इत्युच्यते । प्रद्वेष एव प्राद्वेषिको यथा विनय एव वैनयिकमिति । हिंसाया उपकरणमधिकरणमित्युच्यते । हिंसोपकरणादानक्रिया आधिकरणिकी क्रिया । दुष्टस्य सतः कायेन वा चलनक्रिया कायिकी । परितापो दुःखं दुःखो-

त्पत्तिनिमित्ता क्रिया पारितापिकी क्रिया। आयुरिंद्रियबलप्राणानां वियोगकारिणी प्राणातिपातिकी क्रिया। एदे पंच प. ओगा एते पंच प्रयोगाः। हिंसाकिरिआओ हिंसासंबंधिन्यः क्रियाः॥

हिंसासंबंधि क्रियाओंका वर्णन—

अर्थ—द्वेषसे क्रिया करना, अर्थात् इष्ट स्त्री व धनादिक पदार्थका किसीके द्वारा हरण किया जानेसे जो क्रोध उत्पन्न होता है उसको प्रद्वेष कहते हैं. हिंसाके उपकरणोंको ग्रहण करना, अधिकरण क्रिया कहते हैं. दुष्ट होकर शरीरके द्वारा चलन होना कायिकी क्रिया है. परिताप–दुःख–दुःखोत्पत्तिके लिये जो क्रिया की जाती है उसको पारितापिकी क्रिया कहते हैं. आयु, इंद्रिय, बल और प्राण इनका घात करनेवाली क्रियाको प्राणातिपातिकी क्रिया कहते हैं. ऐसे पांच प्रकारके प्रयोगोंको हिंसा क्रिया कहते हैं.

तिहिं चदुहिं पंचहिं वा कमेण हिंसा समप्पदि हु ताहिं॥
बंधो वि सया सरिसो जइ सरिसो काइयपदोसो॥ ७०८॥

हिंसा त्रिभिश्चतुर्भिश्च पंचभिः साधयन्ति ताः॥
क्रिया बंधः समानेन द्वैषिकी कायिकी क्रिये॥ ८३५॥

विजयोदया – तिहिं चदुहिं पंचहिं वा त्रिभिर्मनोवाक्कायैः, चतुर्भिः क्रोधमानमायालोभैः, पंचभिः स्पर्शनादिभिरिंद्रियैर्वा। कमेण हिंसा समप्पदि खु कमेण हिंसा समाप्तिमुपैति। तामिमनसा प्रद्वेषो वचसा द्विष्टोऽस्मीति वचनं वाग्द्वेषः, कायेन मुखवैवर्ण्यादिकरणं कायद्वेषः। मनसा हिंसोपकरणादानं, वाचा शस्त्रं उपगृह्णामीति हस्तादिताडनं इति, अधिकरणमपि त्रिविधं। मनसा उत्तिष्ठामीति चिंता, वचसा उत्तिष्ठामि इति, हंतुं ताडयितुमिति उक्तिः। कायेन चलनं कायिकी। मनसा दुःखमुत्पादयामीति चिंता दुःखं भवतः करोमि इति उक्तिर्वाचा पारितापिकी क्रिया, हस्तादिताडनेन दुःखोत्पादनं कायेन पारितापिकी क्रिया। प्राणान्वियोजयामीति चिंता मनसा प्राणातिपातः, हन्मीति वचः वाक्प्राणातिपातः। कायव्यापारः कायिकप्राणातिपातः। क्रोधनिमित्ता कस्मिंश्चिदपरीति, माननिमित्ता, मायानिमित्ता, लोभनिमित्ता, क्रोधादिना शस्त्रग्रहणं क्रोधादिनिमित्तः कायपरिस्पंदः। क्रोधादिनिमित्ता परपरितापकरणं, प्राणातिपातो वा क्रोधादिना भवति। स्पर्शनादीन्द्रियनिमित्तो वा द्वेषः, इंद्रियसुखार्थं वा फलपल्लवप्रसूनादिच्छेदननिमित्तसाधनोपादानं, तत्सुखार्थमेव विषयप्रत्यासत्तिमभिप्रेत्यायतः कायपरिस्पंदः। परस्य वा गाढालिंगननखक्षतादिना संतापकरणं, मांसार्थं वा प्राणिप्राणवियोजनमिति। किमेताभिर्हिंसाभिः संपाद्यः कर्मबंधः समान उत न्यूनाधिकभावो बंधस्येत्याशंकायामाचष्टे

बंधोऽपि कर्मबंधोऽपि सिया सरिसो स्यात्सदृशः। कथं ? जदि सरिसो यदि सदृशः। कायिकदोसो कायिकी क्रिया प्रद्वेषश्च यदि समः स्यात्करणसामान्यात्कार्यस्यापि बंधस्य सादृश्यं, अन्यथा न सदृशता। तीव्रमध्यमंदरूपाः परिणामाः तीव्रं, मध्यं, मंदं च बंधमापादयन्ति। इति भावः॥

अर्थ—मन, वचन और शरीर ऐसे तीन योग क्रोध, मान, माया और लोभ ये चार कषाय और स्पर्शनादिक पांच इंद्रियां इनके द्वारा क्रमसे हिंसा समाप्त होती है. मनसे द्वेष करना, मैं द्वेषयुक्त हुआ हूं ऐसा वचनसे कहना यह वाग्द्वेष है. शरीरके द्वारा द्वेष करना अर्थात् मुख लाल होना, भौंहें वक्र होना वगैरह कायद्वेष है.

मनके द्वारा हिंसाके उपकरण लेना, मैं शस्त्रग्रहण करता हूं ऐसा बोलना, हाथ पांव इत्यादिकसे ठोकना. ऐसे अधिकरणके तीन भेद हैं. मनसे उठने का विचार करना, वचनसे मैं ठोकूंगा. ताडन करूंगा ऐसा बोलना, शरीरसे हिलना फिरना, यह सब कायिकी क्रिया है. मैं दुःख उत्पन्न करूंगा ऐसा मनसे विचार करना, मैं तुमको दुःखित करूंगा ऐसे वचनसे बोलना, हस्तादिकोंसे ताडन करना यह कायिकी क्रिया है. प्राणोंसे मैं प्राणोंको अलग करूंगा ऐसा विचार करना, मैं मारूंगा ऐसा मुखसे बोलना वाक्प्राणातिपात है. शरीरसे मारनेकी क्रिया करना कायिकप्राणातिपात है. ये पांच क्रियायें कोई पुरुष क्रोधसे, कोई मानसे, मायासे और लोभसे करते हैं.

क्रोधादिकसे-शस्त्र ग्रहण करना क्रोधादि निमित्त कायपरिस्पंद कहा जाता है. क्रोधादिकसे दूसरों को संताप उत्पन्न करना, क्रोधादिकसे प्राणवध करना, स्पर्शनादि इंद्रियोंके निमित्तसे भी द्वेष उत्पन्न होता है. इंद्रियसुखके लिये फल, कोमल कोंपल, पुष्प वगैरहका छेदन करनेका साधन ग्रहण करना, इंद्रियसुखके लिये ही विषयका सान्निध्य पाकर शरीरकी बहुत हालचाल करना, दूसरोंको गाढ आलिंगन देना, नखोंसे क्षत करना, मांसादिकोंके लिये प्राणिओंको प्राणसे वियुक्त करना ये सब हिंसा क्रियायें हैं.

इस हिंसाक्रियासे उत्पन्न होनेवाला कर्मबंध समान होता है अथवा कम जादा होता है. इस शंका का उत्तर आचार्य ऐसा देते हैं—

कर्म बंध कथंचित् समान होता है. अर्थात् शरीरके द्वारा होनेवाली क्रिया और प्रद्वेष यदि समान होगा तो उससे कर्मबंध भी समान होगा अन्यथा नहीं. कारणोंमें सामान्यता यदि होगी तो कार्यमें अर्थात् कर्मबंधमें

भी समानता होगी. और यदि कारणोंमें विशेषता होगी तो कार्यमें-बंधमें विशेषता होगी ही. तीव्र, मंद, और मध्यम रूप परिणाम उत्पन्न होनेपर तीव्र, मंद मध्यम प्रकारका बंध होगा ऐसा अभिप्राय समझना चाहिये.

अधिकरणभेदं निरूपयति—

वीस पल तिण्णि सोदय पण्णरह पला तहेव चत्तारि ॥
बारह पलिया पंच दु तेसिं पि समो हवे बंधो ॥ ८०९ ॥
जीवगदमजीवगदं समासदो होदि दुविहमधिकरणं ॥
अट्ठुत्तरसयभेदं पढमं विदियं चदुब्भेदं ॥ ८१० ॥
जीवाजीवाधिकल्पेन तत्राधिकरणं द्विधा ॥
ज्ञातमष्टोत्तरं पूर्वं द्वितीयं च चतुर्विधम् ॥ ८३६ ॥

विजयोदया—जीवगदमजीवगदं इति जीवगत इति जीवपर्याय उच्यते । न हि जीवद्रव्यत्वमात्रमेव हिंसायां उपकरणं भवति । किंतु जीवस्य पर्यायः आस्रवस्य । हिंसादेर्जीवपरिणामो युक्तोऽभ्यंतरकरणं । अजीवगतः पर्यायः द्रव्यार्थे हि अजीवद्रव्यत्वाख्यः सदा सन्निहितकार्यः स्यात्कादाचित्कतां कथमिव संपादयति । पर्यायस्तु स्वकारणसान्निध्यात्कदाचिदेवेति । यदा स्वयं सन्निहितसहकारिकारणास्तदैव स्वकार्यं कुर्वन्ति । नान्यदेति युक्ता कादाचित्कता कार्यस्येति भावः । समासदो सुविधमधिकरणं संक्षपतो द्विविधमधिकरणं । अट्ठुत्तरसयभेदं अष्टोत्तरशतभेदं । पढमं जीवगदमधिकरणं । विदियं द्वितीयं अजीवगतमधिकरणं चदुब्भेदं चतुर्विकल्पं ॥

अधिकरण भेदोंका निरूपण करते हैं—

अर्थ—प्रादोषिक वगैरह हिंसाके पांच भेद ऊपर कहे हैं. प्रत्येकके क्रोध, मान, माया और लोभके आश्रयसे पांच पांच भेद होते हैं. अर्थात् क्रोधादिकके आश्रयसे प्रादोषादिकके वीस भेद होते हैं. इन्द्रियोंकी अपेक्षासे इन प्रादोषिकादि पांच क्रियाओंके पंचवीस भेद होते हैं. और मन वचन, और शरीर की अपेक्षासे इन क्रियाओंके पंधरा भेद होते हैं. इन सबोंका कर्मबंध समान होता है.

अर्थ—अधिकरणके जीवाधिकरण और अजीवाधिकरण ऐसे संक्षेपसे दो भेद हैं. जीवाधिकरण के एकसो

आठ भेद हैं और अजीवाधिकरणके चार भेद हैं. जीवाधिकरण अर्थात् केवल जीव द्रव्य आस्रवका आधार नहीं होता है. किंतु पर्यायसहित जीवद्रव्य आस्रवका आधार होता है. जीवके परिणाम हिंसादिकोंके लिये कारण होते हैं और ये परिणाम अभ्यंतर कारण है. अजीवका पर्यायभी आस्रवका आधार है. यदि द्रव्य ही आस्रवका आधार माना जावेगा तो द्रव्य तो हमेशा ही रहता है अतः उसका आस्रवरूप कार्य हमेशाही रहेगा, उसमें अनित्यता नहीं रहेगी. पर्याय अपने २ कालमें मिलने पर उत्पन्न होते हैं, अन्य पर्यायों को सहकारि कारणोंका साहाय्य मिलता है तब वे आस्रवात्मक कार्य करते हैं अन्यथा करते नहीं. इस लिये कार्यमें कादाचित्कता अर्थात् अनित्यता आती है.

प्रथमस्य भेदानिरूपयति—

संरंभसमारंभारंभं जोगेहिं तह कसाएहिं ॥
कदकारिदाणुमोदेहिं तहा गुणिदे पढमभेदा ॥ ८११ ॥

विधिना योगकोपादिसंरंभादिकृतादयः ॥
भिदा भवंति पूर्वस्य गुण्यमानाः परस्परम् ॥ ८३७ ॥

विजयोदया—संरंभसमारंभारंभयोगेहिं तह कसाएहिं प्राणव्यपरोपणादौ प्रमादवतः प्रयत्नः संरंभः । साध्याया हिंसादिक्रियायाः साधनानां समाहारः समारंभः । संचितहिंसाद्युपकरणस्य आद्यः प्रक्रम आरंभः । योगशब्देन मनोवाक्कायव्यापारा उच्यंते । एतैः संरंभसमारंभारंभयोगैः । तथा कसायेहि क्रोधादिभिः कदकारिदाणुमोदेहिं कृतकारितानुमोदितैः । तहा गुणिदा तथा गुणिताः । पढमभेदा जीवाधिकरणभेदाः । प्रयत्नपूर्वकत्वाच्चेतनावतो व्यापारस्यादौ संरंभस्य वचनं । अनुपायसाध्यसिद्धिर्न भवति प्रयत्नवतोऽपि ततः साधनसमाहरणं । प्रयत्नादनंतरमिति समारंभो युक्तः । साध्यं पुनः उपसाधनसंहतौ सत्यां प्रक्रमते क्रियामिति आरंभः पश्चादुपन्यासः । स्वातंत्र्यविशिष्टेन आत्मना यत् क्रियते प्रकियते तत् कृतं । परस्य प्रयोगमपेक्ष्य सिद्धिमुपयाति यत्कारितं । स्वयं न करोति न च कारयति, किं त्वभ्युपैति यत्तदनुमननं अभ्युपगमस्तत्र संरंभस्तावदुच्यते क्रोधनिमित्तं स्वतंत्रस्य हिंसाविषयः प्रयत्नावेशः क्रोधकृतकायसंरंभः । मानकृतकायसंरंभः, मायाकृतकायसंरंभः, लोभकृतकायसंरंभः । क्रोधकारितकायसंरंभः, मानकारितकायसंरंभः मायाकारितकायसंरंभः, लोभकारितकायसंरंभः । क्रोधानुमतकायसंरंभः, मानानुमतकायसंरंभः, मायानुमतकायसंरंभः, लोभानुमतकायसंरंभः । इति द्वादशधा संरंभः । क्रोधकृतकायसमारंभः, मानकृतकायसमारंभः, मायाकृतकायसमारंभः, लोभकृतकायसमारंभः । क्रोधकारितकायसमारंभः, मानकारितकायसमारंभः । मायाकारितकायसमारंभः, लोभकारितकायसमारंभः

क्रोधानुमतकायसमारंभः, मानानुमतकायसमारंभः, मायानुमतकायसमारंभः, लोभानुमतकायसमारंभः इति द्वादशधा समारंभः । क्रोधकृतकायारंभः, मानकृतकायारंभः, मायाकृतकायारंभः, लोभकृतकायारंभः । क्रोधकारितकायारंभः मानकारितकायारंभः, मायाकारितकायारंभः, लोभकारितकायारंभः । क्रोधानुमतकायारंभः, मानानुमतकायारंभः, मायानुमतकायारंभः । लोभानुमतकायारंभः । इति द्वादशधा आरंभः । एवं एते संविदिताः कायारंभाः षट्त्रिंशत् । एते संपिंडिताः जीवाधिकरणास्रवभेदा अष्टोत्तरशतसंख्या भवन्ति ॥

अब प्रथम जीवाधि करणके भेद कहते हैं.

अर्थ—हिंसा, चोरी वगैरह पापकार्योंमें प्रमादी होकर प्रयत्न करना संरंभ कहाता है. हिंसादिक कार्य करनेके लिये शस्त्रादिकोंका संग्रह करना समारंभ कहाता है. और संचित किये शस्त्रादिकोंसे हिंसादिकार्य करना, शुरु करना उसको आरंभ बोलते हैं. योग शब्दसे मनोयोग, वचन और काययोगका ग्रहण करना चाहिये. संरंभ, समारंभ आरंभ, मनोयोग. वचन योग, और काय योग. कृत, कारित और अनुमोदन और कषाय इनके द्वारा हिंसादिक पाप प्रवृत्तियोंको गुणित करनेपर प्रथम जीवाधिकरणके भेद होते हैं. चैतन्यवान् आत्मा प्रयत्नपूर्वक व्यापार करता है अतः प्रथम संरंभ कहा है. उपायके विना साध्य सिद्धि नहीं होती है इस लिये प्रयत्नके अनंतर उपायोंका—साधनोंका संग्रह करना इसको समारंभ कहते हैं. अतः संरंभके अनंतर समारंभ कहा गया है. कार्यकी शुरुआत साधनोंका संग्रह होनेके अनंतर होती है. इस लिये आरंभका उसके अनंतर उल्लेख किया है.

स्वातंत्र्य विशिष्ट आत्मा जो कार्य करता है वह कृत है. दूसरेके प्रयोगकी अपेक्षासे जो सिद्ध होता है उसको कारित कहते हैं. जो कार्य स्वयं करता ही नहीं और दुसरोंसे कराता नहीं परंतु स्वयं करने वालेको सम्मति देता है उसको अनुमोदन कहते हैं.

क्रोधसे स्वयं हिंसाकार्यमें प्रयत्न करना उसको क्रोधकृतकाय संरंभ कहते हैं. मान, माया और लोभसे स्वयं हिंसा कार्यमें शरीरके द्वारा जो प्रयत्न करना उसके मानकृत कायसंरंभ, मायाकृत काय संरंभ, और लोभकृत काय संरंभ ऐसे चार भेद हुए.

क्रोध, मान, माया और लोभके वश होकर हिंसा कार्यमें दूसरोंको शरीरके द्वारा जो प्रवृत्त करना उसको क्रमसे क्रोधकारित कायसंरंभ, मानकारित कायसंरंभ, मायाकारित कायसंरंभ और लोभकारितकाय संरंभ ऐसे चार भेद होते हैं.

क्रोधादिक चारोंसे हिंसादि कार्योंमें स्वयं प्रवृत्त हुए मनुष्योंको शरीरके द्वारा जो अनुमति देना उसके भी चार भेद हैं. यथा क्रोधानुमतकायसंरंभ, मानानुमतकायसंरंभ, मायानुमतकायसंरंभ और लोभानुमतकायसंरंभ ऐसे चार भेद हैं. सब मिलकर संरंभके बारा भेद हुए.

समारंभके भी बारा भेद होते हैं. उनका क्रम--क्रोधकृत कायसमारंभ, मानकृत काय समारंभ मायाकृत काय-समारंभ और लोभ कृत काय समारंभ, क्रोध कारितकायसमारंभ, मानकारितकाय समारंभ मायाकारितकायसमारंभ, और लोभ कारित काय समारंभ, क्रोधानुमत काय समारंभ, मानानुमत काय समारंभ, मायानुमतकायसमारंभ और लोभानुमत, कायसमारंभ.

आरंभ के भी संरंभ और समारंभ के समान बारा भेद होत हैं—

यथा—क्रोधकृतकायारंभ, मानकृत कायारंभ, मायाकृत कायारंभ और लोभकृत कायारंभ. क्रोधकारित कायारंभ, मानकारितकायारंभ, मायाकारित कायारंभ, लोभाकरित कायारंभ मायानुमत कायारंभ और लोभानुभमत कायारंभ मानानुमतकायारंभ, मायानुमत कायारंभ और लोभानुमत कायारंभ इस प्रकार आरंभके भी बारा भेद होते हैं इस प्रकार कायके आरंभतक छत्तीस भेद होते हैं. इसी प्रकार वचनके छत्तीस और मनके छत्तीस मिलकर एकसो आठ भेद जीवाधिकरणके होते हैं.

अजीवाधिकरणस्य चतुरो भेदानाचष्टे--

संरंभो संकप्पो परिदावकदो हवे समारंभो ॥
आरंभो उद्दवओ सव्ववयाणं विसुद्धाणं ॥ ८१२ ॥
णिक्खेवो णिव्वत्ति तहा य संजोयणा णिसग्गो य ॥
कमसो चदु दुग दुग तिय भेदा होंति हु विदीयस्स ॥ ८१३ ॥

संरंभोऽत्र संकल्पः समारंभो वितापकः ॥
शुद्धबुद्धिभिरारंभः प्राणानां व्यपरोपकः ॥ ८१८

निर्वर्तना सनिक्षेपा संयोगः सनिसर्गकः ॥
द्विचतुर्द्वित्रिभेदाः स्युर्द्वितीयस्य यथाक्रमम् ॥ ८३९ ॥

विजयोदया--णिक्खेवो णिव्वत्ति तहा य संजोयणा णिसग्गो य निक्षेपश्चतुःप्रकारः। निर्वर्तना द्विप्रकारा। संयोजना द्विप्रकारा। निसर्गस्त्रिविध इति संबध्यते ॥

अर्थ--हिंसादिक कार्योंका विचार करना संकल्प है. प्राणिओंको संताप उत्पन्न करना समारंभ है और आरंभ सर्व निर्मल व्रतोंका नाश करनेवाला है.

अर्थ--निक्षेप, निर्वृत्ति, संयोजना और निसर्ग ऐसे अजीवाधिकरणके चार प्रकार हैं. निक्षेपके चार भेद, निर्वर्तनाके चार भेद, संयोगके दो भेद और निसर्गके तीन भेद हैं.

निक्षेपस्य चतुरो विकल्पानाचष्टे –

सहसाणाभोगिय दुप्पमज्जिद अपच्चवेक्खणिक्खेवो ॥
देहो व दुप्पउत्तो तहोवकरणं च णिव्वत्ति ॥ ८१४ ॥

निर्वर्तनोपधिर्देहो दुःप्रयुक्तोऽभिधीयते
निक्षेपः सहसादृष्टदुर्दृष्टाप्रत्यवेक्षणौ ॥ ८४० ॥

विजयोदया – सहसाणाभोगियदुप्पमज्जिद अप्पच्चवेक्खणिक्खेवो सहसानिक्षेपाधिकरणं, अनाभोगनिक्षेपाधिकरणं, दुःप्रमृष्टनिक्षेपाधिकरणं, अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरणं चेति । निक्षिप्यते इति निक्षेपः । उपकरणं पुस्तकादि, शरीरं, शरीरमलानि वा सहसा शीघ्रं निक्षिप्यमाणानि सयात् । कुतश्चित्कार्यांतरकरणप्रयुक्तेन वा त्वरितेन षड्जीवनिकायबाधाधिकरणतां प्रतिपद्यंते । असत्यामपि त्वरायां जीवाःसन्ति न संतीति निरूपणामंतरेण निक्षिप्यमाणं तथोपकरणादिकं अनाभोगनिक्षेपाधिकरणमुच्यते । दुष्प्रमृष्टमुपकरणादि निक्षिप्यमाणं दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरणं स्थाप्यमानाधिकरणं वा दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरणं । प्रमार्जनोत्तरकाले जीवाःसन्ति न सन्तीति अप्रत्यवेक्षितं यन्निक्षिप्यते तदप्रत्यवेक्षितं निक्षेपाधिकरणं । निर्वर्तनाभेदमाचष्टे--देहो य दुप्पउत्तो दुःप्रयुक्तं शरीरं हिंसोपकरणतया निर्वर्त्यते इति निर्वर्तनाधिकरणं भवति । उपकरणानि च सच्छिद्राणि यानि जीवबाधानिमित्तानि निर्वर्त्यन्ते तान्यपि निर्वर्तनाधिकरणं । यस्मिन्सौवीरादिभाजने प्रविष्टानि म्रियन्ते ।

निक्षेपके चार भेदोंका वर्णन--

अर्थ—सहसा निक्षेपाधिकरण, अनाभोग निक्षेपाधिकरण, दुःप्रमृष्ट निक्षेपाधिकरण और अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरण ऐसे निक्षेपाधिकरणके चार भेद हैं.

सहसानिक्षेपाधिकरण—पिंछी, कमंडलु वगैरह उपकरण, पुस्तकादिक शरीर और शरीरका मल इनको भयसे सहसा जलदी फेंक देना, रखना. किसी कार्यमें तत्पर होनेसे अथवा त्वरासे पिंछी कमंडल्वादिक पदार्थ जब जमीन पर रक्खे जाते हैं तब षट्काय जीवोंको बाधा देनेमें आधाररूप होते हैं. अर्थात् इन पदार्थोंसे जीवको बाधा पहुंचती है.

त्वरा नहीं होनेपर भी जीव हैं वा नहीं हैं इसका विचार न करके, देख भाल किये विनाही उपकरणादिक जमीनपर रखना, फेंकना उसको अनाभोग निक्षेपाधिकरण कहते हैं.

उपकरणादिक वस्तु विना साफसूफ किये हीं जमीनपर रख देना अथवा जिसपर उपकरणादिक रक्खे जाते हैं उसको अर्थात् चौकी जमीन वगैरहको अच्छी तरह से साफ सूफ न करना इनको दुष्प्रमृष्टनिक्षेपाधिकरण कहते हैं.

साफ सूफ करने पर जीव हैं अथवा नहीं हैं यह देखे विना उपकरणादिक रखना अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरण है.

अब निर्वर्तनाधिकरणके भेद कहते हैं—

शरीरकी असावधानतापूर्वक प्रवृत्ति करना दुःप्रयुक्त कहा जाता है ऐसा दुःप्रयुक्त शरीर हिंसाका उपकरण बन जाता है इस वास्ते इसको देह निर्वर्तनाधिकरण कहते हैं. जीव बाधाको कारण ऐसे छिद्रसहित उपकरण बनाना इसको भी निर्वर्तनाधिकरण कहते हैं जैसे कांजी वगैरह रक्खे हुए पात्रमें जन्तु प्रवेश कर मर जाते हैं.

संजोयणमुवकरणाणं च तहा पाणभोयणाणं च ॥
दुट्ठणिसिट्ठा मणवचिकाया भेदा णिसग्गस्स ॥ ८१५ ॥
आहारोपधिभेदेन द्विधा संयोजनं मतम् ॥
दुःसृष्टाः स्वान्तवाक्काया निसर्गस्त्रिविधो मतः ॥ ८४१ ॥

विजयोदया—संजोजणमुवकरणाणं उपकरणानां पिच्छादीनां अन्योन्येन संयोजना। शीतस्पर्शस्य पुस्तकस्य कमंडल्वादेर्वा आतपादितप्तेन पिच्छेन प्रमार्जनं इत्यादिकं। तहा तथा। पाणभोजणाणं च पानभोजनयोश्च पानेन पानं,

भोजनं भोजनेन, भोजनं पानेनेत्येवमादिकं संयोजनं यस्य सम्मूर्च्छनं संभवति सा हिंसाधिकरणत्वेनाशेषात्ता न सर्वा। दुट्ठणिसिट्ठा मणवचिकाया दुष्टुप्रवृत्ता मनोवाक्कायमेदेन निसर्गशब्देनोच्यते ॥

अर्थ—पिच्छी, कमंडलु वगैरह उपकरणोंका संयोग करना जैसे ठंडस्पर्शवाले पुस्तकका धूपसे संतप्त कमंडलु और पिच्छीके साथ संयोग करना अथवा धूपसे तपी हुई पिच्छीसे कमंडलु पुस्तकको स्वच्छ करना वगैरहको उपकरण संयोजन कहते हैं. जिनसे सम्मूर्च्छन जीवकी उत्पत्ति होगी ऐसे पेयपदार्थ दुसरे पेयपदार्थ के साथ संयुक्त करना. अथवा भोज्य पदार्थके साथ संयुक्त करना, भोज्य पदार्थके साथ अथवा पेयपदार्थको संयुक्त करना, जिनसे जीवोंकी हिंसा होती ऐसा ही पेय और भोज्य पदार्थोंका संयोग निषिद्ध हैं इससे अन्य संयोग निषिद्ध नहीं है.

मन वचन और शरीरके द्वारा दुष्ट प्रवृत्ति करना उसको निसर्ग कहते हैं.

अहिंसारक्षणोपायमाचष्टे—

जं जीवणिकायवहेण विणा इंदियकयं सुहं णत्थि ॥
तम्हि सुहे णिस्संगो तम्हा सो रक्खदि अहिंसा ॥ ८१६ ॥
नास्तीन्द्रियसुखं किंचिज्जीवहिंसां विना यतः ॥
निरपेक्षस्ततस्तस्मिन्नहिंसां पाति पावनीम् ॥ ८२५ ॥

विजयोदया—जं जीवणिकायवहेण यस्माज्जीवनिकायघाते विना। इंदियसुहं इंद्रियसुखं नास्ति। स्त्रीवस्त्रगंधमाल्यादिसेवा विचित्रा जीवनिकायपीडाकारिणी आरंभेण महतोपार्जनीयत्वात्। तस्मिन्निंद्रियसुखे। णिस्संगो यस्य पात्यहिंसां नेंद्रियसुखार्थी। तस्मादिंद्रियसुखादरं मा कृथा इत्युपदिशति सूरिः।

अहिंसाके रक्षणका उपाय आचार्य बताते हैं—

अर्थ—जीवोंका वध किये विना इंद्रियसुखकी प्राप्ति होती ही नहीं. स्त्रीसंभोग करना, वस्त्रधारण करना, पुष्पमाला गलेमें धारण करना इनसे इंद्रियसुख उत्पन्न होता है परंतु स्त्रीसंभोगादि कार्योंमें जीवहिंसा अवश्य होती है. स्त्री वगैरह पदार्थोंकी प्राप्ति करनेमें महान् आरंभ करना पडता है. इसवास्ते इंद्रिय सुखसे अहिंसाका रक्षण होना नहीं. हे क्षपक ! तू इस इंद्रियसुखमें स्नेह मत कर जो इंद्रिय सुखमें इच्छा नहीं करता है वही अहिंसा का रक्षण करता है.

जीवो कसायबहुलो संतो जीवाण घायणं कुणइ ॥
सो जीववहं परिहरदु सया जो णिज्जियकसाओ ॥ ८१७ ॥

कषायकलुषो यस्माज्जीवानां कुरुते वधम् ॥
निःकषायो यतिस्तस्मादहिंसारक्षणक्षमः ॥ ८२६ ॥

विजयोदया—हिंसा कषायैः प्रवर्त्यते, ततोऽहिंसामिच्छता एते परिहर्तव्या इत्युत्तरसूत्रार्थम् ।

हिंसा कषायसे उत्पन्न होती है अहिंसाको चाहने वालोंको अपायोंका त्याग करना चाहिये ऐसा आगेके गाथामें लिखते हैं.

अर्थ—जीव जब कषायके वश होता है तब वह जीवोंका मारता है. परंतु जिसने कषाय जीते हैं वही जीववधका परिहार करता है. अर्थात् अहिंसाका वही पालन करता है. प्रमाद अर्थात् कषाय हिंसामें जीवको प्रवृत्त करते हैं इसलिये अहिंसाव्रतको चाहनेवाले उसको दूरसे ही त्यागे.

आदाणे णिक्खेवे वोसरणे ठाणगमणसयणेसु ॥
सव्वत्थ अप्पमत्तो दयावरो होदु हु अहिंसो ॥ ८१८ ॥
काएसु णिरारंभे फासुगभोजिम्मि णाणहिदयम्मि ॥
मणवयणकायगुत्तिम्मि होइ सयला अहिंसा हु ॥ ८१९ ॥

शयनासननिक्षेपग्रहचंक्रमणादिषु ॥
सर्वत्राप्यप्रमत्तस्य जीवत्राणं व्रतं यतेः ॥ ८२७ ॥
विवेकनियताचारप्रासुकाहारसेविनि ॥
मनोवाक्कायगुप्तेऽस्मिन् दयाव्रतमखंडितम् ॥ ८२८ ॥

विजयोदया—प्रमादो हिंसायाः प्रवर्तकः स परित्यज्योऽहिंसाव्रतार्थिना इति गाथार्थः ॥

विजयोदया—परित्यक्तारंभस्य प्रासुकभोजिनो ज्ञानभावनाभरिते मनसि गुप्तित्रयोपेते संपूर्णा भवत्यहिंसा इति सूत्रार्थः ॥

अर्थ — वस्तु उठा लेना, रखना, छोडना, खडे होना, बैठना, शयन करना इत्यादि समस्त कार्य करते समय जिन्होंने प्रमादका त्याग किया है ऐसे श्रेष्ठ दयाके धारक साधुजनोंसे अहिंसा पूर्णतासे पाली जाती है.

अर्थ—जिसने आरंभका त्याग किया है, जो प्रासुक आहार लेता है. ज्ञानाभ्यास करनेमें जिसने अपने चित्तको स्थिर किया है, तीन गुप्तिओंका धारक ऐसे मुनिराजमें यह अहिंसा पूर्णताको प्राप्त होती है.

आरंभे जीववहो अप्पासुगसेवणे य अणुमोदो ॥
आरंभादीसु मणो णाणरदीए विणा चरइ ॥ ८२० ॥
आरंभेऽङ्गिवधे जन्तुरप्रासुकनिषेवणे ॥
प्रवर्तेतेऽनुमोदे च ज्ञानरतिं विना ॥ ८२० ॥

विजयोदया—पृथिव्यादिविषयो व्यापार आरंभः । तस्मिन्सति तदाश्रयप्राण्युपद्रव इति जीववधो भवति । उद्गमादिदोषोपहतस्य आहारस्य भोजने जीवनिकायवधानुमोदो भवति । ज्ञानरतिमंतरेण आरंभे कषाये च मनः प्रवर्तते ।

अर्थ—पृथिवी, जल, इत्यादिकके आश्रयसे आरंभ होता है. अर्थात् जमीन खोदना, पानी सींचना, वृक्ष तोडना इत्यादि क्रियाओंको आरंभ कहते हैं. ऐसा आरंभ करनेसे उनके आश्रयसे रहनेवाले जीवोंका घात होता है. उद्गमादिदोषसहित आहार लेनेसे, जीवनिकायके वधके लिये सम्मति दी है ऐसा समझा जाता है. और ज्ञानाभ्यासमें यदि प्रेम न हो तो मन आरंभ और कषायमें प्रवृत्त होता है.

तम्हा इहपरलोए दुक्खाणि सदा अणिच्छमाणेण ॥
उवओगो कायव्वो जीवदयाए सदा मुणिणो ॥ ८२१ ॥
मुनिनानिच्छता लोके दुःखानि धृतये सदा ॥
उपयोगो विधातव्यो जीवत्राणव्रते परः ॥ ८२० ॥

विजयोदया—तस्मात् तस्मात् । आरंभो भवता त्याज्यः, प्रासुकभोजनं भोज्यं, ज्ञाने अरतिश्च अपाकार्या इति अपकृशिक्षा । अहिंसा जीवदया तस्याः फलमुपदर्शयति—तस्मा इत्यनया उभयलोकगतदुःखपरिहारमिच्छता दयाभावना कार्या इति कथयति ।

अर्थ—इस वास्ते हे क्षपक! यदि तुम इहपर लोकमें दुःखको नहीं चाहते हो तो हमेशा जीवदया करनेमें अपने चित्तको स्थिर करो. प्रासुक भोजन ग्रहण करनेमें यदि अरति उत्पन्न हुई हो तो उसको दूर करो.

क्षपकस्य स्वल्पकालवर्त्यपि अहिंसाव्रतं करोत्यात्मनो महान्तमुपकारमित्याख्यानं कथयति—

पाणो वि चंडालोडपि पाडिहेरं पत्तो छूढो वि सुंसुमारहदे ॥
एगेण एकदिवसकदेण हिंसावदगुणेण ॥ ८२२ ॥

अप्येकाहकृतोपवासेन प्रकृष्टः प्राप्तः पाणः प्रातिहार्यं सुरेभ्यः ॥
एकेनैव प्राणिरक्षाव्रतेन क्षिप्तः क्रूरोऽनेकनरकौघमध्ये ॥ ८२१ ॥
परां सपर्यां ददतो निरत्यये निवेशयन्ती सुधयार्चिते पदे ॥
करोत्यहिंसा जननीव पालिता सुखानि सर्वाणि रजांसि धुन्वती ॥ ८२२ ॥

इति अहिंसा

विजयोदया:—पाणो वि चंडालोऽपि पाडिहेरं प्रातिहार्यं पत्तो प्राप्तः । सुंसुमारहदे शिशुमाराकुले ह्रदे निक्षिप्तोऽपि । एकेण हिंसावदगुणेण एकेनैव अहिंसाव्रताख्येन गुणेन । अप्पकालकदेन अल्पकालकृतेन ॥ अहिंसा ॥

स्वल्पकालतक पाला जाने पर भी यह अहिंसाव्रत प्राणीपर महान् उपकार करता है—

अर्थ—शिंशुमार ह्रदमें फेके गये चांडालने अल्पकाल तकही अहिंसा व्रतका पालन किया था परंतु वह इस व्रतके माहात्म्यसे देवोंके द्वारा पूजा गया. इस प्रकार अहिंसा व्रतका वर्णन पूर्ण हुआ.

द्वितीयव्रतनिरूपणाय उत्तरग्रंथः—

परिहर असंतवयणं सव्वं पि चदुव्विधं पयत्तेण ॥
धत्तं पि संजमितो भासादोसेण लिप्पदि हु ॥ ८२३ ॥

मुंचासत्यं वचः साधो ! चतुर्भेदमपि त्रिधा ॥
संयमं विदधानोऽपि भाषादोषेण बाध्यते ॥ ८२३ ॥

विजयोदया—परिहर परित्यज । असंतयवयणं असद् अशोभनं वचनं । यत्कर्मनिबंधनं वचस्तदशोभनं । तथा चोक्तं—' असदभिधानमनृतं ' ननु वचनमात्मपरिणामो न भवति । द्रव्यांतरं हि तत्पुद्गलाख्यं, आत्मपरिणामो हि त्याज्यो यो बंधस्य बंधस्थितेर्वा निमित्तभूतो मिथ्यात्वमसंयमः कषायो योग इत्येवंप्रकारः । तस्मादसद्वचनपरिहारोपदेशोऽनुपयोगी कस्मात्कृत इति अत्रोच्यते—असंयमो हि त्रिप्रकारः कृतः कारितोऽनुमतश्च । इमममुष्मिन्नसंयमे प्रवर्तयामि अनेन वचनेन प्रवृत्तं वानुजानामि । इत्यभिसंधिमंतरेण वास्य वचनस्याप्रवृत्तेस्तद्वचनकारणभूतोऽभिसंधिरात्मपरिणामो भवति कर्मनिमित्तमिति परिहार्यस्तस्य परिहारे तत्कार्यं वचनमपि परिहृतं भवति । न ह्यसति कारणे कार्यप्रतिपत्तिरित्यसद्वचनपरिहारोऽनेनन क्रमेणोपन्यस्त इति स्वयमसद्वचनैकदेशपरिहारेऽप्यपहृतमसद्वचनं भवति इत्याशंक्य परिहरति सव्वमिति चतुर्विधमिति तदीयभेदोपन्यासः । पयत्तेणेति । तत्र अप्रमत्ततामुपदिशति । धत्ते पि संजमंतो नितरामपि संयममाचरन्नपि । भासादोसेण भाषायचनं तन्निमित्तत्वाद्वाग्योगस्य आत्मपरिणामो भाषाशब्देनोच्यते । भाषादुष्टः भाषादोषः । वाग्योगेन दुष्टेन निमित्तेन जातं यत्कर्म तेन। लिप्पदि लिप्यत एव संबध्यत एव आत्मा । एतेन कर्मबंधनिमित्तादोषकथनेन असद्वचनपरिहारे दार्ढ्यं करोति क्षपकस्य ॥

दुसरे सत्यमहाव्रतका निरूपण करनेके लिये आचार्य प्रारंभ करते हैं.

अर्थ—असत्य भाषण का हे क्षपक! तू त्याग कर क्यों कि वह बंधन का कारण है. तत्त्वार्थाधिगममें ' असदभिधानमनृतम् ' इस सूत्रमें यही अभिप्राय कहा है.

शंका—वचन अर्थात् बोलना यह आत्मपरिणाम नहीं है. वह पुद्गल नामक द्रव्यका परिणमन है. जो आत्मपरिणाम बंध अथवा बंधस्थितिका निमित्त है वही त्याज्य है. मिथ्यात्व, असंयम, कषाय, योग ये आत्मपरिणाम कर्मबंधके कारण होनेसे त्याज्य है. इस लिये असत्य वचनका परिहार करना, त्याग करना कुछ उपयोगी नहीं है. अतः उसका त्याग करनेका उपदेश क्यों किया?

उत्तर—असंयमके कृत कारित और अनुमत ऐसे तीन प्रकार हैं. इस मनुष्यको इस असंयममें मैं प्रवृत्त करूंगा अथवा वचनके द्वारा स्वयं असंयममें प्रवृत्त हुए इस मनुष्यको मैं अनुमोदन देऊंगा. इस प्रकारके संकल्पके बिना वचनकी प्रवृत्ति होती नहीं. इसवास्ते ऐसे वचनका कारण आत्मपरिणाम है. यह आत्मपरिणाम कर्मबंध होनेमें कारण है अतः त्याज्य है. इसके त्यागसे इसका कार्यभूत वचन भी त्यागा जाता है. यदि कारण न हो तो कार्यका ज्ञान कैसे हो सकेगा. इस लिये असत्य वचनका त्याग इस क्रमसे आचार्यने दिखाया है.

असत्य वचनके-आचार्यने चार भेद किये हैं. इन सब भेदोंका त्याग हे क्षपक! तूं प्रयत्नसे कर. क्योंकि संयमका आचरण करता हुआ भी मुनि भाषादोषसे उत्पन्न हुए कर्मसे लिप्त होता है. अर्थात् दुष्ट वचन योगसे जो

कर्मास्रव आता है उससे वह लिप्त होता है, दुष्ट वचन कर्मबंधका निमित्त होता है इसलिये हे क्षपक तूं उसका त्याग कर.

प्रतिज्ञातं चातुर्विध्यमाचष्टे—

पढमं असंतवयणं संभूदत्थस्स होदि पडिसेहो ॥
णत्थि णरस्स अकाले मच्चुत्ति जधेवमादीयं ॥ ८२४ ॥

प्रथमं तदृचोऽसत्यं यत् सतः प्रतिषेधनम् ॥
अकाले मरणं नास्ति नराणामिति यद्वचः ॥ ८२४ ॥

विजयोदया—पढमं असंतवयणं चतुर्षु आद्यमसद्वचनं संभूदत्थस्स होदि पडिसेहो सतोऽर्थस्य प्रतिषेधः । सतां सतो न वक्तव्यं असद्वचनमित्येकोऽर्थः । तस्योदाहरणमाह—णत्थि णरस्स अकाले मच्चुत्ति एवमादिकं नास्त्यकाले मनुष्यस्य मृतिरिति एवमादिकं यद्वचनं । आयुषः स्थितिकालः काल इत्युच्यते । तस्मात्कालादन्यः कालोऽकालः । तस्मिन्नकाले । ननु च भोगभूमिनराणामनपवर्त्यमायुरतः अकाले मरणं नास्त्येव अतो युक्तमुच्यते णत्थि णरस्स अकाले मच्चुत्ति । नरशब्दस्य सामान्यवाचित्वात्सर्वनराविषयः अकालमरणाभावोऽयुक्तः केषुचित्कर्मभूमिजेषु तस्य सतो निषेधादित्यभिप्रायः ।

अर्थ—चार असत्य वचनोंमें पहिला असत्य वचन इस प्रकार समझना चाहिये—अस्तित्वरूप पदार्थका निषेध करना यह प्रथम असत्य वचनका भेद है. जैसे मनुष्यको अकालमें मृत्यु नहीं है, आयुष्यके स्थिति कालको यहां काल कहना चाहिये. इस कालसे जो अन्य काल उसको अकाल कहते हैं. शंका—मनुष्यको अकालमें मृत्यु नहीं है यह कहना सत्यही है क्योंकि भोगभूमिके मनुष्योंका आयुष्य विष शस्त्रादिसे कम होता ही नहीं अतः उनको अकालमें मरण नहीं है यह कहना योग्यही है. उत्तर—नर शब्द सामान्यवाची होनेसे संपूर्ण मनुष्योंका वाचक है. इस लिये अकाल मरण नहीं है ऐसा कहना अयोग्य ही है. कितने कर्मभूमीके मनुष्योंमें अकाल मृत्यु है उसका यहां निषेध किया है. अतः अकालमें मनुष्योंको मरण नहीं है यह कहना सत्पदार्थका-विद्यमान पदार्थका निषेध करनेवाला होनेसे अवश्य असत्यही है.

अहवा सयबुद्धीए पडिसेधो खेत्तकालभावेहिं ॥
अविचारिय णत्थि इहं घडोत्ति जह एवमादीयं ॥ ८२५ ॥

कालोऽस्तीति यद्भूते द्रव्यादीनां चतुष्टयम् ॥
अपर्यालोच्य यत्प्रोक्तमभूतोद्भावकं जिनैः ॥ ८३६ ॥

विजयोदया:—अथवा स्वबुद्धीए पडिसेधे खेत्तकालभावेहिं अविचारिय भावमिति शेषः । स्वबुद्धया क्षेत्र कालभावैरभावमविचार्यमाणं अत्र नास्ति इदानीं न विद्यते । शुक्लकृष्णरूपो न वेत्यनिरूप्य घटस्य भाव इत्थं अनेन प्रकारेण णत्थि घडो जह एवमादीणं नास्ति घट इत्येवमादिकं । सतो घटस्य अविशेषेण असत्वचने असद्वचनमित्युदाहरणान्तरमिदं ।

अर्थ—अथवा द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इन अपेक्षाओंसे विचार न कर यहां घडा नहीं है. इत्यादि रूप वचन अपनी बुद्धीसे कह देना. अभिप्राय यह है कि किसी अपेक्षासे घटकी सत्ता होने पर भी घट सर्वथा नहीं है ऐसा कहना यह भी असत्य वचन ही है. जैसे काला घट नहीं है परंतु घरमें यदि श्वेतघट है तो घट है ही नहीं ऐसा कहना कैसा योग्य होगा? क्षेत्रकी अपेक्षासे एक क्षेत्रमें घट न होगा. तो दूसरे क्षेत्रमें उसका सद्भाव होगा. परंतु स्वक्षेत्र परक्षेत्रका विचार न करके एकदम घट है ही नहीं ऐसा कहना असत्य ही है. वह अपने स्वरूपमें रहता है परंतु स्वस्वरूपकी अपेक्षासे भी नहीं है ऐसा कहना. यह असत्य है. भूतकालकी अपेक्षासे कोई घट न होनेपर वर्तमान कालकी अपेक्षासे भी उसकी सत्ता नहीं मानना यह कालकी अपेक्षासे निषेध करना है इत्यादिक पहिले असत्य के उदाहरण हैं.

जं असभूदुब्भावणमेदं विदियं असंतवयणं तु ॥
अत्थि सुराणमकाले मच्चुत्ति जहेवमादीयं ॥ ८२६ ॥

द्वितीयं तद्वचोऽसत्यमभूतोद्भावनं मतम् ॥
अस्त्यकाले सुराणां च मृत्युरित्येवमादि यत् ॥ ८३६ ॥

विजयोदया—जं असभूदुब्भावणमेदं विदियं असंतवयणं तु। यदसदुद्भावनं द्वितीयं असद्वचस्तस्योदाहरणमुत्तरं। अत्थि सुराणमकाले मच्चुत्ति जहेवमादीयं। सुराणामकाले मृत्युरस्तीत्येवमादिकं यथा असदेव अकालमरणमनेनोच्यते इत्यसद्वचनम्॥

अर्थ—जो नहीं है उसको है कहना यह असत्य वचनका दूसरा भेद है जैसे 'देवोंको अकाल मृत्यु नहीं है ऐसा आगम कहता है परंतु देवों को अकाल मृत्यु है ऐसा कहना. इत्यादि रूप असत्यका दूसरा प्रकार है.

अहवा जं उब्भावेदि असंतं खेत्तकालभावेहिं ॥
अविधारिय अत्थि इह घडोत्ति जह एवमादीयं ॥ ८२७ ॥

विजयोदया—अथवा जं उब्भावेदि यद्वचनं उद्भावयति। असंतं घटं। कथमसंतं? खेत्तकालभावेहिं क्षेत्रांतरसंबंधित्वेन संतं इहास्य घटं कालांतरसंबंधेन अतीते अनागते वा असंतं भावान्तरसंबंधित्वेन कृष्णत्वादिना संतं। अविधारिय अविचार्य इत्थं सत् इत्थमसत् इति अस्ति घट इत्येवमादिकंसर्वथास्तित्वमसद्भावयतीति असद्वचनं।

अर्थ—अथवा द्रव्य क्षेत्रकालांतरसे घट न होने पर भी विना विचारके सर्व द्रव्यक्षेत्रकालापेक्षया घट है ऐसा कहना यह दूसरा उदाहरण है. जैसे एक कोठरीमें घट है परंतु दूसरे कोठरीमें न होनेपर भी दूसरे कोठरीमें है ऐसा कहना. सफेत घट है परंतु कालाभी है ऐसा कहना. पर रूपसे घट नहीं रहता है परंतु उसके स्वरूपसे भी वह है ऐसा कहना. वर्तमानकालमेंही घट की सत्ता होनेपरभी भूतकालमें भी था ऐसा कहना यह सब असत्यके दूसरे प्रकारके उदाहरण है.।

तदियं असंतवयणं संतं जं कुणदि अण्णजादीगं ॥
अविचारित्ता गोणं अस्सोत्ति जहेवमादीयं ॥ ८२८ ॥
तृतीयं तद्वचोऽसत्यं यदनालोच्य भाषते ॥
पदार्थमन्यजातीयं गौर्वाजीत्येवमादिकम् ॥ ८२७ ॥

विजयोदया—तदियं असंतवयणं तृतीयमसद्वचनं। संतं जं कुणदि अण्णजादीगं सदयत्करोति अन्यजातीयं। अविचारित्ता गोणं अस्सोत्ति जहेवमादीगा। अश्वमित्येवमादिकं। सतो बलीयर्दस्यात् अश्वत्वं असत्तस्य वचनं।

अर्थ—एक जातीके सत्पदार्थ को अन्य जातीका असत्पदार्थ कहना यह असत्यका तीसरा भेद है. जैसे बैल है इसका विचार न कर यहां घोडा है ऐसा कहना. यह कहना विपरीत सत् पदार्थका प्रतिपादन करनेसे असत्य है.

चतुर्थमसद्वचनमाचष्टे—

जं वा गरहिदवयणं जं वा सावज्जसंजुदं वयणं ॥
जं वा अप्पियवयणं, असत्तवयणं चउत्थं च ॥ ८२९ ॥
सावद्यं गर्हितं वाक्यमप्रियं च मनीषिभिः ॥
त्रिप्रकारमिति प्रोक्तं तुरीयकमसूनृतम् ॥ ८३८ ॥

विजयोदया—जं वा गरहिदवयणं यद्वा गर्हितं वचनं। जं वा सावज्जसंजुदं वयणं । यद्वा सावद्यसंयुतं वचनं। जं वा अप्पियवयणं यद्वा अप्रियवचनं। तत् चउत्थं चतुर्थं वयणं असंतवयणं असद्वचनं ॥

असत्यका चौथा प्रकार कहते हैं—

अर्थ—जो निंद्यवचन बोलना, जो पापयुक्त वचन बोलना और जो अप्रियवचन बोलना यह सब चौथे प्रकारका असत्य वचन है.

तेषु वचनेषु गर्हितवचनमाचष्टे—

कक्कसवयणं णिट्ठुरवयणं पेसुण्णहासवयणं च ॥
जं किंचि विप्पलावं गरहिदवयणं समासेण ॥ ८३० ॥
कर्कशं निष्ठुरं हास्यं परुषं पिशुनं वचः ॥
ईर्ष्यापरमसंबंधं गर्हितं सकलं मतम् ॥ ८३९ ॥

विजयोदया—कक्कसवयणं कर्कशवचनं नाम स्वगर्ववचनमिति केचिद्व्याचक्षते अन्ये असत्यमिति। णिट्ठुरवयणं निष्ठुरवचनं। पेसुण्णहासवयणं च परदोषसूचनपरं वचनं। पैशून्यवचनं हासावहं वचनं। जं किंचि विप्पलावं यत्किंचिदप्रलपनं च असत्यतया। गरहिदवयणं गर्हितवचनं।

अर्थ—कर्कशवचन—गर्वयुक्त भाषण को कर्कशवचन कहना चाहिये ऐसा कोई आचार्य कहते हैं. कोई झूठ वचनको कर्कशवचन कहते हैं. निष्ठुर भाषण दूसरोंके दोष दिखानेवाला वचन. उपहासका वचन जो कुछ भी बड़-बड़ करना अर्थात् बकवाद हांकना यह जैसा बोलना यह सब संक्षेपसे गर्हित वचन ही है.

सावद्यवचनं निरूपयति—

जत्तो पाणवधादी, दोसा जायंति सावज्जवयणं च ॥
अविचारित्ता थेणं थेणत्ति जहेवमादीयं ॥ ८३१ ॥

प्राणिघातादयो दोषाः प्रवर्तंते यतोऽखिलाः ॥
सावद्यं तद्वचो ज्ञेयं षड्विधारंभवर्णकम् ॥ ८४० ॥

विजयोदया—जत्तो पाणवधादी दोसा जायंतीति यस्माद्वचनाद्धेतोः प्राणवधादयो दोषा जायंते । सावज्ज-वयणं तं सावद्यं वचनं तत् पृथिवीं खन । महिषीं पीतोदकां पयसा प्रपूरय, प्रसूनानि उच्चिनु । इत्येवमादिकानि अविचा-रित्ता अविचार्य किमेवं वक्तुं युक्तं नेति । अथवा दोषोऽनेन वचसा नवेति अपरीक्ष्य चौरं चौरोयमिति कथनं ।

अर्थ—जिस भाषणसे प्राणिहिंसा वगैरह दोष उत्पन्न होते हैं ऐसा भाषण बोलना उसको सावद्य वचन कहते हैं. जैसे इस जमीनको खोदो, इस भैंसने पानी पिया है अब इसको पानीसे धो डालो. पुष्प तोडो. इत्या-दिक वचनोंको सावद्य भाषण कहते हैं. मेरा बोलना योग्य है या नहीं इसका विचार न करके अथवा ऐसे भाषण सदोष हैं या निर्दोष हैं कुछ विचार न करके परीक्षाके विनाही कह देना यह सब सावद्य वचन है. जैसे चोरको यह चोर है ऐसा कहना.

परुसं कडुयं वयणं, वेरं कलहं च जं भयं कुणइ ॥
उत्तासणं च हीलणमप्पियवयणं समासेण ॥ ८३२ ॥
हासभयलोहकोहप्पदोसादीहिं तु मे पयत्तेण ॥
एवं असंतवयणं परिहरिदव्वं विसेसेण ॥ ८३३ ॥

अवज्ञाकारणं वैरकलहत्रासवर्द्धकम् ॥
अश्रव्यं कटुकं ज्ञेयमप्रियं वचनं बुधैः ॥ ८४१ ॥
रागद्वेषमदक्रोधलोभमोहादिसंभवं ॥
वितथं वचनं हेयं संयतेन विशेषतः ॥ ८४२ ॥

विजयोदया—हासभय-हास्येन, भयेन, लोभेन, क्रोधेन, प्रद्वेषेणेत्येवमादिना कारणेन । एवं असत्यवचणं एतद्-सद्वचनं त्वया पक्षेण प्रयत्नेन । परिहरितव्यं परिहर्तव्यं । विसेसेण विशेषेण ॥

अर्थ—मर्मच्छेद करनेवाले भाषणको परुष कहते हैं जैसे तू अनेक दोषोंसे दुष्ट है. मनको उद्विग्न करने-वाली भाषाको कटु भाषा कहते हैं जैसे तू निंद्य जातीमें पैदा हुआ है. तू धर्म रहित पापी है. इत्यादि. वैर उत्पन्न करनेवाला भाषण जैसे तू गधा है, तेरको कुछ भी ज्ञान नहीं है. तेरसमान मूर्ख इस संसारमें दूसरा कोई नहीं है. इत्यादि. जिससे कलह हो जाता है वह कलहकारि वचन कहते हैं. मनको त्रास पोहोंचेगा क्लेश होगा वह वचन उद्वेगकर है. दूसरोंकी अवज्ञा करनेवाले शब्द बोलना वह हीलन वचन है. जैसे तुमको धिक्कार हो. इस तरह अप्रिय वचनका संक्षेपसे वर्णन किया. हास्य, भीति, लोभ, क्रोध, द्वेष इत्यादि कारणोंसे जो असत्य भाषण किया जाता है हे क्षपक! उसका तू प्रयत्नसे विशेष त्याग कर.

एवमसद्विवादं परिहार्यमुपदिश्य सत्यवचनलक्षणमुक्तासद्वचनलक्षणतया दर्शयति—

तव्विवरीदं सव्वं कज्जे काले मिदं सविसए य ॥
भत्तादिकहारहियं भणाहि तं चेव सुयणाहि ॥ ८४४ ॥
विपरीतं ततः सत्यं काले कार्ये मितं हितम् ॥
निर्भक्तादिकथं ब्रूहि तदेव वचनं शृणु ॥ ८४३ ॥

विजयोदया—तव्विवरीदं असद्वचन विपरीतं । सव्वं सत्यं भणाहि भण । कज्जे कार्ये ज्ञानोचारित्रादि-शिक्षालक्षणे । असंयमपरिहारे परस्य वा सन्मार्गस्थापनारूपे काले । आवश्यकादीनां कालादन्यः काल इत्यकालशब्द-नोच्यते । अथवा कालशब्देन प्रस्ताव उच्यते । मिदं परिमितं वचनं । सविसए य भवतो ज्ञानस्य विषये प्रवृत्तं वचनं । भणाहि भण । भत्तादिकथारहिदं भणाहि तं चेव य सुणाहि भक्तचोरराजकथादिरहितं । तं चेव य तथाभूतमेव

वचनं सुणाहि शृणु। अयमयोग्यं न ब्रवीति एतावता सत्यव्रतं पालितमिति आशा न कार्या। परेणोच्यमानमसद्वचनं शृण्वतो मनोऽशुभतया च कर्मबंधो महानिति भावः।

असत्य भाषणका त्याग करनेके लिये ऊपर आचार्यने उपदेशकिया अब सत्यवचनका स्वरूप कहते हैं.

अर्थ—असत्य भाषणके जितने प्रकार ऊपर कहे हैं उनके विरुद्ध जो जो भाषण है वह २ हे क्षपक! तुम बोलो. ज्ञान, चारित्रादिकों का उपदेश देनेवाला, असंयमसे पराङ्मुख करनेवाला, अन्य साधुजनोंको सद्धर्ममें स्थिर करनेवाला ऐसा भाषण हे क्षपक! तुम बोलो. सामायिक, प्रतिक्रमण, वंदना, स्तुति वगैरह आवश्यकों के कालके सिवाय अन्य समयको यहां काल समझना चाहिये अर्थात् योग्य काल प्रसंगको जानकर प्रगट होनेवाला ऐसे भाषणको यहां सत्यभाषण कहते हैं. ऐसा सत्य भाषण हे क्षपक! तू मितही बोल. वह भाषण भक्तकथा, राजकथा चोर कथा वगैरह विकथाओंसे वर्जित होना चाहिये. ऐसा भाषण तू बोल और अन्यका भी विकथावर्जित भाषण सुन. यह वक्ता अयोग्य बोलता नहीं है एतावता इसने सत्यव्रत पाला है ऐसा तू मत समझ. दूसरेका असद्भाषण सुननेपरभी मनमें अशुभ संकल्प उत्पन्न होकर महान्कर्मबंध होता है ऐसा जानकर दूसरोंका असत्य भाषण हे क्षपक! तू मत सुन.

सत्यवचनगुणं हृदयनिर्वाणं श्यापयति गाथोत्तरा स्पष्टा—

जलचंदणससिमुत्ताचंदमणी तह णरस्स णिव्वाणं ॥
ण करंति कुणइ जह अत्थजुयं हिदमधुरमिदवयणं ॥ ८४५ ॥

नरस्य चंदनं चंद्रचंद्रकांतमणिर्जलम् ॥
न तथा कुरुते सौख्यं वचनं मधुरं यथा ॥ ८४५ ॥

सत्यवचनमें हृदयको सुख देनेका गुण है इसका विवेचन—

अर्थ—पानी, चंदन, चंद्र, मोती, और चंद्रकांतमणि ये पदार्थ लोगोंको उतना आनंद उत्पन्न करनेमें असमर्थ हैं जितना आनंद अर्थयुक्त, हितकर और मधुर भाषण उत्पन्न करता है. अर्थात् पानी, चंदन और चंद्रादिकोंसे भी सत्यवचन जीवोंको अधिक आनंद देता है.

न सत्यमित्येतावतो वचनं वक्तव्यं, सत्यमेव सदेव वक्तव्यमेव नेति ब्रवीति—

अण्णस्स अप्पणो वा विधम्मिए विद्दवंतए कज्जे ॥
जं अ पुच्छिज्जंतो अण्णेहिं य पुच्छिओ जंप ॥ ८३६ ॥

स्वकीये परकीये वा धर्मकृत्ये विनश्यति ॥
त्वमपृष्टो वदान्यत्र पृष्ट एवं सदा वद ॥ ८४५ ॥

विजयोदया—अण्णस्य अप्पणो वापि अन्यस्य आत्मनो वा धार्मिककार्ये विनश्यति सति अपृष्टोऽपि ब्रूहि। अनतिपातिनि कार्ये पृष्ट एव वद नापृष्टः ॥

जो सत्य है वह बोलना चाहिए ऐसा नहीं परंतु सत्य होकर जो प्राणिओंका कल्याण करता है वह भाषण बोलना चाहिए यही अभिप्राय आगेकी गाथामें कहा है—

अर्थ—दूसरोंका अथवा अपना धार्मिक कार्य नष्ट होनेका प्रसंग आनेपर विना पूछे हि बोलना चाहिये. यदि कार्य विनाशका प्रसंग न हो तो जब कोई पूछेगा तब बोलो, नहीं पूछेगा तो बोलना नहीं.

सच्चं वदंति रिसओ रिसीहिं विहिदाउ सव्व विज्जाओ ॥
मिच्छस्स वि सिज्झंति य विज्जाओ सच्चवादिस्स ॥ ८३७ ॥

गदंति ऋषयः सत्यं यद्विद्या निखिलाः कृताः ॥
तन्म्लेच्छस्यापि सिध्यन्ति सर्वदा सत्यवादिनः ॥ ८४६ ॥

विजयोदया—सच्चं वदंति रिसओ सत्यं वदंति यतयः। रिसीहिं विहिदाओ यतिभिर्विहिताः सर्वविद्याः। मिच्छस्सवि म्लेच्छस्यापि सिज्झंति सिध्यन्ति। विज्जाओ विद्याः। सच्चवादिस्स सत्यवादिनः ॥

अर्थ—ऋषिगण सत्यभाषण करते हैं. ऋषियोंने सर्व विद्यायें उत्पन्न की हैं. जो सत्यवादी है ऐसे म्लेच्छ को भी विद्यायें सिद्ध होती हैं.

ण डहदि अग्गी सच्चेण णरं जलं च तं ण बुड्डेइ ॥
सच्चबलियं खु पुरिसं ण वहदि तिक्खा गिरिणदी वि ॥ ८३८ ॥

दह्यते न हुताशेन न निमज्जति वारिणि ॥
धन्यैः सत्यबलोपेतो नरो नद्यापि नोह्यते ॥ ८४७ ॥

रागद्वेषपरित्यागो ग्रंथत्यागे प्रजायते ॥ १२०८ ॥

विजयोदया—रागद्वेषयोः कर्मणां मूलयोर्निमित्तं परिग्रहः, परिग्रहत्यागे रागद्वेषौ एव त्यक्तौ भवतः । बाह्यद्रव्यं मनसा स्वीकृतं रागद्वेषयोर्बीजं, तस्मिन्सति सहकारिकारणे न च कर्ममात्राद्रागद्वेषवृत्तिर्यथा सत्यपि मृत्पिंडे दंडाद्यनंतरकारणसैकल्ये न घटोत्पत्तिर्यथेति मन्यते ॥

एतदेवाह—

मूलारा—मणुण्णे इष्टार्थे मनसा स्वीकृते सति ॥

अर्थ—इष्ट विषयोंमें रागभाव उत्पन्न होता है और अनिष्ट विषयोंमें द्वेष उत्पन्न होता है. परंतु परिग्रह का त्याग करनेसे राग और द्वेष दोनों भी नष्ट होते हैं. रागद्वेष कर्मबंध होनेमें मूल कारण हैं. रागद्वेषसे ही कर्मबंध होता है. परंतु परिग्रहका त्याग करनेसे रागद्वेषोंका त्याग होता है. मनमें विचार कर जब जीव बाह्य द्रव्यका अर्थात् बाह्य परिग्रहका स्वीकार करता है तब रागद्वेष उत्पन्न होते हैं. यदि सहकारिकारण न होगा तो केवल कर्ममात्र से रागद्वेष उत्पन्न होते नहीं. यद्यपि मृत्पिंडसे घट उत्पन्न होता है तथापि दंडादिक कारण नहीं होंगे तो घटकी उत्पत्ति नहीं होती है.

कर्मणां निर्जरणोपायः परीषहसहनं । तथा चोक्तं पूर्वोपात्तकर्मनिर्जरार्थं परिषोढव्याः परीषहाः सोढा भवन्ति ग्रंथचेलप्रावरणादिकं त्यजतेति व्याचष्टे—

सीदुण्हदंसमसयादियाण दिण्णो परीसहाण उरो
सीदादिणिवारणए गंथे णियगं जहत्तेण ॥ ११७१ ॥

शीतादयोऽखिलाः सम्यग्विषह्यंते परीषहाः ॥
शीतादिवारकं संगं योगिना त्यजता सदा ॥ १२०९ ॥

विजयोदया—सीदुण्हदंसमसयादियाण ननु च दुःखोपनिपाते संक्लेशरहितता परीषहजयः । न तु शीतोष्णादयो नहि ते आत्मपरिणामाः अनात्मपरिणामाश्च बंधसंवरनिर्जरादीनामुपायो न भवन्ति । योऽनात्मपरिणामो नासौ निर्जराहेतुः यथा पुद्गलगतरूपादयः । अनात्मपरिणामाश्च शीतादयः क्षुत्पिपासादयो दुःखहेतवः । ननु दुःखे तत्

किमुच्यते क्षुत्पिपासादयः परीषहा इति नैव दोषः । क्षुदादिजन्यदुःखविषयत्वात् क्षुदादिशब्दानां । तेन क्षुत्पिपासाशीतोष्ण दंशमशकनाग्न्यादीनां परीषहत्वाच्चो युक्तिर्नैवविरुध्यते । सीदुण्हदंसमसयादियाण शीतोष्णदंशमशकादीनां । परिस्सहाणं उरो दिण्णा परीषहाणां उरो दत्तं । केन सीदादिणिवारणगे शीतादीनां निषेधकान् । गंथे णियदं जहंतेण ग्रंथान्नियतं त्यजता ॥

चेलादिग्रन्थं त्यजता दुःखनिर्जरणोपायः परीषहसहनं कृतं स्यादित्याह—

मूलारा—परीसहाण शीतादिजन्यदुःखानां । उरो हृदयं । शीतादिदुःखोद्वेगे निःसंक्लेशं मनः कृतमित्यर्थः । णिवारणए निवारकान् ॥

परिषह सहन करनेसे कर्म की निर्जरा होती है ' पूर्वजन्ममें जीवने जो कर्मसंचय किया है उसकी निर्जरा करनेकेलिए परिषह सहन करना चाहिए ' ऐसा आगममें कहा है. ग्रंथ का अर्थात् वस्त्रप्रावरणादिकोंका त्याग करने वाले मुनि परिषह सहन करते हैं इसका विवेचन—

अर्थ—[illegible] परंतु शीत, उष्ण, भूख, प्यास वगैरहको परीषह जय नहीं कहते हैं क्यों कि वे आत्मपरिणाम नहीं हैं. वे बंध, संवर, निर्जरा और मोक्षके उपाय होते नहीं. जो जो आत्मपरिणाम नहीं है वे निर्जराके हेतु नहीं है जैसे पुद्गलके रूपादिक गुण. शीत उष्णता वगैरह आत्माके परिणाम नहीं, क्षुधा, प्यास वगैरहभी आत्माके परिणाम नहीं हैं वे सब दुःखके कारण हैं. वे स्वयं दुःख नहीं है इसवास्ते उनको परिषह कहना योग्य नहीं है.

उत्तर—आपका कहना योग्य है. क्षुदादिकोंसे उत्पन्न होनेवाला दुःख क्षुदादिशब्दोंका विषय है. इस वास्ते क्षुधा, पिपासा. शीत, उष्ण, दंशमशक, नाग्न्य इत्यादिकोंको परीषह कहना अनुचित नहीं है.

इस गाथाका अभिप्राय यह है कि, शीत उष्ण इत्यादिकोंको मिटाने वाला वस्त्रादि परिग्रह जिसने नियमसे छोड दिया है उसने शीत, उष्ण, दंशमशक वगैरह परीषहोंको छाती आगे करके शूर पुरुषके समान जीत लिया है ऐसा समझना चाहिये.

देहे आदरः सर्वस्य हिंसादेःसंयमस्य मूलं परित्यक्तो भवति परिग्रहं त्यजतेत्याचष्टे—

जम्हा णिग्गंथो सो वादादवसीददंसमसयाणं ॥
सहदि य विविधा बाधा तेण सदेहे अणादरदा ॥ ११७२ ॥

शीतवातातपादीनि कष्टानि सहते यतः ॥
क्रियतेऽनादरो देहे निःसंगेन ततः परं ॥ १२१० ॥

विजयोदया—जम्हा यस्मात् । णिग्गंथो सो निष्परिग्रहोऽसौ । वादावृषसीवदंसमसयाणं विविधां बाधां वातातपशीतदंशमशकानां विविधं दुःखं सहते । तेण सहनेन । सदेहे स्वदेहे अणादरदा आदराभावः । शरीरे अकृतादरश्च जहात्यशेषं हिंसादिकं, तपसि च स्वशक्त्यनिगूहनेन प्रयतते ॥

हिंसादिसकलासंयममूलं शरीरादरः संगं त्यजता त्यक्तः स्यादित्याह—

मूलारा—स्पष्टम् ॥

जिसने परिग्रहोंका त्याग किया है उसने देहका ममत्वही छोड दिया है ऐसा समझना चाहिये. क्योंकि देहममत्व ही सर्व हिंसादिक असंयमका मूल कारण है. इस विषयका विवेचन—

अर्थ—यह परिग्रहत्यागी वात, धूप, शीत, दंशमशकादिपरिषहोंसे होनेवाले विविध दुःख सहता है इसलिये यह परिग्रहोंसे अनादरवान् है यह बात निर्णीत होती है. जब शरीरसे ममत्वभाव दूर होता है तब हिंसादिक सर्व पापोंका त्याग होता है. और तपश्चरणमें अपनी शक्तिके अनुसार प्रवृत्ति होती है.

संगपरिमग्गणादी णिस्संगे णत्थि सव्वविक्खेवा ॥
उज्झाणज्झेणाणि तओ तस्स अविग्घेण वच्चंति ॥ ११७३ ॥
व्याक्षेपोऽस्ति यतस्तस्य न ग्रंथान्वेषणादिषु ॥
ध्यानाध्ययनयोर्विघ्नो निःसंगस्य ततोऽस्ति नो ॥ १२११ ॥

विजयोदया—संगपरिमग्गणादी परिग्रहान्वेषणादि परिग्रहस्य स्वाभिलषितस्य अस्तित्वगवेषणे क्लेशनमस्तीति । तथा तत्स्वामिनां कोऽस्य स्वामी? स्वं च न कासौ अवधिष्ठते इति पुनर्याच्ञा? लाभे संतोषो, अलाभे दीनमनस्कता, तदानयनं तत्संस्करणं, तद्रक्षणं इत्यादिकं आदिशब्देन गृह्यते । निःसंगे संगरहिते णत्थि सव्वविक्खेवा । न संति सर्वे व्याक्षेपाः । उज्झाणज्झेणाणि ध्यानं अध्ययनं च । तदो व्याक्षेपाभावात् चेतसि । तस्स अपरिग्रहस्य । अविग्घेण वच्चंति विघ्नमंतरेण वर्तते । सर्वेषु तपस्सु प्रधानयोर्ध्यानस्वाध्याययोरुपायो अपरिग्रहता इत्याख्यातमनया गाथया ॥

सर्वतपसामुत्तमयोः स्वाध्यायध्यानयोर्निःसंग्यहेतुकत्वे युक्तिमाह—

मूलारा—संगपरिमग्गणादी परिग्रहान्वेषणमादिशब्देन च तत्स्वामिबोधतत्स्थानावस्थानगवेषणतत्प्रार्थनतल्लाभपरितोषतदलाभदैन्यतदानयनसंस्करणरक्षणादीनि। विक्खेवा व्याक्षेपाश्चित्तव्यासंगाः। अविग्घेण वर्धंति निरंतरायं प्रवर्तंते॥

अर्थ—जो परिग्रहोंसे विरक्त हुआ है. उसको परिग्रहोंको ढूंढनेकी चिंता नहीं रहती है. जिस परिग्रहको लोक चाहते हैं उसको ढूंढनेका प्रयत्न करते हैं. किसके पास मेरी अभिलषित वस्तु मिलेगी ? क्या तेरे पास मेरी इष्ट वस्तु है ? ऐसा प्रश्न करते हैं. उस वस्तुका स्वामी कहां रहता है ? इसकी खोज वे करते हैं. उसके पास जाकर याचना करते हैं. इष्ट वस्तु मिलने पर मन आनंदित होता है. परंतु नहीं मिलनेपर दीनता उत्पन्न होती है. अभीष्ट चीजको लाकर उसको सुंदर बनाकर रक्षण करते हैं. परंतु जो निष्परिग्रही हुए हैं ऐसे मनुष्य इन सर्व झंझटोंसे दूर होकर सुखी होते हैं. निष्परिग्रही मनुष्यों का मन अव्याकुल रहता है जिससे उनके ध्यानाध्ययन कार्य निर्विघ्न सिद्ध होते हैं. सर्व तपोंमें ध्यान स्वाध्याय ये प्रधान हैं. यह निष्परिग्रहता उनकी प्राप्ति का उपाय है ऐसा अभिप्राय इस गाथासे व्यक्त होता है.

गंथच्चाएण पुणो भावविसुद्धी वि दीविदा होइ ॥
ण हु संगघडिदबुद्धी संगे जहिदुं कुणदि बुद्धी ॥ ११७४ ॥
दर्शितास्ति मनःशुद्धिः संगत्यागेन तात्त्विकी ॥
संगासक्तमना जातु संगत्यागं करोति किम् ॥ १२१२ ॥

विजयोदया—संगत्यागेण पुणो संगत्यागेन पुनः। भावविसुद्धी वि दीविदा होदि परिणामस्य विशुद्धिर्दर्शिता दर्शिता भवति। ण हु संगघडिदबुद्धी नैव परिग्रहघटितबुद्धिः। संगे जहिदुं कुणदि बुद्धी परिग्रहांस्त्यक्तुं करोति बुद्धिं॥

भावविशुद्धेरपि नैःसंग्यं लिंगमित्याह—

मूलारा—दीविदा दर्शिता॥

अर्थ—परिग्रहोंका त्याग करनेसे परिणाम निर्मल होते हैं और प्रतिदिन परिणामोंकी निर्मलता बढती ही रहती है. परिग्रहोंमें जिसका मन लुब्ध हुआ है वह मनुष्य परिग्रहोंका त्याग करनेमें असमर्थ हो जाता है.

यत्र च प्रक्रांता सल्लेखना कषायविषया सा च परिग्रहत्यागमूलेति कथयति—

णिस्संगो चेव सदा कसायसल्लेहणं कुणदि भिक्खू ॥
संगा हु उदीरेंति कसाए अग्गीव कट्ठाणि ॥ ११७५ ॥

निःसंगो जायते व्यक्तं कषायाणां तनूकृतिः ॥
कषायो दीप्यते संगैरिंधनैरिव पावकः ॥१२१३॥

विजयोदया—णिस्संगो चेव निष्परिग्रहश्चैव सदा कषायपरिणामांस्तनूकरोति न सपरिग्रहः । कथं इति चेदाचष्टे—संगा खु उदीरेंति परिग्रहा उदीरयन्ति । कसाए कषायान् । अग्गीव अग्निरिव कट्ठाणि काष्ठानि ॥

किं च प्रक्रांतकषायसल्लेखनापि संगत्यागमूला वेत्यनुशास्ति—

मूलारा—उदीरेंति उद्भावयंति । अग्गीव अग्निं यथा ॥

परिग्रहका त्याग करनेसे ही यति कषायसल्लेखना कर सकते हैं.

अर्थ—जो परिग्रहका त्यागी है वही अपने कषाय परिणाम क्षीण कर सकता है. परिग्रहवान् के कषाय कभी क्षीण होते ही नहीं. जैसे इन्धनोंकी प्राप्ति होनेसे अग्नि बढेगी ही कभी वह उपशांत न होगी वैसे परिग्रहोंसे कषाय उत्पन्न होते हैं नष्ट होते नहीं.

सव्वत्थ होइ लहुगो रूवं विस्सासियं हवदि तस्स ॥
गुरुगो हि संगमत्तो संकिज्जइ चावि सव्वत्थ ॥ ११७६ ॥

लघुः सर्वत्र निःसंगो रूपं विश्वासकारणम् ॥
गुरुः सर्वत्र सग्रंथः शंकनीयश्च जायते ॥ १२१४ ॥

विजयोदया—सव्वत्थ होइ सर्वत्र भवति । गमने आगमने च लघुगो लघुः । रूवं वेसासियं रूपं विश्वासकारि च भवति । तस्स निर्ग्रंथस्य । वस्त्रप्रावरणादिकप्रच्छादितशस्त्रोऽस्माकमुपद्रवं करोति धनं वा स्तेन चौरादिना प्रच्छाद्य नयतीति शंकां कुर्वन्ति परिग्रहं दृष्ट्वा ।

निःसंगस्य लघुत्वविश्वास्यत्वे वक्ति—

मूलारा—सव्वत्थ गमनागमनादौ । लहुगो अभारिको भवति निःसंगः । वेसासियं विश्वासकारि ॥

अर्थ—जिसने परिग्रहोंका त्याग किया है वह सर्वत्र लघु होता है अर्थात् चिंतारहित होता है. उसके स्वरूपको देखकरही लोग उसके ऊपर विश्वास करते हैं. परंतु जिसके पास वस्त्र प्रावरणादिक हैं उसके ऊपर लोक विश्वास नही करते हैं. इसने अपने पास शस्त्र छिपाकर रक्खा होगा ऐसा समझते हैं. तथा यह हमारा धन वस्त्रमें छिपाकर ले जायगा ऐसी शंका उनके मनमें उत्पन्न होती. अभिप्राय यह है कि परिग्रह अविश्वासका कारण है.

सव्वत्थ अप्पवसिओ णिस्संगो णिब्भओ य सव्वत्थ ॥
होदि य णिप्परियम्मो णिप्पडिकम्मो य सव्वत्थ ॥ ११७७ ॥

प्रतिबंधप्रतीकारप्रतिकर्मभयादयः ॥
निर्ग्रंथस्य न जायंते दोषाः संसारहेतवः ॥ १२१५ ॥

विजयो—सव्वत्थ अप्पवसिगो सर्वत्र ग्रामे, नगरे, अरण्ये च आत्मवशकः । णिस्संगो निष्परिग्रहः । सव्वत्थ य णिब्भओ सर्वत्र निर्भयश्च । होदि य णिप्पडिकम्मो भवति च निर्व्यापारः कृष्यादिक्रियाप्रारंभरहितः । णिप्पडिकम्मा य इदं पूर्वकृतं इदं परत्रावशिष्टं कार्यमित्येतच्चास्य न विद्यते ॥

निःसंगस्य स्वातंत्र्यनिर्भयत्वानारंभत्वनिश्चिंतत्वैर्गुणसंपत्तिमाह—

मूलारा—णिप्परियम्मो परिकर्मभ्यः कृष्यादिव्यापारेभ्यो निष्क्रांतः । णिप्पडियम्मो इदं पूर्वं कृतं, इदं इदानीं करोमीदं च पुरस्तात्करिष्यामि इत्येवमादिक आत्मनि चिंतासंस्कारोऽत्र प्रतिकर्म तस्मान्निष्क्रान्तो निष्प्रतिकर्मा । अन्ये तु णिप्पडियम्मो यतिः । णिप्पडियम्मो निर्व्यापार इति व्याख्यान्ति ॥

अर्थ— निष्परिग्रही मनुष्य गांवमें, नगरमें, अरण्यमें, सर्व स्थानोंमें अपने स्वाधीनही रहता है. उसको कहां भी भय नहीं है. उसको खेती, उद्योग, धंदा करने की चिंता नहीं रहती है. यह कार्य आज मैंने समाप्त किया है. अब यह अवशिष्ट कार्य कल या परसों करूंगा ऐसी चिंता उसको नहीं रहती है.

सुखार्थिनो महत्सुखं भवति संगपरित्यागेनेति वदति—

भारक्कंतो पुरिसो भारं ऊरुहिय णिव्वुदो होइ ॥
जह तह पयहिय गंथं णिस्संगो णिव्वुदो होइ ॥ ११७८ ॥

महाश्रमकरे भारे रभसाद्धारवानिव ॥
निरस्ते सकले ग्रंथे निर्वृतो जायते यतिः ॥ १२१६ ॥

विजयोदया—भारस्कंतो पुरिसो भाराक्रांतः पुरुषः । भारं ऊरुहिय भारमवतार्य । णिव्वुदो होदि सुखी भवति । यथा तथा णिस्संगो णिव्वुदो होदि निष्परिग्रहः सुखी भवति । गंथे पयहिय ग्रंथान्परित्यज्य । बाधाभावलक्षणं हि सुखं सर्वमेव । तथाहि—अशनादिना क्षुधादावपगते जातं स्वास्थ्यमेव सुखमिति लोको मन्यते ॥

संगत्यागात्सुखित्वमाह—

मूलारा—ऊरुहिय अवतार्य । णिव्वुदो सुखी । सर्वमपि हि सांसारिकं सुखं बाधाभावलक्षणमेव । भोजनादिना क्षुदाद्यपनोदाज्जाते स्वास्थ्ये लोकस्य सुखव्यवहारोपलंभात् । पजहिय परित्यज्य ग्रंथान्निःसंगः सन् ॥

जिसको सुखकी इच्छा है उसको परिग्रहका त्याग करनेसे महासुख प्राप्त होता है ऐसा आचार्य कहते हैं—

अर्थ— जिसने अपने मस्तकपर बोझा धारण किया है उसको वह बोझा उतरनेपर सुख होता है. वैसे ग्रंथका-परिग्रहोंका त्याग करनेसे मनुष्य सुखी होता है. बाधाका अभाव होना ही सुख है जैसे अन्न खानेसे भूख मिटती है तब जो स्वास्थ्य प्राप्त होता है लोक उसकोही सुख कहते हैं.

यस्मादेवं परिग्रहग्रहणेऽतिग्रहवो जन्मद्वयभाविनो दोषाः—

तह्मा सव्वे संगे अणागए वट्टमाणए तीदे ॥
तं सव्वत्थ णिवारहि करणकारावणुण्णाहिं ॥ ११७९ ॥
भवंतो भाविनो भूता ये भवन्ति परिग्रहाः ॥
जहाहि सर्वथा तांस्त्वं कृतकारितमोदितैः ॥ १२१७ ॥

विजयोदया—तह्मा तस्मात् । सव्वे संगे सर्वान्परिग्रहान् । अणागए अनागतान् । वट्टमाणगे तीदे वर्तमानानतीतांश्च भवान् । सव्वत्थ णिवारेहि सर्वथा निवारय । करणकारावणुण्णाहिं कृतकारिताभ्यामनुमोदनेन । कथं अतीतो भावी वा परिग्रहो बंधकारणं येन निवार्यते? अयमभिप्रायः अतीतस्यस्वामिसंबंधेऽपि वस्तुनि ममेदं वस्त्वासीदिति तदनु स्मरणानुरागादिना अशुभपरिणामेन बंधो भवतीति मा कृथास्तदनुस्मरणं अनुरागं वा । एवं भविष्यति इत्थंभूतं मम द्रविणं इति ॥

यस्मादेवं परिग्रहग्रहणेऽतिग्रहवो जन्मद्वयभाविनो दोषा भवेयुः—

मूलारा—अणागदं भविष्यतीत्यंभूतं मम वांछितं वस्त्विति, भाविन्यपि वस्तुनि स्वस्वामिसंबंधानुरागेणाशुभपरिणामेन पापबंधो भवतीति भाविनो ग्रंथानिवारय त्वमिति क्षपकं नियुंक्ते। तीदे अतीतान् तत्तादृग्वस्तु ममासीदित्यतीतवस्तुन्यपि स्वस्वामिसंबंधानुस्मरणानुरागादिरप्यशुभपरिणामः पापबंधाय प्रभवतीत्यतीतपरिग्रहनिवारणनियोगः। कारावणुण्णाहिं कारावः कारापः कारापणं, अणुण्णा अनुज्ञा, अनुमतिः॥

परिग्रहत्याग करनेसे सुख मिलता है और परिग्रह ग्रहण करनेसे इस भवमें और परभवमें दोष उत्पन्न होते हैं—

अर्थ— इसलिये हे क्षपक भविष्यकालीन, वर्तमानकाल संबंधी और भूतकाल संबंधी संपूर्ण परिग्रहोंका तूं त्याग कर. तथा कृत, कारित और अनुमोदनासे इनका तूं त्याग कर.

शंका— जो परिग्रह बीत चुका और जो आगे प्राप्त होनेवाला है वह बंधका कारण कैसे हो सकता है? इस वास्ते उसका निवारण करने की क्या आवश्यकता है?

उत्तर—जो परिग्रह नष्ट हो चुकनेसे उसमेंसे स्वस्वामिसंबंध नष्ट हुआ है तोभी यह परिग्रह वस्तु मेरी थी ऐसा स्मरण होकर उसमें ममत्व होता है. जिससे अशुभ परिणाम उत्पन्न होकर बंध होता है. इसी प्रकार भविष्यत्कालीन परिग्रहमेंभी ममत्व होता है. भविष्यत्कालमें मेरेको अमुक चीज मिलेगी ऐसे संकल्प मनमें उत्पन्न होकर शुभाशुभ परिणामोंसे कर्मबंध होता है. इसलिए त्रिकालसंबंधी संपूर्ण परिग्रहोंका तूं त्याग कर ऐसा क्षपकको आचार्य उपदेश करते हैं.

जावंति केइ संगा विराधया तिविहकालसंभूदा॥
तेहिं तिविहेण विरदो विमुत्तसंगो जह सरीरं॥ ११८०॥

यावन्तः केचन ग्रंथाः संभवन्ति विराधकाः॥
निर्मुक्तः सर्वथा तेभ्यः शरीरं मुंच निःस्पृहः॥ १२१८॥

विजयोदया—जावंति केइ संगा यावन्तः केचन परिग्रहाः। विराधगा विनाशकाः। कस्य? रत्नत्रयस्य।

तिविधकालसंभूदा कालत्रयप्रवृत्ताः । तेहिं तिविधेण विरदो विमुत्तसंगो तेभ्यो मनोवाक्कायैर्विरतः सन् विमुक्तसंगः । जह सरीरं त्यज शरीरं ।

ग्रंथा रत्नत्रयविनाशका इत्युद्देशान्ग्रंथान्निरस्य निःसंगः सन्संगं त्यजेति क्षपकमादिशति—

मूलारा—विराधया रत्नत्रयविनाशकाः । जह त्यज त्वं ॥

अर्थ—जो त्रिकालसंबंधी परिग्रह रत्नत्रयके विनाशक हैं उनसे हे क्षपक तूं मन, वचन और कायसे विरक्त होकर अर्थात् निष्परिग्रह होकर इस शरीरका त्याग कर.

एवं कदकरणिज्जो तिकालतिविहेण चेव सव्वत्थ ॥
आसं तण्हं संगं छिंद ममत्तिं च मुच्छं च ॥ ११८१ ॥
इत्थं कृतक्रियो मुंच विषयं सार्वकालिकम् ॥
तृष्णामाशां त्रिधा संगं ममत्वं त्यज सर्वदा ॥ १२१९

विजयोदया—एवं कदकरणिज्जो एवं कृतकरणीयः । यत्कर्तव्यमाराधनां वांछता आहारशरीरत्यागादिकं । स एवंभूतः । तिकाले वि कालत्रयेऽपि । तिविधेण त्रिविधेन । सव्वत्थ सर्वत्र सर्वविषयां सुखसाधनगोचरां । आसं आशां । तण्हं तृष्णां । संगं परिग्रहभूतां । छिंद ममत्तिं ममेदमिति संकल्पं छिंद्धि । मुच्छं मूर्च्छां मोहमिति यावत् ॥

इत्थं कृताराधनासिद्धसंगभूतसल्लेखनाहारशरीरत्यागादिकर्तव्यः सन्ननादिविभ्रमसंस्कारवशाद्विषयसुखेषु प्रादुर्भवदाशादिपंचकं निर्मूलयेति शिक्षासर्वस्वमाह —

मूलारा—सव्वत्थ सर्वेषु मनोज्ञस्पर्शनादिविषयेषु । आसं आशां । चिरमेते ईदृशा विषया ममोदितोदिता भूयासुरित्याशंसा । तण्हं तृष्णां । इमे मनागपि मत्तो मा विच्छिद्यंतां इति तीव्रं प्रबंधप्रवृत्त्यभिलाषं । संगं तन्मयीभावं । छिंद छिंद्धि त्वं । ममत्तिं ममेमे भोग्या अहमेषां भोक्तेति संकल्पं । मुच्छं मूर्च्छां मूढतां निश्चेतनतां । अन्ये पुनरित्थमर्थं कथयंति–सर्वत्र शरीरादावाशां । दृढतरं शरीरमद्यापि मे भविष्यतीत्याविर्बुद्धिं । तथा तृष्णां सर्वोपायेन रक्षणापेक्षां । तथा संगमासक्तिं । तथा ममतां ममेदमिति प्रतिबंधं । तथा मूर्च्छामत्रैव तिष्ठामीति आसक्तिबुद्धिं । भोः क्षपकराज ! निवारयेति ॥

अर्थ—आराधना की सिद्धीके अंगभूत कर्तव्य जिसने किये हैं अर्थात् शरीरसल्लेखना जिसने की है ऐसे

हे क्षपक मुने! तू तीनों कालमें मनवचन कायसे सर्व परिग्रहोंकी आशा और तृष्णाका त्याग कर. संग, ममत्व और मूर्च्छाका त्याग कर. चिरकालतक मेरेको सुख देनेवाले विषय उत्तरोत्तर अधिक प्रमाणसे मिले ऐसी इच्छा रखना उसको आशा कहते हैं. तृष्णा—ये सुखदायक पदार्थ कभी भी मेरेसे अलग न होवे ऐसी तीव्र अभिलाषाको तृष्णा कहते हैं. संग—परिग्रहोंमें अतिशय तन्मय होना. ममत्व-ये पदार्थ मेरे भोग्य हैं मैं इन का भोक्ता हूं ऐसा मनमें संकल्प करना. और मूर्च्छा अर्थात् मोहयुक्त बनना. हे क्षपक तू आशा, तृष्णा, संग, मूर्च्छा वगैरह अशुभ भावोंको छोड दे.

परिग्रहस्य त्यागजन्यसुखातिशयमिह जन्मनि प्राप्यं निर्दिशन्युत्तरगाथा—

सव्वगंथविमुक्को सीदीभूदो पसण्णचित्तो य ॥
जं पावइ पीयिसुहं ण चक्कवट्टी वि तं लहइ ॥ ११८२ ॥
सर्वग्रंथविनिर्मुक्तः प्रसन्नो निर्वृताशयः ॥
यत्प्रीतिसुखमाप्नोति तत्कृतअक्रवर्तिनः ॥ १२२० ॥

विजयोदया—सव्वगंथविमुक्को परित्यक्ताशेषबाह्याभ्यंतरग्रंथः । सीदीभूदो शीतीभूतः । पसण्णचित्तो य प्रसन्नचित्तः सन् । जं पावदि पीदिसुहं यत्प्राप्नोति प्रीत्यात्मकं सुखं । ण चक्कवट्टी वि तं लभदि चक्रवर्त्यपि तन्न लभेत ॥

बाह्याभ्यंतरपरिग्रहत्यागसमुद्भवं सुखातिशयमिह जन्मनि प्राप्यमुपदिशति—

मूलारा—सीदीभूदो संक्लेशचिंताव्याकुलत्वात्मकसंतापनिवर्तनाच्छैत्यं प्राप्तः । पीयिसुहं आनंदात्मकं सौख्यम् ॥

परिग्रहका त्याग करनेसे जो सुखातिशय इस जन्ममें प्राप्त होता है उसका आगेकी गाथामें उल्लेख करते हैं—

अर्थ—जिसने बाह्याभ्यंतर परिग्रहोंका त्याग किया है वह शीतीभूत होता है अर्थात् परिग्रह रहनेपर उसकी रक्षा करनेकी चिंता उत्पन्न होती है. व्याकुलता बढनेपर मन संतप्त होता है. परिग्रहका त्याग करनेसे संतापका नाश होता है. जिससे मुनिराज शीतावस्थाको प्राप्त होते हैं. उनका अन्तःकरण प्रसन्न होता है. अतः ऐसी अवस्थामें जो सुख उनको प्राप्त होता है वैसा चक्रवर्तीको भी प्राप्त नहीं होता है.

चक्रवर्तिसुखस्य स्वल्पतायाः कारणमाचष्टे—

रागविवागसतण्णादिगिद्धि अवतित्ति चक्कवट्टिसुहं ॥
णिस्संगणिव्वुइसुहस्स कहं अग्घइ अणंतभागं पि ॥ ११८३ ॥

गृध्न्याकांक्षाकारणं सेवते यच्चक्री सौख्यं रागपाकं वितृप्ति ॥
सौख्यस्येदं नास्तसंगस्य तुल्यं स्वस्थोऽस्वस्थैः सौख्यमाप्नोति कुत्र॥१२२१
दुःखान्यत्र भवंति सार्द्राणि पुण्यानि कर्माणि शुष्यन्ति चित्राणि संगे ॥
ऽगृहीतं यतः संयतस्यापि हेयस्ततः सर्वदासौ परिष्ठेन पुंसा ॥ १२२२ ॥

इति पंचमं व्रतम् ॥

विजयोदया—रागविवागसतण्हादिगिद्धि अवतित्ति चक्कवट्टिसुहं । रागो विपाकः फलमस्येति रागविपाकरूपं विषयसुखमासेव्यमानं रंजयति विषयेष्विति रागो विपाकः फलं सुखस्येत्युच्यते । सह तृष्णया वर्तते इति सतृष्णं, अतिशयेन गृद्धिं कांक्षां जनयति इति अतिगृद्धि । न विद्यते तृप्तिरस्मिन्नित्यवितृप्ति यदेवंभूतं चक्रवर्तिसुखं । णिस्संगणिव्वुदिसुखस्स निःसंगस्य यन्निर्वृतिसुखं तस्यानन्तभागमपि न प्राप्नोति ॥

कुतश्चक्रिसुखं निःसंगसुखादपकृष्यत इत्यारेकां निराकरोति ॥

मूलारा—रागविवाग विषयसुखमासेव्यमानं विषये पुरुषं रंजयतीति रागो विपाकःफलमस्येति रागविपाकं चक्रिसुखं । सतण्हा प्रागुक्तलक्षणतृष्णानुबंधि । अदिगिद्धी अतिशयेन गृद्धिराकांक्षा लांपट्यमस्मिन्निति अतिगृद्धि । अवितित्ति नास्ति विशेषेण पुनराकांक्षा निवृत्तिलक्षणेन तृप्तिः सौहित्यं, पुनर्नानुभवामि कदाचिदपीत्येवंविधपरिणतिरूपं यत्र तदवितृप्ति । यत इत्थंभूतं चक्रवर्तिसुखमत एतद्विलक्षणं निःसंगस्य यतेर्यन्निवृत्तौ संगत्यागे निर्द्वन्द्वतायां सुखं मुक्तात्मनामेव शर्म तस्य भागेपि अनंतांशमपि । कथमग्घेज्ज अर्घेत् प्राप्नुयात्तदिति संबंधः ॥ आकिंचन्यम् ॥

निष्परिग्रहतासे होनेवाले सुखसे चक्रवर्तीका सुख अल्प है, यह बताते हैं—

अर्थ—विषयसुखका उपभोग लेने से वह इंदिय-विषयोंमें आसक्ति करता है, इस वास्ते चक्रवर्तीका सुख रागभाव को उत्पन्न करने वाला है यह तृष्णाको बढाता है, इस सुखमें अतिशय लंपटताप्राप्ति होती है, बार बार भोगनेपर भी तृप्ति उत्पन्न होती ही नहीं, इसलिए परिग्रहका त्याग करनेपर रागद्वेषरहित यतीश्वरको जो सुख

प्राप्त होता है चक्रवर्तीका सुख उसके अनंत भागकी भी बरोबरी नहीं कर सकता है. इस तरह पांचों महा व्रतोंका वर्णन हुआ.

महाव्रतसंज्ञा अन्वर्था अहिंसादीनामिति दर्शयति—
पंचमहव्वय ॥

(साधेंति जं महत्थं आयरिदाइं च जं महल्लेहिं ॥
जं च महल्लाइं सयं महव्वदाइं हवे ताइं ॥ ११८४ ॥)

साधयन्ति महार्थं यन्महद्भिः सेवितानि यत् ॥
महान्ति यत्स्वयं सन्तो महाव्रतान्यतो विदुः ॥ १२२३ ॥

विजयोदया—साधेंति जं महत्थं साधयंति यस्मान्महाप्रयोजनं असंयमनिमित्तप्रत्यग्रकर्मकदंबकनिवारणं महत्प्रयोजनं संपादयंतीति महाव्रतानि । आयरिदाइं च जं महल्लेहिं यस्मादाचरितानि महद्भिः तस्मान्महाव्रतानि इति निरुक्तिः । जं च यस्मान्महल्लाणि स्वयं महांति ततो महाव्रतानि स्थूलसूक्ष्मभेदसकलाहिंसाविरूपतया वा महान्ति ॥

एवमहिंसादीनि व्रतानि पंचापि प्रपंच्य सांप्रतं तद्रक्षारात्रिभोजननिवृत्यादिलक्षणं गाथा पंचोत्तरशतेन व्याचिख्यासुः प्रथमं तेषां महाव्रतसंज्ञाया अन्वर्थतां समर्थयते—

मूलार्था— साधेन्ति संपादयन्ति । महत्थं असंयमनिमित्तप्रत्यग्रकर्मकदंबकनिवारणलक्षणं महाप्रयोजनं । महल्लेहिं तीर्थंकरादिभिः । महल्लाणि स्थूलसूक्ष्मविकल्पसकलहिंसादिविरतिरूपतया महांति विपुलानि । हवे भवंति । ताइं अहिंसादीनि हिंसादिविरतिरूपाणि शुद्धचिद्रूपाणि नो आगमभावव्रतापेक्षया चारित्रमोहस्य क्षयोपशमादुपशमात्क्षयाद्वा प्रवृत्ता जीवस्य हिंसादिपरिणामव्यावृत्तयो यावज्जीवं न हिनस्मि, नानृतं वदामि, नादत्तमादद्मे, न मैथुनं करोमि, न परिग्रहं गृह्णामीत्येवंभूताः परिणतय इति यावत् ॥

अहिंसादिक व्रतों की महाव्रत संज्ञा अन्वर्थक है ऐसा आचार्य कहते हैं—

(अर्थ—अहिंसादिकों को महाव्रत संज्ञा अन्वर्थक है. असंयमसे उत्पन्न होनेवाले नवीन कर्मसमूह का निवारण करना यह महाकार्य इन अहिंसादिकों से होता है अतः इनको महाव्रत कहते हैं. महापुरुषोंने इनका

आचरण किया था इस लिए भी इनको महाव्रत कहते हैं. अथवा ये स्वयं महान् हैं अर्थात् स्थूल और सूक्ष्म दोनो प्रकारके पंच पातकोंका त्याग ही इनका स्वरूप है इसलिए भी इनको महाव्रत कहते हैं. ७

तेसिं चेव वदाणं रक्खट्ठं रादिभोयणणियत्ती ॥
अट्ठप्पवयणमादाओ भावणाओ य सव्वाओ ॥ ११८५ ॥

रक्षणाय मता तेषां निवृत्ती रात्रिभुक्तितः ॥
राद्धांतमातरश्चाष्टौ सर्वाश्चापि च भावनाः ॥ १२२४ ॥

विजयोदया—तेसिं चेव वदाणं तेषामेवाहिंसादिव्रतानां । रक्खट्ठं रक्षणार्थं । रादिभोयणणियत्ती रात्रि भोजनान्निवृत्तिः । रात्रौ यदि भिक्षार्थं पर्यटति त्रसान्स्थावरांश्च हन्याद्दुरालोकत्वात् । न च दायकागमनमार्गं, तस्याश्रावस्थानदेशं, आत्मनो वा उच्छिष्टस्य वा निपातदेशं, दीयमानं वाहारं योग्यं न वेत्ति निरूपयितुमयं कथं समर्थः ? दिवापि दुःपरिहाराच्च जानाति स सूक्ष्मानयं कथं परिहरेत् कथुच्छकादिकं दायिकायाः भाजनं वा कथं शोधयति । पदविभागिकां वा एषणासमित्यालोचनां सम्यगपरीक्षितविषयां कुर्वतः कथं सत्यव्रतमवतिष्ठते ? सुप्तेन स्वामिभूतेनादत्तमप्याहारं गृह्णतोऽदत्तादानं स्यात् । क्वचिद्भाजने दिवैव स्थापितं, आत्मवासं भुंजानस्यापरिग्रहव्रतलोपः स्यात् रात्रिभोजनात्तु व्यावृत्तेः सकलानि व्रतान्यवतिष्ठंते संपूर्णानि । अट्ठप्पवयणमादाओ अष्टौ प्रवचनमातृकाश्च सद्व्रतपरिपालनायां । एवं पंच समितयः तिस्रो गुप्तयश्च प्रवचनमातृकाः । रत्नत्रयं प्रवचनं तस्य मातर इमाः । क उपमार्थः ? यथा माता पुत्राणां अपायपरिपालनोद्यता, एवं गुप्तिसमितयोऽपि व्रतानि पालयन्ति । भावणाओ य सव्वाओ भावनाश्च सर्वाः । वीर्यांतरायक्षयोपशमचारित्रमोहोपशमक्षयोपशमापेक्षेणात्मना भाव्यंतेऽसकृत्प्रवर्त्यंते इति भावनाः । अथ किमिदं व्रतं नाम ? यावज्जीवं न हिनस्मि, नानृतं वदामि, नादत्तमादद्मे, न मिथुनकर्म करोमि, न परिग्रहमादद्मे । इत्येवंभूत आत्मपरिणाम उत्पन्नः कथंचित्तथैव अवतिष्ठते उत विनश्यति वा ? । अवस्थानमनुभवविरुद्धं । जीवादिपरिज्ञाने तस्य श्रद्धाने वा प्रवृत्तस्य इत्थमुपयोगाभावात् । अथ विनश्यति ? परिणामान्तरोत्पत्तौ असति का रक्षा ? सतो ह्यपायपरिहारो रक्षा ततः किमुच्यते व्रतानां रक्षार्थं रात्रिभोजनविरतिरिति । यदा न हिनस्मीत्युपयोगो न तदा नानृतं वदामीत्येवमादयः संति परिणामाः । किं पुनः परिणामांतरं वाच्यम् । अत्रोच्यते—

नामादिविकल्पेन चतुर्विधानि व्रतानि । तत्र नामव्रतं कस्यचिद्व्रतमिति कृता संज्ञा । हिंसादिनिवृत्तिपरिणामयुक्त आत्मनः शरीरस्य वंधं प्रत्येकत्वात् आकारः सामायिके परिणतस्य सद्भावस्थापनाव्रतं । भाविव्रतस्वभावाहिज्ञानपरिणतिरात्मा भागमद्रव्यव्रतं । व्रतस्य शरीरं त्रिकालगोचरं, ज्ञायकशरीरव्रतं । चारित्रमोहस्य क्षयात्क्षयोपशमाद्वा यस्मिन्नात्मनि भविष्यंति विरतिपरिणामाः स भाविव्रतं । उपशमे क्षयोपशमे वावस्थितः चारित्रमोहो नो आगमद्रव्यव्यतिरिक्तं

कर्म व्रतं । न हिनस्मीत्यादिको ज्ञानोपयोगो भण्यते आगमभावव्रतमिति । नो आगमभावव्रतं नाम चारित्रमोहोपशमात् क्षयोपशमात् क्षयाद्वा प्रवृत्तो हिंसादिपरिणामाभावः अहिंसादिव्रतं । प्राणिनां वियोजने प्राणानां, असदभिधाने, अदत्तादाने, मिथुनकर्मविशेष; मूर्च्छायां चाऽपरिणतिरिति यावत् । तथा चोक्तं—' हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहेभ्यो विरतिर्व्रतमिति ' हिंसादयः क्रियाविशेषा आत्मनः परिणामास्तेभ्यो आत्मनो व्यावृत्तिर्हिंसादिष्वपरिणतिर्व्रतमिति सूत्रार्थः । हिंसादिव्यावृत्तत्वं नाम यद्रूपं जीवस्य व्रतसंज्ञितं तत्परिपाल्यते रात्रिभोजननिवृत्त्या प्रवचनमातृकाभिश्च । यस्मिन्नाऽसति तद्विनश्यति सति च न विनश्यति तत्तत्पालयति यथा दुर्गो राजानं । सत्यां रात्रिभोजननिवृत्तौ प्रवचनमातृकासु भावनासु वा सतीषु हिंसादिव्यावृत्तत्वं भवति । न तास्वसतीषु इति युक्तमुक्तं सूत्रकारेण ॥

कस्कस्तद्रक्षणार्थमुपाय इत्याह—

मूलारा—रक्खट्ठं अपायपरिहारलक्षणं रक्षणनिमित्तं । पवयणमादाओ प्रवचनमातरः । प्रवचनस्य रत्नत्रयस्य मातर इव पुत्राणां मातर इव सम्यग्दर्शनादीनां अपायनिवारणपरायणास्तिस्रो गुप्तयः, पंचसमितयश्च । अथवा प्रवचनस्य मुनेश्चारित्रमात्रस्योत्पादनरक्षणविशोधनविधानात्तास्तथा व्यपदिश्यते । तथा चावोचाम धर्मामृते-वृत्तं ॥

अहिंसां पंचात्मव्रतमथ यतांगं जनयितुं ।
सुवृत्तं त्रातुं तां विमलयितुमंवाः श्रुतविदः ।
विदुस्तिस्रो गुप्तीरपि च समितीः पंच नदिमाः ।
श्रयन्त्यष्टावष्टौ प्रवचनसवित्रीर्व्रतपरः ॥ १ ॥

भावणाओ वीर्यान्तरायचारित्रमोहक्षयोपशमाद्यपेक्षेणात्मना भाव्यंतेऽसकृत्प्रवर्त्यन्त इति भावना असकृत्प्रवृत्तयः । अभ्याससंस्कारा इति यावत् । सव्वाओ निःशल्यतामावनासंग्रहार्थमिदं । यस्मिन्नश्यति यद्विनश्यति सति च तिष्ठति तत्तत्परिपालयति । यथा दुर्गो राजानं । तिष्ठति च सति रात्रिभोजननिवृत्त्यादिपरिणामजाते जीवस्य हिंसादिव्यावृत्तं नाम नोआगमभावव्रतापरनामधेयं स्वरूपं न असतीति तत्परिपालयन्ति रात्रिभोजननिवृत्त्यादयः शुद्धचित्परिणतय इति निर्णयः । ननु च जीवाश्च हिनस्मि, इत्यादि परिणामो व्रतमित्युच्यते । स किमुत्पन्नः सन्विनश्यत्युत तथैवावतिष्ठते । न तावदवतिष्ठते अनुभवविरोधाज्जीवादितत्त्वज्ञाने तच्छ्रद्धाने चाप्रवृत्तस्यात्मनस्तथोपयोगप्रतीतेः । अथ विनश्यति परिणामान्तरोत्पत्तावसावितीष्यते तर्हि तस्यासतो मृतपुत्रवत्का रक्षा । सतो ह्यपायपरिहारो रक्षा । ततस्तेसिं चेवेत्यादि सूत्रं युक्तियुक्तमिव पश्यामः । अत्रोच्यते—यावज्जीविकहिंसादिव्यावृत्तिरूपपरिणतस्य अवस्थातुरात्मनः कथंचित्तथैवावस्थानस्य विवक्षितत्वान्नोक्तदोषोऽवकाशं लभते इति ॥

अर्थ—इन अहिंसादि व्रतोंके रक्षणार्थ रात्रिभोजन त्यागका उपदेश आचार्योंने किया है. यदि रात्रिमें भिक्षाके लिए मुनिपर्यटन करेंगे तो त्रस और स्थावर जीवोंका वध होगा. क्योंकि वे रातमें नहीं दीखते हैं. आहार देने वालेका आगमन मार्ग, आहारके पदार्थ रखने का स्थान, स्वयं जहां आहारके लिए खडे हुए हैं वह प्रदेश, जहां उच्छिष्ट अन्न गिरता है वह स्थान, दिया जाने वाला आहार ये सब योग्य हैं अथवा अयोग्य हैं इन का निरीक्षण रातमें करना शक्य नहीं है. दिनमें भी जीवोंका परिहार करना अशक्य है. फिर रात्रीमें उनका कैसा परिहार हो सकेगा. पळी चमचा अन्न परोसनेके साधन और अन्न रखनेके पात्र रातमें सोधना अशक्य है.

जिसके विषयोंका सम्यक् निरीक्षण हुआ ही नहीं ऐसी पदविभागिका आलोचना अथवा एषणा समिति आलोचना करनेवाले मुनीके सत्यव्रतका कैसे रक्षण होगा. दानका स्वामी सोया होगा तो उसने नही दिया हुआ आहार ग्रहण करनेसे अचौर्य व्रत नही टिक सकता है. किसी पात्रमें दिनमें स्थापन किया हुआ आहार वसतिकामें ले जाकर भोजन करनेसे अपरिग्रहव्रतका रक्षण कैसे होगा. रात्रिभोजनका त्याग करनेसे सर्व व्रत पूर्ण होते हैं. इन व्रतोंके रक्षणार्थ ही आठ प्रवचन माताओंका और सर्व भावनाओंका रक्षण करना चाहिये. तीन गुप्ति और पांच समितिओंको प्रवचनमाता कहते हैं. रत्नत्रयको प्रवचन कहते हैं. इस रत्नत्रयकी ये गुप्ति और समिति माता के समान है. जैसी माता पुत्रका अपाय से रक्षण करती है वैसे गुप्ति और समिति व्रतोंका रक्षण करती हैं. सर्व भावना भी व्रतोंका रक्षण करती हैं.

वीर्यान्तराय कर्मका क्षयोपशम, चारित्रमोहका उपशम अथवा क्षयोपशम इनसे युक्त ऐसे आत्माके द्वारा जो बारबार पाली जाती हैं उनको भावना कहते हैं.

व्रत किसको कहते हैं ? उत्तर—आमरण मैं हिंसा नहीं करूंगा, झूठ भाषण नहीं करूंगा, दूसरेने नहीं दी हुई वस्तु मैं ग्रहण नहीं करूंगा, मैथुन सेवन नहीं करूंगा और परिग्रहका स्वीकार नहीं करूंगा इस प्रकारका जो आत्मामें परिणाम उत्पन्न होता है. उसको व्रत कहते हैं.

शंका—यह आत्माका परिणाम कथंचित् वैसा ही रहता है अथवा नष्ट होता है ? यदि यह परिणाम आत्मामें स्थिर रहता है ऐसा कहोगे तो यह कहना अनुभवविरुद्ध है. क्यों कि जब आत्मा जीवादि पदार्थोंका स्वरूप जाननेमें उद्युक्त होता है अथवा श्रद्धान करनेमें अपने चित्तको लगाता है तब उपर्युक्त परिणाम आत्मामें

नहीं रहता है. यदि यह व्रतरूप परिणाम दूसरे परिणाम उत्पन्न होनेपर नष्ट होता है ऐसा कहोगे तो वह असद्रूप ठहरा, असत् द्रव्यका लक्षण कैसा कर सकते हैं. कोई पदार्थ सद्रूप होनेपर ही उसमें अपाय और परिहार हो सकते हैं. अतः व्रतोंके रक्षणार्थ रात्रिभोजन त्यागका वर्णन करना व्यर्थ है.

जब मैं प्राणीका घात नहीं करूंगा ऐसा परिणाम आत्मामें उत्पन्न होता है तब मैं असत्य नहीं बोलूंगा वगैरह परिणाम उत्पन्न नहीं हो सकते हैं, तब अन्य परिणामोंके विषयोंमें क्या कहना चाहिए.

उपर्युक्त शंकाका उत्तर आचार्य इस प्रकार देते हैं—

नामादिक विकल्पोंसे व्रतके चार प्रकार होते हैं. किसीका व्रत ऐसा नाम रखना यह नामव्रत कहलाता है.

स्थापना व्रत—हिंसा, असत्य, चोरी इत्यादि पापोंसे निवृत्तिरूप परिणाम जिसमें उत्पन्न हुए हैं ऐसा आत्मा और शरीर दोनो भी बंधकी अपेक्षासे एकरूप हुए हैं. अतः सामायिकमें परिणत हुए जीवके आकारमें व्रतोंकी स्थापना करके उसको स्थापना व्रत कह सकते हैं.

आगम द्रव्यव्रत—भविष्यकालमें आत्मामें व्रतके स्वरूपको ग्रहण करनेवाला अर्थात् जाननेवाला ज्ञान-परिणाम व्रतके स्वरूप जाननेमें अनुपयुक्त है. ऐसे ज्ञानपरिणत आत्माको आगम द्रव्यव्रत कहते हैं.

ज्ञायकशरीरव्रत—व्रतज्ञ आत्माका त्रिकालगोचर जो शरीर उसको ज्ञायकशरीरव्रत कहते हैं.

चारित्र मोह कर्मके क्षयसे, अथवा क्षयोपशमसे जिस आत्मामें विरक्तिरूप परिणाम उत्पन्न होगा वह आत्मा भावव्रत कहलाता है.

उपशममें अथवा क्षयोपशममें जो चारित्र मोहकर्म रहा है उसको नो आगम द्रव्य व्यतिरिक्तकर्म व्रत कहते हैं.

मैं हिंसा नहीं करूंगा, झूठ नहीं बोलूंगा इत्यादिरूप जो ज्ञानोपयोग उसको आगमभावव्रत कहते हैं.

चारित्र मोहनीय कर्मका उपशम, क्षय अथवा क्षयोपशम, होनेपर जो हिंसादि परिणामोंका अभाव होता है उसको अहिंसादि व्रत कहते हैं. इसको नो आगमभावव्रत कहते हैं.

प्राणिओंके प्राणोंका वियोग करनेमें प्रवृत्ति नहीं करना यह अहिंसाव्रत है. झूठ बोलनेमें, नहीं दी हुई वस्तु ग्रहण करनेमें, मैथुनमें, और ममत्वमें आत्माकी परिणति नहीं होना इनको क्रमसे सत्यव्रत, अचौर्यव्रत,

अब्रह्मवृत्त और परिग्रहत्यागव्रत कहते हैं. श्री उमास्वामी आचार्य 'हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहेभ्यो विरतिर्व्रतं' ऐसा व्रतका कथन करनेवाला सूत्र कहते हैं. ये हिंसादिक क्रियाविशेष आत्माके परिणाम हैं उनसे परावृत्त होना अर्थात् हिंसादिकोंमें परिणति न होना ही व्रत है ऐसा उपर्युक्त सूत्रका अभिप्राय है.

हिंसादिकोंसे परावृत्त होना इस प्रकारका जो आत्माका परिणाम है उसका रात्रिभोजन त्यागके द्वारा, प्रवचन मातांके द्वारा रक्षण होता है अर्थात् रात्रिभोजन त्याग और समिति गुप्ति ये अहिंसादि व्रतोंका रक्षण करते हैं. प्रवचन माता और रात्रिभोजन त्यागके अभावमें व्रत नष्ट होते हैं और इनके सद्भावमें व्रतोंका रक्षण होता है. जिसके अभावमें जिसका नाश होता है और जिसके सद्भावमें जो नष्ट नहीं होता है तो समझना चाहिए कि वह उसका रक्षण करता है. जैसे दुर्गके अभावमें राजाका नाश होता है और उसके सद्भावमें रक्षण होता है. वैसे रात्रिभोजन त्याग, प्रवचनमाता व भावना इनके सद्भावमें हिंसादिकोंसे आत्मा परावृत्त होता है. और इनके अभावमें परावृत्त नहीं होता है इसलिए इनको आचार्यने व्रतरक्षणार्थ माना है वह योग्य ही है.

तेसिं पंचण्हं पि य अहयाणमावज्जणं व संका वा ॥
आदविवत्ती य हवे रादीभत्तप्पसंगम्मि ॥ ११८६ ॥

हिंसादीनां मुनेः प्राप्तिः पंचानां सह शंकया ॥
विपत्तिर्जायते स्वस्य रात्रिभुक्तेस्तथा स्फुटम् ॥ १२२५ ॥

विजयोदया—तेसिं पंचण्हं पि य अहयाणमावज्जणं तेषां पंचानां हिंसादीनां प्राप्तिः । संका वा शंका वा मम हिंसादयः संवृत्ता न वेति । हवे भवेत् । रादीभत्तप्पसंगम्मि रात्रावाहाराप्रसंगे सति न केवलं हिंसादिषु परिणतिः । विवत्ती य हविज्ज आत्मनश्च यतेः स्वस्यापि विपद्भवेत् । स्थाणुसर्पकंटकादिभिः ॥

रात्रिभोजने मुनेर्दोषानाह—

मूलारा—अण्हयाणं हिंसादीनां । आवज्जणं प्राप्तिः । संका मम हिंसादयः किं संवृत्ता न वेति शंका । आयविवत्ती आत्मविपत् । रात्रौ भिक्षार्थं पर्यटतो यतेः सर्पकंटकादिभिरुपसर्गश्च भवेत । पसंगम्मि प्रवृत्तौ सत्याम् । उक्तं च—

प्राप्तिः शंका च पंचानां हिंसादीनां यतेर्भवेत् ॥
रात्रिभोजनसद्भावे स्वविपत्तिश्च जायते ॥

अन्ये तु अण्हयाणं व्रतानां । आवज्जणं सर्वथाविनाश इति व्याख्यांति । तथा चोक्तम्—

तेषां पंचानामपि महाव्रतानां विनाशने शंका ॥
आत्मविपत्तिश्च भवेद्विभावरीभक्तसंगेन ॥

रात्रिभोजनप्रवृत्तौ हिंसादयः कथमिति चेदुच्यते । रात्रौ भिक्षार्थं पर्यटन्प्राणिनस्त्रसान्स्थावरांश्च हिनस्ति । तेषां तमस्यदृश्यत्वात् ॥ न च दायकागमनमार्गं, तस्य स्वस्य च अवस्थानदेशं, भोजनभाजनादिस्थापनस्थानं, उच्छिष्टस्य वा निपातदेशं, दीयमानं चाहारं, योग्यमयोग्यं वेति निरूपयितुं पारयति ध्वांतप्रतिबद्धदृष्टित्वात् ॥ प्रदीपेऽपि प्रबोधितेऽतिसूक्ष्मत्रसानां निरूपणा न स्यात् । पतंगादिघातप्रसंगश्च स्यादिति रात्रौ भुंजानः कथमहिंसव्रतमनुपालयेत् । तथा रात्रौ भुक्त्वा पदविभागिकामेषणासमित्यालोचनां सम्यगपरीक्षितविषयां कुर्वतः । कथमिव सत्यव्रतमवतिष्ठेत् । तथा सुप्तस्य स्वामिभूतस्याहारमन्येन दत्तं रात्रौ तदबुद्धया गृह्णतोऽदत्तादानमपि कथं न स्यात् । तथा विद्विष्टगोत्रिणो वैरिणो वा निःशंकिता रात्रौ मार्गादौ अघचर्यं नाशयन्ति । कामांधाः स्वैरिण्यो वा हठादभिसारयन्त्यः । तथा दिवानीतं निजवसतौ स्वपात्रे स्थापितं आहारं रात्रौ भुंजानः संयतः किमिति न स्यात् । ततो महाव्रतसंपूर्णतामिच्छन्रात्रिभोजनविरमणं षष्ठमणुव्रतमनुतिष्ठेदेव । अणुव्रतत्वं चास्य दिवा भोजनस्यापि करणात् । यदाहुः—छट्ठे अणुव्वदे राइभोयणादो वेरमणमिति । तथा चावोचाम धर्मसूत्रे ॥

पंचैतानि महाफलानि महतां मान्यानि विश्वविरत्यात्मानीति महांति नक्तमशनोज्झाणुव्रतान्याणि ये ॥
प्राणित्राणमुखप्रवृत्त्युपरमानुक्रान्तिपूर्णीभवत्साम्याः शुद्धदृशो व्रतानि सकलीकुर्वन्ति निर्वान्ति ते ॥

स्वामिनिर्देशद्वारेण गुप्तीः समितीश्च लक्षयति—

अण्हयदारोपरमणदरस्स गुत्तीओ होन्ति तिण्णेव ॥
चेट्ठिदुकामस्स पुणो समिदीओ पंच दिट्ठाओ ॥ ११८६ ॥

मूलारा—अण्हयदारोपरमणदरस्स आस्रवद्वारनिरोधासक्तस्य । चेट्ठिदुकामस्स गमनवचनादिकं कर्तुं प्रवृत्तस्य ।

उक्तं च—

भवंति गुप्तयस्तिस्रो योगनिग्रहलक्षणाः ॥

सम्यक्प्रवृत्तयः पंच सतां समितयो मताः ।

एतां श्री विजयो नेच्छति ॥

अर्थ–रात्रिमें आहारप्रसंग होनेपर हिंसादिक पांच पापोंकी उत्पत्ति होती है. अथवा शंका उत्पन्न होती है. अर्थात् रात्रिभोजन करनेसे हिंसादिक पाप उत्पन्न होते हैं या नहीं ऐसा संशय उत्पन्न होता है. रात्रिभोजन करनेसे हिंसादिक पाप ही उत्पन्न होते हैं ऐसा नहीं किंतु इससे यतीका नाश भी होता है. दृंठ, सर्प, कंटक इत्यादिकसे यतिका घात भी होगा. यति यदि रात्रिमें आहार करनेके लिए श्रावकके घर जायेंगे तो सर्पादिकोंसे उनके प्राण नष्ट होनेकी संभावना है.

प्रवचनमातृकाव्याख्यानायोत्तरप्रबंधस्तत्र मनोगुप्तिं वाग्गुप्तिं व्याख्यातुमायातोत्तरगाथा—

अ रागादिणियत्ती मणस्स जाणाहि तं मणोगुत्तिं ॥
अलियादिणियत्ती वा मोणं वा होइ वचिगुत्ती ॥ ११८७ ॥

मनसो दोषविश्लेषो मनोगुप्तिरितीष्यते ॥
वाग्गुप्तिश्चाप्यलीकादेर्निवृत्तिर्मौनमेव च ॥ १२२६ ॥

विजयोदया—जा रागादिणियत्ती मणस्स जाणाहि तं मणोगुत्तिं । या रागद्वेषाभ्यां निवृत्तिर्मनसस्तां जानीहि मनोगुप्तिं । अत्रेदं परीक्ष्यते । मनसो गुप्तिरिति यदुच्यते किं प्रवृत्तस्य मनसो गुप्तिरथाप्रवृत्तस्य ? प्रवृत्तं चेदं शुभं मन तस्य का रक्षा । अप्रवृत्तं तथापि असतः का रक्षा ? सतोऽप्यपायपरिहारोपयुक्तेत्युच्यते ? किं च मनःशब्देन किमुच्यते द्रव्यमन उत भावमनः ? द्रव्यवर्गणामनश्चेत् तस्य कोऽपायो नाम यस्य परिहारो रक्षा स्यात् ? किं च द्रव्यांतरेण तेन रक्षितेनास्य जीवस्य फलं य आत्मनः परिणामोऽशुभमावहति । ततोऽयुक्ता रक्षात्मनः । अथ नो इंद्रियमतिज्ञानावरणक्षयोपशमसंजातं ज्ञानं मन इति गृह्यते तस्य अपायः कः ? यदि विनाशः स न परिहर्तुं शक्यते यतोऽनुभवसिद्धो विनाशः । अन्यथा एकस्मिन्नेव ज्ञाने प्रवृत्तिरात्मनः स्यात् । ज्ञानानीह वीक्षय इत्यालापतमुत्पद्यंते न चास्ति तदविनाशोपायः । अपि च इंद्रियमतिरपि रागादिव्यावृत्तिरिष्टैव किमुच्यते रागादिणियत्ती मणस्स इति ॥

अत्र प्रतिविधीयते—नो इंद्रियमतिरिह मनःशब्देनोच्यते । सा रागादिपरिणामैः सह एककालं आत्मनि प्रवर्तते । न हि विषयावग्रहादिज्ञानमंतरेणास्ति रागद्वेषयोः प्रवृत्तिः, अनुभवसिद्धैवास्ति नापरा युक्तिः अनुगम्यते । वस्तुतत्त्वानुयायिना मानसेन ज्ञानेन समं रागद्वेषौ न वर्तेते इत्येतदप्यात्मसाक्षिकमेव । तेन मनसस्तत्त्वावग्राहिणो रागादिभिरसह

चारिता या सा मनोगुप्तिः । मनोग्रहणं ज्ञानोपलक्षणं तेन सर्वो बोधो निरस्तरागद्वेषकलंको मनोगुप्तिरन्यथा इंद्रियमतेः श्रुते, अवधौ, मनःपर्यये वा परिणममानस्य न मनोगुप्तिः स्यात् । इष्यते च । अथवा मनःशब्देन मनुते य आत्मा स एव भण्यते तस्य रागादिभ्यो या निवृत्तिः रागद्वेषरूपेण या अपरिणतिः सा मनोगुप्तिरित्युच्यते । अथैवं वृथे सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः दृष्टफलमनपेक्ष्य योगस्य वीर्यपरिणामस्य निग्रहो रागादिकार्यकरणनिरोधो मनोगुप्तिः । अलिंगादिणियत्ती वा मोणं वा होइ वचिगुत्ती विपरीतार्थप्रतिपत्तिहेतुत्वात्परदुःखोत्पत्तिनिमित्तत्वाच्चाधर्माद्या व्यावृत्तिः सा वाग्गुप्तिः । ननु च वाचः पुद्गलत्वात् विपरीतार्थप्रतिपत्तिहेतुत्वादिभ्यो व्यावृत्तिहेतुर्वाचो धर्मो न चासौ संवरणे हेतुरनात्मपरिणामत्वात् । शब्दादिवत् । एवं तर्हि व्यलीकात्यन्तवादात्मप्रशंसापरात् परानिंदाप्रवृत्तात्परोपद्रवनिमित्ताच्च वचसो व्यावृत्तिरात्मनस्तथाभूतस्य वचसोऽप्रवर्तिका वाग्गुप्तिः । यां वाचं प्रवर्तयन् अशुभं कर्म स्वीकरोत्यात्मा तस्या वाच इह ग्रहणं वाग्गुप्तिस्तेन वाग्विशेषस्यानुत्पादकता वाचः परिहारो वाग्गुप्तिः । मौनं वा सकलाया वाचो या परिहृतिः सा वाग्गुप्तिः । अयोग्यवचनेऽप्रवृत्तिः अपेक्षापूर्वकारितया योग्यं तु वक्ति वा न वा ॥ भाषासमितिस्तु योग्यवचसः कर्त्री तता महान्भेदो गुप्तिसमित्योः । मौनं वाग्गुप्तिरत्र स्फुटतरो वचोभेदः । योग्यस्य वचसः प्रवर्तकता । वाचः कस्याश्चित्तवनुत्पादकतेति॥

मनोगुप्तिं वाग्गुप्तिं च लक्षयति—

मूलारा—मणस्स नो इंद्रियज्ञानलक्षणस्य मनसस्तत्त्वावग्राहिणो । जा रागादिणियत्ती रागद्वेषादिभिरात्मपरिणामैरसङ्करिता सा मनोगुप्तिः । मनसि हि चक्षुरादिकरणै रूपादिविषयान्भोग्याभोग्यरूपतया गृह्णति सत्यात्मनो रागद्वेषौ प्रवर्तेते । उपेक्षणीयरूपतया तु तैस्तान्स्वीकुर्वाणे तत्प्रवृत्तिरेव तथा प्रतीतेः ॥

तदर्थानिन्द्रियैर्गृह्णन्मुह्यति द्वेष्टि रज्यते ॥
ततो बद्धो भ्रमत्येवं मोहव्यूहगतः पुमान् ॥
अविद्याभ्यासंसंस्कारैरवशं क्षिप्यते मनः ॥
तदेव ज्ञानसंस्कारैः स्वतस्तत्त्वेऽवतिष्ठते ॥

इत्यागमसद्भावाच्च । मनोग्रहणं ज्ञानोपलक्षणं । तेन सर्वो बोधो । निरस्तरागादिकलंको मनोगुप्तिः स्यादन्यथा इंद्रियमतौ, श्रुतेऽवधौ मनः पर्यये वा परिणममानस्य न मनोगुप्तिः स्यात् । अथवा मनुते विचारयति हेयमुपादेयं च तत्त्वं योऽयमात्मात्र मनः शब्देनोच्यते । तस्य रागादिरूपेण अपरिणतिर्मनोगुप्तिरिति भावः । एवं च सति सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिरित्यपि न विरुद्ध्येत । दृष्टफलमनपेक्ष्य हि योगस्य वीर्यपरिणामस्य निग्रहो रागादिकार्यकरणनिरोधो जीवस्य नार्थांतरं तद्द्रव्यनिरेकात् ।

पुग्गलविवाइदेहोदयेण मणवयणकायजुत्तस्स ॥
जीवस्स जा हु सत्ती कम्मागमकारणं जोगो ॥

इति वचनाच्च योगशब्देनात्र वीर्यमुच्यते ॥ अलिंगादिणियत्ति विपरीतार्थप्रतिपत्तिहेतुत्वात्परदुःखोत्पत्तिनिमित्तत्वाच्चाधर्मोऽयं। वाचो व्याहृत्तिः सा वाग्गुप्तिः तथाविधवाक्शब्दोत्तिनिमित्तवीर्यरूपेणापरिणतिरात्मन इत्यर्थः । मोणं सकलवाक्प्रवृत्तिनिमित्तवीर्यनिरोधो जीवस्य । अयोग्यवचो न वदत्येव, प्रेक्षापूर्वकारितया योग्यं तु वक्ति न वेति प्रथमा वाग्गुप्तिर्भाषासमितिस्तु योग्यवचसः कर्तृत्वेऽपि नयोर्नाविशेषः शंक्यः । मौनपक्षे तु शंकानवकाश एव ॥

प्रवचनमाताओंका व्याख्यान आचार्य सविस्तर करते हैं. प्रथमतः मनोगुप्ति और वाग्गुप्तिका लक्षण कहते हैं—

अर्थ–रागद्वेषसे मन परावृत्त होना यह मनोगुप्तिका लक्षण है. असत्य भाषणादिकसे निवृत्त होना अथवा मौन धारण करना यह वचनगुप्तिका लक्षण है.

शंका––प्रवृत्त हुये मनकी गुप्ति होती है अथवा रागद्वेषमें अप्रवृत्त मनकी गुप्ति होती है ? यदि मन शुभ कार्यमें प्रवृत्त हुआ है तो उसका रक्षण करनेकी क्या आवश्यकता है. और यदि किसी कार्यमें वह प्रवृत्त ही नहीं है और वह यदि असद्रूप है तो उसके रक्षणकी जरूरत ही क्या है ? जो चीज स्वयं सद्रूप होगी तो उसमें अपाय होनेकी संभावना रहती है अतः उसको अपायसे बचाना योग्य होगा. असत्का न नाश होता है और न रक्षण होता है.

और भी हम आपको पूछते हैं कि, मन शब्दका आप क्या अर्थ करते हैं. मन शब्दका द्रव्यमन ऐसा अर्थ होता है या भावमन ऐसा अर्थ आप मानते हैं ?

द्रव्य वर्गणासे बना हुआ जो उसको ही हम मन कहते हैं ऐसा यदि कहोगे तो उसका अपाय क्या चीज है जिससे तुम उसको बचना चाहते हैं ? अथवा अन्य पदार्थ के द्वारा उसका रक्षण करनेसे भी कौनसी फल-निष्पत्ति होगी ? क्या आत्माके परिणाम अशुभ फल उत्पन्न करेंगे ? अर्थात् द्रव्यांतरके सहायसे आत्मामें अशुभ परिणाम उत्पन्न नहीं होते हैं. इसवास्ते आत्माका अपायसे रक्षण करना व्यर्थ है.

नो इंद्रियमतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे जो मतिज्ञान उत्पन्न होता है उसको मन कहते हैं ऐसा यदि

आप कहते हैं तो उस मनका अपाय क्या चीज है ? नाश होना ही अपाय है ऐसा कहोगे तो इस नाशका परिहार करना शक्य ही नहीं है. क्योंकि प्रत्येक वस्तुका नाशपर्याय होता ही है. यदि मनका नाश नहीं होता है ऐसा मानोगे तो आत्माकी एक ही ज्ञानमें हमेशा प्रवृत्ति रहेगी. परंतु समुद्रमें जैसे हमेशा अनेक लहरें उत्पन्न होती हैं वैसे आत्मामें हमेशा अनेक ज्ञान उत्पन्न होते हैं. उनका अविनाश होनेका अर्थात् वे स्थिर रहनेका जगतमें कोई उपाय नहीं है. इंद्रियसे उत्पन्न होनेवाला ज्ञान रागादिकोंसे युक्त ही रहता है. अत एव रागादिकोंसे व्यावृत्त होना यह मनोगुप्तिका लक्षण है ऐसा समझना अयोग्य है.

उपर्युक्त शंकाका आचार्य उत्तर देते हैं:— नो इंद्रियमतिको हम मन कहते हैं अर्थात् नो इंद्रियावरण कर्मका क्षयोपशम होनेसे जो जो ज्ञान मनमें उत्पन्न होते हैं उसको हम मन कहते हैं. यह नो इंद्रियमति रागादि परिणामोंके साथ एक कालमें आत्मामें रहती है. विषयोंमें जब अवग्रह, ईहादिज्ञान होते हैं तब रागद्वेषकी भी साथ प्रवृत्ति होती है. यह सबको अनुभवमें आता है. इसकी सिद्धि करनेके लिये अन्य युक्तिकी आवश्यकता नहीं है. परंतु जब वस्तुके यथार्थ स्वरूपका मन विचार करता है तब मानसिक ज्ञानके साथ रागद्वेष नहीं रहते हैं. यह भी अनुभव सिद्ध है. जब मन वस्तुके यथार्थ स्वरूपको जानते समय रागद्वेषसे रहित होता है तब मनोगुप्ति आत्मा में है ऐसा समझा जाता है. अर्थात् जो जो ज्ञान रागद्वेषसे रहित होगा वह वह मनोगुप्ति ही है. ऐसा समझना अयोग्य न होगा. मनोगुप्ति इस शब्दमें मन शब्द उपलक्षणात्मक है. अर्थात् रागद्वेषरूपी कलंकसे रहित सर्व प्रकारके ज्ञानोंको मनोगुप्ति कह सकते हैं. अन्यथा इंद्रियज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, और मनःपर्ययज्ञानमें परिणत और राग द्वेषरहित आत्माको मनोगुप्तिका अभाव है ऐसा मानना पडेगा. परंतु उपर्युक्त रागद्वेषरहित ज्ञानपरिणत आत्मामें भी मनोगुप्ति है आगममें ऐसा माना है.

अथवा ' मनुते य आत्मा स एव मनो भण्यते ' अर्थात् जो आत्मा विचार करता है उनको मन कहना चाहिये. ऐसा आत्मा जब रागद्वेष परिणामसे परिणत होता नहीं तब उसको मनोगुप्ति कहनेमें हर्ज नहीं है.

अथवा ' सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः ' यह गुप्तिका लक्षण है. दृष्ट फल—कीर्ति, आदर इत्यादिक दृष्टफलकी अपेक्षाके विना वीर्यपरिणामरूप जो योग उसका निरोध करना अर्थात् रागादि कार्योंको योग कारण है. उसका निरोध करनेसे मनोगुप्ति होती है. तात्पर्य यह है कि मनोयोगसे जीवमें रागद्वेषादिक परिणाम उत्पन्न होते हैं.

कीर्ति, लोकादर, स्वर्गादिसुख वगैरहकी इच्छा धारण न करते हुए मनोयोगको केवल आत्मकल्याणकी भावनासे रोकना अर्थात् रागद्वेषादि कार्योंकी मनोयोगसे उत्पत्ति न होने देना इसको भी मनोगुप्ति कहते हैं.

वाग्गुप्तीका स्वरूप—' अलियादिवचोगुत्ती, मोणं वा होइ वचिगुत्ती ' जो विपरीत अर्थका ज्ञान करनेमें हेतु होगा, जो दूसरोंको दुःख उत्पन्न करनेमें निमित्त होगा. जिससे अधर्म वृद्धि होगी ऐसे भाषणसे परावृत्त होना यह वचनगुप्ति है.

शंका—वचन पुद्गलमय हैं और वे विपरीतार्थका ज्ञान करानेमें हेतु हैं. किसी पदार्थसे आत्माको हटानेमें वचन समर्थ है. परंतु कर्मका संवर करनेमें शब्द अर्थात् वचन समर्थ नहीं है. क्यों कि वे आत्माका परिणाम अर्थात् धर्म नहीं है. शब्दादिक आत्मधर्म नहीं है.

स्थलीक—असत्य, कठोर, आत्मप्रशंसायुक्त, परनिंदा करनेवाला, जिससे परप्राणिओंको उपद्रव होत है ऐसे भाषणसे आत्मा परावृत्त होना यह वाग्गुप्ति है अर्थात् वाग्गुप्ति उपर्युक्त भाषणोंमें आत्माको प्रवृत्त नहीं करती है. जिस भाषणमें प्रवृत्ति करनेवाला आत्मा अशुभ कर्मको स्वीकार करता है ऐसे भाषणसे परावृत्त होना वाग्गुप्ति है. अर्थात् विशिष्ट वचनका आत्मा त्याग करता है उसीको वाग्गुप्ति कहना चाहिये. अथवा संपूर्ण प्रकारके वचनोंका त्याग करना अर्थात् मौन धारण करना इसको भी वाग्गुप्ति कहते हैं. जो आत्मा अयोग्य वचनमें प्रवृत्ति नहीं करता है परंतु विचारपूर्वक योग्य भाषण बोलता है अथवा नहीं भी यह उसकी वाग्गुप्ति है. परंतु योग्य भाषण बोलना यह भाषा समिति है इस प्रकार गुप्ति और समितिमें अंतर है. मौन धारण करना यह वाग्गुप्ति है. योग्य भाषणमें प्रवृत्ति करना समिति है और गुप्तिमें किसी भाषाको अर्थात् वचनको उत्पन्न न करना यह गुप्ति है ऐसा इन दोनों में स्पष्ट भेद है.

कायकिरियाणियत्ती काउस्सग्गो सरीरगे गुत्ती ॥
हिंसादिणियत्ती वा सरीरगुत्ती हवदि दिट्ठा ॥ ११८८ ॥
कायक्रियानिवृत्तिर्वा देहनिर्ममतापि वा ॥
हिंसादिभ्यो निवृत्तिर्वा वपुषो गुप्तिरिष्यते ॥ १२२८ ॥

विजयोदया—कायकिरियाणियत्ती कायस्यौदारिकादेः शरीरस्य या क्रिया तस्या निवृत्तिः शरीरे गुप्ती शरीरविषया गुप्तिः कायगुप्तिरिति यावत् । आसनस्थानशयनादीनां क्रियात्वात् सा चात्मनः प्रवर्तकत्वात् कथमात्मना कार्या क्रियाभ्यो व्यावृत्तिः । अथ मतं, कायस्य पर्यायः क्रिया, कायाच्चार्थान्तरमात्मा ततो द्रव्यान्तरपर्यायात् द्रव्यांतरं तत्परिणामशून्यं तथाऽपरिणतं व्यावृत्तं भवतीति कायक्रियानिवृत्तिरात्मनो भण्यते । सर्वेषामेवात्मनामित्थं कायगुप्तिः स्यात् न चेष्येति ।

अत्रोच्यते—कायस्य संबन्धिनी क्रिया कायशब्देनोच्यते । तस्याः कारणभूतात्मनः क्रिया कायक्रिया तस्या निवृत्तिः । काउस्सग्गो कायोत्सर्गः शरीरस्याशुचितामसारतामापत्तिमित्तां चावेत्य तद्गतममत्वपरिहारः कायगुप्तिः । अन्यथा शरीरमायुःशृंखलायबद्धं त्यक्तुं न शक्यते इत्यसंभवः कायोत्सर्गस्य । धातूनामनेकार्थत्वात् गुप्तिर्निवृत्तिवचनं इहेति सूत्रकारानिष्टोऽन्यथा ' कायकिरियाणियत्ती सरीरगे गुत्ती ' इति कथं ब्रूयात् । कायोत्सर्गग्रहणे निश्चलता भण्यते । यद्येवं कायकिरियाणियत्ती इति न वक्तव्यं, कायोत्सर्गः कायगुप्तिरित्येतदेव वाच्यं इति चेत् न कायविषयं ममेदंभावरहितत्वमपेक्ष्य कायोत्सर्गस्य प्रवृत्तेः । धावनगमनलंघनादिक्रियासु प्रवृत्तस्यापि कायगुप्तिः स्यान्न चेष्यते । अथ कायक्रियानिवृत्तिरित्येतावदुच्यते मूर्च्छापरिगतस्यापि अपरिस्पंदता विद्यते इति कायगुप्तिः स्यात् । तत उभयोपादानं व्यभिचारनिवृत्तये । कर्मादाननिमित्तसकलकायक्रियानिवृत्तिः कायगोचरममतात्यागपरा वा कायगुप्तिरिति सूत्रार्थः । हिंसादिणियत्ती वा सरीरगुत्ती हवदि दिट्ठा हिंसादिनिवृत्तौ वा शरीरगुप्तिरिति दृष्टा जिनागमे, प्राणिप्राणवियोजनं, अदत्तादानं, मिथुनकर्म शरीरेण, परिग्रहादानमित्यादिका या विशिष्टा क्रिया सेह कायशब्देनोच्यते । कायिकोपकृतेर्गुप्तिर्व्यावृत्तिः कायगुप्तिरिति व्याख्यातं सूरिणा ॥

कायगुप्तिं द्विधा लक्षयति —

मूलारा—कायकिरियाणियत्ती कायस्य औदारिकादिशरीरस्य संबन्धिनी क्रिया परिणामः । उपकरणग्रहणनिक्षेपण गमनादिकर्मलक्षणा कायक्रिया । अत्र पुनः सत्कारणभूता जीवस्य क्रिया तच्छब्देन गृह्यते कार्ये कारणोपचारात । तेन कायक्रियायां कारणभूतायाः क्रियायाः सकाशादात्मनो निवृत्तिर्व्यावृत्तिः कायक्रियानिवृत्तिरात्मनः कायपरिस्पंदनिमित्तस्वपरिस्पंदाप्रवर्तकेनेत्यर्थः ॥

काउस्सग्गो शरीरस्याशुचितामसारतामापत्तिमित्तां च भावयतस्तद्गतममत्वपरिहारः । कर्मादाननिमित्तसकलकायक्रियानिवृत्तिः । कायगोचरममतात्यागपुरोगा कायगुप्तिरित्युभयं तल्लक्षणं । यदि हि कायक्रियानिवृत्तिरित्येवोच्यते तदा मूर्च्छावस्थायां कायपरिस्पंदाभावात्कायगुप्तिरनिष्टानुषज्येत । अथ कायोत्सर्गः कायगुप्तिरित्येवोच्येत तदापि कायविषयममेदंभावरहितस्य गमनादिक्रियाप्रवृत्तस्यापि कायगुप्तिरनिष्टा प्रसज्येत इति व्यभिचारनिवृत्त्यर्थमुभयोपादानं ॥ सरीरगे

शरीरविषया । हिंसादिणियत्ती प्राणिप्राणव्यपरोपणादत्तग्रहणमिथुनकर्मविशेषकरणोपकरणादिपरिग्रहग्रहणादिकायक्रिया व्यावृत्तिः ॥ सरीरगुत्ति शरीरमत्र सक्रिया तेन शरीराच्छरीरक्रियायामुन्निर्निवृत्तिः शरीरगुप्तिरिति स्थितम् ॥

अर्थ—औदारिकादि शरीर की जो क्रिया होती रहती है उससे निवृत्त होना यह कायगुप्तिका लक्षण है. अथवा हिंसा, चोरी वगैरह पापक्रियासे पराङ्मुख होना इसको भी कायगुप्ति कहते हैं.

शंका—बैठना, खडे रहना, शयन करना वगैरहको क्रिया कहते हैं. ये क्रिया आत्माके द्वारा होती हैं अतः आत्मा इन क्रियाओंका प्रवर्तक होनेसे वह इन क्रियाओंसे कैसे पराङ्मुख हो सकता है ? अब इसके ऊपर यदि आप ऐसा कहोगे आसनादिक क्रिया शरीरकी पर्याये हैं. आत्मा तो शरीरसे अन्य भिन्न वस्तु है. अर्थात् शरीरकी क्रियासे आत्मामें कुछ परिणति होती नहीं इसवास्ते शरीरकी क्रियाका आत्मामें त्याग होनेसे आत्मा शरीरक्रियासे पराङ्मुख है ही अतः कायक्रियासे आत्मा निवृत्त होनेसे आत्माकी कायगुप्ति है ऐसा कह सकते हैं. परंतु यह आपका कहना अनुचित है. अतः कायगुप्तिका स्वरूप माननेसे संपूर्ण आत्मामें कायगुप्ति मानना पडेगी.

उत्तर—शरीरसंबंधिनी जो क्रिया होती है उसको 'काय' कहना चाहिये. इस क्रियाको कारणभूत जो आत्माकी क्रिया होती है उसको कायक्रिया कहना चाहिये. ऐसी क्रियासे निवृत्ति होना यह कायगुप्ति है.

कायोत्सर्गको भी कायगुप्ति कहते हैं शरीर अपवित्र है, असार है. आपत्तिका कारण है ऐसा विचार कर उस ममताका त्याग करना भी कायगुप्ति है अर्थात् शरीरपरसे ममत्वभावको हटाना भी कायगुप्ति है. शरीरका त्याग करना इसको कायगुप्ति नहीं कहना चाहिये. क्यों कि शरीर आयुकी शृंखलासे जकडा है उसका त्याग करना शक्य नहीं है. अतः इसकी अपेक्षासे कायगुप्ति मानेंगे तो कायोत्सर्गका अभावही होगा.

धातूके अनेक अर्थ होते हैं इसलिये यहां गुप्ति शब्दका निवृत्ति ऐसा अर्थ लेना चाहिये ऐसा सूत्रकारका अभिप्राय है. अन्यथा 'कायकिरियाणिवत्ती सरीरगे गुत्ती' ऐसा वचन सूत्रकार कभी न कहते.

कायोत्सर्ग ग्रहणमें जो शरीर की निश्चलता होती है उसको कायगुप्ति कहते हैं ऐसा यदि कहोगे तो 'कायकिरियाणिवत्ती शरीरगे गुत्ती' ऐसा कहना व्यर्थ है. 'कायोत्सर्गः कायगुप्तिः' इतनाही गुप्तीका लक्षण कहना योग्य था ऐसी शंका करना भी योग्य नहीं है. क्योंकि शरीर विषयक ममत्व रहितपनाकी अपेक्षासे कायोत्सर्गकी प्रवृत्ति होती है. यदि इतनाही अर्थ कायगुप्तिका माना जायगा तो भागना, एकस्थानसे अन्य स्थानके

प्रति जाना, कूदना वगैरह क्रियाओंमें प्रवृत्त हुए प्राणिको भी कायगुप्ति है ऐसा मानना पडेगा परन्तु ऐसा माना नहीं जाता है.

यदि 'कायक्रियानिवृत्तिः' अर्थात् शरीरकी क्रियाका त्याग करना कायगुप्ति है इतनाही लक्षण मानोगे तो मूर्च्छित होकर जो मनुष्य पडा है उसको भी कायगुप्ति है ऐसा मानना पडेगा. इस वास्ते व्यभिचार निवृत्तिके लिए कायोत्सर्ग को कायगुप्ति मानना चाहिए और शरीर की क्रियानिवृत्ती को भी कायगुप्ति कहना चाहिए. इस विवेचनका अभिप्राय इस प्रकार समझना चाहिए--कर्मग्रहण जिनसे होता है ऐसी संपूर्ण शरीर क्रियाओंका त्याग करना इसको कायगुप्ति कहते हैं तथा शरीरविषयक ममताका त्याग करना इसको भी काय-गुप्ति कहते हैं. ऐसा इस गाथासूत्रका अभिप्राय है.

हिंसादिकोंका त्याग करना भी कायगुप्ति है ऐसा जिनागममें कहा है प्राणिओंके प्राणोंका वध करना, न दी हुई चीज लेना अर्थात् चोरी करना, मैथुन क्रिया करना, शरीरसे परिग्रहोंका ग्रहण करना, इत्यादिक जो विशिष्ट क्रियायें उनका यहां काय शब्दसे संग्रह करना चाहिये. कायिक क्रियाओंसे आत्माका संरक्षण करना कायगुप्ति है ऐसा आचार्यमहाराजने व्याख्यान किया है.

छेत्तस्स वदी णयरस्स खाइया अहव होइ पायारो ॥
तह पावस्स णिरोहो ताओ गुत्तीओ साहुस्स ॥ ११८९ ॥

पुरस्य खातिका यद्वत्क्षेत्रस्य च यथा वृतिः ॥
तथा पापस्य संरोधे साधूनां गुप्तयो मताः ॥ १२२९ ॥

विजयोदया—छेत्तस्स वदी क्षेत्रस्य वृतिः । नगरस्य खातिका अथवा प्राकारो भवति नगरस्य । तथा पावस्स णिरोधो पापस्य निरोधोऽपायः । ताओ गुत्तीओ ता गुप्तयः साधोः ॥

गुप्तीनां पापनिरोधोपायतां द्रढयति—

मूलारा—पावस्स णिरोधो यथा क्षेत्रादेर्मृगचोरादिपापहेतुनिरोधे वृत्यादय उपायास्तथा पापनिवारणे मुने गुप्तय इत्यर्थः ।

अर्थ—खेतका संरक्षण उसके आसमंतात् जो बाड लगाई जाती है वह करती है. नगरका संरक्षण खाई व तट करते हैं तथा ये तीन गुप्तियां साधुका पापसे रक्षण करती है. पापोंका निरोध करनेमें अर्थात् संवर करनेमें ये उपाय हैं.

तह्मा तिविहेण तुमं मणवचिकायप्पओगजोगम्मि ॥
होहि सुसमाहिदमदी णिरंतरं ज्झाणसज्झाए ॥ ११९० ॥
तस्मान्मनोवचःकायप्रयोगेषु समाहितः ॥
भव त्वं सर्वदा जातस्वाध्यायध्यानसंगतिः ॥ १२३० ॥

विजयोदया—तह्मा तिविधेण मणवचिकायप्पओगजोगम्मि मनोवाक्कायविषयप्रकृष्टे योगे । तुमं त्वं । सुसमाहिदमदी होहि सुष्ठु समाहितमतिर्भव । कथं ? णिरंतरं ज्झाणसज्झाए निरंतरप्रवृत्तध्यानस्वाध्यायः ध्यानस्वाध्यायाभ्यांतरेण गुप्तयो नावतिष्ठन्त इति भावः ॥

एवं तिस्रोऽपि गुप्तीः प्ररूप्य तत्र क्षपकं सुसमाहितं कर्तुं क्षेममुपायमाह—

मूलारा—तम्हा यस्माद्धेतोः पापनिरोधोपायास्तस्मात्त्रिविधेऽपि मनोवाक्कायविषये प्रकृष्टे योगे व्यापारे सुसमाहितमतिर्भव त्वं । कथंभूतः सन् ? णिरंतरं ज्झाणसज्झाए संततं ध्याने स्वाध्याये वा प्रवर्तमानः सन् । ध्यानस्वाध्यायाभ्यां विना गुप्तयो नावतिष्ठन्ते इति भावः ॥ उक्तं च—

तस्मान्मनोवचःकायप्रयोगे सुसमाहितः ॥
भव त्वं सर्वदा जातस्वाध्यायध्यानसंगतिः ॥

अर्थ—ये तीनो गुप्तियां पापका संवर करनेमें कारण हैं इसलिये मन, वचन और शरीरकी प्रवृत्तिओंमें हे क्षपक ! तुमको हमेशा सावधान रहना चाहिये. और हमेशा ध्यान और स्वाध्यायमें तत्पर रहना चाहिये. ध्यान और स्वाध्यायमें तत्पर रहनेसे गुप्तिओंका संरक्षण होता है. जो ध्यान और स्वाध्यायमें अपनेको तत्पर नहीं करता है उस क्षपककी गुप्तियां स्थिर नहीं रह सकेंगी.

समितिव्याख्यानायोत्तरग्रंथसूत्रेर्यासमितिनिरूपणार्थोत्तरा गाथा—

मग्गुज्जोदुपओगालंबणसुद्धीहिं इरियदो मुणिणो ॥
सुत्ताणुवीचि भणिदा इरियासमिदी पवयणम्मि ॥ ११२१ ॥

मार्गोद्योतोपयोगानामालंबस्य च शुद्धिभिः ॥
गच्छतः सूत्रमार्गेण मतेर्यासमितिर्यतेः ॥ १२३१ ॥

विजयोदया—मग्गुज्जोदुपओगालंबणसुद्धीहिं मार्गशुद्धिः, उद्योतशुद्धिरुपयोगशुद्धिरालंबनशुद्धिरिति चतस्रः शुद्धयस्ताभिः करणभूताभिः । इरियदो गच्छतः । मुणिणो मुनेः । सुत्ताणुवीचि सूत्रानुसारेण । भणिदा कथिता । इरियासमिदी ईर्यासमितिः । पवयणम्मि प्रवचने । तत्र मार्गस्य शुद्धिर्नाम अप्रचुरपिपीलिकादित्रसता, बीजांकुरतृणहरितपलाशकर्दमादिरहितता ॥ स्फुटतरता व्यापिता च उद्योतशुद्धिः । निशाकरनक्षत्रादीनामस्फुटः प्रकाशः, अव्यापी प्रदीपादिप्रकाशः । पादोद्धारनिक्षेपदेशजीवपरिहरणावहितचेतस्ता उपयोगशुद्धिः । गुरुतीर्थयतिवंदनादिकमपूर्वशास्त्रार्थ ग्रहणं, संयतप्रयोग्यक्षेत्रमार्गेण, वैयावृत्यकरणं, अनियतावासस्वाध्यसंपादने श्रमपराजयं, नानादेशभाषाशिक्षणं, विनेयजनप्रतिबोधनं चेति प्रयोजनापेक्षया आलंबनशुद्धिः । किं तत् सूत्रानुसारिगमनं, अद्रुतं, नातिविलंबितं, पुरो युगमात्र दर्शनप्रवृत्ति, अविक्षिप्तचरणन्यासं, भयविस्मयाद्यंतरेण सलीलमनल्पोत्क्षेपं, परिहृतलंघनधावनप्रविलंबितभुजं, निर्विकारं, अचपलमसंभ्रान्तमनूर्ध्वतिर्यक्प्रेक्षणं, हस्तमात्रपरिहृततरुणतृणपल्लवं, अकृतपशुपक्षिमृगोद्वेजनं, विरुद्धयोनिसंक्रमणजातबाधाव्युदासाय कृतासकृत्प्रतिलेखनं, अप्रतिसारितप्रतिमार्गयायिसंघट्टनं । दुष्टधेनुबलीवर्दसारमेयादिपरिहृति चतुरं, परिहृतबुसतुषमषीभस्माङ्गोमयतृणनिचयजलोपलफलकं, दूरीकृतचोरीकलहं, अनारूढसंक्रमं निरूपयतो यतेरीर्यासमितिः ॥

समितीर्व्याकरिष्यन्नादौ ईर्यासमितिं निर्दिशति—

मूलारा—मग्गुज्जोदुपओगालंबणसुद्धीहिं मार्गोद्योतोपयोगालंबनशुद्धिभिश्चतसृभिः करणभूताभिः । इरियदो गच्छतः । सुत्ताणुवीचि सूत्रस्यानुसारेण । तत्र मार्गस्य शुद्धिः पिपीलिकादित्रसालप्यत्वं, बीजांकुरतृणहरितपत्रजलकर्दमादिरहितत्वं, स्फुटतरत्वं, व्यापित्वं च । उद्योतशुद्धिः स्पष्टप्रसृतत्वं, रविकरप्रकाशस्य ॥ उपयोगशुद्धिः—पादोद्धारनिक्षेपदेशवर्तिप्राणिपरिहरणप्रणिधानपरायणत्वं । आलंबनशुद्धिर्गुरुतीर्थचैत्ययतिवंदनादिकमपूर्वशास्त्रार्थग्रहणं, संयमयोग्यक्षेत्रमार्गेण, वैयावृत्यकरणं, अनियताश्रयस्वाध्यसंपादनं, श्रमजयो, नानादेशभाषाशिक्षणं, विनेयजनप्रतिबोधनमेवमादिमार्गाविरोधिप्रयोजनापेक्षा । सूत्रानुवीचिगमनं तु नातिद्रुतविलंबितं, पुरो युगमात्रदर्शनप्रवृत्तिकं, अदूरचरणन्यासं, निर्भयविस्मयमसलीलमनल्पोत्क्षेपं,

परिहृतलंघनधावनादिक्रियं, प्रविलंबितभुजं, निर्विकारमचपलं, असंभ्रान्तं, अनूर्ध्वतिर्यक्प्रेक्षणं, हस्तमात्रपरिहृततरुणतृणपल्लवं, अकृतपशुपक्षिमृगोद्वेजनं, विरुद्धयोनिसंक्रमभाविजीवबाधापरिहारायासकृत्प्रतिलेखनं, वर्जितसम्मुखागच्छज्जनसंघट्टं, दुष्टधेनुवृषभसारमेयादिपरिहारचतुरं, परिहृतबुसतुषमसीभस्मार्द्रगोमयतृणनिचयजलोपलफलकं, दूरीकृतचोरीकलहं, अनाकुलसंक्रमं चेति ॥

समितिका व्याख्यान आचार्य करते हैं. प्रथमतः ईर्यासमितीका निरूपण करते हैं—

अर्थ—मार्गशुद्धि, उद्योतशुद्धि, उपयोगशुद्धि, और आलंबनशुद्धि ऐसी चार शुद्धिओंका आश्रय करके गमन करनेवाले मुनिकी सूत्रानुसार ईर्यासमिति पाली जाती है ऐसा आगममें कहा है.

मार्गकी शुद्धि—चींटी वगैरे त्रसजीव तथा बीज, अंकुर, तृण, हरे हरे पत्र, और कीचड वगैरहसे रहित जो मार्ग है वह शुद्धमार्ग माना जाता है.

उद्योतशुद्धि—प्रकाशमें अर्थात् सूर्य प्रकाशमें अधिक स्पष्टपना, और व्यापकता होना उद्योतशुद्धि है. चंद्र और नक्षत्रोंका प्रकाश अस्पष्ट रहता है. प्रदीपक वगैरहका प्रकाश अव्यापक अर्थात् थोडीसी जगह घेरता है.

उपयोगशुद्धि—पांव उठाकर जिस स्थानपर रखना हो उस स्थानपर जीव जंतु हैं या नहीं इसका विचार कर पांव रखना चाहिए यह उपयोग शुद्धि है.

आलंबनशुद्धि—गुरुवंदना, तीर्थवंदना, चैत्यवंदना और यतिवंदनादिकोंका कारण, तथा अपूर्व शास्त्रार्थका ग्रहण, संयमके योग्य क्षेत्रको ढूंढना, वैयावृत्य करना, अनियत स्थानमें रहना, स्वास्थ्यका संपादन करना, श्रमको दूर करना, अनेक देशोंकी भाषाओंका अध्ययन करना, भव्योंको उपदेश देना इत्यादि कार्योंकी अपेक्षासे एक स्थानसे दूसरे स्थानपर जाना इसको आलंबनशुद्धि कहते हैं.

आचार—शास्त्रमें वर्णन किये प्रकारसे गमन करना चाहिये. अर्थात् वेगसे गमन नहीं करना, अतिशय मंद भी गमन नहीं करना चाहिये, आगे चार हाथ जमीन देखकर गमन करना चाहिये. दूर अंतर पर पांव नहीं रखने चाहिये. भीति और विस्मय का त्यागकर चलना चाहिये. इधर उधर न देखकर गमन करना चाहिये. कूदना, भागना ये क्रिया छोडकर और बाहु नीचे छोडकर जाना चाहिये. निर्विकार, चपलता रहित, ऊपर तथा इधर उधर न देखकर, जाना चाहिये. तृण, पल्लवादिकसे एक हाथ दूर रहकर गमन करना चाहिये. पशु, पक्षी और मृगोंको

तकलीफ न होगी इस प्रकारसे गमन करना चाहिये. विरुद्ध उत्पत्ति स्थानोंमें प्रवेश करते समय वहांके त्रसजीवों को अपने शरीरसे बाधा न हो इसलिये बार बार प्रतिलेखनसे अर्थात् पिछिकासे शरीर स्वच्छ करना चाहिये. मार्गमें चलते समय अपने शरीरको इतरोंका धक्का न लगे इस तरहसे चलना चाहिये. दुष्ट गौ, बैल, कुत्ता, इत्यादि प्राणिओंका परिहार करके गमन करना चाहिये. धान्यका भूसा, शालीधान्यके छिलके, कज्जल, भस्म, गीला गोबर, तणका ढेर, पानी, पत्थर, फलक इनका परिहार करके गमन करना चाहिये. चोर, कलह इत्यादिकसे दूर रहकर गमन करना योग्य है. जाते समय अपने पावोंसे कोई चीजका अथवा प्राणीका आपसमें प्रवेश न हो इस प्रकारसे गमन करना यह सुनिधि ईर्यासमिति है.

भाषासमितिनिरूपणार्थोत्तरगाथा—

सच्चं असच्चमोसं अलियादीदोसवज्जमणवज्जं ॥
वदमाणस्सणुवीची भासासमिदी हवदि सुद्धा ॥ ११९२ ॥
व्यलीकादिविनिर्मुक्तं सत्यासत्यमृषाद्वयम् ॥
वदतः सूत्रमार्गेण भाषासमितिरिष्यते ॥ १२३२ ॥

विजयोदया—चतुर्विधा वाक्—सत्या, मृषा, सत्यसहिता मृषा, असत्यमृषा चेति । सतां हिता सत्या । न सत्या न च मृषा या सा असच्चमोसा । द्विप्रकारां वाचमित्यर्थभूतां । अलिगादिदोसवज्जं व्यलीकता अर्थाभावः, पारुष्यं, पैशुन्यमित्यादिदोषरहितं । अणवज्जं पापास्रवो न भवति इत्यनर्थं । वदमाणस्स व्याहरतः । अणुवीची सूत्रानुसारेण भासासमिदी सुद्धा हवदि भाषासमितिः शुद्धा भवति ॥

भाषासमितिं व्याकरोति—

मूलारा—सच्चं सत्यं । जनपदादिभेदादशविधं । व्रतसत्याद्धर्मसत्याच्च कोऽस्य भेद इति चेत् ब्रूमः । श्लोकः—

असत्यविरतौ सत्यं सत्स्वसत्स्वपि यन्मतम् ॥
वाक्समित्यां मितं तद्धि धर्मे सत्स्वेव बह्वपि ॥ १ ॥

असच्चमोसं असत्यमृषा । न सत्यं नाप्यसत्यमित्यर्थः । अलिगादीदोसवज्जं । असत्यता, असत्यासत्यता, पारुष्यं, पैशुन्यमित्यादिदोषरहितं । अणवज्जं हिंसादिपापास्रवरहितं । अणुवीचि सूत्रानुसारेण ॥

अर्थ—वचनके चार प्रकार हैं. सत्यवचन, मृषावचन-असत्यवचन, सत्यासत्यवचन और असत्यासत्य वचन. सत्पुरुषोंका हित करनेवाला वचन सत्यवचन है. जो सत्य ही नहीं और असत्य ही नहीं ऐसे वचनको असत्यमृषा अर्थात् असत्यासत्य वचन कहते हैं. साधु अर्थात् यतिगण उपर्युक्त दो प्रकारके भाषण बोलते हैं. इन दो प्रकारोंके वचनोंमें असत्यपना, व्यर्थपना, कठोरता, निंदा वगैरे दोषोंका अभाव रहता है. ऐसे वचनोंसे पाप कर्मका आगमन होता नहीं. मुनिगण सूत्रानुसार निर्दोष भाषण करते हैं. इसको भाषासमिति कहते हैं.

सत्यवचनभेदं निरूपयति—

जणवदसंमदिठवणा णामे रूवे पडुच्चववहारे ॥
संभावणववहारे भावेणोपम्मसच्चेण ॥ ११९३ ॥
देशसम्मतिनिक्षेपनामरूपप्रतीतिता ॥
संभावनोपमाने च व्यवहारे भाव इत्यपि ॥ १२३३ ॥

विजयोदया—जणवदसंमदि नानाजनपदप्रसिद्धा सुसंकेतानुविधायिनी वाणी जनपदसत्यं । गच्छति इति गौः, गर्जतीति गज इत्येवमादिका अवयवार्थानुगमाभावेऽपि विवक्षितार्थप्रवृत्तिनिमित्तभूता । सम्मदिशब्देन संस्थानाभ्युपगम उच्यते । गजेन्द्रो नरेन्द्र इत्यादिकाः शब्दाः शुभलक्षणयोगात् केषांचित् स्वतो लक्षणत्वादीश्वरत्वेनाभ्युपगममाश्रित्य कचिद्राजे मानवे वा प्रयुज्यमानाः सम्मतिसत्यशब्देनोच्यंते । अर्हन्निंद्रः स्कंदः इत्येवमादयः सद्भावासद्भावस्थापनाविषया स्थापनासत्यं । अरिहननं, रजोहननं, ईदनं इत्येवमादीनां क्रियाणां तत्राभावाद्व्यलीकता नाशंकनीया आकारमात्रे परमार्थत्वात्सर्वभावानां । तस्य च स्थापनायां वस्त्वास्तित्वाद्बुद्धिपरिग्रहेण वा सद्भावात् । इंद्रादि संज्ञा स्वप्रवृत्ति निमित्तजातिगुणक्रियाद्रव्यनिरपेक्षा तच्छब्दाभिधेयसंबंधपरिणतिमात्रेण वस्तुनः प्रवृत्ता नामसत्यं । रूपग्रहणं उपलक्षणं प्रवृत्तिनिमित्तानां नीलमुत्पलं, धवलो हि मृगस्तास्ताल्लन इत्येवमादिकं रूपसत्यं । संबंधांतरापेक्षाभिधानं च वस्तुस्वरूपालंबने दीर्घो ह्रस्व इत्येवमादिकं प्रतीत्यसत्यं । वस्तुनि तथाऽप्रवृत्तेऽपि तथाभूतकार्ययोग्यतादर्शनात् संभावनया वृत्तं संभावनासत्यं । अपि दोर्भ्यां समुद्रं तरेत् । शिरसा पर्वतं भिद्यात् इत्यादि ॥ वर्तमानकाले स परिणामो यद्यपि नास्ति तथाप्यतीतानागतपरिणामान्प्रति इदमेव द्रव्यमिति कृत्वा प्रवृत्तानि वचांसि ओदनं पच, कटं कुर्वित्येवमादीनि व्यवहारसत्यं । अहिंसालक्षणो भावः पाल्यते येन वचसा तद्भावसत्यं निरीक्ष्य स्वप्रयत्नाचारो भवेत्येवमादिकं । पल्योपमसागरोपमादिकमुपमा सत्यम् ॥

किं तज्जनपदादिभेदादशधा सत्यमित्याह—

मूलारा—जणपदेत्यादि—जनपदसत्यं नानादेशप्रसिद्धवचनं । यथा कूरो, चारो, ओदनमिति । सम्मतिसत्यं यथा राजा नरोऽपि देवो भण्यते । तद्भार्या देवीति सर्वैस्तथाभ्युपगमात् । अथवा गजेन्द्रो नरेन्द्र इत्यादिकाः शब्दाः शुभलक्षणयोगात्केषांचित् स्वतो लक्षणानां ईश्वरत्वेनाभ्युपगममात्रेण कस्मिंश्चिद्वा ज्ञानवे वा प्रयुज्यमानाः सम्मतिसत्यशब्देनोच्यन्ते । स्थापनासत्यं यथा पाषाणप्रतिमादिष्वियं चक्रेश्वरी, अयमर्हन् इति तदिदमिति बुद्धिपरिग्रहेण सद्भावात् । नामसत्यं इंद्रादिसंज्ञा । स्वप्रवृत्तिनिमित्तजातिगुणक्रियाद्रव्यनिरपेक्षा तच्छब्दाभिधेयत्वपरिणतिमात्रेण वस्तुनः प्रवृत्ता यथा मनुष्यमात्रेऽपि अयमिंद्रोऽकमीश्वर इत्यादि ॥ रूपसत्यं नानारूपत्वेपि कस्यचिद्रूपस्य प्रकर्षमपेक्ष्य प्रयुज्यमानं वचनं यथा नीलमुत्पलं, श्वेता बलाकेति ॥ प्रतीत्यसत्यं संबंध्यंतरापेक्षाभिव्यंग्यवस्तुस्वरूपाख्यानं दीर्घो ह्रस्व इत्येवमादि । लघ्वंगुली, बृहदंगुली इत्यादि ॥ संभवनासत्यं यथा वस्तुनि तथा प्रवृत्तेऽपि तथाभूतकार्ययोग्यतादर्शनात्प्रवृत्तं यथा—अपि दोर्भ्यां समुद्रं तरेदेवदत्तः । चारित्रसारे पुनरस्य स्थाने संयोजनासत्यं दृश्यते यथा—धूपचूर्णवासनानुलेपनप्रकर्षादिषु पद्ममकरहंससर्वतोभद्रस्वस्तिकव्यूहादिषु वा चेतनेतरद्रव्याणां यथाभागविधानसन्निवेशाविर्भावकं यद्वचस्तत्संयोजनासत्यम् । भाविभूतपरिणामापेक्षया प्रवृत्तं यथा सिद्धेऽप्योदने लोकव्यवहारानुसरणात्तंडुलान्पचेति वाच्ये ओदनं पचेत्यादिवचनं ॥ भावसत्यं छद्मस्थज्ञानस्य द्रव्ययाथात्म्यादर्शनेऽपि संयतस्य संयतासंयतस्य वा स्वगुणपरिपालनार्थं प्रासुकमिदमप्रासुकमिदमित्यादिवचनं । निरीक्षस्व, प्रवताचारी भवेत्येवमादिकं वा । अहिंसालक्षणभावपालनांगत्वात् । औपम्यसत्यं यथा चंद्रमुखी कन्या, समुद्रवत्तडागमित्यादि ॥

सत्य वचनके भेद कहते हैं—

(अर्थ—जनपदसत्य, सम्मतिसत्य, स्थापनासत्य, नामसत्य, रूपसत्य, प्रतीतिसत्य, संभावनासत्य, व्यवहारसत्य, भावसत्य और उपमासत्य ऐसे सत्यके दस भेद हैं. इनके विशेष स्वरूपका विवेचन—)

१ जपनदसत्य—अनेक देशोंमें प्रसिद्ध संकेतका अनुकरण करनेवाला जो वचन उसको जनपदसत्य कहते हैं. जैसे ' गच्छतीति गौः ' ' गर्जतीति गजः ' अर्थात् जो जाता है उसको गौ कहते हैं अर्थात् बैलको गौ कहना चाहिए. गौ शब्दका संकेत बैल नामक पदार्थमें है. जो गर्जना करता है उसको गज अर्थात् हाथी कहना चाहिए. गजशब्दका संकेत हाथीमें प्रसिद्ध है. यद्यपि यहां निरुक्तीमें प्रतिपादित अर्थका वस्तुमें अनुसरण नहीं दीखता है तथापि ये शब्द विवक्षित पदार्थोंमें प्रवृत्ति करानेमें निमित्त होते हैं.

२ सम्मतिसत्य–सम्मति शब्दसे आकृतिका ग्रहण होता है. गजेंद्र, नरेंद्र इत्यादिक शब्द शुभ लक्षणके द्योतक हैं. कोई पदार्थ स्वतः शुभ लक्षणसंपन्न दीखते हैं अतः उसमें स्वतः ईश्वरपना–संपन्नपना दृष्टिगोचर होता है. उसके ईश्वरपनाका आधार लेकर अन्य गज–हाथी अथवा मनुष्यमें उसका प्रयोग करते हैं ऐसे शब्दको सम्मति सत्य कहते हैं. जैसे गजकी विशालता देखकर उसको गजेंद्र कहना. किसी मनुष्यमें राजाके समान संपन्नता देखकर उसको सब लोक नरेंद्र कहते हैं. राजा, राव, राणा वगैरह शब्द सम्मतिसत्य हैं.

स्थापना सत्य–अर्हन्, इंद्र और स्कंद वगैरह शब्द सद्भाव असद्भाव स्थापनाके विषय है. इनको स्थापना सत्य कहते हैं. अरिहनन मोहनीयकर्मका नाश होना, रजोहनन ज्ञानावरण और दर्शनावरणका नाश होना इत्यादिक क्रिया अर्हन्तमें रहती हैं अतः उसमें असत्यपनाका संशय लेना योग्य नहीं है. अर्हन्तके समान प्रतिमाका आकार रहता है अतः अर्हन्तकी उसमें स्थापना करते हैं. ऐसा आकार रखकर मूल पदार्थोंकी उसमें स्थापना करते हैं. अथवा वैसे पदार्थ देखकर उसमें यह वह वस्तु है ऐसी बुद्धि उत्पन्न होती ही है. यह स्थापना सत्य समझना चाहिए.

नाम सत्य—जाति, द्रव्य, गुण, क्रिया इनकी अपेक्षाके बिना ही शब्दका पदार्थ के साथ संबंध कर देना वह नाम सत्य है. जैसे जीवनक्रिया अचेतन पदार्थ में न रहत हुए भी उसको जीव कहना. किसी पदार्थका इंद्र वगैरह नाम रखते समय इंद्रकी देवत्व जाति, परमैश्वर्य संपन्नता वगैरह गुणोंका विचार न करके व्यवहार के लिए इंद्र ऐसा नाम रखना.

रूपसत्य—रूपशब्द प्रवृत्ति निमित्तका उपलक्षण है. जैसे कमलमें नीलगुणका प्रकर्ष देखकर उसको नीलकमल कहना. चंद्रमें सफेदपनाकी अधिकता देखकर उसको धवल कहना इत्यादिक उदाहरण रूपसत्यके समझ लेने चाहिये.

प्रतीतिसत्य—किसी अन्य संबंधी पदार्थकी अपेक्षासे वस्तुस्वरूपका निर्णय करके वैसा कहना जैसा दीर्घ वस्तुको देखकर दुसरी वस्तु ह्रस्व कहना वगैरह.

संभावना सत्य—वस्तुका वैसी प्रवृत्ति नहीं होते हुये भी वैसी प्रवृत्ति करनेकी उस पदार्थमें योग्यता है यह जान कर वैसी कल्पना करना जैसे यह अदमी अपनी दो भुजाओंसे समुद्रको तीर सकेगा ऐसा कहना यह

यह संभावना सत्य है. यह मनुष्य मस्तकसे पर्वतका भेद न करेगा वगैरह इस सत्यके उदाहरण हैं.

व्यवहारसत्य—वर्तमानकालमें पदार्थका वह परिणाम नहीं है तथापि भूतकालमें वह परिणमन था अथवा भविष्यत्कालमें वह उत्पन्न होगा तथापि वही यह पदार्थ है ऐसा समझकर जो वचनप्रवृत्त होते हैं उनको व्यवहार सत्य कहते हैं. जैसे भात पकाओ, चटाई बनाओ इत्यादि.

भावसत्य—अहिंसालक्षणात्मक परिणामका जिस वचनसे रक्षण होता है उसको भावसत्य कहते हैं. जैसे जीवोंको देखकर यत्नाकारपूर्वक प्रवृत्ति करो ऐसा उपदेश देना. उपमासत्य—जैसे पल्योपम है, सागरोपम है यह उपमा सत्य है.

मृषादिवचनत्रयलक्षणं कथयन्ति—

तव्विवरीदं मोसं तं उभयं जत्थ सच्चमोसं तं ॥
तव्विवरीया भासा असच्चमोसा हवे दिट्ठा ॥ ११९४ ॥

विजयोदया—तव्विवरीदं सत्यविपरीतं । मोसं मृषा 'असदभिधानमनृतं' इति वचनात् । मिथ्याज्ञानमिथ्यादर्शनयोरसंयमस्य वा निमित्तं वचनमसदभिधानं अप्रशस्तं तत्सत्यविपरीतं । तं उभयं तत्सत्यमनृतं च उभयं जत्थ यस्मिन् वाक्ये । तं तद्वाक्यं । सच्चमोसं सत्यमृषेत्युच्यते । तव्विवरीदा भासा सत्यादनृतान्मिश्रा च पृथग्भूता भासा भाषा वचनं असच्चमोसा असत्यमृषेति । हवे भवेत् । दिट्ठा इष्टा पूर्वागमेषु । एकांतेन न सत्या नापि मृषा नोभयमिश्रा किंतु जात्यंतरं यथा वस्तु नैकांतेन नित्यं नापि अनित्यं नापि सर्वथा एकांतयोः समुच्चयः किंतु कथंचिद्रूपान्नित्यानित्यात्मकं । एवमियं भारती ॥

असत्यादिवचनत्रयलक्षणार्थमाह—

मूलारा—तव्विवरीदं मोसं मिथ्याज्ञानासंयमादिनिमित्तत्वात्सत्यविपरीतमृषा । तं उभयं सत्यमृषाद्वयं । जत्थ यस्मिन्वचने । सच्चमोसं सत्यानृतं यथा सर्वं दत्तं, सर्वं श्रुतं, सर्वं भुक्तं । अथवा घृतशर्कराभिश्रं गोक्षीरं शोभनं स्यादिति ज्वरितेन पृष्टे सति शोभनमिति वचस्तस्य माधुर्यादिप्रशस्यगुणापेक्षया सत्यत्वाज्ज्वरवृद्धिनिमित्तत्वापेक्षया च मृषात्वात् । तव्विवरीदा सत्यादसत्यान्मिश्राच्च पृथग्भूता असच्चमोसा एकान्तेन न सत्या, नापि मृषा, नोभयमिश्रिता किंतु जात्यंतरं । यथा वस्तु नैकान्तेन नित्यं, नाप्यनित्यं नापि सर्वथैकान्तयोः समुच्चयः किंतु कथंचिद्रूपान्नित्यानित्यात्मकमेव । नवधा चैषा ॥

असत्यादि तीन वचनोंका लक्षण कहते हैं–

अर्थ—उपर्युक्त सत्य भाषणके विरुद्ध जो भाषण उसको असत्य भाषण कहते हैं. 'असदभिधानमनृतं' प्रमादसे प्राणिओंको पीडा होगी ऐसा भाषण बोलना वह असत्यभाषण है ऐसा सूत्रकार कहते हैं. अथवा जिस भाषणसे मिथ्याज्ञान, मिथ्यादर्शन और असंयमकी उत्पत्ति होगी वह भी असत्य भाषण है. जो भाषण अप्रशस्त है अर्थात् सज्जनोंने जिसकी प्रशंसा की नहीं वह असत्य भाषण समझना चाहिये.

जिस भाषणमें सत्यपना और असत्यपना दोनो हैं उसको सत्यमृषा भाषण कहते हैं. सत्य, असत्य और मिश्र भाषणोंसे जो भिन्न है अर्थात् जिसमें सत्यताभी नहीं और असत्यताभी नहीं वह भाषण असत्यमृषा है. जिसको सत्यभी नहीं कह सकते जो असत्यभी नहीं मानी जाती है ऐसी और जिसको मिश्रभी नहीं कहा जाता है ऐसी भाषाको असत्यमृषा कहना चाहिये.

जैसे वस्तु सर्वथा नित्य नहीं है, सर्वथा अनित्य नहीं है व सर्वथा नित्यानित्यात्मकभी नहीं है, परंतु उस नित्यानित्यत्व धर्मोंका समुच्चय है अर्थात् कथंचिन्नित्यानित्यात्मक है. उसी तरह असत्यमृषा भाषण समझना चाहिये. सत्य और मृषा इन दोनोंका मिश्रणभूत जो भाषा उसको सत्यमृषा कहते हैं उसका उदाहरण ऐसा है— घी और खांडसे मिश्रित गायका दूध शोभन है क्या ? ऐसा पूछने पर वह शोभन है ऐसा कहना दूधको माधुर्यादि गुणोंकी अपेक्षासे सत्य कह सकते हैं और ज्वर बढानेमें वह कारण होगा इसकी अपेक्षासे वह असत्य है.

सा नवप्रकारा तस्याश्च भेदा इयंत इति गाथाद्वयेनाचष्टे—

आमंतणि आणवणी जायणि संपुच्छणी य पण्णवणी ॥
पच्चक्खाणी भासा भासा इच्छाणुलोमा य ॥ ११९५ ॥

आज्ञापनी संबोधनी प्रच्छनी प्रत्याख्यानी याचनी प्रज्ञापनेच्छानुलोमा सांशयिकी निरक्षरा चेति नवधा सत्यमृषाभाषा मंतव्या ॥ १२३४ ॥

विजयोदया—आमंतणी यया वाचा परोऽभिमुखीक्रियते सा आमंत्रणी । हे देवदत्त इत्यादि अगृहीतसंकेतान भिमुखी करोति तेन न मृषा गृहीतागृहीतसंकेतयोः प्रतीतिनिमित्तसमनिमित्तं चेति द्वयात्मकता । स्वाध्यायं कुरुत, विरमतासंयमात् इत्यादिका अनुशासनवाणी आणवणी । चोदितायाः क्रियायाः करणमकरणं वापेक्ष्य नैकान्तेन सत्या न

मृषैव वा। ज्ञानोपकरणं पिच्छादिकं वा मह्यद्धिदीयतेत्यादिका याचनी। दातुरपेक्षया पूर्वयदुभयरूपा। निरोध वेदनास्ति भवतो न वेति प्रश्नवाक् संपुच्छणी यद्यस्ति सत्या न चेदितरा। वेदनाभावाभावमपेक्ष्य प्रवृत्तेरुभयरूपता। पण्णवणी नाम धर्मकथा। सा बहुनिर्दिश्य प्रवृत्ता कैश्चिन्मनसि करणमितरैरकरणं चापेक्ष्य करणत्याद्वृद्धिरूपा। पच्चक्खाणी नाम केनचिद्गुरुमननुज्ञाप्य इदं क्षीरादिकं इयंतं कालं मया प्रत्याख्यातं इत्युक्तं कार्यांतरमुद्दिश्य तत्कुर्वित्युदिते गुरुणा प्रत्याख्यानावधिकालो न पूर्ण इति नैकांततः सत्यता गुरुवचनात्प्रवृत्तो न दोषायेति न मृषैकांतः। इच्छानुलोमा य ज्वरितेन पृष्टं घृतशर्कराभिश्रं क्षीरं न शोभनमिति। यदि परो ब्रूयात् शोभनमिति। माधुर्यादिप्रकाश्य गुणसद्भावं ज्वरवृद्धिनिमित्तां चापेक्ष्य न शोभनमिति वचो न मृषैकांततो मापि सत्यमेवेति द्वयात्मकता॥

के ते उभयभाषाभेदा नवेति पृष्टस्तान्गाथाद्वयेनाचष्टे—

मूलारा—आमंतणि संबोधिनी हे देवदत्त इत्यादिका। आणवणी आज्ञापनी इदं कुर्वित्यादिका। जायणी याचणी यथा त्वां किंचिदेहि याचिष्ये। संपुच्छणी संप्रच्छनी यथा त्वां किंचित्पृच्छामि। पण्णवणी प्रज्ञापनी यथा तव किंचित्कथयिष्यामि। पच्चक्खाणी प्रत्याख्यापनी यथा त्वां किंचित्त्याजयिष्यामि। इच्छाणुलोमा छंदानुकूला वाक् यथा शालिसालप्रीहयो भवन्तीति गुरुणोक्ते एवमेतदिति शिष्यवाक्॥

असत्यमृषा भाषण के नऊ प्रकार हैं उनके नाम इस प्रकार हैं—

अर्थ—जिस भाषासे दुसरोंको अभिमुख किया जाता है उसको आमंत्रणी–संबोधिनी भाषा कहते हैं. जैसे 'हे देवदत्त यहां आओ' देवदत्त शब्दका संकेत जिसने ग्रहण किया है उसकी अपेक्षासे यह वचन सत्य है जिसने संकेत ग्रहण नहीं किया उसकी अपेक्षासे असत्य भी है.

आणवणी–आज्ञापनी भाषा जैसे स्वाध्याय करो, असंयमसे विरक्त हो जाओ. ऐसी आज्ञा दी हुई क्रिया करनेसे सत्यता और न करनेसे असत्यता इस भाषामें है. इस लिये इसको एकान्त रीतीसे सत्यभी नहीं कहते और असत्यभी नहीं कह सकते हैं.

याचनी–ज्ञानके उपकरण शास्त्र और संयमके उपकरण पिच्छादिक मेरेको दो ऐसा कहना यह याचनी भाषा है. दाताने उपर्युक्त पदार्थ दिये तो यह भाषा सत्य है और न देनेकी अपेक्षासे असत्य है. अतः यह सर्वथा सत्यभी नहीं है और सर्वथा असत्यभी नहीं है.

प्रश्न पूछना उसको प्रश्नभाषा कहते हैं जैसे तुमको निरोधमें–कारागृहमें वेदना–दुःख है या नहीं वगैरह.

यदि वेदना होती हो तो सत्य समझना न हो तो असत्य समझना. वेदनाका सद्भाव और असद्भावकी अपेक्षा इसको सत्यासत्य कहते हैं.

पण्णवणी–धर्मोपदेश करना इसको प्रज्ञापनी भाषा कहते हैं. यह भाषा अनेक लोगोंको उद्देश्य कर कही जाती है. कोई मनःपूर्वक सुनते हैं और कोई सुनते नहीं. इसकी अपेक्षा इसको असत्यमृषा कहते हैं.

पच्चक्खाणी–किसीने गुरुका अपने तरफ लक्ष न खींचकरके कहा कि मैंने इतने कालतक क्षीरादिक पदार्थोंका त्याग किया है ऐसा कहा. कार्यांतरको उद्देश करके वह करो ऐसा गुरुने कहा. प्रत्याख्यानकी मर्यादाका काल पूर्ण नहीं हुआ तब तक वह एकांतसत्य नहीं है. गुरुके वचनानुसार प्रवृत्त हुआ है इस वास्ते असत्य भी नहीं है.

इच्छानुलोमा–ज्वरितमनुष्यने पूछा घी और शक्कर मिला हुआ दूध अच्छा नहीं है ? यदि दूसरा कहेगा कि वह अच्छा है. तो मधुरतादिक गुणोंका उसमें सद्भाव देखकर वह शोभन है ऐसा कहना योग्य है. परन्तु ज्वर वृद्धिको वह निमित्त होता है इस अपेक्षासे वह शोभन नहीं है अतः सर्वथा असत्य और सत्य नहीं है इसलिए इस वचनमें उभयात्मकता है.

संसयवयणी य तहा असच्चमोसा य अट्ठमी भासा ॥
णवमी अणक्खरगदा असच्चमोसा हवदि णेया ॥ ११९६ ॥

विजयोदया—संसयवयणी किमयं स्थाणुरुत पुरुष इत्यादिका द्वयोरेकस्य सद्भावमितरस्याभावं चापेक्ष्य द्विरूपता। अणक्खरगदा अंगुलिस्फोटाविध्वनिः कृताकृतसंकेतपुरुषापेक्षया प्रतीतिनिमित्ततामनिमित्ततां च प्रतिपद्यते इत्युभयरूपा ॥

मूलाराधना—संसयवयणी किमयं स्थाणुरुत पुरुष इत्यादि संदिग्धवाक् । अणक्खरगदा अक्षरहीना यथा अंगुलिस्फोटादिशब्दाः कृतसंकेतस्यैवार्थप्रतिपत्तिनिमित्तत्वात् । सिद्धांतरत्नमालायां पुनरित्थमाम्नातम्—

याचनी ज्ञापनी पृच्छानयनी संशयन्यपि ॥
आह्वानीच्छानुकूला वाक् प्रत्याख्यान्यप्यनक्षरा ॥
असत्यमोषभाषेति नवधा बोधिना जिनैः ॥

व्यक्ताव्यक्तमतिज्ञानं वक्तुः श्रोतुश्च यद्भवेत् ॥
त्वामहं याचयिष्यामि ज्ञापयिष्यामि किंचन ॥
प्रष्टुमिच्छामि किंचित्त्वामानेष्यामि च किंचन ॥
बालः किमेष वक्तीति ब्रूत यंदेत्यि सम्मनः ॥
आह्वयाम्येहि भो भिक्षो ! करोम्याज्ञां तव प्रभो ! ॥
किंचित्त्वां त्याजयिष्यामि हुंकरोत्यत्र गौः कुतः ॥
याचन्यादिषु दृष्टांता इत्थमेते प्रदर्शिताः ॥

अर्थ—संशय वचन यह असत्यमृषाका आठवा प्रकार है. जैसे यह ठूंठ है अथवा मनुष्य है इत्यादि इसमें दोनोंमेंसे एककी सत्यता है और इतरका अभाव है इस वास्ते उभयपना इसमें है.

अनक्षर वचन—चुटकी बजाना, अंगुली से इशारा करना जिसको चुटकी बजानेका संकेत मालूम है उस की अपेक्षा से उसको वह प्रतीतिका निमित्त है और संकेत मालूम नहीं है उसको अप्रतीति का निमित्त होती है इस तरह उभयात्मकता इसमें है.

उग्गमउप्पायणएसणाहिं पिंडमुवधि सेज्जं च ॥
सोधितस्स य मुणिणो विसुज्झए एसणासमिदी ॥ ११९७ ॥
आहारमुपधिं शय्यामुद्गमोत्पादनादिभिः ॥
विमुक्तं गृह्णतः साधोरेषणा समितिर्मता ॥ १२३५ ॥

विजयोदया—उग्गमउप्पायणएसणाहिं उद्गमोत्पादनैषणादोषरहितं भक्तमुपकरणं वसतिं च गृह्णत एषणासमितिर्भवतीति सूत्रार्थः । दशवैकालिकटीकायां श्रीविजयोदयायां प्रपंचिता उद्गमादिदोषा इति नेह प्रतन्यन्ते ॥

एषणासमितिं निर्दिशति—

मूलारा—सोधितस्स त्याजयतः । उद्गमादिदोषत्यक्तं पिंडादिकं गृह्णत इत्यर्थः ॥ विसुज्झदे निर्मला भवति ।

अर्थ—उद्गमदोष, उत्पादनदोष और एषणादोष इन दोषोंसे रहित जो मुनि उपकरण, आहार और

वसतिका का स्वीकार करते हैं. वे मुनि एषणासमितीको निरतीचार पालते हैं ऐसा समझना चाहिये. श्रीविजयोदया नामकी दशवैकालिक टीकामें उद्गमादि दोषोंका सविस्तर विवेचन अपराजित सूरीने किया है अत एव यहां उसका निरूपण करना वे नहीं चाहते हैं.

आदाननिक्षेपणनिरूपणार्थां गाथा—

सहसाणाभोगिददुप्पमज्जिय अपच्चवेसणा दोसो ॥
परिहरमाणस्स हवे समिदी आदाणणिक्खेवो ॥ ११९८ ॥

सहसाहृष्टदुर्दृष्टामृत्यवेक्षणमोचिनः ॥
भवत्यादाननिक्षेपसमितिर्व्रतवर्तिनः ॥ १२३६ ॥

विजयोदया—सहसणाभोगिद आलोकनप्रमार्जनमकृत्वा आदानं निक्षेप इत्येको भंगः । अनालोक्य प्रमार्जनं कृत्वा आदानं निक्षेपो वेति द्वितीयो भंगः । आलोक्य दुःप्रमृष्टं इति तृतीयः । आलोकितं प्रमृष्टं च न पुनरालोकितं च शुद्धं चेति चतुर्थो भंगः । एतद्दोषचतुष्टयं परिहरतो भवति आदाननिक्षेपणसमितिः ।

आदाननिक्षेपसमितिं लक्षयति—

मूलारा—आलोकनप्रमार्जनेऽकृत्वा पुस्तकादेरादानं, निक्षेपं वा कुर्वत एकः सहसाख्यो दोषः । अनालोक्य प्रमार्जनं कृत्वा पुस्तकादेरादानं निक्षेपं वा कुर्वतोऽनाभोगिताख्यो द्वितीयो दोषः । आलोक्यासम्यक्प्रतिलिख्य तद्गृह्नतो-निक्षिपतो वा तृतीयो दुष्प्रमृष्टसंज्ञो दोषः । आलोकितं प्रमृष्टं च न पुनः शुद्धमशुद्धं चेति निरूपितमित्यादाननिक्षेपकरणाच्च-तुर्थोऽप्रत्यवेक्षणाख्यो दोष एतास्त्यजत आदाननिक्षेपसमितिः स्यात् ॥

आदान निक्षेपका आचार्य निरूपण करते हैं.—

अर्थ—बिना देखे और बिना भूमि स्वच्छ किये पदार्थ उठा लेना, यह पहिला भंग हुआ. बिना देखे भूमि स्वच्छ करके पदार्थ जमीनपर रखना अथवा उठा लेना यह द्वितीय भंग है. देखकरके भूमि स्वच्छ किये बिना पदार्थ उठा लेना अथवा रखना यह तीसरा भंग है. देखना और थोडासा झाड लेना यह चौथा भंग है इन चार दोषोंका त्याग कर पदार्थोंको उठा लेना और रखना आदाननिक्षेपण समिति है अर्थात् जमीनको अच्छी तरहसे

देखकर और स्वच्छ कर उसपरसे पदार्थ उठा लेना अथवा उसपर पदार्थ रखना यह आदान निक्षेपण समिति है.

एदेण चेव पदिट्ठावणसमिदीवि वण्णिया होदि ॥
वोसरणिज्जं दव्वं थंडिल्ले वोसरित्तस्स ॥ ११९९ ॥
अनेनैव प्रकारेण प्रतिष्ठापनका मता ॥
समितिस्त्यजतस्त्याज्यं प्रदेशे स्थंडिले यतेः ॥ १२३७ ॥

विजयोदया—एदेण चेव आदाननिक्षेपविषययत्नकथनेन । पदिट्ठावणसमिदीवि वण्णिदा होदि । प्रतिष्ठापनसमितिर्वर्णिता भवति । वोसरणिज्जं परित्यक्तव्यं मूत्रपुरीषादिकं मलं । थंडिल्ले वोसरित्तस्स स्थंडिले निर्जन्तुके, निश्छिद्रे, समे व्युत्सृजतः ॥

प्रतिष्ठापनसमितिं व्याचष्टे—

मूलारा—एदेण आदाननिक्षेपविषययत्नकथनेन । वोसरणिज्जं अवश्योत्सृज्यं । दव्वं विण्मूत्रखेलसिंघाणकलर्दिलुंचितकेशादिकं । थंडिले निर्जन्तुकनिश्छिद्रसमत्वादिविशिष्टे प्रदेशे । तथा चावोचाम धर्मामृते—

निर्जन्तौ कुशले विविक्तविपुले लोकोपरोधोज्झिते ॥
प्लुष्टे दृष्ट उतोपरक्षितितले विष्ठादिकानुत्सृजन् ॥
शुद्धाश्मप्रमणेन नक्तमभितो दृष्टे विभज्य त्रिधा ॥
सुस्पृष्टेऽप्यपहस्तकेन समितावुत्सर्ग उत्तिष्ठते ॥

अर्थ—आदाननिक्षेपण समितिका निर्दोष पालन करनेके कथनसेही प्रतिष्ठापन समितिकाभी वर्णन हुआ. त्यागने योग्य मूत्र पुरीषादिक मलका त्याग निर्जन्तुक और निश्छिद्र जमीनमें करनेवाले मुनि प्रतिष्ठापन समिति का पालन करते हैं.

एदाहिं सदा जुत्तो समिदीहिं जगम्मि विहरमाणो हु ॥
हिंसादीहिं ण लिप्पइ जीवणिकायाउले साहू ॥ १२०० ॥

आमिः समितिभिर्योगी लोके षड्जीवसंकुले ॥
दोषैर्हिंसादिभिर्नैव लिप्यते विहरन्नपि ॥ १२३८ ॥

विजयोदया—एताहिं एताभिः । सदा जुत्तो सदा युक्तः । जगम्मि विहरमाणो दु जगति विचरन्नपि । कीदृशो? जीवणिकायाउले षड्जीवनिकायाकीर्णे । हिंसादीहिं हिंसादिभिः । ण लिप्पदि न लिप्यते साधुः । आदिग्रहणेन परितापनं, संघट्टनं, अंगन्यूनताकरणादिपरिग्रहः । समितिषु प्रवर्तमानः प्रमादरहितः प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं हिंसेत्युच्यते । हिंसादिसहितानि कर्माणि हिंसादिशब्देनोच्यंते । कार्ये कारणशब्दप्रवृत्तिः प्रतीतत्वात् । यद्यपि विचित्रजननिमित्तगुणान्वितं तत्र प्रवर्तमानमपि तेन न लिप्यते यथा स्नेहगुणान्वितं तामरसपत्रं काचनीलनीरवर्तमानमपि नांबुना लिप्यते । निरंतरनिचितजीवनिकायाकुलेऽपि जगति संचरन्नपि मुनिर्न लिप्यते अप्रमत्ततया प्रवृत्तः पंचसु समितिष्विति ॥

समितिसंततसमाहितस्य हिंसादिद्वारायातपातकबंधाभावं भावयति—

मूलारा—हिंसादीहिं प्राणातिपातपरितापनसंघट्टनांगन्यूनताकरणादिषड्जीवोपघातावृतादिजनितपातकैः । ण लिप्पदि न बध्यते ॥

अर्थ—इन पांच समितिओंका पालन करनेवाला मुनि जीवसमुदायसे भरे हुए जगतमें हिंसादिक पातकोंसे अलिप्त रहता है. आदिशब्दसे परितापन, अर्थात् तकलीफ देना, संघट्टन जीवोंको परस्परमें मिलाना, उनके अंग कम करना, इत्यादि दोषोंसे समिति धारक यति लिप्त नहीं होता है. जो समितिओंको पालता है. वह प्रमादरहित होता है. प्रमादसे प्राणोंका घात करनाही हिंसा है. हिंसादि सहित कर्मोंको हिंसादि कहते हैं अर्थात् हिंसादिक कारण हैं और उससे होनेवाली क्रियायें कार्य है. यहां कार्यमें कारणका उपचार करके हिंसादिकके कार्यकोभी हिंसा कह सकते हैं. त्याग-गुणयुक्त यति विषयोंसे भरे हुए इस जगतमें रहकरभी विषयोंमें आसक्त होते नहीं है. अतः वे पापसे लिप्त नहीं होते हैं. जैसे स्नेहगुणसे युक्त कमलपत्र वैडूर्यके समान नीलजलमें रहकर भी उससे लिप्त होता नहीं. निरंतर प्राणिओंसे भरे हुए इस लोकमें मुनि विहार करते हैं तो भी वे प्रमादरहित होकर पांच समितिओंमें प्रवृत्त होते हैं अतः पापोंसे लिप्त होते ही नहीं.

पउमणिपत्तं व जहा उदयेण ण लिप्पदि सिणेहगुणजुत्तं ॥
तह समिदीहिं ण लिप्पइ साधू काएसु इरियंतो ॥ १२०१ ॥

समितो लिप्यते नाघैर्जीवमध्ये चरन्नपि ॥
स्निग्धं कमलिनीपत्रं सलिलैरिव वाःस्थितम् ॥ १२३९ ॥

विजयोदया—पद्मिणिपत्तं इत्यनया गाथया-पद्मपत्रं यथा नोदकेन विलिप्यते स्नेहगुणसमन्वितं । तथा कायेषु शरीरेषु प्राणभृतां प्रवर्तमानोऽपि न लिप्यते साधुः समितिभिर्हेतुभूताभिः ॥

उक्तार्थसमनार्थं युक्तिमुपन्यस्यति—

मूलारा—समिदीहिं समितिभिर्विशिष्टः । ण लिप्पदि हिंसादिभिर्न बध्यते । कायेसु षड्जीवदेहेषु । इरियंतो प्रवर्तमानः । अत्र कायशब्देन प्राणिशरीरपीडनापाद्यमानकर्मत्वपरिणतिकास्तद्योग्यपुद्गलाः सकललोकव्यापिनो गृह्यंते । तथैव दृष्टांते साध्यव्यापसाधनस्य दर्शयितुं शक्यत्वात् । तथा च प्रयोगः—यद्धि वर्जनसमर्थगुणान्वितं तत्तत्र प्रवर्तमानमपि तेन न लिप्यते । यथा जलविवर्जनक्षमस्नेहगुणान्वितं पद्मिनीपत्रं जलान्तःप्रवर्त्यपि जलेन । प्राणिशरीरपीडनापाद्यमानकर्मत्वपरिणतिकतद्योग्यपुद्गलविवर्जनसमर्थसमितिगुणान्वितश्च साधुस्तस्माल्लोकव्यापिषु तेषु अन्तः प्रवर्तमानोऽपि न लिप्यते ॥

अर्थ—स्नेहगुणसे युक्त कमलका पत्र जलसे लिप्त होता नहीं है तद्वत् प्राणिओंके शरीरोंमें विहार करने वाला यतिराज समितिओंसे युक्त होनेसे पापसे लिप्त होता नहीं.

सरवासे वि पडंते जह दढकवचो ण विज्झदि सरेहिं ॥
तह समिदीहिं ण लिप्पइ साधू काएसु इरियंतो ॥ १२०२ ॥

बध्यते समितो नाघैः कायमध्ये भ्रमन्नपि ॥
सन्नद्धो विध्यते क्वात्र शरवर्षे रणांगणे ॥ १२४० ॥

विजयोदया—सरवासे वि पडंते शरवर्षेऽपि पतति सति च रणांगणे यथा दृढकवचो न शरैर्भिद्यते, तथा समितिभिर्हेतुभूताभिर्न लिप्यते हिंसादिना कायेषु वर्तमानो मुनिः ॥

तमेवार्थमुदाहरणांतरेण द्रढयति—

मूलारा—सरवासे बाणवृष्टौ वर्षमहणेन असकृत्प्रवृत्तिं लक्षयति ॥ दृढकवचो अभेद्यसन्नाहः । अत्रापि प्रयोगः पूर्ववत्कल्पनीयः ॥

अर्थ—रणांगणमें बाणोंकी वृष्टि होनेपर भी जिसने दृढ बकतर धारण किया है ऐसा शूरपुरुष भिन्न नहीं होता है अर्थात् वह शस्त्रवृष्टिमें संचार करता हुआ भी अक्षतही रहता है वैसे समितिरूपी कवच धारण करनेवाले मुनिरूपी योद्धा भी हिंसादि बाणोंसे अक्षत ही रहते हैं. जीवनिकायमें विहार करते हुए भी वे पापोंसे अलिप्त ही रहते हैं.

जत्थेव चरइ बालो परिहारण्हू वि चरइ तत्थेव ॥
बज्झदि पुण सो बालो परिहारण्हू त्रि मुच्चइ सो ॥ १२०३ ॥
बालश्चरति यत्रैव तत्रैव परिहारविद् ॥
बध्यते कर्मभिर्बाल इतरो मुच्यते पुनः ॥ १२४२ ॥

विजयोदया—जत्थेव चरइ बालो यत्रैव क्षेत्रे चरति जीवपरिहारक्रमानभिज्ञः । परिहारण्हू वि जीवबाधा परिहारक्रमज्ञोऽपि तत्रैव चरति । तथापि बज्झदि सो पुण बालो बध्यते पुनरसौ ज्ञानबालश्चारित्रबालश्चासौ । परिहारण्हू परिहारज्ञः । मुच्चइ मुच्यते कर्मलेपात् ॥

समानदेशंचारिणोरप्यज्ञविज्ञयोः पापबंधाबंधौ दर्शयति—

मूलारा—जत्थेव यत्रैव क्षेत्रे । चरदि गमनादिक्रियासु प्रवर्तते । बालो वधपरिहारक्रमानभिज्ञः । बज्झदि पापैर्बध्यते । मुच्चदि पापलेपान्मुच्यते पापैर्न लिप्यते वेत्यर्थः ॥

अर्थ—जीवोंकी बाधाका परिहार करनेका क्रम जिसको ज्ञात नहीं हुआ है ऐसा अज्ञ जीव जिस जगहमें रहता है उसी जगहमें जीवबाधाका परिहार करनेवाले मुनिभी रहते हैं. परंतु अज्ञ जीव कर्मसे बद्ध होता है अर्थात् ज्ञानसे बाल और चारित्रसे बाल ऐसा अज्ञ कर्मबद्ध होता है परंतु ज्ञानी और चारित्रवान् जीव कर्मबद्ध होता नहीं है.

उक्तमर्थमुपसंहरन्नुत्तरगाथया—

तह्मा चेट्ठिदुकामो जइया तइया भवाहि तं समिदो ॥
समिदो हु अण्णमण्णं णादियदि खवेदि पोराणं ॥ १२०४ ॥

यदा तदा ततश्चेष्टां चिकीर्षुः समितो भव ॥
पुराणं क्षिप्यते कर्म नाप्नोति समितो नवम् ॥ १२४३ ॥

विजयोदया—यस्मात्समितिषु प्रवर्तमानो न बध्यते, पापेन मुच्यते । असमितस्तु महता बध्यते कर्मसमूहेन तस्मात् । तस्मा चेट्ठिदुकामो गमनभाषणाद्यभिलाषी । जइणा तइणा यदा तदा । भवाहि भवसि । समितिपरो भवेति निर्यापकसूरिराह क्षपकं । सामिदो खु समितः सम्यक्प्रवृत्तः ईर्यादिषु । अण्णमण्णं कर्म अन्यत् अन्यत् । प्रत्यग्रं । णादियदि नैवाददाति । खवेदि पोराणं प्राक्तनं च कर्म क्षपयति निर्जरयति ॥

एषमीर्यादिसमितीर्व्याख्यायोपसंहरंस्तासु क्षपकं नियोक्तुमनुशास्ति—

मूलारा—यस्मादसमितः पापैर्बध्यते समितस्तु पापैरपि मुच्यते तस्माद्धेतोः । चेट्ठिदुकामो निरवद्यप्रयोजनार्थितया गमनादिषु प्रवर्तितुमिच्छन् । जइणा तइणा यदा तदा सर्वदेत्यर्थः । भवाहि तं भोः क्षपकराज ! भव त्वं । समितो ईर्यादिषु श्रुतिनिरूपितक्रमेण प्रवृत्तः । अण्णमण्णं अपरमपरं पापं । कम्ममण्णमिति पाठे कर्मान्यदित्यर्थः । णादियदि नैवाददाते । उक्तं च—

यदा तदा ततश्चेष्टां चिकीर्षुः समितो भवः ॥
समितो न नवं कर्म लाति क्षपयतीतरत् ॥

इदमत्रोक्तार्थसंग्रहवृत्तमवधार्यम् ।

पापेनान्यवधेऽपि पद्मपत्रोऽप्युद्वेद्य नो लिप्यते ॥
यद्युक्तो यत्नाहतः परवधाभावेऽप्यलं बध्यते ॥
यद्योगावधिरत्र संयमपदं भांति व्रतानि द्रुवा—
न्यप्युद्भांति च गुप्तयः समितयस्ता नित्यमित्याः सताम् ॥

उपरके अर्थकाही आचार्य आगेकी गाथामें उपसंहार करते हैं.

अर्थ—समितिओंमें प्रवृत्ति करनेवाले मुनि पापसे बद्ध होते नहीं वे उससे मुक्त होते हैं. जो समितिरहित प्रवृत्ति करते हैं वे कर्मसमुदायसे बंध जाते हैं. इस लिये आना, जाना, भाषण करना इत्यादि कार्य करनेके अभिलाषीओंको चाहिये कि वे समितिओंमें तत्पर रहे. इसलिये हे क्षपक ! तुम समितिमें तत्पर रहो. जो समितिओंमें तत्पर रहते हैं उन्हें नवीन २ कर्मका बंध नहीं होता है और उनका पूर्वबद्ध कर्म झड जाता है.

पदाओ अट्ठपवयणमादाओ णाणदंसणचरित्तं ॥
रक्खंति सदा मुणिणो मादा पुत्तं व जधा जणणी ॥ १२४३ ॥
राद्धांतमातरोऽष्टौ ताः पांति रत्नत्रयं यतेः ॥
जनन्यो यत्नतो नित्यं तनुजस्येव जीवितम् ॥ १२४४ ॥

विजयोदया—पदाओ अट्ठपवयणमादाओ पता अष्टप्रवचनमातृकाः । पयदाओ प्रयताः । णाणदंसणचरित्तं रक्खंति समिचीनज्ञानदर्शनचारित्राणि पालयन्ति सदा मुनेः । मादा पुत्तं व जधा जननी पुत्रं यथा । प्रयता माता पुत्रं पालयत्यपायस्थानेभ्यः ॥

इदानीं गुप्तिसमितीनां प्रवचनमातृत्वं दृष्टान्तेन स्पष्टयति —

मूलारा—रक्खंति अपायमुत्सारयन्ति । पयदाओ सम्यक्प्रवर्तिताः प्रयत्नपराश्च ।

अर्थ—ये अष्ट प्रवचनमातायें प्रयत्नपूर्वक सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इनका पालन करती हैं. पुत्रका हित करनेमें सावधान माता अपायोंसे जैसे उसको बचाती है वैसे ये गुप्ति और समितियां रत्नत्रयका रक्षण करती हैं उसमें दोष उत्पन्न न होने देती हैं.

व्रतभावनानिरूपणायोत्तरप्रबंधः । त्रयोदशविधं चारित्रं अखंडमाराधयतश्चारित्राराधना । तत्र व्रतानां स्थैर्यं संपादयितुं भावना एकैकस्य पंच पंचाभिहितास्तत्रेमा अहिंसाव्रतभावना इति बोधयति ॥

एसणणिक्खेवादाणिरियासमिदी तहा मणोगुत्ती ॥
आलोयभोयणं वि य अहिंसाए भावणा होंति ॥ १२०६ ॥
मनोगुप्त्येषणादाननिक्षेपेर्यैक्षिताशिताः ॥
महाव्रते मता जैनैरादिमाः पंच भावनाः ॥ १२४५ ॥

विजयोदया—एसणणिक्खेवादाणिरियासमिदी । एसणसमिदी एषणासमितिरादाननिक्षेपणासमितिः, ईर्यासमितिस्तथा मनोगुप्तिः । आलोयभोजणं च आलोकभोजनं च । अहिंसाए अहिंसायास्तस्य । भावणा भावनाः । होंति भवंति ॥

एषणासमितिर्निरूप्यते—

भिक्षाकालः, बुभुक्षाकालोऽवग्रहकालश्चेति कालत्रयं ज्ञातव्यं । ग्रामनगरादिषु इयता कालेन आहारनिष्पत्तिर्भवति, अमीषु मासेषु, अस्य वा कुलस्य वाटस्य वायं भोजनकाल इच्छायाः प्रमाणादिना भिक्षाकालोऽवगन्तव्यः । क्षुदय

मम तीव्रा मंदा वेति स्वशरीरव्यवस्थां च परीक्षणीया। अयमस्यग्रहः पूर्वं गृहीतः। एवंभूत आहारो मया न भोक्तव्यः इति अद्यायमस्यग्रहो ममेति मीमांसा कार्या। तदनंतरं पुरतो युगांतरमात्रभूभागावलोकनरतः अद्रुतं, अविलंबितं, असंभ्रान्तं व्रजेत्। प्रलंबबाहुरविकृतचरणन्यासो निर्विकार ईषदवनतोत्तमांगः। अकर्दमेनानुदकेन अत्रसहरितबहुलेन वर्त्मना इष्ट्वा तु खरान्, करभान्, बलीवर्दान्, गजांस्तुरगान्महिषान्खारभेयान्कलहकारिणो वा मनुष्यान्क्रूरतः परिहरेत्। पक्षिणो मृगाश्चाहारकालोद्यता वा यथा न विभ्यति,यथा वा स्वमाहारं मुक्त्वा न व्रजन्ति तथा यायात्। मृदुना प्रतिलेखनेन कृतप्रमार्जनो गच्छेच्चेदि निरंतरसुसमाहितफलादिकं वाग्रतो भवेत् मार्गांतरमस्ति। भिन्नवर्णां वा भूमिं प्रविशंस्तृणभूभाग एव क्रमप्रमार्जनं कुर्यात्। तुषगोमयभस्मक्षुसपलालनिचयं, दलोपलफलादिकं च परिहरेत्। निंद्यमानो न क्रुध्येत्, पूज्यमानोऽपि न तुष्येत्। न गीतनृत्यबहुलं, जल्पितप्रहसितं वा गृहं प्रविशेत्। तथा मत्तानां गृहं न प्रविशेत्। सुरायण्यांगनालोकगर्हितं कुलं वा, यज्ञशालां, दानशालां, विवाहगृहं, वार्यमाणानि, रक्ष्यमाणानि, अन्यमुक्तानि च गृहाणि परिहरेत्। दरिद्रकुलानि उत्क्रमाढ्यकुलानि न प्रविशेत्। ज्येष्ठालयमध्यानि सममेवाटेत्। द्वारमर्गलं कवाटं वा नोद्घाटयेत्। बालवत्सं, पलकं, शुनो वा नोल्लंघयेत्। पुंश्चैः फलैर्बीजैर्वावकीर्णां भूमिं वर्जयेत्। तदानीमेव लिप्सां। भिक्षाचरेषु परेषु लाभार्थिषु स्थितेषु तद्गेहं न प्रविशेत्। तथा कुटुंबिषु व्यग्रविषण्णदीनमुखेषु च सत्सु नो तिष्ठेत्। भिक्षामार्गेणभूमिमतिक्रम्य न गच्छेत्। यांचामव्यक्तस्वनं वा स्वागमनिवेदनार्थं न कुर्यात्। विद्युदिव स्वां तनुं च दर्शयेत् कोऽमलभिक्षां दास्यतीति अभिसंधिं न कुर्यात्। रहस्यगृहं, वनगृहं, कदलीलतागुल्मगृहं, नाट्यगांधर्वशालाश्च अभिनंद्यमानोऽपि न प्रविशेत्। बहुजनप्रचारे प्राणिरहिते अशुच्यपरोपरोधवर्जिते,अनिर्गमनप्रवेशमार्गे गृहिभिरनुज्ञातस्तिष्ठेत्। समे विच्छिद्रे,भूभागे चतुरंगुलपादान्तरो निश्चलः कुड्यस्तंभादिकमनवलम्ब्य तिष्ठेत्। छिद्रद्वारं कवाटं,प्राकारं वा न पश्येत् चोर इव। दातुरागमनमार्गं अवस्थानदेशं, कटुच्छकभाजनादिकं च शोधयेत्। स्तनं प्रयच्छन्त्या, गर्भिण्या वा दीयमानं न गृह्णीयात्। रोगिणा, अतिवृद्धेन, बालोन्मत्तेन, पिशाचेन, मुग्धेनांधेन, मूकेन, दुर्बलेन, भीतेन शंकितेन, अत्यासन्नेन, अदूरेण, लज्जाव्याकुलमुख्या, आकुलमुख्या, उपानदुपरिन्यस्तपादेन वा दीयमानं न गृह्णीयात्। खंडेन भिन्नेन वा कडकच्छुकेन दीयमानं वा। मांसं, मधु, नवनीतं, फलं अदारितं, मूलं, पत्रं, सांकुरं, कंदं च वर्जयेत्। तत्स्पृष्टानि सिक्थान्यपि विपन्नरूपरसगंधानि, कुथितानि, पुष्पितानि, पुराणानि, जंतुसंस्पृष्टानि च न दद्यान्न खादेत्, न स्पृशेच्च। उद्गमोत्पादनैषणादोषदुष्टं नाभ्यवहरेत्। नवकोटिपरिशुद्धाहारग्रहणमेषणासमितिः॥

यन्निक्षिप्यते यत्र यदादीयते यत्तत्तदुभयं प्रतिलेखनायोग्यं न वेति विलोक्य पश्चात्कृतमार्जनं पुनरवलोक्य निक्षिपेद्गृह्णीयाद्वा। एषा आदाननिक्षेपणसमितिः। ईर्यासमितिर्निरूपितैव तथा मनोगुप्तिश्च। स्फुटतरप्रकाशावलोकितस्य भोजनमित्यहिंसाव्रतभावनाः पंच॥

सांप्रतं व्रतानां स्थैर्यार्थं भावनाः पंचशो व्याचक्षाणः पूर्वमहिंसाव्रतभावनाः पंच व्याचष्टे —

मूलारा—आलोकभोजनं स्फुटतरप्रकाशेऽवलोकितस्य चतुर्विधस्याप्याहारस्य ग्रहणं।

अब व्रतोंकी भावनाओंका आचार्य वर्णन करते हैं. चारित्रके गुप्ति, समिति और अहिंसादिक व्रत ऐसे तेरा प्रकार हैं. भावनाओंसे व्रतोंमें स्थिरता उत्पन्न होती हैं. एकेक व्रतकी पांच २ भावनायें आचार्योंने कही हैं. प्रथमतः अहिंसा व्रतकी भावनाओंका आचार्य वर्णन करते हैं—

एषणासमिति, आदाननिक्षेपणासमिति, ईर्यासमिति, मनोगुप्ति और आलोकित पानभोजन ऐसी पांच अहिंसाव्रतकी भावनाए हैं.

अब एषणा समितीका वर्णन—भिक्षाकाल, बुभुक्षाकाल और अवग्रहकाल ऐसे तीन काल हैं. गांव, शहर वगैरह स्थानोंमें इतना काल व्यतीत होनेपर आहार तयार होता है, अमुक महिनेमें, अमुक कुलका, अमुक गल्लीका अमुक भोजन काल है यह भोजनकालका वर्णन है.

बुभुक्षाकाल—आज मेरेको भूख तीव्र लगी है या मंद लगी है. मेरे शरीरकी तबियत कैसी है इसका विचार करना यह बुभुक्षाकालका स्वरूप है.

अमुक नियम मैंने कल ग्रहण किया था, इस तरहका आहार मैंने भक्षण न करनेका नियम लिया था, आज मेरा यह नियम है इस प्रकार विचार करना इसको अवग्रहकाल कहते हैं.

इतना विचार होनेपर आहार के लिये जब मुनि निकलते हैं तब आगे चार हाथ प्रमाण जमीनका निरीक्षण कर जलदी, अति सावकाश और गडबडी ऐसे दोषोंका त्यागकर गमन करना चाहिये. जाते समय अपने हाथ नीचे छोडकर चलना चाहिये. दूर अन्तरपर पांव रखते हुए नही जाना चाहिये. निर्विकार होकर और अपना मस्तक थोडासा नीचे करके जाना चाहिये. जिसमें कीचड नही है, पानी फैला हुआ नही है, जो त्रस और हरितकाय जंतुओंसे रहित है ऐसे मार्गसे प्रयाण करना चाहिये. मार्गमें गदहा, ऊंट, बैल, हाथी, घोडा, भैंसा, कुत्ता और कलह करने वाले लोक इनका दूरसेही त्याग करे अर्थात् इनके समीपसे गमन नहीं करना चाहिये. आहार करनेवाले पशु पक्षीओंको अपनेसे भीति उत्पन्न न हो और वे अपना खाना छोडकर न भागे इस तरहसे मुनिको आहारार्थ जाना चाहिये.

रास्तेमें जमीनसे समान्तर फलक पत्थर वगैरे चीज होगी, अथवा दूसरे मार्गमें प्रवेश करना पडे, अथवा भिन्न वर्णकी जमीनपरसे चलना हो तो जहांसे भिन्नवर्णका प्रारंभ हुआ है वहां खडे होकर प्रथम अपने सर्व अंग परसे पिच्छिका फिरानी चाहिये. धानके छिलके, गोबर, भस्मका ढेर, भूसा, वृक्षके पत्ते, पत्थर फलकादिकोंका परिहार करके गमन करना चाहिये.

किसीने निंदा की तो क्रोधित न होना चाहिये और किसीने आदर किया तो आनंदित न होना चाहिये अर्थात् तोष और रोषका त्याग करके जाना चाहिये. जहां गीत नृत्य हो रहा है, जहां पताकाओंकी पंक्ति सजाई जारही है. ऐसे घरमें प्रवेश न करे. मत्त पुरुषोंके घरमें प्रवेश न करे, मदिरागृह अर्थात् मदिरा पीनेवालोंका स्थान, वेश्याका गृह, लोकनिंद्य कुलोंका त्याग करना चाहिये. यज्ञशाला, दानशाला, विवाहगृह, जहां प्रवेश करनेकी मनाई है, जो पहरेदारोंसे युक्त है, जिसको अन्य भिक्षुकोंसे छोडा है ऐसे ग्रहोंका त्याग करना चाहिये.

अतिशय दरिद्री लोगोंके गृह, आचार विरुद्ध चलनेवाले, श्रीमंत लोगोंके गृहका त्याग करे बडे, छोटे, और मध्यम ऐसे घरोंमें प्रवेश करना चाहिए.

यदि द्वार बंद होगा, अर्गलासे बंद होगा तो उसको उघाडना नहीं चाहिये. छोटा बछडा, बकरा, और कुत्ता इनको लांघ कर नहीं जाना चाहिए. जो जमीन, पुष्प फल और बीजोंसे व्याप्त हुई है उसपरसे जाना निषिद्ध है. हाल ही जो लीपी गई है, जहां अन्य भिक्षुक आहार लाभके लिए खडे हुए हैं ऐसे घरमें प्रवेश करना निषिद्ध है ।

जहांके मनुष्य, किसी कार्यमें तत्पर दीखते हो, खिन्न दीख रहे हो उनका मुख दीनतायुक्त दीख रहा हो तो वहां ठहरना निषिद्ध है.

जहां अन्य भिक्षु ठहरते हैं तथा जहां भिक्षा ग्रहण करते हैं उस भूमीको उल्लंघ कर आगे गमन नहीं करना चाहिये. याचना करना; अथवा अपना आगमन सूचित करनेके लिये अस्पष्ट शब्द बोलना निषिद्ध है. बिजलीके समान अपना शरीर दिखाना चाहिये. मेरेको कोन श्रावक निर्दोष भिक्षा देगा ऐसा संकल्प नहीं करे.

एकांतगृह, उद्यानगृह, कदलीओंसे बना हुआ गृह, लतागृह, छोटे २ वृक्षोंसे आच्छादित गृह, नाट्य, शाला, गंधर्वशाला, इन स्थानोंमें आतेग्रह करनेपर भी प्रवेश करना निषिद्ध है.

जिसमें बहुत जनोंका प्रचार नहीं हैं, जो प्राणिरहित है अपवित्रता और परोपरोधरहित—अर्थात् दूसरोंका जहां प्रतिबंध नहीं है ऐसे घरमें जाने आनेका मार्ग छोडकर गृहस्थोंने प्रार्थना करनेपर खडे होना चाहिये. समान, छिद्ररहित ऐसे जमीनपर अपने दोन पावोंमें चार अंगुल अंतर रहेगा इस तरह निश्चल खडे रहना चाहिये. भीत, खांब वगैरहका आश्रय न लेकर स्थिर खडे रहना चाहिये.

चोरके समान, छिद्र, दरवाजा, किवाड, तट वगैरहका अवलोकन न करे, दाताका आनेका रस्ता, उसका खडे रहनेका स्थान, पक्षी और जिसमें अन्न रखा है ऐसे पात्र इनकी शुद्धताके तरफ विशेष लक्ष्य देना चाहिए.

जो अपने बालकको स्तनपान करा रही है और जो गर्भिणी है ऐसी स्त्रियोंका दिया हुआ आहार न लेना चाहिए. रोगी, अतिशयवृद्ध, बालक, उन्मत्त, अंध, मूक, अशक्त, भयभीत, बेडीयुक्त, अतिशय नजदीक जो खडा हुआ है, जो दूर खडा हुआ है, ऐसे पुरुषसे आहार नहीं लेना चाहिए. लज्जासे जिसने अपना मुंह फेर लिया है, जिसने अपना मुंह ढक लिया है, जिसने जोडा अथवा चप्पलपर पांव रखा है, जो उंचे जगहपर खडा हुआ है, ऐसे मनुष्यका दिया हुआ आहार नहीं लेना चाहिए. टूटी हुई अथवा खंडयुक्त हुई ऐसे पक्षीके द्वारा दिया हुआ नहीं लेना चाहिए.

मांस, मद्य, मक्खन, नहीं विदारा हुआ फल, मूल, पत्र, अंकुर और कंदका त्याग करना चाहिए. इन पदार्थोंका स्पर्श जिसको हुआ है वह अन्न भी त्यागना चाहिए. जिनका रूप, रस, गंध, स्पर्श, चलित हुआ है, जो कुथित हुआ है अर्थात् खराब हुआ है, जिसको जंतुओंने स्पर्श किया है ऐसा अन्न न देना चाहिये, न खाना चाहिये और उसको स्पर्श भी नहीं करना चाहिए. उद्गम, उत्पादन, एषणा दोषोंसे दूषित आहार नहीं खाना चाहिए. नऊ कोटीसे परिशुद्ध आहार ग्रहण करना एषणासमिति है.

जो चीज जहां रखना हो, और जो चीज जहांसे उठाना हो वे दोनो पिंछीसे स्वच्छ करना योग्य है या नही है. इसका विचार कर तदनंतर उनको स्वच्छ करना चाहिये. और वह चीज रखनी चाहिये या उठानी चाहिये. इसको आदाननिक्षेपण समिति कहते हैं. ईर्यासमितिका और मनोगुप्तिका वर्णन पूर्वमें किया है. अधिक स्पष्ट प्रकाशमें देखकर भोजन करना अर्थात् सूर्य प्रकाशमें भोजन करना ऐसी अहिंसाव्रतकी पांच भावनायें हैं.

द्वितीयव्रतभावना उच्यंते—

कोधभयलोभहस्सपदिण्णा अणुवीचिभासणं चेव ॥
विदियस्स भावणाओ वदस्स पंचेव ता होंति ॥ १२०७ ॥

हास्यलोभभयक्रोधप्रत्याख्यानानि योगिनः ॥
सूत्रानुसारिवाक्यं च द्वितीये पंच भावनाः ॥ १२४६ ॥

विजयोदया—क्रोधभयलोभहास्यानां प्रत्याख्यानानि व्रतरक्षाः । आणुवीचिभाषणं चेत्र सूत्रानुसारेण च भाषणं । सत्या, मृषा, सत्यमृषा, असत्यमृषा चेति चतस्रो वाचः । तत्र सत्या असत्यमृषा वा व्यवहरणीया नेतरद्वयं । क्रोधादीनामसत्यवचनकारणानां प्रत्याख्याने असद्वाक्परिहृता भवति नान्यथा ॥

अनृतविरतिभावनाः पंच सूचयति—

मूलारा—परिण्णा त्यागः । क्रोधादीनां प्रत्याख्याने एवासत्यासत्यानृतवचसी त्यक्तुं शक्येते तेषां तत्कारणत्वादिति तत्प्रतिज्ञाव्रतस्य भावनाः भणिताः ।

दूसरे व्रतकी सत्यव्रतकी भावना कहते हैं—

अर्थ—क्रोध, भय, हास्य और लोभ का त्याग करना ये चार भावनायें और सूत्रानुसार भाषण करना ऐसी सत्यव्रतकी पांच भावनायें हैं सत्यवचन, असत्यवचन, सत्यमृषा और असत्यमृषा ऐसे वचनके चार प्रकार हैं. उसमेंसे सत्यवचन और असत्यवचन ऐसे दो वचन व्यवहार योग्य माने हैं. बाकीके दो व्यवहार योग्य नहीं हैं. क्रोध, भय, लोभ और हास्य असत्यभाषणके कारण हैं. उनका त्याग करनेसे असत्यवचनोंका परिहार होता है. अन्यथा नहीं.

तृतीयव्रतभावना उच्यते—

अणणुण्णादग्गहणं असंगबुद्धी अणुण्णवित्ता वि ॥
एदावंतियउग्गहजायणमध उग्गहाणुस्स ॥ १२०८॥

असम्मतग्रहः साधोः सम्मतासक्तबुद्धिता ॥
दीयमानस्य योग्यस्य गृहीतिरुपकारिणः ॥ १२४७ ॥

विजयोदया—अणणुण्णादग्गहणं तस्य स्वामिभिरननुज्ञातस्य अग्रहणं । ज्ञानोपकरणादेः असंगबुद्धी अणुण्ण वित्ता वि परानुज्ञां संपाद्य गृहीतेऽपि असक्तबुद्धिता । एदावंतिय उग्गहजायणं एतत्परिमाणमिदं भवता दातव्यमिति प्रयोजनमात्रपरिग्रहः यावद्याचितो यावद्ग्रहामि इति न बुद्धिः कार्या । उग्गहाणुस्स ग्राह्यवस्तुज्ञानस्य इदं ज्ञानसंयमयोरन्यतरस्य साधनमंतरेण ज्ञानं चारित्रं वा मम न सिध्यतीति तस्य ग्रहणं नानुपयोगिनो यात्रतश्च ते ।

अस्तेयव्रतभावनाः पंच गाथाद्वयेन निगदति—

मूलारा—अणणुण्णादग्गहणं अननुज्ञातग्रहणं । वसतिशयनासनपुस्तकास्तत्स्वामिभिरननुज्ञाताः । असंगबुद्धी अणुण्णविदावि असंगबुद्धिरनुज्ञाप्यापि वस्त्वामिनं इच्छाकारं कारयित्वा गृहीतेऽपि ज्ञानादिसाधनांगेऽनासक्तचित्तता । पठनार्थं परेषां पुस्तकादिकं याचित्वा यद्गृहीतं तन्नालोभगमनमित्यर्थः । तैषा द्वितीया । एदावत्तियमग्गहजायणं एतावदिति यावग्रहयाचनं । एतत्परिमाणमिदं मे भवद्भिर्दातव्यमिति स्वप्रयोजनसाधनमात्रस्य अवग्रहस्य परिग्रहस्य पुस्तकादेर्याचनं । याचितो दाता यावद्दाति तावद्गृह्णामीति बुद्धेरकरणमिति भावः तैषा तृतीया । कस्यैता इत्याह—उग्गहणस्स अवगृह्यते धर्मांगतया परिगृह्यते इत्यवग्रहोऽयमाद्यं ग्रहणयोग्यं वस्तु पुस्तकादिकं । अवग्रहं जानातीत्यवग्रहज्ञस्तस्यावग्राह्यस्येत्यर्थः

तीसरे व्रतकी भावनाओंका वर्णन—

अर्थ—ज्ञानोपकरणादिक अर्थात् शास्त्र, पिंछी, कमंडलवादिक पदार्थ जिसके हैं उसकी परवानगी यदि न होगी तो उनका ग्रहण नहीं करना चाहिए. उनकी अनुज्ञासे शास्त्रादिकको ग्रहण करने पर भी उनमें आसक्ति न रखना, इतना आप मेरेको दीजिए क्योंकि मेरा इतनेसे ही प्रयोजन सिद्ध होगा ऐसा मनमें विचार कर उतनी ही वस्तु मांगना चाहिए. जितनी वस्तु दाता देगा उतनी सब मैं ग्रहण करूंगा ऐसी भावना अचौर्यव्रत धारक को करना योग्य नहीं है. जिस वस्तु से ज्ञान और चारित्र की सिद्धि होगी जिसके बिना ज्ञान और चारित्रकी प्राप्ति न होगी ऐसी वस्तु लेना यतिको योग्य है. अनुपयोगी वस्तुकी याचना करना योग्य नहीं है.

वज्जणमणण्णुणादग्गिहप्पवेसस्स गोयरादीसु ॥
उग्गहजायणमणुवीचिए तहा भावणा तइए ॥ १२०९ ॥

अप्रवेशोऽननुज्ञाते योग्ययाचाविधानतः ॥
तृतीये भावनाः पंच प्राज्ञैः प्रोक्ता महाव्रते ॥ १२५८ ॥

विजयोदया—वज्जणमणण्णुण्णादग्गिहप्पवेसस्स गृहस्वामिभिरननुज्ञातस्य गृहप्रवेशवर्जनं भावना । गोयरादीसु गोचरादिषु इदं वस्तु प्रविश, अत्र वा तिष्ठेति योऽननुज्ञातो देशस्तस्य अप्रवेशनं । उग्गहजायणमणुवीचिए अवग्रहयाचना सूत्रानुसारेण तृतीये भावनाः ॥

मूलारा—वज्जणमणणुण्णादगिहप्पवेसस्स वर्जनमननुज्ञातगृहप्रवेशस्य । गृहस्वामिभिरिदं गृहं प्रविशात्र तिष्ठ इत्येवमनुज्ञातगृहप्रवेशस्य गृहस्वामिभिरिदं गृहं प्रविशात्र तिष्ठेत्येवमननुज्ञाते प्रदेशे प्रवेशस्य वर्जनं । क्व तदित्याह गोयरादीसु गोचरे भक्षेयं वसत्यावश्यकाध्ययनादिकर्मणि च । सैषा चतुर्थी । [illegible] अवग्रहयाचनमनुवीच्या । समीपं गत्वैवं भवद्भिर्मे दातव्यमिति सूत्रानुसारेण योग्यस्य परिग्रहस्य प्रार्थना । एतेनैतदपि संगृहीतं शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्षशुद्धिसधर्माविसंवादाः पंचेति सैषा पंचमी । तथा तथा पंचेत्यर्थः ॥

अर्थ—गृहके स्वामीने यदि घरमें प्रवेश करनेकी मनाई की होगी तो उसके घरमें प्रवेश करना यतिको निषिद्ध है. अर्थात् इस घरके प्रदेशमें आप प्रवेश कर सकते हैं इस रीतीसे यदि परवानगी न हो तो वहां प्रवेश करना अनुचित होगा. आगमसे अविरुद्ध ज्ञानसंयमोपकरणकी याचना करनी चाहिये. इसप्रकार अचौर्यव्रतकी भावनायें हैं.

महिलालोयणपुव्वरदिसरणं संसत्तवसहिविकहाहिं ॥
पणिदरसेहिं य विरदी भावणा पंच बंभस्स ॥ १२१० ॥

महिलालोकनालापौ चिरंतनरतस्मृतिं ॥
वासं संसक्तवस्तूनां वलिष्ठाहारसेवनम् ॥ १२४९ ॥
योगिनो मुच्यमानस्य विरागीभूतचेतसः ॥
तुरीये भावनाः पंच संपद्यंते महाव्रते ॥ १२५० ॥

विजयोदया—महिलालोअणपुव्वरविसरणसंसत्तवसविविकहाहिं । स्त्रीणामालोकनं, पूर्वरतिस्मरणं, स्त्रीभिराकुला या वसतिः शृंगारकथा इत्येतद्विरतयः । पणिदरसेहिं य विरदी बलदर्पकरेभ्यो विरतिश्चेति पंच व्रतभावनाः ॥

ब्रह्मचर्यभावनाः पंचाह—

मूलारा—पुव्वरदिसरण प्राक्सेवितमैथुनस्मरणं । संसत्तवसधि स्त्रीभिराकुला वसतिः । असंयतजनयुक्तवसतिरित्यन्यः । विकथा शृंगारकथा । पणिदरसेहिं बलदर्पकरेभ्यो रसेभ्यः ।

अर्थ—स्त्रिओंके अंग देखना, पूर्वानुभूत संभोगादिकका स्मरण करना, स्त्रियां जहां रहती हैं वहां रहना

शृंगारकथा करना इन चार बातोंसे विरक्त रहना ये चार ब्रह्मव्रतकी भावनायें हैं. जिससे बल और उन्मत्तता अर्थात् कामविकार होगा ऐसे पदार्थोंका त्याग करना चाहिये. ये ब्रह्मचर्य की पांच भावनायें हैं.

अपरिग्गहस्स मुणिणो सद्दफरिसरसयरूवगंधेसु ॥
रागद्दोसादीणं परिहारो भावणा हुंति ॥ १२११ ॥
यतेः स्पर्शे रसे गंधे वर्णे शब्दे शुभाशुभे ॥
रागद्वेषपरित्यागो भावनाः पंच पंचमे ॥ १२५१ ॥

विजयोदया—अपरिग्रहस्य मुनेः परिग्रहरहितस्य मुनेः । सद्दफरिसरसयरूवगंधेसु शब्दस्पर्शरसरूपगंधेषु । मनोज्ञेषु । रागद्दोसादीणं रागद्वेषयोः परिहारो विषयभेदात्पंचप्रकारभावनाः पंचमस्य ॥

मनोज्ञेतरपंचेंद्रियार्थपरिहारभेदात्पंचपरिग्रहव्रतभावनाः प्राह—

मूलारा—अपरिग्गहस्स सर्वेभ्योऽन्यस्य । दोसादीणं आदिशब्देन मोहस्यापि ग्रहणं ॥

अर्थ—परिग्रहरहित मुनि मनोज्ञ और अमनोज्ञ ऐसे स्पर्श, रस, गंध, वर्ण और शब्द इनमें राग द्वेष करते हैं. अर्थात् स्पर्शादि पांच इष्टानिष्ट विषयोंमें रागद्वेष नहीं करना ये पांच परिग्रहत्यागव्रत की पांच भावनायें हैं.

भावनामाहात्म्यं कथयति—

ण करेदि भावणाभाविदो खु पीडं वदाण सव्वेसिं ॥
साधू पाउत्तो समुहदो व किमिदाणि वेदंतो ॥ १२१२ ॥
भावना भावयन्नेताः संयतो व्रतपीडनम् ॥
विदधाति न सुप्तोऽपि जागरूकः कथं पुनः ॥ १२५२ ॥

विजयोदया—ण करेदि खु न करोत्येव । कः ? भावणाभाविदो भावनाभिर्भावितः । पीडं पीडां । वदाणं व्रतानां । सव्वेसिं सर्वेषां । साधू साधुः । पाउत्तो प्रकर्षेण निद्रामुपगतः । समुहदो व समुद्घातं गतो वा । किमिदाणि वेदंतो । चेतयमानः ॥

भावनामाहात्म्यमाह—

मूलारा—पीलं पीडां । विराधनां । पासुत्तो निर्भरनिद्राक्रांतः । समुद्दो मूर्छितः । वेदंतो वेतयमानः ।

अर्थ—इन व्रतोंकी भावनाओंका अभ्यास करनेसे यति इन भावनाओंसे संस्कृत होता है. तब वह गाढ सोता हुआ भी अथवा मूर्च्छित हुआ भी अपने व्रतोंको अतिचार युक्त नहीं करता है. तो जागृत अर्थात् सावधान रहनेवाला वह मुनि अपने व्रतोंको कैसे दूषित होने देगा ? अर्थात् दिनरात व्रतोंकी भावनाओंका अभ्यास करनेसे उसके व्रत हमेशा निरतीचार रहकर उत्तरोत्तर उन्नतावस्था की प्राप्ति कर लेते हैं.

एदाहिं भावणाहिं हु तम्हा भावेहिं अप्पमत्तो तं ॥
अच्छिद्दाणि अखंडाणि ते भविस्संति हु वदाणि ॥ १२१३ ॥

त्वमतः समितीः पंच भावयस्वैकमानसः ॥
महाव्रतान्यखंडानि निश्छिद्राणि भवंति ते ॥ १२५३ ॥
भावनाः समितिगुप्तयो यतेर्वर्धयन्ति फलदं महाव्रतम् ॥
शर्मकारि रजसां निरासकाश्चारुसस्यमिव कालवृष्टयः ॥ १२५४ ॥

इति महाव्रतवृष्टिः ।

विजयोदया—एदाहिं एताभिः । भावणाहिं भावनाभिः । तम्हा तस्मात् । भावेहि भावय । अप्पमत्तो तं अप्रमत्तस्त्वं । अच्छिद्दाणि अच्छिद्राणि । नैरंतर्येण प्रवृत्तानि । अखंडानि संपूर्णानि तव भविष्यंति व्रतानि ॥

एवं प्रकाशितस्वरूपमाहात्म्यासु भावनासु संन्यासिनं प्रयुंक्ते—

मूलारा—भावेहि संस्कुरु त्वमात्मानं । अच्छिद्दाणि नैरंतर्येण प्रवृत्तानि । निर्व्रणानि वा । अखंडानि संपूर्णानि । ते तव । तस्मात्भावनानिष्ठस्य ॥

अर्थ—इस वास्ते हे क्षपक ! तुम अप्रमत्त अर्थात् निर्दोष आचरणयुक्त होकर इन भावनाओंका अभ्यास करो. तुम जब भावनामय होंगे तब तुमारे संपूर्ण व्रत निरंतर टिक सकेंगे और पूर्णावस्थाको प्राप्त कर लेंगे. अतः हे क्षपक ! तुम अपनेको भावनाओंसे सुसंस्कृत बनाओ.

व्रतपरिणामोपघातनिमित्तानि शल्यानि ततस्तद्वर्जनं कार्यमित्याचष्टे—

णिस्सल्लस्सेव पुणो महव्वदाइं हवंति सव्वाइं ॥
वदमुवहम्मदि तीहिं दु णिदाणमिच्छत्तमायाहिं ॥ १२१४ ॥

महाव्रतानि जायंते निःशल्यस्य तपस्विनः ॥
निदानवंचनामिथ्यादर्शनैर्हन्यते व्रतम् ॥ १२५५ ॥

विजयोदया—णिस्सल्लस्सेव शल्यरहितस्यैव शृणाति हिनस्तीति शल्यं । शरकंटकादि शरीरादिप्रवेशि तेन तुल्यं यत्प्राणिनो बाधानिमित्तं, अंतर्निविष्टं परिणामजातं तच्छल्यमिह गृहीतं । महव्वदाइं महाव्रतानि भवंति । शल्यं कस्यचिदेव व्रतस्योपघातकं, यथा एषणासमित्यभावो अहिंसाव्रतस्येत्याशंकां निरस्यति सर्वशब्दो । ननु च महत्त्वेन व्रतमवशेष्यं । मिथ्यात्वादिशल्यं अणुव्रतान्यपि हन्त्येव । सत्यं प्रस्तुतत्वान्महाव्रतानामित्थमुक्तं। अत्र चोद्यं—हिंसादिभ्यो विरतिपरिणाममात्राणि व्रतानि । शल्ये मिथ्यात्वादिके सति किं न भवंति ? येनैवमुच्यते निःशल्यस्यैव महाव्रतानि भवंति ? एतत्प्रतिविधानायाह—वदमुवहम्मदि व्रतमुपहन्यते । तीहिं दु तिसृभिः । णिदाणमिच्छत्तमायाहिं निदानमिथ्यात्वमायाभिः । अल्पाच्तरत्वान्मायाशब्दस्य पूर्वनिपात इति चेन्न-मिथ्यात्वं व्रतविघातं प्रकर्षेण करोतीति प्रधानं ततो मिथ्यात्वं माया चेति द्विपदे द्वंद्वे मिथ्यात्वशब्दस्य पूर्वनिपातः पश्चान्निदानशब्देन द्वंद्वः तस्याल्पाच्तरत्वात्पूर्वनिपातः । सम्यक्चारित्रमिह मोक्षमार्गत्वेन प्रस्तुतं, तच्च नासतोः सम्यग्दर्शनज्ञानयोर्भवति । सति मिथ्यात्वे विरोधिनि न ते स्तः । समीचीनज्ञानदर्शनचारित्ररत्नत्रयस्यान्मुक्तेः । अनंतज्ञानादिकाच्चान्यत्र चित्तप्रणिधानं इदमेतत्फलं स्यादिति निदानं । तच्च सम्यग्दर्शनादिपरंपरया व्रतोपघातकारि ॥ मनसा स्वातिचारनिगूहनलक्षणा माया च व्रतमुपहन्तीति मन्यते ॥

व्रतानि रिरक्षिषुणा मुमुक्षुणा व्रतोपघातनिमित्तांतर्निविष्टपरिणामलक्षणानि त्रीण्यपि शल्यानि वर्ज्यानीति शिक्षार्थमाह—

मूलारा—सव्वाइं यथा एषणासमित्यभावः अहिंसाव्रतस्यैवं शल्यं कस्यचिदेव व्रतस्योपहन्तृ भविष्यतीत्याशंका निरासार्थमिदं, अणुव्रतग्रहणार्थं वा । वदं स्वनिमित्ताज्जातं महदणुव्रतं । तीहिं दु तिसृभिरपि । तथाहि—सम्यक्चारित्रमिह-मोक्षमार्गत्वेन प्रस्तुतं तच्च सम्यग्दर्शनज्ञानयोः सतोरेव भावात् । तच्च स्वविरोधिनि मिथ्यात्वे सति न स्यादिति मिथ्यात्वेन व्रतमुपहन्यते । तथा रत्नत्रयान्मुक्तेरनंतज्ञानादेर्वाऽन्यत्र इदमेतस्मान्मे भूयादिति चित्तप्रणिधानं निदानमिष्यते । तच्च सम्यग्दर्शनमनिचरत्तन्मूलं व्रतमुपहन्त्येव । तथा मायात्र मनसा स्वातिचारनिगूहनलक्षणा गृह्यतेऽतः सापि व्रतोपघातिनीति मन्यते ॥

शल्य व्रतपरिणामोंको घातते हैं अतः उनका त्याग करना चाहिये ऐसा क्षपकको कहते हैं.—

अर्थ—शल्यरहित यतीके संपूर्ण महाव्रतोंका संरक्षण होता है. परंतु जिन्होंने शल्योंको आश्रय दिया है उनके व्रत माया, मिथ्यात्व और निदान इनसे नष्ट होते हैं.

विशेषार्थ—जो प्राणीके शरीरमें प्रवेश कर उसका घात करता है उसको शल्य कहते हैं. अर्थात् बाण, कंटक वगैरह शरीरादिकमें प्रवेश कर उसको पीडित करते हैं इसलिये उनको शल्य कहते हैं वैसे प्राणीको दुःख देनेमें कारणीभूत ऐसे अंतरंग परिणामोंको वे भी बाणादिकके समान दुःख देनेवाले होनेसे शल्य कहते हैं.

शंका—एषणासमितीका अभाव होनेसे संपूर्ण व्रतोंका नाश नही होता है परंतु फक्त अहिंसाव्रत का ही घात होता है वैसे इन शल्योंसे सर्व व्रतोंका घात नहीं होता है.

उत्तर—गाथामें 'सर्व' शब्द है इससे सर्व व्रतोंका नाश होता है ऐसा सूचित होता है.

शंका—शल्योंसे महाव्रतके समान अणुव्रतों का भी नाश होता है परंतु ग्रंथकारने महाव्रतोंका नाश होता है ऐसा क्यों कहा है.

उत्तर—अणुव्रतोंका और महाव्रतोंकाभी शल्योंसे नाश होता है परंतु यहां महाव्रतोंका विवेचन करना ग्रंथकारको अभीष्ट है अतः 'महाव्रतोंका शल्य घात करते हैं ऐसा ग्रंथकारने कहा है.

शंका—हिंसादिक पापोंसे विरक्त होना यह व्रतोंका लक्षण है तो मिथ्यात्वादिक शल्य जीवमें रहने पर भी व्रत अर्थात् विरक्तिपरिणाम रह सकते हैं, अतः शल्यरहित पुरुषकेही महाव्रत होते हैं ऐसा कहना योग्य नहीं है.

उत्तर—व्रतोंका शल्यसे घात होता है. वे शल्य तीन प्रकारके माया मिथ्यात्व और निदान ऐसे हैं. यहां सम्यक्चारित्रको मोक्षमार्ग कहा है. परंतु बिना सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानके चरित्रको मोक्षमार्गता आती नहीं है. मिथ्यात्वपरिणाम आत्मामें रहनेसे सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान उत्पन्न होते ही नहीं. क्योंकि मिथ्यत्व इनका विरोधी है. वह इनको उत्पन्न होने नहीं देता है. सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और चारित्र इनको रत्नत्रय कहते हैं. रत्नत्रयकी पूर्णताको मोक्ष कहते हैं. अनंतज्ञानादिक अनंतचतुष्टयकी प्राप्ति करनेमें चित्तको न लगाकर अन्यबातोंमें अपने मनको एकाग्र करना जैसे इस तपसे मेरेको इंद्रादि पदवीकी प्राप्ति होनी चाहिये ऐसी अभिलाषा करना निदान शल्य है. यह शल्य सम्यग्दर्शन का नाश करता है और परंपरया व्रतोंका भी घात करता है. मनके द्वारा

अतिचार छिपानेका भाव रहना मायाशल्य है. अर्थात् ये तीन शल्य व्रतोंका—चारित्रपरिणामका घात करते हैं ऐसा सिद्ध हुआ.

तत्थ णिदाणं तिविहं होइ पसत्थापसत्थभोगकदं ॥
तिविधं पि तं णिदाणं परिपंथो सिद्धिमग्गस्स ॥ १२१५ ॥
निषेद्धुं सिद्धिलाभस्य त्रिभवस्थैककल्पनम् ॥
निदानं त्रिविधं शास्तमशस्तं भोगकारणम् ॥ १२५६ ॥

विजयोदया—तस्य तेषु शल्येषु णिदाणं निदानाख्यं शल्यं । तिविधं त्रिविधं । होदि भवति । पसत्थमप्पसत्थ-भोगकदं प्रशस्तनिदानमप्रशस्तनिदानं, भोगनिदानं चेति । तिविधं पि तन्निदानं त्रिप्रकारमपि निदानं परिपंथो विघ्नः । सिद्धिमग्गस्स रत्नत्रयस्य ।

निदानस्य त्रैविध्यं रत्नत्रयप्रतिबंधकत्वं चाभिधत्ते—

मूलारा—भोगकदं भोगा इष्टेन्द्रियार्थाः कृता येन तद्भोगकृतं । भोगकारणमित्यर्थः । परिपंथो विघ्नः ॥

अर्थ—तीनशल्योंमेंसे निदान नामक शल्यके तीन भेद हैं. प्रशस्त निदान, अप्रशस्तनिदान और भोगकृत निदान ये तीनो भी निदान रत्नत्रयके विरोधी हैं.

प्रशस्तनिदाननिरूपणार्थोत्तरगाथा—

संजमहेदुं पुरिसत्तसत्तबलविरियसंघदणबुद्धी ॥
सावअबंधुकुलादीणि णिदाणं होदि हु पसत्थं ॥ १२१६ ॥
नृत्वं सत्वं बलं वीर्यं संहतिं पावनं कुलं ॥
वृत्ताय याचमानस्य निदानं शास्तमुच्यते ॥ १२५७ ॥

विजयोदया—संजमहेदुं संयमनिमित्तं पुरिसत्तसत्तबलविरियसंघडणबुद्धी पुरुषत्वमुत्साहः, बलं शरीरगतं दार्ढ्यं, वीर्यं वीर्यांतरायक्षयोपशमजः परिणामः । अस्थिबंधविशेषा वज्रर्षभनाराचसंहननादिः । एतानि पुरुषत्वादीनि संयमसाधनानि मम स्युरिति चित्तप्रणिधानं प्रशस्तनिदानं सावयबंधुकुलादिनिदानं अदरिद्रकुले, बंधुकुले वा उत्पत्ति प्रार्थना प्रशस्तनिदानं ॥

प्रशस्तनिदानं वक्ति—

मूलारा—सत्त उत्साहः । बलं देहदार्ढ्यं । सायअधुकुलादि अदरिद्रकुलं, बंधुकुलं, सुजात्यादिकं च । पुंस्त्वादीनि संयमसाधनेच्छतः प्रशस्तनिदानं इदृशि संबंधः ।

अर्थ—पुरुषत्व अर्थात् उत्साह. शारीरिकबल, वीर्यांतरायकर्मका क्षयोपशम होनेसे उत्पन्न होनेवाला दृढ परिणाम, अस्थिबंधन अर्थात् वज्रवृषभनाराचादिकसंहनन, ये सब संयमसाधक सामग्री मेरेको प्राप्त हो ऐसी मनकी एकाग्रता होती है उसको प्रशस्तनिदान कहते हैं, धनिककुलमें, बंधुओंके कुलमें उत्पन्न होनेका निदान करना प्रशस्त निदान है.

अप्रशस्तनिदानमाचष्टे—

माणेण जादिकुलरूवमादि आइरियगणधरजिणत्तं ॥
सोभग्गाणादेयं पत्थंतो अप्पसत्थं तु ॥ १२१७ ॥
अर्हद्गणधराचार्यसुभगादेयतादिकं ॥
प्रोक्तं प्रार्थयते शस्तं मानेन भवबर्धकम् ॥ १२१८ ॥

विजयोदया—माणेण मानेन हेतुना जातिकुलरूवमादि जातिर्मातृवंशः, कुलं पितृवंशः, जातिकुलरूपमाद्यस्य सुलभत्वात्प्रशस्तजात्यादिपरिग्रहः । इह आइरियगणधरजिणत्तं आचार्यत्वं, गणधरत्वं, । जिनत्वं. सोभग्गाणादेज्जं सौभाग्यं, आज्ञां, आदेयत्वं च । पत्थंतो प्रार्थयतः । अप्रशस्तनिदानं मानकषायदूषितत्वात् ॥

अप्रशस्तनिदानमाह—

मूलारा—माणेण अभिमानवशेन । जादिकुलरूवमादि प्रशस्तं मातापितृकुलं । सौष्ठवं दीर्घं चायुरिह प्रार्थ्यं । तन्मात्रस्य सुलभत्वात् । सोभग्गाणादेज्जं सौभाग्यमाज्ञामादेयवाक्यतां वा । पत्थंतो प्रार्थयतः । अप्पसत्थं मानकषायदूषितत्वात् ॥

अर्थ—अभिमानके वश होकर उत्तम मातृवंश, उत्तम पितृवंश. अर्थात् प्रशस्त जाति और प्रशस्त कुल, रूप इसकी अभिलाषा करना. आचार्यपदवी, गणधर पद. तीर्थंकरपद. सौभाग्य, आज्ञा और सुंदरपना इनकी प्रार्थना करना यह सब अप्रशस्त निदान है. क्यों कि मानकषायसे दूषित होकर उपर्युक्त अवस्थाकी अभिलाषा की जाती है.

कुद्धो वि अप्पसत्थं मरणे पच्छेइ परवधादीयं ॥
जह उग्गसेणघादे कदं णिदाणं वसिट्ठेण ॥ १२१८ ॥
अशस्तं याचते क्रुद्धो मरणेऽन्यवधं क्रुधीः ॥
अयाचदुग्रसेनस्य वसिष्ठो हननं यथा ॥ १२५९ ॥

विजयोदया—कुद्धो वि क्रुद्धोऽपि । अप्पसत्थं परवधादिकं । मरणे मरणकाले । पच्छेदि प्रार्थयते । जधा यथ उग्गसेणघादे उग्रसेनमरणे । कदं णिदाणं वसिट्ठेण वसिष्ठेन यतिना ॥

क्रोधादपि तदप्रशस्तं इत्याह—

मूलारा—वसिट्ठेण वसिष्ठेन यतिना ॥

अर्थ—क्रुद्ध होकर मरणसमयमें शत्रुवधादिककी इच्छा करना यह भी अप्रशस्त निदान है. वसिष्ठ नामक मुनीने उग्रसेन राजाका वध करनेका निदान किया था. जिससे वह मरकर उग्रसेन राजाका कंस नामक पुत्र हुआ था. अपने पिताको कारागारमें बंद कर यह राज्यपर आरुढ हुआ. (आराधना कथाकोषमें इसकी कथा है.

भोगनिदाननिरूपणा—

देविगमाणुसभोगो णारिस्सरसेट्ठिसत्थवाहत्तं ॥
केसवचक्कधरत्तं पच्छंतो होदि भोगकदं ॥ १२१९ ॥
स्वर्गभोगिनरनाथकामिनीः श्रेष्ठिचक्रिबलसार्थवाहिनां ॥
भोगभूतिमधियो निदानकं कांक्षतो भवति भोगकारणम् ॥ १२६० ॥

विजयोदया—देविगमाणुसभोगे देवेषु मनुजेषु च भवान्भोगान् । पच्छंतो अभिलषति भोगकदं भोगकृतं निदानं । णारिस्सरसेट्ठिसत्थवाहत्तं नारीत्वं, ईश्वरत्वं, श्रेष्ठित्वं, सार्थवाहत्वं च । केसवचक्कधरत्तं वासुदेवत्वं सकलचक्रवर्तित्वं च वांछति भोगार्थं । भोगनिदानं च भवति ॥

भोगनिदानमाह —

मूलारा—नारीस्सर नारीत्वमीश्वरत्वं च । पच्छंतो वांछति सति । देवमर्त्यभोगान्भोगार्थमेव च स्त्रीत्वादीनि ॥

अर्थ—देवोंमें और मनुष्योंमें प्राप्त होनेवाले भोगोंकी अभिलाषा करना यह भोगकृत निदान है. स्त्रीपना, धनिकपना, श्रेष्ठिपद, सार्थवाहपना अर्थात् सब व्यापारिओंका स्वामित्व, केशवपद—नारायणपदवी, सकलचक्रवर्तीपना इनकी भोगोंके लिये अभिलाषा करना यह भोगनिदान है.

संजमसिहरारूढो घोरतवपरक्कमो तिगुत्तो वि ॥
पगरिज्ज जइ णिदाणं सोवि य वड्ढेइ दीहसंसारं ॥ १२२० ॥

वृद्धसंयमतपःपराक्रमः शुद्धगुप्तिकरणोऽपि ना ततः ॥
याति जन्मजलधिं सुदुस्तरं कापरस्य गणना कुचेतसः ॥ १२२१ ॥

विजयोदया—संजमसिहरारूढो संयमः शिखरमिव दुरारोहत्वादचलत्वाद्वा । एतदुक्तं भवति । प्रकृष्टसंयमोऽपि । घोरतवपरक्कमो घोरे तपसि पराक्रम उत्साहो यस्य सोऽपि दुर्धरतपोऽनुष्ठाय्यपि । तिगुत्तो वि गुप्तित्रयसमन्वितोऽपि । पगरिज्ज जइ णिदाणं निदानं यदि कुर्यात् । वड्ढेइ वर्धयति संसारमात्मनः । किमपरस्मिन्निदानकारिणि वाच्यम् ॥

जिनेंद्रप्रायस्यापि निदानकरणे संसारदीर्घकारणमाह—

मूलारा— संजमसिहरारूढो संयमः शिखरमिव दुरारोहत्वादचलत्वाद्वा । तदारूढः संयमकाष्ठानिष्ठ इत्यर्थः । घोरतवपरक्कमो दुष्करे तपस्युत्साहो यस्यासौ ॥

अर्थ—जैसे पर्वतका शिखर निश्चल और चढकर ऊपर जानेके लिये कठिन है वैसे उत्कृष्ट संयम भी धारण करना कठिन है. ऐसा उत्कृष्ट संयम जिसने धारण किया है, घोर तपमें जो उत्साहयुक्त है अर्थात् जो दुर्धर तपश्चरण करनेमें तत्पर रहता है. जो तीन गुप्तिओंका धारक है ऐसा भी मुनि निदान करेगा तो वह भी संसारको बढावेगा अर्थात् उसको भी संसारमें दीर्घकाल तक भ्रमण करना पडेगा. तो अन्य निदान करनेवाले क्षुद्र मनुष्यको संसार में घूमना पडेगाही.

जो अप्पसुक्खहेदुं कुणइ णिदाणमविगणियपरमसुहं ॥
सो कागणीए विक्केइ मणिं बहुकोडिसयमोल्लं ॥ १२२१ ॥

निदानं योऽल्पसौख्याय विधत्ते सौख्यनिस्पृहः ॥
काकिण्या स मणिं दत्ते शंके कल्याणकारणम् ॥ १२६२ ॥

विजयोदया—जो अप्पसुखहेदुं योऽल्पसुखनिमित्तं निदानं करोति परमे मुक्तिसुखे अनादरं कृत्वा । स काकण्या विक्रीणीते मणिं बहुकोटिसहस्रमौल्यम् ॥

संसारसुखाय निदानयंत्तं निंदंति —

मूलारा—स्पष्टम् ॥

अर्थ—जो मनुष्य उत्कृष्ट मोक्षके सुखमें अनादर करके अल्प सुखके लिए निदान करता है वह अनेक कोटि रूपयोंकी कीमतवाला मणि कौडी मिलने की इच्छासे बेचता है ऐसा समझ लेना चाहिए.

(सो भिंदइ लोहत्थं णावं भिंदइ मणिं च सुत्तत्थं ॥
छारकदे गोसीरं डहदि णिदाणं खु जो कुणदि ॥ १२६२ ॥
स सूत्राय मणिं भिन्ते नावं लोहाय भस्मने ॥
कुधीर्दहति गोशीर्षं निदानं विदधाति यः ॥ १२६३ ॥

विजयोदया—सो भिंदइ स भिनत्ति कीलकलोहार्थं नावं अनेकदारुसंघातां । भिनत्ति रत्नं च सूत्रार्थं । गोशीर्षं चंदनं दहति भस्मार्थं यो निदानं करोति स्वल्पार्थं । सादृविनाशसाधर्म्यादभवमाचष्टे—सूपकारोपरि कथा यो निदानकारी, तेन नीप्रभृतिकं विनाशितं । अर्थाख्यानकानि वाच्यानि ॥

मूलारा—गोसीरं वरचंदनं । अत्र स्मरविनाशनसाधर्म्यादभेदो वेद्यः ।

अर्थ—जो मनुष्य निदान करता है वह मनुष्य लोहके कीलके लिए नौकाका भेदन करता है, दोरीके लिए रत्नहारको तोडता है, भस्मके लिए गोशीर्ष चंदनको जलाता है ऐसा समझना चाहिए. अर्थात् तुच्छ संसार सुखकी प्राप्तिके लिए निदान करना अयोग्य है. उत्कृष्ट संयमका उससे नाश होता है. रसोइयाकी कथामें उपर्युक्त बातोंका उल्लेख है.)

कोडी संतो लद्धूण डहइ उच्छुं रसायणं एसो ॥
सो सामण्णं णासेइ भोगहेदुं णिदाणेण ॥ १२६३ ॥

तापार्थं क्षोषते कुष्ठी स लब्ध्वेक्षुं रसायनम् ॥
श्रामण्यं नाश्यते तेन भोगार्थं सिद्धिसाधकम् ॥ १२६४ ॥

विजयोदया—कुष्ठी सन् रसायनभूतमिक्षुं लब्ध्वा दहति यः समानतां नाशयति सर्वदुःखव्याधिविनाशनोद्यतं भोगार्थनिदानेन ॥

मूलारा—कोढी संतो कुष्ठी सन् । रसायणं कुष्ठविनाशनरसायनभूतं ॥

अर्थ—जैसे कोइ कुष्ठरोगी मनुष्य कुष्ठरोगका नाशक रसायन तुल्य ईख को पाकर उसको जलाता है वैसे निदान करनेवाला मनुष्य सर्वदुःखरूपी रोगका नाश करनेवाले संयमका भोगकृत निदानसे नाश करता है.

पुरिसत्तादिणिदाणं पि मोक्खकामा मुणी ण इच्छंति ॥
जं पुरिसत्ताइमओ भावो भवमओ य संसारो ॥ १२२४ ॥
नरत्वादिनिदानं च न कांक्षंति मुमुक्षवः ॥
नरत्वादिमयं तस्मात्संसारस्तन्मयो यतः ॥ १२६५ ॥

विजयोदया—पुरिसत्तादिणिदाणं पुरुषत्वादिनिदानमपि मोक्षाभिलाषिणो मुनयो न वाछंति । यस्मात्पुरुषत्वादिरूपो भवपर्यायः । भवात्मकश्च संसारः भवपर्यायपरिवर्तस्वरूपत्वात् ॥

प्रशस्तनिदानस्यापि मुमुक्षूणामकरणीयत्वमाह—

मूलारा—भावो देहग्रहणपर्यायः ।

अर्थ—पुरुषत्व, बल, वीर्य वगैरहका निदान भी मुमुक्षु मुनि करते नहीं. क्योंकि पुरुषत्वादिपर्याय भी भव ही है और भव संसाररूप है.

दुक्खक्खयकम्मक्खयसमाधिमरणं च बोधिलाभो य ॥
एयं पत्थेयव्वं ण पच्छणीयं तओ अण्णं ॥ १२२५ ॥
समाधिमरणं बोधिर्दुःखकर्मक्षयस्ततः ॥
प्रार्थनीयो महाप्राज्ञैः परं नातः कदाचन ॥ १२६६ ॥

विजयोदया—दुष्कृतक्षयः दुःखानां शारीराणां, आगंतुकानां स्वाभाविकानां च क्षयो भवतु । तथा कर्मणां तत्कारणभूतानां रत्नत्रयसंपादनपुरःसरं मरणं, दीक्षाभिमुखो बोधिलाभश्च एतत्प्रार्थनीयं नान्यत् ॥

तर्हि अतायनुष्ठायिना किं प्रार्थ्यमित्याह—

मूलारा—बोधिलाभो रत्नत्रयप्राप्तिः । अत्र यथापूर्वं हेतुहेतुमद्भावो भाव्यः ॥

अर्थ—मेरे शारीरिक दुःखोंका, आगंतुक—अकस्मात् उत्पन्न होनेवाले दुःखोंका, और स्वाभाविक दुःखोंका जन्मजरामरणादि दुःखोंका नाश हो. तथा इन दुःखोंको उत्पन्न करनेवाले असातावेदनीयादि कर्मोंका भी नाश हो. मेरेको समाधिमरणकी अर्थात् रत्नत्रयप्राप्ति पूर्वक मरणकी प्राप्ति हो. दीक्षाधारण करनेमें प्रवृत्त करने वाली रत्नत्रय प्राप्ति हो इन बातोंकी प्रार्थना करनी चाहिये. अन्य वस्तुकी प्रार्थना करना योग्य नहीं है.

पुरिसत्तादीणि पुणो संजमलाभो य होइ परलोए ॥
आराधयस्स णियमा तदत्थमकदे णिदाणे वि ॥ १२२६ ॥
नरत्वसंयमप्राप्ती परत्र भवतः स्वयम् ॥
निदानमंतरेणापि हृगाद्याराधनांऽगिनः ॥ १२६७ ॥

विजयोदया—पुरिसत्तादीणि पुरुषत्वादिकं, संयमलाभश्च भविष्यति परजन्मनि कस्य ? कृतरत्नत्रयाराधनस्य निश्चयेन । तदर्थमकृतेऽपि निदाने ॥

आराधकस्य निदानं विनापि प्रेत्यपुरुषत्वादिभावमवश्यंभावि संभावति—

मूलारा—अकदे अकृतेऽपि ॥

अर्थ—जिसने रत्नत्रयकी आराधना की है उसको निदान न करनेपरभी अन्यजन्ममें अर्थात् आगेके जन्ममें निश्चयसे पुरुषत्वादिककी और संयमकी प्राप्ति होती है.

माणस्स भंजणत्थं चिंतेदव्वो सरीरणिव्वेदो ॥
दोसा माणस्स तहा तहेव संसारणिव्वेदो ॥ १२२७ ॥

भवशरीरनिर्वेदमानदोषविचिंतनम् ॥

कर्तव्यं मानभंगाय संसारान्तं धियासता ॥ १२६८ ॥

विजयोदया—माणस्स भंजणत्थं मानभंजनार्थं ध्यातव्यः शरीरनिर्वेदः । तथा दोषाश्च मानस्य । तथैव संसारनिर्वेदश्च ध्यातव्य इति क्षपकं निर्यापकसूरिः शिक्षयति । शरीरस्य अशुचित्वादिस्वभावचिंतनतः । किमेतेन शरीरेणेति शरीरे अनादरः शरीरनिर्वेदः । स कथं मानस्य भंजने निमित्तं । स हि शरीरानुरागमेवापहति । तत्प्रतिपक्षत्वात् । अथोच्यते मानशब्दः सामान्यवचनोऽपि रूपाभिमानविषयो गृहीतः । स च शरीरनिर्वेदेन भज्यते । मानस्य दोषा नीचकुलेषूत्पत्तिर्मान्यगुणालाभः, सर्वविद्वेष्यता, रत्नत्रयाद्यलाभ इत्यादिकाः । संसारस्य द्रव्यक्षेत्रकालभावभवपरिवर्तनरूपस्य पराङ्मुखता संसारनिर्वेदः । तथोपयुक्तस्य अहंकारनिमित्तानां विनाशात्, विनिंद्यानां च गुणानां बहूनां असकृत्प्रवृत्तिः अनेकप्राणिलभ्यत्वात् । सुप्राप्येभ्यो गुणेभ्योऽतिशयितानां गुणानामन्यैरुपलंभनात् ॥

अप्रशस्तनिदानागमानभंगोपायान्क्षपकं शिक्षयति—

मूलारा—शरीरणिव्वेदो बीभत्सपूतिक्षयितापकत्वात्तत्रानादरः । किमनेन शरीरेणाशुच्यादिस्वभावेनेत्यवमानमित्यर्थः ॥ तदुपयुक्तो हि देहाश्रितसौरूप्येण क्रियमाणमात्मोत्कर्षसंभावनां विनाशयतीति रूपाभिमानभंजनाय तद्भावनोपदेशः । दोषा दोषा अपकाराः । ते च नीचकुलेषूत्पत्तिर्मान्यगुणाप्राप्तिः, सर्वविद्वेष्यता, रत्नत्रयाद्यलाभाश्चेत्यादिकाः ॥ संसारणिव्वेदो द्रव्यक्षेत्रकालभावभवपरिवर्तनरूपस्य संसारस्य पराङ्मुखता । तदुपयुक्तस्य खल्वहंकारकारणानां निंद्यगुणानामनेकप्राणिसुलभत्वेनोपलंभात् । स्वप्राप्यसान्यगुणेभ्योऽतिशयितानां ज्ञानतपःप्रमुखगुणानां महापुरुषगोचराणां असकृत्प्रवृत्तिदर्शनाच्च तद्गुणालंबनो मानो विनश्यति ॥

अर्थ—मानका मर्दन करनेके लिये शरीरनिर्वेदका चिंतन करना चाहिये अर्थात् शरीरसे मन विरक्तियुक्त होगा ऐसा विचार करना चाहिये. तथा माननाशार्थ अभिमानके दोषोंका भी विचार जरूर करना योग्य है ऐसा आचार्य क्षपकको उपदेश देते हैं. शरीरके अपवित्रत्वादि स्वभावोंका चिंतन करनेसे ऐसे शरीरसे मेरा क्या प्रयोजन सिद्ध होगा ऐसा समझकर आत्मा उससे विरक्त होता है.

प्रश्न—शरीरवैराग्य माननाशके लिए कैसे कारण होता है ? क्योंकि, वह मानसे उलटा है. वह तो शरीरपर प्रीति उत्पन्न करनेके लिए कारण होगा ?

उत्तर—मान शब्द यद्यपि सामान्यका वाचक है परंतु यहां रूपाभिमानमें रूढ समझना चाहिए, यह रूपाभिमान शरीरनिर्वेदसे नष्ट होता है.

मानके दोष इस प्रकार हैं—मान जीवको नीच कुलमें उत्पन्न करता है. मानसे गुणों की प्राप्ति नहीं होती है. मानी पुरुषका सर्व जन द्वेष करते हैं. उसको रत्नत्रयादिक का लाभ नहीं होता है. इत्यादिक दोष मान कषायमें हैं.

द्रव्यपरिवर्तन, क्षेत्र परिवर्तन, काल परिवर्तन, भवपरिवर्तन और भावपरिवर्तन ऐसे पांच परिवर्तन स्वरूप संसारसे पराङ्मुख होनेका विचार हमेशा करना चाहिए. इस विचारसे भी मानका घात होता है. जब आत्मा संसारसे पराङ्मुख होता है तब अहंकारके साधनभूत कारणोंका नाश होता है. अनेक वर्णनीय गुणोंकी प्राप्ति होती है. मेरे को जो ज्ञान तप वगैरह गुण प्राप्त हुए हैं वे अन्य पुरुषों को भी प्राप्त होते हैं अतः गर्व करना योग्य नहीं है ऐसा विचार करनेसे मानका नाश होता है.

कुलाभिमाननिरासोपायमाचष्टे—

णीचो वि होइ उच्चो उच्चो णीचत्तणं पुण उवेइ ॥
जीवाणं खु कुलाइं पथियस्स व विस्समंताणं ॥ ११९८ ॥
उच्चं भवे कुलं नीचो नीचमुच्चः प्रपद्यते ॥
कुलानि सन्ति जीवानां पांथानामिव विश्रमः ॥ १२६९ ॥

विजयोदया—णीचो वि होदि स्थानमानैश्वर्यादिभिस्तिरोभूतो नीच इत्युच्यते । सोपि होदि भवति । उच्चो तैरेवोन्नतः । स उच्चो अतिशायितस्थानमानादिकोऽपि नीचत्तणं तैर्न्यूनतां । पुण उवेदि पुनः उपैति । जीवानां खु जीवानां खलु । कुलाइं कुलानि । कीदृग्भूतानां ? विस्समंताणं विश्रमतां वहतां कुलानि कुलबहुत्वप्रकटनेन कुलानित्यता दर्शिता । अनियतकुलस्य कः कुलगर्वः । पथिकस्सव पथिकस्य यथा विश्रमस्थानं न नियतमस्ति तद्वदेवास्येति भावः ॥

कुलाभिमाननिरासोपायमाह—

मूलारा—णीचो स्थानमानैश्वर्यादिभिस्तिरोभूतः । उच्चो अतिशायितस्थानमानादिकः । कुलाइं गोत्राणि स्थानानि च । विस्समंताणं विश्राम्यतां स्थितिकुर्वतां कुलानि जीवानां संपद्यंते । यथा पथिकस्य न विश्रामस्थानं नियतमस्ति तथा कुलं जीवस्येति भावः । अनियतकुलस्य कः कुलगर्व इति माननिर्जयः । विस्समत्थाणमिति क्वचित्पाठः । उक्तं च—

उच्चं भवे कुलं नीचो नीचमुच्चः प्रपद्यते ॥
कुलानि संति जीवानां पांथानामिव विश्रमाः ॥

कुलाभिमानका नाश करनेका उपाय कहते हैं—

अर्थ—स्थान, मान, ऐश्वर्यादि न होनेसे मनुष्य नीच कहलाता है. ऐसा नीच मनुष्य इनकी प्राप्ति होने पर लोकोंके द्वारा उच्च माना जाता है. जिसके स्थान, मान, ऐश्वर्यादिक बढ गये हैं वह मानव कालान्तरसे इस मानके दोषसे हीनताको प्राप्त होता है. जैसे प्रवास करनेवाला मनुष्य एक जगहमें ही विश्रांति नहीं लेता है. भिन्नभिन्न स्थानोंका वह आश्रय लेता है वैसे यह जीव भी एक ही कुलमें नहीं रहता है. भिन्न भिन्न कुलोंमें उसको जन्म लेना पडता है. कभी उच्च कुलमें यह जन्म धारण करता है कभी नीचकुलमें उत्पन्न होता है अतः कुलका गर्व करना योग्य नहीं है.

किं च गर्वो हात्मनो वृद्धिं परस्य वा हानिं बुद्ध्वा संक्षेपते तस्य युक्तोऽहंकारः न चास्य वृद्धिहानी स्त इति कथयति—

उच्चासु व णीचासु व जोणीसु ण तस्स अत्थि जीवस्स ॥
वड्ढी वा हाणी वा सव्वत्थ वि सित्तिओ चेव ॥ १२२९ ॥
हानिवृद्धी प्रजायेते नीचोच्चासु न योनिषु ॥
सर्वत्रोत्पद्यमानस्य जीवस्य समभावता ॥ १२७० ॥

विजयोदया— उच्चासु व णीचासु व यत्र स्थित आत्मा शरीरं निर्वर्तयति तद्योनिशब्देनोच्यते । न तस्य उच्चता नीचता वा ततः किमुच्यते उच्चासु व णीचासु व इति । अत्रोच्यते—योनिशब्देन कुलमेवात्रोच्यते । तेनायमर्थः । मान्ये कुले गर्हिते वा उत्पन्नस्य न तस्य जीवस्य वृद्धिर्हानिर्वा सर्वत्र तत्प्रमाण एव ज्ञानादिगुणातिशयादेव उत्कृष्टता । निंदितगुणः कुलीनोपि न पूज्यते तरामन्यैः । अमान्येपि कुले संभूतो यदि गुणी स्यात् । उक्तं च—

संसारवासे भ्रमतो हि जंतोर्न चात्र किंचित्कुलमस्ति नित्यं ॥
स एव नीचोत्तममध्यजातः स्वकर्मवश्यः समुपैति तास्ताः ॥
नृपश्च दासः श्वपचश्च विप्रो दरिद्रवंशश्च समृद्धवंशः ॥
चोराग्निदावाहितयाचिता च संजायते कर्मवशात्स एव ॥

को वाधिकारः सुकुलेषु नृणां का वा विहिंसान्यकुलप्रसूतौ ॥
कार्योऽधिकारो ननु धर्म एव कार्या विहिंसापि च दुष्कुलेषु ॥

किंच सर्वोऽपि पृथग्जनः स्वस्योत्कर्षं परस्य चापकर्षं मन्यमानो गर्वमुपैति। न चारयात्मन उच्चनीचकुलप्राप्तिनिमित्ते वृद्धिहानी स्तस्तत्कोऽस्योच्चकुलत्वेऽहंकार इति शिक्षयति—

मूलारा—जोणीसु कुलेसु। शरीरनिष्पादनस्थानानामुच्चत्वनीचत्वासंभवात्। अत्र योनिशब्देन कुलमेवोच्यते। तत्तिवोच्चैव असंख्यातप्रदेशप्रचयात्मक एव। मान्यकुले प्रसूतो नैकेनापि प्रदेशेन वर्द्धते, नापि निंद्ये जातो हीयत इति भावः। तसो ज्ञानादिगुणातिशययोगादेव पूज्यते न कुलोच्चत्वयोगात्तत्कः कुलीनत्वगर्वं इति गर्वखर्वणोपायशिक्षणं॥

गर्व करनेसे आत्मकी वृद्धि होती है और न करनेसे उसकी हानि होती हो तो गर्व करना योग्य होगा. परंतु आत्मा कम जादा होता हुआ नहीं दीखता है. इस विषयका विवेचन—

अर्थ—जहां आत्मा रहकर शरीर उत्पन्न करता है अर्थात् धारण करता है ऐसे आधारको योनि कहते हैं. आधाररूप योनि उच्चभी नहीं है और नीच भी नहीं है. इसलिये 'उच्चासु व णीचासु व' ऐसा कहना अनुचित है.

उत्तर—योनिशब्दका अर्थ उत्पत्तिस्थान ऐसा नहीं है. प्रस्तुत प्रकरणमें योनिशब्दका कुल ऐसा अर्थ लेना चाहिए. इसलिए यहां ऐसा अर्थ समझना योग्य होगा—मान्यकुलमें अथवा निंद्य कुलमें उत्पन्न होने पर भी जीवकी वृद्धि वा हानि नहीं होती है. सर्वत्र वह असंख्यात प्रदेशात्मक ही रहता है. ज्ञानादिगुणोंके अतिशय से ही उत्कृष्टता प्राप्त होती है. जिसके गुण निंद्य है वह कुलीन होनेपरभी अन्य पुरुषोंके द्वारा नहीं पूजा जाता है. हीन कुलमें उत्पन्न होने परभी यदि वह गुणी होगा तो पूजा जाता है.

अन्य ग्रंथमें इस विषयमें ऐसा कहा है—

" इस संसारमें भ्रमण करनेवाले प्राणीका कोईभी कुल नित्य नहीं है. अपने किये हुए कर्मके वश होकर यह संसारी आत्मा नीच कुल, उच्च कुल और मध्य कुलमें जन्म लेता है. और नीच, उच्च, मध्यम अवस्थाको प्राप्त होता है. इस संसारमें राजा भी दुर्दैवयोगसे दास होता है. श्वपच भी—मातंगभी अन्य जन्ममें ब्राह्मण बन जाता है. दरिद्री वंश भी धनसंपन्न होता है. कर्मके वश होकर इस जीवको चोर, अग्नि, सर्प इत्यादिकोंसे दुःख प्राप्त होता है. मनुष्यको उच्च कुलकी प्राप्ति होनेपर गर्व नहीं करना चाहिये और नीच कुलमें उत्पन्न हुए प्राणिओंकी जुगुप्सा

नहीं करनी चाहिये. अर्थात् उनका तिरस्कार करना योग्य नहीं है. मनुष्यको धर्ममें अधिकार करना योग्य है. अर्थात् धर्माचरण करना उसका कर्तव्य है और पापकार्यसे उसको पराङ्मुख होना योग्य है"

कालमणंतं णीचागोदो होदूण लहइ सगिमुच्चं ॥
जोणीमिदससलागं ताओ वि गदा अतणाओ ॥ १२३० ॥
लाभं लाभमनंताश्च नीचामुच्चां प्रपद्यते ॥
तथाप्युच्चा अपि प्राप्ता अनंता योनयो भवे ॥ १२७१ ॥

विजयोदया—कालमणंतं णीचागोदो होदूण अनंतकालं नीचैर्गोत्रो भूत्वा । लभदि सगिमुच्चं जोणिं । लभते सकृदुच्चैर्गोत्रं । कीदृशीं इदरसलागं इतरशलाकां । इतरा नीचैर्योनयः । गदा अणंताओ आनंताः प्राप्ता एकेन जीवेन ॥

यद्यप्ययमात्मा संसारे पर्यटन्ननंतशो नीचा योनीर्भूयो लब्ध्वा कथमप्यंतरांतरोधां योनिमेकैकशो लभते तथाप्यनंतनीचयोनिलाभांतरालवर्तिन्य. उच्चा योनयोऽप्यनंतर एवानेनानादिकालेन लब्धा इत्युपदिशति—

मूलारा—णीचागोदो नीचैर्गोत्रः । सगिं सकृत् । उच्चं जोणिं उच्चैर्गोत्रं । इतरा नीचैर्योनयः । शलाका अंतरान्तरवर्तिन्यो यस्या उच्चैर्योनेस्तां । ताओ वि ता अप्यन्तरालेऽन्तराले लब्ध्वा अप्युच्चैर्योनयो गदा प्राप्ताः । उक्तं च—

लाभं लाभमनंताश्च नीचामुच्चां प्रपद्यते ॥
तथाप्युच्चा अपि प्राप्ता अनंता योनयो भवेत् ॥

तत्कोऽस्य दैवायत्ते मान्यकुले प्रसूतस्य मदः । को वा निंद्ये कुले जातस्य विषादः कर्तव्य इत्युपेक्षैव श्रेयसीति शिक्षासर्वस्वं ॥

अर्थ—यह जीव अनंतकालतक नीच गोत्रकर्मके उदयसे उच्च कुलमें जन्म लेता है. इस जीवने अनंतवार नीच कुलमें जन्म लिया है.

बहुसो वि लद्धविजडे को उच्चत्तम्मि विब्भओ णाम ॥
बहुसो वि लद्धविजडे णीचत्ते चावि किं दुक्खं ॥ १२३१ ॥

उच्चत्वे बहुशः कोऽत्र लब्ध्वा त्यक्तेऽस्ति विस्मयः ॥
नीचत्वे वास्ति किं दुःखं लब्ध्वा त्यक्ते सहस्रशः ॥ १२७२ ॥

विजयोदया—एवं बहुसो वि बहुशोऽपि लद्धविजडे लब्धपरित्यक्ते च । उच्चत्तम्मि मान्यकुलप्रसूतत्वे । को णाम विम्हओ को नाम विस्मयः । कदाचिदलब्धपूर्वमिदमिदानीमेव लब्धमिति भवेद्गर्वः । बहुसो वि बहुशोऽपि । लद्धविजडे लब्धपरित्यक्ते । णीचत्ते चापि नीचैर्गोत्रसम्बन्धे अपि । किं दुक्खं किमिदं दुःखं ॥

एतदेवाह—

मूलारा—लद्धविजडे प्राप्ते परित्यक्ते च । विस्मओ कदाचिदलब्धपूर्वमिदं इदानीमेव लब्धमिति गर्वः स्यात् ॥

अर्थ—इस जीवने बहुतवार उच्च कुलमें भी जन्म लेकर त्याग किया है. उसमें दुःख मानना भी व्यर्थ है. यदि उच्चकुलकी प्राप्ति पूर्व कालमें कभी भी नहीं हुई थी और अबही हुई हो तो गर्व करना योग्य था. नीच गोत्र के उदयसे नीचकुलमें भी अनेक वार जन्म हुआ है उसका खेद माननेकी आवश्यकता नहीं है. परंतु जिससे उच्च कुलमें जन्म प्राप्त होगा ऐसा धर्माचरण करना चाहिये.

उच्चत्तणम्मि पीदी संकप्पवसेण होइ जीवस्स ॥
णीचत्तणे ण दुक्खं तह होइ कसायबहुलस्स ॥ १२७३ ॥
उच्चत्वे जायते प्रीतिः संकल्पवशतोऽङ्गिनः ॥
नीचत्वेऽपि महादुःखं कषायवशवर्तिनः ॥ १२७३ ॥

विजयोदया—उच्चत्तणम्मि मान्यकुलत्वे । पीदी प्रीतिः । संकप्पवसेण संकल्पवशेन होदि जीवस्स भवति जीवस्य प्रशस्ते कुले जातोऽहमिति मनोनिधानात् । प्रीतो भवत्यत्यर्थं जनः । नेत्थंभूतं संकल्पमंतरेण सामान्यकुलत्वे सत्यपि प्रीतिर्भवति । नीचकुलत्वमेव च न दुःखस्य निमित्तं अपि च नीचत्तणे य नीचैर्गोत्रत्वे च दुःखं तथा होदि तथा भवति । प्रीतिरिव परनिमित्तकं भवति । कस्य ? कषायबहुलस्य कसायशद्दः सामान्यवचनोऽपि मानकषाये वर्तते । तेनायमर्थः । प्रचुरमानकषायो जनयति दुःखमस्य न नीचैर्गोत्रत्वं ॥

नैवोच्चनीचकुलत्वे सुखदुःखे कुतः । किंतु मानाभ्यातस्य तदालंबनः संकल्प एवेत्यनुशास्ति—

मूलारा—संकप्पवसेण उत्तमं मे कुलं इति मनःप्रणिधानसामर्थ्येन । तथ प्रीतिरिव । संकल्पवशेनैव । कसायबहुलस्स मानोत्कटस्य प्रचुरो मानोऽस्य जनयति दुःखं न नीचैर्गोत्रत्वमेवेति भावः ॥

अर्थ—जीव उच्चकुलकी प्राप्ति होनेसे प्रीतियुक्त होता है उसका कारण उच्चकुल हैं ऐसा नहीं समझना चाहिये. मैं उच्चकुलमें उत्पन्न हुआ हूं ऐसा विचार उत्पन्न होनेसे जीव अतिशय खुश होता है. यदि ऐसा संकल्प मनमें न होगा तो मान्य कुलकी प्राप्ति होनेपर भी वह प्रीतियुक्त नहीं होता है. उसी तरह नीच कुल भी दुःखका कारण नहीं है. किंतु संकल्पही दुःखका कारण होता है. कषाय जिसमें प्रचुर है उस जीवको उससे दुःख होता है नीचगोत्र उसका कारण नहीं है. गाथामें कषाय शब्द सामान्यतया प्रयुक्त किया है परंतु यहां वह शब्द प्रकरण वश मानकषायका वाचक समझना चाहिये. अर्थात् मानकषायसे ही जीवको दुःख होता है. नीचगोत्रत्व उसका कारण नहीं है.

एवं प्रीतिपरितापौ संकल्पायत्तौ प्रतिपादयतः—

उच्चत्तणं व जो णीचत्तं पिच्छेज्ज भावदो तस्स ॥
उच्चत्तणे व णीचत्तणे वि पीदी ण किं होज्ज ॥ १२३३ ॥

उच्चत्वमिव नीचत्वं चेतसा यो निरीक्षते ॥
उच्चत्व इव नीचत्वे किमसौ न सुखायते ॥ १२७४ ॥

विजयोदया—उच्चत्तणं व उच्चैर्गोत्रत्वमिव जो णीचत्तं पेच्छदि यो नीचैर्गोत्रं प्रेक्षते । इदं चंडालत्वं वरमिति भावशब्दोऽनेकार्थत्वाच्चापि इह चित्तवाची। यत् येन लब्धं तत्तस्य शोभनं । अलभ्येन शोभनेनापि किं तेनेति मनसि करोति यदा तदा तत्रैव प्रीतिरस्य जायते इति वदति-उच्चत्तणे वि मान्यकुलत्व इव नीचत्तणेऽवि नीचैर्गोत्रत्वेऽपि । पीदी किं ण होज्ज । प्रीतिः किं न भवेत् । भवत्येवेति यावत् ॥

संकल्पायत्तौ प्रीतिपरितापौ इति स्पष्टयितुं गाथाद्वयमाचष्टे —

मूलारा—भावदो चित्तेन । इदं चांडालत्वं वरमित्यादिरूपेण भावयेदित्यर्थः । पीदी यद्येन लब्धं तत्तस्य शोभनं अलभ्येन शोभनेनापि किं तेनेति यो यदा संकल्पं करोति तस्य तदा तत्र प्रीतिर्भवत्येव तथानुभवात् ॥

अर्थ—जो मनुष्य उच्चगोत्रके समान नीच गोत्रको भी देखता है अर्थात् चांडालपनाभी अच्छा है ऐसा जो मानता है उसको उच्चत्वके समान नीचत्वमेंभी प्रीति क्यों न होगी अर्थात् वह नीचत्वको भी अच्छा ही

समझेगा. जिसने जो प्राप्त किया है उसको वह अच्छा समझता है. जो चीज अलभ्य है वह अच्छी होनेपरभी मेरा उससे कुछ प्रयोजन नहीं है ऐसा समझकर प्राप्त चीजही अच्छी है ऐसा वह मनमें समझता है. तात्पर्य यह है कि मोहके वश होकर जीव नीचपनाकोभी अच्छा समझते हैं.

णीचत्तणं व जो उच्चत्तं पेच्छेज्ज भावदो तस्स ॥
णीचत्तणेव उच्चत्तणे वि दुक्खं ण किं होज्ज ॥ १२१४ ॥

यो नीचत्वमिवोच्चत्वं विकल्पयति मानसे ॥
तस्योच्चत्वे न किं दुःखं नीचत्वमिव जायते ॥ १२७५ ॥

विजयोदया—एतद्विपरीतार्थोत्तरा गाथा । स्पष्टतया वस्तुस्थितिं नापेक्षते । संकल्पायत्ता प्रीतिर्वेत्यनुभवसिद्धं [illegible] । संकल्पात् ॥

मूलारा—स्पष्टम्

अर्थ—जो जीव नीचपनाके समान उच्चपनाको देखता है उसको उच्चतामेंभी नीचत्वके समान दुःखही अनुभवमें आता है. अभिप्राय यह है कि, संकल्पसे उत्पन्न हुई प्रीति अथवा दुःखसे वस्तुका यथार्थ स्वरूप नहीं जाना जाता है. यह अनुभवसिद्ध सत्य है. संकल्पसे उच्च गोत्रमेंभी प्रीति अप्रीति उत्पन्न होती है. संकल्पसे नीचत्वमें भी प्रीति और अप्रीति उत्पन्न होती है.

तह्मा ण उच्चणीचत्तणाइं पीदिं करेंति दुःक्खं वा ॥
संकप्पो से पीदीं करेदि दुक्खं च जीवस्स ॥ १२३५ ॥

ततो नोच्चत्वनीचत्वे कारणं प्रीतिदुःखयोः ॥
परमुच्चत्वनीचत्वसंकल्पः कारणं तयोः ॥ १२७६ ॥

विजयोदया—तह्मा तस्मात् । उच्चणीचत्तणाणि मान्यामान्यकुलत्वानि । न करेंति दुक्खं वा न कुरुतः प्रीतिं दुःखं वा । सति संकल्पे भावादसति अभावाच्च ॥

उपसंहारमाह—

मूलारा—स्पष्टम ॥

अर्थ – इस लिये मान्यकुल और अमान्यकुल वास्तविक विचार करनेपर सुख और दुःखके विधाता नहीं हैं. संकल्पही जीवको प्रीति और अप्रीति उत्पन्न करता है अर्थात् संकल्पके साथ प्रीति और अप्रीतिका अन्वय व्यतिरेक है. जब संकल्प उत्पन्न होता है तब ही सुख दुःखोंकी उत्पत्ति होती है. और जब संकल्प मनमें नहीं होता है तब सुख दुःखोंकी उत्पत्ति नहीं होती है इसलिये संकल्प ही सुख और दुःख उत्पन्न करता है ऐसा समझना चाहिये.

मानकषायसाध्योऽयं दोष इति कथयति सूरिः ।

कुणदि य माणो णीचागोदं पुरिसं भवेसु बहुएसु ॥
पत्ता हु णीचजोणी बहुसो माणेण लच्छिमदी ॥ १२३६ ॥

नीचगोत्रं नरं मानो विधत्ते बहुजन्मसु ॥
प्राप्ता लक्ष्मीमतिर्नीचा योनीर्मानेन भूरिशः ॥ १२७७ ॥

विजयोदया—कुणदि य करोति । माणो अहंकारः । णीचागोदं पुरिसं नीचैर्गोत्रमस्येति नीचैर्गोत्रं पुरिसं आत्मानं । भवेसु जन्मसु । बहुएसु बहुषु । पत्ता प्राप्ता । णीचजोणी खु नीचैर्गोत्रमेव । का ? लच्छिमदी लक्ष्मीमती । केन निमित्तेन ? माणेण सुरूपा यौवनानुकूला कुलीना चेति गर्वेण ॥

मानदोषमर्थाख्यानकेन ख्यापयति—

मूलारा—माणेण सुरूपा, सुयौवना, कुलीना कन्याहमेवेत्यहंकारेण ॥

मानकषायसे जीवको नीचगोत्रकी प्राप्ति होती है ऐसा उदाहरण के द्वारा आचार्य कहते हैं.

अर्थ—मान कषायसे मनुष्य प्राणी अनेक जन्मोंमें नीच गोत्रयुक्त होता है अर्थात् नीचकुलमें जन्मता है. मैं रूपवती सुंदरी हूं. तरूणी हूं और कुलीन हूं ऐसा तीव्र मानकषाय लक्ष्मीमतीको हुआ था जिससे उसको अनेक जन्मोंमें नीचकुलमें उत्पन्न होना पडा था.

पूयावमाणरूवविरूवं सुभगत्तदुब्भगत्तं च ॥
आणाणाणा य तहा विधिणा तेणे व पडिसेज्ज ॥ १२३७ ॥

सुभगत्वमसौभाग्यं स्वरूपत्वं विरूपता ॥
आज्ञानाज्ञादरो निंदा चित्ते कृत्वा न धीमता ॥ १२७८ ॥

विजयोदया—पूयावमाणरूवविरूवं, पूजा, अवमानं परिभवः । रूपशब्दः सामान्यवचनोऽपि शोभनरूपविषयतया इह विरूपशब्दसंनिधाने प्रयुज्यमानोऽतिशायिते रूपे प्रवर्तते । तेन सौरूप्यं वैरूप्यं चेत्यर्थः । सुभगत्तदुब्भगत्तं च सौभाग्यं दौर्भाग्यं च सर्वेषां प्रियत्वं द्वेष्यत्वं चेति यावत् । आणाणाणा य तहा आदेशाप्रतिघातः अनाज्ञा च तथा विधिना माननिषेधप्रकारेणैव । पडिसेज्ज प्रतिषेध्याः । अभिधेयवशाल्लिंगवचनप्रवृत्तिरिति लिंग्यतेऽनेन पूजादिशब्दोपनीतेन प्रतिषेध्यशब्दस्याभिसंबंधः । परिभवं प्राप्तोऽपि कदाचित्पूज्यते । एवं प्राप्ता ह्यनेकेषु पूजास्तत्र कोऽनुरोधो मम । दुःखं वा परिभवप्राप्तौ । पूज्यमानोऽपि बहुषु पुनः परिभवानवाप्स्यति । न चात्मनः पूजायां काचिद्वृद्धिः । परिभवे वा हानिः संकल्पवशादात्मनो जायते प्रीतिपरितापौ न केवलं पूजावमानाभ्यामेवेति ॥ उक्तं च—

यः स्तूयते शुचिगुणो मधुरैर्वचोभिः । संनिंद्यते च परुषैर्वचनैर्विचित्रैः ॥
हा चित्रतां कथमयं भवसंकटस्थः प्राप्नोत्यनेकविधिकर्मफलोपभोगं ॥
भूत्वा मनुष्यपतयः पुनरेव दासा हीना भवंति शुचयोऽशुचयश्च भूयः ॥
कांत्या च ये युवतिभिर्विषमानुरूपा द्वेष्या भवंत्यसुभगत्वमुपेत्य भूयः ॥
दृष्टः कश्चित्प्रवररत्नविभूषणो यः संदृश्यते विकलपुण्यतया दरिद्रः ॥
भृत्यश्च मित्रबहुबंधुजनोपगूढः संलक्ष्यते व्यसनभारभृतैक एव ॥

उच्चनीचकुलवत्पूज्यावमानादयोऽपि तत्त्वज्ञैः । प्रत्याख्येया इत्याख्याति—

मूलारा—अवमाण परिभवः । न्यायेन तेणेव । कालमर्णतमित्यादिग्रंथोक्तेन । पडिसेज्जा प्रतिषेध्याः । तथाहि प्राप्तपरिभवोऽपि कदाचित्पूज्यते पुनर्बहुशः परिभवः । एवं प्राप्ता ह्यनेकेषु पूजाः । न चैवमप्युच्चनीचकुलवर्जीवस्य वृद्धि हानी स्यातां तत्कास्य पूजायां प्रीतिः । परिभवे चाप्रीतिः । संकल्पवशाच्चास्य प्रीतिपरितापौ स्यातां न केवलपूजावमानाभ्यां । एवमन्येष्वपि शुभाशुभधर्मेषु व्यतिषंगनिषेधः कल्प्यः ॥

अर्थ—मानकषायका त्याग जैसे करना योग्य है वैसे उसके साथ पूजा–लोकोंसे आदरसत्कार प्राप्त होना अवमान–पराभव अनादर प्राप्त होना, रूप–सौंदर्य, विरूप–कुरूपता, सुभगता–सौभाग्य, दुर्भाग्य,आज्ञा सर्वत्र अखंडित रहना, और उसका लोकोंसे पालन न होना, इत्यादिकोंसे गर्व या दुःख होता है परंतु वहभी त्यागना योग्य है.

इनके विषयमें ऐसा विचार करना चाहिये— मेरा कभी पराभव–अनादर–अपमानभी हुआ है तथा कभी पूजाभी हुई है. इस प्रकार इस संसारमें अनंतवार मैं पूजाभी गया था. न पूजामें अनुराग करना चाहिये और न अनादर होनेके प्रसंगमें खेद खिन्न होना चाहिये. जैसे मेरी वारवार पूजा हुई थी वैसा वारवार अनादर भी हुआ था. पूजाके समय न मेरा आत्मा कुछ बढा था और न अपमानके समय कुछ घटा था. दोनो प्रसंगमें वह असंख्यात प्रदेशी ही रहा था अर्थात् पूजा और अपमानके समय जब आत्माकी घट बढ नहीं होती है तो आनंद खेद मानना अज्ञानता का ही द्योतक समझना चाहिये. संकल्प वश होकर आत्मा प्रीतियुक्त और संतापयुक्त होता है. उसको पूजा और अपूजा कारण नहीं है. अन्यत्र इस विषयमें ऐसा कहा है—जो पुरुष निर्मल गुणोंका धारक होनेसे मधुर वचनोंसे स्तुतिका पात्र बना था वही मनुष्य नानाप्रकारके कठोर वचनोंसे. निंदाके वचनोंसे अपमानित भी हुआ था. यह बडा आश्चर्य है. संसारके संकटोंसे यह घिरा हुआ यह पुरुष–आत्मा किये हुए नाना कर्मोंके फलोंका उपभोग लेता हुआ संसारमें घूमता रहता है. कभी जीवोंको नृपत्व प्राप्त होना है तो कभी वे दास बनते हैं. कभी वे हीनकुली होते हैं कभी उच्च कुली. पुनरपि हीनकुली होते हैं. जो पुरुष शरीरकी कांतीसे मदनतुल्य और स्त्रिओं को अतिशय प्रिय थे वे ही जब असुभगत्व प्राप्त होनेपर उनके द्वारा निरस्करणीय अवस्थाको भी प्राप्त हुये थे. पुण्योदयसे जो पुरुष उत्कृष्ट रत्नोंसे अलंकृत थे पापका उदय आनेपर वे दरिद्र हुए ऐसाभी देखनेमें आया है. जो पुरुष अनेक संकटोंसे घिरा हुआ देखा गया था वही कालान्तरमें मित्र और बहुत प्रियजनोंके द्वारा आलिंगित हुआ है ऐसाभी देखनेमें आता है अतः उपर्युक्त आदर अनादर वगैरे बातोंमें आनंद और खेद मानना योग्य नहीं है ऐसा विचार कर अभिमानका त्याग करना चाहिये.

इच्चेवमादि अविचिंतयदो माणो हवेज्ज पुरिसस्स ॥
एदे सव्वं अत्थे पसदो णो होइ माणो हु ॥ १२३८ ॥
जइदा उच्चत्तादिणिदाणं संसारवड्ढणं होदि ॥
कह दीहं ण करिस्सदि संसारं परवधणिदाणं ॥ १२३९ ॥

एतेषां चिंतनान्मानो वर्धते सर्वदाऽग्निवत् ॥
संसारवर्द्धकः सद्यो हीयते तत्त्वचिंतने ॥ १२७९ ॥
उच्चत्वादिनिदानेऽपि संसारं लभते यदि ॥
तदा वधनिदानेंऽगी भवभागीति का कथा ॥ १२८० ॥

विजयोदया—जइदा यदि तावत् । उच्चत्वादिणिदाणं उच्चैर्गोत्रता, पुरुषत्वं, स्थिरशरीरता, अदरिद्रकुलप्रसूति-बंधुलक्ष्म्यादिकं मुक्तेः परंपरया कारणमपि चित्ते क्रियमाणमपि संसारवड्ढणं होदि संसारवृद्धिं करोति । किध ण करिस्सदि कथं न करिष्यति । दीहसंसारं दीर्घसंसारं । [illegible]

उच्चत्वनीचत्वादितथाविधचिंतनाचिंतनभवौ मानसद्भावाभावौ इत्यनुशास्ति—

मूलारा—पस्सदो चिंतयतः । एतां श्रीविजयो नेच्छति ॥

परवधनिदानं सुतरां द्राघयति संसारमित्याचष्टे—

मूलारा—उच्चत्वपुरुषत्वादिकं मुक्तेः परंपरया कारणमपि तन्मे भूयादित्याशास्यमानं ॥

अर्थ—जो पुरुष उपर्युक्त बातोंका विचार नहीं करते हैं वे गर्वसे मानकषायसे युक्त होकर दुःख पाते हैं. परंतु जो इनका विचार करते हैं अर्थात् मानसे होनेवाली हानिओंका विचार करते हैं वे मानसे दूर रहकर सुखी होजाते हैं.

उच्चगोत्रमें जन्म होना, पुरुषत्व, दृढ शरीरपना, श्रीमंत कुलमें जन्म होना इत्यादिक बातें यद्यपि मोक्ष प्राप्तीमें परंपरासे कारण हैं तो भी इनकी प्राप्ति मेरे को हो ऐसी अभिलाषा करनेसे संसार वृद्धिके लिये कारण हो जाती हैं. तो दूसरे का वध करनेका निदान–अभिलाषा क्यों संसारवर्धक न होगा.

आचार्यगणधरत्वादिप्रार्थना कथमशोभना रत्नत्रयातिशयलाभप्रार्थिता हि सेत्याशंकायामुच्यते—

आयरियत्तादिणिदाणे वि कदे णत्थि तस्स तम्मि भवे ॥
घणिदं पि संजमंतस्स सिज्झणं माणदोसेण ॥ १२८० ॥
निदानेऽपि कुलादीनि जायंते नात्र जन्मनि ॥
संयमं विदधानस्य मानिनो यातना परा ॥ १२८१ ॥

विजयोदया—आयरियत्तादिणिदाणे वि कदे आचार्यत्वादिनिदानेऽपि कृते। णत्थि तस्स नास्ति तस्य। तस्मिन् भवे तस्मिन्भवे निदानकरणभवे। धणिदं पि संजमंतस्स नितरामपि संयमं कुर्वतः। किं नास्ति सिज्झणं सेधनं मुक्तिः। केन? माणदोसेण मानकषायदोषेण। स ह्याचार्यत्वादिमार्थनां करोति। प्रभो भविष्यामीति संकल्पेन, ततोऽप्यहंयुता॥

आचार्यत्वादिप्रार्थना कथं दूष्या रत्नत्रयातिशयलाभप्रार्थनापरत्वादिति शंकायमाह—

मूलारा—तस्मिन् भवे निदानकरणजन्मनि। सिज्झणं सेधनं सिद्धिः। यद्यपि अस्ति तद्भवे आचार्यत्वादिकं तथापि नास्ति मुक्तिरिति भावः। माणदोसेण आचार्यादिर्भवन्पूज्यो भविष्यामि इति संकल्पापराधेन॥

आचार्यपदवी, गणधरपदवी इत्यादिककी अभिलाषा करना अयोग्य नहीं है क्यों कि रत्नत्रयका माहात्म्य प्राप्त होनेके लिये उनकी अभिलाषा की जाति है. इस शंकाका उत्तर आचार्य कहते हैं—

अर्थ—आचार्यत्व, गणधरपदवी इत्यादिका निदान करने परभी इनपदोंकी प्राप्ति इसी जन्ममें होती भी नहीं. बहुत उज्ज्वल संयम होनेपर भी इन पदोंकी उसी जन्ममें प्राप्ति नहीं होती है. कदाचित् आचार्यत्वादिककी उसी भवमें प्राप्ति भी हो गई तो भी उस संयमी को मुक्तिपदकी प्राप्ति मानकषाय दोषसे नहीं होती है. मैं आचार्य होकर पूज्य होऊं इस अभिप्रायसे प्रवृत्ति होती है अतः उसमें अहंकार प्रकट दीखता है.

भोगदोषचिंतायां सत्यां निदानं तथा न भवति इति कथयति—

भोगा चिंतेदव्वा किंपाकफलोवमा कडुविवागा॥
महुरा व भुंजमाणा मज्झे बहुदुक्खभयपउरा॥ १२४१॥
मधुराः सेवमाना हि विपाके दुःखदायिनः॥
चिंतनीयाः सदा भोगाः किंपाकफलसंनिभाः॥ १२८९॥

विजयोदया—भोगा चिंतेदव्वा भोगाश्चिन्त्याः। किंपागफलोवमा किंपाकफलसदृशाः। कडुविपागा कटु अनिष्टं विपाकः फले येषामिति कटुविपाकाः। मधुराव मधुरा इव। भुंजमाणा भुज्यमानाः। मज्झे मध्ये। बहुदुक्खभयपउरा विचित्रदुःखभयाः॥

भोगनिदानाभावाय भोगदोषभावनामाह—

मूलारा—मधुरा च मधुरा इव । मज्झे मध्ये भुजिक्रियायाः । बहुदुक्खभयपउरा भोगसेवया पापं बध्नतःकानि-कानि दुःखानि मे न भविष्यंति इति विचित्रदुःखत्रासाकुलाः ॥

भोगोंके दोषोंका विचार करनेसे भोगनिदान उत्पन्न नहीं होता है इस विषयका विवेचन—

अर्थ—भोग किंपाकफलके समान अवसानमें कटुविपाक है अर्थात् किंपाकफल खाते समय मधुर लगता है परंतु उसका कटु परिणाम होता है अर्थात् अन्तमें उससे प्राणीको अत्यंत दुःख होकर मरणकी प्राप्ति होती है. भोग भी सेवन करते समय मधुर — आनंददायी मालूम होते हैं परंतु अन्तमें तीव्र अशुभ कर्मबंधके कारण बनकर चतुर्गतीमें अतिशय दुःखदायक होते हैं.

भोगनिदानदोषं कथयन्ति—

भोगणिदाणेण य सामण्णं भोगत्थमेव होइ कदं ॥
साहोलंबो जह अत्थिदो वि णेक्को वि भोगत्थं ॥ १२८२ ॥
भोगार्थमेव चारित्रं निदाने सति जायते ॥
कर्म कर्मकरस्येव द्रविणार्थविचारणे ॥ १२८३ ॥

विजयोदया—भोगणिदाणेण य भोगनिदानेन वा । सामण्णं श्रामण्यं । भोगत्थमेव होइ कदं भोगार्थमेव कृतं न कर्मक्षयार्थं भवति । भोगनिदाने सति रागव्याकुलितचित्तस्य प्रत्यग्रकर्मप्रवाहस्वीकृतौ उद्यतस्य का संयतता ॥

भोगनिदाने दोषं भाषते—

मूलारा—भोगत्थमेव न कर्मक्षयार्थं । भोगरागाकुलचित्तत्वे प्रत्यग्रपापकर्मप्रवाहस्वीकरणाभियोगात् । साहोलंबो शाखायामवलंबो यस्यासौ फलानुपयोगार्थी यथा वृक्षशाखालग्नस्थितः कश्चित्स्वेष्टस्थानगमनं विघ्नयति तथा श्रमणोऽपीति भावः । अन्यस्त्वाह—

भोगार्थमेव चारित्रं निदाने सति जायते ॥
कर्म कर्मकरस्येव द्रविणार्थं विचारणे ॥

भोगनिदानके दोष कहते हैं—

अर्थ—मुनिव्रत धारण कर जिसने भोगप्राप्तिका निदान किया समझना चाहिये कि भोगके लिये ही उसने मुनिव्रत धारण किये हैं न कि कर्मक्षयके लिये. भोगनिदान करनेसे भोगाभिलाषासे—भोगोंकी उत्कंठासे चित्त व्याकुल होता है तब संयम कर्मक्षयका स्वीकार करनेके लिये वह अयुक्त होता है. जिससे संयतपनेका अभाव होता है. जैसे कोई अपने इष्ट स्थानपर जारहा था मार्गमें किसी वृक्षका फल खानेकी उसको इच्छा हुई तब वह वृक्षकी शाखाको फलके आशासे पकडकर खडा हुआ. इस कार्यमें लगनेसे इष्ट स्थानको जानेमें उसने विघ्न ही पैदा किया ऐसा समझना चाहिये. इसी तरह यदि निदान करेगा तो उसने कर्मक्षयरूपकार्यमें स्वयं विघ्न उपस्थित किया है ऐसा समझना चाहिये. अथवा निदान करनेवाला मुनि भोगार्थ ही चारित्र धारण करता है. जैसे नोकर केवल द्रव्यके लिये स्वामीकी सेवा करता है.

आवडणत्थं जह ओसरणं मेसस्स होइ मेसादो ॥
सणिदाणबंभचेरं अब्बंभत्थं तहा होइ ॥ १२४३ ॥

भवत्यब्रह्मचर्यार्थं सनिदानं तपो यतः ॥
अपसारो विघातार्थं मेषस्येवास्ति मेषतः ॥ १२८४ ॥

विजयोदया—आवडणत्थं अभिघातार्थं । जह यथा । ओसरणं अपगमः । मेसस्स होदि मेषस्य भवति । मेसादो मेषात् । सणिदाणंबंभचेरं सनिदानस्य यतेर्ब्रह्मचर्यं । अब्बंभत्थं मैथुनार्थं । तहा होदि तथा भवति ॥

भोगाकांक्षया ब्रह्मचर्यं पालयतो भूयो मैथुनार्थमेव तद्भवति न प्रशमसुखार्थं इति दृष्टान्तेन स्पष्टयति—

मूलारा—आवडणत्थं अभिघातार्थं । ओसरणं अपसरणं । सणिदाणं भोगा मे भूयासुरिति निदानवतो यतेः ॥

अर्थ—एक बकरेसे दूसरा बकरा जैसे अघात करनेके लिये पीछे हटता है उसी तरह निदानयुक्त मुनिका ब्रह्मचर्यव्रत मैथुनके लिये है ऐसा समझना चाहिये. अर्थात् भोगप्राप्ति की आशासे ही सनिदान मुनि व्रताचरण करता है. कर्मक्षयके लिये वह व्रत पालन करता है ऐसा मानना अयोग्य होगा.

जह वाणिया य पणियं लाभत्थं विक्किणंति लोभेण ॥
भोगाण पणिदभूदो सणिदाणो होइ तह धम्मो ॥ १२४४ ॥

विक्रीणाति तपोनर्घं भोगेन सनिदानकः ॥
माणिक्यमिव काचेन सारासारविचारकः ॥ १२८५ ॥

विजयोदया—जह वणिया यथा । वणिजः । पणियं पण्यं । लाभत्थं लाभार्थं । विक्किणंति विक्रीणंति । लोभेण लोभेन । भोगाण भोगानां । पणिदो पण्यभूतः । सणिदाणो सनिदानः । तदा धम्मो होदि तथा धर्मो भवति ॥

भोगाकांक्षया चारित्रं भोगविक्रेयं भवेदित्याह—

मूलारा—पणियं पण्यं विक्रेयद्रव्यं । भोगाण पणिदभूदो भोगैर्विक्रेयतां प्राप्तः ॥

अर्थ—जैसे व्यापारी लोभवश होकर लाभके लिये आपना माल बेच डालता है वैसे निदान करनेवाला मुनि भोगके लिये धर्मरूपी माल बेच डालता है, ऐसा समझ लेना चाहिये.

भोगनिदानवतः श्रामण्यं प्रणिन्दति—

सपरिग्गहस्स अब्बंभचारिणो अविरदस्स से मणसा ॥
काएण सीलवहणं होदि हु णडसमणरूवं व ॥ १२८५ ॥
सस्संगस्यानिवृत्तस्य चित्तेनाब्रह्मचारिणः ॥
कायेन शीलवाहित्वं व्यर्थं नटयतेरिव ॥ १२८६ ॥

विजयोदया—सपरिग्गहस्स सपरिग्रहस्य भोगनिदानवतो वेदजनितो रागोऽभ्यंतरः परिग्रह इति सपरिग्रह इति । तस्य अब्बंभचारिणो मनसा मैथुनकर्मणि प्रवृत्तस्य । अविरदस्स अव्यावृत्तस्य मैथुनात् । मनसा चित्तेन । से तस्य कायेन खु शरीरेणैव । सीलवहणं ब्रह्मव्रतवहनं । होदि भवति । णडसमणरूवं व नटानां श्रमणरूपमिव ॥ कायेन भावश्रामण्यरहितं यथा अफलमेवमिदमपि इति भावः ॥

भोगनिदानवतः श्रामण्यं प्रणिन्दति—

मूलारा—सपरिग्गहस्स वेदजनितरागेण अभ्यंतरपरिग्रहयुक्तस्य । अब्बंभचारिणो भावमैथुनप्रवृत्तस्य । अविरदस्स मनसा स्त्रीसेवनादनिवृत्तस्य । से भोगनिदानवतो मुनेः । सीलवहणं ब्रह्मव्रतधारणं । हु एवार्थको यो नैवेत्यर्थः । णडसवणरूवं व नटानां यतिवेषधारणमिव । यथा कायेन नटैर्यतिरूपं धार्यमाणं भावश्रामण्यरहितत्वान्निष्फलं तथेदमपीति भावः ॥

भोगका निदान करनेवाले मुनिका मुनिपना निंदनेलायक है ऐसा आचार्य कहते हैं.

अर्थ—भोगका निदान जिसने किया है वह मुनि अंतरंगमें रागभावसे युक्त है. अर्थात् उसके मनमें मैथुनकी अभिलाषा है इसलिये वह परिग्रह सहित ही है ऐसा समझना चाहिये. उसका मन मैथुन कर्ममें प्रवृत्त होनेसे वह मैथुन कर्मसे परावृत्त नहीं है ऐसा समझना चाहिये. वह शरीरसे ही शीलव्रतको धारण करनेवाले नटके समान भावसे मुनिपनासे च्युत हुआ है. ऐसा मुनिपना व्यर्थ है ऐसा अभिप्राय समझना.

रोगं कंखेज्ज जहा पडियारसुहस्स कारणे कोई ॥
तह अण्णेसदि दुक्खं सणिदाणो भोगतण्हाए ॥ १२४६ ॥
आकांक्षति महादुःखं निदानी भोगतृष्णया ॥
रोगित्वं प्रतिकाराय कुबुद्धिरिव कश्चन ॥ १२८७ ॥

विजयोदया—रोगं कंखेज्ज व्याधिमभिलषति । जहा कोइ यथा कश्चित् । किमर्थं ? पडियारसुहस्स कारणे औषधसेवासुखाधिगमनार्थं । तह तथा अविरतस्य अव्यावृत्तस्य । अण्णेसदि अन्वेषयति । दुक्खं दुःखं । कः सणिदाणो सनिदानः । भोगतण्हाए भोगतृष्णया ॥

भोगनिदानविधायिनमुपहसति—

मूलारा—पडिगारसुहस्स कारणे औषधसेवाजन्यसुखप्राप्त्यर्थं अण्णेसदि प्रार्थयते ॥

अर्थ—जैसे कोई मनुष्य औषधसेवनका सुख प्राप्त करनेकी अभिलाषासे देहमें रोगोत्पत्तीकी इच्छा करता है. वैसे निदान करनेवाला मुनि भोगकी लालसासे दुःखोंको चाहता है ऐसा समझना चाहिये.

खंदेण आसणत्थं वहेज्ज गरुगं सिलं जहा कोइ ॥
तह भोगत्थं होदि हु संजमवहणं णिदाणेण ॥ १२४७ ॥
भोगार्थं वहते साधुर्निदानित्वेन संयमम् ॥
स्कंधेनेव कुधीर्गुर्वीमासनाय महाशिलाम् ॥ १२८८ ॥

विजयोदया—खंदेण स्कंधेन । जहा कोइ यथा कश्चित् । गरुगं सिलं गुर्वीं शिलां । वहेज्ज वहति । किमर्थं ? आसणत्थं आसनार्थं । अस्या उपरि सुखेनासे इति मत्वा स यथा गुरुशिलोद्वहनखेदं नापेक्षते, स्वल्पं तस्या उपर्यासनसुखमपेक्षते स्ववुद्ध्या । तह भोगत्थं खु तथा भोगार्थमेव । होदि भवति । संजमवहणं दुर्वहं संयमधरणं । णिदाणेण निदानेन सह ॥

मूलारा—आसणत्थं अस्या उपरि सुखेनोपवेक्ष्यामीति मत्वा । खु भोगार्थमेव । णिदाणेण अमेन दुर्धरसंयमेन भोगा मूयासुरिति प्रार्थनया सह । अत्र बहुदुःखेन स्वल्पसुखसाधनमित्युपहासः ॥

अर्थ—इस शिलापर मैं सुखसे बैठुंगा इस अभिप्रायसे जैसे कोई मूर्ख मनुष्य अपने कंधेपर बडी शिला धारण करता है. अर्थात् शिलाका भार अपने कंधेपर सदैव वहता है उससे होनेवाले कष्टकी वह परवाह नहीं करता है वैसे भोगका निदान करनेवाला मुनि जो महान् संयम धारण करता है वह भोग के लिये ही समझना चाहिये. शिलापर बैठनेसे अल्पसुख होगा परंतु हमेशा शिलाको कंधे पर रखना कष्टदायक है वैसे अल्पसुखके लिये महान् संयम धारण करना शिलाके समान दुःखदायक है.

यावद्वस्तुजनितादिन्द्रियसुखात्तन्निमित्तवस्तुविनाशे यज्जायते दुःखं तदधिकतमं अतः स्वल्पसुखनिमित्तं को नाम सचेतनो दुःखभीरुर्दुःखाब्धौ पतेदिति दर्शयति—

भोगोवभोगसोक्खं जं जं दुक्खं च भोगणासम्मि ॥
एदेसु भोगणासे जादं दुक्खं पडिविसिट्ठं ॥ १२४८ ॥
यत्सुखं भोगजं जंतोर्यद्दुःखं भोगनाशजम् ॥
भोगनाशोत्थितं दुःखं सुखाधिक्यतमं मतम् ॥ १२४९ ॥

विजयोदया—भोगोवभोगसोक्खं मृष्टाशनताम्बूलादिकैः स्त्रीवस्त्रालंकारादिभिश्च । जनितं यत्सुखं । भोगणासम्मि सुखसाधनस्य वस्तुनो विनाशे च । जं जं दुक्खं च यद्यद्दुःखं जायते । एदेसु एतयोः सुखदुःखयोः भोगनाशे सुखसाधनानां विनाशे च । दुक्खं पडिविसिट्ठं अधिकतममिति यावत् ॥

मृष्टाशनवरांगनादिनिमित्तकसुखात्तन्निमित्तवस्तुविनाशजन्यं दुःखमधिकतरमतः स्वल्पसुखार्थं कः सुधीर्दुःखाद्धिस्यदृदुःखाब्धौ पतेदिति दर्शयति—

मूलारा—भोगणासम्मि भोगांगविनाशे। पडिविसिट्ठं अधिकतरं।

बाह्य वस्तुके संयोगसे जो सुख प्राप्त होता है उससे उस वस्तुका वियोग होनेसे प्राप्त होनेवाला दुःख अधिक है. इसलिये स्वल्पसुखके लिये कोन दुःखसे भयभीत सचेतन प्राणी—विद्वान मनुष्य दुःखसमुद्रमें गिरना चाहेगा.

इस अभिप्रायका आचार्य उल्लेख करते हैं—

अर्थ—मधुर अन्न, तांबूलादिक पदार्थोंका भोग कहते हैं. स्त्री, वस्त्र, अलंकारादिकोंको उपभोग कहते हैं. इन भोगोपभोगोंसे जो सुख आत्माको प्राप्त होता है. तथा भोगसाधनात्मक इन पदार्थोंका वियोग होनेसे जो दुःख उत्पन्न होता है. इन दोनोंमेंसे दुःख ही अधिक समझना चाहिये. अर्थात् सुख साधनोंका नाश होनेसे मनुष्य को अधिक दुःख होता है.

देहे छुहादिमहिदे चले य सत्तस्स होज्ज कह सोक्खं ॥
दुक्खस्स य पडियारो रहसणं चेव सोक्खं खु ॥ २२४९ ॥

क्षुदादिपीडिते देहे समासक्तः कथं सुखी ॥
दुःखस्यास्ति प्रतीकारो न हस्वीकारोऽथवा सुखम् ॥ १२९० ॥

विजयोदया—देहे शरीरे मनुजानां। छुहादिमहिदे क्षुधा, पिपसया, शीतोष्णेन, व्याधिभिश्च मथिते। चले अनित्ये च। सत्तस्स आसक्तस्य। किं सुखं होज्ज किमत्र सुखं भवेत्। दुक्खस्स य पडियारो दुःखस्य प्रतीकारः रहस्सणं चेव ह्रस्वकरणं एव सोक्खं सौख्यं। खु शब्दः पादपूरणः दुःखप्रतीकारोत्पत्तौ वा दुःखस्य सुखमित्यनेनाख्यातम् ॥

किंचित्कंचिच्छब्देष्वपि इच्छानुरूपभोगेषु क्षुदादिबाधाकदर्थितेऽनित्ये विनाशिनि च मानुषदेहे जात्यादरस्य कथं सुखस्य गंधोऽपि सत्यः स्यादिति व्यवस्थापयति—

मूलारा—छुधादिमथिदे बुभुक्षादिकदर्थिते। चले अनित्ये। सत्तस्स आसक्तस्य मनुजस्य। पडियारो निराकरणं। रहस्सणं ह्रासनं ॥

अर्थ—यह देह भूख, प्यास, शीत, उष्ण और रोगोंसे पीडित होता है तथा अनित्य भी है ऐसे देहमें

आसक्त होनेसे इस आत्माको कितना सुख प्राप्त होगा? अत्यल्प सुखकी प्राप्ति होगी. दुःख निवारण होना अथवा दुःख कमी होना ही सुख है ऐसा संसारमें माना जाता है. दुःख के प्रतीकारको ही लोक सुख समझते हैं.

सुखमंतरेणापि अस्ति दुःखं, सुखं पुनरैंद्रियकं न जायते दुःखं विना ततः सुखार्थी दुःखमेव प्रागात्मनोऽभिलषति न च दुःखाभिलाषः प्राज्ञस्य युक्त इति कथयति—

सोक्खं अणपेक्खित्ता बाधदि दुक्खमणुगंपि जह पुरिसं ॥
तह अणपेक्खिय दुक्खं णत्थि सुहं णाम लोगम्मि ॥ १२५० ॥

अनपेक्ष्य यथा सौख्यं न दुःखं बाधते नरम् ॥
अनपेक्ष्य तथा दुःखं न सुखं विद्यते जने ॥ १२९० ॥

विजयोदया—सोक्खं सौख्यं । अणपेक्खित्ता अनपेक्ष्य । बाधदि दुक्खमणुगं पि बाधते दुःखमण्वपि । जह पुरिसं यथा पुरुषं । तह तथा अणवेक्खिय अनपेक्ष्य दुक्खं दुःखं । लोगम्मि णत्थि सुहं लोके नास्ति सुखं नामैंद्रियिकं । क्षुत्पिपासाभ्यां पीडितः एवाशनं पानं वान्वेषयते । कठोरातपतप्त एव शीतं, शीतसंकुचिततनुरेव प्रावरणादिकं, वातातपाम्बुभिरेवोपद्रुतो भवनमभिलषति । स्थानासनोपजातश्रम एव शय्यां कामयते । पादगमनजातखेदव्यपोहनायैव शिबिकादिकं, वैरूप्यनिराकृतये एव वस्त्राणि भूषणानि च, दौर्गंध्यनाशनायैव तुरुष्ककालागुर्वादिकं, खेदगमनायैव रमण्य इति सर्वं दुःखप्रतीकारमेव ॥ त्रिविधवेदोदयजनितः प्राणिनां लिंगत्रयवर्तिनां परस्पराभिलाषः । स तेषां परस्परशरीरसंसर्गे सत्यपि न विनश्यति । अभिलाषनिमित्तानां कर्मणां सद्भावात् । न हि कार्यमविकलकारणसन्निधौ न भवति । कामो हि सेव्यमानो वेदत्रयं प्रत्यग्रमाकर्षति । सतोऽप्यनुभवमुपबृंहयते । कारणसंपर्कात्कार्यसंपातः । नित्यमपि निरंतराभिलाषदहनदह्यमानचेतसो न कदाचिन्निर्वृतिरस्ति । अपनीते तु वेदत्रये कारणाभावात् कार्याभाव इति ॥ निरवशेषवेदापगमे स्वास्थ्यं यदस्य तदेव सुखमिति मन्यमानो दृष्टांतं दर्शयति—

सुखं विनाप्यस्ति दुःखं सुखं पुनरैन्द्रियिकं दुःखं विना न भवति ततः सुखार्थी दुःखमेव प्रागात्मनोऽभिलषति न च दुःखाभिलाषः प्राज्ञयुक्त इति वक्ति—

मूलारा—अणुगंपि स्तोकमपि । अणवेक्खिय अनपेक्ष्य । दुःखे सत्येव सुखं जायते । क्षुदादिपीडितस्यैव भोजनान्वेषकत्वदर्शनादिति भावः । ऐंद्रियिकसुखदुःखे स्वविपक्षापेक्षे इत्यन्ये । तथा चोक्तम्—

अनपेक्ष्य यथा सौख्यं न दुःखं बाधते नरम् ॥
अनपेक्ष्य तथा दुःखं न सुखं विद्यते जने ॥

दुःख सुखके विनाभी होता है परंतु ऐंद्रियिक सुख दुःखके विना उत्पन्न नहीं होता है. इस लिये सुखकी अभिलाषा करनेवाला प्राणी प्रथम दुःखकी अभिलाषा करता है ऐसा सिद्ध हुआ. परंतु दुःख की इच्छा करना बुद्धिमानके लिये योग्य नहीं है ऐसा अभिप्राय आगेकी गाथामें दिखाते हैं--

अर्थ—सुखकी अपेक्षा न करता हुआ थोडासाभी दुःख मनुष्यको दुःखित बनाता है. परंतु सुख दुःखके विना-उसकी अपेक्षा न करके मनुष्यको सुखी करनेमें असमर्थ होता है अर्थात् जितना ऐंद्रियिक सुख है वह सब दुःखसे भरा हुआ है. और दुःखका प्रतीकार मात्र है. लोक प्रतिकारको ही सुख समझ रहे हैं. जब भूख और प्यास मनुष्यको सताती है तब वह अन्न और पानीका अन्वेषण करता है. अर्थात् अन्न पानी सेवन कर अपनेको सुखी समझता है. सूर्यके कठोर किरणोंसे दुःखी होता है तब शीत पदार्थको चाहता है. जाडेसे जब शरीर सिकुडने लगता है तब वस्त्रादिकको चाहता है. हवा, आतप, और पानीसे जब पीडा होने लगती है तब उसको हटानेके लिए घरमें प्रवेश कर सुखी होता है. खडे होनेसे और बैठनेसे तकलीफ मालूम पडनेपर शय्याको चाहता है. पावोंको प्रवाससे थकावट उत्पन्न होनेपर पालकी वगैरह वाहनोंको चाहता है. कुरूपता दूर करनेके लिए वस्त्रालंकार, शरीरकी दुर्गंधता मिटानेके अर्थ कालागुरु आदिक सुगंध पदार्थकी स्पृहा उसको होती है . खेद दूर करनेके लिए स्त्रीको चाहता है. ये सब दुःखके प्रतीकार ही हैं.

स्त्रीवेद, पुंवेद और नपुंसकवेद इनके उदयसे तीनो लिंगोंके प्राणिओंको परस्पराभिलाषा उत्पन्न होती है. परंतु वह अभिलाषा अन्योन्यके शरीरसंसर्ग होनेपर भी नहीं मिटती है. क्योंकि अभिलाषको उत्पन्न करनेवाले कर्म हमेशा आत्मामें मौजूद हैं. वे बार बार अन्यान्याभिलाषा उत्पन्न करते रहते हैं. जब तक अखंड कारण मिलते ही रहेंगे तबतक कार्यकी उत्पत्ति होगी. जब कामसेवन मनुष्य करता है तब नवीन २ तीन वेदोंकी उत्पत्ति होती जाती है. पूर्वानुभवमें वृद्धिही होती है. कारण के संपर्कसे कार्यमें नित्यता आती है. मनुष्य निरंतर इच्छारूपी अग्निसे दग्ध होता है अतः उसको संतोषकी प्राप्ति नहीं होती है. जब तीन वेद नष्ट होते हैं तब परस्पराभिलाषाका कारण ही नष्ट हुआ तब वह भी नष्ट होती है. संपूर्ण वेद नष्ट होने पर जो स्वास्थ्यलाभ होता है उसको ही सुख समझना चाहिए.

जह कोडिल्लो अग्गिं तप्पंतो णेव उवसमं लभदि ॥
तह भोगे भुंजंतो खणं पि णो उवसमं लभदि ॥ १२५१ ॥

सेवमानो यथा वह्निं न कुष्ठी लभते शमम् ॥
भुंजानो न तथा भोगं संतोषं प्रतिपद्यते ॥ १२९१ ॥

विजयोदया—जह कोडिल्लो यथा कुष्ठेनोपद्रुतः । अग्गिं तप्पंतो अग्निना दह्यमानमूर्तिरपि । णेव उवसमं लभदि नैव व्याधेरुपशमं लभते । न ह्यग्निरुपशामकः कुष्ठस्यापि तु वर्धकः । यद्यस्य वृद्धिनिमित्तं न तत्तदुपशमयति । यथा कुष्ठं नोपशमयति वह्निः । वर्धयति चाभिलाषं अबलादिसंगमः । तह तथा । भोगे भुंजंतो भोगानुभवनोद्यतः। खणं पि णो उवसमं लभदि । क्षणमात्रमपि नोपशमं लभते भोगाभिलाषरोगस्य ॥

भोगैस्तृष्णाभिवर्धनेन परितापानुबंधं बोधयति—

मूलारा—अग्गिं तप्पंतो अग्निं सेवमानः । उवसमं शांतिं कुष्ठस्य । वन्हितापस्य तद्वधैकत्वात् । उवसमं भोगाभिलाषरागशांतिं । तन्निमित्तवेदाख्यकर्मणः स्त्रियांगनाद्युपयोगेन प्रतिक्षणमाधीयमानोदीरणश्रवणत्वात् ॥

ऐसे सुखको ही सुख माननेवाले आचार्य दृष्टान्त प्रतिपादन करते हैं—

अर्थ—जैसे कुष्ठी मनुष्य अग्निसे शरीर तपनेपर भी उपशमको प्राप्त नहीं होता है. अर्थात् अग्नि सेवन से कुष्ठ उपशांत नहीं होता है. उलटा बढने लगता है. जो जिसके बढनेमें निमित्त होता है वह उसका उपशमन नहीं कर सकता है. जैसे अग्नि कुष्ठको शांत नहीं कर सकता है. वैसे स्त्री वगैरह पदार्थोंका सहवास भी अभिलाषाका उपशम नहीं करता है किंतु वह उसको बढाता ही है. भोगोंका उपभोग लेनेमें उद्युक्त हुआ पुरुषका अभिलाषारूपी रोग क्षणपर्यंत भी शान्त नहीं होता है. प्रतिदिन वह बढता ही है.

कच्छुं कंडुयमाणो सुहाभिमाणं करेदि जह दुक्खे ॥
दुक्खे सुहाभिमाणं मेहुण आदीहिं कुणदि तहा ॥ १२५२ ॥

मैथुनं सेवमानोऽज्ञः सौख्यं दुःखेऽपि मन्यते ॥
शितैः कंडूयमानो वा कच्छूं करटैः कुधीः ॥ १२९२ ॥

विजयोदया—कच्छुं कच्छुं। कंडूयमाणो नखैर्मर्दयन् । सुहाभिमाणं करेइ सुखाभिमानं करोति । जह दुक्खे यथा दुःखे । तह मेहुण आदीहिं तथा मैथुनादिदुःखै रभसालिंगने, अधरदशने, उरस्ताडने नखैर्निशितैरंगच्छेदने कचाकर्षणे ॥ उक्तं च—

नग्नः प्रेत इवाविष्टः श्वनाम्नेव शपन्निव ॥
श्वासायासपरिश्रांतः स कामी रमते किल ॥ १ ॥ इति ॥

अनुभवसिद्धं विषयसुखं कथं प्रतिषिध्यते इत्याशंक्य दृष्टांतपंचकावष्टंभेन निराकर्तुं गाथाद्वयमाचष्टे—

मूलारा—कंडूयमाणो नखैरुल्लिखन् । मेहुण आदिभिः रभसालिंगनाधरदशनोरस्ताडनकचाकर्षणतीक्ष्णनखक्लेदनादिजन्ये ॥

अर्थ—कन्छू रोगको नखोंसे खुजानेवाला मनुष्य खुजाते समय अपनेको सुखी समझता है. वैसे यह जीवभी मैथुनादि दुःखोंसे भी अपनेको सुखी समझता है. गाढ आलिंगन करनेमें, अधरचुंबनमें, वक्षस्थल मर्दनमें, नखोंसे अंगमें व्रण करनेमें और केशाकर्षणमें अपनेको सुखी समझता है. इस विषयमें अन्यग्रंथमें ऐसा कहा है—वह कामी मनुष्य पिशाचके समान नग्न होकर, शब्द करनेवाला, और आयाससे थककर मैथुन सेवन करता है.

घोसादकीं य जह किमि खंतो मधुरित्ति मण्णदि वराओ ॥
तह दुक्खं वेदंतो मण्णइ सुक्खं जणो कामी ॥ १२५३ ॥
सेवमानो नरो नारीं दुःखदां सुखदां कुधीः ॥
मन्यते मधुरां यद्वत् कृमिर्घोषातकीमिव ॥ १२९३ ॥

विजयोदया—घोसादकीं घोषातकीं । किमि कृमिः । खंतो भक्षयन् । जहा मधुरित्ति यथा मधुरमिति मन्यते वराकः । तह तथैव । दुक्खं वेदंतो दुःखमनुभवन् । मण्णदि सोक्खं जणो कामी मन्यते कामिजनः सुखं ॥

मूलारा—घोसातकी घोषातकीं । खंतो भक्षयन् ॥

अर्थ—घोषातकी नामका कडूआ फल भक्षण करनेवाला कृमि उसको मीठा ही समझता है. वैसे दुःखका अनुभव करनेवाला कामी पुरुष दुःखको ही सुख मानता है.

सुट्ठु वि मग्गिज्जंतो कत्थ वि कयलीए णत्थि जह सारो ॥
तह णत्थि सुहं भोग्गेसु अप्पं पि ॥ १२५४ ॥

संपद्यते सुखं भोगे सेव्यमाने न किंचन ॥
सारो नोऽन्विष्यमाणोऽपि रंभास्तंभे विलोक्यते ॥ १२९४ ॥

विजयोदया—सुट्ठु वि सुष्ठु अपि मग्गिज्जंतो सृज्यमाणोऽपि सारः कदल्यां क्वचिदपि मूले मध्येऽन्ते वा यथा नास्ति तथा भोगेष्वन्विष्यमाणं सुखं न विद्यते ॥

इंद्रियभोग्यतया गृह्यमाणेषु विषयेषु निःसुखत्वैकान्तमनुशास्ति—

मूलारा—कत्थइ क्वचित् । मूले मध्येऽन्ते वा ।

अर्थ—सूक्ष्म विचार करने पर भी केलेके वृक्षमें प्रारंभ में, मध्यभागमें और अन्तमें भी कुछ भी सार दीखता नहीं हैं वैसे भोगोंमे विचार करनेपर भी कुछ सुख नहीं है.

ण लहदि जह लेहंतो सुक्खल्लयमट्ठियं रसं सुणहो ॥
से सगतालुगरुहिरं लेहंतो मण्णए सुक्खं ॥ १२५५ ॥

विश्वस्ता यैः प्रतार्यन्ते विमुच्यंते निषेवकाः ॥
प्रवर्द्धकाः प्रपीड्यंते कस्तैर्भोगैः समो रिपुः ॥ १२९५ ॥
निषेव्यमाणो वनिताकलेवरं स्वदेहखेदेन सुखायते जनः ॥
श्वा च्यक्षुवानो रसमस्थि नीरसं स्वतालुरक्तं मनुते सुखं यथा ॥ १२९६ ॥

विजयोदया—ण लहदि जध सुणगो सुक्खल्लगं अट्ठियं लेहंतो रसं । श्वा शुष्कमस्थि लिहन् सन् यथा रसं न लभते । सगतालुगरुहिरं लेहंतो सो सोक्खं मण्णदे तीक्ष्णास्थिच्छिन्नस्वतालुगलितरुधिमास्वादयन्सुखाभिमानं करोति । जह तह यथा तथा । पुरिसो ण किंचि सुखं लभइ । पुरुषो न किंचित्सुखं लभते ॥

मूलारा—लेहंतो आस्वादयन् । सुक्खेल्लगं शुष्कं । अट्ठिगं अस्थि । सगतालुगरुहिरं । तीक्ष्णास्थिच्छिन्नस्वतालुगलितलोहितं ।

अर्थ—जैसे कुत्ता रक्तहीन सूखी हड्डी चाटने लगता है. परंतु उसमें रस नहीं होता है. हड्डीको चूसते समय उसीके तालुका रक्त निकलने पर वह उसमें सुख समझता है. वैसे कामी पुरुष भी विषयोंमें सुख समझता है. अर्थात् स्त्रीसहवासमें उसका स्वयं वीर्यपतन होता है. और उसमेंही वह सुख समझता है.

महिलादिभोगसेवी ण लहदि किंचिवि सुहं तथा पुरिसो ॥
सो मण्णदे वराओ सगकायपरिस्समं सुक्खं ॥ १२५६ ॥

नष्टो बाल इवास्वस्थः स्वनन्नखयुक्तजल्पनः ।
श्वासाकुलो जनो नार्या कीदृशीं श्रयते रतिम् ॥ १२९७ ॥
आरटंतीं भराक्रान्तां दीनामुष्ट्रीमिवाकुलाम् ॥
किं सुखं लभते मूढः सेवमानो नितंबिनीम् ॥ १२९८ ॥
विभीमरूपाः कुटिलस्वभावा भोगा भुजंगा इव रंध्रसंस्थाः ॥
ये सर्प्यमाणा जनयन्ति दुःखं ते सेविताः कस्य भवन्ति शान्त्यै ॥१२९९॥
प्रदर्श्य सौख्यं वितरन्ति दुःखं विश्वासमुत्पाद्य च वंचयंति ॥
ये पीड्यन्ते परिचर्यमाणास्ते सन्ति भोगाः परमा द्विषन्तः ॥ १३०० ॥

विजयोदया—महिलादिभोगसेवी स्त्र्यादिभोगसेवनोद्यतः । तथा सो ण किंचि वि सुहं लहदि तथा पुरुषो न किंचिदपि सुखं लभते एव । सो वरागो सगकायपरिस्समं सोक्खं मण्णदे स वराकः स्वकायश्रमं सौख्यं मन्यते । अनुभवसिद्धं सुखं कथं नास्तीति शक्यते वक्तुं इत्याशंक्य असत्यपि सुखे सुखज्ञानं जगतो भवति विपर्यस्तं सुखकारणमेति वंचति ॥

मूलारा—स्पष्टम् ॥

अर्थ—स्त्री वगैरहको भोगनेवाला यह कामी पुरुष किंचित्भी सुख नहीं प्राप्त करता है. यह दीन पुरुष अपने शरीरपरिश्रममें ही सुखकी कल्पना करता है. स्त्रीसहवासमें सुखकी प्राप्ति होती है यह बात अनुभव सिद्ध है उसको आप सुखाभाव कैसे कहते हो ?

इस शंकाका उत्तर ऐसा है—सुखके अभावमें भी जगत् को सुखकी भ्रांति होरही है. यह उसका विपर्यस्त ज्ञान है.

दीसइ जलं व मयतण्हिया हु जह वणमयस्स तिसिदस्स ॥
भोगा सुहं व दीसंति तह य रागेण तिसियस्स ॥ १२५७ ॥
कामिभिर्भोगसंघायामसत्यं दृश्यते सुखम् ॥
कुरंगैर्मृगतृष्णायां पानीयं तृषितैरिव ॥ ३०१ ॥

विजयोदया—दीसइ वणमयस्स तिसिदस्स जहा जलं मयतण्हिया वने मृगेण हरिणादिना तृषाभिभूते जलकांक्षावता जलमिव दृश्यते मृगतृष्णिका । न सा मृगेण जलतयोपलभ्येऽपि जलं भवति । तथा रागेण तिसिदस्स भोगा सुहं व दीसंति रागतृषितेन भोगाः सुखमिव दृश्यंते ॥

मूलारा—वणमयस्स वनमृगेण हरिणादिना अत्र तृतीयायाः षष्ठीवद्भावः । भोगा कामिन्यादिनिर्भासाः, इंद्रियप्रतीतयः ।

इसी विषयका स्पष्टीकरण—

अर्थ—जैसे जंगलमें विचरनेवाले हरिणोंको तृषासे पीडित होनेपर मृगतृष्णिका जलके समान दीखती है. परंतु वह वास्तविक जलरूप नहीं है वैसे रागभावसे व्याकुल हुए इस जीवको भोगपदार्थ सुखमय दीखते हैं परंतु वे वास्तविक सुखरूप नहीं है.

वग्घो सुखेज्ज मदयं अवगासेऊण जह मसाणम्मि ॥
तह कुणिमदेहसंफंसणेण अबुहा सुखायंति ॥ १२५८ ॥
कुथितस्त्रीतनुस्पर्शे नष्टबुद्धिः सुखायते ॥
अवगुह्य शवं व्याघ्रः श्मशाने किं न तृप्यति ॥ ३०२ ॥

२२ कैदी होनेका प्रसंग आनेपर जैसा मनुष्यको बहुत शोक और भय उत्पन्न होता है वैसे देवभी यहांका अयुष्य समाप्त होनेपर हमको मनुष्यस्त्रीके गर्भमें जो कि कैदखानेके समान है रहना पडेगा ऐसा विचार कर बहुत शोकयुक्त और भयवान् होते हैं.

२३ गर्भके अनंतर अपवित्र ऐसे मूत्रमार्गसे हमको बाहर निकलना पडेगा, यह तो बहुत कष्टकी बात है. यह मनुष्य जन्म महान् अपवित्र है ऐसा विचार करनेसे उन देवोंको महान भय होने लगता है.

२४ इस स्वर्गमें हजारो वर्ष बीतनेपर भी हमको क्षुधा बाधा न होती थी. परंतु मनुष्यत्व प्राप्त होनेपर सर्पिणीके समान यह क्षुधाबाधा हमको तकलीफ देगी. हा यह बडा कष्ट है. २५ देव गतीमें एकपक्ष बीतनेपर उच्छ्वास लेते थे परंतु यहां मनुष्यगतीमें उच्छ्वासका भी परिश्रम होगा हाय हाय इससंसारसमुद्रमें रहना बडा कठिन है.

२६ इस देवावस्थामें रोग, जरा–वृद्धावस्था, इंद्रियविकलता, इत्यादि दोष नहीं रहते हैं. परंतु मनुष्य-भवमें ये बाधायें अवश्य भोगनी पडेंगी ऐसा मनमें देव विचार करते हैं. यहांसे हम च्युत होनेके अनंतर दुःखद परिस्थिति प्राप्ति होगी ऐसा वे विचार करते हैं.

२६ यद्यपि देव परतंत्र नहीं होते है. तथापि उपद्रवयुक्त देशको मानो हम प्राप्त हुए हैं ऐसा समझकर मनमें शोक उक्त होकर अतिशय तीव्र भीतिको प्राप्त होते हैं.

२७ जिनको कभी भी रोग पीडा नही हुई थी ऐसे भी देव आयुष्य समाप्तिके अनंतर इस मनुष्य लोकमें उत्पन्न होते हैं. ऐसा समझकर कोन विद्वान देवावस्थाको अच्छी समझेगा ? अर्थात् वह भी कष्टयुक्त है ऐसा समझकर विद्वान लोक उसमें अनादर करते हैं.

२८ ये देव अपने अवधिज्ञानसे बहुत दूर की बात भी जानलेते हैं. अतः आगे आनेवाली विपत्तिको जानकर वे प्रथम ही भययुक्त होते हैं. और तदनंतर वास्तविक भयका अनुभव करते हैं.

२९ जिसको अकस्मात् भय उत्पन्न होता है वह प्रथम ही अर्थात् भय प्राप्त होनेके पूर्वमें भय युक्त नहीं होता है. परंतु देव भयकी वार्ता प्रथमही जान लेते हैं अतः वे प्रथमही दुःखी होते हैं. जैसे अपने वध होनेकी बात जिसको प्रथमही मालूम पडी है वह मनुष्य प्रथम ही भयको प्राप्त होकर अनंतर वधयुक्त हो जाता है.

३० इसलिए इस संसारसागरमें विचार करनेवाले पुरुषको कहीं भी सौख्य नहीं है ऐसा अनुभव आवेगा. अतिशय सुखमें आसक्त ऐसे भी प्राणीको यदि अणुमात्र भी दुःख हो जावेगा तो भी सुखमें न्यूनता है ऐसा मानना पडेगा. तात्पर्य यह है कि, जिसमें अणुमात्र भी दुःख हो वह सुख है नहीं.

जैसे भोजन करते समय अन्नमें छोटासा भी केश निकला तो वह अन्न कुलीन मनुष्यको अप्रिय होता है. वैसा सुखमें यदि अल्प भी दोष होगा तो वह सुख बुद्धिमानोंको अप्रिय लगता है ।

३१ पीनेके लिए जो पानी दिया गया है उसमें यदि सूतका एक भी बिंदु पडेगा तो वह पानी दूषित होता है. वैसे उत्तम सुखमें यदि थोडासा भी दुःख उत्पन्न होगा तो वह सुख दोषयुक्त ही मानना चाहिए.

३२ यदि अनेक गुणोंसे स्त्री संपन्न है तो भी एक दफे भी जिसने व्यभिचार किया है उसको दयार्द्र मनुष्य भी छोड ही देगा. वैसे बुद्धिमान् लोग जिसमें दोष दीखता है ऐसे सुखकी इच्छा नहीं करते हैं.

अभिप्राय यह निकला कि यह संसार दुःखमय है. इस संसारमें कुथित मांस रक्तादि से भरे हुए गर्भमें निवास करना पडता है. इसलिए इस संसारवासको धिक्कार हो. शास्त्रमें इस विषयमें ऐसा कहा है—इस मनुष्य जन्ममें आनेकेलिए गर्भमें रहना पडता है. इसका स्मरण होने से दुःख होता है. गर्भ में आकर भी कोई जीवका पतन भी हो जाता है. यह शरीर भी अपवित्र है. और यहांके भोग भी रोग के समान है. इत्यादि विचार करने से देवोंको गर्भ में प्रवेश करने के समान दुःख होता है.

इध किं परलोगे वा सत्तू पुरिसस्स हुंति णीया वि ॥
इहई परत्त वा खाइ पुत्तमंसाणि सयमादा ॥ १८०४ ॥
यत्र खादति पुत्रस्य जनन्यपि कलेवरम् ॥
तत्तत्रामुत्र वा बंधौ शत्रुत्वे कोऽस्ति विस्मयः ॥ १८०५ ॥

विजयोदया—इधइं परलोगेवा इहलोके परलोके वा, पुरिसस्स णीया वि सत्तू होंति बंधवोपि शत्रवो भवंति पुरुषस्य। इहइं परत्त वा खाइ इह वा परत्र वा अस्ति, पुत्तमंसाणि स्वयमादा पुत्रस्य मांसं आत्मीयजननी अत्ति किमतः परं कष्टं ॥

मूलारा—इधइं इहलोके। परं कष्टमिति भावः ॥

अर्थ—इह लोकमें अथवा परलोक में बंधु भी पुरुषका मनुष्यका शत्रु होता है. इस लोकमें जननी भी माता भी अपने पुत्रका मांस खाती है. अहह—! इस से अधिक कष्टकारक क्या होगा ?

होऊण रिऊ बहुदुक्खकारओ बंधवो पुणो होदि ॥
इय परिवट्टइ णीयत्तणं च सत्तुत्तणं च जये ॥ १८०५ ॥
बंधू रिपू रिपुर्बंधुर्जायते कार्यतस्ततः ॥
यतो रिपुत्वबंधुत्वे संसारे न निसर्गतः ॥ १८७६ ॥

विजयोदया—होऊण रिऊ रिपुर्भूत्वा पूर्वं। बहुदुक्खकरो विचित्रदुःखकारी। स एव पुणो पश्चादपि। बंधवो होदि प्रियबांधवो भवति। इय परिवट्टदि एवं परिवर्तते। णीयत्तणं च सत्तुत्तणं च बंधुत्वं च शत्रुत्वं च। जगे जीवलोके ॥

मूलारा—णीयत्तणं बंधुत्वम् ॥

अर्थ—जो अपना कट्टर शत्रु है जिसने नाना प्रकारके दुःख दिये थे वह भी बंधु—प्रिय बांधव होता है. इस प्रकार शत्रुत्व और बन्धुत्वका जगतमें परिवर्तन होता रहता है.

विमलाहेदुं वंकेण मारिओ णिययभारियागब्भे ॥
जाओ जाओ जादिभरो सुदिट्ठी सकम्मेहिं ॥ १८०६ ॥
वक्रेण विमलाहेतोः सुदृष्टिर्विनिपातितः ॥
निजांगनांगजो भूत्वा जातो जातिस्मरो यत ॥ १८७७ ॥

विजयोदया—विमलाहेदुं विमलनिमित्तं। वंकेण मारिदो वक्राख्येन भूतकेन मारितः। कः सुदिट्ठी सुदृष्टिनामधेयः। सकम्मेहि आत्मीयैः कर्मभिः। जादो उत्पन्नः। क्व णियभारियागब्भे निजभार्यांगर्भे जादिभरो जादो जातिस्मरश्च जातः ॥

मूलारा—वंकेण वक्राख्येन स्वशिष्येण। मारिदो विमलानाम्न्या स्वभार्यया सह मैथुनं कुर्वाणो हतः। भारिया भार्या। जादिसरो जातिस्मरश्च जातः। सुदिट्ठी सुदृष्टिर्नामनगरवैश्वानिकः

अर्थ—विमला नामक स्त्रीके वश होकर वक्र नामक पुरुषने अपने स्वामीका वध किया. वह स्वामी उसही स्त्रीके उदरमें कर्मोदयसे गर्भ रूप होकर उसका पुत्र होकर उत्पन्न हुआ. उसका सुदृष्टि नाम रक्खा गया. उसको कालांतरसे जातिस्मरण हो गया तब मैं अपनी स्त्रीमें ही पुत्र उत्पन्न हुआ हूं ऐसा उसको ज्ञान होगया.

होऊण बंभणो सोत्तिओ सु पावं करित्तु माणेण ॥
सुणगो व सूगरो वा पाणो वा होइ परलोए ॥ १८७७ ॥

श्रोत्रियो ब्राह्मणो भूत्वा कृत्वा मानेन पातकम् ॥
सूकरो मंडलः पाणो शृगालो जायते यकः ॥ १८७८ ॥

विजयोदया—होऊण बंभणो सोत्तिओ श्रोत्रियो ब्राह्मणो भूत्वा। माणेण जातिमदेन। गुणिजनांनिंदावमानाभ्यां पापं करित्तु पापं कृत्वा नीचैर्गोत्रमुपचित्य। सुणगोव सूगरो वा पाणो वा होदि परलोए श्वा शूकरश्चाण्डालो वा भवति परजन्मनि ॥

मूलारा—माणेण जातिमदेन। गुणिजनानिंदावमानाभ्यां नीचैर्गोत्रमुपार्ज्य शुनकादिर्भवतीति संबन्धः ॥

अर्थ—यह जीव श्रोत्रिय ब्राह्मण होकर जातिमदसे गुणिजनोंका अपमान करता है, निंदाकरता है. इस कार्यसे पापसंचय करके अर्थात् नीच गोत्र कर्मका बंध करके परभवमें कुत्ता, अथवा सुवर किंवा चांडाल होता है.

दारिद्दं अड्ढित्तं णिंदं च थुदिं च वसणमब्भुदयं ॥
पावदि बहुसो जीवो पुरिसित्थिणवुंसयत्तं च ॥ १८७८ ॥

निंदां दारिद्र्यमैश्वर्यं पूजामभ्युदयं स्तुतिम् ॥
स्त्रैणं पौंस्नं चिरं जीवः षंढत्वं प्रतिपद्यते ॥ १८७९ ॥

विजोदया—दारिद्दं दारिद्र्यं। बहुसो जीवो पावदि बहुशः जीवः प्राप्नोति लाभांतरायोदयात्। अड्ढित्तं आढ्यतां पूर्ववदेव संबंधः पावदि बहुसो इमो श्लोकेन। लाभांतरायक्षयोपशमात्तीप्सितानि द्रव्याणि लभते, लब्धानि च नश्यंति ॥

ततः आढ्यतां । निंदा श्वपाकश्चंडालः कुणः काणो दुर्भगो मूर्खः कृपण इत्यादिकां ॥ थुदिं च स्तुतिं च कुलीनो रूपवान् वाग्मी आढ्यः प्राज्ञ इत्यादिकां यशस्कीर्तेरुदयात् । एवं वसणं दुःखं असद्वेद्योदयात् । अब्भुदयं देवमनुजभवजं सुखं सद्वेद्योदयात् । पुरिसित्थिणवुंसयत्तं च पुरुषत्वं च स्त्रीत्वं च नपुंसकत्वं च बहुशः प्राप्नोति ॥

मूलारा—अड्ढित्तं आढ्यत्वं लाभान्तरायक्षयोपशमाद्धनेश्वरत्वं प्राप्नोति । णिंदं श्वपाकः, काणो, मूर्खः, कृपण इत्यादिकं निंदां प्राप्नोति अयशःकीर्त्युदयात् ॥ वसणं दुःखं । अभ्युदयं उत्तमदेवत्वमानवत्वभवप्रभवं सुखं सद्वेद्योदयात् ॥

अर्थ—इस जीवको अनेकवार लाभांतराय कर्मका उदय होनेपर दारिद्र्य प्राप्त होता है. वैसे इसको अनेकवार धनप्राप्ति होनेसे धनाढ्यपनेभी हुआ था. लाभांतराय कर्मके क्षयोपशमसे यह जीव धनाढ्यभी हुआ था. बहुतवार मिला हुआ धनभी नष्ट हुआ है. इसकी बहुतवार तू चांडाल है. लंगडा है, अंधा, कृपण, मूर्ख है. ऐसी निंदा भी हुई है. अपयशस्कीर्ति कर्मके उदयसे जगतमें जीवकी निंदा होती है. इसी प्रकार असातावेदनीय कर्मके उदयसे अनेकप्रकारके संकटोंसे यह जीव ग्रस्त होता है. देवगतिके और मनुष्यके सुखोंको अभ्युदय कहते हैं. यह अभ्युदय सातावेदनीय कर्मके उदयसे प्राप्त होता है. यह जीव पुरुष, स्त्री और नपुंसक इन पर्यायोंकोभी अनेकवार प्राप्त हुआ है.

कारी होइ अकारी अप्पडिभोगो जणो हु लोगम्मि ॥
कारी वि जणसमक्खं होइ अकारी सपडिभोगो ॥ १८०९ ॥
निर्दोषमपि निःपुण्यं सदोषं मन्यते जनः ॥
सदोषमपि पुण्याढ्यं निर्दोषं पुरुषः पुनः ॥ १८८० ॥

विजयोदया—अकारी अपि दोषमकुर्वन्नपि कारी भवति, अप्पडिभोगो जनो पुण्यरहितो जनः। कारीवि कुर्वन्नप्यनाचारं, जणसमक्खं जनानां प्रत्यक्षं अकारी होदि दुराचारो न भवति । सपडिभोगो पुण्यवान् ॥

मूलारा—कारी दोषकर्ता । अकारी दोषमकुर्वन्नपि । अप्पडिभोगो अपुण्यः । कारी वि दोषं कुर्वन्नपि । सपडिभोगो सपुण्यः ॥

अर्थ—जो मनुष्य पुण्यरहित होता है तब उसने दोष नहीं भी किये हो तो भी वह दोषी माना जाता है तथा जब पुण्योदय होता है तब अनाचारी होकरभी निर्दोषी माना जाता है. लोक उसको निर्दोष समझते हैं.

सरिसीए चंदिगाये कालो वेस्सो पिओ जहा जोण्हो ॥
सरिसे वि तहाचारे कोई वेस्सो पिओ कोई ॥ १८१० ॥

निसर्गतः कोपि समेऽपि वल्लभो विचेष्टतेऽन्योऽसुमतामवल्लभः ॥
समानरूपे सति चंद्रिकोदये प्रियो हि पक्षो धवलः प्रियोऽपरः ॥ १८८१॥

विजयोदया—सरिसीए चंदिगाए चंद्रिकायां समानायामपि । कालो वेस्सो कालपक्षो द्वेष्यः । पिओ जहा जोण्हो शुक्लपक्षो यथा प्रियः । सरिसे वि तहाचारे सदृशेष्वाचारे द्वयोः पुंसोः ॥ कोई वेस्सो पिओ कोई कश्चित् द्वेष्यः प्रियः ॥

मूलारा—चंदियाए ज्योत्स्नायां समानायां सत्यामपि । कालो कृष्णपक्षः । जोण्हो सितपक्षः । कोई दुर्भगनामकर्मोदयं प्राप्तः ॥

अर्थ—चंद्रका प्रकाश दोन पक्षमें समानही रहता है तोभी कृष्णपक्ष लोकोंको अप्रिय लगता है और शुक्लपक्ष प्रियसा मालूम पडता है. वैसे आचार समान होने परभी किसीको लोक अप्रिय समझते हैं और किसीको प्रिय समझते हैं.

इय एस लोगधम्मो चिंतिज्जंतो करेइ णिव्वेदं ॥
धण्णा ते भयवंता जे मुक्का लोगधम्मादो ॥ १८११ ॥

विचिंत्य मानं जगतो विचेष्टितं विचित्ररूपं भयदायि दुर्गमम् ॥
करोति वैराग्यमनन्यगोचरं दुरीहितं पूर्वमिवोदयं गतम् ॥ १८८२ ॥

विजयोदया—इय एस लोगधम्मो अयमेव प्राणिधर्मः। चिंतिज्जंतो चिंत्यमानो । करेइ णिव्वेदं निर्वेदं करोति । धण्णा ते भयवंता पुण्यवंतस्ते यतयः । जे मुक्का लोगधम्मादो ये मुक्ताः प्राणिधर्माद्व्याख्यातात् ॥

प्राणिस्वरूपचिंतामुपसंहरंस्तत्फलमाह—

मूलारा—लोगधम्मादो प्राग्वर्णितप्राणिस्वरूपे अनासक्तचित्ता इत्यर्थः ॥

अर्थ—इस प्रकार यह लोकोंका धर्म है. इसका विचार कर कोई महात्मा विरक्त होता है. वे पूज्य ऋषि धन्य हैं जिन्होंने लोकधर्मका त्याग किया है.

विज्जू व चंचलं फेणदुब्बलं वाधिमहियमच्चुहदं ॥
णाणी किह पेच्छंतो रमेज्ज दुक्खुद्दुदं लोगं ॥ १८१२ ॥
लोकस्वभावं चपलं दुरंतं दुःखानि दातुं सकलानि शक्तम् ॥
निरीक्षमाणा न बुधा रमंते भयंकरं व्याघ्रमिवानिवार्यम् ॥ १८८३ ॥
इति लोकानुप्रेक्षा ॥

विजयोदया—विज्जू व चंचलं विद्युदिव चंचलं, फेणदुब्बलं फेनमिव दुर्बलं । वाधिमहिदमच्चुहदं व्याधिभिर्मथितं मृत्युना हतं । लोगं पेच्छंतो लोकं पश्यन् । णाणी किध रमेज्ज ज्ञानी कथं तत्र रतिं कुर्यात् ॥

तदनासक्तिकारणं व्यनक्ति—

मूलारा—फेणदुब्बलं नीरर्द्धिडीरवन्निःसारम् । णाणी रत्यरतिकारणज्ञः । दुक्खुद्दुदं दुःखेन कंपितं । उक्तं च—

तद्विद्युच्चपलं फेनदुर्बलं व्याधिपीडितम् ॥
ज्ञानी पश्यन्रतिं कुर्यात्कथं दुःखार्दितं जगत् ॥

लोकानुप्रेक्षा ॥—

अर्थ—यह जगत् बिजलीके समान चंचल है, समुद्रके फेसके समान बलहीन है, व्याधि और मृत्युसे पीडित हुआ है. ज्ञानी पुरुष दुःखोंसे भरा हुआ यह लोक देखकर उसमें कैसी प्रीति करते हैं, अर्थात् ज्ञानी इस लोकसे प्रेम नहीं करते हैं. इसके ऊपर वे माध्यस्थ भाव धारण करते हैं.

॥ लोकधर्मचिंता ॥ अशुभत्वानुप्रेक्षा प्रक्रम्यते ॥

असुहा अत्था कामा य हुंति देहो य सव्वमणुयाणं ॥
एओ चेव सुभो णवरि सव्वसोक्खायरो धम्मो ॥ १८१३ ॥
अशुभाः सन्ति निःशेषाः पुंसां कामार्थविग्रहाः ॥
शुभोऽत्र केवलं धर्मो लोकद्वयसुखप्रदः ॥ १८८४ ॥

विजयोदया—असुहा अत्था कामा य हुंति अशुभा अर्थाः कामाश्च भवंति । देहो य सव्वमणुयाणं देहश्च सर्वे

मनुजानाम् ॥ एक्को चेव सुभो एक्क एव शुभः पुनः । सव्वदुक्खायरो धम्मो सर्वेषां सौख्यानामाकरो धर्मः ॥

धर्म्यध्यानशुक्लार्थं अशुचित्वं गाथाष्टकेनानुचिंतयति—

अशुचिश्चाशुभो ऽपेक्ष्यश्च भावो भण्यते । तत्रादौ दुःखैकमूलत्वेन अर्थकामकायानामशुभत्वं व्यवस्थाप्य लोकद्वयसुखप्रदत्वेन धर्मस्य शुभत्वं भावयति—

मूलारा —स्पष्टम् ॥

अशुचित्वानुप्रेक्षाका वर्णन—

अर्थ—अर्थ पुरुषार्थ और कामपुरुषार्थ अशुभ है. सर्व मनुष्योंका देह अपवित्र है. एक धर्मही पवित्र है और वही सर्व सौख्योंका दाता है.

अर्थस्याशुभतां व्याचष्टे—

इहलोगियपरलोगियदोसे पुरिसस्स आवहइ णिच्चं ॥
अत्थो अणत्थमूलं महाभयं मुत्तिपडिपंथो ॥ १८१४ ॥
अर्थो मूलमनर्थानां निर्वाणप्रतिबंधकः ॥
लोकद्वये महादोषं दत्ते पुंसां दुरुत्तरम् ॥ १८८५ ॥

विजयोदया—इहलोगियपरलोगियदोसे ऐहिकान् पारलौकिकांश्च दोषान् । पुरिसस्स आवहइ णिच्चं पुरुषस्य आवहति नित्यं । अत्थो अणत्थमूलं अर्थोऽनर्थानां मूलं, महाभयस्य मूलत्वान्महाभयं । मुत्तिपडिपंथो मुक्तेरर्गलीभूतः ॥

अर्थस्याशुभत्वं समर्थयते—

मूलारा—दोसे दुःखानि । अणत्थमूलं अधर्मविपदादिनिदानं । महाभयं विपुलभीतिनिमित्तत्वात् । मुत्तिपडिपंथो मुक्तेरर्गलीभूतः ॥

अर्थकी अशुभताका वर्णन—

अर्थ-इह लोकके दोष और परलोकके दोष अर्थ पुरुषार्थसे मनुष्यको भोगने पडते हैं. अर्थ पुरुषार्थके वश होकर पुरुष अन्याय करता है. चोरी करता है. और राजासे दंडित होता है और परलोकमें नरकमें नाना

दुःखोंका अनुभव लेता है इसलिए यह अर्थ अर्थात् धन अनर्थका कारण है. महाभयका कारण है. मोक्ष प्राप्तिके लिए यह अर्गलाके समान प्रतिबंध करता है.

कामस्याशुभतमतामाचष्टे—

कुणिमकुडिभवा लहुगत्तकारया अप्पकालिया कामा ॥
उवधो लोए दुक्खावहा य ण य होंति ते सुलहा ॥ १८१५ ॥
निंद्यस्थानभवाः कामा भीमा लाघवहेतवः ॥
दुःखप्रदा द्वये लोके स्वल्पकालाःसुदुर्लभाः ॥ १८८६ ॥

विजयोदया—कुणिमकुडिभवा लहुगत्तकारया अशुचिकुटिभवाः अलघुत्वकारिणः । अप्पकालिया कामा अल्प कालेषु भवाः । कामकाले उवधो लोए लोकद्वये । दुःखावहाश्च । ण य होंति ते सुलभाः नैव ते सुलभा भवंति ॥

कामाशुभत्वमाख्याति—

मूलारा—कुणिमकुडिभवा अशुचिस्वपरशरीरप्रभवाः । अप्पकालिया स्तोककालभवाः । कामा काम्यमानाः । इंद्रियार्थाः तत्प्रभवप्रीतयो वा । उवधो लोए लोकद्वये ॥

काम पुरुषार्थ अत्यंत अशुभ है—

अर्थ—यह काम पुरुषार्थ अपवित्र शरीरसे उत्पन्न होता है. इससे आत्मा हलकी होता है. इसकी सेवासे आत्मा दुर्गतिमें दुःख पाती है. यह पुरुषार्थ अल्पकालमें ही उत्पन्न होकर नष्ट होता है. और प्राप्त होनेमें कठिन है.

अट्ठिदलिया छिरावद्धवद्धिया मंसमट्टियालित्ता ॥
बहुकुणिमभण्डभरिदा विहिंसणिज्जा खु कुणिमकुडी ॥ १८१६ ॥
अस्थिसलिला सिराबद्धा कुथितास्थिदलाचिता ॥
सतां कायकुटी कुत्स्या कृमिभिर्विविधैर्भृता ॥ १८८७ ॥

विजयोदया—अट्ठिदलिया अस्थिदलनिष्पन्ना छिरावद्धवद्धिया सिरावल्कलबद्धा । मंसमट्टियालित्ता मांस मृत्तिकालिप्ता । बहुकुणिमभण्डभरिदा अनेकाशुचिद्रव्यपूर्णा विहिंसणिज्जा खु कुणिमकुडी जुगुप्सनीया अशुचिकुटी ॥

देहाशुचित्वं मीमांसते—

मूलारा—अट्ठिदलिया अस्थीनि दलानि पत्राणि यस्यां सा अस्थिदलिका शिरात्वग्बद्धा । कुणिमकुडी कुटीवा अंगशब्दस्य गतार्थत्वाद्रोपः ॥ उक्तं च—

अस्थिजालदला स्नायुवल्कबद्धातिनिंदिता ॥
असृक्त्वंगकुटी मांसमृत्तिकाकृतलेपना ॥

अर्थ—इस गाथामें शरीररूपी झोपडीका वर्णन करते हैं.

यह शरीररूपी झोपडी हाडोंसे बनी है. अस्थिरूपी पत्तोंसे यह झोपडी रची गई है. नसा जालरूप वल्कलसे बांधी गई है. मांसरूपी मट्टीसे ये लीपी गई है. अपवित्र रक्तादि पदार्थोंसे भरी हुई है और जुगुप्सा उत्पन्न करनेवाली है.

इंगालो धोव्वंतो ण सुद्धिमुवयादि जह जलादीहिं ॥
तह देहो धोव्वंतो ण जाइ सुद्धिं जलादीहिं ॥ १८१७ ॥

निजवर्णमलिनः कायो धाव्यमानो जलादिभिः ॥
अंगार इव नायाति स्फुटं शुद्धिं कदाचन ॥ १८८८ ॥

विजयोदया—इंगालो धोव्वंतो प्रक्षाल्यमाना मषी न शुद्धिमुपयाति, न शुक्लतामुपयाति । जह यथा । जलादीहिं जलादिभिः, तह देहो धोव्वंतो तथा शरीरं प्रक्षाल्यमानं । ण जादि सुद्धिं जलादीहिं न याति शुद्धिं जलादिभिः ॥

देहस्याशक्यशोधनत्वमाह—

मूलारा—स्पष्टम् ।

अर्थ—अंगारको पानी वगैरहके द्वारा धोनेपर भी वह अपना कालावर्ण छोडकर सफेद नहीं बनता है। वैसे शरीरको धोनेसे शुद्ध नहीं होता है.

सलिलादीणि अमेज्झं कुणइ अमेज्झाणि ण हु जलादीणि ॥
मेज्झममेज्झं कुव्वंति सयमवि मेज्झाणि संताणि ॥ १८१८ ॥

मेध्यान्यमेध्यानि करोत्यमेध्यं सद्यः शरीरं सलिलानि नूनम् ॥
अमेध्यमिश्राणि पुनः शरीरं न तानि मेध्यं विदधात्यमेध्यम् ॥ १८८९ ॥

विजयोदया—सलिलादीणि सलिलादीनि द्रव्याणि शुचीनि । अमेज्झं कुणदि अमेध्यं करोति । अमेज्झाणि अशुचीनि । ण दु जलादीणि मेज्झं कुणदि नैवं जलादीनि शुचितामापादयंतीति । अमेज्झाणि अशुचीनि सयममेज्झाणि संताणि अमेध्ययोगात् स्वयमशुचीनि संति ॥

जलादिशुचित्वादौत्कट्यं कायाशुचित्वस्याचष्टे—

मूलारा—अमेज्झं स्वभावेनाशुचिभूतं शरीरं कर्तृ । उक्तं च—

अशुचि शरीरं तोयादिकानि विदधात्यमेध्यरूपाणि ॥
सलिलादीनि न मेध्यं विदधति देहं त्वमेध्यमयम् ॥

एवं शाकुटैकाचारमतेन व्याख्यातम्—अन्ये तु सयमेज्झाणीति पठित्वा अमेध्ययोगात्स्वयमशुचीनि संतीत्यर्थमाहुः ॥

तदुक्तम्

मेध्यान्यमेध्यानि करोत्यमेध्यं सद्यः शरीरं सलिलानि नूनम् ॥
अमेध्यमिश्राणि पुनः शरीरं न तानि मेध्यं विदधात्यमेध्यम् ॥

अपरे पुनः सलिलादीनीत्यादि सूत्रं सामान्येन व्याख्यायोत्तरसूत्रेण प्रकृतं देहाशुचित्वं अनुसंदधते ।

अर्थ—पानी वगैरह पवित्र पदार्थोंको देह अपने संसर्गसे अपवित्र बना देता है. पानी स्वयं अपवित्र नहीं है. देहके संसर्गसे उसको अपवित्रता आती है.

तारिसयममेज्झमयं सरीरयं किह जलादिजोगेण ॥
मेज्झं हवेज्ज मेज्झं ण हु होदि अमेज्झमयघडओ ॥ १८१९ ॥
अमेध्यनिर्मितो देहः शोध्यमानो जलादिभिः ॥
अमेध्यैर्बहुविधैः पूर्णो न कुंभ इव शुद्ध्यति ॥ १८९० ॥

विजयोदया—तारिसमयममेज्झमयं शुचीनामशुचिताकरणसमर्थाशुचिमयशरीरकं । किह कथं । जलादिजोगेण-जलादिसंबंधेन । मेज्झं हवेज्ज शुचिर्भवेत् ॥ अमेज्झमय घडगो अमेध्यमयो घटः । न खु मेज्झो होदि नैव शुचिर्भवति ॥

मूलारा-तारिसगामेज्झमयं शुचिद्रव्याणामशुचित्वापादनसमर्थेनामेध्येन पुद्गलप्रचयेन निर्वृत्तं सत् । अन्यं तारिसयममेज्झमयं इति मत्वानुतंत्रमाहुः । तद्यथा—

तारिसममेध्यमयं शरीरकं किं जलादियोगेन ॥
मेध्यं भवेद्विमेध्येनामेध्यमयो घटो भवति ॥

अर्थ—पवित्र पदार्थोंको अपवित्र बनानेवाला यह शरीर जलादिकोंके द्वारा शुद्ध कैसा हो सकता है ? विष्ठासे भरा हुआ घट क्या पवित्र हो सकता है ? नहीं कभी नहीं.

यदि शरीमशुचि किं तर्हि शुचीत्यत्राह—

णवरि हु धम्मो मेज्झो धम्मत्थस्स वि णमंति देवा वि ॥
धम्मेण चेव जादि खु साहू जल्लोसधादीया ॥ १८२० ॥

भवन्ति जल्लौषधयो मुनीन्द्रा धर्मेण देवाः प्रणमन्ति सेन्द्राः ॥
यतस्ततो नास्ति ततः प्रशस्तः कल्याणविश्राणनकल्पवृक्षः ॥ १८२१।

इति अशुच्यनुप्रेक्षा ।

विजयोदया—णवरि हु धम्मो मेज्झो धर्मः पुनः शुचिः । कस्मात् हुशब्दो यस्मादित्यर्थे वर्तते । धम्मत्थस्स वि णमंति देवा वि यस्माद्धर्मे रत्नत्रयात्मके स्थितस्य देवा अपि नमस्कारं कुर्वंति॥धर्मेण शुचिना योगादात्मापि शुचिरिति, धम्मेण चेव जादि खु साधू धर्मेणैव प्राप्नुवंति साधवः । किं जल्लोसधादीया जल्लौषध्यादिकमृद्धयतिशयं ॥ अशुभस्सं ॥

यदेवमशुचिः कायः किं तर्हि परं शुचि इत्यत्राह—

मूलारा— णवरि केवलं । णवरि हु इति पाठे धर्म एव केवलं मेध्य इत्यर्थः । धम्मत्थस्स रत्नत्रये तिष्ठतः साधोः । जल्लोसधादीया सर्वांगीणमलौषधविष्ठौषधप्रभृतिकाः ॥ अशुचित्वानुप्रेक्षा ॥

अर्थ—इस जगतमें धर्म ही पवित्रतम वस्तु है. जो रत्नत्रयात्मक धर्ममें स्थिर है उसको देव भी वंदन करते हैं. इसके संयोगसे आत्माभी पवित्र हुआ है. साधु धर्मके प्रसादसेही जल्लौषधादि ऋद्धीको प्राप्त कर सकते हैं. अशुचित्वानुप्रेक्षा समाप्त.

आस्रवानुप्रेक्षा निरूप्यते—

जम्मसमुद्दे बहुदोसवीचिए दुक्खजलयराइण्णे ॥
जीवस्स परिब्भमणम्मि कारणं आसवो होदि ॥ १८२१ ॥
दुःखोदके भवाम्भोधौ कषायैर्द्विपवाचरैः ॥
आस्रवः कारणं ह्यय भ्रमतो भवभागिनः ॥ १८९२ ॥

विजयोदया—जम्मसमुद्दे जन्मसमुद्रे । बहुदोसवीचिए विचित्रदोषतरंगे । दुक्खजलयराकिण्णे दुःखजलचरैराकीर्णे । जीवस्स परिब्भमणम्मि जीवस्य परिभ्रमणे यत् कारणं तत् आसवो आस्रवो भवति । ननु च कर्माणि कारणानि नत्वास्रवः ॥ अत्रोच्यते ॥ कर्मणां परिभ्रमणकारणानां कारणत्वादास्रवः कारणमित्युक्तं ॥

ग्रन्थकारोऽत्र आस्रवं चतुर्दशगाथाभिरनुचिंतयति—

मूलारा—संसारपरिभ्रमणकारणकर्मणां कारणत्वात् ॥ आसवो मिथ्यात्वादिः ॥

आस्रवानुप्रेक्षा का वर्णन—

अर्थ—यह जन्मसागर विचित्र दोषरूपी तरंगोंसे व्याप्त हुआ है. दुःखरूपी नक्रमकरादि जलचर प्राणिओंसे यह भरा हुआ है. जीवके परिभ्रमणमें जो कारण है उसको आस्रव कहते हैं. कर्म जीवको संसारमें घुमाता है परन्तु यह आस्रव उनका भी कारण है अतः यही संसारमें घुमाता है ऐसा आचार्यने कहा है.

संसारसागरे से कम्मजलमसंवुडस्स आसवदि ॥
आसवणीणावाए जह सलिलं उदधिमज्झम्मि ॥ १८२२ ॥
कर्मास्रवति जीवस्य संसारे विषयादिभिः ॥
सलिलं विविधै रन्ध्रैः पोतस्येव पयोनिधौ ॥ १८९३ ॥

विजयोदया—संसारसागरे संसारसमुद्रे । से तस्य । असंवुडस्स संवररहितस्य सम्यक्त्वसंयमक्षमामार्दवार्जवसंतोषपरिणामरहितस्य । कम्मजलमासवदि ज्ञानावरणादिकर्मजलमास्रवत्यागच्छति । आसवणीणाए आस्रवणशीलायां नावि यथा सलिलं प्रविशति । उदधिमज्झे समुद्रमध्ये ॥

मूलारा—कम्मजलं कर्मशब्देनात्र कर्मपरिणामोन्मुखः पुद्गलस्कंधो गृह्यते । कर्म जलमिवेत्युपमासमासः । असं-

वुइस्स सम्यक्त्वाद्यात्मकसंवररहितस्य । आसवदि कर्मत्वपरिणतियोग्यतामागच्छति प्रविशति च । आसवणीणावाए आस्रवणशीलायां नावि ॥

अर्थ—जो जीव इस संसारसमुद्रमें संवररहित प्रवृत्ति करता है. अर्थात् जो जीव सम्यक्त्व, संयम, उत्तमक्षमा, मार्दव, आर्जव, संतोष इन परिणामोंसे रहित है उसमें कर्मरूपी जल प्रवेश करता है. जैसे छिद्रसहित नौकामें पानीका प्रवेश होनेसे वह समुद्रमें डूबती है वैसा यह आत्माभी संसाररूपी समुद्रमें कर्मरूपी जल प्रवेश करनेसे डूबता है.

धूली णेहुत्तुप्पिदगत्ते लग्गा मलो जधा होदि ॥
मिच्छत्तादिसिणेहोछिदस्स कम्मं तधा होदि ॥ १८२३ ॥
कर्मसंबंधता जाता रागद्वेषाक्तचेतसः ॥
स्नेहाभ्यक्तशरीरस्य रजोराशिरिवानिशम् ॥ १८९४ ॥

विजयोदया—धूली णेहुत्तुप्पिदगत्ते लग्गा धूली स्नेहाभ्यक्तशरीरलग्ना । जहा मलो होदि यथा मलं भवति ॥ मिच्छत्तादिसिणेहोछिदस्स मिथ्यात्वासंयमकषायपरिणामस्नेहाभ्यक्तस्यात्मनः प्रदेशेष्ववस्थितं कर्मप्रायोग्यं द्रव्यं । तहा तथा कम्मं होदि तथा कर्म भवति । एतदुक्तं भवति-आत्मपरिणामान्मिथ्यात्वादिकात् विशिष्टं पुद्गलद्रव्यं कर्मत्वेन परिणमतीति कर्मत्वपर्यायहेतुरात्मनः परिणाम आस्रव इत्यर्थः ॥

मूलारा—णेहुत्तुप्पिदगत्तेत्ति तैलाद्यभ्यक्तशरीरे । मिच्छत्तादिसिणेहोछिदस्स मिथ्यात्वासंयमकषायस्नेहाभ्यक्तस्य जीवस्य । कम्मं प्रदेशेष्ववस्थितं कर्मप्रायोग्यं द्रव्यं मलो इत्यनुवृत्तेर्मलो भवतीति सम्बंधः । एतदुक्तं भवति—आत्मपरिणामान्मिथ्यात्वादिकाद्विशिष्टं पुद्गलद्रव्यं कर्मत्वेन परिणमते तेन विशिष्टस्य पुद्गलद्रव्यस्य कर्मत्वपर्यायहेतुर्मिथ्यात्वादिजीवपरिणाम आस्रव इत्यर्थः ।

अर्थ—जैसे जिसने अपने सर्वांगमें तेल लगाया है ऐसे मनुष्यके शरीरपर धूली आकर चिपक जाती है. और वह मल बनती है वैसे मिथ्यात्व, असंयम, कषायात्मक परिणामरूपी तैलसे लिप्त हुए आत्मप्रदेशोंमें बैठा हुआ कर्मरूप परिणतिको प्राप्त होनेवाला पुद्गल द्रव्य कर्म बन जाता है. इस विवेचनका यह अभिप्राय है—मिथ्यात्वादि-

रूप आत्मपरिणामों का निमित्त पाकर विशिष्ट पुद्गलद्रव्य कर्मपर्यायको धारण करता है. इस लिये कर्मात्मकपर्यायको आत्माका मिथ्यात्वादिरूप परिणाम कारण है. उसीको आस्रव भावास्रव कहते हैं.

ओगाढगाढणिचिदो पुग्गलदव्वेहिं सव्वदो लोगो ॥
सुहुमेहिं बादरेहिं य दिस्सादिस्सेहिं य तहेव ॥ १८२४ ॥
अदृश्यैश्चक्षुषा दृश्यैः स्थूलैः सूक्ष्मैश्च पुद्गलैः ॥
विविधैर्निचितो लोकः कुंभो धूमैरिवाभितः ॥ १८९५ ॥

विजयोदया—ओगाढगाढणिचिदो अनुप्रवेशगाढं निचितः। पुग्गलदव्वेहिं पुद्गलद्रव्यैः,सव्वदो लोगो कात्स्न्येन लोकः । सुहुमेहि बादरेहि य सूक्ष्मैः स्थूलैश्च । दिस्सादिस्सेहि चक्षुषा दृश्यैरदृश्यैश्च । तहेव तथैव । एतया गाथया कर्मत्वपर्यायप्रयोग्यानां पुद्गलद्रव्याणां सर्वलोकाकाशे बहूनामस्तित्वमाख्यातं ॥

कथं जीवप्रदेशेष्ववस्थितत्वं कर्मायोग्यपुद्गलानां संभवतीत्याशंकायामाह—

मूलारा– ओगाढगाढणिचिदो अवगाहनमवगाढं परस्परानुप्रवेशः तेनागाढं निर्भरं णिचिदो व्याप्तः । दिस्सादिस्सेहिं चक्षुषा दृश्यैरदृश्यैश्च ।

अर्थ—इस जगत्के प्रदेशोंमें पुद्गलद्रव्य अतिशय निबिडरूपसे भरा हुआ है. अर्थात् लोकाकाशका एक भी प्रदेश इस पुद्गलद्रव्यसे रिक्त नहीं है. इस लोकाकाशमें सूक्ष्म, स्थूल, नेत्रसे देखने योग्य व नहीं देखे जानेवाले ऐसे पुद्गल भरे हैं. इस गाथासे कर्मत्वपर्यायको प्राप्त होनेकी योग्यता रखनेवाले बहुतसे पुद्गलद्रव्योंका आकाशमें अस्तित्व है ऐसा सूचित होता है.

के ते आस्रवा इत्यत्राह—

मिच्छत्तं अविरमणं कसाय जोगा य आसवा होंति ॥
अरहंतवुत्तअत्थेसु विमोहो होइ मिच्छत्तं ॥ १८२५ ॥
मिथ्यात्वाव्रतकोपादियोगानास्रवान्विदुः ॥
मिथ्यात्वमर्हदुक्तानां पदार्थानामरोचनम् ॥ १८९६ ॥

विजयोदया—मिच्छत्तं अविरमणं कसायजोगा य आसवा होंति मिथ्यात्वमसंयमः कषाययोगाश्च आस्रवा भवंति । आस्रवंत्यागच्छंति । कर्मत्वपर्यायं पुद्गला एभिः कारणभूतैरिति मिथ्यात्वादय आस्रवशब्दवाच्याः ॥ तेष्वास्रवेषु मिथ्यात्वस्वरूपं कथयति । अरहंतसुत्तअत्थेसु अर्हदुक्तेषु अनंतद्रव्यपर्यायात्मकेषु विमोहो मिच्छत्तं होदि अश्रद्धानं मिथ्यात्वं भवति । असंयममाचष्टे ॥

के ते आस्रवा इत्यत्राह—

मूलारा—आसवा आस्रवंत्यागच्छंति कर्मत्वपर्यायं पुद्गला यैरित्यास्रवा मिथ्यात्वादयश्चत्वारः प्रमादानां कषायान्तर्भावात्पृथगनुपादानं । अत्थेसु अनंतद्रव्यपर्यायात्मकेषु भावेषु । विमोहो विपरीताभिनिवेशलक्षणमश्रद्धानम् ।

वे आस्रव कौनसे हैं ? इस प्रश्नका उत्तर—

अर्थ—मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग ये आस्रवके प्रकार हैं. जिनका निमित्त पाकर पुद्गलोंको कर्मत्वपर्याय प्राप्त होता है ऐसे जो कारण उनको आस्रव कहते हैं. अर्थात् मिथ्यात्वादिकको आस्रव कहना यह अन्वर्थक है. इन आस्रवोंमेंसे मिथ्यात्वनामक आस्रवका स्वरूप इस प्रकार समझना चाहिये—अर्हद्भगवानने अनंत द्रव्यपर्यायात्मक जीवादिक पदार्थोंका जो स्वरूप कहा है उसमें विमोह अर्थात् अश्रद्धान करना वही मिथ्यात्व है.

अविरमणं हिंसादी पंच वि दोसा हवंति णायव्वा ॥
कोधादीया चत्तारि कसाया रागदोसमया ॥ १८२६ ॥
हिंसादयो मता दोषाः पंचाप्यव्रतसंज्ञकाः ॥
कोपादयः कषायाः स्यू रागद्वेषद्वयात्मकाः ॥ १८९७ ॥

विजयोदया—अविरमणं अविरमणं नाम । हिंसादि पंच वि दोसा हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहाख्याः पंचापि दोषाः। हवंति णादव्वा अविरमणं भवंतीति ज्ञातव्याः । प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं, असदभिधानं, अदत्तादानं, मैथुनकर्म विशेषः, मूर्छा चेति एते परिणामा अविरमणशब्देनोच्यंते । विरमणं हि निवृत्तिस्ततोऽन्यत्वात् । प्रवृत्तिरूपा हिंसादयः अविरमणं इत्युच्यते । कोधादीया क्रोधमानमायालोभाः। चत्तारि चत्वारः। कसाया कषाया इत्युच्यंते । रागदोसमया राग द्वेषात्मकाः ॥

मूलारा—रागदोसमया रागद्वेषात्मकाः ।

अर्थ—हिंसा, असत्य भाषण, चोरी करना, मैथुन सेवन, परिग्रह ऐसे पांच दोषोंको अविरति कहना

चाहिये. कषायपुक्त होकर प्राणीके दस प्राणोंका नाश करना हिंसा है. प्राणीओं को पीडा देनेवाला भाषण असत्य कहा जाता है. लेने देनेका व्यवहार जिस वस्तुमें होता है ऐसी अन्यकी नहीं दी गई वस्तु लेना उसको चोरी कहते हैं. चारित्रमोहके उदयसे रागाविष्ट होकर परस्परोंको स्पर्शन करनेकी जो स्त्रीपुरुषोंमें इच्छा उत्पन्न होती है उसको मैथुन कहते हैं. चेतन, अचेतन और मिश्र पदार्थोंमें और रागद्वेषादिकोंमें जो ममत्वबुद्धि होती है उसको परिग्रह कहते हैं. इन परिणामोंको अविरति कहते हैं. क्रोध, मान, माया और लोभ ये चार कषाय हैं ये सब परिणाम राग द्वेषमय हैं.

रागद्वेषयोर्माहात्म्यं दर्शयति—

किहदा राओ रंजेदि णरं कुणिमे वि जाणुगं देहे ॥
किहदा दोसो वेसं खणेण णीयंपि कुणइ णरं ॥ १८९७ ॥
जानंतं कुथिते काये रागो रंजयते कथम् ॥
बांधवं कुरुते द्वेष्यं द्वेषो ह्रीक्षणतः कथम् ॥ १८९८ ॥

विजयोदया—किहदा राओ रंजेदि णरं कथं तावद्रागो रंजयति नरं । कुणिमे वि देहे अशुचायपि देहे, अनुरागस्यायोग्ये । जाणुगं शरीराशुचित्वं जानंते अज्ञं रंजयति,सारे वस्तुनि न रंजयतीति न तच्चित्रं ज्ञातारमशुचिन्यसारे शरीरे रंजयतीत्येतदद्भुतमिति भावः, दोसो दोषः,किहदा दोसं कुणदि कथं तावद्द्वेष्यं करोति; खणेण क्षणमात्रेण । णीयंपि णरं बांधवमपि नरं; अनेनापि द्वेषमाहात्म्यमाख्यायते । रागाश्रयानपि बंधून् द्वेष्यान् करोतीति ॥

रागद्वेषयोर्माहात्म्यमाह—

मूलारा किहदा कथमिति विस्मये । तावदिति वाक्यालंकारे । कुणिमे वि अशुचयसारेपि । जाणुगं देहस्याशुचित्वमसारत्वं च जनानां ज्ञातारं अनुरागोऽयोग्येऽनुरंजयतीत्येतदद्भुतं इति भावः । वेसं द्वेष्यं णीयं वि रागाश्रयं बंधुमपि ॥

अर्थ—यह शरीर अपवित्र है इसके ऊपर प्रीति करना योग्य नहीं है. परंतु यह रागभाव अज्ञजीवको इस शरीरपर अनुरक्त करता है. सार वस्तुमें इस जीवको अनुरक्त नहीं करता है. आश्चर्य यह है कि विद्वान लोकों को भी अपवित्र और निःसार शरीरमें यह अनुरक्त करता है. यह रागभाव अपने निकट जनोंको भी एक क्षणमें द्वेषयोग्य करता है. अर्थात् जिनके ऊपर प्रेम करना योग्य है उनके ऊपर भी यह द्वेष उत्पन्न करता है.

सम्मादिट्ठी वि णरो जेसिं दोसेण कुणइ पावाणि ॥
धिक्तेसिं गारवेंदियसण्णामयरागदोसाणं ॥ १८२८ ॥
कल्मषं कार्यते घोरं सद्दृष्टिरपि मैर्जनः ॥
रागद्वेषविपक्षांस्तान्धिक्संज्ञागौरवात्मनः ॥१८९९ ॥

विजयोदया—सम्मादिट्ठी वि णरो तत्त्वज्ञानश्रद्धानसमन्वितोऽपि नरः । जेसिं दोसेण कुणदि पावाणि येषां दोषेण करोति पापानि, धिक्तेसिं गारवेंदियसण्णामयरागदोसाणं धिक्तान्गौरवार्मिंद्रियाणि संज्ञामदान् रागद्वेषांश्च ॥

मूलारा— सम्यादिट्ठी तत्त्वज्ञानश्रद्धानवान् । दोसेण अपराधेन विकारप्रापणेनेत्यर्थः । धिक्तेसि धिक्तान् । एय एतान् । द्वितीयार्थेत्र षष्ठी ॥

अर्थ—तत्त्वज्ञान और श्रद्धानसे युक्त भी भव्य जीव जिनके दोषसे पाप करते हैं उन गारव, इंद्रिय, संज्ञा रूप रागद्वेषोंको धिक्कार हो.

जो अभिलासो विसएसु तेण ण य पावए सुहं पुरिसो ॥
पावदि य कम्मबंधं पुरिसो विसयाभिलासेण ॥ १८९९ ॥
विषयेष्वभिलाषो यः पुरुषस्य प्रवर्तते ॥
न ततो जायते सौख्यं पातकं बध्यते परम् ॥ १९०० ॥

विजयोदया—जो अभिलासो विसएसु यो अभिलाषो विषयेषु स्पर्शादिषु । तेण विषयाभिलाषेण य पावदे सुहं पुरिसो सुखं प्राप्नोति नैव सुखं पुरुषः । पावदि य कम्मबंधं प्राप्नोति च कर्मबंधं,पुरिसो विसयाभिलासेण पुरुषो विषयाभिलाषेण निमित्तेन । एतेन विषयाभिलाषपरिणामस्य प्राणिनाप्रसक्तं प्रवर्तमानस्याहितना निवेदिता, सुखं न प्रयच्छति कर्मबंधकारणं तु भवतीति विषयाभिलाषस्यालायस्य स्वरूपं कथितं ॥

विषयाभिलाषः सुखं न प्रयच्छति कर्मबंधे च निमित्तं भवतीत्युपदिश्यते—

मूलारा—स्पष्टम् ।

अर्थ—पंचेंद्रियोंके विषयोंमें जो अभिलाषा उत्पन्न होती है वह प्राणीओंको सुख नहीं देती है, अर्थात

उस अभिलाषासे कर्मबंध होता है जो कि दुःख देनेमें कारण है. यह विषयाभिलाषा प्राणिओंमें हमेशा उत्पन्न होती है परंतु वह सुखके बदले आत्माका अहितही करती है. यहां विषयाभिलाषरूप आस्रवका स्वरूप कहा है.

विषयाभिलाषस्य दुष्टतां प्रकारान्तरेणाचष्टे—

कोई डहिज्ज जह चंदणं णरो दारुगं च बहुमोल्लं ॥
णासेइ मणुस्सभवं पुरिसो तह विसयलोहेण ॥ १८३० ॥
इंद्रियार्थसुखं येन मानुष्यं प्राप्य योज्यते ॥
भस्मार्थं प्लोषते काष्ठं महामौल्यमसौ स्फुटम् ॥ १९०१ ॥

विजयोदया—कोई डहिज्ज जह चंदणं कश्चिद्यथा दहेच्चंदनं । बहुमोल्लं महामूल्यं । दारुगं च अगुर्वादिदारु च, यथा दहति भस्मादिकं स्वल्पं समुद्दिश्य, तहा णासेदि मणुस्सभवं तथा नाशयति मानुषभवं अतींद्रियानंतसुखकारणं । पुरिसो तह विसयलोभेण अतितुच्छविषयगार्द्धेन ॥ उक्तं च ॥ विषया जनितेंद्रियोत्सवा बहुभिश्चापि समन्विता रसैः । विषगर्भसुसंस्कृतान्नवत् परिभुक्ताःपरिणामदारुणाः॥ विषयसुखप्रतिबद्धलोलचित्तो विषयनिमित्तमनिष्टकर्म कृत्वा विषय-सुखप्रविहीणजातिजातो विषयसुखं लभते न नो विपुण्यः ॥

भव्यंतरेण विषयलांपट्यस्य दौष्टयमाचष्टे—

मूलारा—दहेज्ज भस्मार्थं दहेत् । दारुगं काष्ठं बहुमूल्यमिति विशेषेणागुर्वादिकम् । मणुस्सभवं बहुमूल्य-मित्यनुवृत्तेरतीन्द्रियानंतसुखकारणसम्यगाचरणमूलं मानुष जन्म ॥

अर्थ—कोई मनुष्य भस्मादिकके लिये अतिशय मूल्यवान् अगुरुचंदनकी लकडी जला देता है, वैसे यह मनुष्य भी अतिशय तुच्छ विषयोंमें लंपट होकर अतीन्द्रिय अनंत सुखको देनेवाले इस मनुष्य जन्मको नष्ट कर देता है. आगममें इस विषयमें ऐसा कहा है—ये विषय इन्द्रियोंको आल्हाद उत्पन्न करते हैं और अनेक रसोंसे युक्त है परंतु जैसे विषमिश्रित अन्न बहुत रसोसे युक्त होने पर भी भक्षण करनेसे प्राण लेता है वैसे ये विषय आत्माका नाश करते हैं अर्थात् दुर्गतिमें घुमाते हैं. जो मनुष्य विषयसुखमें आसक्त होता है वह उस विषयके लिये अनिष्ट कार्य करता है. जिससे विषयसुखरहित लोगोंमें जन्म लेता है. उचित ही है कि पुण्यरहित मनुष्यको विषय सुखकी प्राप्ति होती नहीं.

धुट्टिय रयणाणि जहा रयणद्दीवा हरेज्ज कट्ठाणि ॥
माणुसभवे वि धुट्टिय धम्मं भोगे भिलसदि तहा ॥ १८३१ ॥
यो रत्वे योऽक्षसुखं मूढो धर्मं मुक्त्वा निषेवते ॥
लोष्टं गृह्णात्यसौ मुक्त्वा रत्नद्वीपेऽमलं मणिम् ॥ १९०२ ॥

विजयोदया—धुट्टिय रयणाणि जहा रत्नानि त्यक्त्वा यथा, रयणद्दीवा हरेज्ज कट्ठाणि रत्नद्वीपात्काष्ठान्याहरति। तहा ।माणुसभवे वि मनुष्यभवेऽपि, धुट्टिय धम्मं धर्मं विहाय ।भोगे भिलसदि भोगान्वांछति। एतदुक्तं भवति—अनेकसार रत्नास्पदं रत्नद्वीपं सुदुर्लभं प्राप्य मुधा लब्धान्यपि रत्नान्यनुपादाय असारमिंधनं सुलभं सारबुद्धया यथा कश्चिदाहरति जडः। तथानेकगुणरत्नाकरं मनुष्यभवं दुरापमवाप्य अतर्पकं पराधीनं अल्पकालिकं विषयसुखमभिलषति ॥

अनेकगुणरत्नाकरं सुदुर्लभं मनुष्यभवमासाद्य पराधत्तमतर्पकं स्वल्पकालं विषयसुखमभिलषंतं अनुशोचति—

मूलारा—रयणाणि सुधा लब्धान्यपि हीरकादीनि। रयणद्दीवा रत्नद्वीपात्। हरेज्ज सारदुर्लभबुद्धयाऽनयेत् ॥

अर्थ—जैसे कोई मनुष्य रत्नद्वीपमें जाकर भी रत्नोंका त्याग कर काष्ठ लाता है वैसे मनुष्यभवमें भी कोई धर्मको छोडकर भोगोंकी अभिलाषा करता है. अभिप्राय यह है कि, अनेक उत्कृष्ट रत्नोंका स्थान जो रत्नद्वीप जो कि बहुत दुर्लभ है वहां जाकर सहज प्राप्त हुए रत्नोंको ग्रहण न कर जो तुच्छ निःसार और अयत्नप्राप्य इंधनों को सारयुक्त समझकर उनका संग्रह करता है वह जैसा मूर्खशिरोमणि समझा जाता है वैसा अनेकगुणरत्नोंकी मनुष्यभव खान है. ऐसा अलभ्य मनुष्यजन्म पाकर यदि तृप्ति उत्पन्न नहीं करनेवाला, पराधीन अल्पकाल तक टिकनेवाला ऐसा विषयसुख मनुष्य चाहता है तो यह चाहना रत्नद्वीप में जाकर लकडिओंका संग्रह करनेके समान है.

गंतुण णंदणवणं अमयं छंडिय विसं जहा पियइ ॥
माणुसभवे वि छड्डिय धम्मं भोगे भिलसदि तहा ॥ १८३२ ॥
यो रत्वे सेवते भोगं हित्वा धर्ममकल्मषम् ॥
असौ विमुच्य पीयूषं विषं गृह्णाति नंदने ॥ १९०३ ॥

विजयोदया—गंतूण णंदणवणं गत्वा नंदनवनं। अमयं छड्डिय अमृतं त्यक्त्वा। विसं जहा पियइ विषं यथा पिबति कश्चित्। माणुसभवे वि छड्डिय मनुष्यभवेऽपि त्यक्त्वा। धम्मं धर्मं। भोगेभिलसदि तहा,भोगानभिलाषयति तथा ॥

मूलारा—अमयं देवाहारम् ॥

अर्थ—जैसे कोई मूर्ख मनुष्य नन्दन वनमें जाकरभी वहां अमृतका त्याग कर विषपान करता है. वैसे कोई मनुष्य मनुष्यभवमें भी धर्मको छोडकर भोगोंकी अभिलाषा करता है.

योगशब्दार्थमाचष्टे—

पावपओगा मणवचिकाया कम्मासवं पकुव्वंति ॥
भुञ्जंतो दुब्भत्तं वणम्मि जह आसवं कुणइ ॥ १८३१ ॥
योगः कर्मास्रवं दुष्टो मनोवाक्कायलक्षणः ॥
यथा भुक्तो दुराहारो विदधाति व्रणास्रवम् ॥ १९०४ ॥

विजयोदया—पापप्रयोगा पापे प्रयुज्यते प्रवर्त्यते एभिरिति पापप्रयोगाः। मणवचिकाया मनोवाक्कायाः,कम्मासवं पकुव्वंति कर्मत्वपर्यायागमं पुद्गलानां कुर्वंति। भुंजेतो दुब्भत्तं भुंजमानो दुराहारं। वणंमि जह आसवं कुणदि, व्रणे यथा आस्रवं लुतिं पूतीनां करोति ॥

योगान्व्याचष्टे—

मूलारा—पापप्रयोगा पापं दुष्कृतं, कर्ममात्रं वा प्रयुज्यते प्रवर्त्यते यैरिति पापप्रयोगाः। कर्मत्वपरिणमनशक्तियुक्ता इत्यर्थः। कम्मासवं पुद्गलानां कर्मत्वपर्यायोपगमनं। भुंजेत्तं भुज्यमानं। दुब्भत्तं अपथ्याशनं। वणम्मि व्रणे। आसवं आस्रुतिं पूयादीनां ॥

योगशब्दका स्पष्टीकरण—

अर्थ—जिनसे पापोंकी प्रवृत्ति की जाती है ऐसे मनोयोग, वचनयोग और काययोग पुद्गलोंमें कर्मत्व पर्याय उत्पन्न करते हैं. जैसे अपथ्याहारका भक्षण करनेसे व्रणमेंसे दुर्गंध रक्त, पीव उत्पन्न होती है वैसे इन पापयोगोंसे कर्म उत्पन्न होता है.

कर्माणि शुभाशुभरूपाणि द्विविधानि, तत्र कस्य कर्मणः क्व आस्रव इत्याह—

अणुकंपासुद्धवओगो वि य पुण्णस्स आसवदुवारं ॥
तं विवरीदं आसवदारं पावस्स कम्मस्स ॥ १८३४ ॥

आसवं कुरुते योगो विशुद्धः पुण्यकर्मणाम् ॥
विपरीतः परं सद्यः सेवितः पापकर्मणाम् ॥ १९०५ ॥

विजयोदया—अणुकंपा अनुकंपा। शुद्धयोगो शुद्धस्य प्रयोगः परिणामः, पुण्णस्स आसवदुवारं पुद्गलानां पुण्यत्वपर्यायागमनमुखं सद्वेद्यं सम्यक्त्वं रतिहास्यपुंवेदाः शुभे नामगोत्रे शुभं चायुः पुण्यं एतेभ्योऽन्यानि पापानि। अनुकंपा त्रिप्रकारा ॥ धर्मानुकंपा मिश्रानुकंपा सर्वानुकंपा चेति ॥ तत्र धर्मानुकंपा नाम परित्यक्तासंयमेषु मानावमान सुखदुःखलाभालाभतृणसुवर्णादिषु समानचित्तेषु दांतेंद्रियांतःकरणेषु मातरमिव मुक्तिमाश्रितेषु परिहृतोग्रकषाय विषयेषु दिव्येषु भोगेषु दोषान्विचिन्य विरागतामुपगतेषु, संसारमहासमुद्राद्भयेन निश्वास्वप्यल्पनिद्रेषु, अंगीकृतनिस्संगत्वेषु, क्षमादिदशविधधर्मपरिणतेषु यानुकंपा सा धर्मानुकंपा, यथा प्रयुक्तो जनो विवेकी नद्योग्यवसतिवस्त्रपात्रान्नौषधादिके संयमसाधने यतिभ्यः प्रयच्छति । स्वामधिगुह्य शक्तिं उपसर्गदोषानपसार्यति आज्ञाप्यतामिति सेवां करोति अष्टमार्गाणां पंथानमुपदर्शयति। तैः प्रसंयोगमाप्य अहो सपुण्या वयमिति हृष्यति, सभासु तेषां गुणान्कीर्तयति स्वांतं गुरुमिव पश्यति तेषां गुणानभीक्ष्णं स्मरति, महात्मभिः, कदा नु मम समागम इति ॥ तैः संयोगे समीप्सति, नदीयान् गुणान् परैरिवर्ण्यमानान्निशम्य तुष्यति । इत्थमनुकंपापरः साधुगुणानुमननानुकारी भवति। त्रिधा च संतो वेद्य मुपदिशंति स्वयं कृतेः, कारणाश्च, परैः कृतस्यानुमतेश्च ततो महागुणराशिगतहर्षात् महान् पुण्यास्रवः। मिश्रानुकंपोच्यते। पृथुपापकर्ममूलेभ्यो हिंसादिभ्यो व्यावृत्ताः संतोषवैराग्यपरमनिरताः दिग्विरतिं, देशविरतिं, अनर्थदण्डविरतिं चोपगतास्तीव्रदोषाद् सोगोपभोगान्निवृत्य शेषे च भोगे कृतप्रमाणाः पापात्परिभीतचित्ताः, विशिष्टदेशे काले च निवर्जितसर्वसावद्याः पर्वस्वारंभयोगं सकलं विसृज्य उपवासं ये कुर्वंति तेषु संयतासंयतेषु क्रियमाणानुकंपा मिश्रानुकंपोच्यते ॥ जीवेषु दृष्ट्वा च कृत्वा हरनामबुध्यमानाः जिनसूत्राज्ञाह्या येऽन्य पाखंडरताश्चिनीताः कष्टानि तपांसि कुर्वंति, तेषु क्रियमाणानुकंपा तया सर्वोपि कर्मपुण्यं प्रचिनोति देशप्रवृत्तिर्गृहिणामकृत्स्नत्वात् । मिथ्यात्वदोषोपहतोन्यधर्मे हृत्येषु मिथो भवति धर्मो मिश्रानुकंपामयगच्छेज्जंतुः ॥ सदृष्टयो वापि कुदृष्टयो वा स्वभावतो मार्दवसंप्रयुक्ताः ॥ यां कुर्वते सर्वशरीरवर्गे सर्वानुकंपेत्यभिधीयते सा ॥ छिन्नान् भिन्नान् बद्धान् प्रकृतविलुप्यमानाश्च मर्त्यान्, सदैनसो निरैनसो वा परिहृत्य मृगान्विहगान् सरीसृपान् पशूंश्च मांसादिनिमित्तं प्रहन्यमानान् परलोके परस्परं वा तान् हिंसतो भक्षयतश्च दृष्ट्वा सूक्ष्मांकान् कुंथुपिपीलिका प्रभृति प्राणभृतो मनुजकरभखरशरभकरितुरगादिभिः संमृद्यमानानभिवीक्ष्य असाध्यरोगोरुदशनात् परितप्यमानान् मृतोस्मि नष्टोस्म्यभिधावतेति रोगानुभूयमानान्, स्वपुत्रकलत्रादिभिरप्राप्तकालैः (?) सहसा विमुच्य कुर्वतो रुजा विक्रोशतः, स्वांगानि घ्नतश्च, शोकेन उपार्जितद्रविणैर्वियुज्यमानान् प्रनष्टबंधून् धैर्यशिल्पविद्याव्यवसायहीनान् यान् प्रज्ञाप्रशक्त्या चराकान् निरीक्ष्य दुःखमात्मस्थमिव विचिंत्य स्वास्थ्यमुपशमनमनुकंपा। सुदुर्लभं मानुषजन्म लब्ध्वा मा क्लेशपात्राणिचृथैव भूत ॥ धर्मे शुभे भूतहिते यतध्वमित्येवमाद्यैरपि चोपदेशः। कृतकरिष्यमाणोपकारानपेक्षैरनुकंपा कृता भवति। पुण्यास्रवं सा त्रिविधानुकंपा भूतेषु पुत्रे जननी शुभेव,तेनानुकंपा प्रभवाद्विपुण्यास्रवके मृता अभ्युपपत्तिमीयुः १ शुद्धप्रयोगो निरूप्यते

स च द्विप्रकारः । यतिगृहिगोचरभेदेन यतेः शुद्धोपयोग इत्थम्भूतः । जीवान्न हन्यां न मृषा वदेयं । चौर्यं न कुर्यान्न भजेयभोगान् ॥ धनं न सेवेय न च क्षपासु भुंजीय कृच्छ्रेपि शरीरतापे ॥१॥ रोषेण मानेन च मायया च ॥ लोभेन चाहं बहुदुःखकेन युंजेय नारंभपरिग्रहेषु, दीक्षां शुभामभ्युपगम्य भूयः ॥२॥ यथा न भायाच्चलमौलिमालो ॥ भिक्षां चरन्कार्मुकबाणपाणिः, तथा न भायां यदि दीक्षितः सन् । वहेय दोषानवहाय लज्जां ॥३॥ लिंगं गृहीत्वा महतामृषीणां, अंगं च विस्रोतसिकैर्महीनं । भंगं व्रतानामविचिंत्य कष्टं ! संगं कथं कामगुणेषु कुर्याम् ॥४॥ चर्यामनार्यांचरितामधैर्यो धैर्येण हीनाः कृपणत्वमेत्य, कथं वृथामुण्डशिरस्त्रिदण्ड लिंगीभवल्लिंगविकारयुक्तः ॥ ५ ॥ इत्येवमादिः शुभकर्मचिंता सिद्धार्हदाचार्यबहुश्रुतेषु, । चैत्येषुसंघे जिनशासने च भक्तिर्विरक्तिर्गुणरागिता च ॥ विनीतता संयमो अप्रमत्तता, मृदुता, क्षमा, आर्जवं, संतोषः, संज्ञाशल्यगारवविजयः, उपसर्गपरीषहजयः, सम्यग्दर्शनं, तद्विज्ञानं, सरागसंयमं, दशविधं धर्मध्यानं जिनेंद्रपूजा, पूजोपदेशः, निःशंकित्वादिगुणाष्टकं, प्रशस्तरागसमेता तपोभावना, पंचसमितयः, तिस्रो गुप्तय इत्येवमाद्याः शुद्धप्रयोगाः । गृहिणां शुद्धोपयोग उच्यते गृहीतव्रतानां धारणपालनयोरिच्छा क्षणमपि व्रत भंगोऽनिष्टः अभीक्ष्णं यतिसंप्रयोगः, अन्नादिदानं अन्नादिविधिपुरस्सरं अमनोव्रताय भोगान् भुक्त्वापि स्थगित शक्तिविगर्हणं; सदा गृहप्रमोक्षप्रार्थना, धर्मश्रवणोपलंभात्मनसोतितुष्टिः । भक्त्या पंचगुरुस्तवनप्रणामेन तत्पूजा, परेषां च स्थिरीकरणमुपबृंहणं, वात्सल्यं, जिनेंद्रभक्तानामुपकारकरणं, जिनेंद्रशास्त्राभिगमः, जिनशासनप्रभावना इत्यादिकः । तद्विपरीतं अनुकंपाशुद्धप्रयोगाभ्यां विपरीतः परिणामः । आस्रवद्वारं आस्रवद्वारं, पापस्य कर्मणः अशुभस्य कर्मण आस्रवं । संवरानुप्रेक्षा उच्यते । संव्रियंते निरुध्यंतेऽभिनवाः कर्मपर्यायाः पुद्गलाः येन जीवपरिणामेन मिथ्यात्वादिपरिणामो वा निरुध्यते स संवरः । तत्रायं सूरिर्मिथ्यात्वादिपरिणामसंवरात् सम्यक्त्वादीनां संवरतामाचष्टे ॥

कः पुण्यस्यास्रवः कश्च पापस्यास्रव इत्यत्राह—

मूलारा—अणुकंपा कृपा । सा च त्रिधा । धर्मैमिश्रसर्वानुकंपाभेदात् । तत्र धर्मानुकंपा नाम यथा प्रयुक्तो विवेकि लोकः स्वशक्त्यनिगूहनेन संयमनिष्ठेभ्यस्तद्योग्यान्नपानवस्त्युपकरणौषधादिकं संयमसाधने प्रयच्छति । तेषामुपसर्गानपसारयति । आज्ञाप्यतामिति सेवां करोति । पथि विश्रान्तानां पंथानमुपदिशति । तत्सम्प्रयोगमवाप्य सुपुण्योऽहमिति हृष्यति । सभासु तद्गुणान्कीर्तयति । कीर्त्यमानाननुमोदते, स्मरति चाभीक्ष्णं । तैर्महात्मभिः कदा नु मे समागमो भविष्यतीति तत्सम्प्रयोगाय सोत्कंठः स्पृहयति । एवमादिमहानुगराशिगतहर्षप्रकर्षान्महान्पुण्यास्रवो भवति । यद्वत्संयतासंयतेषु जिनसूत्रबाह्यकश्रुतपक्षस्थितेषु च यथायोग्यं क्रियमाणानुकंपा मिश्रानुकंपोच्यते । सा च मिश्रपुण्यास्रवःस्यात् । सद्दृष्टिभिः कुदृष्टिभिर्वा क्रियमाणा क्लिश्यमानसर्वप्राणिषु अनुकंपा सर्वानुकंपेत्युच्यते । यथा प्रयुक्तोऽन्यदुःखं स्वात्मस्थमिव मन्यमानस्तत्स्वास्थ्याय प्रत्युपकारनिरपेक्षं प्रयतते । सदुपदेशं च ददाति । सापि पुण्यास्रवायैव स्यात् । शुद्धोपयोगो शुद्धश्च परिणामः ।

स च द्वेधा-यतिगृहिगोचरभेदात् । तत्र यतिशुद्धप्रयोगो निर्मलव्रतशीलस्वाध्यायध्यानादिलक्षणः । गृहिशुद्धप्रयोगस्तु हिंसादिविरतिरूपाणुव्रतशीलादिलक्षणः । पुण्यस्य सद्वेद्यसम्यक्त्वरतिहास्यपुंवेदशुभायुर्नामगोत्ररूपस्य कर्मणः । आस्रवद्वारं पुद्गलानां पुण्यत्वपर्यायागमनम् ॥ आस्रवानुप्रेक्षा ॥

कर्मके शुभकर्म और अशुभ कर्म ऐसे दो भेद हैं उनमें किस कर्मका कोनसा आस्रव है इसका विवेचन आचार्य करते हैं--

अर्थ—अनुकम्पा-दया, शुद्धोपयोग-आत्माके निर्मलपरिणाम ये पुण्यकर्मके आगमनद्वार हैं इन परिणामोंसे पुण्यकर्मका पर्याय पुद्गलमें उत्पन्न होता है. सातावेदनीय, सम्यक्त्वप्रकृति, रति, हास्य, पुंवेद, शुभनाम कर्म और उच्च गोत्र, शुभआयु इनको पुण्य कहते हैं. इनसे जो भिन्न कर्म है उसको पाप कहते हैं.

अनुकम्पा-दया-इसके तीन भेद हैं. धर्मानुकम्पा, मिश्रानुकम्पा और सर्वानुकम्पा, धर्मानुकंपाका स्वरूप इस प्रकार है—

जिन्होंने असंयमका त्याग किया है. मान, अपमान, सुख दुःख, लाभालाभ, तृण सुवर्ण इत्यादिकोंमें जिनकी बुद्धि रागद्वेषरहित हो गयी है, इंद्रिय और मन जिन्होंने अपने वश किये हैं, उग्रकषाय और विषयोंको जिन्होंने छोड दिया है, दिव्यभोगोंके दोष देखकर जो वैराग्ययुक्त हो गये हैं, संसारसमुद्रकी भीतिसे रातमें भी अल्पनिद्रा लेनेवाले, जिन्होंने संपूर्ण परिग्रहों को छोडकर, निःसंगता धारण की है, जो क्षमादि दश प्रकारके धर्ममें इतने तत्पर रहते हैं कि मानो स्वयं क्षमादि दशधर्म स्वरूपही बनेहो ऐसे संयमी मुनिओंके ऊपर जो दया करना उसको धर्मानुकंपा कहते हैं.

यह धर्मानुकंपा अंतःकरणमें जब उत्पन्न होती है तब विवेकी गृहस्थ यतिओंको योग्य अन्नपाणी, वसतिका, औषधादिक पदार्थ देता है. अपनी शक्तिको न छिपाकर वह मुनि के उपसर्गको दूर करता है. हे प्रभो! आप आज्ञा दीजिये ऐसी प्रार्थनाकर सेवा करता है. यदि कोई मुनि मार्गभ्रष्ट होकर दिङ्मूढ हो गये हो तो उनको मार्ग दिखाता है. मुनिओंका संयोग प्राप्त होनेसे हम धन्य है ऐसा मनमें समझ कर आनंदित होता है. सभामें उनके गुणोंका कीर्तन करता है. मनमें मुनिओंको धर्मपिता, गुरु, समझता है. उनके गुणोंका चिंतन मनमें हमेशा करता है. ऐसे महात्माओंका फिर कब संयोग होगा? ऐसा विचार करता है. उनका सहवास हमेशाही

होनेकी इच्छा करता है. दुसरों के द्वारा उनके गुणोंका वर्णन सुनकर संतुष्ट होता है. इस प्रकार धर्मानुकंपा करनेवाला जीव साधुके गुणोंको अनुमोदन देनेवाला और उनके गुणोंका अनुकरण करनेवाला होता है. आचार्य बंधके तीन प्रकार कहते हैं. अच्छे कार्य स्वयं करना, कराना, और करनेवालों को अनुमति देना इससे महान् पुण्यास्रव होता है. क्योंकि महागुणोंमें प्रेम धारण कर जो कृत कारित और अनुमोदन प्रवृत्ति होती है वह महापुण्यको उत्पन्न करती है.

मिश्रानुकंपाका वर्णन—महान् पातकोंके मूलकारणरूप हिंसादिकोंसे विरक्त होकर अर्थात् अणुव्रती बनकर संतोष और वैराग्यमें तत्पर रहकर जो दिग्विरति, देशविरति, और अनर्थ दंडत्याग इन गुणव्रतोंको धारण करते हैं, जिनके सेवनसे महादोष उत्पन्न होते है ऐसे भोगोपभोगोंका त्याग कर बाकीके भोगोपभोग के वस्तुओंका जिन्होंने प्रमाण किया है, जिनका मन पापसे भयभीत हुआ है. अर्थात् पापसे डरकर विशिष्ट देश और कालकी मर्यादा कर जिन्होंने सर्व पापोंका त्याग किया है अर्थात् जो सामायिक करते हैं, पर्वोंके दिनमें संपूर्ण आरंभका त्याग कर जो उपवास करते हैं ऐसे संयतासंयत अर्थात गृहस्थोंपर जो दया की जाती है उसको मिश्रानुकंपा कहते हैं. जो जीवोंपर दया करते हैं. परंतु दया का पूर्ण स्वरूप जो नहीं जानते हैं. जो जिनसूत्रसे बाह्य हैं, जो अन्य पाखंड गुरूकी उपासना करते हैं, नम्र और कष्टदायक कायक्लेश करते हैं इनके ऊपर कृपा करना यह भी मिश्रानुकंपा है. क्योंकि गृहस्थोंकी एकदेशरूपतासे धर्ममें प्रवृत्ति है वे संपूर्ण चारित्ररूप धर्मका पालन नहीं कर सकते हैं. अन्य जनोंका धर्म मिथ्यात्वसे युक्त है, इसवास्ते गृहस्थधर्म और अन्यधर्म दोनोंके ऊपर दया करनेसे मिश्रानुकंपा कहते हैं.

सुदृष्टि अर्थात् सम्यग्दृष्टिजन, कुदृष्टि मिथ्यादृष्टि जन ये दोनों भी स्वभावतः मार्दवसे युक्त होकर संपूर्ण प्राणिओंके ऊपर दया करते हैं इस दयाका नाम सर्वानुकंपा है.

जिनके अवयव टूट गये हैं, जिनको जखम हुई है, जो बांधे गये हैं, जो स्पष्ट रूपसे लूटे जारहे हैं ऐसे मनुष्योंको देखकर, अपराधी अथवा निरपराधी मनुष्योंको देखकर मानो अपनेको ही दुःख हो रहा है ऐसा मानकर उनके ऊपर दया करना यह सर्वानुकंपा है.

हरिण, पक्षी, पेटसे दौडनेवाले प्राणी, पशु इनको मांसादिकके लिये लोक मारते हैं ऐसा देखकर अथवा

आपसमें उपर्युक्त प्राणी लडते हैं और भक्षण करते हैं ऐसा देखकर जो दया उत्पन्न होती हैं उसको सर्वानुकंपा कहते हैं. सूक्ष्म कुंथु, चींटी, वगैरह प्राणी, मनुष्य, ऊंट, गधा, शरभ, हाथी घोडा इत्यादिकोंके द्वारा मर्दित किये जा रहे हैं ऐसा देखकर दया करना चाहिये. असाध्य रोगरूपी सर्पसे काटे जानेसे जो दुःखी हुए हैं, मैं मर रहा हूं, मेरा नाश हुआ, हे जनहो दौडो ऐसा जो दुःखसे शब्द करते हैं उनके ऊपर दया करनी चाहिये. पुत्र कलत्र- पत्नी वगैहरसे जिनका वियोग हुआ है. जो रोग पीडासे शोक कर रहे हैं. अपना मस्तक वगैरह अवयव जो वेदनासे पीटते हैं. कमाया हुआ धन नष्ट होनेसे जिनको शोक हुआ है. जिनके बांधव छोडकर चले गये हैं, जो धैर्य, शिल्प, विद्या, व्यवसाय इत्यादिकोंसे रहित हैं उनको देखकर अपनेको इनका दुःख हो रहा है ऐसा मानकर उन प्राणिओंको स्वस्थ करना उनकी पीडाका उपशम करना यह सर्वानुकंपा है.

यह मनुज जन्म अतिशय दुर्लभ है, सज्जनो ! इसकी प्राप्ति आपको हुई है इस वास्ते अकृत्य करके आप दुःखके पात्र मत बनो. कल्याण कारक शुभ ऐसे सत्य धर्ममें दृढ रहनेका आप प्रयत्न करो. इस प्रकारका उपदेश देना चाहिये. जो प्राणिओंपर दया करते हैं उनको इसने मेरे ऊपर उपकार किया है. यह मेरे ऊपर उपकार करेगा ऐसी आशा करना योग्य नहीं है. इस प्रकार प्राणिओंपर तीन प्रकारकी दया की जाती है. इस दयासे जो पुण्य संचित होता है उससे स्वर्गमें जन्म होता है. अब शुद्ध प्रयोगका निरूपण करते हैं— यतिका शुद्धप्रयोग और गृहस्थोंका शुद्ध प्रयोग ऐसे इसके दोन भेद है.

यतिके शुद्धप्रयोगका वर्णन इस प्रकार है—

' मैं जीवोंको नहीं मारूंगा, असत्य भाषण नहीं बोलूंगा, और चौर्य नहीं करूंगा, भोगोंका उपभोग मैं नहीं करूंगा, धनका सेवन नहीं करूंगा और शरीरको अतिशय कष्ट होनेपर भी रातमें भोजन नहीं करूंगा, क्रोध, मान, माया और लोभसे बहु दुःख देनेवाले आरंभ परिग्रहोंका सेवन नहीं करूंगा, मुनिदीक्षा धारण कर ऐसा कर्म करना मेरे लिये अत्यंत अयोग्य है.

जैसे जिसने अपने किरीटपर माला धारण की है, हाथमें धनुष्य और बाण धारण किये हैं ऐसा राजाके सदृश मनुष्य यदि भीख मांगेगा तो उसके लिये यह भीख मांगना बिलकुल योग्य नहीं है. वैसे मैं भी दीक्षा लज्जाको छोडकर आरंभ परिग्रहादिक कार्य करूंगा तो क्या वह मेरेलिए योग्य होगा ? कदापि नहीं. मैंने पूज्य

महर्षियोंका लिंग धारण किया है, मैंने यदि व्रतोंके नाशकी पर्वा नहीं की तो यह योग्य नहीं होगा. यदि मैंने आवश्यकादि षट् कर्म भी नहीं किये तो यह मेरे लिए योग्य नहीं होगा. दीक्षा धारण कर काम विकार में मैं अपनी आसक्ति कैसी करूं ? धैर्य छोडकर चाहे जैसी प्रवृत्ति करना यह अनार्यपना का सूचक है. धैर्य छोडकर हीन होकर प्रवृत्ति करना योग्य नहीं हैं. यदि मेरे देहमें विकार रहेगा ही तो व्यर्थ मस्तक मूंडकर यति का आचरण करना व्यर्थ है. इस प्रकार विचार कर आरंभ परिग्रहादिकोंमें वैराग्य बढाना चाहिए.

सिद्ध, अर्हत, आचार्य, उपाध्याय, जिनप्रतिमा, संघ, जिनधर्म इनके ऊपर भक्ति करना, विषयसे विरक्त होना, इनके गुणोंपर प्रेम रखना, नम्रता, संयम, अप्रमाद स्वकृत्योंमें सावधान रहना, मार्दव, क्षमा, आर्जव, संतोष ये गुण धारण करने चाहिये. आहारादिक चार संज्ञाओंको जीतना चाहिये, शल्य और गारवोंका त्याग करना उपसर्ग और परीषहोंको जीतना, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सरागसंयम, दस प्रकारका धर्मध्यान ये गुण धारण कर जिनेन्द्रकी पूजाका उपदेश करना, निःशंकितादिक आठगुण, प्रशस्तरागसे तपोभावना अर्थात् मैं तपद्वारा कर्मोंका क्षय करूंगा ऐसी उत्कृष्ट अभिलाषा, पांच समिति, तीन गुप्ति इत्यादिक मुनिवर्योंका शुद्ध प्रयोगका वर्णन है.

गृहस्थोंके शुद्ध प्रयोगका वर्णन—

जो व्रत धारण किया है उसको धारण करना और पालन करनेकी इच्छा रहना, एक क्षणतक भी व्रतका नाश होना अनिष्ट है, अकल्याण कारक है ऐसा समझना, हमेशा यतियोंके सहवास की इच्छा रखना, श्रद्धादि-विधीके अनुसार आहारादिकदान देना, श्रमपरिहार करनेकी इच्छासे भोगोंको भोगकरभी इनका मैं त्याग करनेमें असमर्थ हूं ऐसी अपनी निंदा करना, सदा घरका त्याग करनेकी इच्छा रखना, धर्मश्रवण करने पर मनमें अत्यानंदित होना, भक्तीसे पंच गुरुओंकी स्तुति करना, प्रणाम करना, पूजा करना, अन्य लोगों को भी जैनधर्म में स्थिर करना, उपगूहन करना, साधर्मिकोंपर प्रेम रखना, जिनेंद्रके भक्तोंपर उपकार करना जिनशास्त्रका सत्कार पूजा करना, जिनधर्म की प्रभावना करना इत्यादिक गृहस्थोंके शुद्ध प्रयोग है.

अनुकंपा और शुद्ध प्रयोगके विपरीत परिणाम होने से अशुभ कर्मके आस्रव आते हैं.

अब संवरानुप्रेक्षाका आचार्य वर्णन करते हैं—

पुद्गलों में होनेवाले कर्मपर्याय जिस जीवपरिणामसे रुक जाते हैं उस परिणामको संवर कहते हैं,

अथवा जिस जीवके परिणामसे मिथ्यात्वादिपरिणाम रुकजाते हैं उस सम्यक्त्वादि परिणामको आचार्य संवर कहते हैं. मिथ्यात्वादि परिणामोंको रोकनेसे सम्यक्त्वादि परिणामोंको संवर कहते हैं.

मिच्छत्तासवदारं रुंभइ सम्मत्तदिढकवाडेण ॥
हिंसादिदुवाराणिवि दढवदफलहेहिं रुंभंति ॥ १८३५

कुदर्शनाव्रतकषाययोगैर्जीवो भवे मज्जति कर्मपूर्णः ॥
दुरापपारे विवरैरनेकैः पोतः पयोधाविव वारिपूर्णः ॥ १९०६ ॥

इत्यास्रवानुप्रेक्षा ।

मिथ्यात्वमास्रवद्वारं पिधत्ते तत्त्वरोचनम् ॥
संयमासंयमं सद्यो गृहीत्वारमिवारेः ॥ १९०७ ॥

विजयोदया—मिच्छत्तासवदारं तत्त्वाश्रद्धानमास्रवद्वारं । रुंभंति रुंधते, सम्मत्तदिढकवाडेण तत्त्वश्रद्धान कवाटेन । हिंसादिदुवाराणि वि हिंसादिद्वाराण्यपि, दृढवदफलहेहिं रुंभंति दृढव्रतपरिघैः स्थगयंति ॥

धर्मं व्यापयितुं गाथादशकेन संवरमनुप्रेक्षते——तत्र संक्रियन्ते निरुध्यंते प्रत्यया: कर्मपर्यायाः पुद्गलानां येन जीवपरिणामेन मिथ्यात्वादिर्वा येन निरुध्यते स संवर इति मिथ्यात्वादिपरिणामसंचरणात्प्राधान्येन सम्यक्त्वादीनां संवरस्यां निरूपयन्विधेयतां भावयति——

मूलारा—रुंभंति रुन्धन्ति के मुमुक्षवः । फलिहेहिं अर्गलाभिः ॥

इसीका आचार्य वर्णन करते हैं—

अर्थ—तत्त्वार्थ श्रद्धानको सम्यग्दर्शन कहते हैं. सम्यग्दर्शनरूप मजबुत किवाडकेद्वारा पुरुष मिथ्यात्वरूपी दरवाजा जोकि पापकर्म आनेका कारण है बंदकर देते हैं.दृढ अहिंसादि व्रतरूपी अर्गलाओंसे पुरुष हिंसादि दरवाजों को बंद कर देते हैं.

उवसमदयादमाउहकरेण रक्खा कसायचोरेहिं ॥
सक्का काउं आउहकरेण रक्खाव चोराणं ॥ १८३६ ॥

कषायतस्करा रौद्रा दयादमशमायुधैः ॥
शक्यंते रक्षितुं दिव्यैरायुधैरिव नस्कराः ॥ १९०८ ॥

विजयोदया—उपशमदयादमाउद्यकरेण उपशमः कषायवेदनीयस्य कर्मणस्तिरोभवनं, दया सर्वप्राणिविषया, दमः कषायदोषभावनया चित्तनिग्रहः । एते त्रय आयुधाः करे यस्य तेन । कसायचोरेहिं कषायचोरेभ्यः । रक्खा रक्षा कातुं रक्षा शक्या कर्तुं, आयुधकरेण रक्खाव चोरेहिं आयुधहस्तेन चोरेभ्यो रक्षेव, कषायदोषपरिज्ञानेनासकृत् प्रवृत्तेन क्रोधादिनिमित्तवस्तुपरिहारेण तत्प्रतिपक्षक्षमादिपरिणामेन च कषायनिवारणं ॥ उक्तं च ॥ जेयत्सवा क्रोधमुपाश्रितः क्षमां, जयेच्च माने समुपेत्य मार्दवं । तथैव मायामपि आर्जवाज्जयेत्, जयेच्च संतोषवशेन लुब्धतां । जिताः कषाया यदि किंच तैर्जितं कषायमूलं सकलं हि बंधनमिति ॥

मूलारा—उवसम-कषायवेदनीयकर्मण उदयनिमित्तवर्जनेन क्षमादिभावनया वा तिरोभावादात्मनः प्रसत्तिः ॥ दमकषायदोषभावनया चित्तनिग्रहः ॥

अर्थ—कषाय वेदनीय कर्मका उदय न होना उसको उपशम कहते हैं. सर्व प्राणिओंके ऊपर उनका दुःख देखकर अपना अंतःकरण आर्द्र होना दयाका लक्षण है.कषायोंके दोषोंका विचारकर चित्तको स्वाधीन रखना निग्रह कहते हैं. उपशम, दया और निग्रह ये तीनशस्त्र जिसने अपने हाथमें लिये है वह पुरुष कषायरूपी चोरोंसे सशस्त्र मनुष्य जैसा चोरोंसे अपना रक्षण करता है रक्षण करता है- संवरकी इच्छा रखनेवालोंने वारंवार कषायोंके दोषोंका परिज्ञान कर लेना चाहिये. जिन वस्तुओंका आश्रय करनेसे क्रोधादि कषाय उत्पन्न होंगे उनका त्याग करना चाहिये. और क्रोधादिकोंके प्रतिपक्षीरूप क्षमा, विनय, सरलपना, निर्लोभता वगैरह परिणाम आत्मामें उत्पन्न करने चाहिये. इससे कषायोंका अवश्य निवारण होगा. इस विषयमें ऐसा कहा है—क्षमाका आश्रय लेकर क्रोधको जीतना चाहिये. मार्दवके आश्रयसे मानकषायका पराभव करना चाहिये. आर्जव गुणसे मायाको और संतोष धारण कर लुब्धताका परिहार करना चाहिये. यदि जिसने कषाय जीते हैं उसने सर्व जीत लिया ऐसा समझना चाहिये. क्योंकि संपूर्ण कर्मबंधनकेलिये कषायही कारण हैं.

मिथ्यात्वसंवरं कषायसंवरं निरूप्य इंद्रियसंवरं व्याचष्टे—

इंदियदुद्दंतस्सा णिग्घिप्पंति दमणाणखलिणेहिं ॥
उप्पहगामी णिग्घिप्पंति हु खलिणेहिं जह तुरया ॥ १८३७ ॥

इन्द्रियाश्वा नियम्यंते वैराग्यखलिनैर्दृढैः ॥
उत्पथप्रस्थिता दुष्टास्तुरगाः खलिनैरिव ॥ १९०९ ॥

विजयोदया—इंदियदुद्दंतस्सा इंद्रियदुर्दांताश्वाः णिग्घिप्पंति निगृह्यंते निरुध्यंते, केन दमणाणखलिणेहिं दमप्रधानानि दमज्ञानानि, तान्येव खलिनानि तैः । शब्दादिषु वर्तमानानि इंद्रियज्ञानानि रागद्वेषमूलानि तानीहेंद्रियशब्देनोच्यंते तेषां चास्रवाणां निरोधस्तत्त्वज्ञानभावनया भवति । द्वयो रूपयोर्युगपदेकस्मिन्नात्मन्यप्रवृत्तेः । उत्पथगामी उन्मार्गयायिनः । जह तुरगा णिग्घिप्पंति यथाश्वा निगृह्यंते । खलिणेहिं खरैः खलिनैः ॥

एवं मिथ्यात्वासंयमकषायसंवरान्निरूप्य करणसंवरं व्याकरोति—

मूलारा—इंदिय इष्टानिष्टरूपादिषु प्रवर्तमानानि चक्षुरादिज्ञानानि । णिग्घिप्पंति निगृह्यंते । दमणाणखलिणेहिं दम प्रधानानि ज्ञानानि तत्त्वावबोधाः सन्ति खलीनानि इव दुष्टवाजिनामिव रागद्वेषेन्द्रियज्ञानानां निरोधनिमित्तत्वात् । इंद्रियज्ञानं हि इष्टानिष्टे वा स्वविषये रागं द्वेषं वा जनयत्तदुपेक्षावता ज्ञानेन प्रतिबध्यते । द्वयोरुपयोगयोर्युगपदेकस्मिन्नात्मन्यप्रवृत्तेः ॥

मिथ्यात्वसंवर और कषाय संवरका निरूपण किया. अब इंद्रिय संवरका वर्णन करते हैं—

अर्थ—इंद्रियरूपी दुष्ट घोडोंको दमगुणकी मुख्यतासे युक्त ऐसे ज्ञानरूपी लगामोंसे जो पुरुष वश करते हैं. शब्द, स्पर्श, रस वगैरह विषयोंमें प्रवृत्ति करनेवाले इंद्रियज्ञानोंको रागद्वेषही कारण हैं,अर्थात् रागद्वेषसे इन्द्रियज्ञानकी प्रवृत्ति स्पर्शादि विषयोंमें होती हैं.इस गाथामें इंद्रियज्ञानको ही 'इंद्रिय' कहा है. इंद्रियज्ञानसे उत्पन्न हुए आस्रवोंका विरोध तत्त्वज्ञानकी भावनासे होता है. स्पर्शादिविषयोंमें प्रवृत्ति और तत्त्वज्ञान ये दोन उपयोग एकसमय आत्मामें नहीं होते हैं. एक समयमें दोन उपयोग उत्पन्न नहीं होते हैं ऐसा आगममें कहा है. उन्मार्गपर जानेवाले दुष्ट घोडों का जैसे लगाम के द्वारा निग्रह करते हैं वैसे तत्त्वज्ञानकी भावनासे इंद्रियरूपी अश्वोंका निग्रह हो सकता है.

अणिहुदमणसा इंदियसप्पाणि णिगेण्हिदुं ण तीरंति ॥
विज्जामंतोसधहीणेणव आसीविसा सप्पा ॥ १८३८ ॥

नाशसर्पा निगृह्यन्ते भीषणाश्चलमानसैः ॥
दंदशूका इव ग्राह्या विद्यासंवादवर्जितैः ॥ ॥ १९१० ॥

क्षमा, मार्दव, आर्जव, और संतोष ये कषाय नामक प्रमाद के शत्रु हैं. ज्ञानका हमेशा अभ्यास करना, रागद्वेष उत्पन्न करनेवाले इंद्रियोंके विषयोंसे अलग होकर एकान्त प्रदेशमें रहना, ज्ञानसे मनको स्वस्वरूपमें एकाग्र करना, इंद्रिय विषयोंसे उत्पन्न होनेवाले रागद्वेषोंका स्मरण न करना, विषयराशि होनेपर उनमें आदर न करना, ये सब कारण इंद्रियप्रमादके शत्रु हैं. इन विषयोंका वर्णन इस प्रकार हैं. १ रागभावसे युक्त होकर प्रमादरहितमुनि सुंदर स्त्रीके अंग नहीं देखते है, अथवा यदृच्छासे देखकर उनपर अनुरक्त नहीं होते हैं. द्वेषके वश होकर वे अशुभरूप देखना चाहते नहीं हैं ऐसा नहीं. अर्थात् अशुभरूप देखनेपर उनके मनमें द्वेषभावना और सुंदररूप देखनेपर राग भावना उत्पन्न नहीं होती है. यदृच्छासे अशुभरूप देखकर भी वे द्वेष नहीं करते हैं. ऐसे मुनिओंने नेत्रेंद्रियोंको जीत लिया है ऐसा समझना. उत्तम गायन और वाद्यके मनोहर स्वर और उत्तम युवतिओंके–स्त्रियोंके कंठमेंसे निकले हुये मधुर भाषण जो आदरसे सुननेकी इच्छा नहीं रखते हैं और यदृच्छासे सुन पडनेपर उनमें आसक्त नहीं होते हैं तथा अनेक अमनोहर–कर्कश शब्द सुननेपरभी जिनको क्रोध आता नहीं है वे मुनि कर्णको जीतनेवाले समझने चाहिये. २ कालागुरु, कुष्ठ, केशर, तमालपत्र, कमल, चंपक वगैरहके मनोहर सुवासको जो आदरसे चाहते नही हैं. यदृच्छासे ऐसे पदार्थोंका सुवास प्राप्त होनेपर जो उसमें आसक्त होते नहीं.

तथा अशुभ गंधका संबन्ध होनेपर जो उससे द्वेष नहीं रखते हैं अथवा शुभगंधका सेवन करनेपर भी जो उसमें आसक्त नहीं होते हैं, वे मुनिराज घ्राणेंद्रियको जीतनेवाले समझने चाहिये. जो अतिशय सुंदर और विशिष्ट मधुर भोजनोंके रसमें लोलुप नहीं होते हैं अथवा यदृच्छासे सेवन करके उसमें आसक्त नहीं होते हैं. अमनोहर रसोंकी सेवा करनेसे मनमें द्वेष भी उनको नहीं उत्पन्न होता हैं. यदृच्छासे अमनोहर रस सेवन करनेका प्रसंग आपडनेपर जिनको द्वेष उत्पन्न नहीं होता है वे रसनेन्द्रियजेता माने जाते हैं.

सुन्दर शय्या, सुंदर स्त्रिया, और शुभ स्पर्श ये मन हरण करते हैं. परंतु मुनि रागवश होकर उनका सेवन करनेकी इच्छा नहीं रखते हैं. यदृच्छासे सुन्दरस्पर्शोंका सेवन करनेसे अनुरक्त नहीं होते हैं. मुनि मर्दन करना, वस्त्रसे अंगको ढकना, अंगको स्पर्श करना, विलेपन लगाना, आंखोंमें अंजन लगाना, ये कार्य नहीं करते हैं. इन कृत्योंसे शरीरको सुख होता है. परंतु वैराग्य युक्त मुनीश्वर इनसे विरक्त रहते हैं. शीतस्पर्श, उष्णस्पर्शसे युक्त ऐसी भूमि, पर्वत, शीला और तृण इत्यादिकोंके अमनोहर स्पर्शके विषयमें वे द्वेष नहीं करते हैं. जो मुनि अच्छे

स्पर्शयुक्त पदार्थ की इच्छा नहीं करते हैं और अशुभ स्पर्शके पदार्थ प्राप्त होनेपर द्वेष भी नहीं करते हैं वे स्पर्शनेंद्रियजयी माने जाते हैं. जैसे निर्भय वीर पुरुष युद्धमें शत्रुको जीतता है वैसे ये महामुनि निर्भय और वैराग्ययुक्त इंद्रियों को जीतते हैं.

निद्राके प्रतिपक्षभूत अप्रमाद ये हैं—अनशन, अवमोदर्य, रसोंका त्याग करना, संसारसे भययुक्त रहना निद्राके दोषोंका विचार करना, रत्नत्रयमें प्रीति रखना, अपने दुष्कृत्योंका स्मरण कर शोक करना.

स्नेह के प्रतिपक्षी—बंधुगण अस्थिर हैं, उनके लिये अनेक आरंभ परिग्रह करनेकी चिंता होती है जिससे नरकादि कुगतिकी प्राप्ति होती है. धर्ममें बंधुगण विघ्न उपस्थित करते हैं. इत्यादिक दोषोंका विचार करनेसे स्नेह प्रमादका नाश होता है.

इस प्रकार अप्रमादरूपी ढाल हाथमें लेकर यति प्रमादरूपी शत्रुसे लढते हैं. जैसे नौकाका छिद्र बंद करनेसे जल नहीं आता है वैसे अप्रमाद प्रवृत्तिसे प्रमाद जनित आगमन बंद होता है.

गुत्तिपरिखाइगुत्तं संजमणयरं ण कम्मरिउसेणा ॥
बंधेइ सत्तुसेणा पुरं व परिखादिहिं सुगुत्तं ॥ १८४० ॥
कर्मभिः शक्यते भेत्तुं न चारित्रं कदाचन ॥
सम्यग्गुप्तिपरिक्षिप्तं विपक्षैरिव पत्तनम् ॥ १९१२

विजयोदया—गुत्तिपरिखाइगुत्तं गुप्तिपरिखाभिर्गुप्तं, संयमनगरं कर्मरिपुसेना न भंक्तुं शक्नोति । परिखादिभिर्गुप्तं शत्रुसेनेवेति । गुप्तेः संवरताख्याता ॥

गुप्तीनां संवरताख्याति—

मूलारा—धंसेदि भनक्ति ।

अर्थ—परिखा-खाई, तट वगैरहोंसे रक्षित नगरका शत्रुसेना नाश नहीं कर सकती वैसे गुप्तिरूपी खाईसे रक्षित किया गया यह संयमरूपनगर कर्मरूप शत्रु के द्वारा ध्वस्त नहीं किया जाता है.

समिदिदिढणावमारुहिय अप्पमत्तो भवोदधिं तरदि ॥
छज्जीवणिकायवधादिपावमगरेहिं अच्छित्तो ॥ १८४१ ॥

गुप्तबंधनमारुह्य संयतः समितिप्लवं ॥
हिंसादिमकराग्रस्तो जन्मांभोधिं विलंघते ॥ १९१३ ॥

विजयोदया—समिदिदिढनावमारुहिय समितिसंज्ञितां दृढनावमारुह्य । अप्पमत्तो अप्रमत्तो भवोदधिं तरति । षड्जीवनिकायवधादिपापमकरैरस्पृष्टः ॥ एतेन समितेः संवरताख्याता ॥

समितीनां संवरत्वमाह—

मूलारा— अच्छित्तो अस्पृष्टः ॥

अर्थ—जो समितिरूपी दृढ नावमें आरोहण करता है वह अप्रमत्तमुनि षट्कायजीवोंका वध, असत्य भाषण इत्यादि पापरूप मगरोंसे पीडित नहीं होता है. और वह सुखसे संसारसमुद्रसे उत्तीर्ण होता है. समितीसे संवर होता है यह इस सूत्रसे सिद्ध हुआ.

दारेव दारवालो हिदये सुप्पणिहिदा सदी जस्स ॥
दोसा धंसंति ण तं पुरं सुगुत्तं जहा सत्तू ॥ १८४२ ॥

द्वारपाल इव द्वारे यस्यास्ति हृदये स्मृतिः ॥
दूषयंति न तं दोषा गुप्तं पुरमिवारयः ॥ १९१४ ॥

विजयोदया—दारेव दारवालो द्वारे द्वारपाल इव । हृदये सम्यक्प्रणिहिता वस्तुतत्त्वानां स्मृतिर्यस्य तं दोषा नाभिभवंति पुरं सुगुप्तं शत्रव इव ॥

वस्तुतत्त्वस्मृतेः संवरतां वक्ति—

मूलारा—सदी वस्तुतत्त्वचिंतनम् ॥ धंसंति ण नाभिभवन्ति ।

अर्थ—जैसे सुरक्षित नगरका शत्रु विनाश नहीं कर सकते हैं वैसे जिसके हृदयमें दरवाजेपर द्वारपालके समान वस्तुतत्त्वोंकी एकाग्रस्मृति स्थिर रहती है. दोष उसका पराभव नहीं करसकते हैं.

जो खु सदिविप्पहूणो सो दोसरिऊण गेज्झओ होइ ॥
अंधलगोव चरंतो अरीणमविदिज्जओ चेव ॥ १८४३ ॥

न यस्यास्ति स्मृतिश्चित्ते स दोषैर्ग्रस्यते स्फुटम् ॥
असहायोऽन्धवल्लैः क्षिप्रं विचक्षुरिव वैरिभिः ॥ १९१५ ॥

विजयोदया—जो खु सदिविप्पहूणो यः स्मृतिहीनः । सो दोसरिऊण गेज्झओ होइ असौ दोषरिपुभिर्ग्राह्यो भवति । अरीणां मध्ये असहायोऽन्धः शत्रुग्राह्यो यथा ॥

स्मृतिहीनस्यापायमाह—

मूलारा—गेज्झओ ग्राह्यः । अविदिज्जओ असहायः ।

अर्थ—जिसकी स्मृति वस्तुततत्वोंमें एकाग्र स्थिर नहीं है ऐसा यति दोषोंके आधीन होता हैं. अंध मनुष्य जैसे शत्रुग्राह्य होता है वैसे तत्वज्ञानकी स्मृति जिसको नहीं है वह यति दोषोंसे पराभूत होता है.

अमुयंतो सम्मत्तं परीसहसमोगरे उदीरंतो ॥
णेव सदी मोत्तव्वा एत्थ दु आराधणा भणिया ॥ १८४४ ॥

ज्ञानदर्शनचरित्रसंपदं पूर्णतां नयति स व्रती स्फुटम् ॥
यो विमुंचति परीषहारिभिर्बाधितोऽपि न कदाचन स्मृतिम् ॥ १९१६ ॥

इति संवरानुप्रेक्षा.

विजयोदया—अमुयंतो अमुंचता । सम्मत्तं रत्नत्रयं परीसहसमोगरे, परीषहप्रकरे अभिभवत्यपि नैव स्मृतिर्मोक्तव्या अत्राराधना कथिता ॥ संवरः ॥

तीव्रदुःखकारणपरीषहव्यूहाभिभवेऽपि रत्नत्रयमत्यजता तत्त्वस्मृतिरनुसर्तव्येत्यनुशास्ति—

मूलारा—समत्तं समस्तं रत्नत्रयं समस्तं वा सार्व्वं ॥ एत्थ विनिपातोपनिपातेऽपि रत्नत्रये चेष्टते तेन स्मृत्यवलंबने सति । संवरानुप्रेक्षा ॥

अर्थ—परीषहके समूहके द्वारा पीडा होनेपर भी रत्नत्रयको धारण करनेवाले यतिओंने स्मृतिका त्याग नहीं करना चाहिए अर्थात् तपके साथ रत्नत्रयकी आराधना करनी चाहिये. संवरानुप्रेक्षा समाप्त.

निर्जरानुप्रेक्षोच्यते—

इय सव्वासवसंवरसंवुडकम्मासवो भवित्तु मुणी ॥
कुव्वंति तवं विविहं सुत्तुत्तं णिज्जराहेदुं ॥ १८४५ ॥
यो मुनिर्यदि शुद्धात्मा सर्वथा कर्मसंवरम् ॥
करोति निर्जराकांक्षी सिद्धये विविधं तपः ॥ १९१७ ॥

विजयोदया—इय एवं । सव्वासवसंवर उक्तैः संवरप्रकारैः । संवुडकम्मासवो भवित्तु मुणी संवृतकर्मास्रवो भूत्वा मुनिः करोति विविधं तपः सूत्रोक्तं निर्जराहेतु ॥

धर्म्यं ध्यापयितुं द्वादशगाथाभिर्निर्जरामनुचिंतयिष्यन्नादौ संवृतानां सूत्रोक्तविचित्रतपसा निर्जरां भावयति—

मूलारा—संवुड निरुद्धः । भवित्तु भूत्वा ॥

निर्जरानुप्रेक्षा का वर्णन—

अर्थ—इस प्रकारसे संवरके प्रकारोंसे जिसने कर्मोंके आस्रव का निरोध किया है ऐसा मुनि निर्जराका कारण ऐसा सूत्रोक्त तप करता है.

तवसा विणा ण मोक्खो संवरमित्तेण होइ कम्मस्स ॥
उवभोगादीहिं विणा धणं ण हु खीयदि सुगुत्तं ॥ १८४६ ॥
न कर्मनिर्जरा जन्तोर्जायते तपसा विना ।
संचितं क्षीयते धान्यमुपयोगं विना कुतः ॥ १९१८ ॥

विजयोदया—तवसा विणा तपसोत्तरेण न कर्ममोक्षो भवति संवरमात्रेण । सुरक्षितमपि धनं नैव क्षीयते । उपभोगमंतरेण । तथा तस्मात् तपोनुष्ठातव्यं निर्जरार्थं । का सा निर्जरा नाम पूर्वकृतकर्मशातनं तु निर्जरा ॥

संवरणैव कर्मक्षय इति मत्वा तपस्यनुत्सहमानमुत्साहयति—

मूलारा—व्रतभोगादीहि स्वयमुपभोगपात्रविनियोगादिभिः ॥

अर्थ–तप से ही केवल कर्मके संवरसे मोक्ष नहीं होता है. जिस धनका संरक्षण किया है वह धन उपभोग नहीं लिया तो समाप्त नहीं होगा इसलिए कर्मकी निर्जरा होनेके लिए तपश्चरण करना चाहिये.

पुव्वकदकम्मसडणं तु णिज्जरा सा पुणो हवे दुविहा ॥
पढमा विवागजादा बिदिया अविवागजाया य ॥ १८४७ ॥
पूर्वस्य कर्मणः पुंसो निर्जरा द्विविधा मता ॥
आद्या विपाकजातात्र द्वितीया त्वविपाकजा ॥ १९१९ ॥

विजयोदया—पुव्वगदकम्मसडणं पूर्वगतकर्मपुद्गलस्कंधावयवानां जीवप्रदेशेभ्योऽपगमनं निर्जरा । तथा चोक्तं । एकदेशकर्मसंक्षयलक्षणा निर्जरेति । निर्जरा द्विविधा द्रव्यनिर्जरा भावनिर्जरा चेति । द्रव्यनिर्जरा नाम गृहीतानामशनपानादिद्रव्याणां एकदेशापगमनं वमनादि । भावनिर्जरा नाम कर्मत्वपर्यायविगमः पुद्गलानां । सा पुनर्द्विविधा, आद्या विपाकजाता द्वितीयाऽविपाकजाता ॥

निर्जरां द्विविकल्पां निर्दिशति—

मूलारा—पुव्वकयकम्मसडणं प्राक्संचितकर्मपुद्गलस्कंधावयवानां जीवप्रदेशेभ्योऽपगमनम् । विवागजादा स्वकालेन दत्तफलानां कर्मणां गलनं विपाकजा निर्जरा । अविवागजादा उपक्रमेण दत्तफलानां कर्मणां गलनमविपाकजा । उक्तं च

जह कालेण तवेण य भुत्तरसं कम्मपुग्गलं जेण ॥
भावेण सडदि णेया तस्सडणं चेदि णिज्जरा दुविहा ॥

अर्थ–पूर्व कर्मके स्कंधोंमेंसे थोडा थोडा कर्मका हिस्सा जीवके प्रदेशोंसे निकल जाना यह निर्जराका स्वरूप है. आगममें इस निर्जराका लक्षण ऐसा किया है– 'एकदेशकर्मसंक्षयलक्षणा निर्जरा' अर्थात् कर्मके एक देशका क्षय होना यह निर्जराका लक्षण है. निर्जराके द्रव्यनिर्जरा और भावनिर्जरा. ऐसे दो भेद हैं. भक्षण किए हुए अन्नपानादि पदार्थोंका एक देशका क्षय होना यह द्रव्यनिर्जरा है. और वमन होना अथवा पूर्ण पचन होना यह

भावनिर्जरा है. पुद्गलका कर्मपर्याय नष्ट होना निर्जराका लक्षण है. इसके भी दो भेद हैं. विपाकजाता निर्जरा और अविपाकजाता निर्जरा.

अत्र दृष्टांतमाचष्टे द्विविधां निर्जरामवगमयितुं—

कालेण उवायेण य पच्चंति जहा वणप्फदिफलाइं ॥
तह कालेण तवेण य पच्चंति कदाणि कम्माणि ॥ १८४८ ॥
नानाविधानि कर्माणि गृहीतानि पुराभवे ॥
फलानीव विपच्यंते कालेनोपक्रमेण च ॥ १९२० ॥

विजयोदया—कालेण उवायेण य यथा कालेनोपायेन च वनस्पतीनां फलानि पच्यंते तथा कालेन तपसा पच्यंते कृतानि कर्माणि ॥

कर्मणां कालोपायानां पाक्यत्वं दृष्टान्तेन स्फुटयति—

मूलारा—उवाएण ऊष्मधूमादिप्रयोगेण ।

दृष्टांतके द्वारा इनका स्पष्टीकरण—

अर्थ—जैसे वृक्षोंके फल योग्य कालकी अपेक्षाकर अर्थात् योग्य काल प्राप्त होनेपर पक्व होते हैं अथवा उपायसे पक्वावस्था को प्राप्त होते हैं वैसे पूर्व कर्मभी योग्यकाल प्राप्त होनेसे तथा तपसे पक्व होते हैं.

तयोर्निर्जरयोः का कस्य भवतीत्याशंकायामाचष्टे—

सव्वेसिं उदयसमागदस्स कम्मस्स णिज्जरा होइ ॥
कम्मस्स तवेण पुणो सव्वस्स वि णिज्जरा होइ ॥१८४९॥
कालेन निर्जरा नूनमुदीर्णस्यैव कर्मणः ॥
तपसा क्रियमाणेन कर्म निर्जीर्यतेऽखिलम् ॥ १९२१ ॥

विजयोदया—सव्वेसिमुदयसमागदस्स सर्वेषां समयपूर्वके तपसि वृत्तानां अवृत्तानां अथवा मिथ्यादृष्टयादीनां सम्यग्दृष्ट्यादीनां वा उदयावलिकाप्रविष्टस्य दत्तस्य फलस्य कर्मणो निर्जरा भवति । एतेन विपाकनिर्जरा

स्वल्पेत्याख्यातं भवति । कथं न सर्वाणि कर्माणि भिन्नस्थितिकानि सहकारिकारणानां द्रव्यक्षेत्रादीनां युगपदसान्निध्यादुदयं सर्वस्य नोपव्रजंति, ततो यदुदयप्राप्तं सदेवागच्छति नेतरदिति । तवेण पुणो तपसा पुनः । कम्मस्स सव्वस्स वि कर्मणः सर्वस्यापि निर्जरा भवति ॥

सर्वसाधारण्या विपाकजनिर्जराया इतरनिर्जरायाः सुतरां विधेयतां दर्शयितुं विशिष्टतां भावयति—

मूलारा— उदयसमयागतस्य अनुभवसमयावलिकाप्रविष्टस्य दत्तस्वफलस्येत्यर्थः । णिज्जरा अपगमः । एतेन विपाकनिर्जरा स्वल्पेत्युक्तं भवति । सव्वस्स उदितस्यानुदितस्य ॥ उक्तं च—

कालेन निर्जरा नूनमुदीर्णस्यैव कर्मणः ॥
तपसा क्रियमाणेन कर्म निर्जीर्यतेऽखिलं ॥

एतेन—नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि ॥
अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् ॥

इत्येकांतः शैवसिद्धान्तोक्तः प्रत्युक्तः ॥

इन दो निर्जराओंमें कोन किसकी होती है ? इस प्रश्नका उत्तर—

अर्थ—जो तपश्चरणमें प्रवृत्त हैं अथवा नहीं है ऐसे लोकोको अर्थात् मिथ्यादृष्टि वगैरह किंवा सम्यग्दृष्टी वगैरहको कर्म उदयपंक्तिमें प्रवेशकर अपना फल देकर नष्ट होता है यह विपाकनिर्जराका स्वरूप है. यह विपाक निर्जरा अल्प होती है. क्योंकि सर्व कर्मोंकी भिन्न भिन्न स्थिति रहती है. द्रव्य क्षेत्रादिक सहकारी कारण सबके एकदम नहीं मिलते हैं इसलिये कर्म एकसाथ उदयमें आकर फल देकर नष्ट नहीं होता है. जो उदयमें आता है वही फल देकर नष्ट होता है अन्य नहीं. और तपश्चरणके द्वारा सर्व कर्मकी निर्जरा होती है.

ण हु कम्मस्स अवेदिदफलस्स कस्सइ हवेज्ज परिमोक्खो ॥
होज्ज व तस्स विणासो तवग्गिणा डज्झमाणस्स ॥ १८५० ॥

अनिर्दिष्टफलं कर्म तपसा दह्यते परम् ॥
सूक्ष्मं हुताशनेनेव बहुभेदमुपार्जितम् ॥ १९२२ ॥

विजयोदया—कम्मस्स ण हु हवेज्ज परिमोक्खो अननुभूतफलस्य कर्मणो नैव कस्य चित् मोक्षो भवति इति ततः फलं प्रदायापयाति । एतेन विपाकनिर्जरोक्ता, होज्जेव तस्स कम्मस्स विणासो भवेद्वा तस्य कर्मणो विनाशः तपोग्निना दह्यमाणस्य एतेन कृतं कर्म तत्फलमदत्वा न निवर्तत इत्येतन्निरस्तं ।

उक्तमेवार्थं उत्सर्गापवादाभ्यां दृढयति—

मूलारा—अवेदितफलस्य अमुक्तफलस्य । एतेन स्वफलं प्रदायापयाति कर्मेति विपाकनिर्जरा सामान्येनोक्ता । दह्यमाणस्य निर्बीजीक्रियमाणस्य । एतेन कृतं कर्म यत्तत्फलमदत्वा न निवर्तते इत्येकान्तो निरस्तः ॥ उक्तं च—

अनिर्दिष्टफलं कर्म तपसा दह्यते परं ॥
सस्यं हुताशनेनेव यदुप्तमुपार्जितम् ॥

अर्थ—जिस कर्मका फल जीवकेद्वारा नहीं भोगा गया है ऐसा कर्म नष्ट नहीं होता है. अर्थात् कर्म अपना फल जीवको देकर ही चला जाता है. इस विवेचनसे विपाक निर्जरा कही गयी. परंतु तपोग्नीसे जो कर्म दग्ध होता है वह कर्म आत्माको फल न देकर ही नष्ट होता है. इससे ' जो कर्म इस जीवने किया है वह फल जबतक नहीं देता है, तबतक नष्ट नहीं होता है. ऐसा एकान्त मत खंडित होता है. तात्पर्य यह है कि, विपाक-निर्जरा जिस कर्मकी होती है वह कर्म आत्माको फल देता है. अविपाक निर्जराका कर्म फल नहीं देता है.

डहिऊण जहा अग्गी विद्धंसदि सुबहुगंपि तणरासी ॥
विद्धंसेदि तवग्गी तह कम्मतणं सुबहुगंपि ॥ १८५१ ॥

तपसादीयमानेन नाश्यते कर्मसंचयः ॥
आशुशुक्षणिना क्षिप्रं दीप्तेनेव तृणोत्करः ॥ १९२३ ॥

विजयोदया—डहिऊण जहा अग्गी यथाग्निर्दग्ध्वा नाशयति महांतमपि तृणराशिं तथा तपोग्निः सुमहदपि कर्मतृणं विनाशयति ॥

तपसः कर्मशातनसामर्थ्यं समर्थयते—

मूलारा—स्पष्टम् । उक्तं च—

तत्कालमपि तद्ध्यानं ज्वलदेकाग्रमात्मनि ॥
उच्चैःकर्मोच्चयं भिन्द्याद्भं शैलमिव क्षणात् ॥

अर्थ—जैसे प्रज्वलित अग्नि बडी भारी तृण राशिको भी जलाकर भस्म कर डालती है. वैसी तपरूपी अग्नि बहुत मोटाभी कर्मसमूह तृण के समान नष्ट कर देती है.

तपसः कर्मविनाशनक्रममुपदर्शयत्युत्तरगाथा—

कम्मं विपरिणमिज्जइ सिणेहपरिसोसणेण सुतवेण ॥
तो तं सिणेहमुक्कं कम्मं परिसडदि धूलिव्व ॥ १८५२ ॥
स्वयं पलायते कर्म तपसा विरसीकृतम् ॥
रजोऽवतिष्ठेत कुत्र नीरसे स्फटिकेऽश्मनि ॥ १९२४ ॥

विजयोदया—कम्मं वि परिणमिज्जदि कर्मण्यपि अन्यथा भावं नीयते, केन सुतवेण ज्ञानदर्शनचरणसहभाविना तपसा। सिणेहपरिसोसणेण कर्मपुद्गलगतस्नेहपरिणामविशोषणकारिणा। तो पश्चात्। स्नेहपरिणामविनाशोत्तरकालं। कम्मं परिसडदि कर्म परितोऽपयाति, सिणेहमुक्कं स्नेहमुक्तं धूलीव। दृश्यते हि स्नेहार्द्रध्वमुपागतानां तत्क्षतेः। परस्परतो वियोगः यथा जलेनैव पिण्डतागतानां सिकतानां शुष्के जले वियोगमापद्यमानता ॥

तपसः कर्मविनाशनक्रमं कथयति—

मूलारा—विपरिणमिज्जदि अन्यथाभावं नीयते जीवपरतंत्रीकरणशक्तिं त्याज्यते इत्यर्थः। अन्ये परिसोसिज्जदि इति पठंति। सिणेहपरिसोसणेण कर्मपुद्गलगतस्नेहपरिणामविशोषणकारिणा। सुतवेण रत्नत्रयसहभाविना तपसा। धूलीव यथा जलार्द्रं गतानां सिकतानां जले शुष्के परस्परतोऽपगमनं। एवं कषायादिकृतस्नेहाज्जीवेन सहैकलोलीभावं गतानां कर्मपुद्गलानां तपसा रूक्षत्वं गमितानां ततोऽपगम इत्यर्थः ॥ उक्तं च—

स्वयं पलायते कर्म तपसा विरसीकृतं ॥
रजोऽवतिष्ठेत कुत्र नीरसस्फटिकेऽश्मनि ॥

तपश्चरण के कर्म विनाशक्रमका स्वरूप कहते हैं—

अर्थ—तपश्चरणसे अर्थात् ज्ञान, दर्शन चारित्रके साथ रहनेवाले तपसे कर्ममें फरक किया जाता है. अर्थात् जीवको परतंत्र करनेका स्वभाव कर्ममें रहता है तपके द्वारा उस स्वभावका नाश होता है. यह तपश्चरण कर्ममें जो स्नेहशक्ति थी उसको नष्ट करता है. जिससे कर्म आत्मासे संबंध छोडकर चला जाता है. जैसे स्नेहसे धूलि

एकत्र होती है. परंतु स्नेहके हरनेसे धूली के कण बिखर जाते हैं उनका बंधन नहीं रहता हैं. पानीसे बालुका पिंड बनता है परंतु पानी सूख जानेपर बालुके कण अलग होते हैं. वैसी स्नेहशक्ति तपसे नष्ट होनेपर कर्म आत्मासे अलग होता है. अर्थात् पुद्गलका कर्मत्वपर्याय नष्ट होता है.

धादुगदं जह कणयं सुज्झइ धम्मंतमग्गिणा महदा ॥
सुज्झइ तवग्गिधंतो तह जीवो कम्मधादुगदो ॥ १८५३ ॥
तपसा ध्मायमानोऽग्नी क्षिप्रं शुद्धयति कर्मभिः ॥
पाषाणः पावकेनेव कानकः सकलैर्मलैः ॥ १९२५ ॥

विजयोदया—धादुगदं यथा सुवर्णपाषाणगतं कनकं महताग्निना दह्यमानं शुध्यति, मलात् पृथग्भवति तथा जीवः कर्मधातुगतस्तपोऽग्निना दह्यमानः शुध्यति ॥

तपसा शुद्धस्वात्मनि दीप्यमानस्यात्मनः कर्मभ्यः पृथग्भावं भावयति—

मूलारा—धादुगदं सुवर्णपाषाणस्थं । सुज्झदि पृथग्भवति । धम्मंतं ताप्यमानं । तवग्गिधंतो तपोऽग्निनाध्मातः शुद्धस्वचिद्रूपे देदीप्यमानः कृतः ।

तपसा ध्मायमानोऽग्नी क्षिप्रं शुध्यति कर्मभिः ॥
पाषाणः पावकेनेव कानकः सकलैर्मलैः ॥

अर्थ-महान् अग्निसे दग्ध होनेपर जैसे सुवर्णपाषाणमेंसे सुवर्ण शुद्ध होता है अर्थात् मलसे अलग होता है. वैसे कर्मरूपी धातुओंसे मिश्र हुआ यह जीवरूपी सुवर्ण तपरूपी अग्निसे जब दग्ध होता है तब वह निर्मल होता है.

यद्येवं तप एवानुष्ठातव्यं किं संवरेणेति शंकां निराकरोति—

तवसा चेव ण मोक्खो संवरहीणस्स होइ जिणवयणे ॥
ण हु सोत्ते पविसंते किसिणं परिसुस्सदि तलायं ॥ १८५४ ॥
मोक्षःसंवरहीनेन तपसा न जिनागमे ॥
रविणा शोष्यते नीरं प्रवेशे सति किं सरः ॥ १९२६ ॥

विजयोदया—तपसा चेव ण मोक्खो तपसैव न सर्वकर्मापायो भवति, संवरहीनस्य जिनवचने। स्रोतसि प्रविशति अ जलादिके कुतस्ते परिशुष्यति ॥

यद्येवं तर्हि तदेवानुष्ठेयं न संवर इत्यत्राह—

मूलारा—मोक्खो सर्वकर्मापगमः ॥ उक्तं च—

मोक्षः संवरहीनेन तपसा न जिनागमे ।
रविणा शोष्यते नीरप्रवेशे सति किं सरः ॥

यदि तप से आत्मा शुद्ध होता है तो तप ही करना चाहिए संवरकी क्यों आवश्यकता है ? आचार्य इस शंका का उत्तर देते हैं—

अर्थ—जो मुनि संवररहित है केवल तपश्चरणसे ही उसके कर्मका नाश नहीं हो सकता है ऐसा जिन-वचनमें कहा है. यदि जलप्रवाह आता ही रहेगा तो तालाब कब सूखेगा ? अर्थात् नहीं सूखता है.

एवं पिणद्धसंवरवम्मो सम्मत्तवाहणारूढो ॥
सुदणाणमहाधणुगो झाणादितवोमयसरेहिं ॥ १८५५ ॥

विजयोदया—एवं पिणद्धसंवरवम्मो एवं पिनद्धसंवरकवचः, सम्यक्त्ववाहनारूढः, श्रुतज्ञानचापधरः, ध्यानादितपोमयशरैः ॥

चतुर्विधाराधननिष्ठः संवरसहितया निर्जरया कर्मारिचमूं निःशेष्यात्रयामनंतज्ञानादिराज्यश्रियं प्राप्नोति इति गाथाद्वयेनोपसंहरति—

मूलारा—पिणद्धसंवरवम्मो बद्धास्रवनिरोधसन्नाहः ।

अर्थ—जिसने संवररूपी बख्तर पहना है, जो सम्यग्दर्शनरूपी वाहनपर चढा है. जिसने सम्यग्ज्ञानरूपी धनुष्य हाथ में लेकर ध्यान और तपरूपी शर-बाण सम्यग्ज्ञानरूप धनुष्य के ऊपर जोड दिये हैं.

संजमरणभूमीए कम्मारिचमू पराजिणिय सव्वं ॥
पावदि संजमजोद्धो अणोवमं मोक्खरज्जसिरिं ॥ १८५६ ॥

दर्शनद्विपमधिष्ठितो बुधो लब्धबोधसचिवस्तपःशरैः ॥
कर्मशत्रुमपहृत्य संवृतः सिद्धिसंपदमुपैति शाश्वतीम् ॥ १९२७ ॥

इति निर्जरा ।

विजयोदया—संजमरणभूमीए संयमसुकांगणं कर्मारिचमूं सर्वामभिभूय प्राप्नोति संयतयोधः अनुपमां मोक्षराज्यश्रियं ॥ निर्जरा ॥

मूलारा—स्पष्टम् ॥ निर्जरानुप्रेक्षा ।

अर्थ-ऐसा मुनिरूपी वीर गुप्त संग्रामभूमिमें संपूर्ण कर्मशत्रुओंका पराजय कर मुक्तिरूप राज्यलक्ष्मीकी प्राप्ति कर लेता है ।

धर्मगुणानुप्रेक्षणयोच्यते—

जीवो मोक्खपुरक्खडकल्लाणपरंपरस्स जो भागी ।
भावेणुववज्जदि सो धम्मं तं तारिसमुदारं ॥ १९२७ ॥

मोक्षावसानकल्याणभाजनेन शरीरिणा ॥
आर्हतो भावनाधर्मो भावतः प्रतिपद्यते ॥ १९२८ ॥

विजयोदया—जीवो मोक्खपुरक्खडकल्लाणपरंपरस्स जो भागी, यो जीवःमोक्षावसानकल्याणपरंपरायाः भाजनभूतः । स धर्मं भावेन प्रतिपद्यते, तं तादृशमुदारं सकलसुखसंपादनक्षमं महांतं धर्मं ॥

धर्म्यध्यानसिद्धये गाथानवकेन धर्ममहिमानमनुचिंतयति—

मूलारा—मोक्खपुरक्खडकल्लाणपरंपरस्स मोक्षेण पुरःसरतां नीतानि यानि कल्याणानि सुदेवत्वसुमानुषत्व पदाभ्युदयसुखानि मोक्षसुखावसानसांसारिकसुखानीत्यर्थः ॥ तत्प्रबंधस्य भागी भजनयोग्यः । भावेणुवज्जदि परमार्थेन प्रतिपद्यते । उदारं सकलसुखसंपादनसमर्थत्वान्महान्तं ।

उक्तं च—मोक्षावसानकल्याणभाजनेन शरीरिणा ॥
आर्हतः पावनो धर्मो भावतः प्रतिपद्यते ॥

अर्थ-मोक्षप्राप्ति तक जो जो कल्याणपरंपरा प्राप्त होती है वह सब धर्मकी सहायतासे ही होती है

अर्थात् धर्मसे अभ्युदय और मोक्ष सुखकी प्राप्ति होती है. इस उदार, सर्व सुखोंकी प्राप्ति करा देनेमें समर्थ धर्म को भव्यजीव हृदयसे धारण करता है.

धम्मेण होदि पुज्जो विस्ससणिज्जो पिओ जसंसी य ॥
सुहसज्झो य णराणं धम्मो मणणिव्वुदिकरो य ॥ १८५८ ॥
यशस्वी सुभगः पूज्यो विश्वास्यो धर्मतःप्रियः ॥
सुसाध्यः सोऽन्यकार्येभ्यो मनोनिर्वृतिकारकः ॥ १९२९ ॥

विजयोदया—धम्मेण होदि पुज्जो धर्मेण पूज्यो भवति । विश्वसनीयः प्रियो यशस्वी च भवति, सुखेनैव साध्यो नराणां धर्मः ॥ उक्तं च ॥ दृष्टे श्रुते च विदिते स्मृते च धर्मे फलागमो भवतीति मनसो निर्वृत्तिं च करोति ॥

मूलारा—जसंसी कीर्तिमान् । सुभसज्झो शुभपरिणाममात्रसाध्यः अथवा सुखेन साधयितुं शक्यः । ' दृष्टे श्रुते च विदिते स्मृते च धर्मे फलागमो भवति ' इति वचनात् ॥

अर्थ—इस धर्मके आचरणसे मनुष्य पूज्य, विश्वसनीय, प्रिय और यशस्वी होता है. यह धर्म सुखसे भव्य जीव धारण कर सकते हैं. धर्म धारण करनेसे मनुष्योंका मन संतुष्ट होता है. धर्मका फल देखनेसे, सुननेसे, जान लेनेसे और स्मरण करनेसे मन प्रसन्न होता है. ऐसा शास्त्रोंमें कहा है.

जावदियाइं कल्लाणाइं सग्गे य मणुअलोगे य ॥
आवहदि ताणि सव्वाणि मोक्खं सोक्खं च वरधम्मो ॥ १८५९ ॥
धर्मः सर्वाणि सौख्यानि प्रदाय भुवनेऽङ्गिनम् ॥
निधत्ते शाश्वते स्थाने निर्बाधसुखसंकुले ॥ १९३० ॥

विजयोदया—जावदिगाइं कल्लाणाइं यावंति कल्याणानि स्वर्गे मनुष्यलोके च तानि सर्वाण्याकर्षति धर्मो मोक्षं सुखं च ॥

मूलारा—स्पष्टम् ॥

अर्थ—स्वर्गलोकमें और मनुष्यलोकमें जितने सुख प्राप्त होते हैं वे सब धर्मसे ही प्राप्त होते हैं. मोक्ष सुखकी प्राप्ति भी धर्मसे ही होती है.

ते धण्णा जिणधम्मं जिणदिट्ठं सव्वदुक्खणासयरं ॥
पडिवण्णा दिढधिदिया विसुद्धमणसा णिरावेक्खा ॥ १८६० ॥

ते धन्या ये मरा धर्मं जैनं सर्वसुखाकरम् ॥
निरस्तनिखिलग्रंथाः प्रपन्नाः शुद्धमानसाः ॥ १९३१ ॥

विजयोदया—ते धण्णा पुण्यवंतः । जिनदृष्टं धर्मं सर्वदुःखनाशकरं प्रतिपन्नाः शुद्धेन मनसा दृढधृतिका, निर्व्याकुलाः ॥

मूलारा—दृढधिदिया अविचलधृतयः ।

अर्थ—जिन्होंने निर्मल मनसे निःस्पृह होकर धैर्य धारण कर सर्व दुःखोंका अन्त करनेवाला जिनेश्वर प्रतिपादित जिनधर्म धारण किया है वे पुरुष धन्य हैं.

विसयाडवीए उम्मग्गविहरिदा सुचिरमिंदियस्सेहिं ॥
जिणदिट्ठणिव्वुदिपहं धण्णा ओदरिय गच्छंति ॥ १८६१ ॥

ये च जीर्यैंद्रियाश्वेभ्यो नीता विषयकानने ॥
धर्ममार्गं प्रपद्यन्ते ते धन्या नरपुंगवाः ॥ १९३२ ॥

विजयोदया—विसयाडवीए विषयाटव्यां उन्मार्गेविहारिणः सुचिरमिंद्रियाश्वैर्यैर्नीताः संतः ते जिनदृष्ट निर्वृतिमार्गं गच्छंति धन्या इंद्रियाश्वेभ्योऽवरुह्य ॥

मूलारा—उम्मग्गविहरिदा इंद्रियाश्वैर्मिथ्यात्वादिवर्त्म विशेषेण नीताः । ओदरिय इंद्रियाश्वेभ्योऽवरुह्य ॥

अर्थ—इंद्रियरूपी घोडे इस जीवको उन्मार्ग में दौडकर विषय रूपी जगलमें ले जाते है. ऐसी परिस्थितीमें जो इंद्रियरूपी अश्वोंसे नीचे उतरकर जिनेश्वरने देखे हुए मोक्षमार्गपर जाते हैं वे पुरुष जगमें धन्य समझने चाहिये.

रागेण य दोसेण य जगे रमंतम्मि वीदरागम्मि ॥
धम्मम्मि णिरासादम्मि रदी अदिदुल्लहा होइ ॥ १८६२ ॥
अहो द्वेषेण रागेण लोके क्रीडति सर्वदा ॥
वीतरागे निरास्वादे बोधिर्धर्मेऽतिदुर्लभा ॥ १९३३ ॥

विजयोदया—रागेण य दोसेण य जगे रमंतम्मि रागद्वेषाभ्यां सह जगति क्रीडति । वीतरागे धर्मे निरास्वादे रतिरतीव दुर्लभा भवति ॥ उक्तं च ॥ कुलं च रूपं च यशश्च कीर्तिर्धनं च विद्या च सुखं च लक्ष्मीः । आरोग्यमाज्ञेप्सितसंप्रयोगो द्वेष्यैर्वियोगोऽपि च दीर्घमायुः ॥ १ ॥ स्वर्गश्च मोक्षश्च मयोपदिष्टा भावा इमेऽन्ये च जगत्प्रशस्ताः । धर्मेण शक्या जगतीह लब्धुं, हिताय ते कर्तुमतोऽर्हसि त्वं ॥

जिनधर्मरतेरतिदुर्लभतां भावयति —

मूलारा—रागेणेत्यादि यद्विरात्मप्राणिगणो रागद्वेषाभ्यां सह क्रीडति ॥ एतेन संसर्गजा दोषगुणा भवंति इत्याख्याति कथमीदृशि लोके प्रवर्तमानानां रागाद्यप्रादुर्भावलक्षणाहिंसात्मनि निरास्वादे वा भाषितपूर्वत्वादरुच्ये धर्मे रतिं कर्तुं शक्यते इति मन्यते ॥

अर्थ—राग और द्वेषके साथ यह जगत् रममाण हो रहा है इस लिये निरास्वाद वीतराग धर्ममें प्रेम होना अतीव कठिन है. शास्त्रमें इस विषयमें ऐसा कहा है—कुल, रूप, यश, कीर्ति, धन विद्या, सुख, और संपत्ति, आरोग्य, आज्ञा, इच्छित पदार्थों की प्राप्ति, अनिष्ट पदार्थोंसे वियोग, दीर्घ आयुष्य, स्वर्ग मोक्ष इनका मैंने वर्णन किया है. अतः हे भव्य जीव ! तूं स्वहित के लिये धर्माचरण कर.

सहलं माणुसजम्मं तस्स हवदि जस्स चरणमणवज्जं ॥
संसारदुक्खकारणकम्मागमदारसंरोधं ॥ १८६३ ॥
तदीयं सफलं जन्म तदीयं वृत्तमुज्ज्वलम् ॥
जन्ममृत्युजराकारिकर्मास्रवनिरोधकम् ॥ १९३४ ॥

विजयोदया—सहलं माणुसजम्मं तस्य मनुष्यस्य जन्म सफलं भवति यस्य चरणमनवद्यं। कीदृशं संसारदुःखसंपादनोद्यतकर्मागमद्वारनिरोधकारी । अनेन चारित्रमिह शब्दो धर्मत्वेनोच्यत इत्याख्यातं भवति ॥

इह धर्मश्चारित्रमित्याख्यातुमाह—

मूलारा—अणवज्जं निरतिचारम् ।

अर्थ—जिसका चारित्र निर्दोष है, संसारदुःखोंको करनेवाले कर्मका आनेका द्वाररूप जो अविरत्यादि परिणाम जिससे बंद पडता है ऐसा निर्दोष चारित्र जिसने धारण किया है उसी मनुष्यका जन्म सफल माना जाता है. उपर्युक्त चारित्रकोही यहां धर्म समझना चाहिये.

जह जह णिव्वेदसमं वैरग्गदयादमा पवड्ढंति ॥
तह तह अब्भासयरं णिव्वाणं होइ पुरिसस्स ॥ १८६४ ॥
यथा यथा विवर्द्धंते निर्वेदप्रशमादयः ॥
प्रयात्यासन्नतां पुंसः सिद्धिलक्ष्मीस्तथा तथा ॥ १९३५ ॥

विजयोदया—यथा यथा निर्वेद उपशमो दया चित्तानिग्रहश्च प्रवर्तते तथा तथा समीपतरं भवति निर्वाणं पुरुषस्य ॥

सद्धर्मैकसाध्यनिर्वाणाभ्यर्णतरत्वलिंगमाह—

मूलारा—अब्भासदरं समीपतरम् ॥

अर्थ— जैसे २ वैराग्य, रागद्वेषोंका प्रशम, दया, जितेंद्रियता ये गुण बढेंगे तैसे २ पुरुषके पास मोक्ष आता है.

धर्मं स्तौति—

सम्मद्दंसणतुंबं दुवालसंगारयं जिणिंदाणं ॥
वयणेमियं जगे जयइ धम्मचक्कं तवोधारं ॥ १८६५ ॥
द्वादशाल्मकतपोरयंत्रितं तत्त्वबोधरुचिवृत्तनेमिकम् ॥
धर्मचक्रमनवद्यमार्हतं विष्टपे विजयतामनश्वरम् ॥ १९३६ ॥
॥ इति धर्मानुप्रेक्षा ॥

विजयोदया—सम्मद्दंसणतुबं द्वादशांगारकं व्रतनेमिकं तपोधारं जिनेंद्राणां धर्मचक्रं जगति जयति ॥ धम्मं ॥ धर्मं स्तोतुमाह—

मूलारा—तुंबं नाभिः । दुवालसंगारयं मुन्याचारादीन्याचाराणि यस्य । वदनेमियं व्रतमेव नेमिर्धारा यस्य । तवोधारं तप एव धारा द्वितीया नेमिर्यस्य । धर्मानुप्रेक्षा ॥

धर्मकी स्तुति करते हैं.

अर्थ—धर्मरूप चक्रमें सम्यग्दर्शन रूप तुंबा है, इस धर्मचक्रको द्वादशांगज्ञान रूप आरे हैं, पांच महाव्रत नेमिके स्थानमें हैं. और तप धारा है. ऐसा जिनेंद्रोंका यह धर्मचक्र जगतमें जयवान रहे.

बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा कथ्यते—

दंसणसुदतवचरणमइयम्मि धम्मम्मि दुल्लहा बोही ॥
जीवस्स कम्मसत्तस्स संसरंतस्स संसारे ॥१८९६॥

धर्मे भवति सम्यक्त्वज्ञानवृत्ततपोमये ॥
दुर्लभा भ्रमतो बोधिः संसारे कर्मतोऽङ्गिनः ॥ १९३७ ॥

विजयोदया—दंसणसुदतवचरणमइयम्मि दर्शनश्रुततपश्चरणमये धर्मे दुर्लभा बोधिर्जीवस्य कर्मसक्तस्य संसारे संसरतः ॥

धर्म्यालंबनत्वेन बोधिं गाथाष्टकेन भावयति—

मूलारा—बोधी दीक्षाभिमुखा बुद्धिः प्राप्तिर्वा बोधिशब्देनेहोच्यते । रत्नत्रयप्राप्तिः खलु बोधिः प्रसिद्धा । कम्मसत्तस्स कर्मग्रस्तस्य कर्मणि वा कायादिव्यापारे सक्तस्य प्रयतस्य ॥

बोधिदुर्लभानुप्रेक्षाका वर्णन—

अर्थ—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, तप और चारित्र एतत्स्वरूप धर्ममें बोधिकी प्राप्ति होना दुर्लभ है. यह जीव कर्मसे लिप्त है और संसारमें भ्रमण कर रहा है इसको बोधिप्राप्त होना कठिन है.

तस्या दुर्लभतां प्रकटयत्युत्तरप्रबंधेन—

संसारम्मि अणंते जीवाणं दुल्लहं मणुस्सत्तं ॥
जुगसमिलासं जोगो जह लवणजले समुद्दम्मि ॥ १८६७ ॥
संसारे देहिनोऽनंते मानुष्यमतिदुर्लभं ॥
समिलायुगसांगत्यं पयोधाविव दुर्गमे ॥ १९३८ ॥

विजयोदया—संसारम्मि अणंते अनंतसंसारे । जीवानां मनुष्यत्वं दुर्लभं, पूर्वापरसमुद्रनिक्षिप्तयुगतत्संबंधिकाष्ठसंयोग इव ॥

कथं दुर्लभता बोधेरित्यत्राह—

मूलारा—लवणजले एतेन समुद्रांतरेभ्यः प्रस्तारसलिलेभ्यः सकाशाल्लवणोदसमुद्रस्य वेलाकुलेन वैशिष्ट्यं लक्षयति । अत एव पूर्वादिदिग्विभागप्रक्षिप्तयूपसमिलयोरतिदुर्घटः संयोगः स्यात् ॥

बोधिकी दुर्लभताका आचार्य सविस्तर वर्णन करते हैं—

अर्थ-इस अनंत संसारमें जीवको मनुष्यपनाका लाभ होना कठिन है. जैसे पूर्वसमुद्र और अपरसमुद्रमें क्रमशः जुवा और उनकी लकडियां फेक देनेपर उनका पुनरपि संयोग होना अत्यंत कठिन है वैसा नष्ट हुआ मनुष्य जन्म पुनःप्राप्त होना अतिशय कठिन है.

मनुजतायां दुर्लभत्वे कारणमाह—

असुहपरिणामबहुलत्तणं च लोगस्स अदिमहल्लत्तं ॥
जोणिबहुत्तं च कुणदि सुदुल्लहं माणुसं जोणी ॥ १८६८ ॥
प्राचुर्यं गर्ह्यभावानां महत्त्वं जगतोऽङ्गिनाम् ॥
विधत्ते योनिबाहुल्यं मानुष्यं जन्मदुर्लभं ॥ १९३९ ॥

विजयोदया—असुहपरिणामबहुलत्तणं च अशुभपरिणामानां मिथ्यात्वासंयमकषायप्रमादानां परिणामानां बहुत्वं मनुजयोनिदुर्लभतां करोति । मनुजरहितलोकस्यातिमहत्त्वं च तद्दुर्लभतां करोति । असंख्येया हि द्वीपसमुद्र नारकावासाः, स्वर्गपटलानि, इतरच्च लोकाकाशमतिमहत् । योनीनां बहुत्वं चेतरासां निबंधनं तद्दुर्लभतायाः ॥

मानुषत्वसुदुर्लभत्वयोः कारणत्रयमाह—

मूलारा—अशुभपरिणामबहुलत्तणं प्रचुरा मिथ्यात्वादयः कुयोनिजन्मनिमित्तकर्महेतवः परिणामा इत्यर्थः ॥ लोगस्स अदिमहल्लत्तं । मनुजरहितस्य लोकाकाशस्य विपुलत्वं । जंबूद्वीपाद्यर्धतृतीयद्वीपेष्वेव हि मनुजाः संभवन्ति । जोणिबहुत्तं मनुष्ययोनिभ्यश्चतुर्दशलक्षसंख्याभ्योऽन्या योनयो बह्व्यः सप्ततिलक्षसंख्यात्वात् ॥

मनुष्यपना दुर्लभ क्यों है इसका उत्तर—

अर्थ—मिथ्यात्व, असंयम, कषाय, प्रमाद इनसे युक्त परिणाम—अशुभ परिणामोंसे ही यह जगत् भरा हुआ है. इसमें मनुष्यजन्म प्राप्त होना कठिन है. मनुष्योंसे रहित लोकक्षेत्र बहुत ही विस्तीर्ण है और मनुष्य युक्त लोकक्षेत्र अत्यल्प है इससे हि मनुष्यपना दुर्लभ है यह बात सिद्ध होती है. असंख्यात द्वीपसमुद्र मनुष्यविरहितही हैं. नरकभूमि, स्वर्गभूमि और इतर लोकाकाश ये सब मनुष्यविरहित हैं. इतर योनिओंकी बहुलता होनेसे मनुष्ययोनीकी दुर्लभता सिद्ध होती है.

अपरामपि दुर्लभतापरंपरां दर्शयत्युत्तरगाथा—

देसकुलरूवमारोग्गमाउगं बुद्धिसवणगहणाणि ॥
लद्धे वि माणुसत्ते ण हुंति सुलभाणि जीवस्स ॥ १८६९ ॥

देशो जातिः कुलं रूपमायुर्नीरोगता मतिः ॥
श्रवणं ग्रहणं श्रद्धा नृत्वे सत्यपि दुर्लभम् ॥ १९४० ॥

विजयोदया—देसकुलरूवमारोग्गं देशकुलरूपमारोग्यं । आयुगमायुष्कं । बुद्धिसवणगहणाणि बुद्धिश्रवणग्रहणानि । लब्धेपि मनुष्यत्वे मनुष्यगतिनामकर्मोदयात्, जिनप्रणीतधर्मग्रहणसमानयबहुलो देशो दुर्लभः । अंतर्द्वीपानां शकयवन किरातबर्बरपारसीकसिंहलादिदेशानां धर्मेहमानवरहितानामतिबहुलत्वात् ॥ लब्धेपि देशे सुजनावासे ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यादिकं कुलं दुरधिगमनीयं सत्कुलानामरुपत्वात् । असकृन्नीचैर्गोत्रबंधनात् । मिथ्यात्वोदयात् प्रायेण प्राणिनो गुणान् गुणिजनं च निंदत्याक्रोशति, निर्गुणोऽपि कुलाभिमानमतिमहांतमुद्वहति, तेन नीचैर्गोत्रमुपचिनोति, गुणे गुणिजनेचानुरागः कुलाभिमानतिरस्करणं वा कदाचिदेव भवति इति शोभनं कुलं कदाचिदेव लभ्यते, चारित्रमोहोदयात षड्जीवनिकायव्याघातकरणे सततमुद्यतः तदीयरूपशोभोन्मूलनसंपादनेनोपार्जितेनाशुभरूपनामकर्मणा विरूपो बहुशो भवति । जीव-

दयां कदाचिदेव करोति । प्रशस्तरूपनामकर्मलभ्यसौरूप्यमपि क्लेशेन लभ्यते । परजीवसंतापकरणे कृतोत्साहः सर्वदैवेति रोगी भवति बहुशः, परसंतापपरिहारं वैयावृत्यं च कदाचिदेव करोति इति नीरोगतापि कादाचित्का दुर्लभा। परेषां प्रायेणायुर्निहंतीति स्वल्पायुरेवायं जनो जायते । कदाचिदेवाहिंसाव्रतपरिपालनाच्चिरंजीविता सदा न लभ्यते । समीचीनज्ञानिजनदूषणात्तन्मात्सर्यात् तद्विघ्नकरणात्तदासादनाच्चक्षुरादींद्रियोपघातकरणाच्च मतिश्रुतज्ञानावरणे वराको बध्नातीति दुर्मेधा भवति । बहुषु जन्मशतसहस्रेषु मतिश्रुतज्ञानावरणक्षयोपशमात् शुभपरिणामोपनीतात् कदाचिदेव विवेककारिणी बुद्धिर्भवति, सत्यामपि बुद्धौ हिताहितविचारणक्षमं धर्मश्रवणमतिदुर्लभं, यतीनां विरागद्वेषाणां, समीचीनज्ञानप्रकाशनोन्मूलितदुर्भेदमोहांधतानां, अशेषजीवनिकायव्याकियोद्यतानां असौलभ्यात्, तीव्रमिथ्यादर्शनोपनीतगुणिजनद्वेषेण मिथ्याज्ञानभयलाभदुर्विदग्धतया स्वगृहीततत्त्वपरवशतया आलस्येन वा यतीनां स्वपरोद्धरणप्रवीणतापरिज्ञानाच्च न ढौकते यतिजनमिति धर्मश्रवणस्य दुर्लभता । कदाचिदेव पापोपशमाद्यतिजनानुढौकनेपि नयपुरस्सरे संप्रश्ने प्रशस्तवाग्नुयायिनि गुरुजने चाभिमुखे सति श्रवणं भवतीति दुर्लभः श्रवणस्य, किंच यतिजननिकेतनमुपगतोपि यदृच्छया निद्राति,स्वयं परेषां यत्किंचिदसारं वदति, मुग्धानां वा वचनं शृणोति न विनयेन ढौकत इति वा दुर्लभं श्रवणं । श्रवणं श्रुतेपि धर्मे तत्परिज्ञानमतिदुर्लभं श्रुतज्ञानावरणोदयात् । दुःकरत्वं मनःप्रणिधानस्य कदाचिदप्यश्रुतपूर्वत्वात्, सूक्ष्मत्वाच्च जीवादितत्त्वस्य श्रुतज्ञानाधिकरणे क्षयोपशमे मनःप्रणिधानं वक्तुर्वचनसौष्ठवं चेति । सकलमिदमसुलभमिति धर्मज्ञाने दुर्लभं । ज्ञातेपि धर्मे अस्ति धर्मो जीवपरिणामसम्यक्त्वज्ञानचरणतपोदानपूजात्मकोऽभ्युदयनिश्रेयसफलदायी जिनैर्व्याघर्णितरूपइति श्रद्धानं न सुखेन लभ्यते, दर्शनमोहोदयात् । उपदेशकालकरणलब्धयश्च कदाचित्का इति ॥

मनुष्यत्वलाभेऽपि देशादीनां यथोत्तरं दुर्लभत्वमाह--

मूलारा--देसो जिनधर्मप्रगल्भमानवबहुलो विषयो दुर्लभः । शकयवनादिदेशानां धर्मज्ञरहितानामतिबहुलत्वात् । कुलं ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यवंशः । सुकुलानामल्पत्वादसत्कुक्षीवैर्गोत्रबंधनाच्च । मिथ्यात्वोदयाद्धि प्रायेण निर्गुणोऽपि कुलाभिमानमतिमहान्तं उद्वहन्गुणिनश्च निंदति । तेन नीचैर्गोत्रं बध्नाति गुणे गुणिनि चानुरागः कुलाभिमानतिरस्करणं वा । कदाचिदेव भवतीति शोभनं कुलं कदाचिदेव लभ्यते । रूपं सौरूप्यं जीवो हि चारित्रमोहोदयात्षड्जीवबाधाकरणनिरोद्योगात्तद्रूपशोभानिमीलनसंपादिताशुभरूपनामकर्मविपाकेन बहुशो विरूपः स्यात् जीवदयां कदाचित्कचित्करोतीति शुभरूपनामकर्मनिर्मेयसौरूप्यमपि क्लेशेन लभते । आरोग्यं परजीवसंतापनसंततोत्साहवदसद्वेद्योदयाद्धि जीवो बहुशो रोगी भवति । परसंतापत्यागं गुणवद्वैयावृत्यं च कदाचिदेव करोतीत्यरोगतापि कादाचित्की । आयुर्गं चिरजीवितुं जनो हि परेषां प्रायेणायुःसंहरति इति बहुशःस्वल्पायुरेव जायते । कदाचित्कचिदेवाहिंसाव्रतं चरति इति दीर्घायुष्कतापि न सदातनी । बुद्धिं अयं खल्वात्मा समीचीनज्ञानज्ञानिप्रदूषणनिन्हवादिकरणाच्चक्षुरादींद्रियोपघातसंपादनाच्च बद्धयोर्मतिश्रुत

ज्ञानावरणयोरुदयाद्बहुशो मतिश्रुतज्ञानहीनो भवति। शुभपरिणामसंपाद्यं तदावरणक्षयोपशमविशेषं कदाचित्कचिदेव प्राप्नोतीति तत्त्वविवेकदुर्द्धिरप्यनेन वराकेण दुरवापा। सकल यतीनां श्रुतज्ञानप्रदीपनिरस्तांतस्तमसां विरागद्वेषाणां, करुणापरतंत्राणां, परहितप्रतिपादनैककार्याणां अतिदुर्लभत्वात्तीव्रमिथ्यात्वकृतगुणिजनद्वेषेण, मिथ्याज्ञानलवलाभदुर्विदग्धतया, स्वगृहीततत्त्वपरवशतया, आलसतया, यतीनां स्वपरोद्धरणप्रावीण्यापरिज्ञानाद्वा, प्रश्रयेण तदुपसर्पणाभावात्, कथंचित्तदुपसर्पणेऽपि विनयपुरःसरं संप्रश्नस्य कदाचिदेव संभवाच्च। मनुष्यत्वादिसप्तकप्राप्तावपि जीवस्य सद्धर्मश्रवणं दुष्प्रापं॥ यतिजननिकेतने गतोऽपि यदृच्छया निद्रायति, स्वयं वा परेषां यत्किंचिदसारं वदति, मुग्धानां वा वचनं शृणोति, विनयेन वा ढौकते। इति दुर्लभा धर्मश्रुतिः। गृहीतेऽपि श्रुतेऽपि धर्मे तत्परिज्ञानं अतिदुर्लभं। श्रुतज्ञानावरणोदयादात्मनः प्रणिधानस्य दुष्करत्वाज्जीवादितत्त्वस्य कदाचिदप्यश्रुतपूर्वत्वात्सूक्ष्मत्वाच्च। ज्ञातेऽपि धर्मेऽस्ति धर्मः सम्यक्त्वाद्यात्मकोऽभ्युदयनिःश्रेयसफलप्रदो जिनोक्त इति श्रद्धानमतिदुर्लभतमं कालत्रिलक्षीणां [illegible]।

और भी बातोंकी दुर्लभता आगेकी गाथासे दिखाते हैं–

अर्थ–देश, कुल, रूप आरोग्य, आयुष्य, बुद्धि, श्रवण, ग्रहण, ये बातें मनुष्य जन्म मिलनेपर भी दुर्लभ हैं. मनुष्यगति नामकर्मके उदयसे मनुष्यपना प्राप्त होता है. तो भी जिनप्रणीत धर्मसे प्रगल्भ मानव जिनमें रहते हैं ऐसे देशमें जन्म होना बहुत दुर्लभ है. अंतर्द्वीपोंमें जन्म होकर भी मनुष्यता मिलती है. शक, यवन, किरात, बर्बर, पारसीक, सिंहलादिक देश धर्मज्ञ मनुष्योंसे रहित है ऐसे ही देश बहुत हैं. जहां सज्जन रहते हैं ऐसा देश प्राप्त होनेपर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यादिक कुलोंकी प्राप्ति होना दुर्लभ है. क्योंकि उत्तम कुल दुनियामें अल्प हैं. बारबार नीचगोत्रका बंध होता है. प्रायः मिथ्यात्वका उदय होनेसे मनुष्य गुणोंकी और गुणिजनोंकी निंदा करने लगता है. निर्गुण होनेपर भी अपने कुलका अतिशय अभिमान धारण करता है. ऐसे अभिमानसे यह जीव नीच गोत्रका संचय करता है. गुणमें और गुणिजनमें प्रेम होना, अपने कुलाभिमानका तिरस्कार होना यह बातें अत्यल्प पायी जाती हैं इसलिए उत्तम कुलकी प्राप्ति क्वचित् होती है.

चारित्रमोहनीयके उदयसे यह आत्मा हमेशा षट्काय जीवोंका नाश करनेमें हमेशा उद्युक्त होता है. उन जीवोंकी रूपशोभाको बिगाडता है इससे अशुभ नाम कर्मका बंध होता है. इस कर्मका उदय होनेपर यह जीव अनेक बार विरूप होता है.

जीवदया कभी कभी करता है. प्रशस्त रूप नाम कर्मके उदयसे सुंदर रूपकी प्राप्ति बहुत क्लेशसे प्राप्त होती है. परजीवोंको हमेशा संताप देनेमें ही तत्पर रहनेसे सर्वदा देहमें रोग उत्पन्न होता है. परसंतापको दूर करना, वैयावृत्य करना ये बाते कभी कभी करनेसे नीरोगताकी प्राप्ति होना दुर्लभ होगया है. प्रायः यह आत्मा दुसरोंकी आयुको नष्ट करता है. इस लिये यह स्वल्पायु हो जाता है. कदाचित् अहिंसा व्रतका पालन करनेसे यह पुरुष कभी २ चिरंजीवी होता है. इस लिये चिरजीविताभी दुर्लभ है.

समीचीन ज्ञानको दूषण देना, उससे मत्सर करना, ज्ञानमें विघ्न करना, उसका नाश करना, चक्षुरादिक इंद्रियोंका नाश करना, इन कार्योंसे इसको मतिज्ञानावरणका और श्रुतज्ञानावरण कर्मका बंध होता है. जिसका उदय होनेसे यह जीव अतिमंदबुद्धि हो जाता है. लक्षावधि जन्मोंकी प्राप्ति होनेपर मति श्रुतज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होनेके योग्य शुभपरिणाम जब होते हैं तब कदाचित् विवेकको उत्पन्न करनेवाली बुद्धि उत्पन्न होती हैं.

बुद्धि उत्पन्न होने परभी हिताहितका विचार सुझानेवाला धर्मश्रवण प्राप्त होना अतिशय कठिन है. रागद्वेषरहित, समीचीन ज्ञान प्रकाशके द्वारा दुर्भेद्य मोहांधकारको हटानेवाले, संपूर्ण प्राणिमात्रोंपर दया करनेमें उद्युक्त रहनेवाले मुनिराज दुर्लभ हैं इस लिये धर्मश्रवणका पाना दुर्लभ हो रहा है.

तीव्र मिथ्यात्वके उदयसे गुणिजनोंमें द्वेषभाव उत्पन्न होता है. मिथ्याज्ञानकी प्राप्ति होनेसे दुराग्रह चढता है, मैंने जो पदार्थ स्वरूप जान लिया है वही सच्चा है ऐसी धारणा होनेसे, आलस्यसे यतिजन स्वपरोद्धारमें प्रवीण रहते हैं इसका परिज्ञान न होनेसे यह जीव यतिराजोंके पास जाता नहीं है. इससे धर्मश्रवणसे इसको वंचित रहना पडता है.

कदाचित् पापका उपशम होनेपर यतिजनके पास यह पुरुष जाता भी है. वहां नयोंके अनुसार प्रश्न होता है, प्रशस्त भाषण बोलने वाले गुरुजन धर्मोपदेश देनेपर इसको धर्मश्रवणका लाभ होता है. इससे धर्मश्रवण दुर्लभ है यह सिद्ध हुआ. यह जीव यतिके स्थानपर जाकर भी यथेच्छ सो जाता है. अथवा स्वतः दुसरोंके साथ निःसार भाषण करने लगता है. मूर्खोंके भाषण सुनता है. विनयका आश्रय नहीं करता है. इस लिये भी आचार्यजीने धर्मश्रवणकी दुर्लभता दिखाई है.

धर्म सुननेपर भी उसका ज्ञान होना दुर्लभ है. क्योंकि श्रुतज्ञानावरण कर्मके उदयसे उपदेशका अभिप्राय जाननेकी पात्रता नहीं रहती है. कभी गुरुका उपदेश पूर्वमें नहीं सुना था, इसलिये मन एकाग्र नहीं होता है. जीवादिक तत्त्व सूक्ष्म हैं इसलिये भी मन एकाग्र नहीं होता है. श्रुतज्ञानका आधारभूत क्षयोपशम प्राप्त होनेपर मन एकाग्र हो सकता है. वक्ताके वचनोंमें सुंदरता होनेसे भी मनमें एकाग्रता उत्पन्न होती है. संपूर्ण देश, कुल, आरोग्य दीर्घायु इत्यादिक उत्तरोत्तर दुर्लभ हैं ऐसा ज्ञान होना कठिन है.

धर्मका स्वरूप जानने पर भी सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र, तप, दान, पूजा एतत्स्वरूपी आत्मपरिणाम ही धर्म हैं यही धर्म अभ्युदय व मोक्षसुखको देता है ऐसी श्रद्धा होना कठिन है. दर्शनमोहनीय का उदय होनेसे श्रद्धान नहीं होता है. उपदेश, काल, करणलब्धि ये बातें कभी कभी जीवोंको प्राप्त होती हैं सर्वदा नहीं है.

लद्धेसु वि तेसु पुणो बोधी जिणसासणम्मि ण हु सुलहा ॥
कुपधाकुलो य लोगो जं वलिया रागदोसा य ॥ १८७० ॥
देशादिष्वपि लब्धेषु दुर्लभा बोधिरंजसा ॥
कुपथाकुलिते लोके रागद्वेषवशीकृते ॥ १९४१ ॥

विजयोदया—लद्धेसु वि तेसु पुणो लब्धेष्वपि तेषु मनुजभवादिषु बोधिर्दीक्षाभिमुखा बुद्धिर्न सुलभा प्रबलत्वात्संयमघातिकर्मणः । कुमार्गाकुलत्वात् लोकस्य बहूनामाचरणमेव प्रमाणयन् यत्किंचनाचरति, बलवंतश्च रागद्वेषाः ज्ञानश्रद्धानोपेतमपि न सन्मार्गे ढौकितुं ददति ॥

मूलारा—कुपधाकुलो लोको हि बहूनामेवाचरणं प्रमाणयन् यत्किंचनाचरति । दृष्टानुसारी च प्रायेण जनः स्वकार्ये मुह्यति । वलिया तत्त्वज्ञानश्रद्धानतोन्निसदाचरणानुचरणप्रतिबंधकत्वात् ॥

अर्थ—मनुजभव वगैरहकी प्राप्ति होनेपर भी जिनधर्ममें दीक्षा धारण करनेकी बुद्धि उत्पन्न नहीं होती है. संयम धारण करनेकी बुद्धि प्राप्त होना बहुत कठिन है क्योंकि संयमघात करनेवाला कर्म प्रबल रहता है. लोक प्रायः बहुत लोगोंका आचरण देखकर वैसा स्वयं भी आचरण करते हैं. अन्य जनोंका आचरण योग्य है

या नहीं इसका विचार ही नहीं करते हैं. लोग कुमार्गपर चलते हैं उस कुमार्गसे वे आकुल हो रहे हैं. उनको देखकर यह अज्ञ मी वैसा ही कुछ भी आचरण करता है. जीवमें रागद्वेष प्रबल हैं वे सन्मार्ग पर इसको चलने नहीं देते हैं. ज्ञान और श्रद्धानसे युक्त होनेपर भी यह जीव सन्मार्ग से पराङ्मुख होता है.

इय दुल्लहा पबोहीए जो पमाइज्ज कह वि लद्धाए ॥
सो उल्लट्टइ दुक्खेण रदणगिरिसिहरमारुहिय ॥ १८७१ ॥
इत्थं यो दुर्लभां बोधिं लब्ध्वा तत्र प्रमाद्यति ॥
रत्नपर्वतमारुह्य ततः पतति नष्टधीः ॥ १९४२ ॥

विजयोदया—इय दुल्लहा पबोहीए उक्तेन क्रमेण दुर्लभायां दीक्षाभिमुखायां बुद्धौ लब्धायामपि यः प्रमाद्यत्यसौ रत्नगिरिशिखरमारुह्य ततः पतति प्रमादी ॥

एवं दुर्लभां बोधिं लब्ध्वापि प्रमाद्यंतमनुशोचति—

मूलारा—उल्लट्टदि पतति । रयणगिरिसिहरं मेरुशृंगम् ॥

अर्थ– ऊपर कहे मुजब दीक्षाभिमुख बुद्धि दुर्लभ है. उसकी प्राप्ति होनेपर भी यदि कोई जीव प्रमादी बनेगा तो रत्नपर्वतके शिखरपर चढकर फिर उससे वह गिरता है ऐसा समझना चाहिये.

फिडिदा संती बोधी ण य सुलहा होइ संसरंतस्स ॥
पडिदं समुद्दमज्झे रदणं व तमंधयारम्मि ॥ १८७२ ॥
नष्टा प्रमादतो बोधिः संसारे दुर्लभा भवेत् ॥
नष्टं तमसि सद्रत्नं पयोधौ लभ्यते कथम् ॥१ ९४३ ॥

विजयोदया—फिडिदा संती बोधिर्विनष्टा सती दीक्षाभिमुखा बुद्धिः पुनर्न सुलभा भवति संसरतः । अंधकारे समुद्रमध्ये पतितं रत्नमिव ।

उक्तार्थसमर्थनार्थमाह—

मूलारा—फिडिदा विनष्टा ॥

अर्थ—यह दीक्षाकी बुद्धि नष्ट होनेपर फिर मिलती नहीं है. अंधकारमें समुद्रमें रत्न फेक देनेपर जैसे पुनः रत्न नहीं मिलता है, वैसे दीक्षासे बुद्धि नष्ट जानेपर पुनः दीक्षा ग्रहण करना दुर्लभ है

ते धण्णा जे जिणवर दिट्ठे धम्मम्मि होंति संबुद्धा ॥
जे य पवण्णा धम्मं भावेण उवट्ठिदमदीया ॥ १८७३ ॥

विपुलसुफलानां कल्पने कल्पवल्लीं भवसरणतरूणां कल्पने या कुठारी ॥
भवति मनसि शुद्धा सा स्थिरा शुद्धबोधिः फलममलमलंभि प्राणितव्यस्य तेन ॥१९४४॥

इति बोधिः ।

विजयोदया—स्पष्टोत्तरा गाथा ॥ बोधिचित्ति ॥

जिनोक्तधर्मे संबुद्धान्भावेन परिणतांश्च परिणौति—

मूलारा—स्पष्टम् ॥ बोध्यनुप्रेक्षा ॥

अर्थ—जो पुरुष जिनेश्वरने कहे हुए धर्ममें प्रबुद्ध होते हैं वे धन्य हैं. तथा जिन्होंने प्रबुद्ध होकर जैन धर्मका आचरण किया है-करते हैं अर्थात् हृदयसे जिन्होंने जैन धर्मको अपनाया है ऐसे महात्मा इस संसारमें धन्यताके पात्र हैं. अनुप्रेक्षाओंका वर्णन समाप्त हुआ.

प्रस्तुतमर्थमुपसंहरति—

इय आलंबणमणुपेहाओ धम्मस्स होंति झाणस्स ॥
झायंतो ण वि णस्सदि झाणे आलंबणेहिं मुणी ॥ १८७४ ॥

द्वादशापीत्यनुप्रेक्षा धर्मध्यानावलंबनम् ॥

नालंबनं विना चित्तं स्थिरतां प्रतिपद्यते ॥ १९४५ ॥

विजयोदया—इय आलंबणे एषमालंबनं भवत्यनुप्रेक्षा धर्मध्यानस्य ध्याने प्रवृत्तो न विप्रणश्यति ध्याननिमित्तालंबनेभ्यो यतिः। यो हि यद्वस्तुस्वरूपे प्रणिहितचित्तः सततं वस्तुयाथात्म्यात्प्रच्यवते तस्य विस्मरणात् ॥

एवं द्वादशाप्यनुप्रेक्षाः निरूप्य प्रकृतोपयोगं योजयति ।

मूलारा—झाणे आलंबणेहिं ध्याननिमित्तालंबनान्याश्रित्य ध्यायन्न विनश्यति । ध्यानान्न प्रच्यवते इत्यर्थः ।

इसी विषयका उपसंहार-

अर्थ...धर्मध्यानमें जो प्रवृत्ति करता है उसको ये द्वादशानुप्रेक्षा आधाररूप है. अनुप्रेक्षाके बलपर ध्याता धर्मध्यानमें स्थिर रहता है. जो जिस वस्तुस्वरूपमें एकाग्रचित्त होता है वह विस्मरण होनेपर उससे चिगता है परंतु बार बार उसको एकाग्रताके लिए आलंबन मिल जावेगा तो वह नहीं चिगेगा.

ध्यातुरालंबनबाहुल्यं दर्शयत्युत्तरगाथा—

आलंबणं च वायण पुच्छणपरिवट्टणाणुपेहाओ ॥
धम्मस्स तेण अविरुद्धाओ सव्वाणुपेहाओ ॥ १८७५ ॥
आलंबणेहिं भरिदो लोगो झाइदुमणस्स खवयस्स ॥
जं जं मणसा पेच्छदि तं तं आलंबणं होइ ॥ १८७६ ॥

आलंबनैर्भृतो लोको ध्यातुकामस्य योगिनः ॥
यदेवालोकते सम्यक् तदेवालंबनं मतम् ॥ १९४६ ॥

विजयोदया—धम्मस्स आलंबणेहिं भरिदो ध्यानस्यालंबनैः पूर्णो लोको ध्यातुकामस्य क्षपकस्य यद्यन्मनसा पश्यति तत्तदालंबनं भवति ॥

ध्यातुरालंबनबाहुल्यमाह—

मूलारा—स्पष्टम् ॥

ध्याताको ध्यानके लिए अनेक आलंबनोंकी आवश्यकता है. इस विषयका विवेचन—

अर्थ—वाचना, पृच्छना, परिवर्तना, अनुप्रेक्षा ये सब धर्मध्यानके आलंबन हैं. इनके आश्रयसे धर्मध्यान उन्नत दशाकी प्राप्ति कर लेता है. इस लिए पूर्वोक्त द्वादशानुप्रेक्षायें भी धर्मध्यानके अनुकूल ही हैं. धर्मध्यान करनेकी इच्छा करनेवाले यतिराजको यह संपूर्ण लोक भी आलंबन है. क्षपक जो जो चीज देखेगा वह २ ध्यानकी आलंबनभूत होगी.

धर्मध्यानं व्याख्याय ध्यानांतरं व्याख्यानुमुत्तरप्रबंधः—

इच्चेवमादिक्कंतो धम्मज्झाणं जदा हवइ खवओ ॥
सुक्कज्झाणं झायदि तत्तो सुविसुद्धलेस्साओ ॥ १८७७ ॥

धर्मध्यानमतिक्रांतो यदा भवति शुद्धधीः ॥
शुद्धलेश्यस्तदा ध्यानं शुक्लं ध्यायति सिद्धये ॥ १९४७ ॥

विजयोदया—इच्चेवमतिक्कंतो धर्मध्यानमेवं व्याख्यातिरूपमतिक्रांतो यदा भवेत् क्षपकः शुक्लध्यानमसौ-ध्यानि सुविशुद्धलेश्यासमन्वितः ॥ परिणामश्रेण्या हि उत्तरोत्तरानुगुणतया स्थितः । क्रमेणैव प्रवर्तते न हि प्रथमे सोपाने स्थापितचरणः द्वितीयादिकं सोपानमारोढुं प्रभवति ॥ एवमप्रमत्तो धर्मध्याने प्रवृत्त एव शुक्लध्यानमर्हतीति सूत्रेणा-नेन ज्ञापितं ॥

एवं धर्मध्याने व्याख्याय शुक्ले प्रयत्नेन व्याचिख्यासुरप्रमत्तो धर्म्ये शुक्लमर्हतीति ज्ञापयति—

मूलारा—सुविसुद्धलेस्साओ परिणामश्रेण्या ह्युत्तरोऽनुगुणतया स्थितोपक्रमेणैव प्रवर्तमानो न हि प्रथमे सोपाने स्थापितपादो द्वितीयादिकं सोपानमारोढुं क्षमते—

धर्मध्यानके अनंतर शुक्ल ध्यानका सविस्तर आचार्य वर्णन करते हैं—

अर्थ—जिसका स्वरूप पूर्वमें वर्णित हुआ है ऐसे धर्मध्यान के अनंतर क्षपक शुक्लध्यानका चिंतन करता है. तब विशुद्ध लेश्यायुक्त होता है अर्थात् उस ध्याताके परिणामोंमें क्रमसे अधिकाधिक निर्मलता आती है. जैसे जिसने प्रथम सोपान पर पैर रखा है वह दुसरे सोपानपर आरूढ नहीं हो सकता है. अर्थात् प्रथम सोपानपर आरूढ होकर ही द्वितीय सोपानपर-सिढीपर अनंतर पैर रख सकता है. वैसे यहां भी धर्मध्यान के

अनंतर अप्रमत्त गुणस्थानवर्ती क्षपक शुक्लध्यानमें प्रवेश करता है. बिना धर्मध्यानके शुक्लध्यानका चिंतन ध्याता नहीं कर सकता है.

चतुर्विधशुक्लध्यानं नामतो दर्शयति गाथाद्वयम् ॥

जं झाणं पुधत्तसवितक्कसवीचारं हवे पढमसुक्कं ॥
सवितक्केक्कत्तावीचारं झाणं बिदियसुक्कं ॥ १८७८ ॥

विजयोदया—जं झाणं पुधत्तसवितक्कसवीचारं ध्यानं पृथक्त्वसवितर्कसवीचारं प्रथमशुक्लं भवति । सवितक्केक्कत्तावीचारं सवितर्कैकत्वावीचारं द्वितीयं शुक्लध्यानं ॥

शुक्लध्यानस्य चतुरो भेदान्नामतो दर्शयितुं गाथाद्वयमाह—

मूलारा—पुधत्तसवित्तकसविचारं पृथक्त्वस्य वितर्कं सविचारं यत्र तत्पृथक्त्वसवितर्कसविचारं । पृथक्त्ववितर्कवीचारमिति प्रथमशुक्लस्यान्वर्थं नामेत्यर्थः । उक्तं चार्षे—

पृथक्त्वेन वितर्कस्य वीचारो यत्र तद्विदुः ॥ सवितर्कसवीचारं पृथक्त्वादिपदाह्वयं ॥

सवितक्केक्कत्तवीचारं सवितर्कमेकत्वमयीचारं यत्र तत्सवितर्कैकत्वावीचारं एकत्ववितर्कावीचारमिति द्वितीयशुक्लस्यान्वर्थं नामेत्यर्थः ।

उक्तं चार्षे—एकत्वेन वितर्कस्य स्याद्यत्र विषरिष्णुता ॥ सवितर्कमवीचारमेकत्वादिपदाभिधम् ॥

सुहुमकिरियं खु तदियं सुक्कज्झाणं जिणेहिं पण्णत्तं ॥
वेंति चउत्थं सुक्कं जिणा समुच्छिण्णकिरियं तु ॥ १८७९ ॥

गदं-पृथक्त्ववितर्कवीचारैकत्ववितर्कावीचारसूक्ष्मक्रियासमुच्छिन्नक्रियाप्रतिपात्येकयोगकाययोगायोगध्येयानि चत्वारि शुक्लानि यथार्थानि ॥१९४८॥

विजयोदया—सुहुमकिरियं तु तदियं तृतीयं शुक्लध्यानं जिनैः प्रशस्तं सूक्ष्मक्रियमिति, वेंति चउत्थं सुक्कं ब्रुवते चतुर्थं शुक्लं जिनाः समुच्छिन्नक्रियं ॥

एवं द्विभेदं शुक्लं निरूप्य द्विविधं परमशुक्लं निरूपयति—

मूलारा—सुहुमकिरियं सूक्ष्मा क्रिया कायव्यापारो यत्र तत्सूक्ष्मक्रियमन्वर्थनाम्ना तृतीयशुक्लं श्रुते प्रसिद्धं । समुच्छिन्नक्रियनिवृत्यन्वर्थं चतुर्थं शुक्लमाख्यायते ॥

चार शुक्लध्यानोंके नाम दो गाथाओंसे कहते हैं—

अर्थ—पृथक् सवितर्क सवीचार नामक प्रथम शुक्लध्यान, सवितर्कएकवीचार नामक दूसरा शुक्लध्यान, सूक्ष्मक्रिया नामक तीसरा शुक्लध्यान, समुच्छिन्न क्रिया नामक चौथा शुक्लध्यान ऐसे जिनेश्वरने शुक्लध्यानके चार भेद कहे हैं.

पृथक्त्वसवितर्कसवीचारं व्याचष्टे गाथात्रयेण—

दव्वाइं अणेयाइं तीहिं वि जोगेहिं जेण ज्झायंति ॥
उवसंतमोहणिज्जा तेण पुधत्तंत्ति तं भणिया ॥ १८८० ॥

वितर्को भण्यते तत्र श्रुतध्यानविचक्षणैः ॥
अर्थव्यंजनयोगानां वीचारः संक्रमो बुधैः ॥ १९४९ ॥
तत्र द्रव्याणि सर्वाणि ध्यायता पूर्ववेदिना ॥
भेदेन प्रथमं शुक्लं शांतमोहेन लभ्यते ॥ १९५० ॥

विजयोदया—दव्वाइं अणेयाइं तीहिं वि जोगेहिं जेण ज्झायंति द्रव्याण्यनेकानि त्रिभिर्योगैः परावर्तमाना येन चिंतयंत्युपशांतमोहनीयास्तेन पृथक्त्वमिति प्रथमध्यानमुक्तं, एतदर्थं कथयति—अन्यदन्यद्द्रव्यमवलंब्य प्रवृत्तेनान्येनान्येन योगेन प्रवृत्तस्यात्मनो भवतीति पृथक्त्वव्यपदेशो ध्यानस्येति ॥

प्रथमशुक्लनाम गाथात्रयेण निर्विविक्षुः प्रथमं तत्पृथक्त्वं व्यवस्थापयति—

मूलारा—अणेगाइं द्रव्यादीनि । तीहिं वि जोगेहिं त्रिभिरपि योगैर्मनोवाक्कायव्यापारैः परावर्तमानाः । उवसंत मोहणिज्जा उपशांतमोहनीयकर्मणः । त्रियोगैरुपशांतमोहैः प्रथमं शुक्लं साध्यते इत्यर्थः । पुधत्तंत्ति अन्यदन्यद्द्रव्यमवलंब्य प्रवृत्तेनान्येनान्येनयोगेन प्रवृत्तस्यात्मनो भवति इति पृथक्त्वमित्युक्तमित्यर्थः ॥

पहिले शुक्लध्यानका तीन गाथाओंसे आचार्य निरूपण करते हैं—

अर्थ—इस पृथक्त्व सवितर्क सविचारध्यानमें अनेक द्रव्य विषय होते हैं और इन विषयोंका विचार

चिन्तन करते समय मनोयोग वचन योग और काययोग इन योगोंका परिवर्तन होता हैं. अर्थात् उपशांत मोहनीय मुनि कभी मनोयोगके आश्रयसे, कभी वचनयोगसे और कभी काययोगसे भिन्न भिन्न द्रव्योंका विचार करता है. ध्यानमें विषयभिन्नता, योगभिन्नता और वचनभिन्नता रहती हैं. इस वास्ते इस ध्यानको पृथक्त्व सवितर्क सविचार ऐसा आचार्य कहते हैं.

जम्हा सुदं वितक्कं जम्हा पुव्वगदअत्थकुसलो य ॥
ज्झायदि ज्झाणं एदं सवितक्कं तेण तं झाणं ॥ १८८१ ॥

आर्तरौद्रपरः साधुर्यो मुंचति कलेवरम् ॥
एतां दुःखप्रदामेष देवदुर्गतिमृच्छति ॥ २०२७ ॥

विजयोदया—झायंतो अणगारो मरणकाले आर्तरौद्रयोः परिणतो भूत्वा यः स्वदेहं जहाति नासौ क्षपकः सुगतिं लभते ॥

विराध्य म्रियमाणस्य दोषमाह—

मूलारा — स्पष्टम् ॥

आर्त रौद्रमें परिणति होनेसे क्या हानि होती है इस प्रश्नका उत्तर —

अर्थ—मरणके कालमें आर्तध्यान और रौद्रध्यानका आश्रय करने से वह क्षपक आयुष्यकी समाप्ति होनेपर सुगति को प्राप्त नहीं कर सकता है.

जदि दा सुभाविदप्पा वि चरिमकालम्मि संकिलेसेण ॥
परिवडदि वेदणट्टो खवओ संथारमारूढो ॥ १९४८ ॥

चिराभ्यस्तचारित्रोऽपि कषायाक्षवशीकृतः ॥
[illegible] यदि भ्रश्यति संयतः ॥ २०२८ ॥

विजयोदया—जदि दा सुभाविदप्पा वि.यदि तावत्सुभावितात्मापि संस्तरमारूढः वेदनार्तः क्षपकः संक्लेशेन हेतुना सन्मार्गात्परिपतति ॥

चिराभ्यस्तचारित्रोऽपि क्षपको यदि मरणक्षणे वेदनावशात्प्राप्तसंक्लेशः सन्मार्गात्प्रच्यवते सदा नित्यावसन्नादीनां तत्प्रच्यवने किमाश्चर्यं वाच्यमित्यभिधातुं प्रबंधमभिधत्ते—

मूलारा— स्पष्टम् ॥

अर्थ–जिसने आत्माको आराधनाओंसे सुसंस्कृत किया था तो भी मरणसमयमें संक्लेशपरिणामोंकी उत्पत्ति होने से वह संस्तरपर आरूढ हुआ श्रमण सन्मार्गसे भ्रष्ट होता है.

किं पुण जे ओसण्णा णिच्चं जे वा वि णिच्चपासत्था ॥
जे वा सदा कुसीला संसत्ता वा जहाछंदा ॥ १९४९ ॥

अवसन्नो यथाछंदो यः पार्श्वस्थः कुशीलकः ॥
संसक्तश्च तदा किं न स भ्रश्यति कुमानसः ॥ २०२९ ॥

विजयोदया—किं पुण किं पुनर्न परिपतंति ये नित्यमवसन्ना ये च नित्यं पार्श्वस्था ये वा सदा कुशीलाः संसक्ता वा स्वच्छंदाः ॥

तत्र अवसन्नाः निरूप्यंते—

गच्छंहि केइ पुरिसा पक्खी इव पंजरंतरणिरुद्धा ॥
सारणपंजरचुक्किदा ओसण्णागा पविहरंति ॥ १९५० ॥

विजयोदया—यथा कर्दमे क्षुण्णः मार्गादीनोऽवसन्न इत्युच्यते स द्रव्यतोऽवसन्नः । भावावसन्नः अशुद्धचरित्रः सीदति उपकरणे, वसतिसंस्तरप्रतिलेखने, स्वाध्याये ,विहारभूमिशोधने, गोचारशुद्धौ, ईर्यासमित्यादिषु, स्वाध्यायका-

लावलोकने, स्वाध्यायविसर्गे, गोचरे, च अनुद्यतः, आवश्यकेष्वलसः, अनतिरिक्तो वा जनाधिकं करोति कुर्वंश्च यथोक्तमावश्यकं वाक्कायाभ्यां करोति न भावतः एवंभूतश्चारित्रेऽवसीदतीत्यवसन्नः। पंथानं पश्यन्नपि तत्समीपेऽप्येन कञ्चिद्गच्छति, यथासौ मार्गपार्श्वस्थः, एवं निरतिचारसंयममार्गं जानन्नपि न तत्र वर्तते, किंतु तत्पार्श्वेनार्गलपार्श्वे तिष्ठति नैकांतेनासंयतः, न च निरतिचारसंयमःसोऽभिधीयते पार्श्वस्थ इति। शय्याधरपिण्डमभिहितं नित्यं च पिंडं भुंक्ते,पूर्वापरकालयोर्वातुर्यस्तवं करोति, उत्पादनैषणादोषदुष्टं वा भुंक्ते, नित्यमेकस्यां वसतौ वसति, एकस्मिन्नेव संस्तरे शेते, एकस्मिन्नेव क्षेत्रे वसति। गृहिणां गृहाभ्यंतरे निषद्यां करोति, गृहस्थोपकरणैर्यच्चरति, दुःप्रतिलेखशप्रतिलेखं वा गृह्णाति, सूचीकर्तरिनखच्छेदसंदंशनपट्टिकाक्षुरकर्णशोधनाजिनग्राही, सीवनप्रक्षालनावधूननरंजनादिबहुपरिकर्मव्यापृतश्च वा पार्श्वस्थः। क्षार चूर्ण सौवीरलवणसर्पिरित्यादिकं अनागाढकरणेऽपि गृहीत्वा स्थापयन् पार्श्वस्थः। रात्रौ यथेष्टं शेते, संस्तरं च यथाकामं बहुतरं करोति, उपकरणबकुशो। देहबकुशः—विवसे वा शेते च यः पार्श्वस्थः। पदप्रक्षालनं अक्षणं वा यत्कारणमंतरेण करोति, यश्च गणोपजीवी त्रिपंचकसेवापरश्च पार्श्वस्थः। अयमत्र संक्षेपः—अयोग्यं सुखशीलतया यो निषेवते कारणमंतरेण स सर्वथा पार्श्वस्थः। कुत्सितशीलः कुशीलः, यथेयं अवसन्नादीनां कुशीलत्वं प्राप्नोति, नैवं लोकप्रकटकुत्सितशीलः कुशील इति विवेकोऽत्र ग्राह्यः। स च कुशीलोऽनेकप्रकारः, कश्चित्कौतुकशीलः औषधविलेपनविद्याप्रयोगेणैव, सौभाग्यकरणं राजद्वारि कौतुकमादर्शयति यः कौतुककुशीलः। कश्चित् भूतिकर्मकुशीलः भूतिग्रहणमुपलक्षणं भूत्या, धूल्या, सिद्धार्थकैः, पुष्पैः, फलैरुदकादिभिर्वाभंत्रितै रक्षां वशीकरणं वा यः करोति स भूतिकुशीलः॥ उक्तं च—

भूदीव धूलीयं वा सिद्धत्थय पुप्फफलुदकादीहिं। रक्खं वसिगरणं वा करेदि जो भूदिगकुसीलो कश्चित्प्रसेनिकाकुशीलः, अंगुष्ठप्रसेनिका, अक्षरप्रसेनी, प्रदीपप्रसेनी, शशिप्रसेनी, सूर्यप्रसेनी स्वप्नप्रसेनीत्येवमादिभिर्जनं रंजयति यः सोऽभिधीयते प्रसेनिकाकुशील इति। कश्चिदप्रसेनिकाकुशीलः विद्याभिर्मंत्रौषधप्रयोगैर्वा असंयत चिकित्सां करोति सोऽप्रसेनिकाकुशीलः॥ कश्चिन्निमित्तकुशीलः अष्टांगनिमित्तं ज्ञात्वा यो लोकस्यादेशं करोति स निमित्तकुशीलः। आत्मनो जातिं कुलं वा प्रकाश्य यो भिक्षादिकमुत्पादयति स आजीवकुशीलः। केनचिदुपद्रुतः परं शरणं प्रविशति, अनाथशालां वा प्रविश्य आत्मनश्चिकित्सां करोति स वा आजीवकुशलः। विद्यायोगादिभिः परद्रव्यापहरणदंभप्रदर्शनपरः कल्ककुशीलः, इंद्रजालादिभिर्यो जनं विस्मापयति सोऽभिधीयते कुहनकुशील इति। वृक्षगुल्मादीनां पुष्पाणां, फलानां च संभवमुपदर्शयति, गर्भस्थापनादिकं च करोति यः स संमूर्छनाकुशीलः। त्रसानां, कीटादीनां, वृक्षादीनां, पुष्पफलादीनां, गर्भस्य परिशातनं अभिसारिकं च यः करोति शापं च प्रयच्छति स प्रपातनकुशीलः उक्तं च। काओलिकभूदकम्मे पसिणा पसिणे णिमित्तमाजीवे, कक्ककुहण समुच्छण पवादणादीकुसीलो दु॥ इति॥ आदिशब्दपरिगृहीताः कुशीला उच्यंते—क्षेत्रं हिरण्यं चतुष्पदं च परिग्रहं ये गृह्णंति हरितकंदफलभोजिनः कृतकारितानुमतपिण्डोपधिवसतिसेवापराः, स्त्रीकथारतयः, मैथुनसेवापरायणाः, विवेकाख्यवादिअधिकरणोद्यताश्च कुशीलाः। धृष्टः प्रमत्तविकृतवेषश्च कुशीलः। संसक्तो निरूप्यते—प्रियचारित्रे प्रियचारित्रः अप्रियचारित्रे दृष्टे अप्रियचारित्रः, नटवदनेकरूपग्राही संसक्तः, पंचेंद्रियेषु प्रसक्तः त्रिविधगौरवप्रतिबद्धः, स्त्रीविषये संक्लेशसहितः, गृहस्थजनप्रियश्च

संसक्तः अवसण्णो अवसन्नः, पार्श्वस्थसंसर्गात्स्वयमपि पार्श्वस्थः, कुशीलसंसर्गात्स्वयमपि कुशीलः, यः स्वच्छंदसंपर्कात्स्वयमपि स्वच्छंदवृत्तिः । यथाछंदो निरूप्यते—उत्सूत्रमनुपदिष्टं स्वेच्छाविकल्पितं यो निरूपयति सोऽभिधीयते यथाछंद इति । तद्यथा वर्षे पतति जलधारणमसंयमः । क्षुरकर्तरिकादिभिः केशापनयनप्रशंसनं आत्मविराधनान्यथा भवतीति । भूमिशय्या तृणपुंजे वसतःअवस्थितानामाबाधेति,उद्देशिकादिके भोजनेऽदोषः ग्रामं सकलं पर्यटतो महती जीवनिकायविराधनेति, गृहामत्रेषुभोजनमदोष इति कथनं, पाणिपात्रिकस्य परिशातनदोषो भवतीति निरूपणा, संप्रति यथोक्तकारी न विद्यत इति च भाषणं एवमादिनिरूपणापराः स्वच्छंदा इत्युच्यंते ॥

मूलारा—किं पुण किं पुनर्न परिपतंति । सर्वदा येऽवसन्नादिरूपतां धृत्वा पश्चिमकाले एव सन्मार्गमनुसृतास्ते संसाराकूडाः संतो वेदनावशात्प्राप्तसंक्लेशास्ततः प्रच्यवंत एवेत्यर्थः । ओसण्णा चारित्रेऽवसीदन्तः पथिका इव पंके । यथोक्तमुनिकर्मस्वालस्यादिना पदे पदे स्खलन्त इत्यर्थः । णिच्चं दीक्षाग्रहणात्प्रभृतिचरमकालं यावत् । णिच्चपासत्था निरतिचारसंयममार्गं जानंतो पि ये सदा तदवृत्तयो नैकांतेन संगता न च निरतिचारसंयमाः किंतु संयममार्गपार्श्वे तिष्ठन्ति । यथा केचित् पांसुभीतिं नश्यंतोऽपि तत्पार्श्वे अशोधं दुःशीलत्वं कार्यं विना ये निषेवंते ते पार्श्वस्था इति तात्पर्यं । कुसीला लोकप्रकटकुत्सितशीलाः । संसत्ता ये प्रियचारित्रे दृष्टे प्रियचारित्राः, अप्रियचारित्रे च अप्रियचारित्राः । नटवदनेकरूपग्राहिणोऽवसन्नादिसंसर्गात्स्वयमपि तद्भावभाज इति भावः ॥ जथाछंदा उत्सूत्रानुपदिष्टस्वेच्छाविकल्पित निरूपणापराः ॥

अर्थ—क्या जो अवसन्न, पार्श्वस्थ, कुशील, संसक्त और यथा छंद मुनि हैं वे अवश्य सन्मार्ग से भ्रष्ट नहीं होते हैं ? अवश्य ही भ्रष्ट होंगे.

अर्थ—जैसे कीचडमें फसेहुए और मार्गभ्रष्ट पथिकको अवसन्न कहते हैं उस को द्रव्यावसन्नभी कहते हैं. वैसे जिसका चारित्र अशुद्ध बन गया है ऐसे मुनिको भावासन्न कहते हैं. यह मुनि पिछी कमंडलवादिक उपकरणोंमें, आसक्त होता है. वसति और संस्तरकी शोधना करनेमें प्रमादी बनता है. स्वाध्यायमें, विहारभूमिशोधनमें, आहारकी शुद्धिमें, ईर्यासमित्यादिक समितिओं में, स्वाध्यायकालके अवलोकनमें स्वाध्यायकी समाप्ति करने में तत्पर नहीं होता है. अर्थात् उपर्युक्त कार्योंमें वह प्रमादी बनता है. आवश्यकादि कार्यों में आलस्य करता है. इतर मुनिओंकी अपेक्षा से यह अवसन्नमुनि आवश्यकोंका अधिक भी पालन करता है परंतु वचन और काय—शरीरसेही करता है. मनसे उनका पालन नहीं करता है. इस प्रकार वह चारित्रसे भ्रष्ट होता है इसलिये ऐसे मुनिको अवसन्न कहते हैं,

मार्गको जानता हुआ भी कोई अन्य पुरुषके साथ उस मार्गके समीप जाता है उसको जैसे मार्गपार्श्वस्थ कहते हैं वैसे अतिचाररहित संयममार्गका स्वरूप जानकर भी उसमें जो प्रवृत्ति नहीं करता हैं परंतु संयममार्गके पास ही वह रहता है. यद्यपि वह एकांतरूपसे असंयमी नहीं है परंतु निरतिचार संयमका पालन नहीं करता है इसलिये उसको पार्श्वस्थ कहना चाहिये. वसतिका को बनवानेवाला, उसकी मरम्मत करनेवाला, और यहां आप ठहरो ऐसा कहकर मुनिओंको वसतिका देनेवाला इन तीनो को शय्याधर कहते हैं. इनके यहां आहार ग्रहण करना मुनिओंकेलिये निषिद्ध है. परंतु इनके यहां जो हमेशा आहार ग्रहण करते हैं. दाताकी आहार लेने के पूर्व और आहार लेनेके अनंतर प्रशंसा करते हैं. उत्पादन दोष, एषणा दोष सहित आहारको ग्रहण करते हैं. हमेशा एकही वसतिकामें रहते हैं. एकही संस्तरमें हमेशा सोते हैं, एकही क्षेत्रमें रहते हैं. गृहस्थोंके घरमें अपनी बैठक लगाते हैं. गृहस्थोपकरणोंसे अपनी शौचादि क्रिया करते हैं. जिसकी शोधना अशक्य है अथवा जो सोधा नहीं गया है उसको ग्रहण करते हैं. सुई, कैंची, नख छेदनका शस्त्र, सांडस (जिसको चिमटा कहते है) वस्तरा तीक्ष्ण बनानेका पत्थर, वस्तरा, कर्णमल निकालनेका साधन, इन वस्तुओंको ग्रहण करते हैं. सीना, धोना, उसको झटकना, रंगाना इत्यादि कार्योंमें जो तत्पर रहते हैं ऐसे मुनिओंको पार्श्वस्थमुनि कहते हैं. जो अपने पास क्षारचूर्ण सोहाग चूर्ण, नमक, घी वगैरह पदार्थ कारण न होने परभी रखते हैं उनको भी पार्श्वस्थ कहना चाहिये. जो रातमें यथेष्ट सोते हैं, अपनी इच्छाके अनुसार बिछानाभी बडा बनाते हैं, उपकरणोंका संग्रह करते हैं, उनको उपकरण बकुश कहते हैं.

जो दिनमें सोता है उसको देहबकुश कहते हैं ऐसे पार्श्वस्थके भेद हैं. कारणके बिना पाव धोना अथवा तेल लगाना, गणके ऊपर उपजीविका करना, तीन अथवा पांच मुनिओंकी सेवा करना ? ऐसे जो कार्य करता है वह भी पार्श्वस्थ है.

जिसका आचरण कुत्सित है दोष युक्त है उस मुनिको कुत्सित कहते हैं. यदि ऐसा कुशील मुनिका लक्षण किया जावेगा तो अवसन्नादिक मुनिओंको भी कुशील ही कहना होगा ? उत्तर– जिसका बुरा आचरण लोकमें प्रगट हुआ है उसको कुशील कहते हैं ऐसा अभिप्राय यहां समझना चाहिये.

इस कुशील मुनिके अनेक प्रकार हैं. कोई कौतुककुशील है– औषध, विलेपन और विद्याके प्रयोगसेही राजद्वारमें कौतुक दिखाना, लोकमें प्रियता संपादन करना.

भूतिकुशील—भूति शब्द यहां उपलक्षण है इसलिये भूतिका अर्थ इस प्रकार समझना चाहिये–अभिमंत्रित किये गये धूल, सफेत सरसों, पुष्प, फल, पानी इत्यादिकोंके द्वारा किसीका रक्षण करना, किसीको वश करना, ऐसे कार्य करने वालेको भूतिकुशील कहते हैं. उपर्युक्त अभिप्राय 'भूदीय धूलियं वा' इस गाथामें भी व्यक्त किया है.

प्रसेनिका कुशीलका लक्षण इसप्रकार है. अंगुष्ठ प्रसेनिका, अक्षरप्रसेनिका, प्रदीपप्रसेनी, शशिप्रसेनी, और स्वप्नप्रसेनी इत्यादि विद्याओंसे जो लोकों का मन अनुरंजित करता है उसको प्रसेनिकाकुशील कहते हैं.

अप्रसेनिका कुशील—विद्याओंसे और औषधोंसे असंयतोंकी जो चिकित्सा करता है वह अप्रसेनिका कुशील है.

अष्टांगनिमित्तको जानकर जो लोकोंको उनका उपदेश करता है वह निमित्त कुशील है.

अपजी, जाति व कुल प्रकाशित करके जो भिक्षादिककी उत्पत्ति करता है उसको आजीवकुशील कहते हैं.

किसीके द्वारा उपद्रव होनेपर दुसरोंको जो शरण जाता है. अथवा अनाथशालामें प्रवेश कर अपनी चिकित्साको करवाता है उसको आजीवकुशील कहते हैं.

विद्या मंत्रादिकोंके द्वारा परद्रव्यापहरण करके दंभ प्रदर्शन करनेवाला उसको ककुशील कहते हैं.

इंद्रजालादिकोंके द्वारा जो जनोंको आश्चर्यचकित करता है वह कुहनाकुशील है.

वृक्ष, छोटे छोटे पेड वगैरहोंको पुष्प और फलोंकी उत्पत्ति का उपाय बतलाता है. गर्भस्थापनादिक कार्य जो करते हैं उसको सम्मूर्छनाकुशील कहते है.

त्रस जातिके कीटादिक, वृक्ष, छोटे पेड इनके पुष्प फलादिकोंका जो नाश करते हैं, गर्भका जो नाश करते हैं. जो शाप देते हैं उनको प्रपातनकुशील कहते हैं.

इन सब कुशीलोंका आचार्यने 'काओतिक भूति कम्मे' इस गाथामें नाम निर्देश किया हैं. गाथामें आदि शब्द आया है इससे और भी कुशीलोके भेद होते हैं. उनका स्वरूप इस प्रकार–जो क्षेत्र–जमीन, सुवर्ण, चतुष्पदप्राणी इन परिग्रहोंका स्वीकार करते हैं. हरित, कंद, और कच्चे फल भक्षण करते हैं; कृत, कारित, और अनुमत ऐसी वसतिका, आहार उपाधि–इनका सेवन करते हैं; स्त्रियोंकी कथाओंमें प्रेम रखते हैं मैथुन सेवामें तत्पर होते हैं;

अविवेकी होते हैं, आस्रवके अधिकरणों में हमेशा उद्युक्त रहते हैं इनको भी कुशील कहते हैं. जो धृष्ट, निर्लज्ज, प्रमत्त, और विकारयुक्त वेष धारण करते हैं. उनको भी कुशील कहते हैं.

संसक्त मुनिका वर्णन—

ऐसे मुनि चारित्रप्रिय मुनिके सहवासमें जब रहते हैं तब चारित्रप्रिय ये भी बन जाते हैं. जिनको चारित्रप्रिय नहीं है ऐसे मुनिके सहवासमें रहनेपर जो चरित्रको अप्रिय मानने लगते हैं. नटके समान इनका आचरण रहता है. ये संसक्त मुनि पंचेंद्रियों के विषयों में आसक्त होते हैं. तीन प्रकारके गौरवोंमें-ऋद्धिगौरव, रसगौरव और सातगौरव इनमें आसक्त होते हैं. स्त्री के विषयमें इनके परिणाम संक्लेश युक्त होते हैं. गृहस्थोंपर इनका अतिशय प्रेम रहता है. अवसन्न मुनिसंसर्गसे ये अवसन्न बनते हैं. पार्श्वस्थके संसर्गसे पार्श्वस्थ हो जाते हैं. कुशीलके संसर्ग से कुशील और स्वच्छंदके संयोग होनेपर वैसे बनते हैं. अर्थात् नटवत् इनका आचरण हैं.

यथाछंद मुनिका वर्णन– जो मुनि आगमके विरुद्ध आगमने न कहा हुआ और स्वेच्छाकल्पित पदार्थोंका स्वरूप कहते हैं उनको यथाछंद मुनि कहते हैं.

वर्षाकालमें जो पानी गिरता है उसको धारण करना यह असंयम है. वस्तरा और कैंचीसे केश निकालना ही योग्य है. केशलोच करनेसे आत्मविराधना होती है. सचित्ततृणपुंजपर बैठनेसे भी भूमिशय्या मूलगुण पाला जाता हैं. तृणपर बैठनेसे भी जीवोंको बाधा नही होती है. उद्देशादिक दोषसाहित भोजन करना दोषास्पद नहीं हैं. आहारके लिये सब ग्राममें घूमनेसे अनेक जीवोंका घात होता हैं. घरमें हि भोजन करना आच्छा है. अर्थात् वसतिकामें ही भोजन करना अच्छा है. हाथमें आहार लेकर भोजन करनेसे जीवोंको बाधा पोहोंचती है. ऐसा वे उत्सूत्र कहते हैं. इस कालमें यथोक्त आचरण करनेवाले मुनि कोई नहीं हैं ऐसा कथन करना इत्यादि प्रकारसे विरुद्ध भाषण करनेवाले मुनियोंके यथाछंद अर्थात् स्वछंदी मुनि कहते हैं.

अविसुद्धभावदोसा कसायवसगा य मंदसंवेगा ॥
अच्चासादणसीला मायाबहुला णिदाणकदा ॥ १९५१ ॥

अशुद्धमनसो वश्याः कषायेन्द्रियविद्विषाम् ॥
पूज्यात्यासादनाशीला नीचा मायानिदानिनः ॥ २०३० ॥

विजयोदया—अविसुद्धभावदोसा भावाः सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रपरिणामाः, तेषां दोषाः शंकादयः ते अविशुद्धा अनिराकृता यैस्ते अविशुद्धभावदोषाः । कसायवसिगा कषायवशवर्तिनः । मंदसंवेगाः । अच्चासादणसीला गुणानां गुणिनां चापमानकारिणः । प्रचुरमायानिदानं गताः ॥

कुतस्ते मृत्युकाले सन्मार्गात्प्रच्यवंते इत्यत्र गाथाषट्कमाह—

मूलारा—अविसुद्धभावदोसा अनिराकृतरत्नत्रयातिचाराः । अच्चासादणसीला गुणानां गुणिनां चापमानकारिणः ।

अर्थ—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्रको आचार्य भाव कहते हैं. इनके शंकादिक दोष हैं. इन दोषोंको न हटानेसे सम्यग्दर्शनादिक निर्मल नहीं होते हैं. अर्थात् अवसन्नादिक मुनिओंका रत्नत्रय निर्दोष नहीं रहता है. वे कषायके वश हो जाते हैं. उनमें धर्मका मंद पाया जाता है. वे गुणोंका और गुणिजनोंका अपमान करते हैं. उनमें माया और निदान ये दो शल्य प्रचुर पाये जाते हैं.

सुहसादा किमज्झा गुणसायी पावसुत्तपडिसेवी ॥
विसयासापडिबद्धा गारवगरुया पमाइल्ला ॥ १९५२ ॥

धर्मकार्यपराधीनाः पापसूत्रपरायणाः ॥
संघकृत्ये ममानेन किं कृत्यमिति वादिनः ॥ २०३१ ॥
सर्वत्रनातिचारस्थाः सुखास्वादनलालसाः ॥
अनाराधितचारित्राः परचिंताकुलोज्झिताः ॥ २०३२ ॥

विजयोदया—सुहसादा सुखास्वादनपराः । किमज्झा किं मह्यं केनचिदिति सर्वेषु संयकार्येष्वनादृताः । गुणसायी गुणेषु सम्यग्दर्शनादिषु शेरते इव निरुत्साहाः । पावसुत्तपडिसेवी आत्मनः परेषां वा अशुभपरिणामस्य मिथ्यात्वासंयमकषायाणां प्रवर्तकं शास्त्रं पापसूत्रं निमित्तं, वैद्यकं, कौटिल्यं, स्त्रीपुरुषलक्षणं, धातुवादः, काव्यनाटकानि, चौरशास्त्रं शस्त्रलक्षणं प्रहरणविद्याचित्रकलामांधर्वगंधर्वयुक्त्यादिकं एतस्मिन् पापसूत्रे कृतादराभ्यासाः, विसयासापडिबद्धा अभिमतविषयपरिप्राप्त्यर्थो या आशा तस्यां प्रतिबद्धाः, तिगारवगुरुका गारवत्रयैर्गुरवः । पमाइल्ला विकथादिपंचदश प्रमादसहिताः ॥

मूलारा–सुहसादा सुखास्वादनपराः । किमज्झा किं मम केनचिदिति सर्वेषु संघकार्येष्वनादृताः । गुणसायी गुणेषु सम्यग्दर्शनादिषु शेरत इव । सम्यक्त्वादिनिरुत्साहा इत्यर्थः । पावसुत्तपडिसेवी स्वपरयोर्मिथ्यात्वादिनिवेदकनिमित्त कौटिल्यस्त्रीपुरुषलक्षणं, धातुवादकाव्यनाटकचौर्यशस्त्रचित्रगीतनृत्यवाद्यगंधयुक्त्यादिशास्त्रेषु कृतादराभ्यासाः । पमादिल्ला विकथादिप्रमादवन्तः ॥

अर्थ––इन मुनिओंका स्वभाव सुखिया बनता है इसलिये मेरा किसीसे कुछ भी संबंध नहीं है ऐसी कल्पना करके संघके कार्योंसे वे उदासीन रहते हैं. सम्यग्दर्शनादि गुणोंमें वे निरुत्साह रहते हैं अर्थात् इनकी वृद्धि करनेकी उनको इच्छा नहीं होती. अपने अथवा अन्यजनोंके अशुभ परिणाम बनानेवाले अर्थात् जो मिथ्यात्व, असंयम, कषायरूप परिणामोंकी उत्पत्ति करते हैं ऐसे शास्त्रोंका पाप कहते हैं. जैसे निमित्त, वैद्यक, कौटिल्य (चाणक्यका अर्थशास्त्र) स्त्रीपुरुषलक्षण, अर्थात् सामुद्रिक, धातुवाद, काव्य, नाटक चौरशास्त्र, शस्त्रलक्षण, शास्त्रविद्या, चित्रकला. गांधर्व, गंधयुक्त्यादिक इन शास्त्रों को पापसूत्र कहते हैं. ये पार्श्वस्थादि मुनि इन शास्त्रोंका आदरसे अभ्यास करते हैं. इष्ट विषयकी प्राप्ति करानेवाली जो आशा है उससे ये बंध गये हैं. तीन गारवसे ये सदा युक्त रहते हैं. विकथादिक पंदरह प्रमादोंसे ये पूर्ण रहते हैं.

समिदीसु य गुत्तीसु य अभाविदा सीलसंजमगुणेसु ॥
परतत्तीसु पसत्ता अणाहिदा भावसुद्धीए ॥ १९५३ ॥

विजयोदया––समिदीसु य समितिषु गुप्तिषु च संयमगुणेषु भावनारहिताः परव्यापारेषु प्रवृत्ता भावशुद्धावनादृताः ॥

मूलारा–परतत्तीसु परव्यापारचिंतासु अणाहिदा अनादृता अस्थिरा वा ।

अर्थ––समिति, गुप्ति, इनकी भावनाओंसे–अभ्याससे ये दूर रहते हैं. संयमके भेद जो उत्तरगुण शील वगैरह इनसे ये दूर रहते हैं. दूसरोंके कार्योंकी चिंतामें लगे रहते हैं. और आत्मकल्याणके कार्योंसे कोसों दूर रहते हैं. इसलिए इनके रत्नत्रयमें निर्मलता नहीं रहती है.

गंथाणियत्ततण्हा बहुमोहा सबलसेवणासेवी ॥
सद्दरसरूवगंधे फासेसु य मुच्छिदा घडिदा ॥ १९५४ ॥

इहलोककियोद्युक्ताः परलोककियालसाः ॥
मोहिनः शबलाः क्षुद्राः संक्लिष्टा दीनवृत्तयः ॥ २०३३ ॥

विजयोदया—गंथाणियत्ततण्हा अनृतपरिग्रहतृष्णा, बहुमोहा, अज्ञानबहुलाः, शबलसेवनापराः, शब्दादिषु विषयेषु मूर्छिताः, आत्मवघटिताः॥

मूलारा—गंथाणियत्ततण्हा अनिवृत्तपरिग्रहस्पृहाः । बहुमोहा अज्ञानबहुलाः । सबलसेवणासेवी गृहस्थारंभसेविनः । मुच्छिदा गृद्धिं गताः । घडिदा संबद्धाः ॥

अर्थ—परिग्रहमें इनकी अभिलाषा तृप्त होती नहीं बढती ही रहती है. ये आज्ञानसे घिरे रहते हैं. अर्थात् आत्मस्वरूप का ज्ञान इन को नहीं होता है. गृहस्थोंके आरंभादि कार्य ये करते रहते हैं. शब्द, रस, गंध, रूप, स्पर्श इन विषयोंमें वे अत्यासक्त होते हैं.

परलोगणिप्पिवासा इहलोगे चेव जे सुपडिबद्धा ॥
सज्झायादीसु य जे अणुट्ठिदा संकिलिट्ठमदी ॥ १९५५ ॥

विजयोदया—परलोयणिप्पिवासा परलोकनिस्पृहाः, ऐहिकेष्वेव कार्येषु प्रतिबद्धाः, स्वाध्यायादिष्वनुद्यताः, संक्लिष्टमतयः ॥

मूलारा—णिप्पिवासा निस्पृहाः । अणुट्ठिदा अनुद्यताः ॥

अर्थ—ये परलोकके विषयमें निस्पृह होते हैं. परंतु ऐहिक कार्यों में ही इनका मन तत्पर रहता है. स्वाध्याय, आलोचनादिक कार्योंमें इनका मन लगता नहीं है. इनके बुद्धीमें संक्लेश परिणाम रहते हैं.

सव्वेसु य मूलुत्तरगुणेसु तह ते सदा अइचरंता ॥
ण लहंति खवोवसमं चरित्तमोहस्स कम्मस्स ॥ १९५६ ॥

विजयोदया—मूलोत्तरगुणेषु सदा सातिचारा न लभंते चारित्रमोहस्य क्षयोपशमं ॥

मूलारा—ते निष्प्रावसन्नादयः समाधिमरणोद्यताः । अदिचरंता अन्तर्मूल्या बहिर्वृत्त्या वा भंजंतः । अन्ये विचरंता इति पठित्वा सर्वस्मिन्मूलोत्तरगुणेऽप्रवर्तमाना इत्यर्थमाहुः ॥ णेत्यादि असंवता एव ते भवन्तीत्यर्थः ॥

अर्थ—मूलगुण और उत्तरगुणोंमें हमेशा अतिचार युक्त ही रहते हैं. अर्थात् इन गुणोंमें इनको हमेशा अतिचार लगते हैं. उनको चारित्र मोहनीय कर्मका क्षयोपशम नहीं रहता है. अर्थात् वे असंयत ही होते हैं.

एवं मूढमदीया अवंतदोसा करेंति जे कालं ॥
ते देवदुब्भगत्तं मायामोसेण पावंति ॥ १९५७ ॥
आलोचनामनाधाय ये म्रियंते कुबुद्धयः ॥
त्रिदिवे निंदिताचारा दुर्भगाः संति ते सुराः ॥ २०३४ ॥

विजयोदया—एवं मूढमदीया एवं मूढबुद्धयो अनपास्तदोषा ये कालं कुर्वंति ते देवदुर्भगतां प्राप्नुवंति मायया ॥

तदत्यंतरं प्राप्यं दर्शयन्ति—

मूलारा—अवंतदोसा अनिराकृतातिचाराः । देवाश्च ते दुर्भगाश्च देवदुर्भगास्तद्भावं । उक्तं च—

आलोचनामनाधाय ये म्रियंते कुबुद्धयः ॥ त्रिदिवे निंदिताचारा दुर्भगाः सन्ति ते सुराः ॥

अर्थ—इस प्रकार मूढमति ये अवसन्नादिक मुनि अपने दोषों को नहीं हटाते हुए अपना सर्व आयुष्य योंही व्यतीत करते हैं, जिससे मायाचारी इन मुनिओंको देव दुर्गतिकी प्राप्ति होती है.

किंमज्झ णिरुच्छाहा हवंति जे सव्वसंघकज्जेसु ॥
ते देवसमिदिबज्झा कप्पंते हुंति सुरमेच्छा ॥ १९५८ ॥
संघकृत्ये निरुत्साहाः किमेनन ममेति ये ॥
ते भवन्ति सुरा म्लेच्छा वाहनादिविधौकसां ॥ २०३५ ॥

विजयोदया—किं मज्झणिरुच्छाहा किं मध्यमिति ये सर्वसंघकार्येष्वनादृतास्ते देवसमितिबाह्याः कल्पानामंते सुरम्लेच्छा भवंति ॥

संघकार्यानादृतानां देवदुर्गतिमाह—

मूलारा—किं मज्झ णिरुच्छाहा किं मध्यमेत्यनादृताः ॥ समिदि सभायां । कप्पंते सौधर्मादिकल्पानां प्रत्यंते । सुरम्लेच्छा देवम्लेच्छाः कर्मचांडाला इत्यर्थः ॥

अर्थ—जो संघके कार्योंका अनादर करते हैं ऐसे मुनि सौधर्मादिक स्वर्गके अंतमें सुरम्लेच्छ अर्थात् चांडालके समान देव होते हैं.

कंदप्पभावणाए देवा कंदप्पिया मदा होंति ॥
खिब्भिसयभावणाए कालगदा होंति खिब्भिसया ॥ १९५९ ॥
अभिजोगभावणाए कालगदा आभिजोगिया हुंति ॥
तह आसुरीए जुत्ता हवंति देवा असुरकाया ॥ १९६० ॥
सम्मोहणाए कालं करित्तु दो दुंदुगा सुरा हुंति ॥
अण्णंपि देवदुग्गइ उवयंति विराधया मरणे ॥ १९६१ ॥
कंदर्पभावनाशीलाः कंदर्पाः संति नाकिनः ॥
निंद्याः किल्बिषिकाः संति मृताः किल्बिषभावनाः ॥ २०३६ ॥
अभियोग्यक्रियासक्ता आभियोग्याःसुरा मृताः ॥
आसुरीभावनाः कृत्वा मृत्वा सन्त्यसुराः पुनः ॥ २०३७ ॥
संमोहभावनोद्युक्ताःसंमोहास्त्रिदशा मृताः ॥
विराधकैःपराप्येवं प्राप्यते देवदुर्गतिः ॥ २०३८ ॥

विजयोदया—स्पष्टार्थमुत्तरगाथात्रयं ॥

कन्दर्पादिभावनामृतानां तथाविधदेवभूयमभिधत्ते—

मूलारा—मदा मृताः ॥

मूलारा—असुरकाया असुराः ॥

मूलारा—कंदिसु कृत्वा । भाद्रपदमासकुक्कुराणामनुहरमाणाः । कामातुरतया शुनीनामिव देवीनां अतिनिन्द्य पुरोलुठनादिचेष्टाकारिण इत्यर्थः ॥ अण्णं च अपरमपि । उववज्जंति प्राप्नुवंति ॥

अर्थ—कंदर्प भावनाके वश होकर ये मुनि कंदर्प जाति के देव होते हैं. किल्बिषभावनाके वश होनेसे मरणोत्तर किल्बिष देवपर्यायकी प्राप्ति इनको होती हैं. आभियोग्य भावनासे जो मुनि मरण करते हैं वे स्वर्गमें आभियोग्य देव अर्थात् वाहनदेव होते हैं. आसुरीभावनासे प्राणत्याग करनेवाले मुनि असुर देव होते हैं. सम्मोह भावनाके वश होकर मरण करनेवाले मुनि स्वर्गमें सम्मोह नामक देव होते हैं. कामविकारके बाहुल्यसे ये देव देवीके साथ हमेशा कामसेवन करते हैं. मरणकालमें जो आराधनाकी विराधना करते हैं ऐसे मुनि अन्यभी देवदुर्गती में जन्ममें लेते हैं.

इय जे विराधयित्ता मरणे असमाधिणा मरेज्जण्ह ॥
तं तेसिं बालमरणं होइ फलं तस्स पुव्वुत्तं ॥ १९६२ ॥

इत्थं विराध्य ये जीवा म्रियंते-संयमादिकम् ॥
तेषां बालमृतिस्तस्याःफलं पूर्वत्र वर्णितम् ॥ २०३९ ॥

विजयोदया—इय जे विराधयित्ता एवं ये रत्नत्रयं विनाश्य मरणकाले असमाधिना मृतिमुपयांति तेषां बालमरणं भवति । तस्य बालमरणस्य फलं पूर्वमुक्तमेव ॥

रत्नत्रयं विराध्य मृतानां कतमन्मरणं स्यादित्यत्राह—

मूलारा—मरेज्जण्ह म्रियेरन् ॥ तं असमाधिमरणं ॥

अर्थ—जो इस प्रकार रत्नत्रयका नाश कर मरणको प्राप्त होते हैं. अर्थात् असमाधिसे मरण करते हैं. उनका यह मरण बालमरण है ऐसा आचार्य कहते हैं. बालमरणके फलका वर्णन पूर्वमें आ चुका है.

जे सम्मत्तं खवया विराधयित्ता पुणो मरेज्जण्ह ॥
ते भवणवासिजोदिसभोमेज्जा वा सुरा होंति ॥ १९६३ ॥

विराध्य ये विपद्यंते सम्यक्त्वं नष्टबुद्धयः ।
ज्योतिर्भावनभौमेषु ते जायन्ते विनेजसः ॥ २०४० ॥

विजयोदया—जे सम्मत्तं खवगा ये क्षपकाः सम्यक्त्वं विनाश्य म्रियंते भवनवासिनो ज्योतिष्का व्यंतरा वा भवंति ॥

सम्यक्त्वविराधनामरणफलमाह—

मूलारा—भोमेज्जा व्यंतराः ।

अर्थ—जो क्षपक सम्यक्त्वका नाश कर कर मरण को प्राप्त होते हैं उनकी भवनवासि, व्यंतर अथवा ज्योतिष्क देवों में उत्पत्ति होती है.

दंसणणाणविहूणा तदो चुदा दुक्खवेदणुम्मीए ॥
संसारमण्डलगदा भमंति भवसागरे मूढा ॥ १९६४ ॥

दर्शनज्ञानहीनास्ते प्रच्युता देवलोकतः ॥
संसारसागरे घोरे बंभ्रमन्ति निरन्तरम् । २०४१ ॥

विजयोदया—दंसणणाणविहीणा सम्यग्दर्शनज्ञानहीनास्ततः स्वर्गाच्च्युता दुःखवेदनोर्मिके भवसागरे मूढा भ्रमंति, मंडलं गताः ॥

विराधनाधिगतदेवभावभंशोदर्कदुर्जन्मपरंपरां ब्रवीति—

मूलारा—तदो चुदा तत्तद्देवभावभ्रष्टाः । दुक्खवेदणुम्मीए क्लेशानुभूतिवीचिके । मंडल आवर्ते ॥

अर्थ—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान इन गुणों से रहित देव आयुष्य समाप्त होने पर स्वर्गसे भ्रष्ट होकर दुःखानुभवरूप तरंगमें से भरे हुए संसारसमुद्रमें अज्ञानसे अचेत होकर भ्रमण करते हैं.

जो मिच्छत्तं गंतूण किण्हलेस्सादिपरिणदो मरदि ॥
तल्लेस्सो सो जायइ जल्लेस्सो कुणदि सो कालं ॥ १९६५ ॥

ये मृता मुक्तसम्यक्त्वाः कृष्णलेश्यादिभाविताः ॥
तथालेश्या भवाम्भोधौ ते भ्रमन्ति दुरुत्तरे ॥ २०४२ ॥
निवेशयंती भुवनाधिपत्ये मनीषितं कामदुघेव धेनुः ॥
आराधिता किं न ददाति पुंसामाराधना सिद्धिवधूवयस्या ॥ २०४३ ॥

इति फलम् ॥

विजयोदया—जो मिच्छत्तं गंतूण यः कृष्णलेश्यादिपरिणतो मिथ्यात्वं गत्वा म्रियते तल्लेश्यो जायते, परत्र च यल्लेश्यः कालं कृतवान् । फलत्ति ॥

मिथ्यात्वपरिणतस्य मरणप्राप्यदुर्लेश्यापरिणामानां संसरणानुबंधमभिधत्ते—

मूलारा—जायदि परत्र उत्पद्यते । उक्तं च—

ये मृता मुक्तसम्यक्त्वाःकृष्णलेश्यादिभाविताः ।
तथालेश्या भवाम्भोधौ ते भ्रमंति दुरुत्तरे ॥

फलं । सूत्रतः ३९ अंकतः ४५ ॥

अर्थ—जो मुनि कृष्ण लेश्या वगैरह लेश्याओंके वश होकर मिथ्यात्वी बन कर मरण करते हैं वे परलोकमें भी उसी लेश्या के धारक होते हैं. तात्पर्य जिस लेश्या से मरण होता है परलोकमें भी वही लेश्या उस जीवकी रहती है. इस प्रकार फल का वर्णन हुआ.

विजहणा निरूप्यते—

एवं कालगदस्स दु सरीरमंतोबहिज्ज बाहिं वा ॥
विज्जावच्चकरा तं सयं विकिंचंति जदणाए ॥ १९६६ ॥

एवं कालगतस्यास्य बहिरंतर्निवासिनः ।
त्यजंति यत्नतो गात्रं वैयावृत्त्यकराः स्वयम् ॥ २०४४ ॥

विजयोदया-एवं कालगतस्य एवं कालगतस्य शरीरमंतर्बहिर्वावस्थितं वैयावृत्यकराः स्वयमेवापनयंति यत्नेन ॥

अथ लोकांतरप्राप्तक्षपकशरीरस्य त्यजनविधिं गाथाचतुष्केणाचष्टे—

मूलारा—एवं यथोक्तसंन्यासविधिना । कालगदस्स मृतस्य क्षपकस्य । अंतो मध्ये नगरादेः स्थितस्य । बाहिं बहिः । तं निस्तरणांतसम्यक्त्वाद्याराधनाधिगतपरमपवित्रभावं । विकिंचंति अपनयंति । जदणाए यत्नेन वक्ष्यमाणेन ॥

अर्थ—जो क्षपक लोकांतर को प्राप्त हुआ है अर्थात् मर गया है तब वैयावृत्य करने वाले मुनि उसका शरीर जो कि नगरादिमें अथवा बाहर वसतिकोंमें पडा रहता है उसे आगे कहे हुए प्रयत्नसे ले जाते हैं. अभिप्राय यह है कि-पूर्वोक्त संन्यास विधीसे जो क्षपक सम्यक्त्वादिक चार आराधनाओंकी निस्तरण पर्यंत प्राप्तिकर पवित्र हुआ है वह नगरादिके बीचमें अथवा बाहर जब मरण करता है तब वैयावृत्य करने वाले मुनिगण उसके शवको बडे प्रयत्नसे स्वयमेव ले जाते हैं.

समणाणं ठिदिकप्पो वासावासे तहेव उडुबंधे ॥
पडिलिहिदव्वा णियमा णिसीहिया सव्वसाधूहिं ॥ १९६७ ॥
साधूनां स्थितिकल्पोऽयं वर्षासु ऋतुबंधयोः ॥
समस्तैःसाधुभिर्यत्नान्निरूप्या निषद्यका ॥ २१४५ ॥

विजयोदया—समणाणं ठिदिकप्पो श्रमणानां स्थितिकल्पो वर्षावासे ऋतुप्रारंभे च नियमेन सर्वैः साधुभिर्निषीधिका नियमेन प्रतिलेखनीया ॥

स्वदेहेऽपि निरीहाः मुमुक्षवः कृतस्तत्कलेवरत्यागाय स्वयं यतंते इत्यारेकायामुत्तरयति—

मूलारा—ठिदिकप्पो एष स्थितिकल्पोऽत एव वचनान्मासपर्युषणास्थितिकल्पद्वयान्तर्गतत्वेन भवति । वासावासे वर्षासु चतुर्मास्यामेकत्र वासे प्रतिपद्यमाने चातुर्मासिकयोगप्रारंभ इत्यर्थः । उडुबंधे ऋतुप्रारंभे । पडिलिहिदव्वा यदि विशेषः णिसीधिया आराधकशरीरस्थापनस्थानम् ॥ उक्तं च —

साधुनां स्थितिकल्पोऽयं चर्याकालानुबंधयोः ॥ समस्तैः साधुभिर्नित्यमाश्रयितुमिष्यते ॥

अन्ये तु वासे वासे इति पाठित्वा वर्षे वर्षे इत्यर्थं व्याचक्रुः । अपरे मासे मासे इति पाठं मत्वा एवशब्दं विकल्पार्थगीयुः । तथा चोक्तम्—

श्रवणानां स्थितिकल्पो मासे मासे तथर्तुबंधे वा ॥
प्रतिलेख्यैषा निवसंति निषद्यका सर्वसंयमिभिः ॥

यस्मान्निषद्यादर्शने कालनियमेन सूत्रे साधूनामवश्यकर्तव्यतयोपदिष्टं तस्मान्निषद्याविधानाय मुमुक्षुभिःस्वयं प्रयतितव्यमिति भावः ॥

अर्थ—चातुर्मासिक योगको प्रारंभकालमें तथा ऋतुप्रारंभमें जहां आराधकके शरीर का स्थापन किया है उस स्थानकी प्रति लेखना सर्व साधुओं को नियमसे करनी चाहिये. अर्थात् उस स्थानका दर्शन करना चाहिये, पीछीसे उसको स्वच्छ करना चाहिये. ऐसा यह मुनिओंका स्थित कल्प है.

तस्या लक्षणमाचष्टे—

एगंता सालोगा णादिविकिट्ठा ण चावि आसण्णा ॥
वित्थिण्णा विद्धत्ता णिसीहिया दूरमागाढा ॥ १९६८ ॥
निषद्या नातिदूरस्था विविक्ता प्रासुका घना ॥
कर्तव्यास्ति परागम्या बालवृद्धगणोचिता ॥ २०४६ ॥

विजयोदया—एगंता सालोगा एकांता पूर्वा प्रायेणाहरया नातिदूरा नात्यासन्ना विस्तीर्णा अविध्वस्ता दूरमवगाढा ॥

किं लक्षणेषा निषद्या स्यादित्यत्राह—

मूलारा—एगंता एकांतप्रदेशस्था । सालोगा सप्रकाशा । णादिविपट्ठा नातिदूरा नगराद्यपेक्षया । ण वादियासण्णा नात्यासन्ना वित्थिण्णा विपुला । विद्धत्ता प्रासुका । दूरमोगाढा अतिदृढा । उक्तं च—

निषद्या नातिदूरस्था विविक्ता प्रासुका घना ।
कर्तव्यास्ति परागम्या बालवृद्धगणोचिता ॥

अन्ये पठंति सालोगा इति पठित्वा एकांतपरैःप्रायेणादृश्या इत्यर्थं प्रतिपन्नाः । एकांतैरेकांतवादिभिः न सम्यक् सुखेनालोक्यते दृश्यते इति व्युत्पत्तेः ॥ तदुक्तम्—

नातिदूरा न चासन्ना विध्वस्ता प्रायशः परैः ॥ अदृश्या तु तथा दूरमवगाढा निषद्यका ॥

अपरे तु दूरमोगाढा इत्यस्य निषद्यास्थानस्तंभापेक्षया बहुधःप्रवेशेत्यर्थमाहुः । टिप्पनके तु दूरे दूरे प्रच्छन्नत्यर्थो व्याख्यायि ॥

निषीधिकाका लक्षण कहते हैं—

अर्थ—निषीधिका एकान्तप्रदेशमें अन्यजनो को दीख न पडेगी ऐसे प्रदेश में हो. प्रकाशसहित होनी चाहिये. वह नगरादिकों से अतिदूर न हो. न अति समीप भी हो. वह टूटी हुई, विध्वस्त की गई ऐसी न हो. वह विस्तीर्ण प्रासुक और दृढ होनी चाहिये.

अभिसुआ असुसिरा अघसा उज्जोवा बहुसमा य असिणिद्धा ॥
णिज्जंतुगा अहरिदा अविला य तहा अणाबाधा ॥ १९६९ ॥
जा अवरदक्खिणाए व दक्खिणाए व अध व अवराए ॥
वसधीदो वण्णिज्जदि णिसीधिया सा पसत्थत्ति ॥ १९७० ॥
वसतेर्नैर्ऋते भागे दक्षिणे पश्चिमेऽपि वा ॥
निषद्यका स्थिता या सा प्रशस्ता परिकीर्तिता ॥ २०४७ ॥

विजयोदया—जा अवरदक्खिणाए अपरदक्षिणाशायां, दक्षिणस्यां, अपरस्यां वा दिशि वसतितः निषीधिका प्रशस्ता ॥

तल्लक्षणशेषमाह—

मूलारा—अभिसुआ उद्देहकारहिता । असुसिरा अधःप्रवेशिच्छिद्ररहिता । अघसा पुष्पटिकारहिता । उज्जोआ सोद्योता । बहुसमा बहुसमाभूमिका । असिणिद्धा अनार्द्रा । अविला तिर्यग्विवररहिता । अणाबाधा बाधारहिता एतां श्रीविजयो नेच्छति ॥

मूलारा--अवरदक्खिणाए नैर्ऋत्यदिशि । अवराए पश्चिमदिशि । वसधीदो क्षपकवसतेः सकाशात् । वण्णिज्जदि प्रतिपाद्यते पूर्वाचार्यैः ॥

अर्थ--वह निषिधिका चीटिओंसे रहित, छिद्रोंसे रहित होनी चाहिये. घिसी हुई न होना चाहिये. प्रकाशसहित होवे. समान भूमिके स्थानपर होवे. निर्जन्तुक. बाधारहित होवे. वह गीली तथा इधर उधर हिलने वाली नहीं होवे. वह निषीधिका क्षपककी वसतिकासे नैऋत्य दिशामें, दक्षिण दिशामें अथवा पश्चिम दिशामें होनी चाहिये. ऐसी इन दिशाओंमें निषिधिका की रचना करना पूर्व आचार्यों ने प्रशस्त माना है.

सव्वसमाधी पढमाए दक्खिणाए दु भत्तगं सुलभं ॥
अवराए सुहविहारो होदि य उवधिस्स लाभो य ॥ १९७१ ॥

सर्वस्यापि समाधानं प्रथमायां तथान्यतः ॥
आहारःसुलभोऽन्यस्यां भवेत्सुखविहारिता ॥ २०४८ ॥

विजयोदया—सव्वसमाधी पढमाए सर्वेषां समाधिर्भवति पढमाए अपरदक्षिणदिग्वस्थितायां निषीधिकायां, दक्षिणदिग्वस्थितायामाहारः सुलभः पश्चिमायां सुखविहारः उपकरणलाभश्च ॥

पूर्वोक्तदिक्त्रयनिषद्याकरणे शुभफलविशेषान्प्रकाशयति—

मूलारा—सव्वसमाधी सर्वेषां संघांतर्वर्त्तिश्रमणादीनां समाधानं । भत्तगं अन्नपानं । सुहविहारो सुखप्रवर्तना । उवधिस्स पुस्तकाद्युपकरणस्य ॥

अर्थ--नैऋत्यदिशाकी निषिधिका सर्व संघके समाधिके लिये कारण हो जाती है. अर्थात् इस दिशाकी निषिधिका संघका हित करनेवाली होती है. दक्षिण दिशाकी निषीधिकासे आहार सुलभतासे संघको मिलता है. पश्चिमदिशामें निषिधिका होनेसे संघका सुखसे विहार होता रहेगा और उनको पुस्तकादिक उपकरणोंका लाभ होता रहेगा.

जदि तीसे वाघादो दट्ठव्वा पुव्वदक्खिणा होइ ॥
अवरुत्तरा य पुव्वा उदीचिपुव्वुत्तरा कमसो ॥ १९७२ ॥

तदभावेऽनलायां वायव्यायां हरेर्दिशि ॥
निषद्यकोत्तरस्यां वा मतेशानस्य वा दिशि ॥ २०४९ ॥

विजयोदया—यदि तासि बाधादो यदि ता निषीधिका न लभ्यंते, पूर्वदक्षिणनिषीधिका द्रष्टव्या, अपरोत्तरा वा पूर्वा वा उदीची वा पूर्वोत्तरा वा क्रमेण ॥

आग्नेयादिदिक्षु निषद्याविधाने यथोत्तरोत्कृष्टफलानि दर्शयन गाथाद्वयेन निषेधं व्यनक्ति—

मूलारा—तासि बाधादो प्रागुक्तनिषद्यानां प्रतिबंधः । अपरदक्षिणादिदिक्षु निषीधिकाः कर्तुं न लभ्यंते इत्यर्थः ॥ दृष्ट्वा निषद्याबंधाने वक्ष्यमाणयथोत्तरोत्कृष्टशुभफलप्रदतया निरूप्या भवन्ति । पुव्वदक्खिणा आग्नेयी दिक् । अवरुत्तरा वायवी दिक् । उदीचि उत्तरा । पुव्वुत्तरा ऐशानी दिक् ॥

अर्थ—यदि नैऋत्य, दक्षिण और पश्चिम दिशामें निषिधिका बनवाने में कुछ बाधा उपस्थित होती तो आग्नेय दिशामें, वायव्य दिशामें, ऐशान्य दिशामें व उत्तर दिशामें इन दिशाओंमें से जिस दिशामें सुभीता हो वहां बनवानी चाहिये.

एदासु फलं कमसो जाणेज्ज तुमंतुमा य कलहो य ॥
भेदो य गिलाणं पि य चरिमा पुण कड्ढदे अण्णं ॥ १९७३ ॥
क्रमेण फलमेतासु स्पर्द्धा रात्रिश्च जायते ॥
भेदश्चापि तथा व्याधिरन्यस्याप्यपकर्षणम् ॥ २०५० ॥

विजयोदया—एदासु एतासु निषीधिकासु । फलं कमसो विजानीयात् तुमंतुमा य पूर्वदक्षिणस्यां स्पर्द्धा,अपरोत्तरस्यां कलहः पूर्वस्यां भेदः उदीच्यां व्याधिः, पूर्वोत्तरस्यां अन्योन्येनापकृष्यते ॥

मूलारा—तुमंतुमा स्पर्द्धा अहमेवंभूतस्त्वमेवंभूतोऽन्ये वा ईदृग्भूता इत्यादिसंघर्षः । कलहो रात्रिः । भेदो संघस्य परस्परं द्विधाभावः । गिलाणं व्याधिः । चरिमा ईशानदिक् । कड्ढदे आकर्षति । पूर्वोत्तरदिग्निषद्याकरणैः परो मुनिर्म्रियते इत्यर्थः । एतेनेदमुपदिष्टं भवति । प्रागेव तथा क्षपकाय वसतिः कल्प्या यथा सन्निध्या नैऋत्यादिदिक्ष्वन्यतमस्यां कर्तुं शक्यते इति ॥

अर्थ—परंतु इन दिशाओंकी निषीधिकाओंका फल इस प्रकार क्रमसे समझ लेना चाहिये. पूर्व दक्षिण दिशामें स्पर्द्धा, अर्थात् मैं ऐसाहूं ऐसा तूंहै; दूसरे इस प्रकारके हैं ऐसी स्पर्द्धा, उत्पन्न होगी. पश्चिमोत्तरदिशामें कलह होगा, पूर्व दिशामें संघमें फूट पडेगी, उत्तर दिशामें व्याधि उत्पन्न होगी, ईशान्य दिशामें संघमें परस्पर खींचतानी होगी. पूर्वोत्तर दिशामें निषिधिका करनेसे प्रथमतः मुनिमरण होगा ऐसा इन दिशाओंका फल है.

जं वेलं कालगदो भिक्खू तं वेलमेव णीहरणं ॥
जग्गणबंधणछेदणविधी अवेलाए कादव्वा ॥ १९७४ ॥
यस्यां म्रियते काले त्यजनीयस्तस्यां सः ॥
अवेलायां विधातव्या छेदबंधनजागराः ॥ २०५१ ॥

विजयोदया—जं वेलं कालगदो भिक्खू तं वेलमेव णीहरणं यस्यां वेलायां मृतो भिक्षुः तस्यां वेलायामेवापनयने कर्तव्ये, अवेलायां मृतश्चेत् जागरणं बंधनं छेदनं वा कर्तव्यं ॥

निष्कासनं तद्योग्यवेलायां मृतस्य कार्यमन्यदा जागरणादिकमित्युपदिशति—

मूलारा—जं वेलं यस्यां वेलायां । तं वेलमेव तस्यां वेलायामेव । णीहरणं यथाकथंचित्तद्देहापनयनं यतिभिः कर्तव्यम् । अवेलाए अवेलायां मृतस्य ॥

अर्थ—जिस समय भिक्षुका मरण हुआ होगा उसी वेलामें उसका प्रेत ले जाना चाहिये. यदि अवेलामें मर जानेपर जागरण, बंधन, अथवा छेदन करना चाहिये.

के जागरणं कुर्वंतीत्याह—

बाले बुड्ढे सीसे तवस्सिभीरूगिलाणए दुहिदे ॥
आयरिए य विकिंचिय धीरा जग्गंति जिदणिद्दा ॥ १९७५ ॥
भीरुशैक्षगणिग्लानबालवृद्धतपस्विनः ॥
अपाकृत्यापरधीरा जितनिद्राःप्रजाग्रति ॥ २०५२ ॥

विजयोदया—बाले बृद्धे बालवृद्धान्, शिक्षकान्, तपस्विनः, भीरून्, व्याधितान्, दुःखितानाचार्यांश्च अपाकृत्य धीरा जितनिद्रा जागरणं कुर्वंति ॥

भूतभिक्षुसमीपे जागरणादिकारणानि निर्दिशति—

मूलारा—गिलाणएं व्याधितान् । विकिंचिय मुक्त्वा—

अर्थ—बालमुनि, वृद्धमुनि, शिक्षकमुनि, तपस्वी मुनि, भययुक्त मुनि, रोगीमुनि, दुःखपीडित मुनि और आचार्य इनको वर्जकर धीर, निद्राको जिन्होंने जीता है ऐसे मुनिओंको जागरण करना चाहिये.

के बध्नंतीत्याचष्टे—

गीदत्था कदकज्जा महाबलपरक्कमा महासत्ता ॥
बंधंति य छिंदंति य करचरणंगुट्ठयपदेसे ॥ १९७६ ॥

कृतकृत्या गृहीतार्था महाबलपराक्रमाः ॥
हस्तांगुष्ठादिदेशेषु बंधं छेदं च कुर्वते ॥ २०५३ ॥

विजयोदया—गीदत्था गृहीतार्थाः कृतकरणा महाबलपराक्रमा महासत्त्वा बध्नंति छिंदंति च करचरणं अंगुष्ठप्रदेशं वा ॥

के कुत्र बंधच्छेदौ कुर्वन्तीत्यत्राह—

मूलारा—कदकरणा असकृत्कृतक्षपककृत्याः । करेत्यादि हस्तं, पादमंगुष्ठप्रदेशं वा ॥

अर्थ—जिन्होंने पदार्थका सत्य स्वरूप जाना है और क्षपकके कृत्य जिन्होंने अनेक बार किये हैं, जिनमें महाबल, पराक्रम और धैर्य हैं ऐसे मुनि क्षपकके हाथ और पाय तथा अंगुठा इनका कुछ भाग बांधते हैं अथवा छेदते हैं.

पंचमकरणे को दोष इत्याशंकायां दोषमाचष्टे—

जदि वा एस ण कीरेज्ज विधी तो तत्थ देवदा कोई ॥
आदाय तं कलेवरमुट्ठिज्ज रमिज्ज बाधेज्ज ॥ १९७७ ॥

विधीयते न यत्रेयं तदा काचन देवता ॥
कलेवरं तदादाय विधत्ते भीषणक्रियां ॥ २०५४ ॥

विजयोदया—यदि वा एतस्मिन् यत्रैष विधिर्न क्रियते कदाचिद्देवता क्रीडनशीला मृतकमादाय उत्तिष्ठेत् प्रधावेद्रमेत वा बाधयेद्वा तद्दर्शनात् बालादीनां चित्तसंक्षोभः पलायनं मरणं वा भवेत् ॥

उक्तविध्यविधाने दोषमाह—

मूलारा—वा अहो । ण कीरेज्ज न क्रियेत । तत्थ तस्मिन् स्थाने । देवदा कोई क्रीडनशीलो भूतः पिशाचो वा । तद्दुत्थानादिदर्शनाच्च बालादीनां चित्तसंक्षोभः, पलायनं मरणं वा भवेत् ।

अर्थ—यदि यह विधि न की जावेगी तो उस मृतकशरीरमें क्रीडा करनेका स्वभाववाला कोई भूत अथवा पिशाच प्रवेश करेगा. उस प्रेतको लेकर वह उठेगा, भागेगा. क्रीडा करेगा. इस कार्यको देखकर बालमुनि, भीरु-मुनि इनके मनमें क्षोभ उत्पन्न होकर ये भागेंगे अथवा मरण होगा इस लिये हाथपाय व अंगुठा बांधना चाहिये अथवा उनके कुछ प्रदेशोंका छेदन करना चाहिये.

उयसयपडिदावण्णं उवसंगहिदं तु तत्थ उवकरणं ॥
सागारियं च दुविहं पडिहारियमपडिहारिं वा ॥ १९७८ ॥
जदि विक्खादा भत्तपइण्णा अज्जाव होज्ज कालगदो ॥
देउलसागारित्ति व सिवियाकरणं पि तो होज्ज ॥ १९७९ ॥
यस्योपकरणं किंचित्कृत्वा यांचां यदाहृतम् ॥
कृत्वा संबोधनं सर्वं तत्तस्यार्प्यं विधानतः ॥ २०५५ ॥
प्रसिद्धो यदि संन्यासे स्थानरक्षार्थिका यदि ॥
विपन्ना विधिना कार्या तदानीं शिविकोत्तमा ॥ २०५६ ॥

विजयोदया—अज्ज विक्खादा भत्तपइण्णा यदि सर्वजनप्रकटा संलेखना आर्यिका वा भवेत् कालगतास्थानरक्षका गृहस्था वा तत्र शिबिका कर्तव्या ॥

क्षपकोपचारार्थं उपकरणप्रकारान्प्रतिनिर्दिशति—

मूलारा—उवसयपडियाचरणं वसतिकाप्रतिबद्धं । तत्थ क्षपकनिमित्तं । सागारियं गृहस्थसंबंधि । पडिहारियं अत्यजनीयं । अप्पडिहारिं त्यजनीयं एतां श्रीविजयो नेच्छति ।

एवं यथोक्तसन्यासविधिमूतस्य संयतजनविदेयं यथाकथंचिद्दापनयनं विधाय सांप्रतं प्रसिद्धसन्यासविधीनां आर्यिकादीनां तद्विधिमभिधत्ते—

मूलारा—अज्जा अविशेषोक्तावपि स्थानरक्षार्यिका मान्या । साहुधर्मात् ॥ तथा चोक्तम्—

प्रसिद्धा यदि संन्यासे स्थानरक्षार्यिका यदि ॥ विपन्ना विधिना कार्या तदानीं शिबिकोत्तमा ॥

देउल मठपतिः । सागारित्ति । सागार इति । एवं प्रकारो गृहस्थः क्षुल्लको वा । तदुक्तम्—

भक्तत्यागः ख्यातो यद्यर्थी क्षुल्लकोऽथ सागारः ॥ कालगतौ देवकुली शिबिकाकरणं ततोयुक्तम् ॥

सर्वजनप्रकटभक्तप्रत्याख्यानेन मृतानां आर्यिकादीनां निष्काशनार्थं शिबिकायाः कुटीविशेषस्य निर्माणे अपि शब्दाद्विमानमपीति केचित् ॥

अर्थ—क्षपक की शुश्रूषा करने के लिये जिन उपकरणोंका संग्रह किया जाता था उनका वर्णन—वसतिका सम्बन्धी उपकरण, कुछ उपकरण गृहस्थोंसे लाये जाते थे जैसे औषध, जलपात्र, थाली वगैरह. कुछ उपकरण त्यागने योग्य रहते हैं. और कुछ उपकरण त्यागने योग्य नहीं होते हैं. जो त्याज्य नहीं है वे गृहस्थोंको वापिस दिये जाते हैं. कुछ कपडा वगैरह उपकरण त्याज्य रहता है. यदि सर्वजनोंको विदित ऐसी किसी आर्यिकाने अथवा क्षुल्लकने सल्लेखना धारण कर मरण किया होगा तो उत्तम पालखी अथवा विमानमें उसके शवको स्थापन कर ले जाना चाहिये. संन्यास स्थानका रक्षण करनेवाली आर्यिका, गृहस्थ, मठपति, क्षुल्लक इनका मरण होनेपर शिबिका अथवा विमानमें इनका शव आरोहण कर गृहस्थ ग्रामके बाहर ले जाते हैं.

तेण परं संठाविय संथारगदं च तत्थ बंधित्ता ॥
उद्देंतरक्खणट्ठं गामं तत्तो सिरं किच्चा ॥ ११८० ॥
संस्तरेण समं बद्ध्वा मृतकं सविधिना दृढम् ॥
विधायोत्थानरक्षार्थं ग्रामस्य विमुखं शिरः ॥ २०५७ ॥

विजयोदया—तेन परं संस्थाप्य तेन मृतकेन संस्तरबंधात्ततो मृतकबंधनं कृत्वा ग्रामाभिमुखं शिरः कृत्वा उत्थानरक्षणार्थं ॥

मृतकनिष्कासनविधानं गाथात्रयेणाह—

मूलारा—तेण परं शिबिकानिष्पादनानंतरं । संठाविय शिबिकायां शयेदय । बंधित्ता संस्तरेण समं बद्ध्वेत्यर्थः । उट्ठेंतरक्खणट्ठं उत्तिष्ठतो मृतकस्य निवारणार्थं अन्यथा शिरसि कृते कदाचित्तदुत्तिष्ठेदिति भावः । गामं तत्तो गामाभिमुखे ॥

अर्थ—शिबिकाकी रचना करनेके अनंतर बिछानेके साथ उस शवको बांधकर शिबिकामें उसको सुलाना चाहिये. ग्रामके सन्मुख उसका मस्तक करना चाहिये. ग्रामके सन्मुख ही मस्तक करनेका कारण यह है कि कदाचित् वह उठेगा तो उसका मुख ग्रामके तरफ नहीं होगा. और ग्रामके तरफ पैर करके शिबिकामें स्थापन करनेसे वह उठनेपर ग्राममें प्रवेश करेगा इसलिये ग्रामके तरफ सिर करनेका विधान लिखा है.

पुव्वाभोगिय मग्गेण आसु गच्छंति तं समादाय ॥
अट्ठिदमणियत्तंता य पिट्ठदो ते अणिब्भेता ॥ १९८१ ॥

क्षिप्रमादाय गच्छंति वीक्षितेनाध्वना पुरा ॥
निवर्तनमवस्थानं त्यक्त्वा पूर्वावलोकनम् ॥ २०५८ ॥

विजयोदया—पुव्वाभोगियमग्गेण पूर्वालोकितेन मार्गेण आशु गच्छंति तत्समादाय अस्थितं अनिवर्तमानाः पृष्ठत आलोकनं मुक्त्वा ॥

मूलारा—पूव्वाभोगिय प्राग्दृष्टः । अट्ठिदं अविश्रान्तं । अणियत्तंतो अव्यावर्तंतः पट्ठिदो पृष्ठतः । अणिब्भंतो अनालोकमानाः ।

उक्तं च—

संस्तरेण समं बद्ध्वा मृतकं विधिना दृढं ॥
विधायोत्थानरक्षार्थं ग्रामस्याभिमुखं शिरः ॥
क्षिप्रमादाय गच्छंति वीक्षितेनाध्वना पुरा ॥
निवर्तनमवस्थानं त्यक्त्वा पूर्वावलोकनम् ॥

अर्थ—पूर्वसे देखे हुए मार्गसे वह शव शीघ्र लेकर जाना चाहिये. रास्तेमें न खडे होना चाहिये न पीछे लोटकर देखना भी चाहिये.

कुसमुट्ठिं घेत्तूण य पुरदो एगेण होइ गंतव्वं ॥
अट्ठिदअणियत्तंतेण पिट्ठदो लोयणं मुच्चा ॥ १९८२ ॥

पुरो गन्तव्यमेकेन गृहीतकुशमुष्टिना ॥
पूर्वावलोकनस्थाननिवर्तनविवर्जिना ॥ २०५१ ॥

विजयोदया—कुसमुट्ठिं घेत्तूण कुशमुष्टिं गृहीत्वा पुरस्तादेकेन गंतव्यं, अस्थितं अनिवर्तमानेन अपृष्ठावलोकिना ।
मूलारा—कुसमुट्ठिं मुष्टिधृतदर्भान् । पुरदो अग्रे । मुच्चा त्यक्त्वा ॥

अर्थ— उस शवके आगे एक मनुष्य मुट्ठिमें कुशदर्भ लेकर जावे, वह पीछे न देखे न मार्गमें ठहरे.

तेण कुसमुट्ठिधाराए अव्वोच्छिण्णाए समणिपादाए ॥
संथारो कादव्वो सव्वत्थ समो सगिं तत्थ ॥ १९८३ ॥

कृत्यस्तत्र समस्तेन संस्तरः कुशधारया ॥
अच्छिन्नया सकृद्देशे वीक्षिते समपातया ॥ २०६० ॥

विजयोदया—तेण कुसमुट्ठिधाराए तेन पुरस्ताद्गतेन पूर्वनिरूपितनिषीधिकास्थाने कुशमुष्टिधारया अव्युच्छिन्नया समनिपातया सर्वत्र समः संस्तरः कार्यः ॥

कुशमुष्टिकृत्यमाह—

मूलारा—तेण पुरोगतेन । धाराए धारया निक्षेपेण । अव्वोच्छिण्णाए निरंतरया । समणिपादाए सदृशं पर्यंत्या । कादव्वो प्रस्तरितव्यः । सगिं एकवारेण । तत्थ पूर्वनिरूपितनिषीधिकास्थाने ॥

अर्थ—जिसने निषीधिका स्थान पूर्वमें देखा है वह मनुष्य वहां जाकर दर्भमुष्टिकी समान धारासे सर्वत्र सम ऐसा संस्तर करना चाहिये.

जत्थ ण होज्ज तणाइं चुण्णेहिं वि तत्थ केसरेहिं वा ॥
संथरिदव्वा लेहा सव्वत्थ समा अवोच्छिण्णा ॥ १९८४ ॥

स चूर्णैः केशरैर्वापि कुशाभावे विधीयते ॥
समानःसर्वतोऽच्छिन्नो धीमता विधिना सकृत् ॥ २०६१ ॥

विजयोदया—जत्थ ण होज्ज तणाइं यत्र न लभ्यंते कुशतृणानि तत्र चूर्णैर्वा केसरैर्वा संस्तरः कार्यः सर्व समोऽव्युच्छिन्नः ॥

कुशालाभे संस्तरितमाह—

मूलारा—तणाइं कुशाः । चुण्णेहिं प्रासुकतंदुलमसूरादिपिष्टैः । केसरेहिं प्रासुकपद्मादिकिंजल्कैः । लेहा रेखा । सव्वत्थ मस्तकांताद्प्रभृति पादांतं यावत् । समा हान्युत्कर्षरहिता ॥

अर्थ—यदि दर्भ तृण नहीं मिला तो प्रासुक तंडुल, मसूरकी दाल इत्यादिकोंके चूर्णसे, कमलकेशर अगैरहसे मस्तकसे लेकर पांवतक समान, नहीं तुटी हुई रेखाए लिखनी चाहिये.

असमत्वे दोषमाचष्टे—

जदि विसमो संथारो उवरिं मज्झे व होज्ज हेट्ठा वा ॥
मरणं व गिलाणं वा गणिवसभजदीण णायव्वं ॥ १९८५ ॥
आदौ मध्येवसाने च विषमो यदि जायते ॥
आचार्यो वृषभः साधुर्मृत्युं रोगमथाश्नुते ॥ २०६२ ॥

विजयोदया—जदि विसमो संथारो यदि विषमः संस्तर उपरिष्टात् मध्ये अधस्ताद्वा । उपरिविषमत्वे गणिनो मरणं व्याधिर्वा, मध्ये विषमश्चेत् वृषभस्य मरणं व्याधिर्वा, अधस्ताद्विषमत्वे यतीनां मरणं व्याधिर्वा ॥

संस्तरेऽपावैषम्ये दोषमाख्याति—

मूलारा—गिलाणं व्याधि. । गणिवसभजदीणं आचार्यैलाचार्यसामान्यमुनीनां । तत्र शिरोदेशे संस्तरवैषम्ये गणिनां मरणं व्याधिर्वा स्यात् । उदरदेशे तद्वैषम्ये एलाचार्यस्य मरणं व्याधिर्वा स्यात् । पादांते तद्वैषम्ये तदितरसाधूनां मरणं व्याधिर्वा स्यात् इति टीकाकारौ व्याचक्रतुः । उक्तं च—

आदौ मध्येऽवसाने च विषमो यदि जायते ॥
आचार्यो वृषभः साधुर्मृत्युं रोगमथाश्नुते ॥

टिप्पणके चैवममिप्रेतम् । उपरि वैषम्ये गणिनो मरणं । मध्यवैषम्ये एलाचार्यस्य व्याधिः । अधो वैषम्ये यतीनां व्याधिःस्यात् ॥

यदि असम रेखाए लिखी जाय तो दोष है इसका विवेचन--

अर्थ—ऊपर, मध्यमें अथवा नीचे रेखाओंमें यदि विषमता होगी तो वह अनिष्टसूचक है ऊपरकी रेखायें विषम होंगी तो गणीका-आचार्यका मरण अथवा व्याधि सूचित होता है. मध्यकी रेखा विषम होनेपर एलाचार्यमरण अथवा व्याधि सूचित होता है और नीचेकी रेखा विषम होनेपर सामान्य यतीका मरण अथवा व्यधिकी सूचना मिलती है.

जत्तो दिसाए गामो तत्तो सीसं करित्तु सोवधियं ॥
उट्ठेंतरक्खणट्ठं चोसरिदव्वं सरीरं तं ॥ १९८६ ॥

ग्रामस्याभिमुखं कृत्वा शिरस्त्याज्यं कलेवरम् ॥
उत्थानरक्षणं कर्तुं सकवचं शिरसेऽर्पणं ॥ १०६२ ॥

विजयोदया—जत्तो दिसाए गामो यस्यां दिशि ग्रामः ततः शिरः कृत्वा सपिंछकं शरीरं व्युत्सृष्टव्यं, उत्थानरक्षणार्थं ग्रामादिकमभिमुखतया शिरोरचना ॥

तच्छरीरशिरःस्थापनदिशं नियमयति—

मूलारा—जत्तो दिसाए यस्यां दिशि । सोवधियं सपिंछकं शिरःस्थापयित्वा । ग्रामवैमुख्येन शिरसि स्थापिते कदाचिन्मृतकमुत्तिष्ठेदपीत्यभिप्रायं शिरः क्रियते । उक्तं च—

तद्ग्रामस्य दिशं केन कृत्वा सोपधिकं शिरः ॥ तदुत्थाननिषेधाय व्युत्सृष्टव्यं कलेवरम् ॥

अन्ये तु दक्षिणहस्ते पिच्छं स्थाप्यते इत्याह । तथा चोक्तम्--

ग्रामपराङ्मुखवदनं संयमसाधनसमन्वितं कृत्वा ॥ उत्तिष्ठद्रक्षार्थं विसर्जनीयं वपुस्तस्य ॥

अर्थ—जिस दिशामें ग्राम होगा उस दिशामें मस्तक कर पिंछीके साथ उस शवको उस स्थान पर रखना चाहिये. ग्रामके सम्मुख मस्तक करनेका अभिप्राय पूर्वमें लिख चुके हैं.

उपकरणस्थापनायां तत्र गुणमाचष्टे—

जो वि विराधिय दंसणमंते कालं करित्तु होज्ज सुरो ॥
सो वि विबुज्झदि दट्ठूण सरीरं सोवधिं सज्जो ॥ १९८७ ॥

विजयोदया—जो वि विराधिय योऽपि दर्शनं विनाश्यांते कालगतस्सुरो भवेत् सोपि जानाति सोपकरणं स्वदेहं दृष्ट्वा प्रागहं संयत इति ॥

तत्र किमर्थं पिंछं स्थाप्यते इत्याह—

मूलारा—विबुज्झदि प्रागहं संयतोऽभूवं सम्यक्त्वविराधनानुगतमरणादीदृशीं गतिं प्राप्त इति बोधिं लभते। सज्जो सपिंछप्राक्तनस्वदेहदर्शनानंतरमेव ॥

' पिंछीकी स्थापना करनेका उद्देश बताते हैं—

अर्थ—जिसने सम्यग्दर्शनकी विराधनासे मरण कर देवपर्याय पाया है. वह भी पिंछीके साथ अपना देह देखकर मैं पूर्वभवमें मुनि था ऐसा जान सकेगा.

णत्ता भाए रिक्खे जदि कालगदो सिवं तु सव्वेसिं ॥
एको दु समे खेत्ते दिवड्ढखेत्ते मरंति दुवे ॥ १९८८ ॥
सदभिसभरणा अद्दा सादा असलेस्स जिट्ठ अवरवरा ॥
रोहिणिविसाहपुणव्वसु तिउत्तरा मज्झिमा सेस[1] ॥ १९८९ ॥
शांतिर्भवति सर्वेषामृक्षेऽल्पे क्षपके मृते ॥
मध्यमे मृत्युरेकस्य जायते महति द्वयोः ॥ २०६४ ॥

विजयोदया—णत्ता भागे रिक्खे अल्पनक्षत्रे यदि क्षपकः कालं गतः सर्वेभ्यः शिवं भवति, मध्यमनक्षत्रे यदि मृतः अन्येष्वेको मृतिमुपैति, महानक्षत्रे यदि मृतो द्वयोर्भवति मरणं ॥

जघन्यमध्यमोत्कृष्टनक्षत्रेषु क्षपकमरणे फलानि कथयति—

मूलारा—णत्ताभागे रिक्खे जघन्ये पंचदशमुहूर्तिके शतभिषग्भरण्यार्द्रास्वात्याश्लेषाज्येष्ठानां पण्णां मध्ये एकस्मिन्नक्षत्रे तदंशे वा क्षपके मृते सर्वेषां क्षेमं स्यात् ॥ समे खेत्ते मध्यमे त्रिंशन्मुहूर्तिके अश्विनीकृत्तिकामृगशिरःपुष्यमघा-

पूर्वाफाल्गुनीहस्तचित्रानुराधामूलपूर्वाषाढाश्रवणधनिष्ठापूर्वभाद्रपदारेवतीनां मध्ये एकस्मिन्नक्षत्रे तदंशे वा मृते एकोऽन्योऽपि मुनिर्म्रियते । दिवड्ढखेत्ते उत्कृष्टे पंचचत्वारिंशन्मुहूर्तिके उत्तरफल्गुन्युत्तराषाढोत्तरभाद्रापुनर्वसुरोहिणीविशाखानां मध्ये एकस्मिन्नक्षत्रे तदंशे वा क्षपके मृते द्वावन्यावपि मुनी म्रियेते ॥ उक्तं च—

शांतिर्भवति सर्वेषामृक्षेऽल्पे क्षपके मृते ॥ मध्यमे मृत्युरेकस्य जायते महति द्वयोः ॥

अर्थ—अल्प नक्षत्रमें यदि क्षपकका मरण होगा तो वह सबको सुखदायक होगा. मध्यनक्षत्रमें मरण होनेसे और एक मुनिका मरण होता है. महानक्षत्रपर मरण होनेसे दो मुनिओंका मरण होता है.

जो नक्षत्र पंधरा मुहूर्तके रहते हैं उनको जघन्यमुहूर्त कहते हैं. शतभिषक्, भरणी, आर्द्रा, स्वाति, आश्लेषा, इन छह नक्षत्रोंमेंसे किसी एक नक्षत्रपर अथवा उसके अंशपर यदि क्षपकका मरण होगा तो सर्व संघका क्षेम होता है. तीस मुहूर्तके नक्षत्रोंको मध्यम नक्षत्र कहते हैं. अश्विनी, कृत्तिका, मृगशीर, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, अनुराधा ,पूर्वा, पूर्वाषाढा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वभाद्रपदा, और रेवती इन पंधरा नक्षत्रोंपर अथवा उसके अंशोपर क्षपकका मरण होनेसे और एक मुनिका मरण होता है. उत्कृष्ट पंचेचालीस मुहूर्तके नक्षत्रोंको उत्कृष्ट नक्षत्र कहते हैं. उत्तर फाल्गुनी, उत्तराषाढा, उत्तरभाद्रपदा, पुनर्वसु, रोहिणी इन छह मुहूर्तमेंसे किसी मुहूर्तपर अथवा उसके अंशपर क्षपकका मरण होनेसे और दो मुनिओंका मरण होता है.

गणरक्खत्थं तह्मा तणमयपडिबिंबयं खु कादूण ॥
एक्कं तु मज्झे खेत्ते दिवड्ढखेत्ते दुवे देज्ज ॥ १९९० ॥
महन्मध्यमनक्षत्रे मृते शांतिर्विधीयते ॥
यत्नतो गणरक्षार्थं जिनार्चाकिरणादिभिः ॥ २०६५ ॥

विजयोदया—गणरक्खत्थं गणरक्षणार्थं तस्मात्तृणमयं प्रतिबिंबकं कृत्वा मध्यमनक्षत्रे एकं दद्यात् । उत्तमनक्षत्रे प्रतिबिंबद्वयं ॥

मध्यमोत्कृष्टनक्षत्रक्षपकमरणोत्पाते संघशांतिविधानाभिधानार्थं गाथात्रयमाह —

मूलारा—तह्मा एकद्विमरणाद्धेनोः । दुवे द्वे तृणमयप्रतिबिंबके । देज्ज दद्यात्संघशांत्यर्थी ।

अर्थ—गणके रक्षण हेतुसे मध्यमनक्षत्रमें तृणका एक प्रतिबिंब कर रखना चाहिये तथा उत्तम नक्षत्रपर दोन तृणके प्रतिबिंब करके अर्पण करना चाहिये.

प्रतिबिंबदानमाचष्टे—

तट्ठाणसावणं चिय तिक्खुत्तो ठविय मज्झपासम्मि ॥
विदियवियप्पिय भिक्खू कुज्जा तह तिट्ठिदव्विगाणं ॥ १९१९ ॥

विजयोदया—तट्ठाणसावणं मृतपार्श्वे तत्प्रतिबिंबं स्थाप्य त्रिकृत्वो घोषयेत्, तस्मिन्स्थाने द्वितीयोर्पित इति एकार्पणेऽयं क्रमः । द्वयोः प्रतिबिंबयोरर्पणे द्वितीयतृतीयौ दत्ताविति त्रिः आघोषयेत् ॥

प्रतिबिंबदानविधानमाह—तट्ठाणसावयं तत्स्थानश्रावकं कुर्यात् । मृतकपार्श्वे तत्प्रतिबिंबं संस्थाप्य तस्य स्थानेऽयं द्वितीयो मयार्पितः । स चिरं तिष्ठतु तपो वा करोत्विति त्रिरुच्चैर्घोषयेदित्यर्थः एष एकार्पणे क्रमः । उक्तंपि च— मयार्पितः । मृतकपार्श्वे एकं तत्प्रतिबिंबं स्थापयित्वा तस्यैकस्य स्थाने मया द्वितीयोऽयमर्पितः स चिरं तिष्ठतु तपो वा करोत्विति त्रीन्वारानुदीरयेदित्यर्थः । विदियतदियाणं द्वितीयतृतीययोस्तत्स्थानश्रावणं तथा कुर्यात् ॥ मृतकपार्श्वे द्वे तत्प्रतिबिंबे स्थापयित्वा तयोर्द्वयोःस्थाने द्वावियौ मयार्पितौ तौ चिरं तिष्ठतां तपो वा कुरुतां इति त्रिरुच्चैरुच्चारयेत् इत्यर्थः । उक्तं च—

संस्थाप्य मृतकपार्श्वे त्रिस्तत्स्थाने मयायमामुक्तः ॥ इत्यर्थ्यते द्वितीयो विधिरयमन्यत्र च ज्ञेयः ॥

प्रतिबिंबार्थं तृणालाभे प्रकारांतरेण शांतिकर्मोपदिशति—

उक्तं च— संस्थाप्य मृतकपार्श्वे त्रिस्तत्स्थाने मयायमामुक्तः ॥
इत्यर्थ्यते द्वितीयो विधिरयमन्यत्र च ज्ञेयः ॥

अर्थ—मृतकके पास प्रतिबिंब स्थापन कर उसे मुनीके स्थानमें मैंने यह यह दूसरा अर्पण किया है यह चिरकाल यहां रहे अथवा तप करे ऐसा जोरसे तीन वार उच्चारण करना चाहिये. एकका अर्पण करनेमें यह क्रम कहा है. मृतकके पास दोन तृणप्रतिबिंब स्थापन करके दोनोंके स्थानमें मैंने ये दो अर्पण किये हैं ये यहां चिरकाल रहे अथवा तप करे ऐसा जोरसे तीनवार बोलना चाहिये.

असदि तणे चुण्णेहिं च केसरछारिट्ठियादिचुण्णेहिं ॥
कादव्वोथ ककारो उवरिं हिट्ठा यकारो से ॥ १९९२ ॥

विजयोदया—असदि तणे प्रतिबिंबकरणार्थमसति तृणे चूर्णैः पुष्पकेसरैर्वा भस्मना इष्टकाचूर्णैर्वा उपरि ककारं लिखित्वा तस्याधस्थात् यकारं कुर्यात् काय इति लिखेदित्यर्थः ॥

प्रतिबिंबार्थं तृणालाभे प्रकारांतरेण शांतिकर्मोपदिशति —

मूलारा—केसर पुष्पकेसरैः । छार भस्मना । इट्टियादिचुण्णेहिं इष्टकापाषाणादिचूर्णैः । संघशान्त्यर्थिना । अत्थ अत्र क्षपके स्थापयितव्यमाणे पूर्वमप्रासुकधान्यचूर्णादिना क लिखित्वा तदुपरि क्षपकं स्थापयेत् इत्यर्थः । से तस्योपरि लिखितस्य ककारस्याधस्तकारो लिखितव्य इत्यर्थः । एतेन कैति व्यंजनद्वयं लेख्यमाम्नातम् । अर्हत्पूजादिना चात्र शान्तिरिष्यते । तदुक्तम्—

महन्मध्यमनक्षत्रमृते शांतिर्विधीयते । यस्मतो गणरक्षार्थं जिनार्चाकरणादिभिः ॥

अर्थ—प्रतिबिंब करनेके लिए यदि तृण नहीं होगा तो तंडुलचूर्ण, पुष्पके केसर, भस्म, अथवा ईटोंका चूर्ण इसमेंसे जो कुछ प्राप्त होगा उससे ऊपर ककार और उसके नीचे यकार लिखना चाहिये. अर्थात् 'काय' ऐसा शब्द लिखना चाहिये. संघ शांतिके लिये ऐसा कार्य करना चाहिये. (क्षपकको स्थापन करनेके पूर्वमें प्रासुक धान्य चूर्णादिकसे क लिखकर उसके ऊपर क्षपकको स्थापन करना चाहिये. क कारके नीचे यकार भी लिखना चाहिये. अर्हन्तकी पूजा वगैरहसे भी शांति करते हैं ऐसा मूलाराधनामें उल्लेख है)

उवगाहिदं उवकरणं हवेज्ज जं तत्थ पाडिहरियं तु ॥
पडिबोधित्ता सम्मं अप्पेदव्वं तयं तेसिं ॥ १९९३ ॥

विजयोदया—उवगाहिदं उपकरणं मृतकशयने यदुपगृहीतमुपकरणं वस्त्रकाष्ठादिकं गृहस्थयोग्यं कृत्वा तत्रोपकरणं यत्प्रतिनिर्वर्तनीयं वस्त्रादिकं तत्पाडिहारिकमित्युच्यते । तदर्पयितव्यं तेषां गृहस्थानां सम्यक्प्रतिबोध्यम् ॥

मृतकनयने यद्गृहस्थेभ्यो याचित्वानीतमुपकरणं तत्प्रत्यर्पणविधिमाह—

विजयोदया—छदुमत्थदाए छद्मस्थतया यदत्र प्रवचननिदर्शनबद्धं भवेत् तत्सुगृहीतार्थाः शोधयंतु प्रवचनवत्सलतया ॥

अधुना स्वस्य बालभावप्रकाशनेनैदंयुगीनश्रुतधरधुरीणानामनुग्रहेण स्वशास्त्रप्रामाण्यप्रतिष्ठार्थं सधर्मवत्सलतामुल्लासयति—

मूलारा—छदुमत्थदाए सावरणज्ञानतया । एत्थ एतस्मिन् आराधनाशास्त्रे । पवयणवच्छलत्ताए मयि सधर्मणि जिनसूत्रे वा नैसर्गिकानुरागपरवत्तया ॥

अर्थ—मैं (शिवकोटि आचार्य) छद्मस्थ होनेसे मेरे द्वारा जो प्रवचनका वर्णन किया गया है वह यदि विरुद्ध होगा तो जिन्होंने आगमके अर्थका सम्यक् निर्णय किया है वे साधर्मिक प्रेमसे उस अर्थका संशोधन करें.

आराधणा भगवदी एवं भत्तीए वण्णिदा संती ॥
संघस्स सिवज्जस्स य समाधिवरमुत्तमं देउ ॥ २१६८ ॥

आराधना भगवती कथिता खशक्त्या चिंतामणिर्वितरितुं सुधियंचितितानि ॥
अह्नाय जन्मजलधिं तरितुं तरण्डं भव्यात्मनां गुणवती ददतां समाधिं ॥२२३८॥
करोति वशवर्तिनीस्त्रिदशपूजिताः संपदो ॥
निवेशयति शाश्वते यतिमते पदे पावने ॥
अनेकभवसंचितं हरति कल्मषं जन्मिनाम् ॥
विदग्धसुखमंडनी सपदि सेविताराधना ॥ २२३९ ॥

विजयोदया—आराधणा भगवदी आराधना भगवती एवं भक्त्या कीर्तिता सर्व्वगुप्तगणिनः संघस्य शिवार्यस्य च विपुलां सकलजनप्रार्थनीयां अव्याबाधसुखां सिद्धिं प्रयच्छतु ॥

शास्त्रकृदेवं भक्त्या परमाराधनां व्यावर्ण्य स्वव्यावर्णनफलं प्रार्थयते—

मूलारा—समाहिवरं शुक्लध्यानं । उत्तमं व्युपरतक्रियानिवर्तिनामधेयमिति भद्रम् ॥

अर्थ—इस प्रकारसे भक्तिवश होकर वर्णन की गई यह भगवती पूज्य आराधना सर्व संघको और शिवकोटि आचार्यको सर्व जीव जिसकी अभिलाषा करते हैं, जो अव्याबाध सुख देती है ऐसी अनन्त मुक्तिको प्रदान करे.

असुरसुरमणुयकिण्णररविससिकिंपुरिसमहियवरचरणो ॥
दिसउ मम बोहिलाहं जिणवरवीरो तिहुवणिंदो ॥ २१६९ ॥

खमदमणियमधराणं धुदरयसुहदुक्खविप्पजुत्ताणं ॥
णाणुज्जोदियसल्लेहणम्मि सुणमो जिणवराणं ॥ २१७० ॥

अर्थ—असुर, सुर स्वर्गवासी देव, मनुष्य, किन्नर, सूर्य, चंद्र किंपुरुष इनके द्वारा जिनके चरण पूजे गये हैं, जो त्रैलोक्यके नाथ हैं ऐसे श्रीवीर जिनेश्वर मेरेको रत्नत्रयका लाभ करदे.

अर्थ—क्षमा, जितेन्द्रियता, और नियमोंको धारण करनेवाले, कर्ममलको नष्ट करनेवाले, शारीरिक और मानसिक सुखदुःखसे रहित, केवल ज्ञानसे जिन्होंने सल्लेखनाको प्रगट किया है ऐसे संपूर्ण जिनेश्वरोंको मैं नमस्कार करता हूं.

श्रीमदपराजितसूरेष्टीकाकृतः प्रशस्तिः

नमः सकलतत्त्वार्थप्रकाशनमहौजसे ॥
भव्यचक्रमहाचूडारत्नाय सुखदायिने ॥ १ ॥
श्रुतायाज्ञानतमसः प्रोद्यद्भांशवे तथा ॥
केवलज्ञानसाम्राज्यभाजे भव्यैकबंधवे ॥ २ ॥

चंद्रनंदिमहाकर्मप्रकृत्याचार्यप्रशिष्येण आरातीयसूरिचूडामणिना नागनंदिगणिपादपद्मोपसेवाजातमतिलेशेन बलदेवसूरिशिष्येण जिनशासनोद्धरणधीरेण लब्धयशःप्रसरेण अपराजितसूरिणा श्रीनागनंदिगणिनामचोदितेन रचिता आराधनाटीका श्रीविजयोदयानाम्ना समाप्ता ॥

॥ एवं भगवती आराधना समाप्ता ॥

टीकाकार श्रीअपराजितसूरीकी प्रशस्ति.

अर्थ—संपूर्ण जीवादि तत्त्वार्थोंको प्रगट करनेमें जो अतिशय समर्थ है जो भव्यसमुदायको महाचूडामणिके तुल्य है और जो सुखदायक है ऐसे श्रुतज्ञानको मैं नमस्कार करता हूं अर्थात् श्रुतकेवलीको मैं वंदन करता हूं.

अज्ञान रूपी अंधकार का नाश करनेमें जो ऊगे हुए सूर्यके समान हैं- जिन्होने केवलज्ञानरूपी साम्राज्यपद धारण किया हैं जो भव्योंके अद्वितीय मित्र हैं ऐसे जिन भगवानको मैं नमस्कार करता हूं.

श्री अपराजित सूरि, चंद्रनंदि और महाकर्मप्रकृत्याचार्य नामक मुनिराजोंके प्रशिष्य थे, आरातीय विद्वानोंमें चूडामणिके समान श्रेष्ठ थे. इन्होने नागनंदि आचार्यके चरणकमलोंकी सेवा करके ज्ञान प्राप्त किया था. ये बलदेव सूरीके शिष्य थे. जिनशासनका उद्धार करनेमें ये धीर समर्थ थे. इनको खूब यश प्राप्त हुआ था. इन्होने नागनंदि आचार्यकी प्रेरणासे विजयोदया नामकी यह आराधना टीका रचकर समाप्त की है.

ये चिंतयंति तदतद्भवसिद्धिहेत्वदाराधनानुगतमृत्युविकल्पकल्पं ॥
ऐदंयुगीनमुनयोऽर्हदुपज्ञमेनं संत्वद्भुताभ्युदयमुक्तिमुदीक्षिनस्ते ॥ १ ॥
इमामष्टाशीमसकृदनुतं त्रिश्चिचतुरै । र्निबन्धैष्टीकाद्यैः स्थविरवचनैरप्यवितथैः ॥
कृतां संचक्रर्योच्चैः शिवधचनमीक्षंत इह ये । व्रजंत्यक्षार्धांशाधरपुरुषदूरं पदमिमे ॥

इत्याशाधरानुस्मृतग्रंथसंदर्भे मूलाराधनादर्पणे पदप्रमेयार्थप्रकाशीकरणश्रवणेऽष्टम आश्वासः ॥❀

स्वस्ति स्यात्कारकेतनाय श्रीमदनेकान्तशासनाय ॥

अथ प्रारब्धनिर्विघ्नपरिसमाप्तिप्रमोदभरानुविद्धभक्तिपरवशमानसो ग्रंथकर्त्तारमाराध्यां भगवतीमाराधनामभिष्टोतुमिदं वृत्तदशकमपाठीत् ॥

लब्ध्वा लब्धचरीक्षिरेण रुचिताः कालादिलब्धीः सतां । श्रित्वाराधकतां विशुद्धिमहती भव्या भवाद्विभ्यतः ॥
यामाराध्य शिवाध्ववृत्तिमसिधन्सिध्यन्ति सेत्स्यंति वा । तां वंदे व्यवहारनिश्चयमयीमाराधनादेवताम् ॥ १ ॥
सर्वज्ञाभिधहिम्यभूधरहृदोद्भूतेन वाक्स्रोतसा । तद्वज्ञप्तिखभित्तिसंगसुभगेनासंगकुंडाश्रिता ॥
भव्यान्वः पुनतात्रिमार्गविलसद्भेदाढ्यखंडौजसा ॥ चित्तिसधुं वृणती धुनोतु मदघान्याराधनास्वर्धुनी ॥ २ ॥
या सम्यक्त्वमुखेन बोधवपुषोद्योतादिदोर्धिशति–श्रीसारेण तपश्चरित्रचरणेनोत्सिक्तविच्छक्तिना ॥
रूपेणाभिगतानि भाक्तिकजनैः संयोजयंत्यंजसा ॥ तामानंदसुधाधिदैवतमुपैम्याराधनां प्रश्रयात् ॥ ३ ॥
दीप्रास्तिक्यकिरीटिकामुपशमस्फारोरुहारां स्फुरन्निर्वित्संसृतिभीतिकुंडलरुचिं स्फूर्जत्कृपामुद्रिकाम् ॥

सच्चारित्रनामुरुदारयतनां संतोषपादांगदाम् ॥ दोर्भूषीकृतभावनां प्रणिपतान्याराधनामम्बिकाम् ॥ ४ ॥
ह्रीसाटी विनयोत्तरीयरुचिरां धैर्यांहिसत्कंचुकाम् ॥ श्रेयःश्रेत्रलतोज्ज्वलां सुविमलस्वाध्यायलीलाम्बुजाम् ॥
सल्लेश्याहरिचंदनद्रवरुचं साम्यावतंसोत्सवाम् ॥ वर्षन्ती हृदि मे सुधां भगवतीमाराधनां धारये ॥ ५ ॥
चेतःपंचनमस्क्रिया श्रुतिमुखेनाविश्य यज्जृंभसे भव्यानां मरणक्षणे त्रिभुवनश्रीणां तदाप्युत्सवम् ॥
किंचित्कामेणमन्वयत्पुनरवाप्तस्येन धाम्ना तदा । तात्कालिकमप्यचलं चिनोपि वरदे सा तात्त्विकी पुंस्थितिः ॥ ६॥
श्रद्धत्स्वेममसीभसंमदमपोह्याक्षाक्षभासात्मनः ॥ स्वं स्वेन सत्स्वेन स्वङ्गात्मना विशदचिन्मात्रात्मकायात्मने ॥
पश्यन्नात्मनि निस्तरंगमहसि स्वां निश्चयाराधने] । मातर्भेदहमुत्किराम्यपुनरावृत्त्या कृतार्थोऽस्मि तत् ॥ ७ ॥
किं चित्रं जिनसूरिसाधुवपुषां त्वद्भक्तिसेवापुषाम् ॥ संस्कारेण पवित्रिताः सुरवरैर्दिव्याक्षयो वह्नयः ॥
पूज्यंते द्विजसत्तमैर्विधिवदाधानादिकृत्येषु यत् । तच्चित्रं त्वति यत्पुनस्त्यपि गिरिं श्रायो जगत्सद्गुरुः ॥ ८ ॥
एकानेकभवेशमात्परमनैष्कर्म्यान्निमग्नासितैः । प्राप्यां पंडितपंडितैः सकलचिच्छक्तेर्भवोच्छेदिनीं
स्वं विंदन्भवती यथात्र भवतीमाजन्मयीं नांकुरन्यायेनानुषजद्भिरेभिरसुभिर्मुच्येऽनुचर्यांतथा ॥ ९ ॥
इत्युद्दामलसत्परापरकलालीलाविलासाखिलक्लेशां । तत्पदसंपदार्पणपरामाराधनां संस्तौति यः ॥
स प्राणोपरमोपजाततदुपस्कारः शिवाशाधरैराराध्यक्रमपंकजोऽचलचिदानंदे सदास्ते पदे ॥ १० ॥

इत्याराधनास्तवः ॥

पं. आशाधरजीने मूलाराधना नामकी टीका भगवती आराधनाके उपर लिखी है. उस की निर्विघ्न समाप्ति होनेसे उनको बडा आनंद हुआ. तब भक्तिवश होकर उन्होने परम आराधनीय ऐसे भगवती आराधनाकी स्तुति करनेके दश श्लोक रचे हैं. उसका अनुवाद हम यहां पाठकोंके लिये देते हैं—

१ सत्पुरुषोंको मान्य ऐसी कालादि लब्धि पाकर भव्य जन संसारसे भययुक्त होते हैं. और सम्यग्दर्शनाराधनादिचार प्रकारकी आराधनाओंका आराधन करके आपने परिणाम अतिशय निर्मल बनाते हैं. ये आराधनायें मोक्षमार्गमें प्रवृत्त होने वाले भव्य लोगोंको कलेवाके समान हैं. इनकी आराधनासे ही पूर्व कालमें बहुत भव्य लोकोंने मुक्तिकी प्राप्ति करली है. मुक्तिकी प्राप्ति करते हैं. व करेंगे. अतः व्यवहाराराधनदेवता–भेद रत्नत्रयरूपी आराधना और अभेद रत्नत्रयरूपी निश्चयाराधना मानो देवता ही है. इस देवताको मैं मस्तक नमाकर नमस्कार करता हूं.

२ यह आराधनारूपी महागंगा नदी सर्वज्ञ जिनेश्वररूपी पद्म सरोवरसे उत्पन्न हुई है. दिव्यध्वनिरूपी जल प्रवाहसे सुंदर दीखती है. इसका यह दिव्यध्वनिरूपी जलप्रवाह तत्त्वज्ञप्ति अर्थात् तत्त्वज्ञानस्वरूपी आकाशसे उतरकर निर्ग्रंथतारूपी कुंडमें पडता है. रत्नत्रयरूपी वेदाढ्य पर्वतके पास आये हुए इसकी तेजस्विता बहुत बढ गई है. यह गंगानदी ज्ञानसमुद्रको पूर्ण भरती है. भव्योंको पवित्र करनेवाली यह आराधनारूप गंगा मेरे पापोंका नाश करे.

३ इस आराधना देवीका सम्यक्त्वही मुख है. सम्यग्ज्ञान ही शरीर है. उद्योत, उद्यवन, निर्वाह, सिद्धि और निस्तरणरूपी बीस बाहुओंकी शोभासे यह आराधना देवता बडी सुंदर दीखती है. प्रत्येक आराधनामें ये उद्योतादिक पांच स्वभाव हैं. चार आराधनाके मिलकर उद्योतादिक बीस भेद होते हैं. तप और चारित्ररूपी सुंदर चरणोंसे बडी सुहावनी दीखती है. बढी हुई चैतन्य शक्तिरूपी सौंदर्यसे यह युक्त है. ऐसी यह आराधना आनंद सुधाकी मुख्य देवता है. मैं इस देवताको विनयसे शरण जाता हूं.

४ इस आराधनारूपी अम्बिकाको मैं वंदन करता हूं. इसने उज्ज्वल आस्तिक्यरूपी किरीट अपने मस्तक पर धारण किया है. कषायोपशमरूपी कांतिसंपन्न बडा हार गलेमें धारण किया है. वैराग्य और संसारभय रूपी कुंडल इसने अपने दोनो कानोंमें धारण किये हैं. कृपारूपी अंगुठी अपने करांगुलीमें धारण की है. तत्त्वचर्चारूपी रशना-करधनी इसने धारण की है. संतोषरूपी नूपुर अपने पांवोंमें धारण किये हैं. अहिंसादिक व्रतोंकी भावनारूप भुजालंकार इसने धारण किये हैं ऐसी इस आराधनारूप आम्बिकाको मैं नमस्कार करता हूं.

५ मैं इस भगवती आराधनाको अपने हृदयमें धारण करता हूं. इसने लज्जारूपी साडी पेहेनी है, तथा विनयरूपी ऊपरका वस्त्र धारण किया है. शक्तिरूपी कंचुलीसे यह सुंदर दीखती है. पुण्यरूपी पत्रलतासे यह उज्ज्वल दीखती है. निर्मल स्वाध्यायरूपी क्रीडाकमल इसने अपने करमें धारण किया है. पीत पद्मादि शुभ लेश्यारूपी चंदनचर्चासे इसका शरीर सुंदर दीखता है. सम्यक्त्वरूपी कर्णभूषणोंसे इसका मुख उज्ज्वल है. ऐसी यह आराधना देवता मेरे हृदयपर ज्ञानामृतकी वर्षा करे.

६ हे जननी, तूं पंचनमस्कारके मिष से मरणके समय भव्योंके अन्तःकरण में कर्णद्वारा प्रवेश करती है. जब तूं उनके अन्तःकरणमें प्रवेश करती है तब वे मरणोत्तर त्रैलोक्यलक्ष्मीके उत्कृष्ट पात्र बन जाते हैं. हे भगवति!

तेरा ऐसा प्रभाव है कि उसका मैं वचनों के द्वारा वर्णन करनेमें असमर्थ हूं. हे जननि ! जो तेरा आराधन करते हैं. उनको अचल अनन्त—विनाशरहित ऐसा पुरुषपद प्राप्त होता है. अर्थात् उनको मोक्ष मिलता है.

७ हे आत्मन् ! तू इन्द्रियोंसे उत्पन्न होनेवाले ज्ञानोंको छोडकर निर्मल चैतन्यरूप शरीर धारण करनेवाला आत्माकी प्राप्ति होने के लिये उसको स्वानुभव के द्वारा देख ले जिससे तुझको असीम–अमार्याद आनंद प्राप्त होगा. यह आत्मा आनंदरूप है ऐसी तू श्रद्धा कर. हे जननी आराधने ! तुझको निश्चल तेजःस्वरूप अपनी आत्मामें देख लेता हूं. मैं तेरेको स्वस्वरूपमें सर्व तरफ फैलाता हूं जिससे मेरा संसारमें पुनरागमन न होगा और मैं कृतार्थ होऊंगा.

८ हे मातः ! तेरी भक्ति करनेसे साधुगण का चैतन्य स्वरूप पुष्ट हो जाता है. इंद्रादिक श्रेष्ठ देवोंने दक्षिणीय, आवहनीय व गार्हपत्य ऐसे तीन अग्नि साधुओंके शरीरस्पर्शसे पवित्र किये हैं. गर्भाधानादिक कार्यके समय ये तीनो अग्नि गृहस्थाचार्योंके द्वारा पूजे जाते हैं. इसमें आश्चर्य क्या है ?

९ हे आराधना माता, पंडितपंडित अर्थात् केवल ज्ञानी मुनि तेरी प्राप्ति कर लेते हैं. तू भवका–संसारका नाश करने वाली है. जो तेरी भक्ति करता है उसको निजस्वरूपकी प्राप्ति होती है. हे मातः ! मैं भी तेरी सेवा करूंगा जिससे संसारमें जब तक मैं रहूंगा तबतक बीजांकुरन्यायसे मेरे साथमें रहनेवाले इन प्राणोंसे मैं स्वस्वरूपकी प्राप्ति होने के अनन्तर रहित होऊंगा.

१० जिसमें सम्पूर्ण दुःखोंका अन्त हुआ है ऐसा मुक्तिपद अर्पण करने वाली इस आराधना जननीकी जो स्तुति करता है उसके प्राणोंका त्याग होने से वह मुक्त हो जाता है. उसके चरण कमलोंको मोक्षेच्छु भव्य पूजते हैं और वे भी अचल ज्ञानरूपी आनंद जिसमें भरा हुआ है ऐसे मोक्षपदमें सदा ही निवास करते हैं. इस प्रकार आराधनाकी स्तुति समाप्त हुई.(इस स्तुतीके श्लोकोंका अर्थ ठीक हम नहीं लगा सके जैसा हमको जंचा वैसा लिखा है.)

अथ परममुख्यावसानमंगलं सिद्धस्तवः ॥

यस्यानुग्रहतो दुराग्रहपरित्यक्तात्मरूपात्मनः । सद्द्रव्यं चिदचित्त्रिकालविषयं स्वैःस्वैरभीक्ष्णं गुणैः ॥
सार्धव्यंजनपर्ययैः सनिचयैर्जानाति बोधः समं । तत्सम्यक्त्वमशेषकर्मभिदुरं सिद्धाः परं नौमि वः ॥ १ ॥

यत्सामान्यविशेषयोः सहपृथक्स्वान्यस्थयोर्दीपवत् । चित्तं द्योतकमुद्गिरन्मुखमरं नो रज्यति द्वेष्टि न ॥
धारावाह्यपि तत्प्रतिक्षणनवीभावोद्धुरार्थार्पित–प्रामाण्यं प्रथयामि वः फलितदृग्ज्ञप्त्युक्तिमुक्तिप्रिये ॥ २ ॥
सत्तालोचनमात्रमित्यपि निराकारं मतं दर्शनम् । साकारं च विशेषगोचरमिति ज्ञानं प्रवादीच्छया ॥
ते नेत्रे क्रमवर्तिनी सरजसां प्रादेशिके सर्वतः । स्फूर्जन्ती युगपत्पुनर्विरजसां युष्माकमंगातिगाः ॥ ३ ॥
शक्तिव्यक्तिविभक्तविश्वविविधाकारौघकिर्मीरितानंतानंतभवस्थमुक्तपुरुषोत्पादव्ययध्रौव्यवत् ॥
स्वं स्वं तत्त्वमसंकरव्यतिकरं कर्तुन्नृणं प्रत्यथो भोक्तृनन्वयतः स्मराभि परमाश्चर्यस्य वीर्यस्य वः ॥ ४ ॥
[illegible] न जातु किंचिदपि न व्याहन्यते केनचित् । यन्निष्पीतसमस्तवस्त्वपि सदा केनापि न स्पृश्यते ॥
यत्सर्वज्ञसमक्षमप्यविषयस्तस्यापि चार्थाद्विदं । तद्वः सूक्ष्मतमं स्वतत्त्वमभि वा भावा भवोच्छित्तये ॥ ५ ॥
गत्वा लोकशिरस्यधर्मविशतश्चंद्रोपमे सन्मुखप्राग्भाराख्यशिलातलोपरि मनागूनैकयोजनिके ॥
योगोज्झांगदरोनमित्यपि मिथो संबाधमेकत्र यल्लब्धानंतमितोऽपि तिष्ठति स वः स्तुत्योऽवगाहो गुणः ॥ ६ ॥
सिद्धाश्चेद्धुरवो निराश्रयतया अद्यंत्ययःपिंडवत् । तेऽधश्चेल्लघवोऽर्कतूलवदितश्चेतश्च चेंडेन तत् ॥
क्षिप्यन्ते तनुवातवातवलयेनेत्युक्तियुक्तयुद्धतैर्नाप्तोपज्ञमपीष्यतेऽगुरुलघुः क्षुद्रैः कथं वो गुणः ॥ ७ ॥
यत्तापत्रयमेति भैरवभवोदन्वित्प्रशाम्यत्यहो श्रमो । युष्माभिर्विदधे व्यधच्यत तदव्याबाधमेतद्भुवम् ॥
येनोद्वेलसुखामृतार्णवनिरातंकाग्निपेकोल्लस– च्चित्कायात्कलयापि वः कलयितुं शक्यन्ति योगीश्वराः ॥ ८ ॥
एतेऽनंतगुणोद्गुणाःस्फुटमपोह्यत्याह दिष्टा भवत । तत्याद्भावयितुं सतां व्यवहृतिप्राधान्यतस्तात्त्विकैः ॥
एतद्भावनया निरंतरगलद्वीकल्पजालस्य मे । स्तादत्यंतलयः सनातनचिदानंदात्मनि स्वात्मनि ॥ ९ ॥
उत्कीर्णामिव वर्तितामिव हृदि न्यस्तामिवालोकयन् । एतां चिद्गुणसंस्तुतिं पठति यः शश्वच्छिवाशाधरः ॥
रूपातीतसमाधिसाधितवपुःपातःपतद्दुष्कृत–व्रातः सोऽभ्युदयोपभुक्तसुकृतोद्रेकैर्न किं सिध्यति ॥ १० ॥

इति सिद्धस्तवः ॥

१ अब पं. आशाधर जी परममुख्य और अन्तिम मंगल ऐसी सिद्धपरमेष्ठिओंकी स्तुति करते हैं—सम्यग्दर्शन संपूर्ण कर्मसमुदायका नाश करनेवाला है. यह दुराग्रहरहित आत्माका स्वरूप दर्शानेवाला है. इसका अनुग्रह जब आत्मापर हो जाता है अर्थात् यह सम्यक्त्व जब आत्मामें प्रगट होता है तब ज्ञानगुणका पूर्ण विकास

होता है. वह केवलज्ञानकी अवस्थाको धारण करता है तब इस आत्मामें संपूर्ण गुणोंसे हमेशा परिपूर्ण, और सूक्ष्म व्यंजन पर्याय और स्थूल नर नारकादि पर्याय जिसमें उत्पन्न होते हैं ऐसे जीवपुद्गलादि षड्द्रव्योंको जाननेका सामर्थ्य उत्पन्न होता है. संपूर्ण भूत भविष्यद्वर्तमानकाल संबंधी पर्यायों सहित जाननेका सामर्थ्य प्राप्त होता है. सिद्धोंमें ऐसा सामर्थ्य प्राप्त हुआ है अतः मैं उनको नमस्कार करता हूं।

२ दीपक जैसा सामान्य और विशेष पदार्थोंको एकदम और अलगसी प्रगट करता है वैसा केवलज्ञान भी वस्तुके सामान्य और विशेष पर्याय युगपत् और कथंचित् भिन्नरूप अपने और तमाम पदार्थोंको प्रगट करता है. यह केवलज्ञान अनंत सुख देनेवाला है. इसकी प्राप्ति होनेपर संपूर्ण पदार्थ आत्मा जान लेती है तो भी वह उन पदार्थोंमें आसक्त नहीं होती है और द्वेषी भी नहीं होती है.

यह केवलज्ञान धारावाही ज्ञानके समान होकर भी प्रत्येक क्षणमें नवीन पर्यायोंको धारण करने वाले पदार्थ इसका विषय बनते हैं अतः इसमें प्रामाण्य प्राप्त होता है. अनंत दर्शनके साथ यह केवलज्ञान मुक्तिलक्ष्मी की प्राप्ति कर देता है. हे सिद्ध परमेष्ठिन् ! ये दो गुण आपमें सदाके रहते हैं अतः मैं आपको नमस्कार करता हूं.

३ दर्शन सत्ताको विषय करता है और ज्ञान पदार्थ की विशेषताको दिखाता है. वे दर्शन और ज्ञान संपूर्ण जीवोंको नेत्रसमान समझने चाहिये. परंतु दोनोंमें इस प्रकार अंतर है—जो जीव कर्मसहित हैं अर्थात् जो ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्मसे सहित हैं उनको ये नेत्र दर्शन पूर्वक वस्तुका स्वरूप दिखाते हैं. अर्थात् छद्मस्थ जीवोंको प्रथम दर्शनोपयोग होता है अनंतर ज्ञानोपयोग होता है. वह भी संपूर्ण पदार्थोंमें नहीं होता है. परंतु जिनका ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्म नष्ट होगया है उनके ज्ञान दर्शनमें ऐसा सामर्थ्य प्रगट हुआ है कि जिसके सामर्थ्य से वे युगपत्संपूर्ण पदार्थोंको देखते हैं और जानते हैं. हे सिद्ध भगवन् ! आप शरीररहित हुए हैं और आपको ऐसे अद्वितीय नेत्र प्राप्त हुए हैं. इसलिए मैं आपको नमस्कार करता हूं.

४ सिद्धपरमेष्ठिओंको अनंत शक्ति नामक आत्मगुण प्रकट होता है. इसके सामर्थ्यसे उनका ज्ञान आत्मतत्व को जानता है. सिद्ध पुरुषोंमें आत्माकी नानाप्रकारकी शक्ति अर्थात् गुण प्रगट हुए हैं. ये सर्व गुण आपसमें मिले रहनेपर भी सिद्धों को इनके स्वरूपका स्पष्ट अनुभव आता है. अपने उत्पाद, व्यय, और ध्रौव्यके साथ संसारी जीवोंके समस्त शक्तिरूपमें रहनेवाले गुणोंको भी सिद्धपरमात्मा जानते हैं. उनके जाननेमें संकर व्यतिकर दोष उत्पन्न नहीं होता है. वे इन गुणोंके कर्ता और भोक्ता है. अतः ऐसे सिद्ध परमात्माओंका मैं मनमें स्मरण करता हूं.

५ सिद्धोंमें सूक्ष्मता नामक गुण है उस गुणसे इतर जीवोंको प्रतिबंध नहीं होता है और न वे इसको प्रतिबंध कर सकते हैं. समस्त वस्तुओंको वह स्पर्श करती है परंतु कोई भी उसको स्पर्श करनेमें असमर्थ है. भगवान् इस गुणको जान तो लेते हैं परंतु उनके भी वचन संपूर्णतया इसके वर्णनमें असमर्थ है. अर्थात् यह सूक्ष्मतागुण इतना सूक्ष्म है कि सूक्ष्मा जिनवाणी भी इसको ग्रहण नहीं करती है. हे सिद्धपरमात्मन् मैं संसारनाशके लिए उस तुह्मारे सूक्ष्म गुणका चिंतन करता हूं.

६ सिद्ध परमेष्ठि लोकके अग्रभागमें ऊर्ध्व गति स्वभावसे जाकर वहां चन्द्रसमान शुभ्र ऐसी मोक्ष शिला पर विष्ठते हैं. उस शिलाको प्राग्भारा ऐसा नाम है. वह एक योजनमें कुछ कम ऐसे लोकाग्रमें है. और वातवलयमें विराजमान है जब सिद्ध परमेष्ठि सर्व योगोंसे रहित हो जाते हैं तब उनका आकार अन्तिमशरीरसे कुछ कम ऐसा होता है. उस समय उनमें पवित्र अवगाह नामक गुण उत्पन्न होता है. इस गुणके बलसे एक स्थानमें भी बाधारहित अनंतसिद्धोंके साथ वे रहते हैं. यद्यपि अनन्त गुणोंका आश्रय स्थान हैं तो भी वे निराकुल अनन्त सिद्धोंके साथ रहते हैं यह सब हे सिद्धात्मन् ! आपके अवगाहगुणका ही प्रभाव है.

७ कोई क्षुद्र वादी लोक ऐसा कहते हैं—यदि सिद्धात्मायें भारी वजनदार हैं तो निराधार लोहेके पिंड समान नीचे गिरने चाहिए और यदि वे हलकी हैं तो आंकके कापोंस समान प्रचण्ड तनुवातवलयके द्वारा इधर उधर फेंके जाने चाहिए. परंतु जिनेंद्र भगवान् सिद्धोंको लघु अथवा गुरुभी नहीं मानते हैं. वे अगुरुलघु नामक गुणके धारक हैं ऐसा कहते हैं. इस गुणका स्वरूप वे क्षुद्रलोक क्या जान सकते हैं ?

८ शारीरिक, मानसिक तथा वाचनिक दुःखरूपी शस्त्रोंका आघात होनेसे जो भयंकर संसाररूपी अग्नि प्रकट हुआ था उसके नाशके लिये हे सिद्धपरमात्मन् ! आपने जो तपरूपी परिश्रम किया था उससे आपको अव्याबाध नामक गुण प्राप्त हुआ है. तटको उल्लंघकर बहनेवाले सुखसमुद्रके द्वारा आपका चैतन्यमय शरीर अभिषिक्त हो रहा है. आपके उस अव्याबाध गुणकी अंशमात्रभी प्राप्ति हमको होवे इस हेतुसे योगीश्वर श्रम करते हैं अर्थात् तप करते हैं.

९ सिद्धपरमेष्टीओंमें यद्यपि अनंत गुण हैं तोभी उनमेंसे ये आठगुण अलग आचार्यने वर्णन किये हैं. अर्थात् व्यवहारको प्रधानता देनेवाले विद्वानोंने सिद्धोंका स्वरूप सत्पुरुषोंके द्वारा भाया जावे इस हेतुसे इन गुणों-

का अलग स्वरूप कहा है. इन गुणोंकी भावना मैं करता हूं जिससे मेरे सर्व विकल्पोंका नाश होकर चित्स्वरूपी अनाद्यनंत ऐसे आत्मामें मेरा अत्यंत लय होवे.

१० चैतन्यानुभवमय ऐसे सिद्धों के गुणोंकी स्तुति जो महात्मा अपने हृदयमें मानो उकीरी गई, अथवा लिखी गई, हृदयमें मानो स्थापित की गई है इस प्रकार हमेशा मोक्षकी इच्छाकरके करता है वह निर्विकल्प शुक्लध्यानसे शरीरके त्यागके साथ संपूर्ण पापराशिका नाश करता है. जबतक ऐसा महात्मा संसारमें रहता है तबतक पुण्योदयसे संसारके वैभवोंको भोगता है. योग्य ही है कि पुण्योदयसे क्या हस्तगत नहीं होता है ?

इस प्रकार सिद्धस्तव समाप्त हुआ.

अथ प्रशस्तिः ।

श्रीमानस्ति सपादलक्षविषयः शाकंबरीभूषणः । तत्र श्रीरतिधाममंडलकरं नामास्ति दुर्गं महत् ॥
श्रीरत्न्यामुदपादि तत्र विमलव्याघ्रेरवालान्वया । च्छ्रीसल्लक्षणतो जिनेंद्रसमयश्रद्धालुरत्नाधरः ॥ १ ॥
सरस्वत्यामिवात्मानं सरस्वत्यामजीजनत् । यःपुत्रं छाहडं गुण्यं रंजितार्जुनभूपतिम् ॥ २ ॥
व्याघ्रेरवालधरवंशसरोजहंसःकाव्यामृतौघरसपानसुतृप्तगात्रः ॥
सल्लक्षणस्य तनयो नयविश्वचक्षुराशाधरो विजयतां कलिकालिदासः ॥ ३ ॥
इत्युदयकीर्तिमुनिना कविसुहृदा योऽभिनंदितःप्रीत्या ॥ प्रज्ञापुंजोऽसीति च योऽभिहितो मदनकीर्तियतिपतिना ॥
म्लेच्छेशेन सपादलक्षविषये व्याप्ते सुवृत्तक्षति– ॥ त्रासाद्विन्ध्यनरेन्द्रदोःपरिमलस्फूर्जद्भिवर्गौजसि ॥
प्राप्तो मालवमंडले बहुपरीवारः पुरीमाधसत् ॥ यो धारामपठज्जिनप्रमितिवाक्शास्त्रे महाधीरतः ॥

प्रशस्ति अपूर्ण है.

पं. आशाधरजीने अपनी प्रशस्तीका जो परिचय दिया है उसका वर्णन इसप्रकार—

१ सांबर सरोवर जिसका भूषण स्वरूप है ऐसा सपादलक्ष नामका देश है वह त्रिवर्ग संपत्तिसे युक्त है. मंडलकर नामका लक्ष्मीका क्रीडागृहके समान एक बडा कीला है. इस कीले में बघेरवाल नामक वंशमें जिनेंद्रमतमें श्रद्धालु ऐसे पं. आशाधरजी उत्पन्न हुए. इनके पिताका नाम सल्लक्षण था और माताका नाम श्रीरत्नी था.

२ पं० आशाधरजीके पत्नीका नाम सरस्वती था. वाग्देवतामें अर्थात् सरस्वती में जैसा पंडितजीने अपने को उत्पन्न किया था वैसे सरस्वती नामक अपने पत्नी में उन्होंने छाहड नामका पुत्र उत्पन्न किया. यह पुत्र गुणवान था और इसने अर्जुन नामक मालवदेशके राजाको संतुष्ट किया था.

३–४ बघेरवाल वंश रूपी कमलमें जो हंसके समान है, काव्यामृत रसका पान करने से जिसका शरीर पुष्ट हुआ है, जो नयरूपी आखोंसे युक्त है, सल्लक्षणके सत्पुत्र ऐसे इस आशाधर कविको हम 'कलिकालिदास' इस उपाधिसे भूषित करते हैं. ऐसा कहकर कविके मित्र उदयकीर्ति मुनिने बडे प्रेमसे जिसका आदर किया है ऐसे आशाधर कवि जगतमें हमेशा विजयी होवें. इसी तरह मदनकीर्ति यतीश्वरने प्रज्ञापुंज ऐसा विरुद देकर इनको भूषित किया था.

५ साहिबुद्दीन नामक यवनराजाने सपादलक्ष नामक देश जब अपने कब्जे में कर लिया तब अपने सदाचारका विनाश होगा इस डरसे विंध्यराजाके बाहुप्रताप से जिसका रक्षण हो रहा था ऐसे मालव देशमें अपने बडे परिवारके साथ प्रवेश करके धारा नगरी में उन्होंने निवास किया. यहां वादिराज पंडितके शिष्य श्रीधरसेन थे और उनके शिष्य महावीर थे उनसे इन्होंने जैनेंद्र व्याकरण व जैनन्यायका अध्ययन किया. (यहां तक यह प्रशस्ति है. अत एव अपूर्ण है. विशेष जिज्ञासुओंको सागार धर्मामृत अनगार धर्मामृत की प्रशस्ति देखलेना चाहिए.

श्रीमदमितगतियतिपतिप्रशस्तिः ।

श्रीदेवसेनोऽजनि माथुराणां गणी यतीनां विहितप्रमोदः ॥
तत्त्वावभासी निहतप्रदोषः सरोरुहाणामिव तिग्मरश्मिः ॥ २२४० ॥
धृताजितसमयोऽजनि महनीयो गुणमणिजलधेस्तदनु यतिर्यः ॥
शमयमनियमोऽमितगतिसूरिःप्रहलितमदनः पदनतसूरिः ॥ २२४१ ॥
सर्वशास्त्रजलराशिपारगो नेमिषेणमुनिनायकस्ततः ॥
सोऽजनिष्ट भुवने तमोपहः शीतरश्मिरिव यो जनप्रियः ॥ २२४२ ॥
माधवसेनोऽजनि मुनिनाथो ध्वंसितमायामदनकदर्थः ॥
तस्य गरिष्ठो गुरुरिव शिष्यस्तत्त्वविचारप्रवणमनीषः ॥ २२४३ ॥

शिष्यस्तस्य मनीषिणोऽमितगतिर्मार्गत्रयालंबिनीम् ॥
एनां कल्मषमोक्षिणीं भगवतीमाराधनां स्थेयसीम् ॥
लोकानामुपकारकोऽकृत सतीं विध्वस्ततापां हृदः ॥
पद्मः सत्वनिषेवितस्य विमलां गंगां हिमाद्रेरिव ॥ २२४४ ॥
आराधनैषा पदकारि पूर्णा मासैश्चतुर्भिर्न तदस्ति चित्रम् ॥
महोद्यमानां जिनभाक्तिनां सिध्यन्ति कृत्यानि न कानि सद्यः ॥२२४५॥
स्फुटीकृता पूर्वजिनागमादियं मया जने यास्यति गौरवं परम् ॥
प्रकाशितं किं न विशुद्धबुद्धिना महार्घतां गच्छति दुग्धतो घृतम् ॥२२४६॥
यावत्तिष्ठति पांडुकंबलशिला देवाद्रिमूर्ध्नि स्थिरा ॥
यावत्सिद्धिधरा त्रिलोकशिखरे सिद्धैः समाध्यासिता ॥
तावत्तिष्ठतु भूतले भगवती विध्वंसयंती तमः ॥
सा चैषा श्रमदुःखनोदनपरा चंद्रप्रभेवोज्ज्वला ॥ २२४७ ॥

श्रीमदमितगतिसूरिप्रशास्तिः ॥

१ माथुरसङ्घके यतिओंके आचार्य, सब मुनिओं को आनन्द प्रद ऐसे देवसेन आचार्य होगये. जैसे सूर्य कमलोंको विकसित करता है, रात्रीका नाश करता है और पदार्थोंको दिखाता है वैसे ये देवसेन आचार्य निहत प्रदोष थे अर्थात् दोषरहित थे और अन्यमुनिओंको दोषोंसे रहित करते थे. जीवादि तत्वोंका स्वरूप इन्होने भव्य लोगोंको दिखाया था.

२ देवसेनाचार्य के शिष्य अमितगति नामक मुनि थे. वे गुणसमुद्र, शम और व्रतोंका आधारभूत थे, मदनका नाशकरनेवाले थे उनको बडे विद्वानभी वंदन करते थे. आचार्य जैनमतकी प्रभावना करनेवाले हुये हैं.

३ इनके अनन्तर इस माथुर संघमें नेमिषेण नामक आचार्य हुए हैं. सर्व शास्त्रसमुद्रके दूसरे किनारेके ये प्राप्त हुए थे. चंद्र जैसा लोकप्रिय रहता है. वैसे ये आचार्य लोकप्रिय व अज्ञानांधकारका नाश करनेवाले थे.

मदनको नाशकरनेवाले थे उनको [illegible]

४ नेमिषेण आचार्यके शिष्य माधवसेन नामक आचार्य थे. इन्होंने माया और मदनका नाश किया था. ये बृहस्पतिके समान चतुर थे और इनकी बुद्धि तत्त्वविचारमें प्रवीण थी.

५ माधवसेन आचार्यके शिष्य अमितगति हुए हैं. उन्होंने यह भगवती आराधना बनायी है. यह पाप नाशिनी, संसारताप हरण करनेवाली गंगानदीके समान है. गंगानदी हिमाद्रीसे उत्पन्न हुई है. यह भगवती आराधना अमितगत्याचार्यरूपी हिमाचलसे उत्पन्न हो गई है.

६ आचार्यश्रीने यह ग्रंथ केवल चार महिनेमें बनाया है. इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है. क्यों कि महाप्रयत्नशाली जिनभक्त कोनसे कार्य सिद्ध नहीं कर सकते हैं ?

७ पूर्व जिनागमका [शिवकोट्याचार्य का भगवती आराधना ग्रंथ] आधार लेकर मैंने यह ग्रंथ रचा है. मेरा यह ग्रंथ विद्वज्जनोंमें आदरणीय होगा. जैसे दूधसे निकाला हुआ घृत मोलवान् और आदरणीय होता है.

८ जब तक मेरु पर्वतके शिखरपर पांडुशिला रहेगी, जब तक सिद्धों से अधिष्ठित सिद्धशिला त्रैलोक्य के शिखरपर विराजमान रहेगी, तब तक चन्द्रकांतिके समान उज्ज्वल, श्रमदुःख का परिहार करने वाली, अज्ञानांधकार का नाश करने वाली यह भगवती आराधना इस संसार में स्थिर रहे.

आराधनास्तवनम् ।

बंधुःस्वर्गापवर्गप्रभवसुखफलप्रापणे कर्मवल्ली ॥
नानाबाधाविधायिप्रचितकलिमलक्षालने जह्नुकन्या
रागद्वेषादिभाविव्यसनघनवनच्छेदने छेदनी या ॥
सारामाराधनासौ वितरतु तरसा शाश्वतीं वो विभूतिम् ॥ २२४८ ॥

यह आराधना स्वर्ग और मोक्ष का सुखफल देने में बंधुके समान है. नाना प्रकारकी बाधाओं को उत्पन्न करने वाले पापरूपी कीचडको धोनेके लिए यह आराधना गंगानदी के समान है. रागद्वेषादि विकारों से उत्पन्न होनेवाले संकटरूपी वनको तोडने वाली कुल्हाडी के समान यह आराधना ग्रंथ है. ऐसी यह आराधना तुम लोगों को इच्छित फल देनेमें समर्थ हो.

यामासाद्यावनम्रत्रिदशपतिशिरोघृष्टपादारविन्दाः ॥
सद्यः कुंदावदातस्थिरपरमयशःशोधिताशेषदिक्काः ॥
जायंते जंतवोऽमी जनजननिनुदः केवलज्ञानभाजो ॥
भूयादाराधना सा भवभयमथनी भूयसे श्रेयसे वः ॥ २२४९ ॥

१० इस की आराधना से भव्यजन इंद्रों के द्वारा पूजे जाते हैं. इस आराधनाके माहात्म्य से तत्काल भव्यजन कुंदपुष्प के समान अपने यशके द्वारा त्रैलोक्य भर देते हैं. इस आराधनाका साहाय्य मिलनेसे भव्योंको आनंदित करनेवाले केवलज्ञानकी उत्पत्ति होती है. ऐसी यह आराधना तुम लोगों को विपुल श्रेयः संपत्ति प्रदान करे.

यामाराध्याशु गंता शकलितविपदः पंचकल्याणलक्ष्मीम् ॥
प्राप्यां पुण्यैरपापां त्रिभुवनपतिभिर्निर्मितां भक्तिभाग्भिः ॥
सम्यक्त्वज्ञानदृष्टिप्रमुखगुणमणिभ्राजितां यान्ति मुक्तिं ॥
सा वंद्या हृद्यविद्यैर्विलसतु हृदये सर्वदाराधना वः ॥ २२५० ॥

११ इस आराधनाकी आराधना से विपत्तिओंका नाश होता है और देवेंद्र, धरणेंद्र और चक्रवर्तिद्वारा भव्य जीवोंको पंचकल्याणकी विभूति प्राप्त होती है. सम्यग्ज्ञान, दर्शन, चारित्र इत्यादि सद्गुणमणिओंसे अलंकृत होकर वे मुक्तीके नाथ बन जाते हैं. हम अज्ञानी हैं हम इस आराधनादेवीको वंदन करते हैं. वह हमारे हृदय में सर्वदा निवास करे.

या सौभाग्यं विधत्ते भवति भवभिदे भक्तितः सेव्यमाना ॥
या छिन्ते मोहदैत्यं भुवनभवभृतां साध्वसं ध्वंसयंती ॥
यां चानासाद्य देही भ्रमति भववने भूरिभावाद्रिरौद्रे ॥
सा भद्राराधना वो भवतु भगवती वैभवोद्भावनाय ॥ २२५१ ॥

१२ जो आराधना सौभाग्यको उत्पन्न करती है. भक्तीसे इसकी सेवा करनेसे यह संसारका नाश करती है. मोहरूपी दैत्यका विध्वंस करके संसारमें प्राणिओंके भयको दूर भगाती है. इसकी प्राप्ति नहीं होनेपर प्राणिओंको नाना प्रकारके कुभावरूप पर्वतोंसे घिरे हुए संसारजंगलमें भ्रमण करना पडता है. अतः यह कल्याण करनेवाली आराधना हमको ऐश्वर्य प्राप्तिमें सहायक बने.

या कामक्रोधलोभप्रभृतिबहुविधग्राहनक्रावकीर्णा ॥
संसारापारसिंधोर्भवमरणजरावर्तगर्तादुपेत्य ॥
गच्छत्युत्तीर्य सिद्धिं सपदि भवभृतः शाश्वतानंतसौख्यम् ॥
भव्यैराराधनानौर्गुणगणकलिता नित्यमास्कंदतां सा ॥ २२५२ ॥

१३ यह संसारसमुद्र काम, क्रोध, लोभ, वगैरह नाना प्रकारके ग्राह और नक्रोंसे भरा हुआ है. इसमें जन्म, मरण और जरारूपी भोवरें हैं ऐसे संसार समुद्रमें पडा हुआ प्राणी सद्गुणोंसे बनी हुई आराधनाका आश्रय लेकर उससे उत्तीर्ण होता है तथा नित्य अनंत सुख देनेवाले मोक्षको प्राप्त कर लेता है.

या मैत्रीख्यातिकांतिद्युतिमतिसुगतिश्रीविनीत्यादिकांताम् ॥
संयोज्योपार्जनीयामलमतिविधिनैकांतिकांतां पुनक्ति ॥
मुक्ताहाराभिरामा मम मदशमनी सम्यगाराधनाली ॥
भूयान्नेदीयसी सा विमलितमनसां साधयन्तीप्सितानि ॥ २२५३ ॥

१४ आराधनाकी सेवा करनेसे वह सेवकोंको मैत्री, ख्याति, कांति, शोभा, बुद्धि, सुगति, संपत्ति, नम्रता इत्यादि स्त्रियोंके साथ संयुक्त करती है. और अन्तमें अवश्य प्राप्ति करनेके योग्य ऐसी मुक्ति भी देती है. यह आराधना मोतिओंकी मालाके समान सुंदर है. मेरे मदको नष्ट करके निर्मल चित्तवाले पुरुषोंको इष्ट पदार्थ समर्पण करती हुई मेरे सन्निध हमेशा रहनेकी कृपा करें.

स्वांतस्था या दुरापा नियमितकरणा सृष्टसर्वोपकारा ॥
माता सर्वाश्रमाणां भवभवनपराऽनंगसंगापहारा ॥
सत्या चित्तापहारी बुधहितजननी ध्वस्तदोषाकरश्रीः ॥
दद्यादाराधना सा सकलगुणवती नीरजा वः सुखानि ॥ २२५४ ॥

१५ यह आराधना दुर्लभ है. जब प्राणिओंके मनमें यह मुकाम करती है तब उसको जितेन्द्रिय बनाती है. सर्व प्रकारके उपकार करती है. ब्रह्मचर्यादि चारो आश्रमोंकी यह माता है. संसारका नाश करके, कामविकारको दूर भगाती है. सत्यही इसका स्वरूप होनेसे चिन्मय आत्माके संसारतापको दूर करती है. विद्वानोंका

हित करती है. संपूर्ण दोषोंको हटाती है और चंद्रकी शोभाको नष्ट करती है. अर्थात् चंद्रकी शोभा भी इसके सामने फीकी मालूम पडती है. सकलगुणसंपन्ना पापरहित यह आराधना हम लोगोंको सदा सुखी करे.

उच्चदुःखागतुर्गं गुरुदुरितदवं वर्धुमग्रीयमाना ॥
हर्तुं मोहान्धकारं कवलितनिखिला तिग्मरश्मीयमाना ॥
निःशेषं वस्तु दातुं भवभृदभिमतं कामधेनूयमाना ॥
निर्बाधा या विधत्तामभिलगतिसुखं शीघ्रमाराधना वः ॥ २२५५ ॥

१६ जो अत्युच्च दुःखरूपी पर्वतोंसे घिरा हुआ है ऐसे पापरूपी बडे वनको भस्म करनेमें यह आराधना अग्निके समान है. मोहरूपी अंधकारको नष्ट करनेके लिये यह सूर्यके तुल्य है. संपूर्ण इच्छित वस्तु देनेमें यह काम धेनूकी बराबरी करती है. ऐसी यह आराधना निर्बाध अनंत ज्ञान जिसमें भरा हुआ है ऐसा सुख तुम लोगोंको प्रदान करे.

श्वभ्रभूमिज्वलद्वह्नेर्योऽविच्छिन्नजलोद्गतिः ॥
अद्य नः शरणं सास्तु रत्नत्रयविशुद्धिता ॥ २२५६ ॥

१७ नरकभूमिमें प्रज्वलित अग्निको शांत करनेके लिये यह आराधना अविच्छिन्न मेघाक समान है. ऐसी रत्नत्रयसे निर्मलरूप आराधना हमको प्राप्त हो.

यैषा कुदालिका शाता तिर्यग्दुःखांकुरोद्भवौ ॥
अद्य नः शरणं सास्तु रत्नत्रयविशुद्धिता ॥ २२५७ ॥

१८ तिर्यग्गतिके दुःखरूपी तृणांकुरको उखाडनेके लिये जो कुदालकतुल्य है. ऐसी यह आराधना हमारा रक्षण करें.

मर्त्यार्चितितलाभाय यैषा कल्पद्रुमायते ॥
अद्य नः शरणं सास्तु रत्नत्रयविशुद्धिता ॥ २२५८ ॥

१९ मनुष्योंको चिंतित पदार्थ देनेके लिये जो कल्पवृक्षके तुल्य मानी गई है ऐसी रत्नत्रयसे विशुद्ध हुई यह आराधना हमारा रक्षण करे.

दूतिका हूतये येयं महर्द्धिकसुरश्रियः ॥
अद्य नः शरणं सास्तु रत्नत्रयविशुद्धिता ॥ २२५९ ॥

२० महाऋद्धिशाली देवोंकी लक्ष्मीको बुलानेके लिये जो दूतीके समान है ऐसी यह रत्नत्रयसे निर्मल बनी हुई आराधना हमारा रक्षण करे.

मुक्तिदाने क्षमा यास्ति विरतिर्भवसंततेः ॥
अद्य नः शरणं सास्तु रत्नत्रयविशुद्धिता ॥ २२६० ॥

२१ जो मुक्तिप्रदान करनेमें समर्थ है, जो भवपरंपराका नाश करती है ऐसी यह रत्नत्रयनिर्मल आराधना हमारा संरक्षण करे.

एषैव परमो धर्म एषैव परमं तपः ॥
एषैवार्हद्भचो वाच्यमेषैव ध्यानसंगतिः ॥ २२६१ ॥
एषैव परमो लाभ एषैव परमं मतम् ॥
एषैव परमं तत्त्वमेषैव परमा गतिः ॥ २२६२ ॥
एतस्या हुर्लभं किं त्रिलोके सत्यामस्यां ॥
अतः शरणमेषैका भवतान्मे भवे भवे ॥ २२६३ ॥

२२–२३ यह आराधनाही उत्कृष्ट धर्म है, उत्कृष्ट तप है, जिनेश्वरने अपनी दिव्यध्वनीसे इसकाही वर्णन किया है. इसकोही ध्यान की प्राप्ति होनेमें कारण मानना चाहिये. जगतमें आराधनाकी प्राप्ति होना ही परम लाभ है. यही उत्तम मत है. यही उत्तम तत्त्व है और यही हमारी परम संरक्षिका है. इसकी जिसको प्राप्ति हुई है उसको जगतमें कोनसा सुख परम दुर्लभ है ? इसलिये प्रत्येक भवमें मैं इसका ही आश्रय ग्रहण करूंगा.

या सर्वज्ञहिमाचलादवसृता शीलप्रवाहात्मिका ॥
या सर्वर्द्धिसमर्थितैर्गणधरैराराधिता निर्मला ॥
या दुर्वारभवाज्वलज्वलनृणां निर्वापणी स्वर्धुनी ॥
सा वः पापविशोधनाय शुभदा भूयात्सदाराधना ॥ २२६४ ॥

२४ सर्वज्ञ जिनेश्वर रूपी हिमाचलसे इस आराधनारूपी गंगा नदीकी उत्पत्ति हुई है. यह शीलरूपी प्रवाहसे युक्त है. सर्व ऋद्धि के धारक गणधरों से यह मानी गई है. यह निर्मल है. दुर्वार संसार के असुख से पीडित पुरुषोंको आनंदित करनेवाली, ऐसी यह आराधना गंगा पापनाश करनेके लिए कारण होवे. और हमारा हमेशा कल्याण करें.

या सज्ज्ञानसमृद्धिनालकलिता सम्यक्त्वसत्कर्णिका ॥
या चारित्रपलाशसंचयचिता द्वेधा तपोभासुरा ॥
या भव्योत्तमषट्पदैः परिवृता नैःसंग्यपद्माकुला ॥
सा वोऽस्याद्भवतापमुज्ज्वलगुणैराराधना पद्मिनी ॥ २२६५ ॥

२५ सम्यग्ज्ञानकी उन्नति होना ही जिसका नालदंड है. सम्यक्त्वरूपी कर्णिका से जो युक्त है, तेरह प्रकारका चारित्र ही जिसके पत्र हैं. दो प्रकार के तप से जो प्रफुल्लित है, जो भव्य पुरुषरूपी उत्तम भ्रमरोंसे वेष्टित हुई है, और निष्परिग्रहता रूप कमलसे जो सुन्दर दीखती है ऐसी यह आराधनारूप पद्मिनी–कमलिनी अपने उज्ज्वल गुणों से आराधक ऐसे तुम लोगों का भवसंताप दूर करे.

या सर्वास्रवरोधिनी कलिमलं दूरं निरस्यांगजम् ॥
सैद्धं चारुपदं नयेद्गुणवतो भव्यात्मनो वांछितम् ॥
चक्रेशादिसुखं सुरैरभिनुतं संयोज्य संन्यस्यतां ॥
सा वः स्यान्मुनिहंससेवितरसा देवापगाराधना ॥ २२६६ ॥

२६ यह आराधनारूप गंगा नदी संपूर्ण आस्रवोंको रोकती है, शरीर में उत्पन्न हुए रागद्वेषादिक मल नष्ट कर गुणवान् भव्य जीवको इष्ट सुन्दर ऐसा सिद्धपद अर्पण करती है. सल्लेखना मरणका जिन्होंने आश्रय लिया है ऐसे सत्पुरुषोंको देवोंके द्वारा वन्दनीय ऐसा चक्रवर्त्यादिकोंका सुख देती है. मुनिहंस जिसके रसका पान करते हैं ऐसी आराधना रूप गंगा आपको प्राप्त होवे.

या शीलोज्ज्वलपुष्पगंधसुभगा सद्ध्यानसत्पल्लवा ॥
भास्वद्दर्शनसंभवा वरतपःपत्रोचयेनार्चिता ॥

सम्यग्वृत्तलसन्महाफलवती भव्यालिझंकारिता ॥
सा वो मानसभूतले प्रसरतादाराधनावल्लरी ॥ २२६७ ॥

२७ यह आराधना लता शीलरूपी उज्ज्वल पुष्पगंध से सुरम्य दीखती है, धर्मध्यान और शुक्लध्यान रूपी पल्लवोंसे युक्त है. निर्मल सम्यग्दर्शनरूपी बीजसे इसकी उत्पत्ति हुई है, उत्कृष्ट तपरूपी पत्तों से भर गयी है; सम्यक्चारित्र रूपी महाफल इसको उत्पन्न हुए हैं भव्य पुरुषरूपी भ्रमर इस के ऊपर गुंजारव कर रहे हैं. ऐसी यह आराधनारूप वल्ली तुम्हारे मनोभूमी में खूब प्रसारको प्राप्त होवें.

या श्रीमच्छ्रुतशीलनीरकलिता निर्वाणदानक्षमा ॥
या ऽपुण्यांबुधितारिणी शुचितया रंगत्तरंगाकुला ॥
या निर्धूय कलेवराणि महतः संस्थापयेत्सत्सुखे ॥
सा वो मंगलमातनोतु नितरामाराधनास्वर्धुनी ॥ २२६८ ॥

२८ यह आराधना रूप गंगा नदी श्रुतज्ञान और शीलरूप पानी से भरी रहती है. निर्वाणमोक्ष देनेमें समर्थ है. पुण्यसमुद्रको प्राप्त होती है. दोषरहित है. शुक्ल ध्यानरूपी तरंगोंसे युक्त है. सत्पुरुषोंके शरीरका नाश करके जो उनको उत्कृष्ट मोक्ष सुख देती है ऐसी यह आराधनागंगा तुम लोकोंका पूर्ण कल्याण करें.

या मोहासुरसंगलब्धविजया सर्वार्थसंपादनी ॥
शूराणामसमाधिनाशनधिया कार्तिंत्रयाणां सताम् ॥ (?)
या दुर्वारमहोपसर्गमथनी सिद्धिप्रियाणां सती ॥
सा वः पातु भवाटवीं प्रतिगतानाराधनाऽम्बिका ॥२२६९॥

२९ यह आराधनारूप अंबिका देवी मोहासुरका पराजय करके विजयी हुई है. इसकी भक्ति करनेवाले पुरुषोंको सर्व इष्ट पदार्थोंकी प्राप्ति होती है. यह देवी परीषहसहिष्णु शूर मुनिओंका दुःख नष्ट कर समाधिकी प्राप्ति कर देती है. मुनिओंके उपसर्ग कष्ट नष्ट करके सिद्धिकी प्राप्ति कर देती है. ऐसी यह आराधना देवता संसार वनमें भटकनेवाले क्षम लोगोंका रक्षण करे.

या शुद्धयष्टकचारुमौक्तिकफलैर्मध्यस्थदिङ्नायकैः ॥
भास्वद्बोधविचित्रसूत्ररचितैश्चारित्रसल्लक्षणैः ॥

श्रीमद्भिस्सुज्ज्वलैर्विरचिता दोषोग्ररोगापहा ॥
सा चास्तिष्ठतु वक्षसीह सुतरामाराधनाकंठिका ॥ २२७० ॥

३० यह आराधना कंठके मुक्ताहार तुल्य है. इसमें षोडशकारण भावनारूप मोती पिरोये गये हैं. बीच बीचमें दशलक्षण रूप नायकरत्नोंकी रचना की गयी है. उज्ज्वल सम्यग्ज्ञानरूपी सूतके द्वारा यह आराधनारूप मुक्ताहार रचा गया है. चारित्र और गुप्ति एतत्स्वरूपी मौक्तिक भी इसमें हैं. ऐसी यह आराधना कंठी आप लोगोंके वक्षस्थलपर हमेशा रहे.

या निःशेषपरिग्रहेभदलने दुर्वारसिंहायते ॥
या कुज्ञानतमोघटाविघटने चंडांशुरोचीयते ॥
या चिंतामणिरेव चिंतितफलैः संयोजयंती जनान् ॥
सा वः श्रीवसुनंदियोगिमहिता पायान्मदाराधना ॥ २२७१ ॥

३१ यह आराधना सर्व परिग्रहरूपी हाथियोंका नाश करनेके कार्य में सिंह समान है. अज्ञानांधकारका समूह नष्ट करनेके लिये सूर्यकांतिके समान है. चिंतितफलोंके देनेके लिये यह सब जनोंको चिन्तामणि रत्नतुल्य है. श्रीवसुनंदि आचार्यसे पूजित ऐसी यह आराधना आप लोगोंका नित्य रक्षण करे.

या संसारमहोदधेः प्रतरणी नौरेव भव्यात्मनाम् ॥
या दुःखज्वलनावलीढवपुषां निर्वापणी स्वर्धुनी ॥
या चिंतामणिरेव चिंतितफलैः संयोजयन्ती जनान् ॥
सा निःश्रेयसहेतुरस्तु भवतामाराधना देवता ॥ २२७२ ॥

३२ भव्य जीवोंको संसारसमुद्र तरनेके लिये यह आराधना नौकाके समान है. दुःखरूपी अग्नीसे जलनेवाले लोगोंको शांतिसुख देनेवाली स्वर्गगाके समान है. जो चिंतित इष्टफलोंसे लोकोंको संयुक्त कर देती है यह आराधना तुम लोगोंको मोक्ष देनेमें हेतु बने.

या पुण्यास्रवमूर्तिरेकपदवी स्वर्गालयारोहिणाम् ॥
या मार्गश्रयवर्तिनीति विदिता निर्मूलनानारजाः ॥

यस्याः सद्गुरुपर्वतः प्रभव इत्याहुः पुराविदिनः ॥
सा वः पापमलानि गालयतु स्वर्ल्वाराधनास्वर्धुनी ॥ २२७३ ॥

३३ पुण्यास्रवकी मानो मूर्ति ऐसी यह आराधना गंगा स्वर्गारोहण करनेवालोंको मार्गस्वरूप होवे. रत्नत्रयरूप होनेसे लोग इसको त्रिमार्गगा कहते हैं. इसकी सेवासे नानाप्रकारके पातक नष्ट होते हैं. सद्गुरुरूपी पर्वतसे इस आराधनागंगाका जन्म हुआ है ऐसे प्राचीन आचार्य कहते हैं. अतः पापमलसे रहित यह गंगानदी तुम्हारे अन्तःकरणमें वास करे.

या सर्वज्ञहिमाचलात्प्रगलिता पुण्यांबुपूर्णा शुचिः ॥
या सज्ज्ञानचरित्रलोचनधरैर्मूर्ध्ना गणीन्द्रैर्धृता ॥
या कर्मानलघर्मपीडितमुनीन्द्रेभावगाहक्षमा ॥
सा वो मंगलमालनोतु भगवत्याराधनास्वर्धुनी ॥ २२७४ ॥

३४ यह आराधनागंगा सर्वज्ञ जिनेश्वररूपी हिमालयसे उत्पन्न हुई है, पुण्यरूपी जलसे भरी है और पवित्र है. सम्यग्ज्ञान और चारित्ररूप लोचन–आंख धारण करनेवाले गणधरोंने जिसको अपने मस्तकपर धारण किया है. कर्मरूपी अग्निसे पीडित मुनीश्वररूपी हाथी जिसमें अवगाहन करते हैं ऐसी यह आराधना स्वर्गनदी तुम्हारा मंगल करे.

या पुण्यांबुधिपूरणी कलिमलप्रक्षालनैकक्षमा ॥
या निर्धूय कलेवरेण विमलीकर्तुं क्षमाराधकान् ॥
यामासाद्य मुनीभयूथपतयो निर्वान्त्यपंकात्मिकाम् ॥
सा वोऽन्तर्मलदाहमाशु निहनादाराधनास्वर्धुनी ॥ २२७५ ॥

३५ यह नदी पुण्यसमुद्रको पूर्ण करती है. पापमल धोनेके कार्यमें यही समर्थ है. यही मुनिओंके शरीरका नाश करके उनको निर्मल बनाती है. पापरूपी कीचडसे रहित ऐसी इस नदीको प्राप्त करके मुनिरूपी हाथीके नायक प्रमोदयुक्त होते हैं. ऐसी यह आराधनानदी हमारी आत्माके अन्तःस्थित कर्ममलके दाहका नाश करे.

या संसारमहाविषापहरणे सन्मंत्रविद्यायते ॥
या कर्मेन्धनतत्तटीप्रदहने दावानलोर्वीयते ॥

या दुर्मोहतमोघटाविघटने चंडांशुरोचीयते ॥
सा वः पापमलानि हंतु रुचिरा रत्नत्रयाराधना ॥ २२७६ ॥

२६ जो संसाररूपी तीव्र विषका हरण करनेमें उत्तम विद्याके समान हैं, जो कर्मरूपी वल्लीका वन जलानेमें दावाग्नीके समान है, जो मिथ्यामोहांधकार को नष्ट करनेमें सूर्यकान्तीके समान आचरण करती है ऐसी यह मनोहर रत्नत्रयाराधना हमारे पापमलोंका नाश करे.

धर्मारामम्हातरोः फलवती या पुण्यसन्मंजरी ॥
मुक्तिश्रीललनाभिसारणपटुर्मृष्टाक्षरा शंफली ॥
स्वर्गाग्रप्रविभासिसौधशिखरारोहैकनिःश्रेणिका ॥
सा वः पातु पवित्रमूर्तिरमला रत्नत्रयाराधना ॥ ॥ २२७७ ॥

२७ यह आराधना धर्मरूपी बगीचे के बडे वृक्षकी फलयुक्त उत्तम मंजरी है यह आराधना मुक्तिरूपी सुंदरी को अभिसरण करने लिये प्रवृत्त करनेवाली स्पष्ट और मधुर बोलनेवाली दासी है. स्वर्गके अग्रभागपर शोभनेवाले मोक्षरूप प्रासादके उपरके भागपर आरोहण करनेके लिये यह आराधना नसैनीके समान है. ऐसी यह पवित्र और निर्दोष आराधना तुह्मारा संरक्षण करे.

या सद्दृष्टिरुचिप्रभास्वरतनुः संज्ञाननेत्रोज्ज्वला ॥
सच्चारित्रविभूषणा शुचितपःशीलौघमाल्यांबरा ॥
मुक्तिश्रीवरकामिनीप्रियसखी पुष्पेषुविद्वेषिणी ॥
सा धीरैरभिवंदिता मम हृदि स्तान्नित्यमाराधना ॥ २२७८ ॥

२८ यह आराधना सम्यग्दर्शनरूपी कांतिसे सुंदर दीखती है. पवित्र तप और शीलसमुदायरूपी पुष्पमाला और वस्त्र धारण करनेवाली है. मुक्तिलक्ष्मीरूपी सुंदर स्त्रीकी यह प्रियसखी है. यह मदनका द्वेष करती है. विद्वान पुरुषोने जिसको वंदन किया है ऐसी यह आराधना मेरे हृदयमें नित्य वसती करे

या शुद्धाष्टकयुक्तदर्शनदलं ज्ञानोल्लसत्कर्णिकम् ॥
चारित्रोज्ज्वलदीर्घनालममलं शीलोल्लसत्केसरम् ॥

मुक्तिश्रीललनानिवासकमलं धत्ते गुणैर्निर्मितम् ॥
सा मे हृत्सरसि स्फुटं विकसतादाराधनापद्मिनी ॥ २२७९ ॥

२९ शुद्धयष्टकोंके साथ रहनेवाला सम्यग्दर्शन ही जिसके दल हैं, अर्थात् निःशंकितादिक आठ अंग ही इस कमलके दल हैं. ज्ञानही जिसकी उज्ज्वल कर्णिका है, चारित्रही जिसका उज्ज्वल और दीर्घनाल-दंड है, निर्मल शील समुदायही जिसका केसर है. जो मुक्तिरूपी लक्ष्मीका निवास स्थान है ऐसे कमलको धारण करने वाली, गुणोंसे उत्पन्न हुई ऐसी यह आराधनारूप कमलिनी मेरे हृदयरूप सरोवरमें हमेशा विकास युक्त रहे.

इसप्रकार श्री अमितगत्याचार्यविरचित आराधनास्तव समाप्त हुआ.

नक्षत्रगुणान्वर्णयिष्यामि ।

१ तं जधा । अस्सिणीणक्खत्ते जइ संथारं गिण्हदि तो सादिणक्खत्ते रत्ते कालं करेदि ॥
२ भरणिणक्खत्ते जदि संथारं गेण्हदि तो रेवदिणक्खत्ते पच्चूसे मरदि ॥
३ कित्तिगणक्खत्ते जदि संथारं गेण्हदि उत्तरफागुणिणक्खत्ते मज्झण्हे मरइ ॥
४ रोहिणीणक्खत्ते जदि संथारं गेण्हदि तो सवणणक्खत्ते अद्धरत्ते मरदि ॥
५ मियसिरणक्खत्ते जदि संथारं गेण्हदि तो पुव्वफग्गुणणक्खत्ते मरदि ॥
६ अद्दाणक्खत्ते जदि संथारं गेण्हदि तो उत्तरदियसे मरदि । जदि ण मरेदि तदा तस्सि पुरोगदे णक्खत्ते मरिस्सदि ॥
७ पुनर्वसुणक्खत्ते जदि संथारं गेण्हदि तदा अस्सणिणक्खत्ते अवरण्हे मरदि ॥
८ पुस्सणक्खत्ते जदि संथारं गेण्हदि तो मियसिरणक्खत्ते मरदि ॥
९ असलिसणक्खत्ते जदि संथारं गेण्हदि तो चित्तणक्खत्ते मरदि ॥
१० मघणक्खत्ते जदि संथारं गेण्हदि तो तद्दिवसे मरदि यदि ण मरदि तदा तस्सि पुरोगदे णक्खत्ते मरदि ॥
११ पुव्वफग्गुणिणक्खत्ते यदि तो धणिट्ठाणक्खत्ते दिवसे मरदि ॥

१२ उत्तरफग्गुणिणक्खत्ते यदि तो मूलणक्खत्ते पदोसे मरदि ॥
१३ हत्थणक्खत्ते यदि तो भरणिणक्खत्ते दिवसे मरदि ॥
१४ चित्ताणक्खत्तेण यदि तो मिगसिरणक्खत्ते अद्धरत्ते मरदि ॥
१५ सादिणक्खत्ते यदि तो रेवदिणक्खत्ते पभादे मरदि ॥
१६ विसाहणक्खत्ते जदि तो अस्सिलेसाणक्खत्ते मरदि ॥
१७ अस्सिलेसाणक्खत्ते जदि तो पुव्वभद्दणक्खत्ते दिवसे मरदि ॥
१८ मूलणक्खत्ते जदि तो जेट्ठणक्खत्ते पभादवेलाए मरदि ॥
१९ पुव्वासाढणक्खत्ते जदि तो मिगसिरणक्खत्ते पदोसवेलाए मरदि ॥
२० उत्तरासाढणक्खत्ते जदि तो तद्दिवसे चेव अहवा भद्दपदणक्खत्ते अवरण्हे मरदि ॥
२१ सवणणक्खत्ते जदि तो उत्तरभद्दणक्खत्तेण तद्दिवसे कालं करेदि ॥
२२ धणिट्ठाणक्खत्ते यदि तो तद्दिवसे कालं करेदि, यदि तद्दिवसे कालं ण करेदि तो पुण तद्दिवसे चेव आगदे मरदि ॥
२३ सदभिसणक्खत्तेण यदि गिण्हदि जेट्ठाणक्खत्तेण अत्थवणवेलाए मरदि ॥
२४ पुव्वभद्दपदणक्खत्तेण जदि तो पुण्णावसुप्पक्खत्ते रत्तिं मरदि ॥
२५ उत्तरभद्दपदे जदि तो दिवसे वहमाणे वा पुण रादो वा मरदि ॥
२६ रेवतिणक्खत्ते जदि तो मघणक्खत्ते मरदि ॥

इति मरणकंडिका णक्खत्तागणणया सम्मत्ता ॥

नक्षत्रगुणोंका वर्णन—

१ यदि अश्विनी नक्षत्रके समय क्षपकने संस्तर ग्रहण किया होगा तो स्वाति नक्षत्रके समय रातमें उसको समाधिमरण प्राप्त होता है.

२ यदि भरणि नक्षत्रके समय क्षपकने समाधि मरणके लिये संस्तरका-बिछानेका आश्रय किया होगा तो रेवती नक्षत्रके समय दिनके प्रारंभ समयमें उसको समाधिमरण प्राप्त होगा.

३ कृत्तिका नक्षत्रके समयपर यदि मुनि बिछानेपर शयन करेंगे तो उत्तर फाल्गुनी नक्षत्रपर मध्यान्ह कालमें उनका मरण होगा.

४ रोहिणी नक्षत्रपर संस्तर ग्रहण करनेवाले मुनिओंको श्रवण नक्षत्रमें आधी रातके समय मरण प्राप्त होगा.

५ मृगशिर नक्षत्रपर सल्लेखनाका आश्रय करनेसे पूर्व फाल्गुनि नक्षत्रपर मुनिका देहान्त होगा.

६ आर्द्रा नक्षत्रमें यदि संस्तर ग्रहण किया जायगा तो उत्तरा नक्षत्रके दिन मरण होगा यदि न होगा तो आगेके नक्षत्रमें उसकी मृत्यु होगी.

७ पुनर्वसुनक्षत्र पर बिछाना ग्रहण करने से अश्विनी नक्षत्रपर अपराह्नकालमें मरण होगा.

८ पुष्यनक्षत्रपर शय्या ग्रहण करनेसे मृगशिर नक्षत्रपर मरण होता है.

९ आश्लेषानक्षत्रके समय शय्याका स्वीकार करनेसे चित्रानक्षत्रपर मरण होता है.

१० मघानक्षत्रके समय शय्याका स्वीकार करनेसे उसी नक्षत्रके दिनमें मरण होता है यदि न होगा तो आगेके नक्षत्रमें होता है.

११ पूर्वफाल्गुनिनक्षत्रमें यदि संन्यास ग्रहण करनेके लिये शय्याका स्वीकार किया होगा तो धनिष्ठानक्षत्रके समय दिनमें मरण होगा.

१२ उत्तर फाल्गुन नक्षत्रमें यदि शय्या ग्रहण की होगी तो मूलनक्षत्रपर सायंकाल में मरण होगा.

१३ हस्तनक्षत्रपर यदि संन्यास ग्रहण किया जायगा तो भरणी नक्षत्रपर दिनमें मरण होगा.

१४ चित्रानक्षत्रमें यदि संन्यास ग्रहण किया हो तो मृगशिर नक्षत्रपर आधीरातमें मरण होगा.

१५ स्वातीनक्षत्र पर शय्याग्रहण करनेसे रेवतिनक्षत्रके समय प्रभात कालमें मरण होगा.

१६ विशाखा नक्षत्रपर शय्या धारण करनेसे आश्लेषा नक्षत्रपर मरण होता है.

१७ आश्लेषा नक्षत्रपर शय्या ग्रहण करनेसे पूर्वभाद्रनक्षत्रमें दिनमें मरण होगा.

१८ मूलनक्षत्रपर शय्या ग्रहण करनेसे ज्येष्ठानक्षत्रपर प्रभात कालमें मरण होता है.

१९ पूर्वाषाढानक्षत्रमें शय्या ग्रहण करनेसे मृगशिर नक्षत्रपर रातके प्रारंभके समय मरण होता है.

२० उत्तराषाढा नक्षत्रपर संन्यास ग्रहण करनेसे उसी दिनमें अथवा भाद्रपदा नक्षत्रमें अपराह्ण कालमें मरण होता है.

२१ श्रवणनक्षत्रमें यदि शय्या ग्रहण की जाय तो उत्तरभाद्रपदनक्षत्रमें दिनमें काल होगा.

२२ धनिष्ठा नक्षत्रपर शय्याग्रहण करनेसे उसी नक्षत्रके दिनमें मरण होगा यदि न होगा तो आगेके उसी नक्षत्रके दिनमें मरण होगा.

२३ शतभिषक्नक्षत्रपर संन्यास ग्रहण करनेवाले मुनीका ज्येष्ठानक्षत्रपर सूर्यास्त समयमें मरण होता है.

२४ पूर्वभाद्रपदनक्षत्रमें यदि शय्या ग्रहण की जाय तो पुनर्वसुनक्षत्रपर रातमें मरणकाल होगा.

२५ उत्तर भाद्रपदनक्षत्रमें संस्तर ग्रहण करनेपर उस दिनमें अथवा रातमें मरण होगा.

२६ रेवती नक्षत्रपर संस्तरग्रहण करनेवाले क्षपकका मृगनक्षत्रपर मरण होता है.

नक्षत्रगणनाके अनुसार यह मरणकंडिका समाप्त हुई है.

शुभं भवतु पाठकानुवादकप्रकाशकमुद्रकाणामित्याशास्ते ॥

॥ समाप्तोऽयं ग्रंथः ॥

श्रीविजयोदयामूलाराधनासहिता हिंदीभाषोपेता

भगवती आराधना समाप्ता ।